ओ३म्

सामवेदभाष्यम्

(द्वितीयो भागः)

पं० हरिशरण सिद्धान्तालङ्कार

सम्पादक :

परमहंस स्वामी जगदीश्वरानन्द सरस्वती

प्रकाशक :

श्री घूडमल प्रहलादकुमार आर्य धर्मार्थ न्यास

हिण्डौन सिटी (राज०)-३२२ २३०

प्रकाशक	:	श्री घूडमल प्रहलादकुमार आर्य धर्मार्थ न्यास "अभ्युदय" भवन, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय मार्ग, स्टेशन रोड, हिण्डौन सिटी, (राज०)-३२२ २३० चलभाष : ०-९४१४०-३४०७२, ०-९८८७४-५२९५९
संस्करण	:	२०६९ विक्रमी संवत्, २०१२ ई०
मूल्य	:	२७५.०० रुपये
प्राप्ति-स्थान	:	१. श्री हरिकिशन ओम्प्रकाश ३९९, गली मन्दिरवाली, नया बाँस, दिल्ली-११०००६, चलभाष : ०९३५०९९३४५५ २. श्री गणेशदास-गरिमा गोयल, २७०४, प्रेममणि-निवास, नया बाजार, दिल्ली-११० ००६, चलभाष : ०९८९९७५९००२
शब्द-संयोजक	:	आर्य लेज़र प्रिंट्स, हिण्डौन सिटी, राजस्थान
मुद्रक	:	राधा प्रेस, कैलाशनगर, दिल्ली-31

ओ३म्

सामवेदभाष्यम्

॥ ओ३म् ॥

सामवेदभाष्यम्

उत्तरार्चिकः

अथ प्रथमोऽध्यायः

अथ प्रथमः प्रपाठकः

प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

उन्नति का मार्ग

६५१. उपास्मै गायता नरः पवमानायेन्दवे। अभि देवाँ इयक्षते ॥ १ ॥

नरः=मनुष्यों को इस मन्त्र में 'नरः' शब्द से स्मरण किया गया है। 'नृ नये' धातु से बनकर यह शब्द 'अपने को आगे ले-चलने' की भावना को अभिव्यक्त कर रहा है। जिस मनुष्य में उन्नत होने की भावना दृढ़मूल है, वह 'नर' है। 'उन्नत होने के लिए क्या करना चाहिए।' इस प्रश्न का उत्तर मन्त्र इन शब्दों में देता है कि अस्मै=इस प्रभु के लिए उपगायत=उसके समीप उपस्थित होकर गायन करो। यह प्रभु की उपासना ही सब उन्नतियों का मूलमन्त्र है। प्रभु की उपासना करनी, क्योंकि १. पवमानाय=वे पवित्र करनेवाले हैं, २. इन्दवे=परमैश्वर्य-(ज्ञान)-शाली हैं (इदि परमैश्वर्ये), ३. देवान् अभि इयक्षते=देवों से सम्पर्क करानेवाले हैं (यज्-संगतीकरण)।

पवमान=यदि हम प्रभु की उपासना करेंगे तो वे प्रभु हमारे जीवनों को पवित्र बनाएँगे। प्रभु-स्मरण हमारी विषयोत्कण्ठा का विध्वंस कर हमारे जीवनों को पंकलिप्त नहीं होने देते। 'विषय' का अर्थ है विशेषरूप से बाँध लेनेवाला (षिञ् बन्धने)। इनका बन्धन वस्तुतः ही बड़ा प्रबल है। ये दुरन्त हैं, इनका अन्त करना कठिन ही है। ये 'अतिग्रह' अतिशयेन ग्रहण करनेवाले, पकड़ लेनेवाले हैं। प्रभु-स्मरण हमें इनकी पकड़ से बचाता है और इस प्रकार हम अ-सित=अबद्ध (न बँधे हुए) बनते हैं।

इन्दु=वे प्रभु ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले हैं, उपासक को भी वे यह परमैश्वर्य प्राप्त कराते हैं। पवित्र हृदय में ज्ञान का प्रकाश क्यों न होगा? जिसे किसी भी इन्द्रिय-विषय की तृष्णा ने नहीं सताया वही विद्या का सच्चा अधिकारी होता है। धन 'ऐश्वर्य' है, तो ज्ञानरूप धन 'परमैश्वर्य'। हम परमेश्वर की उपासना करेंगे तो वे प्रभु हमें पवित्र हृदय बना यह परमैश्वर्य प्राप्त कराएँगे। हमारे ज्ञानचक्षु खुल जाएँगे और हम तत्त्व के देखनेवाले (पश्यकः=कश्यपः) 'कश्यप' बनेंगे।

देवान्-इस ज्ञान की प्राप्ति का परिणाम हमारे अन्दर दैवी सम्पत्ति के विकास के रूप में होगा। उत्तरोत्तर दिव्य गुणों का सम्पर्क हममें बढ़ता जाएगा। इन दिव्य गुणों को अपने अन्दर लेनेवाले हम इस मन्त्र के ऋषि 'देवल' होंगे (ला=आदाने)।

भावार्थ—उपासना से हम पवित्र, ज्ञानी व दैवी सम्पत्तिवाले बनेंगे।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मधु के साथ पय का सेवन

६५२. अभि ते मधुना पयोऽथर्वाणो अशिश्रयुः। देवं देवाय देवयुः॥ २॥

अथर्वा-पिछले मन्त्र में उन्नति के मार्ग का उल्लेख था। जिस नर को जीवन के उद्देश्य का स्मरण रहता है वह इस मार्ग पर निरन्तर आगे और आगे बढ़ा चला जाता है। उद्देश्य विस्मरण होते ही हम पथ-भ्रष्ट हो जाते हैं—डाँवाँडोल हो जाते हैं, परन्तु ते-वे उन्नति के लिए कटिबद्ध नर तो अ-थर्वाणः-डाँवाँडोल नहीं होते (थर्वतिः चरतिकर्मा—तत् प्रतिषेधः)। ये अथर्वा लोग अभि-क्या भौतिक व क्या आध्यात्मिक—दोनों स्तरों पर मधुना पयः-मधु के साथ पयस् का अशिश्रयुः-सेवन करते हैं।

मधु+पयस्-मधु शहद का नाम है, जो सब ओषधियों की सारभूत अत्यन्त सात्त्विक वस्तु है। पयस् ओप्यायी वृद्धौ-वृद्धि का साधनभूत दूध है। ताज़ा दूध तो साक्षात् अमृत ही है। इनका सेवन आहार शुद्धौ सत्त्वशुद्धिः-हमारे अन्तःकरणों को शुद्ध बनाता है। सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः-अन्तःकरण की शुद्धि के परिणामरूप हमारी स्मृति ठीक बनी रहती है और हमें अपने जीवन का उद्देश्य भूलता नहीं। मधु का अभिप्राय 'वाणी के माधुर्य' से भी है, हमारी जिह्वा से कभी कोई कटु शब्द नहीं निकलता। 'जिह्वाया अग्रे मधु मे जिह्वामूले मधूलकम्' इस वेदवाक्य के अनुसार हमारा प्रत्येक शब्द स्नेह व माधुर्य से सना हुआ ही होता है। इस वाणी के माधुर्य के साथ-साथ सच्ची वृद्धि के साधनभूत पयस् (ओप्यायी वृद्धौ) ज्ञान का हम संचय करते हैं। यह ज्ञान हमारी इन्द्रियों को पवित्र बनाकर हमें मार्ग-भ्रष्ट नहीं होने देता। 'केतपूः केतं नः पुनातु'-ज्ञान से पवित्र करनेवाला प्रभु हमारे ज्ञान को और दीप्त करे, परन्तु साथ ही वाचस्पतिः वाचं नः स्वदतु-वाचस्पति प्रभु हमारी वाणी को स्वादवाला बना दे। यही तो मधु+पयस् का सेवन है। देवम्-यह दिव्य भोजन है। मधु+पयस् देवताओं से सेवित हो 'देव' ही कहा जाने लगा। देवाय-यह दिव्य भोजन हमें उस महान् देव की प्राप्ति में सहायक होता है। देवयुः-यह भोजन हमें देवों के साथ (यु-मिश्रणे) मिलानेवाला है। इस भोजन के सेवन से हमारी दैवी सम्पत्ति का उचित विकास होगा।

भावार्थ—सात्त्विक भोजन—शहद, दूध आदि उत्तम पदार्थ हमें देव की प्राप्ति के योग्य बनाते हैं।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पयस् के लिए गौ

६५३. स नः पवस्व शं गवे शं जनाय शमर्वते। शं राजन्नोषधीभ्यः॥ ३॥

पवित्रता—गत मन्त्र में अथर्वन् लोगों के सात्त्विक भोजन का संकेत हुआ है। उसी प्रसंग में प्रभु से इस मन्त्र में प्रार्थना है कि सः-वे आप नः-हमें पवस्व-पवित्र कीजिए। पवित्रता के लिए 'सात्त्विक भोजन' मौलिक वस्तु है, उसके बिना पवित्रता सम्भव ही नहीं। जब हमारा जीवन

पवित्र होगा तब हम इस प्रार्थना के अधिकारी बनेंगे कि शं गवे=हमारी गौवों के लिए शान्ति हो, शं जनाय=हमारे जनों के लिए शान्ति हो, शम् अर्वते=हमारे घोड़ों के लिए शान्ति हो।

गौ+घोड़े—यहाँ जन शब्द मध्य में है, उसके एक ओर गौ है और दूसरी ओर घोड़ा। गौ यदि मनुष्य का दाहिना हाथ है तो घोड़ा बाँया। मानव जीवन के ठीक विकास के लिए दोनों की ही आवश्यकता है। गौ अपने सात्त्विक दूध से मनुष्य की बुद्धि को सूक्ष्म बनाकर उसकी बलवृद्धि में सहायक होती है। गौ मनुष्य में ब्रह्म की तथा अश्व क्षत्र की वृद्धि करता है और यह कह सकता है कि 'इदं मे ब्रह्म च क्षत्रं चोभे श्रियमश्नुताम्'=मेरे ब्रह्म और क्षत्र दोनों फूलें और फलें। यहाँ गौ शब्द 'गमयन्ति अर्थान्' (=अर्थों का ज्ञान कराती हैं) इस व्युत्पत्ति से ज्ञानेन्द्रियों का भी वाचक है और अर्वन् शब्द 'अर्व गतौ' से बनकर कर्मेन्द्रियों का नाम है। मेरी ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ दोनों ही शान्त हों। इनकी शान्ति के लिए सात्त्विक भोजन के द्वारा पवित्रता का सम्पादन आवश्यक है।

वनस्पति भोजन—इस सात्त्विक भोजन का संकेत ऊपर 'मधु व पयः' शब्दों से हो चुका है। पयः=दूध, परन्तु दूध गौ का। गौ के दूध का संकेत इस मन्त्र के गवे शब्द से हो रहा है। इसके अतिरिक्त इस मन्त्र में प्रभु से प्रार्थना है कि राजन्=हे (राजृ—दीप्तौ) दीप्त प्रभो! ओषधीभ्यः=ओषधियों से शम्=हमें शान्ति प्राप्त हो। वानस्पतिक भोजन करते हुए हम सदा शान्त स्वभाव के बनें। मांस-भोजन मनुष्य को क्रूर बना देता है। वनस्पति सात्त्विक है, मांस राजस् व तामस् है। वनस् का अर्थ Loveliness=प्रियता, सुन्दरता है। वानस्पतिक भोजन इस प्रियता को स्थिर रखता है।

यहाँ मन्त्रार्थ को समाप्त करते हुए यह लिख देना आवश्यक ही है कि ओषधीभ्यः को 'गवे', 'जनाय' आदि के साहचर्य से चतुर्थ्यन्त लेने का झुकाव होता है, परन्तु अर्थस्वारस्य के दृष्टिकोण से पंचम्यन्त लेना ही ठीक है। हमें इन ओषधियों से शान्ति प्राप्त हो—ये हमारे दोषों को जला दें।

भावार्थ—गोदुग्ध, मधु व ओषधियाँ सात्त्विक भोजन हैं। उनके सेवन से हमें शान्ति-प्राप्त हो।

सूक्त-२

ऋषिः—कश्यपो मारीचः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कश्यप-मारीच

६५४. दविद्युतत्या रुचा परिष्टोभन्त्या कृपा। सोमाः शुक्रा गवाशिरः॥ १॥

'कश्यप' शब्द का अर्थ पश्यकः=तत्त्वद्रष्टा है। पश्यक शब्द ही वर्ण-विपर्यय से कश्यप हो गया है। यह औरों के अन्धकार को भी दूर करने के लिए प्रयत्नशील होता है। इससे ज्ञान की वे किरणमरीचियाँ चारों ओर फैलती हैं जोकि अज्ञानान्धकार को विलुप्त कर देती हैं। इन 'मरीचियोंवाला' होने के कारण ही यह 'मारीच' है और पूरा नाम 'कश्यप मारीच'। सूर्य प्रकाशमय है—औरों को प्रकाश देता है, इसी प्रकार यह भी 'कश्यप'=ज्ञानमय है—औरों तक ज्ञान की मरीचियों का पहुँचानेवाला 'मारीच' है। यह कैसे पता लगे कि यह व्यक्ति 'कश्यप मारीच' है? दविद्युतत्या रुचा=जगमगाती हुई दीप्ति से (रुच दीप्तौ) और परिष्टोभन्त्या कृपा=चारों ओर दुःखों का निवारण करते हुए सामर्थ्य से [स्तुभ्=to stop कृप्=सामर्थ्य]। कश्यप मारीच के दो लक्षण हैं, १. यह ज्ञान की दीप्ति से जगमगा रहा है और २. अपने उस ज्ञान के सामर्थ्य से कष्ट पीड़ित लोगों के कष्टों का निवारण कर रहा है। यह आर्तों की आर्ति का हाण कर रहा है। यह कश्यप मारीच है। क्यों? जगमगाने से और सन्तापहारी सामर्थ्य से।

यह मारीच कौन बन पाता है ? इस प्रश्न का उत्तर मन्त्र के उत्तरार्ध में इस प्रकार देते हैं कि—१. सोमाः, २. शुक्राः, ३. गवाशिरः। सबसे प्रथम वे व्यक्ति जो सोमाः=सौम्य, विनीत हैं वे कश्यप बनते हैं। विनीतता के बिना हृदयाकाश में ज्ञान-सूर्य का उदय नहीं होता। विनय विद्या देती है और विद्या विनय। अविनीतता व अहंकार अज्ञान का पर्याय है। दूसरे स्थान पर 'शुक्राः' कश्यप बनते हैं (शुच्=पवित्रता)। जो व्यक्ति अपने सब कार्यों को शुद्ध करने का प्रयत्न करता है वह शुक्र है और यह शुक्र ही कश्यप मारीच बनता है। अन्त में हम गवाशिरः बनें। हम ज्ञानेन्द्रियों को 'आशृ'=चारों ओर से हिंसित करनेवाले, अर्थात् काबू करनेवाले बनें। ये इन्द्रियाँ विषयों में जाती हैं। मन उनका अनुविधान करता है और हमारी प्रज्ञा विनष्ट हो जाती है। कश्यप मारीच वही बन सकता है जोकि इन इन्द्रियों को वश में करे।

भावार्थ—विनीत, व्यवहारशुचि व जितेन्द्रिय बनकर हम कश्यप मारीच बनें।

ऋषिः—कश्यपो मारीचः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कौन बनता है ?

६५५. हिन्वानो हेतृभिर्हित आ वाजं वाज्यक्रमीत्। सीदन्तो वनुषो यथा॥ २॥

गत मन्त्र के उत्तरार्ध में 'कश्यप मारीच' कौन बनता है ? इस प्रश्न का उत्तर इस रूप में दिया था कि सोम, शुक्र और गवाशिर, परन्तु पुनः प्रश्न उत्पन्न होता है कि सोम, शुक्र व गवाशिर भी कौन बन पाता है ? इस प्रश्न का उत्तर प्रस्तुत मन्त्र में इस प्रकार दिया गया है कि—

१. हेतृभिः हिन्वानः=(हि=to send forth, impel=प्रेरणा देना, भेजना) जीवन में प्रेरणा देनेवाला व्यक्ति 'हेता' कहलाता है, उन हेताओं से निरन्तर 'हिन्वानः' प्रेरणा दिया जाता हुआ व्यक्ति ही सौम्यतादि गुणों से सम्पन्न होता है। जिन्हें उत्तम प्रेरणा देनेवाले माता-पिता, आचार्य व अतिथि प्राप्त होते हैं, वे ही उत्तम मार्ग पर आगे और आगे बढ़ते हुए 'कश्यप-मारीच'=ज्ञानी बना करते हैं।

२. हितः=ज्ञानी वे बनते हैं जोकि माता-पिता आदि से सदा सन्मार्ग पर हित=निहित व स्थापित होते हैं। मनुष्य सदा त्रुटियाँ करता है, परिणामतः पग-पग पर मार्गभ्रष्ट होने का भय है। उस समय जो व्यक्ति इन गुरुओं से पुनः ठीक मार्ग पर स्थापित कर दिये जाते हैं, वे ही अन्त में 'कश्यप मारीच' की स्थिति को पाते हैं।

३. वाजी वाजम् आ अक्रमीत्=यह माता-पिता आदि से प्रेरणा पानेवाला व्यक्ति यदि वाजी (वज गतौ) क्रियाशील=active होता है तभी वाजम्=ज्ञान आ अक्रमीत्=प्राप्त करता है। क्रियाशील, पुरुषार्थी ही ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ पाता है।

४. वे क्रियाशील व्यक्ति ही यथा वनुषः=(वन्=to win) विजेताओं की भाँति सीदन्तः=(सद्=to go, proceed=प्र+सद्) विघ्न-बाधाओं को पार करते हुए आगे बढ़ते चलते हैं।

कश्यप मारीच बनने के लिए माता-पिता आदि की प्रेरणा के साथ बालक व युवा में भी सहज क्रियाशीलता व पुरुषार्थ का होना आवश्यक है। न अकेली प्रेरणा कार्य कर सकती है, न अकेला पुरुषार्थ। प्रेरणा और पुरुषार्थ का समन्वय होते ही 'कश्यप मारीच' बन सकना सम्भव हो जाता है।

भावार्थ—हमें सदा गुरुओं की उत्तम प्रेरणा प्राप्त होती रहे और पुरुषार्थ हमें कभी छोड़ न जाए।

ऋषिः—कश्यपो मारीचः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

कश्यप क्या करे ?

६५६. ऋधक्सोम स्वस्तये संजग्मानो दिवा कवे। पवस्व सूर्यो दृशे ॥ ३ ॥

इस मन्त्र में कश्यप के लिए तीन शब्द प्रयुक्त हुए हैं—१. सोम=विनीत। विनीत ही कश्यप बनता है और कश्यप बनकर वह और अधिक विनीत हो जाता है। २. कवे=क्रान्तदर्शिन्! गहराई तक जाकर वस्तु-तत्त्व को जाननेवाला ही कश्यप होता है। ३. सूर्यः=(षू प्रेरणे) तत्त्वज्ञानी बनकर यह सूर्य के समान औरों को भी प्रकाश प्राप्त कराता है। ऐसा करने से ही यह 'मारीच' बना है [मरीचियों]=ज्ञान-किरणोंवाला। इस प्रकार विनीत, क्रान्तदर्शी और दूसरों को भी प्रेरणा देनेवाला यह कश्यप ऋधक्=(ऋध=वृद्धौ) उत्तरोत्तर अपनी ज्ञान की सम्पत्ति को बढ़ाता है। स्वस्तये=ज्ञान को बढ़ाता हुआ सु=उत्तम अस्ति=existence=जीवन के लिए होता है। इसका जीवन परिमार्जित व परिष्कृत होता चलता है। इस परिष्कृत जीवन में यह दिवा संजग्मानः=अधिकाधिक प्रकाश से युक्त होता चलता है (दिव्=प्रकाश)। नये और नये प्रकाश से पूर्ण होता हुआ यह एक दिन सूर्यः=सूर्य के समान चमकने लगता है। यह ज्ञान की चरमावस्था है। यही 'ब्राह्मीस्थिति' है। ज्ञाननिष्ठ पुरुष! पवस्व=तू खूब क्रियाशील हो। जिससे दृशे=लोग भी उस ज्ञान के प्रकाश को देख सकें। औरों को प्रकाश देने के लिए तू सूर्य के समान गतिशील हो।

भावार्थ—ज्ञानी बनकर, हम औरों को ज्ञान देनेवाले बनें।

सूक्त-३

ऋषिः—शतं वैखानसाः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शतं वैखानसः

६५७. पवमानस्य ते कवे वाजिन्त्सर्गा असृक्षत। अर्वन्तो न श्रवस्यवः ॥ १ ॥

वि+खन्+असुन्=विखनस् से स्वार्थ में अण् आकर 'वैखानस' शब्द बना है। इसका अर्थ है—'विशेषरूप से खोद डालनेवाला।' मनुष्य के हृदय में स्वभावतः कुछ-न-कुछ वासनाएँ उत्पन्न हो जाती हैं और गृहस्थ का वातावरण तो उनकी उत्पत्ति के लिए अधिक अनुकूल होता है। इन वासनाओं का उखाड़ डालना ही एक वानप्रस्थ के जीवन का लक्ष्य होता है। ये वासनाएँ सैकड़ों हैं—इसी से यहाँ शत=सौ—यह विशेषण दिया गया है। शतशः वासनाओं से संघर्ष करके जब यह उन्हें उखाड़ डालता है, तब इसका जीवन पवित्र हो जाता है, इसलिए मन्त्र में कहते हैं कि पवमानस्य=सदा अपने को पवित्र करने के स्वभाववाले हे वैखानस! ते=तेरे द्वारा ये सर्गाः=छोटी-छोटी सृष्टियाँ, अर्थात् निर्माणात्मक कार्य असृक्षत=रचे जाते हैं। 'एक वानप्रस्थ अपने को पवित्र कैसे बना सका' इस प्रश्न का उत्तर कवे=इस सम्बोधन में उपस्थित है। यह क्रान्तदर्शी है—यह वस्तुओं के ऊपरले पृष्ठ को ही देखकर लुब्ध हो जानेवाला नहीं है। एक कवि वस्तुतत्त्व को समझता हुआ उलझता नहीं और परिणामतः पवित्र जीवनवाला होता है। ज्ञान उसे नैर्मल्य प्राप्त करा देता है। ज्ञान से प्राप्त निर्मलता के कारण यह कभी विषय-प्रवण नहीं होता और इसी से इसकी शक्ति विकीर्ण नहीं होती। यह वाज=शक्ति-सम्पन्न बना रहता है। यही भावना यहाँ वाजिन्=इस सम्बोधन से व्यक्त हो रही है। इस प्रकार इस वैखानस का मन पवित्र होता है, बुद्धि सूक्ष्म तत्त्वज्ञान की साधिका होती है और शरीर व इन्द्रियाँ शक्ति-सम्पन्न होती हैं। शरीर, मन व बुद्धि तीनों दृष्टिकोणों से विकसित

होकर यह वैखानस जिन शिक्षणालय आदि संस्थाओं का निर्माण करता है, वे सब सर्ग=रचनाएँ अर्वन्तः न=अन्धकार के नाशक होते हैं (अर्व्—हिंसायाम्)। अज्ञानान्धकार के नाश के साथ श्रवस्यवः=(श्रवस्+यु) ज्ञान के प्रकाश से युक्त करनेवाले ये कार्य होते हैं (यु=मिश्रण)। एवं, यह बात स्पष्ट है कि वानप्रस्थ के सर्ग ज्ञान के प्रकाश को फैलाने के उद्देश्य से ही होते हैं।

भावार्थ—एक वानप्रस्थ अपने को पवित्र, तत्त्वद्रष्टा, शक्ति-सम्पन्न बनाने के लिए प्रयत्न करता है और लोकहित के लिए किसी-न-किसी अज्ञानान्धकार नाशक, ज्ञान-प्रसारक संस्था का निर्माण करता है।

ऋषिः—शतं वैखानसाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मधुश्चुत् कोश

२ १ १ २ १ २ १ १ २ १ २ १ २ ३ १ २

६५८. अच्छा कोशं मधुश्चुतमसृग्रं वारे अव्यये। अवावशन्त धीतयः॥ २॥

'वारयति इति वारः' जो हमारी चित्तवृत्ति को वासनाओं से आक्रान्त होने से बचाता है, वह प्रभु 'वार' है। घोड़े की पूँछ के बाल जैसे मच्छर-मक्खी आदि को हटाते हैं, उसी प्रकार ये प्रभु भी हमसे वासनाओं को दूर करते हैं। अश्वं न त्वा वारवन्तम्-इस मन्त्रभाग में प्रभु को बालोंवाले घोड़े से उपमा दी गई है। ये प्रभु 'वार' हैं, वार भी कैसे? अव्यये-कभी नष्ट न होनेवाले। अनादिकाल से वे प्रभु हमारे हृदयस्थ होकर हमें वासनाओं से बचने की प्रेरणा दे रहे हैं। एक वानप्रस्थ इस अव्यये वारे अच्छ=अविनाशी वासना-निवारक प्रभु में स्थित होता हुआ—उसकी ओर अपनी चित्तवृत्ति को लगाता हुआ कोशम्=अपने अन्नमय आदि कोशसमूहों को मधुश्चुतम्=माधुर्य का टपकानेवाला असृग्रम्=बनाता है। उसका बोलना-चालना, आना-जाना, उठना-बैठना आदि सारे ही व्यवहार माधुर्य से भरे होते हैं। ये धीतयः=प्रभु का सतत ध्यान करनेवाले वानप्रस्थ अवावशन्त=प्रभु की निरन्तर कामना करते हैं, क्योंकि प्रभु का ध्यान उन्हें निर्मल बनाता है और इसी से वानप्रस्थ सभी में आत्मबुद्धि करते हुए मधुर व्यवहारवाले बनते हैं। सभी में ओत-प्रोत उस सूत्र को देखने से ये एकत्व का अनुभव करते हैं और राग-द्वेष से दूर हो जाते हैं।

भावार्थ—सतत प्रभुनिष्ठ हम अपने को माधुर्य का पुञ्ज बनाएँ। एक वानप्रस्थ के प्रत्येक व्यवहार से माधुर्य ही टपकना चाहिए।

ऋषिः—शतं वैखानसाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समुद्र की ओर

१ २ १२ १ २ १ १ ३ २ ११ २ १ २ ११ १ २ ३ २

६५९. अच्छा समुद्रमिन्दवोऽस्तं गावो न धेनवः। अग्मन्नृतस्य योनिमा॥ ३॥

मद्=का अर्थ है 'हर्ष'। र धातु का अर्थ है 'देना'। स=का अर्थ है—'साथ'। प्रभु सदा हर्ष प्राप्त करानेवाले हैं, अतः 'समुद्र' कहलाते हैं। ज्ञान, आनन्द आदि के गाम्भीर्य के कारण भी वे समुद्र से उपमित होते हैं। इन्दवः=(इदि परमैश्वर्ये) ज्ञान के परमैश्वर्यवाले लोग समुद्रम् अच्छ=उस प्रभुरूप समुद्र की ओर ही अग्मन्=जाते हैं, अर्थात् सदा उस प्रभु के ध्यान में लगे रहते हैं। कैसे? जैसे धेनवः गावः=नवप्रसूतिवाली गौवें अस्तम् न=बछड़े के प्रति उत्सुक होकर घर की ओर जाती हैं। गौ का ध्यान जिस प्रकार अपने बछड़े में ही होता है, उसी प्रकार एक वैखानस का मन भी प्रभु में ही लगा होता है। वे प्रभु ऋतस्य योनिम्=सत्य का उद्गम स्थान हैं। एक वानप्रस्थी सत्य के उद्गम

स्थान की ओर चलता हुआ अन्त में वहाँ पहुँच ही जाता है। ब्रह्म सत्यस्वरूप है, यह वानप्रस्थ उस प्रभु में स्थित हो जाता है। ब्रह्मनिष्ठ होकर (ब्रह्माश्रमी) संन्यासी बनने का अधिकारी हो जाता है।

भावार्थ—एक वानप्रस्थ सदा प्रभु-चिन्तन करता हुआ 'सत्य के उद्गम स्थान' ब्रह्म में स्थित होने का प्रयत्न करे।

सूक्त-४

ऋषिः—भरद्वाजः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

भरद्वाज बार्हस्पत्य

६६०. अग्र आ याहि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि॥ १॥

'भरद्वाज' वह व्यक्ति है जो अपने अन्दर शक्ति को भरता है। शक्ति का पुञ्ज बनना इसके जीवन का एक पहलू है और दूसरा पहलू यह कि यह 'बार्हस्पत्य' बनता है—बृहस्पति की सन्तान। 'बृहतो' वाक्, तस्याः पतिः=वेदवाणी का पति=ऊँचे-से-ऊँचा ज्ञानी। शारीरिक दृष्टिकोण से शक्ति के और आत्मिक दृष्टिकोण से ज्ञान के द्वारा अपने जीवन को अलंकृत करके यह आदर्श पुरुष बन जाता है।

ऐसा आदर्श पुरुष बनने के लिए यह प्रभु का इस प्रकार आवाहन करता है। हे अग्रे=मुझे आगे ले-चलनेवाले प्रभो! आयाहि=आइए। क्यों? वीतये=मेरे हृदय के अज्ञानान्धकार को परे फेंक देने के लिए (वी असन=फेंकना)। सूर्य के समान आपके मेरे हृदय में उदय होते ही मेरा हृदय प्रकाश से जगमगा उठेगा, अन्धकार का वहाँ नामोनिशान भी न रहेगा। २. गृणानः=उपदेश देते हुए आप आइए। आपको हृदय में अनुभव कर मैं आपकी उपदेश देती हुई वाणी को सुन पाऊँगा, जिससे मुझे सदा पुण्य-पाप का ठीक विवेक होता रहे। ३. हव्यदातये=आप मेरे हृदय में विराजमान होंगे, तो मैं अपने जीवन को ही 'हव्य' बना डालूँगा और आप मेरे बन्धनों को काट डालेंगे। ४. होता=आप सब उत्तम पदार्थों के देनेवाले हैं (हु=देना)। हे प्रभो! मैं आपका आवाहन करता हूँ। आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आप मेरे हृदयाकाश में विराजिए, परन्तु आप निसत्सि=निश्चय से उसी हृदय में बैठते हैं, जिसमें कि बर्हिषि=(उद् बृह्=उखाड़ना) वासनाओं को उखाड़कर हृदय-मन्दिर का परिमार्जन किया गया है।

भावार्थ—हम प्रभु का आवाहन कर अपने अज्ञान को नष्ट करें। उसके (आवाहन) स्वागत के लिए हृदय को पवित्र बनाएँ।

ऋषिः—भरद्वाजः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समिधाओं और घृत से

६६१. तं त्वा समिद्भिरङ्गिरो घृतेन वर्धयामसि। बृहच्छोचा यविष्ठ्य॥ २॥

हे अङ्गिरः=हमारे अंगों के रसभूत प्रभो! तं त्वा=उस आपको हम समिद्भिः=समिधाओं से वर्धयामसि=बढ़ाते हैं। जैसे अग्निहोत्र में समिधाएँ डाली जाती हैं, उसी प्रकार उपासनायज्ञ की समिधाएँ अथर्व के 'इयं समित् पृथिवी द्यौर्द्वितीयोतान्तरिक्षं समिधा पृणाति' इस मन्त्र में 'पृथिवी, द्युलोक और अन्तरिक्ष' इस रूप में कही गयी हैं। पृथिवीस्थ पदार्थों का ज्ञान हमें अधिकाधिक प्रभु की महिमा को दिखलाता है। हिमाच्छादित पर्वतों के शिखर, समुद्र व मीलों-मील फैली मरुभूमि सभी प्रभु की महिमा का स्मरण कराते हैं। इसी प्रकार अन्तरिक्ष में उमड़ते हुए बादल व बहती हुई

पवनें प्रभु की याद दिलाती हैं, तो आकाश में चमकता हुआ सूर्य व बिखरे हुए तारे तो प्रभु की मानो स्तुति ही कर रहे हैं। इन सब पदार्थों के ज्ञान से हमारे मस्तिष्क में प्रभु की महिमा की छाप अधिकाधिक दृढ़रूप से अंकित हो जाती है। यही प्रभु का वर्धन है।

घृतेन-घृत के द्वारा प्रभु के ज्ञान की अपने अन्दर वृद्धि करने के लिए ज्ञानरूप समिधाओं के साथ घृत=मानसमल-क्षरण (घृ=क्षरण) की भी आवश्यकता है। ज्ञान-प्राप्ति के साथ हम अपने हृदयों को पवित्र बनाने का भी प्रयत्न करें। उज्ज्वल मस्तिष्क तथा पवित्र हृदय ये दोनों संगत होकर ही हमें प्रभु-दर्शन के योग्य बनाएँगे। अग्नि के वर्धन में घृत का जो स्थान है, वही प्रभु-दर्शन में मानसमल-क्षरण का। हम ज्ञान नैर्मल्य से प्रभु-दर्शन के लिए सन्नद्ध होंगे तो वे प्रभु हमें अधिक उज्ज्वल व निर्मल बना देंगे, अतः मन्त्र में कहते हैं कि—हे प्रभो! बृहत् शोच=खूब ही दीप्त कर दीजिए। सहस्रों सूर्यों की ज्योति के समान आपकी ज्योति उदित होने पर भी क्या अन्धकार रह सकेगा? यविष्ठ्य=आप राग-द्वेषादि मलों को हमसे पृथक् करनेवालों में सर्वोत्तम हैं (यु=पृथक् करना, इष्ठ)=सबसे अधिक।

भावार्थ—ज्ञान व नैर्मल्य (समिधा+घृत) से मैं प्रभु-दर्शन करके ज्ञानमय व निर्मल बन जाऊँ।

ऋषिः—भरद्वाजः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विस्तृत ज्ञानवर्धक शक्ति

६६२. स नः पृथु श्रवाय्यमच्छा देव विवाससि। बृहदग्ने सुवीर्यम्॥ ३॥

हे देव=ज्योतिर्मय प्रभो! सः=आप नः=हमें अच्छ=सम्यक् तथा पृथु=विस्तृत श्रवाय्यम्=ज्ञान को विवाससि=(विवासयसि) विशेषरूप से धारण कराते हो और इस प्रकार श्रवाय्यम्=यज्ञ में बलि दे देने के योग्य काम-क्रोध आदि वासनारूप पशुओं को (कामः पशुः, क्रोधः पशुः=उप०) विवाससि=हमसे दूर भगा देते हो। ज्ञान का परिणाम वासना-विध्वंस होना ही चाहिए।

हे अग्ने=आगे ले-चलनेवाले प्रभो! हमें ज्ञान से पवित्र बनाकर वह सुवीर्यम्=उत्तम शक्ति प्राप्त कराइए जोकि बृहत्=सभी दृष्टियों से हमारी वृद्धि का कारण बनती है। बिना शक्ति के गुणों का वास नहीं होता। वीरता ही वरता को प्राप्त कराती है।

भावार्थ—ज्ञान और शक्ति को प्राप्त करके हम 'भरद्वाज-बार्हस्पत्य' बनें।

सूचना—'श्रवाय्यम्' शब्द के दो अर्थ हैं—१. ज्ञान और २. यज्ञ में बलि देने योग्य पशु। यहाँ मन्त्रार्थ में दोनों ही अर्थ लिये गये हैं। ज्ञान के द्वारा काम-क्रोधादि वासनारूप पशुओं का नाश हो जाता है। 'यज्ञ में उनकी बलि दे दी जाती है' इस वाक्य का अभिप्राय यह है कि मनुष्य वासनाओं की बलि देकर ही यज्ञ में प्रवृत होता है।

२. 'विवाससि' शब्द के भी दो अर्थ हैं—१. धारण कराते हो और २. दूर=नष्ट करते हो (Vanish)। वे प्रभु ज्ञान को धारण कराकर वासनाओं को दूर करानेवाले हैं।

सूक्त-५

ऋषिः—विश्वामित्रो जमदग्निर्वा॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विश्वामित्र गाथिन या जमदग्नि

६६३. आ नो मित्रावरुणा घृतैर्गव्यूतिमुक्षतम्। मध्वा रजांसि सुक्रतू॥ १॥

'विश्वामित्र' विश्व का—सबका मित्र है। सभी के साथ इसका स्नेह है। यह सभी का (प्रमीति)=मृत्यु, हिंसा या पाप से त्राण करनेवाला है। किसी से द्वेष न करते हुए सभी के हित में प्रवृत्त रहना, इसके जीवन का उद्देश्य है। यह 'सर्वभूतहिते रतः' व्यक्ति ही प्रभु का सच्चा गायन करनेवाला है, अतः यह वस्तुतः 'गाथिन' है।

'जमद् अग्नि' 'खूब खानेवाली है अग्नि जिसकी' ऐसा यह जमदग्नि पूर्ण स्वस्थ शरीरवाला है। जाठराग्नि की मन्दता ही मनुष्य को अस्वस्थ कर देती है। सभी शारीरिक रोगों का मूल यही मन्दाग्नि है। जो व्यक्ति भोजनादि की व्यवस्था का ठीक पालन करता हुआ जाठराग्नि को मन्द नहीं होने देता वह जमदग्नि बना रहता है। जमदग्नि का शरीर व मन दोनों स्वस्थ होते हैं। उसके मन में ईर्ष्या-द्वेष आदि की भावनाएँ नहीं होतीं। यही वस्तुतः सच्चा 'विश्वामित्र' बन पाता है। एवं, जमदग्नि बनना हेतु है, विश्वामित्र होना उसका परिणाम। इस मन्त्र का ऋषि कारण के दृष्टिकोण से जमदग्नि कहलाता है और कार्य के दृष्टिकोण से विश्वामित्र।

यह विश्वामित्र इस रूप में प्रार्थना करता है—**मित्रावरुणा**=मित्र और वरुण, अर्थात् प्राण और अपान **नः**=हमारे **गव्यूतिम्**=(गावः यूयन्ते यस्मिन्) इन्द्रियों के प्रसार को **घृतैः**=क्षरण व दीप्ति से **आ उक्षतम्**=समन्तात् सिक्त कर दें। वैदिक साहित्य में प्राणापान के लिए प्रायः 'मित्रावरुणा' शब्द का प्रयोग मिलता है। इन प्राणापान के वश में कर लेने से इन्द्रियों के दोष दग्ध हो जाते हैं।

'गो' शब्द ज्ञानेन्द्रियों के लिए प्रयुक्त होता है। प्राण-साधना से ये ज्ञानेन्द्रियाँ निर्मल होकर दीप्त हो उठती हैं। 'घृत' शब्द की भी दो भावनाएँ हैं—१. मलक्षरण व २. दीप्ति। ये प्राणापान वशीभूत होने पर हमारी ज्ञानेन्द्रियों को निर्मलता व दीप्ति से सींच देते हैं। उस समय कान भद्र ही सुनते हैं और आँखें भद्र ही देखती हैं।

ज्ञानेन्द्रियों को दीप्त करने के साथ ये **सुक्रतू**=उत्तम कर्मोंवाले प्राणापान हमारे **रजांसि**=रजोगुण समुद्भूत कर्मों को **मध्वा**=माधुर्य से सींच डालते हैं। प्राणसाधनावाले व्यक्ति के कर्म क्रूर न होकर मधुर होते हैं। मन में ईर्ष्या-द्वेष व बदले की भावना ही नहीं तो कर्मों में माधुर्य तो होगा ही।

भावार्थ—प्राणसाधना से हम अपनी ज्ञानेन्द्रियों को निर्मल व दीप्त बनाएँ और कर्मेन्द्रियों को मधुर।

ऋषिः—विश्वामित्रो जमदग्निर्वा॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मधुर-कर्म

६६४. उरुशंसा नमोवृधा मह्ना दक्षस्य राजथः। द्राघिष्ठाभिः शुचिव्रता॥ २॥

गतमन्त्र में कहा गया था कि प्राणापान हमारे कर्मों में माधुर्य लाते हैं। उसी के स्पष्टीकरण के लिए यहाँ कहते हैं कि ये प्राणापान १. **उरुशंसा**=खूब स्तुति करनेवाले होकर **राजथः**=शोभायमान होते हैं। प्राणापान की साधनावाला व्यक्ति कभी किसी की निन्दा नहीं करता, वह सदैव सबका शंसन ही करता है। परिणामतः प्राणापान की साधना शरीर को ही स्वस्थ नहीं बनाती; मन व बुद्धि को भी विशाल व निर्मल कर देती है। ये प्राणापान **नमोवृधा**=नमस्=नम्रता बढ़ानेवाले हैं। यह साधक 'दूसरों की निन्दा नहीं करता' इतना ही नहीं, यह अपने दोषों को देखता हुआ उन्हें दूर करने के लिए सदा प्रयत्नशील होता है और नम्र बना रहता है।

इस साधक में ये प्राणापान **दक्षस्य**=उन्नति (दक्ष् to grow)=विकसित होना व विकास की **मह्ना**=महिमा से **राजथः**=शोभायमान होते हैं। इसके सभी कार्य परनिन्दा से शून्य, नम्रता से युक्त

और परिणामतः उन्नति के साधक होते हैं। यह साधक अवनति के मार्ग पर जाता ही नहीं।

मन्त्र की समाप्ति पर कहते हैं कि ये प्राणापान शुचिव्रता-पवित्र कर्मोंवाले होते हैं। किस प्रकार? द्राघिष्ठाभिः-अपनी दीर्घ गतियों के द्वारा। प्राणायाम में जब हम अन्दर गहरा श्वास-प्रश्वास लेते हैं, तब ये प्राणापान हमारे दोषों को नष्ट कर हमें शुचि बना देते हैं। इस प्रकार गहरा श्वास (deep breathing) लेने का लाभ स्पष्ट है।

भावार्थ—प्राणायाम से हमारे कर्म स्तुतिरूप, निरभिमानतायुक्त, उन्नतिशील व पवित्र होंगे।

ऋषिः—विश्वामित्रो जमदग्निर्वा॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऋत के मूल स्थान में

६६५. गृणाना जमदग्निना योनावृतस्य सीदतम्। पातं सोममृतावृधा॥ ३॥

इस मन्त्र में प्राणसाधना के लाभों का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि जमदग्निना-जाठराग्नि का ध्यान रखनेवाले जमदग्नि से गृणाना-स्तुति किये जाते हुए प्राणापानो! तुम ऋतस्य योनौ सीदतम्-ऋत के मूल स्थान में स्थित होओ। ऋत की योनि प्रभु हैं। प्राणापान की साधना हमें प्रभु की गोद में ला बैठाती है। प्राणों की साधना से हमारे कर्म बड़े पवित्र हो गये थे। वे अनृत (असत्य) न रहकर ऋत बन गये थे। प्राणसाधक के जीवन में सब कर्म ठीक ही चलते हैं। 'सूर्याचन्द्रमसाविव'-सूर्य और चन्द्रमा की भाँति वह अपने दैनन्दिन कार्य-कलाप में ठीक ही चलता है, अतः ये प्राणापान ऋतावृधा-ऋत की वृद्धि करनेवाले हैं। ऋत की वृद्ध करके ही ये उसे उस ऋत के मूल स्थान में पहुँचा पाते हैं। बिना उस जैसा बने उस तक थोड़े ही पहुँचा जाता है?

ये प्राणापान साधक के जीवन में ऋत की वृद्धि इसलिए कर पाते हैं कि सोमम् पातम्-ये सोम का पान करते हैं। सोम का अभिप्राय वीर्यशक्ति (semen) से है। प्राणापान के द्वारा हम उस शक्ति को शरीर में ही पी लेते हैं, अर्थात् उसका अपव्यय नहीं होने देते। यही वैदिक साहित्य में इन्द्र का सोमपान कहलाता है। यही ब्रह्मचर्य है। ब्रह्मचर्य ही ब्रह्म-प्राप्ति का द्वार है।

भावार्थ—प्राणसाधना से हम सोम का पान करते हुए ऋत-वृद्धि के द्वारा ऋतपुञ्ज प्रभु की गोद में बैठनेवाले बनें।

सूक्त-६

ऋषिः—इरिम्बिठिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इरिम्बिठि काण्व

६६६. आ याहि सुषुमा हि त इन्द्र सोमं पिबा इमम्। एदं बर्हिः सदो मम॥ १॥

'बिठ' शब्द अन्तरिक्ष का वाचक है और 'इ' धातु गतिवाचक है, इस प्रकार 'इरिम्बिठि' शब्द की भावना यह है कि कर्म-संकल्पवाला है हृदयान्तरिक्ष जिसका। जिसके हृदय में सदा उत्तम कर्मों का संकल्प बना हुआ है, वह इरिम्बिठि कण-कण करके उत्तमता का संचय करता हुआ 'काण्व' कहलाता है। यह इरिम्बिठि प्रभु से प्रार्थना करता है कि आयाहि-आइए।

इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! यह सोम-वीर्य ते-आपके लिए, अर्थात् आपकी प्राप्ति के लिए ही निश्चय से सुषुमा-पैदा किया गया है। इसका उद्देश्य भोगमार्ग की ओर जाना नहीं है। वस्तुतः आपको प्राप्त करने के लिए ही इसका निर्माण हुआ है, अतः यह काण्व प्रभु से ही आराधना करता

है कि—इमं सोमम्-इस सोम का आप पिब-पान कीजिए। आपकी कृपा से ही मैं इसे शरीर में सुरक्षित कर पाऊँगा। वस्तुतः इस वीर्य के नाश का मूलकारण वासना है। वासना के नाश के बिना इसकी रक्षा सम्भव नहीं। प्रभु का स्मरण वासना को नष्ट करेगा और वासना-नाश से शरीर में वीर्य की रक्षा होगी।

जिस समय हृदय में से वासनाओं का उद्बर्हण-उत्पाटन हो जाता है, उस समय यह हृदय 'बर्हिः' कहलाता है। यह पवित्र हृदय ही वस्तुतः हरिम्बिठि को इस बात का अधिकारी बनाता है कि वह प्रभु से प्रार्थना करे कि इदं मम बर्हिः-इस मेरे पवित्र हृदयान्तरिक्ष में आसदः-आकर विराजिए। मेरा पवित्र हृदय कुशासन है, प्रभु उसपर बैठनेवाले हों।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण से वीर्य-रक्षा होती है। वीर्य-रक्षा से हृदय की पवित्रता, पवित्रता से हृदय में प्रभु का निवास।

ऋषिः—हरिम्बिठिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ब्रह्म की ओर, न कि विषयों की ओर

६६७. आ त्वा ब्रह्मयुजा हरी वहतामिन्द्र केशिना। उप ब्रह्माणि नः शृणु॥ २॥

गत मन्त्र में यह बात स्पष्ट हो गयी थी कि वीर्य-रक्षा आवश्यक है। वीर्य-रक्षा के लिए प्रभु-स्मरण आवश्यक है। प्रभु-स्मरण के साथ होनेवाली क्रियाएँ मनुष्य को पवित्र बनाये रखती हैं। उस समय उसके ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप घोड़े (हरि) विषयों की ओर न जाकर ब्रह्म की ओर जानेवाले होते हैं, अतः काण्व प्रार्थना करता है ब्रह्मयुजा-सदा ब्रह्म के साथ योग करानेवाले स्तोत्रों से युक्त हरी-सब दुःखों का हरण करनेवाले ये इन्द्रियरूप घोड़े केशिना-(क+ईश+इन्) क-शिरस्-मस्तिष्क के शासनवाले हों, अर्थात् इनपर ज्ञान का अंकुश हो और ये कभी भी हमें कुपथ पर ले-जानेवाले न हों; अपितु हे प्रभो! ये हमें त्वा-आपको वहताम्-प्राप्त करानेवाले हों।

हे प्रभो! हम तो यही चाहते हैं कि आप नः-हमारे, हमसे किये जाते हुए ब्रह्माणि-स्तोत्रों को ही शृणु-सुनें, अर्थात् हमारी इन्द्रियाँ आपके स्तोत्रों का ही गान करनेवाली हों। इनकी प्रवृत्ति किसी भी प्रकार से कुत्सित न हो जाए।

भावार्थ—हमारी इन्द्रियाँ प्रभु-स्तोत्रों से युक्त, हमें विषयों से दूर ले-जानेवाली व ज्ञान के शासनवाली हों।

ऋषिः—हरिम्बिठिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तोत्रमय जीवन

६६८. ब्रह्माणस्त्वा युजा वयं सोमपामिन्द्र सोमिनः। सुतावन्तो हवामहे॥ ३॥

'ब्रह्म' शब्द स्तोत्र-वाचक है, 'अन्' का अभिप्राय है जीवन। एवं (ब्रह्म+अन्) स्तोत्रमय जीवनवाले व्यक्ति 'ब्रह्माण' हैं। वयं ब्रह्माणः-हम स्तोत्रमय जीवनवाले बनकर त्वा युजा-तुझसे संयुक्त होकर सोमिनः-उत्तम वीर्यशक्तिवाले बनकर हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! हवामहे-आपको पुकारते हैं। प्रभु के साथ हमारा सम्पर्क स्तोत्रों द्वारा ही होता है हम प्रभु का स्तवन करेंगे और उस स्तवन से प्रभु के समीप पहुँचेंगे। प्रभु के समीप रहते हुए ही हम वासना से बचने पर सोमवाले होते हैं। इसी से मन्त्र में कहते हैं—हे प्रभो! हम आपको पुकारते हैं। कैसे आपको? सोमपाम्-आप जो

मेरे सोम की रक्षा करनेवाले हो और इस सोम की रक्षा होने पर हम सुतावन्तः-(सुतम्-यज्ञ) सदा उत्तम यज्ञोंवाले होते हैं। वीर्य-रक्षा से ही हममें वीरता (Virtues) की उत्पत्ति होती है।

भावार्थ—स्तोत्रमय जीवनवाला ही सोमी-शक्तिशाली व सुतावान्-उत्तम यज्ञादि कर्मोंवाला बनता है।

सूक्त-७

ऋषिः—विश्वामित्रो गाथिनः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विश्वामित्र गाथिनः

६६९. इन्द्राग्नी आ गतं सुतं गीर्भिर्नभो वरेण्यम्। अस्य पातं धियेषिता॥ १॥

इन मन्त्रों का ऋषि 'विश्वामित्र गाथिन' है। यह सभी के हित करने का व्रत धारण करता है। सभी का हित करने के लिए शक्ति व ज्ञान-सम्पन्न होना आवश्यक है। इसी से यह शक्ति के देवता 'इन्द्र' और ज्ञान के देवता 'अग्नि' की आराधना करता है—

हे इन्द्राग्नी-शक्ति व ज्ञान के देवताओ! आगतम्-आओ। आप दोनों धिया इषिता-धी से प्रेरित होते हो। 'धी' शब्द का अर्थ, कर्म व ज्ञान है। शक्ति कर्म से प्रेरित होती है और ज्ञान व बुद्धि स्वाध्याय से। जितना हम कर्मशील होंगे उतना ही अपनी शक्ति को स्थिर रख सकेंगे। ठीक इसी प्रकार स्वाध्याय के अनुपात में ही हमारे ज्ञान की वृद्धि होगी। एवं धी (कर्म+ज्ञान) से प्रेरित 'इन्द्र और अग्नि' से विश्वामित्र कहता है कि अस्य-इस वेदानुकूल सात्त्विक आहार से सुतम्-उत्पादित सोम (वीर्य) को पातम्-हमारे शरीर में ही सुरक्षित कीजिए। वस्तुतः कर्मों में लगे रहने से ज्ञानाग्नि को दीप्त करने के प्रयत्न में ही सोम का सदुपयोग हो जाता है, उसका अपव्यय नहीं होता। एवं, ये कर्म और ज्ञान सोम की रक्षा करनेवाले हो जाते हैं।

यह सोम गीर्भिः सुतम्-वेदवाणियों से उत्पादित हुआ है, अर्थात् वेदानुकूल सात्त्विक आहार के सेवन से यह उत्पन्न किया गया है। सौम्य भोजनों से उत्पन्न होने से यह सचमुच 'सोम' है और नभो वरेण्यम्-तामस् व राजस् वृत्तियों को समूल समाप्त करने के कारण (नभ-To kill; 'नभः' यह हेतु में पञ्चमी है) यह स्वीकार करने योग्य है।

भावार्थ—हम कर्म व ज्ञान से इन्द्र व अग्निदेवता की आराधना करें और इनके द्वारा अपने सोम की रक्षा करें।

ऋषिः—विश्वामित्रो गाथिनः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान+कर्म

६७०. इन्द्राग्नी जरितुः सचा यज्ञो जिगाति चेतनः। अया पातमिमं सुतम्॥ २॥

इन्द्राग्नी-इन्द्र और अग्नि—सब शक्तिशाली कर्मों का देवता इन्द्र और ज्ञान का देवता अग्नि जरितुः-स्तोता के सचा-साथ होते हैं, अर्थात् एक उपासक जब अपने जीवन को कर्म और ज्ञान के साथ संयुक्त करता है तब ये कर्म और ज्ञान अया-(अनया) इस रीति से इमम् सुतम्-इस उत्पादित सोम का पातम्-पान करते हैं कि वह शरीर में सुरक्षित होता है। शक्ति की रक्षा के लिए—तीनों ही १. ज्ञान, २. कर्म, ३. उपासना आवश्यक हैं। वेदों में इन्हीं तीन का प्रतिपादन किया है। यही काण्डत्रयी है। ये ही तीन काण्ड-कानून हैं। इन्हीं के अनुसार मनुष्य को चलना है। एक

वाक्य में कह सकते हैं कि ज्ञानपूर्वक कर्मों के द्वारा उपासना होती है और इस ब्रह्म-सान्निध्य से काम का विध्वंस होकर शक्ति की रक्षा होती है।

इस स्थिति में मानव-जीवन यज्ञः-यज्ञ, अर्थात् उत्तम कर्मों तथा चेतनः-(चिती संज्ञाने) उत्तम ज्ञान की जिगाति-विशेषरूप से स्थिति होती है। हमारे जीवन में यज्ञ और ज्ञान का प्रवेश होता है। वीर्यवान् पुरुष बुराइयों से दूर रहता है और उसका ज्ञान उत्तरोत्तर दीप्त होता जाता है।

भावार्थ—हम वीर्य-रक्षा द्वारा अपने जीवनों को यज्ञमय व दीप्त बनाएँ।

ऋषिः—विश्वामित्रो गाथिनः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र व अग्नि का वरण

६७१. इन्द्रमग्निं कविच्छदा यज्ञस्य जूत्या वृणे। ता सोमस्येह तृम्पताम्॥ ३॥

मैं इन्द्रम्-इन्द्र को—शक्ति के देवता को और अग्निम्-ज्ञान की देवता को वृणे-वरता हूँ। ता-वे दोनों इह-मेरे जीवन में सोमस्य-सोम के द्वारा तृम्पताम्-प्रीणित हों। सोम से शक्ति की वृद्धि और ज्ञान का विकास होता है। उत्तम कर्मों में लगे रहने और स्वाध्याय की प्रवृत्ति से सोम की रक्षा होती है और सुरक्षित हुआ सोम शक्ति और ज्ञान की वृद्धि का कारण बनता है।

अग्नि के वरण का प्रकार 'कविच्छदा' शब्द से सूचित हो रहा है। कवि क्रान्तदर्शी को कहते हैं। यह वस्तु को समझकर उसका हृदयग्राही चित्रण करता है। इस कवि की कृति काव्य कहलाती है। परमेश्वर सर्वमहान् कवि है। उनका वेदरूपी काव्य अजरामर काव्य है (पश्य देवस्य काव्यं न ममार न जीर्यति)। इस काव्य के मन्त्र हमें पापों से छादित करते हैं, बचाते हैं, अतः छन्द या छद् कहलाते हैं। इस कवि के छन्दों द्वारा हम अपने ज्ञान की वृद्धि करते हुए अग्निदेवता का वरण करते हैं। इसी प्रकार इन्द्र का वरण यज्ञस्य-यज्ञों के जूत्या-निरन्तर प्रवाह (Uninterrupted flow) से होता है। इन्द्र शतक्रतु हैं, जो भी मनुष्य शतशः क्रतुओं (यज्ञों) का करनेवाला होता है, वह इन्द्र को प्रीणित करता ही है। 'पुरुषो वाव यज्ञः' के अनुसार जो यज्ञमय जीवनवाला बन जाता है, वही इन्द्र को आराधित कर पाता है। उसमें शक्ति की वृद्धि होती है और वह असुरों का संहार कर इन्द्र ही बन जाता है।

भावार्थ—हम वेदाध्ययन से अग्नि को तथा निरन्तर यज्ञों से इन्द्र को आराधित करें। हमारा जीवन स्वाध्याय व यज्ञमय हो।

सूक्त-८

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सात्त्विक अन्न, वह भी यात्रा-मात्र

६७२. उच्चा ते जातमन्धसो दिवि सद्भूम्या ददे। उग्रं शर्म महि श्रवः॥ १॥

यह तृच 'अमहीयुः आङ्गिरस'-ऋषि का है। 'मही' का अर्थ पृथिवी या पार्थिव भोग हैं। 'अ-महीयु' इन पार्थिव भोगों की कामना से ऊपर उठा है। इन भोगों में न फँसने से ही वह आङ्गिरस-शक्तिशाली भी बना रहा है। यह प्रभु से कहता है कि मैं दिवि सत्-ज्ञान में स्थित होता हुआ ते-तुझसे जातम्-पैदा किये गये उच्चा अन्धसः-सात्त्विक अन्नों का भूम्या-केवल पार्थिव शरीर को धारण के लिए आददे-स्वीकार करता हूँ। अमहीयु तामस् व राजस् भोजनों के सेवन का

तो विचार ही नहीं करता। वह सात्त्विक भोजन का ही सेवन करता है। द्युलोक=मस्तिष्क में स्थित होनेवाला, अर्थात् ज्ञान-प्रधान जीवन बितानेवाला व्यक्ति सात्त्विक भोजन ही तो करेगा।

भूम्या=पार्थिव शरीर के धारण के लिए इन्हें मिततम मात्रा में लेता है। इस मिततम आहार से जहाँ वह रोगों से बचा रहता है, वहाँ उसका मस्तिष्क उज्ज्वल बना रहता है। वह सदा सत्त्वगुण में विचरता है।

इस प्रकार यह नित्य सत्त्वस्थ व्यक्ति उग्रम्=उदात्त (Noble=ऊँचे) शर्म=सुख को तथा महिश्रवः=महनीय कीर्त्ति को प्राप्त करता है। पार्थिव भोगों में फँसकर मनुष्य प्रभु की समीपता और महान् आनन्द का अनुभव कभी नहीं कर पाता, यह प्रकृति में फँसकर जीर्ण शक्ति हो, व्याधियों का शिकार हो जाता है। साथ ही, यह अधिक खानेवाला व्यक्ति लोक में भी निन्दित होता है। लोग उसे पेटू=Glutton=व वृकोदर आदि शब्दों से स्मरण करने लगते हैं। वस्तुतः हम संसार में खाने के लिए ही आये भी तो नहीं। स्वादिष्ट भोजनों के खाने में व्यस्त पुरुष तो पशुओं से भी कुछ गिरा-सा जाता है, पशु भी शरीर धारण के लिए ही खाते हैं—स्वाद के लिए नहीं।

इस सारी बात का ध्यान करके ही 'अमहीयु' अग्रिम मन्त्र में प्रार्थना करता है कि—

भावार्थ—हम सत्त्वगुणों में अवस्थित हो शरीर-यात्रा के लिए ही भोजन करें।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मुझ इन्द्र के लिए धन दीजिए

६७३. स न इन्द्राय यज्यवे वरुणाय मरुद्भ्यः। वरिवोवित् परि स्रव॥ २॥

हे प्रभो! आप 'वरिवोवित्' हैं (वरिवः=धन, विद्=लाभ) धन प्राप्त करानेवाले हैं। सः=वे आप नः=हमें परिस्रव=धन प्राप्त कराइए। धनों की हमारी ओर धारा बहती हो, परन्तु आप धन प्राप्त कराइए इन्द्राय=इन्द्र के लिए यज्यवे=यज्यु=यज्ञशील के लिए, वरुणाय=वरुण=प्रचेता=प्रकृष्ट ज्ञानी के लिए। १. जो इन्द्र—इन्द्रियों का विजेता न होकर इन्द्रियों का दास होगा वह धन पाकर और अधिक भोगासक्त हो जाएगा। २. यदि धन प्राप्त करनेवाला व्यक्ति यज्यु=यज्ञशील न होगा तो उसका धन निकृष्ट व हानिकर कामों में ही विनियुक्त होगा। वह अपने धन से विद्वानों का पोषण न कर कुछ गुण्डों का (Rascals) ही पालन करेगा ३. यदि उसकी वृत्ति प्रचेता=वरुण बनने की नहीं होगी तो वह धन से पुस्तकों का संग्रह न करके पत्थरों (Stones=Diamond) का ही संग्रह करेगा।

इसलिए मन्त्र में प्रार्थना है कि आप 'इन्द्र, यज्यु व वरुण' को धन दीजिए। इन्हें इसलिए धन दीजिए कि ये मरुद्भ्यः=धन का विनियोग मानवहित के लिए करें।

जब मनुष्य धन को अपना—स्वयं का कमाया हुआ समझने लगता है तभी उसमें उसे स्वार्थ के लिए व्यय करने की प्रवृत्ति उत्पन्न होती है, अतः अगले मन्त्र में कहते हैं कि प्रभो! अर्य=स्वामी=तो आप ही हैं। मैं भ्रमवश अपने को धनों का स्वामी क्यों समझूँ?

भावार्थ—परमेश्वर से दिये गये धनों को हम मानवहित के लिए विनियुक्त करें।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विभागपूर्वक-सेवन

६७४. एना विश्वान्यर्य आ द्युम्नानि मानुषाणाम्। सिषासन्तो वनामहे॥ ३॥

हे अर्य=सब धनों के स्वामी प्रभो! हमें प्राप्त होनेवाले मानुषाणाम्=मनुष्य-सम्बन्धी एना=इन विश्वानि=सब द्युम्नानि=धनों का हम आ-सिषान्तः=चारों ओर विभाग करते हुए वनामहे=सेवन करें।

मनुष्य इस बात को कभी न भूले कि सब धनों के वास्तविक 'अर्य' परमात्मा ही है। अहं धनानि संजयामि शश्वतः=प्रभु कहते हैं कि सनातन काल से मैं ही धनों का विजय करता हूँ। जिस दिन हम इस तत्त्व को समझ लेंगे, उस दिन हम धनों के स्वामी न रहकर निधि-प=Trustee हो जाएँगे और निधि के स्वामी के आदेश के अनुसार ही हम उस निधि का विनियोग करेंगे। तब हम अपने स्वास्थ्यरूप धन का विनियोग भी केवल अपने आनन्द के लिए न करके लोकहित के लिए करेंगे। हमारा ज्ञान भी लोकहित के लिए होगा।

इस तत्त्व को समझनेवाला 'अमहीयु' अपने समाधि के आनन्द को भी अकेला भोगना उचित नहीं समझता, पार्थिव धन का तो उसे कभी मोह हो ही नहीं सकता।

भावार्थ—हम प्राप्त सम्पत्तियों का संविभाग-पूर्वक ही सेवन करें।

सूक्त-९

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः॥ स्वरः—मध्यमः॥

सप्त-गुणयुक्त सोम के द्रष्टा

६७५. पुनानः सोम धारयापो वसानो अर्षसि।
आ रत्नधा योनिमृतस्य सीदस्युत्सो देवो हिरण्ययः॥ १॥

इस मन्त्र का ऋषि 'सप्तर्षयः' है। सात गुणों से युक्त सोम का इस मन्त्र में वर्णन है। सम्भवतः सात गुणयुक्त सोम का द्रष्टा होने के कारण ही ऋषि का नाम 'सप्तर्षयः' हो गया है। सोम के सात गुण निम्न हैं—१. सोम=हे वीर्य-शक्ते! तू धारया=अपनी धारणशक्ति से पुनानः=पवित्र करती हुई अर्षसि=शरीर में गति करती है। यह वीर्यशक्ति शरीर के अस्वस्थ करनेवाले तत्त्वों को शरीर से दूर करके उसे पवित्र रखती है, अतः शरीर स्वस्थ बना रहता है। २. हे सोम! तू अपः=कर्मों का वसानः=धारण करता हुआ अर्षसि=प्राप्त होता है। वीर्य का दूसरा गुण यह है कि यह मनुष्य को क्रियाशील—पुरुषार्थी बनाता है। 'वि+ईर' धातु से बना यह शब्द विशेषगति की सूचना देता है। वीर्यवान् पुरुष सदा क्रियाशील व आलस्य से दूर होता है। निर्वीर्यता ही मनुष्य को अलस बनाती है। ३. आ=समन्तात् रत्नधा=रमणीयता को धारण करनेवाला यह सोम है। सोम से सारा शरीर रमणीय हो उठता है, कान्ति-सम्पन्न बन जाता है। क्या शरीर, क्या मन, क्या बुद्धि, सभी श्री-सम्पन्न हो जाते हैं। ४. योनिम् ऋतस्य सीदसि=अन्त में यह सोम ऋत के उत्पत्ति-स्थान उस प्रभु में जाकर स्थित होता है। इस सोम के धारण से मनुष्य प्रभु की उपासना के योग्य बनता है।

५. उत्सः=यह सोम एक चश्मा है। इस सोम को शरीर में धारण करने पर एक स्वाभाविक आनन्द का प्रवाह बहता है जो शारीरिक स्वास्थ्य व मनःप्रसाद का सूचक है। ६. देवः=यह सोम मनुष्य को दिव्य प्रवृत्तिवाला बनाता है। इसे राग-द्वेष से ऊपर उठाता है। ७. हिरण्ययः=यह हिरण्यवाला है। (हिरण्यं वै ज्योतिः) यह मस्तिष्क को ज्योतिर्मय बनाता है। यही तो वस्तुतः ज्ञानाग्नि का ईंधन है। यह शरीर को स्वस्थ, मन को निर्मल और बुद्धि को दीप्त बनाता है।

भावार्थ—सोम को धारण कर हम अपने शरीर को सप्त गुणयुक्त बनाएँ।

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—सतोबृहती॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सप्तगुण विशिष्ट ऊधस्

६७६. दुहान ऊधर्दिव्यं मधु प्रियं प्रत्नं सधस्थमासदत्।
आपृच्छ्यं धरुणं वाज्यर्षसि नृभिर्धौतो विचक्षणः॥ २॥

दुहानः—गत मन्त्र में वर्णित प्रकार से सोम-रक्षा के द्वारा अपना पूरण करता हुआ व्यक्ति **ऊधः**—आनन्द के स्रोत प्रभु को **आसदत्**—प्राप्त करता है। **ऊधस्**—गौ के थाख को कहते हैं। वह जैसे दुग्धरूप अमृत का आशय है, उसी प्रकार वह प्रभु आनन्द के अमृत का आशय है। प्रभुरूप आनन्द का ऊधस् सप्तगुण विशिष्ट है। १. इसकी प्रथम विशेषता यह है कि **दिव्यम्**—यह अलौकिक है—प्रकाशमय है। सांसारिक आनन्दों में कुछ देर तक आनन्द की प्रतीत के पश्चात् रोगादि के रूप में अन्धकार आ घेरता है। २. **मधु**—यह आनन्द का स्रोत मधुर है—मधुमय है। सांसारिक आनन्द प्रारम्भ में मधुर होते हुए भी परिणाम में विषोपम हो जाते हैं। उनकी आपात रमणीयता शीघ्र ही क्षीण होकर वे नीरस लगने लगते हैं। ३. **प्रियम्**—यह आनन्द एक तृप्ति देता है, जबकि सांसारिक आनन्द मनुष्य को अधिकाधिक अतृप्त करते हैं। परमात्मा-प्राप्ति के आनन्द में मनुष्य एक विशेष प्रकार की मस्ती का अनुभव करता है। ४. **प्रत्नम्**—यह सनातन (Eternal) है। कभी सूखनेवाला नहीं। भोगों में स्थाई आनन्द नहीं। ५. **सधस्थम्**—सबसे बड़ी बात यह है कि यह आनन्द का स्रोत सदा हमारे साथ (सध) विद्यमान (स्थ) है। इसके लिए हमें कहीं इधर-उधर भटकना नहीं। सांसारिक आनन्दों की प्राप्ति के लिए तो मनुष्य को सदा भटकना पड़ता है, मृगतृष्णा के मृग के समान दौड़ लगानी पड़ती है, परन्तु पा नहीं पाता, वे इससे दूर-ही-दूर चलते जाते हैं। ६. **पृच्छ्यम्**—यह स्रोत ही वस्तुतः सर्वथा जिज्ञास्य है (आ+प्रच्छ्) इसी के जानने के लिए हमें यत्नशील होना चाहिए। सांसारिक आनन्द के स्रोतों को ढूँढने में ही अपनी शक्ति लगा देना बुद्धिमत्ता नहीं। ७. **धरुणम्**—यह आनन्द का स्रोत, ढूँढा जाने पर, हमारा धारण करनेवाला होगा। सांसारिक आनन्द शक्तियों को जीर्ण कर नींव को ही जर्जर कर देते हैं।

अब प्रश्न यह उत्पन्न होता है कि—"कौन इस स्रोत तक पहुँचता है?" इस प्रश्न का उत्तर मन्त्र में 'वाजी, नृभिर्धौतः, विचक्षणः' इन शब्दों से दिया गया है। १. सबसे प्रथम **वाजी**—शक्तिशाली ही इस स्रोत को प्राप्त करने का अधिकारी होता है। (**नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः**)—निर्बलों से यह आत्मा प्राप्त नहीं है। २. **नृभिः धौतः**—दूसरे, जो व्यक्ति मनुष्यों से माँज दिया गया है, अर्थात् मनुष्यों के निरन्तर सम्पर्क में आकर जिसने अनुभव से बहुत-कुछ सीखकर अपने को संस्कृत कर लिया है। ३. और अन्त में **विचक्षणः**—जिसकी चक्षु विशेषरूप से खुल गई हैं, जो दूरदृष्टि विद्वान् बन गया है, वही इस आनन्द के स्रोत को पाता है। यह स्रोत सप्त गुणविशिष्ट है, अतः इसे पानेवाला भी 'सप्तर्षि' (ऋष्-गतौ) सप्तगुणस्रोत तक पहुँचनेवाला है।

भावार्थ—हम सोम-रक्षा से अपना पूरण करते हुए इस अद्भुत आनन्द के स्रोत को पानेवाले बनें।

सूक्त-१०

ऋषिः—उशनाः काव्यः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

उशनाः काव्यः

६७७. प्र तु द्रव परि कोशं नि षीद नृभिः पुनानो अभि वाजमर्ष।
अश्वं न त्वा वाजिनं मर्जयन्तोऽच्छा बर्ही रशनाभिर्नयन्ति ॥ १ ॥

इस तृच का ऋषि 'उशनाः काव्यः' है। 'उशनाः' शब्द का अर्थ है कामयमानः=चाहता हुआ। सर्वलोकहित की कामना करनेवाला यह 'उशनाः' काव्य है—क्रान्तदर्शी है। इसकी आँख प्रत्येक पदार्थ के भीतर प्रविष्ट होकर उसके तत्त्व को जानने का प्रयत्न करती है। इसी तत्त्वज्ञान के कारण यह अपने 'सोम'=वीर्यशक्ति का अधोद्रवण न होने देकर कहता है कि हे सोम! प्रद्रव तु=नीचे की ओर जाने के स्थान में तू प्रकृष्ट-ऊर्ध्व गतिवाला हो और कोशम्=इस शरीर में (अन्नमयादि कोशों में) परिनिषीद=व्याप्त होकर स्थित हो, अर्थात् मेरे सोम का विनियोग भोग में न होकर अङ्ग-प्रत्यङ्ग की श्री को बढ़ाने में ही हो।

ऐसा होने पर हे सोम! नृभिः=मनुष्यों से पुनानः=(पूयमानः) पवित्र किया जाता हुआ तू हमें वाजम् अभि=शक्ति की ओर अर्ष=ले-चल। पवित्र विचारों से पवित्र हुआ यह सोम शरीर में ही व्याप्त होकर उसे शक्ति-सम्पन्न बनाता है। न=जैसे वाजिनं अश्वम्=शक्तिशाली घोड़े को रशनाभिः=लगामों से नयन्ति=उद्दिष्ट स्थान की ओर ले-जाते हैं, उसी प्रकार त्वा=तुझे मर्जयन्तः=(मृज् शुद्धौ) अपने सोम को पवित्र बनाते हुए ये लोग रशनाभिः=पवित्र विचाररूप लगाम के द्वारा बर्हिः अच्छ=शुद्ध हृदय की ओर नयन्ति=ले-जाते हैं। पवित्र विचारों से सोम पवित्र रहता है और यह पवित्र सोम मनुष्य को वासना-विजय के लिए शक्ति देता है। इस मनुष्य की हृदयस्थली वासनारूप घास-फूस के उखाड़ देने से शुद्ध-पवित्र होकर 'बर्हिः' शब्द से कहलाने के योग्य होती है।

एवं, यह 'उशनाः काव्य' सोमरक्षा के द्वारा शरीर को शक्ति-सम्पन्न बनाता है और अपने मन को पवित्र। इनके बिना न उसके अन्दर लोकहित की कामना उत्पन्न हो सकती है और न वह लोकहित कर ही सकता है?

भावार्थ—लोकहित का इच्छुक सोम की ऊर्ध्वगति से अपने शरीर को शक्ति-सम्पन्न व हृदय को पवित्र बनाए।

ऋषिः—उशनाः काव्यः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

सोम की सात प्रशस्तियाँ

६७८. स्वायुधः पवते देव इन्दुरशस्तिहा वृजना रक्षमाणः।
पिता देवानां जनिता सुदक्षो विष्टम्भो दिवो धरुणः पृथिव्याः ॥ २ ॥

१. देवः इन्दुः=यह प्रकाशमय (दिव्) व शक्तिमय सोम (इन्द=to be powerful) स्वायुधः=(सु आयुधः) उत्तम अस्त्र है। इसी अस्त्र के द्वारा मनुष्य शरीर के रोगों व रोगकृमियों से संघर्ष कर पाता है। वीर्य शब्द का अर्थ है वि=विशेषरूप से ईर=कम्पित करनेवाला। यह हमपर आक्रमण करनेवाले रोगों को कम्पित करके भगा देता है। इस प्रकार यह सोम उत्तम अस्त्ररूप

बनकर पवते-हमारे शरीर में गति करता है।

२. अशस्ति-हा-यह सोम ईर्ष्या-द्वेष आदि की सब अप्रशस्त भावनाओं को नष्ट कर देता है। ३. वृजना रक्षमाणः-यह सोम हमें पापों से बचाता है। (वृजन-पाप, रक्ष-Resistence)। पापों से बचाकर यह हमारे बलों की रक्षा करता है (वृजन-बल, रक्ष-रक्षा करना)।

४. पिता देवानाम्-यह सुरक्षित सोम देवों का—दिव्य गुणों का रक्षक होता है। मनुष्य में यह दैवी सम्पत्ति के विकास का कारण बनता है। यह दिव्य गुणों का जनिता-प्रादुर्भाव करनेवाला होता है। ५. सु-दक्षः-यह हमारी उत्तम वृद्धि (दक्ष-To grow) का कारण है। इसके कारण प्रत्येक उत्तम दिशा में हम अग्रसर होते हैं। ६. दिवः विष्टम्भः-मूर्धा द्यौः-यह सोम मस्तिष्क का विशेषरूप से स्तम्भन-धारण करनेवाला है। यह सोम ही ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है, इससे मनुष्य की बुद्धि तीव्र होती है। ७. पृथिव्याः धरुणः-(पृथिवी-शरीरम्) यह शरीर का आधार है। इसके धारण से जीवन है, इसके पतन से मृत्यु। सोमरक्षा के बिना वैयक्तिक और सामाजिक जीवन की उन्नति सम्भव नहीं। इसी से उशना इसकी रक्षा की कामनावाला है।

भावार्थ—उशना के सदृश सोमरक्षण में प्रवृत्त होकर हम भी इन सात लाभों से अपने जीवन को अन्वित करें।

ऋषिः—उशनाः काव्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

वेदरहस्य को समझना

६७९. ऋषिर्विप्रः पुरएता जनानामृभुर्धीर उशना काव्येन।
स चिद्विवेद निहितं यदासामपीच्यां ३ गुह्यं नाम गोनाम्॥ ३॥

गत मन्त्र का विषय ही प्रस्तुत मन्त्र में भी चल रहा है। यह सोमरक्षक पुरुष—

१. ऋषिः-तत्त्वद्रष्टा है। सोमरक्षा से मनुष्य गम्भीर होकर प्रत्येक पदार्थ के ठीक स्वरूप को देखनेवाला बनता है। वह आपात रमणीयता से आकृष्ट होकर उनमें उलझता नहीं। २. वि-प्रः-विषयों में न उलझने से ही वह अपना विशेषरूप से पूरण करता है। शरीर में शक्ति, मन में निर्मलता व बुद्धि में तीव्रता भरनेवाला होता है। ३. जनानां पुरः एता-सोमरक्षण के द्वारा विप्र बनकर यह मनुष्यों का अग्रेणी—उनके आगे चलनेवाला होता है। 'अति समं क्राम-बराबरवालों को तू लाँघ जा'—इस उपदेश को वह अपने जीवन में अनूदित कर पाता है। ४. ऋभुः-इस प्रकार यह खूब चमकनेवाला होता है (ऋभुः-Shining far) ५. धीरः-इसकी प्रकृति में धीरता—धैर्य होता है। इस धृति के कारण ही वह—धर्म के अन्य सब अङ्गों को भी अपने में स्थिर कर पाता है। ६. उशनाः-जीवन को धर्म की नींव पर स्थिर करके यह सभी के हित की कामनावाला होता है। यह तुच्छ भावनाओं से ऊपर उठकर लोकहित को अपने जीवन का ध्येय बनाता है। ७. और इन सबसे बढ़कर सः-वह काव्येन-अपने क्रान्तद्रष्टृत्व से चित्-निश्चयपूर्वक यत्-जो आसाम् गोनाम्-इन वेदवाणियों में अपीच्यम्-बहुत ही सुन्दर गुह्यम्-रहस्यमय नाम-संकेत (Mark, sign, token) निहितम्-रक्खे हुए हैं, उन्हें विवेद-विशेषरूप से जान पाता है। बुद्धि की तीव्रता से इसके सामने वेद का रहस्य प्रकट हो जाता है। वेदवाणी इसके लिए अपने स्वरूप को प्रकट करती है।

भावार्थ—सोम-रक्षा के द्वारा हम वेदार्थ को समझने के योग्य बनते हैं।

सूक्त-११

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

मैत्रावरुणि वसिष्ठ

६८०. अभि त्वा शूर नोनुमोऽदुग्धाइव धेनवः।
ईशानमस्य जगतः स्वर्दृशमीशानमिन्द्र तस्थुषः ॥ १ ॥

वशियों में श्रेष्ठ वसिष्ठ है। वह श्रेष्ठ वशी इसलिए बन पाया है कि वह 'मैत्रावरुणि' है, अर्थात् उसने प्राण और अपान की साधना की है। प्राणापान की साधना से ही वह इन्द्रियों के दोषों को दूर करके इन्द्रियों को वश में करनेवालों में श्रेष्ठ वसिष्ठ बना है।

यह वसिष्ठ कहता है कि—हे शूर-सब वासनाओं को शीर्ण करनेवाले प्रभो! त्वा-आपको अभि-लक्ष्य करके नोनुमः-हम निरन्तर स्तुति करते हैं। प्रभु की स्तुति से ही वह वासनासमूह नष्ट हो पाता है। यह उपासना वह वृद्धावस्था में प्रारम्भ नहीं करता। कहा गया है कि अदुग्धा इव धेनवः-अभी अदुग्धदोह गौओं के समान हम यौवन में ही प्रभु का स्तवन करते हैं और कहते हैं कि हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन्! आप अस्य जगतः-इस सारे चर जगत् के ईशानम्-स्वामी हो। स्वामी ही नहीं, आप तो स्वः दृशम्-सभी के सुख का ध्यान करनेवाले हो (स्वः-सब तथा सुख, ईश्-To take care of), तस्थुषः-सब स्थावर जगत् के भी ईशान हो। इस स्थावर जगत् के ईशान होने से आप हमारे सुखों के लिए सब आवश्यक पदार्थों के देनेवाले हो। मैं तो आपके स्तवन में लगा हूँ और मेरा योगक्षेम आपको चलाना है।

भावार्थ—हम यौवन में ही प्रभु की उपासना करें। वे हमारा योगक्षेम चलाएँगे।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—सतोबृहती ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

अद्वितीय

६८१. न त्वावाँ अन्यो दिव्यो न पार्थिवो न जातो न जनिष्यते।
अश्वायन्तो मघवन्निन्द्र वाजिनो गव्यन्तस्त्वा हवामहे ॥ २ ॥

हे प्रभो! त्वावान्-आप-जैसा अन्यः-दूसरा और कोई दिव्यः-द्युलोक में होनेवाला न जातः-न तो कोई हुआ है न जनिष्यते-और न ही होगा। आप सर्वशक्तिमान् व सर्वज्ञ हैं। चराचर के ईशान हैं, सभी के सुख-साधन में लगे हुए हैं। आपको छोड़कर ऐसा कौन है? आप तो 'अ-द्वितीय' ही हैं। हे मघवन्-(मा+अघ) सब पापों से दूर—अपापविद्ध प्रभो! हे इन्द्र-सर्वैश्वर्यशाली प्रभो! अश्वायन्तः गव्यन्तः-कर्मों में व्याप्त होनेवाली प्रशस्त कर्मेन्द्रियों की कामना करते हुए, निश्चय से अर्थों का ज्ञान देनेवाली दीप्त ज्ञानेन्द्रियों की कामना करते हुए हम वाजिनः-बल को अपनानेवाले त्वा हवामहे-आपको पुकारते हैं। आपके स्मरण से ही वासनाओं का विनाश होकर हमें उत्तम कर्मेन्द्रियों व शक्ति का लाभ होगा।

'अश् व्याप्तौ' धातु से बनकर अश्व शब्द कर्मों में व्याप्त होनेवाली कर्मेन्द्रियों का वाचक है। गौ शब्द समझना, Understand इस अर्थवाली गम् धातु से बनकर अर्थतत्त्व का ज्ञान देनेवाली ज्ञानेन्द्रियों को कह रहा है। वाज शब्द शक्ति का वाचक है, उससे प्रशस्त अर्थ में 'इनि प्रत्यय' आया

है। एवं, उत्तम कर्मेन्द्रियों, ज्ञानेन्द्रियों व शक्ति को चाहते हुए हम प्रभु को पुकारते हैं। प्रभु के अतिरिक्त इन्हें हमें प्राप्त करा ही कौन सकता है ?

भावार्थ—हम निरन्तर प्रभु की स्तुति करें, वे चराचर के ईशान हैं, वे सभी के कल्याण की चिन्ता करते हैं। वे अद्वितीय हैं, उन्हीं से हमें इन्द्रिय-नैर्मल्य व शक्ति प्राप्त होगी।

सूक्त-१२

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वामदेव गौतम

६८२. कया नश्चित्र आ भुवदूती सदावृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ १॥

इस तृच का देवता 'इन्द्रः' अथवा 'सर्वाः देवताः' है। 'विश्वेदेवाः' का ही रूपान्तर 'सर्वाः देवताः' है। 'सब दिव्य गुणों की प्राप्ति' यह इस तृच का विषय है। सब देवताओं का राजा 'इन्द्र' है, अतः 'सर्वाः देवताः' के स्थान में 'इन्द्र' भी लिख देते हैं। इन सब दिव्य गुणों से अपने जीवन को सुभूषित करनेवाला 'वामदेव' (सुन्दर दिव्य गुणोंवाला) इस तृच का ऋषि है—यह ऐसा इसलिए बन पाया है कि यह गौतम—गोतम का पुत्र है। 'गो=इन्द्रयाँ' प्रशस्त इन्द्रियोंवाला है।

यह वामदेव एक सामान्य भद्र पुरुष की श्रेणी से ऊपर उठकर देवश्रेणी में आया है। ऋणात्मक धर्म (झूठ न बोलना, चोरी न करना, द्वेष न करना, कड़वा न बोलना आदि) के पालन से मनुष्य एक भद्र पुरुष बन जाता है, परन्तु देव बनने के लिए केवल ऋणात्मक धर्म के पालन से काम नहीं चलता। उसके लिए धनात्मक धर्म का पालन आवश्यक होता है। 'जनता के अन्धकार को दूर करना' यह उस धनात्मक धर्म का सामान्यरूप है। इस अन्धकार को दूर करने की प्रक्रिया में खण्डन-मण्डन की आवश्यकता होती है। वह खण्डन कइयों के लिए अप्रिय होता है—और बस, नासमझी के कारण ये उस देवमार्ग पर चलनेवाले के विरोधी हो जाते हैं—कई बार उसकी जान भी लेने के लिए उतावले हो उठते हैं, अतः यह स्पष्ट ही है कि इस देवमार्ग पर चलनेवाले के लिए बड़ा वीर व निर्भीक होना नितान्त आवश्यक है। यह निर्भीकता उसे प्रभु की उपासना से प्राप्त होती है, अतः यह वामदेव कहता है कि **चित्रः**=उत्तम ज्ञान को देनेवाला (चित्=सं+ज्ञान) **सदावृधः**=सदा हमारी वृद्धि का कारण **नः सखा**=वह हमारा मित्र प्रभु **कया ऊती**=अपने आनन्दमय रक्षण से **आ भुवत्**=हमारे चारों ओर वर्त्तमान है और साथ ही **कया**=आनन्दमय **शचिष्ठया**=अत्यन्त शक्तिमय **वृता**=आवर्तन—नियमित दैनिक कार्यक्रम से वह प्रभु हमारी रक्षा कर रहे हैं।

प्रभु जिसकी भी रक्षा करना चाहते हैं उसे १. उत्तम ज्ञान प्राप्त करा देते हैं और २. उसकी जीवन की चर्या को सूर्य और चन्द्रमा की भाँति नियमित कर देते हैं, जिससे उसे एक विशेष शक्ति प्राप्त होती है। इस शक्ति से सम्पन्न होकर ही तो वह धनात्मक धर्म का पालन कर सकता है।

भावार्थ—हम ज्ञान की वृद्धि करें और नियमित जीवन से शक्ति का सम्पादन करें।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दृढ़ दुर्गों का भंग

६८३. कस्त्वा सत्यो मदानां महिष्ठो मत्सदन्धसः। दृढा चिदारुजे वसु॥ २॥

वामदेव अपने को व अपने साथियों को सम्बोधित करते हुए कहता है कि **कः**=वह आनन्दमय

प्रभु सत्यः=जो सत्यस्वरूप हैं। मदानां मंहिष्ठः=मदों के—आनन्दमय उत्साहों के—सबसे महान् दाता हैं, वे त्वा=तुझे अन्धसः=सबसे अधिक ध्यान देने योग्य (आध्यायनीय) सोम=वीर्य-शक्ति के द्वारा मत्सत्=मद—हर्षयुक्त करते हैं।

वस्तुतः वामदेव की श्रेणी के लोग उस प्रभु को ही सत्यस्वरूप समझते हुए शरीर आदि के प्रति अत्यधिक ममतावाले नहीं हो जाते और अपने सोम के रक्षण के द्वारा उनमें एक उत्साह होता है जो उन्हें संसार को सुन्दर बनाने के लिए प्रेरित करता है—उनका जीवन निराशामय व अकर्मण्य नहीं होता।

इस आशावाद और क्रियाशीलता से चलता हुआ यह वामदेव दृढाचित् वसु आरुजे=असुरों के निवासभूत बड़े दुर्गों को भी तोड़-फोड़ डालता है। महादेव ने असुरों की तीन पुरियों का ध्वंस करके 'त्रिपुरारि' नाम पाया है, यह वामदेव भी उसी कार्य को करता है। सबसे प्रथम यह वासना के अधिष्ठानभूत 'इन्द्रियाणि मनोबुद्धिरस्याधिष्ठानमुच्यते' अपनी ही इन्द्रियाँ, मन और बुद्धि को जीतता है और उसके बाद संसार में से भी काम-क्रोध और लोभ को दूर करने के लिए प्रयत्नशील होता है।

भावार्थ—प्रभु को ही सत्य समझना और सोम की शक्ति से सम्पन्न होना ही आसुर वृत्तियों के विजय का उपाय है।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-रक्षा में विश्वास

६८४. अभी षु णः सखीनामविता जरितॄणाम्। शतं भवास्यूतये॥ ३॥

यह वामदेव इन असुर-पुरियों के संहाररूप कार्य को करता हुआ प्रभु की उपासना करता है कि हे प्रभो! आप नः=हम सखीनाम्=समान-ख्यानवालों के—समान दृष्टिकोणवालों के अविता=रक्षक हैं। प्रभु का उद्देश्य अज्ञानान्धकार को दूर करना है—इसी उद्देश्य से प्रभु ने सृष्टि के प्रारम्भ में वेदज्ञान दिया है। इन वामदेव सरीखे प्रभु के सखाओं के जीवन का उद्देश्य भी अज्ञानान्धकार को दूर करना ही होता है। इस कार्य में ये निर्भीकता से चलते हैं, चूँकि ये अनुभव करते हैं कि प्रभु उनके रक्षक हैं, प्रभु ने यह कार्य जब तक उनसे कराना है, प्रभु उनकी रक्षा करेंगे ही। ये कहते हैं कि हे प्रभो! नः जरितॄणाम्=हम स्तोताओं के आप शतं सु ऊतये=सैकड़ों प्रकार से उत्तम रक्षा के लिए अभिभवासि=चारों ओर होते हैं। यह अपने को उस प्रभु से आवृत अनुभव करते हुए सब प्रकार के भयों से ऊपर उठ जाते हैं।

भावार्थ—प्रभु का सखा प्रभु की रक्षा में विश्वास रखता है और निर्भीकता से लोकहित में प्रवृत्त रहता है।

सूक्त-१३

ऋषिः—नोधा गोतमः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः॥ स्वरः—मध्यमः॥

नोधा गोतम

६८५. तं वो दस्ममृतीषहं वसोर्मन्दानमन्धसः।
अभि वत्सं न स्वसरेषु धेनव इन्द्रं गीर्भिर्नवामहे॥ १॥

वे प्रभु 'नो धा' (नः+धा) हमारे धारण करनेवाले हैं। इस रूप में प्रभु का स्मरण करनेवाला व्यक्ति विषयपंक से अपनी इन्द्रियों को अलिप्त रखकर 'गोतम' तो होता ही है। यह 'नोधा गोतम' अपने मित्रों से कहता है कि तं इन्द्रम् गीर्भिः अभि नवामहे-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की वाणियों से स्तुति करते हैं, जो प्रभु—

वः-तुम्हारे दस्मम्-रोगों को नष्ट करनेवाला है (दसु-उपक्षये Destroy, Decimate) (क) वह प्रभु नाना प्रकार के औषध-द्रव्यों के निर्माण व उनके प्रयोग के लिए बुद्धि देने के द्वारा हमारे रोगों को नष्ट करते हैं। (ख) इसके अतिरिक्त प्रभुस्तुति से मनोवृत्ति में कुछ ऐसा परिवर्तन आता है कि रोग मनुष्य को छोड़ जाते हैं। (ग) रोगों की संहारक मन्त्ररूप वीर्य-शक्ति को तो प्रभु ने हमें प्राप्त कराया ही है।

(२) ऋतीषहम्-वे प्रभु हमारे कामादि शत्रुओं के संहारक हैं। काम 'स्मर' है, तो प्रभु 'स्मरहर' हैं। महादेव कामदेव को भस्म कर देते हैं। हृदय में प्रभु की ज्योति जगाने पर कामादि वासनाओं का अन्धकार नहीं रहता। ओ३म् का जप हमारे हृदय को पवित्र बनाता है।

(३) अन्धसः वसोः मन्दानम्-आध्यायनीय, सब प्रकार से ध्यान देने योग्य, शरीर में निवास के कारणभूत सोम (=वीर्यशक्ति) के द्वारा वे प्रभु हमें आनन्दित करनेवाले हैं। इस वीर्यशक्ति के द्वारा ही वस्तुतः प्रभु ने हमारे शरीरों को नीरोग बनाया है, हमारे मनों को निर्मल और इस प्रकार इस सुन्दर व्यवस्था से वे प्रभु हमारा धारण कर रहे हैं।

हमारा भी यह कर्त्तव्य है कि हम उस प्रभु का सदा स्मरण करें और इस प्रकार प्रेम से स्मरण करें न-जैसेकि वत्सम्-बछड़े को स्वसरेषु-अपने जाने योग्य गोष्ठादि स्थानों में धेनवः-गौवें स्मरण करती हैं। जंगल में चर चुकी गौ घर पर बँधे बछड़े के लिए जैसे उत्सुक होती हैं, उसी प्रकार हम उस प्रभु के लिए उत्सुक हों। वेद को प्रेम के विषय में गौ और बछड़े की उपमा बड़ी प्रिय है। 'अन्यो अन्यमभि हर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या' इस मन्त्रभाग में कहा है कि हे गृहस्थ के व्यक्तियो! एक-दूसरे से ऐसे प्रेम करो जैसे गौ नवजात बछड़े से प्रेम करती है। यहाँ हमें भी प्रभु से इसी प्रकार प्रेम करने के लिए कहा गया है तभी वे प्रभु हमारे लिए व्याधिनाशक, आधिनाशक व शक्तिदायक होंगे।

भावार्थ—हम प्रभु-स्मरण द्वारा नीरोग, निर्मल व वीर बनें।

ऋषिः—नोधा गोतमः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—सतोबृहती॥ स्वरः—पञ्चमः॥

नौ प्रकार से धारण

६८६. द्युक्षं सुदानुं तविषीभिरावृतं गिरिं न पुरुभोजसम्।
क्षुमन्तं वाजं शतिनं सहस्रिणं मक्षू गोमन्तमीमहे॥ २॥

यह मन्त्र भी 'नोधा गोतम' का ही है। वह प्रभु नोधा=नव धा=नौ प्रकार से हमारा धारण करनेवाले हैं। उस प्रभु की ही हम ईमहे-अध्येषणा (प्रार्थना) करते हैं, जो प्रभु—

(१) द्युक्षम्-प्रकाश में निवास करानेवाले हैं (द्यु-प्रकाश, क्षि-निवास)। प्रभु-स्मरण से मनुष्य अन्धकार में नहीं रहता, उसे अपना मार्ग स्पष्ट दिखता है। सृष्टि के प्रारम्भ में अग्नि आदि ऋषियों के हृदयों को (यदेषां श्रेष्ठं यदरिप्रमासीत्) श्रेष्ठ व दोषशून्य होने से प्रभु ने वेदज्ञान से जगमगा दिया तो क्या अब अपने हृदयों को ऐसा बनाने पर वे प्रभु हमारे हृदयों को ज्ञान से द्योतित न करेंगे?

(२) सु-दानुम्-वे प्रभु उत्तम बुद्धि, मन, इन्द्रियादि उपकरणों के देनेवाले हैं। कितनी विलक्षण

यह बुद्धि है। इससे मनुष्य ने विज्ञान में कितनी अद्भुत उन्नति की है! कितना शक्तिशाली यह मन है—यह हमें कहाँ नहीं पहुँचा सकता? एक-एक इन्द्रिय कितनी अपूर्व शक्ति से सम्पन्न है, किस प्रकार ये ज्ञान-प्राप्ति व कर्म करने में साधन बनती हैं?

(३) तविषीभिः आवृतम्=वह प्रभु शक्तियों से हमें आवृत करनेवाले हैं (आवृणोति इति आवृत्) नाना प्रकार की शक्तियाँ उन्होंने हमें प्राप्त करायी हैं। कई स्थानों पर इन शक्तियों की संख्या चौबीस दी गई है। 'मखाय त्वा' इस मन्त्र भाग में २४ बार यह कहा गया है कि मैं इन शक्तियों को यज्ञ के लिए अर्पित करता हूँ।

(४) गिरिं न पुरुभोजसम्=जैसे पर्वत नाना प्रकार की ओषधियों, वनस्पतियों से हमारा पालन करता है, उसी प्रकार ये प्रभु भी हमारा पालन करनेवाले हैं। हमारे जीवनधारण के लिए सभी आवश्यक पदार्थों का प्रभु ने ही निर्माण किया है। पर्वतों को भी पालक द्रव्यों से प्रभु ने ही भरा है।

(५) क्षुमन्तम्=वे प्रभु 'क्षु' वाले हैं। 'क्षु' का अर्थ है भोजन। प्रभु ही सब प्राणियों को शरीरधारण के लिए भोजन प्राप्त कराते हैं।

(६) वाजम्=वे प्रभु बलवाले हैं। हमें भी भोजन के द्वारा बल प्राप्त कराते हैं।

(७) शतिनम्=वे हमें शत वर्ष का आयुष्य देनेवाले हैं। हम अपने हीन कर्मों से उसमें न्यूनता कर लिया करते हैं और इस प्रकार हमारी असमय में ही मृत्यु हो जाती है।

(८) सहस्रिणम्=वे प्रभु मधुर मुस्कान-(हस्र=Smile)-वाले हैं। हमें भी उन्होंने मनःप्रसाद के परिणामरूप यह मुस्कान प्राप्त करायी है, परन्तु हम अपनी अल्पज्ञता के कारण राग-द्वेष के वशीभूत होकर उसे समाप्त कर लेते हैं। यदि हमारी बालसुलभ निर्दोषता बनी रहे तो यह मुस्कान भी हमारा साथ कभी न छोड़े।

(९) गोमन्तम्=वे प्रभु प्रशस्त गौवोंवाले हैं। उन्होंने हमारे शरीरों की नीरोगता, मनों की निर्मलता और बुद्धि की तीव्रता के लिए इन गौवों से गोदुग्ध प्राप्त कराने की व्यवस्था की थी। हमने अपनी नासमझी से उन गौवों के महत्त्व को नहीं समझा। हमारा गोसंवर्धन की ओर झुकाव होगा तो वे गौएँ हमारा सर्वतः संवर्धन करनेवाली बनेंगी।

इस प्रकार उल्लिखित नौ प्रकारों से वे प्रभु हमारा धारण कर रहे हैं। हमें चाहिए कि हम मक्षु=शीघ्र ही उस प्रभु की ईमहे=आराधना करें। प्रभु की आराधना से ही हमारा नौ प्रकार से धारण हो सकेगा।

भावार्थ—प्रभु के इन नौ धारण-प्रकारों को समझते हुए हम सदा उनको पाने के अधिकारी बनें।

सूक्त-१४

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रागाथः॥ स्वरः—मध्यमः॥

कलि प्रागाथ

६८७. तरोभिर्वो विदद्वसुमिन्द्रं सबाध ऊतये।
बृहद्गायन्तः सुतसोमे अध्वरे हुवे भरं न कारिणम्॥ १॥

'कलि' शब्द कल् संख्याने धातु से बना है, इसका अर्थ है संख्यान=चिन्तन—एक वस्तु का विशेषरूप से देखना। बस, संसार के अन्दर प्रत्येक पदार्थ का केवल उपभोग ही करते न रहकर,

जो उन पदार्थों का चिन्तन भी करता है वह 'कलि' है। चिन्तन करनेवाला अवश्य ही उन पदार्थों की विशिष्ट रचना में प्रभु की महिमा को देखेगा और उसका गायन करेगा। गायन करने के कारण ही इसका नाम 'प्रागाथ' हुआ है। यह कलि प्रागाथ कहता है कि हे सबाधः=ऋत्विजो! वः=तुम्हें तरोभिः=शक्तियों के साथ विदद्वसुम्=उत्तम रत्न प्राप्त करानेवाले इन्द्रम्=सर्वैश्वर्यशाली प्रभु को ऊतये=रक्षा के लिए सुतसोमे=जिसमें सोम का अभिषव किया गया है उस अध्वरे=यज्ञ में बृहत्=खूब गायन्तः=गाते हो (लट् के स्थान में शतृ)। मैं भी हुवे=उस प्रभु को पुकारता हूँ। किस प्रभु को? भरं न कारिणम्=कुटुम्ब का भरण करनेवाले उत्तम क्रियाशील गृहपति को जैसे कुटुम्ब के लोग बुलाते हैं उसी प्रकार सबका भरण करनेवाले सदा क्रियाशील (स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च) प्रभु को मैं अपने इस सुत=सोम—जीवनयज्ञ (अध्वर) में पुकारता हूँ, जिसमें शक्ति का सम्पादन किया गया है। वस्तुतः प्रभु के आवाहन का ही यह परिणाम है कि कलि प्रागाथ का जीवन अध्वर=हिंसारहित बना रहा है और शक्ति-सम्पन्न बना है। प्रभु-स्मरण, प्राणिमात्र में प्रभु के निवास का ध्यान आने से यह किसी की हिंसा क्योंकर करेगा? और क्योंकि प्रभु-स्मरण वासनाओं का विनाश कर देता है, अतः मनुष्य संयमी जीवनवाला होकर उत्पन्न शक्ति को शरीर में धारण करने से 'सुतसोम' होता है।

यह कलि प्रागाथ प्रभु का गायन इसी रूप में करता है कि—१. ये प्रभु शक्तियों के साथ उत्तम पदार्थों को प्राप्त करानेवाले हैं, २. सर्वैश्वर्यशाली हैं, ३. सबकी रक्षा करनेवाले हैं। ४. सबके भरण का भार प्रभु के ही कन्धों पर है। ५. स्वाभाविकरूप से आप सदा क्रियाशील हैं। जीवहित के लिए सदा जगत् की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय किया करते हैं। यह सम्पूर्ण जगत् आपका कुटुम्ब ही तो है, आप इसका भरण करनेवाले हैं।

भावार्थ—हम भी कलि प्रागाथ की भाँति इस संसार को प्रभु के एक परिवार के रूप में देखें और अपने जीवन को शक्ति-सम्पन्न बनाएँ।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—सतोबृहती॥ स्वरः—पञ्चमः॥

कौन नहीं वरते?

६८८. न यं दुधा वरन्ते न स्थिरा मुरो मदेषु शिप्रमन्धसः।
य आदृत्या शशमानाय सुन्वते दाता जरित्र उक्थ्यम्॥ २॥

गत मन्त्र में कहा था कि हम संसार को प्रभु का ही एक परिवार समझें, परन्तु संसार में कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जो अपने को ही ईश्वर समझते हैं और अन्धसः=शक्ति के मदेषु=नशे में शिप्रम्=उस सर्वज्ञ प्रभु को न=नहीं वरन्ते=वरते। इस प्रभु को दुधाः=(दुध्=To kill, दुध्र=Powerful, voilent) अत्याचार में विनियुक्त शक्तिवाले तथा स्थिराः मुरः=स्थिररूप से नाश करनेवाले, अर्थात् पक्के दैत्य न वरन्ते=कभी नहीं चुनते। इन लोगों का झुकाव तो टेढ़े-मेढ़े तथा घात-पात के साधनों से रुपया जुटाने की ओर ही होता है यः=वे प्रभु उक्थ्यम्=बड़े प्रसंशनीय धन के दाता=देनेवाले हैं। किसे? आदृत्या शशमानाय=बड़ी सावधानी से

१. अन्धसः शब्द अध्यायनीय=सर्वतः ध्यान देने योग्य अर्थ को कहता हुआ शक्ति का वाचक है। प्लुत गति के कार्य करनेवाले के लिए। जो व्यक्ति कार्य करता है, प्रभु उसे आवश्यक धन प्राप्त कराते हैं। २. सुन्वते=उत्पन्न करनेवाले के लिए। जो व्यक्ति उत्पादक श्रम करता है, प्रभु उसे धन प्राप्त

कराते हैं। जो भी व्यक्ति कुछ-न-कुछ निर्माण में लगा है, वह राष्ट्र का हित कर रहा है और वह प्रभु का प्रिय होता है। ३. जरित्रे-स्तोता के लिए। धर्म-मार्ग पर चलनेवाले अपने उपासकों के लिए।

भावार्थ—हम अप्रमादी होकर अपने कर्त्तव्यों का पालन करें, निर्माण के कार्य में लगे रहें और प्रभु-स्तवन करनेवाले हों, जिससे हम प्रभु के दान के पात्र हों। हम शक्ति के घमण्ड में अपने को ही ईश्वर समझते हुए प्रभु से दूर न हो जाएँ।

सूक्त-१५

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मधुच्छन्दाः वैश्वामित्रः

६८९. स्वादिष्ठया मदिष्ठया पवस्व सोम धारया। इन्द्राय पातवे सुतः ॥ १ ॥

इस तृच का देवता 'सोम' है। 'सोम' शब्द का अर्थ वीर्य है। इस सोम के पान=शरीर में ही व्याप्त करने से मनुष्य-जीवन मधुर इच्छाओं से परिपूर्ण होता है और वह 'मधुच्छन्दाः' कहलाने लगता है (मधु=मधुर, छन्दस्=इच्छा)। इसके मन में किसी के प्रति राग-द्वेष नहीं होता। यह सभी के प्रति स्नेह की वृत्तिवाला होने के कारण 'वैश्वामित्र' नामवाला होता है। मन्त्र में कहते हैं कि हे सोम=तू धारया=अपनी धारक शक्ति से पवस्व=हमें पवित्र बना दे। तेरी वह धारा स्वादिष्ठया=अत्यन्त मधुर हो। हे सोम! तेरी वह धारा मदिष्ठया=उच्चतम मद, हर्ष व आनन्द देनेवाली हो। वीर्यवान् पुरुष का मानस सदा आनन्दमय होता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है। यही मानस आनन्द इसके चेहरे पर मुस्कराहट के रूप में अभिव्यक्त होता है।

हे सोम! सुतः=उत्पादित हुआ हुआ तू इन्द्राय पातवे=इन्द्र की रक्षा के लिए हो। तू आसुर वृत्तियों के आक्रमण से हमारी रक्षा कर। निर्वीर्य पुरुष ही क्रोध, ईर्ष्या आदि आसुर वृत्तियों का शिकार हुआ करता है। अगले मन्त्र में यही भावना 'रक्षो-हा' शब्द से कही जाएगी।

भावार्थ—हम संयम द्वारा सोमपान करते हुए अपने जीवनों को मधुर व आनन्दमय बनाएँ और अपने को आसुर वृत्तियों से बचाएँ।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

अयोहत द्रोण में

६९०. रक्षोहा विश्वचर्षणिरभि योनिमयोहते। द्रोणे सधस्थमासदत् ॥ २ ॥

सोम का उत्पादन शरीर में होता है। आहार के शरीर में जाने पर रस-रुधिर आदि के क्रम से सातवें स्थान में वीर्य की उत्पत्ति होती है। एवं, यह शरीर ही इस सोम की 'योनि' है—उत्पत्तिस्थान है। इस शरीर को ही यहाँ द्रोण कहा है। यह सोम का पात्र है—रक्षणस्थान है (पा-रक्षणे)। द्रोण एक वृक्ष का नाम है, जिसपर श्वेत पुष्प लगते हैं। शरीर ही वह वृक्ष है और सोम ही उसका श्वेत पुष्प है। इस पुष्प के शरीर में सुरक्षित होने पर यह शरीर पुष्ट होकर वज्रतुल्य दृढ़ हो जाता है—इस समय इसे 'अयोहत' कहते हैं, मानो लोहे को ही कूट-कूटकर शरीर के रूप में परिणत कर दिया गया हो।

जब सोम अभियोनिम्-शरीर की ही ओर—अपने उत्पत्तिस्थान की ही ओर गतिवाला होता है तब यह सोम अयोहते द्रोणे आसदत्-लोहे के समान दृढ़ इस शरीर में स्थित होता है। उस

समय यह शरीर **सधस्थम्**=साथ ठहरने का स्थान होता है, अर्थात् तब यह आत्मा इस शरीर में परमात्मा के साथ निवास कर रहा होता है। सुरक्षित वीर्य ही ज्ञानाग्नि का ईंधन बनकर प्रभु का ज्ञान प्राप्त कराता है। सोमरक्षा के लाभों की यही चरमसीमा है।

यह सोम '**रक्षो-हा**'=रोगकृमियों व राक्षसीवृत्तियों का नाश करनेवाला है। अपने रमण के लिए दूसरों का क्षय करनेवाले रोगकृमि '**रक्षस्**' हैं। यह वीर्य उनको विशेषरूप से कम्पित करके नष्ट कर देता है। राक्षसीवृत्तियों का स्वरूप भी स्व-रमण व पर-क्षय है। सुरक्षित वीर्यवाला पुरुष इन वृत्तियों का कभी शिकार नहीं होता।

यह रक्षोविध्वंस का कार्य वीर्य के द्वारा इस रूप में किया जाता है कि यह वीर्य मनुष्य को क्रियाशील बनाये रखता है। वीर्यवान् पुरुष सदा निर्माणात्मक कार्यों में लगा रहने से अशुभ वासनाओं का शिकार नहीं होता। यही बात यहाँ '**विश्वचर्षणि**' शब्द से कही गयी है कि **विश्व**=प्रविष्ट हो गयी है **चर्षणि**=क्रिया जिसमें, ऐसा यह वीर्यवान् पुरुष है। सोम ने इसे विश्वचर्षणि=क्रियाशील बना दिया है।

भावार्थ—सोम-रक्षा के द्वारा—१. हम अपने शरीरों को अयोहत=वज्रतुल्य दृढ़ बनाएँ, २. सब इन्द्रियों को क्रियाशील कर लें, ३. अपने मनों से राक्षसीवृत्तियों को दूर करनेवाले होकर, ४. प्रभु के ज्ञान को प्राप्त कर, उसके साथ स्थित होनेवाले बनें।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'वरिवोधातम' सोम

६९१. वरिवोधातमो भुवो मंहिष्ठो वृत्रहन्तमः। पर्षि राधो मघोनाम्॥ ३॥

यह सोम '**वरिवो-धा-तम**' है, उत्तमोत्तम धनों को अतिशेयन धारण करनेवाला है। इसने शरीर को '**वज्रतुल्य दृढ़ता**', मन को '**निर्मलता**' तथा बुद्धि को '**तीव्रता**' प्राप्त करायी है। ये ही मानव के सर्वोत्तम धन हैं। **मधुछन्दाः** कहता है कि हे सोम! तू **वरिवोधातमः**=उत्तम धनों का देनेवाला **भुवः**=होता है। इन्हीं से तो मनुष्य '**धन्य**' बनता है। **मंहिष्ठः**=तू दातृतम है। इन धनों को खूब देता है और **वृत्रहन्तमः**=ज्ञान को आवृत करनेवाली (वृत्र) इन वासनाओं को पूर्णरूप से नष्ट करनेवाला है। वासनाएँ ही मनुष्य के उन्नति-मार्ग में रुकावटें हुआ करती हैं, इन्हीं के कारण मनुष्य अपने कार्यों में सफल नहीं हुआ करता, परन्तु जब सोम-रक्षा के द्वारा मनुष्य इनपर विजय पा लेता है, तब इन **मघोनाम्**=इन्द्रों—वासनारूप असुरों को नष्ट करनेवालों की **राधः**=सिद्धि को, सफलता को (राध्=सिद्धि) **पर्षि**=तू पूर्ण करता है। (पृ=To complete)। वीर्यवान् पुरुष सिद्धि=सफलता प्राप्त करते हैं।

भावार्थ—वीर्य-रक्षा द्वारा शरीर की दृढ़ता, मन की निर्मलता व बुद्धि की तीव्रता आदि उत्तम धनों को प्राप्त करके, सिद्धि की विघ्नरूप वासनाओं को विनष्ट करके हम सदा सिद्धि को प्राप्त करनेवाले बनें।

सूक्त-१६

ऋषिः—गौरिवीतिः शाक्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुप्)॥ स्वरः—ऋषभः॥

गौरिवीतिः शाक्त्यः

६९२. पवस्व मधुमत्तम इन्द्राय सोम क्रतुवित्तमो मदः। महि द्युक्षतमो मदः॥ १॥

प्रस्तुत दो मन्त्रों का ऋषि 'गौरिवीति शाक्त्य' है। आचार्य दयानन्द इसका अर्थ करते हैं 'यो गौरीं वाचं व्येति', अर्थात् जो वाणी के विषय को व्याप्त करता है। बृहस्पति शब्द की मूल भावना (बृहत्याः वाचः पतिः) भी 'वाणी का पति' ही है। एवं, गौरिवीति और बृहस्पति शब्द एकार्थक ही हैं। 'शाक्त्यः' की भावना है शक्ति का पुत्र, अर्थात् अत्यन्त शक्तिशाली। यही भावना 'भरद्वाजः' शब्द में निहित है—'भरी है अपने अन्दर शक्ति जिसने।' एवं, 'गौरिवीति शाक्त्य' व 'बार्हस्पत्य भारद्वाज' में कोई अन्तर नहीं है।

१. यह ऐसा इसलिए बन पाया है कि इसने सोम के रहस्य को समझकर उसका पान किया है। यह सोम से कहता है कि हे सोम-वीर्यशक्ते! तू इन्द्राय-जितेन्द्रिय पुरुष के लिए पवस्व-पवित्रता करनेवाली हो। यह वीर्यरक्षा शरीर को नीरोग बनाती है, क्योंकि यह रोगकृमियों को विशेषरूप से कम्पित करके दूर भगा देती है। यह मन को निर्मल बनाती है और बुद्धि को उज्ज्वल। एवं, यह शरीर, मन व बुद्धि तीनों को ही पवित्र करती है। २. हे सोम! तू मधुमत्तमः-अत्यन्त माधुर्यवाला है, अर्थात् वीर्य पुरुष के जीवन को बड़ा मधुर बना देता है। यह किसी के साथ द्वेष तो करता ही नहीं, शक्तिसम्पन्न होने से यह सभी के हित में प्रवृत्त रहता है। इसमें आलस्य नहीं होता, क्रियाशीलता व अव्याकुलता के कारण इसके सभी कार्य मधुर बने रहते हैं। ३. यह सोम एक ऐसे मद को, हर्षातिरेक को प्राप्त करानेवाला होता है, जो मदः-मद क्रतुवित्तमः-उत्तम सङ्कल्पों को प्राप्त कराता है। सोमपान करनेवाले पुरुष में अशुभ सङ्कल्पों का जन्म नहीं होता, इसका मन शिवसङ्कल्पों का आकर बनता है (क्रतु-सङ्कल्प, विद्-प्राप्त करना, तम-अतिशेयन) ४. यह सोमजनित मदः-हर्ष व उत्साह का अतिरेक महि-महत्—अत्यधिक द्युमत्तमः-(द्यौः प्रकाशः क्षियति निवसति यस्मिन्) ज्ञान-प्रकाश के निवासवाला है। इस सोम से ज्ञान का प्रकाश उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होता है।

भावार्थ—सोमपान के द्वारा हम अपने जीवनों को पवित्र, मधुर, उत्तम सङ्कल्पोंवाला व उज्ज्वल ज्ञान के प्रकाशवाला बनाएँ।

ऋषिः—गौरिवीतिः शाक्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

साक्षात् धर्म

६९३. यस्य ते पीत्वा वृषभो वृषायतेऽस्य पीत्वा स्वर्विदः।
स सुप्रकेतो अभ्यक्रमीदिषोऽच्छा वाजं नैतशः॥ २॥

हे सोम! यस्य ते पीत्वा-जिस तेरा पान करके वृषभः-एक शक्तिशाली पुरुष वृषायते-साक्षात् धर्म की भाँति आचरण करता है, ऐसा तू है। सोम की रक्षा से मनुष्य शक्तिशाली तो बनता है, परन्तु उसकी शक्ति उसे मदयुक्त करके अधर्म की ओर नहीं ले-जाती, उसकी प्रत्येक क्रिया धर्म के अनुकूल होती है। एवं, सोम अपने पान करनेवाले को यशस्वी बल प्राप्त कराता है। यही भावना पूर्वमन्त्र में 'पवस्व व मधुमत्तमः' शब्दों से कही गयी थी कि उसका जीवन पवित्र व मधुर बना रहता है।

अस्य पीत्वा-सोम का पान करके लोग स्वः विदः-देवों को-दिव्य गुणों व दैवी-सम्पत्ति को (देवा वै स्वः—श० १.९.३.१४) प्राप्त करनेवाले होते हैं (विद्-लाभे)। सोमपान करनेवाला व्यक्ति अपने अन्दर आसुर भावनाओं का पोषण नहीं करता। यह द्वेष से सदा दूर रहता है। यही भावना पूर्वमन्त्र में 'क्रतुवित्तमः' शब्द से कही गयी थी कि यह 'उत्तम सङ्कल्पों को प्राप्त करानेवाला है।'

सः=यह सोमपान करनेवाला व्यक्ति सुप्रकेतः=अत्यन्त प्रकृष्ट ज्ञानवाला होता है और अभि अक्रमीत्=उस प्रभु की ओर गति कर रहा होता है। यही भावना गत मन्त्र में 'महि द्युक्षतमः' शब्दों से व्यक्त हुई है कि यह महान् ज्ञान के प्रकाश में निवास करनेवाला होता है। मन्त्र की समाप्ति पर कहते हैं कि न=जैसे एतशः=घोड़ा इषः=अन्न से (इषः पञ्चमी का एकवचन है, हेतु में इसका प्रयोग है) वाजम् अच्छ=शक्ति की ओर बढ़ता है, इसी प्रकार यह सोमपान करनेवाला व्यक्ति सोम के द्वारा शक्ति, दिव्य गुणों व उत्तम ज्ञान को प्राप्त करता हुआ प्रभु-प्राप्ति में अग्रसर होता है। एवं, सोमपान का महत्त्व स्पष्ट है।

भावार्थ—सोम हमें प्रभु के साथ मिलाने का साधन बने। इस सोम से हम शक्ति, दिव्य गुणों व उत्तम ज्ञान का सम्पादन करें—यही साक्षात् धर्म है।

सूक्त-१७

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अग्निः चाक्षुषः

६९४. इन्द्रमच्छ सुता इमे वृषणं यन्तु हरयः। श्रुष्टे जातास इन्दवः स्वर्विदः॥ १॥

इस तृच का ऋषि 'अग्नि चाक्षुष' है। अग्नि के समान तेजस्वी होने से इसका नाम अग्नि हो गया है। स्थानान्तर में 'पावकवर्णः' यह विशेषण प्रभु-भक्त का आया है—वह अग्नि के समान वर्णवाला होता है। शरीर से तेजस्वी होता हुआ यह 'चाक्षुष'=उत्तम चक्षुओंवाला 'विचक्षण'=विद्वान् है। इसका दृष्टिकोण ठीक होता है—प्रत्येक वस्तु को ठीक रूप में देखता है। इस प्रकार इस शब्द की भावना भी 'बार्हस्पत्य भारद्वाज' व 'गौरिवीति शाक्त्य' के समान ही है।

यह 'अग्नि चाक्षुष' कहता है कि इमे सुताः=ये उत्पन्न हुए-हुए सोम (वीर्यबिन्दु) इन्द्रम् अच्छ=मुझे प्रभु की ओर ले-चलते हैं। वीर्यशक्ति का मुख्य उद्देश्य जीव को प्रभु की प्राप्ति कराना ही है। यही इस शक्ति के उत्तर-अयन (मार्ग) का अन्तिम लक्ष्य है। हरयः=दुःख को हरनेवाले ये सोम वृषणम्=शक्तिशाली पुरुष को यन्तु=प्राप्त हों। ये सोम प्रभु को तो प्राप्त कराते ही हैं, साथ ही इस शरीर में ये हमारे दुःखों को दूर करनेवाले होते हैं। रोगकृमियों के संहार से ये शरीर को नीरोग व सबल बनाते हैं। शक्तिसम्पन्न मनुष्य ईर्ष्या-द्वेष की भावनाओं से ऊपर उठा हुआ होता है। उलझनों से युक्त (Confused) नहीं होता। ये सोम तो श्रुष्टे=सुख (Happiness, prosperity) के निमित्त ही जातासः=पैदा हुए हैं। प्रभु ने इनका निर्माण मानव की सब प्रकार की समृद्धि के लिए ही किया है। इनका नाम ही इन्दवः='परमैश्वर्य को प्राप्त करानेवाले' है। सुख के निमित्त उत्पन्न हुए-हुए ये सोम के इन्दवः=(बिन्दवः Drops, द्रप्सः) बिन्दु सचमुच स्वः विदः=स्वर्ग-सुख का लाभ करानेवाले हैं।

भावार्थ—ये सोम हमारे दुःखों को दूर करके हमें सुखों व प्रभु को प्राप्त करानेवाले हों।

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

जैत्र का सोम

६९५. अयं भराय सानसिरिन्द्राय पवते सुतः। सोमो जैत्रस्य चेतति यथा विदे॥ २॥

अयम्=यह सोम भराय=इसे धारण—शरीर में सुरक्षित रखनेवाले के लिए सानसिः=स्वर्ण

होता है (सानसि=Gold)। सोने के समान अमूल्य तो यह वस्तु है ही। अथवा सानसि शब्द 'षण्'=संभक्तौ धातु से बनकर प्रेम करना=To love, पूजना=To Worship अर्थों को कहता हुआ यह स्पष्ट करता है कि सोम की रक्षा से मनुष्य में प्रभु के व प्राणिमात्र के प्रति प्रेम बढ़ता है और यह उसे प्रभु का उपासक बनाता है। 'He prayeth best, who loveth best, both—man and bird and beast'=सभी से प्रेम ही तो प्रभु की प्रकृष्ट पूजा है। सुतः=उत्पन्न हुआ-हुआ यह सोम इन्द्राय=इन्द्रियों के वशी—इन्द्रियों के अधिष्ठाता—इन्द्र के लिए—पवते=पवित्र करनेवाला होता है। यह शरीर और मस्तिष्क को पवित्र कर देता है। जैत्रस्य=वासनाओं को जीतने के स्वभाववाले पुरुष के लिए यह सोमः=सोम चेतति=संज्ञानवाला होता है। जो व्यक्ति वासनाओं पर विजय पाना अपना स्वभाव ही बना लेता है, उसमें सुरक्षित हुआ-हुआ यह सोम ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है, अतः सदा उत्तम ज्ञानवाला होता है। इस जैत्र की बुद्धि सोम से समुज्ज्वल होकर यथाविदे=प्रत्येक वस्तु को अपने ठीक रूप में देखनेवाली होती है। सोम की रक्षा होते ही हमारी अविद्या नष्ट हो जाती है। इस अविद्यानाश से ही हमारे क्लेशों का भी नाश होता है और हम आत्म-आनन्द का अनुभव करते हैं।

भावार्थ—सोम की रक्षा के द्वारा हम प्रभु के सच्चे पुजारी बनें, हमारे जीवन पवित्र हों तथा हम यथार्थ ज्ञान का लाभ करें।

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अप्सुजित्

६९६. अस्येदिन्द्रो मदेष्वा ग्राभं गृभ्णाति सानसिम्।
वज्रं च वृषणं भरत् समप्सुजित्॥ ३॥

इत्=निश्चय से अस्य=इस सोम के मदेषु=हर्षों व आनन्दों में—स्फूर्तिमय जीवन में इन्द्रः=सोम का पान—रक्षा करनेवाला जितेन्द्रिय पुरुष सानसिं ग्राभं आगृभ्णाति=आदरणीय प्राप्तियों का ही ग्रहण करता है। सोम का पान (रक्षा) करनेवाले देव कभी असद् ग्राहों का स्वीकार नहीं करते—ये कभी रिश्वत इत्यादि अन्याय से प्राप्त होनेवाले लाभों को नहीं लेते। उनकी मनोवृत्ति ही इन ग्राहों के विपरीत हो जाती है। वह संसार कितना सुन्दर होगा जिसमें मनुष्य की वृत्ति ही अन्याय से अर्थ-संचय से पराङ्मुख हो जाएगी! एवं, स्पष्ट है कि ब्रह्मचर्य प्रभु की प्राप्ति से परलोक में ही कल्याण करनेवाला नहीं है—उसमें राष्ट्र को सुन्दर बनाने का मूल भी निहित है। संक्षेप में यह ब्रह्मचर्य दैत्यजगत् को देवजगत् में परिणत कर देता है।

इस सोम की रक्षा करनेवाला व्यक्ति जहाँ असद् ग्राहों का ग्रहण नहीं करता, वहाँ यह सदा भोगमार्ग से दूर रहता हुआ वृषणम्=शक्तिशाली वज्रम्=वज्रतुल्य दृढ़ शरीर को संभरत्=सम्यक्तया धारण करता है। सोमरक्षक का शरीर वज्रवत् दृढ़ बन जाता है। एवं, तीन मन्त्रों में सोमरक्षा के आठ लाभ हैं। यह सोम की रक्षा होगी कैसे? इस प्रश्न का उत्तर मन्त्र के अन्तिम शब्द 'अप्सुजित्' में दिया गया है। अप्=कर्म, अप्सु=कर्मों के होने पर जित्=वासनाओं को जीतनेवाला पुरुष ही सोम का पान किया करता है। ब्रह्मचारी को सदा उत्तम क्रियाओं में लगे रहना—इसके बिना ब्रह्मचर्य पालन सम्भव ही नहीं।

भावार्थ—हम सदा क्रियाशील बनकर संयमी बनें और अन्याय्य धन के प्रलोभन से दूर रहते हुए वज्रतुल्य शरीरवाले बनें।

सूक्त-१८

ऋषिः—अन्धीगुः श्यावाश्विः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (अनुष्टुप्) ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

अन्धीगुः श्यावाश्वः

६९७. पुरोजिती वो अन्धसः सुताय मादयित्नवे।
अप श्वानं श्नथिष्टन सखायो दीर्घजिह्वयम् ॥ १ ॥

'अन्धस्' शब्द सोम-वीर्य का वाचक है। 'गो' शब्द इन्द्रियों व ज्ञानेन्द्रियों का कथन करता है। 'अन्धीगुः' वह व्यक्ति है जिसने सोम को ज्ञानेन्द्रियों का भोजन बना दिया है। सोम को शरीर में ही खपाने के कारण उसकी कर्मेन्द्रियाँ (अश्व) भी अतिशयन क्रियाशील हैं (श्यैङ्गतौ), अतः इसका नाम श्यावाश्व पड़ गया है। यह अन्धीगु श्यावाश्व अपने मित्रों से कहता है—सखायः-मित्रो! वः-तुम्हारे अन्धसः-आध्यायनीय इस सोम के पुरोजिती-पूर्ण विजय के लिए—ऐसी विजय के लिए जो तुम्हारा पालन व पूरण करेगी श्वानम्-इस कुत्ते को, जो दीर्घजिह्वयम्-दीर्घ जिह्वावाला है, अपश्नथिष्टन्-दूर विनष्ट कर दो। कुत्ता सूखी हड्डी पर भी लड़ता है, अतः यह उस वृत्ति का प्रतीक है जो सदा खान-पान के लिए ही झगड़ती रहती है। साथ ही कुत्ता अपवित्रतम वस्तुओं को भी खा लेता है, अतः यह तामसी भोजन की वृत्ति का भी संकेत कर रहा है। 'दीर्घ जिह्वयम्' विशेषण दिनभर चरते रहने की वृत्ति को भी लक्षित कर रहा है। एवं, सार यह है कि सोम की पूर्णविजय व रक्षा के लिए यह आवश्यक है कि हमारी सारी शक्ति भोजन के जुटाने में ही न लगी रहे, हम तामस् भोजन से दूर रहें और दिनभर खाते ही न रहें।

यदि हम सोम की पवित्र व परिमित भोजन से रक्षा करेंगे तो यह १. हमारे सुताय-निर्माण के लिए होगा (सु-पैदा करना)। हममें दैत्यों की वृत्ति न पनपेगी। २. मादयित्नवे-हमारे जीवन में एक अद्भुत मद—हर्ष, उल्लास के संचार के लिए होगा।

भावार्थ—हम पवित्र व परिमित भोजन से वीर्य की शरीर में सुरक्षा करनेवाले बनें, जिससे वह सुरक्षित वीर्य हममें निर्माण की वृत्ति व उल्लास को जन्म देनेवाला हो।

ऋषिः—अन्धीगुः श्यावाश्विः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (गायत्री) ॥ स्वरः—षड्जः ॥

क्रियाशील अश्व के समान

६९८. यो धारया पावकया परिप्रस्यन्दते सुतः। इन्दुरश्वो न कृत्व्यः ॥ २ ॥

यः-जो सुतः-उत्पन्न होता हुआ इन्दुः-सोम पावकया-पवित्र करनेवाली धारया-धारा से अथवा जीवन के धारण करनेवाली शक्ति से परि-शरीर में चारों ओर प्रस्यन्दते-प्रस्तुत होता है, यह सोम कृत्व्यः अश्वः न-क्रियाशील अश्व के समान है। मन्त्र के इस उल्लिखित अर्थ से निम्न बातें स्पष्ट हैं—

१. धारया-यह सोम जीवन का धारण करनेवाला है। २. पावकया-यह सोम हमारे जीवन को पवित्र बना देता है। यह शरीर को नीरोग तथा मन को निर्मल बना देता है। ३. अश्वो न कृत्व्यः-यह क्रियाशील घोड़े के समान है, अर्थात् यह हमारे जीवन को बड़ा क्रियाशील, स्फूर्तिमय

बनानेवाला है। यह हमें 'श्यावाश्व' बना देता है।

भावार्थ—सोमरक्षा के द्वारा हम दीर्घ, पवित्र व क्रियाशील जीवनवाले बनें।

ऋषिः—अन्धीगुः श्यावाश्विः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (गायत्री)॥ स्वरः—षड्जः॥

बुराइमात्र का दाह

६९९. तं दुरोषमभी नरः सोमं विश्वाच्या धिया। यज्ञाय सन्त्वद्रयः॥ ३॥

तम्-उस अभि-दुरोषम्-(दुर्+ओषम्, उष् दाहे) बुराइयों को सर्वतः जला डालनेवाली सोमम्-वीर्यशक्ति को नरः-(नृ नये) अपने को आगे ले-चलनेवाले मनुष्य विश्वाच्या-सब विषयों में प्रगतिवाली धिया-बुद्धि से, अर्थात् व्यापक ज्ञान के साथ यज्ञाय-उत्तम कर्मों के लिए विनियुक्त करते हैं।

यह सोम क्या शरीर, क्या मन और क्या बुद्धि सभी स्थानों की मलिनता को नष्ट कर देता है। रोगकृमियों को, द्वेषादि की वृत्तियों को तथा बुद्धि की कुण्ठता को दूर करता हुआ यह सचमुच 'अभिदुरोषम्' है। इस सोम की रक्षा के लिए इसका कहीं-न-कहीं विनियोग आवश्यक है। नर लोग इसका विनियोग ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान को प्राप्त करने में तथा उत्तम कर्मों में किया करते हैं और इस प्रकार 'अन्धीगुः श्यावाश्व' बनते हैं। हम भोग में फँसकर इसका अपव्यय कर बैठते हैं, परन्तु नर व्यक्ति ऐसा कभी नहीं करते, इसलिए वे अद्रयः सन्तु-आदरणीय होते हैं। मन्त्र में 'विश्वाच्या धिया' शब्द से 'व्यापक ज्ञान में लगे रहना' तथा 'यज्ञाय' शब्द से 'उत्तम कर्मों में लगे रहना'—सोमपान के इन दो साधनों का उल्लेख हुआ है। ये सोमपान के साधन भी हैं, फल भी हैं। सोमपान से हम इनमें प्रवृत्त होते हैं और इनमें प्रवृत्त होना सोमपान के लिए सहायक होता है।

भावार्थ—हम व्यापक ज्ञान की उपलब्धि व यज्ञों में प्रवृत्त हो सोमपान करके सब बुराइयों को भस्म कर दें और आदरणीय हों।

सूक्त-१९

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

प्रकृति में रहता हुआ भी

७००. अभि प्रियाणि पवते चनोहितो नामानि यह्वो अधि येषु वर्धते।
आ सूर्यस्य बृहतो बृहन्नधि रथं विष्वञ्चमरुहद्विचक्षणः॥ १॥

इस मन्त्र का ऋषि 'कवि भार्गव' है। कवि का अर्थ है 'क्रान्तदर्शी'—तत्त्व तक पहुँचनेवाली दृष्टिवाला—न कि उथली दृष्टिवाला। भार्गव होने से यह ऐसा बन सका है। भार्गव का अभिप्राय है 'भृगु का अपत्य', अर्थात् अतिशयेन भृगु—अपने को तपस्या की भट्ठी में पकानेवाला। यह आचार्य के समीप 'तपोऽतिष्ठत् तप्यमानः समुद्रे'-खूब तप करता है, इसी से बुद्धि का ठीक परिपाक करके 'कवि'-क्रान्तदर्शी बनता है। यह कवि चनोहितः-अन्न में स्थित होता हुआ भी उन प्राकृतिक भोगों में लिप्त नहीं होता। जल में कमल की भाँति यह कवि प्राकृतिक भोगों में स्थित होता हुआ भी प्रियाणि नामानि-प्रभु के सुन्दर नामों को अभिपवते-बारीकी से विचारता है (अभि-On, पवते-To think out, Discern), येषु-उन नामों को जिनसे यह्वः-वह महान् अथवा

सबसे जाने योग्य और पुकारने योग्य प्रभु (यातश्च हूतश्च) **अधिवर्धते**=बढ़ता है, अर्थात् जिन नामों से प्रभु की महिमा प्रकट हो रही है। वस्तुतः यह 'भार्गव कवि' इन सब प्राकृतिक पदार्थों में भी प्रभु की महिमा को ही देखता है और इसी प्रभु-स्मरण के कारण उनका ठीक उपयोग करता हुआ उनमें आसक्त नहीं होता, उनमें रहता हुआ भी उनका नहीं हो जाता।

'भार्गव कवि' **सूर्यस्य**=प्रकाश की देवता के, अर्थात् ज्ञान के **बृहतः बृहन्**=विशाल-से-विशाल **अतिविस्तृत रथं अधि अरुहत्**=रथ पर सवार होता है, अर्थात् विस्तृत ज्ञान को प्राप्त करता है। उसका यह ज्ञान-रथ **विश्वञ्चम्**=(वि+सु+अञ्च्)=विविध दिशाओं में उत्तम गति से जानेवाला है, अर्थात् सभी विषयों के व्यापक ज्ञान को प्राप्त करके यह 'विचक्षणः'—विशेष दृष्टिवाला बनता है।

भावार्थ—इस संसार में रहते हुए भी हम सब प्राकृतिक पदार्थों में प्रभु की महिमा को देखने का प्रयत्न करें, प्रभु के प्रिय नामों का स्मरण करते हुए, व्यापक ज्ञान को प्राप्त कर 'विचक्षण' बनें और इस मन्त्र के ऋषि 'कवि' हों।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

माता-पिता का सच्चा पुत्र

७०१. ऋतस्य जिह्वा पवते मधु प्रियं वक्ता पतिर्धियो अस्या अदाभ्यः।
दधाति पुत्रः पित्रोरपीच्यं ३ नाम तृतीयमधि रोचने दिवः॥ २॥

'कवि भार्गव' की १. **ऋतस्य जिह्वा**=सत्य की वाणी **मधु पवते**=माधुर्य को प्रकट करती है, अर्थात् यह कवि सदा सत्य वाणी को ही प्रिय ढंग से बोलता है। २. **प्रियं वक्ता**=अप्रिय शब्द न बोलकर सदा प्रिय शब्दों का उच्चारण करता है। ३. यह **अस्याः धियः पतिः**='सत्य को प्रिय प्रकार से बोलने' की कला (धी) का पति होता है, अर्थात् प्रिय सत्य को प्रकट करने में नैपुण्य प्राप्त कर लेता है, परन्तु खुशामदी नहीं बनता। खुशामदी बनना तो दूर रहा वह न दबनेवाला, ४. **अदाभ्यः**=एक विशेष प्रकार की तेजस्वितावाला तथा पवित्र बना रहता है।

समाज में उल्लिखित ढंग से वर्त्तता हुआ यह कवि **पित्रोः पुत्रः**=अपने परमेश्वररूप माता-पिता का सच्चा पुत्र बनकर **अपीच्याम्**=सुन्दर व रहस्यमय **नाम**=नमन—विनीतता को **दधाति**=धारण करता है। यह विनीतता ही **तृतीयम्**=उसका तीर्णतम तीसरा गुण है। पहला गुण 'प्रिय, मधुर, सत्य बोलना' था, द्वितीय गुण 'न दबना व पवित्र बने रहना था' तृतीय गुण 'विनीतता' है। यह विनीतता **दिवः**=ज्ञान का, प्रकाश का **अधिरोचनम्**=उत्तम आभूषण है। इसकी विनीतता इस 'भार्गव कवि' के ज्ञान को चार चाँद लगा देती है—उसे अधिक दीप्त कर देती है।

भावार्थ—१. प्रिय सत्य बोलनेवाले, २. पवित्र तेजस्वी तथा ३. विनीत ज्ञानी बनते हुए हम अपने माता-पिता के सच्चे पुत्र बनें।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

हिरण्यकोश में (नित्य सत्त्वस्थः)

७०२. अव द्युतानः कलशाँ अचिक्रदद्वृभिर्येमाणः कोश आ हिरण्यये।
अभी ऋतस्य दोहना अनूषताधि त्रिपृष्ठ उषसो वि राजसि॥ ३॥

यह कवि द्युतानः=अपने ज्ञान को विस्तृत करता हुआ (द्यु+तन्=विस्तार) कलशान्=सोलह कलाओं के आधारभूत (कला+शी) शरीरों को अव अचिक्रदत्=नीचे [दूर] पुकार देता है, अर्थात् वह स्पष्ट कह देता है कि सब कलाओं का आधार होता हुआ भी यह स्थूलशरीर मेरा मुख्य ध्येय नहीं बन सकता। यह सुन्दर है, आवश्यक है; परन्तु मुझे अपनी सारी शक्ति इसी की उन्नति में नहीं लगा देनी। मुझे आगे बढ़ना है, आगे बढ़कर 'नर' (नृ=नये) बनना है।

यह कवि अपनी शक्ति (सोम) को सम्बोधित करता हुआ कहता है कि हे पवमान सोम! नृभिः येमाणः=आगे बढ़ने की वृत्तिवाले लोगों से संयत किया जाता हुआ तू हिरण्यये कोशे=ज्योतिर्मय—विज्ञानमयकोश में आ विराजसि=शोभायमान होता है, अर्थात् यह कवि सदा विज्ञानमयकोश को उन्नत करने का प्रयत्न करता हुआ, 'नित्य सत्त्वस्थ' होता हुआ, अपने जीवन में चमकता है।

वस्तुतः ये ऋतस्य दोहनाः=(दुह् से कर्त्ता में ल्युट्) सत्य ज्ञान के दोहन करनेवाले लोग ही अभि अनूषत=उस प्रभु की सर्वतः स्तुति करते हैं। ज्ञान की प्राप्ति ही उस प्रभु की सच्ची उपसना है। वह प्रभु ज्ञानधन हैं, विशुद्धाचित्=Pure knowledge हैं, अतः ज्ञान का दोहन ही तो प्रभु की सच्ची उपासना है।

इस प्रकार ज्ञान का दोहन करता हुआ यह कवि उषसः=अज्ञान दहन के (उष् दाहे) त्रिपृष्ठे अधि=तीसरी भूमिका के ऊपर विराजसि=शोभायमान होता है। यह कवि की आत्मप्रेरणा है कि इस मार्ग पर चलते हुए ही तुझे प्रकृति, आत्मा तथा परमात्मा-सम्बन्धी अज्ञान को समाप्त कर—तीनों मञ्जिलों से ऊपर उठकर ज्ञान के प्रकाश में चमकना है।

भावार्थ—स्थूलशरीर से ही चिपटे न रहकर हम विज्ञानमयकोश में स्थित हों, तीनों प्रकार के अज्ञानों को दूर कर ज्ञान के प्रकाश में स्थित हों।

सूक्त-२०

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः॥ स्वरः—मध्यमः॥

शंयुः बार्हस्पत्यः

७०३. यज्ञायज्ञा वो अग्नये गिरागिरा च दक्षसे।
प्रप्र वयममृतं जातवेदसं प्रियं मित्रं न शंसिषम्॥ १॥

इस द्यृच का ऋषि 'शंयुः'=शान्ति चाहनेवाला अथवा शान्ति को अपने साथ युक्त करनेवाला है। यह बार्हस्पत्य=बृहस्पति का सन्तान, अर्थात् उत्कृष्ट ज्ञानी होने से ही 'शान्तिप्रिय' बना है। यह अपने जीवन में दो ही बातों को स्थान देता है १. यज्ञ और २. ज्ञान। अपने मित्रों से यह कहता है कि मैं तुम वः=सबको यज्ञायज्ञा=विविध यज्ञों=(उत्तम कर्मों) के द्वारा अग्नये=अपने को आगे ले-चलने के लिए प्रेरित करता हूँ च=तथा गिरा-गिरा=एक-एक वेदवाणी के द्वारा दक्षसे=योग्य बनने (To be able) के लिए कहता हूँ। यदि मनुष्य अपने जीवन को यज्ञों व ज्ञान-प्राप्ति में लगाये रक्खेगा तो उसे अवश्य ही शान्ति प्राप्ति होगी। यह शंयु अपने मित्रों को यज्ञ व ज्ञान में लगे रहने के लिए कहता है कि इस प्रकार वयम्=हम सब अमृतम्=अमर, मृत्यु से अतीत तथा जातवेदसम्=सर्वज्ञ (जातं जातं वेत्ति) उस प्रभु की प्रियं मित्रं न=प्रिय मित्र के समान प्रशंसिषम्=खूब ही स्तुति करते हैं। यज्ञों के द्वारा हम भी रोगों से बचकर 'अमृत' होते हैं और वेदवाणी के अध्ययन से

सर्वज्ञकल्प बनने के लिए यत्नशील होते हैं। इस प्रकार प्रभु-जैसा बनना ही प्रभु का सच्चा उपासक होना है।

इस कथन में कोई अत्युक्ति नहीं कि 'यज्ञ (उत्तम कर्म)+ज्ञान' ही उपासना है। "ज्ञान+कर्म=उपासना" यह समीकरण सत्य है। जब प्रभु में ज्ञान और क्रिया स्वाभाविक हैं तो हमारा भी 'ज्ञानपूर्वक कर्म करना' स्वभाव ही बन जाना चाहिए।

भावार्थ—यज्ञों व वेदवाणियों के द्वारा हम अमरता व सर्वज्ञकल्पता का लाभ करें।

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—सतोबृहती॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु तो हमें चाहते ही हैं

७०४. ऊर्जो नपात स हिनायमस्मयुर्दाशेम हव्यदातये।
भुवद्वाजेष्वविता भुवद् वृध उत त्राता तनूनाम्॥ २॥

इस मन्त्र में शंयु कहता है कि हव्यदातये=सब उत्तम पदार्थों के देनेवाले उस प्रभु के लिए दाशेम=हम अपने को दे डालें—उसके प्रति अपना समर्पण कर दें। वे प्रभु ऊर्जः न पातम्=शक्ति को कभी नष्ट न होने देनेवाले हैं। प्रभु के प्रति अपना अर्पण करने से हमारी शक्ति सदा बनी रहेगी। सः हि=वे प्रभु निश्चय से नायम्=(नी प्रापणे) हमें आगे ले-जानेवाले हैं। प्रभु के प्रति अपना पूर्ण अर्पण करके यह प्रभु-कृपा से आगे और आगे बढ़ता चलता है।

अस्मयुः=वे प्रभु हमें चाहते हैं—हमारे साथ प्रेम रखते हैं। हम प्रभु को चाहें या ना चाहें, परन्तु वे प्रभु तो हमारे साथ प्रेम करते ही हैं। वाजेषु=संसार के संग्रामों में वे प्रभु ही अविता भुवत्=हमारे रक्षक होते हैं, अथवा वाजेषु=शक्तियों के प्राप्त कराने में वे प्रभु ही अविता=(अव्=भागदुघे) उत्तम भाग प्रदान करनेवाले भुवत्=होते हैं। शक्ति देकर वृधे भुवत्=सब प्रकार से हमारी वृद्धि के लिए होते हैं उत=और तनूनाम् त्राता=हमारे शरीरों के रक्षक भी तो प्रभु ही हैं। उस प्रभु की हमारे साथ कितनी निःस्वार्थ प्रीति है। हमारी कितनी बड़ी कृतघ्नता होगी यदि हम इस प्रभु को भूल जाएँ।

भावार्थ—प्रभु तो हमें चाहते हैं, हम भी प्रभु और केवल प्रभु को ही को चाहनेवाले बनें।

सूक्त-२१

ऋषिः—साकमश्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का यश फैलानेवाले

७०५. एह्यू षु ब्रवाणि तेऽग्न इत्थेतरा गिरः। एभिर्वर्धास इन्दुभिः॥ १॥

इस मन्त्र का ऋषि 'साकमश्वः' है। इसका अर्थ है 'साकम् अश्वाः यस्य'=साथ हैं घोड़े जिसके, अर्थात् जिसके इन्द्रियरूप घोड़े इधर-उधर विषयों में भटक नहीं रहे। इन्द्रियग्राम को संयम करके जो समाहित चित्तवृत्तिवाला बना है वह प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे अग्ने=आगे ले-चलनेवाले प्रभो! एहि=आइए ते=आपके सम्पर्क में इतरा गिरः=सामान्य वाणियों को भी इत्था=सत्यरूप में सु ब्रवाणि=उत्तम प्रकार से बोलूँ, उपहास में भी मैं असत्य न बोलूँ।

एभिः=ऐसे दृढ़ सत्यव्रती इन्दुभिः=शक्तिशाली पुरुषों से ही वर्धासे=हे प्रभो! आपकी महिमा

बढ़ती है, उपहास में भी असत्य न बोलनेवाले इन व्यक्तियों की वाणी में इतना बल आ जाता है कि 'वाचमर्थोऽनुवर्त्तते'-इनकी वाणी के पीछे अर्थ चलता है। 'सत्यप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्'-सत्य में प्रतिष्ठित होने पर इनकी सब क्रियाएँ सफल होती हैं। ये जो कहते हैं वही हो जाता है। इनमें प्रभु की शक्ति कार्य करती प्रतीत होती है और इस प्रकार इनके जीवन-कार्यों से प्रभु की महिमा फैलती है।

भावार्थ—हम उपहास में भी असत्य न बोलें।

ऋषिः—भरद्वाजः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जो अन्त मता, सो गता

७०६. यत्र क्व च ते मनो दक्ष दधस उत्तरम्। तत्र योनिं कृणवसे॥ २॥

प्रभु जीव से कहते हैं कि यत्र क्व च-जहाँ कहीं भी ते मनः-तेरा मन होता है, अर्थात् जो भी भावना तेरे अन्दर प्रयाणकाल में प्रबल होती है तत्र-वहाँ ही, उसके अनुसार ही तू योनिम्-अपने जन्म-स्थान को कृणवसे-करता है—बनता है। यह एक सामान्य सिद्धान्त है कि मनुष्य अपने इस जीवन में जिन भी भावनाओं से भरा रहता है, अन्त में उसी का उसे स्मरण होता है और तदनुसार ही वह अगला जीवन प्राप्त करता है। अन्त में प्रभु का स्मरण करता है, तो प्रभु को पाता है। अन्त में प्रभु का ही स्मरण हो इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने जीवन को सदा प्रभु की भावना से ओत-प्रोत करें। एवं, प्रभु कहते हैं 'जहाँ भी तेरा मन होता है, वहीं तू जन्म पाता है और उस-उस जीवन में उन्नति के लिए उत्तरम् दक्षम् दधसे-उत्कृष्ट बल को धारण करता है।' 'दक्षम्' उस बल व शक्ति को कहते हैं जो वृद्धि व उन्नति का कारण होता है।

हमें अपनी भावना के अनुसार ही योनि व शक्ति प्राप्त होती है, अतः हम अपने जीवन को सदा उत्कृष्ट भावनाओं से भरें, जिससे अन्त में उसी भावना से ओत-प्रोत हुए-हुए यहाँ से जाएँ और उत्कृष्ट जन्म का लाभ करें।

भावार्थ—हम प्रणव का जप करते हुए प्राणों को छोड़ने की तैयारी करें, जिससे इस जन्म के अन्त में प्रभु की गोद में पहुँच सकें।

ऋषिः—भरद्वाजः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

न्यूनता जीव की है (अपूर्णता से पूर्णता की ओर)

७०७. न हि ते पूर्तमक्षिपद् भुवन्नेमानां पते। अथा दुवो वनवसे॥ ३॥

गत मन्त्र से यह स्पष्ट है कि जीव को अपनी भावना के अनुसार ही योनि प्राप्त होती है, प्रभु वहाँ भी उसे उत्कृष्ट बल व योग्यता प्राप्त कराते हैं। अधूरापन तो जीव के अन्दर स्वयं है, उसी न्यूनता के कारण वह परमपुरुषार्थ को सिद्ध करने में बारम्बार असफल होता है। जीव का नाम ही 'नेम'-(अधूरा) हो गया है। प्रभु सदा इन जीवों की रक्षा, पालन व पूरण में लगे हैं, अतः मन्त्र में कहते हैं कि हे नेमानां पते-अपूर्ण, अल्पज्ञ जीवों के रक्षक प्रभो! ते पूर्तम्-आपका पालन व पूरण करने का काम नहि अक्षिपत्-दूर नहीं फेंका जाता, वह तो सदा चलता ही है। अथ-और दुवः-मनुष्यों से की गई प्रार्थनाओं को आप वनवसे-आदृत करते हो, अर्थात् पूर्ण करते हो। 'दुवः' शब्द का अर्थ Wealth-सम्पत्ति भी है, अतः यह भी अर्थ कर सकते हैं कि हे प्रभो! आप अपना पालन का कार्य करते हुए इन अल्पज्ञ, अधूरे जीवों को उचित सम्पत्ति प्राप्त कराते हो।

कमी जीव की है। अपनी इस अल्पज्ञता के कारण जीव भटककर कष्ट भी उठाता है। प्रभु तो उसकी प्रार्थनाओं को सुनते हुए उसे उचित धन प्राप्त कराते ही हैं और इस प्रकार उसके पालन के लिए सतत प्रयत्नशील हैं।

भावार्थ—जीव नेम-अपूर्ण है, उसे प्रभु साहाय्य से पूर्णता की ओर चलना है।

सूक्त-२२

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुप्)॥ स्वरः—ऋषभः॥

सोभरि काण्व (क्या हम भी अपने को भरेंगे?)

७०८. वयमु त्वामपूर्व्य स्थूरं न कच्चिद्भरन्तोऽवस्यवः। वज्रिञ्चित्र हवामहे॥ १॥

स्थूरं न-एक दृढ़ शक्तिशाली पुरुष के समान **भरन्तः**-अपने को उत्तम गुणों से भरते हुए और इस प्रकार **अवस्यवः**-अपनी रक्षा चाहते हुए **वयम् उ**-हम भी **कच्चित्**-क्या **त्वाम्**-तुझ प्रभु को पुकारेंगे? शक्तिशाली पुरुष शनैः-शनैः अपने भीतर गुणों का संग्रह कर पाता है। दृढ़ निश्चयवाला पुरुष ही आगे बढ़ता है। क्या हमारे लिए भी कभी वह शुभ दिन आएगा कि हम भी दृढ़ निश्चय के साथ अपने अन्दर उत्तम गुणों को भरने की कामनावाले बनकर, उस प्रभु का स्मरण करेंगे? वे प्रभु 'अपूर्व्य' हैं, पूर्ण होने के कारण वहाँ किसी अन्य पूरण का सम्भव नहीं (पूर्व-पूरणे)। क्या हम भी अपना पूरण करते-करते कभी पूर्णता की स्थिति तक पहुँचेंगे? इस पूर्णता के मार्ग में आसुर वृत्तियों के आक्रमण, इस चमकीले संसार के शतशः प्रलोभन हमारे लिए विघातक हैं। इनके आक्रमणों से अपनी रक्षा के लिए हम उस **वज्रिन्**-वज्रधारक **चित्रम्**-अद्भुत शक्ति अथवा संज्ञान देनेवाले (चित्+र) उस प्रभु को ही **हवामहे**-पुकारते हैं। वज्रिन् शब्द 'वज गतौ' धातु से बनकर क्रियाशीलता का भी संकेत कर रहा है। वस्तुतः आसुर आक्रमणों से बचने के लिए 'क्रियाशीलता+ज्ञान' ही उपाय हैं। एवं, इन दोनों उपायों का अनुष्ठान करता हुआ व्यक्ति आसुर वृत्तियों को सदा अपने से दूर रखता है और एक-एक करके सद्गुणों को अपने अन्दर भरता चलता है। इस उत्तम भरण के कारण ही वह सोभरि कहलाता है। कण-कण करके इस सु-भरण करने के कारण वह काण्व है। काण्व का अर्थ अत्यन्त मेधावी भी है। वस्तुतः इस प्रकार आसुर वृत्तियों से अपनी रक्षा करके उत्तम गुणों को अपने अन्दर भरना ही तो बुद्धिमत्ता है।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण के साथ ज्ञानपूर्वक कर्म करते हुए हम अपने अन्दर दिव्य गुणों का संग्रह करते चलें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु का स्मरण करते हुए युद्ध कर

७०९. उप त्वा कर्मन्नूतये स नो युवोग्रश्चक्राम यो धृषत्।
त्वामिध्यवितारं ववृमहे सखाय इन्द्र सानसिम्॥ २॥

कर्मन्-कर्म करते हुए हम **त्वा उप**-तेरे समीप स्थित होते हैं। क्यों? **ऊतये**-अपनी रक्षा के लिए। यह संसार चक्की के दो पाटों के समान है। इसमें व्यक्ति प्रभुरूपी कीली से दूर हुआ और पिसा। 'हमारा प्रत्येक कर्म पवित्र बना रहे, कोई प्रलोभन हमें अपना शिकार न बना लें' इसके लिए आवश्यक है कि हम प्रभु के समीप बने रहें। प्रभु का स्मरण करें और संसार में अपने युद्ध को जारी

रक्खें। सः=वह प्रभु ही नः=हमें युवा=बुराइयों से पृथक् रखनेवाले हैं (यु=अमिश्रण) उग्रः=बड़े शक्तिशाली व हमारे कार्य को पूर्ण करनेवाले हैं (उग्र=Ready to do any work)। इस युद्ध में यः धृषत्=जो भी हमारा धर्षण करता है, उसे प्रभु चक्राम=पाँवों तले रौंद देते हैं। वस्तुतः प्रभु के बिना क्या हम इन वासनाओं को कभी कुचल सकेंगे? सब विजय, सब विभूति, सब ऐश्वर्य उस प्रभु का ही है। हे इन्द्र=परमैश्वर्यशाली प्रभो! हम त्वाम् इत् हि=आपको ही निश्चय से अवितारम्=रक्षक ववृमहे=वरते हैं।

प्रभु के वरने का प्रकार क्या है? इस प्रश्न का उत्तर मन्त्र के 'सखायः' शब्द में मिल रहा है। सखायः=समानख्यानाः=कुछ प्रभु-जैसे प्रतीत होते हुए। प्रभु-जैसे बनने का प्रयत्न करते हुए ही पुरुष को प्रभु के वरण का अधिकार है। यहाँ यह नहीं हो सकता कि प्रभु को कार्य सौंपा और हमें छुट्टी मिल गई। पुरुषार्थ के उपरान्त ही प्रार्थना की सार्थकता है।

'वे प्रभु कैसे हैं?' सानसिम्=उचित संविभाग करनेवाले हैं (षण्=संभक्तौ)। हमें भी यह संविभाग का पाठ सीखना है। वासनाओं के आक्रमण से अपने को बचाना है तो यह पाठ पढ़ना आवश्यक है, बिना इस पाठ के पढ़े लोभ की वृत्ति पनपती है और व्यसन-वृक्ष फूलता-फलता है।

भावार्थ—हमारा प्रत्येक कर्म प्रभु-स्मरण के साथ हो।

सूक्त-२३

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

जैसे पानी पानी के साथ

७१०. अधा हीन्द्र गिर्वण उप त्वा काम ईमहे ससृग्महे। उदेव ग्मन्त उदभिः॥ १॥

गत मन्त्र में प्रभु को 'सानसिम्' शब्द से स्मरण किया था। इस संविभाग की वृत्तिवाला मनुष्य 'नृमेध' मनुष्यों के साथ मिलकर चलनेवाला होता है। इस यज्ञिय वृत्ति के कारण यह वासनाओं में फँसता नहीं और यह वासनाओं का शिकार न होना ही इसके 'आङ्गिरस' बनने का रहस्य हो जाता है। यह अङ्ग-अङ्ग में रसवाला, शक्तिशाली होता है। वह प्रभु से दूर होने के कटु अनुभव के बाद कहता है कि अध=अब हि=निश्चय से इन्द्र=हे परमेश्वर्यशाली प्रभो! हे गिर्वणः=वेदवाणियों से स्तुति के योग्य प्रभो! कामे=जब कभी वासना के आक्रमण का प्रसङ्ग होता है तब हम त्वा=आपको ही उप ईमहे=समीप चाहते हैं, इव=जैसेकि उदभिः उदा ग्मन्त=पानियों से पानी मिल जाते हैं। इस प्रकार आपके साथ एक होकर ही तो हम वासनाओं के आक्रमण से बच पाते हैं। बच्चा अपने को माता की गोद में छिपा देता है और सुरक्षित हो जाता है। हम भी अपने को आपमें छिपा देते हैं और इन वासनाओं से बच जाते हैं। सारे वेद प्रभु की महिमा का बखान इसीलिए तो कर रहे हैं। क्या प्रभुकृपा के बिना कभी इस माया को तैरना सम्भव हो सकता है? प्रभु की शरण में जाकर ही हम इसे तैरेंगे।

भावार्थ—हम प्रभु से अपने को एक कर दें और माया को तैर जाएँ।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु मेरी ढाल हों

७११. वार्ण त्वा यव्याभिर्वर्धन्ति शूर ब्रह्माणि। वावृध्वांस चिदद्रिवो दिवेदिवे॥ २॥

'वर्ण्यते इति वर्णः, वर्ण एव वार्णः'-इस निर्वचन से वार्ण का अर्थ है 'सब वेदवाणियों से जिसका वर्णन हो रहा है।' हे वार्ण=सब वेदों से वर्णनीय प्रभो! शूर=हे सब कामादि वासनाओं को विनष्ट करनेवाले प्रभो! त्वा=आपको ब्रह्माणि=मुझसे उच्चरित स्तोत्र यव्याभिः=(यु=अमिश्रण)

वासनाओं को पृथक् करने के उद्देश्य से वर्धन्ति-बढ़ाते हैं, आपकी महिमा के गीत गाते हैं, अर्थात् मैं सदा आपके स्तोत्रों का उच्चारण इस उद्देश्य से रहता हूँ कि मैं वासनाओं से दूर रहूँ। आप वावृध्वांसम्-अपने भक्तों को सदा बढ़ानेवाले हैं। उन्हें वासनाओं से दूर रखकर उन्नति-पथ पर ले-चलनेवाले हैं। दिवे-दिवे-दिन-प्रति-दिन आपके भक्त आगे और आगे बढ़ते चलते हैं। चित्-निश्चय से हे अद्रिवः-प्रभो! आप आदरणीय हैं (आ+दृ), क्योंकि आप किन्हीं भी वासनाओं से विदीर्ण थोड़े ही होते हैं (अ+दृ-विदारणे)। आपका भक्त भी सदा आपको स्मरण करता हुआ ढाल के समान आपको आगे कर देता है, इस प्रकार वह इन वासनाओं के आक्रमण से अपने को सुरक्षित कर पाता है। वह भी इनसे विदीर्ण न होता हुआ प्रतिदिन उन्नत-ही-उन्नत होता चलता है और सच्चे अर्थों में आपका उपासक बन जाता है।

भावार्थ—हे प्रभो! आपके नाम का स्मरण मेरी ढाल बने और मुझे कामादि के प्रबल आक्रमणों से सुरक्षित करे।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पुरउष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु-स्मरण से क्या होता है?

७१२. युञ्जन्ति हरी इषिरस्य गाथयोरौ रथ उरुयुगे वचोयुजा। इन्द्रवाहा स्वर्विदा॥ ३॥

इष धातु प्रेरणार्थक है। वे प्रभु सदा सभी को उत्तम प्रेरणा देने के कारण 'इषिर' हैं। उस इषिरस्य-उत्तम प्रेरणा देनेवाले प्रभु के गाथया-गायन व नाम-स्मरण के द्वारा स्तोता लोग उरौ रथे-इस विशाल शरीररूप रथ में, जोकि उरु-युगे-विशाल मनरूप लगामवाला है हरी-घोड़ों को युञ्जन्ति-जोतते हैं। कैसे घोड़ों को? जो घोड़े कि १. वचोयुजा-उस अनादि निधना वेदवाणी का उपयोग (युज्-use) करनेवाले हैं और २. इस प्रकार इन्द्रवाहा-परमैश्वर्यशाली प्रभु की ओर ले-चलनेवाले हैं, ३. स्वर्विदा-स्वर्ग को, सुखमय स्थिति को प्राप्त करानेवाले हैं।

प्रभु-स्मरण के लाभ उल्लिखित शब्दों में निम्न प्रकार से वर्णित हुए हैं—

१. उरौ रथे-शरीररूप रथ विशाल बनता है, क्योंकि यह स्तोता वासनाओं का शिकार न होने से सदा स्वस्थ शरीरवाला होता है।

२. उरु-युगे-यह स्तोता विशाल मनवाला होता है। मन को युग कहा है, क्योंकि इन्द्रियों को आत्मा से जोड़नेवाला है। (युज्-to join)। प्रभु-स्मरण से मनुष्य ईर्ष्या-द्वेषादि से ऊपर उठ सभी को अपना बन्धु समझनेवाला बनता है और परिणामतः महान् हृदयवाला होता है।

३. वचोयुजा, इन्द्रवाहा, स्वर्विदा हरी-इन्द्रियरूप घोड़े वैदिक मार्ग का आक्रमण करते हुए हमें प्रभु की ओर ले-चलते हैं और सुखमय स्थिति में प्राप्त कराते हैं। इन्द्रियाँ इन्द्र की जीवन-यात्रा के लिए शरीररूप रथ में जुते घोड़े हैं। वे हमें इधर-उधर ले-जाते हैं, अतः हरण करने से 'हरि' कहलाते हैं। वासनाओं से जब ये आक्रान्त नहीं होते, काम का जब ये अधिष्ठान नहीं बनते, तब ये वैदिक मार्ग का आक्रमण करने से 'वचोयुजा' कहलाते हैं। हम निरन्तर प्रभु की ओर बढ़ रहे होते हैं, अतः ये 'इन्द्रवाहा' होते हैं और अन्त में दुःखातीत स्थिति में पहुँचाने का कारण बनने से ये 'स्वर्विदा' कहे जाते हैं।

भावार्थ—हम उस प्रभु के गायन से विशाल-शरीरवाले, महान् मनवाले व शास्त्रानुसारणी इन्द्रियोंवाले बनें।

इति प्रथमोऽध्यायः, प्रथमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

अथ द्वितीयोऽध्यायः

प्रथमप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—श्रुतकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

श्रुतकक्ष का प्रभु-स्तवन

७१३. पान्तमा वो अन्धस इन्द्रमभि प्र गायत।
विश्वासाहं शतक्रतुं मंहिष्ठं चर्षणीनाम्॥ १॥

मन्त्रार्थ क्रमाङ्क संख्या १५५ पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र

७१४. पुरुहूत पुरुष्टुत गाथान्या ३ सनश्रुतम्। इन्द्र इति ब्रवीतन॥ २॥

प्रभु-स्तवन करता हुआ श्रुतकक्ष कहता है कि पुरुहूतम्-बहुतों से पुकारे गये उस प्रभु को इन्द्रः इति ब्रवीतन-इन्द्र इस नाम से स्मरण करो। सन्त लोग सदा उस प्रभु का स्मरण करते हैं, दूसरे भी कष्ट में उसे ही पुकारते हैं। अन्य सब आधारों की असारता अनुभव होने पर किसने उस प्रभु को याद नहीं किया। पुरुष्टुतम्-वे प्रभु ही सदा खूब स्तुत होते हैं। सज्जनों से सुख में और सामान्य लोगों से दुःख में उस प्रभु को याद किया जाता है। गाथान्यम्-वस्तुतः हमें उस प्रभु की ही गुणगाथा गानी चाहिए—वे प्रभु ही गायन के योग्य हैं, क्योंकि वे सनश्रुतम्-(सन्-संविभाग) इस संसार में उचित संविभाग के कारण प्रसिद्ध हैं। प्रभु के सभी कार्य सन्तुलित व न्याय्य हैं। अन्धे पुरुष के आँखें नहीं होती तो उसे स्मृतिशक्ति व मनःप्रसाद अधिक मात्रा में दिया गया है।

जिस प्रकार आध्यात्मिक क्षेत्र में पुरुहूत आदि गुणों के कारण प्रभु 'इन्द्र' हैं, उसी प्रकार आधिभौतिक क्षेत्र में राजा इन्द्र है। राजा को भी पुरुहूतम्-बहुतों से पुकारा गया पुरुष्टुतम्-खूब स्तुति किया गया, गाथान्याम्-गाई गई कीर्तिगाथाओंवाला तथा सनश्रुतम्-प्रजा में धनों का उचित संविभाग करनेवाला होना चाहिए।

इस शरीर में हमें (जीवात्मा को) भी अपने को पुरुहूत आदि गुणों से विशिष्ट बनाने के लिए प्रयत्नशील होना अनिवार्य है। यदि हम स्वार्थ में ही न रमकर कुछ परार्थ की वृत्तिवाले होंगे तो पुरुहूत व पुरुष्टुत तो होंगे ही, हमारे न चाहते हुए भी हमारी कीर्तिगाथाएँ गाई जाएँगी और हम अपने धनादि के संविभाग के कारण प्रसिद्धि पाएँगे। जब जीव इस मार्ग पर चलता है, तभी वह अपने सोम की भी रक्षा कर पाता है, इसलिए इन उल्लिखित शब्दों में प्रभु का स्मरण करते हुए अपने जीवन का ध्येय भी 'सत्य इन्द्र' बनने का रखना चाहिए।

भावार्थ—प्रभु का इन्द्र नाम से स्मरण करते हुए हम भी इन्द्र बनने के लिए प्रयत्नशील हों।

अन्वय:—सीक्ष्ण: ॥ शुक्ल—हस्त: ॥ ह्रस्व—आधार: ॥ स्वर:—अदन्त: ॥

अदन्त-३

शब्दार्थ—अजाक्ष: = बकरी का बच्चा । अजाक्षी = बकरी का बच्चा (मादा) । अजाक्षिका = बकरी का बच्चा (मादा) । अजाक्षिकी = बकरी का बच्चा (मादा) । अजाक्षिकी = बकरी का बच्चा (मादा) । अजाक्षिकी = बकरी का बच्चा (मादा) ।

भावार्थ—इस मंत्र के विषय में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है । यह मंत्र अत्यन्त ही कठिन है । इसका अर्थ नहीं लगाया

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सत्य की साधना के लिए

७१७. शंसेदुक्थं सुदानव उत द्युक्षं यथा नरः। चकृमा सत्यराधसे ॥ २ ॥

वसिष्ठ कहते हैं कि उस उक्थम्-उद्गीथम्-ऊँचे-ऊँचे गाने के योग्य उत-और द्युक्षम्-सदा ज्ञान (द्यु) में अवस्थित (क्षि-निवास) चिद्रूप प्रभु का शंस इत्-निश्चय से शंसन करो। सदा सोते-जागते, खाते-पीते, उठते-बैठते उसका शंसन—गायन करो, उसे कभी भूलो नहीं। यथा-जिससे तुम नरः-(नृ नये) अपने को आगे ले-चलनेवाले बन सको तथा सुदा-नवः-उत्तम प्रकार से अपने बन्धनों को काट सको (दाप्-लवने)। इस प्रभु-स्तवन से तुम आगे और आगे बढ़ोगे तथा क्रमशः अपने उत्तम, मध्यम व अधम बन्धनों को काट डालोगे। प्रभु-स्तवन मनुष्य को सांसारिक बन्धनों में नहीं फँसने देता। संसार में रहता हुआ भी स्तुतिकर्ता मनुष्य उसमें उलझता नहीं। उस द्युक्ष की स्तुति से स्तोता का भी ज्ञान में निवास होता है—यही सदा सत्त्व में अवस्थित होना है।

वसिष्ठ अपने मित्रों से कहते हैं कि चकृम-हम उस प्रभु की स्तुति करते हैं सत्यराधसे-सत्य की सिद्धि के लिए। वह प्रभु ही सत्य है। यह सत्य ही हमारा परम उद्देश्य है—प्रभु-स्तवन ही हमें यहाँ पहुँचाएगा।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन से हम आगे बढ़ते हुए, सब बन्धनों को छिन्न करते हुए, सत्य की आराधना करनेवाले बनें।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

इन्द्र, शतक्रतु और वसु

७१८. त्वं न इन्द्र वाजयुस्त्वं गव्युः शतक्रतो। त्वं हिरण्ययुर्वसो ॥ ३ ॥

हम उस प्रभु का स्तवन करें, क्योंकि वे प्रभु इन्द्र हैं, सर्वशक्तिमान् हैं। हमारा सम्बन्ध इस इन्द्र से होगा तो उसकी शक्ति हमें भी शक्ति-सम्पन्न बनानेवाली होगी। इन्द्र-हे शक्ति-पुञ्ज प्रभो! त्वम्-आप नः-हमें वाजयुः-शक्ति के साथ जोड़नेवाले हैं (वाज-बल, यु-जोड़ना)। आचार्य दयानन्द के शब्दों में उपासना से मनुष्य चट्टान की भाँति दृढ़ बन जाता है (As firm as a rock) और बड़ी-से-बड़ी आपत्ति भी उसे व्याकुल नहीं कर पाती। आओ, हम उस प्रभु का स्तवन करें—हे शतक्रतो-अनन्तप्रज्ञानोंवाले परमात्मन्! त्वम्-आप गव्युः-(गो+युः) वेदवाणी का हमारे साथ सम्पर्क करनेवाले हैं। प्रभु की उपासना से ही तो वेदार्थ का प्रतिभास होता है। हे वसो-सबको बसानेवाले प्रभो! आप हिरण्ययुः-हितरमणीय वीर्यशक्ति को हमारे शरीर में बाँधनेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन से हम भी इन्द्र, शतक्रतु व वसु बनें।

सूक्त-३

ऋषिः—मेधातिथिप्रियमेधौ ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

'मेध्यातिथि प्रियमेध' की उपासना

७१९. वयमु त्वा तदिदर्था इन्द्र त्वायन्तः सखायः। कण्वा उक्थेभिर्जरन्ते ॥ १ ॥

इस मन्त्र के ऋषि मेध्यातिथि व प्रियमेध हैं। मेध्यः-पवित्र प्रभु ही है अतिथि जिसका, वह

'मेध्यातिथि' है। **तदिदर्थाः**-वह प्रभु ही उसका एकमात्र प्रयोजन होता है। **त्वायन्तः**-वह उस प्रभु की ही ओर चलता है, उसी का सखा बनता है। वह स्पष्ट कहता है कि **वयम्**-हम **त्वा**-तुझे ही चाहते हैं। वस्तुतः जिन्हें मेधा प्रिय है, वे **कण्वाः**-मेधावी पुरुष **उक्थेभिः**-स्तोत्रों से प्रभु की ही तो **जरन्ते**-स्तुति करेंगे। अन्य सांसारिक वस्तुएँ अन्यत्र मिल भी जाएँ, परन्तु मेधा तो प्रभु की उपासना से ही प्राप्त होगी, अतः यह ज्ञानी प्रभु का ही भक्त बनता है।

भावार्थ—मेधावी तेरी ही कामना करते हैं।

सूचना—इस मन्त्र का व्याख्यान मन्त्र संख्या १५७ पर हो चुका है, अतः यहाँ संक्षेप से ही दिया है।

ऋषिः—मेधातिथिप्रियमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तेरी ही, किसी और की नहीं

७२०. न घेमन्यदा पपन वज्रिन्नपसो नविष्टौ। तवेदु स्तोमैश्चिकेत॥ २॥

वज्रिन्=वज्रहस्त, नियन्ता प्रभो! प्रियमेध आपपन **घ ईम्**=निश्चय से **अन्यत्**=किसी और की **न**=स्तुति नहीं करता है **अपसः**-कर्म के **नविष्टौ**-प्रारम्भ में **तव इत् उ**-सचमुच तेरी ही **स्तोमैः**-स्तोत्रों से **चिकेत**-ज्ञान प्राप्त करता है। प्रियमेध ऋषि कहता है कि प्रत्येक कार्य के प्रारम्भ में हे प्रभो! मैं आपकी स्तुति करता हूँ।

हे वज्रिन्! प्रत्येक कर्म के प्रारम्भ में किये जाते हुए इन स्तोत्रों से यह प्रियमेध तेरा अधिकाधिक ज्ञान प्राप्त कर पाता है। वह सर्वत्र आपके नियन्त्रण को अनुभव करता है। इस नियन्त्रण के अनुभव के कारण ही वह अपने कर्मों को पवित्र बनाये रखता है और भोगों का शिकार न हो जाने से वज्रतुल्य शरीरवाला बना रहता है।

भावार्थ—हम प्रत्येक कार्य को प्रभु-स्मरण के साथ आरम्भ करें।

ऋषिः—मेधातिथिप्रियमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्वाभाविकी क्रिया व मोक्ष

७२१. इच्छन्ति देवाः सुन्वन्तं न स्वप्नाय स्पृहयन्ति। यन्ति प्रमादमतन्द्राः॥ ३॥

देवाः-सब प्राकृतिक शक्तियाँ **सुन्वन्तम्**-कुछ-न-कुछ उत्पन्न करते हुए को **इच्छन्ति**-चाहती हैं। **स्वप्नाय न स्पृहयन्ति**-सोनेवाले के लिए उनमें कोई स्पृहा (इच्छा) नहीं होती। **अतन्द्राः**-अलस्यशून्य व्यक्ति **प्रमादम्**-प्रकृष्ट हर्ष को **यन्ति**-प्राप्त होते हैं।

प्रियमेध प्रभु के अतिरिक्त किसी की कामना तो नहीं करता, परन्तु आत्मतृप्त हो जाने से यह अकर्मण्य नहीं हो जाता। वह सदा क्रियाशील होता है। इसकी क्रियाएँ निर्माणात्मक हैं, अतः यह सब देवों का प्रिय होता है। देवों को निर्माण प्रिय है, दस्युओं को विध्वंस (दस्=to destroy)। यह निर्माण करनेवाला देवों का प्रिय क्यों न होगा? अन्त में यही मोक्षरूप ऊच्च आनन्द का लाभ करता है।

प्रभु की क्रिया स्वाभाविक है—प्रत्युपकार की अपेक्षा करनेवाली नहीं है, इसी प्रकार प्रियमेध की भी सब क्रियाएँ हुआ करती हैं। इन सब निष्काम क्रियाओं का अन्तिम परिणाम मोक्ष तो है ही।

भावार्थ—हम प्रभु की भाँति स्वाभाविक क्रिया करनेवाले बनें।

सूक्त-४

ऋषिः—श्रुतकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कलापूर्ण कर्तृत्व ही अर्चना है

७२२. इन्द्राय मद्वने सुतं परि ष्टोभन्तु नो गिरः। अर्कमर्चन्तु कारवः॥ १॥

इस तृच का ऋषि श्रुतकक्ष कहता है कि नः गिरः-हमारी वाणियाँ इन्द्राय-उस ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले मद्वने-हमारे लिए हर्ष का विजय करनेवाले, अर्थात् अवर्णनीय आनन्द प्राप्त करनेवाले प्रभु का परिष्टोभन्तु-सर्वथा स्तवन करें। कारवः-(कारुः शिल्पिनि कारके) कलापूर्ण ढंग से क्रिया करनेवाले लोग ही सुतम्-संसार के उत्पादक व सर्वैश्वर्य के अधिष्ठाता अर्कम्-उपासना के योग्य (अर्च पूजायाम्) प्रभु का अर्चन्तु-अर्चन करते हैं।

इस मन्त्र का व्याख्यान १५८ संख्या पर हो चुका है। इसका भावार्थ यही है कि—परमैश्वर्य व अवर्णनीय आनन्द को उपलब्ध करना है तो जीव प्रभु का स्तवन करे। स्तवन का उत्तम प्रकार यही है कि प्रत्येक क्रिया को सुन्दरता से किया जाए। कर्मों में कुशलता ही योग है।

लक्ष्मी	सरस्वती
अभ्युदय	निःश्रेयस
प्रेय (इह)	श्रेय (अमुत्र)

ऋषिः—श्रुतकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सारा धन, सारा ज्ञान

७२३. यस्मिन् विश्वा अधि श्रियो रणन्ति सप्त संसदः। इन्द्रं सुते हवामहे॥ २॥

इन्द्रम्-परमैश्वर्यवाले प्रभु को सुते-उन्नति (प्रसव-growth) अभ्युदय व परमैश्वर्य-निःश्रेयस के लिए ('सुते' में निमित्त सप्तमी है) हवामहे-पुकारते हैं। उस इन्द्र को यस्मिन् अधि-जिसमें विश्वाः श्रियः-संसार की सब लक्ष्मियाँ निवास करती हैं तथा संसदः-वासनाओं का सम्यक् विनाश करनेवाले (षद्-अवसादन, to kill) सप्त-सात छन्द व छन्दोरूप मन्त्र रणन्ति-शब्द करते व रममाण होते हैं।

उल्लिखित शब्दार्थ से यह सुव्यक्त है कि—प्रभु की उपासना इसलिए करो कि वे प्रभु ही लक्ष्मी व सरस्वती का अधिष्ठान हैं। प्रभु की उपासना से सांसारिक ऐश्वर्य भी मिलेगा तथा ज्ञानरूप परमैश्वर्य भी प्राप्त होगा। एवं, उपासना अभ्युदय व निःश्रेयस दोनों को सिद्ध करती है, इससे ऐहलौकिक ऐश्वर्य भी प्राप्त होता है और पारलौकिक कल्याण भी सिद्ध होता है।

भावार्थ—हम प्रभु के उपासक बनें, क्योंकि सारा धन व सारा ज्ञान उसी में निहित है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चेतन यज्ञ (जीवित, न कि जड़ यज्ञ)

७२४. त्रिकद्रुकेषु चेतनं देवासो यज्ञमत्नत। तमिद्वर्धन्तु नो गिरः॥ ३॥

त्रिकद्रुकेषु-(कद्-आह्वान) तीनों आह्वानकालों में देवासः-विद्वान् लोग चेतनं यज्ञम्-उस चिद्रूप सर्वत्र संगत (यज्-संगतीकरण) विष्णु (सर्वव्यापक) को अत्नत-विस्तृत करते हैं, अर्थात् उस प्रभु की पूजा करते हैं। नः गिरः-हमारी वाणियाँ भी तम् इत्-उसको ही वर्धन्तु-बढ़ाएँ—सदा

उसी का गुणगान करें।

'त्रिकद्रुक' शब्द तीन आह्वानकालों का संकेत करता है। प्रातः, मध्याह्न व सायं के सवनों के समय प्रभु का ही हम कीर्तन करें। जीवन के तीनों कालों में, प्रथम २४, मध्यम ४४ व अन्तिम ४८ वर्षों में सदा हमारा यह स्तुति-यज्ञ चलता चले।

'चेतनं यज्ञम्' यह प्रयोग विशेष महत्त्व रखता है। अग्निहोत्र आदि यज्ञ उत्तम हैं, मनुष्य के लिए वे पावन हैं—स्वर्ग के साधक हैं, परन्तु कुछ भी हो ये यज्ञरूप प्लव=नौका अदृढ़ ही हैं। ये हमें जन्म-मरण के चक्र से ऊपर नहीं उठा सकते। मनुष्य को अन्त में उपासनारूप चेतन-यज्ञ ही करना चाहिए। उस उपासना यज्ञ की तुलना में ये सब द्रव्य साध्य यज्ञ हीन हैं—मृत के समान हैं।

हमारी वाणियाँ सदा प्रभु का ही वर्धन करनेवाली हों—उसी की स्तुति करनेवाली हों। लोक में हम बड़ों का आदर करें—स्तुति तो हमें एकमात्र प्रभु की ही करनी। व्यक्ति की उपासना का ही यह परिणाम है कि मत-मतान्तर उत्पन्न हो गये—परस्पर विद्वेष बढ़ गया। एक प्रभु की उपासना होने पर ही यह भेदभाव समाप्त होगा।

भावार्थ—श्रुतकक्ष सदा चेतन यज्ञ का विस्तार करता है। उसका जीवन उपासनामय होता है।

सूक्त-५

ऋषिः—इरिम्बिठिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निरभिमानता व पवित्रता

७२५. अयं त इन्द्र सोमो निपूतो अधि बर्हिषि। एहीमस्य द्रवा पिब॥ १॥

इरिम्बिठि ऋषि प्रभु से कहते हैं कि हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! अयम्-यह ते=तेरा सोमः-विनीत भक्त अधिबर्हिषि-हृदय में निपूतः-निश्चय से पवित्र बना है। एहि-आइए ईम्-निश्चय से अस्य द्रव-इसकी ओर दया से द्रवीभूत होओ और पिब-इसकी रक्षा कीजिए।

इस मन्त्र का व्याख्यान १५९ संख्या पर हो चुका है। इरिम्बिठि विनीत व पवित्र हृदय बनने का प्रयत्न करता है और प्रभु की दया व रक्षा के लिए याचना करता है। सोम शब्द 'स+उमा' इस व्युत्पत्ति से ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान को प्राप्त करनेवाले का वाचक है और सोम विनीत को भी कहते हैं। 'बर्हि' उस हृदय का नाम है, जिसमें से वासनाओं का उद्बर्हण करके उसे निर्मल कर डाला गया है। वस्तुतः सोम=ज्ञानी और परिणामतः विनीत ही अपने को निर्मल बना पाता है। एवं, क्रम यह है कि—१. मनुष्य ज्ञानी बने (स+उमा), २. ज्ञान से विनीतता प्राप्त करे, सोम बने, ३. सौम्यता से पवित्र हृदय हो, अपने अन्तःकरण को 'बर्हि' इस सार्थक नामवाला बनाए और ४. इस प्रकार अपने को प्रभु की दया व रक्षा-प्राप्ति का अधिकारी बनाए।

इस सबके लिए यह इरिम्बिठि तो बने ही। (ईर्-गति, बिठ=हृदयान्तरिक्ष) इसका हृदय सदा क्रिया के सङ्कल्पवाला हो। यह कभी भी अकर्मण्य न हो।

भावार्थ—हम क्रमशः ज्ञान, विनीतता, पवित्रता व प्रभु-कृपा का सम्पादन करें।

ऋषिः—इरिम्बिठिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आखण्डल

७२६. शाचिगो शाचिपूजनाय रणाय ते सुतः। आखण्डल प्र हूयसे॥ २॥

प्रभु इरिम्बिठि की उपर्युक्त आराधना का प्रत्युत्तर देते हैं कि शाचिगो-शक्ति-सम्पन्न ज्ञानवाले! (शाचि-शक्ति, गो-ज्ञान) शाचिपूजन-शक्ति-सम्पन्न भक्तिवाले! ते रणाय-तेरे जीवन की रमणीयता के लिए अयं सुतः-यह सोम-वीर्य तेरे अन्दर उत्पन्न किया गया है। इसकी सुरक्षा के द्वारा कामभोगादि सब आसुर वृत्तियों का संहार करके तू आखण्डल-असुरों का समन्तात् भेदन करनेवाला प्रहूयसे-पुकारा जाता है। जीवात्मा आखण्डल व इन्द्र कहलाता है, यदि वह इन सब आसुर वृत्तियों का खण्डन कर पाता है।

आसुर वृत्तियों के संहार के लिए ही प्रभु ने इस शरीर में सोम के सवन की व्यवस्था की है। भोजन से रस-रुधिरादि के क्रम से सप्तम धातु यह सोम वा वीर्य होता है। ये सातों के सातों रत्न हैं। शरीर को रमणीय बनानेवाले हैं। यह सप्तम धातु तो इन रत्नों में भी रत्न है, इन सबका सार है। इसी ने हमारे जीवन को सुन्दर बनाना है। इसी की रक्षा पर यह निर्भर है कि हम सब शत्रुओं का पराभव करके 'आखण्डल' बनते हैं या नहीं। इसकी रक्षा कर सके तो 'आखण्डल' बनेंगे ही।

इस सोम की रक्षा से हमारा ज्ञान व हमारी भक्ति दोनों ही शक्ति-सम्पन्न होंगी, अन्यथा हमारा ज्ञान भी निर्बल होगा व भक्ति भी फल्गु (फोकी) ही होगी। उस समय हमारे स्तोत्र केवल मुख से उच्चरित हो रहे होंगे, उनका स्रोत हृदय न होगा। हम अकर्मण्य होकर प्रभु से रक्षा-याचना करेंगे जो निष्फल होगी।

भावार्थ—हमारा ज्ञान व पूजन शक्तिशाली हो।

ऋषिः—इरिम्बिठिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

(सोम कुण्डपाय्य है) द्वेष-शून्य समाज

७२७. यस्ते शृङ्गवृषो णपात् प्रणपात् कुण्डपाय्यः। न्यस्मिन् दध्र आ मनः॥ ३॥

प्रभु कहते हैं कि हे इरिम्बिठे! यः-जो सोम ते-तेरा शृङ्गवृषः-नपात्-धर्म के शिखर से न गिरनेवाला है। वृषस्य शृङ्ग-शृङ्गवृषः-राजदन्तवत्। यहाँ वृष का परनिपात है। जो प्रणपात्-पतन से अतिशेयन बचानेवाला है और कुण्डपाय्यः-दाह, जलन, ईर्ष्यादि से रक्षा करनेवाला है (कुडि दाहे)। नि-निश्चय से अस्मिन्-इस सोम में ते-तेरा मनः-मन आदध्रे-सर्वथा धारण किया जाए। तू सब प्रकार से इसकी रक्षा करनेवाला बन।

धर्म को वृष कहते हैं, क्योंकि यह सचमुच सुखों की वर्षा करनेवाला है। जब मनुष्य वीर्य-रक्षा के लिए अपने मन को दृढ़-निश्चयी बना लेता है तब यह सुरक्षित वीर्य उस संयमी पुरुष को धर्म के शिखर से गिरने नहीं देता।

यह वीर्य शरीर में ऊर्ध्वगतिवाला होकर मनुष्य को भी ऊँचा उठाता है, इसके संयम का निश्चय करके ऊर्ध्व-रेतस् बनने का निश्चय करते ही मनुष्य 'निषाद'-पापियों से ऊपर उठकर 'शूद्र' बन जाता है। वीर्य के रुधिर में प्रवेश करते ही यह विश्-वैश्य हो जाता है। जब वीर्य इसकी क्षतों-रोगादि से रक्षा करता है तब यह भी क्षत्र-बनता है और जब यह सुरक्षित वीर्य ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है, तब यह भी ब्राह्मण बन जाता है। एवं, वीर्य की ऊर्ध्वगति के अनुपात में मनुष्य ऊपर-व-ऊपर उठता जाता है।

इन दोनों बातों से बढ़कर बात तो यह है कि यह संयमी पुरुष ईर्ष्या-जलन व द्वेषादि की वृत्तियों से ऊपर उठ जाता है। वीर्य कुण्ड-ईर्ष्या आदि से पाय्य-रक्षा करनेवाला है।

भावार्थ—हमारी सारी शक्ति वीर्य-रक्षा पर केन्द्रित हो, जिससे हम धर्म के शिखर से न गिरें। उन्नति करते-करते हम उन्नति-पर्वत के शिखर पर पहुँचें तथा ईर्ष्या-द्वेष से ऊपर उठ जाएँ।

सूक्त-६

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाङ्मय सम्पत्ति

७२८. आ तू न इन्द्र क्षुमन्तं चित्रं ग्राभं सं गृभाय। महाहस्ती दक्षिणेन॥ १॥

प्रभु से आलिङ्गन करनेवाला, अतएव मेधावी 'कुसीदी काण्व' (कुस् संश्लेषणे) प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! महाहस्ती तु-आप तो महान् ज्ञानवाले हैं। (हन्-गति-ज्ञान)। नः-हमें भी आ-सब प्रकार से क्षुमन्तम्-शब्दमय चित्रम्-ज्ञान देनेवाली ग्राभम्-सम्पत्ति Possession-को संगृभाय-सम्यक् प्राप्त कराइए, हम सब कार्यों को दक्षिणेन-(हेतौ तृतीया)-दाक्षिण्य से करनेवाले बनें। ज्ञानी बनकर ही हम वह कौशल प्राप्त कर सकेंगे, जिससे कि कर्म करते हुए भी हम कर्म में फँसेंगे नहीं। 'योगः कर्मसु कौशलम्'-हम योगी बनकर कर्म कर पाएँगे।

भावार्थ—ज्ञान प्राप्त कर हम कर्मों को कुशलता से करनेवाले बनें।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चार रूप

७२९. विद्मा हि त्वा तुविकूर्मिं तुविदेष्णं तुवीमघम्। तुविमात्रमवोभिः॥ २॥

कुसीदी काण्व कहता है कि हे प्रभो! आप ज्ञान देकर हमारा रक्षण करते हैं। अवोभिः-आप से किये जाते हुए इन रक्षणों से हम आपको हि-निश्चयपूर्वक तुविकूर्मिम्-बहुकर्मयुक्त विद्म-जानते हैं। आपने हमारे रक्षण के लिए किस प्रकार द्यु, अन्तरिक्ष व पृथिवीलोक में ग्यारह-ग्यारह देवताओं का निर्माण किया है, उसे देखकर हम आपका स्मरण 'तुविकूर्मि' के रूप में करते हैं।

एक व्यक्ति हमें सब-कुछ नहीं दे सकता। प्रभु सब-कुछ देते हैं। क्या प्रजा? क्या पशु? क्या ब्रह्मवर्चस् और क्या अन्नाद्य?

हम आपको तुविदेष्णम्-महान् दाता विद्म-जानते हैं। आपने हमारे पोषण के लिए ही कितने विविध अन्नों, फलों, शाकों व अन्य वनस्पतियों का निर्माण किया है, किस प्रकार आपने यह शरीर व ज्ञानेन्द्रियाँ, कर्मेन्द्रियाँ तथा मन व बुद्धि का दान किया है।

आपके ऐश्वर्य का चिन्तन करते-करते बुद्धि चकरा जाती है और हम आपको तुवीमघम्-अनन्त ऐश्वर्यवाले के रूप में स्मरण करते हैं। जीवों का ऐश्वर्य शान्त है। आपका कोई माप भी तो नहीं, आप सर्वव्यापक हैं, अतः हम तुविमात्रम्-शब्द से आपका स्मरण करते हैं। 'मात्र' शब्द का अर्थ ज्ञान भी होता है (मीयते) सो आप अनन्त ज्ञानवाले हैं। आपके ये सब ज्ञान, बल व क्रियाएँ स्वाभाविक हैं। जीव के हित के लिए स्वभावतः इनकी प्रवृत्ति होती है।

भावार्थ—हे प्रभो! आप हमें ज्ञान प्राप्त कराइए, जिससे हम आपके रक्षण के योग्य बन सकें।

नोट—तुविकूर्मिम्-ब्रह्मचर्य में खूब क्रियाशील—'सुखार्थिनः कुतो विद्या।'
तुविदेष्णम्-गृहस्थ में खूब देनेवाला—'अपञ्चयज्ञो मलिम्लुचः'।

तुवीमधम्-वानप्रस्थ में सतत स्वाध्याय से ज्ञान-वृद्धि।
तुविमात्रम्-संन्यास में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की वृत्ति से व्यापकता।

ऋषिः—कुसीदी काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देने की इच्छावाला

७३०. न हि त्वा शूर देवा न मर्तासो दित्सन्तम्। भीमं न गां वारयन्ते॥ ३॥

मनुष्य ज्ञान प्राप्त करके दक्षिणेन-कुशलता से कर्म करने लगता है और अवोभिः-वासनाओं से अपनी रक्षा कर पाता है। पिछले मन्त्र में 'तुविकूर्मिम् व तुविदेष्णम्' शब्दों से खूब क्रियाशीलता व खूब देने की वृत्ति का संकेत किया था। उसी का संकेत करते हुए रक्षण की इच्छावाले जीव से प्रभु कहते हैं कि दित्सन्तम्-देने की इच्छावाले त्वा-तुझे हे शूर-सब अशुभ भावनाओं को नष्ट करनेवाले जीव! न हि-न तो देवः-अन्तरिक्षलोक न मर्तासः-न यह पृथिवीलोक वारयन्ते-आच्छादित कर पाते हैं, अर्थात् कोई भी वासना आकाश-पाताल का ज़ोर लगाकर भी तुझे वशीभूत नहीं कर सकती। भीमं गाम्-भयङ्कर साँड को क्या कोई पशु वशीभूत कर पाता है? न-उसी प्रकार तू भी देने की इच्छावाला बनकर किसी वासना से वशीभूत नहीं किया जा सकता।

दान (दा-देना) मनुष्य की सब अशुभ भावनाओं को नष्ट करता है (दा-काटना) और उसके जीवन को शुद्ध बनाता (दा-शोधन) है। लोभ ही तो सब वासनाओं का मूल है। लोभ गया तो वासनाएँ गई। मूल कटा तो वृक्ष कहाँ बचा? दाता तो वासनाओं के लिए भयङ्कर साँड के समान हो जाता है। उसके सामने वासनाएँ ठहर ही कहाँ सकती हैं?

भावार्थ—हममें दानवृत्ति सदा पनपे और वासनाएँ विनष्ट हों।

सूक्त-७

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

त्रिशोक

७३१. अभि त्वा वृषभा सुते सुतं सृजामि पीतये। तृम्पा व्यश्नुही मदम्॥ १॥

त्रिशोक ऋषि वह है जो मस्तिष्क, मन व शरीर तीनों को ही (त्रि) दीप्त (शोक—शुच दीप्तौ) बनाता है। यह प्रभु से कहता है कि हे वृषभ-सब सुखों की—उत्तम पदार्थों की वर्षा करनेवाले प्रभो! सुते-इस उत्पन्न जगत् में त्वा अभि-मैं प्रत्येक कार्य करने से पूर्व आपको देखता हूँ। I Look up to You. आपकी स्वीकृति होने पर ही कार्य करता हूँ।

१. मेरा मुख्य कार्य तो यह है कि मैं पीतये-रक्षा के लिए सुतम्-ज्ञान को सृजामि-उत्पन्न करता हूँ। जैसे कोई व्यक्ति किसी भी फल से रस को निकालता है, वह रस 'सुत' कहलाता है; इसी प्रकार 'प्रणिपात, परिप्रश्न व सेवा' के द्वारा इस ज्ञान का भी सेवन हुआ करता है। ज्ञान आचार्य से शिष्य की ओर प्रवाहित होता है। इस सारी भावना को व्यक्त करने के लिए ही ज्ञान को 'सुत' कहा गया है। यह उत्पन्न ज्ञान मस्तिष्क को दीप्त करता है। यह वह ललाट-नेत्र होता है, जिसकी ज्योति में काम आदि वासनाओं का अन्धकार नष्ट हो जाता है।

२. त्रिशोक अपने मन से कहता है कि तृम्प-तू तृप्त रह। तू सदा एक तृप्ति का मनुभव कर। मन में सन्तोष हो। असन्तोष मन को भटकाता है—मेरा मन भटके नहीं। 'आत्मतृप्ति' महान् साधना है।

इसके होने पर मन निर्मल व प्रसादयुक्त होता है और मनुष्य के सब दुःखों की हानि हो जाती है।

३. व्यश्नुहि मदम्-यह त्रिशोक अपने प्राणमयकोश से कहता है कि तू मद से व्याप्त हो। (अश्-व्याप्तौ) वीर्य की सुरक्षा वैदिक साहित्य में 'इन्द्र का सोमपान' कहलाती है और यह एक अद्भुत मद पैदा करती है। इसके जीवन में एक मस्ती आ जाती है।

एवं, यह त्रिशोक अपने सूक्ष्म-शरीर के तीनों कोशों को क्रमशः ज्ञान, सन्तोष व उत्कृष्ट मद से भरकर, तीन दीप्तियोंवाला होकर 'त्रिशोक' इस नाम को अन्वर्थक बनाता है।

भावार्थ—मस्तिष्क, मन व प्राण को ज्ञान, सन्तोष व मद से पूर्ण करके हम 'त्रिशोक' बनें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सत्संग

७३२. मा त्वा मूरा अविष्यवो मोपहस्वान आ दभन्। मा कीं ब्रह्मद्विषो वनः॥ २॥

अपने मस्तिष्क, मन व प्राण तीनों को दीप्त करने का निश्चय करनेवाले त्रिशोक से प्रभु कहते हैं कि त्वा-तुझे मूराः-मूढ़ लोग मा आ दभन्-मत दबा लें। उनके सङ्ग-Society में पड़कर तू उनके दबाव में न आ जाए। जो सदा अहंकार से भरे हुए और प्रकृति के गुणों में फँसे रहते हैं, ये ही लोग 'मूर—मूढ़—दुर्धी' हैं। इसके संग में न बैठना ही ठीक है।

अविष्यवः-आक्रमक (Attacking, Voilent, Vehement)। उल्लिखित मूर लोग अविष्यु होते हैं। ये अपने स्वार्थ के लिए औरों पर आक्रमण करते हैं। ये सदा औरों के भाग को छीनने की कामना (Wishing) किया करते हैं। प्रभु कहते हैं कि इनसे तूने बचना। ये तुझे दबा न लें।

उपहस्वानः-उल्लिखित मूर, अविष्यु लोग परमात्मा-परलोक आदि की बातों की हँसी उड़ाया करते हैं। ये तो कई बार 'ईश्वरोऽहं', 'कोऽन्योऽस्ति सदृशो मया'-अपने को ही ईश्वर मानते हैं, इनकी धारणा होती है कि मेरे समान कौन है? परलोक आदि भावनाएँ गपशप है। 'भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुतः'-कोई पुनर्जन्म आदि नहीं होते।

ब्रह्मद्विषम्-ज्ञान के द्वेषी मनुष्य का तो तुझे मा कीम् वनः-निश्चय से ही सेवन नहीं करना। इनके संग में तू उठा-बैठा और गया (You will be undone)। तेरा जीवन प्रकृति में फँसे, औरों की लूट-मार करनेवाले, परलोक की बात की हँसी उड़ानेवाले, ज्ञान के द्वेषी लोगों के सङ्ग में नष्ट हो जाएगा। इनसे सदा बचना।

भावार्थ—प्रभु-कृपा से हम सत्सङ्ग से सु-मन बनें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महान् सफलता (सिद्धि)

७३३. इह त्वा गोपरीणसं महे मन्दन्तु राधसे। सरो गौरो यथा पिब॥ ३॥

प्रभु 'इन्द्र'-इन्द्रियों के अधिष्ठाता से कहते हैं कि हे इन्द्र! गोपरीणसम्-गौवों, अर्थात् इन्द्रियों के पालन व पूरण करनेवाले तुझ त्रिशोक को महे राधसे-महान् सिद्धि व सफलता के लिए मन्दन्तु-ये सुरक्षित सोमकण आनन्दयुक्त करें। गौरो यथा-शुभ्र मनवाले व्यक्ति की भाँति तू सरः-ज्ञान को पिब-पी। (Attentively listen to your Acharya) आचार्य के मुख से ज्ञान की धारा प्रवाहित हो और तू इसे पीता चले।

जो भी व्यक्ति सोम की रक्षा करता हुआ, एक ऊँचा लक्ष्य बनाता है, वही इन्द्रियों में न्यूनता नहीं आने देता, अतः वह जिस कार्य में लगता है, उसमें अवश्य सफलता प्राप्त करता है। इस सफलता से उसका जीवन आनन्दमय बनता है।

सोम की रक्षा के लिए वह क्या करे? इसका उत्तर यह है कि मनुष्य अपने हृदय को गौर व शुभ्र बनाये रक्खे, मन में अर्थ-काम आदि की भावनाएँ उत्पन्न न होने दे। ज्ञान-प्राप्ति वह व्यसन है जो मनुष्य को अन्य सब व्यसनों से बचाएगा। मनुष्य इससे अपनी इन्द्रियों की रक्षा करता हुआ सफल जीवन बिताएगा और आनन्द का लाभ करेगा।

भावार्थ—हम 'जितेन्द्रियता व सफलता' को जीवन का लक्ष्य बनाएँ। उसके लिए ज्ञान-प्राप्ति में लगे रहें। ज्ञान-प्राप्ति ही हमारा महान् यज्ञ व आराधना हो।

सूक्त-८

ऋषिः—मेधातिथिप्रियमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का उपहार

७३४. इदं वसो सुतमन्धः पिबा सुपूर्णमुदरम्। अनाभयिन् ररिमा ते॥ १॥

प्रियमेध ऋषि से प्रभु कहते हैं कि हे वसो=उत्तम निवास करने के लिए प्रयत्नशील जीव! इदम्=यह अन्धः=आध्यायनीय—सर्वथा ध्यान देने योग्य वीर्य-शक्ति (सोम) सुतम्=मैंने तुझमें पैदा कर दी है। पिब=तू इसका पान कर, इसे अपने अन्दर ही व्याप्त करने के लिए प्रयत्न कर। पी हुई यह शक्ति सुपूर्णम्=उत्तम प्रकार से तेरा पालन व पूरण करनेवाली होगी। तेरे शरीर पर रोगों का आक्रमण न होगा, मन में ईर्ष्या-द्वेष उत्पन्न न होंगे तथा बुद्धि में कुण्ठता न आएगी। तेरा पूरण तो करेगी ही उत=और अरम्=वह तेरे जीवन को अलंकृत कर देगी। वीर्य शरीर को शक्ति-सम्पन्न करता है, मन को निर्मल व बुद्धि को तीव्र। एवं, यह शरीर, मन व बुद्धि तीनों को ही शोभान्वित करता है। इसके अतिरिक्त इस वीर्य-रक्षा का सबसे महान् लाभ तो यह है कि मनुष्य निर्भीक बनता है। प्रभु कहते हैं कि अनाभयिन्=हे निर्भीक प्रियमेध! ते ररिम=तुझे हम सर्वोत्तम भेंट प्राप्त कराते हैं। प्रभु की जीव के प्रति अनन्त देनों में यह सर्वोत्तम देन है। इसी पर अन्य सारी उन्नति निर्भर है।

भावार्थ—सुरक्षित वीर्य हमारा पालन व पूरण करता है, यह हमारे जीवन को अलंकृत करता है और हमें निर्भीक बनाता है।

ऋषिः—मेधातिथिप्रियमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आत्मिक उन्नति

७३५. नृभिर्धौतः सुतो अश्नैरव्या वारैः परिपूतः। अश्वो न निक्तो नदीषु॥ २॥

इस मन्त्र का देवता 'इन्द्र'=आत्मा है। यह आत्मा नृभिः=अपने को आगे ले-चलने की भावना से ओत-प्रोत लोगों द्वारा (नृ-नये) धौतः=शुद्ध किया जाता है। क्रियाशीलता ही आत्मिक शुद्धि का मुख्य साधन है। 'योगिनः कर्म कुर्वन्ति सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये'=योगी लोग अनासक्तिपूर्वक कर्म करते ही रहते हैं, जिससे आत्मा शुद्ध बनी रहे।

यह आत्मा अश्नैः=(अश्-व्याप्तौ) अपने को व्यापक बनानेवालों से सुतः=(षु-प्रसव, ऐश्वर्य=Growth and prosperity) उन्नत व समृद्ध किया जाता है। जो जितना-जितना व्यापक

होता जाता है, उतना ही उन्नत व समृद्ध होता जाता है। संकुचित मनोवृत्तिवाला होकर छोटा हो जाता है, व्यापकता विशाल—समृद्ध कर देती है। व्यापकता में ही विकास है, संकोच में ह्रास।

'अवि' शब्द का अर्थ है 'दयालु' (Kindly, favourably disposed) वारैः-पाप-निवारक अव्याः-दयालु व्यक्तियों से परिपूतः-यह आत्मा सब ओर से पवित्र किया जाता है। दया व अहिंसा की भावना आत्मा को सर्वथा पवित्र कर देती है। क्रूरता की भावना अपवित्रता की मूल है और दयालुता पवित्रता की।

यह क्रियाशील, व्यापक मनोवृत्तिवाला, दया-प्रवण व्यक्ति न-जैसे नदीषु-नदियों में नहलाने से अश्वः-घोड़ा निक्तः-शुद्ध हो जाता है, इसी प्रकार यह भी नदीषु-प्रभु के आनन्द-स्रोतों में शुद्ध हो जाता है। वे सहस्रधार प्रभु पवित्र हैं—यह भक्त भी उस प्रभु की स्रोत-धाराओं में स्नान कर पवित्र हो जाता है।

भावार्थ—मैं सदा आगे बढ़ने के लिए क्रियाशील बनूँ। उदारमना व दयालु बनकर प्रभु के स्रोतों में स्नान करूँ।

ऋषिः—मेधातिथिप्रियमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कर्म को मधुर बनाना

७३६. तं ते यवं यथा गोभिः स्वादुमकर्म श्रीणन्तः। इन्द्र त्वास्मिन्त्सधमादे॥ ३॥

इस मन्त्र में कर्म को 'यव' कहा गया है। 'यु' धातु के अर्थ मिश्रण व अमिश्रण हैं। 'भद्र से सम्पृक्त होना और अभद्र से विपृक्त होना' यही कर्म का शुद्धस्वरूप है। प्रियमेध संसार में उत्तम कर्मों को करता हुआ उन कर्मों का कभी गर्व नहीं करता। इन सब कर्मों को वह प्रभु का ही समझता है और कहता है कि—तं ते यवम्-आपके इन कर्मों को यथा गोभिः-उस-उस कर्म के अनुकूल ज्ञानों से स्वादुम्-मधुर अकर्म-बनाते हैं। ज्ञानरहित कर्म कुछ अपवित्र व माधुर्यशून्य हो जाता है। ज्ञान से कर्म में माधुर्य आता है और प्रभु-उपासना से वह माधुर्य और अधिक बढ़ जाता है, अतः मन्त्र में कहते हैं कि इन्द्र-सर्वैश्वर्यवाले प्रभो! त्वा-आपको अस्मिन्-इस सधमादे-यज्ञ में श्रीणन्तः-(श्रिञ् सेवायाम्) सेवन करते हुए हम अपने कर्मों को मधुर बनाते हैं। यहाँ यज्ञ के लिए 'सधमाद' शब्द आया है। सबको एकत्र होकर (सध) यहाँ आनन्द लेना होता है (माद)। यज्ञवेदि 'सध-स्थ'-सबके मिलकर बैठने का स्थान है। कर्ममात्र यज्ञ का रूप धारण करेगा तो उन यज्ञों में प्रभु का सेवन करते हुए हम अपने कर्मों को शक्तिशाली बना रहे होंगे और अभिमानशून्यता से कर्म सुन्दर प्रतीत होंगे। ज्ञान-कर्मों में से अहन्ता को भी नष्ट करता है। यह ज्ञानी कर्मों को अपना मानता ही नहीं, ते-ये तो तेरे ही हैं, इनमें मेरा क्या है? ऐसी उसकी भावना होती है?

भावार्थ—हम ज्ञान व श्रद्धा से अपने कर्मों को मधुर बनाएँ।

सूक्त-९

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

राधा-पति

७३७. इदं ह्यन्वोजसा सुतं राधानां पते। पिबा त्वा३स्य गिर्वणः॥ १॥

प्रभु कहते हैं कि इदम्-यह सोम (वीर्य-शक्ति) हि-निश्चय से ओजसा-ओज के दृष्टिकोण

से अनुसुतम्-रस-रुधिरादि के क्रम से तेरे शरीर में उत्पन्न की गयी है। राधानां पते-हे सफलताओं के स्वामिन्! (राध्-सिद्धि) पिब तु अस्य-निश्चय से तू इसका पान कर। इसका पान ही तुझे संसार में सफल बनाएगा। जीव को 'राधानां पते' शब्द से सम्बोधन करना उसे प्रेरणा देने के लिए है कि तूने सफल बनना है। इसे सफल बनाने का साधन सोम का पान है।

सोम के पान के लिए साधना का संकेत 'गिर्वणः' शब्द में है। 'गिर्वणः' का अर्थ है कि गिराओं से—वेद-वाणियों से अथवा गिरा से—वाणी से प्रभु का सम्भजन करनेवाला। प्रभु के नाम का जप मनुष्य के मन को विषयों की प्रवृत्ति से रोकता—बचाता है और इस प्रकार उसे सोम-पान के योग्य बनाता है।

एवं, सोमपान का साधन तो प्रभु के नाम का जप व वेदवाणियों का सेवन है और इसका साध्य 'सफलता' है।

भावार्थ—मैं प्रभु के नाम के जप व वेदवाणियों के सेवन द्वारा सोम-पान करता हुआ सदा राधा-सिद्धि का पति बनूँ।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्वधा, मद, सौम्यता

७३८. यस्ते अनु स्वधामसत् सुते नि यच्छ तन्वम्। स त्वा ममत्तु सोम्य॥ २॥

प्रभु कहते हैं कि हे सोम्य-विनीत! सोम की रक्षा द्वारा तूने नम्रता प्राप्त की है। तू सुते-इस उत्पन्न जगत् में सोम का तन्वम्-(तन्वाम्) शरीर में नियच्छ-नियमन व रक्षा कर यः-जो ते-तेरे स्वाधाम् अनु असत्-अपने धारण के अनुपात में है, अर्थात् जितना-जितना तू सोम का नियमन करेगा, उतना-उतना अपने जीवन का धारण करनेवाला बनेगा। स त्वा ममत्तु-यह सोम तुझे मद-युक्त करे। तेरे जीवन में एक मस्ती हो। निराशा व दुःख तुझे कभी न घेरें। बड़े-से-बड़े कष्ट में भी तू प्रसन्न ही हो, परन्तु ऐसा होना तो उस वीर्य की रक्षा पर ही निर्भर है। तुझे मदयुक्त करके भी यह सोम सोम्य-विनीत बनाये रखता है। यही तो इसकी विशेषता है कि मद और अमद इसमें साथ-साथ रहते हैं। प्रभु को भी 'मदामद' इस नाम से स्मरण किया गया है, यह सोम जीव को भी 'मदामद' बना प्रभु-जैसा बना देता है।

भावार्थ—सोम की रक्षा के द्वारा मेरे जीवन में 'स्वधा'-स्वधारणशक्ति हो, मद हो तथा मद के साथ विनीतता हो।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कुक्षि, शिरस् व भुजाओं की नीरोगता

७३९. प्र ते अश्नोतु कुक्ष्योः प्रेन्द्र ब्रह्मणा शिरः। प्र बाहू शूर राधसा॥ ३॥

यह सोम ते-तेरी कुक्ष्योः-कुक्षियों का अश्नोतु-प्रभु To be master of हो—उनपर विशेषरूप से प्रभाव डालनेवाला हो। तेरी कुक्षियों के मध्य में स्थित उदर में कभी-भी किसी प्रकार का विकार न हो, यह सोम तेरे आमाशय को स्वस्थ करे। इन्द्र-हे इन्द्र! यह सुरक्षित वीर्य ही शिरः-तेरे सिर को ब्रह्मणा-ज्ञान से भर दे—व्याप्त कर दे। तेरा मस्तिष्क ज्ञान की ज्योति से जगमगा उठे। सुरक्षित वीर्य से ज्ञानाग्नि दीप्त होकर मस्तिष्क अपरा व पराविद्या के नक्षत्रों व सूर्य से चमक उठता है।

यह सुरक्षित वीर्य ही उसकी बाहू-भुजाओं को प्राधसा-प्रकृष्ट सफलता से सम्पन्न करता है। यह वीर्य की रक्षा करनेवाला पुरुष शूर-सब विघ्न-बाधाओं को शीर्ण करनेवाला होकर सदा साध्यों में सिद्धि का लाभ करता है। प्रभु ने इसे 'शूर' शब्द से सम्बोधन कर संकेत किया है कि तू सब राग-द्वेषादि को शीर्ण करनेवाला 'गाथिन' होगा। यही प्रभु की सच्ची स्तुति है कि हम सोम का पान कर 'सफलता, स्वधा, सम्मद (हर्ष), शोक (दीप्ति), सौम्यता, स्वास्थ्य, संज्ञान व सामर्थ्य' इस सप्तक का सम्पादन करें। यही प्रभु का 'सप्तविध गान' है, यही जीवन का सच्चा 'सप्त स्वरसंगीत' है।

भावार्थ—सोमपान से हम उदर को नीरोग, मस्तिष्क को ज्ञान से पूर्ण व भुजाओं को सबल व सफल बनाएँ।

सूक्त-१०

ऋषिः—मधुच्छन्दाः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सामुदायिक प्रार्थना

७४०. आ त्वेता नि षीदतेन्द्रमभि प्र गायत। सखाय स्तोमवाहसः॥ १॥

मन्त्र का ऋषि 'मधुच्छन्दा' है। यह अत्यन्त मधुर इच्छाओंवाला है। यह अपने समानख्यान-(tendeney)-वाले सखायः-मित्रों से कहता है कि आ-चारों ओर से तु-निश्चयपूर्वक एत-आओ। नि-षीदत-नम्रतापूर्वक बैठो और प्रभु की शरण में उपस्थित होकर उस इन्द्रम्-परमैश्वर्यशाली प्रभु का अभिप्रगायत-लक्ष्य करके खूब गायन करो। आप सब स्तोमवाहसः-स्तुतिसमूह के धारण करनेवाले बनो।

मिलकर प्रभु का कीर्तन करने से अधिक उत्तम बात और हो ही क्या सकती है? प्रभु-कीर्तन का मन पर स्वास्थ्यजनक प्रभाव होता ही है। सामुदायिक प्रभु गायन तो सारे वातावरण को बड़ा सुन्दर बना देता है। प्रभु का स्मरण १. व्यसनों से बचाता है, २. अभिमानशून्यता को उत्पन्न करता है, ३. एक पितृत्व के नाते पारस्परिक बन्धुत्व व ऐक्य की भावना को जन्म देता है, ४. एक ऊँचे लक्ष्य को पैदा करता है, ५. और मैं प्रभु-पुत्र हूँ, इस स्मरण से पापों को आत्म-सम्मान से हीन समझता है (below dignity)।

इसी सामुदायिक प्रार्थना के लाभ अगले मन्त्र में अधिक विस्तार से कहे गये हैं।

भावार्थ—हम मिलकर प्रभु का स्तवन करें।

ऋषिः—मधुच्छन्दाः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इस चमकीले संसार में

७४१. पुरूतमं पुरूणामीशानं वार्याणाम्। इन्द्रं सोमे सचा सुते॥ २॥

'पॄ पालनपूरणयोः' धातु से 'पुरु' शब्द बना है। पुरु का अर्थ है—पालन व पूरण करनेवाला। माता-पिता सन्तान का, आचार्य विद्यार्थी का, राजा प्रजा का, 'विद्वान् अतिथि' गृहस्थों का पालन व पूरण करने में लगे हैं, परन्तु इन सब पुरुषों की तुलना में वे प्रभु पुरूणां पुरूतमम्-पालकों में सर्वोत्तम पालक हैं। उस प्रभु का हम गायन करें।

वे प्रभु ही वास्तव में वार्याणाम् ईशानम्-सब वरणीय वस्तुओं के ईशान हैं। प्रभु के गायक को वार्य वस्तुएँ ही प्राप्त होती हैं, अतः आओ सुतम्-इस उत्पन्न (प्रसव) ऐश्वर्यमय संसार में, जिसमें कि शतशः चमकीले पदार्थ सदा हमें प्रलुब्ध करने में तत्पर हैं, सचा-मिलकर इन्द्रम्-उस

प्रभु का स्तवन करो, जिससे हम सोमे (निमित्त-सप्तमी)=सोम रक्षा कर सकें। न विलास की ओर जाएँगे और न ही सोम का अपव्यय होने देंगे। इस प्रकार मन्त्र में सामुदायिक प्रार्थना के निम्न लाभ गिनाये गये हैं—

१. प्रभु सर्वोत्तम पालन करनेवाले हैं, अतः हम आसुरी वृत्तियों के आक्रमण से सुरक्षित होंगे।
२. वे प्रभु वार्य वस्तुओं के ईशान हैं, अतः हम वरणीय ही भोग्य वस्तुओं को प्राप्त करेंगे तथा
३. इस ऐश्वर्यमय चमकते संसार में न उलझते हुए अपने सोम की रक्षा कर सकेंगे।

भावार्थ—सामुदायिक प्रार्थना हमें १. प्रलोभनों से बचाए, २. वार्य वस्तुएँ ही प्राप्त कराए तथा ३. सोम की रक्षा के योग्य बनाए।

ऋषिः—मधुच्छन्दाः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जीवन में प्रभु का साथ

७४२. स घा नो योग आ भुवत् स राये स पुरन्ध्या। गमद् वाजेभिरा स नः॥ ३॥
१ १ १ २ १ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २

सः=वह प्रभु घ=निश्चय से नः=हमारे योगे=जीवन-यात्रा के प्रथम प्रयाण में शक्ति व ज्ञान जुटाने के कार्य में आभुवत्=सर्वथा सहायक हो। एक ब्रह्मचारी प्रातः-सायम् प्रभु के चरणों में उपस्थित होकर एक प्रेरणा प्राप्त करता है और एकाग्रता व संयम से ज्ञान व शक्ति के योग में समर्थ होता है। सः=वही प्रभु जीवन-यात्रा के दूसरे प्रयाण में राये=देने के योग्य धन के लिए नः=हमारे आभुवत्=साथ हों। गृहस्थ में धन की आवश्यकता है। साथ ही उस धन में आसक्ति न होकर दान देने की वृत्ति की आवश्यकता है। 'राये' शब्द में ये दोनों ही भावनाएँ आ गयीं। 'राये', 'रा=दाने' यह शब्द उसी धन के लिए प्रयुक्त होता है जो दिया जा सके। खूब धन देनेवाला गृहस्थ ही अपने परिवार का पालन करता हुआ तीनों आश्रमियों का पालन कर पाता है और इस प्रकार अपने यात्रा के इस प्रयाण को सफलता से पूर्ण करता है। सः=वह प्रभु हमें हमारी जीवन-यात्रा के तीसरे प्रयाण में—वानप्रस्थाश्रम में पुरन्ध्या=पालक व पूरक बुद्धि से व बुद्धिजन्य ज्ञान से युक्त करें। 'स्वाध्याये नित्ययुक्तः स्यात्' सदा स्वाध्याय में लगे रहें एवं, सतत स्वाध्याय से अपने ज्ञान को परिपक्व करके जब हम जीवन-यात्रा के चतुर्थ प्रयाण में परिव्राजक बन चारों दिशाओं में भ्रमण करते हुए ज्ञान-प्रसार के लिए आगे बढ़ें तब सः=वे प्रभु भी नः=हमें वाजेभिः=शक्तिशाली गतियों के हेतु से आगमत्=सर्वथा प्राप्त हों। एक संन्यासी अपनी उपदेश-यात्रा में उस प्रभु से ही शक्ति पाता है और मानापमान से विचलित न होता हुआ और अकेलेपन के कारण भयभीत न होता हुआ आगे और आगे बढ़ता है। वह प्रभु को अपने साथ अनुभव करता है, अतः डरे क्यों? इस प्रकार उसकी यात्रा पूर्णतया सफल होती है। सामुदायिक प्रार्थना का यही लाभ है कि हमें सदा प्रभु का साथ प्राप्त होता है।

भावार्थ—हम प्रभु को अपने साथ अनुभव करते हुए आगे और आगे बढ़ते चलें और लक्ष्य स्थान पर पहुँचें।

सूक्त-११

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रत्येक युद्ध के समय

७४३. योगेयोगे तवस्तरं वाजेवाजे हवामहे। सखाय इन्द्रमूतये॥ १॥
१ १ १ १ १ १ १ १ १ १ १ १ १ १ १ १

इस मन्त्र का ऋषि 'शुनः शेप आजीगर्ति' है। 'शुनम्' शब्द सुख का वाचक है, शेप का अर्थ है—बनाना (To make)। एवं, सुख का निर्माण करनेवाला व्यक्ति 'शुनःशेप' है। जब यह सांसारिक सुख को अपना लक्ष्य बनाता है तब प्रेयमार्ग के साधनों को जुटाने के लिए अन्धाधुन्ध धन कमाता है और आजीगर्ति-द्यूतफलक की ओर जानेवाला होता है (अज् गतौ, गर्तम्-द्यूतफलकम्)। इसकी प्रवृत्ति सट्टे के व्यापार व जुए के भिन्न-भिन्न प्रकारों की ओर होती है, परन्तु जब यह अपने जीवन का लक्ष्य सांसारिक सुख के स्थान में 'श्रेयमार्ग' को बनाता है, तब यही शुनःशेप द्यूतफलक को परे फेंकनेवाला (अज् क्षेपणे) आजीगर्ति बन जाता है। वह प्रभु-प्राप्ति को अपने जीवन का लक्ष्य बनाता है और जब कभी प्रभु का इसे आभास होता है तब यह अनुभव करता है कि योगे-योगे-उस-उस सम्पर्क के समय तवस्तरम्-वे प्रभु बड़ी शक्ति देनेवाले हैं (तवस्-बल), इसलिए यह कहता है कि वाजे-वाजे-जब-जब काम, क्रोध, लोभ आदि से युद्ध का प्रसंग आता है (to wage a war) वज गतौ-to attack तब-तब हे प्रभो! हम आपको ही हवामहे-पुकारते हैं।

परन्तु हमें आपको पुकारने का अधिकार भी तो तभी प्राप्त होता है, जब सखायः-हम आपके समान ख्यानवाले बनते हैं। आप सर्वज्ञ हैं, हम भी तीव्र तपस्या के द्वारा सर्वज्ञकल्प बनने का प्रयत्न करें। जब जीव इस प्रकार अपने ज्ञान को बढ़ाता है तभी इन्द्र का सखा कहलाने का अधिकारी होता है। यह प्रभु से कहता है कि इन्द्रम्-परमैश्वर्यशाली, सब असुरों का संहार करनेवाले आपको ऊतये-अपनी रक्षा के लिए पुकारता हूँ। इन कामादि के साथ युद्ध में मेरी विजय आपके बिना असम्भव है। आपके सहाय से ही मैं इनको जीत पाऊँगा, नहीं तो यह काम तो 'मार' है—यह तो मुझे मार ही डालेगा। आप ही कामारि हैं, आप ही मुझे इससे बचाएँगे।

भावार्थ—प्रभु के सौन्दर्य से मैं अपने को शक्तिशाली बनाऊँ और काम पर विजय पाऊँ।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उसी को पुकारें

७४४. अनु प्रत्नस्यौकसो हुवे तुविप्रतिं नरम्। यं ते पूर्वं पिता हुवे॥ २॥

इस समय हम संसार में भटक रहे हैं। भटकते-भटकते बड़ी देर हो गयी है, अतः घर तो कुछ पुराना-सा हो गया है, परन्तु उस सनातन घर में पहुँचना तो है ही। प्रत्नस्य ओकसः अनु-उस सनातन घर का लक्ष्य करके, अर्थात् संसार-यात्रा को पूर्ण करके प्रभु की गोद में पहुँचनेरूप मोक्ष को लक्ष्य करके मैं उस प्रभु को हुवे-पुकारता हूँ, जो तुविप्रतिम्-महान् पूरण करनेवाले हैं (तुवि-महान्, प्रा-पूरणे), नरम्-जो हमारा पूरण करके निरन्तर हमें आगे और आगे ले-जानेवाले हैं। मनुष्य को चाहिए कि वह सदा प्रभु का आह्वान करे, जिससे उसकी न्यूनताएँ दूर हों और वह आगे बढ़ सके। संसार प्रलोभनों से भरा है, हम इसमें भटक जाते हैं और भटकते ही रहते हैं, घर वापस पहुँचने का ध्यान ही नहीं रहता, अतः मनुष्य को प्रेरणा देते हैं कि हे मनुष्य! तू उसी प्रभु को पुकार यम्-जिसे ते पिता-तुम्हारे पिता पूर्वम्-तुमसे पहले हुवे-पुकारते रहे हैं। अपनी पैतृक संस्कृति को नष्ट क्यों होने देना! पूर्वजों की उत्तम कुल-रीतियों को चलाते चलना ही ठीक है।

भावार्थ—अपने पूर्वजों के पदचिह्नों पर चलता हुआ मैं प्रभु का स्मरण करूँ और मोक्ष को अपना लक्ष्य बनाऊँ।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वासनाओं के शिकार न हो जाएँ

७४५. आ घा गमद्यदि श्रवत्सहस्रिणीभिरूतिभिः। वाजेभिरुप नो हवम् ॥ ३ ॥

मनुष्य प्रभु को पुकारता है और यदि उसकी पुकार सुनी जाती है तो उसे सहायता भी प्राप्त होती है, परन्तु मनुष्य की पुकार सदा तो नहीं सुनी जाती। मन्त्र का 'यदि' शब्द इस भावना को सुव्यक्त कर रहा है। पुकार कब सुनी जाती है? इस प्रश्न का उत्तर भी मन्त्र का 'वाजेभिः' शब्द दे रहा है। 'वज गतौ' धातु से यह शब्द बना है। गतिशीलता होने पर ही हम पुकार को सुनाने के अधिकारी बनते हैं। हम केवल प्रार्थना करें और प्रयत्न कुछ न करें तो वह प्रार्थना निष्फल ही है, अतः मन्त्र में कहते हैं कि वाजेभिः-क्रियाशीलता के द्वारा नः हवम्-हमारी पुकार को यदि-यदि वे प्रभु श्रवत्-सुनते हैं तो सहस्रिणीभिः ऊतिभिः-शतशः संरक्षणों के साथ घ-निश्चय से उप आगमत्-हमें अवश्य प्राप्त होते हैं।

हमारी पुकार सुनी तभी जाएगी जब हम भरपूर पुरुषार्थ करेंगे (वाजेभिः)। प्रभु 'न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवाः' श्रम के बिना मित्रता के लिए नहीं होते। जब श्रम के उपरान्त हमारे सहायक हो जाते हैं तब वासनाओं के साथ संग्राम में हमारा पराजय नहीं होता, अपितु हम प्रभु के शतशः रक्षणों से सुरक्षित होते हैं।

भावार्थ—श्रमशीलता से हम प्रभु-प्रार्थना के अधिकारी बनें।

सूक्त-१२

ऋषिः—नारदः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

कौन बड़ा है? महान् का लक्षण

७४६. इन्द्र सुतेषु सोमेषु क्रतुं पुनीष उक्थ्यम्। विदे वृधस्य दक्षस्य महाँ हि षः ॥ १ ॥

इस मन्त्र का ऋषि 'नारद काण्व' है। 'नरस्येदं नारम्' इस व्युत्पत्ति से मनुष्य का 'शरीर, इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि' सभी 'नारम्' कहलाते हैं; इन सबको जो (दापति-दैप् शोधने) शुद्ध करता है वह (नार-द) कहलाता है। बाहर की सफाई में ही न उलझा हुआ मनुष्य कहीं अधिक बुद्धिमान् है, यह 'काण्व' कहा गया है। इस 'नारद काण्व' से प्रभु कहते हैं कि हे इन्द्र-जितेन्द्रिय जीवात्मन्! यदि तू सोमेषु सुतेषु-सोमों का उत्पादन होने पर उक्थ्यम् क्रतुम्-अनवद्य, अर्थात् स्तुत्य, प्रशंसनीय सङ्कल्प को पुनीषे-पवित्र करता है और वृधस्य दक्षस्य-वृद्धि के कारणभूत बल का विदे-लाभ करता है (विद्-पाना) तब सः-वह तू हि-निश्चय से महान्-महनीय—महत्त्व प्राप्त करनेवाला होता है।

मन्त्र के उल्लिखित शब्दों में 'महान्' का लक्षण निम्न शब्दों में दिया गया है—

१. सुतेषु सोमेषु-यह सोम का सम्पादन करता है। अपने जीवन को संयम के द्वारा शक्तिशाली बनाता है। अशक्त पुरुष का महान् बनना सम्भव नहीं। सोम (Semen) का पान ही मनुष्य को इन्द्र-परमैश्वर्यशाली बनाता है। यही उसका मुख्य गुण है। इसी के मद-मस्ती में वह असुरों का संहार करता है, आसुर वृत्तियों को कलीरूप में ही समाप्त कर देता है।

२. उक्थ्यम् क्रतुं पुनीषे-सोम-पान के परिणामस्वरूप ही यह अपने मानस सङ्कल्पों को

पवित्र करता है। उसके सङ्कल्प अनवद्य-निष्पाप होते हैं, अतएव स्तुत्य व प्रशस्य होते हैं।

३. वृधस्य दक्षस्य विदे-सोम-पान से—शक्ति के संयम से—यह दक्ष-बल प्राप्त करता ही है, साथ ही इसका बल वृद्धि का कारण होता है, अतएव इसे वह यशस्वी बनाता है। यह 'यशो-बलम्' वाला होता है, तभी तो यह महान् हुआ है।

भावार्थ—१. मैं शक्ति का सम्पादन करूँ, २. मेरा बल यशस्वी हो।

ऋषिः—नारदः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

महान् का लक्षण पञ्चक

७४७. स प्रथमे व्योमनि देवानां सदने वृधः। सुपारः सुश्रवस्तमः समप्सुजित्॥ २॥

१. सः-वह महापुरुष वृधः-वृद्धि करनेवाला (वर्धत् इति वृधः, वृध्+क) होता है, परन्तु किस क्षेत्र में? प्रथमे व्योमनि-उत्कृष्ट हृदयान्तरिक्ष में। वैदिक साहित्य में बाह्य आकाश की तुलना में हृदयाकाश को उत्तम कहा गया है 'प्रथमे व्योमनि' का ही पर्यायवाची 'परमे परार्द्धे' है। यही जीव 'आत्मस्वरूप' का दर्शन कर पाता है। यह आत्मा का विशिष्ट निवास-स्थान होने से सचमुच 'व्योम' है (वि+ओम्)। महान् वह है जो इस हृदयाकाश के क्षेत्र में उन्नति की साधना करता है। 'प्रथमे' शब्द का अर्थ 'प्रथ विस्तारे' से विस्तृत भी होता है, अतः हृदय की उन्नति इसे विस्तृत बनाने में ही है। संकुचित हृदय अपवित्र होता है और महः-महत्त्व इसे पवित्र कर डालता है 'महः पुनातु हृदये'। महान् व्यक्ति वह, जिसका हृदय महान् है।

सः-वह महान् व्यक्ति देवानां सदने-देवताओं के निवास-स्थान में वृधः-वृद्धि करता है। सामान्य मनुष्यों के जीवनों में काम-क्रोध उसकी इन्द्रियों, मन व बुद्धि को अपना निवास-स्थान बनाते हैं। महान् वह है जो त्रिपुरारि (महादेव) बनकर असुरों का पराजय करता है और इन्हें देवों का सदन बना देता है। इसका काम 'प्रेम' में परिवर्तित हो जाता है और क्रोध 'मन्यु' में। इसके जीवन में ये सब असुर अपने पूर्वरूपों में आ जाते हैं। प्रेम ही तो विकृत होकर 'काम' बन गया था और मन्यु ही 'क्रोध'। असुर भी तो 'पूर्व-देव' ही हैं।

३. सु-पारः-हृदय की पवित्रता व दिव्य गुणों के सम्पादन के कारण ही यह प्रत्येक कार्य को सु-उत्तमता से पारः-समाप्ति तक ले-जानेवाला होता है। अधम विघ्न-भय से कार्य को प्रारम्भ ही नहीं करता तो मध्यम विघ्नों के आने पर बीच में ही रुक जाता है। महान् वही है जो विघ्नों से शतशः आहत होने पर भी कार्य को समाप्ति तक ले-चलता है।

४. सु-श्रवस्-तमः-यह महापुरुष कार्यों को समाप्ति तक ले-चलने से 'उत्तम यशवाला' होता है। चारों ओर इसकी ख्याति फैलती है। अधिक-से-अधिक प्रसिद्ध होता हुआ भी वह अहंभाव से शून्य है। इस निरभिमानिता से इसका यश और भी सुन्दर प्रतीत होता है।

५. सम् अप्सु जित्-अपनी सफलताओं=achievements से यशस्वी होता हुआ भी, क्योंकि यह अहंकारशून्य होता है, अतः यह कार्यों से बद्ध नहीं होता। अप्सु-कर्मों को करता हुआ भी यह नहीं कर रहा होता। यही नर है—यही महान् है।

भावार्थ—महान् के पाँचों लक्षणों को अपने जीवन में अनूदित करके मैं सचमुच 'पञ्च-जन' बनूँ।

ऋषिः—नारदः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

महान् कैसे बना जाए ?

७४८. तमु हुवे वाजसातय इन्द्रं भराय शुष्मिणम्।
भवा नः सुम्ने अन्तमः सखा वृधे ॥ ३ ॥

नारद कहता है कि वाजसातये=शक्ति के लाभ के लिए मैं तम् इन्द्रम् उ=उस परमात्मा को ही हुवे=पुकारता हूँ। वही तो अनन्त शक्ति का स्रोत है—इन्द्र है। भराय=अपने अन्दर दिव्य गुणों को भरने के लिए भी मैं उसे पुकारता हूँ, क्योंकि वह शुष्मिणम्=काम-क्रोधादि के उमड़ते स्रोतों को सुखा देनेवाला है। 'शुष्म' उस बल का नाम है जो शत्रुओं का शोषण कर देता है। मैं प्रभु को पुकारूँगा तो प्रभु का नामोच्चारण ही मेरे काम-क्रोधादि शत्रुओं का नामावशेष कर देगा।

अतएव नारद प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे प्रभो! आप नः सुम्ने भव=हमारे कल्याण व सुख के लिए होओ। अन्तमः सखा=आप ही हमारे निकटतम=Intimate मित्र हैं। वृधे=आप ही हमारी वृद्धि के लिए होते हैं। काम-क्रोध और लोभ हमारी उन्नति के मार्ग में विघातक हैं, प्रभु इनका विघात करके हमारी उन्नति के मार्ग को निर्विघ्न कर देते हैं। प्रभु से संपृक्त हो हम शक्तिशाली बनते हैं और उन्नति करने में सफल होते हैं। प्रभु का स्मरण हमें दिव्य भावनाओं से भरनेवाला होता है और इस प्रकार हमारी वृद्धि का कारण होता है।

भावार्थ—मैं प्रभु को पुकारूँ, अपने में शक्ति भरूँ, कामादि को सुखा दूँ और महान् बनकर प्रभु की भाँति बन जाऊँ।

सूक्त-१३

ऋषिः—वामदेवः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

वामदेव की उपासना

७४९. एना वो अग्निं नमसोर्जो नपातमा हुवे।
प्रियं चेतिष्ठमरतिं स्वध्वरं विश्वस्य दूतममृतम् ॥ १ ॥

वामदेव=सुन्दर, दिव्य गुणों को अपनानेवाला यह ऋषि कहता है कि एना नमसा=इस नमन—'उपासना' के द्वारा मैं आहुवे=उस प्रभु को पुकारता हूँ, जो—

१. वः अग्निम्=तुम सबको आगे ले-चलनेवाला है, जिसके आश्रय से ही सभी प्रकार की प्रगति होती है। २. ऊर्जः नपातम्=मैं उस प्रभु को पुकारता हूँ जो 'शक्ति को न गिरने देनेवाला है।' प्रभु-स्मरण से वासनाएँ हमसे दूर रहती हैं, अतः हमारी शक्ति के नाश का कारण नहीं बनतीं। ३. प्रियम्=वे प्रभु तृप्ति देनेवाले हैं, अर्थात् प्रभु को छोड़कर कोई भी सांसारिक वस्तु हमें तृप्त नहीं कर सकती। सम्पूर्ण पृथिवी के सारे धन-धान्य से भी मनुष्य की तृप्ति नहीं होती। ४. चेतिष्ठम्=वे प्रभु निरतिशय ज्ञानवाले हैं। अपने भक्त को भी हृदयस्थरूपेण ज्ञान देते हैं। ५. अरतिम्=वे प्रभु संसार में आसक्त नहीं हैं, अपने भक्त को भी संसार से अनासक्त बनाते हैं। ६. स्वध्वरम्=वे पूर्ण अहिंसक हैं—हमारे जीवन-यज्ञों को भी हिंसाशून्य बनानेवाले हैं। ७. विश्वस्य दूतम्=सम्पूर्ण ज्ञान के उपदेष्टा हैं। तथा ८. अमृतम्=अमर हैं। भक्त को भी ज्ञान के द्वारा जीवन-मृत्यु के चक्र से ऊपर उठानेवाले हैं। (अविद्यमानं मृतं यस्मात्)।

उपासक की उपासना सच्ची होती है तो वह भी उपास्य जैसा ही बन जाता है। वामदेव उल्लिखित ८ गुणों से प्रभु का स्मरण करता हुआ उन्हीं अष्ट गुणों की प्राप्ति को अपने जीवन का लक्ष्य बनाता है और उन गुणों को प्राप्त करके 'वामदेव' अपने इस नाम को सार्थक करता है।

भावार्थ—वामदेव की उपासना में सम्मिलित हो हम भी 'वामदेव' बन जाएँ।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वामदेव का जीवन

७५०. स योजते अरुषा विश्वभोजसा स दुद्रवत् स्वाहुतः।
सुब्रह्मा यज्ञः सुशमी वसूनां देवं राधो जनानाम्॥ २॥

१. परमेश्वर की उल्लिखित आठ विशेष-गुणों से स्तुति करनेवाला सः=वह वामदेव अपने को अरुषा=तेज से योजते=जोड़ता है। कैसे तेज से? विश्व-भोजसा=सबका पालन करनेवाले तेज से। दुर्जनों की शक्ति दूसरों के पीड़न के लिए होती है, परन्तु वामदेव अपनी शक्ति से सभी का पालन करता है। २. स्वाहुतः (सु आहुतः)=बड़े उत्तम प्रकार से अपने तन-मन-धन की समाज-हित के कार्य में आहुति दे-देनेवाला यह वामदेव दुद्रुवत्=पीड़ितों की पीड़ाओं को दूर करने के लिए निरन्तर भागता-फिरता है, (द्रु-गतौ+यङ् प्रत्यय-नित्य अर्थ में)। ३. सु ब्रह्मा=यह चारों वेदों का उत्तम ज्ञाता बनता है। जितना अधिक इसका ज्ञान होगा उतना अधिक यह लोकहित कर सकेगा। ४. यज्ञः=ज्ञानी बनकर यह अपने जीवन को यज्ञमय बनाता है। 'देवपूजा, संगतीकरण और दान'=बड़ों का आदर, बराबरवालों से प्रेम तथा छोटों के प्रति दया—ये तीन बातें इसके जीवन का सूत्र बन जाती हैं। ५. सुशमी वसूनाम्=यह यज्ञशील वामदेव संसार में अपने निवास को उत्तम बनाता हुआ औरों को भी उत्तम निवास देनेवाला होता है। वसु तो यह है ही। बसाने, नकि उजाड़ने के ही कार्य में यह लगा है। इस कार्य में लगे होने के साथ इसकी विशेषता यह है कि यह सुशमी=उत्तम शान्तिवाला है। अपने कार्य का ढिंढोरा पीटनेवाला नहीं है, मौन साधक (Silent worker) है। बड़ी शान्त, स्वस्थ, मनोवृत्ति से अपने कार्य में लगा रहता है। इस प्रकार कार्य में लगे रहने से ही—६. देवं राधो जनानाम्=मनुष्यों में यह दिव्य=अनुपम सफलता (राध्=सिद्धि) का लाभ करनेवाला है। स्वार्थ ही कार्य को बिगाड़ा करता है, स्वार्थ न होने से वामदेव को अपने कार्यों में अलौकिक सफलता का लाभ होता है।

एवं, वामदेव कोरी उपासना ही नहीं करता, उसका जीवन क्रियामय है। उपासना के अनुकूल उसका पौरुष भी है। यही कारण है कि वह प्रभु का सच्चा उपासक बन पाता है। प्रत्येक सच्चे उपासक का जीवन ऐसा ही होना चाहिए। उपासना और कर्म में समन्वय हमें उपास्य-जैसा बना देता है।

भावार्थ—हमारी उपासना व कर्म में किसी प्रकार का विरोध न हो।

सूक्त-१४

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

पत्नी व उषा

७५१. प्रत्यु अदर्श्यायत्यूच्छन्ती दुहिता दिवः।
अपो मही वृणुते चक्षुषा तमो ज्योतिष्कृणोति सूनरी॥ १॥

इस मन्त्र की देवता 'उषा' है। इस उषा के विषय में कहते हैं कि—प्रति आयती अदर्शि-प्रत्येक के अभिमुख आती हुई दिखाई देती है। उषा उदित न हो ऐसी बात नहीं होती। इसी प्रकार गृहपत्नी भी उषा के समान सभी के लिए उदित हो। पक्षपात की गन्धमात्र भी पत्नी में न हो।

यह उषा आती है, क्या करती हुई? उच्छन्ती-विवासन करती हुई, सभी को विशेषरूप से निवास देती हुई। रात्रि के अन्धकार में होनेवाला राक्षसों, रक्षःकृमियों और रोगादि का भय उषा के आते ही दूर-सा हो जाता है। वस्तुतः रात्रि में जीवन-क्रिया समाप्त-सी हो जाती है। उषा होते ही जीवन-यात्रा फिर से चालू हो उठती है। पत्नी का भी कर्त्तव्य है कि सब गृहसभ्यों के उत्तम निवास का प्रबन्ध करे। सबकी आवश्यकता-पूर्ति का उसे ध्यान हो।

उषा निकलती है—दिवः-प्रकाश को दुहिता-पूरण करनेवाली होती है। सब दिशाओं में प्रकाश-ही-प्रकाश भर देती है। गृहपत्नी-माता भी बच्चों में प्रारम्भ से ही प्रकाश भरनेवाली बनें। गोदी के बच्चे को लोरियों में भी उत्तमोत्तम श्लोक व मन्त्र सुनाएँ।

मही-यह महनीय उषा उ-निश्चय से चक्षुषा-अपने दर्शन 'उपस्थान' से तमः-अन्धकार को अपवृणुते-दूर भगा देती है। उषा निकली, अँधेरा गया। इसी प्रकार माता भी सबपर इस प्रकार दृष्टिपात करे कि उनका हृदयान्धकार दूर हो जाए। वह अपनी प्रेम व उत्साहभरी दृष्टि से सभी को उत्साहित करे।

यह महनीय उषा चारों ओर ज्योतिः कृणोति-प्रकाश-ही-प्रकाश कर देती है। उत्तम गृहिणी भी अपनी व्यवहार-दक्षता से सारे घर में प्रसाद-आह्लाद भरे रखती है।

उषा प्रकाश करके 'सूनरी'-उत्तम गति देनेवाली होती है। उषा हुई और सभी पशु-पक्षी भी अपने मार्ग पर बढ़े। गृहपत्नी भी उत्तम व्यवस्था से सारे घर को आगे ले-चलनेवाली होती है।

यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि घर की यह उत्तम स्थिति होती वहीं है जहाँ, 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः'-नारियों का आदर होता है, परन्तु जहाँ वह 'साम्राज्ञी' न रहकर दासीमात्र हो जाती है, वहाँ 'यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः'-सब क्रियाएँ निष्फल होकर अवनति-ही-अवनति होती चलती है। मन्त्र में इसी उद्देश्य से 'मही' शब्द का प्रयोग है कि इनको महनीय समझा जाए। ये उत्तम-अर्ध 'better half' हैं, इस बात को भूला न जाए।

भावार्थ—आर्यगृहों की गृहणियाँ उषा को अपना आदर्श बनाएँ।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

पति व सूर्य

७५२. उदुस्रियाः सृजते सूर्यः सचा उद्यन्नक्षत्रमर्चिवत्।
तवेदुषो व्युषि सूर्यस्य च सं भक्तेन गमेमहि॥ २॥

सचा उद्यन्-उषः के साथ ही—अनुपद ही उद्यन्-उदय होता हुआ सूर्यः-सूर्य उस्रियाः-किरणों को उत् सृजते-ब्रह्माण्ड में फेंकता है। घर में पति को भी चाहिए कि वह सूर्य का अनुकरण करता हुआ पत्नी के साथ गृह में प्रवेश करे तो गृह में प्रसन्नता का प्रकाश-ही-प्रकाश भर जाए, उसे देखकर सबके हृदय में भय का संचार न हो जाए।

उस्रियाः-शब्द का अर्थ 'भोग' भी है, ये उत्त्रावियः-शक्ति को बाहर ले-जानेवाले होते हैं। पति-पत्नी के साथ उन्नति के मार्ग पर जाता हुआ इन भोगों को छोड़ देता है। यह गृहस्थ में भी भोग

की वृत्तिवाला नहीं होता। भोगप्रवण जीवन न होने से वह गृहस्थ चमक उठता है।

सूर्य-किरणों को फेंकता हुआ भी नक्षत्रम्-कभी क्षीण नहीं होता, अर्चिवत्-सदा प्रकाश की ज्वालाओं से सम्पन्न रहता है। अनन्तकाल से सूर्य प्रति-दिन लाखों टन प्रकाश फेंकता हुआ भी वैसा ही बना है। गृहस्थ भी भोगों को परे फेंकता है—उनमें फँस नहीं जाता तो अक्षीण शक्ति बना रहता है (न+क्ष) तथा अर्चिवत्-उसकी चमक उसका साथ नहीं छोड़ती। उसकी बुद्धि आदि की शक्तियाँ सठिया नहीं जातीं।

यहाँ उषा व सूर्य के मिष से पति-पत्नी का उल्लेख हुआ है। ये दोनों एक शब्द में 'अश्विनौ' कहलाते हैं। ये अश्विनौ ही प्रस्तुत मन्त्र की देवता है। ये आराधना करते हैं कि हे उषः-उषाकाल! तव इत् व्युषि-तेरे निकलने पर सूर्यस्य च-और सूर्य के निकलने पर भक्तेन-उपासना से (भज्+क्त) संगमेमहि-हम सङ्गत हों। वस्तुतः उषःकाल प्रारम्भ होते ही गृहस्थ को सपरिवार उपासना में लीन होने का प्रयत्न करना चाहिए और कम-से-कम सूर्योदय तक यह उपासना चलनी चाहिए। जिस भी गृहस्थ में यह उपासना क्रम चलता है, वहाँ सन्तान सद्गुणी बनती है।

इन मन्त्रों का ऋषि वसिष्ठ है, जिसका शब्दार्थ वशियों में श्रेष्ठ व बसानेवालों में उत्तम है। उत्तम वशी गृहस्थ ही उत्तम बसानेवाला भी होता है।

भावार्थ—प्रत्येक पति सूर्य का शिष्य बने तथा पति-पत्नी उपासना को दैनिक कार्यक्रम में प्रमुख स्थान दें।

सूक्त-१५

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

पति+पत्नी व प्राण-अपान

७५३. इमा उ वां दिविष्टय उस्रा हवन्ते अश्विना।
अयं वामह्वेऽवसे शचीवसू विशंविशं हि गच्छथः॥ १॥

प्रस्तुत तथा अगले मन्त्र की देवता 'अश्विनौ' है। यह शब्द पति-पत्नी के लिए प्रयुक्त होता है। यास्क ने इन्हें प्राणापान का वाचक माना है। 'न श्वः' आज हैं और कल नहीं—इस अस्थिरता के कारण भी प्राणापान 'अश्विनौ' हैं और 'अश् व्याप्तौ' से बनकर यह शब्द प्राणापान का वाचक इसलिए भी है कि ये कर्मों में व्याप्त होते हैं। मन्त्र का ऋषि वसिष्ठ कहता है कि हे उस्रा=(उस्रौ) उत्तम निवास देनेवाले व अश्विना-कर्मों में व्याप्त होनेवाले प्राणापानो! इमाः-ये दिविष्टयः-(दिव+इष्) प्रकाश चाहनेवाले साधक उ-निश्चय से वाम्-आप दोनों को हवन्ते-पुकारते हैं। एक साधक प्रकाश की कामना करता हुआ—यह चाहता हुआ कि उसका मस्तिष्क सुलझा हुआ हो, उसे प्रत्येक वस्तु का तत्त्व स्पष्टरूप में दिखे, इसके लिए वह प्राणापान की साधना करता है, प्राणायाम के द्वारा इनका संयम करता है। सूर्यनाड़ी में प्राणों का संयम करके वह सारे भुवन को ही प्रत्यक्ष देखने लगता है—'भुवनज्ञानं सूर्ये संयमात्' (योगदर्शन)। वस्तुतः प्राण संयत होकर ज्ञानाग्नि को सन्दीप्त कर देते हैं, जैसे वायु भौतिक अग्नि को, अतः मन्त्र का ऋषि वसिष्ठ भी निश्चय करता है कि अयम्-यह मैं शचीवसू-शक्ति के सम्पादन द्वारा उत्तम निवास देनेवाले प्राणापानो! आपको अवसे-रक्षा के लिए—शरीर को रोगों से आक्रान्त न होने देने के लिए अह्वे-पुकारता हूँ। प्राणापान की साधना से शरीर की शक्ति बढ़ती है। शक्ति-सम्पन्न व्यक्ति का निवास उत्तम होता है।

प्राणशक्ति (Vitality) की वृद्धि से शरीर पर रोगों का आक्रमण नहीं होता। एवं, शरीर की रोगों से सुरक्षा होती है।

एवं, प्राणसाधना के तीन लाभ हैं—१. प्रकाश की प्राप्ति, २. शरीर का शक्ति-सम्पन्न बनना तथा ३. रोगों से रक्षा। इन तीन लाभों को प्राप्त करानेवाले ये प्राणापान विशं विशम्-प्रत्येक प्रजा को हि-निश्चय से गच्छथः-प्राप्त हैं। प्राणापान की सत्ता तो शरीर में है ही। उनका संयम के द्वारा उचित प्रयोग जीव की साधना पर निर्भर है। जो भी व्यक्ति साधना करेगा वह शरीर में उत्तम निवास करनेवालों का अग्रणी 'वशिष्ठ' कहलाएगा। प्राणापान को वश में करने से यह वशियों में श्रेष्ठ वशिष्ठ भी कहलाता है। प्राणापान का नाम मित्र और वरुण भी है, अतः ये 'मैत्रावरुणि' भी कहा जाता है।

भावार्थ—प्राणापान की साधना से हमारा जीवन 'प्रकाशमय', 'शक्ति-सम्पन्न', स्वस्थ और 'नीरोग' हो।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

'सौम्य-मधु' का पान

७५४. युवं चित्रं ददथुर्भोजनं नरा चोदेथां सूनृतावते।
अर्वाग्रथं समनसा नि यच्छतं पिबतं सोम्यं मधु॥ २॥

वसिष्ठ प्राणापानों से कह रहे हैं कि युवम्-आप दोनों चित्रं भोजनम्-ज्ञान देनेवाले (चित्+र) अद्भुत प्रकाशमय पालन (भुज्) को ददथुः-देते हो। प्राणापान की साधना से बुद्धि तीव्र होती है जोकि सूक्ष्मातिसूक्ष्म विषयों को भी समझने लगती है। यह ज्ञान मनुष्य की वासनाओं को नष्ट करता है और उसे आसुरवृत्तियों व व्यसनों का शिकार नहीं होने देता। एवं, ये प्राणापान नरा-(नरौ+नृ नये) मनुष्य को आगे ले-चलनेवाले होते हैं और (न+रम्) उसे आसक्ति से बचानेवाले होते हैं। इस साधना से यह मनुष्य 'सूनृतावान्' बनता है—इसकी वाणी (सु+ऊन्+ऋत) उत्तम, दुःखों को दूर करनेवाली व सत्य होती है, इस सूनृतावते-अहिंसात्मक प्रिय सत्य बोलनेवाले मनुष्य के लिए प्राणापान चोदेथाम्-प्रभु की प्रेरणा को प्राप्त कराते हैं। वस्तुतः प्राणापान की साधना ही सर्वोत्तम तप है, इस तप को करनेवाले को मन्त्रद्रष्टृत्व प्राप्त होता है—वेद इन्हें स्वयं उपस्थित होता है। ये प्राणापान समनसा-मनवाले हैं, अर्थात् प्राणायाम से चित्तवृत्ति-निरोध होकर ये मन भटकता नहीं है। रथम्-शरीररूप रथ को—इसमें जुते सब इन्द्रियरूप घोड़ों को ये प्राणापान अर्वाग्-अन्दर ही नियच्छतम्-काबू करते हैं। प्राणसाधना से मनुष्य बहिर्मुखी वृत्तिवाला न रहकर अन्तर्मुख वृत्ति हो जाता है। मनुष्य 'शमी, दमी' बन जाता है। शमी, दमी मनुष्य के प्राणापान सोम्यं मधु-वीर्यरूप मधुर रस का पिबतम्-पान करते हैं।

उसका वीर्य शरीर के अन्दर ही व्याप्त व विनियुक्त हो जाता है। यह वीर्यवान् पुरुष 'वसिष्ठ'-सर्वोत्तम निवासवाला होता है।

एवं, प्राणायाम के द्वारा निम्न लाभों का होना स्पष्ट है—१. ज्ञानाग्नि की प्रचण्डता से वासना-विनाश के द्वारा व्यसनों से रक्षा और जीवन में उन्नति, २. अहिंसात्मक सत्यवाणी की रुचि होकर प्रभु की प्रेरणा का सुनाई पड़ना, ३. मनसहित इन्द्रियों का नियमन, ४. वीर्य-शक्ति का शरीर में ही संयम।

भावार्थ—प्राणायाम के द्वारा हम उल्लिखित लाभों को प्राप्त करने का प्रयत्न करें। प्राणायाम करनेवाले नर-नारी ही उत्तम 'पति-पत्नी' बनते हैं। ये गृहस्थ, उषा और सूर्य के समान जीवन बिताते हैं।

सूक्त-१६

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वेदवाणी का दोहन—'वीर्य-रक्षा व वेदज्ञान'

७५५. अस्य प्रत्नामनु द्युतं शुक्रं दुदुह्रे अह्रयः। पयः सहस्रसामृषिम्॥ १॥

इस तृच का ऋषि है 'अवत्सार काश्यप'=सार—वीर्य-शक्ति का अवन-रक्षण करनेवाला, काश्यप=ज्ञानी। यह अवत्सार अस्य=सबके हृदयों में स्थित (समीपस्थ) प्रभु के प्रत्नाम्=सनातन द्युतं अनु=प्रकाश का लक्ष्य करके शुक्रम्=वीर्य को दुदुह्रे=अपने में पूरण करता है (दुह प्रपूरणे)। शरीर का नाम 'कलश' है। शरीररूप कलश में सोम के पूरण का अभिप्राय यही है कि इसे शरीर में ही व्याप्त किया जाए। वीर्य-रक्षा से शरीर तो नीरोग रहेगा ही मन भी निर्मल रहेगा और मस्तिष्क का ईंधन बनकर यह बुद्धि को भी तीव्र बनाएगा। उस तीव्र बुद्धि से यह 'अवत्सार' वेदों का अभिप्राय समझकर काश्यप=ज्ञानी बनेगा। बुद्धिमत्ता इसी में है कि वीर्य-शक्ति का मस्तिष्क को दीप्त करने में विनियोग किया जाए न कि क्षणिक आनन्दों में।

यह अह्रयः=बुद्धिमान् (Wise) मनुष्य वीर्य-शक्ति का अपने में पूरण करके ऋषिम्=वेद को (ऋषिः=वेद), तत्त्वज्ञान को प्राप्त करानेवाले, इस ज्ञान को, दुदुह्रे=दोहता है—अपने में भरता है जोकि पयः=(ओप्यायी वृद्धौ) हमारा वर्धन करनेवाला है—शरीर, मन व मस्तिष्क की शक्तियों के विकास के द्वारा वैयक्तिक उन्नति को प्राप्त करानेवाला है और शान्ति व सहयोग की भावना को जन्म देकर सामाजिक वृद्धि का कारण है तथा सहस्रसाम्=अभ्युदय की साधनभूत, विज्ञान के द्वारा प्राप्य, शतशः सुख सामग्री को प्राप्त करानेवाला है। एवं, यह वेदवाणी इस 'अवत्सार' के अभ्युदय व निःश्रेयस दोनों का ही साधन हो जाती है।

भावार्थ—वीर्य-रक्षा द्वारा हम वेदवाणी का दोहन करें और ऐहिक व आमुष्मिक उन्नति को सिद्ध करें।

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सप्त भूमिकाओं का आरोहण (The Seven Elevations)

७५६. अयं सूर्य इवोपदृगयं सरांसि धावति। सप्त प्रवत आ दिवम्॥ २॥

उपर्युक्त मन्त्र की भावना के अनुसार वेदों के दोहन में प्रवृत्त अयम्=यह 'अवत्सार' उपदृक्=कुछ-कुछ सूर्यः इव=सूर्य के समान दिखने लगता है। 'अहमिद्धि पितुष्परि मेधामृतस्य जग्रह। अहं सूर्य इवाजनि'=वेदवाणी (ऋत की मेधा) का ग्रहण करके सूर्य की भाँति तो व्यक्ति हो ही जाता है—सूर्य के समान उससे भी चारों ओर प्रकाश फैलने लगता है।

ऐसा क्यों न हो? अयम्=यह तो निरन्तर सरांसि=ज्ञानों की ओर धावति=दौड़ रहा है। सरस् शब्द ज्ञान के लिए प्रयुक्त होता है। यह बात इसी से स्पष्ट है कि ज्ञान की देवता को 'सरस्वती' कहते हैं। गुरु-शिष्य परम्परा से यह ज्ञान आगे और आगे सरकता है, इसलिए इसका नाम 'सरस्'

हो गया है।

इस अधिकाधिक ज्ञान प्राप्ति का ही परिणाम है कि यह सप्त प्रवतः=सात ऊँचाइयों (Elevations) को प्राप्त करता है। यह सात ऊँचाइयाँ ही 'भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम्' इन शब्दों से क्रमशः कही जाती हैं। मनुष्य एक जन्म में नहीं तो, कुछ जन्मों में इन लोकों का आक्रमण कर ही पाता है। ऊँचा उठते-उठते यह आ-दिवम्=उस प्रकाशमय लोक तक पहुँचता है जिससे ऊपर अन्य लोक न होकर ब्रह्म की ही सत्ता है। इस स्थिति में पहुँचनेवाला वहाँ पहुँचता है जहाँ 'यत्रामृतः स पुरुषो ह्यव्ययात्मा' उस अव्यय अमृत प्रभु की सत्ता है।

भावार्थ—हम ज्ञान को प्राप्त कर ऊँचे उठते हुए प्रकाशमयलोक में पहुँचे।

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सर्वोच्च स्थान में

७५७. अयं विश्वानि तिष्ठति पुनानो भुवनोपरि। सोमो देवो न सूर्यः॥ ३॥

अयम्-यह अवत्सार गत मन्त्र के सात प्रवतों में ऊपर और ऊपर चढ़ता हुआ विश्वानि भुवना उपरि=सब भुवनों के ऊपर तिष्ठति-ठहरता है। ऐसा वह इसलिए कर पाता है कि वह पुनानः=अपने को पवित्र करने के स्वभाववाला है। ज्ञान से वह अधिकाधिक निर्मल होता जाता है और ऊँचे और ऊँचे लोक में पहुँचता हुआ 'ऊर्ध्वा दिक्' का अधिपति बनता है। इस दिशा का अधिपति बृहस्पति ही तो है। बृहस्पति और काश्यप एक ही हैं—दोनों का अर्थ ज्ञानी है।

सर्वोच्च स्थान में स्थित होता हुआ भी यह सोमः=विनीत होता है। विशेषता तो यह है कि सबसे उन्नत और सबसे विनीत। 'ब्रह्मणा अर्वाङ् विपश्यति'=ज्ञान के कारण यह सदा नीचे देखता है, अर्थात् नम्र होता है। सोम शब्द का अर्थ 'स+उमा'='ब्रह्मज्ञानसहित' है, इस ब्रह्मज्ञान के कारण यह देवः न सूर्यः=सूर्य के समान चमकनेवाला है। जैसे सूर्य द्युलोक में स्थित है उसी प्रकार यह भी मस्तिष्करूप द्युलोक में स्थित होता है—ज्ञान-प्रधान जीवन बिताता है।

भावार्थ—हम सदा ज्ञानावस्थित चित्तवाले बनें।

सूक्त-१७

ऋषिः—असितः काश्यपोऽमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

Rushing unto God "Seaking after God"

दीर्घ विकास (A long period of Evolution)

७५८. एष प्रत्नेन जन्मना देवो देवेभ्यः सुतः। हरिः पवित्रे अर्षति॥ १॥

एषः=यह—इस मन्त्र का ऋषि प्रत्नेन जन्मना=एक पुराने, अर्थात् दीर्घकाल तक चलनेवाले विकास से, अर्थात् पिछले कितने ही जन्मों के प्रयत्नों के परिणामरूप देवेभ्यः=माता-पिता, आचार्य तथा अतिथिरूप देवों से सुतः=उत्पन्न हुआ-हुआ देवः=देव हरिः=इन्द्रियों को विषयों से प्रत्याहृत करनेवाला होकर पवित्रे अर्षति=तीव्रता से पवित्र प्रभु की ओर जाता है।

असित वह है जो विषयों से बद्ध नहीं है। यह काम में न फँसा होकर सभी से स्नेह करनेवाला है। देवरात का अर्थ है देवों के प्रति अर्पण करनेवाला, अर्थात् 'ज्ञानी'। यह अब 'पार्थिव भोगों को

न चाहनेवाला' है। ऐसा यह एक ही जन्म में बन गया हो ऐसी बात नहीं है। कितने ही जन्मों में थोड़ा-थोड़ा करके इसका यह विकास हुआ है। मन्त्र में यह भावना 'प्रत्नेन' इस शब्द के द्वारा व्यक्त की गयी है। मनुष्य देव बनता है यदि उसका निर्माण देवों से किया जाए। उत्तम माता-पिता, आचार्य, अतिथियोंवाला पुरुष ही उत्तम बन पाता है। देव का जन्म देवों से किया जाता है।

यह व्यक्ति इन्द्रियों को विषयों में जाने से रोकता है, इस प्रत्याहार के कारण 'हरि' कहलाता है। हरि ही उस पवित्र प्रभु की ओर तीव्रता से जाता है। यह 'अ+सित'=विषयों से अबद्ध ही आगे बढ़ पाता है। 'काश्यप'=ज्ञानी होने से यह विषयों में फँसता नहीं। यह पार्थिव भोगों की कामना न करनेवाला 'अमहीयु' है।

भावार्थ—हम भी असित बनकर निरन्तर प्रभु की ओर चलें।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सनातन ज्ञान (The Eternal Knowledge)

७५९. एष प्रत्नेन मन्मना देवो देवेभ्यस्परि। कविर्विप्रेण वावृधे॥ २॥

एषः=यह मेध्यातिथि काण्व प्रत्नेन=उस सनातन मन्मना=ज्ञान-साधन वेद से या दीर्घकालीन मनन से देवेभ्यः=माता-पिता, आचार्य व अतिथियों से नियमपूर्वक ज्ञान प्राप्त करके देवः=ज्ञानी बनता है। कविः=क्रान्तदर्शी बनकर विप्रेण=एक विशेष पूरण के द्वारा परिवावृधे=सर्वतोभावेन विकास करता है।

ज्ञान प्राप्त करने के लिए १. सनातन वेदवाणी का अध्ययन आवश्यक है, २. उसके अर्थों का दीर्घकाल तक निरन्तर आदर-(श्रद्धा)-पूर्वक मनन करना है और ३. देवों के सम्पर्क में रहकर नियमपूर्वक उनसे ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न करना है। जो भी व्यक्ति इन तीन बातों का ध्यान करेगा वह ज्ञानी क्यों न बनेगा? वह संसार की वस्तुओं को बारीकी से देखकर कविः=क्रान्तदर्शी होगा। यह क्रान्तदर्शित्व ही उसे विषयों का शिकार न होने देकर उन्नति के मार्ग पर ले-चलेगा। यह अपने जीवन में अधिकाधिक दिव्यता का पूरण करता हुआ 'शरीर, मन व बुद्ध' सभी का विकास कर पाएगा। 'विप्र' शब्द की भावना 'विशेष-पूरण' की है। तीनों का विकास ही विशिष्ट पूरण है।

भावार्थ—वेदज्ञान को प्राप्त कर, उसे अपने जीवन में ढालकर, हम अपना पूरण करें।

ऋषिः—मेध्यातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु में समा जाना

७६०. दुहानः प्रत्नमित्पयः पवित्रे परि षिच्यसे। क्रन्दं देवाँ अजीजनः॥ ३॥

यह मेध्यातिथि इत्-निश्चय से प्रत्नम् पयः=सनातन, वृद्धि के साधनभूत वेदज्ञान को दुहानः=अपने में भरता हुआ पवित्रे=पवित्र प्रभु में परिषिच्यसे=परिषिक्त होता है। जैसे नदी समुद्र में, उसी प्रकार यह उस प्रभु में समा जाता है। वह सदा क्रन्दम्=उस प्रभु को पुकारता हुआ देवान्=दिव्य-गुणों को अजीजनः=अपने में उत्पन्न करता है।

दिव्य गुणों को बढ़ाते-बढ़ाते देव बनकर ही वस्तुतः कोई भी व्यक्ति प्रभु का सच्चा उपासक होता है। दिव्य-गुणों को बढ़ाने के लिए प्रभु को पुकारना आवश्यक है। बिना प्रभु को आगे किये, वासनाओं को हम स्वयं थोड़े ही जीत सकते हैं? प्रभु-स्मरण करने के साथ ज्ञान को बढ़ाना भी

नितान्त आवश्यक है। ज्ञानाग्नि ही तो हमें पवित्र बनाती है। ये दोनों बातें (प्रभु-स्मरण व ज्ञान-प्राप्ति) उसे इस योग्य बनाती हैं कि यह प्रभु का ज्ञान प्राप्त करे, साक्षात्कार करे और उसमें समा जाए। प्रभु की सर्वव्यापकता के नाते ज्ञान-प्राप्ति से पूर्व भी हम प्रभु में हैं, परन्तु उस प्रकार तो सब पशु-पक्षी भी उसी में हैं। ज्ञान होने पर जब हम प्रभु में समाएँगे, तब वास्तविक आनन्द का लाभ कर सकेंगे।

भावार्थ—मैं ज्ञानी बनूँ, देव बनूँ, जिससे प्रभु को पा सकूँ।

सूक्त-१८

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

असित, काश्यप, देवल

७६१. उप शिक्षापतस्थुषो भियसमा धेहि शत्रवे। पवमान विदा रयिम्॥ १॥

इस मन्त्र का ऋषि 'असित्'-विषयों से बद्ध नहीं होता, क्योंकि यह 'काश्यप'-ज्ञानी है। ज्ञानी होने के कारण ही यह 'देव-ल'-दिव्य गुणों का उपादान करनेवाला भी बना है। इससे प्रभु कहते हैं कि हे पवमान-अपने को पवित्र बनाने के स्वभाववाले 'असित्' तू अपतस्थुषः-तेरे विरोध में खड़े होनेवाले इन 'काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मत्सर' आदि शत्रुओं को उपशिक्ष-ऐसा पाठ पढ़ा (Teach them a lesson) कि ये फिर कभी तेरे विरोध में खड़े होने का साहस ही न करें। तू इन शत्रवे-कामादि शत्रुओं के लिए भियसम्-भय को आधेहि-आहित कर। ये तेरे पास फटक भी न सकें, इन्हें तेरे समीप आते हुए भय प्रतीत हो। इस प्रकार शत्रुओं को दूर करके तू रयिम्-मोक्षरूप धन का विदाः-लाभ कर। काश्यप की ज्ञानाग्नि काम को भस्म कर देती है। निर्मल जीवनवाला होकर यह मोक्ष का अधिकारी बनता है।

भावार्थ—हम 'कामारि' बनें—वासना के ध्वंस करनेवाले और कामारि (प्रभु) को प्राप्त करने के अधिकारी हों।

ऋषिः—अमहीयुरांगिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अमहीयुः आंगिरसः

७६२. उपो षु जातमप्तुरं गोभिर्भङ्गं परिष्कृतम्। इन्दुं देवा अयासिषुः॥ २॥

अमहीयुः-वह है ओ मही, अर्थात् पार्थिव भोगों की कामना नहीं करता, अतएव आङ्गिरसः-अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्तिसम्पन्न है। इस व्यक्ति का चित्रण निम्न शब्दों में हुआ है—

१. उप उ सुजातम्-माता-पिता, आचार्य, अतिथि व प्रभु की समीपता में रहकर जिसका सुन्दर विकास हुआ है। इनसे दूर होने पर ही मनुष्य ह्रास की ओर जाया करता है और किसी-न-किसी पार्थिव भोग का शिकार हो जाता है। २. अप् तुरम्-यह कामों को त्वरा से करता है। इसके माता-पिता व आचार्यों ने इसे कर्मशीलता का ही उपदेश दिया है। सदा कर्मों में व्याप्त रहना ही अवनति से बचने का मार्ग भी तो है। ३. गोभि-भङ्गम्-वेदवाणियों के द्वारा यह वासनाओं का पराजय करता है (भङ्ग-पराजय)। विद्याव्यसन अन्य सब व्यसनों का निवर्तक हो जाता है। ४. परिष्कृतम्-इसका जीवन पवित्र व निर्मल होता है। व्यसन ही मल थे, उन्हें इसने दूर भगा दिया है। ५. इन्दुम्-अपने जीवन को निर्मल व निर्व्यसन बनाकर यह शक्तिशाली बन गया है। इस अमहीयु

को देवाः=सब दिव्य गुण अयासिषु=प्राप्त होते हैं। इसमें दिव्यता का अवतार होता है।

भावार्थ—अमहीयु के जीवन की पाँचों बातों को अपने जीवन में लाकर हम दिव्यता को प्राप्त करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महापुरुषों के चरित्र का गान

७६३. उपास्मै गायता नरः पवमानायेन्दवे। अभि देवाँ इयक्षते॥ ३॥

प्रभु आदेश देते हैं कि हे नरः=अपने जीवनों को आगे ले-चलनेवाले मनुष्यो! तुम अस्मै=इस पार्थिव भोगों में अलिप्त, विषय-वासनाओं से अबद्ध, ज्ञानी, दिव्य गुणोंवाले पुरुष के लिए उपगायत=गायन करो। इसके चरित्र का मनन करो, और अपने चरित्र को उसके पदचिह्नों पर चलते हुए उत्तम बनाओ। तुम उस महापुरुष के चरित्र का गायन करो जो—

१. पवमानाय=अपने को पवित्र बनाने के स्वभाववाला है। जिसको मन की अपवित्रता खटकती है, मलिनता चुभती है। जो मन में राग-द्वेष रख ही नहीं सकता, उन्हें दूर करके ही स्वस्थ होता है। २. इन्दवे=जो शक्तिशाली है। इन्दु=बिन्दु=सोमकणों का मूर्त्तिमान् पुञ्ज है, आत्मसंयम के द्वारा जिसने शक्ति का संचय किया है। ३. अभि देवान्=जो दिव्य गुणों का लक्ष्य करके (यज्=संगतीकरण) प्रभु के साथ अपना संग जोड़ते हैं। प्रभु के सम्पर्क में आने से उनका जीवन दिव्य बन जाता है।

ऐसे पुरुषों के चरित्रों का स्मरण करने से हमें भी प्रेरणा प्राप्त होती है और हम अपने जीवनों को सुन्दर बना पाते हैं।

भावार्थ—महनीय चरित्रों का मनन कर हम भी महनीय कर्म करनेवाले बनें।

सूक्त-१९

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वे तो देव हैं (As if they are god)

७६४. प्र सोमासो विपश्चितोऽपो नयन्त ऊर्मयः। वनानि महिषाइव॥ १॥

इस तृच का ऋषि 'त्रित आप्त्य' है—जिसने 'ज्ञान-कर्म व भक्ति' का विस्तार किया है और प्रभु के पानेवालों में उत्तम है (त्रीन् तनोति, आप्तेषु साधुः)। इसी 'त्रित आप्त्य' का चित्रण मन्त्र में इस रूप में किया गया है—

१. सोमासः=ये बड़े सौम्य व विनीत होते हैं। ज्ञान ने इनके अन्दर विनय को जन्म दिया है। २. विपश्चितः=ये विशेषरूप से प्रत्येक वस्तु को देखकर चिन्तन करनेवाले होते हैं। इस प्रवृत्ति ने ही तो वस्तुतः उन्हें ज्ञानी बनाया है। और ३. ऊर्मयः=ये तरंगोंवाले होते हैं—मूर्त्तिमान् तरंग होते हैं—उत्साह के पुतले। इनमें लोकहित की बड़ी ऊँची-ऊँची भावनाएँ निहित होती हैं। ये निराशावादी न होकर सदा आशावादी और क्रियामय जीवनवाले होते हैं।

सौम्यता इन्हें भक्त बनाती है, विपश्चित्ता ज्ञानी और ऊर्मित्व क्रियाशील। इस प्रकार ये ज्ञान, कर्म व भक्ति तीनों का विस्तार करनेवाले होते हैं। तीनों का विस्तार करने से ही ये त्रित हैं। ये त्रित (क) अपः प्रणयन्ते=लोगों को कर्मों की ओर ले-चलते हैं, ये कभी अकर्मण्यता का उपदेश नहीं करते। स्वयं भी अनासक्तिपूर्वक कर्मों में लगे रहते हैं, जिससे उनके उदाहरण से जनता अकर्मण्य न हो जाए। (ख) वनानि प्रणयन्ते=प्रजाओं को प्रकाश-किरणों को प्राप्त करते हैं। सदा सत्य-

मार्ग का दर्शन कराने के लिए सन्नद्ध होते हैं। एवं, ज्ञान और कर्म का प्रचार करते हुए ये 'महिषाः इव'-पूजनीय देवों के समान हो जाते हैं। लोग उन्हें 'अतिमानव' (Superman), वीर-(Hero) समझते हैं। उन्हें वे मनुष्य थोड़े ही लगते हैं, वे तो उनके लिए देव-से हो जाते हैं। लोग उन्हें पूजने लगते हैं।

भावार्थ—हम भी सौम्य, विपश्चित् और उत्साह-सम्पन्न बनें।

ऋषिः—ब्रित आप्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देवों का जीवन

(They fill themselves with knowledge and power)

७६५. अभि द्रोणानि बभ्रवः शुक्रा ऋतस्य धारया। वाजं गोमन्तमक्षरन्॥ २॥

महनीय पुरुषों-देवों का जीवन निम्न प्रकार से चलता है—

१. **अभि द्रोणानि**-यज्ञ की ओर, राष्ट्र की ओर तथा प्राणशक्ति की ओर। ये कोई भी ऐसा कार्य नहीं करते जो इनकी प्राणशक्ति में न्यूनता लानेवाला हो। अपनी प्राणशक्ति को बढ़ाकर ये सब कार्य राष्ट्र के हित के दृष्टिकोण से करते हैं, एवं इनके सब कार्य यज्ञरूप हो जाते हैं। द्रोणशब्द ब्राह्मणग्रन्थों में 'प्राण व राष्ट्र' का वाचक माना गया है। २. **बभ्रवः**-तेजस्वी व धारण करनेवाले। ये तेजस्वी बनते हैं और अपने तेज का विनियोग औरों के धारण, अर्थात् रक्षण में करते हैं। ३. **शुक्राः**-शीघ्र कार्यकर्त्ता व मूर्तिमान् तेज। वीर्य की रक्षा के द्वारा ये तेजस्वी बन शीघ्र कार्य करनेवाले होते हैं। इनमें आलस्य का नाम व चिह्न भी नहीं होता। ४. **ऋतस्य धारया**-ऋत के धारण से, अर्थात् प्रत्येक कार्य को बड़े नियमितरूप में करते हैं। ५. **गोमन्तम् वाजम्**-वेदवाणियों से युक्त शक्ति को, अर्थात् ज्ञान व बल को **अक्षरन्**-अपने में टपकाते हैं। (गावः-वेदवाचः)। अपने अन्दर शक्ति व ज्ञान को भरने के लिए ये अपने जीवन को बड़ा नियमित बनाते हैं।

भावार्थ—यज्ञ, तेजस्विता, अनालस्य, नियमितता तथा ज्ञानयुक्त बन—इन पाँच बातों से अपने जीवन को युक्त करनेवाले हम अपने 'पञ्चजन' इस नाम को चरितार्थ करें।

ऋषिः—ब्रित आप्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ब्रह्मचर्य के पाँच साधन

७६६. सुता इन्द्राय वायवे वरुणाय मरुद्भ्यः। सोमा अर्षन्तु विष्णवे॥ ३॥

जिस ब्रह्मचर्य से 'देव' बने, उस ब्रह्मचर्य के पाँच साधन हैं। इस मन्त्र में उनका वर्णन इस प्रकार है—**सुताः सोमाः**-ये उत्पन्न हुए-हुए सोम (शक्तिकण) **अर्षन्तु**-प्राप्त हों, किसके लिए—

१. **इन्द्राय**-इन्द्र के लिए—इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव के लिए। शक्ति की रक्षा के लिए हम इन्द्रियों—विशेषतः स्वादेन्द्रिय—जीभ को वश में करें। इसको वश में किये बिना ब्रह्मचर्य-पालन सम्भव नहीं। २. **वायवे**-वायु के लिए—सदा गतिशील के लिए। जो ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहता है, उसे आलसी कभी नहीं होना। आलस्य वासनाओं को आमन्त्रित करता है और हम शक्ति की रक्षा नहीं कर पाते। ३. **वरुणाय**-वरुण के लिए—पाशी के लिए। जो अपने को विविध व्रतों के बन्धनों में बाँधता है, वही ब्रह्मचारी हो पाता है। छोटे-छोटे व्रतों का पालन इस महान् व्रत के पालन में सहायक होता है। वरुण का अर्थ श्रेष्ठ भी है—श्रेष्ठ वह है, जो ईर्ष्या-द्वेष से पृथक् है। ईर्ष्या-द्वेष आदि की भावनाएँ तुच्छ व क्षुद्र हैं, ये ब्रह्म=महान् की ओर चलने की ठीक विरोधी

हैं। ४. मरुद्भ्यः-प्राण-संयम करनेवालों के लिए। मरुत् ४९ प्रकार के प्राण हैं, इनकी साधना करनेवाला ही ब्रह्मचारी होता है। प्राणायाम और ब्रह्मचर्य में साध्य-साधन व कार्य-कारणभाव निश्चित ही है। ५. विष्णवे-व्यापक मनोवृत्तिवाले के लिए। ब्रह्मचर्य के पालन में मानस उदारता व विशालता भी बड़ा महत्त्व रखती है। मन का संकोच ही प्रेम को संकुचित करके कामवासना के रूप में परिवर्तित कर देता है, यह वासना ब्रह्मचर्य को नष्ट करती है।

भावार्थ—ब्रह्मचर्य के लिए पाँच बातें आवश्यक हैं—१. जितेन्द्रियता, २. क्रियाशीलता, ३. व्रतपतित्व, ४. प्राणायाम तथा ५. व्यापक मनोवृत्ति।

सूक्त-२०

ऋषिः—भरद्वाजादयः सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

षट्कसम्पत्ति

७६७. प्र सोम देववीतये सिन्धुर्न पिप्ये अर्णसा।
अंशोः पयसा मदिरो न जागृविरच्छा कोशं मधुश्चुतम्॥ १॥

इन मन्त्रों का ऋषि 'सप्तर्षयः' है। शरीर में (सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे) सात ही ऋषियों की स्थापना है। सभी का ठीक विकास करके हम अपने जीवन को अधिकाधिक पूर्ण बनाते हैं। ये क्या-क्या करते हैं? यह मन्त्र में देखिए—

सोम-हे सौम्यस्वभाव-जीव! तू देववीतये-दिव्य-गुणों की प्राप्ति के लिए न-जैसे सिन्धुः-समुद्र अर्णसा-जल से प्रपिप्ये-बढ़ता है, उसी प्रकार अंशोः पयसा-ज्ञान-किरणों के जल से अपने को आप्यायित कर। मदिरः-न-सदा मस्त-सा बना रह, परन्तु जागृविः-सदा सावधान—जागता हुआ (Cheerful but not careless)। तू सदा मधुश्चुतम्-मधु का क्षरण करनेवाले कोशं अच्छ-कोश की ओर चलनेवाला बन।

इस मन्त्रार्थ में निम्न बातों का संकेत है—

१. सोम-जीव को सौम्य बनना है। सोम का अर्थ शक्तिपुञ्ज भी है। इसे शक्ति-सम्पन्न बनकर अत्यन्त विनीत बनना है। २. देववीतये-दिव्य-गुणों की प्राप्ति के लिए सदा प्रयत्न करना है। ३. अंशोः पयसा-ज्ञान के जलों से अपने को आप्यायित करना है। ४. मदिरो न-इस सुख-दुःख के मिश्रणरूप संसार में सदा प्रसन्न व मस्त रहना है। ५. जागृविः-मस्त, परन्तु प्रमाद व लापरवाही से दूर। सदा सावधान रहना कल्याण का मार्ग है (भूत्यै जागरणम्)। ६. सबसे महत्त्वपूर्ण बात 'मधुश्चुत् कोश' की ओर चलना है। 'मधुश्चुत् कोश' प्रभु हैं। 'रसो वै सः'—वे रस हैं, उनसे रस का ही प्रादुर्भाव होता है। जो भी व्यक्ति उस 'रस' को अपनाता है, उसके व्यवहार में भी माधुर्य आ जाता है। उसके जिह्वामूल में 'मधूलक'-शहद का मानो छत्ता होता है और उसके जिह्वा के अग्र पर भी मधु ही होता है। हृदय में 'मधुश्चुत् कोश' का निवास हो तो वाणी से 'मधु' क्यों न टपके?

उल्लिखित छह बातें हमारे जीवन की 'षट्कसम्पत्ति' हैं। इनसे सम्पन्न होने पर शरीर के 'सप्तर्षि' वस्तुतः सप्तर्षि होते हैं। ऐसा होने पर ही हमारा जीवन पूर्णता की ओर बढ़ रहा होता है।

भावार्थ—हम मन्त्र-वर्णित षट्कसम्पत्ति का अर्जन करें।

ऋषिः—भरद्वाजादयः सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सोम किस में रक्षित होता है

७६८. आ हर्यतो अर्जुनो अत्के अव्यत प्रियः सूनुर्न मर्ज्यः।
तमी हिन्वन्त्यपसो यथा रथं नदीष्वा गभस्त्योः॥ २॥

गत मन्त्र में 'षट्कसम्पत्ति' का वर्णन हुआ है। वह षट्कसम्पत्ति सबसे प्रथम 'सोम' रूप सम्पत्ति की नींव पर आश्रित है। यह सोम हमारे शरीर में Semen=वीर्य के रूप में स्थित है। यह १. हर्यतः=(हर्य गतिकान्त्योः) गति का स्रोत व कान्त है। इसके होने पर ही जीवन प्रगतिमय व सुन्दर होता है। २. अर्जुनः=यह अर्जुन के योग्य होता है। अर्जुन का अर्थ 'श्वेत' भी है। यह शुभ्र वर्ण का सोम वस्तुतः अर्जनीय होता है। यही हमारे जीवन की सर्वमहान् कमाई है। ३. 'सूनुः न प्रियः'=पुत्र के समान हमें यह प्रिय होना चाहिए। ४. मर्ज्यः=यह सोम शुद्ध रखने योग्य है। वासनाएँ इसे अपवित्र करती हैं। इसे वासनाओं का शिकार नहीं होने देना।

यह सोम अत्के=(अत्क=Members of the body) शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्गों में आ=सर्वथा अव्यत=रक्षित किया जाए। शरीर में उत्पन्न होकर वह शरीर में सुरक्षित हो। 'अत्क' का अर्थ सतत गतिशील भी है—यह सोम सतत गतिशील में ही सुरक्षित होता है। इसी भावना को मन्त्र में इस रूप में व्यक्त करते हैं कि तम्=उस सोम को ईम्=निश्चय से 'अपसः'=क्रियाशील लोग ही हिन्वन्ति=प्राप्त करते हैं। यह सोम यथारथम्=(रथस्य योग्यम्=यथारथम्) शरीर के ही योग्य है—शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्गों में ही इसका निवास होना चाहिए। इस तत्त्व को समझ लेनेवाला व्यक्ति इस कार्य की दुष्करता को अनुभव करता हुआ प्रभु का स्तवन करेगा। प्रभु ही उसे इस दुष्कर कार्य में समर्थ बनाएँगे, अतः नदीषु=स्तोताओं में—प्रभु की स्तुति करनेवालों में जो अपसः=क्रियाशील लोग होते हैं, वे ही इस सोम को शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्ग में (रथ=शरीर) व्याप्त करनेवाले बनते हैं। ये कर्मशील स्तोता ही गभस्त्योः=ज्ञान की किरणरूप हाथों में ही आहिन्वन्ति=इसे सर्वथा प्राप्त करते हैं। ज्ञान-प्राप्ति में लगे रहने पर यह सोम ज्ञानाग्नि का ईंधन बन उसे उज्ज्वल करता है, क्रियाशीलता से यह शरीर का अङ्ग बनकर उन्हें सबल बनाता है। उपासना से यह हमें सचमुच उस प्रभु के (उप) समीप (आसना) आसीन करता है।

एवं, यह स्पष्ट है कि सोम की रक्षा के लिए 'ज्ञान, कर्म व उपासना' की त्रयी आवश्यक है। यह त्रयी ही हमें वासनाओं से तराएगी और हम 'सोम' को प्राप्त कर सोमी बनेंगे।

भावार्थ—हम सोम के महत्त्व को समझें और उसका विनियोग ज्ञान, कर्म व उपासना में करनेवाले बनें।

सूक्त-२१

ऋषिः—श्यावाश्व आत्रेयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

७६९. प्र सोमासो मदच्युतः श्रवसे नो मघोनाम्। सुता विदथे अक्रमुः॥ १॥

४७७ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—श्यावाश्व आत्रेयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रियातीत प्रभु

७७०. आदीं हंसो यथा गणं विश्वस्यावीवशन्मतिम्। अत्यो न गोभिरज्यते॥ २॥

जब मनुष्य अपने शरीर में सोम की रक्षा करता है, आत् ईम्-तब निश्चय से हंसः-(हन् हिंसागत्योः) अपने दोषों की हिंसा करके गतिशील बननेवाला यह जीव यथागणम्-(गण् संख्याने) अपने संख्यान के अनुसार (संख्यावान् पण्डितः कविः), अर्थात् ज्ञान के अनुपात में विश्वस्य-उस सर्वत्र प्रविष्ट प्रभु के मतिम् अवीवशत्-विचार में प्रविष्ट होता है अथवा उस सर्वव्यापक प्रभु के अवबोध को वशीभूत करता है—प्राप्त होता है। प्रभु का ज्ञान उन्हें ही होता है जो—१. अपने दोषों की हिंसा करें, २. सदा उत्तम कर्मों में लगे रहें और ३. ज्ञान प्राप्त करें—संसार के तत्त्वों को समझने का प्रयत्न करें। अत्यः-वह निरन्तर क्रियाशील प्रभु गोभिः-इन इन्द्रियों से न अज्यते-प्रकट नहीं किया जाता। वे प्रभु इन्द्रियातीत होने से ज्ञान द्वारा ही प्राप्य होते हैं—'दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या' वे सूक्ष्म बुद्धि से ही गृहीत होते हैं। इस सारी बात को समझकर 'श्यावाश्व आत्रेय' अपने इन्द्रियरूप अश्वों को सदा क्रियाशील (श्यैङ् गतौ, अश्व-इन्द्रियाँ) रखता है और काम, क्रोध, लोभ (अ-त्रि) से परे रहकर निर्दोष बनता हुआ प्रभु-दर्शन के लिए प्रयत्न करता है।

भावार्थ—हम उस प्रभु के दर्शन के लिए—१. निर्दोष बनें, २. क्रियाशील हों और ३. ज्ञान प्राप्त करें।

ऋषिः—श्यावाश्व आत्रेयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नीरोगता व प्रभु-प्राप्ति

७७१. आदीं त्रितस्य योषणो हरिं हिन्वन्त्यद्रिभिः। इन्दुमिन्द्राय पीतये॥ ३॥

आत्-अब ईम्-निश्चय से त्रितस्य-काम-क्रोध-लोभ से तीर्ण 'त्रित' की योषणः-(यु अमिश्रण) अपने को दोषों से दूर करने की वृत्तियाँ अद्रिभिः-दृढ़ मनोवृत्तियों से हरिम्-सब दुःखों को हरनेवाले प्रभु को हिन्वन्ति-प्राप्त कराती हैं। प्रभु प्राप्ति का मार्ग यह है कि—

१. मनुष्य 'काम, क्रोध, लोभ' को जीतकर 'त्रित' बनें, २. वह अपने को यथासम्भव दोषों से पृथक् करे (योषणः), ३. दृढ़ मनोवृत्तिवाला हो (अद्रिभिः)।

प्रभु ने शरीर में आहार के पाचन की व्यवस्था में अन्तिम धातु के रूप में वीर्य को उत्पन्न किया है। वह वीर्य 'इन्दु' कहलाता है, क्योंकि यह अत्यन्त शक्तिशाली है। मन्त्र के ऋषि 'श्यावाश्व आत्रेय' इस इन्दुम्-इन्दु को हिन्वन्ति-शरीर में ही प्रेरित करते हैं, जिससे १. इन्द्राय-उस परमैश्वर्य-निधान प्रभु की प्राप्ति कर सकें और २. पीतये-शरीर की रोगों से रक्षा कर सकें (पा-रक्षणे)। शरीर में सोम की रक्षा जहाँ शरीर को नीरोग रखती है, वहाँ यह मनुष्य को पवित्र हृदय व तीक्ष्ण बुद्धि बनाकर प्रभु-दर्शन के भी योग्य करती है।

भावार्थ—हम सोम का पान करें, जिससे प्रभु-दर्शन प्राप्त करें तथा नीरोग हों। नीरोगता ऐहिक लाभ है तो प्रभु-प्राप्ति आमुष्मिक। ये दोनों ही लाभ सोम को शरीर में सुरक्षित करने से होते हैं।

सूक्त-२२

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

गुण पञ्चक

७७२. अया पवस्व देवयू रेभन् पवित्रं पर्येषि विश्वतः। मधोर्धारा असृक्षत ॥ १ ॥

मन्त्र का ऋषि 'अग्नि चाक्षुष' है—जीवन में गतिशीलता से आगे बढ़नेवाला तथा उत्तम दृष्टिवाला। प्रभु इससे कहते हैं—

१. अया=अय् गतौ=गति के द्वारा तू पवस्व=अपने जीवन को पवित्र कर। क्रियाशीलता मनुष्य को उसी प्रकार पवित्र रखती है जैसे गति जल को। २. देवयुः=तू दिव्य-गुणों को अपने साथ जोड़ने की कामनावाला हो। बुराइयों को दूर करके अच्छाइयों को अपने साथ संपृक्त करता चल। ३. रेभन्=तू सदा प्रभु के स्तोत्रों का उच्चारण करनेवाला बन। ४. विश्वतः=सब ओर से, जहाँ से भी सम्भव हो, तू पवित्रम्=ज्ञान को (नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते) पर्येषि=प्राप्त करनेवाला हो। ५. मधोर्धाराः असृक्षत=ज्ञान प्राप्त करके मधु की धाराएँ—माधुर्यभरी वाणियाँ तुझसे सृजी जाती हैं, अर्थात् तू बड़ी ही मधुरवाणी का प्रयोग करता है।

भावार्थ—हमारा जीवन गतिशीलता, दिव्य गुणों, स्तुति, ज्ञान तथा माधुर्य से युक्त होकर हमें मन्त्र का ऋषि 'अग्नि चाक्षुष' कहलाने का अधिकारी बनाए।

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

७७३. पवते हर्यतो हरिरति ह्वरांसि रंह्या। अभ्यर्षं स्तोतृभ्यो वीरवद्यशः ॥ २ ॥

५७६ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—प्रजापतिर्वैश्वामित्रो वाच्यो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

७७४. प्र सुन्वानायान्धसो मर्तो न वष्ट तद्वचः।
अप श्वानमराधसं हता मखं न भृगवः ॥ ३ ॥

५५३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

इति द्वितीयोऽध्यायः, प्रथमप्रपाठकश्च समाप्तः ॥

अथ तृतीयोऽध्यायः

द्वितीयप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु का काव्य

७७५. पवस्व वाचो अग्रियः सोम चित्राभिरूतिभिः । अभि विश्वानि काव्या ॥ १ ॥

हे सोम=सर्वज्ञानसम्पन्न प्रभो! आप अग्रियः=('समवर्त्तत अग्रे', अग्रे भवः) सदा सृष्टि से ऊतिभिः=(रक्षाओं) अवगमों व दीप्तियों के हेतु से पहले होनेवाले हैं—आप निर्माण से पूर्व हैं, अर्थात् सदा से हैं, अतः आप सृष्टि के प्रारम्भ में ही वाचः=वेदवाणियों को पवस्व=प्राप्त कराइए और चित्राभिः=अद्भुत अथवा (चित्+र) चेतना देनेवाली विश्वानि काव्या=सब काव्यों की अभिपवस्व=ओर हमें ले-चलिए। वेद परमेश्वर के काव्य हैं, 'पश्य देवस्य काव्यं न ममार न जीर्यति'=इस परमेश्वर के काव्यों को देख जो अजरामर हैं। प्रभु कवि हैं—वेद उनका काव्य है। इस काव्य में ही हमारे कर्त्तव्यों का सुन्दरता से प्रतिपादन है। उनके अध्ययन से हम चेतनाओं को प्राप्त करानेवाली दीप्तियों को प्राप्त करते हैं और अपने कर्त्तव्यों को जानकर उनके आचरण से अपना कल्याण सिद्ध कर पाते हैं। स्थूलरूप से इन काव्यों की चेतनाओं से मैं नपे-तुले भोजनों को करता हुआ, प्राणायामादि के अभ्यास में संलग्न हुआ-हुआ सदा 'जमदग्नि'=दीप्त जाठराग्निवाला बना रहता हूँ और अपने जीवन का ठीक परिपाक करनेवाला 'भार्गव' बनता हूँ।

भावार्थ—मैं प्रभु की वाणी की ओर चलूँ और उसके काव्य को ग्रहण कर कल्याणभाक् बनूँ।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

अपः+वाचः=कर्म+ज्ञान

७७६. त्वं समुद्रिया अपोऽग्रियो वाच ईरयन् । पवस्व विश्वचर्षणे ॥ २ ॥

हे विश्वचर्षणे=विश्वद्रष्टः=सबका ध्यान करनेवाले प्रभो! अग्रियः=आप निर्माण से पहले ही हो, अर्थात् आप कभी बने नहीं, आपको बनानेवाला कोई नहीं, आप स्वयं भू, खुद+आ हो। आप ही सभी का निर्माण करनेवाले हो। त्वम्=आप समुद्रियाः=समुद्र=(हृदयान्तरिक्ष) हृदय से किये जानेवाले अपः=कर्मों को अथवा समुद्रियाः=(स-मुद्) वास्तविक आनन्द पैदा करनेवाले कर्मों को तथा वाचः=वेदवाणियों को ईरयन्=हममें प्रेरित करते हुए हमें पवस्व=प्राप्त होओ और हमें पवित्र करो।

प्रभु 'विश्वचर्षणि' हैं—सबका ध्यान करनेवाले, सच्चे माता-पिता हैं। वे प्रभु काल से अविच्छिन्न होने के कारण सदा से हैं—वे हमें कर्म व ज्ञान की प्रेरणा प्राप्त कराते हैं और इन कर्म व ज्ञान की प्रेरणाओं से हमारे जीवनों को शुद्ध करते हैं। उत्तम कर्मोंवाला सदा सशक्त व स्वस्थ मैं 'जमदग्नि'

बनता हूँ। वेदवाणियों को प्राप्त करके ज्ञानाग्नि से अपने को परिपक्व करनेवाला मैं 'भार्गव' होता हूँ।

भावार्थ—मेरे कर्म समुद्रिय हों—मन से होनेवाले हों तथा सदा आनन्दपूर्वक किये जाएँ। इन कर्मों के साथ मैं सदा वेदवाणी को अपनानेवाला बनूँ।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इदं सर्वं तस्योपव्याख्यानम्

७७७. तुभ्येमा भुवना कवे महिम्ने सोम तस्थिरे। तुभ्यं धावन्ति धेनवः॥ ३॥

हे कवे=क्रान्तदर्शिन्! सोम=सर्वज्ञानसम्पन्न प्रभो! इमा भुवना=ये सब लोक-लोकान्तर तुभ्य महिम्ने=आपकी ही महिमा के लिए तस्थिरे=स्थित हैं। सब लोक-लोकान्तर प्रभु की ही महिमा को प्रकट कर रहे हैं। 'यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुद्रं रसया सहाहुः'=ये हिमाच्छादित पर्वत, समुद्र व पृथिवी उस प्रभु की ही महिमा को कह रहे हैं। 'अभ्यनूषत व्राः'=गगन को आच्छादित करनेवाले सितारे उस प्रभु का ही स्तवन कर रहे हैं।

हे प्रभो! धेनवः=ज्ञानदुग्ध का पान करानेवाली वेदवाणियाँ तुभ्यम्=आप के लिए ही, अर्थात् हम आपको प्राप्त कर सकें इसलिए ही धावन्ति=हमें गतिशील बनाकर शुद्ध कर रही हैं। वेदवाणियों से हमारा जीवन शुद्ध बनता है और हम आपको प्राप्त करने के योग्य बन पाते हैं।

भावार्थ—ये सारे लोक-लोकान्तर प्रभु की महिमा का ही ख्यापन कर रहे हैं और ये वेदवाणियाँ हमारे जीवनों को शुद्ध करके हमें प्रभु की गोद में बैठने के योग्य बनाती हैं।

सूक्त-२

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

७७८. पवस्वेन्दो वृषा सुतः कृधी नो यशसो जने। विश्वा अप द्विषो जहि॥ १॥

४७९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शत्रु-धर्षण

७७९. यस्य ते सख्ये वयं सासह्याम पृतन्यतः। तवेन्दो द्युम्न उत्तमे॥ २॥

हे इन्दो=शक्तिशाली परमात्मन्! वयम्=हम तव=तेरी उस उत्तमे=सर्वोत्कृष्ट द्युम्ने=ज्योति में हों यस्य ते=जिस तेरी सख्ये=मित्रता में पृतन्यतः=हमपर आक्रमण करनेवाले रोगादि को सासह्याम=पराभूत कर सकें।

इस संसार में मनुष्य वासनाओं से आक्रान्त होता है। वासनाओं के साथ वह संघर्ष करता है। इस संघर्ष में मनुष्य अपने को अशक्त अनुभव करता है, परन्तु प्रभु को मित्र बनाकर उसके साहाय्य से यह इन वासनाओं को जीत पाता है। प्रभु के उत्तम ज्ञान के प्रकाश में अन्धकार में पनपनेवाली वासनाएँ ठहर नहीं पाती। एवं, इस संसार में जीव के लिए सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण बात प्रभु की मित्रता है—यही उसे इस भवसागर से पार तैराती है। प्रभु की मित्रता को चाहने व पानेवाला 'अमहीयु' है—यह पार्थिव भोगों की कामना से ऊपर उठ गया है। इन भोगों से ऊपर उठ जाने के

कारण ही 'आङ्गिरस' है—शक्तिशाली है।

भावार्थ—प्रभु की मित्रता में हम काम-क्रोधादि शत्रुओं का धर्षण करनेवाले हों।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

भीम व तिग्म आयुध

७८०. या ते भीमान्यायुधा तिग्मानि सन्ति धूर्वणे। रक्षा समस्य नो निदः॥ ३॥

हे प्रभो! या-जो ते-तेरे भीमानि-शत्रुओं के लिए भय पैदा करनेवाले तिग्मानि-तेज आयुधा-शस्त्र धूर्वणे-हिंसकों को पराजित करने के लिए सन्ति-हैं, उन अस्त्रों के द्वारा नः-हमारी समस्य-सब निदः-निन्दक शत्रुओं से रक्ष-रक्षा कीजिए।

प्रभु का प्रखर अस्त्र 'ज्ञान' ही है। इस ज्ञान की ज्योति में ही काम भस्म हो जाता है। प्रभु का यह ज्ञानरूप अस्त्र इन कामादि के लिए भीम व तिग्म है। ज्ञान व्यसनों के मूल—लोभ को ही समाप्त कर देता है। 'प्रेम-दान-दया' आदि सात्त्विक वृत्तियाँ ही वे अस्त्र हैं जो 'काम-क्रोध-लोभादि' असुरवृत्तियों की प्रतिपक्ष हैं। हम प्रेम से काम को, दान से लोभ को और दया की वृत्ति से क्रोध का संहार करें। प्रभु अपने ज्ञानरूप प्रखर शस्त्र से सब निन्दनीय शत्रुओं से हमारी रक्षा करें।

भावार्थ—हम प्रभु की उपासना करें, प्रभु के अस्त्र शत्रुओं का असन करेंगे, दूर फेंकेंगे।

सूक्त-३

ऋषिः—कश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

७८१. वृषा सोम द्युमाँ असि वृषा देव वृषव्रतः। वृषा धर्माणि दधिषे॥ १॥

५०४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—कश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पूर्ति, वृद्धि, प्रवृत्ति

७८२. वृष्णस्ते वृष्ण्यं शवो वृषा वनं वृषा सुतः। स त्वं वृषन्वृषेदसि॥ २॥

हे वृषन्-सब कामनाओं को पूर्ण करनेवाले प्रभो! वृष्णः-अत्यन्त शक्तिशाली ते-आपका शवः-बल वृष्ण्यम्-तर्पणशील है—अथवा धर्म की प्रेरणा देनेवाला है। वृषन् शब्द के अर्थ हैं—१. बरसना—सब कामों की वर्षा करनेवाले—सब इच्छाओं के पूरक, २. शक्तिशाली, ३. धर्मात्मा—वृषो हि भगवान् धर्मः। हे प्रभो! वनम्-आपका उपासन वृषा-मेरी १. सब कामनाओं को पूरण करनेवाला, २. मुझे शक्तिशाली बनानेवाला तथा ३. मेरी प्रवृत्ति को धार्मिक करनेवाला है, सुतः-हृदय में प्रकाशित हुए-हुए आप वृषा-मुझे आप्तकाम-सा बना देते हो—मुझे शसक्त कर देते हो और मुझे धर्मप्रवण बनाते हो। हे प्रभो! सः त्वम्-वे आप इत्-निश्चय से वृषा-सुखवर्धक, शक्तिवर्धक तथा धर्मप्रवर्तक असि-हो।

भावार्थ—हे प्रभो! आप वृषा हैं—आपकी कृपा से हमारी कामनाओं की पूर्ति हो, हमारी शक्ति की वृद्धि हो और धर्मकार्यों में हमारी प्रवृत्ति हो। इसी उद्देश्य से हम आपके उपासक बनें।

ऋषिः—कश्यपो मारीचः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ब्रह्म व क्षत्र का विकास

७८३. अश्वो न चक्रदो वृषा सं गा इन्दो समर्वतः। वि नो राये दुरो वृधि ॥ ३ ॥

हे प्रभो! आप १. अश्वः न=(अ-श्वः) कल और कल न करनेवाले के समान, अपितु आज ही और अभी चक्रदः=हमारे लिए वेदवाणियों का उच्चारण करते हो, २. वृषा=सामान्यतः आप हमारे सभी मनोरथों को पूर्ण करते हो, ३. हे इन्दो=सर्वशक्तिमान् प्रभो! आप हमें गाः सम्-(देहि) उत्तम ज्ञानेन्द्रियाँ प्राप्त कराइए तथा ४. अर्वतः सम्-उत्तम कर्मेन्द्रियाँ भी दीजिए। उत्तम ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को प्राप्त करके ही हम ज्ञान को बढ़ाकर अपने कर्मों को पवित्र कर पाते हैं और इस प्रकार अपने अन्तिम लक्ष्य स्थान पर पहुँचनेवाले होते हैं। ५. हे प्रभो! नः=हमारे लिए राये=सर्वोत्तम मोक्षरूप धन को प्राप्त करने के लिए दुरः=द्वारों को विवृधि=खोल दीजिए।

'सं-गा सम् अर्वतः' शब्दों की यह भावना भी ठीक ही है कि—उत्तम-उत्तम गौवें व घोड़े प्राप्त कराइए। गौवें सात्त्विक दूध के द्वारा बुद्धि के वर्धन से हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं और अश्व हमारी शक्ति के वर्धक हैं। वेद में सामान्यतः 'गौ' ज्ञान का तथा 'अश्व' शक्ति का प्रतीक हो गया है। ये हमारे 'ब्रह्म व क्षत्र' के विकास के लिए मौलिक साधन हैं। 'ब्रह्म-क्षत्र' का विकास करके ही हम श्री व लक्ष्मी (राये) को प्राप्त किया करते हैं। ब्रह्म का सम्बन्ध 'श्री' से है तो क्षत्र का 'लक्ष्मी' से।

ब्रह्म के विकास से मन्त्रद्रष्टा 'कश्यप' ज्ञानी बनता है और क्षत्र के विकास से असुरों का संहार करनेवाला—आसुरवृत्तियों को मार देनेवाला यह 'मारीच' होता है।

भावार्थ—हम उत्तम ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को प्राप्त करके 'ब्रह्म व क्षत्र' का विकास करें और 'कश्यप मारीच' बनें।

सूक्त-४

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

७८४. वृषा ह्यसि भानुना द्युमन्तं त्वा हवामहे। पवमान स्वर्दृशम् ॥ १ ॥

४८० संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु के साथ

७८५. यदद्भिः परिषिच्यसे मर्मृज्यमान आयुभिः। द्रोणे सधस्थमश्नुषे ॥ २ ॥

शरीर में उत्पन्न होनेवाली सोम-शक्ति मानव-जीवन के उत्थान का मूल है। शरीर में सुरक्षित होने पर यह अन्त में मनुष्य का 'परमात्मतत्त्व' से मेल कराने का साधन बनती है। स्वास्थ्य, नैर्मल्य व ज्ञान की दीप्ति का कारण बनकर यह उसे प्रभु का दर्शन कराती है। प्रस्तुत मन्त्र में उसी का वर्णन करते हुए कहते हैं कि यत्-जो अद्भिः=कर्मों के द्वारा परिषिच्यसे=अङ्ग-प्रत्यङ्ग में सिक्त होता है और आयुभिः=(इण्-गतौ) गतिशील पुरुषों के द्वारा मर्मृज्यमानः=निरन्तर शुद्ध किया जाता है, उस समय द्रोणे=(द्रु-गतौ) गति के आधार बने इस शरीर में सधस्थम्=आत्मा व परमात्मा की

सहस्थिति को अश्नुषे-प्राप्त करता है।

जब मनुष्य कर्मों में लगा रहता है तब इस सोम का व्यय अङ्ग-प्रत्यङ्ग के निर्माण में होता है। 'सोम की खपत शरीर में ही हो जाए' इसके लिए आवश्यक है कि हम सदा कर्मों में लगे रहें। अकर्मण्य शरीर में 'सोमपान' की शक्ति नहीं होती। गतिशील बने रहने से ही सोम शुद्ध बना रहता है, उसमें वासना-जन्य उबाल उत्पन्न नहीं होता। द्रोण में (गतिशील में) ही यह सोम अन्ततः आत्मा व परमात्मा की सहस्थिति को उत्पन्न करता है। एवं, क्रियाशीलता से सोम शरीर में ही सिद्ध होता है और शुद्ध बना रहता है तथा यह शरीर में व्याप्त शुद्ध सोम हमें प्रभु से मिला है।

सोम-रक्षा से अपने जीवन का ठीक परिपाक करनेवाला प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'भृगुः' है, उत्तम जीवनवाला होने से यह 'वारुणि' है। पूर्ण स्वस्थ शरीरवाला यह 'जमदग्नि' है और परिपक्व ज्ञानवाला 'भार्गव' है।

भावार्थ—कर्मों के द्वारा हम सोम की रक्षा करें। सुरक्षित सोम हमें प्रभु की सहस्थिति को प्राप्त कराएगा।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विजयी बनकर

७८६. आ पवस्व सुवीर्यं मन्दमानः स्वायुध। इहो ष्विन्दवा गहि॥ ३॥

यदि मनुष्य कर्मों में लगा रहे तो उसके अङ्ग-प्रत्यङ्ग में सोम का सेचन होकर उसके सब अङ्ग बड़े सुन्दर व स्वस्थ बनते हैं। प्रभु ने जीव को इस संसार-संग्राम को लड़ने के लिए 'इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि' रूप अस्त्र दिये हैं। सोम की रक्षा से ये सारे 'आयुध' बड़े ठीक बने रहते हैं। प्रभु जीव से कहते हैं कि हे स्वायुध-उत्तम आयुधोंवाले! मन्दमानः-(मोदमानः) शक्ति के उल्लास में हर्ष का अनुभव करता हुआ तू अथवा (मन्दतेः ज्वलतिकर्मा—नि० १.१६.६) शक्ति से प्रज्वलित व प्रकाशमान् (glowing) होता हुआ तू सुवीर्यम् आपवस्व-उत्तम बल को प्राप्त करनेवाला हो।

इन्दो-सोम की रक्षा से शक्तिसम्पन्न हुए इन्दो! तू इह-यहाँ—इसी जन्म में उ-निश्चय से सु आगाहि-उत्तमता से मुझे प्राप्त करनेवाला हो। सोम की रक्षा से सबल हुआ जीव ही प्रभु को पाने का अधिकारी बनता है। इस सोम की रक्षा से इसके सभी आयुध (इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि) ठीक बने रहते हैं और इनके द्वारा संसार-संग्राम में विजयी बनकर यह प्रभु के समीप पहुँचता है। हार जाने से प्रभु नहीं मिलते। विजय ही सदाचार है, पराजय अनाचार। पराजय तो हमारी निर्बलता की सूचक है। निर्बल ने प्रभु को थोड़े ही पाना है? नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः। पराजित लज्जा के कारण पिता के समीप आएगा ही कैसे?

भावार्थ—सोम-पान (वीर्य-रक्षा) से उज्ज्वल बनकर हम संसार-संग्राम के विजेता बनें और प्रभु के समीप जाने के लिए सक्षम हों।

सूक्त-५

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सखित्व का वरण

७८७. पवमानस्य ते वयं पवित्रमभ्युन्दतः। सखित्वमा वृणीमहे॥ १॥

मन्त्र का ऋषि 'अमहीयु आङ्गिरस' है। पार्थिव भोगों की कामना न करनेवाला, अतएव अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्तिशाली। प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि प्रभु की आराधना करते हुए कहता है कि वयम्-कर्मतन्तु का विच्छेद न करनेवाले (वेञ् तन्तुसन्ताने) हम पवमानस्य-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाले तथा पवित्रम् अभ्युन्दतः-पवित्र बने हुए को अपने करुणाजल से क्लिन्न (उन्दी क्लेदने) करनेवाले ते-आपके सख्यित्वम्-मित्रभाव को आवृणीमहे-सर्वथा वरते हैं। महान् पार्थिव भोगों को भी तुच्छ समझते हुए हम उन्हें त्यागते हैं और आपका वरण करते हैं। पार्थिव भोगों के लिए हम आपको अपने से दूर नहीं करते। (महेचन त्वामद्रिवः पराशुल्काय देयाम्)। प्रेयमार्ग की चमक हमें आपके श्रेयमार्ग से नहीं हटाती। हम 'सन्तति, सम्पत्ति व भोगों तथा दीर्घजीवन' को छोड़कर आपको ही चाहते हैं। आप हमारे जीवनों को पवित्र करते हैं। आपके वरण से हम प्रकृतिपंक से ऊपर उठते हैं। पवित्र बनकर हम आपकी कृपा के पात्र होते हैं। एवं, आपका सख्यित्व हमें क्रोधादि प्रचण्ड शक्तिवाली वासनाओं को जीतने में समर्थ बनाता है। हमारा जीवन अधिकाधिक पवित्र होता जाता है।

भावार्थ—प्रभु का सख्यित्व हमें पवित्र करता है। पवित्र बनने पर हम प्रभु की कृपा के पात्र होते हैं।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का प्रकाश

७८८. ये ते पवित्रमूर्मयोऽभिक्षरन्ति धारया। तेभिर्नः सोम मृडय॥ २॥

हे सोम-(स+उमा)-ज्ञानसहित प्रभो! ये-जो ते-तेरे ऊर्मयः-ज्ञान के प्रकाश (Lights)-धारया-वेदवाणी के द्वारा अथवा धारण के हेतु से पवित्रम् अभिक्षरन्ति-हृदयाकाश को पवित्र करनेवाले की ओर (क्षर To flow) बहते हैं, तेभिः-उन प्रकाशों से नः-हमें मृडय-सुखी कीजिए।

सब क्लेशों का मूल 'अविद्या' है। अज्ञान के कारण ही सब क्लेश-कष्ट हैं। क्लेशों से ऊपर उठने के लिए प्रकाश की आवश्यकता है। प्रभु ने इस प्रकाश को वेदवाणी में रक्खा है। वेदवाणी में निहित ये प्रकाश उस व्यक्ति को प्राप्त होते हैं, जो अपने हृदय को पवित्र बनाता है।

भावार्थ—हम पवित्र बनें, प्रभु के प्रकाश को प्राप्त करें और सुखी जीवनवाले हों।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्रता व वीरता

७८९. स नः पुनान आ भर रयिं वीरवतीमिषम्। ईशानः सोम विश्वतः॥ ३॥

हे सोम=(उमा=ज्ञान) सर्वज्ञानसम्पन्न प्रभो! सः ईशानः-सबके ईश व सबका स्वामित्व करनेवाले आप नः-हमें विश्वतः-सब ओर से पुनानः-पवित्र करते हुए रयिम्-उस धन को—ज्ञानरूप ऐश्वर्य को तथा इषम्-प्रेरणा को—सत्कर्मप्रवणता को आभर-प्राप्त कराइए, जो ज्ञान व प्रेरणा वीरवतीम्-हमें वीर बनानेवाली हो। ऐसा ज्ञान और ऐसी प्रेरणा हमें दीजिए जिससे हम वीर बनें। इस संसार-संग्राम में घबरा न जाएँ, उलझ न जाएँ।

वे प्रभु सोम हैं, ईशान है। सोम शब्द 'ज्ञान' का संकेत करता है तो ईशान शब्द 'शक्ति' का। ज्ञान और शक्ति ही वे दो तत्त्व हैं जो हमें पवित्र बनाते हैं। प्रभु से भी 'अमहीयु आङ्गिरस' यही प्रार्थना कर रहे हैं कि हमें वह ज्ञान तथा वह प्रेरणा दीजिए जो हमें वीर बनाए। वीरता के साथ अपवित्रता का सम्बन्ध नहीं है। वीरता गुणों (Virtues) की जननी है तो अवीरता दुर्गुणों (evil) की, अतः हम आपसे वही ज्ञान व प्रेरणा चाहते हैं जो हमें वीर बनाए।

भावार्थ—हम प्रभु से ज्ञान व प्रेरणा प्राप्त करके पवित्र व वीर आचरणवाले बनें।

सूक्त-६

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

७९०. अग्निं दूतं वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम्। अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम्॥ १॥

मन्त्र संख्या ३ पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु को और केवल प्रभु को

७९१. अग्निमग्निं हवीमभिः सदा हवन्त विश्पतिम्। हव्यवाहं पुरुप्रियम्॥ २॥

अग्निम्-अग्रेणी प्रभु को और अग्निम्-प्रभु को ही सदा हवीमभिः हवन्त-सब कालों में हवियों के द्वारा अथवा आराधना के साधनभूत मन्त्रों के द्वारा पुकारते हैं। वेद में यह बात सुव्यक्त है कि केवल परमेश्वर ही उपासना के योग्य है—'य एक इत् हव्यश्चर्षणीनाम्'। जब मनुष्य प्रभु का यह स्थान किसी मनुष्य को देता है, तब उसकी सब पवित्रता समाप्त हो जाती है। वह अपने से भिन्नों का गला काटने लगता है—अपने को प्रभु का विशिष्ट पुत्र मानने लगता है और दूसरे उसकी दृष्टि में काफ़िर व नास्तिक हो जाते हैं, इसीलिए वेद कहता है कि हम प्रभु को और केवल प्रभु को पुकारते हैं जो—१. विश्पतिम्-सब प्रजाओं का पालन करनेवाले हैं, २. हव्यवाहम्-पवित्र पदार्थों को प्राप्त करानेवाले हैं तथा ३. पुरुप्रियम्-पुरु-पालक व पूरक हैं और सबको तृप्त करनेवाले व चाहने योग्य हैं (प्रिय)।

प्रभु की उपासना का परिणाम यह होगा कि सब मनुष्य परस्पर प्रेमभाव से चलेंगे—परस्पर लड़ेंगे नहीं (विश्पतिम्)। पवित्र पदार्थों का ही प्रयोग करेंगे, हमारे अन्दर से हिंसापूर्वक पदार्थों को प्राप्त करने की वृत्ति दूर होगी (हव्यवाहम्)। हम समुचित उपायों से ही अपना पालन व पूरण करेंगे और अपने में एक तृप्ति का अनुभव करेंगे।

भावार्थ—हम सबके उपास्य केवल प्रभु हों। यह उपास्य की एकता हमें ऐक्यवाला बनाएगी।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देव देवों के साथ

७९२. अग्ने देवाँ इहा वह जज्ञानो वृक्तबर्हिषे। असि होता न ईड्यः॥ ३॥

हे अग्ने-परमात्मन्! इह-इस मानवजीवन में वृक्तबर्हिषे-जिस भी व्यक्ति ने काम, क्रोध, लोभ

आदि वासनाओं का वर्जन किया है और इस प्रकार हृदय को बर्हि-उत्पाटित वासनाओंवाला बनाया है, उस पुरुष के लिए जज्ञानः-आविर्भूत होते हुए आप देवान् आवह-दिव्य गुणों को प्राप्त कराइए। वेद में 'देवो देवेभिरागमत्'-'वह देव देवों के साथ आता है' इन शब्दों में यह स्पष्ट कहा गया है कि हम जितना-जितना प्रभु के समीप पहुँचते हैं, उतना-उतना ही दिव्य गुणों के आधार बनते हैं—अथवा 'दिव्य-गुणों के साथ वह देव आता है', अर्थात् जितना-जितना हम दिव्य गुणों को अपनाते चलते हैं, उतना-उतना प्रभु के समीप पहुँचते जाते हैं। 'दिव्य गुणों की प्राप्ति' व 'प्रभु का सान्निध्य' ये दोनों बातें साथ-साथ चलती हैं—ये एक-दूसरे के लिए सहायक हैं। यहाँ प्रस्तुत मन्त्र के शब्दों के अनुसार जितना-जितना हम 'वृक्तबर्हि' होते हैं, उतना-उतना प्रभु का प्रकाश देखते हैं (जज्ञानः) और हममें दिव्य गुणों का विकास होता है (देवान् इह आवह)।

हे प्रभो! होता असि-हमारे होता तो आप ही हैं—(हु-दान) हमें सब दिव्य गुणों के प्राप्त करानेवाले आप ही हैं। आपको ही हमारे हृदयों में आविर्भूत होकर उसे दिव्य गुणों से अलंकृत करना है। आप ही नः ईड्यः-हमारे स्तुत्य हो। हमें आपको ही अपना पूज्य बनाकर परस्पर मौलिक एकता की भावना को दृढ़ रखना है, जिससे कि राग-द्वेषादि मल हममें उत्पन्न ही न हों।

भावार्थ—हे प्रभो! हम अपने हृदयों को शुद्ध करने में लगे रहें, जिससे वहाँ आपका प्रकाश हो और दिव्य गुणों का आगमन हो।

सूक्त-७

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यशो-बलम्

७९३. मित्रं वयं हवामहे वरुणं सोमपीतये। या जाता पूतदक्षसा॥ १॥

वयम्-कर्मतन्तु का विस्तार करनेवाले हम मित्रं वरुणम्-प्राणापान को सोमपीतये-सोम-पान के लिए हवामहे-पुकारते हैं, आराधित करते हैं। सोम का अभिप्राय 'वीर्य-शक्ति' है—उसका पान है शरीर में ही उसका खपा देना। ऊर्ध्वरेतस् बनकर शरीर में ही शक्ति को सुरक्षित करना सोमपान है। यह सोमपान प्राणापान की साधना से ही होता है।

ये मित्र और वरुण वे हैं या-जो पूतदक्षसा जाता-पवित्र बलवाले हो गये हैं। सोमपान के द्वारा ये मित्र-वरुण हमारे बल को पवित्र करते हैं। इस सोमपान से हममें बल का उपचय तो होता ही है, साथ ही हमारा वह बल पवित्र व यशस्वी होता है। 'मेधातिथि काण्व' प्राणापान की साधना का व्रत लेता है और संयमी बनकर यशस्वी बल का कण-कण संचय करता हुआ मेधावी बनता है, अपनी बुद्धि को तीव्र बनता है।

भावार्थ—हम प्राणापान की साधना से ऊर्ध्वरेतस् बनें और पवित्र बलवाले हों।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रेतस्-यज्ञ-सत्य व ज्योति

७९४. ऋतेन यावृतावृधावृतस्य ज्योतिषस्पती। ता मित्रावरुणा हुवे॥ २॥

गत मन्त्र में यह स्पष्ट हो गया है कि प्राणापान ही सोम का पान करनेवाले हैं। इन्द्र=जीवात्मा का सोमपान भी इन प्राणापान के द्वारा ही होता है। एवं, यौ मित्रावरुणा=ये प्राण और अपान ऋतेन=रेतस् (नि० ३.४) के द्वारा, शक्तिशाली रक्षण के द्वारा ऋतावृधौ=हमारे जीवनों में यज्ञ (नि० ४.१९) की भावना को बढ़ानेवाले हैं, क्योंकि अशक्त पुरुष में उत्तम कर्मों की वृत्ति का विकास नहीं होता—सशक्त पुरुष ही यज्ञादि की वृत्तिवाला होता है। ये प्राणापान शक्ति की वृद्धि से हमारे जीवनों में यज्ञात्मक कर्मों की वृद्धि करते हैं और ऋतस्य=सत्य के (नि० ३.१०) तथा ज्योतिषः=विशोका ज्योतिष्मती प्रज्ञा के ये प्राणापान पती=रक्षक हैं। इन प्राणापानों की साधना से—१. शक्ति की रक्षा होती है, २. हमारे जीवन में यज्ञात्मक कर्मों की प्रवृत्ति होती है, ३. हमारा मन सत्यप्रवण होता है और ४. हमें वह ज्योति प्राप्त होती है, जो एकत्व का दर्शन कराती हुई हमें शोकमोहातीत बनाती है। एवं, अत्यन्त उपकारक ता मित्रावरुणा=उन प्राणापानों को हुवे=हम पुकारते हैं। प्राणापानों की साधना का महत्त्व सुव्यक्त है। प्राणापान ही से दोषों का नाश होता है।

भावार्थ—प्राणापान की साधना से हम सशक्त, यज्ञिय मनोवृत्तिवाले, सत्यवादी व ज्योतिर्मय मस्तिष्कवाले बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आसुर आक्रमण से रक्षा

७९५. वरुणः प्राविता भुवन्मित्रो विश्वाभिरूतिभिः। करतां नः सुराधसः॥ ३॥

प्राणापान आसुर वृत्तियों के आक्रमण से रक्षा करनेवाले हैं। इन्हीं की साधना से इन्द्रियों के दोष नष्ट होते हैं, अतः मन्त्र में प्रार्थना करते हैं—

वरुणः मित्रः=वरुण और मित्र, अर्थात् अपान और प्राण विश्वाभिः ऊतिभिः=सब रक्षणों के द्वारा हमारे प्राविता=रक्षक भुवत्=हों। प्राण शक्ति भरके दोषों को दग्ध करता है तो अपान—वरुण उस मल को दूर ले-जाता है। एक जलाता है, दूसरा दूर ले-जाता है, इस प्रकार हमारे जीवन पवित्र और पवित्रतर होते चलते हैं। इस सारी प्रक्रिया के द्वारा ये प्राणापान नः=हमें सुराधसः=उत्तम धनोंवाला करताम्=करें। प्राणापान की आराधना से हमारे शरीर सशक्त होकर रोगों के शिकार न हों, हमारे हाथ यज्ञादि उत्तम कर्मों में लगे रहें, हमारा मन सदा सत्य से पवित्र बना रहे और हमारी बुद्धि ज्ञान से शुद्ध होकर ज्योतिर्मय हो।

भावार्थ—प्राणापान हमारी प्रत्येक इन्द्रिय को आसुर आक्रमणों से बचाएँ।

सूक्त-८

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

७९६. इन्द्रमिद्गाथिनो बृहदिन्द्रमर्केभिरर्किणः। इन्द्रं वाणीरनूषत॥ १॥

१९८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

७९७. इन्द्र इद्धर्योः सचा सम्मिश्ल आ वचोयुजा। इन्द्रो वज्री हिरण्ययः॥ २॥

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

७९८. इन्द्र वाजेषु नोऽव सहस्रप्रधनेषु च। उग्र उग्राभिरूतिभिः ॥ ३ ॥

५९७-५९८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सूर्य

७९९. इन्द्रो दीर्घाय चक्षस आ सूर्यं रोहयद्दिवि। वि गोभिरद्रिमैरयत् ॥ ४ ॥

इन्द्रः—सर्वशक्तिमान् प्रभु दीर्घाय चक्षसे—विस्तृत प्रकाश के लिए सूर्यम्—सूर्य को दिवि—द्युलोक में आरोहयत्—आरूढ़ करते हैं। रात्रि के समय हमारे दर्शन का वृत्त अति छोटा हो जाता है। दिन हुआ, सूर्योदय हुआ और वह दर्शन का वृत्त विशाल हो जाता है। वस्तुतः आँख सूर्य का ही तो एक छोटा रूप है 'आदित्यश्चक्षुर्भूत्वाऽक्षिणी प्राविशत्'। वैदिक संस्कृति में उत्पन्न होते ही बच्चे को सूर्य का दर्शन कराते हैं—ब्रह्मचारी को भी, गृहस्थ को भी तथा संन्यासी को भी। यह सब इसीलिए कि उन्हें यह प्रेरणा देनी होती है कि तुम्हें सूर्य के समान ही दीर्घदृष्टि बनना है।

यह सूर्य ही गोभिः—अपनी किरणों से अद्रिम्—मेघ को वि—ऐरयत्—विशिष्टरूप से प्रेरित करता है। सूर्य की किरणों से जल वाष्पीभूत होकर अन्तरिक्ष में मेघरूप से ही जाता है। सूर्य का मेघ-निर्माणरूप कार्य भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्रभु की सर्वोत्कृष्ट प्राकृतिक रचना सूर्य ही है। यह प्रभु की अद्भुत विभूति है। सूर्य शरीर को नीरोग करता है और दृष्टिशक्ति को तीव्र करता है, तो बाह्य जगत् में यह मेघ-निर्माणरूप महान् कार्य करता है। इस विभूति को देखकर हमें प्रभु का स्मरण होता है।

भावार्थ—सूर्य प्रभु की महान् विभूति है।

सूक्त-९

ऋषिः—मैत्रावरुणिर्वसिष्ठः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सु-वृक्ति

८००. इन्द्रे अग्ना नमो बृहत् सुवृक्तिमेरयामहे। धिया धेना अवस्यवः ॥ १ ॥

'इन्द्र' और 'अग्नि' शक्ति व प्रकाश के प्रतीक हैं। ये दोनों ही तत्त्व उस प्रभु में पूर्णरूप से समवेत हैं, अतः प्रभु 'इन्द्र और अग्नि' नामवाले हो गये हैं। १. इन्द्रे अग्ना—उस प्रभु में, अर्थात् उस प्रभु की प्राप्ति के निमित्त हम बृहत् नमः—(भूयिष्ठां ते नमऽउक्तिम्) अतिशय नमन को एरयामहे—प्रेरित करते हैं। उस प्रभु के प्रति नमन करते हैं—प्रातः—सायम् उसके चरणों में नतमस्तक होने से ही हम उसकी दिव्यता को प्राप्त कर सकते हैं। प्रभु की शक्ति व प्रभु का प्रकाश प्राप्त कराने के कारण ही यह नमन 'बृहत्' है—हमारी वृद्धि का कारण है, २. इसी शक्ति व प्रकाश को प्राप्त करने के लिए हम सुवृक्तिम्—उत्तम वर्जन को एरयामहे—अपने में प्रेरित करते हैं, अर्थात् पतन के कारणभूत विषयों का वर्जन करते हैं—विषयों का वर्जन ही हमें प्रभु के समीप पहुँचाता है। 'सुवृक्तिम्' शब्द का अर्थ 'उत्तम चुनाव' भी है। (वृक्ति=Choice)। हम प्रेयस् व श्रेयस् में श्रेयस् का चुनाव करके उस प्रभु को पाने के अधिकारी बनते हैं। ३. 'सुवृक्तिम्' शब्द Purification=पवित्रीकरण का भी वाचक

है—प्रभु-प्राप्ति के लिए हम अपने को पवित्र करते हैं।

अवस्यवः-रक्षा की कामनावाले हम **धिया**-प्रज्ञान व कर्मपूर्वक **धेनाः**-इन वेदवाणियों को **एरयामहे**-अपने में प्रेरित करते हैं। वेदवाणियों को पढ़ना, उनके अर्थों को जानना तथा तदनुसार कर्म करना ही विषय-वासनाओं के आक्रमण से अपनी रक्षा करने का प्रकार है। इस प्रकार के जीवनवाला व्यक्ति ही 'वसिष्ठ'-उत्तम निवासवाला अथवा 'वशिष्ठ'-वशियों में श्रेष्ठ बन पाता है। ऐसा बनने के लिए ही यह 'मैत्रावरुणि'-प्राणापान की साधना करनेवाला बना है।

भावार्थ—प्रभु-प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि—१. हम नमन की वृत्तिवाले हों, २. विषयों का वर्जन करें, श्रेयमार्ग का ही चुनाव करें और अपने को पवित्र बनाएँ तथा ३. वेदवाणियों को पढ़ें, समझें तथा जीवन में अनूदित (क्रियान्वित) करें।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सक्रिय जीवन

८०१. ता हि शश्वन्त ईडत इत्था विप्रास ऊतये। सबाधो वाजसातये॥ २॥

ता-उस इन्द्र और अग्नि का **हि**-निश्चय से **शश्वन्तः**-(शश् प्लुतगतौ) स्फूर्ति से—प्रमादालस्यादि तामसी वृत्ति से दूर रहकर कार्य करनेवाले ही **ईडते**-उपासन करते हैं। प्रभु का उपासक वही है, जो 'स्व-कर्म' को निरालस्य होकर करने में प्रवृत्त रहता है। २. **इत्था**-सचमुच **विप्रासः**-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले लोग ही **ऊतये**-अपनी रक्षा के लिए **ईडते**-उस प्रभु के उपासक होते हैं। यदि हम अपना पूरण करने के लिए प्रयत्न नहीं कर रहे तो हमारी उपासना 'दम्भमात्र' रह जाती है। ३. **सबाधः**-(ऋत्विङ्नाम—निघण्टौ ३.१८) समय-समय पर यज्ञ करनेवाले लोग **वाजसातये**-शक्ति प्राप्त करने के लिए हे प्रभो! आपका उपासन करते हैं। वस्तुतः प्रभु की उपासना से ही वह शक्ति व प्रकाश प्राप्त होता है, जिससे कोई भी यज्ञ पूर्ण हो पाता है। प्रभु से शक्ति प्राप्त करके ही ये ऋत्विज् अपने यज्ञों में सफल हो पाते हैं।

भावार्थ—प्रभु का सच्चा उपासक—१. कर्मशील होता है, २. अपना पूरण करता है, ३. यज्ञिय जीवन बिताता है।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शक्ति व प्रकाश

८०२. ता वां गीर्भिर्विपन्युवः प्रयस्वन्तो हवामहे। मेधसाता सनिष्यवः॥ ३॥

ता वाम्-हे इन्द्र और अग्नि आप दोनों को हम **हवामहे**-पुकारते हैं। हम 'शक्ति व प्रकाश' के पुञ्ज आपकी उपासना करते हैं। कैसे हम? १. **गीर्भिः विपन्युवः**-वेदवाणियों से आपका विशिष्ट स्तवन करनेवाले। 'विपन्यवः' का अर्थ निरुक्त में 'मेधावी' भी है, वेदवाणियों—ज्ञान के वचनों से अपने को मेधावी बनानेवाले। २. **प्रयस्वन्तः**-उत्तम प्रयत्नोंवाले—उद्योगशील, ३. **मेधसातः**-यज्ञों को प्राप्त करनेवाले, अर्थात् यज्ञशील जीवनवाले, ४. **सनिष्यवः**-निःश्रेयसरूप धन को प्राप्त करने की इच्छावाले, प्रभु को प्राप्त करने की प्रबल कामनावाले।

भावार्थ—हम मेधावी, श्रमी, यज्ञशील व प्रभु-प्राप्ति की प्रबल कामनावाले होकर प्रभु से शक्ति व प्रकाश प्राप्त करें।

सूक्त-१०

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

८०३. वृषा पवस्व धारया मरुत्वते च मत्सरः। विश्वा दधान ओजसा ॥ १ ॥

४६९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वाज

८०४. तं त्वा धर्त्तारमोण्योः पवमान स्वर्दृशम्। हिन्वे वाजेषु वाजिनम् ॥ २ ॥

मन्त्र का ऋषि 'भृगु वारुणि' अपना परिपाक करनेवाला—जीवन को श्रेष्ठ बनानेवाला प्रभु से प्रार्थना करता है कि ओण्योः धर्त्तारम्-(नि० ३.१५) द्युलोक व पृथिवीलोक के धारण करनेवाले (स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम्) तं त्वा-उस आपको हे पवमान-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाले प्रभो! स्वर्दृशम्-(नि० १०.१३)=सूर्य के समान देदीप्यमान वाजिनम्-सर्वबलसम्पन्न आपको वाजेषु-बलों के निमित्त हिन्वे-अपने में प्रेरित करता हूँ। आपकी भावना को हृदयान्तरिक्ष में सतत जागरित करता हूँ।

आपका अपने अन्दर प्रेरण मुझे भी १. पृथिवी व द्युलोक का धारण करनेवाला बनाएगा—मेरे शरीर को नीरोग व मस्तिष्क को उज्ज्वल करेगा, २. मुझे पवित्र बनाएगा, ३. ज्ञान के द्वारा सूर्य के समान देदीप्यमान करेगा तथा ४. शक्तिशाली बनाएगा। मेरे शरीर को सबल (वाज-बल), इन्द्रियों को क्रियाशील (वज गतौ) मन को त्यागवाला (वाज-Sacrifice) तथा बुद्धि को प्रत्येक विज्ञान में गतिवाला करेगा।

भावार्थ—मैं प्रभु का उपासक बनूँ। वे प्रभु द्युलोक व पृथिवी के धारक हैं। पवित्र, सूर्य के समान देदीप्यमान व वाजी हैं। उनकी उपासना से मुझे भी 'वाज' प्राप्त होंगे।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान-कर्म-शक्ति

८०५. अया चित्तो विपानया हरिः पवस्व धारया। युजं वाजेषु चोदय ॥ ३ ॥

अनया=इस अया-(अय् गतौ) क्रियाशीलता से, अनया विपा-इस स्तवन (Praise, hymn) से तथा अनया धारया-इस वेदवाणी से चित्तः-संज्ञात हुए-हुए पवस्व-मुझे पवित्र कर दीजिए। हरिः-सब दुःखों व अज्ञानों के हरनेवाले प्रभु युजम्-आपके साथ सम्पर्क करनेवाले मुझ अपने पुत्र को आप वाजेषु-वाजों में चोदय-प्रेरित कीजिए।

प्रभु का दर्शन ज्ञानकाण्ड, कर्मकाण्ड व उपासनाकाण्ड तीनों के समन्वय से ही होता है। 'अया' कर्मकाण्ड को सूचित करता है, 'विपा'-उपासना को तथा 'धारया'-ज्ञानकाण्ड को। प्रभु से मेल कर सकनेवाला यह 'युज्' कहलाता है। इस युज् को प्रभु वाज प्राप्त कराते हैं। गतमन्त्र के वर्णन के अनुसार इसके अन्नमयकोश में बल (वाज-Strength) होता है, प्राणमयकोश में क्रियाशीलता

(वाज=Speed), मनोमयकोश में त्याग की भावना (वाज=Sacrifice) तथा विज्ञानमयकोश में ज्ञान की दीप्ति (गतेस्त्रयोऽर्था ज्ञानं गमनं प्राप्तिश्च) होती है।

भावार्थ—ज्ञान, कर्म व भक्ति के मेल से मैं प्रभु को प्राप्त करूँ तथा प्रभु मुझ युज् को 'वाज' [बल] प्राप्त कराएँ।

सूक्त-११

ऋषिः—उपमन्युर्वासिष्ठः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

उपमन्यु का सुलझा हुआ जीवन

८०६. वृषा शोणो अभिकनिक्रदद् गा नदयन्नेषि पृथिवीमुत द्याम्।
इन्द्रस्येव वग्नुरा शृण्व आजौ प्रचोदयन्नर्षसि वाचमेमाम्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'उपमन्यु वासिष्ठ' है। उपमन्यु का अर्थ है—१. (Intelligent, understanding) जो बुद्धिमान् है, वस्तुस्थिति को समझता है। (Zealous, striving after)=जो उत्साही है, लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करता है। यह उपमन्यु 'वासिष्ठ' है, वसिष्ठ पुत्र है—अत्यन्त उत्तम निवासवाला व वशी है। प्रभु द्वारा इसका जीवन निम्न शब्दों में चित्रित हुआ है—

१. वृषा=यह शक्तिशाली है—सब पर सुखों की वर्षा करनेवाला है। २. शोणः=(शोणति To go, move) अत्यन्त क्रियाशील है। To become red इसके चेहरे पर तेजस्विता की लालिमा है। ३. यह गाः=वेदवाणियों का अभिकनिक्रदत्=खूब ही उच्चारण करता है। ४. नदयन्=प्रभु का स्तवन करता हुआ, स्तुति-वचनों से पृथिवीम्-उत द्याम्=द्युलोक व पृथिवीलोक को नदयन्=गुँजाता हुआ तू एषि=जीवनपथ पर आगे बढ़ता है। ५. आजौ=इस संसार-संग्राम में वग्नुः=इसकी गर्जना इन्द्रस्य इव=मेघगर्जना की भाँति आशृण्वे=सुन पड़ती है अथवा इसकी वाणी प्रभु की वाणी के समान सुनाई पड़ती है। यह ऐसे प्रभावशाली प्रकार से प्रचार करता है कि प्रभु ही बोलते सुन पड़ते हैं। ६. प्रभु कहते हैं कि हे उपमन्यो! इमां वाचम्=हमसे दी गयी इस वेदवाणी को प्रचोदयन्=प्रेरित करता हुआ तू आ अर्षसि=सर्वत्र गति करता है, अर्थात् सर्वत्र इस वेदवाणी के सन्देश को सुनाता हुआ भ्रमण करता है। यही तो सच्चा परिव्राजकत्व है।

भावार्थ—उपमन्यु के जीवन में 'शक्ति, गति, ज्ञान, प्रभु-स्तवन, प्रचार व वेद-सन्देश' का प्रसार है।

ऋषिः—उपमन्युर्वासिष्ठः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

लोकसंग्रहमय जीवन

८०७. रसाय्यः पयसा पिन्वमान ईरयन्नेषि मधुमन्तमंशुम्।
पवमान सन्तनिमेषि कृण्वन्निन्द्राय सोम परिषिच्यमानः॥ २॥

प्रभु उपमन्यु से कहते हैं—हे सोम=सौम्य स्वभाववाले उपमन्यो! १. रसाय्यः=रसमय शब्दोंवाला, २. पयसा=वेदवाणीरूप गौ के दूध से अपने को तृप्त करता हुआ, पिन्वमानः=नैत्यिक वेदाध्ययनरूप ब्रह्म-सूत्र द्वारा अपने ज्ञान को बढ़ाता हुआ ३. मधुमन्तम्=माधुर्य से परिपूर्ण अंशुम्=जीवन के लिए

शान्ति देनेवाली ज्ञान की किरणों व प्रकाश को ईरयन्-सर्वतः प्रेरित करता हुआ तू एषि=गति करता है, ४. पवमान=अपने जीवन को पवित्र करनेवाले उपमन्यो! ५. तू सन्तनिमेषि कृण्वन्=उत्तम गुणों—दैवी सम्पत्ति का विस्तार करता हुआ, ६. और इस प्रकार इन्द्राय=उस प्रभु की प्राप्ति के लिए—परमैश्वर्य लाभ के लिए परिघिच्यमानः=करुणा से आर्द्र हृदयवाला होता हुआ मैत्री-करुणा-मुदिता-उपेक्षारूप जीवन्मुक्त के लक्षणों से अपने को परिपूर्ण करता हुआ तू एषि=मुझे प्राप्त होता है।

भावार्थ—उपमन्यु के जीवन में 'माधुर्य, ज्ञानतृप्ति, मधुर-प्रकाश, प्रसार, पवित्रता, दिव्य गुण-विस्तार व करुणार्द्रहृदयता' अंकुरित हो उठती हैं।

ऋषिः—उपमन्युर्वासिष्ठः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

उदग्राभ के वधस्थलभूत शिखर का नमन

८०८. एवा पवस्व मदिरो मदायोदग्राभस्य नमयन् वधस्नुम्।
परि वर्णं भरमाणो रुशन्तं गव्युर्नो अर्षं परि सोम सिक्तः ॥ ३ ॥

१. एवा=गतिशील तू पवस्व=अपने जीवन को पवित्र कर। जीवन की पवित्रता के लिए क्रियाशीलता आवश्यक है। निष्क्रियता जीवन की अपवित्रता का कारण बनती है। २. मदिरः=तू अपने सम्पर्क में आनेवाले सभी को आनन्दित करनेवाला हो। ३. मदाय=स्वयं तेरा जीवन उल्लास को लिये हुए हो। तू ४. उदग्राभस्य=ज्ञान-जल के ग्रहण करनेवाले के वध-स्नुम्=नाशक शिखर प्रदेश को नमयन्=झुकानेवाला हो। जल 'ज्ञान' का प्रतीक है। आचार्य को 'अर्णव' (ज्ञान का) समुद्र कहा है। ज्ञान की अधिदेवता 'सरस्वती' प्रवाहवाली है। एवं, 'उदग्राभ'=ज्ञानजल के ग्रहण करनेवाले का नाम है। जब मनुष्य औरों से अधिक ज्ञानी हो जाता है, तो कहीं उसे अभिमान न हो जाए इसके लिए कहते हैं कि 'यह जो उदग्राभ का वध करनेवाला शिखर है, तू उसे झुकानेवाला बन।' ज्ञान का तुझे घमण्ड न हो जाए। ५. रुशन्तम्=चमकते हुए वर्णम्=तेजस्विता के रंग को परिभरमाणः=अङ्ग-प्रत्यङ्ग में धारण करनेवाला तू हो। ६. गव्युः=ज्ञान व प्रकाश की किरणों को चाहनेवाला तू हो। ७. सोम=सौम्य स्वभाववाले उपमन्यो! ८. सिक्तः=दया की भावना से सिक्त हुआ-हुआ तू नः=हमें परिअर्ष=सर्वथा प्राप्त हो।

भावार्थ—हम ज्ञान के शिखर पर पहुँच ज्ञान का गर्व न करें। हम ज्ञान के घमण्ड से मारे न जाएँ।

सूक्त-१२

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

८०९. त्वामिद्धि हवामहे सातौ वाजस्य कारवः।
त्वां वृत्रेष्विन्द्र सत्पतिं नरस्त्वां काष्ठास्ववर्तः ॥ १ ॥

२३४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

उत्तम रथ व अश्व

८१०. स त्वं नश्चित्र वज्रहस्त धृष्णुया मह स्तवानो अद्रिवः।
गामश्वं रथ्यमिन्द्र सं किर सत्रा वाजं न जिग्युषे॥ २॥

हे चित्र=(चित्+र) ज्ञान देनेवाले! वज्रहस्त=(वज गतौ) क्रियाशील हाथोंवाले, अर्थात् स्वभावतः क्रियामय! धृष्णुया=कामादि शत्रुओं का धर्षण करनेवाले को प्राप्त होनेवाले महः=तेजःस्वरूप, स्तवानः=सदा स्तुति किये जानेवाले अद्रिवः=अविनाशी अथवा आदरणीय प्रभो! सः त्वम्=वे आप नः=हमें रथ्यम्=इस शरीररूप रथ के लिए अत्यन्त उत्तम गाम्=ज्ञानेन्द्रियरूप घोड़ों को तथा अश्वम्=कर्मेन्द्रियरूप घोड़ों को संकिर=दीजिए। यहाँ चित्रादि प्रभु के स्तुतिपरक शब्द हमें संकेत कर रहे हैं कि हम भी ज्ञानी, क्रियाशील, कामादि शत्रुओं का धर्षण करनेवाले तेजस्वी और लोगों के स्तुतिपात्र व आदणीय बनें। इस सबको सिद्ध करने के लिए ही उत्तम इन्द्रियाँ अपेक्षित हैं।

हे इन्द्र=सर्वशक्ति-सम्पन्न प्रभो! न=आप जैसे जिग्युषे=विजय की कामनावाले के लिए सत्रा=सदा वाजम्=शक्ति दिया करते हैं, इसी प्रकार आप हमें उत्तम कर्मेन्द्रियरूप घोड़ों को प्राप्त कराइए। इनके द्वारा हम उत्तम ज्ञान-साधना करके 'बार्हस्पत्य' तो बनें ही, साथ ही हम सब वाजों को प्राप्त करके प्रत्येक कोश को उस-उस शक्ति से पूर्ण करके शान्त जीवनवाले 'शंयु' बनें।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हमें उत्तम शरीररूप रथ के अनुरूप ही ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप घोड़े प्राप्त हों।

सूक्त-१३

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

८११. अभि प्र वः सुराधसमिन्द्रमर्च यथा विदे।
यो जरितृभ्यो मघवा पुरूवसुः सहस्रेणेव शिक्षति॥ १॥

२३५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वासनाविजय और प्रीति का अनुभव

८१२. शतानीकेव प्र जिगाति धृष्णुया हन्ति वृत्राणि दाशुषे।
गिरेरिव प्र रसा अस्य पिन्विरे दत्राणि पुरुभोजसः॥ २॥

धृष्णुयाः=कामादि शत्रुओं का धर्षण करनेवाला परमात्मा (धृष्णु+या) शत+अनीका इव=सौ सेनाओं के समान प्रजिगाति=उपासक को प्राप्त होता है, और दाशुषे=आत्मसमर्पण करनेवाले के लिए वृत्राणि हन्ति=ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को नष्ट करता है। जब मनुष्य कामादि का धर्षण करने के लिए प्रवृत्त होता है, उस समय प्रभु के सान्निध्य से उसे ऐसी शक्ति प्राप्त होती है,

जो सौ सेनाओं के तुल्य होती है और प्रभु के प्रति आत्मसमर्पण करनेवाले की वासनाओं का विनाश तो प्रभु ही कर देते हैं।

इस वासना-विनाश के बाद **पुरुभोजसः**-पालक व पूरक भोज्य द्रव्यों को देनेवाले प्रभु के **दात्राणि**-सब दान **अस्य**-इस उपासक का **पिन्विरे**-प्रीणन करते हैं, इसी प्रकार **इव**-जैसे **गिरेः**-मेघ के **प्ररसाः**-उत्कृष्ट रस—पर्वतों पर उत्पन्न फलों के रस मनुष्य को तृप्त करते हैं। वस्तुतः खाने-पीने की वस्तुओं का आनन्द भी वासना-विनाश के बाद आता है। उससे पहले तो ये खाने-पीने की वस्तुएँ हमें ही खा-पी जाती हैं, अतः मन्त्र के पूर्वार्ध में वासना-विनाश का उल्लेख है और उत्तरार्ध में उस पुरुभोजस् प्रभु के दिव्य अन्नों द्वारा प्रीणन का प्रसङ्ग है। यदि वासनाओं को जीतकर हमने इन अन्नों का सेवन किया तो हम कण-कण करके उत्तमता का संग्रह करनेवाले 'प्रस्कण्व' होंगे।

भावार्थ—हम प्रभु की शरण में जाकर वासनाओं का विनाश करें और प्रभु के दिये भोजनों से प्रीणन का अनुभव करें।

सूक्त-१४

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ **स्वरः**—मध्यमः॥

८१३. त्वामिदा ह्यो नरोऽपीप्यन् वज्रिन् भूर्णयः।
स इन्द्र स्तोमवाहस इह श्रुध्युप स्वसरमा गहि॥ १॥

३२० संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ **स्वरः**—पञ्चमः॥

प्रभु-धारण व उत्तम जीवन

८१४. मत्स्वा सुशिप्रिन् हरिवस्तमीमहे त्वया भूषन्ति वेधसः।
तव श्रवांस्युपमान्युक्थ्य सुतेष्विन्द्र गिर्वणः॥ २॥

हे **सुशिप्रिन्**-(सृप्रं सर्पणात्—सुशिप्रं एतेन व्याख्यातम्—नि० ६.७)-उत्तम गतिवाले प्रभो! **हरिवः**-सब दोषों के हरण की शक्ति से सम्पन्न **गिर्वणः**-वेदवाणियों से उपासनीय प्रभो! **मत्स्व**-आप हमपर अनुग्रह कीजिए—(प्रसीद)। सारा संसार प्रभु की गति से गतिमय है—वह सब गति अन्ततः हमारे कल्याण के लिए है। प्रभु विविध घटनाओं से हमारे दोषों व दुःखों का हरण कर रहे हैं, अतः वे प्रभु ही वेदवाणियों से स्तुति के योग्य हैं। **तम्**-उस आपकी ही हम **ईमहे**-प्रार्थना करते हैं। आपको छोड़कर अन्य किससे याचना करें? **वेधसः**-मेधावी लोग **त्वया**-आपसे ही **भूषन्ति**-अपने जीवनों को अलंकृत करते हैं। आपकी आराधना करके आपको ही अपने अन्दर धारण करते हैं। इस प्रकार अपने जीवनों को सुभूषित करते हैं।

हे **उक्थ्य**-स्तुत्य प्रभो! **तव श्रवांसि**-आपके यश **उपमानि**-उपमानभूत हैं, किसी अन्य से उपमेय नहीं है। **इन्द्र**-हे परमैश्वर्यशाली प्रभो! आपके यश **सुतेषु**-आपके पुत्रों में भी होते हैं। अपने सुचरितों से आपको प्रीणित करनेवाले आपके सच्चे पुत्र भी इन यशों को प्राप्त करते हैं। प्रभु के ये सच्चे पुत्र '**नृमेध**'-सब मनुष्यों से मिलकर चलते हैं, अर्थात् केवल स्वार्थरत न रहकर परार्थ को भी सिद्ध करनेवाले होते हैं और इसी परार्थता के कारण विषयरत न होने से '**आङ्गिरस**' होते हैं।

भावार्थ—हे प्रभो! हम आपके धारण से अपने जीवनों को अलंकृत करें।

सूक्त-१५

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

८१५. यस्ते मदो वरेण्यस्तेना पवस्वान्धसा। देवावीरघशंसहा॥ १॥

४७० संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृत्र-विनाश व वाज-प्राप्ति

८१६. जघ्निर्वृत्रममित्रियं सस्निर्वाजं दिवेदिवे। गोषातिरश्वसा असि॥ २॥

'अमहीयुः'=पार्थिव भोगों की कामना न करनेवाला, आङ्गिरस=शक्तिसम्पन्न ऋषि प्रभु से लौकिक भोगों के लिए प्रार्थना न करके यह प्रार्थना है कि—

१. अमित्रियम्=हमें पाप से न बचने देनेवाली वृत्रम्=ज्ञान की आवरणभूत वासना के आप जघ्निः=प्रबल विनाशक हैं। वासना 'स्मर' है, तो आप 'स्मरहर' हैं। आपका स्मरण हमें वासनाओं का शिकार होने से बचाता है। २. हे प्रभो! वासना-विनाश के द्वारा आप दिवे-दिवे=दिन-प्रतिदिन सस्निः=(षणु दाने) शक्ति प्राप्त करानेवाले हैं। वासना-विनाश से आप हमारी शक्ति की वृद्धि करते हैं। ३. गोषातिः=(गावः इन्द्रियाणि) आप विविध शक्तियों को सिद्ध करने के लिए उत्तम इन्द्रियों को देनेवाले हैं। इन इन्द्रियों के भिन्न-भिन्न व्यापारों से इन्द्र की शक्ति में वृद्धि होती है। इन्द्र-जीवात्मा की शक्ति का साधनभूत होने से ही इनका नाम इन्द्रियाँ पड़ा है। ४. अश्वसाः असि=हे प्रभो! आप हमें प्राणों के देनेवाले हैं। शरीर में व्याप्त होने से (अश् व्याप्तौ) ये प्राण अश्व कहलाते हैं। 'आज हैं, कल न रहने से 'अ-श्वः' ये अश्व भी कहलाते हैं। इन्हीं की शक्ति से मनुष्य कर्मों में व्याप्त रहता है।'

भावार्थ—अमहीयु बनकर हमारी प्रार्थना यही हो कि 'हमारी वासना विनष्ट हो और शक्ति बढ़े।' हमारी इन्द्रियाँ उत्तम हों और प्राणशक्ति की वृद्धि हो।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अमहीयु को प्रभु का उपदेश

८१७. सम्मिश्लो अरुषो भुवः सूपस्थाभिर्न धेनुभिः। सीदच्छ्येनो न योनिमा॥ ३॥

१. सूपस्थाभिः=उत्तमता व सुगमता से उपस्थान के योग्य धेनुभिः न=गौओं के समान इन वेदवाणियों से तू संमिश्लः भुवः=युक्त हो। ये वेदवाणियाँ कठिन नहीं—ये सूपस्थ हैं, सुगमता से उपस्थान के योग्य हैं। जैसे एक उत्तम धेनु सुदोह्या होती है उसी प्रकार ये वाणियाँ भी सुदोह्या हैं—सुगमता से समझने योग्य हैं। तू इनके पास बैठ तो? २. इन वेदवाणियों की उपासना से तू अरुषः आरोचनः (नि० ३.७ अरुषं रूप) उत्तम रूपवाला हो। ३. श्येनः न=शंसनीय गतिवाला-सा बनकर तू ४. योनिम् आसीदन्=मूल हृदयदेश में स्थित होनेवाला हो, अर्थात् तू सारे ध्यान को केन्द्रित कर हृदय में प्रभु की उपासना करनेवाला बन। 'योनि' शब्द का अर्थ 'वेदि' भी है। तू वेदि में स्थित हो, यज्ञादि उत्तम कर्मों को करनेवाला बन।

भावार्थ—हम वेदाध्ययन करें, क्रोधशून्य उत्तम रूपवाले हों, शंसनीय गतिवाले हों, हृदय में प्रभु की उपासना करें अथवा वेदियों में स्थित हो यज्ञ करनेवाले बनें।

सूक्त-१६

ऋषिः—नहुषो मानवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

८१८. अयं पूषा रयिर्भगः सोमः पुनानो अर्षति।
पतिर्विश्वस्य भूमनो व्यख्यद्रोदसी उभे ॥ १ ॥

५४६ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—नहुषो मानवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

'नहुष मानव' का जीवन 'चित्रबन्ध काव्य'

८१९. समु प्रिया अनूषत गावो मदाय घृष्वयः।
सोमासः कृण्वते पथः पवमानास इन्दवः ॥ २ ॥

वह व्यक्ति जो अपने को प्रभु से जोड़ता है और परिणामतः मानवमात्र से अपने को एक करना चाहता है वह 'नहुषः मानवः' है—यह सभी के हित में अपना हित समझता है। ये व्यक्ति ही १. उ=निश्चय से प्रभु को प्रियाः=प्रिय होते हैं २. समनूषत=ये सदा प्रभु का स्तवन करते हैं ३. गावः मदाय=वेदवाणियाँ इनको हर्ष देनेवाली होती हैं, अर्थात् ज्ञान-प्राप्ति में ही ये आनन्द लेते हैं। ४. घृष्वयः=(घृषु संघर्षे) ये अध्यात्मसंग्राम में कामादि वासनाओं का धर्षण कर डालते हैं। ५. सोमासः=सौम्य स्वभाव के होते हैं ६. कृण्वते पथः=औरों के लिए भी ये मार्गदर्शक होते हैं—रास्ता बना देते हैं। ७. पवमानासः=ये सदा अपने जीवन को पवित्र बनाने में लगे रहते हैं ८. इन्दवः=शक्तिशाली होते हैं।

१. और ८. प्रभु के प्रिय वे ही हैं जो शक्तिशाली हैं

२. और ७. प्रभु का स्तवन अपने को पवित्र करने का उपाय है।

३. और ६. ज्ञानी ही औरों के लिए मार्गदर्शक हो सकता है। अन्यथा तो 'अन्धेनैव नीयमानाः यथान्धाः' वाली बात होती है।

४. और ५. वासनाओं का पूर्ण विजय करके ही मनुष्य सौम्य बनता है। वस्तुतः वासना-विजय की चरम सीमा सौम्यता ही है। प्रस्तुत मन्त्र 'चित्रबन्ध काव्य' का एक सुन्दर उदाहरण है।

भावार्थ—हमारा जीवन भी 'नहुष मानव' का जीवन हो। हम प्रभु के प्रिय बनें—शक्तिशाली हों।

सूचना—यहाँ यह बात विशेष ध्यान देने योग्य है कि प्रारम्भ और अन्त को मिलाकर भावना यह है कि प्रभु को वे ही प्रिय होते हैं जो शक्तिशाली बनते हैं।

ऋषिः—नहुषो मानवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

पाञ्चजन्य शंख-घोष

८२०. य ओजिष्ठस्तमा भर पवमान श्रवाय्यम्।
यः पञ्च चर्षणीरभि रयिं येन वनामहे ॥ ३ ॥

अत्यन्त विनीत बना हुआ 'नहुष मानव' प्रभु से प्रार्थना करता है कि—हे पवमान=पवित्र

करनेवाले प्रभो! तम्-उस सोम को हममें आभर-प्राप्त कराइए—भरिए यः-जो १. ओजिष्ठः-ओजस्वितम है—हमें अधिक-से-अधिक शक्ति देनेवाला है। २. जो श्रवाय्यम्- हमारे जीवन को यशस्वी बनानेवाला है अथवा उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त करानेवाला है (श्रवस्-यश व ज्ञान) ३. यः-जो सोम हमें पंच चर्षणीः अभि-पाँचों मनुष्यों की ओर ले-जानेवाला है, अर्थात् जिससे हमारा झुकाव सभी के हित की ओर होता है—हम केवल स्वार्थ में न लगकर 'ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा निषाद' सभी का हित चाहते हैं। हम भी कृष्ण की तरह पांचजन्य शंख को बजानेवाले होते हैं। हमारे संसार-संग्राम का लक्ष्य भी पंचजनहित ही होता है। ४. और इस प्रकार येन-जिस सोम से हम अन्त में रयिम्-मोक्षरूप धन को वनामहे-(वन् win) जीतते हैं—प्राप्त करते हैं, उस सोम को हे प्रभो! हम आपकी कृपा से प्राप्त करें।

भावार्थ—सोम की रक्षा के द्वारा हम शक्तिशाली, यशस्वी व ज्ञानी तथा सर्वहितरत बनकर मोक्ष के भागी बनते हैं।

सूक्त-१७

ऋषिः—सिकतानिवावरी॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

८२१. वृषा मतीनां पवते विचक्षणः सोमो अह्नां प्रतरीतोषसां दिवः।
प्राणा सिन्धूनां कलशाँ अचिक्रददिन्द्रस्य हार्द्याविशन्मनीषिभिः॥ १॥

५५९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सिकतानिवावरी॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

इन्द्र इत् चरतः सखा

८२२. मनीषिभिः पवते पूर्व्यः कविर्नृभिर्यतः परि कोशाँ असिष्यदत्।
त्रितस्य नाम जनयन्मधु क्षरन्निन्द्रस्य वायुं सख्याय वर्धयन्॥ २॥

'सिकता' वीर्य का पुत्र 'निवावरी' निश्चय से प्रभु का स्तवन करनेवाला प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि है। १. मनीषिभिः-मन का शासन करनेवाले ज्ञानी पुरुषों के साथ पवते-गति करता है, अर्थात् इसका उठना-बैठना ज्ञानियों में ही होता है—यह उन्हीं के साथ उठने-बैठने के कारण पवित्र जीवनवाला होता है। २. पूर्व्यः-इनके सम्पर्क से यह अपना पूरण तो करता ही है और इसलिए मनुष्यों में प्रथम स्थान में स्थित होनेवाला होता है ३. कविः-ज्ञानी बनता है। ४. नृभिः यतः-मनुष्यों के हित के उद्देश्य से यत्नवाला होता है अथवा आगे ले-चलनेवाले माता-पिता व आचार्यों से संयत जीवनवाला बनाया जाता है। ५. कोशान् परि असिष्यदत्-यह कोशों के प्रति प्रवाहित होता है, अर्थात् बाह्य वस्तुओं का ध्यान करने की बजाए यह आन्तरिक जीवन का ध्यान करता है। धन, मकान आदि की बजाए यह अन्नमयादि कोशों के ठीक रखने का अधिक ध्यान करता है। ६. यह त्रितस्य-काम, क्रोध, लोभ तीनों को तैर जानेवाले के नाम-यश को जनयन्-उत्पन्न करता है। वासनाओं को तैर जाने से इसका नाम ही त्रित (तीर्णतम) हो जाता है। त्रित का अर्थ शरीर, मन व बुद्धि 'तीनों का विकास करनेवाला भी है' 'त्रीन् तनोति' जब कोशों की ओर ध्यान देगा, तभी ऐसा कर पाएगा। ७. मधु क्षरन्-यह माधुर्य को टपकानेवाला होता है। यह व्यवहार में कभी कड़वी वाणी नहीं बोलता।

८. इन्द्रस्य सख्याय-उस परमैश्वर्यवाले प्रभु की मित्रता के लिए यह वायुम्-अपनी क्रियाशीलता को वर्धयन्-बढ़ाता चलता है। क्रियाशील के ही तो प्रभु मित्र हैं 'इन्द्र इत् चरतः सखा'। आलसी पुरुष के देव मित्र नहीं हुआ करते। 'न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवाः।'

(१+८) जो विद्वानों के सम्पर्क में रहने का प्रयत्न करेगा वही प्रभु की मित्रता को भी प्राप्त कर सकेगा।

(२+७) जो पूर्व्य (ब्रह्मा) बनता है वह मधुर शब्दों का ही प्रयोग करता है।

(३+६) जो कवि-क्रान्तदर्शी है वह सचमुच काम, क्रोध, लोभ का शिकार नहीं होता।

(४+५) जो माता, पिता, आचार्य से संयमी बनाया जाता है, वही अन्तर्मुखी वृत्तिवाला होता है।

भावार्थ—प्रभु की मित्रता की प्राप्ति के लिए हम क्रियाशील बनें।

ऋषिः—पृश्नयोऽजाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

चार प्रयत्न

८२३. अयं पुनान उषसो अरोचयदयं सिन्धुभ्यो अभवदु लोककृत्।
अयं त्रिः सप्त दुदुहान आशिरं सोमो हृदे पवते चारु मत्सरः॥ ३॥

अयम्-यह सिकता निवावरी उषसः-बहुत सवेरे से ही पुनानः-अपने जीवन को पवित्र करता हुआ अरोचयत्-अपने सब कोशों को उज्ज्वल व दीप्त करता है। सब कोशों का स्वास्थ्य नैर्मल्य पर ही निर्भर करता है। शरीर में मल (Foreign matter) बढ़ते ही मनुष्य रोगी हो जाता है। इन्द्रियों का मल विषयपंक है—मन का राग-द्वेष तथा बुद्धि की कुण्ठता और अन्त में आनन्दमय कोश का मल असहिष्णुता है। यह प्रातः से ही इन मलों के शोधन में लगता है और अपने समूचे जीवन को दीप्त बनाता है। २. उ-और अयम्-यह सिकता निवावरी सिन्धुभ्यः-स्यन्दन के स्वभाववाले रेतःकणों से (आपः रेतः भूत्वा) अपने जीवन में लोककृत्-(लोक् दर्शने) प्रभु का दर्शन करनेवाला अभवत्-बनता है। वस्तुतः सुरक्षित सोम (रेतस्) ने ही हमें उस सोम (प्रभु) का दर्शन कराना है। 'यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति' प्रभु-दर्शन के लिए यह ब्रह्मचर्य आवश्यक ही है। ३. अयम्-यह त्रिसप्त-१० इन्द्रियाँ १० प्राण व एक मन इन इक्कीस साधनों को दुदुहानः-(दुह प्रपूरणे) न्यूनताओं को दूर करके शक्ति से भरता हुआ ४. सोमः-यह शक्ति का पुञ्ज तथा सौम्य स्वभाववाला हृदे-हृदय में (हृदि) उस चारु आशिरम्-सुन्दर आश्रयभूत प्रभु को (श्रिञ् सेवायाम् से आशिर) पवते-प्राप्त होता और मत्सरः-आनन्दमय जीवनवाला होता है।

भावार्थ—हम प्रातः से ही अपना परिमार्जन प्रारम्भ करें तभी हृदयस्थ प्रभु का हम दर्शन कर पाएँगे।

सूक्त-१८

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

८२४. एवा ह्यसि वीरयुरेवा शूर उत स्थिरः। एवा ते राध्यं मनः॥ १॥

२३२ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

धन या इन्द्र

८२५. एवा रातिस्तुवीमघ विश्वेभिर्धायि धातृभिः। अधा चिदिन्द्र नः सचा ॥ २ ॥

'श्रुतकक्ष'=ज्ञान को ही अपनी शरण बनानेवाला 'सुकक्ष'=उत्तम शरणवाला 'आंगिरस'=शक्तिशाली प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि समझता है कि **एवा**=(truly, realy)=सचमुच **विश्वेभिः**=धातृभिः=संसार में सब धारण करनेवालों से हे **तुवीमघ**=अनन्त ऐश्वर्यवाले प्रभो! **रातिः**=आपका दान ही **धायि**=धारण किया जाता है। संसार में जिस-जिस मनुष्य के पास धन है और जो धन से अपने को औरों का धारण करता हुआ समझता है, वह सब धन वस्तुतः उस प्रभु के द्वारा ही उसके पास रक्खा गया है। वह व्यक्ति तो उस धन का ट्रस्टीमात्र है। सामान्यतः संसार में मनुष्य अपने को ही इस धन का धनी समझने लगता है। उस समय प्रभु का सत्य स्वरूप इस धन के द्वारा इससे ओझल कर दिया जाता है।

जब यह इस सत्यता को जान लेता है कि मैं तो प्रभु के धन को ही धारण करनेवाला हूँ, इसमें मेरा कुछ नहीं तब वह हिरण्मय पात्र का ढक्कन उठ जाता है, **अधा**=और अब **चित्**=निश्चय से हे **इन्द्र**=ऐश्वर्यशाली प्रभो! आप **नः**=हमारे **सचा**=साथी होते हो। मनुष्य धन का अपने को धारकमात्र समझे तो उसका घमण्ड समाप्त हो जाता है। उसके ज्ञानचक्षु पर लोभ का पर्दा नहीं आता और वह परमेश्वर का मित्र बन पाता है।

भावार्थ—हम श्रुतकक्ष बनें। अपने को धन का धारकमात्र समझें और प्रभु का दर्शन करें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान-शक्ति-यज्ञ

८२६. मो षु ब्रह्मेव तन्द्रयुर्भुवो वाजानां पते। मत्स्वा सुतस्य गोमतः ॥ ३ ॥

प्रभु सुकक्ष से कहते हैं कि—

१. **सुब्रह्मा इव**=उत्तम चतुर्वेदवेत्ता के समान ज्ञानी बनकर तू **मा उ**=मत ही **तन्द्रयुः**=आलसी **भुवः**=होना। ज्ञान-प्राप्ति में कभी आलस्य नहीं करना। चतुर्वेदवेत्ता-सा बनकर भी ज्ञान प्राप्ति में लगे ही रहना। 'अनन्तपारं किल शब्दशास्त्रम्'=शब्दशास्त्र अनन्तपार है। ज्ञान का अन्त समझकर तुझे आलस्य न घेर ले। तू यह न समझ बैठे कि जो कुछ ज्ञातव्य था वह मैंने जान ही लिया है, अब आगे पढ़कर क्या करना?

२. **वाजानां पते**=वाजों के पति बननेवाले सुकक्ष वाज-प्राप्ति में भी तूने **तन्द्रयुः**=आलसी **मा भुवः**=नहीं होना। ज्ञान के साथ शक्तिसंचय को भी तूने भूल नहीं जाना।

३. **गोमतः**=प्रशस्त इन्द्रियों व वेदवाणियोंवाले **सुतस्य**=यज्ञ का तू **मत्स्व**=आनन्द ले, अर्थात् तुझे यज्ञात्मक कर्मों में आनन्द का अनुभव हो। तू इनको अपनी इन्द्रियों को प्रशस्त करनेवाला समझ। इनके द्वारा तेरा वेदवाणियों से सम्पर्क भी हो जाता है और तू विषयों में फँसने से बच जाता है।

भावार्थ—हम ज्ञान प्राप्ति में कभी आलस्य न करें—शक्ति-सञ्चय में सदा अतृप्त रहें—यज्ञों में मस्त रहें।

सूक्त-१९

ऋषिः—जेता माधुच्छन्दसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

८२७. इन्द्रं विश्वा अवीवृधन्त्समुद्रव्यचसं गिरः।
रथीतमं रथीनां वाजानां सत्पतिं पतिम्॥ १॥

३४३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—जेता माधुच्छन्दसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

अभय-विजय

८२८. सख्ये त इन्द्र वाजिनो मा भेम शवसस्पते।
त्वामभि प्र णोनुमो जेतारमपराजितम्॥ २॥

'जेता माधुच्छन्दस'-वासनाओं का विजय करनेवाला, उत्तम इच्छाओंवाला प्रभु से प्रार्थना करता हुआ कहता है कि हे शवसस्पते-(शव-गति, वृद्धि) गति व वृद्धि के पति प्रभो! आप सदा गतिमान् हो, परिणामतः सदा वृद्धिमान् हो। हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! वाजिनः-सर्वशक्तिमान्, बलवान् ते-आपकी सख्ये-मित्रता में हम मा भेम-मत भयभीत हों। प्रभु की मित्रता मनुष्य को निर्भीक बनाती है। वे प्रभु सर्वशक्ति-सम्पन्न हैं। अशक्त जीव भी प्रभु-मित्रता में सशक्त हो जाता है, उसे किसी प्रकार का भय नहीं रहता।

त्वाम् अभिप्रणोनुमः-आपको लक्ष्य करके हम प्रणाम करते हैं—बारम्बार आपकी आराधना करते हैं। आप जेतारम्-सदा विजयी हैं अपराजितम्-कभी पराजित नहीं होते। आपको अपने रथ का सारथि बनाकर मैं भी विजयी होता हूँ। अपने जीवन की बागडोर आपके हाथ में सौंपकर मैं भी पराजित नहीं होता।

भावार्थ—प्रभु की मित्रता में निर्भयता है—प्रभु की आराधना में विजय है।

ऋषिः—जेता माधुच्छन्दसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सनातन दान व रक्षण

८२९. पूर्वीरिन्द्रस्य रातयो न वि दस्यन्त्यूतयः।
यदा वाजस्य गोमत स्तोतृभ्यो मंहते मघम्॥ ३॥

यदा-जब गोमतः-प्रशस्तेन्द्रियोंवाले व प्रशस्त वेदवाणियोंवाले वाजस्य-शक्ति के मघम्-धन को स्तोतृभ्यः-स्तोताओं के लिए मंहते-वे प्रभु देते हैं तब इन्द्रस्य-उस सर्वशक्तिमान् परमैश्वर्यवाले प्रभु की पूर्वीः-अनादिकाल से प्रवृत्त रातयः-दान तथा ऊतयः-रक्षण न विदस्यन्ति-नष्ट नहीं होते। प्रभु अपनी सर्वशक्तिमत्ता से स्तोताओं का सदा से रक्षण कर रहे हैं तो अपने परमैश्वर्य से वे स्तोताओं को सदा से दान दे रहे हैं।

भावार्थ—मैं स्तोता बनूँ और प्रभु के 'गोमान् वाज'-ज्ञानयुक्त बल के दान का पात्र बनूँ।

इति तृतीयोऽध्यायः, द्वितीयप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

अथ चतुर्थोऽध्यायः

द्वितीयप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु-प्राप्ति व सौभग-लाभ

८३०. एत असृग्रमिन्दवस्तिरः पवित्रमाशवः। विश्वान्यभि सौभगा ॥ १ ॥

एते-ये आशवः-मनुष्य को शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त करनेवाले, शक्ति-उत्पादन के द्वारा मनुष्य में स्फूर्ति उत्पन्न करनेवाले इन्दवः-शक्तिशाली सोमकण (१) तिरः पवित्रम्-सर्वत्र अन्तर्हित, सभी को पवित्र करनेवाले प्रभु को तथा विश्वानि सौभगा-सब सौभगों को अभि-लक्ष्य करके असृग्रम्-उत्पन्न किये गये हैं।

सोमकण 'आशु' हैं—'इन्दु' हैं। ये सुरक्षित होने पर स्फूर्ति व शक्ति को जन्म देनेवाले हैं। ये उत्पन्न इसलिए किये गये हैं कि १. उस सर्वव्यापक, परन्तु अन्तर्हित प्रभु का दर्शन हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाला है। २. इनके उत्पादन का दूसरा प्रयोजन यह है कि सभी सौभग हमें प्राप्त हों। ये सौभग 'ऐश्वर्य, वीर्य, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्य' हैं। इनको प्राप्त करके हमारा जीवन चमक उठता है। एवं, सोम निःश्रेयस को भी देनेवाला है—अभ्युदय का भी साधक है। सोम की रक्षा करनेवाला सब सौभगों से युक्त 'जमदग्नि' अन्त तक ठीक जाठराग्निवाला बनता है। इन सौभगों के कारण उसे आधिव्याधियाँ नहीं सतातीं। अपना ठीक परिपाक करने से यह प्रभु-दर्शन करनेवाला 'भार्गव' बनता है।

भावार्थ—मैं सोम-रक्षा के द्वारा इस जीवन में सौभगों को प्राप्त करूँ और प्रभुदर्शन करके पवित्र-जीवनवाला बनूँ।

ऋषिः—जमदग्निः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

दुरित-विनाश

८३१. विघ्नन्तो दुरिता पुरु सुगा तोकाय वाजिनः। त्मना कृण्वन्तो अर्वतः ॥ २ ॥

१. ये सोम दुरिता-दुरितों को—अशुभों को विघ्नन्तः-नष्ट करते हुए होते हैं। सोम-रक्षा से हमारी जीवन-यात्रा में आनेवाले विघ्न नष्ट हो जाते हैं २. पुरु सुगा-विघ्नों के नाश से इस जीवन-यात्रा का मार्ग खूब ही सुगम हो जाता है। ३. वाजिनः-वे शक्तिशाली सोम तोकाय-उस-उस समय पर आनेवाले विघ्नों को (तु=to strike) आहत करने के लिए होते हैं। ४. ये सोम त्मना-आत्मा के साथ अर्वतः-प्राणों को कृण्वन्तः-करते हैं, अर्थात् आत्मा के साथ प्राणशक्ति को जोड़नेवाले होते हैं। इस प्राणशक्ति से ही यह अपनी जीवन-यात्रा को पूर्ण कर पाता है।

भावार्थ—सोम विघ्नों को दूर करके हमें जीवन-यात्रा को पूर्ण करने में समर्थ बनाता है।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शरदः शतम्

८३५. आ न इन्दो शतग्विनं गवां पोषं स्वश्व्यम्। वहा भगत्तिमूतये ॥ ३ ॥

हे इन्दो=सोम! नः=हमें शतग्विनम्=(शतं गच्छति)=सौ वर्षपर्यन्त चलनेवाले गवां पोषम्=ज्ञानेन्द्रियों के पोषण को तथा स्वश्व्यम्=(सु+अश्व+य) उत्तम कर्मेन्द्रियों की शक्ति को आवह=प्राप्त कराइए। सोम की रक्षा से सौ-के-सौ वर्ष तक ज्ञानेन्द्रियों की शक्ति बनी रहती है और कर्मेन्द्रियाँ भी बड़ी उत्तमता से अपने-अपने व्यापारों में लगी रहती हैं।

हे सोम! तू ऊतये=हमारी रक्षा के लिए भगत्तिम्=भग के दान को आवह=प्राप्त करा। भग का अभिप्राय 'विज्ञानैश्वर्य, वीर्य, यश-श्री, ज्ञान व वैराग्य' है। ये छह वस्तुएँ हमारे जीवनों को बड़ा सुन्दर बनानेवाली हों। हमारे जीवन का प्रारम्भ विज्ञान के ऐश्वर्य से परिपूर्ण हो, जीवन का मध्य यश और श्री से सम्पन्न हो तथा अन्त ज्ञान और वैराग्य से सुशोभित हो।

भावार्थ—सोम-रक्षा से हमारी इन्द्रियाँ सौ वर्षपर्यन्त कर्मक्षम बनी रहें तथा हमारा जीवन षड्विध भग से सुभग बनें।

सूक्त-३

ऋषिः—कविर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

नृम्ण-महस्-दिव् व चारु

८३६. तं त्वा नृम्णानि बिभ्रतं सधस्थेषु महो दिवः। चारुं सुकृत्ययेमहे ॥ १ ॥

'कवि भार्गव'=ज्ञानी, परिपक्व बुद्धिवाला व्यक्ति प्रार्थना करता है कि—हे प्रभो! तं त्वा=उस आपको सधस्थेषु=सह स्थानों में—मिलकर बैठने के स्थानों में अथवा हृदयों में (हृदय जीव और प्रभु का सहस्थान है) सुकृत्यया=उत्तम पुरुषार्थ के साथ, अर्थात् स्वयं पुरुषार्थ करते हुए ईमहे=याचना करते हैं। 'प्रार्थना पुरुषार्थ के उपरान्त ही करनी चाहिए' इस आचार्य-वचन का मूल यह 'सुकृत्यया' शब्द ही है। बिना कर्म व पुरुषार्थ के आलसी बनकर बैठे हुओं की प्रार्थना नहीं सुनी जाती।

मैं उन आपकी प्रार्थना करता हूँ जो आप १. नृम्णानि=बलों को (नि० २.९.९) महः=तेज को दिवः=ज्ञान के प्रकाशों को तथा चारुम्=सब शुभों को बिभ्रतम्=धारण कर रहे हैं। मेरे पुरुषार्थ के अनुसार 'बल-तेज-प्रकाश व शुभ' को आप मुझे प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—हमें पूर्ण पुरुषार्थ करके 'नृम्ण, बल, तेज, प्रकाश व शुभ' को प्राप्त करनेवाला बनना है।

ऋषिः—कविर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

उत्तम-प्रार्थना

८३७. संवृक्तधृष्णुमुक्थ्यं महामहिव्रतं मदम्। शतं पुरो रुरुक्षणिम् ॥ २ ॥

संवृक्तधृष्णुम्=(वृजी वर्जने, धृष्णु शत्रु)=दूर किये हैं कामादि शत्रु जिसने, उक्थ्यम्=अत्यन्त प्रशंसनीय महामहिव्रतम्=बड़े-बड़े महनीय व्रतोंवाले मदम्=आनन्दमय तथा शतं पुरः=सैकड़ों देहरूप नगरियों को रुरुक्षणिम्=(रुजो भंगे) नष्ट करनेवाले आपकी हे प्रभो! सुकृत्यया ईमहे=(ये दोनों शब्द पिछले मन्त्र से अनुवृत्त हो रहे हैं) उत्तम पुरुषार्थ के साथ हम याचना करते हैं। वस्तुतः जिन

गुणों की प्रार्थना करनी होती है उन्हीं गुणों से विशिष्ट प्रभु का स्तवन चलता है, अतः प्रार्थना का स्वरूप यह है कि मैं शत्रुओं—काम आदि वासनाओं को जीत जाऊँ, मेरा जीवन प्रशस्य हो, मैं महनीय व्रतोंवाला बनूँ, मेरा जीवन उल्लासमय हो और मैं इन शतशः बन्धनों का तोड़नेवाला बनूँ।

भावार्थ—हम पुरुषार्थ से बन्धनों को तोड़कर प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुरुषार्थ से उत्पन्न अनथक श्रम

८३८. अतस्त्वा रयिरभ्ययद्राजानं सुक्रतो दिवः। सुपर्णो अव्यथी भरत्॥ ३॥

हे सुक्रतो=उत्तम सङ्कल्पों व कर्मोंवाले जीव! राजानम्=बड़े नियमित जीवनवाले (राज्, Regulate) त्वा=तुझे, अतः=क्योंकि तू पुरुषार्थ-शून्य प्रार्थना में नहीं लगा, इसलिए दिवः रयिः=यह ज्ञान धन अभ्ययत्=प्राप्त होता है। 'तू पुरुषार्थ में लगा है, तेरा जीवन बड़ा नियमित है।' सुपर्णः=उत्तम ढंग से अपना पालन-पोषण करनेवाला, नियमित गति से अपने जीवन को चलानेवाला अव्यथी=कर्म से कभी परे न हटनेवाला, अनथक व्यक्ति भरत्=अपने को इष्ट वस्तुओं का पात्र बनाता ही है। उत्तम गतिवाले अनथक व्यक्ति की प्रार्थना पूरी होती ही है।

भावार्थ—हम उत्तम प्रार्थनाएँ तो करें ही, उन वस्तुओं के लिए पूर्ण पुरुषार्थ भी करें।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महान् महिमा

८३९. अधा हिन्वान इन्द्रियं ज्यायो महित्वमानशे। अभिष्टिकृद्विचर्षणिः॥ ४॥

हे जीव! 'दिवः रयिः' ज्ञान का प्रकाश तो तुझे प्राप्त होता ही है। अध=अब इन्द्रियम्=इन्द्रियों की शक्ति—बल को हिन्वानः=प्राप्त करता हुआ तू ज्यायः महित्वम्=उत्कृष्ट महत्त्व को आनशे=प्राप्त करता है। 'ब्रह्म' के साथ 'क्षत्र' के मिल जाने से सोने में सुगन्ध हो जाती है। अभिष्टिकृत्=इस ब्रह्म व क्षत्र के मेल से तू सब अभीष्टों को—सब मनोरथों को पूर्ण करनेवाला होता है। अथवा (अभिष्टि worship) तू सच्ची उपासना करनेवाला होता है तथा विचर्षणिः=तू विशिष्ट द्रष्टा—वस्तुओं को ठीक रूप में देखनेवाला होता है। ब्रह्म और क्षत्र का मेल ही ज्ञान और क्रिया का समन्वय है। अकेला ज्ञान पङ्गु है, अकेली क्रिया अन्धी। दोनों का सम्बन्ध मानव-जीवन को पङ्गुत्व व अन्धत्व से ऊपर उठाकर प्रकाशमय व क्रियाशील बनाता है, इसी से उसे महा महिमा प्राप्त होती है।

भावार्थ—हम ब्रह्म व क्षत्र का मेल करते हुए अपने जीवन को महत्त्वशाली बनाएँ।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विश्व ज्योति का दर्शन—स्वर्गसुख-लाभ

८४०. विश्वस्मा इत्स्वर्दृशे साधारणं रजस्तुरम्। गोपामृतस्य विर्भरत्॥ ५॥

विविध योनियों में जाने के कारण जीव को यहाँ 'विः' कहा गया है (वेति इति विः)। यह विः=जीव इत्=निश्चय से विश्वस्मै=सम्पूर्ण स्वः=ज्ञानों—प्रकाशों को दृशे=देखने के लिए तथा स्वः=सब स्वर्गसुखों को दृशे=अनुभव करने के लिए (स्वः=Heaven; Radiance) उस प्रभु को

भरत्=अपने अन्दर धारण करे, जो १. साधारणम्=प्राणिमात्र में क्या भूतमात्र में समरूप से सर्वत्र रह रहे हैं। २. रज=स्तुरम्=सामान्यतः सब लोकों को गति देनेवाले हैं। (यो रजांसि लोकान् तुरति—द० ऋ० १.६४.१२, रज इति ज्योतिर्नाम—नि० ४.२.३९, तुरीयतीति गतिकर्मा) अथवा ज्योति प्राप्त करानेवाले हैं। ३. ऋतस्य गोपाम्=सब यज्ञों के तथा सृष्टि-नियम के रक्षक हैं।

भावार्थ—हम 'सम', 'रजस्तुर', नियमित जीवनवाले और यज्ञों के रक्षक बनें।

सूक्त-४

ऋषिः—कश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

८४१. इषे पवस्व धारया मृज्यमानो मनीषिभिः। इन्दो रुचाभि गा इहि॥ १॥

५०५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—कश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

८४२. पुनानो वरिवस्कृध्यूर्जं जनाय गिर्वणः। हरे सृजान आशिरम्॥ २॥

१. हे प्रभो! पुनानः=हमें पवित्र करते हुए आप वरिवः=ज्ञान-धन व मोक्षरूप धन कृधि=प्राप्त कराइए। जितना-जितना हमारा हृदय पवित्र होता जाएगा उतना-उतना ही वहाँ ज्ञान का प्रकाश होगा और हम मोक्ष-प्राप्ति के अधिकारी भी होंगे। २. हे गिर्वणः=वेदवाणियों के द्वारा उपासनीय प्रभो! जनाय=अपने उपासकजन के लिए आप ऊर्जं कृधि=बल व प्राणशक्ति दीजिए। ३. हरे=हे सब पापों के हरनेवाले प्रभो! आप हमें आशिरम्=शरण सृजानः=देनेवाले होओ। आपकी शरण में हम सब पापों से बचे रहेंगे। आशीः आश्रयणाद्वा—नि० ६.८, आशृ=पापों को विशीर्ण करनेवाली—प्रभु की शरण पापों को शीर्ण करती है।

भावार्थ—१. पवित्रता के द्वारा हम ज्ञान व मोक्ष-धन को प्राप्त करें, २. प्रभु की शरण में रहकर पापों से बचें।

ऋषिः—कश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

साधनत्रयी व साध्यत्रयी

८४३. पुनानो देववीतय इन्द्रस्य याहि निष्कृतम्। द्युतानो वाजिभिर्हितः॥ ३॥

हे प्रभो! आप पुनानः=हमारे जीवन को पवित्र करते हुए, २. देव-वीतये=हमें दिव्य गुण प्राप्त कराने के लिए, ३. इन्द्रस्य=मुझ जितेन्द्रिय के निष्कृतम्=परिष्कृत हृदय में याहि=प्राप्त होओ। आप आते हैं और हमारा जीवन पवित्र हो जाता है—हम दिव्य गुणों को प्राप्त करनेवाले होते हैं। आपकी प्राप्ति होती उसी को है जो जितेन्द्रिय बनता है और अपने हृदय को शुद्ध बनाता है। ४. द्युतानः=ज्योति का विस्तार करते हुए आप ५. वाजिभिः=शक्तिशालियों द्वारा ही हितः=अपने भीतर स्थापित किये जाते हैं। प्रभु हमारे हृदयों में आते हैं तो चारों ओर ज्योति-ही-ज्योति फैल जाती है। हमारे हृदयों में अन्धकार नहीं रहता, परन्तु आप प्रकाशित उन्हीं के हृदयों में होते हैं, जो संयम के द्वारा अपने जीवन में शक्ति का पूरण करते हैं।

भावार्थ—हम अपने हृदय को पवित्र बनाएँ, जितेन्द्रिय बनें, शक्तिशाली बनें, जिससे हमारे हृदय में प्रभु का वास हो और हम पवित्र हो जाएँ, हम दिव्य गुणों को प्राप्त करें और हमारे जीवनों

में ज्योति का विस्तार हो।

नोट—इस मन्त्र में तीन साधन कहे गये हैं—जितेन्द्रियता, शुद्धता, शक्ति तथा तीन ही साध्य हैं—पवित्रता, दिव्य गुणों का लाभ, ज्योति का विस्तार।

सूक्त-५

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

पाँच अग्नियाँ

८४४. अग्निनाग्निः समिध्यते कविर्गृहपतिर्युवा। हव्यवाड् जुह्वास्यः ॥ १ ॥

'मेधातिथि काण्व' प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि है। कण-कण करके मेधा का संचय करने के कारण 'काण्व' है और निरन्तर 'मेधा' की ओर चलने से 'मेधातिथि' (अत् सातत्यगमने) है। इस मेधातिथि को ऐसा बनानेवाला 'अग्नि' है। अग्निना-अग्नि से ही अग्निः-अग्नि समिध्यते-समिद्ध की जाती है। वैदिक साहित्य में ये अग्नियाँ क्रमशः 'माता, पिता, आचार्य, अतिथि व परमात्मा' हैं। इन अग्नियों के द्वारा इस नये संसार में आनेवाले जीव में भी अग्नि का समिन्धन किया जाता है।

१. इस अग्नि के समिन्धन से यह कविः-क्रान्तदर्शी बनता है। संसार में प्रत्येक वस्तु के ठीक रूप को देखता है। वस्तुतत्त्व को जानने के कारण यह उनमें उलझता नहीं।

ब्रह्मचर्याश्रम में ज्ञान-अग्नि के समिन्धन से कवि बन चुकने पर अब २. 'गृह-पतिः'-गृह का पति बनता है। वस्तुतः गृह-स्थाश्रम में घर की रक्षारूप कर्त्तव्य को पूर्णरूप से निभाने का यत्न करता है। ३. युवा-इन गृहस्थ की ज़िम्मेवारियों को निभाता हुआ यह युवा बनता है। युवा का अभिप्राय है घर को अच्छाई से युक्त व बुराई से रहित करने के लिए यत्नशील होता है। (यु-मिश्रण, अमिश्रण)।

४. हव्यवाट्-वानप्रस्थ में यह हव्य को धारण करनेवाला बनता है। 'य एक इत् हव्यश्चर्षणीनाम्', इस मन्त्र में केवल प्रभु के ही 'हव्य' होने का उल्लेख है। वस्तुतः अन्त में प्रभु ही तो सबके हव्य हैं। यह वनस्थ सदा उस प्रभु का वहन करनेवाला बनता है। स्मृतियों में वानप्रस्थ के 'वृक्षमूल-निकेतनः' इस कर्त्तव्य का यही अर्थ है कि 'वृक्षो वेदः, तस्य मूलं प्रणवः, स निकेतनं यस्य'-अर्थात् सदा प्रभु के 'ओम्' नाम का जप करनेवाला यह वानप्रस्थ 'हव्यवाट्' बनता है।

५. जुह्वास्यः-(जुहोति इति जुहु, जुहु आस्यं यस्य) स्वयं प्रभु का सतत स्मरण करनेवाला बनकर अब यह संन्यस्त होता है और इसका आस्य-मुख सदा जुहु-आहुति देनेवाला होता है, अर्थात् यह सदा प्रजारूप कुण्ड में ज्ञानरूप घृत की आहुति देता है। यह सुधारक सदा प्रजा को ज्ञान का उपदेश देनेवाला होता है।

भावार्थ—परमात्मारूप अग्नि से जीवरूप अग्नि समिद्ध होती है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

हविष्मति

८४५. यस्त्वामग्ने हविष्पतिर्दूतं देव सपर्यति। तस्य स्म प्राविता भव ॥ २ ॥

हे अग्ने-प्रकाश के पति प्रभो! हे देव-सब दिव्य गुणों के निधान! यः-जो हविष्पतिः-हवि का—दानपूर्वक अदन का पति स्वामी बनकर दूतम्-(द्रवति गच्छति) सर्वत्र व्याप्त व (दु शब्दे) सब विद्याओं का उपदेश देनेवाले त्वाम्-आपको सपर्यति-पूजता है, तस्य-उसके आप

प्राविता=प्रकर्षेण रक्षक भव स्म=होते ही हैं।

प्रभु की रक्षा का पात्र बनने के लिए आवश्यक है कि हम 'हवि के पति' बनें। दानपूर्वक उपभोग करना सीखें। 'त्यक्तेन भुञ्जीथाः' प्रभु के इस उपदेश को न भूलें। हमें यह स्मरण रहे कि 'केवलाघो भवति केवलादी' अकेला खानेवाला पाप खाता है। प्रभु का रक्ष्य वही बनता है जो 'हविष्पति' बनता है। प्रभु की अर्चना हवि के द्वारा ही तो होती है 'कस्मै देवाय हविषा विधेम'-हम उस सुखस्वरूप देव की हवि के द्वारा अर्चना करते हैं।

वे प्रभु 'अग्नि' हैं—आगे ले-चलनेवाले हैं। 'दूत'=सर्वत्र व्याप्त होते हुए हृदयस्थरूपेण सब विद्याओं का उपदेश देनेवाले हैं। देव=दिव्य गुणों के निधान हैं। प्रभु की रक्षा का प्रकार यही है कि वे हमें उन्नतिपथ पर चलने की प्रेरणा देते हैं—ज्ञान प्राप्त कराते हैं और हममें दिव्य गुणों का विकास करते हैं।

भावार्थ—हम त्याग द्वारा प्रभु की अर्चना करनेवाले बनें और प्रभु की रक्षा के पात्र हों।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नैष्कर्म्य सिद्धि

८४६. यो अग्निं देववीतये हविष्मां आविवासति। तस्मै पावक मृडय॥ ३॥

यः=जो भी पुरुष देववीतये=दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए हविष्मान्=हविर्मय जीवनवाला होकर अग्निम्=सबके संचालक प्रभु को आविवासति=पूजता है; हे पावक=पवित्र करनेवाले प्रभो! तस्मै=उसके लिए मृडय=सुख-प्राप्त कराइए।

दिव्य गुणों की प्राप्ति का मार्ग एक ही है कि हम स्वार्थ से ऊपर उठकर हविर्मय जीवनवाले बनकर प्रभु की पूजा करें। वस्तुतः प्रभु की उपासना भी यही है कि हम भौतिक स्वार्थों से ऊपर उठकर लोकहित में प्रवृत्त हों। सच्चा प्रभुभक्त वही है जो 'सर्वभूतहिते रतः' है। प्रभु-भक्ति प्रभु की प्रजा का हित-साधन ही है। 'हविष्मान्' बनने से प्रभु की आराधना होती है, दिव्य गुणों की प्राप्ति होती है, मानव-जीवन पवित्र हो उठता है। इस जीवन-पवित्रता का साधन भी यही हविष्मत्ता है। जीवन के पवित्र होने पर हम प्रभु की कृपा के पात्र बनते हैं और वास्तविक सुखलाभ करते हैं।

भावार्थ—हम हविष्मान् बनकर कर्म करें, इसी से प्रभु आराधित होंगे, दिव्य गुण प्राप्त होंगे, हमारे जीवन पवित्र होंगे, परिणामतः हमें प्रभुकृपा प्राप्त होगी।

सूक्त-६

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

घृताची धी

८४७. मित्रं हुवे पूतदक्षं वरुणं च रिशादसम्। धियं घृताचीं साधन्ता॥ १॥

पूतदक्षम्=पवित्र बलवाले मित्रम्=प्राणवायु को हुवे=पुकारता हूँ, अर्थात् प्राणवायु को प्राप्त करने के लिए प्रभु की आराधना करता हूँ। यह प्राणवायु ही मेरे बल को पवित्र बनाती है। प्राण-साधना से शक्ति प्राप्त होती है और उसका प्रयोग नाश के लिए न होकर रक्षा के लिए होता है।

रिशादसम्=(रिश हिंसकतत्त्व, अद=खा जाना) हिंसकतत्त्वों के खा जानेवाले वरुणं च=अपान को भी मैं पुकारता हूँ। प्राणापान की साधना साथ-साथ ही तो चलती है। इस साहचर्य का ही

अन्यत्र 'मित्रावरुणौ' यह द्विवचन संकेत करता है। 'मित्र' बल का आधान करता है तो 'वरुण' दोषों का निवारण करता है। मित्र की व्युत्पत्ति है—'प्रमीतेः त्रायते' मृत्यु से बचाता है और वरुण की व्युत्पत्ति है—'वारयति'-दोषों का निवारण करता है। एवं, प्राणापान मिलकर दोषनिवारण तथा बलाधान का कार्य करते हुए घृताचीं धियम्-(घृ-नैर्मल्य व दीप्त, धी—प्रज्ञा व कर्म) निर्मल कर्मों को व दीप्तप्रज्ञा को साधन्ता-सिद्ध करते हैं। प्राणापानों की साधना से हमारे कर्म निर्मल होते हैं तथा बुद्धि तीव्र व दीप्त हो उठती है। एवं, प्राणसाधना का महत्त्व स्पष्ट है। इस प्रकार प्राणसाधना करनेवाला व्यक्ति ही राग-द्वेष से ऊपर उठकर 'वैश्वामित्र' होता है और सदा मधुर आकांक्षाओंवाला होने से यह 'मधुच्छन्दा' नामवाला हो जाता है।

भावार्थ—हम प्राणापान की साधना से निर्मल कर्मोंवाले व दीप्त प्रज्ञावाले हों।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अद्भुत शक्ति

८४८. ऋतेन मित्रावरुणावृतावृधावृतस्पृशा। क्रतुं बृहन्तमाशाथे॥ २॥

ऋतावृधा-(ऋत सत्यनाम, यज्ञनाम—नि० ४.१९) सत्य और यज्ञ के द्वारा बढ़नेवाले तथा ऋतस्पृशा-(ऋतं रेतः—नि० ३.४) शक्ति देनेवाले (स्पर्शनं प्रतिपादनं) मित्रावरुणा-प्राणापान ऋतेन-मन से (जै० उ० ३.३६.५) बृहन्तं क्रतुम्-विशाल यज्ञों को अथवा बहुत बड़ी शक्ति को (क्रतुम्-Power) आशाथे-व्याप्त करते हैं।

प्राणापान की वृद्धि के लिए यज्ञमय जीवन आवश्यक है। यज्ञमय जीवन सरल जीवन है, उसमें छल-छिद्र की पेचीदगियाँ नहीं हैं। कुटिलताएँ प्राणशक्ति की विघातक हैं। इसी प्रकार असत्य भी प्राणशक्ति का ह्रास करनेवाला है।

ये प्राणापान यज्ञ और सत्य से बढ़कर हमारी शक्ति को बढ़ानेवाले हैं। प्राणापान की साधना ही वीर्य की ऊर्ध्वगति का कारण बनती है और शरीर में सुरक्षित ऋत-रेतस् (वीर्य) मनुष्य को अनन्त शक्ति प्राप्त कराता है। प्राणापान की साधना से मन की निर्मलता भी सिद्ध होती है और यह निर्मल मन सदा यज्ञात्मक कर्मों में लगा रहता है।

भावार्थ—प्राणापान सत्य व यज्ञों से बढ़ते हैं। हमारे जीवनों को ये शक्तिशाली बनाते हैं।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सर्वांगीण विकास

८४९. कवी नो मित्रावरुणा तुविजाता उरुक्षया। दक्षं दधाते अपसम्॥ ३॥

मित्रावरुणा-प्राण और अपान नः-हममें अपसम्-क्रियाशील दक्षम्-बल को दधाते-धारण करते हैं। इन प्राणापान की साधना से हममें उस बल का विकास होता है, जिससे हम सदा क्रियाशील बने रहते हैं। हम थककर लेट नहीं जाते। दसवें दशक में पहुँचकर भी हमारी क्रियाशीलता में अन्तर नहीं आता। ये प्राणापान कैसे हैं—

कवी-ये क्रान्तदर्शी हैं। ये अपने साधक को इतना सूक्ष्म बुद्धिवाला बनाते हैं कि वस्तुओं की गहराई तक जाकर यह वस्तुतत्त्व को समझनेवाला होता है। तुवीजाता-(तुवी-बहुत, जातः-विकास) ये हमारे जीवन का महान् विकास करनेवाले होते हैं। वस्तुतः शरीर का स्वास्थ्य इन्हीं पर निर्भर

करता है—ये ही चित्त की अशुद्धि का क्षय करनेवाले होते हैं तथा इन्हीं से ज्ञान की दीप्ति प्राप्त होती है।

उरुक्षया=(उरौ क्षयो याभ्याम्) इनके द्वारा हमारा अनन्त, विस्तृत (उरु) परमात्मा में निवास होता है। बुद्धि को सूक्ष्म करके ये प्राणापान हमें प्रभु-दर्शन के योग्य बनाते हैं। इनके द्वारा हृदयस्थ वासनाओं का नाश होता है और वह वासनाशून्य हृदय प्रभु के निवास के योग्य होता है।

भावार्थ—प्राणापान से बुद्धि तीव्र होती है, सर्वांगीण विकास होता है और अन्त में हमारा प्रभु में निवास होता है।

सूक्त-७

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—मरुत इन्द्रश्च॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समान तेजवाले

८५०. इन्द्रेण सं हि दृक्षसे संजग्मानो अबिभ्युषा। मन्दू समानवर्चसा॥ १॥

गत मन्त्र की प्राणापान-साधना से जब जीव इन्द्रेण=उस परमैश्वर्यशाली परमात्मा से, जो अबिभ्युषा=किसी भी प्रकार के भय से रहित हैं, हि=निश्चय से संजग्मानः=मेल करता हुआ संदृक्षसे=दिखाई देता है तब हे जीव! तू और यह प्रभु दोनों मन्दू=आनन्दस्वरूप दिखते हो तथा समानवर्चसा=समान शक्तिवाले हो जाते हो।

योग-साधना से जब जीव का प्रभु से योग होता है तब वह सब भय और शोक को तैर जाता है 'तरति शोकमात्मवित्'। प्रभु भीतिरहित हैं—प्रभु के सम्पर्क में जीव का जीवन भी भीतिरहित हो जाता है। उस समय यह एक आनन्द-रस का अनुभव करता है, क्योंकि प्रभु तो हैं ही रस। एवं, ये दोनों चेतनतत्त्व 'मन्दू' आनन्दित होनेवाले हो जाते हैं। ये 'समानवर्चसा' तुल्य तेजवाले हो जाते हैं—अग्नि में पड़ा लोहा भी तो अग्नि ही हो जाता है। 'मैं प्रभु-जैसा ही तेजस्वी हो जाऊँ', ऐसी सर्वोत्तम इच्छा करनेवाला यह 'मधुच्छन्दा' है। राग-द्वेषातीत हो सभी के साथ प्रेमपूर्वक चलने से यह 'वैश्वामित्र' है।

भावार्थ—प्रभु-उपासक प्रभु के साथ निवासरूप सायुज्य मुक्ति प्राप्त करके प्रभु-जैसा ही आनन्दित व तेजस्वी बन जाता है।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—मरुत इन्द्रश्च॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुनर्गर्भत्व से ऊपर, चक्र से मुक्ति

८५१. आदह स्वधामनु पुनर्गर्भत्वमेरिरे। दधाना नाम यज्ञियम्॥ २॥

गत मन्त्र में प्रभु से मेल करने की भावना थी। यह मेल ही स्व=आत्मा का, धा=धारण है, इसी का नाम प्रस्तुत मन्त्र में 'स्वधा' है। आत्-स्वधाम्+अनु=आत्म-धारण के एकदम पश्चात् अह=निश्चय से यज्ञियम्=उपासना के योग्य नाम=उस प्रभु के नाम को दधानः=धारण करते हुए ये 'मधुच्छन्दा वैश्वामित्र' पुनर्गर्भत्वम्=दुबारा जन्म में आने की स्थिति को एरिरे=अपने से कम्पित कर दूर कर देते हैं।

मनुष्य को प्रयत्न करके प्रभु को अपने हृदय में प्रतिष्ठित करना चाहिए। तत्पश्चात् सदा उसके उपास्य नामों का स्मरण करते रहना चाहिए, जिससे एक बार बनी हुई वह प्रभु के धारण की स्थिति

नष्ट न हो जाए।

जन्म-मरण के चक्र से छूटने का क्रम यह है कि मनुष्य अपने में 'स्व'-'आत्मा' का धारण करे, इसके लिए योग-मार्ग पर चलता हुआ साधना को परिपक्व करे। जब एक बार वह 'स्व' को धारण करने में समर्थ हो जाए तब वह सदा प्रभु के यज्ञिय नामों का स्मरण करनेवाला बने। सदा तद्भावभावित रहेगा तो अन्त में भी प्रभु का स्मरण करेगा और प्रभु को प्राप्त करनेवाला बनेगा। दूसरे शब्दों में 'पुनर्जन्म' से ऊपर उठ जाएगा।

भावार्थ—हम प्रभु को अपने में धारण करें, प्रभु के नाम का स्मरण करें, जिससे जन्म-मरणचक्र से मुक्त हो सकें।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—मरुत इन्द्रश्च॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मोक्ष का लाभ

८५२. वीडु चिदारुजत्नुभिर्गुहा चिदिन्द्र वह्निभिः। अविन्द उस्रिया अनु॥ ३॥

'वासना' मनुष्य के मन में छिपकर निवास करती है। वास्तव में तो इसका नाम ही 'मनसिज' (मन में पैदा होनेवाली) हो गया है। यह वासना प्रबल है—इसका नाम प्रमथ=कुचल डालनेवाली, प्रद्युम्न=प्रकृष्ट बलवाली है।

गुहाचित्=हृदयरूप गुहा में निवास करनेवाली तथा वीडुचित्=अत्यन्त प्रबल इस वासना को आरुजत्नुभिः=सर्वथा भग्न—पराजित करनेवाली वह्निभिः=प्रभु को प्राप्त करनेवाली (वह=प्रापण), ज्ञानाग्नियों से इन्द्र=शत्रुओं को छिन्न-भिन्न करनेवाले जीव! तू उस्रियाः अनु=इन ज्ञान-रश्मियों को प्राप्त करने के पश्चात् अविन्दः=प्रभु को प्राप्त करता है और मोक्ष का सुलाभ करता है।

मोक्षलाभ का क्रम यह है कि हम १. वासनाओं का विजय करें, २. वासनाओं का विजय ज्ञान-प्राप्ति के द्वारा होगा और वासना-क्षय से ज्ञान का प्रकाश प्रभु-दर्शन का कारण बनेगा।

भावार्थ—वासनाएँ शरीर में सब तोड़-फोड़ का कारण बनती हैं। ये अत्यन्त प्रबल हैं। ये ज्ञान की तलवार से ही समाप्त की जा सकती हैं।

सूक्त-८

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शक्ति व प्रकाश

८५३. ता हुवे ययोरिदं पप्रे विश्वं पुरा कृतम्। इन्द्राग्नी न मर्धतः॥ १॥

प्रस्तुत तृच का देवता 'इन्द्राग्नी' है। 'इन्द्र' यदि बल की अधिष्ठात्री देवता है तो 'अग्नि' प्रकाश की। बल को अपने अन्दर धारण करनेवाला 'भरद्वाज' है और प्रकाश को प्राप्त करनेवाला 'बार्हस्पत्यः' है। यही 'भरद्वाज बार्हस्पत्य' इस तृच का ऋषि है। देवता को अपने में अनूदित करनेवाला उसका साक्षात्कार करनेवाला ही ऋषि है। यह कहता है कि मैं ता=उन इन्द्राग्नी को ही पुकारता हूँ, ययोः=जिनका पुरा=पहले कृतम्=किया हुआ इदं विश्वम्=यह सब-कुछ पप्रे=स्तुति किया जाता है। प्रभु ने इस सृष्टि का निर्माण शक्ति व प्रकाश से किया और, क्योंकि प्रभु की शक्ति व प्रकाश ज्ञानपूर्ण हैं, संसार भी पूर्णता को लिये हुए है। हमारे कार्य भी जितना-जितना शक्ति व ज्ञानपूर्वक किये जाएँगे उतने-उतने ही वे पूर्ण होंगे।

ये इन्द्राग्नी=शक्ति व प्रकाश न मर्धतः=मुझे हिंसित नहीं होने देते (मृध्=murder)। शक्ति के कारण यदि मेरा शरीर रोगादि से आक्रान्त नहीं होता, तो प्रकाश के कारण मेरा मन वासनाओं से दूषित नहीं हो पाता। इस प्रकार ये दोनों तत्त्व मुझे हिंसित होने से बचाते हैं।

भावार्थ—मैं इन्द्र और अग्नितत्त्वों का विकास करके अपने जीवन को पूर्ण बनाने का प्रयत्न करूँ।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुखमय जीवन

८५४. उग्रा विघनिना मृध इन्द्राग्नी हवामहे। ता नो मृडात ईदृशे॥ २॥

हम इस संसार-संग्राम में—अपने जीवन के संघर्षों में इन्द्राग्नी=बल व प्रकाश की देवताओं को हवामहे=पुकारते हैं। ये दोनों देवता उग्रा=अत्यन्त उदात्त (noble) हैं। वस्तुतः जीव का सारा उत्कर्ष इन्हीं पर निर्भर है। ये इन्द्राग्नी मृधः=हिंसकतत्त्वों के विघनिना=नष्ट करनेवाले हैं। भूतों में घर बनानेवाले रोगकृमि शक्ति से नष्ट किये जाते हैं तो मन में विकसित होनेवाले वासनाबीज ज्ञानाग्नि से भस्म कर दिये जाते हैं।

ता=वे इन्द्र और अग्नि ईदृशे=ऐसे रोगों व वासनाओं से भरे संसार में इन रोगों तथा विकारों के हिंसन द्वारा नः=हमें मृडातः=सुखी करें। हमारा जीवन इन दो तत्त्वों का उपासक बने। हम नीरोग व निर्विकार होकर सुखी हो सकें।

भावार्थ—शक्ति व प्रकाश ही हमारे जीवनों को सुखी बनाते हैं।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

लोकत्रय-दीप्ति

८५५. हथो वृत्राण्यार्या हथो दासानि सत्पती। हथो विश्वा अप द्विषः॥ ३॥

इन्द्र और अग्नि आर्य हैं। शक्ति और प्रकाश के तत्त्व हमारे जीवन को आर्य बनाते हैं। आर्या=हे हमारे जीवनों को उत्कृष्ट बनानेवाले इन्द्राग्नी! आप वृत्राणि=ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को हथः=नष्ट करते हो। इन आवरणों के विनाश से हमारी ज्ञानाग्नि चमक उठती है।

ये इन्द्राग्नी सत्पती हैं—सत्य का पालन करनेवालों के रक्षक हैं। जीवन को सूर्य-चन्द्रमा की भाँति नियमित गति से ले-चलना ही 'सत्' बनना है। ये इन्द्राग्नी, जोकि सत्पती=सत्पुरुषों के रक्षक हैं, ये दासानि=(दसु उपक्षये) क्षय के कारणभूत रोगकृमियों को हथः=नष्ट करते हैं। रोगकृमियों के विनाश से हमारे शरीर सुन्दर बनते हैं।

ये इन्द्राग्नी जहाँ ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को नष्ट कर मस्तिष्क को उज्ज्वल बनाते हैं और रोगकृमियों को नष्ट करके शरीर को नीरोग करते हैं, वहाँ मन से भी विश्वाः=सब द्विषः=द्वेष की भावनाओं को अपहथः=सुदूर भगा देते हैं। शरीर का मस्तिष्करूप द्युलोक ज्ञान से जगमगा उठता है, स्थूल शरीररूप पृथिवीलोक स्वास्थ्य की दृढ़ता से चमकने लगता है, तो मनरूप अन्तरिक्ष पवित्रता से प्रसन्न हो उठता है। एवं, ये इन्द्राग्नी त्रिलोकी को ही उज्ज्वल कर देते हैं।

भावार्थ—इन्द्राग्नी के विकास से हमारी त्रिलोकी उज्ज्वल बन जाए।

सूक्त-९

ऋषिः—सप्तर्षयः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

योग-मार्ग

८५६. अभि सोमास आयवः पवन्ते मद्यं मदम्।
समुद्रस्याधि विष्टपे मनीषिणो मत्सरासो मदच्युतः ॥ १ ॥

५१८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सप्तर्षयः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

८५७. तरत्समुद्रं पवमान ऊर्मिणा राजा देव ऋतं बृहत्।
अर्षा मित्रस्य वरुणस्य धर्मणा प्र हिन्वान ऋतं बृहत् ॥ २ ॥

पवमानः=अपने जीवन को पवित्र बनाता हुआ व्यक्ति ऊर्मिणा=शरीर में वीर्य की अर्ध्वगति के द्वारा (ऊर्मि=current) समुद्रम्=(कमो हि समुद्रः) काम को तरत्=तर जाता है। वस्तुतः जब मनुष्य वीर्य की ऊर्ध्वगति का निश्चय कर लेता है, तभी वासना को जीत पाता है। इसका परिणाम यह होता है कि यह राजा=बड़े नियमित व दीप्त जीवनवाला बनता है (राजृ=regulate, दीप्त) देवः=इसमें दिव्य गुण उत्तरोत्तर बढ़ते जाते हैं। बृहत् ऋतम्=उस महान् सत्यस्वरूप प्रभु को अर्ष=यह प्राप्त करता है। संसार में सारा उत्थान काम के विजय पर ही आश्रित है। इसका विजय कर लिया तो उत्थान है—इससे हम जीते गये तो पतन। इसको जीतकर हम प्रभु के समीप पहुँचते हैं।

मित्रस्य वरुणस्य=प्राणापान के धर्मणा=धारण के द्वारा प्र हिन्वानः=शक्ति को प्रकर्षेण ऊर्ध्वप्रेरित करता हुआ साधक बृहत् ऋतम्=उस अनन्त सत्य प्रभु को अर्ष=पाता है। मन काम का सर्वप्रधान अधिष्ठान है। प्राणापान से मनोनिरोध होता है। इसके निरुद्ध हो जाने पर काम निरुद्ध हो जाता है। काम को वशीभूत कर लेनेवाला व्यक्ति स्वास्थ्य व ज्ञान की दीप्ति से तो चमकता ही है (राजा), उसमें दिव्य गुणों का निवास होता है (देव)। इस प्रकार शरीर को स्वस्थ, मन को निर्मल तथा मस्तिष्क को दीप्त बनाकर वह व्यक्ति 'बृहत् ऋतम्' प्रभु को पाने का अधिकारी बन जाता है। इस सारे मार्ग का मूल 'प्राणापान की साधना' है—यही प्राणायाम है और वास्तव में योग का एकदेश होते हुए भी यही 'योगमार्ग' है।

भावार्थ—प्राणापान की साधना से हम काम को जीतें, उससे हम स्वास्थ्य व ज्ञान से चमकेंगे। हममें दिव्य गुण होंगे और देव बनकर हम उस महादेव के अत्यन्त समीप हो जाएँगे।

ऋषिः—सप्तर्षयः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—द्विपदाविराट् ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

उत्तम शिक्षा

८५८. नृभिर्येमाणो हर्यतो विचक्षणो राजा देवः समुद्र्यः ॥ ३ ॥

मनुष्य अपने जीवन में बहुत-कुछ वैसा ही बन जाता है जैसा शिक्षक उसे बनाते हैं। 'मातृमान् पितृमान् आचार्यवान् पुरुषो वेद'-उत्तम माता-पिता व आचार्यवाला पुरुष ही ज्ञानी बनता है। प्रस्तुत मन्त्र में कहा है—नृभिः=(नृ नये) नेतृत्व करनेवाले—जीवन-मार्ग में आगे और आगे ले-

चलनेवाले माता-पिता व आचार्यों से येमाणः=नियमित जीवनवाला बनाया जाता हुआ—१. हर्यतः=(हर्य गतिकान्त्योः) यह गतिशील होता है और इसकी गति में कान्ति होती है, (कान्ति इच्छा) यह लक्ष्यस्थान को प्राप्त करने की इच्छा से गतिशील होता है। २. विचक्षणः=यह विशेषरूप से प्रत्येक पदार्थ को देखनेवाला होता है, इसके जीवन का एक विशिष्ट दृष्टिकोण बन जाता है। ३. राजा=यह नियमित गतिवाला तथा स्वास्थ्य व ज्ञान की दीप्तिवाला बनता है। ४. देवः=यह दिव्य गुणों को अपने अन्दर बढ़ाता हुआ 'देव' बनता है। ५. समुद्रः=' कामो हि समुद्रः '=इस वाक्य से समुद्र काम है, यह उसमें उत्तम होता है। काम में उत्तम होने का अभिप्राय 'नियन्त्रित कामवाला होना' है।

भावार्थ—जीवन की उन्नति उत्तम शिक्षकों पर ही निर्भर होती है।

सूक्त-१०

ऋषिः—पराशरः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

८५९. तिस्रो वाच ईरयति प्र वह्निर्ऋतस्य धीतिं ब्रह्मणो मनीषाम्।
गावो यन्ति गोपतिं पृच्छमानाः सोमं यन्ति मतयो वावशानाः॥ १॥

५२५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—पराशरः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

सोम-प्राप्ति

८६०. सोमं गावो धेनवो वावशानाः सोमं विप्रा मतिभिः पृच्छमानाः।
सोमः सुत ऋच्यते पूयमानः सोमे अर्का स्त्रिष्टुभः सं नवन्ते॥ २॥

सोमम्='उमा-ज्ञान' से सहित परमात्मा को संनवन्ते=प्राप्त होते हैं। कौन? १. गावः=(स्तोतारः—नि० ३.१६.७) स्तोता लोग, उस प्रभु का स्तवन करनेवाले, २. धेनवः=(धेट् पाने) सोम का पान करनेवाले। जो व्यक्ति शरीर में उत्पन्न होनेवाली सोमशक्ति को अपने ही अन्दर पीने का प्रयत्न करते हैं, ३. वावशानाः=(वश् कान्तौ) जिन्हें प्रभु-प्राप्ति की तीव्र इच्छा होती है, ४. सोमम्=मननशील ज्ञानियों के साथ पृच्छमानाः=जिज्ञासा करते हुए संनवन्ते=प्राप्त होते हैं।

सोमः=वह सोम परमात्मा 'स्तुति, सोमपान, प्रबल कामना तथा विद्वानों' के साथ चर्चा द्वारा सुतः=हृदय में प्रकाशित हुआ-हुआ पूयमानः=हमारे जीवनों को अधिकाधिक पवित्र करता हुआ ऋच्यते=स्तुति किया जाता है। स्तुति से हम प्रभु के समीप पहुँचते हैं और उसके समीप पहुँचने पर जब हम उसका कुछ दर्शन कर पाते हैं, तब हम स्वभावतः उसका स्तवन कर उठते हैं। यहाँ कर्मवाच्य Passive voice में प्रयुक्त किया जाता हुआ ऋच्यते यह संकेत करता है पहले तो हम स्तुति करते हैं, परन्तु पीछे स्तुति स्वतः होने लगती है—स्तुति स्वाभाविक-सी हो जाती है। त्रिष्टुभः=तीनों कालों में (बाल्य, यौवन व वार्धक्य में) स्तवन करनेवाले स्तोता के अथवा प्रभु-दर्शन से 'तीनों काम, क्रोध व लोभ' को (स्तुभ् Stop) समाप्त कर देनेवाले स्तोता के अर्काः=स्तुति के साधनभूत मन्त्र (अर्को मन्त्रो भवति यदनेनार्चन्ति—नि० ५.४) सोमे=उस शान्त प्रभु में संनवन्ते=संगत होते हैं, अर्थात् यह सदा मन्त्रों के द्वारा उस प्रभु का स्तवन करता है। इसका जीवन ही स्तवनमय हो जाता है।

भावार्थ—हम स्तुति, सोमपान, तीव्रभावना तथा जिज्ञासा के द्वारा प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—पराशरः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

सोम का आसेचन

८६१. एवा नः सोम परिषिच्यमान आ पवस्व पूयमानः स्वस्ति।
इन्द्रमा विश बृहता मदेन वर्धया वाचं जनया पुरन्धिम्॥ ३॥

गत मन्त्र में प्रभु को हृदय में देखने का संकेत था। स्तुति आदि के द्वारा वह हृदय देश में सुतः=आविर्भूत होता है। इन साधनों से हम अपने हृदय में प्रभु के प्रकाश को अधिकाधिक देखनेवाले बनते हैं। हमारा हृदय प्रभु-भावना से सिक्त-सा हो जाता है। प्रस्तुत मन्त्र कहता है कि एवा=इस प्रकार, अर्थात् गत मन्त्र में उल्लिखित साधनों के द्वारा हे सोम=परमात्मन्! परिषिच्यमानः=हमारे हृदयों में सिक्त होते हुए आप नः=हमें आपवस्व=प्राप्त होओ तथा पूयमानः=हमारे जीवनों को पवित्र करते हुए आप स्वस्ति=हमारा कल्याण सिद्ध करो।

हे परमात्मन्! आप इन्द्रम्=इन्द्रियों के अधिष्ठाता मुझ जीव में बृहता मदेन=वृद्धि के कारणभूत उल्लास के साथ आविश=प्रविष्ट हों। जो भी व्यक्ति जितेन्द्रिय बनता है उसी के हृदयाकाश में प्रभुरूप सूर्य चमकते हैं और उस उपासक का जीवन एक विशेष उल्लास से युक्त हो जाता है।

हे प्रभो! आप हृदयस्थरूपेण हमारे अन्दर वाचम्=इस वेदवाणी को वर्धय=बढ़ाइए। हम वेदवाणी का ज्ञान प्राप्त करें और इस प्रकार आप मुझे पुरन्धिम्=बहुत बुद्धिवाला अथवा पालक व पूरक बुद्धि-वाला जनय=बनाइए। मुझमें शनैः=शनैः बुद्धि का विकास हो और मैं 'पुरन्धि'=बहु-बुद्धि बन जाऊँ। मैं अपने बुद्धिजन्य ज्ञान को लोक के पूरण व पालन में साधन बनाऊँ। मेरा ज्ञान सूपयुक्त होकर लोकमङ्गल के लिए हो। ज्ञान के द्वारा वासनाओं व दुःखों को सुदूर विनष्ट करनेवाला मैं 'पराशर' बनूँ तथा वासना-विनाश से शक्ति का पुञ्ज शाक्त्य होऊँ। 'पराशर शाक्त्य' ही इस मन्त्र का ऋषि है।

भावार्थ—प्रभु-भावना का आसेचन मुझे पवित्र, उल्लासमय, वेदवाणी के ज्ञानवाला तथा पुरन्धि बनाता है।

सूक्त-११

ऋषिः—पुरुहन्मा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

८६२. यद् द्याव इन्द्र ते शतंशतं भूमीरुत स्युः।
न त्वा वज्रिन्त्सहस्रं सूर्या अनु न जातमष्ट रोदसी॥ १॥

२७८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—आङ्गिरसः पुरुहन्मा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

गोमान् व्रज

८६३. आ पप्राथ महिना वृष्ण्या वृषन् विश्वा शविष्ठ शवसा।
अस्माँ अव मघवन् गोमति व्रजे वज्रिञ्चित्राभिरूतिभिः॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'पुरुहन्मा'=अपने पालन व पूरण के लिए सदा प्रभु की ओर गति करनेवाला

'आङ्गिरस'-अङ्ग-अङ्ग में रसवाला निम्न शब्दों में प्रभु का स्तवन करता है—

१. हे वृषन्-सब इष्ट मनोरथों की वर्षा करनेवाले प्रभो! आप वृष्ण्या-सब मनोरथों के पूरक महिना-महान्, शवसा-बल से विश्वा-सब लोकों को आपप्राथ-व्याप्त किये हुए हैं। २. हे शविष्ठ-अत्यन्त शक्तिशालिन्! मघवन्-सर्वैश्वर्यसम्पन्न! वज्रिन्-(वज्रः कस्मात् वर्जयतीति सतः—नि० ३.११) सब पापों के निवर्तक प्रभो! अस्मान्-हमें चित्राभिः ऊतिभिः-अपनी विलक्षण रक्षाओं से गोमति-प्रशस्त इन्द्रियोंवाली व्रजे-(व्रज गतौ) कर्मभूमि में अव-सुरक्षित कीजिए, अर्थात् आपकी कृपा से हम सदा अपनी इन्द्रियों को सुरक्षित रखने के लिए उत्तम कर्मों में व्यापृत रहें। ३. प्रभु की सर्वव्यापकता का चिन्तन करें, उस अनन्त शक्तिवाले प्रभु के रक्षण में विश्वास करें। उस प्रभु का सदा 'शविष्ठ, मघवन्, वज्रिन्'-अनन्त शक्ति-सम्पन्न, सर्वैश्वर्यवान् तथा पापनिवर्तक के रूप में स्मरण करें।

भावार्थ—प्रभु की सर्वव्यापकता को न भूलते हुए, उत्तम कर्मों में व्यापृत रहकर हम पापों को अपने से दूर रक्खें।

सूक्त-१२

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

८६४. वयं घ त्वा सुतावन्त आपो न वृक्तबर्हिषः।
पवित्रस्य प्रस्रवणेषु वृत्रहन् परि स्तोतार आसते॥ १॥

२६१ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रबल प्यास

८६५. स्वरन्ति त्वा सुते नरो वसो निरेक उक्थिनः।
कदा सुतं तृषाण ओक आ गम इन्द्र स्वब्दीव वंसगः॥ २॥

हे वसो-उत्तम निवास देनेवाले प्रभो! उक्थिनः-स्तवन करनेवाले, नरः-अपने को आगे और आगे ले-चलनेवाले मनुष्य सुते-इस उत्पन्न संसार में निरेके-वासनाओं को दूर फेंकने के निमित्त त्वा-आपको स्वरन्ति-स्तुत करते हैं—ऊँचे स्वर में आपके गुणों का गायन करते हैं। इस विविध ऐश्वर्यों से भरे संसार में (सुते) प्रलोभनों—वासनाओं से बचे रहने का सर्वोत्तम उपाय सर्वत्र वसनेवाले (वसु) प्रभु का स्मरण ही है।

हे इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! कदा-कब तृषाणः-आपकी प्राप्ति के लिए प्यासा ओकः-(उच समवाये) अपने में प्रशस्त कर्मों का समवाय करनेवाला बनकर—अर्थात् सदा उत्तम कर्मों में लगा हुआ स्वब्दी इव-उत्तम आयुष्य के वर्षोंवाला, अर्थात् एक-एक वर्ष को उत्तम कार्यों में लगाकर उत्तम बनकर—शतक्रतु-सा होकर वंसगः-सदा वहनीय (वंस) प्रभु की शरण में आनेवाला सुतम्-हृदय में आर्विभूत हुए-हुए आपको आगमत्-प्राप्त होता है। प्रभु को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि १. हमें प्रभु-प्राप्ति की प्रबल प्यास हो (तृषाणः), २. हम निरन्तर अपने में उत्तम कर्मों का समवाय करें (ओकः), ३. हमारे जीवन का एक-एक वर्ष शुभ कार्यों में लगकर शुभ हो

(स्वब्दी), ४. सदा प्रभु के उपासक बनें (वंस-गः)।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन ही वासनाओं को दूर भगाएगा। प्रबल कामना ही हमें प्रभु-प्राप्ति के लिए प्रेरित करेगी। यह स्तोता ही मेध्य प्रभु की ओर जानेवाला 'मेध्यातिथि' बनता है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वासना-विनाश अथवा विकसित मुख-मुद्रा

८६६. कण्वेभिर्धृष्णवा धृषद्वाजं दर्षि सहस्रिणम्।
पिशङ्गरूपं मघवन्विचर्षणे मक्षू गोमन्तमीमहे॥ ३॥

धृष्णो-अपनी उपस्थिति से हमारी सब वासनाओं का धर्षण करनेवाले प्रभो! **मघवन्**-ज्ञानैश्वर्य-सम्पन्न अथवा (मघ-मख) यज्ञरूप प्रभो! हे **विचर्षणे**-विशेष द्रष्टः प्रभो! आप **कण्वेभिः**-मेधावी पुरुषों के द्वारा **मक्षू**-शीघ्र ही हमें **वाजम्**-उस ज्ञानरूप शक्ति को **दर्षि**-देते हैं जो १. **आधृषत्**-हमारे जीवनों में वासनाओं का समन्तात् धर्षण करती है और **सहस्रिणम्**-हमें सदा विकसित मुख-मुद्रा से (हस—विकास, स-सहित) युक्त करती है। ज्ञानियों से ज्ञान प्राप्त करके ज्ञान के दो परिणामों को हम अपने जीवनों में अनुभव करते हैं, एक तो यह कि हम अपने passions का—उत्तेजनाओं का धर्षण कर पाते हैं और दूसरी यह कि यह हमें सुख-दुःखमय इस संसार में निर्लेपभाव से रहने के योग्य, अतएव सदा विकसित मुख-मुद्रामय जीवनवाला बनाता है। हे प्रभो! हम तो आपसे इसी **गोमन्तम्**-उत्तम ज्ञानेन्द्रियोंवाले (गावः इन्द्रियाणि) उत्तम वेदवाणियोंवाले (गावः वेदवाचः) उत्तम ज्ञानरश्मियोंवाले (गावः=रश्मयः) **पिशंगरूपम्**-(पिश अवयवे, पिश-पीस डालना) वासनाओं को चूर्णीभूत कर डालनेवाले ज्ञान को ही **ईमहे**-माँगते हैं। इसी ज्ञान को प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करते हैं।

भावार्थ—प्रभु की कृपा से प्रभुनिष्ठ, ज्ञान-कणों के संग्रहीता आचार्यों से ज्ञान-कणों का संग्रह करके हम भी वासना-विनाश के द्वारा 'मेध्यातिथि काण्व' बनें।

सूक्त-१३

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

८६७. तरणिरित्सिषासति वाजं पुरन्ध्या युजा।
आ व इन्द्रं पुरुहूतं नमे गिरा नेमिं तष्टेव सुद्रुवम्॥ १॥

२३८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दान का श्रेयस्त्व

८६८. न दुष्टुतिर्द्रविणोदेषु शस्यते न स्रेधन्तं रयिर्नशत्।
सुशक्तिरिन् मघवन् तुभ्यं मावते देष्णं यत्पार्ये दिवि॥ २॥

प्रभु कहते हैं हे जीव! यदि तुझे सचमुच प्राणापानों की साधना करते हुए उत्तम निवासवाला

जीवन बनाना है, तो तू इस धन से प्रतारित (ठगा) मत हो जाना। यह तुझे धन्य तो बनाएगा, परन्तु कब? जब तू इसका दान करनेवाला बनेगा। इससे संसार में भी तुझे यश मिलेगा और तू उस ज्ञान में स्थित होगा जो तुझे भवसागर से पार करनेवाला होगा। देख—

द्रविणोदेषु=इस द्रविण (धन) को देनेवालों की **दुष्टुतिः**=निन्दा **न शस्यते**=नहीं कही जाती। यह द्रविण तो द्रविण=भाग जानेवाला (दु=गतौ) ही है। इसे लोहे की पिटारियों में बन्द करने पर भी स्थिर होकर तो रहना ही नहीं। इसे तेरा साथी नहीं बनना। न देनेवाले कृपण की निन्दा होती है। उसके लिए कंजूस-मक्खीचूस आदि शब्दों का प्रयोग होता है, इसके विपरीत दान देनेवाले की कभी निन्दा नहीं होती, उसकी सदा प्रशंसा-ही-प्रशंसा होती है। २. जो दान नहीं देता और अपने पास ही इस धन को रोकने का प्रयत्न करता है, वह वास्तव में औरों की हिंसा करता है। **इस स्रेधन्तम्**=दूसरों की हिंसा करनेवाले को **रयिः**=धन **न**=नहीं **नशत्**=प्राप्त होता है। जब मनुष्य औरों को न देकर स्वयं ही मौज मारने लगता है तब प्रभु इसे धन नहीं देंगे। औरों की हिंसा करनेवाले को धन नहीं मिलता। ३. प्रभु देने के लिए प्रेरणा देते हुए कहते हैं कि हे **मघवन्**=धनवाले! **मा-वते तुभ्यम्**=धनवाले तेरे लिए **इत्**=निश्चय से यह **देष्णम्**=दान **सुशक्तिः**=उत्तम शक्ति देनेवाला होगा। रखा हुआ धन मनुष्य को निधन (मृत्यु) की ओर ले-जाता है। दिया हुआ धन ही मनुष्य की शक्ति व जीवन का कारण बनता है। इस प्रकार हमारा इहलौकिक जीवन तो 'स्वस्थ, सबल व सुन्दर' बनता ही है, परन्तु साथ ही ४. **यत् देष्णम्**=जो यह दान है, वह तुझे **दिवि**=उस ज्ञान के प्रकाश में स्थापित करता है जोकि **पार्ये**=तुझे भवसागर से पार लगाने का उत्तम साधन है। दान मनुष्य के बन्धनों का खण्डन (दाप् लवने) करता है और उसे सचमुच संसार से पार होने के क्षम बनाता है।

भावार्थ—दान से १. प्रशंसा प्राप्त होती है, २. न देनेवाले को धन नहीं मिलता, ३. दान मनुष्य की शक्ति को बढ़ाता है और यह ४. मनुष्य को वह ज्ञान प्राप्त कराता है, जो उसे भवसागर से पार करता है।

सूक्त-१४

ऋषिः—त्रितः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

८६९. तिस्रो वाच उदीरते गावो मिमन्ति धेनवः। हरिरेति कनिक्रदत्॥ १॥

४७१ संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान द्रष्टव्य है।

ऋषिः—त्रितः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सत्य की निर्मात्री वेदवाणियाँ

८७०. अभि ब्रह्मीरनूषत यह्वीरृतस्य मातरः। मर्जयन्तीर्दिवः शिशुम्॥ २॥

गत मन्त्र में वर्णित 'तिस्रो वाचः'=ऋग्यजुसामरूप तीन प्रकार की वेदवाणियाँ **दिवः**=ज्ञान के **शिशुम्**=तीव्र करनेवाले (शो तनूकरणे), ज्ञान-दीप्ति प्राप्त करानेवाले अथवा ज्ञान से हृदय में प्रकाशित होने के कारण ज्ञान के पुञ्जरूप उस प्रभु को **अभ्यनूषत**=स्तुत करती हैं। 'सर्वे वदा यत् पदमामनन्ति' इस वाक्य के अनुसार सब वेदवाणियों का अन्तिम तात्पर्य उस प्रभु में ही है। ये वाणियाँ—१. **ब्रह्मीः**=ब्रह्म का प्रतिपादन करनेवाली, ब्रह्म को प्राप्त करानेवाली हैं, २. **यह्वीः**=(महत्यः) ये वेदवाणियाँ महान् हैं, अर्थगौरव के कारण अत्यधिक महिमावाली हैं। सम्पूर्ण विद्याओं के बीज इनमें निहित हैं, अतः इनकी महत्ता तो सुव्यक्त ही है। ३. **ऋतस्य मातरः**=ये सत्यज्ञान की माताएँ हैं। सम्पूर्ण

सत्यविद्याओं को जन्म देनेवाली हैं। सब विद्याओं के बीज इसमें निहित हैं, वे ही बीज वृक्षरूप से अंकुरित व विकसित होकर हमें प्रभु-प्राप्तिरूप महान् फल को प्राप्त कराते हैं। इस लोक में भी 'आयु, प्राण, प्रजा, पशु, कीर्ति, द्रविण व ब्रह्मवर्चस्' इसके फल हैं। ये फल भी सत्य हैं, परन्तु इसका अन्तिम फल प्रभु-प्राप्ति तो सत्य का भी सत्य है, अतः वेदवाणियाँ सत्य की निर्मात्री हैं। ४. मर्जयन्तीः=ये हमारे जीवनों को परिमार्जित—शुद्ध करनेवाली हैं। उस प्रभु के प्रकाश में वासनाओं की मलिनता का सम्भव ही कैसे हो सकता है?

भावार्थ—वेदवाणियाँ हमें पवित्र जीवनवाला बनाकर प्रभु का दर्शन करनेवाली हैं।

ऋषिः—त्रितः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान की चार निधियाँ व ज्ञान के चार समुद्र

८७१. रायः समुद्रांश्चतुरोऽस्मभ्यं सोम विश्वतः। आ पवस्व सहस्रिणः॥ ३॥

हे सोम-'उमा', अर्थात् ज्ञान से समवेत परमात्मन्! अस्मभ्यम्-हमारे लिए विश्वतः-सब ओर से आपवस्व-प्राप्त कराइए। किसे? वेदज्ञान को जो—१. रायः-धनों के चतुरः समुद्रान्-चार समुद्र ही हैं। ये चारों वेद वस्तुतः धर्म, अर्थ, काम, मोक्षरूप चार रत्नों के समुद्र ही हैं। अथवा प्रकृति का ज्ञान, जीव के कर्त्तव्यों का ज्ञान ही इनका धन है। २. यह वेदज्ञान सहस्रिणः=सहस्रों ऋचाओं से युक्त है। अथवा (हस्र-विकास) विकास से युक्त है। एवं, ज्ञान के समुद्रभूत इन चार वेदों से जहाँ हमारा ज्ञान बढ़ता है वहाँ हमारे जीवन का उस ज्ञान के द्वारा समुचित विकास होता है। ये ज्ञान-निधि हमें 'काम, क्रोध, लोभ' से तैराकर 'त्रित' (तीन को तैरनेवाले) बनाएगा। यह त्रित ही प्रभु को प्राप्त करनेवालों में उत्तम होने के कारण 'आप्त्य' कहलाता है।

भावार्थ—हम ज्ञान के समुद्रभूत इन चारों वेदों का उपार्जन करके काम, क्रोध, लोभ को तैरकर प्रभु को प्राप्त करें—त्रित हों और आप्त्य बनें।

नोट—प्रस्तुत तृच में वेदों को 'तिस्रो वाचः' तथा 'रायः समुद्रांश्चतुरः' इन दो रूपों में स्मरण करके स्पष्ट कर दिया है कि मन्त्र तो 'ऋग्, यजुः व सामरूप' तीन ही हैं, परन्तु वेद संख्या में चार हैं।

सूक्त-१५

ऋषिः—ययातिर्नाहुषः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

८७२. सुतासो मधुमत्तमाः सोमा इन्द्राय मन्दिनः।
पवित्रवन्तो अक्षरं देवान् गच्छन्तु वो मदाः॥ १॥

५४७ संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान द्रष्टव्य है।

ऋषिः—ययातिर्नाहुषः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

इन्दु व इन्द्र—इन्दु इन्द्र की ओर

८७३. इन्दुरिन्द्राय पवत इति देवासो अब्रुवन्।
वाचस्पतिर्मखस्यते विश्वस्येशान ओजसः॥ २॥

इन्दुः=शब्द सोम-कणों के लिए प्रयुक्त होता है। जो जीव इन सोम-कणों की रक्षा से (इन्द् to be powerful) शक्तिशाली बनता है, वह जीव भी 'इन्दु' है। यह ऊर्ध्वरेतस् बनकर शक्ति-सम्पन्न बना हुआ जीव ही इन्द्राय=उस परमैश्वर्यशाली परमात्मा के लिए पवते=प्राप्त होता है इति=यह बात देवासः=विद्वान् लोग अब्रुवन्=सदा से कहते आये हैं। यह सोम (वीर्य) ही उस सोम (परमात्मा) को प्राप्त कराने का साधन बनता है।

वह प्रभु भी ओजसः=ओज के द्वारा विश्वस्य=सारे ब्रह्माण्ड का ईशानः=शासन करते हुए वाचस्पतिः=वेदवाणी के पति हैं और मखस्यते=यज्ञ को चाहते हैं। प्रभु की जीव के लिए मुख्य कामना यही है कि जीव का जीवन यज्ञमय हो। इसी में जीव का उत्थान है, अतः जीव को चाहिए कि वह शक्तिशाली बनकर यज्ञमय जीवन बिताये। प्रभु ओज के द्वारा सारे ब्रह्माण्ड के शासक हैं, जीव संयमी बनकर इस पिण्ड का शासक बने। प्रभु वाचस्पति हैं, जीव भी वेदवाणी के अध्ययन से वाचस्पति बनने का प्रयत्न करे।

भावार्थ—हम 'इन्दु' बनकर इन्द्र की ओर निरन्तर चलनेवाले 'ययाति' बनें। हम यज्ञमय जीवन बनाकर सभी के हित में अपना हित समझनेवाले 'नाहुष'=अपने को ओरों से बाँधकर चलनेवाले बनें।

ऋषिः—ययातिर्नाहुषः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सहस्रधार व स-हस्रधार, समुद्र तथा स-मुद्र

८७४. सहस्रधारः पवते समुद्रो वाचमीङ्खयः।
सोमस्पती रयीणां सखेन्द्रस्य दिवेदिवे॥ ३॥

मन्त्र का ऋषि 'ययाति नाहुष' दिवे-दिवे=दिन-प्रतिदिन पवते=उस प्रभु की ओर बढ़ता चलता है और अपने जीवन को पवित्र बनाता जाता है (पवते=गच्छति, पुनाति)। यह कैसा है—

१. सहस्रधारः=यज्ञमय जीवनवाला होने से हज़ारों का धारण करनेवाला है। अथवा स-हस्र-धारः=सदा हास्यमय स्मितयुक्त वाणीवाला है—सबके साथ मधुरता से बात करता है। २. समुद्रः=यह ज्ञान का समुद्र बनता है अथवा (स-मुद्) सदा प्रसन्नवदन होता है। ३. वाचम् ईङ्खयः=यह अपने अन्दर वेदवाणी को प्रेरित करता है। जनता में भी वेदवाणी का प्रचार करता है। ४. सोमः=ज्ञान-प्राप्ति के कारण यह 'सौम्य' व विनित होता है। ५. रयीणां पतिः=यह सदा धनों का पति बना रहता है—धन कभी इसके स्वामी नहीं हो जाते। ६. धनों का पति होने से ही यह इन्द्रस्य सखा=उस परमैश्वर्यशाली परमात्मा का मित्र होता है। जो धन का दास है वह प्रभु का मित्र नहीं हो सकता।

इस षट्कसम्पति से युक्त 'ययाति नाहुष' जीवन्मुक्त बनता है और प्रभु-चरणों में पहुँचता है।

भावार्थ—मन्त्र वर्णित षट्कसम्पत्ति को अपनाकर हम प्रभु के सच्चे सखा बनें।

सूक्त-१६

ऋषिः—पवित्रः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

८७५. पवित्रं ते विततं ब्रह्मणस्पते प्रभुर्गात्राणि पर्येषि विश्वतः।
अतप्ततनूर्न तदामो अश्नुते शृतास इद्वहन्तः सं तदाशत॥ १॥

५६५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—पवित्रः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

तपस्वी का जीवन

८७६. तपोष्पवित्रं विततं दिवस्पदेऽर्चन्तो अस्य तन्तवो व्यस्थिरन्।
अवन्त्यस्य पवितारमाशवो दिवः पृष्ठमधि रोहन्ति तेजसा॥ २॥

१. तपोः=तपस्वी अतएव 'पवित्र आङ्गिरस' (पवित्र जीवनवाले, शक्तिशाली) का पवित्रम्=ज्ञान दिवः पदे=द्योतनात्मक प्रभु के आधार में विततम्=विस्तृत होता है, अर्थात् तपस्वी व्यक्ति परमात्मा को अपना आधार बनाने का प्रयत्न करता है और इस प्रभुरूप आधार में इसका ज्ञान विस्तृत होता चलता है। प्रकृति का ज्ञान प्राप्त करके यह ब्रह्म का ज्ञान भी प्राप्त करने का प्रयत्न करता है। इस सारे ज्ञान की प्राप्ति के लिए तपस्वी होना अत्यन्त आवश्यक है। २. अस्य=इस तपस्वी के तन्तवः=नानाविध यज्ञ (सप्ततन्तुः=तन्तुः=यज्ञ) अर्चन्तः=प्रभु की उपसना करते हुए व्यस्थिरन्=इस तपस्वी को स्थिरवृत्ति का बनाते हैं। प्रभु यज्ञमय हैं—उसकी उपासना यज्ञों से ही होती है (यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः)। इन यज्ञों के द्वारा प्रभु की उपासना करनेवाले की वृत्ति स्थिर बनती है। ३. अस्य=इस 'पवित्र आङ्गिरस' के आशवः=शीघ्रगामी—शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाले इन्द्रियरूप अश्व पवितारम्=पवित्र करनेवाले प्रभु की ओर अवन्ति=जाते हैं, अर्थात् इसकी इन्द्रियाँ इसे परमेश्वर की ओर ले-जानेवाली होती हैं। यह प्रभु-प्रवण होता है। ४. इस प्रभु-प्रवणता का परिणाम यह होता है कि ये तपस्वी लोग तेजसा=अपने तेज के कारण दिवःपृष्ठम्=द्युलोक की पीठ पर, अर्थात् ब्रह्मलोक का अधिरोहन्ति=अधिरोहण करते हैं, मोक्ष पानेवाले होते हैं।

भावार्थ—हम तपस्वी बनें, जिससे हमारा ज्ञान बढ़े, यज्ञों के द्वारा प्रभु का उपासन करते हुए हम स्थिर चित्तवृत्तिवाले हों। हमारी इन्द्रियाँ प्रभु की ओर जानेवाली हों, जिससे हम तेजस्वी बनकर मोक्षपद पर आरूढ़ हों।

ऋषिः—पवित्रः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

८७७. अरूरुचदुषसः पृश्निरग्रिय उक्षा मिमेति भुवनेषु वाजयुः।
मायाविनो ममिरे अस्य मायया नृचक्षसः पितरो गर्भमा दधुः॥ ३॥

५९६ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है

सूक्त-१७

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्)॥ स्वरः—ऋषभः॥

८७८. प्र मंहिष्ठाय गायत ऋताव्ने बृहते शुक्रशोचिषे। उपस्तुतासो अग्नये॥ १॥

१०७ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

भव्य-सुमति

८७९. आ वसते मघवा वीरवद्यशः समिद्धो द्युम्न्याहुतः।
कुविन्नो अस्य सुमतिर्भवीयस्यच्छा वाजेभिरागमत्॥ २॥

मघवा=पवित्र ऐश्वर्यवाला समिद्धः=तेज से दीप्त द्युम्नी=ज्ञान की ज्योतिवाला आहुतः=(आहुतम् अस्यास्तीति) सम्पूर्ण संसार के पदार्थों को जीव-हित के लिए देनेवाला वह प्रभु वीरवत् यशः=वीरता से युक्त यश आवंसते=देते हैं। संसार में वीर व यशस्वी बनने के लिए यही एक उपाय है कि—१. मनुष्य पवित्र व्यवहारों से धन कमाये, २. वीर्य की रक्षा के द्वारा अपने शरीर को तेजस्विता से दीप्त करे, ३. ज्ञान को बढ़ाए और ४. त्याग की वृत्तिवाला हो। यहाँ मन्त्र का ऋषि 'सोभरि' प्रभु को इन्हीं नामों से स्मरण करता है कि वे प्रभु 'मघवा, समिद्ध, द्युम्नी व आहुत' हैं। प्रभु के इन गुणों को वह अपने में भी धारण करने का प्रयत्न करता है और वीरता व यश का लाभ करता है। इन गुणों को उत्तमता से (सु) अपने में धारण करने (भर) के कारण ही यह 'सोभरि' नामवाला हुआ है।

यह प्रार्थना करता है कि अस्य=इस प्रभु की भवीयसी=कल्याण करनेवाली सुमतिः=शुभमति वाजेभिः=शक्तियों के साथ अच्छ=हमारा लक्ष्य करके नः=हमें कुवित्=खूब ही आगमत्=प्राप्त हो। सोभरि की प्रार्थना का स्वरूप यह है कि—१. शोभनमति तो प्राप्त हो ही, २. साथ ही सब इन्द्रियों व अङ्ग-प्रत्यङ्ग की शक्ति भी प्राप्त हो। ज्ञान और शक्ति को प्राप्त करके ही मनुष्य जीवन-यात्रा का उत्तमता से भरण करता है और सचमुच सोभरि बनता है।

भावार्थ—भव्य सुमति व सर्वांगीण शक्ति का लाभ करके हम जीवन-यात्रा को ठीक से बिताएँ।

सूक्त-१८

ऋषिः—गोपूवक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

८८०. तं ते मदं गृणीमसि वृषणं पृक्षु सासहिम्। उ लोककृत्नुमद्रिवो हरिश्रियम्॥ १॥

३८३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—गोपूवक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

आचार, पौरुष और विचार

८८१. येन ज्योतींष्यायवे मनवे च विवेदिथ। मन्दानो अस्य बर्हिषो वि राजसि॥ २॥

हे प्रभो! येन=क्योंकि आप आयवे=(एति)=गतिशील व पुरुषार्थी मनवे च=मननशील मनुष्य के लिए ज्योतींषि=ज्योतियों को विवेदिथ=प्राप्त कराते हो, मन्दानः=और तृप्ति का अनुभव कराते हुए अस्य=इस आचारवान् पुरुष के बर्हिषः=हृदयान्तरिक्ष को विराजसि=विशेषरूप से दीप्त करते हो, अतः पूजनीय हो।

उल्लिखित मन्त्रार्थ में निम्न बातें ध्यान देने योग्य हैं—१. प्रभु का प्रकाश सर्वत्र व्याप्त है, परन्तु वह प्राप्त उन्हीं को होता है जो 'आयु व मनु' बनते हैं, अर्थात् पौरुष को अपनाकर क्रियाशील और विचारशील होते हैं। २. प्रभु के प्रकाश को प्राप्त करने का परिणाम यह होता है कि इस आयु व मनु का हृदय एक उल्लास का अनुभव करता है (मन्दानः)=साथ ही वह उस प्रकाश से दीप्त हो उठता है (विराजसि)। ३. इसके हृदय से वासनाओं का समूलोन्मूलन हो जाता है (बर्हिषः)।

'आयु' शब्द क्रिया का संकेत करता है। यह सदा क्रिया में लगा रहता है। क्रिया में लगे रहने से इसके हृदय में अशुद्ध वासनाएँ नहीं पनपती, इसकी इन्द्रियों की पवित्रता बनी रहती है, अतः यह 'अश्वसूक्ति' कर्मेन्द्रियों से उत्तम कर्म करनेवाला होता है। 'मनु'-विचारशील होने से इसकी ज्ञानेन्द्रियाँ

भी शुभ ज्ञान प्राप्त करने में व्याप्त रहती हैं और यह 'गोपूक्ति' नामवाला होता है। यह गोपूक्ति और अश्वसूक्ति ही प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि है।

भावार्थ—शुद्ध आचार व शुभ विचारों को अपनाकर हम प्रभु के प्रकाश को प्राप्त करें। हमारे हृदयों में उल्लास हो, दीप्ति हो। वे सचमुच 'बर्हिष्' जिनमें से वासनाएँ उखाड़ दी गयी हैं, ऐसे हों।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

धर्मानुकूल कर्म

८८२. तदद्या चित्त उक्थिनोऽनु ष्टुवन्ति पूर्वथा। वृषपत्नीरपो जया दिवेदिवे॥ ३॥

पूर्व मन्त्र में 'येन' के साथ प्रस्तुत मन्त्र के 'तत्' का सम्बन्ध है। येन-क्योंकि आप आयु व मनु को प्रकाश, आह्लाद व दीप्ति (ज्योतींषि, मन्दानः, विराजसि) प्राप्त कराते हैं, तत्-अतः ते-आपके इस कार्य का उक्थिनः-स्तोता लोग पूर्वथा-सदा की भाँति अद्याचित्-आज भी अनु+ष्टुवन्ति-क्रमशः स्तवन करते हैं कि—'हे प्रभो! आप ही ज्योति प्राप्त कराते हो, आप ही तृप्ति का अनुभव कराते हो और दीप्ति देते हो।'

हे प्रभो! आप ही हमारे लिए दिवे-दिवे-दिन-प्रतिदिन वृषपत्नीः-धर्म की रक्षा करनेवाले अपः-कर्मों का जय-विजय करते हो। वस्तुतः आपकी दी हुई ज्योति व दीप्ति से ही हम उन कर्मों को कर पाते हैं, जो धर्मानुकूल होते हैं। इस ज्योति व दीप्ति के अभाव में ही हमसे पाप कर्म होते हैं। प्रभु के प्रकाश में हमारी चित्तवृत्ति धर्म-प्रवण होती है, उसी की कृपा से धर्म कर्मों में विजय—सफलता प्राप्त होती है।

भावार्थ—हम धर्मानुकूल कर्म करें। उन कर्मों की सफलता में भी प्रभु की महिमा को देखते हुए निरहंकार बने रहें।

सूक्त-१९

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

८८३. श्रुधी हवं तिरश्च्या इन्द्र यस्त्वा सपर्यति।
सुवीर्यस्य गोमतो रायस्पूर्धि महाँ असि॥ १॥

मन्त्रार्थ ३४६ संख्या पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वेद का ज्ञान (उच्चारण व ज्ञान)

८८४. यस्त इन्द्र नवीयसीं गिरं मन्द्रामजीजनत्।
चिकित्विन्मनसं धियं प्रत्नामृतस्य पिप्युषीम्॥ २॥

हे प्रभो! यः-जो ते-तेरी नवीयसीम्-अत्यन्त स्तुत्य व (नवतिर्गतिकर्मा) उत्तमोत्तम कर्मों की प्रेरणा देनेवाली मन्द्राम्-(मदी हर्षे) उच्चारण से हर्ष प्राप्त करानेवाली गिरम्-वेदवाणी को अजीजनत्-सदा प्रादुर्भूत करता है, अर्थात् उसका उच्चारण करता है, वह अपने अन्दर उस धियम्-बुद्धि व ज्ञान

को अजीजनत्=पैदा करता है जो ज्ञान १. चिकित्विन्मनसम्=चेतनायुक्त मनवाला है—जो ज्ञान मन को सचेत करता है, जिसके कारण मन कर्त्तव्याकर्त्तव्य का विवेक कर पाता है, २. प्रत्नाम्=जो ज्ञान सनातन है, सदा सृष्टि के प्रारम्भ में दिया जाता है—जिसे हम अपने मनोमालिन्य के कारण देख नहीं पाते, ३. ऋतस्य पिप्युषीम्=जो ज्ञान सत्य व यज्ञ का आप्यायन व वर्धन करनेवाला है, जिसका परिणाम यह होता है कि मैं सत्य की ओर झुकाववाला होता हूँ और यज्ञशील बनता हूँ (ऋत—सत्य; यज्ञ)।

मन्त्रार्थ से स्पष्ट है कि वेदमन्त्रों के उच्चारण में भी एक आनन्द है, वेदाध्ययन से प्रेरणा प्राप्त होती है। धीरे-धीरे वह ज्ञान प्राप्त होता है जो हमारे मन को विवेकशील बना देता है तथा सत्य व यज्ञों का हममें पोषण करता है। इस ज्ञान की ओर जानेवाला 'तिरश्चीः' है। मन्त्र में सुगुप्त (तिरः) ज्ञान की ओर (अञ्जु गतौ) गतिवाला होता है। इस ज्ञान के अनुसार क्रियाओं को करता हुआ यह 'आङ्गिरस' अङ्ग-अङ्ग में रसवाला बनता है।

भावार्थ—हम आनन्दपूर्वक रस लेते हुए, अर्थात् तन्मयता से मन्त्रोच्चारण करें, हमें अवश्य उनके अन्दर निहित ज्ञान की प्राप्ति होगी।

ऋषिः—तिरश्चीः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु का अनुकरण

८८५. तमु ष्टवाम यं गिर इन्द्रमुक्थानि वावृधुः।
पुरूण्यस्य पौंस्या सिषासन्तो वनामहे॥ ३॥

तम् इन्द्रम्=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु का उ=ही स्तवाम=स्तवन करते हैं यम्=जिसे गिरः=वेदवाणियाँ तथा उक्थानि=स्तोत्र वावृधुः=बढ़ाते हैं। सम्पूर्ण वेदवाणियाँ व वेदों के स्तोत्र उस प्रभु का ही स्तवन व वर्धन कर रहे हैं—उनमें प्रभु की ही महिमा का वर्णन है।

प्रभु-स्तवन का अभिप्राय यही है कि हम भी अस्य=इस प्रभु के पुरूणि=पालक व पूरक पौंस्या=वीरतायुक्त गुण-कर्मों को 'सत्य, दया, वात्सल्य, परोपकार, आर्जव' आदि को सिषासन्तः=प्राप्त करते हुए वनामहे=काम, क्रोध, लोभ को पराजित करके जीवन में विजय लाभ करते हैं (वन्-win)। वस्तुतः सच्चा प्रभु-स्तवन यही तो है कि हम प्रभु के कर्मों व गुणों का धारण करनेवाले बनें।

मन्त्र का ऋषि 'तिरश्ची' है। वह सदा हृदय में तिरोहित प्रभु की ओर जाने का प्रयत्न करता है (तिरः अञ्च्)। यह अन्तर्मुखयात्रा ही उसे आत्मालोचन के द्वारा अपने दोषों की पड़ताल करके गुणाभिमुख करती है। यह अन्दर छिपे कामादि का संहार कर प्रेम को प्राप्त करनेवाला बनाती है। 'प्रेम ही भगवान् है।' यह प्रभु को प्राप्त होता है। यही सबसे बड़ी विजय है।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करें, प्रभु के वीरतापूर्ण कार्यों का अनुकरण करें।

इति चतुर्थोऽध्यायः, द्वितीयप्रपाठकश्च समाप्तः॥

अथ पञ्चमोऽध्यायः

तृतीयप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—अकृष्टा माषाः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

संयमी व उपासक

८८६. प्र त आश्विनीः पवमान धेनवो दिव्या असृग्रन् पयसा धरीमणि।
प्रान्तरिक्षात् स्थाविरीस्ते असृक्षत ये त्वा मृजन्त्यृषिषाण वेधसः ॥ १ ॥

हे पवमान-पवित्र करनेवाले प्रभो! ते-आपकी १. आश्विनीः-व्यापक, सब सत्यविद्याओं की प्रापक, २. दिव्याः-अलौकिक—दिव्य-गुणों को जन्म देनेवाली, प्रकाशमय, ३. धेनवः-ज्ञानदुग्ध का पान करानेवाली वेदवाणीरूप धेनुएँ पयसा-आप्यायन के हेतु से धरीमणि-सोम को धारण करनेवाले पुरुष में प्र असृग्रन्-उत्कृष्टरूप में सृष्ट होती हैं, अर्थात् वे वेद, जिसमें सत्यविद्याओं के बीज निहित हैं, जो दिव्य-प्रकाश को प्राप्त करानेवाले हैं, सोम की रक्षा करनेवाले पुरुषों में प्रकाशित होते हैं।

हे ऋषिषाण-तत्त्वद्रष्टाओं से सेवित प्रभो! ते-आपकी ये स्थाविरीः-स्थिर, अविनश्वर वेदवाणियाँ अन्तरिक्षात्-उन लोगों के हृदयान्तरिक्ष में प्र असृक्षत-प्रकृष्टतया प्रकट होती है, ये वेधसः-जो ज्ञानी लोग त्वा मृजन्ति-आपका गवेषण करते हैं, अर्थात् जो तत्त्वद्रष्टा लोग प्रभु की उपासना में लीन होते हैं—उसके गवेषण में तत्पर होते हैं, ये वेदवाणियाँ जो स्थिर व अविनश्वर हैं, उनके हृदयों में प्रकाशित होती हैं।

प्रस्तुत मन्त्र में ऋषि 'अकृष्टा-माषाः' हैं, जो खान-पान की वस्तुओं की छीना-झपटी में ही नहीं उलझे रहते। ऐसे व्यक्ति ही संयमी (धरीमन्) तथा प्रभु के उपासक (ऋषिषाण, त्वा मृजन्ति) बनकर वेद के तत्त्वों को देख पाते हैं।

भावार्थ—हम केवल खाने-पीने से ऊपर उठें, संयमी बनें, प्रभु-प्रार्थी हों, जिससे वेदतत्त्व को देखने में समर्थ हो सकें।

ऋषिः—अकृष्टा माषाः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

मैं प्रभु में, प्रभु मुझमें

८८७. उभयतः पवमानस्य रश्मयो ध्रुवस्य सतः परि यन्ति केतवः।
यदी पवित्रे अधि मृज्यते हरिः सत्ता नि योनौ कलशेषु सीदति ॥ २ ॥

१. पवमानस्य-अपने जीवन को पवित्र बनानेवाले के उभयतः-दोनों ओर रश्मयः-लगामें (ग्रह) होती हैं। वह प्राकृतिक जीवन में 'ऋत' की लगाम पहनकर चलता है—प्रत्येक कार्य को सूर्य और चन्द्रमा की भाँति ठीक समय पर करता है और आध्यात्म जीवन में 'सत्य' रूप ग्रहवाला होता है। ऋत और सत्य की लगामों के कारण इसका जीवन-रथ धर्म के मार्ग से किञ्चित् भी

विचलित नहीं होता। २. ध्रुवस्य सतः=इस प्रकार धर्म के मार्ग पर ध्रुव=स्थिर होते हुए इसके जीवन में केतवः=ज्ञान के प्रकाश परियन्ति=सर्वतः प्राप्त होते हैं। जब मनुष्य संयत जीवन के द्वारा धर्म के मार्ग पर ध्रुवता से चलता है, तब इसके जीवन में चारों ओर प्रकाश-ही-प्रकाश हो जाता है।

३. यत् ई=जब निश्चय से पवित्रे=पवित्र हृदय में हरिः=सब वासनाओं का हरण करनेवाला प्रभु अधिमृज्यते=शोधित किया जाता है, अर्थात् जब पवित्र हृदय में प्रभु का चिन्तन होता है तब ४. सत्ता=सब वासनाओं का विशरण (षद्=विशरण—विनाश) करनेवाला प्रभु कलशेषु=अपने को षोडश कलाओं का निवास-स्थान बनानेवाले जीवों में निषीदति=निषण्ण होता है और सत्ता=वासनाओं का विनाश करके (विशरण) प्रभु के समीप बैठनेवाला (सद्=सीदति=बैठता है) वह पवमान जीव योनौ=सारे ब्रह्माण्ड के मूल उत्पत्तिस्थान प्रभु में निषीदति=निश्चय से स्थित होता है। चौथे चरण में श्लेष से यह कहा गया है कि प्रभु जीव में स्थित होता है और जीव प्रभु में स्थित होता है, परन्तु कब? जब १. जीव 'ऋत व सत्य' की लगामवाला होता है, २. धर्म के मार्ग पर स्थिरता के कारण उसका जीवन प्रकाशमय होता है, ३. जब हृदय में प्रभु का अन्वेषण करता है और ४. वासनाओं का विनाश करनेवाला बनता है।

भावार्थ—जीवन की लगाम को कसकर हम धर्म के मार्ग पर चलें। हृदयों में प्रभु-चिन्तन से वासनाओं को दूर रक्खें, हम प्रभु में हों, प्रभु हममें हों।

ऋषिः—अकृष्टा माषाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

विश्वद्रष्टा

८८८. विश्वा धामानि विश्वचक्ष ऋभ्वसः प्रभोष्टे सतः परि यन्ति केतवः।
व्यानशी पवसे सोम धर्मणा पतिर्विश्वस्य भुवनस्य राजसि॥ ३॥

हे विश्वचक्षः=सकल विश्व के द्रष्टा प्रभो! सम्पूर्ण संसार का पालन (Look after) करनेवाले प्रभो! ऋभ्वसः=महान् (महन्नाम—नि० १९.२१) प्रभोः=समर्थ, शक्तिशाली सतः=निर्विकार, नित्य ते=आपके केतवः=प्रज्ञान (नि० ३.९.२) विश्वा-धामानि=सब लोक-लोकान्तरों में परियन्ति=व्याप्त होते हैं, अर्थात् प्रभु सारे ब्रह्माण्ड का ध्यान करनेवाले हैं, वे महान् प्रभु व निर्विकार हैं। उनकी वेदज्ञान की रश्मियाँ ब्रह्माण्ड के सब लोक-लोकान्तरों में प्रकाशित होती हैं, सभी लोकों में यही वेदज्ञान दिया गया है।

२. सोम=हे सकल ब्रह्माण्ड के उत्पादक प्रभो! धर्मणा=आप अपनी धारणशक्ति से व्यानशिः=व्यापक होते हुए पवसे=सम्पूर्ण जगत् को पवित्र करते हैं। ३. विश्वस्य भुवनस्य=सब लोकों के पतिः=स्वामी होते हुए आप राजसि=दीप्त होते हो।

भावार्थ—प्रभु विश्वद्रष्टा हैं, विश्वधारक हैं, विश्व के पति होते हुए देदीप्यमान हैं।

सूक्त-२

ऋषिः—अमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

८८९. पवमानो अजीजनद्दिवश्चित्रं न तन्यतुम्। ज्योतिर्वैश्वानरं बृहत्॥ १॥

४८४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अमहीयुः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

रस-प्रवाह

८९०. पवमान रसस्तव मदो राजन्नदुच्छुनः । वि वारमव्यमर्षति ॥ २ ॥

'अमही—यु'=पार्थिव भोगों की अत्यधिक कामना न करनेवाला 'आङ्गिरस' शक्तिशाली पुरुष प्रभु की ओर झुकाववाला होता है और प्रभु से प्रार्थना करता हुआ कहता है कि—१. हे पवमान=पवित्र करनेवाले प्रभो! तव रसः=तेरी प्राप्ति का आनन्द मदः=जीवन में एक विशेष उल्लास पैदा करनेवाला है, २. हे राजन्=देदीप्यमान् प्रभो! सारे संसार को व्यवस्थित करनेवाले प्रभो! (राज दीप्तौ to regulate) तेरी प्राप्ति का रस अदुच्छुनः=सब प्रकार के उपद्रवों व दुःखों से रहित है। यह दुःखों के संयोग के वियोगवाला है। इसमें किसी प्रकार का दुःख नहीं है। ३. तेरी प्राप्ति का रस वारम्=वासनाओं का निवारण करनेवाले अथवा प्रभु से वरे जानेवाले अव्यम्=अपनी रक्षा करनेवालों में उत्तम पुरुष को वि-अर्षति=विशेषरूप से प्राप्त होता है। इस 'अव्य वार' के प्रति ही यह रस प्रवाहित होता है।

भावार्थ—प्रभु-प्राप्ति का रस १. उल्लासजनक है, २. सब प्रकार के दुःख के संयोगों से रहित है और ३. वासनाओं से अपनी रक्षा करनेवाले 'अमहीयु' को प्राप्त होता है।

ऋषिः—अमहीयुः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

परा व अपरा विद्या

८९१. पवमानस्य ते रसो दक्षो वि राजति द्युमान् । ज्योतिर्विश्वं स्वर्दृशे ॥ ३ ॥

पवमानस्य=पवित्र करनेवाले ते=आपकी प्राप्ति का रसः=आनन्द १. दक्षः=सब प्रकार की उन्नति growth का कारण है। २. यह रस द्युमान्=ज्योतिवाला होकर विराजति=विशेषरूप से दीप्त होता है। प्रभु-दर्शन करनेवाले की सर्वांगीण उन्नति तो होती ही है, उसे देदीप्यमान ज्ञान-ज्योति भी प्राप्त होती है। यह विश्वं ज्योतिः=पूर्ण प्रकाश स्वः=प्रभु के देदीप्यमान रूप के दृशे=देखने के लिए होता है अथवा यह ज्योतिः=प्रकाश विश्वम्=सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को तथा स्वः=स्वयं राजमान् प्रभु को दृशे=दिखलाने के लिए होती है। इस ज्ञान में परा व अपरा दोनों विद्याओं का समावेश है।

भावार्थ—प्रभु-दर्शन मेरी सर्वांगीण उन्नति का कारण बनता है। यह मुझे वह ज्योति प्राप्त कराता है, जिसमें प्रकृति व प्रभु दोनों प्रभासित होते हैं।

सूक्त-३

ऋषिः—मेध्यातिथिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

८९२. प्र यद्गावो न भूर्णयस्त्वेषा अयासो अक्रमुः । घ्नन्तः कृष्णामप त्वचम् ॥ १ ॥

४९१ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

एक दुर्लभ सेतुबन्ध

८९३. सुवितस्य वनामहे ऽति सेतुं दुराय्यम् । साह्याम दस्युमव्रतम् ॥ २ ॥

सुवितस्य-(सु-इतस्य) अत्युत्तमता से सर्वत्र प्राप्त उस प्रभु की दुराध्यम्-बड़ी कठिनता से प्राप्त करने योग्य—अत्यन्त दुर्लभ सेतुम्-शरण की—सर्वदुःख-निवर्तक आश्रय की अति-वनामहे-अतिशेयन याचना करते हैं, अव्रतम्-व्रतशून्य जीवनवाले अथवा अन्यव्रत, अर्थात् शास्त्रविरुद्ध कर्म करनेवाले दस्युम्-नाशक 'महापाप्मा' को साह्याम-हम पूर्णरूप से पराभूत कर सकें। प्रभु का स्मरण-सेतु उस बाँध के समान है जिसे कामरूप समुद्र के तूफान भी तोड़ नहीं सकते। इस सेतु से सुरक्षित 'अमहीयु' इन आसुरवृत्तियों के आक्रमण से आक्रान्त नहीं होता। प्रभुरूप सेतु उसकी रक्षा करता है। परिणामतः इसका जीवन 'अव्रती' नहीं होता। व्रतमय जीवनवाला यह अधिकाधिक देवत्व को प्राप्त होता जाता है।

भावार्थ—हम प्रभुरूप सेतु से सुरक्षित होकर व्रती व दिव्य जीवनवाले बनें।

ऋषिः—मेध्यातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धर्ममेघ समाधि में पर्जन्यध्वनि

८९४. शृण्वे वृष्टेरिव स्वनः पवमानस्य शुष्मिणः। चरन्ति विद्युतो दिवि॥ ३॥

गत मन्त्र में वर्णित 'सुवित' प्रभु के सेतु का आश्रय करनेवाले को पवमानस्य-उस पवित्र करनेवाले तथा शुष्मिणः-कामादि शत्रुओं का शोषण करनेवाले बल से सम्पन्न प्रभु का स्वनः-शब्द वृष्टेः स्वनः इव-धर्ममेघ समाधि में होनेवाली आनन्द की वर्षा के शब्द की भाँति शृण्वे-सुनाई पड़ता है, अर्थात् उपासकों को पवित्र करनेवाले, शक्तिशाली प्रभु की हृदय में उठनेवाली वाणी सदा सुनाई पड़ती है। २. इन उपासकों के दिवि-द्योतनात्मक मस्तिष्क में विद्युतः-विशेष दीप्तियाँ चरन्ति-विचरण करती हैं, अर्थात् इनकी बुद्धि अत्यन्त सूक्ष्म होकर एक विशेष दीप्ति को देखती है।

भावार्थ—उपासक को प्रभु का शब्द सुनाई पड़ता है और उसके मस्तिष्करूप गगन में ज्ञानविद्युत् का प्रकाश होता है।

ऋषिः—मेध्यातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गो, हिरण्य, अश्व, वीरवती प्रेरणा

८९५. आ पवस्व महीमिषं गोमदिन्दो हिरण्यवत्। अश्ववत् सोम वीरवत्॥ ४॥

हे इन्दो-सर्वशक्तिमन् प्रभो! आप महीम्-महनीय—अत्यन्त महत्त्वपूर्ण इषम्-प्रेरणा को आपवस्व-सर्वथा प्राप्त कराइए, जो १. गोमत्-उत्तम ज्ञानेन्द्रियोंवाली है, तथा २. हिरण्यवत्-(हिरण्यं वै ज्योतिः) उत्कृष्ट ज्योतिर्मय है। आपकी प्रेरणा से हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ उत्तम हों और हम उत्कृष्ट ज्योति को प्राप्त करनेवाले हों।

हे सोम-(षू प्रेरणे) सदा उत्तम प्रेरणा देनेवाले प्रभो! आप हमें वह प्रेरणा दीजिए जो ३. अश्ववत्-उत्तम कर्मेन्द्रियोंवाली हो तथा ४. वीरवत्-हमें प्रशस्त वीर बनानेवाली हो। हम कर्मेन्द्रियों से कर्मों में लगे रहेंगे तभी तो शक्ति प्राप्त करके वीर बन पाएँगे। ज्ञानेन्द्रियाँ प्रशस्त होंगी तो हम ज्योति प्राप्त करेंगे और कर्मेन्द्रियाँ प्रशस्त होंगी तो शक्ति को प्राप्त होंगे। ज्ञानेन्द्रियों द्वारा ब्रह्म का तथा कर्मेन्द्रियों द्वारा क्षत्र का विकास होगा।

भावार्थ—गत मन्त्र में प्रभु के शब्द का उल्लेख था। हमें प्रभु के महनीय शब्द सुनाई पड़ें। हम

उत्तम ज्ञानेन्द्रियों व ज्ञान को तथा कर्मेन्द्रियों व शक्ति को प्राप्त करें।

ऋषिः—मेध्यातिथिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

८९६. पवस्व विश्वचर्षण आ मही रोदसी पृण। उषाः सूर्यो न रश्मिभिः ॥ ५ ॥

१. हे विश्वचर्षणे=विश्वद्रष्टः—सम्पूर्ण संसार का ध्यान (Look after) करनेवाले प्रभो! आपवस्व=आप हमें प्राप्त होओ और हमारे जीवनों को पवित्र करो। २. मही रोदसी=महनीय द्युलोक व पृथिवीलोक को आपृण=भर दीजिए। आधिदैविक जगत् के भी द्युलोक व पृथिवीलोक हैं, उन्हें न=जैसे उषाः=उषःकाल तथा सूर्यः=सूर्य रश्मिभिः=प्रकाश की किरणों से भर देते हैं, उसी प्रकार आप अध्यात्म जगत् के पृथिवीलोक व द्युलोक को, अर्थात् शरीर व मस्तिष्क को, जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं, प्रकाश से परिपूर्ण करने की कृपा करें। मेरा शरीर नीरोगता के कारण स्वास्थ्य के प्रकाश से चमके तथा मेरा मस्तिष्क ज्ञान की ज्योति से परिपूर्ण हो।

भावार्थ—हमारा शरीर स्वस्थ हो और मस्तिष्क दीप्त बने। अन्धकार का दहन करनेवाली उषा (उष् दाहे) शरीर के रोगों का दहन कर दे और द्युलोक को जगमगानेवाला सूर्य मस्तिष्करूप द्युलोक को ज्योतिर्मय कर दे।

ऋषिः—मेध्यातिथिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सुखदायिनी ज्ञानधारा

८९७. परि नः शर्मयन्त्या धारया सोम विश्वतः। सरा रसेव विष्टपम् ॥ ६ ॥

हे सोम=उमा-(ब्रह्मविद्या)-सहित-ज्ञान के पुञ्ज प्रभो! नः=हमारे विश्वतः=चारों ओर शर्मयन्त्या=कल्याण प्रदान करनेवाली धारया=(धारा वाङ्नाम—नि० १.११) वेदवाणी से परिसर=आप प्रवाहित हों। हमारे चारों ओर प्रभु की ज्ञानधारा हो और हम उस ज्ञानधारा से ही सदा आवृत हों, इव=जिस प्रकार रसा=पृथिवी विष्टपम्=सूर्य के परिसरा=चारों ओर घूमती है। (विष्टप् आदित्य आविष्टो भाषा—नि० २.१४)। जिस प्रकार पृथिवी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती है, उसी प्रकार हमारे चारों ओर वेदज्ञान की धारा परिक्रमा करनेवाली हो। सूर्य चारों ओर घूमनेवाली पृथिवी का केन्द्र है। इसी प्रकार मैं भी ज्ञान का केन्द्र बनूँ। मेरे जीवन की परिधि ज्ञान-ही-ज्ञान से बनी हो। ज्ञान मेरी रक्षा करनेवाला हो।

भावार्थ—मेरे जीवन में ज्ञान उसी प्रकार परिक्रमा करनेवाला हो, जैसे पृथिवी सूर्य की परिक्रमा करती है।

सूक्त-४

ऋषिः—बृहन्मतिराङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

बृहन्मति की माधुर्यमयी तेजस्विता

८९८. आशुर्यो बृहन्मते परि प्रियेण धाम्ना। यत्रा देवा इति ब्रुवन् ॥ १ ॥

गत मन्त्र में वर्णन था कि जैसे पृथिवी-भ्रमण का केन्द्र सूर्य है उसी प्रकार मैं ज्ञान का केन्द्र बनूँ। इस प्रकार बना हुआ यह व्यक्ति प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'बृहन्मति' (विशाल बुद्धिवाला) बन जाता है। ज्ञान के कारण ही समझदारी से चलता हुआ यह विषयों में न फँसने से 'आङ्गिरस' है।

इस 'आङ्गिरस बृहन्मति' से प्रभु कहते हैं—हे बृहन्मते=विशाल बुद्धिवाले आङ्गिरस! तू प्रियेण धाम्ना=अति प्रिय तेज से आशुः=शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाला बनकर परि अर्ष=चारों ओर जानेवाला 'परिव्राजक' बन। सर्वत्र विचरण करता हुआ तू औरों के लिए उस ज्ञान के प्रकाश को दे जिसे तूने प्रभुकृपा से प्राप्त किया है। तू इस स्थिति में अपने जीवन का यापन कर यत्र=जहाँ देवाः='अरे ये लोग तो देव हैं' इति=इस प्रकार संसार ब्रुवन्=कहे। तेरा जीवन लोकहित में व्यतीत हो, तू लोगों की दृष्टि में 'देव' बन जा।

भावार्थ—हम बृहन्मति बनकर तेजस्विता से कार्य करते हुए इस प्रकार ज्ञान का प्रसार करें कि लोग हमें देव समझें। हमारे कार्यों में तेजस्विता हो, परन्तु तेजस्विता के साथ माधुर्य हो।

ऋषिः—बृहन्मतिराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान की वर्षा

८९९. परिष्कृण्वन्ननिष्कृतं जनाय यातयन्निषः। वृष्टिं दिवः परि स्रव॥ २॥

यह बृहन्मति चारों ओर भ्रमण करता हुआ क्या करे—१. अनिष्कृतम्=अपरिष्कृत, अशिक्षित, असभ्य लोगों को परिष्कृण्वन्=परिष्कृत, शोभित व सभ्य बनाता हुआ विचरण करे। बृहन्मति का उद्देश्य यह है कि यह लोगों के जीवनों को बड़ा सुसंस्कृत कर दे—'सत्य-शिव व सुन्दर' बना दे। २. इस उद्देश्य से वह जनाय=लोगों के लिए इषः=प्रेरणाओं को यातयन्=प्राप्त कराता है, सतत प्रेरणा ही लोगों के जीवन में परिवर्तन लाती है। ३. हे बृहन्मते! तू दिवः=मस्तिष्करूपी द्युलोक से वृष्टिम् परिस्रव=सर्वत्र ज्ञान की वर्षा करनेवाला हो। यह ज्ञान की वर्षा ही वासना-सन्तप्त लोगों को शान्ति देनेवाली होगी।

भावार्थ—बृहन्मति का कर्त्तव्य है कि वह १. लोगों के जीवन को संस्कृत बनाये, २. उन्हें निरन्तर प्रेरणा दे और ३. ज्ञान की वर्षा करे।

ऋषिः—बृहन्मतिराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

संयमी, स्फूर्तिमय, पवित्र

९००. अयं स यो दिवस्परि रघुयामा पवित्र आ। सिन्धोरूर्मा व्यक्षरत्॥ ३॥

अयम्=यह बृहन्मति सः=वह है यः=जो सिन्धोः=शरीर में स्यन्दमान (बहनेवाले) रेतःकणों की ऊर्मा=ऊर्ध्वगति होने पर रघुयामा=तीव्रगतिवाला, शीघ्रता से अपने कर्मों में व्याप्त होनेवाला पवित्रः=पवित्र जीवनवाला दिवः=अपने मस्तिष्करूप द्युलोक से आपरिव्यक्षरत्=सब प्रकार से, चारों ओर विविध ज्ञान की धाराओं को प्रवाहित करता है।

यहाँ बृहन्मति की तीन विशेषताओं का उल्लेख है—१. वह सोम वा रेतस् की ऊर्ध्वगतिवाला हो। शरीर में ही सोम का पान करे जिससे 'आङ्गिरस'=शक्तिशाली बना रहे, २. रघुयामा=तीव्रता से मार्ग का आक्रमण करनेवाला हो—इसके जीवन से स्फूर्ति टपके। इसके जीवन की स्फूर्ति लोगों के जीवन में भी स्फूर्ति का संचार करेगी, ३. पवित्रः=यह पवित्र जीवनवाला हो। स्वयं पवित्र होकर भिन्न-भिन्न उपायों से सर्वत्र ज्ञान का प्रचार करे।

भावार्थ—संयमी, स्फूर्तिमय व पवित्र बनकर मैं विविध ज्ञानों का प्रकाश करूँ।

ऋषिः—बृहन्मतिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्तम व्याख्याता, ओजस्वी वक्ता

९०१. सुत एति पवित्र आ त्विषिं दधान ओजसा। विचक्षाणो विरोचयन्॥ ४॥

यह बृहन्मति आ एति-प्रजा के भीतर समन्तात् गति करता है। कैसा बनकर? १. सुतः-(सुतमस्यास्ति इति) यज्ञ की भावनावाला—'लोकहित की भावना' पहला मुख्य गुण है, जो प्रचारक के अन्दर आवश्यक है। अथवा सोम का उत्पादन करनेवाला। सोम, अर्थात् शक्ति के बिना ये किसी भी कार्य को क्या कर पाएगा? २. पवित्रः-राग-द्वेष, मोह आदि मलों से रहित। औरों के समाने इसका जीवन ही तो आदर्श होगा। यदि इसका अपना जीवन मलिन होगा तो औरों को क्या पवित्र बनाएगा? ३. त्विषिं दधानः-दीप्ति को धारण करता हुआ। यह दीप्ति ही सामान्य लोगों पर विशेष प्रभाव डालनेवाली होती है। चमकता हुआ चेहरा मुरझाये हुए चेहरे से कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है, ४. ओजसा विचक्षाणः-यह बड़ी ओजस्विता से विषय का व्याख्यान करता है। इसके बोलने का प्रकार बड़ा प्रभावशाली होता है, इसकी आवाज मरियल-सी न होकर बादल की गर्जना के समान होती है। ५. विरोचयन्-अपने शब्दों के प्रभाव से यह जनता के चेहरों पर उत्साह की चमक पैदा करता है और उनके हृदयों को ज्ञान के प्रकाश से भर देता है।

भावार्थ—बृहन्मति अपनी ज्ञान की ज्योति से औरों को भी ज्योतिर्मय कर डालता है।

ऋषिः—बृहन्मतिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मधुसिक्त वाणी से

९०२. आविवासन् परावतो अथो अर्वावतः सुतः। इन्द्राय सिच्यते मधु॥ ५॥

यह सुतः-यज्ञशील अथवा सोम का सम्पादन करनेवाला बृहन्मति परावतः-दूरस्थ लोगों के अथ उ-और अर्वावतः-समीपस्थ लोगों के आविवासन्-अन्धकार को दूर करनेवाला (विवास् to banish) होता है। यह बृहन्मति दूर व समीप—सर्वत्र भ्रमण करता हुआ अन्धकार को दूर करने के कार्य में लगा रहता है। इस कार्य में लोग इसके साथ कटु व्यवहार भी करते हैं, परन्तु यह अपने व्यवहार में कटुता नहीं आने देता। यह अपनी इन्द्रियों पर काबू रखता है और इस इन्द्राय-जितेन्द्रिय के लिए मधु सिच्यते-वाणी में मिठास का ही सेचन होता है। यह कभी कड़वी वाणी नहीं बोलता।

भावार्थ—बृहन्मति सदा मधुरवाणी से समीपस्थ व दूरस्थ लोगों के अज्ञान को दूर करने के लिए प्रयत्नशील होता है।

ऋषिः—बृहन्मतिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्मरण व सत्संग

९०३. समीचीना अनूषत हरिं हिन्वन्त्यद्रिभिः। इन्दुमिन्द्राय पीतये॥ ६॥

'ये बृहन्मति लोग बृहन्मति कैसे बन पाये?' इसका उत्तर प्रस्तुत मन्त्र देता है कि—१. समीचीनाः-(सम् अञ्च्-उत्तम गति) उत्तम गतिवाले होकर—प्रत्येक कार्य को उत्तमता से करने का प्रयत्न करते हुए ये हरिम्-सब वासनाओं के हरनेवाले तथा इन्दुम्-सब शक्तियों से सम्पन्न प्रभु की अनूषत-स्तुति करते हैं। ये प्रभु को न भूलकर ही कार्य करते हैं, अतः इनके कार्य पवित्र होते

हैं। प्रभु को सब शक्तियों का स्रोत समझने से इन्हें उन कार्यों का गर्व भी नहीं होता। इस प्रकार इनकी पवित्रता व निरभिमानता बनी रहती है। २. ये अद्रिभिः-आदरणीय व्यक्तियों के साथ ही हिन्वन्ति-सदा गतिवाले होते हैं। यह सत्संग उन्हें सत् बनाने में सहायक होता है।

प्रभु-स्मरण और सत्संग इन दो कार्यों को ये इसलिए करते हैं कि—१. इन्द्राय-इन्द्रशक्ति के विकास के लिए, इन्द्रियों के दास न बन जाने के लिए तथा २. पीतये-अपनी रक्षा के लिए—अपने जीवन को वासनाओं से सुरक्षित रखने के लिए।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण व सत्संग हमारी इन्द्रिशक्ति के विकास का कारण बनते हैं और हमारे जीवनों को वासनाओं से सुरक्षित करते हैं।

सूक्त-५

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तीन महत्त्वपूर्ण बातें

९ २ ३ २३ १ १३ १ २ ३२१ १ २ ३ ११ २१ ३ १ २

९०४. हिन्वन्ति सूरमुस्रयः स्वसारो जामयस्पतिम्। महामिन्दुं महीयुवः॥ १॥

इस मन्त्र में तीन बातें कही गयी हैं—१. उस्रयः-(उस्रि-going) गतिशील, क्रियाशील पुरुष सूरम्-(अन्तो वै सूरः—तां० १५.४.२) अन्त-(end) लक्ष्यस्थान को हिन्वन्ति-प्राप्त करते हैं। संसार में आज तक कोई भी अकर्मण्य व्यक्ति अपने लक्ष्यस्थान पर नहीं पहुँच पाया। 'यो यदर्थं कामयते, यदर्थं घटतेऽपि च। अवश्यं तदवाप्नोति न चेच्छ्रान्तो निवर्तते'॥ श्रम करनेवाला, श्रान्त होकर न बैठनेवाला काम्यलक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है। २. जैसे स्वसारः-अपने, जिसका उन्होंने निर्माण करना है, घर की ओर जानेवाली जामयः-दुहिताएँ पतिम्-पति को प्राप्त करती हैं। इसी प्रकार स्वसारः-(स्वः-आत्मा) आत्मा की ओर चलनेवाली जामयः-(जयतेर्वा स्याद् गतिकर्मणः—नि० ३.६) गतिशील प्रजाएँ पतिम्-उस ब्रह्माण्ड-पति प्रभु को प्राप्त करती हैं। ३. महीयुवः-महत्ता चाहनेवाले व्यक्ति महाम् इन्दुम्-महनीय सोम को प्राप्त करते हैं। संसार में किसी भी प्रकार की महिमा या महत्ता सोम की रक्षा के बिना प्राप्त नहीं होती। शरीर में वीर्यकण ही सोम हैं, जो मनुष्य को अधिकाधिक महत्त्व प्राप्त कराते हैं। इन वीर्यकणों की रक्षा को ही 'ब्रह्मचर्य' कहते हैं।

एवं, गतिशीलता के द्वारा लक्ष्य तक पहुँचनेवाले ये व्यक्ति 'जमदग्नि'-गतिशील अग्रगतिवाले हैं (जमत्+अग्नि)। अपने जीवन का ठीक परिपाक करनेवाले ये भार्गव हैं (भ्रस्ज् पाके)। परिशुद्ध जीवन के कारण 'वारुणि' हैं।

भावार्थ—हम गतिशील बनकर लक्ष्यस्थान पर पहुँचे, आत्मतत्त्व की ओर चलनेवाले बनकर प्रभु को प्राप्त करें और सोम-रक्षा द्वारा इस संसार में महिमा प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विश्व वसुओं की प्राप्ति

१ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २

९०५. पवमान रुचारुचा देव देवेभ्यः सुतः। विश्वा वसून्या विश॥ २॥

प्रभु मन्त्र के ऋषि भृगु से कहते हैं कि—हे पवमान-अपने जीवन को पवित्र करनेवाले! हे देव-दिव्य गुणोंवाले! तू देवेभ्यः सुतः-दिव्य गुणों को प्राप्त करने के लिए ही उत्पन्न हुआ है। तेरे

जीवन का लक्ष्य दिव्य गुणों की प्राप्ति ही होना चाहिए। तू रुचा रुचा-एक-एक दीप्ति से, अर्थात् एक-एक ज्योति को प्राप्त करके विश्वा-सब वसूनि-शम-दम आदि उत्तम धनों को आविश-प्राप्त हो। इन वसुओं में तेरा प्रवेश हो। तू सब वसुओं को प्राप्त करनेवाला हो।

भावार्थ—एक-एक करके हम सब वसुओं को प्राप्त करनेवाले हों।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

काम-धेनु

९०६. आ पवमान सुष्टुतिं वृष्टिं देवेभ्यो दुवः। इषे पवस्व संयतम्॥ ३॥

प्रभु कहते हैं कि—हे पवमान-अपने जीवन को पवित्र करनेवाले भृगो! तू इषे-अपनी इच्छाओं व इच्छापूर्ति के लिए (इष् इच्छायाम्) आपवस्व-निम्न साधनों को प्राप्त हो—१. सुष्टुतिम्-उत्तम स्तुति को। तू सदा प्रभु-स्तवन करनेवाला तो बन ही। लोक में भी सदा स्तुति के ही शब्दों का उच्चारण कर, कभी किसी की निन्दा मत कर। २. देवेभ्यः वृष्टिम्-दिव्य गुणवालों के लिए वर्षा को। तू सदा सत्पात्रों में अपने धन की वर्षा करनेवाला बन। तू दान की रुचिवाला हो। ३. दुवः-प्रार्थना को। तेरा जीवन प्रार्थनामय हो। यह प्रार्थना तुझे सदा विनीत व निरभिमान बनाएगी। ४. संयतम्-तू संयत जीवन को प्राप्त कर अथवा तू उत्तम उद्योगवाला हो। संयम तथा समुद्योग को तू अपने जीवन में धारण कर। ('संयत' संयम्+त; या सं+यत्) एवं, 'स्तुति, दान, प्रार्थना, संयम व समुद्योग' ये वस्तुएँ मिलकर तेरे लिए उस कामधेनु के समान बन जाएँगी जो तेरी सब कामनाओं को पूर्ण कर देगी।

भावार्थ—हमारा जीवन 'स्तुति, दान, प्रार्थना, संयम व समुद्योग' मय हो।

सूक्त-६

ऋषिः—सुतम्भर आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

भरतों में प्रभु का प्रकाश

९०७. जनस्य गोपा अजनिष्ट जागृविरग्निः सुदक्षः सुविताय नव्यसे।
घृतप्रतीको बृहता दिविस्पृशा द्युमद्वि भाति भरतेभ्यः शुचिः॥ १॥

वे प्रभु नव्यसे-नवतर, अर्थात् अत्यन्त स्तुत्य (नू स्तुतौ) सुविताय-सर्वकल्याण के लिए—सबकी शुभगति के लिए (सु+इताय) अजनिष्ट-प्रादुर्भूत होते हैं; जो—१. जनस्य गोपाः-उत्पन्न होनेवाले प्राणिमात्र के रक्षक हैं, २. जागृविः-लोककल्याण के लिए सदा जागरणशील हैं, ३. अग्निः-सर्वत्र गमनशील हैं—सबको आगे और आगे ले-चलनेवाले हैं, ४. सुदक्षः-समुन्नति व समृद्धि प्राप्त करानेवाले हैं (दक्षतिः समर्धयतिकर्मा), ५. घृतप्रतीकः-दीप्तिमय मूर्तिवाले हैं, सहस्रों सूर्यसम ज्योतिवाले हैं, ६. बृहता-महान् दिविस्पृशा-द्युलोक को छूनेवाले (तेज से युक्त), ७. शुचिः-अत्यन्त पवित्र व दीप्त वे प्रभु, ८. भरतेभ्यः-अपने में दिव्यता का व यज्ञिय भावना का भरण करनेवाले लोगों के लिए द्युमत्-प्रकाशवत्ता से विभाति-विशेषरूप से चमकते हैं, अर्थात् आत्मोन्नति करनेवाले लोगों के लिए प्रकाशित होते हैं—इनके हृदयों को प्रकाश से परिपूर्ण कर देते हैं।

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'सुतम्भर'=यज्ञ की भावना को अपने अन्दर भरनेवाला अथवा आत्रेय=काम, क्रोध व लोभ से ऊपर उठा हुआ व्यक्ति है। प्रभु इसके हृदय में प्रकाशित होते हैं।

भावार्थ—हम 'भरत' बनें, प्रभु हमारे हृदयों में प्रकाशित होंगे।

ऋषिः—सुतम्भर आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

पुत्रों द्वारा पिता का अन्वेषण

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
९०८. त्वामग्ने अङ्गिरसो गुहा हितमन्वविन्दञ्छिश्रियाणं वनेवने।
१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
स जायसे मथ्यमानः सहो महत्त्वामाहुः सहसस्पुत्रमङ्गिरः॥ २॥

१. हे अग्ने=सम्पूर्ण अग्रगति के साधक अथवा प्रकाश के पुञ्ज प्रभो! गुहा हितम्=हृदयगुहा में रखे हुए आपको अङ्गिरसः=आपके सच्चे पुत्रों ने, जिनका नाम अङ्गिरस पड़ा, उन्होंने त्वाम्=आपको अन्वविन्दन्=प्राप्त किया (ते अङ्गिरसः सूनवस्ते अग्नेः परि जज्ञिरे—ऋ० १०.६२.५)। प्रभु सर्वव्यापकता के नाते हमारे हृदयों में विद्यमान हैं ही, परन्तु उस हृदयरूप गुहा में स्थित प्रभु का दर्शन वे ही कर पाते हैं जो उस प्रभु के सच्चे पुत्र बनते हैं। प्रभु तेजस्विता के पुञ्ज हैं। ये अङ्गिरस भी तेजस्वी बनकर प्रभु के सच्चे पुत्र बनते हैं। २. वनेवने=(वनु याचने)=प्रत्येक याचना के समय शिश्रियाणम्=जिसका आश्रय लिया जाता है, ऐसे आप हैं। मनुष्य को जब कभी कोई कमी दिखती है, तो आपकी ओर ही देखते हैं। ३. सः=वे आप मथ्यमानः=मस्तिष्क व हृदयरूप दो अरणियों से मथे जाने पर जायसे=प्रादुर्भूत होते हैं। वे प्रभु हृदय व मस्तिष्क के मन्थन से—श्रद्धा व विद्या के समन्वय से प्रादुर्भूत होते हैं। ४. सहो महत्=आप महनीय बल हैं। प्रभु 'तेज-वीर्य-बल-ओज-मन्यु व सहस्' हैं और इस प्रकार प्रभु की तेजस्विता का पर्यवसान 'सहस्' में है। ५. हे अङ्गिरः=अङ्गिरसों से उपलब्ध होनेवाले प्रभो! त्वाम्=आपको सहसः पुत्रम्=सहस् का पुत्र आहुः=कहते हैं, क्योंकि सहस् को धारण करने से ही प्रभु का दर्शन हो पाता है, अतः प्रभु को 'सहस् का पुत्र' कह दिया गया है। सहस् का पुञ्ज (पुतला) होने से भी प्रभु सहस्-पुत्र हैं।

भावार्थ—प्रभु का सच्चा पुत्र अङ्गिरस् बनकर, मनुष्य प्रभु का दर्शन पाता है।

ऋषिः—सुतम्भर आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

त्रिपुटी में प्रभु का ध्यान

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
९०९. यज्ञस्य केतुं प्रथमं पुरोहितमग्निं नरस्त्रिषधस्थे समिन्धते।
१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
इन्द्रेण देवैः सरथं स बर्हिषि सीदन् नि होता यजथाय सुक्रतुः॥ ३॥

नरः=(नृ नये) अपने को उन्नति-पथ पर ले-चलनेवाले लोग त्रिषधस्थे=(त्रि+सधस्थ) तीन प्राणों के एकत्र होने के प्रदेश त्रिपुटी में अथवा इडा, पिंगला व सुषुम्णा नामक तीन नाड़ियों के सहस्थान में उस प्रभु को समिन्धते=दीप्त करते हैं जो १. यज्ञस्य केतुम्=यज्ञों के प्रज्ञापक हैं, जिन्होंने वेदवाणी में सब यज्ञों का प्रतिपादन किया है, २. प्रथमं पुरोहितम्=सर्वश्रेष्ठ हित के आधायक हैं (पुरः हितं) अथवा सर्वमुख्य यज्ञ के संस्थापक हैं, सृष्टियज्ञ के रचनेवाले प्रभु ही तो हैं, अग्निम्=अग्रणी हैं।

यहाँ त्रिषधस्थे का अर्थ 'जीव और परमात्मा के इकट्ठे बैठने के तीन स्थान' भी लिया जा

सकता है। उनमें १. 'ब्रह्मरन्ध्र' ध्यान के लिए, २. 'हृदय' उपासना के लिए और ३. 'वाणी' नामजपन के लिए है।

सः-वह प्रभु जब इन त्रिषधस्थों में समिद्ध होते हैं तब इन्द्रेण-जीवात्मा के साथ देवैः-दिव्य गुणों के द्वारा सरथम्-शरीररूप समान रथ में बर्हिषि-जिसमें से वासनाओं का उद्बर्हण कर दिया गया है उस पवित्र बर्हि नामक हृदय में नि सदत्-निषण्ण होते हैं, अर्थात् ब्रह्मरन्ध्र, हृदय व वाणी में प्रभु के साथ जब जीव एक स्थान में स्थित होता है तब वह जितेन्द्रिय बनता है (इन्द्र), वह दिव्य गुणोंवाला होता है, (देवैः) और उसके हृदय में प्रभु आसीन होते हैं।

ये प्रभु ही वस्तुतः इस सुतम्भर के होता-यज्ञों को चलानेवाले होते हैं और वे प्रभु ही यजथाय-सब उत्तम यज्ञों के सुक्रतुः-उत्तम प्रज्ञान, कर्म व सङ्कल्पों को प्राप्त करानेवाले होते हैं। एवं, सुतम्भर से किये जाते हुए सब यज्ञ वस्तुतः उस प्रभु से सम्पादित हो रहे होते हैं।

भावार्थ—'प्रभु ही होता है, हम सब तो प्रभु की क्रीड़ा में निमित्तमात्र हो जाते हैं', इस भावना को जगाना ही सच्चा सुतम्भर बनना है।

सूक्त-७

ऋषिः—गृत्समदः शौनकः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पति-पत्नी

९१०. अयं वां मित्रावरुणा सुतः सोम ऋतावृधा। ममेदिह श्रुतं हवम्॥ १॥

घर में पति-पत्नी, शरीर में मित्रावरुण के समान ही हैं। आचार्य (ऋ० ७.४३.५) मित्रावरुणौ का अर्थ 'प्राणोदानौ इव स्त्रीपुरुषौ' करते हैं। यद्यपि 'प्राणवायु सबसे मुख्य है और घर में पति की प्रधानता है, तथापि 'उदानः कण्ठदेशे स्यात्' उदानवायु का स्थान कण्ठ है और घर के कण्ठ में पत्नी स्थित है, उसके बिना घर-घर ही नहीं रह जाता।' प्रभु इन मित्रावरुणौ से—पति-पत्नी से कहते हैं कि—

हे ऋतावृधा-ऋत-नियमितता के द्वारा अपने जीवन में वृद्धि करनेवाले मित्रावरुणा-पति-पत्नि! अयं सोमः-यह सोम-वीर्यशक्ति वाम्-तुम्हारे लिए ही सुतः-उत्पन्न की गयी है। तुम्हें इसके द्वारा अपने जीवन को बड़ा सुन्दर बनाना है। तुम दोनों इत्-निश्चय ही इह-अपने इस जीवन में मम हवम्-मेरी पुकार को—वेद में दिये गये मेरे आदेश को-श्रुतम्-सुनो। अपने जीवन को वेद में दिये गये आदेशों के अनुसार बनाओ।

मन्त्रार्थ से निम्न बातें स्पष्ट हैं—१. पति प्राण है, पत्नी कण्ठदेश में स्थित उदान के समान है। दोनों ही घर के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। २. इन्हें अपने जीवन में ऋत-नियमितता को महत्त्व देना है, उसी से घर की वृद्धि होती है। ३. दोनों ने सोम की रक्षा करते हुए चलना है, उसका अपव्यय नहीं करना। सोम जीवन की अमूल्य वस्तु है। ४. इन्हें वेदानुसार जीवन बिताने का प्रयत्न करना है।

भावार्थ—पति-पत्नी का जीवन वेद के आदेशों के अनुसार बीते। वेद के मुख्य आदेश तीन हैं—१. गृत्स बनो (गृणाति)-प्रभु-स्तवन करो, २. मद-(माद्यति) सदा प्रसन्न रहो, ३. शौनक (शुन गतौ) गतिशील बनो। प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि का नाम 'गृत्समद शौनक' ही है।

ऋषिः—गृत्समदः शौनकः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्, उत्तर तथा उत्तम घर

१११. राजानावनभिद्रुहा ध्रुवे सदस्युत्तमे। सहस्रस्थूण आशाते॥ २॥

१. राजानौ—ये पति-पत्नी अपने को यथासम्भव अधिक-से-अधिक ज्ञानदीप्त बनाने का प्रयत्न करें। २. इनका जीवन बड़ा नियमित हो। मन्त्र के 'ऋतावृधा' शब्द के अनुसार इनका जीवन ऋत से बढ़नेवाला हो। ३. अनभिद्रुहौ—ये परस्पर तो द्रोहरहित हों ही—ये औरों से भी द्रोह न करनेवाले हों। सब पड़ोसियों के साथ भी इनका व्यवहार बड़ा मधुर हो। ये किसी के साथ भी शुष्क वैर-विवाद करनेवाले न हों। ४. ये दोनों सदसि—घर में आशाते—(आसाते) विराजमान हों। पत्नी को घर की व्यवस्था के लिए घर पर रहना ही है, पति भी सदा प्रवास में ही रहनेवाले या सभामय जीवन—(club life)—वाले न हों—घर पर ही आनन्द लेनेवाले हैं। कैसे घर पर? (क) ध्रुवे—जोकि ध्रुव है। जिसमें पति-पत्नी के संघर्ष के कारण अध्रुवता उत्पन्न नहीं हो जाती। (ख) उत्तमे—जो घर उत्तम है। जिस घर में प्राकृतिक आवश्यकताओं की परेशानी नहीं वह 'उत्' है, जिसमें परस्पर व्यवहार का माधुर्य भी है वह 'उत्तर' है और जहाँ प्रभु की अर्चना भी है वह 'उत्तम' है, (ग) सहस्रस्थूणे—हजारों स्तभों-आधारोंवाले घर में। जिस घर में सब आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उचित आधार विद्यमान हैं, वह घर शतशः स्तम्भोंवाला या सहस्रस्थूण कहा जाता है।

भावार्थ—पति-पत्नी १. ज्ञान से दीप्त, २. नियमित जीवनवाले, ३. द्रोह से शून्य हों और घर १. ध्रुव, २. उत्तम तथा ३. सहस्रस्थूण हो—स्थिरतावाला, प्रभु अर्चनावाला तथा शतशः आधारोंवाला हो।

ऋषिः—गृत्समदः शौनकः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऋजु-मार्ग

११२. ता सम्राजा घृतासुती आदित्या दानुनस्पती। सचेते अनवह्वरम्॥ ३॥

ता—वे दोनों पति-पत्नी १. सम्राजा—अपनी इन्द्रियों, मन व बुद्धि पर पूर्ण प्रभुत्ववाले हों, अतएव सम्यग् राजमान—दीप्त हों, २. घृतासुती—(घृ-दीप्ति, सु-उत्पत्ति) अपने जीवन में दीप्ति की उत्पत्तिवाले हों। उनका शरीर स्वास्थ्य की दीप्ति से, मन सत्य की दीप्ति से तथा बुद्धि ज्ञान की दीप्ति से चमके। ३. आदित्या—(आदानात्) ये सदा गुणों का आदान करनेवाले हों, ४. दानुनस्पती—ये दान के पति हों (नि० २.१३), सदा यज्ञ करके यज्ञशेष के खानेवाले हों। ५. ये ऐसे हों जो अनवह्वरम्—अकुटिलता का सचेते—सेवन करते हों, जिसमें कुटिलता का सम्पर्क ही न हो। ऋजु-मार्ग से चलनेवाले हों।

भावार्थ—पति-पत्नी संयमी, ज्ञान की दीप्तिवाले, गुणग्राही, दानशील तथा ऋजु-मार्ग से चलनेवाले हों।

सूक्त-८

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

११३. इन्द्रो दधीचो अस्थभिर्वृत्राण्यप्रतिष्कुतः। जघान नवतीर्नव॥ १॥

१७९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शर्यणावत् प्रदेश में प्रभु-दर्शन

९१४. इच्छन्नश्वस्य यच्छिरः पर्वतेष्वपश्रितम्। तद्विदच्छर्यणावति॥ २॥

शक्तिशाली—कर्मों में व्याप्त रहनेवाला पुरुष 'अश्व' कहलाता है। गोतम राहूगण-प्रशस्तेन्द्रिय त्यागशील व्यक्ति अश्वस्य-अश्व के शिरः-मस्तिष्क को इच्छन्-चाहता हुआ पर्वतेषु-पञ्च पर्वोंवाली अविद्या के पर्वों के कारण अपश्रितम्-दूर स्थित यत्-जो आत्मतत्त्व है तत्-उसे शर्यणावति-हृदयान्तरिक्ष में (शर्यणो अन्तरिक्षदेशः तस्य अदूरभवे—ऋ० १.८४.१४ पर द०) विदत्-प्राप्त करता है।

१. 'अश्व' शब्द कर्म का संकेत कर रहा है, 'शिरः' ज्ञान का और 'इच्छन्' सङ्कल्प या भक्ति का। इस प्रकार हमारे जीवनों में 'भक्ति, ज्ञान और कर्म' का समन्वय होता है, तभी आत्मतत्त्व का दर्शन होता है। २. यह आत्मतत्त्व अविद्या के कारण हमसे छिपा हुआ है। अविद्या पाँच पर्वोंवाली है। अविद्या के ये पाँच पर्व प्रभु को हमसे दूर रख रहे हैं—प्रभु इन पर्वों के कारण हमसे अपश्रित-दूर स्थित हैं। ३. इस प्रभु का दर्शन हमें उस हृदयावकाश में होगा जिसमें से वासनाओं का हिंसन कर दिया गया है। इस हिंसन-विशरण के कारण ही (शृ हिंसायाम्) हृदयदेश को 'शर्यणावान्' नाम दिया गया है।

भावार्थ—हम अपने जीवनों में 'भक्ति, ज्ञान व कर्म' का समन्वय करें और अविद्या को दूर करके वासनाशून्य हृदय में प्रभु का दर्शन करें।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

९१५. अत्राह गोरमन्वत नाम त्वष्टुरपीच्यम्। इत्था चन्द्रमसो गृहे॥ ३॥

१४७ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

सूक्त-९

ऋषिः—मैत्रावरुणिर्वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पूर्व्य-स्तुति

९१६. इयं वामस्य मन्मन इन्द्राग्नी पूर्व्यस्तुतिः। अभ्राद् वृष्टिरिवाजनि॥ १॥

'इन्द्र' देवता बल व क्षत्र का प्रतीक है 'सर्वाणि बलकर्माणि इन्द्रस्य।' 'अग्नि' प्रकाश व ब्रह्म (ज्ञान) का प्रतीक है। मन्त्र का ऋषि 'वशिष्ठ मैत्रावरुणि'=प्राणापानों का साधक वशी कहता है—अस्य-इस मन्मनः-विचारशील पुरुष की हे इन्द्राग्नी-बल और ज्ञान की अधिदेवताओ! इयम्-यह पूर्व्यस्तुतिः-श्रेष्ठ स्तुति अथवा उसका पालन व पूरण करनेवाली स्तुति अभ्रात्-बादल से वृष्टिः इव-वर्षा के समान अजनि-हो गयी है।

बादल से होनेवाली वर्षा १. सन्ताप को दूर करती है, २. शान्ति प्राप्त कराती है तथा विविध प्रकार के बीजों के विकास का कारण बनती है। इसी प्रकार विचारशील पुरुष से की गयी इन्द्राग्नी की स्तुति भी उसके जीवन से सन्ताप को दूर करनेवाली होती है, उसे शान्ति प्राप्त कराती है और उसके जीवन में विद्यमान सद्गुणों के बीजों का विकास करती है। इस प्रकार उसके जीवन का पूरण करने से यह स्तुति 'पूर्व्य' कहलायी है। यह स्तोता को ब्रह्म व क्षत्र से युक्त करती है, उसके

अन्दर इन्द्र और अग्नितत्त्व का विकास करती है।

भावार्थ—हमारी स्तुति मननपूर्वक हो, जिससे वह हमारा पूरण करनेवाली हो।

ऋषिः—मैत्रावरुणिर्वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बुद्धियों का आप्यायन

९१७. शृणुतं जरितुर्हवमिन्द्राग्नी वनतं गिरः। ईशाना पिप्यतं धियः॥ २॥

१. हे इन्द्राग्नी-प्रकाश व बल के अधिदेवताओ! जरितुः-स्तोता की हवम्-पुकार को शृणुतम्-सुनो, अर्थात् मेरी प्रार्थना को सुनो। 'जरिता' वस्तुतः वह स्तोता है जो अपनी आयु को उस स्तोतव्य के गुणों को अपने जीवन में अनूदित करने में ही जीर्ण कर देता है (जृ-जरिता, जृ-वयोहानि)। २. तुम गिरः-वाणियों का वनतम्-सेवन करो। मेरे प्रार्थनावचनों को सुनकर आप फल देनेवाले हो। ३. ईशाना-हे ऐश्वर्यवाले देवो! अथवा सबके ईशान देवो! धियः-हमारी बुद्धियों को पिप्यतम्-आप्यायित करो। हमारी बुद्धियों के वर्धन करनेवाले होओ।

भावार्थ—हम इन्द्र और अग्नि का स्तवन करें, वे हमारी बुद्धियों को आप्यायित करें।

ऋषिः—मैत्रावरुणिर्वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पाप, हिंसा व निन्दा से ऊपर

९१८. मा पापत्वाय नो नरेन्द्राग्नी माभिशस्तये। मा नो रीरधतं निदे॥ ३॥

हे इन्द्राग्नी-बल व प्रकाश की देवताओ! नरा-आप दोनों ही मुझे इस जीवन-पथ पर आगे ले-चलनेवाले हो और नः-हमें पापत्वाय-किसी पाप कर्म के लिए मा-मत रीरधतम्-वश में करो। हम पाप करने के लिए विवश न हो जाएँ। २. अभिशस्तये-हिंसा के लिए अथवा दोषारोपण के लिए मा-मत वशीभूत करो। हम किसी की हिंसा न करें—किसी पर व्यर्थ दोषारोपण न करें। ३. नः-हमें निदे-निन्दा के लिए, घृणा के लिए, उपहास के लिए (censure, despise, mock) मा-मत वश में करो।

वस्तुतः बल और ज्ञान से सम्पन्न व्यक्ति—'ब्रह्म और क्षत्र' के विकासवाला व्यक्ति न पाप करता है, न हिंसा, न निन्दा! इन बातों की ओर उसका झुकाव नहीं रहता।

भावार्थ—मैं ब्रह्म व क्षत्र का विकास करके पाप, हिंसा व निन्दा से ऊपर उठूँ।

सूक्त-१०

ऋषिः—दृढच्युत आगस्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

९१९. पवस्व दक्षसाधनो देवेभ्यः पीतये हरे। मरुद्भ्यो वायवे मदः॥ १॥

४७४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—दृढच्युत आगस्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम जनित रत्न सप्तक

९२०. स देवः शोभते वृषा कविर्योनावधि प्रियः। पवमानो अदाभ्यः॥ २॥

मन्त्र की देवता 'पवमान सोम' है—पवित्र करनेवाली वीर्यशक्ति। यह सोम शरीर के अन्दर ओषधियों का सारभूत तत्त्व है। यह अधियोनौ-इस अपने उत्पत्तिस्थानभूत शरीर में १. देवैः-दिव्य गुणों के साथ संशोभते-उत्तमता से शोभायमान होता है। सोम के कारण शरीर में सब दिव्य गुणों का जन्म होता है। २. वृषा-यह सोम वृषा है—शक्ति को जन्म देनेवाला है। ३. कविः-क्रान्तदर्शी है—मनुष्य की बुद्धि को तीव्र बनाकर उसे कवि बनानेवाला है, ४. प्रियः-यह तृप्ति और कान्ति पैदा करनेवाला है। इसके सुरक्षित होने पर जीवन में असन्तोष की भावना नहीं आती और चेहरे पर एक विशेष प्रकार की कान्ति बनी रहती है। ५. पवमानः-यह जीवन में पवित्रता का संचार करता है तथा ६. अदाभ्यः-अहिंसित होता है। इसके शरीर में सुरक्षित होने से किसी प्रकार के रोगादि की आशंका नहीं रहती।

भावार्थ—सोम हमें १. दिव्य गुणोंवाला बनाता है, २. शक्ति, ३. बुद्धि, ४. तृप्ति, ५. कान्ति, ६. पवित्रता तथा ७. नीरोगता देता है।

ऋषिः—वृहच्युत आगस्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उन्नति के पथ पर

९२१. पवमान धिया हितोऽभि योनिं कनिक्रदत्। धर्मणा वायुमारुहः॥ ३॥

१. हे पवमान-पवित्र करनेवाले सोम! तू धिया-प्रज्ञानों व कर्मों के द्वारा हितः-शरीर में स्थापित किया हुआ है। सोम को शरीर में सुरक्षित करने और वासनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य ज्ञानोपार्जन में लगा रहे तथा कर्मशील बना रहे। २. यह सोम का रक्षक योनिम्-अभि-मूल-स्थान परमेश्वर को लक्ष्य करके कनिक्रदत्-निरन्तर स्तुतिवचनों का उच्चारण करता है। सोम का रक्षक उस महान् सोम को क्यों न प्राप्त करेगा, ३. हे सोम! धर्मणा-अपनी धारक शक्ति से तू वायुम्-इस क्रियाशील आत्मा को आरुहः-(आरोहय) उन्नति-पथ पर आरूढ़ कर। सोम का रक्षक अपना धारण तो करता ही है, यह सदा धारणात्मक कर्मों में लगा रहता है।

भावार्थ—सोम से बुद्धि व कर्मशक्ति बढ़ती है, मनुष्य प्रभु-प्रवण बनता है और धारक कर्मों में प्रवृत्त होकर उन्नति-पथ पर आगे बढ़ता है।

सूक्त-११

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

९२२. तवाहं सोम रारण सख्य इन्दो दिवेदिवे।
पुरूणि बभ्रो नि चरन्ति मामव परिधीँरति ताँ इहि॥ १॥

५१६ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सूर्य द्वार से ऊपर

९२३. तवाहं नक्तमुत सोम ते दिवा दुहानो बभ्र ऊधनि।
घृणा तपन्तमति सूर्यं परः शकुनाइव पप्तिम॥ २॥

हे सोम=सम्पूर्ण जगत् को जन्म देनेवाले व बभ्रो=सबका भरण-पोषण करनेवाले प्रभो! प्रभु संसार को जन्म भी देते हैं और इसका पालन-पोषण भी करते हैं। अहम्=मैं नक्तम्=रात्रि में तव=तेरा दुहानः=अपने में पूरण करता हुआ उत=और दिवा=दिन में भी ते=तेरा दुहानः=अपने में पूरण करनेवाला ऊधनि=(ऋ० १.६४.५ में द० ऊधस् का अर्थ उषसम् करते हैं) उषाकाल में भी विशेषकर तेरा पूरण करते हुए हम शकुनाः इव=पक्षियों की भाँति उड़कर उस आपको पप्तिम=प्राप्त होते हैं, जो आप घृणा=दीप्ति से अतितपन्तम्=अत्यन्त देदीप्यमान सूर्यम् परः=सूर्य से भी परे हैं, आपकी दीप्ति तो हज़ारों सूर्यों के समान है। आपको प्राप्त होनेवाले सूर्यद्वार से ऊपर उठकर आप तक पहुँचते हैं। 'सूर्यद्वारेण ते विरजाः प्रयान्ति'। दिन-रात व दिन-रात की सन्धिभूत उषाकाल में सदा आपका पूरण करते हुए लोग 'सप्तर्षि' बनते हैं। उनके 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्'—ये सब ज्ञान से दीप्त होते हैं, अतः यह 'सप्तर्षयः' नामवाला ही हो जाता है।

भावार्थ—हम प्रातः, दिन व रात में सदा प्रभु के गुणों का अपने में पूरण करनेवाले बनें।

सूक्त-१२

ऋषिः—बृहन्मतिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

९२४. पुनानो अक्रमीदभि विश्वा मृधो विचर्षणिः। शुम्भन्ति विप्रं धीतिभिः॥ १॥

४८८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—बृहन्मति आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

संज्ञान व सशक्त, या ध्रुवसदस्

९२५. आ योनिमरुणो रुहद्गमदिन्द्रो वृषा सुतम्। ध्रुवे सदसि सीदतु॥ २॥

१. अरुणः=(आरोचनः—नि०) ज्ञान की दीप्ति से सर्वतः प्रकाशमान साधक ही योनिम्=संसार के मूलकारण प्रभु में आरुहत्=आरूढ़ होता है, ज्ञान-ज्योति की वृद्धि के साथ उन्नत होता हुआ यह अरुण प्रभु को पाता है। २. इन्द्रः=इन्द्रियों का अधिष्ठाता, अतएव वृषा=शक्तिशाली यह—मन्त्र का ऋषि 'बृहन्मति आङ्गिरस' विशाल बुद्धिवाला, सशक्त पुरुष सुतम्=शरीर में उत्पन्न सोम को गमत्=प्राप्त होता है। इसकी वृत्ति यज्ञिय होती है। ३. इस प्रकार यह 'अरुण व इन्द्र'=सज्ञान व सशक्त पुरुष ध्रुवे सदसि=ध्रुव, अविनश्वर स्थान (सीट) पर (सदस्=बैठने का स्थान) सीदतु=बैठे, अर्थात् प्रभु को प्राप्त करे। प्रभु ही 'ध्रुवसदस्' हैं, अन्य सदस् अन्ततोगत्वा नष्ट हो जाते हैं—वही स्थिर आधार है। 'ध्रुवसदस्' पर बैठने का अभिप्राय यह भी है कि यह मर्यादित जीवन में ही चलता चले।

भावार्थ—हम संज्ञान व सशक्त बनकर प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—बृहन्मति आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'बृहन्मति आङ्गिरस की रयि'

९२६. नू नो रयिं महामिन्दोऽस्मभ्यं सोम विश्वतः। आ पवस्व सहस्रिणम्॥ ३॥

'बृहन्मति आङ्गिरस' प्रभु से प्रार्थना करता है—हे इन्दो=सर्वशक्तिमन्! सोम=सकल ऐश्वर्यों के उत्पादक प्रभो! १. नु=शीघ्र ही नः=हमारे रयिम्=ऐश्वर्य को महान्=महनीय व सहस्रिणम्=अनन्त, बहुत अधिक करके अस्मभ्यम्=हमारे लिए विश्वतः=सब ओर से आपवस्व=प्राप्त कराइए।

'बृहन्मति आङ्गिरस' की रयि 'प्रज्ञा और शक्ति' है। बृहन्मति चाहता है कि प्रभु उसकी प्रज्ञा को महनीय बनाएँ और शक्ति को बहुत अधिक बढ़ाएँ। इस प्रज्ञा और शक्ति को वह सर्वतः प्राप्त करना चाहता है। उसका सारा वातावरण ही ऐसा हो जो 'प्रज्ञा और शक्ति' की वृद्धि के अनुकूल हो। सर्वतः प्राप्त करने का यही अभिप्राय है।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हमारी बुद्धि महनीय हो और हमारी शक्ति अत्यन्त बढ़ी हुई हो।

सूक्त-१३

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

९२७. पिबा सोममिन्द्र मन्दतु त्वा यं ते सुषाव हर्यश्वाद्रिः।
सोतुर्बाहुभ्यां सुयतो नार्वा॥ १॥

३९८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

मद, युज्य और चारु

९२८. यस्ते मदो युज्यश्चारुरस्ति येन वृत्राणि हर्यश्व हंसि।
स त्वामिन्द्र प्रभूवसो ममत्तु॥ २॥

हे हर्यश्व-(हरौ अश्वः) प्रभु में व्याप्त होनेवाले अथवा प्रभु में कर्मों को करनेवाले जीव! हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठातः! प्रभूवसो-प्रभुरूप धनवाले वसिष्ठ! यः-जो ते-तेरा सोम १. मदः-जीवन में उल्लास भरनेवाला है, २. युज्यः-तुझे अन्ततः प्रभु से मिलानेवाला है, ३. चारुः अस्ति-और जो तुझे शोभन बनानेवाला है, ४. येन-जिसके द्वारा तू वृत्राणि हंसि-ज्ञान के आवरणभूत कामादि को नष्ट करता है सः-वह सोम त्वाम्-तुझे ममत्तु-आनन्दित करे।

भावार्थ—सोमरक्षा के लाभ निम्न हैं—१. उल्लास, २. प्रभु से मेल, ३. शोभा अथवा क्रियाशीलता (चर गतौ), ४. वासनाविनाश, ५. जीवन में आनन्द। सोमरक्षा के उपाय हैं—१. प्रभु में निवास करते हुए कर्मों में लगे रहना, २. जितेन्द्रिय बनने का प्रयत्न, ३. प्रभु को ही अपना धन समझना।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु के तीन निर्देश

९२९. बोधा सु मे मघवन् वाचमेमां यां ते वसिष्ठो अर्चति प्रशस्तिम्।
इमा ब्रह्म सधमादे जुषस्व॥ ३॥

प्रभु जीव से कहते हैं—१. हे मघवन्-(मघ-मख) हे यज्ञमय जीवनवाले जीव! तू इमाम्-इस मे-मेरी वाचम्-वेदवाणी को आ-पूर्णरूप से सु-अच्छी प्रकार बोध-समझ। इस वेदवाणी को पूर्णतया सूक्ष्मता से समझने का प्रयत्न कर। २. यह वह वाणी है याम्-जिस प्रशस्तिम्-प्रभु की प्रशंसापरक वाणी को ते-यह तेरा ही भाई वसिष्ठः-उत्तम जीवन बितानेवाला अर्चति-श्रद्धा और आदर की भावना से पालन (respectfully obeys) करता है। ३. इमा-(अनया) इस वेदवाणी के द्वारा तू उस प्रभु की सधमादे-(सह माद्यतः यस्मिन्)-साथ आनन्दित होने के स्थान हृदय में

जुषस्व=प्रीतिपूर्वक उपासना कर।

भावार्थ—प्रभु के तीन निर्देश हैं—१. वेदवाणी को अधिक-से-अधिक समझने का प्रयत्न करो, २. वेद के अनुसार जीवन बनाकर वसिष्ठ बनो, ३. इसके द्वारा हृदय में प्रभु की उपासना करो।

सूक्त-१४

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अतिजगती॥ स्वरः—निषादः॥

९३०. विश्वाः पृतना अभिभूतरं नरः सजूस्ततक्षुरिन्द्रं जजनुश्च राजसे।
क्रत्वे वरे स्थेमन्यामुरीमुतोग्रमोजिष्ठं तरसं तरस्विनम्॥ १॥

३७० संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उपरिष्टाद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'प्रभु-मार्ग पञ्चक'

९३१. नेमिं नमन्ति चक्षसा मेषं विप्रा अभिस्वरे।
सुदीतयो वो अद्रुहोऽपि कर्णे तरस्विनः समृक्वभिः॥ २॥

नेमिम्-उस सर्वजगन्नियन्ता (नी धातु से मि करके नेमि=नियन्ता=नेता), सर्वजगन्नेता मेषम्-सब शक्तियों वा सुखों का सेचन करनेवाले प्रभु को चक्षसा-ज्ञान व दर्शनपूर्वक अभिस्वरे-अपने अत्यन्त समीप (very close or near), अर्थात् हृदयदेश में ही नमन्ति-नमन करते हैं। कौन?

१. विप्राः-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले—अपनी न्यूनताओं को दूर करके अपने में सद्गुणों का सञ्चार करनेवाले। २. सुदीतयः-(दीयतिः गतिकर्मा) उत्तम गति, अर्थात् सदा उज्ज्वल=पुण्य कर्मों में लगे हुए। ३. वः अद्रुहः-तुम्हारे न द्रोह करनेवाले। जो कभी भी किसी का भी बुरा नहीं चाहते। ४. तरस्विनः-वेगवाले अथवा बलवाले। जो द्रुत-गति से जीवन-पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। अथवा जो शक्तिशाली हैं, वस्तुतः गति से ही उनमें शक्ति उत्पन्न हुई है। ५. कर्णे समृक्वभिः अपि-वे व्यक्ति भी आपकी ओर ही झुक रहे हैं जो कानों में सदा उत्तम ऋचाओं से युक्त होते हैं, अर्थात् जो सदा उत्तम स्तुति-मन्त्रों का ही श्रवण करते हैं।

भावार्थ—प्रभु की उपासना 'ज्ञानी स्तोता'-'काश्यप रेभ' ही करता है।

ऋषिः—रेभः काश्यपः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उपरिष्टाद् बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्वर्ग का पति

९३२. समु रेभासो अस्वरन्निन्द्रं सोमस्य पीतये।
स्वःपतिर्यदी वृधे धृतव्रतो ह्योजसा समूतिभिः॥ ३॥

१. रेभासः-स्तोता लोग इन्द्रम्-उस सर्वशक्तिमान् प्रभु को सोमस्य पीतये-सोम के पान के लिए उ-निश्चय से सम् अस्वरन्-सम्यक्तया स्तुत करते हैं। प्रभु के स्तवन से वासना दूर रहती है और परिणामतः मनुष्य सोम की शरीर में रक्षा कर पाता है। सोमरक्षा के द्वारा यह भी इन्द्र, अर्थात् शक्तिशाली बनता है। २. शक्तिशाली बनकर यह स्वःपतिः-सुख का स्वामी होता है, जीवन का

आनन्द सबलता में ही है निर्बलता में नहीं। ३. यत्-ईं-इस सोमरक्षा से जीवन में वह समय आता है जब निश्चय से वृधे-यह जीवन में वृद्धि के लिए होता है, ४. धृतव्रतः-यह व्रतों का धारण करनेवाला होता है। ५. हि-निश्चय से ऊतिभिः-रक्षणों के द्वारा ओजसा-ओज से सम्-संगत होता है, ओजस्वी बनता है।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन से मनुष्य सोम-रक्षा कर पाता है। इससे उसका जीवन सुखी होता है, यह वृद्धि को प्राप्त करता है, व्रती बनकर ओजस्वी बनता है।

सूक्त-१५

ऋषिः—पुरुहन्मा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

९३३. यो राजा चर्षणीनां याता रथेभिरध्रिगुः।
विश्वासां तरुता पृतनानां ज्येष्ठं यो वृत्रहा गृणे॥ १॥

२७३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—पुरुहन्मा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सूर्य के समान दर्शनीय

९३४. इन्द्रं तं शुम्भ पुरुहन्मन्नवसे यस्य द्विता विधर्तरि।
हस्तेन वज्रः प्रति धायि दर्शतो महान्देवो न सूर्यः॥ २॥

हे पुरुहन्मन्-खूब गतिवाले (हन-गति)—पालक व पूरक कर्मों को करनेवाले 'पुरुहन्मन्'! तू अवसे-अपने रक्षण के लिए तम्-उस प्रसिद्ध इन्द्रम्-सब असुरों का संहार करनेवाले प्रभु के शुम्भ-नामों का उच्चारण कर। जहाँ प्रभु के नामों का उच्चारण होता है वहाँ आसुर वृत्तियाँ नहीं पनपने पातीं। असुरों के आक्रमण से रक्षा के लिए 'प्रभु नाम का उच्चारण—स्मरण' प्राकार-चारदीवारी के समान है। २. तू उस प्रभु का स्मरण कर यस्य-जिसके विधर्तरि-धारण करनेवाले में द्विता-(ब्रह्म और क्षत्र) दोनों का विस्तार होता है (द्वि+तन्-विस्तार)। ३. इस प्रभुनामोच्चारक के हस्तेन-हाथ से वज्रः-क्रियाशीलता (वज गतौ) प्रतिधायि-धारण की जाती है। यह प्रभु के इस उपदेश को भूल नहीं जाता कि 'कर्मणे हस्तौ विसृष्टौ'-कर्म के लिए हाथ दिये गये हैं। इस निरन्तर कर्मशीलता से ही इसकी शक्ति बढ़ी रहती है और यह वासनाओं में नहीं फँसता। ४. महान् देवः सूर्यः न दर्शतः-यह महान् देदीप्यमान सूर्य के समान दर्शनीय होता है। अपने ज्ञान के कारण सूर्य के समान चमकता है। 'ब्रह्म सूर्यसमं ज्योतिः'-ज्ञान तो है ही सूर्य के समान ज्योति।

भावार्थ—पुरुहन्मान् सतत क्रियाशील पुरुष के हाथों में क्रियाशीलता व शक्ति प्रकट होती है तो मस्तिष्क में ज्ञान की दीप्ति चमकती है और उसे दर्शनीय बना देती है।

सूक्त-१६

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

९३५. परि प्रिया दिवः कविर्वयांसि नप्त्योर्हितः। स्वानैर्याति कविक्रतुः॥ १॥

४७६ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सोम का शरीर व मस्तिष्क पर प्रभाव

२ १ १ १ २ ३ १ २ ३ २ १ २ १ २ ३ १ २ ३ १ २ १ २
९३६. स सूनुर्मातरा शुचिर्जातो जाते अरोचयत्। महान्मही ऋतावृधा ॥ २ ॥

सः=वह सोम १. सूनुः=उत्तम प्रेरणा देनेवाला है—सोमरक्षा के द्वारा मनुष्य को सदा उत्थान की प्रेरणा प्राप्त होती है, २. शुचिः=यह अत्यन्त पवित्र वस्तु है और जीवन की पवित्रता का कारण है, ३. जातः=(जातम् अस्य अस्तीति) यह शक्तियों के प्रादुर्भाव व विकास का कारण है, ४. यह महान्=अत्यन्त महनीय=महत्त्वपूर्ण वस्तु है, ५. यह सोम मातरा=(माता च पिता च)=द्यावापृथिवी को—शरीर व मस्तिष्क को अरोचयत्=प्रकाशयुक्त करता है। जो शरीर और मस्तिष्क (क) जाते=उत्तम प्रादुर्भाववाले हैं, (ख) मही=महनीय व प्रशंसनीय हैं, (ग) ऋतावृधा=ऋतु के द्वारा—सब कार्यों को व्रत के रूप में ठीक समय व ठीक स्थान पर करने के द्वारा ये वृद्धि को प्राप्त होते हैं।

भावार्थ—सोम शरीर को नीरोग बनाता है और मस्तिष्क को ज्ञान-ज्योति से भरकर उज्ज्वल कर देता है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सोम-रक्षा एक लाभ

२ १ २ १ २ १ २ १ २ ३ १ २ ३ १ २
९३७. प्रप्र क्षयाय पन्यसे जनाय जुष्टो अद्रुहः। वीत्यर्ष पनिष्टये ॥ ३ ॥

हे सोम=सोम! जुष्टः=प्रीतिपूर्वक सेवन किया हुआ तू अर्ष=प्राप्त हो। सोम को अत्यन्त प्रिय वस्तु समझकर उसे शरीर में ही व्याप्त करना सोम का सेवन है। यह सोम हमें प्राप्त हो। किसलिए? १. प्रप्र क्षयाय=अत्यन्त उत्कृष्ट निवास के लिए, अर्थात् नीरोगता आदि द्वारा इस जीवन को भी सुन्दर बनाने के लिए और अन्ततोगत्वा मोक्ष-प्राप्ति के लिए। २. पन्यसे=अत्यन्त स्तुत्य व्यवहार के लिए। सोमपान से मनोवृत्ति सुन्दर बनी रहती है और सोमपान करनेवाला व्यक्ति व्यवहार में छल-छिद्र को नहीं आने देता। ३. जनाय=(जनन=जनः) शक्तियों के विकास के लिए। सोमरक्षा से ही शरीर में सब इन्द्रियों की शक्ति का विकास होता है। ४. अद्रुहः=(अद्रुहे ऋ०)=(द्रुह् क्विप्) द्रोहवृत्ति से ऊपर उठने के लिए। सोम का पान करनेवाला व्यक्ति किसी से द्रोह नहीं करता। ५. वीती=(वीत्यै) उत्कृष्ट गति के लिए। सोम ही सब प्रगतियों वा उन्नतियों का मूल है। ६. पनिष्टये=स्तुति के लिए (पनिष्य=स्तुति) सोमरक्षा हमें प्रभु-प्रवण बनाती है। हमारा जीवन भौतिक न रहकर प्रभु की ओर झुकाववाला होता है।

भावार्थ—सोमरक्षा से शक्तियों का विकास होकर मोक्ष में निवास होता है।

सूक्त-१७

ऋषिः—शक्तिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्) ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
९३८. त्वं ह्या३ङ्ग दैव्य पवमान जनिमानि द्युमत्तमः। अमृतत्वाय घोषयन् ॥ १ ॥

५८३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—उरुः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

पर्दे का हटाना

९३९. येना नवग्वा दध्यङ्ङपोर्णुते येन विप्रास आपिरे।
देवानां सुम्ने अमृतस्य चारुणो येन श्रवांस्याशत ॥ २ ॥

'पवमान सोम'-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाला सोम वह है—१. येन-जिससे नवग्वा-(नवगतिः नवनीतगतिर्वा—नि० ११.१९ नू स्तुतौ) स्तुतिमय क्रियाशीलतावाला वा मक्खन के समान कोमलतायुक्त गतिवाला दध्यङ्-(प्रत्यक्तो ध्यानमिति वा—नि० १२.३३) ध्यानशील पुरुष अपोर्णुते-सत्य के स्वरूप को ढकनेवाले हिरण्मयपात्र को दूर करता है, अर्थात् आवरण को हटाकर सत्य के स्वरूप का दर्शन करता है। यह सोम वह है येन-जिसके द्वारा देवानाम्-देवताओं के, अर्थात् देवसम्बन्धी चारुणः अमृतस्य-सुन्दर अमृतत्व के सुम्ने-आनन्द में मनुष्य निवास करता है। इस सोम के कारण रोगादि शरीर में घर नहीं कर पाते-रोगरूप मृत्युएँ दूर हो जाती हैं, साथ ही सब इन्द्रियाँ शक्तिशाली बनी रहती हैं और उनकी सुन्दर गति में क्षीणता नहीं आती, परिणामतः 'सु-ख' व आनन्द मिलता है। ४. यह सोम वह है येन-जिससे श्रवांसि-यश, स्तोत्र, धन व उत्तम कार्यों को आशत्-प्राप्त करते हैं। हमारा जीवन यशस्वी होता है, हम प्रभु-प्रवण बन उसके स्तोता होते हैं, धनार्जन के योग्य बनते हैं और सदा प्रशंसनीय कर्मों को ही करते हैं।

भावार्थ—सोम को शरीर में सुरक्षित करके ही मनुष्य अज्ञान के आवरण को दूर करके प्रभु-दर्शन कर पाता है।

सूक्त-१८

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

९४०. सोमः पुनान ऊर्मिणाव्यं वारं वि धावति। अग्रे वाचः पवमानः कनिक्रदत् ॥ १ ॥

५७२ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

तीन आधारोंवाला

९४१. धीभिर्मृजन्ति वाजिनं वने क्रीडन्तमत्यविम्। अभि त्रिपृष्ठं मतयः समस्वरन् ॥ २ ॥

पवमान सोम क्या करते हैं—१. धीभिः-ज्ञान के द्वारा मृजन्ति-सोमपान करनेवाले को शुद्ध कर डालते हैं। सोमपान से ज्ञानाग्नि दीप्त होकर जीवन को शुद्ध कर डालती है, २. वाजिनम्-यह सोमपान इस पुरुष को शक्तिशाली बनाता है। ३. वने क्रीडन्तम्-उस उपास्य परमेश्वर में क्रीड़ा करनेवाला बनाता है। सोमरक्षा से मनुष्य की वृत्ति ऐसी ऊँची हो जाती है कि वह सब क्रियाओं को प्रभु में हो रहा देखता है, उसे यह संसार प्रभु की क्रीड़ा प्रतीत होता है। ४. अत्यविम्-(अति-पूजित)। यह सोम उसे अतिशयन अवि-रक्षक बनाता है। यह व्यक्ति आसुर वृत्तियों को अपने पर आक्रमण नहीं करने देता। ५. त्रिपृष्ठम् अभि-यह सोमपान करनेवाला 'ज्ञान, कर्म व भक्ति' तीनों को अपना आधार बनाता है और मतयः-सब ज्ञान इस 'त्रिपृष्ठ' की ओर समस्वरन्-गति करते हैं (स्वृ to go), अर्थात् इसे सब ज्ञान प्राप्त होते हैं।

भावार्थ—सोमपान करने से ही मनुष्य ज्ञान, भक्ति व निष्काम-कर्म का आधार बनता है। यह ज्ञान का आधार होने से 'चाक्षुष' है और निष्काम कर्म से आगे बढ़ता हुआ यह 'अग्नि' है।

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

चाक्षुष अग्नि

१२ १ १ २ १ २ १ २ १ २ १ १ १ २
९४२. असर्जि कलशाँ अभि मीढ्वान्त्सप्तिर्न वाजयुः।
१ १ १ २ १ २
पुनानो वाचं जनयन्नसिष्यदत्॥ ३॥

यह सोम कलशान् अभि-सोलह कलाओं के आधारभूत शरीरों का लक्ष्य करके असर्जि-निर्मित हुआ है। यह शरीर को विफल नहीं होने देता। यह शरीर में होनेवाली कमियों को दूर करके उसे सदा सकल-पूर्ण बनाये रखता है। २. मीढ्वान्-इस प्रकार यह सब सुखों की वर्षा करनेवाला है। अङ्ग-प्रत्यङ्ग का, सब इन्द्रियों का ठीक होना ही 'सु-ख' है। ३. सप्तिः न-घोड़े के समान वाजयुः-शक्ति को यह हमारे साथ जोड़नेवाला है। सोमपान हमें इतनी शक्ति देता है कि हम घोड़े के समान अपने कर्त्तव्य मार्ग का आक्रमण करते हुए कभी थकते नहीं। ४. पुनानः-यह हमारे हृदयों में वेदवाणी का आविर्भाव करते हुए असिष्यदत्-हमारे शरीर में प्रवाहित होता है। सोमरक्षा से ज्ञानाग्नि दीप्त होती है और हृदय निर्मल, अतः हम प्रभु की वाणी को सुन पाते हैं। ज्ञानवृद्धि करके यह हमें 'चाक्षुष' बनाता है और हमारी उन्नति का कारण बनकर हमें 'अग्नि' बनाता है।

भावार्थ—शरीर की न्यूनताओं को दूर करने के लिए ही प्रभु ने सोम की सृष्टि की है।

सूक्त-१९

ऋषिः—प्रतर्दनो दैवोदासिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
९४३. सोमः पवते जनिता मतीनां जनिता दिवो जनिता पृथिव्याः।
१ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
जनिताग्नेर्जनिता सूर्यस्य जनितेन्द्रस्य जनितोत विष्णोः॥ १॥

५२७ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—प्रतर्दनो दैवोदासिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

देवों में ब्रह्मा

१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
९४४. ब्रह्मा देवानां पदवीः कवीनामृषिर्विप्राणां महिषो मृगाणाम्।
१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
श्येनो गृध्राणां स्वधितिर्वनानां सोमः पवित्रमत्येति रेभन्॥ २॥

सोमः-सोम की रक्षा करके सौम्य बननेवाला प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'प्रतर्दन दैवोदासि'-वासनाओं को कुचलनेवाला प्रभु का दास (भक्त) १. देवानां ब्रह्मा-दिव्य गुणवालों में ब्रह्मा बनता है। सोम मनुष्य की उन्नति का कारण बनता है। उन्नत होते-होते यह देव बनता है, देवों में भी इसका स्थान प्रथम होता है। २. कवीनां पदवीः-क्रान्तदर्शियों का यह मार्ग होता है, अर्थात् दूसरे अनुभव करते हैं कि इसी मार्ग पर चलकर हम भी कवि बन पाएँगे। ३. यह विप्राणां ऋषिः-विप्रों में ऋषि होता है। विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले लोग 'वि-प्र' हैं, यह उनमें तत्त्वज्ञानी होता है। तत्त्वज्ञानी

ही अपना ठीक-ठीक पूरण कर पाता है। ४. मृगाणाम्-आत्मान्वेषण करनेवालों में यह महिषः-पूज्य होता है, अर्थात् उनका भी मूर्धन्य बनता है। ५. गृध्राणाम्-उत्तम पद की अभिकांक्षा करनेवालों में यह श्येनः-शंसनीय-गतिवाला होता है (गृधु अभिकांक्षायाम्)। मोक्ष को अपना उद्देश्य बनाकर यह सदा उत्तम कर्मों में लगा रहता है। ६. वनानां स्वधितिः-इस संसार-वृक्ष के लिए कुल्हाड़े के समान होता है। यह अश्वत्थ-रूप संसार को विवेकरूप कुल्हाड़े से काट डालता है। ६. यह सौम्य पुरुष अतिरेभन्-अतिशेयन प्रभु का स्तवन करता हुआ पवित्रम्-पवित्र करनेवाले, स्वयं पूर्ण पवित्र प्रभु को एति-प्राप्त होता है, सब वासनाओं को कुचलकर प्रभु-चरणों में पहुँच जाता है।

भावार्थ—हम सोम के पुञ्ज बनकर पूर्ण पवित्र प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—प्रतर्दनो दैवोदासिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

चारों वेदवाणियों की प्रेरणा

९४५. प्रावीविपद्वाच ऊर्मिं न सिन्धुर्गिर स्तोमान् पवमानो मनीषाः।
अन्तः पश्यन् वृजनेमावराण्या तिष्ठति वृषभो गोषु जानन्॥ ३॥

सोम की रक्षा के द्वारा पवमानः-अपने जीवन को पवित्र बनाने के स्वभाववाला जैसे सिन्धुः ऊर्मिं न-समुद्र अपने में तरंग को प्रेरित करता है, उसी प्रकार १. वाचः-(वच व्यक्तायां वाचि) पदार्थों के गुण-धर्मों का स्पष्ट कथन करनेवाले ऋग्वेद अथवा विज्ञानवेद की वाणियों को अपने में प्रावीविपत्-प्रकर्षेण प्रेरित करता है। उन वाणियों के द्वारा विज्ञान को बढ़ाकर प्रकृति के पदार्थों का ठीक उपयोग करता है। २. गिरः-(गृणाति उपदिशति) यजुर्वेद की उपदेशात्मक गिराओं को भी अपने में खूब प्रेरित करता है और अपने कर्त्तव्यों का सदा स्मरण करता है। ३. स्तोमान्-सामवेद की स्तुति-समूहरूप वाणियों को भी सतत प्रेरित करता है और उनके द्वारा यह प्रभु के निकटतम सम्पर्क में आकर शक्तिशाली बनता है। ४. मनीषाः-अथर्ववेद की बुद्धिमत्ता से परिपूर्ण नैतिक उपदेश देनेवाली बातों को भी यह अपने में सदा प्रेरित करने का प्रयत्न करता है। वहाँ पहले ही मन्त्र में वह 'कम खाओ, कम बोलो' का पाठ पढ़ता है। ५. अन्तः पश्यन्-यह पवमान सदा अन्तः निरीक्षण करनेवाला बनता है और इस आत्मालोचन की प्रवृत्ति के परिणामस्वरूप ही ६. इमा-इन अवराणि-अवचेतना में छिपकर बैठे हुए (Sub-conscious spirit) वृजना-वर्जनीय-निकृष्टभावों को आतिष्ठति-पाँवों के नीचे कुचल देता है। परिणामतः ७. वृषभः-शक्तिशाली बनता है और ८. गोषु-इन्द्रियों के विषय में जानन्-ज्ञानी बनकर चलता है। इन्द्रियों के स्वभाव को समझकर कभी प्रमाद नहीं करता। सदा समझदार बनकर उन्हें अपने वश में रखता है।

भावार्थ—पापों को कुचलकर मैं सचमुच 'प्रतर्दन' बनूँ।

सूक्त-२०

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः; गृहपतिर्यविष्ठो सहसः सुतो तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

९४६. अग्निं वो वृधन्तमध्वराणां पुरूतमम्। अच्छा नप्त्रे सहस्वते॥ १॥

२१ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः; गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हमारे जीवन का शिल्पी

१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
९४७. अयं यथा न आभुवत् त्वष्टा रूपेव तक्ष्या। अस्य क्रत्वा यशस्वतः॥ २॥

१. गत मन्त्र में वर्णित 'अग्नि' को यहाँ 'अयं' इस सर्वनाम शब्द से परामृष्ट करके कहते हैं कि इव-जैसे त्वष्टा-एक शिल्पी (बढ़ई) रूपा-लकड़ी में नानाविध रूपों का निर्माण करता है, उसी प्रकार त्वष्टा यथा-शिल्पी की अयम्-यह प्रभुरूप अग्नि नः-हमारे तक्ष्या-निर्माण करने योग्य रूपों व वस्तुओं को आभुवत्-समन्तात् उत्पन्न करता है। हमारे लिए उस प्रभु ने किस सुन्दर वस्तु का निर्माण नहीं किया? २. अस्य-इस प्रभु के ही क्रत्वा-प्रज्ञान व कर्म यशस्वतः-हमें यशवाला करते हैं। प्रभु का दिया हुआ ज्ञान व बल हमें यशस्वी बनाता है।

हमारा निर्माण तो प्रभु को करना है—'मेरा वह-वह रूप प्रभु से निर्मित हो रहा है', यह भावना हमारे जीवन के महान् उत्कर्ष का कारण बनती है। इस भावना से हमारे अन्दर परमेश्वरार्पण बुद्धि जागरित होती है। इस बुद्धि के जागरित होने पर हम प्रभु के ज्ञान व प्रभु की शक्ति से सम्पन्न हो यशस्वी बनते हैं। 'मेरा ज्ञान, मेरी शक्ति व मेरा यश न होकर प्रभु का है' यह भावना हमें निरहंकार बनाती है।

भावार्थ—मेरे जीवन का (त्वष्टा) शिल्पी वह प्रभु ही है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः; गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरः॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

श्री-पति पुरुषोत्तम

१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
९४८. अयं विश्वा अभि श्रियोऽग्निर्देवेषु पत्यते। आ वाजैरुप नो गमत्॥ ३॥

१. अयम् अग्निः-यह सब देवताओं का अग्रणी प्रभु ही देवेषु-देवताओं में जो श्रियः-श्री हैं विश्वाः-उन सबका अभिपत्यते-ईश है (पत् ऐश्वर्यकर्मा—नि० २.२१.२)। सूर्य, चन्द्र, अग्नि में जो तेज है, वह सब उस प्रभु की ही तो विभूति है। जलों में वे प्रभु रस हैं, तो वायु में वे प्राण हैं। पृथिवी में सब ओषधियों के उत्पादन की शक्ति भी तो उस प्रभु की ही है। बुद्धिमानों की बुद्धि प्रभु हैं—बलवानों का बल व तेजस्वियों का तेज वे प्रभु ही हैं।

२. वे प्रभु नः-हमारे उप-समीप भी वाजैः-नाना प्रकार की शक्तियों से आगमत्-प्राप्त होते हैं। अन्नमयकोश में तेज, प्राणमयकोश में वीर्य, मनोमयकोश में ओज व बल, विज्ञानमयकोश में मन्यु तथा आनन्दमयकोश में सहस् को प्राप्त करानेवाले वे प्रभु ही हैं। इस प्रकार प्रभुकृपा से ही हम प्रत्येक कोश के वाज व ऐश्वर्य को प्राप्त करके 'आभूति' बनते हैं। प्रभु से मेल मुझे सब कोशों की विभूति प्राप्त कराता है, अतः प्रभु से मेल करनेवाला 'प्रयोग' (उत्कृष्ट सम्पर्कवाला) ही इस मन्त्र का ऋषि है—यह भार्गव-अपना पूर्ण परिपाक करनेवाला तो है ही।

भावार्थ—श्रीमात्र को प्रभु का अंश जान मुझे अपने वाजों की श्री का गर्व न हो—यह सब तो उस प्रभु की ही देन है। श्रीपति तो पुरुषोत्तम प्रभु ही हैं।

सूक्त-२१

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः; गृहपतिर्यविष्ठो सहसः सुतो तयोर्वान्यतरः॥
देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

९४९. इममिन्द्र सुतं पिब ज्येष्ठममर्त्यं मदम्। शुक्रस्य त्वाभ्यक्षरन् धारा ऋतस्य सादने॥ १॥

३४४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः; गृहपतिर्यविष्ठो सहसः सुतो तयोर्वान्यतरः॥
देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

रथी-तर

९५०. न किष्ट्वद्रथीतरो हरी यदिन्द्र यच्छसे।
न किष्ट्वानु मज्मना न किः स्वश्व आनशे॥ २॥

अपने जीवन को पवित्र करनेवाला 'पावकः'-उन्नति-पथ पर चलनेवाला 'अग्निः'—अधिकाधिक ज्ञान प्राप्त करनेवाला 'बार्हस्पत्यः' अथवा इस प्रभु-प्रदत्त शरीररूप घर की रक्षा करनेवाला 'गृहपतिः'-रक्षा के उद्देश्य से अपने को पापों से पृथक् कर पुण्य से जोड़नेवाला 'यविष्ठ', परिणामतः शक्ति का पुतला बना हुआ 'सहसः पुत्र' मन्त्र का ऋषि है। इसके ऐसा बन सकने का रहस्य मन्त्र में निम्न शब्दों में वर्णित हुआ है—

१. त्वत्-तुझसे रथीतरः-उत्तम रथवाला नकिः-और कोई नहीं है यत्-क्योंकि हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठातः! तू हरी-ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप घोड़ों को यच्छसे-वश में करके उत्तम रथवाला बनने के लिए यत्न करता है। 'इन्द्रियों को वश में करना' आवश्यक है। इससे शक्ति भी बढ़ती है और ज्ञान भी, परिणामतः न व्याधियाँ इस शरीर को घेरती हैं न आधियाँ। शक्ति का अभाव व्याधियों का कारण होता है और ज्ञानाभाव आधियों का।

२. मज्मना-बल के दृष्टिकोण से भी (मज्म-बल) त्वा अनु न किः-तेरा अनुगमन करनेवाला कोई नहीं बनता, अर्थात् तू अद्वितीय शक्तिशाली बनता है। ३. तेरे समान स्वश्वः-उत्तम इन्द्रियरूप घोड़ोंवाला भी न किः आनशे-अपने मार्ग का व्यापन नहीं करता (अश् व्याप्तौ)। जिस सुन्दरता से तू अपने घोड़ों को मार्ग पर चला रहा है वैसा और कोई नहीं मिलता। इसी का यह फल है कि निरन्तर कर्मों में लगे रहने से तू 'पावक, यविष्ठ व सहसःपुत्र' बना है और सतत ज्ञानप्राप्ति ने तुझे 'अग्नि, बृहस्पति व गृहपति' बनाया है।

भावार्थ—हम उत्तम रथी हों, इन्द्रियरूप घोड़ों को वश में रक्खें, शक्ति की वृद्धि करें और उत्तम इन्द्रियाश्वोंवाले हों। इन्द्रियाश्व शक्तिशाली भी हों और हमारे वश में भी हों।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गव अग्निर्वा पावको बार्हस्पत्यः; गृहपतिर्यविष्ठो सहसः सुतो तयोर्वान्यतरः॥
देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ज्येष्ठ-सहः

९५१. इन्द्राय नूनमर्चतोक्थानि च ब्रवीतन।
सुता अमत्सुरिन्दवो ज्येष्ठं नमस्यता सहः॥ ३॥

१. इन्द्राय-परमैश्वर्य-सम्पन्न प्रभु के लिए नूनम्-निश्चय से अर्चत-अर्चना करो। २. च-और उस प्रभु के लिए ही उक्थानि-स्तोत्रों का ब्रवीतन-उच्चारण करो। वेदमन्त्रों के द्वारा प्रभु का गुण-गान करो। ३. सुताः-उत्पन्न हुए-हुए इन्दवः-सोमकण तुम्हें अमत्सुः-आनन्दित करें। इन्हीं की रक्षा होने पर हमारा प्रभु की ओर झुकाव होता है और हम ज्ञान-प्राप्ति में प्रवृत्त होते हैं। ४. तुम उस ज्येष्ठं सहः-सर्वश्रेष्ठ बल के लिए नमस्यत-नमस्कार करो।

भावार्थ—प्रभु-पूजा हमें 'इन्द्र' बनाती है। स्तोत्रों का उच्चारण हमें ज्ञानैश्वर्य प्राप्त कराता है। सोमकण जीवन में उल्लास का कारण बनते हैं और इनकी रक्षा से उत्तम शक्ति प्राप्त होती है।

सूक्त-२२

ऋषिः—भृगुः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

आनन्द-प्राप्ति का सप्तविधमार्ग

१ २ ३१२ ३ २ ३ १ २ ३ १ २
९५२. इन्द्र जुषस्व प्र वहा याहि शूर हरिह।

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३१२ ३ १ २
पिबा सुतस्य मतिर्न मधोश्चकानश्चारुर्मदाय॥ १॥

मदाय-'आनन्द-प्राप्ति के लिए जीव को किस मार्ग का आक्रमण करना' प्रभु बतलाते हैं—१. इन्द्र-हे इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! तू जुषस्व-प्रीतिपूर्वक प्रभु की उपासना कर। २. प्रवह-इस शरीररूप रथ को आगे और आगे ले-चल। ३. शूर-सब विघ्नों की हिंसा करनेवाले! हरि-ह-इन्द्रियरूप घोड़ों को हाँकनेवाले (हरि-घोड़े, हन्-गति) आयाहि-तू प्रभु की ओर गतिवाला हो। ४. इसी वृत्ति का बने रहने के लिए सुतस्य-उत्पन्न हुए-हुए सोम का पिब-तू पान कर। सोमपान करनेवाला ही प्रभु की ओर गति करता है—वही विघ्नों को हिंसित कर पाता है और प्रबल इन्द्रियरूप घोड़ों को काबू कर पाता है। ५. मतिः न-तेरा सारा व्यवहार बुद्धिमान्-समझदार पुरुष की भाँति हो। ६. मधोः चकानः-तू माधुर्य की कामनावाला हो। कटुता को अपने जीवन से दूर रख, ७. और इस प्रकार तेरा सारा जीवन चारुः-सुन्दर-ही-सुन्दर हो। तू (चर गतौ) सञ्चरणशील—क्रियामय जीवनवाला बन।

ऐसा बनकर तू मदाय-हर्ष के लिए होता है—तेरा जीवन सदा उल्लासमय बना रहता है।

भावार्थ—जीवन को उल्लासमय बनाने के सात साधन हैं—१. प्रभु की उपासना, २. अपने को आगे ले-चलना, ३. शूर बनकर विघ्नों को जीतना, ४. सोमपान, ५. समझदारी, ६. माधुर्य, ७. सुन्दरता से क्रियाओं को करने में लगे रहना।

ऋषिः—भृगुः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

माधुर्य, प्रकाश, शक्ति, स्वर्ग का जीवन

१ २ ३१३ २ ३ २ ३ १ ३ १ २ ३ १
९५३. इन्द्र जठरं नव्यं न पृणस्व मधोर्दिवो न।

१ २ ३१ ३ २ १२ ३ १ २ ३ १ २
अस्य सुतस्य स्वा३र्नोप त्वा मदाः सुवाचो अस्थुः॥ २॥

इन्द्र-हे इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! तू जठरम्-(bosom, the interior part) अपने अन्तर को नव्यं न=अति नवीन प्रकार से अथवा स्तुत्य ढंग से पृणस्व-पूरित कर ले। १. मधोः-तू अपने अन्तर को माधुर्य से पूर्ण कर, तेरा हृदय माधुर्य से परिपूर्ण हो। २. दिवः न-(न इति चार्थे)-और

तू अपने अन्तर को प्रकाश से परिपूर्ण कर। ३. अस्य सुतस्य-इस उत्पन्न सोम से तू अपने जठर को पूर्ण कर। यह सोम तेरे शरीर में ही व्याप्त होनेवाला हो। ४. इस प्रकार माधुर्य, प्रकाश व वीर्यशक्ति से परिपूर्ण तेरा जीवन स्वः न-स्वर्गलोक का-सा जीवन हो। ५. इस स्वर्ग में त्वा-तुझे मदाः-जीवन में आनन्दोल्लास भरनेवाली सुवाचः-उत्तम वेदवाणियाँ उपास्थुः-समीपता से प्राप्त हों।

भावार्थ—स्वर्गमय जीवन में माधुर्य, प्रकाश, शक्ति व उत्तम वाणियों का निवास है।

ऋषिः—भृगुः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

९५४. इन्द्रस्तुराषाण्मित्रो न जघान वृत्रं यतिर्न।
बिभेद वलं भृगुर्न ससाहे शत्रून् मदे सोमस्य॥ ३॥

१. इन्द्रः-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाला इन्द्र मित्रः न-सूर्य के समान, जैसे उदय होता हुआ सूर्य कृमियों को नष्ट करता है, उसी प्रकार तुराषाट्-शत्रुओं को त्वरा से पराभव करनेवाला होता है। इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव आसुरवृत्तियों का पराभव करता है। २. यतिः न-एक यति—इन्द्रियों का पूर्ण निग्रह करनेवाले संयमी पुरुष के समान यह वृत्रम्-ज्ञान की आवरणभूत वासना को जघान-नष्ट करता है। ३. भृगुः न-अपना पूर्ण परिपाक करनेवाले पुरुष के समान वलं बिभेद-वल नामक असुर का यह भेदन करता है। असुररूप वल को तो यह विदीर्ण ही कर देता है। ४. यह इन्द्र सोमस्य मदे-अपने अन्दर ही खपाये हुए सोम के मद में शत्रून्-शक्ति के नाशक कामादि को ससाहे-पूर्णरूप से अभिभूत करता है।

भावार्थ—इन्द्र शत्रुओं का पराभव करता है, ज्ञान के आवरणभूत वृत्र को नष्ट करता है, वल व असुर नहीं बनने देता और सोम के मद में शत्रुओं को समाप्त कर देता है।

इति पञ्चमोऽध्यायः, तृतीयप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

अथ षष्ठोऽध्यायः

तृतीयप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—अकृष्टा माषाः, सिकतानिवावरी, पृश्नयोऽजाश्च ऋषिगणाः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

उपासना

९५५. गोवित्पवस्व वसुविद्धिरण्यविद्रेतोधा इन्दो भुवनेष्वर्पितः ।
त्वं सुवीरो असि सोम विश्ववित्तं त्वा नर उप गिरेम आसते ॥ १ ॥

हे इन्दो-परमैश्वर्यवन्! सोम-सम्पूर्ण जगत् को जन्म देनेवाले प्रभो! त्वम्-आप १. गोवित्-सब वेदवाणियों को देनेवाले हैं। सृष्टि के प्रारम्भ में जीवहित के लिए आप वेदज्ञान प्राप्त कराते हैं। २. वसुवित्-निवास के लिए आवश्यक धन देनेवाले हैं, ३. हिरण्यवित्-(हिरण्यं वै ज्योतिः) ज्योति प्राप्त करानेवाले हैं, ४. रेतोधाः-जीवन-तन्तु को अविच्छिन्न रखने के लिए रेतस् का आधान करते हैं (को न्वस्मिन् रेतो न्यदधात् तन्तुरातायताम् इति), ५. भुवनेषु अर्पितः-आप सब लोक-लोकान्तरों में व्याप्त हैं। ६. त्वम्-आप सुवीरः असि-उत्तम वीर हैं, ७. विश्ववित्-आप सभी आवश्यक वस्तुओं के देनेवाले हैं। ८. तं त्वा-उस आपको इमे नरः-ये मनुष्य गिरा-वेदवाणी से उपासते-उपासित करते हैं। ९. वे आप पवस्व-हमारे जीवनों को पवित्र कर दीजिए।

भावार्थ—हम प्रभु से याचना करें कि वे प्रभु हमें 'गौ, वसु, हिरण्य, रेतस्' व अन्य सब आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त कराएँ। हम आपकी ही उपासना करते हैं। आप हमारे जीवनों को पवित्र कर दीजिए।

ऋषिः—अकृष्टा माषाः, सिकतानिवावरी, पृश्नयोऽजाश्च ऋषिगणाः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

उत्तम जीवन

९५६. त्वं नृचक्षा असि सोम विश्वतः पवमान वृषभ ता वि धावसि ।
स नः पवस्व वसुमद्धिरण्यवद्वयं स्याम भुवनेषु जीवसे ॥ २ ॥

हे सोम-सकल जगत् के उत्पादक! पवमान-सम्पूर्ण जीवों को पवित्र करनेवाले! वृषभ-सब कामनाओं के पूरक प्रभो! १. त्वम्-आप विश्वतः-सर्वत्र नृचक्षाः असि-मनुष्यों के द्रष्टा (Look after) तथा ध्यान करनेवाले हैं। २. आप ताः विधावसि-उन्हें विशेषरूप से शुद्ध करनेवाले हैं (धाव्-शुद्धि)। आपका स्मरण ही उन्हें पवित्र करनेवाला है। ३. सः नः-वे आप हमारे लिए वसुमत्-उत्तमता से युक्त—निवास के लिए उपयोगी हिरण्यवत्-ज्योति व तेज से युक्त धन पवस्व-प्राप्त कराइए। ४. जिससे वयम्-हम भुवनेषु-इन लोकों में जीवसे-उत्तम जीवन बिताने के लिए स्याम-समर्थ हों।

भावार्थ—प्रभु हमें उत्तम धन प्राप्त कराते हैं जिससे हम जीवन को उत्तमता से बिताते हैं।

ऋषिः—अकृष्टा माषाः, सिकतानिवावरी, पृश्नयोऽजाश्च ऋषिगणाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

प्रभु की आज्ञा का पालन

९५७. ईशान इमा भुवनानि ईयसे युजान इन्दो हरितः सुपर्ण्यः।
तास्ते क्षरन्तु मधुमद् घृतं पयस्तव व्रते सोम तिष्ठन्तु कृष्टयः॥ ३॥

हे इन्दो-परमैश्वर्यवन्! सोम-सम्पूर्ण जगत् को जन्म देनेवाले प्रभो! आप १. ईशानः-सारे ब्रह्माण्ड के ईशान (Lord) हो। २. आप इमा भुवनानि-इन सब भुवनों को ईयसे-प्राप्त होते हो (प्रभु का विचरना भी स्थिरता लिये हुए है), ३. हरितः-सब दुःखों का हरण करनेवाले, अतएव मनोहर सुपर्ण्यः-उत्तम पालक वस्तुओं का युजानः-सबके साथ योग करनेवाले हो। प्रभु दुःखहारक, पालक वस्तुओं को प्राप्त करानेवाले हैं। ४. ते-आपके ताः-वे सब उत्तम पदार्थ मधुमत्-माधुर्य से युक्त घृतम्-दीप्ति प्राप्त करानेवाले पयः-आप्यायन को क्षरन्तु-प्राप्त कराएँ। उन पदार्थों के यथोचित प्रयोग से हमारा माधुर्य व दीप्ति से युक्त वर्धन हो। ५. हे प्रभो! कृष्टयः-श्रमशील व्यक्ति तव व्रते-आपके व्रत में तिष्ठन्तु-ठहरें, आपकी वेदोपदिष्ट आज्ञाओं का पालन करें। जो व्यक्ति माषों की फली आदि सांसारिक वस्तुओं की छीना-झपटी में ही सारा समय नहीं बिता देते वे 'अकृष्टमाष' ही प्रभु की आज्ञा का पालन करते हैं, वे ही इन मन्त्रों के ऋषि हैं।

भावार्थ—प्रभु ही ईशान हैं। हम उनके व्रतों में ही चलें तभी हमारा जीवन माधुर्य, दीप्ति व वृद्धि को लिये हुए होगा।

सूक्त-२

ऋषिः—मारीचः कश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वेदवाणी की धाराएँ

९५८. पवमानस्य विश्ववित् प्र ते सर्गा असृक्षत। सूर्यस्येव न रश्मयः॥ १॥

वेदमन्त्रों के अर्थों का देखनेवाला 'कश्यप' (पश्यक) और उनके द्वारा वासनाओं को मारनेवाला 'मारीच' इन मन्त्रों का ऋषि कहता है—हे विश्ववित्-सर्वज्ञ प्रभो! पवमानस्य-सबको पवित्र करनेवाले ते-आपके सर्गाः-वेदमन्त्रों की धाराएँ (सृज्-to utter a word) प्र असृक्षत-प्रकृष्टरूपेण उच्चरित होती हैं—धाराओं के रूप में प्रवाहित होती हैं। वे ज्ञानधाराएँ इव-मानो सूर्यस्य रश्मयः न-सूर्य की किरणों के समान हैं। जैसे सूर्य की किरणें सूर्य से बाहर फैलती हैं और प्रकाश-ही-प्रकाश कर देती हैं, उसी प्रकार प्रभु की ये वेदवाणियाँ हमारे हृदयों के अन्धकार को विनष्ट कर देती हैं।

सृष्टि के प्रारम्भ में प्रभु द्वारा इन वेदवाणियों का उच्चारण हुआ है, इनके द्वारा अन्धकार नष्ट होकर प्रकाश-ही-प्रकाश हो गया है। इस प्रकाश में कार्य करते हुए हम अपने जीवनों को पवित्र कर पाते हैं।

भावार्थ—प्रभु की वेदवाणी सूर्य की रश्मियों के समान है। ये हमारे जीवनों को प्रकाशमय व पवित्र करती हैं।

ऋषिः—कश्यपः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान के द्वारा पोषण

९५९. केतुं कृण्वन्दिवस्परि विश्वा रूपाभ्यर्षसि। समुद्रः सोम पिन्वसे ॥ २ ॥

हे सोम=शान्तामृतस्वरूप प्रभो! आप समुद्रः=ज्ञान के समुद्र हैं, अतएव (स+मुद्) आनन्दमय हैं। आप दिवः परि=इस अनन्त आकाश में चारों ओर केतुं कृण्वन्=ज्ञान का प्रकाश करते हुए विश्वा रूपा=सब प्राणियों को अभ्यर्षसि=प्राप्त होते हैं। प्रभु ने पशुओं में भी वासना (Instinct) के रूप में प्रकाश रक्खा है। मनुष्य को तो बुद्धि दी ही है। हे सोम! आप इस ज्ञान को प्राप्त कराते हुए पिन्वसे=सभी का पोषण करते हो।

भावार्थ—प्रभु ज्ञान देते हैं और उस ज्ञान के द्वारा हमारा पोषण करते हैं।

ऋषिः—कश्यपः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सृष्ट्यारम्भ में

९६०. जज्ञानो वाचमिष्यसि पवमान विधर्मणि। क्रन्दन् देवो न सूर्यः ॥ ३ ॥

जज्ञानः सूर्यः देवः न=उदित होते हुए सूर्यदेव के समान, हृदय में प्रकट होते हुए हे पवमान=पवित्र करनेवाले प्रभो! आप विधर्मणि=विविध धारणों के निमित्त—सब प्रकार से पालन-पोषण करने अथवा विविध धर्मों का ज्ञान देने के लिए क्रन्दन्=शब्दों का उच्चारण करते हुए वाचम्=इस वेदवाणी को इष्यसि=हममें प्रेरित करते हैं। वेदवाणी का उच्चारण करते हुए वे प्रभु हमें हमारे कर्त्तव्य कर्मों की प्रेरणा प्राप्त कराते हैं, जिससे हम उचित प्रकार से अपना धारण कर सकें।

भावार्थ—जैसे प्रातःकाल होते ही उदित होता हुआ सूर्य प्रकाश फैलाता है, इसी प्रकार परमात्मा सृष्ट्यारम्भ करते ही ऋषियों के पवित्र अन्तःकरण में वेदवाणी को प्रेरित करते हैं।

सूक्त-३

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

९६१. प्र सोमासो अधन्विषुः पवमानास इन्दवः। श्रीणाना अप्सु वृञ्जते ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र में विद्वान् उपदेशकों के गुणों का चित्रण हुआ है—१. सोमासः=सौम्य स्वभाववाले, २. पवमानासः=ज्ञानोपदेश से सबके जीवनों को पवित्र करनेवाले, ३. इन्दवः=ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले अथवा शक्तिशाली, ४. अप्सु=कर्मों में श्रीणानाः=अपना परिपाक करते हुए, ५. प्र अधन्विषुः=(धन्वतिर्गत्यर्थः—नि० २.१५.६४) गतिशील होते हैं और ६. प्र वृञ्जते=लोगों को पाप-कर्मों से पृथक् करते हैं।

भावार्थ—उपदेष्टा सदा सौम्य व परिपक्व विचारोंवाला ही होना चाहिए।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वेदवाणियों का स्वाभाविक प्रवाह

९६२. अभि गावो अधन्विषुरापो न प्रवता यतीः। पुनाना इन्द्रमाशत ॥ २ ॥

१. गावः=वेदवाणियाँ इन सोम व्यक्तियों की अभि अधन्विषुः=ओर इस प्रकार स्वभावतः

प्रवाहित होती हैं च-जैसे आपः-जल प्रवता-निम्न मार्ग से—निम्न मार्ग की ओर यतीः-जाते हैं, अर्थात् इन 'पवमान सोम' व्यक्तियों को वेदज्ञान स्वभावतः प्राप्त होता है। अपने को वे जितना-जितना परिमार्जित करते जाते हैं, उतना-उतना ज्ञान का प्रकाश उनमें चमकता जाता है। २. उस ज्ञान के प्रकाश से पुनानाः-अपने को पवित्र करते हुए ये ३. इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को आशत-प्राप्त होते हैं।

गत मन्त्र के अनुसार जब हम 'सोम, पवमान, इन्द्र व अप्सु श्रीणानाः' बनते हैं तब हमें १. वेदवाणियाँ प्राप्त होती हैं। २. इनकी प्राप्ति से हमारा जीवन पवित्र होता है और ३. हम प्रभु को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ—हम इस योग्य हों कि वेदवाणियों का हममें स्वाभाविक प्रवाह हो। हम पवित्र हों और प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु की ओर

९६३. प्र पवमान धन्वसि सोमेन्द्राय मादनः। नृभिर्यतो वि नीयते॥ ३॥

पवमान-अपने जीवन को पवित्र करनेवाले! २. सोम-सौम्य स्वभाववाले! तू ३. इन्द्राय-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्रधन्वसि-ओर जाता है। प्रभु-प्राप्ति के लिए 'पवित्रता व सौम्यता' का मिश्रण आवश्यक है। ४. मादनः-(हर्षणः) ऐसा व्यक्ति सदा स्वयं प्रसन्न होता है तथा औरों को प्रसन्न करता है।

'यह ऐसा बन कैसे पाया?' इसका उत्तर है कि यतः-क्योंकि यह नृभिः-(नृ नये) उन्नति-पथ पर आगे और आगे ले-चलनेवाले माता-पिता-आचार्य व अतिथियों से विनीयते-विनीत बनाया जाता है। जिस भी व्यक्ति को उत्तम माता-पिता व आचार्य प्राप्त होते हैं, वही ज्ञानी बनता है।

भावार्थ—माता-पिता व आचार्यों से विनीत बनाये जाकर हम प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का धाम

९६४. इन्दो यदद्रिभिः सुतः पवित्रं परिधीयसे। अरमिन्द्रस्य धाम्ने॥ ४॥

हे इन्दो-सोम के संयम के द्वारा शक्ति के पुञ्ज इन्दो! १. यत्-जब तू अद्रिभिः-आदरणीय अथवा (अविदरणीय) स्थिर, अविचल बुद्धिवाले आचार्यों से सुतः-उत्पादित हुआ-हुआ—'द्विज' बनकर २. पवित्रम्-उस पूर्ण पवित्र प्रभु को परिधीयसे-जाता है—उस प्रभु की ओर चलने का प्रयत्न करता है तब ३. इन्द्रस्य-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के धाम्ने-तेज व स्थान को प्राप्त करने के लिए अरम्-समर्थ होता है।

आचार्य-कुलों में आचार्यों के सम्पर्क में रहकर मनुष्य अपने ज्ञान को बढ़ाकर 'द्विज' बनता है। वैदिक संस्कृति के अनुसार आचार्य विद्यार्थी को गर्भ में धारण करता है और उसे ज्ञानोपचित करके दुबारा जन्म देता है। इस द्विजत्व को प्राप्त करके वह प्रभु के तेज को प्राप्त कर लेता है।

भावार्थ—हम आचार्य से द्विज बनाये जाकर प्रभु तेज को धारण करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

लोगों में उत्साह का संचार

९६५. त्वं सोम नृमादनः पवस्व चर्षणीधृतिः। सस्निर्यो अनुमाद्यः ॥ ५ ॥

हे सोम-शान्त विद्वन्! त्वम्-तू १. नृमादनः-मनुष्यों को उत्साहित करनेवाला होता है। तू उन्हें आत्मज्ञान देकर आत्मगौरव की भावना से भरता है। तू २. चर्षणीधृतिः-मनुष्यों का धारण करनेवाला बनकर पवस्व-गतिशील हो। आत्मतृप्त होने से स्वयं तेरे लिए कुछ भी कर्त्तव्य नहीं है तो भी लोकसंग्रह के लिए तू कर्म कर ही। ३. सस्निः-तू अत्यन्त शुद्ध करनेवाला है और ४. तू वह है यः-जो अनुमाद्यः-सदा लोगों से प्रशंसनीय [Cheers देने योग्य] होता है। इसके पवित्रकारक, उत्साहजनक, उपदेश लोगों को ऐसा प्रभावित करते हैं कि वे इसकी प्रशंसा में उच्च नाद कर उठते हैं।

भावार्थ—ज्ञानी कर्म करता हुआ लोगों में उत्साह का संचार करे।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

विशिष्ट जीवन

९६६. पवस्व वृत्रहन्तम उक्थेभिरनुमाद्यः। शुचिः पावको अद्भुतः ॥ ६ ॥

प्रभु एक प्रचारक (परिव्राजक) के लिए आदेश देते हैं कि तू १. वृत्रहन्तमः-ज्ञान की आवरणभूत वासना को सर्वाधिक विनष्ट करनेवाला बन। काम को पराजित करके ही तू लोगों को कामविजय का उपदेश दे सकेगा। २. उक्थेभिः-स्तोत्रों के द्वारा पवस्व-तू अपने जीवन को पवित्र कर। वासना का पराजय प्रभु-स्मरण से ही होगा। प्रभु के बिना काम का ध्वंस कौन करेगा? ३. अनुमाद्यः-तेरा जीवन ऐसा हो कि लोग तेरे जीवन को देखकर सदा प्रशंसात्मक शब्द ही बोलें। ४. शुचिः-तू पवित्र जीवनवाला हो—शुभ गुण तेरे जीवन को दीप्त बनाएँ, ५. पावकः-तू अपने सम्पर्क से, प्रेरणा से औरों के जीवन को भी पवित्र बनानेवाला हो। ६. अद्भुतः-तेरा जीवन कुछ विलक्षणता व विशेषता को लिये हुए हो (अभूतपूर्वः)। अन्यों जैसा-प्राकृत जीवन होने पर तू औरों पर क्या प्रभाव डाल पाएगा? विशेषतावाला जीवन ही औरों के लिए आदर्श हो सकता है।

भावार्थ—प्रचारक को वासनाओं से ऊपर, स्तोत्रों से सदा अपने को पवित्र करनेवाला, प्रशंसनीय, पवित्र, पावन व विशिष्ट जीवनवाला होना चाहिए।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शुचि व पावन कौन?

९६७. शुचिः पावक उच्यते सोमः सुतः स मधुमान्। देवावीरघशंसहा ॥ ७ ॥

शुचिः-पवित्र व पावकः-पवित्र करनेवाला सः उच्यते-वह कहलाता है, जो १. सोमः-शान्त, सौम्य स्वभाववाला होता है। सोम के रक्षण द्वारा अपने को सोम का पुञ्ज—शक्तिशाली बनाता है। मधुमान्-शक्तिशाली होते हुए अत्यन्त मधुर जीवनवाला होता है। उसकी शक्ति लोकहित में ही विनियुक्त होती है, पर-पीड़न में नहीं, ३. सुतः-(सु to go) यह गतिशील होता है—(सुतमस्यास्ति)-यज्ञिय जीवनवाला होता है, (सु-to possess power) सोमरक्षा के द्वारा सदा शक्तिशाली बना रहता है। ४. देवावीः-यह अपने दिव्य गुणों की सदा रक्षा करता है। ५. अघशंसहा-इसका मुख्य कार्य अघों के शंसन को नष्ट करना होता है (अघशंस-हा)। यह पाखण्ड

का खण्डन करता है। इसके खण्डन में 'शक्ति व माधुर्य', टपकते हैं और इस प्रकार यह लोगों के जीवनों को पवित्र करने का प्रयत्न करता है।

भावार्थ—हम अपने जीवन को पवित्र (शुचि), शक्तिशाली व शान्त (सोम), माधुर्यमय (मधुमान्) व दिव्यतायुक्त बनाकर पाप का खण्डन करके पवित्रता का प्रसार करें।

सूक्त-४

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रक्षण व निवारण

९६८. प्र कविर्देववीतयेऽव्या वारेभिरव्यत। साह्वान्विश्वा अभि स्पृधः॥ १॥

१. कविः=क्रान्तदर्शी—वस्तुओं की आपातरमणीयता में न उलझनेवाला देववीतये=दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए अव्या=रक्षण के द्वारा तथा वारेभिः=वासनाओं के निवारण के द्वारा प्र अव्यत=अपने में प्रभु के अंश के दोहन का प्रयत्न करता है (भागदुघ)। २. यह साह्वान्=काम-क्रोधादि शत्रुओं का पराभव करनेवाला होता है, ३. विश्वाः=सब स्पृधः अभि=शत्रुओं पर आक्रमण करनेवाला होता है। यह संसार के संघर्षों में घबराता नहीं, अपितु उत्साह से सभी विघ्न-बाधाओं को जीतनेवाला 'कवि' है—क्रान्तदर्शी है, वस्तुतत्त्व को देखता है, अतः 'काश्यप' कहलाता है। दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए सदा प्रयत्न करता है, अतः 'देवल' है। विघ्न-बाधाओं से रुक नहीं जाता—शत्रुओं से आक्रान्त नहीं हो जाता, अतः 'असित'=अबद्ध है। यही प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि बनता है।

भावार्थ—आत्मरक्षण व वासनानिवारण से हम दिव्य गुणों को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तोता के लिए शक्ति, ज्ञान व धन

९६९. स हि ष्मा जरितृभ्य आ वाजं गोमन्तमिन्वति। पवमानः सहस्रिणम्॥ २॥

'असित-काश्यप-देवल' अनुभव करता है कि सः हि=वे प्रभु ही जरितृभ्यः=अपने स्तोताओं के लिए गोमन्तम्=प्रशस्त वेदवाणियोंवाले, अर्थात् उत्तम ज्ञान से युक्त वाजम्=शक्ति को आ=सर्वथा इन्वति स्म=प्राप्त कराते हैं। पवमानः=वे अपने स्तोता को पवित्र करते हुए सहस्रिणम्=अपने उपासक को शतशः धनोंवाला भी करते हैं। उसे उतना धन अवश्य प्राप्त कराते हैं, जो उसके जीवन को प्रसन्नतापूर्वक चलाने के लिए आवश्यक होता है।

भावार्थ—प्रभु अपने स्तोताओं को १. शक्ति प्राप्त कराते हैं (वाजम्), २. उत्तम ज्ञान व इन्द्रियाँ प्राप्त कराते हैं (गोमन्तम्), ३. आवश्यक धन द्वारा प्रसन्नता देते हैं (सहस्रिणम्)।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान, प्रशंसनीय कर्म, यश

९७०. परि विश्वानि चेतसा मृज्यसे पवसे मती। स नः सोम श्रवो विदः॥ ३॥

१. हे सोम=शान्तामृतस्वरूप प्रभो! आप विश्वानि=सब भूतों को चेतसा=संज्ञान के द्वारा परिमृज्यसे=सर्वतः पवित्र कर देते हो। ज्ञान ही पवित्र करने का साधन है, अतः प्रभु संज्ञान के द्वारा सबकी पवित्रता को सिद्ध करते हैं। २. मती (मत्या)=बुद्धि के द्वारा आप सबको पवसे=पवित्र

करते हो। बुद्धि से मनुष्य सत्यासत्य में, धर्माधर्म में तथा कर्त्तव्याकर्त्तव्य में विवेक कर पाता है। विवेक द्वारा असत्य, अधर्म व अकर्त्तव्य से दूर होकर तथा सत्य, धर्म व कर्त्तव्य को अपनाकर मनुष्य अपने जीवन को पवित्र कर पाता है। ३. सः-वह प्रभु नः-हमें श्रवः-ज्ञान व यश विदः-प्राप्त कराए। ज्ञान के द्वारा प्रशंसनीय कर्मों को करते हुए हम यशस्वी जीवनवाले हों।

भावार्थ—'ज्ञान, प्रशंसनीय कर्म व यश' यह हमारे जीवन का क्रम हो।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बृहद्यश, ध्रुवरयि व इष

९७१. अभ्यर्ष बृहद्यशो मघवद्भ्यो ध्रुवं रयिम्। इषं स्तोतृभ्य आ भर॥ ४॥

हे प्रभो! आप मघवद्भ्यः-(मघ-मख) यज्ञमय जीवनवाले अपने स्तोतृभ्यः-स्तोताओं के लिए १. बृहत् यशः-(बृहि वृद्धौ) वृद्धि के कारणभूत यश को अभ्यर्ष-प्राप्त कराइए। अपयश मनुष्य को निराश व हताश कर देता है, अतियश कुछ अभिमान की ओर ले-जाता है और मर्यादित यश उत्साह द्वारा वृद्धि का कारण बनता है। २. ध्रुवं रयिम्-स्थैर्यवाले धन को प्राप्त कराइए। निर्धनता मनुष्य को नाश व पाप की ओर ले-जाती है, अतिधन 'अहंकार व विषयों' की ओर। मर्यादित धन मनुष्य को धर्म के मार्ग में ध्रुव (स्थिर) करता है, यही 'ध्रुव रयि'-स्थिर धन है। ३. हे प्रभो! हमें सदा इषम्-प्रेरणा व उत्तम इच्छा आभर-प्राप्त कराइए। हम प्रभु का स्तवन करें। वे प्रभु हमें सदा अन्तःप्रकाश प्राप्त कराएँ जिससे उस प्रकाश में हम सदा उत्तम इच्छाओंवाले बनें।

भावार्थ—हम यज्ञशील बनकर प्रभु का सच्चा-स्तवन करें। वे प्रभु हमें वृद्धि के कारणभूत 'यश, स्थिर धन व उत्तम प्रेरणा' प्राप्त कराएँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुव्रत राजा की भाँति

९७२. त्वं राजेव सुव्रतो गिरः सोमा विवेशिथ। पुनानो वह्ने अद्भुत॥ ५॥

हे सोम-ज्ञानामृतस्वरूप प्रभो! त्वम्-आप सुव्रतः राजा इव-जैसे एक उत्तम व्रतोंवाला राजा प्रजा में स्थिर होकर उत्तम नियमन के द्वारा प्रजा के जीवन को सुन्दर बनाता है, उसी प्रकार आप भी गिरः-अपने (गृ-स्तुति) स्तोताओं में आविवेशिथ-प्रवेश करते हो और हे वह्ने-सदा सत्पथ की ओर ले-चलनेवाले अग्ने! (वह प्रापणे) आप अपने भक्तों में स्थिर होकर पुनानः-उनके जीवनों को पवित्र करते हो। हृदयस्थ प्रभु अपने स्तोताओं के जीवन को उसी प्रकार नियन्त्रित करते हैं जैसे सुव्रत राजा प्रजा के जीवन को। हे प्रभो! आप अद्भुत-आश्चर्यकारक हैं। आपके लिए कोई बात असम्भव थोड़े ही है—आप मेरे जीवन को सुन्दर बनाएँगे ही।

भावार्थ—जैसे सुव्रत राजा प्रजा को सत्पथ पर ले-चलता है, इसी प्रकार वह आश्चर्यकारक प्रभु भक्तों में प्रविष्ट हो, उनके जीवनों को अद्भुत उन्नतिवाला बना देते हैं।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चमू-चत्

९७३. स वह्निरप्सु दुष्टरो मृज्यमानो गभस्त्योः। सोमश्चमूषु सीदति॥ ६॥

१. सः-वे प्रभु वह्निः-प्रजाओं को सत्पथ पर ले-चलकर मोक्ष तक ले-जानेवाले हैं। २. अप्सु-प्रजाओं में स्थित वे प्रभु दुष्टरः-कामादि वासनाओं से आक्रमण के योग्य नहीं है। प्रभु हृदय-स्थित होते हैं तो हमारे हृदय वासनाओं से आक्रान्त नहीं होते। ३. गभस्त्योः-ज्ञान के सूर्य तथा विज्ञान के चन्द्र के प्रकाश की किरणों में मृज्यमानः-वे प्रभु ढूँढे जाते हैं। उस प्रभु को जानने का उपाय ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि ही है। ४. वे सोमः-शान्तामृत प्रभु चमूषु-चमुओं में सीदति-स्थित होते हैं। 'सत्य, यश व श्री' का आचमन करनेवाले 'चमू' हैं। प्रभु इन चमुओं में ही स्थित होते हैं। हम अपने जीवन को सत्यमय बनाएँ।

भावार्थ—हम सत्य, यश व श्री का आचमन करें, जिससे प्रभु हममें स्थित हों।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

संसार—प्रभु की लीला

९७४. क्रीडुर्मखो न मंहयुः पवित्रे सोम गच्छसि। दधत् स्तोत्रे सुवीर्यम्॥ ७॥

१. हे प्रभो! क्रीडुः-आप सृष्टि, स्थिति व संहाररूप क्रीडाओं को नित्य कर रहे हो। यह सारा ब्रह्माण्ड आपकी क्रीड़ामात्र ही है। २. मखः न-आप यज्ञ के समान हो—यज्ञरूप ही हो। इस महान् सृष्टियज्ञ के होता आप ही हैं। ३. मंहयुः-आप सदा आवश्यक उत्तम साधनों के देनेवाले हैं। उन्नति के लिए आवश्यक प्रत्येक साधन आप प्राप्त कराते हो। ४. हे सोम-शान्तामृत प्रभो! पवित्रं गच्छसि-पवित्र हृदयवाले पुरुषों को आप प्राप्त होते हो। ५. स्तोत्रे-स्तोता के लिए आप सुवीर्यम्-उत्तम शक्ति दधत्-प्रदान करते हो।

भावार्थ—हम इस संसार को प्रभु की क्रीड़ा के रूप में देखें। इस स्तवन से हमें सुवीर्य प्राप्त होगा।

सूक्त-५

ऋषिः—अवत्सारः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्वास्थ्यप्रद अन्न, सुख व समृद्धि

९७५. यवंयवं नो अन्धसा पुष्टंपुष्टं परि स्रव। विश्वा च सोम सौभगा॥ १॥

अवत्सार-सारभूत सोम की रक्षा करनेवाला काश्यप-ज्ञानी प्रभु से प्रार्थना करता है कि अन्धसा-अन्न के दृष्टिकोण से अथवा अन्न से उत्पन्न होनेवाले सोम के दृष्टिकोण से नः-हमें यवंयवं-यव तथा यव-जो-जैसे अन्नों को, जो हमें प्राणशक्ति से मिश्रित करनेवाले (यु मिश्रणे) तथा दोषों को दूर करनेवाले हैं (यु अमिश्रणे) तथा पुष्टंपुष्टम्-प्रत्येक पुष्टिकारक अन्न को परिस्रव-प्राप्त कराइए। च-तथा हे सोम-सब ऐश्वर्यों को जन्म देनेवाले प्रभो! आप विश्वा सौभगा-सब सौभाग्यों को परिस्रव-हमें प्राप्त कराइए। सौभग शब्द का अर्थ आनन्द good luck, happiness तथा समृद्धि prosperity है। अवत्सार प्रभु से प्रार्थना करता है कि उसे जहाँ पौष्टिक, स्वास्थ्यप्रद अन्न की कमी न रहे, वहाँ सब सुख व समृद्धि भी प्राप्त हो, इन्हें प्राप्त करके वह आध्यात्मिक उन्नति में अपना समय लगा सके।

भावार्थ—हमें पौष्टिक, स्वास्थ्यप्रद अन्न प्राप्त हो, सुख व समृद्धि सुलभ हो।

151

ऋषिः—अवत्सारः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मेरा हृदय प्रभु का आसन हो

९७६. इन्दो यथा तव स्तवो यथा ते जातमन्धसः। नि बर्हिषि प्रिये सदः॥ २॥

हे इन्दो=परमैश्वर्यशाली, सर्वशक्तिमन् प्रभो! यथा=जिससे हमारे द्वारा तव स्तवः=तेरी ही स्तुति हो और यथा=क्योंकि ते अन्धसः=आपके ही अन्न से जातम्=यह उत्पन्न हुआ है, इसलिए प्रिये=इस आत्मतृप्त व कान्त बर्हिषि=वासनाशून्य मन में निसदः=आप बैठिए।

'अवत्सार' प्रभु से अपने हृदय में विराजमान होने के लिए प्रार्थना करता है कि—१. आप मेरे हृदय में इसलिए विराजिए कि मैं आपका ही ध्यान करनेवाला बनूँ, २. क्योंकि यह आपके ही अन्न से उत्पन्न हुआ है। यह तो है ही आपका, ३. और अन्तिम बात यह कि मैंने इस हृदय को तृप्त बनाने का प्रयत्न किया है, उसमें से वासनाओं के मल को दूर करके बैठने के योग्य बनाया है।

१. हृदय में जो बात होती है बारम्बार उसी का ध्यान और उसी का चिन्तन चलता है, हृदय में प्रभु होंगे तो प्रभु का स्तवन चलेगा। प्रभु के स्थान में धन होगा तो धन कमाने के उपाय ही सोचते रहेंगे। २. प्रभु के अन्न से उत्पन्न मन पर प्रभु का ही तो अधिकार होना चाहिए। ३. मन को हमने प्रिय, सुन्दर व निर्वासन बनाया तो इसीलिए ही कि वहाँ प्रभु विराजमान हों।

भावार्थ—मेरा हृदय प्रभु का ही आसन बने।

ऋषिः—अवत्सारः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सात्त्विक अन्न के चार परिणाम

९७७. उत नो गोविदश्ववित् पवस्व सोमान्धसा। मक्षूतमेभिरहभिः॥ ३॥

हे सोम=सब ऐश्वर्यों को जन्म देनेवाले प्रभो! (षु=उत्पन्न करना) आप नः=हमें अन्धसः=अन्न के द्वारा—अथवा सात्त्विक अन्न से उत्पन्न सोम=शक्ति के द्वारा १. गोवित्=उत्तम ज्ञानेन्द्रियों को प्राप्त कराइए (गमयन्ति अर्थान् इति गावः)। २. अश्ववित्=(अश्नुते कर्माणि) उत्तम कर्मेन्द्रियों को प्राप्त कराइए। ३. इस प्रकार जीवनों को पवस्व=पवित्र कर दीजिए। ४. उत=और मक्षूतमेभिः अहभिः=अधिक-से-अधिक सत्यवाले दिनों के साथ पवस्व=हमें प्राप्त होओ (मक्षु=truly)।

हे प्रभो! आपसे उत्पादित सात्त्विक अन्न के और उससे उत्पन्न सोम के हमारे जीवनों में ये परिणाम हों कि—१. हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ उत्तम हों, २. हमारी कर्मेन्द्रियाँ भी उत्तम हों, ३. हमारा जीवन पवित्र हो और ४. हम अपने दैनन्दिन व्यवहार में अधिक-से-अधिक सत्य बोलें।

भावार्थ—सात्त्विक अन्न के परिणामस्वरूप हम उत्तम ज्ञानेन्द्रियों और उत्तम कर्मेन्द्रियों की पवित्रता तथा सत्य जीवन को प्राप्त करें।

ऋषिः—अवत्सारः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विजेता न कि विजित

९७८. यो जिनाति न जीयते हन्ति शत्रुमभीत्य। स पवस्व सहस्रजित्॥ ४॥

यः=जो जिनाति=नष्ट करता है, परन्तु न जीयते=कभी नष्ट किया नहीं जाता। जो शत्रुम् अभि इत्य=शत्रु की ओर जाकर हन्ति=उसका संहार करता है, सः=वह सहस्रजित्=(सर्वजित्)

सबको जीतनेवाला प्रभु पवस्व-हमें प्राप्त हो।

प्रभु रुद्ररूपेण सारे संसार का प्रलय करते हैं, प्रभु का प्रलय नहीं होता। प्रभु के सामने आकर काम भस्म हो जाता है। उस प्रभु की कृपा से भक्त भी काम पर विजय पाता है। इस प्रकार सभी के विजेता ये प्रभु मुझे प्राप्त हों।

भावार्थ—प्रभु-भक्त भी प्रभु की भाँति वासनाओं का संहार करनेवाला बनता है, वह वासनाओं से पराजित नहीं होता।

सूक्त-६

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

माधुर्य-स्राविणी वेदवाणियाँ

९७९. यास्ते धारा मधुश्चुतोऽसृग्रमिन्द ऊतये। ताभिः पवित्रमासदः॥ १॥

हे इन्दो-ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले प्रभो! याः-जो ते-तेरी मधुश्चुतः-माधुर्य के प्रवाहवाली धाराः-(धारा-वाङ्—नि० १.११.२) वेदवाणियाँ ऊतये-हमारी रक्षा के लिए असृग्रम्-सृजी गयी हैं, ताभिः-उनके साथ आप पवित्रम्-हमारे पवित्र हृदयप्रदेश में आसदः-विराजिए।

९७६ मन्त्र में प्रभु के आसीन होने के लिए हृदय को पवित्र करने का उल्लेख था। ९७७ मन्त्र में उसी उद्देश्य से सात्त्विक अन्न के द्वारा सब इन्द्रियों को पवित्र करने का वर्णन है तथा ९७८ में वासनाओं से अपराजित रहकर हृदय को पूर्ण पवित्र किया गया और अब प्रस्तुत मन्त्र में प्रभु से उस पवित्र हृदय में आसीन होने के लिए प्रार्थना की गयी है, प्रभु की पवित्र, माधुर्य के प्रवाहवाली वाणियों का हमारे हृदयों में भी प्रकाश हो। इन वेदवाणियों के द्वारा ही हम अपने जीवनों को मलिन होने से बचा सकेंगे। वेदवाणी जीवन के लिए चार सूत्रों को उपस्थित करती है—१. प्रभु का स्तवन करो, मिलकर चलो (अग्निमीळे, सं गच्छध्वम्—'ऋग्वेद')। २. अन्न-प्राप्ति के लिए प्रयत्न करो, परन्तु उत्तम मार्ग से ही अर्जन करो (इषे त्वा, अग्ने नय सुपथा—'यजुर्वेद') ३. प्रभु को प्रकाश के लिए हृदय में बिठाइए, भद्र शब्दों को ही सुनिए—निन्दात्मक शब्दों को नहीं (अग्न आ याहि, भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम—'सामवेद')। ४. वाचस्पति बनो—कम खाओ, कम बोलो तथा सोम को शरीर में ही सुरक्षित रक्खो (वाचस्पतिः; पिब सोमं ऋतुना—'अथर्ववेद')। इस जीवन की चतुःसूत्री द्वारा वेद हमारे जीवनों को मलिन होने से बचाता है।

भावार्थ—माधुर्य स्राविणी वेदवाणियाँ मेरे जीवन को मधुर बना दें।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऋत के मूलस्थान में

९८०. सो अर्षेन्द्राय पीतये तिरो वाराण्यव्यया। सीदन्नृतस्य योनिमा॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'जमदग्नि भार्गव' है, जिसने आचार्यकुल में रहकर वेदवाणी का अध्ययन करते हुए नियमित आहार-विहार से जाठराग्नि को ठीक रख 'जमदग्नि' बनकर स्वास्थ्य को स्थिर रक्खा है और ज्ञान द्वारा अपना ठीक परिपाक कर 'भार्गव' नाम को चरितार्थ किया है। इस जमदग्नि से प्रभु कहते हैं कि—१. सः-वह तू इन्द्राय अर्ष-इन्द्र बनने के लिए गतिशील हो, तेरा प्रयत्न जितेन्द्रिय बनने के लिए हो। २. पीतये-अपनी रक्षा के लिए शरीर में उत्पन्न किये गये सोम का पान

करनेवाला बन (पा पाने, पा रक्षणे)। ३. अव्यया-रक्षण में उत्तम इस वेदवाणी के द्वारा तू वाराणि-ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं को (वाराणि-वृत्राणि) तिरः-पार कर जा। ४. ऋतस्य-ऋत के, सत्य वेदज्ञान के योनिम्-मूलस्थान प्रभु में आसीदन्-बैठने के हेतु से अर्ष-गतिमय हो। तेरी सारी क्रियाएँ इसलिए हों कि तू अन्ततः ऋत के स्रोत तक पहुँच सके—ऋत के मूलस्थान प्रभु में स्थित हो सके।

भावार्थ—हम जितेन्द्रिय बनें, सोमपान करें, वासनाओं को तरें और अन्त में ऋत के मूलस्थान प्रभु में पहुँच जाएँ।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

भक्ति-रस-पान

९८१. त्वं सोम परि स्रव स्वादिष्ठो अङ्गिरोभ्यः। वरिवोवित् घृतं पयः॥ ३॥

हे वरिवोवित्-सब उत्तम धनों को प्राप्त करानेवाले! सोम-सब ऐश्वर्यों को जन्म देनेवाले प्रभो! आप अङ्गिरोभ्यः-प्राणविद्या के साधकों के लिए स्वादिष्ठः-अत्यन्त रसमय हैं। 'रसो वै सः', 'रस' तो प्रभु ही हैं, परन्तु उस 'रस' का अनुभव 'प्राणविद्या' के साधक ही कर पाते हैं। आप हमें घृतम्-नैर्मल्य व दीप्ति तथा पयः-आप्यायन-वृद्धि को परिस्रव-प्राप्त कराएँ।

प्राणसाधना के मार्ग को अपनाने पर साधक को चित्तवृत्ति की एकाग्रता के अनुपात में उस रसमय प्रभु के रस का अनुभव होने लगता है। हमारे जीवनों में एक दिन वह आता है, जब हमारे लिए प्रभु-चिन्तन ही स्वादिष्ट व मधुरतम हो जाता है। वे प्रभु ही हमें 'नैर्मल्य, दीप्ति व आप्यायन' प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—हम प्राणसाधनावाले अङ्गिरा बनें और प्रभु-भक्ति के रस का पान करें।

सूक्त-७

ऋषिः—अरुणो वैतहव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

'अरुण' का जीवन-सूत्र—सादा खाना, पानी पीना (सौ वर्ष जीना)

९८२. तव श्रियो वर्ष्यस्येव विद्युतोऽग्रेश्चिकित्र उषसामिवेतयः।
यदोषधीरभिसृष्टो वनानि च परि स्वयं चिनुषे अन्नमासनि॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अरुण' (ऋ गतौ+उनन्) गतिशील है तथा 'वीतहव्य' (वीतं स्वादितं हव्यं येन) पवित्र सात्त्विक भोजन करनेवाला है। प्रभु कहते हैं कि—हे अरुण! अभिसृष्टः-(अभिसृज्-to prepare) मोक्षपथ का आक्रमण करने के लिए उद्यत हुआ-हुआ तू यत्-जब ओषधीः-रोगनाशक औषधरूप द्रव्यों को च वनानि-और जलों को तथा अन्नम्-अन्नों को स्वयम्-अपने पुरुषार्थ से आसनि-मुख में परि चिनुषे-चिनता है, तब तव-तेरी श्रियः-शोभाएँ वर्ष्यस्य-बरसनेवाले बादलों की विद्युतः इव-बिजलियों की भाँति प्रतीत होती हैं तथा हे अग्ने-(अगि गतौ) आगे और आगे चलनेवाले अरुण! उषसाम्-उषःकालों के ईतयः-आगमनों के इव-समान चिकित्रे-जानी जाती हैं। यह 'अरुण वीतहव्य' का मार्ग है। इस अरुण के उन्नति-पथ का निर्देश मन्त्र इस प्रकार कर रहा है—

१. अभिसृष्टः-यह उन्नति-पथ पर चलने का सङ्कल्प करके उसपर चलने के लिए तैयार है। २. इसका खानपान अत्यन्त सात्त्विक व सादा है—ओषधियाँ, जल व अन्न—ये ही इसके भक्ष्य व पेय हैं (ओषधीः वनानि, अन्नम्)। ३. यह स्वयं अन्न कमाता है—अपने भोजन के लिए औरों पर बोझ नहीं डालता (स्वयम्)। ४. यह अन्न का मुख में उसी प्रकार चयन करता है जिस प्रकार वेदी के अग्निकुण्ड में सामग्री व घृत का (चिनुषे आसनि)। शरीर वेदि है, मुख अग्निकुण्ड और उसमें पड़नेवाला भोजन हविर्द्रव्य। एवं, इसका भोजन भी एक यज्ञ ही हो जाता है। यह 'वीतहव्य' है, अतः ऐसा होना ही चाहिए। ५. ऐसा करने पर इस उन्नति-पथ पर बढ़नेवाले (अग्नि) की शोभा वर्ष्य विद्युत् के समान होती है। बरसनेवाला मेघ अत्यन्त काला है, उसमें विद्युत् चमकती है। इसी प्रकार इस वीतहव्य के जीवन-मेघ में भी विद्युत् का प्रकाश होता है। चारों ओर अन्धकार होने पर भी इसे बीच-बीच में प्रकाश दिखता है (वर्ष्यस्येव विद्युतः)। ६. और साधना के बढ़ते-बढ़ते इसके जीवन में उषःकाल का अरुणोदय हो जाता है। इसे निरन्तर मधुर प्रकाश दिखने लगता है (उषसामिवेतयः) यह सचमुच 'अरुण' बन जाता है।

भावार्थ—हम जीवन में सङ्कल्पपूर्वक चलें, खानपान सात्त्विक रखें, अपना भोजन स्वयं कमाएँ, भोजन को भी यज्ञ का रूप दे दें, वर्ष्य विद्युत् के समान हमें भी जीवन के काले बादलों में प्रकाश दिखे और साधना की वृद्धि के साथ हमारे जीवन में अरुणोदय ही हो जाए—यही मोक्षमार्ग है।

ऋषिः—अरुणो वैतहव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

प्राणसाधना द्वारा अजरामरता

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
९८३. वातोपजूत इषितो वशाँ अनु तृषु यदन्ना वेविषद्वितिष्ठसे।

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
आ ते यतन्ते रथ्यो३ यथा पृथक् शर्धांस्यग्ने अजरस्य धक्षतः॥ २॥

हे अग्ने-अपने मार्ग पर आगे बढ़नेवाले अरुण! १. वातोपजूतः-प्राणों से प्रीणत हुआ-हुआ (जूत-प्रीत), २. इषितः-उन्नत सङ्कल्पवाला तू (इष+इत), ३. वशान् अनु-(वश्-wish) शरीर की आवश्यकताओं के अनुसार यत्-जब तृषु-अन्नों को चाहता हुआ (तृषु-thirsting for) अन्ना वेविषत्-अपने में अन्नों को व्याप्त करता हुआ वितिष्ठसे-विशेषरूप से स्थित होता है तब ते-तेरे अजरस्य-न जीर्ण होनेवाले धक्षतः-वासनाओं को दहन करते हुए रथ्यः-उत्तम रथी के शर्धांसि-बल पृथक्-उस-उस स्थान पर पृथक्-पृथक् यथा आयतन्ते-उचित ढंग से सब ओर बढ़ते हैं (यत्-to go, proceed)।

मन्त्र में निम्न बातों के संकेत स्पष्ट हैं—१. वातोपजूतः-मनुष्य प्राणसाधना करे—प्राणों का प्रसादन उन्नति का मूल है, २. इषितः-बिना सङ्कल्प के उन्नति नहीं होती, ३. भोजन आवश्यकतानुसार हो (वशान् अनु), इच्छापूर्वक हो, अर्थात् प्रसन्नता से खाया जाए (तृषु), ४. जीवन में हमारी विशिष्ट स्थिति हो—केवल पशुओं की भाँति आहार, निद्रा, भय व रमण में ही जीवन न बीत जाए (वितिष्ठसे), ५. शक्तियों को हम जीर्ण न होने दें (अजरस्य), ६. इसी उद्देश्य से वासनाओं का दहन करें (धक्षतः), ७. इस प्रकार हम उत्तम रथी बनेंगे तो हमारी सब शक्तियाँ उन्नत होंगी।

भावार्थ—हम प्राणसाधना द्वारा वासनाओं का दहन कर अजीर्ण-शक्ति बनें।

ऋषिः—अरुणो वैतहव्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

लोग कैसे नेता का वरण करते हैं ?

९८४. मेधाकारं विदथस्य प्रसाधनमग्निं होतारं परिभूतरं मतिम्।
त्वामर्भस्य हविषः समानमित् त्वां महो वृणते नान्यं त्वत् ॥ ३ ॥

१. मेधाकारम्-(मेधां करोति इति)-मेधा का सम्पादन करनेवाले, २. विदथस्य प्रसाधनम्-ज्ञान को सिद्ध करनेवाले, ३. अग्निम्-(अग्रेणीः) सबको आगे ले-चलनेवाले, ५. परिभूतरम्-वासनाओं का परिभव करनेवाले, ६. मतिम्-मननशील, ७. त्वाम्-तुझे त्वामित्-और तुझे ही (तुझ 'वीतहव्य अरुण' को ही) समानम्-समानरूप से अर्भस्य-छोटी हविषः-हवि के कारण और महो हविषः-महान् हवि के कारण वृणते-वरते हैं। त्वत्-तुझसे अन्यम्-भिन्न को न-नहीं वरते। 'समानम्' का अर्थ इस रूप से भी कर सकते हैं कि छोटे-बड़े त्यागों को उत्साहित करनेवाले (समानयति) तुझे वरते हैं।

प्रस्तुत मन्त्र वरणीय नेता के गुणों का प्रतिपादन है। नेता मेधावी, ज्ञान का साधक, आगे ले-चलनेवाला, दाता, विजेता व मननशील तो होना ही चाहिए। समय पर वह स्वयं साधारण व असाधारण त्याग कर सकनेवाला हो तथा औरों को भी त्याग के लिए प्रेरित कर सके।

भावार्थ—उत्तम नेताओं के नेतृत्व में हम त्यागमय जीवनवाले हों।

सूक्त-८

ऋषिः—उरुचक्रिरात्रेयः ॥ देवता—मित्रावरुणौ ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मित्रावरुण की सुमति

९८५. पुरूरुणा चिद्ध्यस्त्यवो नूनं वां वरुण। मित्र वंसि वां सुमतिम् ॥ १ ॥

हे मित्र-प्राण तथा वरुण-अपान! वाम्-आप दोनों का अवः-रक्षण नूनम्-निश्चय से पुरूरुणा अस्ति-(पुरोरपि उरु) अधिक-से-अधिक है, अर्थात् पूर्ण है—आपके रक्षण में किसी प्रकार की कमी नहीं है। इसलिए वाम्-आपकी सुमतिम्-शोभन मति को—आपके द्वारा उत्पन्न की गयी सुबुद्धि को वंसि चित् हि-निश्चय से प्राप्त करूँ ही।

हमारा सम्पूर्ण रक्षण प्राणापान पर निर्भर है। शरीर की नीरोगता उन्हीं के द्वारा होती है, मन को वे ही निर्मल करनेवाले हैं और इन्हीं की साधना से बुद्धि तीव्र होती है। आचार्य दयानन्द के शब्दों में प्राणायाम से बुद्धि तीव्र होकर सूक्ष्मार्थ-सूक्ष्म विषय का ग्रहण कर पाती है, अतः मन्त्र में प्राणापान से 'सुमति' की आराधना की गयी है। यह सुमति ही प्राणापान की सर्वाधिक देन है। इसके मिल जाने पर मन की निर्मलता व शरीर की नीरोगता तो मिल ही जाती है।

भावार्थ—हम प्राणापान के रक्षण से सुमति को प्राप्त करें।

ऋषिः—उरुचक्रिरात्रेयः ॥ देवता—मित्रावरुणौ ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

इष् और धाम

९८६. ता वां सम्यगद्रुहाणेषमश्याम धाम च। वयं वां मित्रा स्याम ॥ २ ॥

१. ता=वे मित्र और वरुण, अर्थात् प्राण व अपान सम्यक्=बड़े उत्तम प्रकार से अद्रुहाणा=किसी भी प्रकार हमारा द्रोह नहीं करते। इनकी साधना से हमारा नाश नहीं होता। २. हम वाम्=आपकी इषम्=शक्ति व स्फूर्ति को (strength, power, freshness) अश्याम=प्राप्त करें। आपकी साधना से हम अपने अन्दर शक्ति व स्फूर्ति को अनुभव करें। हमें अपने अन्दर थकावट अनुभव न हो। ३. च=और हम वाम्=आपकी धाम=ज्योति व तेज को (light, lustre, splendour) अश्याम=प्राप्त करें। प्राणापान की साधना से हमारी बुद्धि निर्मल होकर हमें प्रकाश का अनुभव हो। ४. वयम्=हम वाम्=आपके मित्रा=मित्र स्याम=हों, आपके स्नेही हों। हम प्राणापान के महत्त्व को समझकर उनकी साधना में रुचिवाले हों।

भावार्थ—प्राणापान की साधना से हमें शक्ति व प्रकाश प्राप्त हो।

ऋषिः—उरुचक्रिरात्रेयः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दस्युओं का पराभव

१ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २

९८७. पातं नो मित्रा पायुभिरुत त्रायेथां सुत्रात्रा। साह्याम दस्यून् तनूभिः॥ ३॥

प्रस्तुत मन्त्र में 'मित्रावरुणा' को 'मित्रा' शब्द से ही कह दिया है, क्योंकि अपान भी अन्ततः प्राण का ही एक रूप है। शरीर में प्राण ही विविध रूपों में कार्य करता हुआ भिन्न-भिन्न नामोंवाला होता है। १. हे मित्रा=प्राणापानो! नः=हमें पायुभिः=अपने रक्षणों से पातम्=सुरक्षित करो। २. उत=और हे सुत्रात्रा=उत्तमता से रोगों से त्राण करनेवाले प्राणापानो! हमें त्रायेथाम्=आप सब रोगों से बचाओ। ३. आपकी कृपा से हम तनूभिः=अपने शरीरों से—शरीरों के रक्षणों के उद्देश्य से दस्यून्=काम-क्रोधादि नाशक वृत्तियों को साह्याम=पूर्णरूप से पराभूत करें। काम-क्रोधादि को जीतकर ही हम अपने स्थूलशरीर को रोगों से और सूक्ष्मशरीर को कुविचारों से बचा पाते हैं।

प्राणापान की साधना से हम नीरोगता प्राप्त करके तथा शक्ति व प्रकाश से युक्त होकर जीवन में प्राणापान की ही भाँति निरन्तर कार्य करनेवाले 'उरुचक्रि' बनते हैं और राग, द्वेषादि मल तथा बुद्धि की कुण्ठतारूप तीनों दोषों से दूर होकर 'आत्रेय' होते हैं। एवं, प्राणापान की कृपा से हम 'उरुचक्रि आत्रेय' बन पाते हैं।

भावार्थ—प्राणापान की साधना हमें 'काम, क्रोध, लोभ' से ऊपर उठाकर 'अ-त्रि' बनने के योग्य करे।

सूक्त-९

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शत्रु-कम्पन

१ २३ १ २ १२ ३ १ १२ १ २ १ २ १ २

९८८. उत्तिष्ठन्नोजसा सह पीत्वा शिप्रे अवेपयः। सोममिन्द्र चमूसुतम्॥ १॥

हे इन्द्र=इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! तू चमूसुतम्=द्यावापृथिवी, अर्थात् मस्तिष्क और शरीर के विकास के लिए उत्पन्न किये गये सोमम्=सोम को पीत्वा=पीकर ओजसा सह=शक्ति के साथ उत्तिष्ठन्=अपने शत्रुओं के विरोध में उठता हुआ उनके शिप्रे अवेपयः=जबड़ों को कम्पित कर देता है—तू उनकी बत्तीसी को बाहर निकाल देता है—उनके दाँतों को तोड़ देता है।

मन्त्रार्थ में निम्न बातें स्पष्ट हैं—१. 'सोमपान'=शक्ति की रक्षा जितेन्द्रिय ही कर सकता है

(इन्द्र)। २. यह सोम शरीर तथा मस्तिष्क दोनों के विकास के लिए उत्पन्न किया गया है। रोग-कृमियों को कम्पित व नष्ट करके यह वीर्य (वि+ईर) शरीर को नीरोग बनाता है और ज्ञानाग्नि का ईंधन बनकर यह मस्तिष्करूप द्युलोक को जगमगा देता है। ३. सोमपान से ही इन्द्र ओजस्वी बनता है। ४. शक्तिशाली बनकर यह शत्रुओं पर आक्रमण करता है और उनको पूर्णतया पराजित कर देता है।

भावार्थ—१. हम इन्द्र बनें, २. सोमपान करके शक्तिशाली बनें, ३. ओजस्वी बनकर शत्रुओं पर आक्रमण करें और उनकी बत्तीसी को तोड़ दें।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नीरोगता व ज्ञान

१२ १ ११ ३ २ १ २ ११ ३ १ २
९८९. अनु त्वा रोदसी उभे स्पर्धमानमददेताम्। इन्द्र यद्दस्युहाभवः॥ २॥

गत मन्त्र में शत्रुओं के पूर्ण पराजय का उल्लेख था। उसी बात का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि—१. इन्द्र=हे इन्द्रियों के अधिष्ठाता और शत्रुओं का विदारण करनेवाले जीव! यत्=जब तू दस्युहा=काम-क्रोधादि दस्युओं का नाश करनेवाला अभवः=होता है अनु=उसके पश्चात् उभे रोदसी=द्युलोक और पृथिवीलोक दोनों स्पर्धमानम्=स्पर्धा के साथ त्वा=तुझे अददेताम्=अपना-अपना सामर्थ्य प्राप्त कराएँ।

जब मनुष्य जितेन्द्रिय बनकर काम-क्रोधादि को नष्ट कर देता है तब शरीर नीरोग हो जाता है और मस्तिष्क ज्ञान की दीप्ति से जगमगा उठता है। नीरोगता व ज्ञान देने में ये पृथिवी व द्युलोक मानो परस्पर स्पर्धा करते हैं।

भावार्थ—इन्द्र नीरोग वा ज्ञानी होता है।

ऋषिः—कुरुसुतिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अष्टापदी वाक्

१२३ ११ ३१ २ ३११ २ ३ १२ ३ २
९९०. वाचमष्टापदीमहं नवस्रक्तिमृतावृधम्। इन्द्रात् परि तन्वं ममे॥ ३॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'कुरुसुति काण्व' है—कण-कण करके सोम का अपने अन्दर उत्पादन करनेवाला है। यह कहता है कि अहम्=मैं इन्द्रात्=उस ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले प्रभु से वाचम्=वाणी को परिममे=अपने अन्दर निर्मित करता हूँ। किस वाणी को—

१. अष्टापदीम्=(क) (अष्टापदी दिग्भिः, अवान्तर दिग्भिः च—यास्क० ११.४०) आठों दिशाओं में, अर्थात् सर्वत्र व्याप्त। सर्वत्र-सब लोक-लोकान्तरों में प्रभु ने इसी वाणी का तो उपदेश दिया है। (ख) अथवा नाम, धातु, अव्यय, उपसर्ग, स्वर, व्यञ्जन, अनुस्वार, विसर्गरूप आठ पदोंवाली—Eight parts of speech वाली। २. नवस्रक्तिम्=(क) (नू=स्तुतौ) प्रभु-स्तवन का सृजन करनेवाली (सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति)—सारे वेद उसी प्रभु का तो स्तवन कर रहे हैं। (ख) अथवा नव निधियों का—सब शक्तियों का सृजन करनेवाली। ३. ऋतावृधम्=सत्य का वर्धन करनेवाली। ४. तन्वम्=सूक्ष्म, अर्थात् जिसमें सब विद्याएँ बीजरूप से निहित हैं।

भावार्थ—मैं सोम की रक्षा करता हुआ वेदवाणी को अपनानेवाला बनूँ।

सूक्त-१०

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

इन्द्राग्नी का सोमपान

९९१. इन्द्राग्नी युवामिमे३ऽभि स्तोमा अनूषत। पिबतं शम्भुवा सुतम् ॥ १ ॥

जिन प्राणापान को ऊपर मित्रावरुण शब्द से स्मरण किया था वे ही यहाँ 'इन्द्राग्नी' नाम से स्मरण किये गये हैं। इन्द्र बल की देवता है तो अग्नि प्रकाश की। इन्द्र देवता प्रस्तुत मन्त्रों के ऋषि को 'भारद्वाज'-शक्ति-सम्पन्न बनाती है तो 'अग्निदेवता' उसे प्रकाश व ज्ञान से युक्त करके 'बार्हस्पत्य' बनाती है। इस प्रकार इसके 'क्षत्र व ब्रह्म' दोनों का ही विकास होता है। इन दोनों तत्त्वों के लिए ही शरीर में सोम का विनियोग होता है। सोम शरीर में बल बढ़ाता है और मस्तिष्क में ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है।

हे इन्द्राग्नी-बल व प्रकाश की देवताओ! युवाम्-तुम दोनों को इमे स्तोमाः-ये स्तुतिसमूह अभ्यनूषत-प्रशंसित करते हैं। वेदमन्त्रों में क्षत्र व ब्रह्म की ही प्रशंसा है—बल तथा ज्ञान के सम्पादन पर ही बल दिया गया है। ये दोनों ही मनुष्य को आदर्श मनुष्य बनाते हैं। शंभुवा-ये दोनों ही जीवन में शान्ति को जन्म देनेवाले हैं। ये दोनों सुतम्-उत्पन्न सोमरस का पिबतम्-पान करें। शरीर में उत्पन्न सोम शरीर तथा मस्तिष्क के निर्माण में ही विनियुक्त हो।

भावार्थ—मैं सोम को शरीर में इस प्रकार खपाऊँ कि बलवान् बनकर 'इन्द्र' बनूँ और प्रकाशमय जीवनवाला बनकर 'अग्नि' बनूँ।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

भद्र से संयोग, अभद्र से वियोग

९९२. या वां सन्ति पुरुस्पृहो नियुतो दाशुषे नरा। इन्द्राग्नी ताभिरा गतम् ॥ २ ॥

हे इन्द्राग्नी-प्राणापान-शक्तियो! या-जो वाम्-आपकी पुरुस्पृहः-अत्यन्त स्पृहणीय नियुतः-मिश्रण व अमिश्रण की शक्तियाँ सन्ति-हैं, (प्राण के द्वारा शरीर के साथ बल का मिश्रण होता है और अपान द्वारा मस्तिष्क से अज्ञानान्धकार का निवारण होता है)। इन शक्तियों के द्वारा आप नरा-मनुष्यों को उन्नति-पथ पर ले-चलते हो। आप ताभिः-उन शक्तियों के साथ दाशुषे-दाश्वान् पुरुष के लिए, आपके प्रति अपना समर्पण करनेवाले व्यक्ति के लिए आगतम्-प्राप्त होओ। जो भी व्यक्ति प्राणसाधना करता है, उसे प्राणापान उत्तमता से जोड़ते हैं और न्यूनताओं से पृथक् करते हैं।

भावार्थ—प्राणापान की साधना हमें भद्र से जोड़े और अभद्र से पृथक् करे।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

यज्ञमय जीवन व सोमपान

९९३. ताभिरा गच्छतं नरोपेदं सवनं सुतम्। इन्द्राग्नी सोमपीतये ॥ ३ ॥

१. हे नरा-हमें उन्नति-पथ पर आगे और आगे ले-चलनेवाले इन्द्राग्नी-प्राणापानो! ताभिः-अपनी अत्यन्त स्पृहणीय शक्तियों के साथ—भद्र से संयोग व अभद्र से वियोगकारिणी शक्तियों के साथ इदम्-इस सुतम्-प्रजाओं के साथ ही उत्पन्न किये गये सवनम्-यज्ञ के उपागच्छतम्-समीप आइए,

अर्थात् प्राणापान की साधना करते हुए हम यज्ञमय जीवनवाले हों। २. हे प्राणापानो! आप सोमपीतये-सोम का पान करने के लिए होओ। आपकी साधना के द्वारा मैं सोम को शरीर में ही व्याप्त कर सकूँ।

भावार्थ—प्राणापान की साधना के दो लाभ हैं—१. जीवन यज्ञमय बनता है, २. सोम शरीर में ही खप जाता है।

सूक्त-११

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

९९४. अर्षा सोम द्युमत्तमोऽभि द्रोणानि रोरुवत्। सीदन्योनौ वनेष्वा॥ १॥

मन्त्र का अर्थ संख्या ५०३ पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अविनाशक' सोम

९९५. अप्सा इन्द्राय वायवे वरुणाय मरुद्भ्यः। सोमा अर्षन्तु विष्णवे॥ २॥

रेतस् जलों का ही रूप है। रेतस् ही सोम है, जो रस-रुधिरादि क्रम से शरीर में उत्पन्न होता है। सोम ही 'अप्साः' है, क्योंकि ये 'अपां सारभूतो रसः'-जलों का सारभूत रस है। 'अप्साः' का अर्थ 'नाश न करनेवाले' (not destroying) भी है। ये सोम ही शरीर में धारकतत्त्व है। ये अप्साः=अविनाशक व धारक सोमाः=सोम अर्षन्तु=शरीर में ही गतिवाले हों—शरीर में ही रुधिर में व्याप्त होकर प्रवाहित हों। किसलिए—

१. इन्द्राय=इन्द्र के लिए, परमैश्वर्य की प्राप्ति के लिए। मानव शरीर में जो कुछ भी उत्कर्ष प्राप्त करना है, उस सबका मूल इस सोम=वीर्यशक्ति में ही है।

२. वायवे=गतिशीलता के लिए (वा गतौ)। शरीर की स्फूर्ति सोम पर ही निर्भर करती है।

३. वरुणाय=वरुण के लिए। 'वरुणो नाम वरः'—श्रेष्ठता के लिए। कामादि हीन भावनाओं के निवारण के लिए।

४. मरुद्भ्यः=प्राणों के लिए। प्राणशक्ति की वृद्धि के लिए। सोम ही तो प्राण हैं—इनके अभाव में तो मृत्यु है।

५. विष्णवे=(विष् व्याप्तौ) व्यापकता के लिए, मनोवृत्ति को विशाल बनाने के लिए भी सोमरक्षा आवश्यक है।

'इन्द्र, वायु, वरुण, मरुत् व विष्णु' ये सब नाम उस प्रभु के हैं। उस-उस नाम से प्रभु का स्मरण अमुक-अमुक गुण के धारण के लिए ही है। इन सब गुणों का धारण सोमरक्षा पर ही निर्भर करता है। ये सोम ही 'अप्साः'-अविनाशक व धारक हैं। इन्हीं की रक्षा पर सब अविनाश अवलम्बित हैं।

भावार्थ—सोमरक्षा द्वारा मैं 'इन्द्र' आदि शब्दों से सूचित गुणों को अपने में धारण करूँ।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सबल सन्तान व शतगुणित शक्ति

९९६. इषे तोकाय नो दधदस्मभ्यं सोम विश्वतः। आ पवस्व सहस्रिणम्॥ ३॥

हे सोम-वीर्यशक्ते! नः-हमारे तोकाय-सन्तानों के लिए इषम्-शक्ति दधत्-धारण करते हुए अस्मभ्यम्-हमारे लिए सहस्त्रिणम्-शतगुणित बल को विश्वतः-शरीर में सब ओर, अर्थात् अङ्ग-प्रत्यङ्ग में आपवस्व-प्राप्त कराइए।

वस्तुतः सोम की ऊर्ध्वगति व संयम से तथा केवल सन्तानार्थ उसके विनियोग से जहाँ सन्तानें बड़ी शक्तिशाली होती हैं, वहाँ माता-पिता के शरीर भी जीवनभर सबल अङ्गोंवाले बने रहते हैं।

भावार्थ—सोम-संयम के द्वारा हम सबल सन्तानोंवाले तथा अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शतगुणित शक्तिवाले बनें।

सूक्त-१२

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

९९७. सोम उ ष्याणः सोतृभिरधि ष्णुभिरवीनाम्।
अश्वयेव हरिता याति धारया मन्द्रया याति धारया॥ १॥

५१५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अनूप में विहरण

९९८. अनूपे गोमान् गोभिरक्षाः सोमो दुग्धाभिरक्षाः।
समुद्रं न संवरणान्यग्मन् मन्दी मदाय तोशते॥ २॥

१. यजुर्वेद में कहा है 'तस्मिन् अपो मातरिश्वा दधाति', अर्थात् जीव उस प्रभु में ही कर्मों को धारण करता है। 'अनुगताः आपः यस्मिन्' जिसमें सब कर्म हो रहे हैं, इस व्युत्पत्ति से प्रभु को 'अनूप' कहा है। एक गोमान्-उत्तम ज्ञानेन्द्रियोंवाला व्यक्ति गोभिः-वेदवाणियों के द्वारा अनूपे-उस सब कर्मों के आधार प्रभु में अक्षाः-व्याप्त होता है अथवा गति करता है, अर्थात् प्रशस्त इन्द्रियोंवाला बनकर वेदानुकूल कर्मों से उस प्रभु में निवास करनेवाला बनता है (क्षि-निवासे)।

२. सोमः-रुधिरादि क्रम से उत्पन्न हुआ-हुआ सोम दुग्धाभिः-दूही गयी व अपने में प्रपूरित की गयी (दुह प्रपूरणे) गोभिः-वेदवाणियों से अक्षाः-शरीर में व्याप्त होता है, अर्थात् सोमरक्षा का सर्वोत्तम साधन इन्द्रियों को ज्ञान-प्राप्ति में लगाये रखना ही है।

३. संवरणानि-अपने को वासनाओं के आक्रमण से पूर्ण सुरक्षित (संवृ-to cover) करनेवाले ही समुद्रं न-समुद्र के समान उस प्रभु को अग्मन्-प्राप्त होते हैं। वासनाओं के आक्रमण से अपने को सुरक्षित करनेवाला व्यक्ति ही सोम का अपने में रक्षण व निरोध करता है और इस सुरक्षित सोम से प्रभु को पानेवाला बनता है।

४. मन्दी-प्रभु-प्राप्ति के आनन्द का अनुभव करनेवाला यह व्यक्ति मदाय-सात्त्विक उल्लास को प्राप्त करने के लिए तोशते-वासनाओं का—काम, क्रोध, लोभ का विनाश करता है। इसी का परिणाम होता है कि इसके इस शरीररूप ऋषि-आश्रम में सातों ऋषियों का उत्तम निवास होता है। 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्'—इन सबकी उत्तमता के कारण इस मन्त्र का ऋषि 'सप्तर्षयः' नामवाला ही हो जाता है।

भावार्थ—हम उत्तम ज्ञानमयी वेदवाणी को अपनाकर सदा प्रभु में कार्य करनेवाले हों। वास्तविक आनन्द के लिए वासनाओं का विनाश करें।

सूक्त-१३

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अद्भुत प्रशस्त धन

९९९. यत्सोम चित्रमुक्थ्यं दिव्यं पार्थिवं वसु। तन्नः पुनान आ भर॥ १॥

दिव्यम्-द्युलोक-सम्बन्धी तथा पार्थिवम्-पृथिवीलोक-सम्बन्धी हे सोम-सोम! यत्-जो चित्रम्-अद्भुत अथवा ज्ञान देनेवाला (चित्+र) उक्थ्यम्-प्रशंसनीय—स्तुति के योग्य वसु-ऐश्वर्य है तत्-उसे नः-हमें पुनानः-पवित्र करते हुए आभर-प्राप्त कराइए।

'सोम' नाम उस प्रभु का है जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को जन्म देनेवाले हैं, जो ऐश्वर्य के पुञ्ज हैं, शान्त व अमृतस्वरूप हैं। वे हमें द्युलोक-सम्बन्धी ऐश्वर्य, अर्थात् ज्ञान प्राप्त कराएँ। शरीर में मस्तिष्क ही द्युलोक है। वे हमें पार्थिव ऐश्वर्य, अर्थात् शारीरिक बल भी दें। 'पृथिवी' शरीर है। इन दोनों वसुओं को प्राप्त कराते हुए वे हमें पवित्र बना दें।

ज्ञान और शक्ति का समन्वय ही मनुष्य को पवित्र जीवनवाला बनाता है।

'सोम' का अर्थ शरीर में उत्पन्न शक्ति भी है। वह शारीरिक बल का मूल तो है ही उससे मनुष्य की ज्ञानाग्नि भी दीप्त होती है। इस प्रकार यह सोम शरीर में रोगादि मलों को न आने देकर तथा मस्तिष्क में अन्धकार को न आने देकर हमारे जीवन को बड़ा पवित्र बना देता है।

भावार्थ—सोम हमें दिव्य व पार्थिव वसु प्राप्त कराए और हमारे जीवनों को पवित्र बना दे।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वासना-शून्य हृदय में

१०००. वृषा पुनान आयूंषि स्तनयन्नधि बर्हिषि। हरिः सन्योनिमासदः॥ २॥

हे सोम! आप १. वृषा-शक्तिशाली हो अथवा सब सुखों का वर्षण करनेवाले हो। २. आप आयूंषि-हमारे जीवनों को पुनानः-पवित्र करते हो। प्रभु-स्मरण हमें वासनाओं से बचाता ही है। ३. आप अधिबर्हिषि-वासनाओं से शून्य किये गये हृदयान्तरिक्ष में स्तनयन्-गर्जते हो। प्रभु की वेदवाणी वासनाशून्य हृदय में सुनाई पड़ती है। ५. हे प्रभो! हरिः सन्-सब दुःखों व मलों के हरण करनेवाले होते हुए, ६. योनिम्-अन्तःकरणरूप गृह में आसदः-आसीन होओ।

भावार्थ—प्रभु की वाणी वासनाशून्य हृदय में सुनाई पड़ती है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'सोम और इन्द्र' स्वर्ग के पति

१००१. युवं हि स्थः स्वःपती इन्द्रश्च सोम गोपती। ईशाना पिप्यतं धियः॥ ३॥

हे सोम-वीर्यशक्ते! तू इन्द्रः च-और परमैश्वर्यशाली परमात्मा युवम्-आप दोनों हि-निश्चय से स्वः पती-स्वर्ग के पति स्थः-हो। जीवन सचमुच स्वर्ग बन जाता है। १. यदि जीवन में प्रभु-स्मरण हो और २. यदि जीवन में सोम की रक्षा हो—वीर्य को शरीर में ही सुरक्षित रक्खा जाए।

हे सोम और इन्द्र! आप गोपती स्थः=वेदवाणियों के पति हो। प्रभु तो वेदवाणियों के पति हैं ही। सोमरक्षा हमें उन वेदवाणियों के समझने के योग्य बनाती है। ईशाना=ऐश्वर्यवाले होते हुए आप दोनों धियः=प्रज्ञानों व कर्मों को पिप्यतम्=हममें आप्यायित कीजिए। प्रभु की कृपा से और सोम की रक्षा से हमारा ज्ञान बढ़े और हमारे कर्म अधिकाधिक पवित्र हों।

प्रभु-स्मरण व सोमरक्षा में भी कार्यकारण भाव है। प्रभु-स्मरण हमें सोमरक्षा के योग्य बनाता है। ऐसा होने पर हम 'असित'—विषयों से अबद्ध, 'देवल'—दिव्य गुणोंवाले तथा 'काश्यप'=ज्ञानी बनते हैं। हम स्वर्ग के पति होते हैं, वेदवाणियों के पति होते हैं और हमारे प्रज्ञान व कर्म आप्यायित होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु-स्मरण व सोमरक्षा द्वारा स्वर्ग के पति बनें।

सूक्त-१४

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

१००२. इन्द्रो मदाय वावृधे शवसे वृत्रहा नृभिः।
तमिन्महत्स्वाजिषूतिमर्भे हवामहे स वाजेषु प्र नोऽविषत्॥ १॥

४११ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सेन्य व पराददि

१००३. असि हि वीर सेन्योऽसि भूरि पराददिः।
असि दभ्रस्य चिद्वृधो यजमानाय शिक्षसि सुन्वते भूरि ते वसु॥ २॥

१. प्रभु 'गोतमराहूगण' प्रशस्तेन्द्रिय त्यागशील व्यक्ति से कहते हैं कि हे वीर=शत्रुओं को विशेषरूप से कम्पित करनेवाले! तू हि=निश्चय से सेन्यः=(इनेन सहिताः सेनाः, तेषु साधु) प्रभु के साथ सम्पर्क रखनेवालों में उत्तम असि=है। वस्तुतः प्रातः-सायं प्रभु का स्मरण करने के कारण ही तो यह वीर है। २. प्रभु-सम्पर्क जनित बल से पराददिः असि=शत्रुओं का पराजेता व दूर भगानेवाला है। ३. प्रभु के सम्पर्क के कारण ही दभ्रस्य=अल्प का चित्=भी वृधः असि=बढ़ानेवाला है। हृदय जोकि सामान्यतः तंग-सा होता है, प्रभु-स्मरण से विशाल बन जाता है। ४. हृदय के विशाल बनने पर तू यजमानाय=यज्ञशील पुरुष के लिए तथा सुन्वते=निर्माणात्मक कार्यों में लगे हुए पुरुष के लिए ते वसु=अपने धन को भूरि शिक्षसि=खूब और खूब ही देता है।

भावार्थ—प्रभु-सम्पर्क में रहते हुए हम शत्रुओं के पराजेता बनें।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

१००४. यदुदीरत आजयो धृष्णवे धीयते धनम्।
युङ्क्ष्वा मदच्युता हरी कं हनः कं वसौ दधोऽस्मॉ इन्द्र वसौ दधः॥ ३॥

४१४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

सूक्त-१५

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

१००५. स्वादोरित्था विषूवतो मधोः पिबन्ति गौर्यः।
या इन्द्रेण सयावरीर्वृष्णा मदन्ति शोभथा वस्वीरनु स्वराज्यम्॥ १॥

४०९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वेदवाणी कैसी है? क्या करती है?

१००६. ता अस्य पृशनायुवः सोमं श्रीणन्ति पृश्नयः।
प्रिया इन्द्रस्य धेनवो वज्रं हिन्वन्ति सायकं वस्वीरनु स्वराज्यम्॥ २॥

ताः=वे अस्य=इन जीव के, प्रभु के साथ पृशनायुवः=(पृशनं=clinging to) सम्पर्क करनेवाली पृश्नयः=(संस्पृष्टो भासा) ज्ञान की ज्योति से युक्त इन्द्रस्य प्रियाः=जितेन्द्रिय पुरुष को प्रीणत करनेवाली वस्वीः=उत्तम निवास की कारणभूत धेनवः=वेदवाणीरूप गौएँ स्वराज्यम् अनु=स्वराज्य का लक्ष्य करके सोमं श्रीणन्ति=सोम का परिपाक करती हैं और सायकम्=(षो अन्तकर्मणि) फल-प्राप्ति तक न समाप्त होनेवाली वज्रम्=क्रियाशीलता की हिन्वन्ति=प्रेरणा देती हैं।

प्रस्तुत मन्त्र में वेदवाणी का स्वरूप निम्न शब्दों में दर्शाया गया है—ये हमारे शरीर में सोम का परिपाक करती हैं। वेद-स्वाध्याय सोम का शरीर में ही खपत कर देता है, क्योंकि उस समय यह सोम ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है। २. इन वेदवाणियों से हमें क्रियाशीलता की प्रेरणा मिलती है—यह क्रियाशीलता फल-प्राप्ति में ही पर्यवसन्न होती है। यह फल-प्राप्ति 'स्वराज्यमनु' शब्दों से सूचित हो रही है। 'स्वराज्य'=मोक्ष-प्राप्ति—इन्द्रियों की दासता से छुटकारा ही मानव-जीवन का लक्ष्य है।

भावार्थ—हम वेद को अपनाएँ। यह हमारे जीवन को ज्योतिर्मय बनाएगा और प्रभु से हमारा मेल कराएगा। इन्हें अपनाने से हम उत्तम वेदवाणीरूप गौवोंवाले होंगे—'गोतम' बनेंगे और वासनाओं को त्यागनेवाले 'राहूगण' होंगे।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शक्ति के साथ नमन

१००७. ता अस्य नमसा सहः सपर्यन्ति प्रचेतसः।
व्रतान्यस्य सश्चिरे पुरूणि पूर्वचित्तये वस्वीरनु स्वराज्यम्॥ ३॥

१. ताः=वेदवाणियाँ अस्य=इस प्रचेतसः=प्रकृष्ट ज्ञानवाले प्रभु के सहः=बल का नमसा=नमन के साथ सपर्यन्ति=पूजन करती हैं, अर्थात् वेदवाणियों को अपनानेवाले 'गोतम राहूगण' प्रभु की शक्ति की उपासना करते हैं। २. ये लोग पूर्वचित्तये=पूर्ण ज्ञान की प्राप्त के लिए अस्य=इस प्रभु के पुरूणि=पालक व पूरक व्रतानि=कर्मों का सश्चिरे=सेवन करते हैं। वेदवाणी का अध्ययन करते हुए ये प्रभु के 'दया-न्याय' आदि व्रतों को अपनाते हैं, जिससे उनका ज्ञान पूर्णता की ओर बढ़नेवाला

हो। ३. वस्वीः-उत्तम निवास की कारणभूत ये वेदवाणियाँ स्वराज्यम् अनु-स्वराज्य का लक्ष्य करके प्रवृत्त होती हैं, इनका अध्ययन हमें जितेन्द्रिय बनाता है—इन्द्रियों का दास न बनाकर हमें मोक्ष-लाभ कराता है।

भावार्थ—१. वेदवाणियों के अध्ययन से हमें पता लग जाता है कि सब शक्ति प्रभु की है, अतः मनुष्य को गर्व नहीं होने पाता, २. हम प्रभु के व्रतों को अपने जीवन में अनूदित करते हैं ३. और स्वराज्य—पूर्ण जितेन्द्रियता को अपना लक्ष्य बनाते हैं।

सूक्त-१६

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१००८. असाव्यंशुर्मदायाप्सु दक्षो गिरिष्ठाः। श्येनो न योनिमासदत्॥ १॥

४७३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम द्वारा गौओं का आप्यायन

१००९. शुभ्रमन्धो देववातमप्सु धौतं नृभिः सुतम्। स्वदन्ति गावः पयोभिः॥ २॥

शरीर में उत्पन्न सोम को 'अन्धः' कहते हैं, क्योंकि यह आध्यायनीय—अत्यन्त ध्यान देने योग्य होता है। यह अन्धः-सोम १. शुभ्रम्-शरीर को शोभा प्राप्त करानेवाला है। शरीर की सारी कान्ति इस सोम पर ही निर्भर करती है। २. यह देववातम्-(देवानां वातं यस्मात्) दिव्य गुणों को हममें प्रेरित करनेवाला है। सोम की रक्षा से हममें दिव्य गुणों की वृद्धि होती है। ३. अप्सु-कर्मों में धौतम्-यह शुद्ध किया जाता है, जब तक मनुष्य कर्मों में लगा रहता है तब तक उसका यह सोम पवित्र बना रहता है, क्योंकि न वासना उत्पन्न होती है और न ही यह मलिन होता है। एवं, कर्मों में लगे रहना 'सोम-रक्षा' का साधन हो जाता है। ४. नृभिः सुतम्-यह सोम अपने को उन्नति-पथ पर ले-चलनेवालों के हेतु से उत्पन्न किया गया है, अर्थात् शरीर में इसकी उत्पत्ति इसी उद्देश्य से की गयी है कि मनुष्य उन्नत हो सके। इस सोम को गावः-ज्ञानेन्द्रियाँ पयोभिः-आप्यायन के हेतु से स्वदन्ति-खाती हैं। यह सोम सब इन्द्रियों की शक्ति की वृद्धि का हेतु है।

भावार्थ—सोमरक्षा द्वारा हम सब इन्द्रियों की शक्ति का विकास करें।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नीरोगता व प्रभुदर्शन का आनन्द

१०१०. आदीमश्वं न हेतारमशूशुभन्नमृताय। मधो रसं सधमादे॥ ३॥

आत्-अब ईम्-निश्चय से इस सोम को अशूशुभन्-इस शरीर में ही सुशोभित करते हैं। किस सोम को? १. अश्वं न हेतारम्-घोड़े के समान क्रियाओं में प्रेरित करनेवाले को। जिस प्रकार खड़े रहने से घोड़े को चलना अधिक प्रिय है, उसी प्रकार सोम की रक्षा करनेवाले व्यक्ति को आलस्य व आराम की अपेक्षा क्रियाशीलता अधिक रुचिकर है। सोम उसे क्रियाओं में प्रेरित करता है। २. मधोः रसम्-यह सोम मधु का रस है। निघण्टु (१.१२) में 'मधु' जल का नाम है और यह जल ही शरीर में रेतस्-सोमरूप से रहते हैं (आपः रेतो भूत्वा—ऐ०)। ताण्ड्य ब्राह्मण (११.१०.३) में अन्नं वै मधु—

अन्न को मधु कहा गया है। यह सोम इसी अन्न का रस-रुधिरादि के क्रम से सार अथवा रस है।

इस अन्न के सारभूत सोम को शरीर में शोभित करने का प्रयत्न किया जाता है—१. अमृताय-अमरता के लिए। सोम की रक्षा से शरीर में किसी प्रकार के रोग उत्पन्न नहीं होते। असमय में मृत्यु नहीं होती और परिणामतः अमरता प्राप्त होती है। २. सधमादे-(सहमदने) इस मानवदेह में आनन्दमयकोश में उस प्रभु के साथ निवास करके आनन्द लेने के निमित्त इस सोम की रक्षा की जाती है। सोमरक्षा द्वारा हमें उस सोम-सम्पूर्ण जगत् के उत्पादक प्रभु का दर्शन होता है और हम प्रभु के सम्पर्क में एक अनिर्वचनीय आनन्द का अनुभव करते हैं।

भावार्थ—सोम को शरीर में ही सुरक्षित करने से १. जीवन क्रियाशील बना रहता है। २. नीरोगता के कारण अमरता का लाभ होता है तथा ३. प्रभु-दर्शन से आनन्द का अनुभव होता है। इस सोम का रक्षक 'जमदग्नि' बनता है, सदा जाठराग्नि के ठीक होने के कारण इसे रोग नहीं सताते और यह सब शक्तियों का ठीक परिपाक करनेवाला 'भार्गव' होता है (भ्रस्ज पाके)।

सूक्त-१७

ऋषिः—ऊर्ध्वसद्मा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्)॥ स्वरः—ऋषभः॥

१०११. अभि द्युम्ना बृहद्यश इषस्पते दिदीहि देव देवयुम्। वि कोशं मध्यमं युव॥ १॥

५७९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—कृतयशा आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वैज्ञानिक अन्वेषण व ब्रह्मदर्शन

१०१२. आ वच्यस्व सुदक्ष चम्वोः सुतो विशां बर्हिर्न विश्पतिः।
वृष्टिं दिवः पवस्व रीतिमपो जिन्वन् गविष्टये धियः॥ २॥

१. हे सुदक्ष-उत्तम दक्षता पैदा करनेवाले सोम! तू २. चम्वोः-(द्यावापृथिव्योः) मस्तिष्क व शरीर के लिए सुतः-उत्पादित हुआ-हुआ आवच्यस्व-शरीर में सर्वत्र गतिवाला हो। सोम की रक्षा से मनुष्य कार्यकुशल बनता है और जहाँ अपने मस्तिष्क को उज्ज्वल बनाता है, वहाँ अपने शरीर को सुदृढ़ बनाता है। ३. यह सोम तो विशाम्-प्रजाओं की बर्हिः न-एक सवारी (Vehicle) के समान है जो उन्हें लक्ष्यस्थान पर पहुँचाने में सहायक होती है। इस सोम की रक्षा से ही उस सोम (प्रभु) तक पहुँचा जाएगा। ४. विश्पतिः-यह सोम प्रजाओं का रक्षक है—उन्हें रोगों से बचाकर मृत्यु से बचानेवाला है। ५. हे सोम! तू दिवः-द्युलोक से वृष्टिम्-वृष्टि को पवस्व-क्षरित कर। सोम की रक्षा से एक योगी जब धर्ममेघ समाधि में पहुँचता है, तब मस्तिष्करूप द्युलोक में स्थित सहस्रधारचक्र से आनन्द के कणों की वर्षा होती है। ६. हे सोम! तू अपः रीतिम्-कर्मों के प्रवाह को पवस्व-प्राप्त करा। सोमरक्षा से मनुष्य इस मानव-जीवन में अन्त तक सतत कर्म करनेवाला बना रहता है। ७. हे सोम! तू गविष्टये-उस प्रभु की खोज के लिए अथवा वैज्ञानिक तत्त्वों के अन्वेषण के लिए धियः-हमारे प्रज्ञानों व कर्मों को जिन्वन्-प्रीणित करनेवाला हो। हमारी बुद्धि इतनी तीव्र हो और क्रियाशक्ति इतनी प्रबल हो कि हम वैज्ञानिक तत्त्वों का अन्वेषण करते हुए अन्त

में ब्रह्म की महिमा का दर्शन करें और प्रभु का साक्षात्कार करनेवाले हों।

सोम की रक्षा से अपने जीवन को मन्त्रवर्णित दिशा में ले-चलनेवाला व्यक्ति 'कृतयशाः आङ्गिरस'-यशस्वी व शक्तिशाली होता है।

भावार्थ—हम सोम का पान करें और जीवन को सुन्दर बनाते हुए तथा वैज्ञानिक तत्त्वों की खोज करते हुए प्रभु-दर्शन करनेवाले बनें।

सूक्त-१८

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

१०१३. प्राणा शिशुर्महीनां हिन्वन्नृतस्य दीधितिम्। विश्वा परि प्रिया भुवदध द्विता॥ १॥

५७० संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सप्तधाम

१०१४. उप त्रितस्य पाष्यो३रभक्त यद् गुहा पदम्। यज्ञस्य सप्त धामभिरध प्रियम्॥ २॥

त्रितस्य-काम, क्रोध, लोभ को जो तैर गया है (तीर्णस्य); अथवा दया, दान व दम का जिसने विस्तार किया है (त्रीन् तनोति); प्राणापान के उस पुरुष की पाष्योः-(पष् बन्धने) चित्तवृत्ति के बाँधनेवाले होने पर यत्-जब मनुष्य का मन गुहा-हृदयरूप गुहा में पदम्-(पद्यते मुनिभिर्यस्मात् तस्मात् पदमुदाहृतः) उस गन्तव्य प्रभु का उप-समीपता से सेवन करता है और यज्ञस्य-(यज्ञो वै विष्णुः) संगतीकरण के योग्य प्रभु के सप्त धामभिः-सात स्थानों से, योग की सात भूमिकाओं से आगे बढ़ता हुआ अध-अब प्रियम्-उस प्रीणित करनेवाले प्रभु को अभक्त-प्राप्त करता है।

प्रभु को प्राप्त करने के कारण ही इसका नाम 'आप्त्य'-प्राप्त करनेवालों में उत्तम पड़ गया है, त्रित तो यह है ही। उल्लिखित मन्त्रार्थ में 'त्रितस्य' शब्द योगमार्ग के पहले दो अङ्गों का 'यम-नियम' का संकेत करता है। 'पाष्योः' शब्द प्राणायाम की सूचना दे रहा है। 'गुहा' शब्द चित्तवृत्ति के मन में लौटाने, अर्थात् 'प्रत्याहार'-का संकेत देता है। 'सप्त धामभिः' योग की सातों भूमिकाओं को पार करके ही तो प्रभु-दर्शन होता है।

भावार्थ—हम त्रित बनें, प्राणापान की साधना से चित्तवृत्ति को हृदय में ही बाँधें, जिससे अन्त में उस प्रिय प्रभु को पा सकें।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

तीन का धारण

१०१५. त्रीणि त्रितस्य धारया पृष्ठेष्वेरयन्नयिम्। मिमीते अस्य योजना वि सुक्रतुः॥ ३॥

१. हे प्रभो! त्रितस्य-काम, क्रोध, लोभ को तैरनेवाले अथवा दया, दम व दान को विस्तृत करनेवाले मुझ भक्त की त्रीणि-तीनों—इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि को धारय-धारण कीजिए। ये अस्थिर न हों। प्रत्याहार के द्वारा मैं इन्द्रियों को विषयों से पृथक् कर पाऊँ, मन को हृदय में धारण करूँ—इसे हृत्प्रतिष्ठ बना पाऊँ और बुद्धि को एकतत्त्व के ध्यान व चिन्तन में लगाऊँ। २. हे प्रभो! आप पृष्ठेषु-(तेजो ब्रह्मवर्चसं श्रीर्वै पृष्ठानि—ऐ० ६.५)। तेज, ब्रह्मवर्चस् व श्री के विषय में रयिं

ऐरयत्-ऐश्वर्य को प्राप्त कराइए। बाह्य धनों को महत्त्व न देकर मैं तेज, ब्रह्मवर्चस् व श्री [शोभा] को ही अपना धन समझूँ। ३. सुक्रतुः-उत्तम प्रज्ञानों, सङ्कल्पों व कर्मोंवाला ऋित तो अस्य-इस प्रभु के योजना-सङ्गम के साधनों की ही विमिमीते-विशेषरूप से याचना करता है। [मिमीते-याचते—निरु० ३.१९.८]

नोट—यहाँ श्री भगवत्पदाचार्यजी ने इस प्रकार अर्थ किया है कि—रयिं पृष्ठेषु ऐरयत्—धन तो उन्हीं को प्राप्त कराइए जो पिछड़े हुए (backward) हैं। मैं तो आपकी प्राप्ति के साधनों को ही चाहूँगा। इस अर्थ में भी एक सौन्दर्य है ही।

भावार्थ—मेरी इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि स्थिर हों, मैं तेज, ब्रह्मवर्चस व श्री का धनी बनूँ, प्रभु-संगम—साधनों को प्राप्त होऊँ।

सूक्त-१९

ऋषिः—रेभसूनू काश्यपौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

जीवन का माधुर्य

१२ १ १२ ३ २३ १२ ३२
१०१६. पवस्व वाजसातये पवित्रे धारया सुतः।
१ १ ३ १ २ २३ ३ १२
इन्द्राय सोम विष्णवे देवेभ्यो मधुमत्तरः॥ १॥

हे सोम-सम्पूर्ण जगत् को उत्पन्न करनेवाले प्रभो! १. आप वाजसातये-संग्राम (नि० २.१६.३६) के लिए पवस्व-हमें प्राप्त हों। आपके सहाय के बिना हम वासनाओं के साथ संग्राम में जीत नहीं सकते। २. पवित्रे-वासना-विजय से पवित्र हुए-हुए हृदय में धारया-वेदवाणी के द्वारा आप सुतः-उत्पन्न होते हैं। सर्वव्यापकता के नाते हमारे हृदयों में भी स्थित प्रभु का दर्शन वासनाओं के विनाश से पवित्र होने पर ही होता है। प्रभु 'बर्हि'-उसी हृदय में बैठते हैं, जहाँ से वासनाओं का उद्बर्हण कर दिया गया है। ३. हे सोम! आप इन्द्राय-इन्द्रियों के अधिष्ठाता विष्णवे-व्यापक मनोवृत्तिवाले, उदार देवेभ्यः-दिव्य गुणों से युक्त पुरुषों के लिए मधुमत्तरः-अत्यन्त माधुर्यवाले होते हो। प्रभु 'इन्द्र, विष्णु व देव' पुरुष के जीवन को अत्यन्त मधुर बना देते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु के साहाय्य से वासना-संग्राम में विजयी हों, पवित्र हृदय में वेदवाणी के प्रकाश से प्रभु का दर्शन करें। जितेन्द्रिय हों, व्यापक मनोवृत्तिवाले हों, देव बनें, जिससे प्रभु हमारे जीवनों को मधुर बना दें।

ऋषिः—रेभसूनू काश्यपौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ध्यान, अद्रोह, निर्माण

१ २ ३२ ३ १ २ ३ १२ ३ १ २
१०१७. त्वां रिहन्ति धीतयो हरिं पवित्रे अद्रुहः।
१ २ १२ ३१ २ ३ १ २
वत्सं जातं न मातरः पवमान विधर्मणि॥ २॥

हे पवमान-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाले प्रभो! हरिम्-सब दुःखों व पापों के हरनेवाले त्वाम्-आपको पवित्रे-वासनाओं से शून्य—निर्मल हृदय में धीतयः-ध्यानशील, अद्रुहः-किसी का द्रोह न करनेवाले, मातरः-सदा निर्माण के कार्यों में लगे हुए रिहन्ति-पूजते हैं (नि० ३.१४.११),

आपके दर्शन का रसास्वादन करते हैं, उसी प्रकार न=जैसे जातं वत्सम्=उत्पन्न हुए-हुए वत्स को देखकर मातरः=माताएँ रिहन्ति=आनन्दित होती हैं। ये लोग प्रभु का इस प्रकार अर्चन इसलिए करते हैं कि विधर्मणि=विशिष्टरूप से अपना धारण कर सकें। जीवन में वासनाओं का सतत आक्रमण हो रहा है, उस आक्रमण से प्रभु-चिन्तन ही मनुष्य को बचाता है। इस धारण के निमित्त वे प्रभु का ध्यान करते हैं।

एवं, यह प्रभु का अर्चन करनेवाला 'रेभ'=स्तोता है, प्रभु-प्रेरणा को सुनने के कारण 'सूनु' और वासना-विनाश के कारण यह 'काश्यप' ज्ञानी तो है ही।

भावार्थ—हम ध्यान, अद्रोह व निर्माण के द्वारा प्रभु का पूजन करें। वे हमारे पापों को हरेंगे और विशिष्टरूप से हमारा धारण करेंगे।

ऋषिः—रेभसूनू काश्यपौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पवमान-महिव्रत

१०१८. त्वं द्यां च महिव्रत पृथिवीं चाति जभ्रिषे।
प्रति ब्रापिममुञ्चथाः पवमान महित्वना॥ ३॥

१. हे महिव्रत=महनीय (प्रशंसनीय) व महान् व्रतोंवाले पवमान=सबको पवित्र करनेवाले प्रभो! त्वम्=आप द्यां च पृथिवीं च=द्युलोक व पृथिवीलोक को अतिजभ्रिषे=अतिशयेन धारण करते हो—बहुत ही सुन्दर ढंग से सारे संसार का पालन-पोषण करते हो। २. हे पवमान प्रभो! महित्वना=आप अपनी महिमा से ब्रापिम्=कुत्सित गति को (ब्रा कुत्सायां गतौ) प्रति अमुञ्चथाः=छुड़ाते हो—दूर करते हो।

१. प्रभु के कर्म महान् हैं। वे 'महिव्रत' हैं—सारे ब्रह्माण्ड का पालन उसका सर्वमहान् कर्म है। २. वे प्रभु पवमान हैं—पवित्र करनेवाले हैं। वे अपनी महिमा से भक्तों को अशुभों से दूर करते हैं। प्रभु का भक्त (रेभ) प्रभु की प्रेरणा को सुनता है (सूनु) और ज्ञानी (काश्यप) बनकर पवित्र कर्मोंवाला हो जाता है।

भावार्थ—प्रभु ही सबका धारण करते हैं। हमारा धारण भी वही करेंगे और हमें पाप से पृथक् करेंगे।

सूचना—'प्रभु धारण करते हैं और कुत्सित गति को दूर करते हैं', इस मन्त्र क्रम के द्वारा यह सूचना हो रही है कि पापों से पृथक् होने के लिए आवश्यक है कि हम निर्माण व धारण के कार्यों में लगे रहें। संक्षेप में 'पवमान' वही बनता है जो 'महिव्रत' होता है।

सूक्त-२०

ऋषिः—मन्युर्वासिष्ठः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

१०१९. इन्दुर्वाजी पवते गोन्योघा इन्द्रे सोमः सह इन्वन्मदाय।
हन्ति रक्षो बाधते पर्यरातिं वरिवस्कृण्वन् वृजनस्य राजा॥ १॥

५४० संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मन्युर्वासिष्ठः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

वासिष्ठ मन्यु का जीवन

१०२०. अध धारया मध्वा पृचानस्तिरो रोम पवते अद्रिदुग्धः।
इन्दुरिन्द्रस्य सख्यं जुषाणो देवो देवस्य मत्सरो मदाय॥ २॥

अध-अब ज्ञानी व वशी बना हुआ यह १. धारया-वेदवाणी से तथा २. मध्वा-माधुर्य से पृचानः-संपृक्त हुआ, ३. अद्रिदुग्धः-(अद्रयः आदरणीयाः—नि० ९.८, दुह प्रपूरणे) आदरणीय आचार्यों द्वारा ज्ञान से प्रपूरित किया हुआ, ४. तिरः रोम-तिरः-प्राप्त—(नि० ३.२०) प्राप्त शब्द (रु शब्दे) को, अर्थात् वेदज्ञान को पवते-लोकहित के लिए लोगों को प्राप्त कराता है, अर्थात् जैसे ज्ञानी आचार्यों ने इसमें ज्ञान का पूरण किया था, उसी प्रकार यह भी औरों के प्रति उस ज्ञान को प्राप्त कराता है। ५. इस लोकहित के कार्य से यह इन्दुः-सोमरक्षा द्वारा शक्तिशाली बनता हुआ उस सर्वशक्तिमान् प्रभु के सख्यम्-मित्रभाव का जुषाणः-सेवन करनेवाला होता है। लोकहित-कार्यों में लगे रहने से यह संयमी जीवनवाला बनता है और संयम के कारण शक्ति-सञ्चय करके 'इन्दु' होता है। यह इन्दु ही इन्द्र की मित्रता का अधिकारी होता है। ६. देवः-प्रभु की मित्रता से यह दिव्य गुणोंवाला होता है और देव बनकर देवस्य-यह उस महान् देव परमात्मा का ही हो जाता है। ७. यह मत्सरः-आनन्दपूर्वक कर्मों में सरण करनेवाला होता है और परिणामतः ८. मदाय-अलौकिक आनन्द-लाभ के लिए होता है, अर्थात् अनुपम सुख का अनुभव करता है।

भावार्थ—हम वशी व ज्ञानी बनकर प्राप्त ज्ञान का प्रचार करने में आनन्द लें।

ऋषिः—मन्युर्वासिष्ठः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

विषयों के बवण्डर से ऊपर

१०२१. अभि व्रतानि पवते पुनानो देवो देवान्त्स्वेन रसेन पृञ्चन्।
इन्दुर्धर्माण्यृतुथा वसानो दश क्षिपो अव्यत सानो अव्ये॥ ३॥

१. मन्यु वासिष्ठ व्रतानि अभिपवते-व्रतों की ओर जाता है। 'यम-नियम' ही व्रत हैं। यह 'अहिंसा-सत्य-अस्तेय-ब्रह्मचर्य-अपरिग्रह तथा शौच-सन्तोष-तप-स्वाध्याय व ईश्वर-प्रणिधान' का पालन करता है। २. पुनानः-इन व्रतों के पालन द्वारा यह अपने जीवन को पवित्र करने के स्वभाववाला होता है। ३. देवः-अपने को व्रतों द्वारा निरन्तर पवित्र करता हुआ यह दिव्य गुणोंवाला बन जाता है। ४. देवान् स्वेन रसेन पृञ्चन्-यह इन दिव्य गुणों को अपने माधुर्य से सम्पृक्त करता है। वस्तुतः दिव्य गुण तभी तक दिव्य गुण रहते हैं जब तक उनके साथ माधुर्य का मेल है, सत्य तभी तक सत्य है जब तक वह अप्रिय नहीं। ५. दिव्य गुणों के साथ माधुर्य का मेल कर यह इन्दुः-अत्यन्त शक्तिशाली बन जाता है। शान्तियुक्त शक्ति ही निर्माण कर पाती है, अतः यह 'मन्यु वासिष्ठ' ६. धर्माणि ऋतुथा वसानः-समयानुसार धारणात्मक कर्मों को धारण करनेवाला होता है। ७. दश क्षिपः अव्यत-दसों इन्द्रियों को सदा सुरक्षित करता है। इन्द्रियों को वासनाओं के आकर्षणों से बचाकर उत्तम कर्मों में ही लगाये रखता है। ८. सानोः अव्ये-और सानु के रक्षण में उत्तम स्थान में पहुँच जाता है। 'सानु' का अर्थ शिखरप्रदेश है। शरीर में यह 'सहस्रारचक्र' है, जोकि मेरुदण्ड के शिखर पर विद्यमान है। यह 'मन्यु वासिष्ठ' अपनी वृत्तियों को केन्द्रित करके

यहाँ स्थित होने का प्रयत्न करता है। यही प्राणों का मूर्धा में नियमन है। योगी इसी अभ्यास के द्वारा अन्त में ब्रह्मरन्ध्र से प्राणों को छोड़ता है। ऐसा अभ्यासी कभी भी विषयों से बद्ध नहीं होता। विषयों के बवण्डर इस शिखरप्रदेश तक पहुँचते ही नहीं।

भावार्थ—हम अभ्यास के द्वारा शिखर के सुरक्षित प्रदेश में स्थित होनेवाले हों। सब इन्द्रियों को सुरक्षित रक्खें, उन्हें आसुर आक्रमणों से बचाएँ?।

सूक्त-२१

ऋषिः—वसुश्रुत आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

१०२२. आ ते अग्न इधीमहि द्युमन्तं देवाजरम्।
यद्ध स्या ते पनीयसी समिद्दीदयति द्यवीषं स्तोतृभ्य आ भर॥ १॥

मन्त्र का अर्थ ४१९ संख्या पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—वसुश्रुत आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु के प्रति हविः

१०२३. आ ते अग्न ऋचा हविः शुक्रस्य ज्योतिषस्पते।
सुश्चन्द्र दस्म विश्पते हव्यवाट् तुभ्यं हूयत इषं स्तोतृभ्य आ भर॥ २॥

१. हे अग्ने-सर्वोन्नतियों के साधक प्रभो! २. शुक्रस्य ज्योतिषः पते-दीप्त ज्योति के पति प्रभो! वेदवाणी द्वारा शुद्ध ज्ञान प्राप्त करानेवाले शुक्र-ज्योति प्रभो! ३. सुश्चन्द्र-उत्तम आह्लाद प्राप्त करानेवाले प्रभो! ४. दस्म-(दसु उपक्षये) सब दुःखों के नाशक! ५. विश्पते-सब प्रजाओं के पालक! ६. हव्यवाट्-हव्य—उत्तम-पदार्थों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! ते-आपकी प्राप्ति के लिए तुभ्यम्-आपके लिए ऋचा हविः आहूयते-विज्ञान व सूक्तों के द्वारा सदा हवि दी जाती है।

प्रभु जीव की उन्नति के साधक हैं, उन्नति के लिए ही उन्होंने वेदज्ञान दिया है। ज्ञान के द्वारा वे हमें जीवन का उत्तम आनन्द प्राप्त कराते हैं, हमारे दुःखों को दूर कर हमारा पालन करते हैं। हमें पवित्र पदार्थों को प्राप्त कराते हैं। इन प्रभु का स्तवन करना तो आवश्यक है ही, परन्तु स्तवन का वेदानुमोदित प्रकार यह है कि—१. हम विज्ञान का अध्ययन करें, २. मीठा बोलें (ऋच्), तथा ३. दानपूर्वक अदन करें (हु)। प्रभु का सच्चा स्तवन तभी होगा जब ये तीन बातें हमारे जीवन में आ जाएँगी।

हे प्रभो! स्तोतृभ्यः-इन सच्चे स्तोताओं के लिए आप इषम्-प्रेरणा आभर-प्राप्त कराइए।

भावार्थ—हम प्रभु को हवि प्रदान करनेवाले हों।

ऋषिः—वसुश्रुत आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

तीनों की ओर चलनेवाला

१०२४. ओभे सुश्चन्द्र विश्पते दर्वी श्रीणीष आसनि।
उतो न उत्पुपूर्या उक्थेषु शवसस्पत इषं स्तोतृभ्य आ भर॥ ३॥

'पुरुषो वाव यज्ञः' इस वाक्य के अनुसार मानव-जीवन एक यज्ञ है, उसमें 'ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ' दो कड़छियों के समान है। अथर्व० १०.७.१९ के अनुसार 'यस्य ब्रह्म मुखमाहुः' ब्रह्म, अर्थात् ज्ञान ही उस प्रभु का मुख है। श्रुतरूपी धनवाला 'वसुश्रुत' प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि है, यह ज्ञान, कर्म व उपासना तीनों की ओर (त्रि) चलने (अत्) के कारण अत्रि व आत्रेय कहलाता है।

यह 'वसुश्रुत आत्रेय' प्रार्थना करता है कि हे सुश्चन्द्र-उत्तम आह्लाद प्राप्त करानेवाले! विश्पते-सब प्रजाओं के पालक प्रभो! आप उभे-दोनों दर्वी-ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप पुरुषयज्ञ की दर्वियों को आसनि-ज्ञानरूप अपने मुख में आश्रीणीषे-समन्तात् परिपक्व कर डालते हैं। ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ वेदज्ञानरूप अग्नि में परिपक्व होकर मलिनतारहित-सी 'Disinfected' हो जाती हैं—उनके मलरूप सभी कृमि नष्ट हो जाते हैं और परिणामतः विषयरूप रोगों की आशंका नहीं रह जाती।

हे शवसस्पते-सब बलों के स्वामिन् प्रभो! उत उक्थेषु-और स्तोत्रों के विषयों में भी नः-हमें उत्पुपूर्याः-ऊपर तक भर दीजिए। स्तोत्रों का तो हमारे जीवन में परीवाह (overflowinng) होने लगे।

अब ज्ञान और कर्म के सुन्दर परिपाकवाले तथा स्तोत्रों के परीवाहवाले स्तोतृभ्यः-अपने स्तोताओं के लिए इषम्-सदा अपनी उत्तम प्रेरणा आभर-प्राप्त कराइए। आपकी प्रेरणा ही तो इस ज्ञान के धनी वसुश्रुत को आत्रेय—ज्ञानी बनाएगी। ज्ञान, कर्म व उपासना का अपने में समन्वय करनेवाला यह 'वसुश्रुत आत्रेय' धर्मार्थकामरूप तीनों पुरुषार्थों का भी सुन्दर समन्वय करके श्रीसम्पन्न बनेगा।

भावार्थ—ज्ञानाग्नि में हम अपनी इन्द्रियों को परिपक्व करें तथा हृदयों को प्रभु-भक्ति से भर लें।

सूक्त-२२

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

१०२५. इन्द्राय साम गायत विप्राय बृहते बृहत्। ब्रह्मकृते विपश्चिते पनस्यवे॥ १॥

३८८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

नृमेध का प्रभु-स्तवन

१०२६. त्वमिन्द्राभिभूरसि त्वं सूर्यमरोचयः। विश्वकर्मा विश्वदेवो महाँ असि॥ २॥

जो व्यक्ति केवल स्वार्थमय निजी जीवन नहीं बिताता, अपितु जिसका जीवन समष्टि के साथ मिलकर चलता है, वह सब नरों के साथ मेल करनेवाला 'नृमेध' कहता है कि—१. हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! त्वम्-आप ही अभिभूः असि-सब बुराइयों का अभिभव करनेवाले हैं। वस्तुतः नृमेध समाजहित के कर्मों में लगा हुआ यह गर्व नहीं करता कि वह बुराइयों को दूर करने में लगा है, अपितु वह तो यही भावना रखता है कि सब बुराइयों को दूर करनेवाले तो वे प्रभु ही हैं। २. हे प्रभो! त्वम्-आप ही सूर्यम्-ज्ञान के सूर्य को अरोचयः-चमकाते हैं। नृमेध प्रजाओं में ज्ञान का विस्तार करता हुआ यही समझता है कि यह ज्ञान-सूर्य उस प्रभु से ही दीप्त किया जा

रहा है। ३. हे प्रभो! विश्वकर्मा-ये सब कार्य आपकी ही शक्ति से हो रहे हैं। ४. विश्वदेवः-सब दिव्य गुण आपके ही हैं। ५. महान् असि-आप सचमुच महान् हैं—पूज्य हैं।

इस प्रकार प्रभु-स्तवन करता हुआ यह नृमेध अपने में किसी प्रकार के गर्व को नहीं आने देता।

भावार्थ—इस संसार में जो कुछ अच्छाई व उत्तमता है, वह सब उस प्रभु की ही है।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु की मित्रता के लिए

१ २ ३ १ २ ३ २ १ २ १ २ १ २ ३ १ २ ३ १ २

१०२७. विभ्राजं ज्योतिषा स्वा३रगच्छो रोचनं दिवः। देवास्त इन्द्र सख्याय येमिरे॥ ३॥

हे इन्द्र-सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! आप १. ज्योतिषा-ज्ञान-ज्योति से विभ्राजन्-दीप्ति करते हुए, २. स्वः-मोक्ष-सुख को तथा ३. दिवः रोचनम्-मस्तिष्करूप द्युलोक की दीप्ति को अगच्छः-(अगमयः)-प्राप्त कराते हो। प्रभु वेद-ज्ञान की ज्योति को भक्त के पवित्र हृदय में फैलाते हैं। परिणामतः जहाँ उसका मस्तिष्क अज्ञानान्धकार से रहित होकर ज्ञान के प्रकाश से चमक उठता है वहाँ यह ज्ञानी मोक्ष-सुख का लाभ करता है।

सर्वैश्वर्यसम्पन्न प्रभो! देवाः-देव लोग—दिव्य वृत्तिवाले मनुष्य ते सख्याय-तेरी मित्रता के लिए येमिरे-अपने जीवनों को संयत बनाते हैं। वे अपने इन्द्रियरूप अश्वों का नियमन करके अपने इस शरीररूप रथ के द्वारा आपके समीप पहुँचने के लिए सदा यत्नशील होते हैं।

भावार्थ—देव प्रभु की मित्रता के लिए संयत जीवनवाले बनते हैं।

सूक्त-२३

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २

१०२८. असावि सोम इन्द्र ते शविष्ठ धृष्णवा गहि।

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३

आ त्वा पृणक्त्विन्द्रियं रजः सूर्यो न रश्मिभिः॥ १॥

३४६ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

अर्वाचीन न कि प्राचीन

१ २ ३ १ २ ३ २ ३ १ २ ३ १ २

१०२९. आ तिष्ठ वृत्रहन् रथं युक्ता ते ब्रह्मणा हरी।

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २

अर्वाचीनं सु ते मनो ग्रावा कृणोतु वग्नुना॥ २॥

प्रभु 'गोतम राहूगण'-प्रशस्तेन्द्रिय, विषय-त्यागी पुरुष से कहते हैं कि—

१. हे वृत्रहन्-वासनाओं को विनष्ट करनेवाले! तू रथम्-इस शरीररूप रथ पर आतिष्ठ-अधिष्ठातृरूपेण आसीन हो। इसपर तेरा शासन हो। २. ते-तेरे हरी-ये ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप अश्व ब्रह्मणा-ज्ञान के साथ, अर्थात् बड़ी समझदारी से युक्ता-इस शरीररूप रथ में जोते जाएँ। अव्यवस्था के कारण ये रथ को ही न तोड़-फोड़ दें।

३. ग्रावा=उपदेष्टा आचार्य वग्नुना=वेदवाणी के द्वारा ते मनः=तेरे मन को सु अर्वाचीनम्=उत्तमता से अन्दर की ओर ही गतिवाला कृणोतु=करे। तेरा मन कहीं विषयों में न भटकता रहे।

भावार्थ—शरीररूप रथ पर आरूढ़ होकर हम वृत्रहन् बनें—वासनाओं को विनष्ट करें। यात्रा को पूर्ण करने के लिए इन्द्रियाश्वों को प्रेरित करें और प्रयत्न करें कि हमारा मन विषयों में न भटकता रहे। यह प्राचीन न होकर अर्वाचीन बने। बहिर्यात्रा के स्थान में अन्तर्यात्रा करनेवाला हो।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ज्ञान में और यज्ञ में

२ ३ १ ३ १ १ २
१०३०. इन्द्रमिद्धरी वहतोऽप्रतिधृष्टशवसम्।
१ २ ३ १ ३ १ ३ १ २
ऋषीणां सुष्टुतीरुप यज्ञं च मानुषाणाम्॥ ३॥

जब मनुष्य वासनाओं के साथ संग्राम करता है और प्रभुकृपा से, वासनाओं से पराजित नहीं होता तब वह 'अ-प्रति-धृष्ट-शवस्' कहलाता है—नहीं पराजित हुआ बल जिसका। इस अप्रतिधृष्टशवसम्=जो वासनाओं के साथ संग्राम में अपराजित बलवाला होता है, अर्थात् हारता नहीं, उस इन्द्रम्=शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले जितेन्द्रिय पुरुष को हरी=वे इन्द्रियाँ इत्=निश्चय से उपवहतः=समीप ले-जाती हैं। किनके—

१. ऋषीणां सुष्टुतीः उप=(ऋषिर्वेदः) वेद-प्रतिपादित प्रभु की स्तुतियों के च=तथा २. मानुषाणाम्=मानवहित में लगे हुओं के यज्ञम्=लोकसंग्रहात्मक श्रेष्ठतम कर्मों के समीप। जब मनुष्य वासना-संग्राम में विजयी होता है तब वह दो ही कार्य करता है—उसकी ज्ञानेन्द्रियाँ तो वेदों के स्तोत्रों का ग्रहण करती हैं, अर्थात् निरन्तर ज्ञान-प्राप्ति में लगी रहती हैं और उसकी कर्मेन्द्रियाँ मानव हितकारी यज्ञों में प्रवृत्त रहती हैं।

भावार्थ—हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान-प्राप्ति में लगें और कर्मेन्द्रियाँ यज्ञात्मक कर्मों में लगी रहें।

इति षष्ठोऽध्यायः, तृतीयप्रपाठकश्च समाप्तः॥

अथ सप्तमोऽध्यायः

चतुर्थप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—अकृष्टा माषाः, सिकतानिवावरी, पृश्नयोऽजाश्च ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥
छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

रसो वै सः-वह रसमय प्रभु

१०३१. ज्योतिर्यज्ञस्य पवते मधु प्रियं पिता देवानां जनिता विभूवसुः ।
दधाति रत्नं स्वधयोरपीच्यं मदिन्तमो मत्सर इन्द्रियो रसः ॥ १ ॥

वे प्रभु कैसे हैं—१. यज्ञस्य ज्योतिः-यज्ञों के प्रकाशक हैं। ऋग्वेद के प्रथम मन्त्र में 'यज्ञस्य देवम्' शब्द से यही भावना व्यक्त हुई है। वेद में प्रभु ने सब यज्ञों—श्रेष्ठतम कर्मों का प्रतिपादन किया है। २. वे प्रभु जिसे भी प्राप्त होते हैं उसे मधु प्रियम्-माधुर्य व स्नेह पवते-प्राप्त कराते हैं। 'कोई व्यक्ति प्रभु को प्राप्त कर चुका है या नहीं?' इसकी पहचान यही है कि यदि वह प्रभु को प्राप्त कर चुका है तो उसका जीवन माधुर्य व प्रेम से पूर्ण होगा। ३. पिता-वे प्रभु सभी का पालन व रक्षण करनेवाले हैं, ४. देवानां जनिता-दिव्य गुणों को जन्म देनेवाले हैं, ५. विभूवसुः-व्यापक धनवाले हैं। प्रभु का ऐश्वर्य व शक्ति अनन्त हैं, ६. वे प्रभु स्वधयोः-द्यावापृथिवी में—शरीर व मस्तिष्क में अपीच्यम्-अन्तर्हित—छिपे रूप से विद्यमान रत्नम्-रमणीय वस्तु को दधाति=धारण करते हैं। ऋग्वेद के प्रथम मन्त्र में प्रभु को 'रत्नधातमम्' कहा गया है, ७. मदिन्तमः-वे प्रभु अत्यन्त आनन्दमय हैं, ८. मत्सरः-अपने भक्तों में आनन्द का प्रसार करनेवाले हैं, ९. इन्द्रियः-इन्द्र—जीवात्मा के उपासनीय हैं और १०. रसः-आनन्दमय हैं—रसरूप हैं—रस ही हैं।

इस प्रकार प्रभु का ध्यान करनेवाला व्यक्ति 'अकृष्टा माषाः' होता है। यह माष की फलियों की (beens) छीना-झपटी में ही (कृष्ट) नहीं रहता, अर्थात् संसार की वस्तुओं के जुटाने में ही उलझा नहीं रहता। इन वस्तुओं में रस अनुभव न करने से वह इनके लिए 'सिकता' ऊसर-भूमि के समान रहता है, इनके लिए उसमें कोई कामना नहीं रहती। वह वासनाओं को दूर करनेवाला निवावरी होता है। इस प्रकार प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अकृष्टमाषा-सिकता-निवावरी' इस त्रिगुणित (triplicate) नामवाला होता है।

भावार्थ—हम प्रभु का ध्यान करें और सांसारिक वस्तुओं की छीना-झपटी से ऊपर उठें।

ऋषिः—अकृष्टा माषाः, सिकतानिवावरी, पृश्नयोऽजाश्च ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥
छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

'अकृष्टमाष' का जीवन

१०३२. अभिक्रन्दन् कलशं वाज्यर्षति पतिर्दिवः शतधारो विचक्षणः ।
हरिर्मित्रस्य सदनेषु सीदति मर्मृजानोऽविभिः सिन्धुभिर्वृषा ॥ २ ॥

संसार की वस्तुओं के जुटाने में न उलझा हुआ 'अकृष्टमाष' अपना जीवन निम्न प्रकार से बिताता है—१. **अभिक्रन्दन् कलशम्**-(कलाःशेरते अस्मिन्) उस षोडशकला निधान 'षोडशी' प्रभु का आह्वान करता हुआ (क्रदि-आह्वाने), २. **वाजी**-प्रभु के आह्वान से शक्तिशाली बना हुआ यह ३. **अर्षति**-उन्नति-पथ पर तीव्रता से बढ़ता है। ४. **दिवः पति**-यह ज्ञान का पति होता है। प्रभु के मार्ग पर चलने व प्रभु के साथ सतत सम्पर्क रखने से यह प्रकाश का स्वामी बनता है। ५. **शतधारः**-सैकड़ों प्रकार से धारण के कर्मों में लगा रहता है अथवा सैकड़ों का धारण करनेवाला होता है। ६. **विचक्षणः**-विशेषरूप से वस्तुओं के तत्त्व को देखनेवाला बनता है। वस्तुओं की आपातरमणीयता से उनमें उलझ नहीं जाता। ७. **हरिः**-यह सदा औरों के दुःखों का हरण करनेवाला होता है अथवा प्रत्याहार द्वारा इन्द्रियों का विषयों से अपहरण कर उन्हें मन में अवस्थित करता है। ८. इस प्रत्याहार के द्वारा यह **मित्रस्य सदनेषु सीदति**-उस सबके मित्र प्रभु के घरों में निवास करता है, अर्थात् प्रभु के साथ सदा सम्पर्कवाला होता है। ९. **अविभिः**-प्रभु-सम्पर्क से अपनी इन्द्रियों व मन को वासनाओं के आक्रमण से बचाता है और इस प्रकार (अव रक्षणे) रक्षणों के द्वारा **मर्मृजानः**-(मृज् शुद्धौ) यह अपना खूब शोधन करता है, ११. इस शोधन के परिणामस्वरूप **सिन्धुभिः**-शरीर में ही प्रवाहित होनेवाले (स्यन्दू प्रस्रवणे) सोमकणों के द्वारा यह **वृषा**-शक्तिशाली बनता है।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण से हमारे जीवन का प्रारम्भ हो, जिससे शरीर में प्रवाहित होनेवाले सोमकणों द्वारा यह शक्तिशाली बने।

ऋषिः—अकृष्टा माषाः, सिकतानिवावरी, पृश्नयोऽजाश्च॥ देवता—पवमानः सोमः॥
छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

सर्वप्रथम स्थान में

१०३३. अग्रे सिन्धूनां पवमानो अर्षस्यग्रे वाचो अग्रियो गोषु गच्छसि।
अग्रे वाजस्य भजसे महद् धनं स्वायुधः सोतृभिः सोम सूयसे॥ ३॥

१. **सिन्धूनाम्**-शरीर में प्रवाहित होनेवाले सोमकणों से अपने को **पवमानः**-पवित्र करनेवाले 'अकृष्टमाष'! तू **अग्रे अर्षसि**-आगे बढ़ता है, अर्थात् जीवन-यात्रा में तू उन्नति-ही-उन्नति करता चलता है। २. **वाचः अग्रे**-इस वेदवाणी के दृष्टिकोण से तू अग्रभाग में स्थित होता है, अर्थात् उत्कृष्ट वेदज्ञानी बनता है। ३. **गोषु**-सब ज्ञानेन्द्रियों में अथवा इन्द्रियमात्र में **अग्रियः गच्छसि**-तू आगे होनेवाला होता है। तेरी प्रत्येक इन्द्रिय की शक्ति का पूर्ण विकास होता है। ४. **वाजस्य अग्रे**-शक्ति के भी तू अग्रभाग में होता है, अर्थात् शक्तिशालियों का भी मुखिया बनता है। ५. **महत् धनं भजसे**-महनीय धन का तू सेवन करनेवाला होता है—उत्तममार्ग से धन कमाकर तू धनियों में भी श्रेष्ठ होता है।

सोम के महत्त्व को अनुभव करता हुआ यह 'अकृष्टमाष' सोम को सम्बोधित करते हुए कहता है कि हे **सोम**-सोम! तू **स्वायुधः**-उत्तम आयुध है, तेरे द्वारा ही सब अध्यात्मसंग्रामों में मुझे विजय प्राप्त होती है। हे सोम! तू **सोतृभिः**-(सु गतौ) गतिशील व्यक्तियों के द्वारा **सूयसे**-जन्म दिया जाता है, गतिशील व्यक्ति ही सोम की रक्षा कर पाते हैं।

भावार्थ—हम सोम के महत्त्व को समझें। उसकी पवित्रता के द्वारा जीवन में हमारा स्थान सर्वोच्च हो।

सूक्त-२

ऋषिः—कश्यपः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

१०३४. असृक्षत प्र वाजिनो गव्या सोमासो अश्वया। शुक्रासो वीरयाशवः ॥ १ ॥

४८२ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—कश्यपः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शुम्भमान-मृज्यमान

१०३५. शुम्भमाना ऋतायुभिर्मृज्यमाना गभस्त्योः। पवन्ते वारे अव्यये ॥ २ ॥

१. (ऋतेन एति=ऋतायुः) ऋतायुभिः=बिलकुल ऋत के अनुसार गति करनेवालों में शुम्भमानाः=शोभित किये जाते हुए तथा २. इन्हीं ऋतायु पुरुषों से गभस्त्योः=(Sunbeam or moonbeam) ब्रह्मज्ञान की सूर्य-किरणों में और विज्ञान की चन्द्र-किरणों में मृज्यमानाः=शुद्ध किये जाते हुए ये सोम ३. अव्यये=सदा एकरस रहनेवाले—क्षीण न होनेवाले, अक्षर वारे=सब दुःखों का निवारण करनेवाले वरणीय प्रभु में पवन्ते=प्राप्त करानेवाले होते हैं।

१. जब मनुष्य अपने जीवन में सब भौतिक क्रियाओं को सूर्य और चन्द्र की भाँति नियमितता से करता है तब वह आहार द्वारा शरीर में उत्पन्न सोम को शरीर में ही सुरक्षित करने में समर्थ होता है और इस सुरक्षित सोम से उसका शरीर कान्ति-सम्पन्न हो उठता है (शुम्भमानाः)। २. इस सोम का विनियोग ज्ञानाग्नि के ईंधन के रूप में होता है और जब तक यह ज्ञान-विज्ञान की प्राप्ति में विनियुक्त हुआ रहता है तब तक शुद्ध व पवित्र बना रहता है—इसे वासनाएँ कलुषित नहीं कर पातीं (मृज्यमानाः)। ३. इस प्रकार ज्ञान-विज्ञान में विनियुक्त सोम प्रभु का दर्शन करानेवाला होता है। ये सोम अविनाशी, दुःख—तापनिवारक, वरणीय प्रभु में हमारी गति करनेवाले होते हैं।

भावार्थ—सोम मेरे जीवन में 'शुम्भमान, मृज्यमान तथा पवमान' हों।

ऋषिः—काश्यपो मारीचः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

दिव्य-पार्थिव-आन्तरिक्ष्य वसु

१०३६. ते विश्वा दाशुषे वसु सोमा दिव्यानि पार्थिवा। पवन्तामान्तरिक्ष्या ॥ ३ ॥

ते=वे सुरक्षित शुम्भमान व मृज्यमान सोमाः=सोम दाशुषे=प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाले व्यक्ति के लिए—प्रभु के अनन्य उपासक के लिए—क्योंकि प्रभु-भक्ति ही तो सोमरक्षा का सर्वोत्तम साधन है—विश्वा=सब वसु=वसुओं को—उत्तम धनों को पवन्ताम्=प्राप्त कराएँ। ये उत्तम वसु दिव्यानि पार्थिवा आन्त=रिक्ष्या=द्युलोक, पृथिवीलोक तथा अन्तरिक्षलोक के साथ सम्बद्ध हैं। शरीर में 'द्युलोक' मस्तिष्क है, 'पृथिवी' शरीर है, तथा 'अन्तरिक्ष' हृदय है। इस सोम के द्वारा मस्तिष्क का वसु ज्ञान प्राप्त होता है—ज्ञानाग्नि का तो यह ईंधन ही है। यह सोम रोगकृमियों को नष्ट करके शरीर की नीरोगता रूप वसु का देनेवाला है और यह सोम ईर्ष्या-द्वेष आदि से ऊपर उठाकर हमें मानस नैर्मल्य भी प्राप्त कराता है।

एवं, यह सोम-रक्षक मस्तिष्क के दृष्टिकोण से 'काश्यप'-ज्ञानी बनता है और शरीर व मन के दृष्टिकोण से रोगकृमियों व मानस-मलों का मारनेवाला 'मारीच' होता है।

भावार्थ—सुरक्षित सोम हमें दिव्य, पार्थिव व आन्तरिक्ष्य वसुओं को प्राप्त कराए।

सूक्त-३

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

षट्क-सम्पत्ति

१०३७. पवस्व देववीरति पवित्र सोम रंह्या। इन्द्रमिन्दो वृषा विश॥ १॥

१. हे सोम-सौम्य स्वभाव जीवात्मन्! तू २. देववीः-(वी to obtain)-दिव्य गुणों को प्राप्त करनेवाला हो, ३. रंह्या-वेग से—गति से, अर्थात् क्रियाशीलता के द्वारा। ४. अति-(अतिक्रम्य) सब वासनाओं को पार करके पवित्रम्-शुद्ध, अपापविद्ध—पूर्ण पवित्र प्रभु को पवस्व-प्राप्त करनेवाला हो। ५. हे इन्दो-ज्ञानरूप परमैश्वर्य को प्राप्त करनेवाले जीव! तू ६. वृषा-शक्तिशाली बनकर अथवा औरों पर सुखों की वर्षा करनेवाला होकर इन्द्रम्-सर्वशक्तिमान्, परमैश्वर्य-सम्पन्न प्रभु को विश-प्राप्त कर—उस प्रभु में प्रवेश कर।

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'मेधातिथि काण्व'-कण-कण करके मेधा को प्राप्त करनेवाला प्रभु-प्राप्ति के मार्ग पर चलता है। प्रभु-प्राप्ति का मार्ग निम्न है—१. सोम-सौम्य, विनीत, निरभिमान बनना, २. देववीः-दिव्यगुणों को प्राप्त करना, ३. रंह्या-सदा क्रियाशील बनना, ४. अति-और इस प्रकार वासनाओं को लाँघ जाना, ५. इन्दो-ज्ञानरूप परमैश्वर्य को प्राप्त करना, ६. वृषा-शक्तिशाली बनना।

भावार्थ—मेधातिथि बनकर हम प्रभु-प्राप्ति के मार्ग पर चलें, 'सौम्यता, दिव्यता, क्रियाशीलता, शुद्धता, ज्ञान व शक्ति' रूप षट्कसम्पत्ति को अपने अन्दर धारण करें।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ब्राह्म स्थिति

१०३८. आ वच्यस्व महि प्सरो वृषेन्दो द्युम्नवत्तमः। आ योनिं धर्णसिः सदः॥ २॥

हे इन्दो-ज्ञानरूप परमैश्वर्य को प्राप्त करनेवाले मेधातिथे! तू महिप्सरः-प्रभु के महनीय रूप का आवच्यस्व-निरन्तर कथन कर। प्रभु के स्वरूप का चिन्तन व कीर्तन कर। वृषा-शक्तिशाली बन, ३. द्युम्नवत्तमः-अधिक-से-अधिक ज्योतिवाला होने का प्रयत्न कर, ४. धर्णसिः-धारण करनेवाला—लोगों का हित करनेवाला बनकर तू योनिम्-अपने मूल-निवासस्थान प्रभु में आसदः-आसीन होता है।

भावार्थ—ब्रह्म में स्थित होने के लिए आवश्यक है कि—१. हम प्रभु के महनीय रूप का कथन करें, २. शक्तिशाली बनें, ३. उत्तम ज्ञान प्राप्त करें, ४. लोगों का धारण करनेवाले बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रिय मधु का दोहन

१०३९. अधुक्षत प्रियं मधु धारा सुतस्य वेधसः। अपो वसिष्ट सुक्रतुः॥ ३॥

'वेधस्' सोम का नाम है, क्योंकि शरीर में सब शक्तियों का कर्त्ता (creater) यही है। सुतस्य

वेधसः=उत्पन्न हुए-हुए सोम की धारा=धारणशक्ति प्रियं मधु=प्रिय मधु को—तृप्त करनेवाले माधुर्य को अधुक्षत=शरीर में दुहती है, अर्थात् जब मनुष्य इस सोम की शरीर में रक्षा करता है तब यह सोम उसके जीवन में माधुर्य का प्रपूरण कर देता है। 'भूयासं मधु सन्दृशः' इस प्रार्थना को क्रियान्वित करने के लिए आवश्यक है कि हम सोम को अपने में सुरक्षित करें। यह सोम का रक्षक सुक्रतुः=उत्तम सङ्कल्पों व प्रज्ञानोंवाला होकर अपः=कर्मों को वसिष्ट=धारण करता है। सोमी पुरुष का ज्ञान उत्तम होता है—इसके सङ्कल्प उत्तम होते हैं और यह सदा उत्तम कर्मों में व्यापृत रहता है।

भावार्थ—सोमरक्षा मुझे मधुर जीवनवाला बनाता है, इससे मैं उत्तम सङ्कल्पों व ज्ञानवाला बनता हूँ, क्रियाशील होता हूँ।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हृदय की विशालता

१०४०. महान्तं त्वा महीरन्वापो अर्षन्ति सिन्धवः। यद्गोभिर्वासयिष्यसे॥ ४॥

१. महान्तं त्वा=महान्, अर्थात् विशाल हृदयवाले तुझे २. महीः आपः=महनीय कर्म तथा उन कर्मों के अनु=पश्चात्, ३. सिन्धवः=स्यन्दमान रेतःकण अर्षन्ति=प्राप्त होते हैं। ४. यत्=जब तू गोभिः=ज्ञान की किरणों से वासयिष्यसे=सबको आच्छादित करेगा।

प्रस्तुत मन्त्र में चार बातें कही गयी हैं—१. मनुष्य को विशाल हृदयवाला बनना चाहिए, २. महनीय—प्रशंसनीय कर्मों में लगे रहना चाहिए, ३. बहने के स्वभाववाले रेतः=वीर्यकणों की ऊर्ध्वगति के लिए यत्नशील होना चाहिए तथा ४. ज्ञान की प्राप्ति व प्रसार में लगे रहना चाहिए। अपने को भी ज्ञान की किरणों से आच्छादित करे और औरों को भी ज्ञान दे।

भावार्थ—हम महान् बनें, उदार हृदय हों, प्रशंसनीय कर्मों में लगे रहें।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समुद्र

१०४१. समुद्रो अप्सु मामृजे विष्टम्भो धरुणो दिवः। सोमः पवित्रे अस्मयुः॥ ५॥

वस्तुतः (सम्+उत्+र) अपने शरीर में सोम की सम्यक्तया ऊर्ध्वगति (रीङ् गतौ) करनेवाला व्यक्ति 'समुद्र' कहलाता है। यह इस सुरक्षित सोम के कारण ही स्वस्थ शरीरवाला सदा (स+मुद्) प्रसन्नता से युक्त होता है। सोम से शक्तिसम्पन्न होकर विविध कर्मों में द्रवण—गतिवाला होने से भी यह 'समुद्र' (समुद् द्रवति) कहलाता है। यह १. समुद्रः=वीर्य की ऊर्ध्वगति करनेवाला, सदा प्रसन्न, क्रियाशील व्यक्ति अप्सुः=कर्मों में मामृजे=अपने को निरन्तर शुद्ध करता है। कर्मों में लगे रहने के कारण इसपर वासनाओं का आक्रमण नहीं होता और यह शुद्ध हृदय बना रहता है। २. विष्टम्भः=यह विशेषरूप से औरों का धारण करनेवाला होता है (वि+स्तम्भ), ३. दिवः धरुणः=प्रकाश का यह कोश बनता है। ४. ज्ञान का भण्डार बनने से ही यह सोमः=विनीत पुरुष पवित्रे=अपने पवित्र हृदय में अस्मयुः=हमारी प्राप्ति की कामनावाला होता है।

भावार्थ—अपने को पवित्र करने का उपाय 'कर्मों में लगे रहना' ही है, पवित्र हृदय में ही प्रभु की कामना की जा सकती है।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०४२. अचिक्रदद् वृषा हरिर्महान्मित्रो न दर्शतः। स सूर्येण दिद्युते॥ ६॥

४९७ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चतुर्विध परिणाम

१०४३. गिरस्त इन्द ओजसा मर्मृज्यन्ते अपस्युवः। याभिर्मदाय शुम्भसे॥ ७॥

हे इन्दो=ज्ञानरूप परमैश्वर्यशाली प्रभो! ते गिरः=आपकी वाणियाँ अपस्युवः=कर्मों को चाहनेवाली ओजसा=शक्ति के द्वारा मर्मृज्यन्ते=खूब ही शुद्ध कर डालती हैं, अर्थात् प्रभु की दी हुई ये वेदवाणियाँ ऐसी हैं कि ये मनुष्य की शक्ति को बढ़ाती हैं तथा उसके जीवन को शुद्ध कर देती हैं। वेदवाणियों का जीवन पर दो प्रकार का परिणाम है १. शक्ति और २. शुद्धि, परन्तु ये दोनों ही परिणाम दीखते तभी हैं जब हम उन वेदवाणियों के अनुसार कर्म में प्रवृत्त हों।

हे इन्दो! ये वेदवाणियाँ वे हैं याभिः=जिनसे मदाय=उल्लास के लिए शुम्भसे=तू भक्तों के जीवन को सुशोभित करता है। इन वेदवाणियों का तीसरा परिणाम यह होता है कि हम अपने को सद्गुणों से अलंकृत कर पाते हैं। एवं, तीसरा और चौथा परिणाम, ३. उल्लास और ४. अलंकरण हैं।

भावार्थ—वेदवाणियाँ क्रिया में परिणत की जाने पर चतुर्विध परिणाम को पैदा करती हैं—१. शक्ति, २. शुद्धि, ३. उल्लास और ४. अलंकरण।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

चार याचनाएँ

१०४४. तं त्वा मदाय घृष्वय उ लोककृतुमीमहे। तव प्रशस्तये महे॥ ८॥

तम्=उस लोककृतुम्=सम्पूर्ण लोकों का निर्माण करनेवाले त्वा=आपसे उ=निश्चय से ईमहे=(नि० ३.१९.१ याच्ञा)=याचना करते हैं—

१. मदाय=आनन्द के लिए। हमारे जीवन में एक मस्ती हो। हम सुख-दुःख में सदा प्रसन्न रह सकें। २. घृष्वये=कामादि शत्रुओं के धर्षण के लिए। हमारी इच्छा है कि हम उस लोक में निवास करें, जहाँ काम का संहार कर दिया गया है। ३. तव प्रशस्तये=तेरी प्रशस्ति के लिए। हे प्रभो! आपकी कृपा से हम आपको भूल न जाएँ, सदा आपका स्मरण करते हुए कामादि का संहार करनेवाले बनें। ४. महे=(महसे) तेज के लिए। आपके सम्पर्क में आकर मैं इसी प्रकार तेजस्वी हो जाऊँ जैसे अग्नि के सम्पर्क में आकर लोहा।

भावार्थ—हे प्रभो! आपकी कृपा से हमारा जीवन इन चार बातों से युक्त हो—उल्लास, वासना-विजय, आपका स्मरण तथा तेजस्विता।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु की आराधना

१०४५. गोषा इन्दो नृषा अस्यश्वसा वाजसा उत। आत्मा यज्ञस्य पूर्व्यः॥ ९॥

हे इन्दो=ज्ञानरूप परमैश्वर्य-सम्पन्न प्रभो! आप हमें १. गोषाः=ज्ञानेन्द्रियों को प्राप्त करानेवाले हैं। आपने कृपा करके हमें पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ दी हैं, जिससे हम इस पञ्चभौतिक संसार को ठीक प्रकार से समझ सकें। २. नृषाः असि=आप समय-समय पर हमें नरों को—नेताओं को प्राप्त करानेवाले हैं। हम ज्ञानेन्द्रियों को प्राप्त करके भी इन नरों की सहायता के बिना आगे कैसे बढ़ सकते हैं? हमें अपने जीवन में क्रमशः माता, पिता, आचार्य व अतिथियों से नेतृत्व प्राप्त होता रहता है, तभी हमारी उन्नति सम्भव होती है। ३. अश्वसाः=हे प्रभो! आपने हमें कर्मों में व्यापृत होनेवाली पाँच कर्मेन्द्रियाँ प्राप्त करायी हैं, जिनके द्वारा हम यम-नियमादिरूप से पाँच-पाँच भागों में विभिन्न कर्मों को सुचारुरूपेण कर पाते हैं। ४. उत=और वाजसाः=आप हमें शक्ति देनेवाले हैं। ५. हे प्रभो! वस्तुतः यज्ञस्य आत्मा=सब श्रेष्ठतम कर्मों की आत्मा आप ही हो। आपके बिना किसी भी उत्तम कर्म का होना सम्भव नहीं है। आपकी शक्ति से ही तो सब यज्ञ हो पाते हैं। ६. पूर्व्यः=क्या ज्ञान, क्या शक्ति, क्या धन सभी दृष्टिकोणों से आप सबसे प्रथम स्थान में स्थित हैं। अथवा निर्माणमात्र के प्रारम्भ से पहले आप विद्यमान हैं और आपकी शक्ति से सर्वत्र निर्माण होता है।

भावार्थ—हे प्रभो! आपने ज्ञानेन्द्रियाँ दी हैं, समय-समय पर नेताओं को प्राप्त कराते हैं, आपने कर्मेन्द्रियाँ दी हैं, शक्ति दी है। आपकी कृपा से ही सब यज्ञ पूर्ण होते हैं। आप पूर्व्य हैं—निर्माण से पहले हैं, अतएव निर्माता है।

ऋषिः—मेधातिथिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृष्टिमान् पर्जन्य

१०४६. अस्मभ्यमिन्दविन्द्रियं मधोः पवस्व धारया। पर्जन्यो वृष्टिमाँइव॥ १०॥

हे इन्दो=परमैश्वर्यशाली प्रभो! आप मधोः=सोम की धारया=धारकशक्ति के द्वारा अस्मभ्यम्=हमारे लिए इन्द्रियम्=उस-उस इन्द्रिय में काम करनेवाली इन्द्र की शक्ति को पवस्व=प्राप्त कराइए। आपने वस्तुतः शरीर में रस-रुधिरादि के क्रम से अन्त में वीर्य धातु की उत्पत्ति की व्यवस्था की है। इस सोम में एक अद्भुत धारणशक्ति है। 'जीवनं बिन्दुधारणात्'—ये हैं तो जीवन है, ये नहीं तो जीवन भी नहीं है। इसी के द्वारा हमारी इन्द्रियाँ शक्ति-सम्पन्न बनती हैं और हमारा जीवन सुखी (सु=उत्तम ख=इन्द्रियोंवाला) होता है।

इस प्रकार ये प्रभु हमारे लिए वृष्टिमान् पर्जन्य इव=वर्षा करनेवाले बादल के समान होते हैं। जैसे वृष्टि करनेवाला बादल गर्मी से सन्तप्त लोक को शान्ति प्राप्त कराता है, उसी प्रकार प्रभु भी इस सोम के द्वारा हमें शक्ति-सम्पन्न बनाकर हमारे दुःखों को दूर करनेवाले होते हैं।

भावार्थ—प्रभु हमारे जीवनों को सोम के द्वारा शक्ति-सम्पन्न करके सुखी कर देते हैं।

सूक्त-४

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मही, श्रवस् तथा विजय

१०४७. सना च सोम जेषि च पवमान महि श्रवः। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि 'हिरण्यस्तूप'=(हिरण्यम्=रेतः=वीर्यम्, स्तूप=to raise) है। सोम (वीर्य) की ऊर्ध्वगति होने पर जहाँ हमारे शरीर का अङ्ग-प्रत्यङ्ग शक्तिशाली बनता है, वहाँ हमारी बुद्धि

सूक्ष्म होकर प्रभु-दर्शन के योग्य बनती है। एवं, यह सोम संसार को जन्म देनेवाले सोम=परमात्मा को प्राप्त करानेवाला होता है। इस सोम-रक्षा द्वारा दर्शन का विषय बने सोम=प्रभु से हिरण्यस्तूप आराधना करता है कि—हे सोम=सारे ब्रह्माण्ड को जन्म देनेवाले प्रभो! हमें १. महि=बड़प्पन व बुद्धि [greatness; intellect] सना=प्राप्त कराइए। हम संसार में विशाल हृदय व बुद्धिमान् बनकर बर्त्ताव करनेवाले हों। हमारा कोई भी कार्य हमारे छोटेपन—अनुदारता, मूर्खता और नासमझी को प्रकट न करे। २. श्रवः सना=(fame; wealth; hymn; praise worthy action; Ear) हमें यश व धन प्राप्त कराइए। हम सदा आपके स्तोत्रों का गायन करें, आपका स्मरण करते हुए प्रशंसनीय कर्मों में लगे रहें और सबसे बड़ी बात यह कि आप हमें कान दीजिए, अर्थात् हमारी वृत्ति को ऐसा बनाइए कि हम सुनें बहुत, बोलें कम। ३. हे प्रभो! जेषि च=आप हमें सदा विजयी बनाइए। हम अध्यात्मसंग्राम में काम-क्रोधादि को जीतनेवाले बनें।

अथ=और अब इस प्रकार नः=हमें वस्यसः=उत्कृष्ट जीवनवाला कृधि=कीजिए। उत्कृष्ट जीवन में १. बड़प्पन व बुद्धिमत्ता होती है; २. यश, धन, स्तोत्र व उत्तम कर्मों का वहाँ स्थान होता है, इस जीवनवाले व्यक्ति सुनते बहुत हैं, बोलते कम। और ३. सबसे बड़ी बात यह है कि ये अध्यात्मसंग्राम में विजेता बनने का प्रयत्न करते हैं।

भावार्थ—सुरक्षित सोम हमारे जीवनों में १. महि, २. श्रवस् तथा ३. विजय का कारण बने।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्योति, स्वः, सौभग

१०४८. सना ज्योतिः सना स्वा ३विश्वा च सोम सौभगा। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ २॥

हे सोम=सोम (वीर्य) की रक्षा के द्वारा दर्शन का विषय बने हुए ब्रह्माण्ड के निर्माता प्रभो! आप हमें १. ज्योतिः=प्रकाश सना=दीजिए। आपकी कृपा से हम सदा प्रकाश में विचरें। आत्मस्वरूप को जानें व जीवन-यात्रा के मार्ग को स्पष्टतया देखनेवाले हों। २. स्वः=आत्म-प्राप्तिरूप रमणीय सुख दीजिए। प्रकाश में विचरते हुए हम जीवन-यात्रा को पूर्ण करके मोक्ष-सुख को प्राप्त करनेवाले हों। ३. च=और इस जीवन में भी विश्वा सौभगा=सब सौभाग्यों को हमें प्राप्त कराइए। (सौभग=Happiness and prosperity) हमारे जीवन सुख व समृद्धि से युक्त हो। संक्षेप में हमारा जीवन ज्योतिर्मय हो। ज्योति में जीवन-यात्रा को पूरा करते हुए हम जहाँ मोक्ष-सुख (स्वः) व निःश्रेयस का लाभ करें वहाँ हमारा यह ऐहिक जीवन भी सुख-समृद्धि-सम्पन्न हो अथ नः वस्यसः कृधि=और हम उत्कृष्ट जीवनवाले बनें।

भावार्थ—सोम की कृपा से हमें प्रकाश, प्रकृष्ट आनन्द तथा सुख-समृद्धि प्राप्त हो।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दक्ष-क्रतु-कामसंहार

१०४९. सना दक्षमुत क्रतुमप सोम मृधो जहि। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ ३॥

हे सोम=प्रभो! हमें दक्षम्=बल सना=प्राप्त कराइए। दक्ष शब्द में मानस शक्ति (Mental power) योग्यता (ability), दृढ़निश्चय (resoluteness) व शक्ति (Strength) की भावना अन्तर्निहित है। प्रभुकृपा से हमें यह 'मानसबल, योग्यता, दृढ़निश्चय व शक्ति' प्राप्त हो। २. उत=और क्रतुम् (Intelligence, deliberation, Inspiration; Enlightenment) बुद्धि, विचार, प्रेरणा व

प्रकाश सना-दीजिए। क्रतुम्-हम प्रत्येक कार्य को योग्यता से करनेवाले हों (Efficiency)। हमारा प्रत्येक कार्य सोद्देश्य हो (plan, design, purpose)। हम अपने कर्मों को दृढ़-सङ्कल्प के साथ करें (Resolution)। हमारा प्रत्येक कार्य प्रभु-चरणों में अर्पित हो (offering worship)। हम अपने पवित्र कर्मों से प्रभु की उपासना कर रहे हों। ३. हे सोम! आप मृधः-हमारे कामादि शत्रुओं को अपजहि-हमसे सुदूर नष्ट कीजिए। कामादि शत्रुओं के संहार से अथ-अब नः-हमें वस्यसः-उत्तम जीवनवाला कृधि-कीजिए।

भावार्थ—सोम के द्वारा हमें दक्षता प्राप्त हो, हम क्रतुमय जीवनवाले हों—कामादि का संहार कर जीवन को सुन्दर बनाएँ।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्रता, जितेन्द्रियता, रक्षा

१०५०. पवीतारः पुनीतन सोममिन्द्राय पातवे। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ ४॥

पवीतारः-हे जीवनों को पवित्र करनेवाले! सोमम्-अपने सोम को पुनीतन-पवित्र करो। अपनी वीर्यशक्ति को वासनाओं के नाश द्वारा पवित्र रखने के लिए यत्नशील होओ और इस सोम की पवित्रता के द्वारा सोमम्-उस सोम्—ब्रह्माण्ड के उत्पादक प्रभु को पुनीतन-देखने में समर्थ Discern बनो। १. इन्द्राय-प्रभु-प्राप्ति के लिए या इन्द्रियों के अधिष्ठाता सचमुच इन्द्र बनने के लिए भी सोम को पवित्र करो। ३. पातवे-अपने शरीर को रोगादि से सुरक्षित करने के लिए भी सोम-पान आवश्यक ही है। इस सोम-पान के बाद ही यह प्रार्थना शोभा देती है कि अथ नः वस्यसः कृधि-हमारे जीवनों को उत्कृष्ट बनाओ। बिना सोम-पान के जीवन का उत्कर्ष सम्भव नहीं।

भावार्थ—हमारा जीवन पवित्र हो। हम जितेन्द्रिय हों, रोगादि से अपनी रक्षा करनेवाले हों।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्वर्ग-लोक-वास

१०५१. त्वं सूर्य न आ भज तव क्रत्वा तवोतिभिः। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ ५॥

हे प्रभो! त्वम्-आप तव क्रत्वा-अपनी प्रेरणा के द्वारा (क्रतु—inspiration) और तव ऊतिभिः-अपने रक्षणों के द्वारा नः-हमें सूर्ये-ज्योति में (सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः—यजुः० ३.९), स्वर्गलोक में (स्वर्गो वै लोकः सूर्यो ज्योतिरुत्तमम्—शत० १२.९.२.८) आभज-सर्वथा भागी बनाओ, अर्थात् हे प्रभो! हम प्रेरणा प्राप्त करके आपके रक्षणों से ज्योति प्राप्त करें तथा ज्योति की प्राप्ति द्वारा हमारा स्वर्गलोक में निवास हो और इस प्रकार अथ नः वस्यसः कृधि-अब हमारा जीवन उत्तम हो।

भावार्थ—प्रभु की प्रेरणा व रक्षण से हम उत्तम ज्योति को प्राप्त करके स्वर्गलोक में निवास करनेवाले हों।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सदा सूर्य के सम्पर्क में

१०५२. तव क्रत्वा तवोतिभिर्ज्योक् पश्येम सूर्यम्। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ ६॥

हे प्रभो! हम तव क्रत्वा-आपकी प्रेरणा से तथा तव ऊतिभिः-आपकी रक्षाओं से ज्योक्-

दीर्घकाल तक सूर्यं पश्येम-सूर्य का दर्शन करनेवाले बनें। दीर्घकाल तक सूर्य-दर्शन यह मुहाविरा वेद में दीर्घ-जीवन के लिए आता है। 'हम सूर्यदर्शन से विच्छिन्न न हों'—यह प्रार्थना आयुष्यसूक्तों में उपलभ्य है। यह सूर्य नाशक रक्षसों का—रोगकृमियों का नाश करनेवाला है। रोगकृमियों का नाश करके यह दीर्घजीवन का कारण बनता है। प्रभु हमें सदा सूर्यदर्शन में रहने की प्रेरणा देते हैं। वेद में उन्हीं घरों को उत्तम समझा गया है, जिनमें सूर्य-किरणों का खूब प्रवेश होता है।' इस प्रकार हे प्रभो! अथ नः वस्यसः कृधि-आप हमारे जीवनों को श्रेष्ठ बना दीजिए।

भावार्थ—सूर्य मित्र है—मृत्यु से बचानेवाला है। इस तत्त्व को समझकर हम अधिक-से-अधिक सूर्य-दर्शन में निवास करनेवाले बनें।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'द्विबर्हस् रयि'-ब्रह्म+क्षत्र

१०५३. अभ्यर्ष स्वायुध सोम द्विबर्हसं रयिम्। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ ७॥

हमारे मनों पर वासनाओं का आक्रमण होता है, परन्तु यदि हम मन में प्रभु का स्मरण करते हैं तो इन वासनाओं का आक्रमण नहीं हो पाता। वे प्रभु 'स्वायुध' हैं—हमारे उत्तम आयुध हैं। प्रभु के द्वारा हम इन कामादि शत्रुओं को पराजित कर पाते हैं। हे स्वायुध-हमारे उत्तम आयुधरूप सोम-परमात्मन्! आप हमें द्विबर्हसम्-द्युलोक व पृथिवीलोक में—मस्तिष्क व शरीर में रयिम्-सम्पत्ति को अभ्यर्ष-प्राप्त कराइए। आपकी कृपा से हमें मस्तिष्क की सम्पत्ति 'ज्ञान' तथा शरीर की सम्पत्ति 'बल' दोनों ही प्राप्त हों। हमें 'ब्रह्म व क्षत्र' दोनों ही प्राप्त हों और इस प्रकार हे प्रभो! अथ नः वस्यसः कृधि-आप हमारे जीवनों को उत्कृष्ट बनाइए।

भावार्थ—हम प्रभु को अपना आयुध बनाएँ—शत्रुओं का विनाश करें और अपने 'ब्रह्म' व 'क्षत्र' का विकास करें।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अनपच्युत्-अविचलित

१०५४. अभ्या ३र्षानपच्युतो वाजिन्त्समत्सु सासहिः। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ ८॥

सब दिव्य गुणों की नींव 'धृति' है। विचलित न होना ही तो धर्म के मार्ग पर आक्रमण करना है। स्तुतिनिन्दा, आगम-अपाय व जीवन-मृत्यु यदि हमें विचलित नहीं होने देते तो हम धर्म को अपना पाते हैं। हे प्रभो! आप ही वाजिन्-शक्तिशाली हैं। आप ही हमें अनपच्युतः-(अच्युत्-अनपच्युत् द्वितीया का बहुवचन) स्थिर वृत्तियों को अभ्यर्ष-प्राप्त कराइए। समत्सु-कामादि से होनेवाले संग्रामों में आप ही सासहिः-शत्रुओं का अत्यन्त पराभव करनेवाले हैं। इनका पराभव करके आप ही अच्युत-अविचलित बनाते हैं। हे प्रभो! अथ नः वस्यसः कृधि-इस प्रकार आप हमारे जीवनों को श्रेष्ठ बनाइए।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हम काम-संग्राम में विजयी बनकर धर्म-मार्ग में अच्युत बनें।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मन्त्रों द्वारा प्रभु का वर्धन

१०५५. त्वां यज्ञैरवीवृधन् पवमान विधर्मणि। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ ९॥

हे पवमान-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाले प्रभो! विधर्मणि-विशिष्ट धारण के निमित्त, अर्थात् अपना उत्तम धारण करने के लिए 'हिरण्यस्तूप' लोग त्वाम्-आपको ही यज्ञैः-यज्ञों से अवीवृधन्-बढ़ाते हैं। यज्ञों के द्वारा ये लोग आपकी ही उपसाना करते हैं। 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'-उस यज्ञरूप प्रभु की देवलोग यज्ञों से ही उपासना करते हैं। हे पवमान-प्रभो! इस प्रकार हमारे जीवनों में यज्ञ की प्रेरणा देकर अथ नः वस्यसः कृधि-आप हमारे जीवनों को उत्कृष्ट बनाइए।

भावार्थ—हम यज्ञों द्वारा प्रभु का वर्धन करें और अपने जीवनों को श्रेष्ठ बनाएँ।

ऋषिः—हिरण्यस्तूपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'चित्र, अश्विन्, विश्वायु' धन

१०५६. रयिं नश्चित्रमश्विनमिन्दो विश्वायुमा भर। अथा नो वस्यसस्कृधि॥ १०॥

हे इन्दो-परमैश्वर्यशाली प्रभो! आप नः-हममें रयिं आभर-धन का पोषण कीजिए। कौन-से धन का? १. चित्रम् (चत्+र)-जो धन हममें ज्ञान का पोषण करनेवाला है। सामान्यतः धन को ज्ञान का विरोधी समझा जाता है। हमारा धन ज्ञान के अनुकूल हो, ज्ञान का वर्धन करनेवाला हो। हम धन को ज्ञान के साधन जुटाने में व्यय करनेवाले बनें। २. अश्विनम्-('इन्द्रियाणि हयानाहुः' इस वाक्य के अनुसार अश्व का अर्थ इन्द्रियाँ हैं तथा 'इन् प्रत्यय' प्रशस्त अर्थ में आया है) जो धन प्रशस्त इन्द्रियोंवाला है, अर्थात् जिस धन को प्राप्त करके हम सात्त्विक भोजनादि साधनों को जुटाकर प्रशस्त इन्द्रियोंवाले बनते हैं। भोगासक्त होकर हम इन्द्रियशक्तियों को जीर्ण नहीं कर लेते। एवं, धन वही ठीक है जोकि हमें भोगासक्त नहीं करता और इस प्रकार अ-परमात्मा की ओर श्व-गतिवाला करता है और विश्वायुम्-अन्त में धन वह चाहिए जो हमें पूर्ण आयु को प्राप्त करानेवाला हो अथवा 'विश्वम् एति' उस सर्वव्यापक प्रभु को प्राप्त कराए।

इस प्रकार ज्ञान को बढ़ानेवाले (विश्वम्), इन्द्रियों को प्रशस्त करनेवाले (अश्विनम्) तथा पूर्ण आयु को प्राप्त करानेवाले अथवा सर्वव्यापक प्रभु तक पहुँचानेवाले (विश्वायुम्) धन को प्राप्त कराकर हे प्रभो! आप अथ नः वस्यसः कृधि-हमारे जीवनों का उत्कृष्ट बना दीजिए।

भावार्थ—हम ऐसा धन प्राप्त करें जो हमें भोगासक्त न करके प्रभु को प्राप्त करानेवाला हो।

सूक्त-५

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०५७. तरत्स मन्दी धावति धारा सुतस्यान्धसः। तरत्स मन्दी धावति॥ १॥

५०० संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रातः जागरण

१०५८. उस्रा वेद वसूनां मर्तस्य देव्यवसः। तरत्स मन्दी धावति॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि 'अवत्सार काश्यप'-जब शरीर की सारभूत वस्तु सोम की रक्षा करनेवाला होता है और परिणामतः ज्ञानी बनता है तब १. उस्रा-उषःकाल उसे वसूनाम्-सब उत्तम वस्तुओं को (वसु=goods) वेद-प्राप्त कराता है। यह प्रातःकाल जागता है और जीवन को उत्तम बनाने के

सङ्कल्प से अपने दिन को प्रारम्भ करता है। २. यह उषःकाल तो वस्तुतः मर्तस्य=सामान्य मरणधर्मा मनुष्य को देवी=दिव्य जीवनवाला बना देता है। अन्यत्र वेद में इसी भावना को, 'उषर्बुधो हि देवाः'='देव प्रातः जागरणवाले होते हैं', इन शब्दों से व्यक्त किया गया है। उषा 'मर्तस्य देवी' है। मनुष्य को देवता बना देती है। ३. अवसः=इस उषा के रक्षण से तरत्=सब विघ्नों को पार करता हुआ सः=वह 'अवत्सार' मन्दी=एक विशेष ही आनन्दयुक्त जीवनवाला बनकर धावति=आगे बढ़ता चलता है। आगे बढ़ने के साथ ही अधिक शुद्ध होता जाता है (धाव्=गति+शुद्धि)।

भावार्थ—प्रातः जागरण से १. हम उत्तमताओं को प्राप्त करें, २. सामान्य मनुष्य की स्थिति से ऊपर उठकर देव बन जाएँ और ३. विघ्नों को तैरते हुए उल्लास के साथ आगे बढ़ते चलें।

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राण और व्यान

१ १ २ १ २ २ १ २१ २ १ १ १
१०५९. ध्वस्रयोः पुरुषन्त्योरा सहस्राणि दद्महे। तरत्स मन्दी धावति॥ ३॥

शरीर के सब मलों व रोगकृमियों को प्राणापानशक्ति ही ध्वस्त करती है, अतः इन्हें यहाँ 'ध्वस्र' नाम दिया गया है—ध्वंस करनेवाले। मलों को ध्वस्त करके ये प्राणापान हमारे शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्ग के पालन व पोषण के लिए (पुरु) विविध षन्ति=gift=शक्तियों की भेंटों को प्राप्त कराते हैं, अतः ये 'पुरु-षन्ति' नामवाले हो गये हैं। इन ध्वस्रयोः=मलों का ध्वंस करनेवाले पुरुषन्त्योः=पालन व पूरण करनेवाली शक्तियों की भेंट देनेवाले प्राणापानों के सहस्राणि=(सहस्+र) शक्ति-दानों को आदद्महे=हम स्वीकार करते हैं। सहस्र शब्द 'सहस्=बल को राति=देता है' इस व्युत्पत्ति से 'शक्तिदान' का वाचक है। सारी शक्ति का दान प्राणापान ही पर निर्भर करता है। इन प्राणापानों से शक्ति प्राप्त करनेवाला सः=वह 'अवत्सार' तरत्=विघ्नों व रोगों को तरता हुआ मन्दी=उल्लासमय जीवनवाला धावति=आगे और आगे बढ़ता है और अधिकाधिक शुद्ध होता जाता है।

भावार्थ—प्राणापान 'ध्वस्र' हैं, 'पुरु-षन्ति' हैं, इस तत्त्व को समझकर हम इनसे शक्तिदान प्राप्त करनेवाले हों।

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निरन्तर प्राणसाधना

१ १ १ १ १ १ १ २ १ १ २ २१ २ १ १ २
१०६०. आ ययोस्त्रिंशतं तना सहस्राणि च दद्महे। तरत्स मन्दी धावति॥ ४॥

ययोः=जिन प्राणापानों के तना=(तना—धननाम—नि० २-१०) धनों को अथवा विस्तार को (तनु विस्तारे) च सहस्राणि=और शक्तिदानों को त्रिंशतम्=तीसों दिन, अर्थात् बिना एक भी दिन के विच्छेद के आदद्महे=हम स्वीकार करते हैं, लेने का प्रयत्न करते हैं तो तरत्=योग-मार्ग के सब विघ्नों को पार करता हुआ सः=यह 'अवत्सार काश्यप' मन्दी=आनन्दमय जीवनवाला होकर धावति=मार्ग पर तीव्रता से बढ़ता है और शुद्ध जीवनवाला होता है।

योगदर्शन में इसी भावना को 'दीर्घकाल और नैरन्तर्य' शब्दों के प्रयोग से कहा गया है। हमें श्रद्धापूर्वक प्राणसाधना में लगना चाहिए। त्रिंशतम्=यह द्वितीया विभक्ति का प्रयोग 'अत्यन्त संयोग' को कहता हुआ निरन्तर प्राणसाधना पर बल दे रहा है। 'तीसों दिन', अर्थात् लगातार, प्रतिदिन,

बिना विच्छेद के।

भावार्थ—निरन्तर प्राणसाधना में लगे रहेंगे तो प्राणों के धन व बल को प्राप्त करेंगे। योग की विभूतियाँ ही प्राणों का धन है।

सूक्त-६

ऋषिः—जमदग्निः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शान्त व शक्तिशाली

१०६१. एते सोमा असृक्षत गृणानाः शवसे महे। मदिन्तमस्य धारया॥ १॥

वे प्रभु 'मदिन्तम' हैं, वे अत्यन्त आनन्दमय हैं। वे तो 'रस' ही हैं। उस मदिन्तमस्य=अत्यन्त रसमय प्रभु की धारया=वेदवाणी से गृणानाः=स्तवन करते हुए एते=ये सोमाः=अत्यन्त सौम्य स्वभाववाले उपासक महे शवसे=महान् बल के लिए असृक्षत=निर्मित होते हैं। प्रभु अत्यन्त आनन्दमय हैं। उनकी वाणी में कहीं क्रोध व द्वेष की झलक नहीं है। उस वाणी से स्तुति करते हुए भक्त भी शान्त स्वभाव के बनते हैं और अपने जीवन में एक महान् प्रशस्त बल को अनुभव करते हैं। इनका बल सात्त्विक बल होता है। ये शक्तिशाली होते हुए सदा शान्त होते हैं।

यह शान्त भक्त वेदवाणी द्वारा प्रभु-स्तवन करता हुआ उस प्रभुरूप अग्नि को अपनी हृदयवेदि पर प्रज्वलित करता है। प्रज्वलिताग्नि होकर 'जमदग्नि' कहलाता है। इस अग्नि द्वारा अपना ठीक परिपाक करनेवाला यह 'भार्गव' है (भ्रस्ज् पाके)। प्रभुरूप अग्नि में पड़कर यह स्वयं अग्निरूप हो जाता है।

भावार्थ—आनन्दमय प्रभु की वाणी से प्रभु का स्तवन करते हुए हम शान्त व शक्तिशाली बनें।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

परिव्राजक

१०६२. अभि गव्यानि वीतये नृम्णा पुनानो अर्षसि। सनद्वाजः परि स्रव॥ २॥

प्रभु मन्त्र के ऋषि 'जमदग्नि भार्गव' से कहते हैं कि तू गव्यानि=(गोर्वाक् तद्विकारभूतानि शास्त्रवचनानि) वेदवचनों की अभि अर्षसि=ओर जाता है, अर्थात् तू निरन्तर वेदवाणियों को अपनाता है। १. वीतये=सब प्रकार के दुरितों के निरसन के लिए (वी असन)। वेदवाणियों के श्रवण व मनन से तू अपने दुरितों व मलों को दूर करता है और २. नृम्णा पुनानः=अपने बलों को पवित्र करता है। पवित्र बल में हिंसा की भावना नहीं होती—यह बल 'शान्त' होता है।

सनत् वाजः=बलों का सेवन करनेवाला तू परिस्रव=(स्रु गतौ) चारों ओर इस वेदवाणी के प्रचार के लिए गतिवाला हो—परिव्राजक बन।

भावार्थ—१. ब्रह्मचर्याश्रम में वेदवाणी को अपनाएँ, २. गृहस्थ में दुरितों को दूर करें, ३. वनस्थ होकर अपने बलों को पवित्र करें और ४. संन्यास में शक्तिशाली बनकर वेदवाणी के प्रचारार्थ परिव्राजक बनें।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-प्रेरणा की प्राप्ति

१०६३. उत नो गोमतीरिषो विश्वा अर्ष परिष्टुभः। गृणानो जमदग्निना॥ ३॥

प्रभु शान्त भक्त से कहते हैं कि जमदग्निना=जिस भी व्यक्ति ने अपने अन्दर मेरे (प्रभु के) प्रकाश को प्रकट किया है, उससे गृणानः=उपदेश किया जाता हुआ तू नः=हमारी इन गोमती=प्रशस्त वेदवाणीवाली विश्वाः परिष्टुभः=चारों ओर सब विषयों का प्रतिपादन करनेवाली (स्तुभ=to celebrate) इषः=(विज्ञान—द० ऋ० ३.५४.२२) विज्ञानों को, चार भागों में विभक्त वेदवाणीरूप प्रेरणाओं को उत=निश्चय से अर्ष=प्राप्त हो।

जब यह जमदग्नि परिव्राजक बनकर प्रचार करता है तब इससे उपदिष्ट होकर मनुष्य प्रशस्त ज्ञानवाली, सब सत्य ज्ञानों को देनेवाली वेदवाणियों को प्राप्त होता है।

भावार्थ—हम उपदेशों को सुनें व ज्ञान को प्राप्त करें।

सूक्त-७

ऋषिः—कुत्स आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

१०६४. इमं स्तोममर्हते जातवेदसे रथमिव सं महेमा मनीषया।
भद्रा हि नः प्रमतिरस्य संसद्यग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव॥ १॥

६६ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—कुत्स आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

अग्नि की मित्रता में

१०६५. भरामेध्मं कृणवामा हवींषि ते चितयन्तः पर्वणापर्वणा वयम्।
जीवातवे प्रतरां साधया धियोऽग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव॥ २॥

'कुथ हिंसायाम्' धातु से बना 'कुत्स' शब्द उस व्यक्ति का वाचक है जो काम-क्रोधादि की हिंसा कर पाता है। यह कामादि के संहार से ही अपने को शक्तिशाली बनाकर 'आङ्गिरस' अङ्ग-प्रत्यङ्ग में रसवाला होता है। लोच-लचक बने रहने से यह दीर्घजीवनवाला बनता है और कामना करता है कि—१. हे प्रभो! हम इध्मं भरामः=ज्ञान की दीप्ति (इन्धू—दीप्ति) व ब्रह्मतेज को अपने में धारण करें। २. हवींषि कृणवाम=सदा दानपूर्वक अदन करनेवाले बनें। ३. पर्वणा-पर्वणा=प्रत्येक सन्धिकाल में, अर्थात् प्रतिदिन प्रातः=सायं हे प्रभो! वयम्=हम ते=आपका चितयन्तः=ध्यान करनेवाले बनें। पर्वणा-पर्वणा का अभिप्राय (पर्व पूरणे) अपने 'पूरण के हेतु से' भी है, अर्थात् अपने में आपके तेज को भरने के लिए हम आपका स्मरण करते हैं। ४. हे प्रभो! हम आपका ध्यान करते हैं। आप जीवातवे=दीर्घजीवन के लिए धियः=हमारे प्रज्ञानों व कर्मों को प्रतराम्=खूब अधिक साधय=सिद्ध कीजिए। हमारे ज्ञान व कर्म आपकी कृपा से ऐसे हों कि हमारे दीर्घ-जीवन का कारण बनें। १. हे अग्ने=हमारी अग्रगति के साधक प्रभो! तव सख्ये=आपकी मित्रता में वयम्=हम मा रिषाम=हिंसित न हों। हम सदा आपकी मित्रता में चलें और वासनाओं के शिकार न हों।

भावार्थ—१. हम ज्ञान को अपने में भरें, २. यज्ञमय जीवन बिताएँ, ३. सदा प्रभु का ध्यान करें, ४. दीर्घजीवन के अनुकूल ज्ञानों व कर्मों को करें, ५. प्रभु की मित्रता में रहकर वासनाओं से हिंसित न हों।

ऋषिः—कुत्स आङ्गिरसः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

आदित्यों की प्राप्ति

१०६६. शकेम त्वा समिधं साधया धियस्त्वे देवा हविरदन्त्याहुतम्।
त्वमादित्याँ आ वह तान् ह्यू३श्मस्यग्ने सख्ये मा रिषामा वयं तव ॥ ३ ॥

१. हे प्रभो! त्वा=आपको समिधम्=अपने में दीप्त करने के लिए शकेम=हम समर्थ हों। हे प्रभो! हम अपने अन्तःकरणों में आपकी ज्योति को देख सकें। २. धियः=आप हमारे प्रज्ञानों व कर्मों को साधय=सिद्ध कीजिए। हमारे ज्ञान व कर्म हमें आपके अधिकाधिक समीप प्राप्त करानेवाले बनें। ३. देवाः=देववृत्ति के लोग त्वे=आपमें आहुतम्=दी हुई हविः=यज्ञशेष अमृतरूप हवि को अदन्ति=खाते हैं, पाँचों यज्ञों को करके बचे हुए भोजन को ही करनेवाले होते हैं। ४. हे प्रभो! त्वम्=आप आदित्यान् आवह=हमें आदित्य विद्वानों को प्राप्त कराइए तान् हि उश्मसि=हम उन्हें ही चाहते हैं। उनके सम्पर्क में आकर ही हम गुणों का उपादान कर सकेंगे। ५. हे अग्ने=हमारी उन्नति के साधक प्रभो! वयम्=हम तव सख्ये=आपकी मित्रता में निवास करते हुए मा रिषाम=हिंसित न हों।

भावार्थ—हे प्रभो! हम आपकी दीप्ति को देखें और आपकी मित्रता में हिंसित न हों।

सूक्त-८

ऋषिः—वसिष्ठो मैत्रावरुणिः ॥ देवता—आदित्यः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मित्र व वरुण का स्तवन

१०६७. प्रति वां सूर उदिते मित्रं गृणीषे वरुणम्। अर्यमणं रिशादसम् ॥ १ ॥

वैदिक योगशास्त्र में 'मित्र' प्राण है और 'वरुण' अपान है। प्राणापान की साधना के द्वारा अपने पर वश करनेवाला वसिष्ठ 'मैत्रावरुणि' है। प्रस्तुत मन्त्रों का यही ऋषि है। यह प्राणापान को ही सम्बोधित करके कहता है कि वाम्=आप दोनों में से प्रति सूरे उदिते=प्रतिदिन सूर्योदय के समय मित्रम्=प्राण ही अर्यमणम्=(अरीन् नियच्छति—नि० ११.२३) कामादि शत्रुओं का संहार करता है और (अर्यमेति तमाहुः यो ददाति—तै० १.१.२) शक्ति देता है, इस रूप में गृणीषे=स्तुति करता हूँ। वरुणम्=अपान का (अपानो वरुणः—शत० ८.४.२.६) रिशादसम्='हिंसकों का खा जानेवाला है अथवा हिंसकों का नाश करनेवाला है', इस रूप में (गृणीषे) स्तवन करता हूँ।

प्राण शक्ति देता है, तो अपान दोषों को दूर करता है। इन प्राणापानों की इस रूप में स्तुति करता हुआ वसिष्ठ प्राणापान की साधना करता है। इनकी साधना करके वह उत्तम जीवनवाला 'वसिष्ठ'=अतिशयेन वसुमान् बनता है।

भावार्थ—प्राणापान की साधना से नीरोगता, निर्मलता व बुद्धि की विशिष्टता प्राप्त होती है।

ऋषिः—वसिष्ठो मैत्रावरुणिः ॥ देवता—आदित्यः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शक्ति+मति

१०६८. राया हिरण्यया मतिरियमवृकाय शवसे। इयं विप्रा मेधसातये ॥ २ ॥

प्राणापान की साधना से वीर्य सुरक्षित होता है। इसके साथ ही एक मननशक्ति भी प्राप्त होती है, जिसके कारण मनुष्य अपनी शक्ति का प्रयोग हिंसा के लिए नहीं करता। मन्त्र में कहते हैं हिरण्यया राया-वीर्यरूप सम्पत्ति के साथ इयं मतिः-यह बुद्धि व विचारशक्ति भी मिलती है, जिसके परिणामस्वरूप मनुष्य अवृकाय-औरों के जीवन का आदान न करनेवाले, अर्थात् अहिंसक शवसे-बल के लिए होता है। वह शक्ति तो प्राप्त करता है, परन्तु उसकी शक्ति संहार के लिए नहीं होती।

इयम्-यह मति और शक्ति विप्रा-विशेषरूप से वसिष्ठ के जीवन का पूरण करनेवाली होती है और अन्त में मेधसातये-उस यज्ञरूप प्रभु की प्राप्ति के लिए होती है। संक्षेप में प्राणापान (मित्र+वरुण) की साधना के निम्न लाभ हैं—१. वीर्य-सम्पत्ति प्राप्त होती है (राया हिरण्यया)। २. मननशक्ति बढ़ती है—मनुष्य विचारशील बनता है (मतिः)। ३. इस प्राणसाधक का बल रक्षक होता है न कि हिंसक (अवृकाय शवसे)। ४. यह जीवन की न्यूनताओं को दूर करनेवाली होती है, ५. अन्त में प्रभु को प्राप्त कराती है।

भावार्थ—हम प्राणसाधना द्वारा शक्ति व मति को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—वसिष्ठो मैत्रावरुणिः॥ देवता—आदित्यः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रेरणा व प्रकाश

१०६९. ते स्याम देव वरुण ते मित्र सूरिभिः सह। इषं स्वश्च धीमहि॥ ३॥

हे देव मित्र वरुण-दिव्य गुणों को जन्म देनेवाले प्राण और अपान ते-वे हम ते-तुम्हारे स्याम-हों, अर्थात् सदा तुम्हारी साधना में लगे हुए हम तुम्हारे आराधक बनें। प्राणापान को क्षीण करनेवाली किसी भी वस्तु को न अपनाएँ—उसका सेवन न करें। युक्ताहार-विहार, कर्मों में युक्त चेष्टा तथा युक्त स्वप्नावबोधवाले होकर हम तुम्हारी साधना में तत्पर रहें और इस प्रकार प्राणसाधना से अपनी बुद्धियों को सूक्ष्म करके सूरिभिः सह-विद्वानों के सम्पर्क में रहते हुए इषम्-वेद में दी गयी प्रभु-प्रेरणा को स्वः च-और प्रकाश को धीमहि-अपने में धारण करें।

भावार्थ—प्राणापान की साधना से हम बुद्धियों को सूक्ष्म करके प्रभु की प्रेरणा व प्रकाश को प्राप्त करें।

सूक्त-९

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०७०. भिन्धि विश्वा अप द्विषः परि बाधो जही मृधः। वसु स्पार्ह तदा भर॥ १॥

१२४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निरन्तर वसु-लाभ

१०७१. यस्य ते विश्वमानुषग्भूरेर्दत्तस्य वेदति। वसु स्पार्ह तदा भर॥ २॥

हे प्रभो! भूरेः-(भृ-धारणपोषण) धारण-पोषण के लिए आवश्यक ते यस्य-आपके जिस दत्तस्य-दान का विश्वम्-सम्पूर्ण संसार आनुषक्-निरन्तर वेदति-लाभ प्राप्त करता है, तत्-उस

स्याहम् वसु-स्पृहणीय धन को आभर=मुझमें भी पूर्ण कीजिए। आपकी कृपा से मैं भी अपनी जीवन-यात्रा में क्रमशः आवश्यक धनों को प्राप्त करता चलूँ। आवश्यक धन की मुझे कमी न रहे। आपकी कृपा से कण-कण करके सम्पत्ति का संचय करते हुए मैं अपने शरीर, मन और बुद्धि तीनों को ही दीप्त बनाकर इस मन्त्र का ऋषि 'त्रिशोक काण्व' बन जाऊँ।

भावार्थ—हम समय-समय पर जीवन-यात्रा के लिए आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०७२. यद्गीडाविन्द्र यत् स्थिरे यत् पशाने पराभृतम्। वसु स्पार्हं तदा भर॥ ३॥

२०७ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

सूक्त-१०

ऋषिः—श्यावाश्व आत्रेयः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र+अग्नि

१०७३. यज्ञस्य हि स्थ ऋत्विजा सस्नी वाजेषु कर्मसु। इन्द्राग्नी तस्य बोधतम्॥ १॥

"प्राणापानौ वा इन्द्राग्नी"—गो० २.१ से स्पष्ट है कि इन्द्राग्नी का अभिप्राय प्राणापान से है। तै० १.६.४.३ में "प्राणापानौ वा एतौ देवानां यदिन्द्राग्नी" इन शब्दों में देवों के प्राणापान को इन्द्राग्नी नाम दिया है। जब मनुष्य प्राणापान का प्रयोग सामान्य क्षुधा-तृषा इत्यादि के मिटाने में ही न कर, खान-पान की दुनिया से ऊपर उठकर, आध्यात्मक्षेत्र में विचरता है और देवमार्ग पर चलता है तब प्राणापान 'इन्द्राग्नी' नामवाले हो जाते हैं। 'ब्रह्मक्षत्रे वा इन्द्राग्नी' कौ० १२.८ के शब्दों में ये ज्ञान और बल के संस्थापक हैं। ऐ० २.३६ में इन्हें "इन्द्राग्नी वै देवानामोजिष्ठौ बलिष्ठौ सहिष्ठौ सप्तमौ पारयिष्णुतमौ" कहा गया है। ये ओज, बल व साहस को देनेवाले हैं, श्रेष्ठतम हैं और सब कार्यों में सफल बनानेवाले हैं। 'इन्द्राग्नी वै विश्वेदेवाः'—शत० २.४.४.१३ के अनुसार इन्द्राग्नी ही सब दिव्य गुणों को जन्म देनेवाले हैं। प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि इन प्राणापान के द्वारा ही गतिशील बनकर 'श्यावाश्व' (गतिशील इन्द्रियोंवाला) कहलाया है, त्रिविध दुःखों व शोकों से ऊपर उठकर 'आत्रेय' हुआ है। यह प्राणापान को ही सम्बोधित करके कहता है कि—१. हे इन्द्राग्नी=प्राणापानो! हि=निश्चय से आप दोनों यज्ञस्य=मेरे जीवन-यज्ञ के ऋत्विजा स्थ=ऋत्विज हो। आपकी कृपा से ही मेरा यह जीवन-यज्ञ चल रहा है। २. आप ही वाजेषु=सब बलों में तथा कर्मसु=कर्मों में सस्नी=मुझे खूब शुद्ध करनेवाले हो। शक्ति तथा कर्मों के द्वारा सब मलों को दूर करनेवाले हो। ३. इस प्रकार शुद्ध बनाकर हे प्राणापानो! तस्य=उस प्रभु का बोधतम्=ज्ञान दो। प्राणापान की साधना से ही हमारे ब्रह्म व क्षत्र (ज्ञान+बल) विकसित होते हैं और हम ब्रह्म के समीप पहुँच जाते हैं।

भावार्थ—प्राणापान ही जीवन-यज्ञ को ठीक से चलाते हैं, हमारी शक्तियों व कर्मों को पवित्र करते हैं और अन्त में हमें प्रभु को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्व आत्रेयः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सदा अपराजित

१०७४. तोशासा रथयावाना वृत्रहणापराजिता। इन्द्राग्नी तस्य बोधतम्॥ २॥

हे प्राणापानो! आप १. तोशासा=शरीर में रोगों का कारण बननेवाले सब कृमियों का संहार करनेवाले हो (तोश=हिंसा)। प्राणापान की साधना का पहला परिणाम 'आरोग्य' है। २. नीरोगता प्राप्त कराके रथयावाना=आप इस शरीररूप रथ को जीवन-यात्रा की पूर्ति के लिए मार्ग पर ले-चलनेवाले हो। जीवन-यज्ञ के ऋत्विज हो। जीवन-यात्रा की पूर्ति के लिए प्रभु ने यह शरीररूप रथ दिया है। इसमें ये प्राणापान किसी प्रकार की कमी नहीं आने देते। ३. वृत्रहणा=मन में उत्पन्न हो जानेवाली वासनाएँ ही 'वृत्र' हैं। ये वासनाएँ मनुष्य के ज्ञान पर पर्दा-सा डाल देती है, तभी तो 'वृत्र' हैं। ज्ञान के आवृत हो जाने पर अन्धकार में रथ यात्रा-मार्ग से भ्रष्ट हो जाता है या कहीं टकराकर टूट-फूट जाता है। ये प्राणापान इन वृत्रों का हनन कर देते हैं और यात्रा-मार्ग को प्रकाशमय रखते हैं। ४. अपराजिता-ये प्राणापान इन विघ्नों से कभी पराजित नहीं होते। असुरों ने इन्द्रियों पर आक्रमण करके उन्हें पराजित कर दिया था, परन्तु प्राणापान से टकराकर वे स्वयं चूर्ण हो गये थे। ये इन्द्राग्नी पराजित होनेवाले नहीं। 'इन्द्राग्नी देवानामोजस्वितमौ'—शत० १३.१.२.६ ये प्राणापान सर्वाधिक ओजस्वी हैं—ये सब विघ्नों को जीतनेवाले, सदा अपराजित हैं। ५. इन्द्राग्नी=हे प्राणापानो! आप हमारी यात्रा को निर्विघ्न पूर्ण करके हमें तस्य=उस प्रभु का बोधतम्=ज्ञान प्राप्त कराओ।

भावार्थ—प्राणापान शरीर को नीरोग कर, शरीररूप रथ को मार्ग पर ले-चलते हैं, मार्ग में आनेवाले विघ्नों को नष्ट करते हैं। सदा अपराजित होते हुए प्रभु को प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—श्यावाश्व आत्रेयः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मधुविद्या व ब्रह्मदर्शन

१०७५. इदं वां मदिरं मध्वधुक्षन्नद्रिभिर्नरः। इन्द्राग्नी तस्य बोधतम्॥ ३॥

शरीर में उत्पन्न सोम को 'मधु' कहते हैं। इस सोम से जीवन में एक उल्लास पैदा होता है, अतः इस मधु को 'मदिर' कहा गया है। इस सोम की रक्षा से ऊँचे-से-ऊँचा ज्ञान भी प्राप्त होता है, इस सोमज्ञान को ही 'मधुविद्या' के नाम से कहा गया है। यह मधुविद्या 'अश्विनी देवों' (प्राणापानों) को ही दी गयी है। इसका अभिप्राय यही है कि प्राणापान की साधना से इसे हम प्राप्त कर पाते हैं, अतः यहाँ मन्त्र में कहते हैं कि इदम्=इस वाम्=आपके मदिरम्=जीवन में उल्लास पैदा करनेवाले मधु=ब्रह्मज्ञान को नरः=जीवन-पथ पर आगे बढ़नेवाले लोग अद्रिभिः=आदरणीय गुरुओं की सहायता से अधुक्षन्=अपने में दुहते हैं—अपने मस्तिष्क को उस ज्ञान से परिपूर्ण करते हैं।

हे इन्द्राग्नी=प्राणापानो! इस प्रकार आप हमें तस्य=उस सर्वत्र परिपूर्ण ब्रह्म का बोधतम्=ज्ञान दो।

भावार्थ—प्राणापान की साधना हमें आदरणीय गुरुओं से मधुविद्या को प्राप्त करने योग्य बनाए और हम प्रभु का दर्शन करनेवाले बनें।

सूक्त-११

ऋषिः—कश्यपो मारीचः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०७६. इन्द्रायेन्दो मरुत्वते पवस्व मधुमत्तमः। अर्कस्य योनिमासदम्॥ १॥

४७२ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—कश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०७७. तं त्वा विप्रा वचोविदः परिष्कृण्वन्ति धर्णसिम्। सं त्वा मृजन्त्यायवः॥ २॥

धर्णसिम्-सारे ब्रह्माण्ड के धारण करनेवाले तम्-उस त्वा-आपको विप्राः-सोम-संयम के द्वारा अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले वचोविदः-वेदवाणी को जाननेवाले लोग परिष्कृण्वन्ति-परिष्कृत करते हैं। जैसे कोई व्यक्ति अपने कमरे में चित्रों को सजा देता है, इसी प्रकार ये वचोवित् विप्र अपने हृदयान्तरिक्ष में प्रभु को सजा देते हैं, अर्थात् अपने हृदय में प्रभु का साक्षात्कार कर पाते हैं। त्वा-आपको आयवः-(एति) निरन्तर गतिशील व्यक्ति संमृजन्ति-सम्यक्तया शुद्ध करते हैं। प्रभु का शोधन (खोजना), प्रभु का ही विचार व दर्शन है। यह प्रभु-दर्शन क्रियाशील व्यक्तियों को ही प्राप्त होता है। क्रियाशीलता हमें पवित्र करती है और पवित्रता हमें प्रभु-दर्शन के योग्य बनाती है। मलों को मारकर यह 'मारीच' बनता है और प्रभु-दर्शन करने के कारण 'कश्यप' कहलाता है। एवं, यह प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'कश्यप मारीच' बनता है।

भावार्थ—हम अपना पूरण करनेवाले (विप्र), वेदवाणी को जाननेवाले (वचोविद्) तथा क्रियाशील जीवनवाले (आयु) बनें और प्रभु का दर्शन करें।

ऋषिः—कश्यपो मारीचः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रस-पान

१०७८. रसं ते मित्रो अर्यमा पिबन्तु वरुणः कवे। पवमानस्य मरुतः॥ ३॥

हे कवे-क्रान्तदर्शिन्—सब विद्याओं का उपदेश देनेवाले प्रभो! (कौति सर्वा विद्याः) पवमानस्य-सबके जीवनों को पवित्र करनेवाले ते-आपके रसम्-दर्शन से होनेवाले अवर्णनीय आनन्द का पिबन्तु-पान करते हैं। कौन? १. मित्रः-सबके साथ स्नेह करनेवाले व्यक्ति। अपने को रोगों व पापों से बचानेवाले व्यक्ति (प्रमीतेः त्रायते)। २. अर्यमा-काम-क्रोध-लोभादि शत्रुओं का नियमन करनेवाले (अरीन् नियच्छति) तथा दान देनेवाले (अर्यमेति तमाहुः यो ददाति)। ३. वरुणः-अपने जीवन को व्रतों के बन्धन में बाँधकर (पाशी) प्रकृष्ट ज्ञानी बनते हुए (प्रचेता) जो अपने जीवनों को श्रेष्ठ बनाते हैं। (वरुणो नाम वरः श्रेष्ठः)। ४. मरुतः-प्राणापान की साधना करनेवाले।

भावार्थ—हम मित्र, अर्यमा, वरुण व मरुत् बनकर प्रभु-दर्शन के रस का पान करें।

सूक्त-१२

ऋषिः—समर्चयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

१०७९. मृज्यमानः सुहस्त्या समुद्रे वाचमिन्वसि।
रयिं पिशङ्गं बहुलं पुरुस्पृहं पवमानाभ्यर्षसि॥ १॥

५१७ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—समर्चयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सप्तर्षियों की सात बातें

१०८०. पुनानो वारे पवमानो अव्यये वृषा अचिक्रदद्वने।
देवानां सोम पवमान निष्कृतं गोभिरञ्जानो अर्षसि॥ २॥

१. वारे-सब वासनाओं का निवारण करनेवाले वरणीय प्रभु में पुनानः-अपने को पवित्र करता हुआ। प्रभु-स्मरण से वासनाओं का विनाश होकर जीवन पवित्र बनता है। २. अव्यये-उस विविध योनियों में न जानेवाले (अ+वि+अय) एकरस प्रभु में पवमानः-गति करता हुआ, अर्थात् प्रभु-स्मरणपूर्वक सब कार्यों को करता हुआ और अतएव प्रभु की ओर जाता हुआ। ३. वृषः-(वृषो हि भगवान् धर्मः) मूर्त्तिमान् धर्म बनकर। ४. वने-उस वननीय—सम्भजनीय प्रभु का अचिक्रदद्-आह्वान करता है, अर्थात् उस उपास्य प्रभु को सदा पुकारता है। ५. हे सोम-शान्त स्वभाववाले पवमान-अपने जीवन को पवित्र करनेवाले! तू ६. गोभीः-वेदवाणियों के द्वारा अज्यानः-अपने जीवन को अलंकृत करता हुआ ७. देवानाम्-देवों के निष्कृतम्-(निष्कृ—free from sin) पापशून्य पवित्र स्थान को अर्षसि-प्राप्त होता है। इन सात बातों को अपने जीवनों में घटानेवाले हम 'भारद्वाज, कश्यप, गोतम, अत्रि, विश्वामित्र, जमदग्नि व वसिष्ठ' बनें।

भावार्थ—हम अपने जीवनों को पवित्र करके देवों के पवित्र स्थान को प्राप्त करें।

सूक्त-१३

ऋषिः—अमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आदित्यों के साथ

१ २ १ ३ ३ १ २ ३ २ ३ १ २ १ २ ३ १ २
१०८१. एतमु त्यं दश क्षिपो मृजन्ति सिन्धुमातरम्। समादित्येभिरख्यत॥ १॥

एतम्-इस उ-निश्चय से त्यम्-उस सिन्धुमातरम्-सोमकणों के निर्माण करनेवाले को दश-दस क्षिपः-आयुधरूप इन्द्रियाँ (क्षिप्=weapon) जिनसे कि सब प्रकार का मल परे फेंक दिया गया है (क्षिप् to throw) मृजन्ति-शुद्ध कर डालती हैं और तब यह आदित्येभिः-आदित्यों के साथ सम् अख्यत-गिना जाता है। सूर्य जैसे देदीप्यमान है, यह भी उसी प्रकार देदीप्यमान होता है।

मन्त्रार्थ में निम्न बातें स्पष्ट हैं—१. सोमकण प्रवाह के स्वभाववाले हैं (स्यन्दन्ते) तभी तो वे सिन्धु कहलाये हैं। वे नीचे की ओर प्रवाहित न होकर अथवा अपव्ययित न होकर शरीर में ही व्याप्त होकर हमारा निर्माण करते हैं तो हम 'सिन्धुमाता' बनते हैं। २. इन्द्रियाँ 'क्षिप्' हैं—ये जीवन-संग्राम में सफलता के लिए आयुधरूप में दी गयी हैं। ये मल को परे फेंककर चमक उठी हैं। ३. इस प्रकार सिन्धुमाता बनकर इन्द्रियरूप आयुधों को सचमुच 'क्षिप्' बनाएँगे तो हम आदित्यों की भाँति चमक उठेंगे। कर्मेन्द्रियाँ क्रिया के द्वारा हमारे जीवन को दीप्त बनाती हैं और ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान की दीप्ति देती हैं।

अपने जीवन को ऐसा बनानेवाला व्यक्ति 'अमहीयु'-पार्थिव भोगों की कामना करनेवाला नहीं है। यह पार्थिव भोगों से ऊपर उठने के कारण ही 'आङ्गिरस' है।

भावार्थ—हम सोमकणों को जीवन-निर्माण में लगाएँ, इन्द्रियों को मल के दूरीकरण से क्षिप् बनाएँ और आदित्यों के समान दीप्तिवाले हों।

ऋषिः—अमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जितेन्द्रियता—क्रिया व ज्ञान

१ २ ३ १ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१०८२. समिन्द्रेणोत वायुना सुत एति पवित्र आ। सं सूर्यस्य रश्मिभिः॥ २॥

१. इन्द्रेण-जितेन्द्रियता के सम्-साथ सुतः-उत्पन्न हुआ-हुआ, अर्थात् जितेन्द्रियता की

स्वाभाविक वृत्तिवाला २. उत=और वायुना सं सुतः=(वा गतौ) क्रियाशीलता के साथ उत्पन्न हुआ-हुआ, अर्थात् क्रियाशीलता की स्वाभाविक वृत्तिवाला, स्वाभाविकी क्रियावाला, ३. सूर्यस्य रश्मिभिः सं सुतः=सूर्य की किरणों के साथ उत्पन्न हुआ-हुआ, अर्थात् स्वभावतः ज्ञान की वृत्तिवाला यह अमहीयु पवित्रे=उस पूर्ण पवित्र प्रभु में आ एति=समन्तात् गतिवाला होता है।

'अमहीयु' पुरुष जन्मान्तरों के संस्कारों के उत्पन्न होते ही 'जितेन्द्रियता, क्रियाशीलता व ज्ञान' की रुचिवाला होता है और इस प्रकार की रुचिवाला बनकर यह सदा उस पवित्र प्रभु में स्थित हुआ-हुआ गतिशील होता है—ब्रह्मनिष्ठ होकर कर्म करता है, इसीलिए इसके कर्म पवित्र बने रहते हैं।

भावार्थ—हमारा स्वभाव जितेन्द्रियता, क्रिया व ज्ञान का हो।

ऋषिः—अमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राणसाधना का महत्त्व

२ ३ १ २ १ २ ३ १ २ ३ १ २ १२ ३ १ २१
१०८३. स नो भगाय वायवे पूष्णे पवस्व मधुमान्। चारुर्मित्रे वरुणे च॥ ३॥

प्रभु इस अमहीयु से कहते हैं कि मित्रे वरुणे च=प्राण और अपान में चारुः=सुन्दर ढंग से विचरण करनेवाला, अर्थात् प्राणायाम द्वारा प्राणापान की उत्तम साधना करनेवाला मधुमान्=अत्यन्त माधुर्यमय जीवनवाला होकर सः=वह तू नः=हमारे भगाय=ऐश्वर्य के लिए वायवे=(वायुः=प्राणः) प्राणशक्ति के लिए तथा पूष्णे=पुष्टि के लिए पवस्व=प्राप्त हो।

'अमहीयु' बनने के लिए पार्थिव भोगों की लिप्सा से ऊपर उठने के लिए प्राणसाधना ही एकमात्र उपाय है। इस प्राणासाधना के लाभ निम्न हैं—१. हमारा जीवन मधुर बनता है (मधुमान्) हमारे मनों में ईर्ष्या-द्वेष नहीं रहते। २. हम ज्ञानरूप उत्कृष्ट ऐश्वर्य को प्राप्त करनेवाले होते हैं (भग)। ३. हमारी प्राणशक्ति ठीक होने से हम क्रियाशील बने रहते हैं—हमें आलस्य नहीं घेरता (वायु)। ४. हमारा अङ्ग-प्रत्यङ्ग सुपुष्ट बना रहता है (पूषन्)।

भावार्थ—प्राणसाधना के द्वारा हम 'माधुर्य, ऐश्वर्य, प्राणशक्ति व पुष्टि' प्राप्त करें।

सूक्त-१४

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१०८४. रेवतीर्नः सधमाद इन्द्रे सन्तु तुविवाजाः। क्षुमन्तो याभिर्मदेम॥ १॥

१५३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आध्यात्मिक जीवन

२ १ २ १ १ २ ३ २ १ २ ३ १ २ १ २ ३ १
१०८५. आ घ त्वावान् त्मना युक्त स्तोतृभ्यो धृष्णवीयानः। ऋणोरक्षं न चक्रयोः॥ २॥

हे धृष्णो=शत्रुओं का धर्षण करनेवाले प्रभो! यह सुख-निर्माण की इच्छावाला 'शुनः शेप' घ=निश्चय से १. त्वावान्=आप-जैसा ही बना है। इसने आपके गुणों को धारण करने का प्रयत्न किया है। २. त्मना युक्तः=यह आत्मा से युक्त है—मनोबलवाला है। ३. ईयानः=यह निरन्तर क्रियाशील है, उत्तम गुणों की प्राप्ति की कामना से कर्मों में लगा हुआ है। ४. अक्षं न चक्रयोः=जैसे दो चक्रों

में अक्ष की स्थिति होती है उसी प्रकार यह 'ज्ञान और श्रद्धा' रूप चक्रों के बीच में कर्मरूप अक्ष के समान है। इसके सब कर्म ज्ञान व श्रद्धापूर्वक किये जाते हैं। ऐसे ही व्यक्ति तो तेरे सच्चे स्तोता हैं। इन स्तोतृभ्यः=स्तोताओं के लिए हे प्रभो! आप आऋणोः=काम-क्रोधादि वासनाओं पर आक्रमण करते हैं। आपकी कृपा से सब वासनारूप विघ्नों का नाश होकर इनकी जीवन-यात्रा ठीकरूप से पूर्ण होती है और यह स्तोता अपने घर को (गर्त—गृह—नि० ३.४) जानेवाला (अज) 'आजीगर्ति' होता है। 'गर्तः पुरुषः' श० ५.४.१.१५ के अनुसार गर्त का अर्थ पुरुष=परमात्मा भी है। यह परमात्मा को प्राप्त करनेवाला 'आजीगर्ति' सच्चे सुख को प्राप्त करके 'शुनःशेप' नाम को सार्थक कर पाया है।

भावार्थ—१. हम प्रभु-जैसे बनें, २. आत्मबल से युक्त हों, ३. क्रियाशील बनें, ४. श्रद्धा और ज्ञानपूर्वक कर्म करें, ५. इस प्रकार प्रभु के सच्चे स्तोता हों।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धन्यता

१०८६. आ यद् दुवः शतक्रतवा कामं जरितॄणाम्। ऋणोरक्षं न शचीभिः॥ ३॥

शचीभिः=अपने प्रज्ञानों व कर्मों से जो अक्षं न=एक धुरे के समान है, अर्थात् जिसके जीवन में ज्ञान और कर्म एक पक्षी के दायें व बायें पंखों के समान हैं, उन जरितॄणाम्=स्तोताओं की कामम्=कामना को हे शतक्रतो=अनन्त प्रज्ञानों व कर्मोंवाले प्रभो! आऋणोः=प्राप्त कराइए। यत्=जो दुवः=धन है, अर्थात् जिस भी वस्तु से मनुष्य वस्तुतः धन्य बनता है, उसे इन स्तोताओं को सर्वथा दीजिए।

यदि मनुष्य अपने जीवन में कर्म व ज्ञान का समन्वय करके चलता है तो उसके जीवन में सच्ची प्रभु-भक्ति होती है। इन प्रभु-भक्तों की कामना को प्रभु पूर्ण करते हैं तथा इन्हें वह सम्पत्ति प्राप्त कराते हैं, जिससे इनका जीवन सचमुच धन्य हो जाता है।

भावार्थ—मेरे जीवन में ज्ञान व कर्म का सुन्दर समन्वय हो। मैं 'ज्ञानयोगव्यवस्थितिः' वाला बनूँ।

सूक्त-१५

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०८७. सुरूपकृत्नुमूतये सुदुघामिव गोदुहे। जुहूमसि द्यविद्यवि॥ १॥

मन्त्र का अर्थ संख्या १६० पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञ-सोमपान-दान

१०८८. उप नः सवना गहि सोमस्य सोमपाः पिब। गोदा इद्रेवतो मदः॥ २॥

मन्त्र के ऋषि 'मधुच्छन्दा'=मधुर इच्छाओंवाले 'वैश्वामित्रः'=सबके मित्र से प्रभु कहते हैं १. नः=हमारे सवना=यज्ञों को—'प्रातः, माध्यन्दिन तथा सायन्तन सवनों' को उपागहि=तू समीपता से प्राप्त होनेवाला हो। तेरा जीवन वेदोपदिष्ट यज्ञों को करनेवाला हो। २. हे सोमपाः=सोम का पान

करनेवाले—शक्ति को शरीर में ही सुरक्षित करनेवाले। तू सोमस्य पिब-सोम का पान कर। वीर्य को शरीर में ही व्याप्त करने का प्रयत्न कर। ३. रेवतः-धनवाले तेरा मदः-हर्ष इत्-निश्चय से गोदाः-गौओं का देनेवाला हो, धनी बनकर तू प्रसन्नतापूर्वक गौओं का दान करनेवाला बन।

भावार्थ—प्रभु हमसे तीन बातें चाहते हैं—१. हम यज्ञमय जीवन बिताएँ, २. सोमपान करें और ३. धनी बनकर दान दें। वस्तुतः यह तीन ही मौलिक उत्तम इच्छाएँ हैं।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मधुच्छन्दा की सर्वमधुर इच्छा

१०८९. अथा ते अन्तमानां विद्याम सुमतीनाम्। मा नो अति ख्य आ गहि॥ ३॥

'मधुच्छन्दाः' प्रभु से प्रार्थना करता है—हे प्रभो! १. अथ-अब हम ते-आपकी अन्तमानाम्-अति समीपवर्ती सुमतीनाम्-कल्याणी मतियों को विद्याम-जानें। आप तो हमारे हृदय में ही स्थित हो, अतः आपकी कल्याणी मति हमारे अन्तिकतम ही है। हम हृदय के मालिन्य के कारण उसे जान नहीं पाते। आपकी कृपा से हम उस बुद्धि के प्रकाश को देखनेवाले हों। २. हे प्रभो! नः-हमारा मा-मत अतिख्यः-उल्लंघन कीजिए—हमारा निराकरण मत कीजिए, आगहि-आप हमें अवश्य प्राप्त होओ।

भावार्थ—हम प्रभु की कल्याणी मति को प्राप्त करनेवाले हों।

सूक्त-१६

ऋषिः—मान्धाता यौवनाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—महापङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

देवी जनित्री

१०९०. उभे यदिन्द्र रोदसी आपप्राथोषाइव। महान्त्वा महीनां सम्राजं चर्षणीनाम्।
देवी जनित्र्यजीजनद्भद्रा जनित्र्यजीजनत्॥ १॥

३७९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—पूर्वार्धस्य मान्धाता यौवनाश्वः, उत्तरार्धस्य गोधाः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—महापङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

संयमी जीवन

१०९१. दीर्घं ह्यङ्कुशं यथा शक्तिं बिभर्षि मन्तुमः।
पूर्वेण मघवन् पदा वयामजो यथा यमः।
देवी जनित्र्यजीजनद्भद्रा जनित्र्यजीजनत्॥ २॥

जो भी व्यक्ति सोम के संयम के द्वारा ज्ञानाग्नि को दीप्त करके प्रभु को प्राप्त करने का प्रयत्न करता है, वह प्रभु के द्वारा 'मान्धाता'-(मेरा धारण करनेवाला) कहलाता है। यह मान्धाता 'यौवनाश्व' है—इसने अपने इन्द्रियरूप अश्वों को विषयों से पृथक् करके (यु-अमिश्रण) आत्मतत्त्व के साथ जोड़ने का (यु-मिश्रण) प्रयत्न किया है। प्रभु इस मान्धाता से कहते हैं कि—१. हे मन्तुमः-

विचारशील-मनन करनेवाले मान्धातः! तू यथा-जैसे-जैसे शक्तिम्-शक्ति को बिभर्षि-धारण करता है, उसी प्रकार हि-निश्चय से ३. दीर्घम्-सब अशुभों को विदारण करनेवाले अंकुशम्-अंकुश को भी—संयमवृत्ति को भी बिभर्षि-धारण करता है। यथा-जैसे अजः-बकरा पूर्वेण पदा-अपने अगले चरणों से वयाम्-वृक्ष की शाखा को पकड़ता है, हे मघवन्-ज्ञानैश्वर्यवाले मान्धातः! तू भी पूर्वेण पदा-अपनी जीवन-यात्रा के प्रथम चरण, अर्थात् ब्रह्मचर्याश्रम से वयाम्-यौवन को (वयः-यौवन) आयमः-बड़ा नियन्त्रणवाला बनाता है। ४. यही कारण है कि देवी जनित्री-यह दिव्य गुणों का विकास करनेवाली वेदवाणी अजीजनत्-तेरा विकास करती है। तू इस दिव्य वेदवाणी को पढ़ाता है और यह वाणी तुझमें दिव्य गुणों का विकास करती है, ५. भद्रा जनित्री-यह कल्याण और सुख को जन्म देनेवाली वेदवाणी अजीजनत्-तुझमें शुभ जीवन को विकसित करती है।

भावार्थ—प्रभु का धारण वह करता है जो १. विचारशील बनता है, २. शक्ति का धारण करता है, ३. संयमी होता है, ४. अपने में दिव्य गुणों का विकास करता है और ५. शुभ कार्यों का करनेवाला होता है।

ऋषिः—मान्धाता यौवनाश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—महापङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

क्रोध व द्वेष का अवतनन

१०९२. अव स्म दुर्हणायतो मर्तस्य तनुहि स्थिरम्।
अधस्पदं तमीं कृधि यो अस्माँ अभिदासति।
देवी जनित्र्यजीजनद्भद्रा जनित्र्यजीजनत्॥ ३॥

इस 'मान्धाता' का जीवन इतना सुन्दर होता है कि इसके समीप पहुँचने पर क्रूर-से-क्रूर व्यक्ति भी दयार्द्र हो जाता है। उसका कठोर चित्त पिघल जाता है। हे मान्धाता! तू १. दुर्हणायतः-(हणीङ् रोषणे वैमनस्ये च) औरों के लिए दुःख का कारण बननेवाले क्रोध व वैमनस्य से युक्त मर्तस्य-पुरुष के स्थिरम्-दृढ़ व कठोर चित्त को अवतनुहि स्म-वैसे ही ढीला कर दे, जैसे धनुष पर से कसी प्रत्यञ्चा को खोल दिया जाता है। तू क्रोधी व द्वेषी पुरुष के मनरूपी धनुष पर कसी हुई द्वेष की डोरी को खोल डाल और उसे ढीला कर दे। जैसे अहिंसक पुरुष के सामने आकर शेर आदि भी अपनी हिंसावृत्ति को छोड़ देते हैं, उसी प्रकार मान्धाता के सामने कठोर-से-कठोर चित्तवाले क्रोधी पुरुष का क्रोध ढीला पड़ जाता है।

२. यह मान्धाता प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे प्रभो! यः-जो भी काम-क्रोधादि के असद्भाव अस्मान्-हम आस्तिकवृत्तिवालों को अभिदासति-नष्ट करना चाहता है, आप कृपया तम्-उस वृत्ति को ईम्-निश्चय से अधस्पदं कृधि-पाँवों तले रौंद दीजिए। आपकी कृपा से हम उसे कुचलकर नष्ट कर सकें।

३. देवी जनित्री अजीजनत्-हमारा विकास करनेवाली दिव्य वेदवाणी ने हमारा विकास किया है—हमारे जीवन में दिव्य गुणों को जन्म दिया है। ४. भद्रा जनित्री अजीजनत्-सब सुखों को जन्म देनेवाली वेदवाणी ने हमारा शुभ—कल्याण किया है।

भावार्थ—आस्तिक पुरुष प्रबल विद्वेषी के मन को भी क्रोधशून्य करने में समर्थ होता है। यह कामादि को कुचल डालता है। अपने में शुभ गुणों का विकास करता है। इसका जीवन मङ्गलमय होता है।

सूक्त-१७

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०९३. परि स्वानो गिरिष्ठाः पवित्रे सोमो अक्षरत्। मदेषु सर्वधा असि॥ १॥

४७५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विप्र-कवि-मधु

१०९४. त्वं विप्रस्त्वं कविर्मधु प्र जातमन्धसः। मदेषु सर्वधा असि॥ २॥

१. सोम-वीर्य के संरक्षण से हमारे जीवन की सब कमियाँ दूर हो जाती हैं, मन्त्र में कहा है कि हे सोम! त्वम्-तू विप्रः-(वि+प्र) विशेषरूप से हमारा पूरण करनेवाला है। सब रोगकृमियों के संहार से रोगबीजों को तू शरीर से दूर कर देता है—हमारा शरीर पूर्ण स्वस्थ हो जाता है। २. सोम ही सुरक्षित होकर ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है और हमें सूक्ष्मदृष्टि बनाता है। हे सोम! त्वम्-तू कविः-क्रान्तदर्शी है हमें सूक्ष्मदृष्टि (Piercing sight) बनानेवाला है। ३. सोम से सबल बनकर हम ईर्ष्या-द्वेष से भी ऊपर उठ जाते हैं, इसीलिए अन्धसः-इस आध्यायनीय (अत्यन्त ध्यान से रक्षित करने योग्य) सोम से हमारा जीवन मधु-मीठा-ही-मीठा प्रजातम्-हो गया है। 'भूयासं मधु सन्दृशः'-हमारी यह प्रार्थना सोम-संरक्षण से ही कार्यान्वित हो पायी है। ४. हे सोम! तू हमारे जीवनों में मद को जन्म देता है, परन्तु उस हर्षोल्लास में हम धारणात्मक कार्य ही करते हैं, तोड़-फोड़ में नहीं लग जाते। हे सोम! तू मदेषु-हर्षोल्लास में सर्वधाः असि-सबका धारण करनेवाला है। सोम का मद हमें बेहोश न करके अधिक चैतन्य प्राप्त करानेवाला है और अपने स्वरूप की ठीक स्मृति के कारण हम धारणात्मक कार्यों में ही प्रवृत्त होते हैं—तोड़-फोड़ में नहीं लगे रहते।

भावार्थ—सोम-संरक्षण से १. न्यूनताएँ दूर होती हैं, २. बुद्धि सूक्ष्म बनती है, ३. मन मधुर हो जाता है, ४. और हम सदा प्रसन्नचित्त होकर धारणात्मक कार्यों में लगे रहते हैं।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रीतिपूर्वक कार्यों में लगे रहना

१०९५. त्वे विश्वे सजोषसो देवासः पीतिमाशत। मदेषु सर्वधा असि॥ ३॥

हे सोम! सजोषसः-समानरूप से मिलकर, प्रीतिपूर्वक कर्म करनेवाले (जुषी प्रीतिसेवनयोः) विश्वे-सब देवासः-देव लोग त्वे-(तव) तेरे पीतिम् आशत-पान को प्राप्त करते हैं, अर्थात् सोम की रक्षा के लिए शान्ति आवश्यक है। क्रोधी स्वभाव हमें सोमपान के योग्य नहीं बनाता। ब्रह्मचारी के लिए इसी दृष्टिकोण से क्रोधादि के परित्याग का विधान है। शान्तिपूर्वक प्रेम से कर्मों में लगे रहना ही सोमरक्षा का सर्वोत्तम साधन है। किसी भी प्रकार की उत्तेजना व आलस्य सोम विनाश का कारण बनता है—अतः 'सजोषस्' बनना—प्रीतिपूर्वक कार्यों में लगे रहना ही सोम को अपने में व्याप्त करने का साधन है।

हे सोम! तू मदेषु-हर्षों में सर्वधाः असि-सबका धारण करनेवाला है। सोमरक्षा से हम उल्लासमय जीवनवाले होते हैं और उस उल्लास में सबका धारण करनेवाले बनते हैं।

भावार्थ—हम सदा प्रीतिपूर्वक कार्यों में लगे रहकर सोम का पान करनेवाले हों।

सूक्त-१८

ऋषिः—ऋणञ्चयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—यवमध्यागायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१०९६. स सुन्वे यो वसूनां यो रायामानेता य इडानाम्। सोमो यः सुक्षितीनाम्॥ १॥

५८२ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—शक्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—सतोबृहतीः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सोमरक्षा के साधन व लाभ

१०९७. यस्य त इन्द्रः पिबाद्यस्य मरुतो यस्य वार्यमणा भगः।
आ येन मित्रावरुणा करामह एन्द्रमवसे महे॥ २॥

सोमरस का चयन करनेवाला 'ऋणञ्चय' गत मन्त्र का ऋषि था (ऋण=जल=सोम)। वह शक्ति-सम्पन्न होकर 'शक्ति' नामवाला हो जाता है। यह सोम को ही सम्बोधित करके कहता है कि तू वह है यस्य ते=जिस तेरा १. इन्द्रः=जितेन्द्रिय पुरुष पिबात्=पान करता है। यस्य=जिसका २. मरुतः=प्राणसाधना करनेवाले पुरुष पिबात्=पान करते हैं। यस्य वा=या जिसका ३. अर्यमणा=दानवृत्ति के साथ भगः=प्रभु का भजन करनेवाला व्यक्ति पान करता है। येन=जिस तुझसे १. मित्रावरुणा=हम अपने प्राणापानों को और जिस तुझसे हम २. इन्द्रम् आकरामहे=अपने को शक्तिशाली बनाते हैं। जिस तेरे द्वारा हम ३. अवसे=शरीर की रोगों से रक्षा करने में समर्थ होते हैं और ४. जिस तुझसे महे=हम हृदय के महत्त्व को सिद्ध करनेवाले होते हैं।

एवं, सोम-रक्षा के चार साधन हैं—जितेन्द्रियता, प्राणायाम, दानवृत्ति तथा प्रभु-भजन। सोमरक्षा के चार लाभ हैं—प्राणापान की शक्ति की वृद्धि, इन्द्रत्व की प्राप्ति, नीरोगता तथा हृदय की विशालता।

भावार्थ—हम सोमरक्षा के साधनों का प्रयोग करके उसके लाभों को प्राप्त करें।

सूक्त-१९

ऋषिः—पर्वतनारदौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

१०९८. तं वः सखायो मदाय पुनानमभि गायत। शिशुं न हव्यैः स्वदयन्त गूर्तिभिः॥ १॥

५६९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—पर्वतनारदौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

उपासक का अलंकरण

१०९९. स वत्सइव मातृभिरिन्दुर्हिन्वानो अज्यते। देवावीर्मदो मतिभिः परिष्कृतः॥ २॥

१. इव=जिस प्रकार वत्सः=माता-पिता का आज्ञानुवर्ती, अतएव प्रिय सन्तान मातृभिः=माताओं के द्वारा (माता-पिता व आचार्य तीनों बालक के जीवन के निर्माता हैं) समज्यते=सद्गुणों से अलंकृत किया जाता है, इसी प्रकार इन्दुः=सोम की रक्षा करनेवाला प्रभु का उपासक हिन्वानः=अन्तः स्थित प्रभु से प्रेरणा दिया जाता हुआ समज्यते=ज्ञानादि ऐश्वर्यों से सुभूषित किया जाता है। २. देवावीः=यह अपने जीवन में दिव्य गुणों की रक्षा करनेवाला होता है। ३. मदः=सदा उल्लासमय

जीवनवाला होता है। ४. मतिभिः=मनन के द्वारा, सदा विचार व चिन्तन के द्वारा यह परिष्कृतः=परिष्कृत जीवनवाला होता है।

मनन व चिन्तन के द्वारा अपना पूरण करनेवाला यह 'पर्वत' बनता है। यह अपने हित के लिए प्राप्त प्रत्येक अङ्ग-प्रत्यङ्ग को पवित्र करने के कारण 'नार-द' कहलाता है (नर हित के लिए दी गयी वस्तुएँ 'नार' कहलाती हैं)।

भावार्थ—उपासक प्रभु के द्वारा सद्गुणों से अलंकृत किया जाता है।

ऋषिः—पर्वतनारदौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु का सच्चा पुत्र

११००. अयं दक्षाय साधनोऽयं शर्धाय वीतये। अयं देवेभ्यो मधुमत्तरः सुतः॥ ३॥

१. अयम्-यह प्रभु-भक्त दक्षाय-उन्नति के लिए साधनः-जानेवाला होता है। (साधयतिः गतिकर्मा), अर्थात् दिन-प्रतिदिन उन्नति-पथ पर बढ़ता चलता है। २. अयम्-यह शर्धाय-शक्ति के लिए साधनः-जानेवाला होता है, अर्थात् इसकी शक्ति दिन-प्रतिदिन बढ़ती जाती है। ३. अयम्-यह वीतये-अन्धकार के नाश व प्रकाश के लिए साधनः-जानेवाला होता है। प्रभुभक्त अज्ञानान्धकार से ऊपर उठकर ज्ञान के प्रकाश में पहुँच जाता है। ४. अयम्-यह देवेभ्यः-दिव्य गुणों के विकास के लिए होता है, अर्थात् उसमें दिव्यता बढ़ती जाती है। ५. मधुमत्तरः-अत्यन्त माधुर्यवाला यह सुतः-(सुतम् अस्यास्ति इति) ऐश्वर्यवाला होता है अथवा सुतः-यह प्रभु का सच्चा पुत्र होता है।

भावार्थ—प्रभु का सच्चा पुत्र वह है जो—१. उन्नति को सिद्ध करता है, २. शक्ति को बढ़ाता है, ३. अन्धकार को दूर कर प्रकाश को प्राप्त करता है, ४. दिव्य गुणों का विकास करता है, ५. अत्यन्त माधुर्यमय जीवनवाला होता है।

सूक्त-२०

ऋषिः—मनुः सांवरणः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

अरेपसः इन्दवः

११०१. सोमाः पवन्त इन्दवोऽस्मभ्यं गातुवित्तमाः।
मित्राः स्वाना अरेपसः स्वाध्यः स्वर्विदः॥ १॥

५४८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मनुः सांवरणः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

मननशील व संवरणशील

११०२. ते पूतासो विपश्चितः सोमासो दध्याशिरः।
सूरासो न दर्शतासो जिगत्नवो ध्रुवा घृते॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि 'मनुः'-अत्यन्त मननशील है और वह सांवरणः-सम्यक् उत्तम वरणवाला है। संसार में जीवन की सफलता का रहस्य इसी में है कि विचारशील (मनु) बनकर उत्तम चुनाव ही करें (सांवरण)। ते-ऐसे व्यक्ति १. पूतासः-पवित्र जीवनवाले होते हैं, २. विपश्चितः-विपः-वाणी

का चितः=चिन्तन करनेवाले उत्तम ज्ञानी होते हैं, ३. सोमासः=अत्यन्त विनीत होते हैं, ४. दध्याशिरः=(धत्ते इति दधि) सारे संसार का धारण करनेवाले प्रभु का आश्रय करते हैं, ५. सूरास न=देदीप्यमान सूर्य के समान होते हैं। ज्ञान के द्वारा सूर्य की भाँति चमकते हैं, ६. दर्शतासः=वे दर्शनीय आकृतिवाले होते हैं और ८. घृते=देदीप्यमान प्रभु में जिगत्नवः=गतिवाले होते हैं, अर्थात् प्रभु के प्रति जानेवाले होते हैं, अन्त में प्रभु को प्राप्त होते हैं।

भावार्थ—मननशील व संवरणशील व्यक्ति प्रभु को प्राप्त करता है।

ऋषिः—मनुः सांवरणः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

आचार्य

११०३. सुष्वाणासो व्यद्रिभिश्चिताना गोरधि त्वचि।
इषमस्मभ्यमभितः समस्वरन् वसुविदः॥ ३॥

१. सुष्वाणासः=सदा उत्तम (सु) शब्दों का उच्चारण करनेवाले (स्वान), २. अद्रिभिः=आदरणीय गुरुओं में विचिताना=विशिष्ट ज्ञान को प्राप्त कराये जाते हुए, ३. गोः=सदा वेदवाणी के अधित्वचि=सम्पर्क में रहनेवाले (In touch with) ४. वसुविदः=(सर्वत्र वसतीति) सर्वव्यापक प्रभु का साक्षात्कार करनेवाले ज्ञानी लोग अस्मभ्यम्=हमारे लिए इषम्=वेदवाणी की प्रेरणा को अभितः=आचार्यकुल में भी आचार्य कुल से बाहर भी दोनों ओर, सब स्थानों में समस्वरन्=उच्चरित करें।

आचार्य कैसे हों? इस प्रश्न का उत्तर इन शब्दों में दिया गया है कि वे १. सदा शुभ शब्दों का उच्चारण करनेवाले हों। उनके मुख से विद्यार्थियों के लिए कभी कोई अशुभ शब्द न निकले २. उन्होंने स्वयं आदरणीय गुरुओं से शिक्षा प्राप्त की हुई हो, ३. वे अपना जीवन वेदवाणी के सम्पर्क में बिता रहे हों। ४. उन्होंने ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया हो।

ऐसे आचार्य आचार्यकुलों में तो उपदेश देते ही हैं, गृहस्थ बन जाने पर भी इन आचार्यों का ज्ञानोपदेश प्राप्त होता रहे। इनके द्वारा वेदवाणी की प्रेरणा प्राप्त होती रहे।

भावार्थ—उत्तम आचार्यों से हम सदा वेदवाणी की प्रेरणा प्राप्त करें।

सूक्त-२१

ऋषिः—कुत्स आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

११०४. अया पवा पवस्वैना वसूनि मांश्चत्व इन्दो सरसि प्र धन्व।
ब्रध्नश्चिद्यस्य वातो न जूतिं पुरुमेधाश्चित्तकवे नरं धात्॥ १॥

५४१ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—कुत्स आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

तीर्थ में स्नान

११०५. उत न एना पवया पवस्वाधि श्रुते श्रवाय्यस्य तीर्थे।
षष्टिं सहस्रा नैगुतो वसूनि वृक्षं न पक्वं धूनवद्रणाय॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि कुत्स है, जो (कुथ हिंसायाम्) सब अशुभों की हिंसा करके शुभों को प्राप्त करता है। दुरितों से दूर और शुभों के समीप होने के कारण ही यह 'आङ्गिरस' भी है—अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्तिवाला है। यह प्रभु से प्रार्थना करता है कि आप १. न:-हमें एना पवया-इस पावन क्रिया से पवस्व-पवित्र कीजिए। २. उत-और हम सदा अधिश्रुते-शास्त्रश्रवण में स्थित हों। ३. श्रवाय्यस्य-वेदवाणियों से श्रोतव्य प्रभु के तीर्थे-तारक स्थान में हम सदा निवास करनेवाले हों, अर्थात् प्रभुनिष्ठ होने के लिए सदा प्रभु का ध्यान करें। ४. नैगुत:-भक्तों के प्रिय प्रभो! (नु शब्दे, नितरां शब्दायन्ते परमेश्वरम् निगुत:-भक्ता, तेषामयम्), आप रणाय-हमारे आध्यात्मिक संग्राम के लिए षष्टिं सहस्रा-अनन्त वसूनि-ज्ञानों को धूनवत्-प्राप्त कराते हैं, न-उसी प्रकार जैसेकि कोई भी व्यक्ति फलों की कामना से पक्वं वृक्षम्-पके फलोंवाले वृक्ष को धूनवत्-कम्पित करता है।

नोट—'षष्टिं सहस्रा' शब्द सामान्यत: 'आनन्त्य' के लिए पारिभाषिक शब्द है।

भावार्थ—प्रभु तीर्थ हैं, भक्त लोग उस तीर्थ में स्नान करते हैं और अपने जीवनों को पवित्र कर लेते हैं।

ऋषि:—कुत्स आङ्गिरस:॥ देवता—पवमान: सोम:॥ छन्द:—त्रिष्टुप्॥ स्वर:—धैवत:॥

वृष-नाम (वर्षण-नमन)

११०६. महीमे अस्य वृष नाम शूषे मांश्चत्वे वा पृशने वा वधत्रे।
अस्वापयन् निगुत: स्नेहयच्चापामित्रां अपाचितो अचेत:॥ ३॥

(वर्षणं-वृष:, नमनं-नाम) अस्य-इस प्रभु के इमे-ये वृष नाम-वर्षण और नमन-(झुका देना)-रूप दो कार्य महि-महनीय हैं—बड़े महत्त्वपूर्ण हैं। इसका वर्षण तो शूषे-बल के विषय में (नि० २.९) और मांश्चत्वे-(अश्वनाम नि० अश्व-उत्तम कर्मशक्ति, मन् धातु से बनाएँ तो इसका अर्थ 'ज्ञान' होगा) कर्म तथा ज्ञान के विषय में है और नमन पृशने-आसक्ति के विषय में (पृशन्-attachment) वा-तथा वधत्रे-विषयासक्ति के (sexual passion) या अनुचित प्रेम के विषय में है, अर्थात् जब हम प्रभु से अपना सम्पर्क बनाते हैं तब हमपर बल, सुख तथा कर्मशक्ति व ज्ञान की वर्षा होती है और हमारी आसक्ति व वासना का विनाश हो जाता है।

वे प्रभु निगुत:-(नितरां शब्दायन्ते प्रभुम्) नितरां अपना आह्वान करनेवाले भक्तों को अस्वापयत्-(यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुने:) उन विषयों में सुला देते हैं, जिनमें सामान्य लोग बड़े जागरित हो रहे हैं, अर्थात् प्रभुकृपा से एक भक्त का सांसारिक विषय-वासनाओं की ओर सुझाव ही नहीं रहता।

ये प्रभु अमित्रान्-काम-क्रोधादि शत्रुओं को अपस्नेहयत्-दूर नष्ट करते हैं। (स्नेहयति to kill)। अचित:-सत्कर्मों का चयन न करनेवाले दुष्ट लोगों को ये प्रभु अप-हमसे दूर करते हैं और वे प्रभु अचेत:-चेतनाशून्य (absent mindedness) अवस्था को हमसे अप-दूर करते हैं।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हमपर बल, सुख, कर्मशक्ति व ज्ञान की वर्षा हो। हमारी आसक्ति व वासना विनष्ट हो। हम प्रभुभक्त बन सांसारिक विषयों में सोये रहें। हमारे काम-क्रोधादि नष्ट हों, दुष्ट लोगों का सङ्ग दूर हो, चेतनाशून्यावस्था से हम बचें।

सूक्त-२२

ऋषिः—बन्धुः सुबन्धुः श्रुतबन्धुर्विप्रबन्धुश्च गौपायना लौपायना वा ॥ देवता—अग्निः ॥
छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

११०७. अग्ने त्वं नो अन्तम उत त्राता शिवो भुवो वरूथ्यः ॥ १ ॥

४४८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—बन्धुः सुबन्धुः श्रुतबन्धुर्विप्रबन्धुश्च गौपायना लौपायना वा ॥ देवता—अग्निः ॥
छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

'बन्धु' द्वारा प्रभु का आराधन

११०८. वसुरग्निर्वसुश्रवा अच्छा नक्षि द्युमत्तमो रयिं दाः ॥ २ ॥

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि 'बन्धु'-सबके साथ स्नेह करनेवाला, सुबन्धुः-सज्जनों का मित्र, श्रुतबन्धुः-ज्ञान की मित्रतावाला तथा विप्रबन्धुः-अपना पूरण करनेवालों का मित्र है। यह प्रभु की आराधना इन शब्दों में करता है। १. हे प्रभो! वसुः-आप सबमें बसनेवाले व सभी को अपने में बसानेवाले हो। २. आप अग्निः-अग्रेणीः हो। हमें आगे और आगे ले-चलनेवाले हो। ३. वसुश्रवाः-(वसु-उत्तम, rich धनी) उत्तम तथा धनी, अर्थात् व्यापक ज्ञानवाले हो। ४. द्युमत्तमः-अत्यन्त दीप्तिमय हो, आप अच्छा नक्षि-हममें आभिमुख्येन व्याप्त हो—हम आपकी व्याप्ति को अपने अन्दर अनुभव करनेवाले हों। ५. रयिं दाः-आप हमें ज्ञानरूप धन दीजिए।

भावार्थ—हे प्रभो! आप हमें प्राप्त होओ और ज्ञानधन प्राप्त कराओ।

ऋषिः—बन्धुः सुबन्धुः श्रुतबन्धुर्विप्रबन्धुश्च गौपायना लौपायना वा ॥ देवता—अग्निः ॥
छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

उत्तम मित्रों के साथ

११०९. तं त्वा शोचिष्ठ दीदिवः सुम्नाय नूनमीमहे सखिभ्यः ॥ ३ ॥

हे शोचिष्ठ-अत्यन्त दीप्तिमन्, पवित्र प्रभो! दीदिवः-(देवयति क्रीडयति) सारे संसार को क्रीड़ा करानेवाले प्रभो! तं त्वा-उस आपसे हम नूनम्-निश्चय से सुम्नाय-आपके स्तवन के लिए, सुख व रक्षण के लिए तथा सखिभ्यः-उत्तम मित्रों के लिए ईमहे-याचना करते हैं।

वे प्रभु अत्यन्त दीप्त व पवित्र हैं—वे ही वस्तुतः इस संसार की सम्पूर्ण क्रीड़ा को कर रहे हैं। प्रभुकृपा से हमारा जीवन प्रभु-स्तवन करनेवाला हो। प्रभुकृपा से हम सुखी हों—प्रभु-रक्षण हमें सदा प्राप्त हो और सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह कि प्रभु की दया से हम सदा उत्तम साथियों को प्राप्त करें।

भावार्थ—हम प्रभु-स्तवन करें—प्रभु के आनन्द व रक्षण को प्राप्त करें। हमें उत्तम मित्रों के साथ रहने का प्रसङ्ग मिले।

सूक्त-२३

ऋषिः—भुवन आप्त्यः साधनो वा भौवनः ॥ देवता—विश्वेदेवाः ॥ छन्दः—द्विपदात्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

१११०. इमा नु कं भुवना सीषधेमेन्द्रश्च विश्वे च देवाः ॥ १ ॥

४५२ संख्या पर इसका अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—भुवन आप्त्यः साधनो वा भौवनः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—द्विपदात्रिष्टुप्॥
स्वरः—धैवतः॥

सन्तान प्रभु की धरोहर है

११११. यज्ञं च नस्तन्वं च प्रजां चादित्यैरिन्द्रः सह सीषधातु॥ २॥

प्रभु चाहते हैं कि—इन्द्रः—इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव आदित्यैः सह—सदा गुणों का आदान करनेवाले सज्जनों के सङ्ग में वास करता हुआ यज्ञं च—उत्तम कर्मों को नः तन्वं च—हमारे दिये हुए इस शरीर को प्रजां च—और इस हमारी प्रजा को, सन्तान को सीषधातु—जीवन-यात्रा में उन्नति के लिए साधन बनाए।

प्रस्तुत मन्त्र में निम्न बातें ध्यान देने योग्य हैं—

१. मनुष्य को इन्द्रियों का अधिष्ठाता बनने का प्रयत्न करना। उसका नाम ही प्रभु ने 'इन्द्र'—इन्द्रियों का अधिष्ठाता रक्खा है। २. सदा गुणीजनों के सम्पर्क में चलना, क्योंकि जैसों के साथ रहता है, वैसा ही मनुष्य बन जाता है। ३. जीवन-यात्रा में सदा यज्ञिय मनोवृत्ति से चलना। प्रभु ने प्रजाओं को उत्पन्न ही यज्ञों के साथ किया है। 'सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा०'। ४. शरीर को अपना न समझ प्रभु का समझना, इसीलिए इसे पूर्ण स्वस्थ रखने का प्रयत्न करना। ५. सन्तान को प्रभु की धरोहर समझ बड़ी मधुरता व प्रेम से, परन्तु बिना किसी मोह के उत्तम बनाना।

भावार्थ—हे प्रभो! हम इन्द्र बनें, आदित्यों के सहवास में रहें, यज्ञशील हों, आप के दिये शरीर को विकृत न होने दें, सन्तान को आपकी धरोहर समझें।

ऋषिः—भुवन आप्त्यः साधनो वा भौवनः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—द्विपदात्रिष्टुप्॥
स्वरः—धैवतः॥

आधि-व्याधि से दूर

१११२. आदित्यैरिन्द्रः सगणो मरुद्भिरस्मभ्यं भेषजा करत्॥ ३॥

वह इन्द्रः—परमैश्वर्यवाला परमात्मा सगणः—पञ्चविंशति (२५) संख्याक गण के साथ (सारा संसार २५ पदार्थों में विभक्त हुआ है), आदित्यैः—सब गुणों का आदान करनेवाले विद्वानों के द्वारा तथा मरुद्भिः—प्राणों के द्वारा अस्मभ्यम्—हमारे लिए भेषजा करत्—औषधों को करे।

प्रकृति से महत्, महत् से अहंकार, अहंकार से पञ्चतन्मात्राएँ, १० इन्द्रियाँ व मन, तथा पञ्चतनमात्राओं से पञ्च स्थूलभूत तथा पुरुष (जीव) इस प्रकार सम्पूर्ण चराचर संसार पच्चीस गणों में विभक्त है। प्रभु ही इसके संचालक हैं। वे प्रभु इस पच्चीस के गण के साथ हमारा कल्याण करें।

हममें जो भी वासनारूप अध्यात्मरोग उत्पन्न हो जाए उनका औषध तो वे प्रभु आदित्य विद्वानों के सम्पर्क द्वारा करें तथा जो भी शरीर-रोग उत्पन्न हों उन्हें प्राणों द्वारा (मरुतों के द्वारा) दूर करें। आदित्यों का सम्पर्क हमें दुर्गुणों से बचाएगा तथा प्राणों की साधना हमें रोगों से बचाएगी। इस प्रकार हमारा शरीर व मन दोनों ही स्वस्थ होंगे—हम आधि-व्याधिशून्य सुन्दर जीवन बिता पाएँगे।

भावार्थ—हम आदित्यों व मरुतों द्वारा आधि-व्याधि से ऊपर उठ जाएँ।

सूक्त-२४

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—द्विपदाविराट्॥ स्वरः—पञ्चमः॥

१११३. प्र व इन्द्राय वृत्रहन्तमाय विप्राय गाथं गायत यं जुजोषते॥ १॥

४४६ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—द्विपदाविराट्॥ स्वरः—पञ्चमः॥

१११४. अर्चन्त्यर्कं मरुतः स्वर्का आ स्तोभति श्रुतो युवा स इन्द्रः॥ २॥

४४५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—द्विपदाविराट्॥ स्वरः—पञ्चमः॥

१११५. उप प्रक्षे मधुमति क्षियन्तः पुष्येम रयिं धीमहे त इन्द्र॥ ३॥

४४४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

इति सप्तमोऽध्यायः, चतुर्थप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

अथाष्टमोऽध्यायः

चतुर्थप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—वृषगणो वसिष्ठः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

१११६. प्र काव्यमुशनेव ब्रुवाणो देवो देवानां जनिमा विवक्ति ।
महिव्रतः शुचिबन्धुः पावकः पदा वराहो अभ्येति रेभन् ॥ १ ॥

५२४ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है ।

ऋषिः—वृषगणो वसिष्ठः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

हंस तृपल व वृषगण

१११७. प्र हंसासस्तृपला वग्नुमच्छामादस्तं वृषगणा अयासुः ।
अङ्गोषिणं पवमानं सखायो दुर्मर्षं वाणं प्र वदन्ति साकम् ॥ २ ॥

वग्नुम्-सृष्टि के प्रारम्भ में सब विद्याओं का हृदयस्थ रूपेण उच्चारण करनेवाले, वर्त्तमान में भी आत्मा में अन्तःस्थित होते हुए उसे सत्यासत्य के लिए प्रवृत्ति-निवृत्ति की प्रेरणा देनेवाले **अस्तम्**-सबके शरणभूत प्रभु की **अच्छ**-ओर **अमात्**-बल के दृष्टिकोण से **प्र अयासुः**-प्रकर्षेण जाते हैं। कौन ? १. **हंसासः**-हंस के समान नीरक्षीर का विवेक करके सत्य का ग्रहण व असत्य का त्याग करनेवाले—(घ्नन्ति हिंसन्ति पाप्मानं इति हंसाः) पापों का नाश करनेवाले और इस प्रकार (घ्नन्ति गच्छन्ति सुकृतम्) शुभ की ओर चलनेवाले, २. **तृपलाः**-(तृपं लुनाति इति तृपलः; तृप-restless अशान्त) अपने अन्दर अशान्ति को समाप्त करनेवाले—शान्त जीवन बितानेवाले, अर्थात् राजस् प्रवृत्तियों से ऊपर उठे हुए सात्त्विक लोग, ३. **वृषगणाः**-सदा वृष-धर्म का विचार करनेवाले। ये 'हंस, तृपल व वृषगण' उस प्रभु की ओर चलने का प्रयत्न करते हैं जो प्रभु 'वग्नु' हैं—वेदज्ञान देनेवाले हैं और 'अस्तम्'-सबके गृहरूप हैं। इस प्रभु की शरण में जाने से ही (अमात्) शक्ति प्राप्त होती है।

ये 'हंस-तृपल व वृषगण' **सखायः**-परस्पर मित्रभाव से समान ज्ञान की चर्चा करनेवाले (समानं चेष्टते इति सखा), **साकम्**-मिलकर **प्रवदन्ति**-उस प्रभु का ही प्रवचन करते हैं, जो प्रभु १. **अंगोषिणम्**-(आंगूष इति पदनाम—नि० ४.२) सब विद्वानों के आधारभूत हैं अथवा (आंगूषः स्तोम—नि० ५.११) समन्तात् स्तुति करने योग्य हैं, २. **पवमानम्**-जो निरन्तर पवित्र बनाते हैं—प्रभु का स्तवन करने से हमारे हृदयों में पवित्रता का संचार होता है, ३. **दुर्धर्षम्**-जो प्रभु असह्य तेजवाले हैं—अपने असह्य तेज से बुराइयों को कुचल रहे हैं और ४. **वाणम्**-सब विद्याओं का उपदेश (वण to sound) देनेवाले हैं। इस प्रभु का मिलकर विचार व उच्चारण करने से ही हमारा जीवन पवित्र बनता है।

भावार्थ—हम 'हंस, तृपल व वृषगण' बनकर प्रभु का ध्यान करें और परस्पर मिलने पर प्रभु का ही विचार करें।

ऋषिः—वृषगणो वसिष्ठः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

उस प्रभु का अद्भुत कार्य

१११८. स योजत उरुगायस्य जूतिं वृथा क्रीडन्तं मिमते न गावः।
परीणसं कृणुते तिग्मशृङ्गो दिवा हरिर्ददृशे नक्तमृञ्जः ॥ ३ ॥

१. सः=प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'वृषगण' उरुगायस्य=उस बहुत यशवाले प्रभु की जूतिम्=गति को योजते=अपने जीवन में जोड़ता है। 'वृषगण'=धर्म का चिन्तन करनेवाला व्यक्ति प्रभु का गायन करता है और प्रभु के गुणों को अपने जीवन में धारण करने का प्रयत्न करता है। २. यह अनुभव करता है कि वृथा क्रीडन्तम्=उस अनायास सृष्टि के निर्माण, धारण व प्रलयरूप क्रीड़ा को करते हुए उस प्रभु को गावः न मिमते=वाणियाँ नहीं माप सकतीं, अर्थात् शब्दों से उस प्रभु की महिमा का वर्णन सम्भव नहीं। तिग्मशृङ्गः=यह तीक्ष्ण तेजवाला प्रभु परीणसं कृणुते=तो खूब ही, (परीणसं इति बहुनाम—नि० ३.१.६) करता है कि दिवानक्तम्=दिन-रात वह हरिः=अन्धकार का हरण तथा ऋञ्जः=(ऋजि भर्जने) पापों का दहन करता हुआ ददृशे=दीखता है। उस प्रभु का सर्वमहान्, अद्भुत कार्य यही है कि वे वृषगणों के अन्धकार को दूर कर रहे हैं और पापों का भर्जन कर रहे हैं। उस प्रभु का दर्शन-चिन्तन हमारे पापों का नाश करनेवाला है।

भावार्थ—१. हम प्रभु की क्रियाओं को अपने साथ जोड़ें—उन्हीं की भाँति दया व न्याय करनेवाले बनें। २. वे प्रभु हमारे अन्धकार को दूर करेंगे और हमारे पापों का दहन कर देंगे।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

'असित, कश्यप, देवल'

१११९. प्र स्वानासो रथाइवार्वन्तो न श्रवस्यवः। सोमासो राये अक्रमुः ॥ ४ ॥

स्वानासः=सदा प्रभु के गुणों का उच्चारण करनेवाले, अतएव 'अ-सित'=संसार के प्रलोभनों में न फँसनेवाले, श्रवस्यवः=ज्ञान की कामनावाले, अतएव 'काश्यप'=ज्ञानी—तत्त्वदर्शी बननेवाले, सोमासः=सोम के पुञ्ज तथा विनीत, अतएव 'देवल'=दिव्य गुणों का आदान करनेवाले रथाः इव=गतिशील रथों के समान आगे और आगे बढ़नेवाले तथा अर्वन्तः न=मार्ग की सब बाधाओं को समाप्त कर आगे बढ़ते हुए (अर्व हिंसायाम्) घोड़ों के समान ये प्रभुभक्त राये=ज्ञानरूप परमैश्वर्य की प्राप्त के लिए प्र अक्रमुः=पराक्रम करते हैं।

भावार्थ—प्रभु के गुणों का उच्चारण हमें 'अ-सित' बनाएगा, ज्ञान की कामना हमें 'काश्यप' बनाएगी और सौम्यता से हम 'देवल' बनेंगे। ऐसा बनने से ही हम वास्तविक सम्पत्ति को प्राप्त करेंगे।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

जीवन का चित्र

११२०. हिन्वानासो रथाइव दधन्विरे गभस्त्योः। भरासः कारिणामिव ॥ ५ ॥

१. ये 'अ-सित' (विषयों से अबद्ध पुरुष) हिन्वानासः-प्रेर्यमाण—आगे और आगे चलते हुए रथाः इव-रथों के समान हैं। जैसे सारथि से प्रेरित रथ आगे बढ़ता चलता है, उसी प्रकार यह असित अन्तःस्थित प्रभु से प्रेरित होता हुआ आगे बढ़ता चलता है। २. ये 'काश्यप' गभस्त्योः-सूर्य व चन्द्र-किरणों के समान ज्ञान-विज्ञान की किरणों में दधन्विरे-स्थापित होते हैं। अपने ज्ञान को उत्तरोत्तर बढ़ाते हुए ये ज्ञान के सूर्य से देदीप्यमान होते हैं। ३. ये 'देवल' कारिणाम् इव-कलाकारों की भाँति भरासः-अपने अन्दर उत्तम गुणों को भरनेवाले होते हैं। एक कलाकार अपनी कला में—अपने से बनाये जाते हुए चित्र में विचित्र रंगों को भरता है, उसी प्रकार यह देवल अपने जीवन-चित्र में विविध गुणरूप रंगों को भरता है। कलाकार चित्र को सुन्दर बनाता है—यह देवल अपने जीवन के चित्र को सुन्दर बनाता है।

भावार्थ—हम आगे बढ़ें, ज्ञान-किरणों में धारित हों, जीवन-चित्र में गुणों के रंगों को भरें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विनीत व ज्ञानी

११२१. राजानो न प्रशस्तिभिः सोमासो गोभिरञ्जते। यज्ञो न सप्त धातृभिः॥ ६॥

राजानः न-राजा लोग जैसे (न-इव) प्रशस्तिभिः-शास्त्रीय नियमों (Rules for guidance) से अञ्जते-अपने को अलंकृत करते हैं यज्ञः न-जैसे यज्ञ सप्त धातृभिः-सप्तर्षियों से अलंकृत होता है, उसी प्रकार सोमासः-विनीत पुरुष गोभिः-वेदवाणियों से अञ्जते-अपने को अलंकृत करते हैं।

राजा का अपना एक विशेष महत्त्व है, परन्तु यदि यह शास्त्र में वर्णित नियमों के अनुसार अपना जीवन बनाता है तो उसकी विशेष ही शोभा होती है। ठीक इसी प्रकार यज्ञ स्वयं बड़ी पवित्र वस्तु है, परन्तु यदि वहाँ सप्तर्षियों की—सातों विद्वान् पुरुषों की उपस्थिति हो तो उस यज्ञ का महत्त्व बहुत बढ़ जाता है। इसी प्रकार सोम-विनीत पुरुष उत्तम जीवनवाला है ही। जब वह वेदवाणियों को अपना लेता है तब उसके जीवन में और अधिक सौन्दर्य आ जाता है।

भावार्थ—धनी होते हुए हमारा जीवन शास्त्रविधि के अनुकूल हो। विनीत होते हुए हम वेदवाणियों से जीवन को अलंकृत करें। विद्वानों की उपस्थिति से हमारे यज्ञों की शोभा बढ़े।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

परि-व्रजन

११२२. परि स्वानास इन्दवो मदाय बर्हणा गिरा। मधो अर्षन्ति धारया॥ ७॥

स्वानासः-प्रभु के गुणों का उच्चारण करनेवाले इन्दवः-शक्तिशाली अथवा ज्ञानैश्वर्य से परिपूर्ण विद्वान् लोग मदाय-आनन्द की वृद्धि के लिए बर्हणा गिरा-वृद्धि की कारणभूत इस वेदवाणी के साथ मधोः धारया-शहद की वाणी से, अर्थात् अत्यन्त मधुरवाणी से परि अर्षन्ति-सर्वत्र—चारों ओर गति करते हैं।

१. परिव्राट् लोग प्रभु के गुणों का उच्चारण करते हैं, २. उनके पास ज्ञान का महान् ऐश्वर्य होता है, ३. इस ज्ञान के प्रचार में वे हर्ष का अनुभव करते हैं, ४. वृद्धि के कारणभूत ज्ञान को फैलाते हैं, ५. उनकी वाणी शहद से भी मीठी होती है।

भावार्थ—हम भक्त व ज्ञानी बनकर मधुरवाणी से ज्ञान का प्रचार करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सूर्य व उषा का ऐश्वर्य

११२३. आपानासो विवस्वतो जिन्वन्त उषसो भगम्। सूरा अण्वं वि तन्वते॥ ८॥

आपानासः=सोम का सर्वथा पान करनेवाले, अर्थात् सोम को सर्वथा शरीर में ही व्याप्त करनेवाले सूराः=विद्वान् लोग विवस्वतः=सूर्य के और उषसः=उषा के भगम्=ऐश्वर्य को जिन्वन्तः=अपने अन्दर प्रेरित करते हुए अण्वम्=सूक्ष्म बौद्धिक व आत्मिक शक्तियों को वितन्वते=विस्तृत करते हैं।

१. सोमपान से—वीर्यशक्ति को शरीर में ही सुरक्षित रखने से शरीर तो सुदृढ़ बनता ही है, इन्द्रियों की शक्ति के विकास के साथ बुद्धि भी सूक्ष्म बनती है और उस सूक्ष्म बुद्धि से आत्मतत्त्व का दर्शन होता है। एवं, सोमपान करनेवाले लोग बौद्धिक व आत्मिक शक्तियों का विकास करते हैं। २. ये अपने अन्दर सूर्य के ऐश्वर्य को प्रेरित करते हैं, अर्थात् प्राणशक्ति को बढ़ाते हैं। 'प्राणः प्रजानामुदयत्येषः सूर्यः', यह सूर्य क्या उदय होता है, यह तो प्रजाओं का प्राण ही है। ३. उषा का ऐश्वर्य अन्धकार का दहन (उष+दाहे) है। यह तम को दूर करती है। एवं, सोमपान से मानस अन्धकार दूर होकर राग-द्वेषादि दूर हो जाते हैं।

भावार्थ—सोमपान से प्राणाशक्ति बढ़ती है, मानस राग-द्वेषादि दूर होते हैं, बौद्धिक व आत्मिक शक्तियों का विकास होता है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बुद्धि के द्वारों का उद्घाटन

११२४. अप द्वारा मतीनां प्रत्ना ऋण्वन्ति कारवः। वृष्णो हरसः आयवः॥ ९॥

प्रत्नाः=प्रथमाश्रम में विद्या का अध्ययन करनेवाले (ऋ० ६.२.४—द०) अथवा प्रत्न=पतन-अपनी शक्तियों का खूब विस्तार करनेवाले कारवः=(कारुः शिल्पिनि कारके) प्रत्येक कार्य को बड़े कलापूर्ण ढंग से करनेवाले आयवः=(एति) गतिशील मनुष्य वृष्णः=शक्तिशाली, सब सुखों की वर्षा करनेवाले प्रभु को हरसे=प्राप्त करने के लिए मतीनाम्=बुद्धियों के द्वारा=द्वारों को अप ऋण्वन्ति=खोल देते हैं। वस्तुतः बुद्धि के विकास से ही प्रभु का दर्शन होता है। सूक्ष्म बुद्धि से ही आत्मा का ग्रहण होता है।

बुद्धि के विकास के लिए आवश्यक है कि १. हम प्रथमाश्रम में विद्या का खूब अध्ययन करें और शक्तियों का विकास करें, २. साथ ही प्रत्येक कार्य को सौन्दर्य से करने का अभ्यास करें, ३. क्रियाशील जीवनवाले होकर बुद्धि का विकास करेंगे तो अवश्य प्रभु का दर्शन करेंगे।

भावार्थ—हम बुद्धि के द्वारों को खोलें और प्रभु का दर्शन करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समीचीन, होता, सप्तजामि

११२५. समीचीनास आशत होतारः सप्तजामयः। पदमेकस्य पिप्रतः॥ १०॥

एकस्य=उस अद्वैत (स एक एकवृदेक एव) पिप्रतः=सारे ब्रह्माण्ड में व्याप्त प्रभु के पदम्=स्थान को आशत=प्राप्त करते हैं। कौन? १. समीचीनासः=(सम् अञ्च्) उत्तम गतिवाले=प्रत्येक कार्य

को सदा सद्भाव से सम्यक्तया करनेवाले, ३. होतारः=दान देनेवाले—दानपूर्वक अदन करनेवाले, यज्ञशेष खानेवाले ३. सप्तजानयः=पाँच इन्द्रियशक्तियाँ तथा मन और बुद्धि जिनकी जाया के समान हैं। पत्नी शक्ति का प्रतीक समझी जाती हैं, जैसे इन्द्राणी इन्द्र की शक्ति है। इसी प्रकार प्रभु के पद को वे पाते हैं, जो इन इन्द्रियों, मन व बुद्धि की शक्ति से युक्त हैं।

भावार्थ—उत्तम गतिवाले, दाता, सातों शक्तियों का विकास करनेवाले प्रभु को पाते हैं।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कवि के अपत्य का दोहन

१२ ३ १ २ ३ १२३ १ २ १ १ २ ३ १ २१ ३ १ २
११२६. नाभा नाभिं न आ ददे चक्षुषा सूर्यं दृशे। कवेरपत्यमा दुहे॥ ११॥

१. ब्रह्माण्ड के सारे पदार्थ उस प्रभु में इसी प्रकार पिरोये हुए हैं जैसे सूत्र में मणिगण। इसी से उस प्रभु को 'नाभि' कहा गया है—उस प्रभु ने सारे लोकों को अपने में बाँधा हुआ है (णह बन्धने)। नः नाभिम्=हम सबको अपने में बाँधनेवाले उस बन्धुभूत प्रभु को नाभा=अपने शरीर के केन्द्रभूत हृदय में आददे=ग्रहण करता हूँ। हृदय में सब नाड़ियाँ केन्द्रित हैं, अतः वह नाभिस्थान है। २. चक्षुषा=ज्ञानचक्षु से सूर्यम्=सारे ब्रह्माण्ड को गति देनेवाले उस प्रभु को दृशे=देखने के लिए मैं कवेः=उस अजरामर कवि परमात्मा के अपत्यम्=सन्तानरूप इस वेदकाव्य को आदुहे=अपने में पूर्णरूप से दूहता हूँ, अर्थात् वेदज्ञान को प्राप्त करने का प्रयत्न करता हूँ। प्रभु की रचना होने से वेद प्रभु का पुत्र-सा है। उसके अध्ययन से मेरी बुद्धि शुद्ध होती है (बुद्धिर्जनिम शुध्यति) और मैं अपने ज्ञानचक्षुओं से प्रभु का दर्शन कर पाता हूँ, इसीलिए उसका हृदय में चिन्तन भी करता हूँ (नाभौ आददे)।

एवं, प्रभु-दर्शन के दो ही उपाय हैं—१. वेद के दोहन से मस्तिष्क का विकास, २. हृदय में प्रभु का चिन्तन। इस प्रकार मस्तिष्क और हृदयरूप अग्नियों को मिलाकर ही हम प्रभुरूप अग्नि का दर्शन कर पाएँगे।

भावार्थ—हम हृदय में प्रभु का चिन्तन करें—मस्तिष्क को वेदज्ञान से पूर्ण करें, तभी प्रभु का दर्शन कर पाएँगे।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सूर का 'सूर्य' दर्शन

१ १ २१ १२ १२१ १२ १२ १२ १२ १२ १२ १ २
११२७. अभि प्रियं दिवस्पदमध्वर्युभिर्गुहा हितम्। सूरः पश्यति चक्षसा॥ १२॥

सूरः=विद्वान् चक्षसा=ज्ञान की दृष्टि से अभिपश्यति=अन्दर और बाहर देखता हुआ अनुभव करता है कि 'तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः' वे प्रभु इस शरीर के अन्दर भी हैं और ब्रह्माण्ड के सब पदार्थों में भी हैं। उनकी महिमा शरीर में भी अनुभव होती है और सूर्य-चन्द्र-नक्षत्रादि में भी। किस प्रभु को? १. प्रियम्=जो प्रभु तृप्त करनेवाले हैं और अत्यन्त कान्ति-सम्पन्न हैं। संसार का कोई भी पदार्थ अनन्त तृप्ति नहीं दे पाता। प्रभु का दर्शन ही उस अविनश्वर तृप्ति का देनेवाला है, २. दिवस्पदम्=वे प्रभु सम्पूर्ण ज्योति का आधार है। सूर्यादि उसी की ज्योति से चमक रहे हैं, ३. अध्वर्युभिः=हिंसारहित जीवनवाले लोगों से वह प्रभु गुहा हितम्=बुद्धिरूपी गुहा में निहित होते हैं। हम अपना जीवन हिंसाशून्य बनाते हैं तो हमारी बुद्धि निर्मल होकर प्रभु का आभास पाती है।

भावार्थ—प्रभु का दर्शन ज्ञानी ही करता है।

सूक्त-२

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ऋत के मार्ग से

११२८. असृग्रमिन्दवः पथा धर्मन्नृतस्य सुश्रियः। विदाना अस्य योजना ॥ १ ॥

इन्दवः=इन्दु=सोम (इन्द् to be powerful) सोम का, शक्ति का शरीर में ही व्यापन करके शक्तिशाली बननेवाले सुश्रियः=उत्तम श्रीसम्पन्न व्यक्ति अस्य=इस प्रभु की योजना=योजनाओं को विदानाः=जानते हुए ऋतस्य पथा=ऋत के, सत्य के मार्ग से धर्मन्=(धर्माणि) धर्म-कर्मों को असृग्रम्=करते हैं (सृजन्ति)।

१. ऋत के मार्ग से चलना चाहिए। असत् को छोड़कर सत् को अपनाना चाहिए। ऋत के मार्ग से चलते हुए सदा सत्कर्मों को ही करना चाहिए। २. सत्कर्मों में प्रवृत्ति के लिए तीन बातें आवश्यक हैं—(क) सोम का पान करके शक्तिशाली बनना, (ख) उत्तम श्रीयुक्त—धन-सम्पन्न होना, (ग) प्रभु की योजनाओं को समझना। जितना-जितना हम इन योजनाओं को समझेंगे उतना-उतना ही कर्मों को ठीक प्रकार से करनेवाले होंगे। इस प्रकार संक्षेप से सत्कर्मों में प्रवृत्ति के लिए 'शक्ति, धन व ज्ञान' तीनों आवश्यक हैं।

भावार्थ—'शक्ति, धन व ज्ञान' से युक्त होकर हम ऋत के मार्ग से धर्म-कर्मों को करनेवाले बनें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मधुर वाणी महनीय कर्म

११२९. प्र धारा मधो अग्रियो महीरपो वि गाहते। हविर्हविःषु वन्द्यः ॥ २ ॥

अग्रियः=गुणों में सबसे प्रथम (उत्कृष्ट), सत्त्वगुण में वर्त्तमान होता हुआ, अर्थात् नित्यसत्त्वस्थ होता हुआ, हविः=(हु दानादनयोः)=सदा दानपूर्वक अदन करनेवाला, यज्ञशेष का सेवन करनेवाला हविःषु वन्द्यः=त्यागियों में भी वन्दनीय, अर्थात् उत्तम त्यागशील व्यक्ति मधोः धाराः=मधु की वाणियों का अत्यन्त मधुर शब्दों का तथा महीः अपः=महनीय कर्मों का प्रविगाहते=प्रकर्षेण अवगाहन करता है, अर्थात् सात्त्विक व त्यागशील पुरुष मधुर वाणी का प्रयोग करता हुआ सदा उत्तम कर्मों को करनेवाला होता है।

सात्त्विक भोजन के प्रयोग से हम अपनी अन्तःकरण की वृत्ति को सात्त्विक बनाएँ। अपने जीवन को त्यागमय बनाएँ, धन की अस्थिरता के चिन्तन से हम धन के प्रति आसक्त न हों और अपने व्यावहारिक जीवन में कभी कड़वी वाणी का प्रयोग न करें, सदा महनीय कर्मों को ही करनेवाले बनें।

भावार्थ—सात्त्विकता व त्यागवृत्ति को अपनाकर हम मधुरवाणी ही बोलें तथा प्रशंसनीय कर्मों को ही करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

घर की ओर

११३०. प्र युजा वाचो अग्रियो वृषा अचिक्रदद्वने। सद्मा भि सत्यो अध्वरः ॥ ३ ॥

१. अग्नियः=सत्त्वगुण में अवस्थित, २. वृषः=सदा धर्म के कर्मों में लगा हुआ, ३. अध्वरः=हिंसारहित यज्ञिय मनोवृत्तिवाला पुरुष, सत्यः=सत्याचरण करनेवाला ४. युजा=निरुद्ध चित्तवृत्ति को प्रभु में लगाने के द्वारा, ५, वने=उस उपासनीय प्रभु के स्तवन में (सम्भजन में) वाचः=स्तुतिवचनों को प्र अचिक्रदत्= खूब ही उच्चारण करता है और इसी का परिणाम होता है कि ६. सद्म अभि=वह अपने घर की ओर बढ़ता चलता है।

हमारा वास्तविक घर तो ब्रह्मलोक ही है। हम वहाँ से भटककर इस मर्त्यलोक में विचर रहे हैं। उस घर की ओर जाने के लिए हमें कुछ पग उठाने होंगे। प्रस्तुत मन्त्र में उन्हीं पगों का वर्णन है।

१. तमोगुण में रहते हुए तो नाममात्र भी आगे बढ़ना सम्भव नहीं, वहाँ तो प्रमाद, आलस्य व निद्रा का प्राबल्य है। रजोगुण से हम इस संसार में और अधिक आसक्त हो जाते हैं। सत्त्वगुण ही हमें अपने घर की ओर ले-चलता है। २. सात्त्विक पुरुष अधर्म को छोड़कर धर्म को अपनाता है। अधर्म बोझल है, वह हमें ऊपर न उठने देगा। ३. धर्म का सर्वोत्तम रूप सत्य ही है, इसी से तो हम सत्य-ब्रह्म को अपना पाएँगे। ४. इस ब्रह्म की प्राप्ति के लिए सत्य को अपनाता हुआ यह व्यक्ति भूतहित में प्रवृत्त होता है, ५. इस वृत्तिवाला पुरुष मनोनिरोध के द्वारा, ६. प्रभु की ओर चलता है।

भावार्थ—हम सत्त्वगुण में अवस्थित होकर प्रभु की ओर चलें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मोक्ष का मार्ग

११३१. परि यत्काव्या कविर्नृम्णा पुनानो अर्षति। स्वर्वाजी सिषासति॥ ४॥

यत्=जब यह 'असित् काश्यप, देवल' प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि १. कविः=क्रान्तदर्शी बनता है। सब वस्तुओं के तत्त्व को समझने का प्रयत्न करता है, २. नृम्णा=धनों को पुनानः=पवित्र करता है। प्रत्येक बात को तात्त्विक दृष्टि से सोचनेवाला व्यक्ति अपवित्र साधनों से धन कमाएगा ही नहीं। ३. यह काव्या=वेदज्ञानों को परि अर्षति=पूर्णरूप से प्राप्त होता है। तात्त्विक दृष्टिवाला व्यक्ति ज्ञान-प्रधान जीवन बिताता ही है। ४. ज्ञान-प्रधान जीवन बिताता हुआ यह वाजी=शक्तिशाली व क्रियाशील बनता है (वाज=शक्ति, वज गतौ)। ५. यह व्यक्ति वस्तुतः स्वः=अपने मोक्षसुख को भी सिषासति=बाँटना चाहता है। स्वयं अकेला मुक्त भी नहीं होना चाहता।

भावार्थ—मुक्ति का मार्ग यही है कि मनुष्य—१. कवि=क्रान्तदर्शी बने, २. पवित्र धनवाला हो, ३. वेदज्ञान को प्राप्त करे, ४. शक्तिशाली व क्रियाशील हो, ५. सभी को सुख प्राप्त कराना चाहे।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु क्या करते हैं?

११३२. पवमानो अभि स्पृधो विशो राजेव सीदति। यदीमृण्वन्ति वेधसः॥ ५॥

यत् ईम्=वस्तुतः जब वेधसः=ज्ञानी लोग ऋण्वन्ति=प्रभु को प्राप्त करते हैं तब पवमानः=वे पवित्र करनेवाले प्रभु स्पृधः=(स्पर्ध संघर्षे) हमारे साथ संघर्ष करनेवाले विशः=हमारे न चाहते हुए भी हमारे अन्दर प्रवेश कर जानेवाले काम-क्रोध आदि को अभिसीदति=(अभिषादयति) नष्ट कर देते हैं। हम प्रभु की शरण में जाते हैं और प्रभु हमारे इन शत्रुओं को नष्ट कर देते हैं। प्रभु की शक्ति के बिना हम इन शत्रुओं को जीत ही कहाँ सकते थे? हमारे साथ स्पर्धा में तो ये हमारे अन्दर

घुस ही आते हैं। प्रभु हमारे साथ होते हैं तो ये हमपर आक्रमण नहीं कर पाते। आक्रमण करते हैं तो पराजित होते हैं। इव-उसी प्रकार जैसे राजा-एक राजा विद्रोहियों को दबा देते हैं। ये प्रभु भी मेरे विरोधियों को कुचल देते हैं।

भावार्थ—मैं प्रभु को प्राप्त करता हूँ—प्रभु मेरे शत्रुओं को शान्त करते हैं।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का आसन-हृदय

११३३. अव्या वारे परि प्रियो हरिर्वनेषु सीदति। रेभो वनुष्यते मती॥ ६॥

१. गड़रियों को जैसे अपनी भेड़ें प्रिय होती हैं, इसी प्रकार वे प्रभु भी अव्याः वारे-भेड़ों-प्राणिमात्र के इस झुण्ड में (अवि-an ewe, वार-flock) परि प्रियः-सब ओर प्रेमवाले हैं। प्रभु किस प्राणी से प्रेम नहीं करते? २. हरिः-ये दुःखों को हरनेवाले प्रभु वनेषु-उपासकों में—भक्तों में सीदति-विराजमान होते हैं। सर्वव्यापकता के नाते सबमें निवास करते हैं, ३. रेभः-ये स्तोता ही मती-(मत्या) बुद्धि के द्वारा उस प्रभु को वनुष्यते-प्राप्त करता है। जैसे रूप का ग्रहण आँख से होता है, शब्द का श्रोत्र से, इसी प्रकार प्रभु का ग्रहण बुद्धि से होता है (दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या), क्योंकि यह स्तोता भक्त ही प्रभु का ग्रहण करता है, अतः प्रभु इसी के हृदय में विराजमान होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु की प्रिय भेड़ें हों। हम भक्त बनें, जिससे हमारा हृदय प्रभु का आसन बने।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु को कौन प्राप्त करता है?

११३४. स वायुमिन्द्रमश्विना साकं मदेन गच्छति। रणा यो अस्य धर्मणा॥ ७॥

सः-वह व्यक्ति यः-जो अस्य-प्रभु के धर्मणा-कर्मों से रणा-रमण करता है—आनन्द का अनुभव करता है, अर्थात् प्रभु-प्राप्ति के लिए हितकर कर्मों में ही आनन्द लेता है, वायुम्-(वा गतौ) स्वभावतः क्रियावाले और सारे ब्रह्माण्ड को गति देनेवाले इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु को अश्विना-प्राणापानों के द्वारा, अर्थात् प्राण-साधना के द्वारा मदेन साकम्-सदा उल्लास के साथ जीवन-यापन करता हुआ गच्छति-प्राप्त होता है।

प्रभु-प्राप्ति का मार्ग यह है कि हम १. प्रभु से उपदिष्ट कर्मों में रमण करें—आत्मकि उन्नति के लिए किये जानेवाले कर्मों में हमारी रुचि हो, २. प्राणापान की साधना का हम ध्यान करें, ३. जीवन में सदा उल्लासमय रहने का प्रयत्न करें।

प्रभु वायु हैं—हमें गति देनेवाले हैं और वे प्रभु 'इन्द्र' हैं—परमैश्वर्यवाले हैं। 'वायुमिन्द्रम्' शब्दों का यह क्रम संकेत करता है कि गतिशीलता ही ऐश्वर्य-प्राप्ति का साधन है।

भावार्थ—१. हम प्रभु-प्राप्ति के साधनभूत कर्मों में आनन्द लें, २. प्राण-साधना करें, ३. सदा जीवन को उल्लासमय बनाने के लिए यत्नशील हों।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मित्र, वरुण और भग

११३५. आ मित्रे वरुणे भगे मधोः पवन्त ऊर्मयः। विदाना अस्य शक्मभिः॥ ८॥

१. मित्रे-(क) सबके साथ स्नेह करनेवाले में अथवा (ख) प्रमीतेः त्रायते, अपने को पापों से बचानेवाले में, २. वरुणे-(क) वरुणो नाम वरः श्रेष्ठः, अपने को श्रेष्ठ बनानेवाले में अथवा, (ख) वारयति—काम-क्रोधादि का निवारण करनेवाले में, ३. भगे-(क) भजते—प्रभु की उपासना करनेवाले में, (ख) अथवा धर्मकार्यों का सेवन करनेवाले में (ऋ० १.१३६.६ द०) मधोः-सोम की, वीर्य की ऊर्ध्वगति होती है, अर्थात् सोम की शक्ति की ऊर्मयः-तरंगें आपवन्ते-समन्तात् गति करती हैं। वस्तुतः 'राग-द्वेष, पापकर्मों में फँसना, श्रेष्ठ बनने का ऊँचा लक्ष्य न होना, काम-क्रोधादि का शिकार होते रहना, प्रभु की ओर न झुककर पार्थिव भोगों की वृत्तिवाला होना, धर्मकार्यों में न लगना' ये सब ऐसी बातें हैं जो वीर्य की रक्षा में सहायक नहीं होती। ये 'शोक, मोह, क्रोध' सभी ब्रह्मचारी के लिए इसी दृष्टिकोण से वर्जित हैं। 'मित्रे वरुणे' का अर्थ 'प्राणापान की साधना करनेवाले में' यह भी है। प्राणापान की साधना भी वीर्य-रक्षा का महान् साधन है। अस्य-इस सुरक्षित सोम की शक्मभिः-शक्तियों से ये 'मित्र, वरुण और भग' विदानाः-ज्ञानी बनते हैं। सोम ही ज्ञानाग्नि का ईंधन है।

भावार्थ—हम मित्र, वरुण और भग बनकर सोम की ऊर्ध्वगतिवाले हों और इस सोम की शक्ति से अपनी ज्ञानाग्नि को दीप्त करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रयि, श्रव, वसु

११३६. अस्मभ्यं रोदसी रयिं मध्वो वाजस्य सातये। श्रवो वसूनि सञ्जितम्॥ ९॥

अस्मभ्यम्-हमारे लिए रोदसी-द्युलोक और पृथिवीलोक, अर्थात् सारा ब्रह्माण्ड मध्वः-आनन्द की तथा वाजस्य-शक्ति की सातये-प्राप्ति के लिए रयिम्-धन को श्रवः-ज्ञान को तथा वसूनि-निवास के लिए जीवनोपयोगी वस्तुओं को सञ्जितम्-विजय करे।

सारा संसार हमारे लिए इस प्रकार अनुकूलतावाला हो कि हम 'आनन्द और शक्ति' का लाभ कर सकें। इसी उद्देश्य से हम उचित धन, ज्ञान व अन्य जीवनोपयोगी वस्तुओं को जुटाएँ। इनके बिना आनन्द व शक्ति की प्राप्ति सम्भव नहीं है।

भावार्थ—रयि, श्रव व वसु के द्वारा हम मधु व वाज का लाभ करें।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

११३७. आ ते दक्ष मयोभुव वह्निमद्या वृणीमहे। पान्तमा पुरुस्पृहम्॥ १०॥

४९८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम का वरण

११३८. आ मन्द्रमा वरेण्यमा विप्रमा मनीषिणम्। पान्तमा पुरुस्पृहम्॥ ११॥

हे प्रभो! हम आपके इस सोम का वरण करते हैं जो—१. आमन्द्रम्-हमें सर्वथा आनन्दमय जीवनवाला बनाता है। २. आवरेण्यम्-जो सोम सर्वथा वरणीय है। हमारे लिए सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य सोम की रक्षा ही होना चाहिए। ३. आविप्रम्-जो शरीर को समन्तात्, विशेषरूप से पूर्ण

करनेवाला है। सब रोगकृमियों को समाप्त करके शरीर को नीरोग बना देता है, मन में से भी द्वेषादि की भावनाओं को दूर करनेवाला है। ४. आमनीषिणम्-यह हमें सब विज्ञानों में विद्वान्, ज्ञानी बनाता है, ५. आपान्तम्-हमारी सर्वथा रक्षा करता है, ६. पुरुस्पृहम्-महान् स्पृहा (उच्च अभिलाषा) को जन्म देता है। यह उच्च अभिलाषा हमारी उन्नति का कारण बनती है।

भावार्थ—हम सोम को शरीर में ही सुरक्षित करते हैं तो यह हमारे जीवन को आनन्दमय बनाता है और हममें उच्च अभिलाषा को जन्म देता है।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रक्षा व उच्च अभिलाषा

११३९. आ रयिमा सुचेतुनमा सुक्रतो तनूष्वा। पान्तमा पुरुस्पृहम्॥ १२॥

१. हे सुक्रतो-शोभनज्ञान प्रभो! हम आपके उस सोम का आवृणीमहे-वरण करते हैं जो रयिम्-वस्तुतः शरीर का धन है। इसके होने से ही शरीर है, इसके अभाव में शरीर भी नहीं है। २. सुचेतुनम्-जो हमारे ज्ञान को उत्तम करनेवाला है, बुद्धि को सूक्ष्म बनाता है, पान्तम्-हमारी रक्षा करता है, हमारे मनों पर आसुर वृत्तियों का उसी प्रकार आक्रमण नहीं होने देता जैसे शरीर पर रोगों का। ४. पुरुस्पृहम्-यह सोम सचमुच महान् स्पृहा को जन्म देकर हमें महान् बनाता है। हे प्रभो! हम इस सोम को तनूषु-अपने शरीरों में आवृणीमहे-वरते हैं। 'तनू' का अर्थ सन्तति लें तो अर्थ यह होगा कि इसे हम अपनी सन्तानों के लिए भी वरते हैं।

भावार्थ—सोम ही वास्तविक शरीर-धन है।

सूक्त-३

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—वैश्वानरः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

११४०. मूर्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आ जातमग्निम्।
कविं सम्राजमतिथिं जनानामासन्नः पात्रं जनयन्त देवाः॥ १॥

मन्त्र संख्या ६७ पर इसका अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—वैश्वानरः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

ब्रह्मचारी का गृहस्थ-प्रवेश

११४१. त्वां विश्वे अमृत जायमानं शिशुं न देवा अभि सं नवन्ते।
तव क्रतुभिरमृतत्वमायन् वैश्वानर यत्पित्रोरदीदेः॥ २॥

ब्रह्मचारी आचार्यकुल में प्रविष्ट होते हैं और आचार्य-गर्भ में रहकर उचित विकास प्राप्त करके फिर बाहर आते हैं, उस दिन बड़े-बड़े विद्वान् उसे देखने के लिए उपस्थित होते हैं। विश्वे देवाः-सब देव शिशुं न जायमानम्-शिशु के समान उत्पन्न होते हुए त्वाम्-तुझे अभिसंनवन्ते-लक्ष्य करके प्राप्त होते हैं (अभिसंनवन्ते-अभिसंयन्ति)। आचार्य प्रयत्न करता है कि विद्यार्थी का मन वासनाओं से आक्रान्त न हो और इस प्रकार वह 'अ-मृत' बना रहे। ब्रह्मचर्य के द्वारा देव मृत्यु को

जीत लेते हैं। इस ब्रह्मचर्य के कारण इसकी बुद्धि अत्यन्त तीव्र हो जाती है, अतः इसे 'शिशु' कहा गया है 'शो तनूकरणे'=जिसने बुद्धि को सूक्ष्म बनाया है।

हे अमृत=मृत्यु को जीतनेवाले ब्रह्मचारिन्! तव क्रतुभिः=तेरे प्रज्ञानों व कर्मों से, अर्थात् तेरे द्वारा किये गये ज्ञान के प्रसार से लोग अमृतत्वम्=अमरता को आयन्=प्राप्त होते हैं। हे वैश्वानरः=(विश्वनर हित) सब लोगों का हित करनेवाले तथा सब लोगों को ('नृ नये') शुभ मार्ग पर ले-चलनेवाले यत्=जब तू पित्रोः=(ज्ञानप्रदः पिता) ज्ञान देनेवाले माता-पिता के रूप में अदीदेः=चमकता है, अर्थात् जब ये ब्रह्मचारी व ब्रह्मचारिणी आचार्यकुल से बाहर आते हैं और द्वितीयाश्रम में प्रवेश करके माता-पिता के रूप में उज्ज्वल जीवन बिताते हुए क्रियात्मकरूप से ज्योति फैलाते हैं तब इनके इन कर्मों से लोग भी अमरता को प्राप्त होते हैं। वे भी इनके पदचिह्नों पर चलते हुए रोगादि पर विजय पाते हैं।

भावार्थ—विद्यार्थी आचार्यकुल में नीरोगता द्वारा अमर बनने तथा बुद्धि को तीव्र बनाने का प्रयत्न करें। आचार्यकुल से बाहर आकर माता-पिता के रूप में इस प्रकार दीप्त व्यवहारवाले हों कि उनके कर्म सभी के लिए हितकर हों।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—वैश्वानरः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

पुरुषो वाव यज्ञः

११४२. नाभिं यज्ञानां सदनं रयीणां महामाहावमभि संनवन्त।
वैश्वानरं रथ्यमध्वराणां यज्ञस्य केतुं जनयन्त देवाः॥ ३॥

देवाः=वे माता-पिता व आचार्यरूप देव जनयन्त=जन्म देते हैं। किसको?

१. यज्ञानाम्=देवपूजा, संगतीकरण व दानरूप धर्मों को नाभिः=(णह बन्धने) अपने में बाँधनेवाले को। जो अपने बड़ों का आदर करता है, सबके साथ मिलकर चलता है और दान की वृत्तिवाला है, ऐसे ब्रह्मचारी को ये जन्म देते हैं। २. रयीणां सदनम्='वीर्यं वै रयिः, पुष्टं वै रयिः' इन शतपथवाक्यों के अनुसार जो शक्ति व पुष्ट शरीर का घर है। जिसका शरीर शक्ति-सम्पन्न और हृष्ट-पुष्ट है। ३. महाम्=(मह पूजायाम्) जो प्रभुपूजा की वृत्तिमाला है। ४. आहावम्=(आहाव=निपात) जैसे प्यासे पशु प्यास बुझाने के लिए निपान पर आते हैं, इसी प्रकार ज्ञान की पिपासा को शान्त करने के लिए, अभिसंनवन्ते=जिसके पास लोग आते हैं। ५. वैश्वानरम्=जो लोगों का हित करता है और सबको नेतृत्व देता है। ६. अध्वराणां रथ्यम्=हिंसारहित कर्मों के रथी को। जो अपने जीवन में 'सर्वभूतहित' के कर्मों को ही करता है। ७. यज्ञस्य केतुम्=जो यज्ञों का प्रकाशक है। स्वयं यज्ञों को करता हुआ औरों में यज्ञिय भावना का प्रसार करता है।

इस प्रकार सात विशेषताओं से सम्पन्न व्यक्ति का निर्माण माता-पिता व आचार्य करते हैं। इन सात विशेषताओं में 'नाभिः यज्ञानाम्' का स्थान प्रथम और 'यज्ञस्य केतुम्' पर इनकी समाप्ति है। शेष सब विशेषताएँ इस यज्ञ में ही समाविष्ट हो जाती है। एवं, यज्ञ है तो सब विशेषताएँ हैं, यज्ञ नहीं है तो कुछ भी नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखकर उपनिषद् ने लिखा 'पुरुषो वाव यज्ञः' पुरुष तो है ही 'यज्ञ'। यज्ञमय जीवन ही श्रेष्ठ जीवन है।

भावार्थ—हम अपने जीवनों को यज्ञमय बनाएँ।

सूक्त-४

ऋषिः—यजत आत्रेयः ॥ देवता—मित्रावरुणौ ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्राणापान

१ २ ३ ११ ३ १२ ३ २ ३ २ १ ३ ३ १२
११४३. प्र वो मित्राय गायत वरुणाय विपा गिरा। महिक्षत्रावृतं बृहत्॥ १॥

वैदिक-साहित्य में 'मित्रावरुणौ' शब्द प्राणापान के लिए प्रयुक्त होता है। इनकी साधना करके ही मनुष्य 'मैत्रावरुणि वसिष्ठ' बन पाता है—सर्वोत्तम निवासवाला होता है और वशियों में श्रेष्ठ बनता है। 'मित्र' प्राण का नाम है 'वरुण' अपान का। मित्र-प्रमीतेः त्रायते-रोगों से बचाता है। रोगों से होनेवाली मृत्यु को दूर करता है। शरीर में इसी से प्राणशक्ति का संचार होता है। साथ ही यह मनों में (मिद-स्नेह) पारस्परिक स्नेह की भावना को भरनेवाला है। इस स्नेह की भावना को भरकर यह हमें उस प्रभु के समीप पहुँचाता है। उस प्रभु से मेलवाला व्यक्ति ही 'यजत' (संगतीकरणवाला) है। वरुण (वारयति) बुराइयों से दूर करनेवाला है। यह शरीर से मलों को दूर करता है तो मन से 'काम-क्रोध-लोभ' को दूर करके व्यक्ति को 'आत्रेय' बनाता है। यह 'यजत आत्रेय' कहता है कि हे मित्रो! **वः**-तुम्हारी **मित्राय**-प्राणशक्ति के लिए और **वरुणाय**-अपान शक्ति के लिए, **विपा**-प्रशंसात्मक **गिरा**-वाणी से **प्रगायत**-खूब गायन करो। इनके गुणों को हृदयों में अंकित करने का प्रयत्न करो। ये दोनों **महिक्षत्रौ**-तुम्हारे जीवनों को महनीय बनानेवाले हैं (महि=majestic), शक्तिशाली बनानेवाले हैं और क्षतों से—अक्रमणों से बचानेवाले हैं। इनकी साधना से न तो रोगों का आक्रमण होगा और न ही मानस विकारों का। ये **ऋतम्**-तुम्हारे जीवनों को ठीक करनेवाले हैं (ऋत=right)। इनकी साधना का परिणाम यह होगा कि हमारे जीवन में सब कार्य ठीक समय पर व ठीक स्थान पर होंगे। **बृहत्**-ये तुम्हारी वृद्धि का कारण हैं। इनसे ही सारा शारीरिक व मानसिक विकास होता है।

भावार्थ—हम प्राणापान की साधना करके उत्तम व वृद्धिशील जीवनवाले बनें।

ऋषिः—यजत आत्रेयः ॥ देवता—मित्रावरुणौ ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

देवताओं में प्रशस्त

३ २ ३ २ ३ १ २ ३ २ ३ १ ३ ३ २ ३ १
११४४. सम्राजा या घृतयोनी मित्रश्चोभा वरुणश्च। देवा देवेषु प्रशस्ता॥ २॥

ये प्राणापान **सम्राजा**-हमारे जीवनों को बड़ा नियमित (well regulated) बनानेवाले हैं, ~~हमारे रसरसों को तेजस्वी न दीप्त (सम् दीप्त) करनेवाले हैं। वा को ने मित्र. न वरुण. न प्राण~~ और अपान हैं **उभा**-दोनों **घृतयोनी**-(घृ—१. क्षरण, २. दीप्ति) मानस मलों को दूर करके हमारे मनों को दीप्त बनानेवाले हैं। हमारे मन राग-द्वेषादि के मलों से रहित होकर पवित्रता व प्रकाश से चमक उठते हैं। ये **देवा**-हमें नीरोगता देनेवाले हैं (देवः-दानात्) तथा हमारे मनों को द्योतित करनेवाले हैं (देवः द्योतनात्)। ये प्राणापान शरीर में रहनेवाले **देवेषु**-सब देवों में (सर्वा ह्यस्मिन् देवता गावो गोष्ठ इवासते) **प्रशस्त** व प्रशंसनीय हैं।

भावार्थ—प्राणापान ही सब देवताओं में श्रेष्ठ हैं। इनकी साधना ही हमें तेजस्वी शरीरवाला व द्योतित हृदयवाला बनाएगी।

ऋषिः—यजत आत्रेयः ॥ देवता—मित्रावरुणौ ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

रक्षक

११४५. ता नः शक्तं पार्थिवस्य महो रायो दिव्यस्य। महि वां क्षत्रं देवेषु ॥ ३ ॥

ता—ये प्राण और अपान नः—हमें पार्थिवस्य रायः—पार्थिव धन का, अर्थात् शरीर की नीरोगता का तथा महः दिव्यस्य रायः—महनीय दिव्य धन का, अर्थात् उत्तम हृदय के ज्ञान व प्रकाश का शक्तम्—दान करने में समर्थ हैं। ये प्राणपान हमें पार्थिव व दिव्य धन देकर हमारे शरीरों को स्वस्थ व मन को प्रकाशमय बनाकर हमें शक्तिशाली व योग्य बनाते हैं।

हे प्राणापानो! वाम्—आप दोनों का देवेषु—शरीरस्थ सभी देवताओं में क्षत्रम्—आक्रमण से रक्षण महि—सचमुच महनीय है। प्राणापान ही वस्तुतः शरीर के सब देवताओं को आसुर आक्रमण से बचाते हैं, शरीर पर रोग आक्रमण नहीं कर पाते और मन में वासनाएँ प्रविष्ट नहीं हो पातीं। अन्य सब देव जब सो जाते हैं, तब ये प्राणापान जागकर पहरा देते हैं। यह शरीर 'देवानां पूः' देवनगरी है। ये प्राणापान इस देवनगरी के रक्षक हैं।

भावार्थ—प्राणापान देवताओं की नगरी के रक्षक हैं।

सूक्त—५

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सूक्ष्म शक्तियों का विकास

११४६. इन्द्रा याहि चित्रभानो सुता इमे त्वायवः। अण्वीभिस्तना पूतासः ॥ १ ॥

हे चित्रभानो—अद्भुत दीप्तिवाले—आश्चर्यकारक विज्ञानवाले, इन्द्र—परमैश्वर्यशाली प्रभो! आयाहि—आप हमें प्राप्त होओ। १. जीवात्मा की सर्वोत्तम कामना यही है कि 'वह प्रभु को प्राप्त करे।' 'मधुच्छन्दाः'—अत्यन्त मधुर इच्छाओंवाला, वैश्वामित्रः—सभी के साथ स्नेह करनेवाला प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि यही कामना करता है कि मैं प्रभु को प्राप्त करूँ। प्रभु में अद्भुत ज्ञान है, वे परमैश्वर्य के निधान हैं। मधुच्छन्दा यही अनुभव करता है कि प्रभु-प्राप्ति में ही ज्ञान और ऐश्वर्य का लाभ है।

मधुच्छन्दा उस प्रभु की प्राप्ति के लिए कहता है कि सुताः—उत्पन्न हुए-हुए इमे—ये सोम २. त्वायवः—आपको प्राप्त करानेवाले हैं। इन सोमकणों की रक्षा प्रभु का दर्शन कराते हैं। ये सोम ३. अण्वीभिः—सूक्ष्म शक्तियों से तना—धनवाले हैं। (तना इति धननाम—नि० २.१०.१५)। इनकी रक्षा से जहाँ शरीर का स्वास्थ्य प्राप्त होता है, वहाँ मन व बुद्धि की शक्तियों का भी विकास होता है। ४. पूतासः—ये अत्यन्त पवित्रतावाले हैं। सोमरक्षा से जीवन अधिकाधिक पवित्र होता चलता है और पवित्र बनकर हम प्रभु को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ—सर्वोत्तम कामना यही है कि हम 'प्रभु को प्राप्त करें।' उसकी प्राप्ति के लिए शरीर में सोम का निर्माण हुआ है। ये सोमकण हमारी सूक्ष्म शक्तियों का विकास करनेवाले तथा पवित्रता पैदा करनेवाले हैं।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

बुद्धिपूर्वक गति

११४७. इन्द्रा याहि धियेषितो विप्रजूतः सुतावतः। उप ब्रह्माणि वाघतः ॥ २ ॥

प्रभु मधुच्छन्दा से कहते हैं—हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! धिया इषितः-बुद्धि से प्रेरित हुआ-हुआ, विप्रजूतः-विशेषरूप से अपना पूरण करने के लिए गतिवाला तू सुतावतः-यज्ञशील तथा वाघतः-स्तोता पुरुष के ब्रह्माणि-स्तोत्रों को उप आयाहि-प्राप्त हो।

प्रभु-प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि हम १. बुद्धि से प्रेरित हों। सब कार्यों को बुद्धिपूर्वक करें। २. हमारा प्रत्येक कार्य अपना विशेषतः पूरण करने के उद्देश्य से हो (वि+प्र)। अपनी न्यूनताओं को दूर करते हुए हम आगे और आगे बढ़ते चलें। ३. हम यज्ञशील स्तोताओं के स्तोत्रों को करनेवाले हों। हमारे स्तोत्र केवल शाब्दिक न हों—हम उनके अनुसार अपने जीवनों को बनाने के लिए भी यत्नशील हों।

भावार्थ—हमारा प्रत्येक कार्य बुद्धिपूर्वक हो—हम अपना पूरण करें—हमारी स्तुति हमें यज्ञशील बनाए।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तूतुजान

११४८. इन्द्रा याहि तूतुजान उप ब्रह्माणि हरिवः। सुते दधिष्व नश्चनः॥ ३॥

प्रभु मधुच्छन्दा से कह रहे हैं—हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! तू तूतुजानः-शीघ्रता से कार्यों में व्यापृत होता हुआ (तूतुजानः-त्वरमाणः) और इस प्रकार (तुज्-to kill) वासनाओं का विनाश करता हुआ उप आयाहि-हमें सम्यक् प्राप्त हो। वस्तुतः प्रभु-प्राप्ति के लिए हम अपने जीवनों में आलस्य न आने दें। २. हे हरिवः-उत्तम इन्द्रियरूप अश्वोंवाले जीव! (हरि-अश्व-इन्द्रियाँ) तू ब्रह्माणि-स्तोत्रों को अपनानेवाला बन। वासनाओं को दूर रखने से हमारी इन्द्रियाँ शक्तिशाली बनी रहती हैं और हम उन इन्द्रियों को वेदज्ञान व वेदमन्त्रों द्वारा प्रभुस्तवन में नियुक्त कर पाते हैं। ३. तू सुते-इस उत्पन्न जगत् में नः-हमारे चनः-अन्नों को दधिष्व-धारण करनेवाला हो। प्रभु के इस संसार के शतशः भोज्य-पदार्थों का ही शरीर, मन व बुद्धि के धारण के लिए प्रयोग करें।

भावार्थ—१. हम कर्मों में व्यापृत रहते हुए वासनाओं का विनाश करें। २. वेदज्ञान व स्तोत्रों को अपनाएँ। ३. अन्नों का ही सेवन करें नकि मांस का।

सूक्त-६

ऋषिः—भारद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कर्मों का कर्षण (क्षय)

११४९. तमीडिष्व यो अर्चिषा वना विश्वा परिष्वजत्। कृष्णा कृणोति जिह्वया॥ १॥

तम्-उस अग्नि नामक प्रभु का ईडिष्व-स्तवन करो यः-जो अर्चिषा-अपनी ज्ञान की ज्वालाओं से विश्वा वना-सम्पूर्ण ज्ञानरश्मियों का परिष्वजत्-आलिंगन करता है और अपने स्तोताओं के साथ भी ज्ञान-रश्मियों का सम्बन्ध करता है। यह स्तुत्य प्रभु जिह्वया-अपनी वेदवाणी के द्वारा कृष्णा कृणोति-हमारे कर्मों को क्षीण कर देता है। उपनिषद् में कहा है—'क्षीयन्ते चास्य कर्माणि'-इस ज्ञानी, प्रभुभक्त के कर्म क्षीण हो जाते हैं। (जिह्वा वाङ्नाम—नि० १.११) भस्म हुए वे कर्मफल जननशक्ति शून्य हो जाते हैं और इस प्रकार ये ज्ञानी स्तोता नैष्कार्म्य सिद्धि को प्राप्त करके मुक्त हो जाता है।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करें—प्रभु की ज्ञानरश्मियाँ हमारा आलिंगन करें और ज्ञान के द्वारा हमारे कर्म भस्मसात् हो जाएँ।

ऋषिः—भारद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

भवसागर-सन्तरण

१ १ २ १ २ २ १ १ २ १ १ १ २ १ २ १ १ २ १ २

११५०. य इन्द्र आविवासति सुम्नमिन्द्रस्य मर्त्यः। द्युम्नाय सुतरा अपः ॥ २ ॥

यः मर्त्यः—जो व्यक्ति **इन्द्रे**—ज्ञान से दीप्त अपने हृदय में **इन्द्रस्य**—परमैश्वर्यशाली परमात्मा के **सुम्नम्**—स्तोत्र को **आविवासति**—करता है, अर्थात् स्तोत्रों के द्वारा प्रभु की पूजा करता है, वह मनुष्य **द्युम्नाय**—ज्ञान के प्रकाश के लिए समर्थ होता है। इस व्यक्ति को प्रकाश प्राप्त होता है और परिणामतः इसके लिए **अपः**—कर्म **सुतराः**—सुगमता से तैरने योग्य हो जाते हैं। अज्ञानी को ही कर्म बाँधते हैं, क्योंकि उसकी कर्मों में आसक्ति होती है। ज्ञानी के लिए कर्मबन्धन नहीं रहता, क्योंकि यह कर्मफल की इच्छा से ऊपर उठ जाता है। इस प्रकार यह ज्ञानी निष्काम कर्मों के परिणामस्वरूप इस जन्म-मरण के चक्र को पार कर लेता है। यह भवसागर में गोते नहीं खाता रहता।

भावार्थ—हम प्रभु स्तवन करें। प्रभु-स्तवन से हमें प्रकाश प्राप्त हो। प्रकाश हमें निष्काम करके कर्मसन्तरण के योग्य बनाये।

ऋषिः—भारद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रेरणा तथा कर्म

२ १ १ २ १ २ १ २ १ १ २ १ २ १ २ १ २

११५१. ता नो वाजवतीरिष आशून् पिपृतमर्वतः। एन्द्रमग्निं च वोढवे ॥ ३ ॥

ता—वे प्राण और अपान **नः**—हममें **वाजवतीः**—शक्तिशाली **इषः**—प्रेरणाओं को **पिपृतम्**—भरें, पूर्ण करें तथा **आशून्**—शीघ्रता से कार्य में व्याप्त होनेवाले **अर्वतः**—कर्मेन्द्रियरूप अश्वों को **आपिपृतम्**—हमें सर्वथा प्राप्त कराएँ। हमें शक्तिशाली प्रेरणा प्राप्त हो और उस प्रेरणा के अनुसार हम कार्य करनेवाले हों। जिससे हम **इन्द्रं अग्निं च वोढवे**—इन्द्रत्व तथा अग्नित्व के धारण करने के लिए हों, अर्थात् बल तथा प्रकाश के धारण करनेवाले बनें।

भावार्थ—हममें शक्ति तथा प्रकाश का निवास हो।

सूक्त-७

ऋषिः—सिकतानिवावरी ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

२ १ २ १ २ १ १ १ २ १ २ १ २ १ २ १ १ २

११५२. प्रो अयासीदिन्दुरिन्द्रस्य निष्कृतं सखा सख्युर्न प्र मिनाति सङ्गिरम्।

१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २

मर्यइव युवतिभिः समर्षति सोमः कलशे शतयामना पथा ॥ १ ॥

५५७ संख्या पर इसका अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सिकतानिवावरी ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

प्रभु की क्रीड़ा

१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २

११५३. प्र वो धियो मन्द्रयुवो विपन्युवः पनस्युवः संवरणेष्वक्रमुः।

२ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २

हरिं क्रीडन्तमभ्यनूषत स्तुभोऽभि धेनवः पयसेदशिश्रयुः ॥ २ ॥

१. हे **मन्द्रयुवः**—आनन्दमयता से अपना सम्पर्क चाहनेवाले व्यक्तियो! **विपन्युवः**—विशेषरूप

से उस आनन्दमय प्रभु का स्तवन करनेवालो। पनस्युवः=अपने जीवनों को प्रशंसनीय बनानेवालो! वः=आप लोगों के धियः=प्रज्ञापूर्वक होनेवाले कर्म संवरणेषु=१. आत्मसंयम (self control) होने पर गुप्तता के साथ, बिना किसी प्रकार के दिखावे (secret) के प्र अक्रमुः=विशेषरूप से प्रवृत्त हों। जब हम संयमी जीवनवाले बनकर, सब प्रकार के दम्भ से दूर रहकर ज्ञानयुक्त कर्मों को करते हैं तब हमारे हृदयों में आनन्दोल्लास होता है—प्रभु का सच्चा स्तवन इन कर्मों द्वारा होता है और हमारा जीवन प्रशंसनीय बनता है। २. अपने इन सब कर्मों को करते हुए क्रीडन्तम्=उत्पत्ति, स्थिति, संहाररूप विविध क्रीड़ा करनेवाले हरिम्=सब दुःखों का हरण करनेवाले प्रभु का अभ्यनूषत=स्तवन करो। सारे संसार को प्रभु का खेल समझना—प्रभु की क्रीड़ा अनुभव करना जीवन को आनन्दमय बनाने का साधन है। यही कर्मों को तैरने का उपाय है। ३. हे स्तुभः=स्तोताओ! धेनवः=तुम्हारी ये स्तुतिवाणियाँ (धेनुः वाङ्नाम) पयसा=वर्धन के साथ इत्=निश्चय से अभिशिश्रयुः=संयुक्त हों, अर्थात् प्रभु-स्तवन उस प्रकार तुम्हारी शक्तियों की वृद्धि का कारण बने जिस प्रकार दूध शरीर की वृद्धि का कारण होता है।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन द्वारा हमारा जीवन वासनाओं के लिए मरु-स्थल ही बन जाए।

ऋषिः—सिकतानिवावरी॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

उत्तम प्रेरणा

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३

११५४. आ नः सोम संयतं पिप्युषीमिषमिन्दो पवस्व पवमान ऊर्मिणा।

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३

या नो दोहते त्रिरहन्नसश्चुषी क्षुमद्वाजवन्मधुमत्सुवीर्यम्॥ ३॥

हे इन्दो=शक्ति देनेवाले पवमान=पवित्रता का सम्पादन करनेवाले सोम! नः=हमें ऊर्मिणा=अपनी ऊर्ध्वगति के द्वारा संयतम्=आत्मसंयमवाली पिप्युषीम्=वृद्धि की कारणभूत इषम्=प्रेरणा आपवस्व=प्राप्त कराओ। शरीर में उत्पन्न शक्ति जब ऊर्ध्वगतिवाली होती है तब हमारे मनों में आत्मसंयम की भावना को जन्म देती है और शरीर की वृद्धि का कारण बनती है। सोम की ऊर्ध्वगति से होनेवाली या=जो प्रेरणा असश्चुषी=पराजित न होती हुई नः=हमारे अन्दर अहन्=दिन में त्रिः=तीन बार, अर्थात् प्रातः, मध्याह्न व सायं सुवीर्यम्=उस उत्तम शक्ति को दोहते=प्रपूरित करती है, जो शक्ति क्षुमत्=उत्तम अन्नवाली है, अर्थात् सात्त्विक अन्न के सेवन से उत्पन्न हुई है, वाजवत्=उत्तम ज्ञान व क्रियावाली है—जिस शक्ति से हमारे अन्दर उत्तम ज्ञान व कर्म की भावना उत्पन्न होती है और मधुमत्=जो शक्ति माधुर्यवाली है, अर्थात् इस प्रेरणा को प्राप्त करके हम सात्त्विक अन्न का सेवन करते हैं, उत्तम ज्ञानवाले बनते हैं, उत्तम क्रियावाले होते हैं और हमारा जीवन माधुर्य को लिये हुए होता है।

भावार्थ—सुरक्षित सोम हमें उत्तम प्रेरणा प्राप्त करानेवाला हो।

सूक्त-८

ऋषिः—आङ्गिरसः पुरुहन्मा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३

११५५. न किष्टं कर्मणा नशद्यश्चकार सदावृधम्।

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३

इन्द्रं न यज्ञैर्विश्वगूर्तमृभ्वसमधृष्टं धृष्णुमोजसा॥ १॥

२४३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—आङ्गिरसः पुरुहन्मा ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—आर्षतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

द्युलोक व पृथिवीलोक का स्तवन

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १०
११५६. अषाढमुग्रं पृतनासु सासहिं यस्मिन्महीरुरुव्रयः।
१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १०
स धेनवो जायमाने अनोनवुर्द्यावः क्षामीरनोनवुः ॥ २ ॥

द्यावः क्षामीः=द्युलोक व पृथिवीलोक अनोनवुः=खूब ही स्तुति करते हैं, अर्थात् क्या देव और क्या मनुष्य सभी उसकी स्तुति करते हैं, जोकि—१. अषाढम्=काम-क्रोधादि शत्रुओं से पराभूत नहीं होता, २. उग्रम्=काम-क्रोधादि से पराजित न होने के कारण ही जो उदात्त है—उत्कृष्ट स्वाभाववाला है। ३. पृतनासु=अध्यात्म-संग्रामों में—हृदयस्थली पर सदा से चल रहे काम-क्रोधादि शत्रुओं से होनेवाले संग्रामों में सासहिम्=शत्रुओं को बुरी तरह से कुचलनेवाला है, ४. यस्मिन्=जिसके जीवन में महीः=विशाल सेना है, (महीः में विसर्ग लक्ष्मीः की तरह सुनाई पड़ते हैं), अर्थात् इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि उसकी वह सेना है जो शत्रुओं से पराभूत न होकर इसे शत्रुओं का संहार करनेवाली बनाती है। ५. उरुव्रयः=इस महनीय सेना के कारण ही इसमें (व्रय overpowering strength) विजयी बल है—जिस बल से यह सब शत्रुओं को पराभूत कर पाता है। ६. जायमाने=विकास को प्राप्त होनेवाले इस व्यक्ति में धेनवः=वेदवाणियाँ सम् अनोनवुः=बड़े उत्तम प्रकार से उस प्रभु का स्तवन करती हैं। इन्हीं छह बातों के कारण क्या देव और क्या मनुष्य सभी इसका स्तवन करते हैं।

भावार्थ—हम अध्यात्म-संग्राम में शत्रुओं का हनन करनेवाले 'पुरुहन्मा' बनें। शत्रुओं को मारकर हम 'आङ्गिरस' शक्तिशाली हों। 'पुरुहन्मा आङ्गिरस' ही इस मन्त्र का ऋषि है।

सूक्त-९

ऋषिः—पर्वतनारदौ शिखण्डिन्यावप्सरसौ काश्यपौ वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

'पुनान' प्रभु का प्रगान

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १०
११५७. सखाय आ नि षीदत पुनानाय प्र गायत। शिशुं न यज्ञैः परि भूषत श्रिये ॥ १ ॥

५६८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—पर्वतनारदौ शिखण्डिन्यावप्सरसौ काश्यपौ वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

प्रभु के प्रिय पुत्र

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १०
११५८. समी वत्सं न मातृभिः सृजता गयसाधनम्। देवाव्यं ३ मदमभि द्विशवसम् ॥ २ ॥

गत मन्त्र में प्रभु-गायन के द्वारा अपने जीवनों को 'शिशुं न'=एक बच्चे की भाँति (childlike) निश्छल व निष्कपट बनाने का संकेत था। इस मन्त्र में 'शिशुं न' के स्थान पर 'वत्सं न' शब्द हैं। एक निष्कपट बालक माता-पिता को बड़ा प्रिय (=वत्सम्) प्रतीत होता है। हम भी अपने जीवनों को पवित्र बनाकर प्रभु का प्रिय बनने का प्रयत्न करें। ऐसा तभी हो सकता है जब हम अपने अन्दर 'निर्माणात्मक तथा ज्ञानपूर्ण विचारों को उत्पन्न करें'। 'मातृ' शब्द के दोनों ही अर्थ हैं—१. निर्माता

maker, २. ज्ञाता knower। मातृभिः=इन निर्माण व ज्ञान के साधक विचारों से हम अपने को वत्सं न=प्रभु के प्रिय पुत्र के समान संसृजत=बनाएँ। ईं=निश्चय से हम अपने को निम्न गुणों से युक्त कर लें—१. गयसाधनम्=(गयाः प्राणाः) प्राणशक्ति की साधनावाला। हम अपनी नैत्यिक चर्या में प्राणायाम को अवश्य स्थान दें। प्राणसाधना मनोनिरोध का मूल है और इस प्रकार उन्नति की नींव है। २. देवाव्याम्=दिव्य गुणों की रक्षा करनेवाला। प्राणसाधना से ही आसुर वृत्तियों का संहार होकर हममें दिव्य गुणों का वर्धन होगा। आसुर वृत्तियों का आक्रमण व्यर्थ हो जाएगा तो जीवन में ३. मदम्=उल्लास आएगा ही। ४. अभिद्विशवसम्=हम दोनों बलों की ओर चलें। मनुष्य की दो शक्तियाँ 'ज्ञान और कर्म' हैं। हम अपने जीवन में ज्ञान और कर्म का समन्वय करनेवाले बनें। ज्ञानपूर्वक किये गये कर्म ही पवित्र होते हैं, और कर्मों में लगे रहना ही ज्ञान के आवरण 'काम' को नष्ट करने का मुख्य साधन है।

भावार्थ—हमारा जीवन प्राणसाधनावाला, दिव्य गुणों का रक्षक, उल्लासमय, ज्ञान व कर्मशक्ति-सम्पन्न हो, जिससे हम प्रभु के प्रिय पुत्र बन सकें।

ऋषिः—पर्वतनारदौ शिखण्डिन्यावप्सरसौ काश्यपौ वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शक्ति व प्रकाश+स्नेह व श्रेष्ठता

११५९. पुनाता दक्षसाधनं यथा शर्धाय वीतये। यथा मित्राय वरुणाय शन्तमम्॥ ३॥

गत मन्त्र के प्रसङ्ग में ही कहते हैं कि पुनात=अपने जीवनों को प्रभु-गायन द्वारा पवित्र करो। दक्षसाधनम्=अपने को बलवान्, उन्नतिशील बनाओ। शन्तमम्=अपने को अत्यन्त शान्त बनाओ। अपने जीवनों को इस प्रकार पवित्र करो यथा=जिससे तुम शर्धाय=बल तथा वीतये=प्रकाश के लिए हो सको, अर्थात् बल व प्रकाश का आधार बन सको। यथा=जिससे तुम मित्राय=स्नेह की देवता के आराधन के लिए होओ और वरुणाय=अपने जीवनों को अति श्रेष्ठ बना पाओ।

हम प्रभु-गायन से अपने जीवनों को पवित्र बनाएँगे तो हम उन्नति के मार्ग पर चलते हुए बल व प्रकाश तथा स्नेह व श्रेष्ठता से अपना पूरण करनेवाले 'पर्वत' बनेंगे और जीवन को शुद्ध बनानेवाले 'नारद' होंगे (नारं दायति)।

भावार्थ—हमारा जीवन शक्ति, प्रकाश, स्नेह व श्रेष्ठता से पूर्ण हो।

सूक्त—१०

ऋषिः—अग्रयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शक्ति और माधुर्य

११६०. प्र वाज्यक्षाः सहस्रधारस्तिरः पवित्रं वि वारमव्यम्॥ १॥

(क) वाजी=बलवाला, (ख) सहस्रधारः=(स=हस, धारा=वाणी) सदा आनन्दमय मधुर वाणीवाला उस प्रभु की ओर प्र अक्षाः=(प्रकर्षेण क्षरति धावति) तेजी से बढ़ चलता है, जो प्रभु—१. तिरः=उसके ही अन्दर छिपे हुए हैं, २. पवित्रम्=उसके जीवन को पवित्र बनानेवाले हैं, ३. विवारम्=विशेषरूप में हमारी वासनाओं का निवारण करनेवाले हैं और ४. अव्यम्=रक्षण में उत्तम

हैं।

इस मन्त्र में प्रभु-प्राप्ति के दो साधनों का उल्लेख है—१. शक्ति और २. मधुर वाणी—इन दो साधनों से हम उस प्रभु को प्राप्त करते हैं जो प्रभु हमारे ही अन्दर अन्तर्हित हैं, पवित्र हैं, वरणीय हैं और रक्षक हैं।

नोट—वारम् के दो अर्थ हैं—(१) निवारण करनेवाले, (२) वरणीय।

भावार्थ—हम शक्ति और माधुर्य के मेल से प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—अग्रयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

कर्म से शुद्धि—ज्ञान से परिपाक

११६१. स वाज्यक्षाः सहस्ररेता अद्भिर्मृजानो गोभिः श्रीणानः॥ २॥

सः=वह वाजी-बलवाला सहस्ररेताः=आनन्दमय शक्तिवाला—अर्थात् वीर्य की ऊर्ध्वगति से आनन्दमय जीवनवाला अद्भिः=कर्मों से (आपः=कर्माणि) मृजानः=अपने जीवन को शुद्ध करता हुआ और गोभीः=ज्ञान-वाणियों से श्रीणानः=अपना परिपाक करता हुआ अक्षाः=उस प्रभु को प्राप्त करनेवाला होता है (अश् व्याप्तौ)।

प्रस्तुत मन्त्र में प्रभु-प्राप्ति के लिए निम्न बातों का संकेत किया है—१. वाजी=मनुष्य बल का सम्पादन करे, २. सहस्ररेताः=वीर्य की ऊर्ध्वगति से उल्लासमय जीवनवाला हो, ३. वासनाओं का शिकार न हो, ४. ज्ञानपूर्वक कर्मों में लगा रहकर अपने जीवन को परिपक्व बनाने का प्रयत्न करे। ऐसा जीवन बनाने से हम (अग्रयः) आगे बढ़नेवाले होते हैं, 'धिष्ण्याः' उच्च स्थान में (Worthy of a high place) पहुँचने के योग्य होते हैं, 'ऐश्वराः' हम ईश्वर-प्राप्ति के मार्ग पर चल रहे होते हैं और 'ऋषयः' तत्त्वदर्शी बनते हैं। इस प्रकार इन मन्त्रों के ऋषि होते हैं।

भावार्थ—हम अपने जीवनों को कर्मों द्वारा शुद्ध करें और ज्ञान द्वारा परिपक्व बनाएँ।

ऋषिः—अग्रयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

परमात्मा की कुक्षि में, तृतीय धाम में

११६२. प्र सोम याहीन्द्रस्य कुक्षा नृभिर्येमानो अद्रिभिः सुतः॥ ३॥

हमारे जीवनों में माता-पिता व परिवार के अन्य बड़े व्यक्ति मुख्यरूप से हमारा नेतृत्व करनेवाले होते हैं। सर्वप्रथम इनके जीवनों का ही हमपर प्रभाव पड़ता है। इन नृभिः=नेतृत्व देनेवालों से येमानः=संयत जीवनवाले बनाये जाते हुए तथा अद्रिभिः=गुरुओं से सुतः=जन्म दिया हुआ सोम=हे शान्त-स्वभाव आत्मन्! तू इन्द्रस्य कुक्षा=उस प्रभु के कोख में प्र याहि=प्रकर्षेण प्राप्त हो। आचार्य ब्रह्मचारी का उपनयन करता हुआ उसे अपने गर्भ में धारण करता है और ज्ञान से परिपक्व करके कालान्तर में उसे द्वितीय जन्म देता है। प्रथम जन्म माता-पिता ने दिया था और माता ने गर्भस्थ बालक को अपने उचित आहार-विहार से शान्त-दान्त बनाने का प्रयत्न किया। अब आचार्य ने उसे ज्ञान से परिपक्व बनाया है। इस प्रकार इन दो जन्मों को प्राप्त करके यह द्विज बना और द्विज बनकर प्रभु की गोद में पहुँचने का अधिकारी हुआ। इसका प्रथम निवास-स्थान वा आधार

'माता-पिता' थे—दूसरे आधार 'आचार्य' थे और अब यह प्रभुरूप तृतीय धाम में विचरनेवाला बना है।

भावार्थ—हम प्रथम धाम में संयम और द्वितीय धाम में ज्ञान का प्रकाश प्राप्त करके तृतीय धाम में आनन्द व शान्ति का लाभ करें।

सूक्त-११

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मस्तिष्क, शरीर, हृदय

१११३. ये सोमासः परावति ये अर्वावति सुन्विरे। ये वादः शर्यणावति॥ १॥

इन मन्त्रों में 'परावति' आदि शब्दों में 'निमित्त सप्तमी' है। परावति-दूरदेश, अर्थात् द्युलोक—मस्तिष्क के निमित्त, (मूर्ध्नो द्यौः) ये सोमासः-जो सोम सुन्विरे-उत्पन्न किये जाते हैं, ये-जो सोम अर्वावति-समीप देश के निमित्त, अर्थात् इस बाह्य स्थूलशरीर के निमित्त उत्पन्न किये जाते हैं वा-अथवा ये-जो सोम अदः शर्यणावति-इस 'अन्तरिक्ष देश में होनेवाले' (ऋ० १.८४.१४ द०) हृदय के निमित्त पैदा किये गये हैं, वे हमारा सर्वविध रक्षण करें। हृदय में देवासुर संग्राम चलता है। यही शरीर में कुरुक्षेत्र भूमि है।

एवं, सोम मस्तिष्क के निमित्त, स्थूलशरीर के निमित्त तथा हृदय के निमित्त उत्पन्न किया गया है। सोम की रक्षा से मस्तिष्क उज्ज्वल बनेगा, शरीर स्वस्थ व नीरोग रहेगा और हृदय अशुभ वृत्तियों के पराजय से पवित्र बनेगा।

भावार्थ—प्रभु ने सोम की उत्पत्ति (वीर्यधातु का निर्माण) मस्तिष्क में ज्ञानाग्नि को दीप्त करने के लिए की है—शरीर में रोगकृमियों के संहार तथा मन में काम-क्रोधादि वासनाओं के अभिभव के लिए की है।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम की रक्षा किनमें ?

११११४. य आर्जीकेषु कृत्वसु ये मध्ये पस्त्यानाम्। ये वा जनेषु पञ्चसु॥ २॥

ये-जो सोम १. आर्जीकेषु-सरल व्यक्तियों में निवास करते हैं, अर्थात् कुटिल जीवन में ब्रह्मचर्य का पालन कठिन होता है। २. कृत्वसु-जो सोम कर्म करनेवालों में रहते हैं, अर्थात् कर्मशील व्यक्ति वासनाओं से बचे रहने के कारण सोम की रक्षा कर पाता है। ३. ये-जो सोम पस्त्यानां मध्ये-घरों के मध्य में निवास करते हैं, अर्थात् सोम में सुरक्षित रहते हैं। जो व्यक्ति पतिव्रत व पत्नीव्रत को निभाते हुए घरों में ही निवास करते हैं—वासनाओं की पूर्ति के लिए इधर-उधर भटकते नहीं—अपने जीवनों को क्लब का जीवन नहीं बनाते। ४. वा-अथवा ये-जो सोम पञ्चषु-(पचि विस्तारे) अपना विस्तार व विकास करनेवाले मनुष्यों में रहते हैं। जब मनुष्य का लक्ष्य विकास हो जाता है तब उसके लिए सोम-रक्षा सुगम हो जाती है।

भावार्थ—१. सरलता, २. क्रियाशीलता, ३. गृहजीवन व ४. जीवन-विकास—ये सोम-रक्षा के साधन हैं।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

द्युलोक से वृष्टि

११६५. ते नो वृष्टिं दिव स्परि पवन्तामा सुवीर्यम्। स्वाना देवास इन्दवः ॥ ३ ॥

१. ते=वे सोम नः=हमारे लिए दिवः परि=द्युलोक से वृष्टिम्=वृष्टि को पवन्ताम्=प्राप्त कराएँ। शरीर में मस्तिष्करूप द्युलोक में 'सहस्रारचक्र' है। यहीं से धर्ममेघ समाधि में आनन्द की वर्षा होती है। इस आनन्द की वर्षा के लिए सोम को शरीर में ही सुरक्षित रखना आवश्यक है। २. ये सोम सुवीर्यम्=उत्तम शक्ति को आ (पवन्ताम्)=शरीर में चारों ओर प्राप्त कराएँ। सोम की रक्षा का परिणाम यह होता है कि अङ्ग-प्रत्यङ्ग शक्तिशाली बनता है। ३. स्वानाः=(सु आनयन्ति)=ये सोम उत्तम प्राणशक्ति प्राप्त कराते हैं—जीवन को सोत्साह बनाते हैं। ४. देवासः=ये सोम हमें दिव्य-गुण-सम्पन्न करके देव बनाते हैं। ५. इन्दवः=ये सोम हमें ज्ञान का परमैश्वर्य प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—हम सोम-निर्माण के प्रयोजन को समझकर इसे सुरक्षित रखने का पूर्ण प्रयत्न करें।

सूक्त-१२

ऋषिः—वत्सः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

११६६. आ ते वत्सो मनो यमत् परमाच्चित् सधस्थात्। अग्ने त्वां कामये गिरा ॥ १ ॥

मन्त्र का अर्थ संख्या ८ पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—वत्सः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वत्स का प्रभु-स्मरण, हर्ष की पवित्रता

११६७. पुरुत्रा हि सदृङ्ङसि दिशो विश्वा अनु प्रभुः। समत्सु त्वा हवामहे ॥ २ ॥

'वदतीति वत्सः' इस व्युत्पत्ति से वेदमन्त्रों से प्रभु का स्तवन करनेवाला कहता है कि—१. हि=निश्चय से पुरुत्रा=आप पालन और पूरण करनेवाले (पुरु=पृणाति) तथा त्राण (रक्षा) करनेवाले हैं, २. सदृङ् असि=आप सभी को समान दृष्टि से देखनेवाले हैं। किसी भी प्रकार के पक्षपात से युक्त न होकर आप सभी का समानरूप से पालन करनेवाले हैं। कार्यानुसार सबके लिए उचित व्यवस्था कर रहे हैं। ३. विश्वाः दिशः अनु=सम्पूर्ण दिशाओं में प्रभुः=आप ही शासन करनेवाले हैं। सर्वत्र आपका ही साम्राज्य है। ४. समत्सु=(समक्षे वा अत्तेः—नि० ९.१७) मिलकर भोजनों के समय में (सम्मदो वा मदतेः—नि० ९.१७) अथवा सम्मिलित हर्ष के अवसरों पर त्वा=आपको हवामहे=पुकारते हैं, आपका स्मरण करते हैं। सम्मिलित भोजनों व सम्मिलित गानादि गोष्ठियों के अवसरों पर प्रभु-स्मरण इसलिए आवश्यक है कि हम उन कर्मों में मर्यादा के अन्दर रहें, कहीं सीमा का उल्लंघन न कर जाएँ।

भावार्थ—भोजनों में, गानों में, हर्ष के सब अवसरों पर प्रभु-स्मरण करें, जिससे मर्यादोल्लंघन न हो। हर्ष नशे में परिवर्तित न होकर उसकी अपनी पवित्रता बनी रहे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु के साथ सम्पर्क

११६८. समत्स्वग्निमवसे वाजयन्तो हवामहे। वाजेषु चित्रराधसम् ॥ ३ ॥

वाजेषु-सब प्रकार के धनों में, बलों में व संग्रामों में चित्रराधसम्-अद्भुत सफलताओंवाले अग्निम्-सबके नेता आपको अवसे-अपनी रक्षा के लिए वाजयन्तः-शक्ति, धन व संग्राम-विजय चाहते हुए समत्सु-सब संग्रामों में (समत्सु इति संग्रामनाम—नि० २.१७) हवामहे-पुकारते हैं।

यह संसार एक संघर्ष है। उस संघर्ष में विजय प्राप्त करके ही मनुष्य आगे बढ़ पाता है। अकेला मनुष्य इस संघर्ष में विजय के लिए अपने को असमर्थ पाता है। प्रभु का स्मरण व प्रभु का सम्पर्क उसे शक्तिसम्पन्न बना देता है और वह अद्भुत उत्साहवाला बनकर संग्राम में विजय पाता है। विजय पाकर ही तो वह आगे बढ़ेगा।

भावार्थ—संसार-संग्राम में प्रभु का स्मरण करें और विजय प्राप्त करें।

सूक्त-१३

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

११६९. त्वं न इन्द्रा भर ओजो नृम्णं शतक्रतो विचर्षणे। आ वीरं पृतनासहम्॥ १॥

४०५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—ककुबुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

पिता व माता

११७०. त्वं हि नः पिता वसो त्वं माता शतक्रतो बभूविथ। अधा ते सुम्नमीमहे॥ २॥

हे वसो-सबको उत्तम निवास देनेवाले प्रभो! त्वं हि-निश्चय से आप ही नः-हमारे पिता-पालन व रक्षण करनेवाले बभूविथ-हो। घर में पिता का रक्षण ठीक होने पर ही सबका निवास उत्तम होता है। हम सबके पिता वे प्रभु हैं, उन्हीं की कृपा से हमारा निवास उत्तम होगा। हे शतक्रतो-अनन्त प्रज्ञान व कर्मोंवाले प्रभो! त्वम्-आप ही माता-सबका निर्माण करनेवाले हो। घर का निर्माण भी तो उस प्रभु की कृपा से होता है, अतः वे प्रभु ही हमारी माता हैं। अथ-अब ते-आपके ही सुम्नम्-स्तोत्रों को ईमहे-चाहते हैं। आपसे रक्षा चाहते हुए आनन्द-प्राप्ति के लिए प्रार्थना करते हैं (सुम्नम्=Hymn; protection, joy)।

भावार्थ—प्रभु ही हमारी माता व पिता हैं। उन्हीं से हम रक्षण के लिए प्रार्थना करते हैं।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—पुरउष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सहस्, सम्पन्नता व प्रभु-दर्शन

११७१. त्वां शुष्मिन् पुरुहूत वाजयन्तमुप ब्रुवे सहस्कृत। स नो रास्व सुवीर्यम्॥ ३॥

हे शुष्मिन्-शत्रुओं का शोषण करनेवाले बल से सम्पन्न प्रभो! पुरुहूत-हे सबसे पुकारे जानेवाले प्रभो! जिन आपका आह्वान हमारा पालन व पूरण करनेवाला है, सहस्कृत-सहस् के द्वारा उत्पादित, अर्थात् ध्यान किये गये प्रभो! (वस्तुतः प्रभु का दर्शन तो उसे ही होता है जो सहनशक्ति के बल से सम्पन्न होता है। यही सहस् शक्ति की चरम सीमा है—(सहोऽसि सहो मयि धेहि) वाजयन्तम्-शक्ति व धन प्राप्त कराते हुए त्वाम्-आपकी उपब्रुवे-विनयभरी प्रार्थना करता हूँ।

सः-वे आप नः=हमें सुवीर्यम्-उत्तम शक्ति रास्व-प्रदान कीजिए। आप मुझे उत्तम शक्ति दीजिए, मैं ईर्ष्या-द्वेष आदि शत्रुओं का शोषण करता हुआ जहाँ सबके साथ मिलकर चलनेवाला

'नृमेध' (नृ-मनुष्य मेध-संगम) बनूँ, वहाँ अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्ति-सम्पन्न होकर 'आङ्गिरस' होऊँ। अपने अन्दर अद्भुत 'सहस्'-बल उत्पन्न करके आपका दर्शन कर पाऊँ। मुझे यह शक्ति आपको ही प्राप्त करानी है। मेरे 'वाजयन्' आप ही हैं। हे पुरुहूत! आपकी पुकार ही मेरा पालन करनेवाली है, आपको छोड़ और किसके द्वार पर जाऊँ?

भावार्थ—हे प्रभो! आपकी कृपा से मैं सुवीर्य प्राप्त करूँ, 'सहस्'-बल-सम्पन्न होकर आपके दर्शन करूँ।

सूक्त-१४

ऋषिः—अत्रिर्भौमः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

११७२. यदिन्द्र चित्र म इह नास्ति त्वादातमद्रिवः।
राधस्तन्नो विदद्वस उभयाहस्त्या भर॥ १॥

३४५ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अत्रिर्भौमः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वरेण्य दिव्य दान

११७३. यन्मन्यसे वरेण्यमिन्द्र शुक्रं तदा भर।
विद्याम तस्य ते वयमकूपारस्य दावनः॥ २॥

हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! आप यत्-जो भी शुक्रम्-दिव्य ज्ञान की अविरोधी वरेण्यम्-वरणीय—चाहने योग्य वस्तु मन्यसे-समझते हैं तत्-उस दिव्य वरणीय वस्तु को आभर-हमें प्राप्त कराइए। वस्तुतः मनुष्य के लिए यह निश्चय करना कठिन हो जाता है कि उसे किस वस्तु की प्रार्थना करनी चाहिए और किसकी नहीं, अतः प्रार्थना का यही स्वरूप सर्वोत्तम है कि हे प्रभो! हमें वही दिव्य, वरणीय वस्तु प्राप्त कराइए जो आपकी दृष्टि में हमारे लिए हितकर है।

वयम्-कर्मतन्तु का विस्तार करनेवाले, अर्थात् पुरुषार्थ में तत्पर हम ते-आपके तस्य-उस अकूपारस्य-(अकुत्सित परणस्य) अनिन्दित पालन व पोषण करनेवाले दावनः-दान के विद्याम-प्राप्त करनेवाले हों (विद् लाभे)। बिना पुरुषार्थ के प्रार्थना निष्प्रयोजन है, अतः हम पुरुषार्थी हों और आपकी कृपा प्राप्त करने के अधिकारी हों। आपके दान अनन्त हैं, आपके दान दिव्य हैं, वस्तुतः वे ही हमारे लिए वरणीय हैं।

भावार्थ—हे प्रभो! हम आपके दिव्य, वरेण्य दान को प्राप्त करने के पात्र हों।

ऋषिः—अत्रिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु का मननीय ज्ञान

११७४. यत्ते दिक्षु प्रराध्यं मनो अस्ति श्रुतं बृहत्।
तेन दृढा चिदद्रिव आ वाजं दर्षि सातये॥ ३॥

हे अद्रिवः-सर्व अनिष्टों का विदारण करनेवाले प्रभो! यत्-जो ते-आपका दिक्षु-सब दिशाओं

में, अर्थात् सर्वत्र व्याप्त प्रराध्यम्-प्रकृष्ट सफलता देनेवाला मनः-मननीय बृहत्-वृद्धि का कारणभूत श्रुतम्-ज्ञान अस्ति-है; तेन-उस ज्ञान के द्वारा दुढाचित्-अत्यन्त प्रबल भी वाजम्-(वज गतौ, roam about=भ्रान्ति) भ्रान्ति को—संसार में इतस्ततः भटकने की वृत्ति को आदर्षि-विदीर्ण कर दीजिए, जिससे सातये-हम आपका सम्भजन कर सकें। प्रभु-प्राप्ति तभी होती है जब मनुष्य संसार में इधर-उधर भटकना छोड़, एकाग्रवृत्ति होकर प्रभु का ध्यान करे। इधर-उधर भटकना तब समाप्त होगा जब वह अपने अज्ञान को समाप्त कर लेगा। इस अज्ञान का नाश तब होगा जब हम वेदज्ञान को अपनाएँगे। यह वेदज्ञान मननीय है, हमारी वृद्धि का कारण है, हमें सफल बनानेवाला है (प्रराध्यम्)। इस ज्ञान के प्रकाश से अज्ञानान्धकार के निवृत्त होने पर यह प्रभुभक्त 'भौम' भूमि का ईश्वर बनता है, इन भौतिक पदार्थों का दास नहीं रहता। ऐसा बनने पर ही यह 'अत्रि' होता है—इसके तीनों दुःख दूर हो जाते हैं। यह आध्यात्मिक, आधिभौतिक व आधिदैविक शान्ति प्राप्त करता है।

भावार्थ—हम प्रभु के मननीय वेदज्ञान द्वारा अज्ञानजनित भ्रान्ति से ऊपर उठें और प्रभु को प्राप्त करनेवाले हों।

इत्यष्टमोऽध्यायः, चतुर्थप्रपाठकश्च समाप्तः॥

अथ नवमोऽध्यायः

पञ्चमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—प्रतर्दनो दैवोदासिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

प्रभु की प्राप्ति

१११७५. शिशुं जज्ञानं हर्यतं मृजन्ति शुम्भन्ति विप्रं मरुतो गणेन।
कविर्गीभिः काव्येन कविः सन्त्सोमः पवित्रमत्येति रेभन् ॥ १ ॥

मरुतः-(मरुतः-प्राणाः) प्राणसाधना करके प्राणों के पुञ्ज बने हुए विद्वान् लोग गणेन-(गण संख्याने) उस प्रभु के संख्यान व चिन्तन के द्वारा सोमम्-अपनी सोम शक्ति को मृजन्ति-शुद्ध करते हैं—उसके अन्दर वासना-जन्य उबाल नहीं आने देते। इस सोमरक्षण के द्वारा अपने जीवन को शुम्भन्ति-(शोभयन्ति) अलंकृत करते हैं। यह सोम कैसा है? १. शिशुम्-(शो तनूकरणे) यह बुद्धियों को सूक्ष्म बनानेवाला है, २. जज्ञानम्-यह हमारा सर्वतोमुखी विकास—प्रादुर्भाव करनेवाला है, ३. हर्यतम्-(हर्य गतिकान्त्योः) यह हमारे जीवनों को गतिमय बनानेवाला है, अतएव चाहने योग्य है तथा ४. विप्रम्-विशेषरूप से हमारा पूरण करनेवाला है—न्यूनताओं को दूर करके पूर्णता प्राप्त कराता है।

इस सोम की रक्षा करनेवाला पुरुष १. कविः-क्रान्तदर्शी बनता है—सूक्ष्म-दृष्टिवाला बनकर वस्तुतत्त्व को देखनेवाला होता है। २. गीर्भिः-वेदवाणियों के द्वारा तथा काव्येन-कवित्व के द्वारा कविः-(कौति सर्वा विद्याः) सब ज्ञानों का उपदेष्टा सन्-होता हुआ यह सोमः-शान्तस्वभाव पुरुष रेभन्-प्रभु-नाम का जप करता हुआ पवित्रम्-उस पवित्र करनेवाले प्रभु को अति-अतिशयेन एति-प्राप्त होता है। बड़े पूजित प्रकार से यह प्रभु की ओर जाता है। यह दैवोदासि-प्रभु का दास बनता है और वासनाओं का संहार करनेवाला होने से 'प्रतर्दन' बन जाता है।

भावार्थ—सोमरक्षा द्वारा हम सोम-प्रभु के प्रिय बनें।

ऋषिः—प्रतर्दनो दैवोदासिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

प्रभु की दीप्ति से दीप्तिवाला

११७६. ऋषिमना य ऋषिकृत् स्वर्षाः सहस्रणीथः पदवीः कवीनाम्।
तृतीयं धाम महिषः सिषासन्त्सोमो विराजमनु राजति ष्टुप् ॥ २ ॥

प्रतर्दन-वासनाओं को कुचलनेवाले दैवोदासिः-प्रभु के दास का जीवन कैसा होता है—

१. ऋषिमनाः-(ऋषीणां मन इव मनो यस्य) इसका मन ऋषियों के मन के तुल्य होता है, अर्थात् इसकी मनोवृत्ति सदा ज्ञान-प्रवण होती है। ऋषियों के समान यह तत्त्वद्रष्टा बनने का प्रयत्न करता है।

२. यः=जो ऋषिकृत्=(ऋषिः वेदः) वेदार्थ का करनेवाला बनता है। सदा वेद का अध्ययन करता है और वेदाध्ययन करता हुआ वेदनिहित अर्थ को देखने के लिए प्रयत्नवान् होता है।

३. स्वर्षाः=(स्वः सुनते) प्रकाश को प्राप्त होता है। सतत वेदाभ्यास से इस के अन्दर ज्ञान का सूर्य उदय होता है।

४. सहस्रनीथः=(नीथ=guidance) शतशः पथ-प्रदर्शनवाला यह होता है, क्योंकि यह सब स्थानों से उत्तमता के ग्रहण की वृत्तिवाला बनता है, परिणामतः यह सभी से उत्तम उपदेश ग्रहण करता है।

सायणाचार्य के अनुसार यह शतशः स्तुतियोंवाला होता है—सदा प्रभु-स्वतन करता है।

५. कवीनां पदवीः=तत्त्वदर्शियों के मार्ग पर चलनेवाला बनता है।

६. महिषः=(मह पूजायाम्) सदा प्रभु-पूजन करता हुआ यह तृतीयं धाम=प्रभुरूप तीर्णतम (सर्वाधिक) ज्योति को सिषासन्=प्राप्त करने की इच्छा करता हुआ—

७. सोमः=यह अत्यन्त विनीत बनता है 'नम्रत्वेनोन्नमन्तः'=नम्रता से ही तो इसने उस उन्नत स्थान पर पहुँचना है।

८. ष्टुप्=यह सदा प्रभु की स्तुति करता है और लोगों से स्तुति किया जाता है, इस प्रकार ९. विराजम्=उस विशेष दीप्तिवाले प्रभु की अनुराजति=दीप्ति से दीप्तिवाला होता है। इसके जीवन में प्रभु का प्रकाश होता है।

भावार्थ—हम ऋषिमना बनकर प्रभु की दीप्ति को प्राप्त करें।

ऋषिः—प्रतर्दनो दैवोदासिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

तुरीय-धाम 'सोयमात्मा चतुष्पात्'

११७७. चमूषच्छ्येनः शकुनो विभृत्वा गोविन्दुर्द्रप्स आयुधानि बिभ्रत्।
अपामूर्मिं सचमानः समुद्रं तुरीयं धाम महिषो विवक्ति॥ ३॥

१. चमूषत्=(चम्वोः सीदति, चम्वोः द्यावापृथिव्योः, द्यावा=मस्तिष्क, पृथिवी=शरीर) जो सदा द्यावापृथिवी में निषण्ण होता है—मस्तिष्क व शरीर का ध्यान करता है, अर्थात् ज्ञान को बढ़ाने का प्रयत्न करता है और शरीर के स्वास्थ्य का पूर्ण ध्यान करता है।

२. श्येनः=शंसनीय गतिवाला होता है—सदा उत्तम कर्मों को करता है।

३. शकुनः=शक्तिशाली बनता है।

४. विभृत्वा=विशिष्ट भरण-पोषण के कार्यों में लगता है—निर्माणात्मक कार्यों में प्रवृत होता है।

५. गोविन्दुः=(विद् लाभे) सदा ज्ञान की वाणियों को प्राप्त करने के स्वभाववाला होता है।

६. द्रप्सः=(दृप हर्षमोहनयोः) सदा प्रसन्न और इसी प्रसन्नता से औरों को मोहित (आकृष्ट) करनेवाला होता है।

७. आयुधानि बिभ्रत्=प्रभु से दिये गये 'इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि' रूप आयुधों (Instruments) को उचित स्थिति में धारण करनेवाला होता है।

८. अपाम् ऊर्मिम् सचमानः=(आपः=रेतः) शक्तिकणों की लहरों का सेवन करता हुआ, अर्थात् उमड़ते हुए सोम-तरंगो को अपने ही अन्दर धारण करता हुआ।

९. परिणामतः समुद्रम्-ज्ञान के समुद्र को सचमानः-सेवन करता हुआ।

१०. महिषः-यह प्रभु का पुजारी (मह-पूजायाम्)।

११. तुरीयं धाम-उस तुरीय धाम का विवक्ति-विशेषरूप से प्रतिपादन करता है। जागरित, स्वप्न, सुषुप्ति से ऊपर उस चतुर्थ अव्यवहार्य प्रपञ्चोपशम 'शान्त, शिव, अद्वैत' स्थिति का आभास प्रकट करता है। उसके जीवन से इस स्थिति का आभास मिलता है। यह प्रभु से अभिन्न-सा हो जाता है।

भावार्थ—हमारा जीवन 'तुरीय धाम' को व्यक्त करनेवाला हो।

सूक्त-२

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रिय कामना का पूरण

११७८. एते सोमा अभि प्रियमिन्द्रस्य काममक्षरन्। वर्धन्तो अस्य वीर्यम्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि 'असित-काश्यप-देवल' है, 'विषयों से अबद्ध, ज्ञानी, दिव्य गुणों का उत्पादन करनेवाला' है। उसकी इन कामनाओं को कि वह 'स्वतन्त्र-द्रष्टा व देव' बने सिद्ध करने में ये सोम सहायक होते हैं। मन्त्र में कहते हैं कि—१. एते सोमाः-ये सोमकण इन्द्रस्य-इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव की प्रियं कामम्-'स्वतन्त्र-ज्ञानी-देव' बनने की प्रिय कामना को अभ्यक्षरन्-वर्षाते हैं, अर्थात् पूर्ण करते है। २. ये सोम अस्य वीर्यम्-इसकी शक्ति को वर्धन्तः बढ़ाते हैं। शक्ति-सम्पन्न होकर यह अपनी इष्ट कामना को पूर्ण कर पाएगा। सब अच्छाइयों का उद्गम-स्थान वीर्य व शक्ति ही है।

भावार्थ—सोमकण हमारी शक्ति को बढ़ाते हैं और हमारे प्रिय मनोरथ को पूर्ण करते हैं।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्रता, प्रभु-प्राप्ति व शक्ति-लाभ

११७९. पुनानासश्चमूषदो गच्छन्तो वायुमश्विना। ते नो धत्त सुवीर्यम्॥ २॥

हे सोमो! १. पुनानासः-हमारे जीवनों को पवित्र करते हुए। इन सोमकणों से जहाँ शरीर नीरोग होता है, वहाँ साथ ही मनोवृत्ति भी सुन्दर बनती है। एवं, ये सोम हमें अधिकाधिक पवित्र बनाते चलते हैं।

२. चमूषदः-द्यावापृथिवी में स्थिर होनेवाले, अर्थात् हम प्रयत्न करके इन सोमकणों को शरीर में ही व्याप्त करने का प्रयत्न करें। मस्तिष्क तक आकर ये हमारी ज्ञानाग्नि को दीप्त करनेवाले हों।

३. अश्विना-प्राणापानों के द्वारा वायुम्-सारे ब्रह्माण्ड को गति देनेवाले (वा गतौ) प्रभु की ओर गच्छन्तः-जाते हुए। प्राणापान की साधना से ये सोमकण शरीर में सुरक्षित होते है। इनकी ऊर्ध्वगति होती है। ये हमारी बुद्धि को सूक्ष्म बनाते है और हम प्रभुदर्शन कर पाते हैं।

४. हे सोमो! ते-वे आप नः-हममें सुवीर्यम्-उत्तम शक्ति को धत्त-धारण कीजिए।

भावार्थ—शरीर में प्राणापान की साधना से सोम की ऊर्ध्वगति होती है। ये सोम १. हमें पवित्र बनाते हैं, २. प्रभु की ओर ले-जाते हैं, ३. शक्ति प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्रता, प्रबल कामना, दिव्य गुणार्जन

११८०. इन्द्रस्य सोम राधसे पुनानो हार्दि चोदय। देवानां योनिमासदम्॥ ३॥

हे सोम-सोम! १. इन्द्रस्य-परमैश्वर्यशाली प्रभु की राधसे-सिद्धि के लिए—प्राप्ति के लिए २. पुनानः-हमारे जीवनों को पवित्र करता हुआ तू ३. हार्दि-प्रबल कामना को चोदय-प्रेरित कर। प्रबल इच्छा के बिना हम कभी प्रभु को प्राप्त कर सकेंगे, इस बात की सम्भावना नहीं है। प्रबल इच्छा होने पर हम अपने जीवनों को पवित्र बनाने के लिए प्रयत्नशील होंगे। प्रभु के स्वागत के लिए पवित्रीकरण आवश्यक है। अपवित्र हृदय में प्रभु का प्रकाश थोड़े ही होगा? यह प्रबल इच्छा व पवित्रीकरण सोम की रक्षा से ही सम्भव है। सुरक्षित सोम हमें पवित्र करते हैं और हममें प्रभु-प्राप्ति की प्रबल कामना व उत्साह को पैदा करते हैं। इस प्रकार उत्साहयुक्त हो मैं आगे और आगे बढ़ता हूँ और देवानाम्-देवताओं के योनिम्-स्थान को आसदम्-प्राप्त करता हूँ। मेरा जीवन दिव्य बनता है, उत्तम गुणों का मैं लाभ करता हूँ।

भावार्थ—प्रभु-प्राप्ति के लिए १. पवित्रता २. प्रबल कामना व उत्साह तथा ३. दिव्य गुणों का अर्जन आवश्यक है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम का मार्जन व ऊर्ध्वप्रेरण

११८१. मृजन्ति त्वा दश क्षिपो हिन्वन्ति सप्त धीतयः। अनु विप्रा अमादिषुः॥ ४॥

हे सोम! त्वा-तुझे १. दश-दसों इन्द्रियों को क्षिपः-(क्षिप प्रेरणे) कर्मों में प्रेरित करनेवाले लोग मृजन्ति-शुद्ध करते हैं। जो भी मनुष्य ज्ञानेन्द्रियों को ज्ञान-प्राप्ति में तथा कर्मेन्द्रियों को यज्ञादि कर्मों में सदा लगाये रखता है वह वासनाओं से बचा रहता है और परिणामतः उसके सोम में वासनाजन्य उबाल न आकर पवित्रता बनी रहती है। एवं, सोम की पवित्रता के लिए कर्मों में लगे रहना आवश्यक है।

२. सप्त-'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्'-दो कान, दो आँखें, दो नासिका-छिद्र व सातवाँ मुख—इन सबको धीतयः-ध्यान में लगानेवाले लोग हिन्वन्ति-इस सोम को शरीर में प्रेरित करते हैं। ध्यान के द्वारा मनुष्य की वृत्ति ऊर्ध्वगामिनी होती है और सोम का भी ऊर्ध्वप्रेरण होता है।

३. सब इन्द्रियों को कर्मों में व्यापृत कर सोम-शोधन के साथ तथा शरीर के सप्तर्षियों (कर्णाविमौ०) को ध्यान-व्यापृत कर सोम के ऊर्ध्वप्रेरण के साथ विप्राः=अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले लोग अनु अमादिषुः=सोम-शोधन व सोम-प्रेरण के अनुपात में ही आनन्द व हर्ष का अनुभव करते हैं।

भावार्थ—हमारी दसों इन्द्रियाँ ज्ञान और कर्मों में व्यापृत रहें, हमारे सप्तर्षि प्रभु का चिन्तन करें। इस प्रकार सोम-रक्षा से हमारा पूरण हो और हम आनन्द का अनुभव करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दिव्यता-उल्लास-अनिर्वचनीय आनन्द

११८२. देवेभ्यस्त्वा मदाय कं सृजानमति मेष्यः। सं गोभिर्वासयामसि॥ ५॥

हे सोम! तू १. अतिमेध्यः-(मिधृ सेचने)-शरीर में अतिशयेन सेचन के योग्य है, अर्थात् अङ्ग-प्रत्यङ्ग में तेरा सींच देना ही उचित है। तेरे सेचन से सब अङ्गों को शक्ति व दृढ़ता प्राप्त होती है। २. देवेभ्यः-दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए ३. मदाय-हर्ष व उल्लास के लाभ के लिए ४. कं सुजानम्-सुख को उत्पन्न करनेवाले त्वा-तुझे ५. गोभिः-वेदवाणियों के द्वारा संवासयामसि-सम्यक्तया शरीर में ही व्याप्त करते हैं। सोम की रक्षा से हमारे मनों की अपवित्रता नष्ट होती है और हमें दिव्य गुण प्राप्त होते हैं। हमारी दैवी सम्पत्ति बढ़ती है और जीवन में उत्तरोत्तर एक विशेष हर्ष व उल्लास का अनुभव होता है, एक अनिर्वचनीय सुख की अनुभूति होती है। एवं, सोम की रक्षा अत्यन्त आवश्यक है। इस सोम को शरीर में ही सुरक्षित रखने का उपाय वेदवाणियों का स्वीकरण है। हम वेदवाणियों का अध्ययन करेंगे तो सोम का शरीर में व्यापन सुगम हो सकेगा। सोम ज्ञानाग्नि का ईंधन बनकर शरीर का अङ्ग बना रहता है।

भावार्थ—हम सोम को ज्ञानाग्नि का ईंधन बनाएँ। यह सोम हमें देव बनाएगा, उत्साहमय करेगा और एक अनिर्वचनीय सुख की अनुभूति कराएगा।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शक्ति व ज्ञान की वृद्धि

११८३. पुनानः कलशेष्वा वस्त्राण्यरुषो हरिः। परि गव्यान्यव्यत॥ ६॥

मानव शरीर में सोलह कलाएँ हैं, अतः यह शरीर 'कलश' कहलाता है। सोम-शक्ति इस शरीर-कलश को बड़ा सुन्दर बनाए रखती है। मन्त्र में कहते हैं—कलशेषु-इन शरीरों में वस्त्राणि-स्थूल, सूक्ष्म व कारणशरीररूप वस्त्रों को आपुनानः-सर्वथा पवित्र करते हुए अरुषः-रोगों व अशुभ वृत्तियों से इन्हें नष्ट न होने देनेवाला हरिः-सब मलों व रोगों का हरण करनेवाला यह सोम गव्यानि-इन्द्रियों की शक्तियों को परि अव्यत-सुरक्षित करता है। अथवा गव्यानि-वेदवाणियों को परि अव्यत-सम्यक् ज्ञात कराता है। सोम से शक्ति की रक्षा भी होती है और ज्ञान की वृद्धि भी।

भावार्थ—सोम हमारी शक्तियों को बढ़ाता है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्रता, द्वेष-शून्यता व प्रभु-प्रवेश

११८४. मघोन आ पवस्व नो जहि विश्वा अप द्विषः। इन्दो सखायमा विश॥ ७॥

१. मघोनः-महनीय ज्ञानैश्वर्यवाले (मघ-ऐश्वर्य) तथा उत्तम यज्ञोंवाले (मघ-मख) हे इन्दो-सोम अथवा परमैश्वर्यवाले प्रभो! नः-हमें आपवस्व-पवित्र कीजिए। २. इस पवित्रता के लिए ही विश्वा द्विषः-हममें प्रवेश करनेवाली द्वेष-भावनाओं को अपजहि-नष्ट कर दीजिए। हमारे मन के मैल का स्वरूप ये राग-द्वेष ही तो हैं। ३. इस प्रकार हमारे जीवनों को निर्मल बनाकर हे प्रभो! सखायम्-आपके मित्र हममें आविश-प्रवेश कीजिए। इस प्रकार जीवन में प्रभु-प्राप्ति का क्रम यह है—१. सोम-रक्षा द्वारा ज्ञान व यज्ञमय जीवन बिताते हुए पवित्र बनना और २. द्वेषों से दूर होना।

भावार्थ—पवित्रता, द्वेष-शून्यता व प्रभु-प्राप्ति—इस सीढ़ी का हम आक्रमण करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इस सोम को और उस सोम को

११८५. नृचक्षसं त्वा वयमिन्द्रपीतं स्वर्विदम्। भक्षीमहि प्रजामिषम्॥ ८॥

हे सोम! वयम्=हम त्वा=तुझे भक्षीमहि=अपने अन्दर ग्रहण करते हैं। किस तुझे—१. नृचक्षसम्=सब मनुष्यों का ध्यान करनेवाले को (चक्ष्=look after)। शरीर में उत्पन्न सोम (शक्ति) मनुष्य को रोगादि से बचाता है और इस सोम=उत्पादन की व्यवस्था करनेवाले प्रभु तो हमारा पालन करनेवाले हैं ही। २. इन्द्रपीतम्=इस सोम का पान जितेन्द्रिय पुरुष के द्वारा होता है—उस प्रभु का भी पान—अपने अन्दर ग्रहण जितेन्द्रिय पुरुष ही कर पाता है। ३. स्वर्विदम्=यह पीया हुआ सोम उस स्वः=स्वयं देदीप्यमान ज्योति को प्राप्त करानेवाला है और प्राप्त हुई-हुई वह ज्योति स्वः=सब सुखों को देनेवाली है। ४. प्रजाम्=प्रकृष्ट विकास का यह कारण होता है। इस सोम की रक्षा ही सब उन्नतियों का मूल है और प्रभु-चिन्तन हमारे हृदय को विशाल बनानेवाला है। ५. इषम्=यह सोम हमारे जीवन को गतिशील बनाता है (इष् गतौ) और वह हृदयस्थ सोम (प्रभु) हमें उत्तम प्रेरणा देते हैं (इष् प्रेरणे)। इस प्रकार इन सोमों के द्वारा हम 'असित', 'काश्यप' व 'देवल'=स्वतन्त्र, ज्ञानी व देव बन पाते हैं।

भावार्थ—हम सोम का पान करें तथा इस सोमपान से उस सोमरूप प्रभु का दर्शन करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम-लता

११८६. वृष्टिं दिवः परि स्रव द्युम्नं पृथिव्या अधि। सहो नः सोम पृत्सु धाः॥ ९॥

सोमलता की जब अग्निहोत्र में आहुतियाँ दी जाती हैं तब कहते हैं कि हे प्रभो! तू १. दिवः=अन्तरिक्ष से वृष्टिं परिस्रव=वर्षा करनेवाला हो २. उस वर्षा के परिणामस्वरूप पृथिव्याः अधिद्युम्नं परिस्रव=इस पृथिवी में अधिक अन्न का जन्म देनेवाला बन। ३. और इस अन्न के द्वारा नः=हममें पृत्सु=रोगादि से संग्रामों में सहः=शक्ति को धाः=धारण कर।

एवं, सोमाहुति वृष्टि का कारण बनती है, अन्न को उत्पन्न करती है, और हमें शक्ति देती है कि हम रोगादि से संग्राम में सदा विजयी बनें।

सोम का अर्थ प्रभु करें तो मन्त्रार्थ इस प्रकार होगा।

१. हे सोम=प्रभो! धर्ममेघ समाधि में दिवः=मस्तिष्करूप द्युलोक से वृष्टिम्=आनन्द की वृष्टि को परिस्रव=कीजिए। २. पृथिव्याः अधि=इस शरीररूप पृथिवी में द्युम्नम्=ज्योति व शक्ति को उत्पन्न कीजिए। ३. पृत्सु=वासनाओं के साथ संग्रामों में नः=हमारे अन्दर सहः=इन शत्रुओं के पराभव के बल को धाः=धारण कीजिए।

भावार्थ—हम यज्ञों में सोमलता की आहुति दें। इस जीवन-यज्ञ में प्रभु का पूजन करनेवाले बनें।

सूक्त-३

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु को कौन प्राप्त करता है?

११८७. सोमः पुनानो अर्षति सहस्रधारो अत्यविः। वायोरिन्द्रस्य निष्कृतम्॥ १॥

वायोः=सारे संसार को गति देनेवाले इन्द्रस्य=सम्पूर्ण ऐश्वर्य के स्वामी प्रभु के निष्कृतम्=परिष्कृत स्थान को अर्षति=प्राप्त होता है। कौन ? १. सोमः=सोमपान करनेवाला, अतएव शक्ति का पुञ्ज तथा सौम्य स्वभाववाला पुरुष। जो शक्ति को अपने अन्दर सुरक्षित नहीं करते वे शक्तिशाली तो क्या बनेंगे, उनका स्वभाव भी सौम्य नहीं होता। २. पुनानः=जो सोमरक्षा के द्वारा अपने जीवन को पवित्र बनाता है, ३. सहस्रधारः=(धारा=वाङ्)=शतशः स्तुति-वाणियोंवाला होता है और सबसे बड़ी बात यह है कि ४. अत्यविः=(अव्-कान्ति-इच्छा)=इच्छओं को जो लांघ गया होता है, अर्थात् जो निष्काम बनता है।

भावार्थ—हम सौम्य, पवित्र, स्तोता व निष्काम बनकर प्रभु के धाम को प्राप्त करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुरक्षा व दिव्यता-लाभ

११८८. पवमानमवस्यवो विप्रमभि प्र गायत। सुष्वाणं देववीतये॥ २॥

अवस्यवः=रक्षा चाहनेवाले सौम्य पुरुषो! यदि तुम यह चाहते हो कि तुमपर वासनाओं का आक्रमण न हो तो देववीतये=दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए अभि प्रगायत=उस प्रभु का गायन करो जो—१. पवमानम्=तुम्हारे जीवन को निरन्तर पवित्र बनाते हैं। प्रभु स्मरण से वासनाओं का विनाश होता है और जीवन पवित्र बनता है। २. विप्रम्=जो तुम्हारा विशेषरूप से पूरण करनेवाले हैं। प्रभु के सम्पर्क से प्रभु की दिव्यता—शक्ति व आनन्द का हमारे जीवन में प्रवाह होता है। चुम्बक के सान्निध्य से जैसे दूसरे लोहे में भी चुम्बुकीय शक्ति आ जाती है, उसी प्रकार प्रभु-सम्पर्क से जीव में भी शक्ति का संचार होता है। ३. सुष्वाणम्=वे प्रभु निरन्तर उत्तम प्रेरणा दे रहे हैं। हृदयस्थ वे प्रभु सदा भद्र के लिए उत्साहित व अभद्र के लिए शंकित करते हैं, जिससे हम अभद्र से दूर रहकर भद्र को प्राप्त करें।

भावार्थ—प्रभु-पूजन हमें दिव्य गुणों को प्राप्त कराता है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शक्ति-धन व दिव्य गुण

११८९. पवन्ते वाजसातये सोमाः सहस्रपाजसः। गृणाना देववीतये॥ ३॥

१. सोमाः=जो व्यक्ति सोमपान के द्वारा शक्तिशाली व सौम्य हैं, २. सहस्रपाजसः=हज़ारों के पालक बलवाले हैं। (पाजः पालनात्, 'पातेर्बलेजुट् च' उ० ४.२०८) जो व्यक्ति शक्ति प्राप्त करके हज़ारों व्यक्तियों का पालन करते हैं और ३. इस पालन के द्वारा सच्चे अर्थों में गृणानाः=प्रभु का स्तवन करते हैं—ये ही व्यक्ति १. वाजसातये=शक्ति व धन की प्राप्ति के लिए तथा २. देववीतये=दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए पवन्ते=गतिशील होते हैं।

भावार्थ—शक्ति, धन व दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए हमें सौम्य, सर्वभूतहिते रतः तथा स्तोता बनना चाहिए।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्योतिर्मय शक्ति

११९०. उत नो वाजसातये पवस्व बृहतीरिषः। द्युमदिन्दो सुवीर्यम्॥ ४॥

हे इन्दो=सर्वशक्तिमन् व परमैश्वर्यशाली प्रभो। वाजसातये=शक्ति, धन तथा त्याग की वृत्ति की प्राप्ति के लिए नः=हमें बृहतीः=वृद्धि की कारणभूत इषः=प्रेरणाओं को पवस्व=प्राप्त कराइए। उत=और इन प्रेरणाओं को अपनाने से हमें द्युमत् सुवीर्यम्=ज्योतिर्मय उत्तम शक्ति प्राप्त कराइए।

भावार्थ—हे प्रभो। हमें आपकी प्रेरणा प्राप्त हो तथा ज्योतिर्मय शक्ति मिले।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्तम प्रेरकों की प्रेरणा

१ २ ३ रु ३ २ १ २ ३ १ २ रु ३ १ २ ३ १ २
११९१. अत्या हियाना न हेतृभिरसृग्रं वाजसातये। वि वारमव्यमाशवः॥ ५॥

हेतृभिः=प्रेरकों (हि गतौ) से हियानाः=प्रेरित किये जाते हुए मनुष्य अत्याः न=घोड़े-जैसी वाजसातये=(वाज=speed) शीघ्र गतिवाले होते हैं। अत्य=घोड़े स्वयं भी (अत=गमन) गतिशील हैं। जब ये उत्तम नियन्ता से प्रेरित होते हैं तब और अधिक तीव्रगति को प्राप्त करते हैं। इसी प्रकार आशवः=शीघ्रता से अपने नियत कार्यों में व्यापृत होनेवाले, अपने कार्य को स्फूर्ति से करनेवाले सज्जन लोग हेतृभिः=उत्तम प्रेरक विद्वानों के द्वारा हियानाः=प्रेरित होते हुए अव्यम्=उस (अव=दीप्ति, रक्षण) देदीप्यमान-आसुर वृत्तियों से रक्षण में सर्वोत्तम साधनभूत वारम्=वरणीय प्रभु की ओर वाजसातये=शक्ति प्राप्ति के मार्ग पर तीव्रता से आगे बढ़ते हैं।

भावार्थ—उत्तम प्रेरक विद्वानों को प्राप्त कर हम प्रभु-प्राप्ति के मार्ग पर अग्रसर हों।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सहस्री रयि की प्राप्ति

१ २ ३ १ २ ३ १ रु ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
११९२. ते नः सहस्रिणं रयिं पवन्तामा सुवीर्यम्। स्वाना देवास इन्दवः॥ ६॥

पिछले मन्त्र में उत्तम प्रेरक विद्वानों का उल्लेख था। ये उत्तम प्रेरक विद्वान् 'असित, काश्यप, देवल' ही हैं—अबद्ध, ज्ञानी, दिव्य गुणसम्पन्न। ते=ये विद्वान् स्वानाः=(सु आनयति) उत्तमता से प्राणशक्ति का संचार करनेवाले हैं, देवासः=ज्ञान की दीप्ति को देनेवाले हैं। (देव=द्योतन) इन्दवः=ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले हैं। ये विद्वान् नः=हमें सुवीर्यम्=उत्तम शक्ति से सम्पन्न सहस्रिणं रयिम्=(हस्=हास्य-आनन्द) उस आनन्दमय प्रभु के ज्ञान से युक्त ऐश्वर्य को आपवन्ताम्=सर्वथा प्राप्त कराएँ। वे हमें उस आनन्दमय 'अट्टहास' नामवाले प्रभु का ज्ञान दें, जो ज्ञान हमें उत्तम शक्ति-सम्पन्न बनानेवाला हो। प्रभु का ज्ञान हमारे जीवनों में आनन्दोल्लास को भी भरेगा और हमें शक्तिशाली भी बनाएगा। इसकी प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि हमें ऐसे विद्वान् आचार्यों का सम्पर्क प्राप्त हो जो हमारे जीवन में उत्साह, ज्ञान की ज्योति व शक्ति का संचार करनेवाले हों।

भावार्थ—उत्तम आचार्यों से हमें आनन्दमय प्रभु की ज्योति प्राप्त हो।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आचार्यों के हाथों में

१ १ २ ३ १ २ ३ २ ३ रु १ १२ ३ १ २ रु
११९३. वाश्रा अर्षन्तीन्दवोऽभि वत्सं न मातरः। दधन्विरे गभस्त्योः॥ ७॥

वाश्राः=उत्तम ज्ञानमयी वाणियों का उच्चारण करनेवाले इन्दवः=ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले आचार्य अर्षन्ति=हमें उसी प्रकार प्राप्त होते हैं न=जैसे अभिवत्सम्=बछड़े की ओर मातरः=उनकी माताएँ—

गौवें प्राप्त होती हैं। गौ का अपने बछड़े के प्रति प्रेम लोकविदित है। वेद को भी प्रेम के विषय में यह उपमा प्रिय है 'अन्यो अन्यमभिहर्यत वत्सं जातमिवाघ्न्या'-एक दूसरे से ऐसा प्रेम करो जैसे गौ बछड़े से करती है। ये आचार्य हमें गभस्त्योः-अपने हाथों में (गभस्ति-हाथ) दधन्विरे-धारण करते हैं। प्राचीन काल की मर्यादा के अनुसार माता-पिता सन्तानों को आचार्यों के हाथों में सौंप आते थे। आचार्य पर ही उनके निर्माण का सारा उत्तरदायित्व होता था। वेद में अन्यत्र कहा है कि 'आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्तः' आचार्य ब्रह्मचारी को अपने समीप लाता हुआ गर्भ में धारण करता था। उसे अपने समीप अत्यन्त सुरक्षित रखकर ये आचार्य गभस्त्योः-(गभस्ति=A ray of light, sunbeam or moonbeam) ज्ञान की किरणों में—सूर्य के समान ब्रह्मज्योति में तथा चन्द्र के समान विज्ञान के प्रकाश में दधन्विरे-धारण करते हैं। ब्रह्मज्योति से यदि हम निःश्रेयस की साधना कर पाते हैं तो विज्ञान की ज्योति से हमें अभ्युदय की प्राप्ति होती है। 'अभ्युदय और निःश्रेयस' को सिद्ध करनेवाला यह ज्ञान ही तो वस्तुतः धर्म है।

भावार्थ—हम आचार्यों के प्रिय हों। वे आचार्य हमें ब्रह्मज्ञान व विज्ञान की ज्योतियों को प्राप्त कराएँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवमान की प्रार्थना

११९४. जुष्ट इन्द्राय मत्सरः पवमानः कनिक्रदत्। विश्वा अप द्विषो जहि॥ ८॥

आचार्य के उपदेश से इन्द्राय जुष्टः-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के प्रति (जुष्-प्रीतिसेवनयोः) प्रीतिवाला तथा उसकी उपासना करनेवाला मत्सरः-एक अद्भुत आनन्दोल्लास में आगे और आगे बढ़नेवाला (प्रभुभक्त को एक अद्भुत आनन्द का अनुभव होता ही है। वह उस आनन्द में मस्त-सा हो जाता है)। पवमानः-अपने जीवन को पवित्र करने के स्वभाववाला कनिक्रदत्-बारम्बार पुकारता है कि—हे प्रभो! विश्वाः-मेरे न चाहते हुए भी मेरे अन्दर प्रविष्ट हो जानेवाली द्विषः-इन द्वेष की भावनाओं को (द्वेषणं-द्विट्) अपजहि-सुदूर नष्ट कर दीजिए। आपके स्मरण से मेरा हृदय प्रीति से भर जाए, वहाँ द्वेष का नामोनिशान भी न रहे।

भावार्थ—मैं प्रभु-भक्त बनूँ, पवित्र बनूँ, प्रेम से पगा मेरा हृदय हो।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऋत के उत्पत्ति स्थान में

११९५. अपघ्नन्तो अराव्णः पवमानाः स्वर्दृशः। योनावृतस्य सीदत॥ ९॥

प्रभु पवमान की प्रार्थना का उत्तर देते हैं—१. अराव्णः-(रा दाने) न देने की वृत्तियों को अपघ्नन्तः-सुदूर नष्ट करते हुए, अर्थात् सदा दान की वृत्ति को अपने में पनपाते हुए और इस प्रकार २. पवमानाः-अपने जीवनों को पवित्र करते हुए। दान से लोभादि मलों का नाश हो जाता है और मनुष्य का जीवन पवित्र हो उठता है। ३. पवित्र होकर स्वर्दृशः-उस स्वयं देदीप्यमान ज्योति प्रभु का दर्शन करनेवाले अथवा स्वर्-दीप्ति को देखनेवाले सदा प्रकाश में विचरनेवाले तुम ऋतस्य योनौ-ऋत के उत्पत्ति स्थान मुझमें सीदत-निवास करो। प्रभु सृष्टि के मूल नियम 'ऋत' को जन्म देनेवाले हैं।

उस 'ऋत' के मूल प्रभु में स्थित होने के लिए ऋत का पालन आवश्यक है। यह क्या है?

मनुष्य के लिए १. दान देना २. अपने को पवित्र करना तथा ३. दीप्ति का दर्शन करना—ज्ञान प्राप्त करना ही 'ऋत' है। न देना, अपवित्रता व तमोगुण में विचारना ही अनृत है।

भावार्थ—हम दें, पवित्र बनें, दीप्ति को देखें और प्रभु में स्थित हों।

सूक्त-४

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सौम्यता, शक्ति, वैदिक जीवन, माधुर्य

११९६. सोमा असृग्रमिन्दवः सुता ऋतस्य धारया। इन्द्राय मधुमत्तमाः॥ १॥

इन्द्राय—उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिए **असृग्रम्**—भेजे जाते हैं (विसृज्यन्ते) या बनाये जाते हैं, अर्थात् ये प्रभु को प्राप्त करनेवाले होते हैं। कौन—१. **सोमाः**—सौम्य स्वभाववाले पुरुष, अथवा शक्ति का पान करनेवाले अतएव शक्ति के पुञ्ज बने हुए पुरुष २. **इन्दवः**—संसार में वासनाओं से चल रहे संग्राम में शक्तिशाली प्रमाणित होनेवाले ३. **ऋतस्य**—सब सत्यविद्याओं की **धारया**—वेदवाणी से **सुताः**—निष्पादित व संस्कृत जीवनवाले व्यक्ति। वेद के अनुसार अपने जीवनों को बनानेवाले ४. **मधुमत्तमाः**—अत्यन्त मधुर। जिनकी वाणी के अग्रभाग में मधु है—जिनकी वाणी के मूल में मधु है, जिनका जीवन मधुमय हो गया है।

भावार्थ—हम सौम्य, शक्तिशाली, वेदानुकूल जीवनवाले, माधुर्यमय बनकर प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र-स्तवन

११९७. अभि विप्रा अनूषत गावो वत्सं न धेनवः। इन्द्रं सोमस्य पीतये॥ २॥

विप्राः—अपना विशेषरूप से पूरण करने की कामनावाले, अपनी न्यूनताओं को दूर करने की प्रबल इच्छावाले व्यक्ति **इन्द्रम्**—सब ऐश्वर्यों को अधिष्ठाता प्रभु का **अभि अनूषत**—दोनों ओर, अर्थात् सोते-जागते, खाते-पीते, उठते-बैठते स्तवन करते हैं। प्रभु से ये ऐसा ही प्रेम करते हैं **न**—जैसेकि **धेनवः**—दुधारू गौएँ **वत्सम्**—बछड़े से प्रेम करती हैं। गौवों का बछड़े के प्रति प्रेम अनुपम है, विप्र लोगों का प्रभु के प्रति ऐसा ही प्रेम होता है तभी तो उसकी भक्ति में वे तन्मय हो जाते हैं और रसमय वाणी से उसका स्तवन करते हैं। ऐसा ये **सोमस्य पीतये**—सोम के पान के लिए करते हैं। शरीर के अन्दर रसादि क्रम से उत्पन्न सोम की रक्षा—उसका शरीर में ही पान करना प्रभुस्तवन के बिना सम्भव नहीं। वासनामय जगत् सोमपान के लिए अत्यन्त दूषित है—इस सोम का पान तो वासना-विनाश से ही सम्भव है। वासना-विनाश के लिए प्रभु-स्मरण अचूक औषध है।

भावार्थ—प्रभु-स्तवन मेरी वासनाओं को विनष्ट करके मुझे सोमपान के योग्य बनाता है। इस सोमपान से मेरा शरीर नीरोग बनता है। मन निर्मल होता है और बुद्धि तीव्र होती है। इस प्रकार मेरा पूरण होता है और मैं 'विप्र' बनता हूँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मद-च्युत्

११९८. मदच्युत्क्षेति सादने सिन्धोरूर्मा विपश्चित्। सोमो गौरी अधि श्रितः॥ ३॥

मद-च्युत्-गर्व न करनेवाला विपश्चित्-वस्तुतत्त्वों को देखकर विशेषरूप से चिन्तन करनेवाला विद्वान् सादने-वासनाओं को विनष्ट कर देने पर सिन्धोः-(स्यन्दमानाः अपः-रेतः) सामान्यतः निम्नदेश (नीचे) की ओर बहनेवाले जलों—रेतःकणों के ऊर्मौ-ऊर्ध्वगति (upward flow) में क्षेति-निवास करता है। जब मनुष्य चिन्तनशील बनता है तब सामान्यतः वासनाओं का शिकार नहीं होता। शरीर में उत्पन्न सोम का विलास में व्यय न कर उसकी ऊर्ध्वगतिवाला होता है और एक अद्भुत आनन्द का अनुभव करता है। उस समय यह मद को, विषयों को छोड़ देता है। यह विषयमद उसके लिए तुच्छ हो जाता है।

सोमः-सोम की रक्षा के द्वारा सौम्य स्वभाव बना हुआ यह ज्ञानी अपने अधिक-से-अधिक समय में गौरी अधि-(गौरी-वाङ्नाम—नि० १.११.५) वाणी में, वेदवाणी के अध्ययन में श्रितः-लगा होता है। यह अपना अधिक-से-अधिक समय ज्ञानोपार्जन में बिताता है।

भावार्थ—१. हम शरीर में सोम की ऊर्ध्वगतिवाले हों, २. मद से रहित होकर सौम्य बनें। ३. अपना समय ज्ञानोपार्जन में बिताएँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

महिमा की अनुभूति

१११९. दिवो नाभा विचक्षणोऽव्या वारे महीयते। सोमो यः सुक्रतुः कविः॥ ४॥

वह व्यक्ति अव्या-(अव्-रक्षण) वासनाओं से अपने रक्षण के द्वारा वारे-वरणीय प्रभु में महीयते-महिमा का अनुभव करता है। जब हम सब वासनाओं से अपने को सुरक्षित कर लेते हैं तब प्रभु में स्थित होकर अपनी महिमा को देख पाते हैं—आत्मोत्कर्ष का साक्षात्कार करते हैं। ऐसा कर वही पाता है यः-जो—

१. दिवः नाभा-(नाभि=centre, chief point वा home) ज्ञान के केन्द्र में विचरण करता है। जिसकी क्रियाओं का मुख्य ध्येय ज्ञान की प्राप्ति होता है। जो ज्ञान को ही अपना घर बनाता है। २. यः विचक्षणः-ज्ञान में विचरण करने के कारण जो वस्तुतत्त्व को विशेषरूप से देखनेवाला होता है। ३. सोमः-वस्तुतत्त्व को देखने के कारण ही इस अनन्त संसार में अपनी शक्ति व ज्ञान की सीमाओं को देखता हुआ जो सदा सौम्य स्वभाववाला होता है—कभी गर्व नहीं करता। ४. सुक्रतुः-सदा उत्तम सङ्कल्पों व कर्मोंवाला होता है। ५. कविः-क्रान्तदर्शी बनता है (कौति) तथा ज्ञान का प्रचार करता है।

भावार्थ—हम ज्ञान के केन्द्र में ही विचरण करें और ज्ञान का ही प्रसार करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का आलिंगन

१२००. यः सोमः कलशेष्वा अन्तः पवित्र आहितः। तमिन्दुः परि षस्वजे॥ ५॥

यः-जो भी व्यक्ति १. सोमः-सोमपान करके सोम (शक्ति) का पुञ्ज बनता है, परन्तु साथ ही अत्यन्त सौम्य स्वभाववाला होता है। २. कलशेषु-(कलाः शेरते एषु) प्राणादि सोलह कलाओं के आधारभूत पञ्चकोषों के अन्तः-अन्दर आपवित्रः-समन्तात् पवित्र होकर आहितः-स्थापित होता है। जो अपने शरीर को निर्बलता, प्राणमयकोश को रोग, मनोमयकोश को द्वेषादि, विज्ञानमय-कोश को कुण्ठता तथा आनन्दमयकोश को असहिष्णुता आदि मलों से मलिन नहीं होने देता और

इस प्रकार सर्वथा पवित्र होकर इन कलशों—कोशों में निवास करता है, तम्-उसको ही इन्द्रः-वे सर्वशक्तिमान् सर्वैश्वर्य-सम्पन्न प्रभु परिषस्वजे-आलिंगन करते हैं।

भावार्थ—हम सौम्य व पवित्र बनकर प्रभु के आलिंगन के पात्र बनें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हृदय में प्रकाश का दर्शन

१२०१. प्र वाचमिन्दुरिष्यति समुद्रस्याधि विष्टपि। जिन्वन् कोशं मधुश्चुतम्॥ ६॥

जब सौम्य व पवित्र व्यक्ति का प्रभु आलिंगन करते हैं तब वे इन्दुः-प्रभु समुद्रस्य-हृदय के (समुद्रः अन्तरिक्षनाम—नि० १.३; मनो वै समुद्रः—श० ७.५.२.५२) अधिविष्टपि-स्थान में निवास करते हुए वाचम्-वेदवाणी को प्र इष्यति-प्रकर्षेण प्रेरित करते हैं। प्रभु हम सबके हृदय में सदा वेदज्ञान का प्रकाश कर रहे हैं, क्योंकि प्रभु तो हैं ही ज्ञान-प्रकाशमय, परन्तु हम उस ज्ञान के प्रकाश को तभी देख पाते हैं जब हम सौम्यता व पवित्रता को धारण करते हैं।

जब प्रभु इस प्रकार ज्ञान का प्रकाश प्राप्त कराते हैं तब वे हमारे मधुश्चुतम्-माधुर्य को प्रवाहित करनेवाले कोशम्-आनन्दमयकोश को जिन्वन्-प्रीणित करते हैं, अर्थात् ज्ञान के प्रकाश को देखने पर हम एक विशेष आनन्द का अनुभव करते हैं। आनन्द तो है ही प्रकाश में। अन्धकार में भय है। ज्ञान हमें उस एकत्व व अद्वैत का अनुभव कराता है जहाँ भय का अभाव है।

भावार्थ—हम ज्ञान के प्रकाश में मानव की एकता को देखकर शोक-मोह से ऊपर उठ जाएँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वेदवाणी का प्रेरण किनमें

१२०२. नित्यस्तोत्रो वनस्पतिर्धेनामन्तः सबर्दुघाम्। हिन्वानो मानुषा युजा॥ ७॥

नित्यस्तोत्रः-सदा जिसका स्तवन होता है—वे प्रभु। धर्मात्मा तो प्रभु का स्मरण व कीर्तन करते ही हैं, आपत्ति आने पर पापात्मा भी प्रभु के आर्तभक्त बनते हैं। इस प्रकार वे प्रभु 'नित्यस्तोत्र' हैं। अथवा वेदवाणी ही स्तोत्र है, क्योंकि यह (सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति) उस प्रभु का प्रतिपादन कर रही है। वे प्रभु नित्य, अविनश्वर वेदवाणीवाले हैं। वनस्पतिः-(वनम् इति रश्मिनाम—नि० १.५.८)—वे प्रभु ज्ञान की रश्मियों के पति हैं।

वे प्रभु इस सबर्दुघाम्-ज्ञान के दुग्ध का दोहन (पूरण) करनेवाली धेनाम्-वेदवाणी को (धेना वाङ्नाम—नि० १.११.३९) युजा-योग के द्वारा अपने साथ मेल करनेवाले मानुषा-मननशील पुरुषों के अन्तः-हृदय में हिन्वानः-प्रेरित करते हैं। वेदवाणी की प्रेरणा उन्हीं के अन्दर होती है जो योगमार्ग पर चलकर उस प्रभु के साथ अपना योग (सम्पर्क) स्थापित करते हैं। प्रभु का ज्ञान तो नित्य है—वे प्रभु ज्ञान की रश्मियों के पति हैं। मेरा उनके साथ सम्पर्क होते ही मुझे वह ज्ञान का प्रकाश प्राप्त होने लगता है।

भावार्थ—मैं योगमार्ग पर चलूँ और प्रकाश का अनुभव करूँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आत्मज्ञान व अभय

१२०३. आ पवमान धारय रयिं सहस्रवर्चसम्। अस्मे इन्दो स्वाभुवम्॥ ८॥

हे पवमान-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाले इन्दो-परमैश्वर्य-सम्पन्न प्रभो! आप अस्मे-हममें स्वाभुवम्-(स्व-आत्मा भू-होना) आत्मा में होनेवाले, अर्थात् आत्मविषयक सहस्रवर्चसम्-आत्म-ज्ञान के द्वारा अनन्त शक्ति देनेवाले रयिम्-ज्ञान-धन को आधारय-सर्वथा धारण कराइए। आपकी कृपा से हम आत्मज्ञान प्राप्त करें, और अपनी महिमा का अनुभव करें। आत्मज्ञान हमें निर्भीक व शक्ति-सम्पन्न बनाता है। आत्मज्ञान प्राप्त करके मनुष्य मृत्यु आदि के भय से ऊपर उठ जाता है।

भावार्थ—हम आत्मज्ञान प्राप्त करके अभय बन जाएँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्युलोक के उत्कृष्ट लोकों की ओर

१२०४. अभि प्रिया दिवः कविर्विप्रः स धारया सुतः। सोमो हिन्वे परावति॥ ९॥

परावति-सुदूर प्रदेश में अथवा उत्कृष्ट रक्षक परमेश्वर में स्थित हुआ-हुआ व्यक्ति दिवः-द्युलोक के प्रिया-आनन्दमय सुन्दर लोकों के प्रति अभिहिन्वे-प्राप्त होता है। कौन—१. कविः-जो क्रान्तदर्शी बनता है—जो वस्तुओं के तत्त्व को देखने का प्रयत्न करता है। २. विप्रः- जो विशेष रूप से अपना पूरण करनेवाला है। जो सदा अपनी न्यूनताओं को दूर करके अपने में गुणों का पूरण करने में लगा हुआ है। ३. सः-वह जो धारया-वेदवाणी के द्वारा सुतः-संस्कृत जीवनवाला हुआ है। ४. सोमः-जो सौम्यस्वभाववाला—अभिमान से दूर है।

यह व्यक्ति 'सूर्यद्वार' से जाता हुआ अन्त में ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है। अब यह इस मर्त्यलोक में जन्म न लेकर सुदूर द्युलोक के किसी प्रकाशमय लोक में जन्म लेता है। जितना-जितना हम अपना जीवन वेदवाणी के अनुसार बनाएँगे उतना-उतना ही हमारा जीवन परिष्कृत होता जाएगा (सुतः) हमारी न्यूनताएँ दूर हो जाएँगी (विप्रः) और हम अधिकाधिक क्रान्तदर्शी बनेंगे (कविः)। ऐसा बनने पर हम द्युलोक के उत्कृष्ट लोकों में जन्म लेनेवाले होंगे और क्रमशः ब्रह्मलोक की ओर बढ़ रहे होंगे।

भावार्थ—हम अपने जीवन को वैदिक जीवन बनाएँ और उत्कृष्ट लोकों में जन्म लेनेवाले हों।

सूक्त-५

ऋषिः—उचथ्य आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'उचथ्य आङ्गिरस' की तीन विशेषताएँ

१२०५. उत्ते शुष्मास ईरते सिन्धोरूर्मेरिव स्वनः। वाणस्य चोदया पविम्॥ १॥

प्रभु के स्तोत्रों का उच्चारण करने में लगा हुआ 'उचथ्य' है। यह सब व्यसनों व अन्तःशत्रुओं से बचा रहने के कारण 'आङ्गिरस' है। अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्तिवाला है। इस 'उचथ्य' से प्रभु कहते हैं कि १. ते शुष्मासः-तेरे शत्रु-शोषक बल उत् ईरते-उच्च होते हैं, तेरी शक्तियाँ वृद्धि को प्राप्त होती हैं। (२) सिन्धोःऊर्मेः इव स्वनः-समुद्र के कल्लोलों (waves के समान तेरा स्वन (आवाज़) है)। रामायण में 'पर्जन्यनिनदोपमः'—'बादल की गर्जना के समान गर्जनावाला' शब्द का प्रयोग हुआ है। स्वस्थ, सबल मनुष्य की वाणी भी स्वस्थ व सबल होती है। 'सिन्धोरूर्मेः इव स्वनः' इस वाक्यांश का अर्थ इस प्रकार भी हो सकता है कि (सिन्धु-स्यन्दमान सोमकण, ऊर्मि—ऊर्ध्वगति) शरीर में वीर्य की ऊर्ध्वगति (रक्षा) के अनुपात में ही तेरी वाणी की सबलता है। जितना-जितना

मनुष्य शरीर में वीर्य को सुरक्षित रखता है, उतना ही वह उच्च, सबल ध्वनिवाला होता है। (३) हे उचथ्य! तू वाणस्य-इस जीवनरूप शततन्त्रीकवीणा की (वाण-सौ तारोंवाली सितार) पवित्रम्-वाणी को—स्वर को चोदय-प्रेरित कर। यह तेरा सौ वर्ष का जीवन सौ तारोंवाली सितार के समान हो और इस सितार से सदा पवित्र करनेवाली ध्वनि (पवि) निकलती रहे। सौ-के-सौ वर्ष शुभ, मङ्गल शब्दों का ही उच्चारण होता रहे।

भावार्थ—१. हम शक्तियों का विकास करें। २. वीर्यरक्षा द्वारा अपनी वाणी को सबल बनाएँ। ३. हमारी जीवनरूप शततन्त्रीकवीणा पवित्र वाणी का उच्चारण करे।

ऋषिः—उचथ्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उचथ्य का उदीरण

१२०६. प्रसवे त उदीरते तिस्रो वाचो मखस्युवः। यदव्य ऐषि सानवि॥ २॥

उसी उचथ्य से कहते हैं कि १. तू जब सानवि-सर्वोच्च (सा काष्ठा सा परागतिः—प्रभु ही तो अन्तिम शरण हैं। वे परमेष्ठी हैं—सर्वोच्च स्थान में स्थित हैं), अव्ये-रक्षण में उत्तम (प्रभुस्मरण ही हमें वासनाओं से बचानेवाला है) प्रभु में एषि-गति करता है—अपने को प्रभु में स्थित होकर कार्य करनेवाला मानता है, तब २. मखस्युवः-यज्ञों के करनेवाले ते प्रसवे-तेरे प्रकृष्ट यज्ञों में तिस्रः वाचः-ऋग्, यजुः, सामरूप तीन वाणियाँ उदीरते-उच्चरित होती हैं। उचथ्य बड़े-बड़े यज्ञों में सदा प्रवृत्त रहता है, और उन यज्ञों में वेदवाणियों का उच्चारण करता है। इन सब यज्ञों का उसे गर्व नहीं होता, क्योंकि वह अनुभव करता है कि मेरी तो सारी गति उस प्रभु में ही हो रही है। सर्वोच्च स्थान में स्थित प्रभु में सुरक्षित होकर ही तो मैं इन कार्यों को कर पा रहा हूँ।

भावार्थ—१. हम सदा प्रभु में स्थित हों २. उत्कृष्ट यज्ञों में लगे रहें ३. वेदवाणियों का उच्चारण करें।

ऋषिः—उचथ्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-प्राप्ति के तीन उपाय

१२०७. अव्या वारैः परि प्रियं हरिं हिन्वन्त्यद्रिभिः। पवमानं मधुश्चुतम्॥ ३॥

अव्या-वासनाओं के आक्रमण से अपने को बचाने के द्वारा वारैः-काम-क्रोधादि के निवारणों से तथा अद्रिभिः-दृढ़ संकल्पों से 'उचथ्य' लोग उस प्रभु को परिहिन्वन्ति-सर्वथा प्राप्त होते हैं, जो प्रभु १. प्रियम्-प्रिय हैं-आत्मिक तृप्ति देनेवाले हैं (प्री-तर्पणे) २. पवमानम्-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाले हैं—तथा ३. मधुश्चुतम्-माधुर्य को क्षरित करनेवाले हैं—हमारे जीवनों में रस का उत्पादन करनेवाले हैं। ४. हरिम्-सब दुःखों का हरण करनेवाले हैं।

भावार्थ—वे प्रभु हमारे जीवनों में तृप्ति, पवित्रता व रस का संचार करते हैं। उस प्रभु की प्राप्ति का उपाय १. वाणी, मन आदि का अशुभवृत्तियों से रक्षण २. वासनाओं का निवारण तथा ३. प्रभु-प्राप्ति का दृढ़ संकल्प है।

ऋषिः—उचथ्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वेदवाणी के अनुसार चलना

१२०८. आ पवस्व मदिन्तम पवित्रं धारया कवे। अर्कस्य योनिमासदम्॥ ४॥

हे मदिन्तम=हे अत्यन्त प्रसन्न स्वभाववाले! कवे=क्रान्तदर्शिन्! तू अर्कस्य=अर्चनीय प्रभु के योनिम्=पवित्र स्थान को आसदम्=प्राप्त करने के लिए धारया=वेदवाणी के अनुसार (धारा=वाणी=वेदवाणी) आपवस्व=सर्वथा गतिशील हो। तेरे सारे कार्य वेद के निर्देशानुसार हों।

भावार्थ—मनुष्य को चाहिए कि १. वह प्रसन्न मनोवृत्तिवाला हो, २. क्रान्तदर्शी बने, तत्त्व का द्रष्टा हो तथा ३. वेद के अनुसार अपने जीवन को बनाए, तभी वह उस अर्चनीय प्रभु के पवित्र स्थान को प्राप्त करेगा।

ऋषिः—उचथ्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु में निवास

१२०९. स पवस्व मदिन्तम गोभिरञ्जानो अक्तुभिः। इन्द्रस्य जठरं विश॥ ५॥

हे उचथ्य! सः=वह तू १. मदिन्तम=सर्वथा प्रसन्न मनोवृत्तिवाला बना हुआ, २. गोभिः पवस्व=वेदवाणियों के अनुसार गतिशील हो—सदा वैदिक क्रिया में लगा रह और इस प्रकार अपने जीवन को पवित्र बना। ३. अक्तुभिः=वेद के द्वारा ही प्रकाश की किरणों से (अक्तु=a ray of light) अञ्जानः=अपने जीवन को अलंकृत करता हुआ तू इन्द्रस्य जठरम्=प्रभु के उदर में आविश=प्रवेश कर, प्रभु के गर्भ में निवास करनेवाला बन, अर्थात् प्रभु को प्राप्त कर।

भावार्थ—१. हम प्रसन्न मनोवृत्तिवाले हों २. वेदानुसार क्रियाओं में लगे रहें ३. प्रकाश की किरणों से अपने जीवन को अलंकृत करें और इस प्रकार सदा प्रभु में निवास करनेवाले बनें।

सूक्त-६

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शत्रु-संहार

१२१०. अया वीती परि स्रव यस्त इन्दो मदेष्वा। अवाहन्नवतीर्नव॥ १॥

मन्त्र संख्या ४९५ पर इसका अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

काम-क्रोध-लोभ का नाश

१२११. पुरः सद्य इत्थाधिये दिवोदासाय शंबरम्। अध त्यं तुर्वशं यदुम्॥ २॥

पुरः सद्यः=सामने ही शीघ्र ही इत्थाधिये=(इत्थेति सत्यनाम—नि० १०.५; धीः=कर्म-प्रज्ञा—नि० २.२१) सत्यकर्मा, सत्यज्ञानवाले पुरुष के लिए दिवोदासाय=उस प्रकाशमय प्रभु के दास के लिए शंबरम्=शान्ति के निवारण करनेवाले क्रोधरूप मानसभाव को यह सोम (अवाहन्) नष्ट करता है। सोम की रक्षा के लिए १. सत्कर्मों में लगे रहना, २. सत्यज्ञान को प्राप्त करना, उत्तमोत्तम पुस्तकों का स्वाध्याय करना, तथा ३. प्रभु का उपासक बनना—ये तीन मुख्य साधन हैं। इन साधनों से सुरक्षित हुआ-हुआ सोम हमारे क्रोध को नष्ट करता है। क्रोध उसी पुरुष को आता है जिसमें शक्ति की कमी हो। अध त्यं तुर्वशम्=अब इस त्वरा से अपने वश में कर लेनेवाले काम को (अवाहन्) नष्ट करता है। जितना-जितना मनुष्य सोम-रक्षा में समर्थ नहीं होता उतना-उतना ही अधिक कामासक्त होता जाता है। इस काम के अतिरिक्त यदुम्=(इतरधनाय यतते तम्—ऋ० १.३६.१८ द०) निरन्तर

औरों के भाग को हड़पने का यत्न करनेवाली लोभरूप वृत्ति को भी नष्ट करता है।

भावार्थ—सत्कर्म प्रवृत्ति, सत्यज्ञानरुचि, तथा प्रभुभक्ति से हम सोम की रक्षा करते हैं। यह सुरक्षित सोम काम-क्रोध-लोभ को हमपर अधिकार नहीं करने देता।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अश्व-गौ-हिरण्य-इष

१ २ ३ १ २ ३ १ ११ ३ ११ १ २ ३ १ २
१२१२. परि णो अश्वमश्वविन्नोमदिन्दो हिरण्यवत्। क्षरा सहस्रिणीरिषः॥ ३॥

हे इन्दो-शक्ति के पुञ्ज सोम! तू नः-हमारे लिए अश्वविद्-उत्तम कर्मेन्द्रियों को प्राप्त करानेवाला है। (अश्व-कर्मेन्द्रियाँ) १. अश्वम्-उत्तम कर्मेन्द्रियसमूह को परिक्षर-प्रकट कीजिए। यह उत्तम कर्मेन्द्रियों का समूह २. गोमत्-उत्तम ज्ञानेन्द्रियोंवाला हो। ३. हिरण्यवत्-उत्तम धनवाला हो (हितरमणीय धनवाला हो)।

हे सोम! तू सहस्रिणीः इषः-शतशः प्रेरणाओं को परिक्षर-देनेवाला हो। परमात्मपक्ष में तो इस मन्त्रभाग का अर्थ स्पष्ट ही है। सोम रक्षावाले पक्ष में जब सोम की ऊर्ध्वगति होकर हम दीप्त ज्ञानाग्निवाले तथा निर्मल हृदयवाले बनते हैं तब हम उस प्रभु के प्रकाश को देखनेवाले होते हैं और प्रभु की प्रेरणा को सुनते हैं।

भावार्थ—सुरक्षित सोम हमें उत्तम कर्मेन्द्रियाँ, उत्तम ज्ञानेन्द्रियाँ, उत्तम धन व ज्ञान तथा प्रभु की शतशः प्रेरणाएँ प्राप्त कराता है।

सूक्त-७

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'मृध्+अराव्ण' से दूर

१ १ २ ३ ख ३ १ २ १ २ १ १ २ १ २
१२१३. अपघ्नन् पवते मृधोऽप सोमो अराव्णः। गच्छन्निन्द्रस्य निष्कृतम्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अमहीयु आङ्गिरसः' है। यह पार्थिव कामनाओं से ऊपर उठा हुआ शक्तिशाली पुरुष है। यह इन्द्रस्य-परमैश्वर्यशाली प्रभु के निष्कृतम्-संस्कृत स्थान को—पवित्र धाम को गच्छन्-जाने के हेतु से १. मृधः-हमारी हिंसा करनेवाले 'काम-क्रोध-लोभ' को अपघ्नन्-दूर नष्ट करता हुआ पवते-गति करता है—अपनी जीवन-यात्रा में चलता है। २. सोमः-यह सौम्य स्वभाववाला होता हुआ अराव्णः-न देने की वृत्ति को अप-अपने से दूर रखता है। इस प्रकार 'काम-क्रोध-लोभ' से ऊपर उठा हुआ यह सचमुच 'अमहीयु' बनता है। पार्थिव भोगों में न फँसने के कारण ही शक्तिशाली भी बना रहता है।

भावार्थ—अ-मही-यु पुरुष 'कामादि हिंसक वृत्तियों से तथा लोभ से दूर रहकर प्रभु को प्राप्त करता है।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान, काम विजय, वीरता व यश

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१२१४. महो नो राय आ भर पवमान जही मृधः। रास्वेन्दो वीरवद्यशः॥ २॥

हे पवमान-हम सबके जीवनों को पवित्र करनेवाले प्रभो! १. नः-हमें महे राये-महत्त्वपूर्ण ऐश्वर्य के लिए, अर्थात् ज्ञानरूप ऐश्वर्य के लिए आभर-प्राप्त कराइए। २. इस ज्ञानैश्वर्य की प्राप्ति के लिए ही मृधः-कामादि हिंसक वृत्तियों को जही-नष्ट कीजिए। ३. हे इन्दो-परमैश्वर्यशाली, सर्वशक्तिमन् प्रभो! (इदि परमैश्वर्ये, इन्द्-to be powerful) वीरवद् यशः-वीरता से युक्त यश रास्व-हमें दीजिए।

काम ज्ञान पर सदा आवरण डाले रखता है। इस आवरण के हटने पर ही ज्ञान की दीप्ति चमकती है और मनुष्य उत्तम लोकहित के कार्यों को करता हुआ वीरता-पूर्ण यश को प्राप्त करता है।

भावार्थ—हम ज्ञानी बनें, काम पर विजय पाएँ, वीर व यशस्वी हों।

ऋषिः—अमहीयुराङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्रता, यज्ञ व दान

१२१५. न त्वा शतं च न हुतो राधो दित्सन्तमा मिनन्। यत्पुनानो मखस्यसे॥ ३॥

प्रभु 'अमहीयु' से कहते हैं कि १. यत्-जब पुनानः-अपने जीवन को पवित्र बनाता हुआ २. मखस्यसे-तू यज्ञों को करना चाहता है तब ३. राधः-धनों को दित्सन्तम्-देने की इच्छावाले त्वा-तुझे शतम्-सैकड़ों हुतः-कुटिल भावनाएँ चन-भी न आमिनन्-हिंसित नहीं करतीं।

हमारे जीवन में सदा शतशः कुटिल भावनाएँ हमारे मनों पर आक्रमण कर रही हैं। इनसे बचने का उपाय यही है कि १. हम सदा अपने को पवित्र बनाने का ध्यान करें २. यज्ञ करने की कामनावाले हों तथा ३. सदा देने की इच्छावाले हों। पवित्रता, यज्ञ व दान के विचार ही हमारी अशुभों से रक्षा करते हैं।

भावार्थ—हम पवित्र बनें, यज्ञ की कामनावाले हों, अपने में दान की भावना को जगाएँ।

सूक्त-८

ऋषिः—निधुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मानव हितकारी कर्म

१२१६. अया पवस्व धारया यया सूर्यमरोचयः। हिन्वानो मानुषीरपः॥ १॥

४९३ संख्या पर इसका अर्थ इस प्रकार है—हे सोम! तू अया धारया-अपनी इस धारणशक्ति से पवस्व-हमारे अन्दर प्रवाहित हो यया-जिससे तू हममें सूर्यम्-ज्ञान के सूर्य को अरोचयः-दीप्त करनेवाला हो और मानुषीः अपः-मानव-हितकारी कर्मों को हिन्वानः-हममें प्रेरित करनेवाला हो।

भावार्थ—सोम-रक्षा से हमारे जीवन का धारण हो, हमारा ज्ञानसूर्य चमके और हम मानवहित के कर्मों को करें।

ऋषिः—निधुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मध्य-मार्ग

१२१७. अयुक्त सूर एतशं पवमानो मनावधि। अन्तरिक्षेण यातवे॥ २॥

सूरः=सर्वत्र सरणशील (सरति) अथवा सदा उत्तम प्रेरणा देनेवाला (षू प्रेरणे) पवमानः=पवित्र करनेवाला प्रभु मनौ अधि=मननशील पुरुष में एतशम्=चित्रित अश्व को, अर्थात् विविध क्रिया करनेवाले इन्द्रियरूप घोड़ों को अयुक्त=जोतता है। जोतता इसलिए है कि वह मननशील पुरुष अन्तरिक्षेण यातवे=मध्यमार्ग से (अन्तरा, क्षि) गति करनेवाला बने। दोनों सीमाओं (Extremes) के बीच में मध्यमार्ग 'अन्तरिक्ष' कहलाता है, ठीक उसी प्रकार जैसे द्युलोक और पृथिवीलोक के मध्य का लोक 'अन्तरिक्ष' लोक कहलाता है। 'हम सदा इस अन्तरिक्ष—मध्यमार्ग से चलनेवाले बनें।' इस उद्देश्य से हमारे शरीररूप रथ में उस प्रेरक पवित्रकर्ता प्रभु ने चित्रित अश्वों को—इन्द्रियरूप घोड़ों को जोता है। अति से बचते हुए और मध्यमार्ग से चलते हुए हम अपनी जीवन-यात्रा को पूर्ण कर सकेंगे। निश्चय से ध्रुवतापूर्वक मध्यमार्ग से चलने के कारण यह 'निध्रुवि' है और ज्ञानी होने के कारण 'काश्यप' है।

भावार्थ—हम अपनी जीवन-यात्रा में ध्रुवता से मध्यमार्ग से चलनेवाले बनें।

ऋषिः—निध्रुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु के प्रति जानेवाला

१२१८. उत त्या हरितो रथे सूरो अयुक्त यातवे। इन्दुरिन्द्र इति ब्रुवन्॥ ३॥

उत=और सूरः=परमात्मा के प्रति सरणशील उपासक 'इन्दुः=वे प्रभु सर्वशक्तिमान् हैं, इन्द्रः=वे परमैश्वर्यशाली हैं', इति ब्रुवन्=ऐसा उच्चारण करता हुआ यातवे=उस प्रभु के प्रति जाने के लिए रथे=अपने इस तीव्र गतिवाले शरीररूप रथ में त्याः हरितः=उन प्रसिद्ध इन्द्रियाश्वों को अयुक्त=जोड़ता है।

मनुष्य को सदा प्रभु के प्रति गतिवाला बनना है। अपनी जीवन-यात्रा में उसे सदा प्रभु का स्मरण करना चाहिए कि वह सर्वशक्तिमान् है, परमैश्वर्यशाली है। जीवन-यात्रा को पूर्ण करने के लिए शरीररूप रथ में इन्द्रियाश्वों को जोतना है।

भावार्थ—हे जीव! तूने प्रभु-स्मरण करते हुए जीवन-यात्रा को पूर्ण करना और यही समझना कि सब ऐश्वर्य उस प्रभु का ही है, सब शक्ति उस प्रभु की ही है।

सूक्त-९

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अग्नि नेता

१२१९. अग्निं वो देवमग्निभिः सजोषा यजिष्ठं दूतमध्वरे कृणुध्वम्।
यो मर्त्येषु निध्रुविर्ऋतावा तपुर्मूर्धा घृतान्नः पावकः॥ १॥

हे मनुष्यो! अध्वरे=अपने इस जीवन-यज्ञ में दूतम्=(वारयतेर्वा—नि० ५.१) दुर्मार्ग से निवर्तक नेता कृणुध्वम्=बनाओ। किसे? १. अग्निम्=जो आगे ले-चलनेवाला है, २. वः देवम्=तुम्हारे लिए प्रकाश का प्रदर्शक है (देवः दीपनाद् द्योतनात्—नि०), ३. यजिष्ठम्=अधिक-से-अधिक सङ्गति व ऐक्य पैदा करनेवाला है, ४. यः=जो अग्निभिः सजोषाः=उन्नतिशील व्यक्तियों के साथ सदा प्रेमपूर्वक वर्त्तनेवाला है। ५. मर्त्येषु निध्रुविः=मनुष्यों में निश्चय से स्थिर मतिवाला है, विषयों

से जिसकी बुद्धि आन्दोलित नहीं होती। ६. ऋतावा—जो ऋत का अवन—रक्षण करनेवाला है अथवा ऋतावान्—ऋतवाला है, अर्थात् जीवन में एकदम सत्यगतिवाला है। ७. तपुः—तीव्र तपस्यामय जीवनवाला है, ८. मूर्धा—सब लोकों के शिखर पर स्थित होनेवाला है। ९. घृतान्नः—मलों को दूर करके दीप्ति देनेवाले सात्त्विक अन्नों का सेवन करनेवाला है और १०. पावकः—अपने जीवन को इस सात्त्विक अन्न से पवित्र रखनेवाला है।

ऐसे ही व्यक्ति को हमें अपने जीवन-मार्ग में पथ-प्रदर्शक बनाना चाहिए। इसी पर हमारी जीवन-यात्रा की पूर्ति व अपूर्ति निर्भर करती है।

भावार्थ—हमें उल्लिखित दस गुणों से विशिष्ट पथ-प्रदर्शक प्राप्त हो, जिससे हमारी जीवन-यात्रा उत्तमता से पूर्ण हो।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

हवा के रुख को बदल देना

१२२०. प्रोथदश्वो न यवसेऽविष्यन् यदा महः संवरणाद्व्यस्थात्।
आदस्य वातो अनु वाति शोचिरध स्म ते व्रजनं कृष्णमस्ति॥ २॥

यवसे—घास के लिए अविष्यन्—कामना करता हुआ न—जैसे प्रोथद् अश्वः—शब्द करता हुआ घोड़ा महः संवरणात्—एक महान् बाड़े से व्यस्थात्—बाहर आता है, इसी प्रकार यवसे—संसार के इन भोग्य-पदार्थों के लिए अविष्यन्—कामना करता हुआ अथवा यवसे—(यु—मिश्रण—अमिश्रण) संसार को पाप से पृथक् व पुण्य से संयुक्त करने की कामना करता हुआ प्रोथत्—(प्रोथ—to withstand, overcome) सब विरोधी शक्तियों का मुक़ाबला करता हुआ और विघ्नों को जीतता हुआ अश्वः—शक्तिशाली पुरुष यदा—जब महः संवरणात्—आचार्यकुल के महनीय संवरण (shelter) से व्यवस्थात्—बाहर—संसार में आता है, तब आत्—शीघ्र ही अस्य शोचिः अनुः—इसकी दीप्ति के अनुसार वातः वाति—वायु बहती है। यह जितना अधिक ज्ञान का प्रसार करता है उतने ही लोग इसके अनुयायी बनने लगते हैं। लोगों का झुकाव इसकी ज्ञानदीप्ति के अनुसार ही परिवर्तित हो जाता है।

हे अग्ने! नेतः! अध—अब ते—तेरा व्रजनम्—गमन कृष्णम्—आकर्षक अस्ति स्म—हो जाता है। जिधर यह चाहता है उधर ही लोगों को ले-जाता है। यह लोगों में एक क्रान्ति-सी उत्पन्न कर देता है। उनमें आगे बढ़ने के लिए, यवसे—रूढ़ियों से अलग होकर उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ चलने के लिए, उत्साह का सञ्चार कर देता है।

भावार्थ—नेता विरोधों को जीतता हुआ लोगों में एक हलचल उत्पन्न कर देता है।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

नवजात अग्नि का धूम

१२२१. उद्यस्य ते नवजातस्य वृष्णोऽग्ने चरन्त्यजरा इधानाः।
अच्छा द्यामरुषो धूम एषि सं दूतो अग्न ईयसे हि देवान्॥ ३॥

वैदिक मर्यादा में जब ब्रह्मचारी आचार्यकुल से बाहर आता है तब इस नवजात ब्रह्मचारी को

देखने के लिए कितने ही विद्वान् आते हैं, हे अग्ने=नेतः! यस्य ते नवजातस्य=जिस तेरे नवीन उत्पन्न हुए वृष्णः=शक्तिशाली अथवा ज्ञान की वर्षा करनेवाले की अजराः=जीर्ण न होनेवाली इध्मानाः=ज्ञानदीप्तियाँ चरन्ति=प्रजाओं में फैलती हैं, वह तू १. अरुषः=क्रोध से ऊपर उठा हुआ, किसी प्रकार की हिंसा न करनेवाला, २. धूमः=(धू कम्पने) प्रजाओं में हलचल मचा देनेवाला, तपोजनित क्रियाशीलता से उन्हें कम्पित कर देनेवाला, ३. द्याम् अच्छ=ज्ञान के प्रकाश की ओर एषि=जाता है, सदा अपने ज्ञान को बढ़ाने में लगा रहता है। ४. हे अग्ने=प्रकाश फैलानेवाला! दूतः=अशुभों का निवारण करनेवाला तू हि=निश्चय से ५. देवान्=दिव्य गुणों को समीयसे=प्राप्त होता है। अपने अन्दर अधिकाधिक दिव्य गुणों को बढ़ाकर तू औरों में भी दिव्य गुणों की वृद्धि कर सकेगा।

भावार्थ—हम अग्नि के गुणों को धारण करते हुए लोकहित के लिए ज्ञान का प्रकाश फैलानेवाले बनें।

सूक्त-१०

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृत्र-हनन

१ २ १२ १ २ १ १ २ १ २ १ २
१२२२. तमिन्द्रं वाजयामसि महे वृत्राय हन्तवे। स वृषा वृषभो भुवत्॥ १॥

११९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्युम्नी, श्लोकी, सोम्य

२ १ १ २ १ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
१२२३. इन्द्रः स दामने कृत ओजिष्ठः स बले हितः। द्युम्नी श्लोकी स सोम्यः॥ २॥

गत मन्त्र में 'तमिन्द्रं वाजयामसि'='हम आत्मा के ही बल को बढ़ाते हैं' ऐसा कहा था। आत्मिक-बल को बढ़ानेवाला यह व्यक्ति १. इन्द्रः=परमैश्वर्यवाला होता हुआ सः=वह दामने=देने में कृतः=संलग्न होता है, अर्थात् दान में लगा रहता है। २. ओजिष्ठः=विषयों में न फँसने के कारण अत्यन्त ओजस्वी सः=यह बले=बल-सम्पन्न होने पर हितः=सबका हित करनेवाला होता है। यह बल का प्रयोग औरों की हानि के लिए न करके सबके लाभ के लिए ही करता है। ३. द्युम्नी=यह ज्योतिवाला होता है (Splendour), शक्तिशाली होता है (Energy), उत्तम धनवाला बनता है (Wealth), प्रभु की प्रेरणा को सुनता है (Inspiration), और त्याग की वृत्तिवाला होता है (Sacrifice), ४. श्लोकी=ज्ञान, धन और शक्ति के साथ यह प्रभु-स्तवन-(Hymn)-वाला होता है, अतएव उत्तम यश (fame) को प्राप्त करता है और इस सबके साथ सः=वह ५. सोम्य=सौम्य—विनीत व शान्त-स्वभाववाला होता है।

भावार्थ—हम धन का दान करें, बल का लोकहित में प्रयोग करें। ज्योति व यश को प्राप्त करें। सौम्य बनें।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वेदवाणी के द्वारा

१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
१२२४. गिरा वज्रो न सम्भृतः सबलो अनपच्युतः। ववक्ष उग्रो अस्तृतः॥ ३॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'सुकक्ष'=उत्तम ज्ञानरूप शरण-(Shelter)-वाला 'आङ्गिरस'=अङ्ग-

प्रत्यक्ष में रसवाला गिरा-वेदवाणी के द्वारा १. वज्रो न-वज्र की भाँति बनता है। अपने आहार-विहार को वेदवाणी के अनुकूल करता हुआ दृढ़ शरीरवाला होता है। २. संभृतः-बड़े उत्तम अन्न से अपनी इन्द्रियों का भरण-पोषण करता है ३. सबलः-मानस बल के लिए होता है, अतएव ४. अनपच्युतः- अपने कर्त्तव्य-पथ से भ्रष्ट नहीं किया जा सकता। स्तुति-निन्दा, धन की प्राप्ति व हानि व जीवन-मृत्यु का भय इसे न्याय्य मार्ग से विचलित नहीं कर पाता, ५. उग्रः-(High, noble) यह सदा उदात्त स्वभाववाला बनता है ६. और अस्तृतः-अहिंसित व अजेय बनता हुआ ववक्षे-उन्नति-पथ पर आगे और आगे बढ़ता है।

भावार्थ—वेदवाणी के अनुकूल चलने से १. शरीर वज्र-तुल्य बनता है २. इन्द्रियाँ शक्ति-संभृत होती हैं ३. मन सबल तथा अविचलित होता है ४. मनुष्य उदात्त व अजेय बनकर उन्नत होता चलता है।

सूक्त-११

ऋषिः—उचथ्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम पवन

१२२५. अध्वर्यो अद्रिभिः सुतं सोमं पवित्र आ नय। पुनाहीन्द्राय पातवे॥ १॥

इस मन्त्र का अर्थ ४९९ संख्या पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—उचथ्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मधु और पवमान

१२२६. तव त्य इन्दो अन्धसो देवा मधोर्व्यशत। पवमानस्य मरुतः॥ २॥

हे इन्दो-सर्वशक्तिमान् प्रभो! तव-आपके—आपके द्वारा शरीर में रस-रुधिरादि क्रम से उत्पन्न किये गये अन्धसः-अत्यन्त ध्यान करने योग्य आध्यायनीय सोम का जो मधोः-अत्यन्त मधुर है—जीवन में माधुर्य का संचार करनेवाला है और पवमानस्य-जीवन को पवित्र करनेवाला है, रोगादि के कृमियों का संहार करके शरीर को नीरोग बनानेवाला है तथा मन से द्वेषादि को दूर करके मन को पवित्र करनेवाला है, उस सोम का त्ये-वे लोग व्यशत-शरीर में (अश् व्याप्तौ) व्यापन करते हैं जो १. देवाः-दिव्य गुणों को प्राप्त करने के प्रयत्न में लगे हैं—ज्ञान की ज्योति से अपने को दीप्त करने का ध्यान करते हैं, तथा २. मरुतः-जो प्राणसाधना में लगे हुए हैं।

दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील, प्राणसाधना में तत्पर ये लोग प्रभु का गायन करने से 'उचथ्य' कहलाते हैं और व्यसनों का शिकार न होने से शक्तिशाली बने रहने से 'आङ्गिरस' होते हैं।

भावार्थ—हम सोम का शरीर में ही व्यापन करेंगे तो यह हमारे जीवन को मधुर बनाएगा और हमारे मानस को पवित्र करेगा। सोम का शरीर में व्यापन तब होगा जब हम देव बनने का प्रयत्न करेंगे और प्राणसाधना को अपनाएँगे।

ऋषिः—उचथ्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्वर्ग का अमृत

१२२७. दिवः पीयूषमुत्तमं सोममिन्द्राय वज्रिणे। सुनोता मधुमत्तमम्॥ ३॥

सोमम्-सोम को सुनोत-अपने अन्दर अभिषुत करो—उत्पन्न करो, जो सोमः—१. दिवः पीयूषम्-स्वर्ग का अमृत है। प्रसिद्धि है कि स्वर्गलोक में रहनेवाले देव अमृत का पान करते हैं। अमृतपान से ही वे अमर हैं—मृत्यु से ऊपर हैं। शरीर में उत्पन्न होनेवाला यह सोम ही अमृत है-इसका पान यही है कि इसे शरीर में ही व्याप्त करना। इसी का परिणाम स्वर्ग में निवास होता है। जीवन नीरोग रह, सुखी बनता है और मनुष्य रोगों से असमय में ही मर नहीं जाता। २. उत्तमम्-सोम उत्तम है—उत्+तम। मनुष्य को अधिक-से-अधिक उत्कर्ष तक ले-जानेवाला है। इसकी रक्षा से जहाँ शरीर नीरोग और सबल बनता है, वहाँ बुद्धि सूक्ष्म होकर ज्ञान भी बहुत विशाल हो जाता है। ३. मधुमत्तमम्-यह सोम मन को पवित्र और राग-द्वेषादि से रहित करके जीवन को बड़े माधुर्यवाला बना देता है।

इस सोम को शरीर में इसलिए उत्पन्न करो कि ४. इन्द्राय-यह आत्मा की शक्ति के विकास के लिए होता है। जीवात्मा को इन्द्रियों पर प्रभुत्ववाला बनाता है और इस प्रकार वह सचमुच 'इन्द्र' बनता है ५. सोम को इसलिए भी उत्पन्न करो कि वज्रिणे-यह हमारे शरीर को वज्र-तुल्य बनाए। सोम शरीर को नीरोग व दृढ़ बनाता है।

भावार्थ—सोम स्वर्ग का अमृत है—सुरक्षित होकर यह हमारे जीवन को उत्तम बनाता है।

सूक्त-१२

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

दिवः धर्त्ता

१२२८. धर्ता दिवः पवते कृत्व्यो रसो दक्षो देवानामनुमाद्यो नृभिः।
हरिः सृजानो अत्यो न सत्वभिर्वृथा पाजांसि कृणुषे नदीष्वा॥ १॥

५५८ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

कर्मशीलता व सद्गुण

१२२९. शूरो न धत्त आयुधा गभस्त्योः स्वा३ः सिषासन् रथिरो गविष्टिषु।
इन्द्रस्य शुष्ममीरयन्नपस्युभिरिन्दुर्हिन्वानो अज्यते मनीषिभिः॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'कवि भार्गव' है—क्रान्तदर्शी व्यक्ति जिसने तपस्या से अपना परिपाक किया है। यह १. शूरः न-शत्रुओं को नष्ट करनेवाले शूरवीर पुरुष की भाँति गभस्त्योः-सूर्य और चन्द्रमा की किरणों के समान ज्ञान और विज्ञान के प्रकाशरूप आयुधा-शस्त्रों को धत्त-धारण करता है। विज्ञान के प्रकाश की किरणें मृत्यु को दूर करेंगी तो ज्ञान की किरणें कामादि शत्रुओं का संहार करके मोक्ष को प्राप्त करानेवाली होंगी। २. स्वः-मोक्षसुख को सिषासन्-प्राप्त करने की इच्छावाला यह गविष्टिषु-ज्ञान यज्ञों में रथिरः-उत्तम रथवाला होता है। शरीररूप रथ को ठीक-ठीक रखता हुआ यह ज्ञानयज्ञों में उपस्थित होता है। ज्ञान को प्राप्त करके मोक्ष का लाभ करना चाहता है। ३. यह अपने अन्दर इन्द्रस्य शुष्मम्-प्रभु की शक्ति को ईरयन्-प्रेरित करता है। प्रातः-सायं प्रभु के साथ अपना सम्पर्क स्थापित करता हुआ प्रभु की शक्ति से अपने को शक्ति-सम्पन्न

करता है। ४. इन्दुः-प्रभु की शक्ति से शक्तिशाली बना हुआ यह 'कवि भार्गव' अपस्युभिः-उत्तम कर्मों की अभिलाषावाले मनीषिभिः-विद्वानों से हिन्वानः-सत्कर्मों में प्रेरित किया जाता हुआ अज्यते-सद्गुणों से अलंकृत किया जाता है।

यहाँ मन्त्र में 'अपस्युभिः' 'मनीषिभिः' शब्दों से कर्म और ज्ञान का समुच्चय संकेतित होता है। कर्म हममें शक्ति को पैदा करते हैं तो ज्ञान सद्गुणों से हमें अलंकृत करते हैं।

भावार्थ—जीवन-संग्राम में ज्ञान-विज्ञान का प्रकाश ही हमारा शस्त्र हो। २. हम शरीररूप रथ को उत्तम बनाकर ज्ञानयज्ञों में विचरण करते हुए मोक्ष का लाभ करें। ३. प्रभु के सम्पर्क से शक्तिशाली बनें, और ४. उत्तम कर्मों में प्रेरित होकर जीवन को सद्गुणों से अलंकृत करें।

ऋषिः—कविर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

सोम का जठर-प्रवेश

१२३०. इन्द्रस्य सोम पवमान ऊर्मिणा तविष्यमाणो जठरेष्वा विश।
प्र नः पिन्व विद्युदभ्रेव रोदसी धिया नो वाजाँ उप माहि शश्वतः ॥ ३ ॥

सोम पवमान-पवित्र करनेवाले सोम! तू ऊर्मिणा-(ऊर्मि Light) प्रकाश के हेतु से इन्द्रस्य-जितेन्द्रिय पुरुष के जठरेषु-उदरों में तविष्यमाणः-वृद्धि का कारण होता हुआ आविश-प्रविष्ट हो। जितेन्द्रिय पुरुष ही सोम की रक्षा कर सकता है। यह सुरक्षित हुआ-हुआ सोम शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्ग की वृद्धि का कारण बनता है तथा मस्तिष्क में ज्योति को जगाता है। जितेन्द्रियता सोम रक्षा का साधन है और शक्ति की वृद्धि तथा ज्ञान के सूर्य का उदय उसके परिणाम हैं।

हे सोम! तू नः-हमारे रोदसी-द्युलोक तथा पृथिवीलोक दोनों को ही पिन्व-बढ़ा। पृथिवीरूप शरीर को दृढ़ बना तथा मस्तिष्करूप द्युलोक को रोशन कर। उसी प्रकार इव-जैसे विद्युत्-बिजली अभ्रा-बादलों के बढ़ने का कारण बनती है।

हे सोम! तू नः-हममें धिया-प्रज्ञा व कर्म के द्वारा शश्वतः-(शश्वतः—बहु—नि० ३.१.५.) बहुत-से वाजान्-बलों को उपमाहि-बना, अर्थात् सोम के द्वारा हमें बुद्धि, उत्तम कर्मशक्ति व विविध बल प्राप्त हों। एवं, स्पष्ट है कि सोम के द्वारा मनुष्य कवि—क्रान्तदर्शी तो बनता ही है, साथ ही उसके जीवन का परिपाक ठीक ढङ्ग से होता है और वह सोम का पान करनेवाला प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'कवि भार्गव' बनता है।

भावार्थ—हम सोम-पान के द्वारा सर्वांगीण उन्नति करनेवाले हों।

सूक्त-१३

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

प्रभु का आह्वान व शत्रुसंहार

१२३१. यदिन्द्र प्रागपागुदङ्न्यग्वा हूयसे नृभिः।
सिमा पुरू नृषूतो अस्यानवेऽसि प्रशर्ध तुर्वशे ॥ १ ॥

२७९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

रुम-रुशम-श्यावक-कृप

१२३२. यद्वा रुमे रुशमे श्यावके कृप इन्द्र मादयसे सचा।
कण्वासस्त्वा स्तोमेभिर्ब्रह्मवाहस इन्द्रा यच्छन्त्या गहि ॥ २ ॥

हे इन्द्र-परमैस्वर्यशाली प्रभो! यत् वा-यद्यपि आप रुमे-(रु शब्दे) वेदज्ञान का प्रचार करनेवाले ब्राह्मण में रुशमे-(रुशान् मिनोति) हिंसकों के हिंसक क्षत्रिय में श्यावके-(श्यैङ् गतौ) व्यापारादि के लिए देश-देशान्तर में जानेवाले वैश्य में अथवा कृपे-(कृप् to grieve, mourn) ज्ञानादि को न प्राप्त कर सकने के कारण शुचान्वित (शुचा द्रवति) होनेवाले शूद्र में सचा मादयसे-समान रूप से अपने आनन्दस्वरूप से विराजमान होते हो—सर्वव्यापकता के नाते सबमें निवास करते हो, तो भी कण्वासः-मेधावी ब्रह्मवाहसः-ज्ञान व स्तोत्रों को धारण करनेवाले ज्ञानीभक्त ही हे इन्द्र-प्रभो! त्वा-आपको स्तोमेभिः-स्तोत्रों के द्वारा आयच्छन्ति-सर्वथा अपना अर्पण करते हैं, आगहि-इन मेधावी ज्ञानीभक्तों को आप प्राप्त होओ।

भावार्थ—प्रभु, ज्ञान व स्तोत्रों को धारण करनेवाले, मेधावी लोगों को ही प्राप्त होते हैं।

सूक्त-१४

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

धिया आगमत्

१२३३. उभयं शृणवच्च न इन्द्रो अर्वागिदं वचः।
सत्राच्या मघवान्त्सोमपीतये धिया शविष्ठ आ गमत् ॥ १ ॥

२९० संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

सर्व-प्रथम

१२३४. तं हि स्वराजं वृषभं तमोजसा धिषणे निष्टतक्षतुः।
उतोपमानां प्रथमो नि षीदसि सोमकामं हि ते मनः ॥ २ ॥

हि-निश्चय से तम्-उस स्वराजम्-स्वयं देदीप्यमान तम्-उस वृषभम्-अत्यन्त शक्तिशाली व सब सुखों के वर्षक प्रभु को धिषणे-ये द्युलोक और पृथिवीलोक ओजसा अपने ओज के द्वारा निष्टतक्षतुः-तक्ष-(form in the mind) हमारे मनों में निर्मित करते हैं, अर्थात् हम इस देदीप्यमान द्युलोक तथा अत्यन्त दृढ़ पृथिवी को देखते हैं तो हमारे मनों में उस प्रभु की कल्पना उठती है। इन सूर्यादि पिण्डों को दीप्ति प्राप्त करानेवाले प्रभु 'स्वयं देदीप्यमान' हैं—स्वराट् हैं, उन्हीं की दीप्ति से ये सब सूर्य, अग्नि, विद्युत् व नक्षत्र चमक रहे हैं। ये पृथिवी किस प्रकार माता के समान हमपर सब सुखों का वर्षण कर रही है—पृथिवी में इस उत्पादक शक्ति को रखनेवाले वे प्रभु ही वस्तुतः 'वृषभ' है। इस प्रकार इस पृथिवी व द्युलोक का ओज हमें प्रभु का स्मरण कराता है।

इस प्रकार प्रभु का स्मरण करनेवाला 'भर्ग प्रागाथ'-तेजस्वी, प्रभु का स्तोता, प्रभु का स्तवन करता हुआ कहता है कि उत-और उपमानाम्-उपमेय पदार्थों में आप प्रथमः निषीदसि-सर्वप्रथम स्थान में स्थित होते हैं। ज्ञानियों में आप सर्वाधिक ज्ञानी हैं तो तेजस्वियों में सर्वाधिक तेजस्वी। वस्तुतः बलवानों के बल आप ही हैं और बुद्धिमानों को बुद्धि आपसे ही दी जाती है।

हे प्रभो! ते मनः-आपका मन हि-निश्चय से सोमकामम्-सौम्य पुरुष को चाहनेवाला है। सौम्य पुरुष को ही आप मनुष्य से ऋषि बना देते हैं।

नोट—प्रभु के मन की कल्पना पुरुषविधता के कारण हुई है।

भावार्थ—वे प्रभु स्वयं देदीप्यमान व शक्तिशाली हैं। पृथिवी व द्युलोक के अन्दर प्रसृत शक्ति उसका प्रतिपादन करती है। प्रभु प्रत्येक गुण की चरमसीमा हैं। सौम्य पुरुषों को चाहते हैं।

सूक्त-१५

ऋषिः—निधुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्रता व उल्लास

१२३५. पवस्व देव आयुषगिन्द्रं गच्छतु ते मदः। वायुमा रोह धर्मणा॥ १॥

४८३ संख्या पर इसका अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—निधुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रेय और श्रेय No man can serve two Masters

१२३६. पवमान नि तोशसे रयिं सोम श्रवाय्यम्। इन्दो समुद्रमा विश॥ २॥

पवमान-अपने को पवित्र करने के स्वभाववाले सोम-सोम के रक्षक सौम्य 'निधुवि काश्यप'-स्थिर मनोवृत्तिवाले ज्ञानिन्! आप श्रवाय्यम्-श्रवण के योग्य, अर्थात् बहुत प्रसिद्ध—अत्यधिक रयिम्-धन को नितोशसे-निश्चय से समाप्त कर देते हैं। जो 'पवमान' है वह अनुभव करता है कि धन मुझे कुछ अभिमान की ओर ले-चलता है, इसलिए वह अपने अत्यधिक धन को भी फेंक देता है—दान के द्वारा समाप्त कर देता है। वह यह अनुभव करता है कि यह धन मुझे अपवित्र व अभिमानी बनाकर प्रभु से दूर कर रहा है। प्रभु के समीप तो मैं धन को अपने से पृथक् करके ही रह सकूँगा।

वेद कहता है कि हे इन्दो-इस तुच्छ सांसारिक धन को अपने से दूर करके उत्कृष्ट आत्मसम्पत्ति को प्राप्त करनेवाले ज्ञानिन्! तू समुद्रम्-सदा आनन्दस्वरूप में रहनेवाले उस प्रभु में (स+मुद्) आविश-प्रवेश कर। हमारा मन इस धन से दूर होकर प्रभु का ध्यान करनेवाला हो।

भावार्थ—प्रेय को छोड़कर हम श्रेय का आश्रय करें।

ऋषिः—निधुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अदेवयु जन का दूरीकरण

१२३७. अपघ्नन् पवसे मृधः क्रतुर्विश्सोम मत्सरः। नुदस्वादेवयुं जनम्॥ ३॥

४९२ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

सूक्त-१६

ऋषिः—अम्बरीषः, ऋजिश्वा च॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वाजसातम रयि

१२३८. अभी नो वाजसातमं रयिमर्ष शतस्पृहम्।
इन्दो सहस्रभर्णसं तुविद्युम्नं विभासहम्॥ १॥

५४९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अम्बरीषः, ऋजिश्वा च॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वसु-प्रेरण व स्तवन

१२३९. वयं ते अस्य राधसो वसोर्वसो पुरुस्पृहः।
नि नेदिष्ठतमा इषः स्याम सुम्ने ते अधिगो॥ २॥

हे वसो-सबको निवास देनेवाले व सबमें बसनेवाले प्रभो! १. वयम्-(वेञ् तन्तुसन्ताने) कर्मतन्तु का विस्तार करनेवाले हम लोग ते-आपके अस्य-इस राधसः-सब कर्मों को सिद्ध करनेवाले वसोः-धन की पुरुस्पृहः-प्रबल कामना करनेवाले हों। हम क्रिया के द्वारा (वयं) धन को प्राप्त करना चाहें, उस धन को जो कार्यसिद्धि के लिए आवश्यक है (राधस्) और जो धन हमारे उत्तम निवास का कारण है (वसु)। २. हे प्रभो! हम ते इषः-आपकी प्रेरणा के नेदिष्ठतमाः-अत्यन्त समीप निस्याम-नम्रतापूर्वक हों। नम्रता को हृदय में धारण करते हुए हम आपकी प्रेरणा के समीप ही रहें, उससे दूर न हों। ३. हे अधिगो-अधृतगमन प्रभो! जिन आपकी गति व कार्य में कोई भी रुकावट नहीं बन सकता ते-उन आपके सुम्ने-स्तवन, रक्षण तथा आनन्द में हम स्याम-निवास करें। हम प्रभु का स्तवन करनेवाले हों, प्रभु का रक्षण हमें प्राप्त हो और परिणामतः हमारा जीवन आनन्दमय हो।

यदि 'सुम्ने' के स्थान में पाठ 'सम्ने' हो तो अर्थ इस प्रकार होगा कि हम आपकी शरण में 'अवैक्लव्य' में स्थित हों। हमारा जीवन शान्तिमय हो।

भावार्थ—हमें प्रभु का यह धन, जो निवास के लिए आवश्यक है, प्राप्त हो। हम प्रभु की प्रेरणा सुनें तथा प्रभु का स्तवन करते हुए प्रभु के रक्षण को प्राप्त करें। हमारा जीवन शान्त हो।

ऋषिः—अम्बरीषः, ऋजिश्वा च॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

उत्साह-धारण, दीप्ति

१२४०. परि स्य स्वानो अक्षरदिन्दुरव्ये मदच्युतः।
धारा य ऊर्ध्वा अध्वरे भ्राजा न याति गव्ययुः॥ ३॥

१. स्यः-वह स्वानः-(सु आनयति) उत्तमता से जीवन में उत्साह का संचार करनेवाला मदच्युतः-जीवन में उल्लास को क्षरित करनेवाला इन्दुः-सोम अव्ये-रक्षा करनेवालों में उत्तम पुरुष

में परि अक्षरत्-प्रवाहित होता है। २. अध्वरे-हिंसारहित जीवन यज्ञ में धारा-(धारया) धारण के उद्देश्य से ऊर्ध्वः-यह ऊर्ध्वगतिवाला होता है। जब सोम की ऊर्ध्वगति होती है तब यह जीवन का धारण करनेवाला होता है। ऊर्ध्वगति के लिए जीवन को हिंसारहित बनाना आवश्यक है। हिंसामय जीवन उत्तेजनापूर्ण होता है और उस उत्तेजना में सोम की ऊर्ध्वगति सम्भव नहीं रहती। ३. सोम की ऊर्ध्वगति होने पर गव्ययुः-ज्ञान को चाहनेवाला—ज्ञान को अपने साथ जोड़नेवाला व्यक्ति भाजा-दीप्ति के साथ न-निश्चय से (न इति निश्चयार्थे) याति-जाता है। सोमरक्षा होने पर ही मनुष्य में ज्ञान की पिपासा बढ़ती है और ज्ञान की रुचि के बढ़ने पर मनुष्य का जीवन एक विशेष दीप्ति को लिये हुए होता है।)

भावार्थ—सोम रक्षा से १. जीवन में उल्लास व मस्ती होती है २. सोम धारण के लिए उत्तेजना से दूर रहना आवश्यक है, ३. तब मनुष्य जिज्ञासु बनकर ज्ञान की दीप्ति के साथ विचरता है।

सूक्त-१७

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

महान् समुद्रः, पिता

१२४१. पवस्व सोम महान्त्समुद्रः पिता देवानां विश्वाभि धाम॥ १॥

४२९ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दीप्ति—शरीर, मन व बुद्धि

१२४२. शुक्रः पवस्व देवेभ्यः सोम दिवे पृथिव्यै शं च प्रजाभ्यः॥ २॥

हे सोम-वीर्यशक्ते! तू शुक्रः-दीप्तिमान् है। तू मेरे अन्दर देवेभ्यः-दिव्य गुणों के लिए दिवे-मस्तिष्करूप द्युलोक की दीप्ति के लिए तथा पृथिव्यै-शरीररूप पृथिवी के उचित प्रथन (विस्तार) के लिए पवस्व-प्रवाहित हो। जब सोम का अपव्यय नहीं होता और इसकी ऊर्ध्वगति होकर यह शरीर में ही सुरक्षित रहता है तब वह १. हमारे मनों में दिव्य गुणों को जन्म देता है, हमारे मनों से ईर्ष्या-द्वेषादि की बुरी भावनाएँ लुप्त हो जाती हैं। २. हमारा मस्तिष्क ज्ञान की ज्योति से जगमगाने लगता है और ३. हमारा यह शरीर दृढ़ व नीरोग रहकर पूर्ण विकासवाला होता है। इस प्रकार हे सोम! तू प्रजाभ्यः च शम्-सब प्रजाओं के लिए शान्ति देनेवाला हो।

ये सोमरक्षक लोग उन्नति के पथ पर आगे बढ़ने से 'अग्नयः' कहलाते हैं। उन्नत स्थान में स्थित होने से 'धिष्ण्याः' (worthy of a high place) होते हैं। अन्त में ईश्वर को प्राप्त करनेवाले ये 'ऐश्वराः' हैं और तत्त्वदर्शी होने से 'ऋषयः' होते हैं।

भावार्थ—हम सोम रक्षा द्वारा मन को दिव्य गुणयुक्त बनाएँ, मस्तिष्क को उज्ज्वल और शरीर को नीरोग। इस प्रकार बनकर शान्ति का लाभ करें। यह सोम शुक्र है—शरीर, मन व बुद्धि को दीप्त करनेवाला है।

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—द्विपदाविराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

सत्य में स्थिति

१२४३. दिवो धर्तासि शुक्रः पीयूषः सत्ये विधर्मन् वाजी पवस्व ॥ ३ ॥

हे सोम! तू १. दिवः-प्रकाश का धर्ता असि-धारण करनेवाला है। ज्ञानाग्नि का तो ईंधन ही यह है। इसके अभाव में ज्ञानाग्नि बुझ जाती है। २. शुक्रः-तू दीप्तिमान् है। मन को द्वेषादि मलों से रहित करके चमका देनेवाला है। ३. पीयूषः-तू अमृत है। शरीर को रोगों से बचाकर तू असमय में मृत्यु का शिकार नहीं होने देता। ४. तू सत्ये विधर्मन्-अपने रक्षक को सत्य में धारण करनेवाला है। सोमरक्षक सत्यवादी तो होता ही है और इस सत्य का पालन करता हुआ वह सत्य प्रभु का पानेवाला बनता है। ५. वाजी-शक्ति देनेवाला होता हुआ तू पवस्व-हमारे शरीर में प्रवाहित हो।

भावार्थ—सोम ज्योति, नैर्मल्य व नीरोगता को देता है—सत्य हमें प्रभु में स्थापित करता है और हममें शक्ति का संचार करता है।

सूक्त-१८

ऋषिः—उशनाः काव्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रेष्ठ अतिथि

१२४४. प्रेष्ठं वो अतिथिं स्तुषे मित्रमिव प्रियम्। अग्ने रथं न वेद्यम् ॥ १ ॥

मन्त्र संख्या ५ पर इसका अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—उशनाः काव्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

दो रूपों में

१२४५. कविमिव प्रशंस्यं यं देवास इति द्विता। नि मर्त्येष्वादधुः ॥ २ ॥

पिछले मन्त्र से 'स्तुषे' क्रिया को लाकर अर्थ इस प्रकार है कि मैं उस प्रभु का स्तवन करता हूँ यम्-जिसको देवाः-देवलोग १. कविम् इव-कवि की भाँति—हृदयस्थ रूपेण सब विद्याओं का उपदेश देनेवाले के रूप में (कौति सर्वा विद्याः) अथवा क्रान्तदर्शी अन्तर्यामी के रूप में तथा २. प्रशंस्यम्-प्रशंसा योग्य सब बातों के बीजरूप में जो-जो भी हमारे जीवन में सौन्दर्य का अंश है वह सब उस प्रभु के ही अंश के कारण है, इति-इस प्रकार द्विता-दो रूपों में मर्त्येषु-मनुष्यों में नि आ दधुः-निश्चय से स्थापित करते हैं।

विद्वान् लोग मनुष्यों में प्रभु को दो रूपों में देखते हैं एक तो 'कवि' के रूप में और दूसरा 'प्रशंस्य' रूप में। सब विद्याओं का ज्ञान देनेवाला वही अन्तर्यामी प्रभु है, वही हमारे जीवनों में सौन्दर्यमात्र का बीज है।

भावार्थ—वे प्रभु 'कवि' हैं, 'प्रशंस्य' हैं।

ऋषिः—उशनाः काव्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

स्वयं रक्षा कीजिए

१२४६. त्वं यविष्ठ दाशुषो नॄः पाहि शृणुधी गिरः। रक्षा तोकमुत त्मना ॥ ३ ॥

प्रभु-प्राप्ति की प्रबल कामनावाला 'उशनाः' संसार की वास्तविकता को समझनेवाला 'काव्य' प्रभु से प्रार्थना करता है कि १. हे यविष्ठ-युवतम! बुराइयों से पृथक् तथा भलाइयों से सम्पृक्त करनेवाले प्रभो! त्वम्-आप दाशुषः नृ:-अपना समर्पण करनेवाली प्रजाओं का पाहि-पालन कीजिए। वस्तुतः प्रभु के प्रति अपना अर्पण करने से प्रभु असत् से दूर करके हमें सत् के समीप पहुँचाते हैं—तमस् को दूर कर ज्योति देते हैं तथा मृत्यु से बचाकर अमरता प्राप्त कराते हैं। २. हे प्रभो! आप गिरः-हमारी प्रार्थनावाणियों का शृणुहि-श्रवण कीजिए। हमारी प्रार्थना पूर्ण पुरुषार्थ के उपरान्त हो जिससे वह श्रवण के योग्य हो। ३. उत-और आप त्मना-स्वयं ही तोकम्-(क) अपने पर शासन करनेवाले, (ख) लक्ष्य को प्राप्त करनेवाले, (ग) ज्ञान इत्यादि से फूलने-फलनेवाले, (घ) क्रियाशील, तथा (ङ) कामादि का संहार करनेवाले आपके पुत्र मेरी रक्ष-रक्षा कीजिए। (To have authority, to attain, to thrive, to go, to kill)।

वस्तुतः पुत्र वही होता है जो अपने सुचरितों से पिता को प्रीणित करता है, जो जितेन्द्रिय बनता है, लक्ष्य-सिद्धि के लिए दृढ़ संकल्प होता है, ज्ञानैश्वर्य को प्राप्त करता है, क्रियाशील होता है तथा कामादि का संहार करता है। प्रभु इसकी रक्षा क्यों न करेंगे?

भावार्थ—हे प्रभो! हम आपके सच्चे पुत्र बनें और आपकी रक्षा के पात्र हों।

सूक्त-१९

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सत्राजित् अगोह्य

१२४७. एन्द्र नो गधि प्रिय सत्राजिदगोह्य। गिरिर्न विश्वतः पृथुः पतिर्दिवः॥ १॥

३९३ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

दिवः पतिः

१२४८. अभि हि सत्य सोमपा उभे बभूथ रोदसी।
इन्द्रासि सुन्वतो वृधः पतिर्दिवः॥ २॥

'नृमेध आङ्गिरस'—नरमात्र के साथ अपना सम्पर्क रखनेवाला, सबको 'मैं' के रूप में ही देखनेवाला—स्वार्थ से ऊपर उठा होने के कारण शक्तिशाली पुरुष इस मन्त्र का ऋषि है। प्रभु इससे कहते हैं कि—हे नृमेध! १. तू सत्य-सत्य का पालन करनेवाला बना है, २. हि-क्योंकि तू सोमपाः-सोम का पान करनेवाला है—अपनी शक्ति की रक्षा करनेवाला है, ३. उभे रोदसी-दोनों द्युलोक व पृथिवीलोक को—शरीर व मस्तिष्क को अभिबभूथ-अपने वश में रखनेवाला है। ४. तू इन्द्रः असि-इन्द्रियों का अधिष्ठाता होने से सचमुच 'इन्द्र' है। ५. सुन्वतो वृधः-यज्ञशीलों का तू सदा सहायक व वर्धक है। यह नृमेध प्रत्येक निर्माणात्मक कार्य में हाथ बटानेवाला होता है। ६. और अन्त में दिवः पतिः-यह ज्ञान व दिव्यता का स्वामी बनता है।

भावार्थ—हमारा जीवन सत्य हो। हम शक्ति की रक्षा करें, शरीर व मस्तिष्क पर हमारा काबू हो। हम जितेन्द्रिय बनें, यज्ञों के सहायक व ज्ञान के स्वामी बनें।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

धारण व विदारण

१२४९. त्वं हि शश्वतीनामिन्द्र धर्ता पुरामसि। हन्ता दस्योर्मनोवृधः पतिर्दिवः॥ ३॥

मनुष्य पञ्चकोशों से बने शरीररूप नगरों में सदा से निवास करता आया है—अनादिकाल से उसे कर्मानुसार इनमें बँधना पड़ता रहा है, परन्तु आज यह 'नृमेध'-लोकयज्ञ करनेवाला बनकर इन बन्धनों को तोड़ पाया है। प्रभु इससे कहते हैं—१. हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठाता! त्वं हि-तू निश्चय से शश्वतीनां पुराम्-इन सनातन काल से चली आ रही नगरियों का धर्ता-दर्ता—धारण व विदारण करनेवाला बना है। २. तू दस्योः हन्ता-अपने में दस्यु का (अकर्मा दस्युरभि नो अमन्तुरन्यव्रतो अमानुषः) अकर्मण्यता, नास्तिकता, अशास्त्रीयकर्मता व निर्दयता का नाश करनेवाला है। ३. तू मनोः वृधः-अपने अन्दर ज्ञान को बढ़ानेवाला है तथा ४. पतिः दिवः-दिव्यता का रक्षक है। ऐसा बनकर ही तो हम अपने इस जीवनकाल में इन शरीरों का उत्तम धारण करनेवाले बनते हैं (धर्ता) और इस शरीर की समाप्ति पर फिर जन्म न लेने के कारण इन शरीरों का विदारण करनेवाले होते हैं (दर्ता)।

भावार्थ—हम इस मानव-जीवन को दस्युता शून्य, ज्ञानवृद्ध, दिव्यता से पूर्ण बनाएँ, जिससे फिर जन्म न लेना पड़े।

सूक्त-२०

ऋषिः—जेता माधुच्छन्दसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पुरां भिन्दुः

१२५०. पुरां भिन्दुर्युवा कविरमितौजा अजायत।
इन्द्रो विश्वस्य कर्मणो धर्ता वज्री पुरुष्टुतः॥ १॥

३५९ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—जेता माधुच्छन्दसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

तब और अब

१२५१. त्वं बलस्य गोमतोऽपावरद्रिवो बिलम्।
त्वां देवा अबिभ्युषस्तुज्यमानास आविषुः॥ २॥

हे अद्रिवः-अविदारणीय शक्तिवाले प्रभो! आपकी शक्ति का विदारण कौन कर सकता है? त्वम्-आप गोमतः-उत्तम ज्ञानेन्द्रियोंवाले, परन्तु बलस्य-कामादि से संवृत (बल संवरणे) हो जानेवाले के बिलम्-छिद्र व न्यूनता को अपावः-अपावृत कर देते हो, खोलकर दूर कर देते हो।

इस प्रकार न्यूनता के दूर हो जाने पर, आवरण के हट जाने पर ज्ञान-दीप्ति से चमकनेवाले देवाः-देव लोग तुज्यमानासः-ज्ञान-प्राप्ति से पूर्व जो विषय-विषों से पीड़ित हो रहे थे, अब अबिभ्युषः-इनके आक्रमण के असम्भव होने के कारण निर्भीक बने हुए त्वां आविषुः-आपको प्राप्त होते हैं।

भावार्थ—ज्ञान-प्राप्ति से पूर्व विषय-विषों से हिंसित होनेवाले हम ज्ञान को प्राप्त होकर निर्भीक हो गये हैं और प्रभु में प्रवेश पाने के अधिकारी हुए हैं।

ऋषिः—जेता माधुच्छन्दसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

इन्द्र-स्तवन

१२५२. इन्द्रमीशानमोजसाभि स्तोमैरनूषत।
सहस्रं यस्य रातय उत वा सन्ति भूयसीः॥ ३॥

हे मनुष्य! प्रभु को स्तोमैः-स्तुतिसमूहों से अभि अनूषत-सब ओर स्तुत करो। वे प्रभु—१. इन्द्रम्-परमैश्वर्यवाले हैं, २. ओजसा ईशानम्-अपने ओज से समस्त ब्रह्माण्ड का शासन करनेवाले हैं, ३. यस्य रातयः-जिसके दान सहस्रम्-हजारों हैं, जिस प्रभु ने उन्नति के लिए हमें शतशः पदार्थ प्राप्त कराये हैं, ४. उत वा सन्ति भूयसीः-जिस प्रभु के दान हजारों से भी अधिक हैं। वस्तुतः प्रभु ने जो पदार्थ हमारी उन्नति के लिए प्राप्त कराये हैं, उनकी कोई संख्या थोड़े ही है? उस अनन्तदानवाले प्रभु का हमें स्तवन करना ही चाहिए।

भावार्थ—वे प्रभु इन्द्र हैं, ईशान हैं, अनन्त दानोंवाले हैं। हम उन्हीं का स्तवन करें।

इति नवमोऽध्यायः, पञ्चमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

अथ दशमोऽध्यायः

पञ्चमप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—पराशरः शाक्त्यः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

भुवनस्य गोपा

१२५३. अक्रान्त्समुद्रः प्रथमे विधर्मन् जनयन् प्रजा भुवनस्य गोपाः।
वृषा पवित्रे अधि सानो अव्ये बृहत्सोमो वावृधे स्वानो अद्रिः ॥ १ ॥

५२९ संख्या पर मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—पराशरः शाक्त्यः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

उल्लासमय जीवन, जीवन का उल्लास

१२५४. मत्सि वायुमिष्टये राधसे नो मत्सि मित्रावरुणा पूयमानः।
मत्सि शर्धो मारुतं मत्सि देवान् मत्सि द्यावापृथिवी देव सोम ॥ २ ॥

मन्त्र का ऋषि 'पराशरः' (परा=away, शृ हिंसा)=शत्रुओं को दूर हिंसित करनेवाला 'शाक्त्यः'—शक्ति का पुत्र; शक्ति का पुञ्ज है। यह दिव्य गुणोंवाले सोम का स्मरण करता हुआ कहता है—१. हे देव सोम=दिव्य गुणों के पुञ्ज, दिव्य गुणों को जन्म देनेवाले सोम! तू नः=हममें से वायुम्=गतिशील व्यक्ति को (वा=गति) इष्टये=यज्ञादि उत्तम कर्मों के लिए तथा राधसे=संसिद्धि व सफलता के लिए मत्सि=आनन्दयुक्त करता है। भाव यह है कि गतिशील व्यक्ति ही वासनाओं से बचकर सोम की रक्षा कर पाता है। यह सुरक्षित सोम उसे यज्ञादि में प्रवृत्त करता है और सफलता का लाभ कराता है। २. हे सोम! तू मित्रावरुणा=प्राणापान की साधना करनेवालों को पूयमानः=पवित्र करता हुआ मत्सि=आनन्दित करता है। प्राणापान=प्राणायाम की साधना से ही ऊर्ध्वरितस् बनना सम्भव है। ऊर्ध्वरितस् बनने पर शरीर में रोग व मन में द्वेषादि मालिन्यों का नाश हो जाता है। इस प्रकार यह सोम साधक के जीवन को पवित्र व आनन्दित करनेवाला होता है। ३. हे सोम! तू मारुतं शर्धः=प्राणों के बल को मत्सि=गतिशील तथा प्राणापान-साधक में उल्लासमय बनाता है। सोम के सुरक्षित होने पर प्राणों का बल बढ़ता है और जीवन में उल्लास का संचार होता है। ४. हे सोम! तू देवान् मत्सि=ज्ञान प्राप्त करके चमकनेवालों को उल्लसित करता है। 'ज्ञान-प्राप्ति' में लगा रहना भी सोम की सुरक्षा का साधन है। सुरक्षित सोम ज्ञानवृद्धि का साधन बन जाता है। ५. हे देव सोम=दिव्य सोम! तू द्यावापृथिवी=द्युलोक तथा पृथिवीलोक को मत्सि=तृप्त व प्रीणित करता है। द्युलोक मस्तिष्क है, पृथिवी शरीर। सोम मस्तिष्क को उल्लसित करता है मनुष्य को ज्ञान की दीप्तियाँ प्राप्त होने लगती हैं (Flashes of light) तथा शरीर की नीरोगता भी एक आनन्द का अनुभव कराती है।

भावार्थ—हम दिव्य गुणों के साधक सोम के महत्त्व को समझकर उसकी रक्षा के लिए १. गतिशील बनें, २. प्राणायाम करें, और ३. ज्ञान-प्राप्ति में लगे रहें। इससे हमारा सारा जीवन उल्लासमय हो उठेगा।

ऋषिः—पराशरः शाक्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

जितेन्द्रियता व शक्ति

१२५५. महत्तत्सोमो महिषश्चकारापां यद्गर्भोऽवृणीत देवान्।
अदधादिन्द्रे पवमान ओजोऽजनयत् सूर्ये ज्योतिरिन्दुः॥ ३॥

५४२ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

सूक्त-२

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

१२५६. एष देवो अमर्त्यः पर्णवीरिव दीयते। अभि द्रोणान्यासदम्॥ १॥

एषः-यह आत्मा देवः-नानाविध क्रीड़ा करनेवाला है (दिव्-क्रीडा) अमर्त्यः-कभी नष्ट न होनेवाला है। यह पर्णवीः-(पंखों से गति करनेवाले) पक्षी की इव-भाँति, दीयते-गति करता है (soar, fly), उड़ता है। एक शरीर को छोड़ता है और द्रोणानि-विविध शरीर-कलशों में अभ्यासदम्-यह बैठता है। जैसे पक्षी एक वृक्ष अथवा डाल से उड़कर दूसरे वृक्ष पर या दूसरी डाल पर बैठता है, उसी प्रकार यह आत्मा एक शरीर से उड़कर दूसरे शरीर में प्रवेश करता है। अमर्त्य है, परन्तु यह निरन्तर शरीर-परिवर्तन ही इसकी मृत्यु हो जाता है। यह अभि-चारों ओर लोक-लोकान्तरों में विविध शरीरों को (द्रोणानि) प्राप्त होता रहता है। 'द्रु-गतौ' से बना हुआ द्रोण शब्द इस शरीर का वाचक होता है, क्योंकि यही इन सब क्रियाओं का आधार है। जैसे एक बच्चा अज्ञानवश व्यर्थ के खेलों में लगा रहता है, उसी प्रकार यह आत्मा भी अपनी अल्पज्ञता से इन शरीरों में क्रीड़ा करता रहता है (देव)। इन्हीं में सुख माननेवाला यह जीव 'शुनःशेप' है, नानाविध भौतिक सुखों का निर्माण कर रहा है। यह 'आजीगर्ति' है। इन सुखों में आसक्त होकर गर्त-गड्ढे की ओर गति कर रहा होता है (अज्)।

भावार्थ—जीव अल्पज्ञतावश भौतिक सुखों में फँसता है और उसे कर्मानुसार फल भोगने के लिए शरीर में आना पड़ता है।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का प्रजाओं में प्रवेश (तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्)

१२५७. एष विप्रैरभिष्टुतोऽपो देवो वि गाहते। दधद्रत्नानि दाशुषे॥ २॥

१. जीव शरीर में प्रवेश करता है और प्रभु जीवों में प्रविष्ट होकर रहते हैं, परन्तु कब? जब एषः-यह सर्वव्यापक देवः-प्रभु विप्रैः-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवालों से अभिष्टुतः-स्तुत होते हैं। वैसे तो वे प्रभु प्राणिमात्र में क्या भूतमात्र में रह रहे हैं, सर्वव्यापकता के नाते वे कण-कण में विद्यमान हैं, परन्तु प्रभु का प्रकाश तो इन स्तोताओं में ही होता है जो अपनी कमियों को दूर करते हैं। २. जब हम अपनी न्यूनताओं को दूर कर उस प्रभु की स्तुति करते हैं तब देवः-ये दिव्य प्रभु

अपः=कर्मशील प्रजाओं में विगाहते=प्रवेश करते हैं, अर्थात् ये विप्र उस प्रभु का प्रकाश अपने अन्दर देखते हैं। ३. अन्तः=प्रविष्ट प्रभु दाशुषे=दाश्वान् के लिए रत्नानि दधत्=रत्नों को धारण करते हैं। जो व्यक्ति दान देता है तथा प्रभु के प्रति अपना समर्पण करता है, प्रभु उसे रमणीय धन प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—जीव का कल्याण इसी में है कि—१. वह 'विप्र' बने—अपनी न्यूनताओं को दूर करके अपना पूरण करे, २. अपः=कर्मशील बने, ३. दाश्वान्=दाता और प्रभु के प्रति अर्पण करनेवाला हो। ऐसा करने पर ही यह वास्तविक सुख का निर्माण करनेवाला 'शुनःशेप' होगा। गर्त=स्तुत्य प्रभु की ओर गति करनेवाला (अज्) यह सचमुच 'आजीगर्ति' हो जाएगा।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उपासना के परिणाम

१२५८. एष विश्वानि वार्या शूरो यन्निव सत्वभिः। पवमानः सिषासति॥ ३॥

एषः=यह प्रभु की उपासना करनेवाला जीव १. शूरः=(शृ हिंसायाम्) कामादि सब अशुभ वृत्तियों की हिंसा करनेवाला होता है। २. सत्वभिः यन् इव=यह सदा सात्त्विक वृत्तियों के साथ गति करता है। रजोगुण व तमोगुण को अभिभूत करके इसमें सत्त्वगुण प्रबल होता है। ३. पवमानः=यह अपने जीवन को पवित्र करने के स्वभाववाला होता है। इसका जीवन उत्तरोत्तर पवित्र होता जाता है। ४. पवित्र जीवनवाला होकर यह विश्वानि वार्या सिषासति=वरणीय वस्तुओं को पाना चाहता है। वह अवाञ्छनीय वस्तुओं की कामना से ऊपर उठ जाता है।

भावार्थ—प्रभु-उपासना हमें १. शूर, २. सात्त्विक, ३. पवित्र व ४. शुभ इच्छाओंवाला बनाती है।

ऋषिः—शुनःशेपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु भक्त के सारथि बनते हैं

१२५९. एष देवो रथर्यति पवमानो दिशस्यति। आविष्कृणोति वग्वनुम्॥ ४॥

१. एषः=यह देवः=पूर्ण ज्ञान से द्योतमान (द्युति), सब व्यवहारों के साधक (व्यवहार) प्रभु रथर्यति=(रथं कामयते)=भक्त के रथ को चाहते हैं, अर्थात् भक्त के रथ का वहन करने के लिए उसके सारथि बनते हैं। २. पवमानः=भक्त के जीवन को निरन्तर पवित्र करनेवाले प्रभु दिशस्यति=(दिशस्य=to direct) उसका ठीक मार्ग-प्रदर्शन करते हैं और उसे उन्नति के लिए सब आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त कराना चाहते हैं (दिश्=अतिसर्जने)। ३. इसी उद्देश्य से प्रभु हृदयस्थरूप से वग्वनुम्=वेदवाणी को आविष्कृणोति=आविर्भूत करते हैं। यह वेदवाणी मार्ग-दर्शन तो करती ही है, साथ ही सब विज्ञानों को बताकर सब साधनों को जुटाने में सक्षम बनाती है।

भावार्थ—प्रभु मेरे रथ के सारथि हों, मुझे उनका मार्ग-दर्शन प्राप्त हो तथा मैं वेदवाणी को सुनूँ, जिसे प्रभु निरन्तर प्रकट कर रहे हैं।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आत्म-शोधक कौन?

१२६०. एष देवो विपन्युभिः पवमान ऋतायुभिः। हरिर्वाजाय मृज्यते॥ ५॥

एषः=यह देव—अपने अन्दर दिव्यता बढ़ानेवाला, पवमानः=अपने को पवित्र बनाने के

स्वभाववाला, हरिः=परन्तु इन्द्रियों के द्वारा निरन्तर विषयों में हरण किया जानेवाला आत्मा वाजाय=शक्ति व ज्ञान-प्राप्ति के लिए मृज्यते=शुद्ध किया जाता है। किनसे १. विपन्युभिः=विशेषरूप से उस प्रभु की स्तुति करनेवालों से तथा २. ऋतायुभिः=ऋत को चाहनेवालों से।

आत्मा 'देव' है—चित् होने से ज्ञानमय है, यह पवमान—पवित्र है, परन्तु प्रबल इन्द्रियसमूह इसे विषयों में हर ले-जाता है तो यह मलिन-सा हो जाता है। जब जीव यह चाहता है कि उसे शक्ति व ज्ञान प्राप्त हो, अर्थात् उसका शरीर सशक्त हो तथा उसका मस्तिष्क ज्ञान से परिपूर्ण हो तब वह अपना शोधन करता है—विषयपङ्क से अपने को निकालने का प्रयत्न करता है। विषयपङ्क से निकलने के उपाय यही हैं कि १. 'विपन्यु' बने=प्रभु का विशेषरूप से स्तोता हो तथा २. ऋतायु=सत्य व नियमितता को अपने जीवन में लाने के लिए यत्नशील हो।

भावार्थ—विपन्यु व ऋतायु ही आत्मशुद्धि कर पाते हैं।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तुत प्रभु क्या करते हैं ?

१२६१. एष देवो विपा कृतोऽति ह्वरांसि धावति। पवमानो अदाभ्यः॥ ६॥

एषः देव=दिव्यता के पुञ्ज ये प्रभु विपा=स्तोता—मेधावी पुरुष से कृतः=अपने हृदय-स्थली में निवास कराये जाने पर ह्वरांसि अतिधावति=सब कुटिलताओं को खूब अच्छी प्रकार (अति पूजार्थे) धो डालते हैं (धाव्=शुद्धि)। वे प्रभु तो हैं ही पवमानः=पवित्र करनेवाले और वे हैं भी तो अदाभ्यः=किसी से न दबनेवाले। प्रभु को उसके कार्य से कोई रोक थोड़े ही सकता है? प्रभु चाहते हैं तो अपने भक्त को पूर्ण शुद्ध कर देते हैं। प्रभु की आराधना के उपाय 'ज्ञानी बनना तथा उसके गुणों के स्तवन के द्वारा अपनी लक्ष्य-दृष्टि को न भूलना' ही है।

भावार्थ—हम मेधावी स्तोता बनकर कुटिलताओं का सफ़ाया कर डालें।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का आह्वान करते हुए

१२६२. एष दिवं वि धावति तिरो रजांसि धारया। पवमानः कनिक्रदत्॥ ७॥

जब प्रभु सब कुटिलताओं का शोधन कर देते हैं तब १. एषः=यह प्रभुभक्त धारया=(धारा=वाङ्) वेदवाणी के द्वारा रजांसि तिरः=रजोगुणों के परे दिवम्=प्रकाश की ओर वि-धावति=विशेषरूप से गति करता है (तिरः=across)। २. रजोगुण से ऊपर उठकर सत्त्वगुण को प्राप्त करता हुआ यह भक्त पवमानः=अपने जीवन को पवित्र करनेवाला होता है। रजोगुण में ही सब राग-द्वेष थे, रजोगुण गया तो राग-द्वेष आदि मल भी नष्ट हो गये। ३. कनिक्रदत्=इसी रजोगुण से ऊपर उठने के उद्देश्य से ही यह निरन्तर उस प्रभु का आह्वान करता है। यह प्रभु का स्मरण ही उसे वह शक्ति प्राप्त कराएगा, जिससे यह अपनी सब कलुषित वासनाओं को जीत पाएगा।

वासनाओं का जीतना ही इसे उन्नति की ओर—प्रकाश की ओर, द्युलोक की ओर ले-जाएगा।

भावार्थ—हम प्रभु को पुकारें, जिससे हम पवित्र बनें। हम रजोगुण से ऊपर उठकर सत्त्वगुण में अवस्थित हों।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु सत्य में अवस्थित को प्राप्त होते हैं

१२६३. एष दिवं व्यासरत्तिरो रजांस्यस्तृतः। पवमानः स्वध्वरः॥ ८॥

एषः—यह प्रभु दिवम्—सत्त्वगुण में अवस्थित प्रकाशमय जीवनवाले को व्यासरत्—विशेषरूप से प्राप्त होते हैं। सर्वव्यापकता के नाते प्रभु सर्वत्र हैं ही, परन्तु उनका प्रकाश सात्त्विक हृदय में होता है। प्रभु अपने प्रकाश से सात्त्विक पुरुष के हृदय में विद्यमान रजांसि—(रजः—रात्रि—नि० १.७.१२) रात्रि के समान अन्धकारों को तिरः—दूर कर देते हैं, परिणामतः यह भक्त १. अ-स्तृतः—अहिंसित होता है। यह वासनाओं से आक्रान्त नहीं होता। २. पवमानः—यह अपने जीवन को पवित्र करनेवाला होता है, ३. और स्वध्वरः—उत्तम अध्वरमय जीवन को प्राप्त करता है—इसका जीवन हिंसाशून्य कर्मों से परिपूर्ण रहता है।

भावार्थ—हम सात्त्विक बनें, जिससे हमें प्रभु का प्रकाश प्राप्त हो और हमारा जीवन वासनाओं से अनाक्रान्त, पवित्र व हिंसाशून्य कर्मों से परिपूर्ण हो।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्र प्रभु की ओर

१२६४. एष प्रत्नेन जन्मना देवो देवेभ्यः सुतः। हरिः पवित्रे अर्षति॥ ९॥

जीवात्मा यदि एक शरीर में अपनी साधना पूर्ण न करके शरीरान्तर को धारण करता है तो एषः—यह प्रत्नेन जन्मना—जीवन के अत्यन्त शैशवकाल से ही (from the very early childhood) देवः—दिव्य गुणोंवाला होता हुआ देवेभ्यः सुतः—मानो दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए ही उत्पन्न हुआ-हुआ हरिः—सभी के दुःखों को हरण करने की वृत्तिवाला पवित्रे—पवित्र प्रभु में अर्षति—गति करता है।

पिछले जन्म के संस्कार उसे फिर से इस दिव्य मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। इसका जन्म ही दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए हुआ लगता है। यह सदा उस प्रभु में विचरता है और यथासम्भव औरों के कष्टों को कम करने की प्रवृत्तिवाला होता है।

भावार्थ—हम सदा उस पवित्र प्रभु में विचरने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रेरणाओं को उत्पन्न करता हुआ

१२६५. एष उ स्य पुरुव्रतो जज्ञानो जनयन्निषः। धारया पवते सुतः॥ १०॥

एषः स्यः—यह वह परमात्मा उ—निश्चय से (प्रभु को 'एषः स्यः' कहा है कि वह समीप-से-समीप है और दूर-से-दूर) १. पुरुव्रतः—पालक और पूरक व्रतोंवाला है। यह प्राणिमात्र का पालन कर रहा है। २. जज्ञानः—यह सदा लोक-लोकान्तरों का निर्माण करनेवाला है। ३. जनयन् इषः—यह प्रेरणाओं को उत्पन्न कर रहा है—जीव को हृदयस्थरूप से सदा कर्त्तव्य की प्रेरणा दे रहा है। ४. यदि एक भक्त उस प्रभु को हृदय में देखने का प्रयत्न करता है तो सुतः—आविर्भूत हुआ-हुआ वह प्रभु धारया—वेदवाणी द्वारा हमारे जीवनों को पवते—पवित्र करता है।

भावार्थ—हम प्रभु को हृदय में प्रकट करने का प्रयत्न करें, हमें अवश्य उत्तम प्रेरणा प्राप्त होगी।

सूचना—इस सूक्त के सारे मन्त्रों में 'एषः' शब्द क्रमशः जीव और परमात्मा की ओर संकेत कर रहा है कि 'यह जीव है' और 'यह परमात्मा'। १. जीव शरीर में प्रवेश करता है तो प्रभु जीव में। २. जीव उपासना से शूर बनता है, तो प्रभु उसके रथ के सारथि बनते हैं। ३. जीव स्तुति व ऋतपालन से आत्म-शुद्धि करता है, तो स्तुत प्रभु उसकी कुटिलताओं को दूर करते हैं। ४. जीव प्रभु का आह्वान करते हुए सत्त्वगुण की ओर बढ़ता है तो प्रभु सत्त्व में अवस्थित इस जीव को प्राप्त होते हैं। ५. जीव अनेक जन्म-संसिद्ध होकर प्रभु की ओर चलता है तो प्रभु वेदवाणी से उसके जीवन को पवित्र कर देते हैं। इस प्रकार पाँच द्विकों में यह 'आत्मा व परमात्मा' का सुन्दर विवेचन हो गया है।

सूक्त-३

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'असित-देवल-काश्यप'

१२ १ १२ १ २ १ २ १ २ १ १ २ २ १ १ २ १ २
१२६६. एष धिया यात्यण्व्या शूरो रथेभिराशुभिः। गच्छन्निन्द्रस्य निष्कृतम्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'असित-देवल-काश्यप' है। अ-सित-विषयों से अबद्ध, देवल-दिव्यगुणों का उपादान करनेवाला, काश्यप-पश्यक-ज्ञानी। एषः-यह इन्द्रस्य-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु के साथ निष्कृतम्-एकभाव (Atonement) को गच्छन्-प्राप्त करने के हेतु से (हेतौ शतृ) इस संसार में १. शूरः-वासनाओं की हिंसा करनेवाला बनकर, २. आशुभिः रथेभिः-शीघ्रगामी घोड़ों से जुते रथ से जीवन-यात्रा को पूर्ण करने के लिए याति-अपने मार्ग पर बढ़ता है। इसका यह रथ अण्व्या धिया-सूक्ष्म बुद्धि से हाँका जा रहा है। बुद्धि ही तो रथ का सारथि है और यात्रा की पूर्ति पर प्रभु का दर्शन इस सूक्ष्मबुद्धि द्वारा ही हुआ करता है—'दृश्यते त्वग्रया बुद्ध्या'।

१. यात्रा में पग-पग पर विघ्न हैं, उन विघ्नों को जीतने के लिए यात्री को शूर होना ही चाहिए। यदि वह इन विघ्नों से रोक लिया जाएगा, इन विषयरूप ग्राहों से पकड़ लिया जाएगा, तब यात्रा कैसे पूरी होगी? इन सब विघ्नों से बद्ध न होनेवाला वह 'अ-सित' है। २. इसके इन्द्रियरूप घोड़े सब प्रकार के आलस्य से शून्य, तीव्रता से अपने मार्ग पर आगे बढ़ते हुए स्फूर्तिमय है। इसकी इन्द्रियाँ देव हैं, दस्यु नहीं, यात्रा को सिद्ध करनेवाली हैं, इस प्रकार यह 'देव-ल'-दिव्य अश्वों का उपादान करनेवाला है। ३. इसका बुद्धिरूप सारथि अत्यन्त कुशल है। सूक्ष्मबुद्धि में आवश्यक ज्ञान रखनेवाला यह सचमुच 'काश्यप'—ज्ञानी है।

भावार्थ—हम 'असित, देवल व काश्यप' बनकर यात्रा को पूर्ण करनेवाले बनें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रज्ञापूर्वक कर्म 'देवताति' के लिए

१२ १२ १ १२ १ २ २ १ १ २ १ १
१२६७. एष पुरू धियायते बृहते देवतातये। यत्रामृतास आशत॥ २॥

एषः-यह 'असित'-विषयों से अबद्ध व्यक्ति बृहते देवतातये-(देवताति-यज्ञ—नि० १२.१२, यज्ञो वै विष्णुः) उस महान् यज्ञरूप प्रभु के लिए—प्रभु की प्राप्ति के लिए, यत्र-जिस प्रभु में

अमृतासः-मुक्ति को प्राप्त, मृत्यु से ऊपर उठे हुए लोग आशत-मोक्षसुख का अनुभव करते हैं अथवा 'आसत' स्थित होते हैं, पुरु-प्रभूत धियायते-(धीः-प्रज्ञा, कर्म) ज्ञान व कर्म को चाहता है।

मन्त्रार्थ में यह भाव स्पष्ट है कि प्रभु की प्राप्ति का मुख्य साधन 'ज्ञानपूर्वक कर्म करना' है। 'धी' शब्द में ज्ञान व कर्म दोनों का ही समावेश हो गया है। प्रभु यज्ञरूप हैं। उस यज्ञरूप प्रभु को हम यज्ञात्मक कर्मों से ही प्राप्त करेंगे। 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'—देवलोग यज्ञरूप प्रभु के साथ यज्ञ द्वारा ही सङ्गत होते हैं। इन यज्ञात्मक कर्मों से हमारे जीवन में दिव्य गुणों का विस्तार भी होता है। 'देवताति' की भावना दिव्य गुणों का विस्तार भी है। दिव्य गुणों के विस्तार के लिए भी हमें 'प्रज्ञा व कर्म' को ही तो चाहना है। 'प्रज्ञा' ब्रह्म की प्रतीक है, 'कर्म' क्षत्र का। एवं, प्रज्ञा व कर्म की कामना ब्रह्म व क्षत्र की ही कामना है। इन्हीं से मुझे अपने जीवन को श्रीसम्पन्न बनाना है।

भावार्थ—हम प्रज्ञापूर्वक कर्मों द्वारा प्रभु को प्राप्त करें—अपने अन्दर यज्ञ की भावना को बढ़ाएँ तथा दिव्य गुणों का विस्तार करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मृग्य का मृजन

१२६८. एते मृजन्ति मर्ज्यमुप द्रोणेष्वायवः। प्रचक्राणा महीरिषः॥ ३॥

आयवः-गतिशील पुरुष—क्रियाशील व्यक्ति एतम्-इस मर्ज्यम्-अन्वेषण करने योग्य (मृज् to seek), अपने हृदयों में अलंकृत करने योग्य प्रभु को द्रोणेषु-इन गति के आधारभूत शरीरों में उपमृजन्ति-समीपता से शोधने का प्रयत्न करते हैं। उस प्रभु को जोकि महीः इषः-महान् प्रेरणाओं को प्रचक्राणम्-प्रकर्ष से कर रहे हैं।

अन्तःस्थित प्रभु सदा उत्तम प्रेरणाएँ दे रहे हैं। यह हमारा दौर्भाग्य है कि हम उन्हें सुनते ही नहीं। आयु-गतिशील पुरुष ही अन्तःस्थ प्रभु का साक्षात्कार करते हैं और उसकी वाणी को सुन पाते हैं। यहाँ—शरीर में ही उस प्रभु का दर्शन होना है। शरीर को द्रोण कहा है, क्योंकि यही इन्द्रियों, मन व बुद्धि का आधार है, जैसेकि द्रोणपात्र पानी आदि का आधार बनता है। अथवा सारी गति इस शरीर में ही होती है, इसलिए भी इसे 'द्रोण' कहा है, (द्रु गतौ)। जब मनुष्य का झुकाव प्रभु की ओर होता है तब वह प्रभु की महनीय प्रेरणाओं को सुनता है।

भावार्थ—हम प्रभु को ही मृग्य—अन्वेषणीय पदार्थ समझें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दान, हृदयशुद्धि, प्रभु-दर्शन

१२६९. एष हितो वि नीयतेऽन्तः शुन्ध्यावता पथा। यदी तुञ्जन्ति भूर्णयः॥ ४॥

एषः-यह अन्तः हितः-अन्दर ही रक्खा हुआ प्रभु शुन्ध्यावता-शुद्धिवाले पथा-मार्ग से विनीयते-प्राप्त किया जाता है, यत्-जब ईं-निश्चय से भूर्णयः-औरों का भरण-पोषण करनेवाले व्यक्ति तुञ्जन्ति (नि० ३.२०.९ दान)-दान देते हैं।

प्रभु-प्राप्ति आत्मशुद्धि से होती है और आत्मशुद्धि दान देने से होती है। दान 'व्यसनवृक्ष' के मूलभूत लोभ को नष्ट कर देता है और इस प्रकार मनुष्य को शुद्ध मनोवृत्तिवाला बनाता है। यह

शुद्ध मनोवृत्तिवाला पुरुष ही प्रभु के दर्शन कर पाता है। प्रभु तो हृदय के अन्दर ही वर्त्तमान हैं, हृदय की मलिनता उसका दर्शन नहीं होने देती। हृदय शुद्ध हुआ और दर्शन हुआ।

भावार्थ—दान से हृदय शुद्ध होता है और शुद्ध हृदय में प्रभु-दर्शन हो पाता है।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सिन्धुपति का प्रभु-दर्शन

१२७०. एष रुक्मिभिरीयते वाजी शुभ्रेभिरंशुभिः। पतिः सिन्धूनां भवन्॥ ५॥

एषः=यह विषयों से अबद्ध जीव सिन्धूनाम्=स्यन्दमान=बहने के स्वभाववाले जलों=वीर्यों (आपो रेतो भूत्वा०) का पतिः=रक्षक भवन्=होता हुआ वाजी=शक्तिशाली बनकर रुक्मिभिः=स्वर्ण के समान देदीप्यमान शुभ्रेभिः=उज्ज्वल अंशुभिः=ज्ञान की किरणों से इयते=प्रभु की ओर जाता है—प्रभु को प्राप्त करता है।

मनुष्य के जीवन की मौलिक बात यह है—१. वह वीर्य की रक्षा करे—सिन्धुओं का पति बने। २. वीर्य-रक्षा का परिणाम यह है कि वह 'वाजी'—बलवान् बनता है, ३. इसका ज्ञान उज्ज्वल होता है (शुभ्र-अंशु) और ४. यह परमात्मा को प्राप्त करता है।

भावार्थ—मैं सिन्धुपति बनूँ, वाजी होऊँ, उज्ज्वल ज्ञान-किरणों से प्रभु का साक्षात्कार करूँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ओजस्विता—उत्साह व धन

१२७१. एष शृङ्गाणि दोधुवच्छिशीते यूथ्यो३ वृषा। नृम्णा दधान ओजसा॥ ६॥

एषः=यह 'असित' देवल दिव्य गुणों का उपादान करनेवाला बनने के कारण १. शृंगाणि=सींगों को (शृ+गन्) हिंसासाधनों को दोधुवत्=कम्पित करके अपने से दूर कर देता है। इसके जीवन में किसी प्रकार की हिंसा नहीं होती। इसका जीवन 'अध्वर' बन जाता है। २. शिशीते=(शो तनूकरणे) अपनी बुद्धि को तीव्र करता है, ३. यूथ्यः=जनसमूह का हित करनेवाला होता है। जनसमूह से अपने को अलग करके अपने ही आनन्द में नहीं विचरता रहता, ४. वृषा=शक्तिशाली बनता है और औरों पर सुखों की वर्षा करनेवाला होता है, ५. ओजसा=ओजस्विता के साथ नृम्णा दधानः=धनों को धारण करनेवाला होता है, अथवा उत्साह को धारण करनेवाला बनता है (नृम्ण=Wealth, Courage) इसके जीवन में उत्साह होता है—उत्साह के लिए ओजस्विता तथा आवश्यक धन इसके पास होता ही है।

भावार्थ—मैं ओजस्विता, उत्साह व धन को प्राप्त करनेवाला बनूँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अच्छाई का कारण

१२७२. एष वसूनि पिब्दनः परुषा यविवाँ अति। अव शादेषु गच्छति॥ ७॥

एषः=यह १. वसूनि=(वसु=goods) अच्छाइयों का—उत्तमताओं का पिब्दनः=पान करनेवाला है, उत्तमताओं का चयन करनेवाला है। २. परुषा=कठोरताओं (cruelty) का अतिययिवान्=उल्लंघन करनेवाला बनता है। अपने जीवन में कठोरता को स्थान नहीं देता, क्योंकि दया 'मानवता'

की सूचक है और कठोरता 'पशुता' की। Human अवश्य Humane होता है। मनुष्यता दया में निहित है। ३. यह असित अच्छाइयों का ग्रहण करता हुआ क्रूरता को अपने से परे फेंकता हुआ शादेषु-(शीयन्ते नश्यन्ति अनेन इति) नष्ट करनेवाली वासनाओं पर अवगच्छति-आक्रमण करता है। वासनाओं को नष्ट करके अपने को नाश से बचाता है।

भावार्थ—१. हमें अच्छाई को अपने अन्दर ग्रहण करना चाहिए, २. कठोरता को दूर करना चाहिए, ३. वासनाओं का अन्त करने के लिए सतत प्रयत्न करना चाहिए।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

असित की प्रभु के प्रति प्रणामाञ्जलि

१२७३. एतमु त्यं दश क्षिपो हरिं हिन्वन्ति यातवे। स्वायुधं मदिन्तमम्॥ ८॥

उ-निश्चय से त्यम्-उस हरिम्-सब दुःखों का हरण करनेवाले, सु-आयुधम्-शत्रुओं के नाश के लिए आयुधरूप मदिन्तमम्-हमारे जीवनों को अत्यन्त उल्लासमय बनानेवाले एतम्-प्रभु को यातवे-यातुओं की निवृत्ति के लिए (मशकाय धूम इति-मच्छरों के हटाने के लिए धूँआ है), राक्षसी वृत्तियों को दूर करने के लिए दश क्षिपः-दस अंगुलियाँ (दोनों हाथ) हिन्वन्ति-प्रेरित होती हैं, अर्थात् प्रभु के प्रति की गयी प्रणामाञ्जलि सब आसुर वृत्तियों को दूर भगानेवाली होती है।

भावार्थ—हम प्रभु को प्रणाम करें, जिससे सब असुर प्रणत हो जाएँ।

सूक्त-४

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'हिताशी हो' राहूगण, आङ्गिरस

१२७४. एष उ स्य वृषा रथोऽव्या वारेभिरव्यत। गच्छन्वाजं सहस्रिणम्॥ १॥

इस संसार में जो व्यक्ति प्रभु की ओर चलता है उ-निश्चय से स्यः-वह व्यक्ति १. वृषा-शक्तिशाली बनता है, २. रथः-रमणीय स्वरूपवाला होता है, (ऋ० १.५८.३ द०), ३. अव्याः-पृथिवी के (अवि—पृथिवी—शत० ६.१.२.३३) वारेभिः-वरणीय पदार्थों से अव्यत-सुरक्षित किया जाता है। यह पृथिवी से उत्पन्न वरणीय पदार्थों का ही सेवन करता है, परिणामतः इसका स्वास्थ्य ठीक बना रहता है, इसका शरीर शक्तिशाली होता है और स्वरूप रमणीय। यह शक्तिशाली, रमणीय स्वरूपवाला व्यक्ति 'आङ्गिरस'-अङ्ग-अङ्ग में रसवाला, एक-एक अङ्ग में शक्तिवाला होता है, क्योंकि यह वरणीय पदार्थों का ही सेवन करता है, अन्य पदार्थों को त्याग देता है, अतः 'राहूगण'-त्यागियों में गिना जानेवाला कहलाता है। यह स्वादवश त्याज्य पदार्थों का सेवन नहीं करता, इसीलिए यह सहस्रिणम्-सहस्र पुरुषों के वाजम्-बल को गच्छन्-प्राप्त होता है (शतृ-लट्; गच्छति)। इसके शरीर की शक्ति सदा ठीक बनी रहती है।

भावार्थ—अनन्त, अक्षीण बल को प्राप्त करने के लिए हम हितकर पदार्थों का ही सेवन करें।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दृढ़-सङ्कल्प

१२७५. एतं त्रितस्य योषणो हरिं हिन्वन्त्यद्रिभिः। इन्दुमिन्द्राय पीतये॥ २॥

एतं हरिम्-इस सब आधि-व्याधि व उपाधियों के हरनेवाले प्रभु को त्रितस्य-इस तीर्णतम—अत्यन्त प्रबल 'काम, क्रोध, लोभ' रूप त्रिक (Traid) के योषणः-नष्ट करनेवाले (यूष हिंसायाम्), अभ्रिभिः-न नष्ट करने योग्य (अविदारणीय), दृढ़-सङ्कल्पों से हिन्वन्ति-प्राप्त होते हैं। प्रभु-प्राप्ति के लिए दो बातें आवश्यक हैं—१. काम, क्रोध, लोभ का नाश करना। २. प्रभु-प्राप्ति का दृढ़-सङ्कल्प। दृढ़-सङ्कल्प के बिना कामादि का नष्ट करना भी कठिन है।

ये इन्दुम्-परमैश्वर्यशाली, सर्वशक्तिमान् प्रभु को प्राप्त करने का इसलिए दृढ़-सङ्कल्प करते हैं कि प्रभु-प्राप्ति से ही १. इन्द्राय-परमैश्वर्य व शक्ति को प्राप्त करके हमें इन्द्र बनना है (इन्द्राय-इन्द्रत्व की प्राप्ति के लिए) तथा २. पीतये-रक्षा के लिए। प्रभु से सुरक्षित होकर ही हम अपने को वासनाओं से सुरक्षित कर पाते हैं।

इस प्रकार प्रभु-प्राप्ति के लिए दो साधन हैं—१. काम, क्रोध, लोभ के त्रित से ऊपर उठना तथा २. दृढ़-सङ्कल्प। दो ही इसके फल हैं—१. परमैश्वर्य की प्राप्ति और २. वासनाओं के आक्रमण से रक्षा।

भावार्थ—हम प्रभु-प्राप्ति के लिए कटिबद्ध होकर जीवन-यात्रा में आगे बढ़ें।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यह मानव से प्रेम करता है

१२७६. एष स्य मानुषीष्वा श्येनो न विक्षु सीदति। गच्छञ्जारो न योषितम्॥ ३॥

एषः स्यः-दृढ़-सङ्कल्प द्वारा प्रभु को प्राप्त करनेवाला यह भक्त मानुषीषु विक्षु-मानव प्रजाओं में श्येनः नः-बड़ी शंसनीय गतिवाला होकर आसीदति-विराजमान होता है। यह अपने ही आनन्द के लिए किसी पर्वत-कन्दरा में एकान्त स्थान नहीं ढूँढता। यह मनुष्यों में ही विचरता है। वहाँ रहते हुए यह सदा क्रियाशील बनता है, लोकहित में लगा रहता है और इसकी ये सब क्रियाएँ अत्यन्त प्रशस्त होती हैं।

यह मानव प्रजा को इस प्रकार गच्छन्-जानेवाला—प्राप्त होनेवाला होता है न-जैसे जारः-एक प्रेमी (Lover) योषितम्-अपनी प्रेमिका स्त्री को प्राप्त होता है। अथवा जारः-जरिता-स्तोता न-जैसे योषितम्-(यु मिश्रण-अमिश्रण) शुभ से जोड़ने व अशुभ से पृथक् करनेवाले प्रभु से प्रेम करता है। जैसे स्तोता का प्रभु से प्रेम है वैसे ही इस 'राहूगण आङ्गिरस'-स्वार्थ से ऊपर उठे, शक्तिशाली पुरुष का मानव प्रजा से प्रेम होता है। यह उनका हित करने में एक आनन्द का अनुभव करता है।

भावार्थ—एक प्रभुभक्त मानवहित में रत रहता है। 'सर्वभूतहिते रतः' ही तो प्रभु का सच्चा भक्त है।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु में प्रवेश व नम्रता

१२७७. एष स्य मद्यो रसोऽव चष्टे दिवः शिशुः। य इन्दुर्वारमाविशत्॥ ४॥

एषः स्यः-यह भक्त १. मद्यः-सबको उल्लसित करनेवाला, २. रसः-रसमय—अत्यन्त मधुरवाणीवाला, ३. दिवः शिशुः-ज्ञान देनेवाला (शिशीते-ददाति) अवचष्टे-नीचे की ओर देखता

है, अर्थात् सदा विनीत ही बना रहता है 'ब्रह्मणा अर्वाङ् विपश्यति' ज्ञान से सदा विनीत बनता है। ४. यः=जो इन्दुः=शक्तिशाली बना हुआ वारम्=उस वरणीय परमात्मा में आविशत्=प्रवेश करता है।

जो परमात्मा में प्रवेश करता है—खाते-पीते, सोते-जागते उस प्रभु का स्मरण करता है, वह स्वयं तो उल्लासवाला होता ही है औरों को भी उल्लासयुक्त करता है। इसकी वाणी में रस होता है, मधुर वाणी से ही यह ज्ञान का प्रचार करता है। ऊँची-से-ऊँची स्थिति में होने पर भी इसे गर्व नहीं होता। सदा नीचे देखनेवाला होता है।

भावार्थ—मैं प्रभु में प्रवेश करूँ तथा नम्र बनूँ।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का आह्वान करते हुए

१२७८. एष स्य पीतये सुतो हरिरर्षति धर्णसिः। क्रन्दन्योनिमभि प्रियम्॥ ५॥

एषः स्यः=यह प्रभुभक्त पीतये=रक्षा के लिए सुतः=(सुतम् अस्य अस्तीति) निर्माणात्मक कार्यों में लगा हुआ और इन निर्माणात्मक कार्यों के द्वारा हरिः=सबके दुःखों का अपहरण करनेवाला धर्णसिः=सबके धारण करने के स्वभाववाला अर्षति=गति करता है। एक प्रभुभक्त अकर्मण्य तो होता ही नहीं। अकर्मण्य न होने से ही वह अपनी रक्षा कर पाता है। आलसी को ही वासनाएँ सताती हैं। यह सदा निर्माणात्मक कार्यों में लगता है, उनके द्वारा यह कितनों ही के दुःखों को दूर करनेवाला होता है और कितनों का ही धारण-पोषण करता है।

यह अपने इस मार्ग पर चलता हुआ प्रियम्=सबके प्रिय योनिम्=मूल कारणभूत प्रभु का अभिक्रन्दन्=आह्वान करता है। प्रभु की प्रार्थना इसे सशक्त बनाती है और यह अव्याकुलता से अपने निर्माण-कार्यों में लगा रहता है। किसी भी प्रकार का कोई विघ्न इसे अपने मार्ग पर बढ़ने से रोक नहीं पाता।

भावार्थ—प्रभुभक्त सदा निर्माणात्मक कार्यों द्वारा 'सर्वभूतहिते रतः' रहता है।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्रियाशीलता व शुद्धि

१२७९. एतं त्यं हरितो दश मर्मृज्यन्ते अपस्युवः। याभिर्मदाय शुम्भते॥ ६॥

एतं त्यम्=इस प्रभुभक्त को दश=दस अपस्युवः=कर्मों को चाहती हुई, अर्थात् कर्मों में व्यापृत हुई-हुई हरितः=मन का हरण करनेवाली इन्द्रियाँ मर्मृज्यन्ते=खूब शुद्ध कर डालती हैं। इन्द्रियाँ 'हरित्' हैं—ये मन का विषयों में हरण करती हैं, परन्तु जब ये निरन्तर कर्म में लगी रहती हैं (अपस्युवः) तब दसों इन्द्रियाँ आत्मा को शुद्ध कर डालती हैं।

ये इन्द्रियाँ वे हैं याभिः=जिनसे मदाय=उल्लास के लिए शुम्भते=चमकता (Shines) है। इन्द्रियाँ जब निरन्तर कर्म में व्यापृत रहकर पवित्र बनती हैं तब वे मनुष्य के उल्लास के लिए होती हैं और यह उल्लास उसके चमकने का कारण होता है।

भावार्थ—हम इन्द्रियों को सदा कर्मव्यापृत रक्खें, यही इन्हें शुद्ध व वश में करने का उपाय है।

सूक्त-५

ऋषिः—प्रियमेध आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मानव हितैषी

१२८०. एष वाजी हितो नृभिर्विश्वविन्मनसस्पतिः। अव्यं वारं वि धावति ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'प्रियमेध आङ्गिरस' है-प्रिय है मेधा जिसको, और जो अङ्ग-अङ्ग में रसवाला है—शक्तिशाली अङ्गोंवाला है। एषः-यह १. वाजी-शक्तिशाली बनता है (वाज—Power) चूँकि गतिशील है (वज गतौ)। २. नृभिः हितः-(हेतु में तृतीया) मनुष्यजाति के उद्देश्य से यह उस-उस क्रिया में रक्खा हुआ होता है। इसकी प्रत्येक क्रिया मानव के हित के विचार से होती है। ३. विश्ववित्-यह सभी को जाननेवाला या प्राप्त होनेवाला होता है। अपने हित के कार्यों में लगा हुआ यह सभी का ध्यान करता है, सब दुःखियों के समीप स्वयं पहुँचनेवाला होता है। ४. मनसः पतिः-हित के कार्यों में लगा हुआ यह कभी अपने को क्रोध आदि का शिकार नहीं होने देता। यह अपने मन का पति होता है—मन को क़ाबू रखता है। जिनका हित करते हैं उनकी विरोधी क्रियाओं से क्रुद्ध हो उठना स्वाभाविक है, अतः यह प्रियमेध अपने मन को वश में करने का ध्यान करता है। ५. इन क्रोध इत्यादि के आक्रमण से बचने के लिए यह अव्यम्-रक्षा में उत्तम उस वारम्-वरणीय प्रभु की ओर विधावति-दौड़ता है। सदा उस प्रभु के चरणों में उपस्थित रहता है—तभी तो क्रोधादि के वशीभूत नहीं होता।

भावार्थ—हमारी सब क्रियाएँ मानव के हित के लिए हों, हम अपने मन के पति बनें, प्रभु-चरणों में प्रातः-सायं उपस्थित हों।

ऋषिः—प्रियमेध आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सहस्रधार-प्रभु में स्नान

१२८१. एष पवित्रे अक्षरत् सोमो देवेभ्यः सुतः। विश्वा धामान्याविशन् ॥ २ ॥

एषः-यह प्रियमेध पवित्रे-उस पवित्र प्रभु में १. अक्षरत्-(क्षर to drop) सब पापों को क्षरित कर देता है। उस सहस्रधार प्रभु में स्नान करता हुआ यह अपने सब मलों को धो डालता है। २. सोमः-निर्मल होकर यह शान्त, सौम्य स्वभाववाला होता है। ३. देवेभ्यः-दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए सुतः-(सुतमस्यास्ति) सदा यज्ञादि के निर्माणात्मक कर्मों में लगा रहता है। वस्तुतः दिव्यता की प्राप्ति का एक ही साधन है कि हम सदा निर्माण के कार्यों में लगे रहें। इससे हमपर आसुर वृत्तियों का आक्रमण कभी नहीं होता। ४. जीवन के कार्यक्रम को इस प्रकार चलाता हुआ यह विश्वा धामानि-सब तेजों को आविशन्-प्राप्त करता है। दिन-ब-दिन इसका तेज वृद्धि को प्राप्त होता जाता है।

भावार्थ—प्रभु के ध्यान से हम अपने जीवनों को निर्मल करनेवाले बनें और नैर्मल्य को प्राप्त कर तेजस्वी हों।

ऋषिः—प्रियमेधः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शोभा पाना

१२८२. एष देवः शुभायतेऽधि योनावमर्त्यः। वृत्रहा देववीतमः ॥ ३ ॥

उल्लिखित मन्त्र की भावना के अनुसार एषः=यह प्रियमेध १. देवः=निर्माणात्मक कार्यों में लगे रहने से देव बनकर शुभायते=शोभा को प्राप्त करता है। २. अधियोनौ=यह उस ब्रह्माण्ड के मूलाधार ब्रह्म में निवास करता है, सदा प्रभु-चरणों में उपस्थित रहता है, प्रभु से दूर नहीं होता—खाते-पीते सदा उसी का स्मरण करता है ३. परिणामतः अमर्त्यः=यह विषयों के पीछे मरनेवाला नहीं होता। इसकी विषयों के प्रति आसक्ति समाप्त हो जाती है। ४. यह वृत्रहा=ज्ञान की आवरणभूत इन वासनाओं को नष्ट करनेवाला होता है और ५. देववीतमः=अधिक-से-अधिक दिव्य गुणों को प्राप्त (वी) करनेवाला होता है।

भावार्थ—हम सदा प्रभु में निवास करें, अपने जीवन को शुभ बनाएँ।

ऋषिः—प्रियमेध आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अन्तः व बाह्य पवित्रता

१२८३. एष वृषा कनिक्रदद्दशभिर्जामिभिर्यतः। अभि द्रोणानि धावति॥ ४॥

एषः=यह प्रियमेध १. वृषा=शक्तिशाली होता है, वासनाओं का विनाश करके यह सोमशक्ति की रक्षा के द्वारा 'आङ्गिरस' अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्तिवाला बनता है, वृषा होता है। २. कनिक्रदत्=वासनाओं से सदा बचे रहने के लिए यह प्रभु का खूब ही आह्वान करता है, सदा प्रभु के नामों का उच्चारण करता है। ३. दशभिः जामिभिः=दसों विषयों का अदन करने-(जभ-खाना)-वाली इन्द्रियों के दृष्टिकोण से यह यतः=संयत होता है। प्रभु-स्मरण के द्वारा यह इन्द्रियों को वश में करनेवाला बनता है और ४. द्रोणानि=गति के आधारभूत शरीरों—अपने (स्थूल व सूक्ष्म दोनों ही शरीरों को) अभिधावति=पवित्र कर डालता है। प्रभु-भक्त का शरीर नीरोग होता है और मन व बुद्धि भी निर्मल होते हैं। यह अन्दर व बाहर दोनों ओर से पवित्र होता है।

भावार्थ—मैं प्रभु-स्मरण से जितेन्द्रिय बनूँ। जितेन्द्रिय बनकर पवित्र होऊँ, निर्मल बनूँ।

ऋषिः—प्रियमेध आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान के सूर्य का उदय

१२८४. एष सूर्यमरोचयत् पवमानो अधि द्यवि। पवित्रे मत्सरो मदः॥ ५॥

एषः=यह १. पवमानः=अपने जीवन को अन्दर व बाहर से पवित्र करता हुआ २. अधिद्यवि=मस्तिष्करूप द्युलोक में सूर्यम्=ज्ञानरूप सूर्य को अरोचयत्=दीप्त करता है। इसका शरीर नीरोग बनता है (बाह्य पवित्रता), मन निर्मल बनता है (अन्तः पवित्रता) और इन दोनों पवित्रताओं के परिणामस्वरूप इसके मस्तिष्करूप द्युलोक में ज्ञान के सूर्य का उदय होता है। ३. पवित्रे=उस पवित्र प्रभु में स्नान करता हुआ यह मत्सरः=सब लोगों में उल्लास का संचार करनेवाला होता है, लोगों को प्रभु का सन्देश सुनाकर उत्साहित करता है और ४. मदः=सदा उल्लासमय जीवनवाला होता है।

भावार्थ—ज्ञान के सूर्योदय के साथ हमारा जीवन उल्लासमय हो।

ऋषिः—प्रियमेध आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सूर्य से भी स्पर्धा

१२८५. एष सूर्येण हासते संवसानो विवस्वता। पतिर्वाचो अदाभ्यः॥ ६॥

१. एषः=यह प्रियमेध अपने मस्तिष्करूप गगन में ज्ञान का सूर्योदय करके सूर्येण=इस द्युलोक के सूर्य के साथ हासते=स्पर्धा करता है (हासतिः स्पर्धायाम्—नि० ९.३९), अर्थात् सूर्य के समान ही चमकता है अथवा यह प्रियमेध सूर्येण=उदित हुए ज्ञानसूर्य से हासते=अत्यन्त हर्ष का अनुभव करता है (हासतिः हर्षमाणे—नि० ९.३९)। २. इतने ऊँचे ज्ञान को प्राप्त करके विवस्वता=(विवस्वन्तो मनुष्याः—नि० २.३.२४) मानवजाति के साथ ही यह संवसानः=उत्तम प्रकार से रहनेवाला होता है। यह अभिमानी बनकर अलग निवास नहीं करने लगता—इसे मनुष्यों से घृणा नहीं हो जाती, अथवा झंझट समझकर यह एकान्त स्थानों में समाधि का ही अनुभव नहीं करता रहता, अपने ज्ञानरस में ही नहीं डूबा रहता। ३. वाचः पतिः=यह वेदवाणी का पति होता है—ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञानवाला होता है और अपनी वाणी का पति होने से कभी कटु शब्द नहीं बोलता—बड़ी मपी-तुली वाणी का ही प्रयोग करता है, ४. परन्तु अदाभ्यः=दबता नहीं। नम्र व मधुर वाणीवाला होता है—परन्तु किसी निर्बलता के कारण नहीं। शक्तिशाली होता हुआ यह अपने माधुर्य को स्थिर रखता है। 'अदाभ्यः' का अर्थ यह भी है कि यह अहिंसित होता है—यह अपनी जीवन-यात्रा में काम-क्रोधादि से आक्रान्त नहीं होता।

भावार्थ—ज्ञान-सूर्य का उदय करके हम सूर्य से भी स्पर्धा करनेवाले बनें। सूर्य की भाँति निष्कामभाव से प्रकाश व जीवन देनेवाले बनें। हमारा जीवन सूर्य की भाँति चमकता हुआ और प्रसन्न हो।

सूक्त-६

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्वेष से दूर

१२८६. एष कविरभिष्टुतः पवित्रे अधि तोशते। पुनानो घ्नन्नप द्विषः॥ १॥

पिछले मन्त्र में वर्णन था कि प्रियमेध ज्ञानी बनकर भी मनुष्यों के साथ ही निवास करनेवाला होता है—उनसे दूर नहीं भाग जाता। यह मनुष्यों के साथ निवास करने के कारण ही 'नृ-मेध'=मनुष्यों से मेलवाला कहलाता है। सदा मानव-हितैषी कार्यों में लगे रहने से यह 'आङ्गिरस' शक्तिशाली बना रहता है। १. एषः=यह नृमेध कविः=ज्ञान-सूर्योदय के कारण क्रान्तदर्शी है—वस्तुतत्त्व को जाननेवाला है। अभिष्टुतः=हित के कार्यों में लगे होने से सदा चारों ओर इसकी स्तुति होती है। अथवा अभि=दोनों ओर सोते-जागते (स्तुतमस्य) यह प्रभु का स्तवन करनेवाला होता है। २. इस प्रभु-स्तवन से यह पवित्रे अधि=उस पवित्र प्रभु में तोशते=सब कामादि वासनाओं का संहार कर देता है (तुष to kill)। ३. पुनानः=इस प्रकार यह अपने को निरन्तर पवित्र करता हुआ ४. द्विषः=द्वेष की भावनाओं को अपघ्नन्=अपने से दूर नष्ट कर देता है। एवं, नृमेध अपने जीवन में क्रान्तदर्शी बनकर निरन्तर प्रभु-स्तवन करता हुआ उस पवित्र प्रभु में स्थित होकर वासनाओं का विनाश कर डालता है—अपने को पवित्र कर लेता है और द्वेष की भावनाओं को दूर कर देता है।

भावार्थ—हम प्रभु का स्मरण करें और द्वेष से दूर रहें।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शक्ति का संचार

१२८७. एष इन्द्राय वायवे स्वर्जित् परि षिच्यते। पवित्रे दक्षसाधनः॥ २॥

१. एषः=यह नृमेध पवित्रे=उस पवित्र प्रभु में निवास करता हुआ दक्षसाधनः=उन्नति व बल का सिद्ध करनेवाला होता है। २. यह स्वर्जित्=स्वर्गलोक का विजय करता है, अर्थात् अपने जीवन को वास्तव में आनन्दमय बनाता है। ३. यह नृमेध इन्द्राय=इन्द्रत्व के लिए—परमैश्वर्य के लिए अथवा शत्रुओं के विदारण के लिए और वायवे=गतिशीलता के लिए परिषिच्यते=परिसिक्त होता है। इसके अन्दर शत्रुओं के विदारण का सामर्थ्य उत्पन्न हो जाता है और इसका जीवन बड़ा क्रियाशील—स्फूर्तिमय हो जाता है (दक्षः=बलम्—नि० २.९)।

भावार्थ—प्रभु में निवास करते हुए हम उन्नति व शक्ति को सिद्ध करें।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सदा कर्मों में व्यापृत

१२८८. एष नृभिर्वि नीयते दिवो मूर्धा वृषा सुतः। सोमो वनेषु विश्ववित्॥ ३॥

१. एषः=यह 'नृमेध' स्वयं निष्काम व आप्तकाम होता हुआ भी नृभिः=लोगों के दृष्टिकोण से, लोगों के हित के लिए विनीयते=उस-उस कर्म में प्राप्त कराया जाता है, अर्थात् यह नृमेध मनुष्यों के हित के लिए, लोकसंग्रह के लिए सदा कर्मों में व्यापृत रहता है। २. यह दिवः मूर्धा=ज्ञान का शिखर बनता है—अर्थात् ज्ञान की दृष्टि से ऊँची-से-ऊँची स्थिति में पहुँचने का प्रयत्न करता है। ३. वृषा=(वृष् to have supreme power) बड़ा शक्तिशाली बनता है। ४. सुतः=(सुतमस्यास्ति)—यज्ञमय जीवनवाला होता है—सदा निर्माणात्मक कार्यों को करता है। ५. सोमः=सोम का पान करने के कारण सोम बनता है, शक्ति की रक्षा करता हुआ यह अत्यन्त विनीत व शान्त होता है। जब मनुष्य सोम की रक्षा नहीं करता तभी उसके जीवन में निर्बलता व चिड़चिड़ापन होता है। ६. (वननं वनः) वनेषु=वासनाओं को जीतने पर यह विश्ववित्=सब इष्टों को प्राप्त करनेवाला होता है। 'वासना-विजय' ही 'विश्वविजय' का साधन है।

भावार्थ—जिस भी व्यक्ति ने लोकहित के कार्यों में प्रवृत्त होना है उसे ऊँचे-से-ऊँचा ज्ञानी, शक्तिशाली, पवित्र जीवनवाला, सौम्य व वासनाओं का विजेता बनना चाहिए। आत्मविजय के बिना लोकहित सम्भव नहीं।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नृमेध के जीवन की सात बातें

१२८९. एष गव्युरचिक्रदत् पवमानो हिरण्ययुः। इन्दुः सत्राजिदस्तृतः॥ ४॥

एषः=यह नृमेध १. गव्युः=(गौः=वेदवाणी) वेदवाणी को अपने साथ जोड़ने की कामनावाला होता है—अथवा (गावः इन्द्रियाणि) इन्द्रियशक्तियों को अपने साथ सम्बद्ध करता है। २. अचिक्रदत्=निरन्तर प्रभु का आह्वान करता है—प्रभु के नामों का जप करता हुआ अपने जीवन के लक्ष्य को ऊँचा बनानेवाला होता है। ३. पवमानः=प्रभु-स्मरण द्वारा वासनाओं की मैल को धो डालता है। ४. हिरण्ययुः=पवित्र बनकर यह (हिरण्यं=ज्योतिः) ज्योति को अपने साथ जोड़ता है, ५. साथ ही इन्दुः=(इन्द् to be powerful) शक्तिशाली होता है। पवमान बनकर अपने जीवन को वासनाओं से आक्रान्त न होने देने के दो ही परिणाम हैं—(क) उसका ज्ञान बढ़ता है और (ख) उसकी शक्ति में वृद्धि होती है। ६. यह सत्राजित्=(सत्र—आजित्, सत्रं Virtue, wealth) सब गुणों और धनों का विजेता होता है। ७. अस्तृतः=अहिंसित रहता है। कामादि शत्रु इनकी हिंसा नहीं कर पाते।

भावार्थ—हम ज्ञान को चाहें, इन्द्रिय शक्तियों को बढ़ाएँ और इस प्रकार अहिंसित हों।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

हृदय में प्रभु का प्रवाह

१२९०. एष शुष्म्यसिष्यददन्तरिक्षे वृषा हरिः। पुनान इन्दुरिन्द्रमा ॥ ५ ॥

एषः-यह नृमेध १. शुष्मी-शत्रुओं का शोषण कर देनेवाले बलवाला होता है २. वृषा-यह अद्भुत शक्तिवाला बनता है ३. हरिः-शक्ति का प्रयोग आर्तों की आर्ति के हरण में करता है, अतः हरि कहलाता है ४. पुनानः-अपने जीवन को पवित्र बनाये रखता है। अभिमानवश बल का प्रयोग औरों को पीड़ित करने में करने से मानवजीवन अपवित्र हो जाता है। ५. इन्द्रः-यह नृमेध शक्ति व पवित्रता आदि परमैश्वर्यों को प्राप्त करता है। ६. और ऐसा बनकर अन्तरिक्षे-अपने हृदयाकाश में इन्द्रम्-उस सर्वशत्रुविनाशक परमैश्वर्य के स्वामी प्रभु को आ-सर्वथा असिष्यदत्- प्रस्तुत करता है। इस नृमेध के हृदय में प्रभु-स्तोत्र प्रवाहित होते हैं। वास्तव में हृदय में बहनेवाला यह प्रभु-स्तुति का प्रवाह ही नृमेध की 'शक्ति, ज्ञान व पवित्रता' का रहस्य है। इसका शरीर शक्तिशाली है, इसका मस्तिष्क ज्ञानाग्नि से दीप्त है और इसका हृदय पवित्रता से पूर्ण है, क्योंकि यह हृदय में निरन्तर प्रभु का ध्यान कर रहा है।

भावार्थ—प्रभु का भक्त १. शत्रुओं का शोषण करता है २. शक्तिशाली होता है ३. आर्तों का त्राण करता है ४. पवित्र जीवनवाला होता है ५. परमैश्वर्य को प्राप्त करता है और ६. हृदय में निरन्तर प्रभु का ध्यान करता है।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

जीवन-यात्रा में आगे बढ़ना

१२९१. एष शुष्म्यदाभ्यः सोमः पुनानो अर्षति। देवावीरघशंसहा ॥ ६ ॥

एषः-यह नृमेध १. शुष्मी-शत्रुओं का शोषण करता है, स्वयं २. अदाभ्यः-उन शत्रुओं से न दबता है, न हिंसित होता है ३. सोमः-शान्तस्वभाववाला होता है ४. पुनानः-अपने को पवित्र करने के स्वभाववाला होता है। इस प्रकार देवावीः-दिव्य गुणों को सब ओर से प्राप्त करनेवाला होता है अथवा अपने जीवन में दिव्य गुणों की रक्षा करनेवाला होता है और ५. अघशंसहा-(अघशंस इति स्तेननाम—नि० ३.२४.४) अपने अन्दर से चोर को नष्ट करनेवाला बनता है। अयज्ञियवृत्ति को ही यहाँ चोर कहा है—'अपञ्चयज्ञो मलिम्लुचः' पञ्चयज्ञ न करनेवाला चोर है। यह नृमेध इस 'चोरवृत्ति' को अपने में से नष्ट करता है। यज्ञशेष को खानेवाला बनता है। इस प्रकार अपने जीवन में उपर्युक्त बातों को साधता हुआ अर्षति-यह नृमेध आगे और आगे बढ़ता चलता है।

भावार्थ—'शुष्मी, अदाभ्य, सोम, पुनान, देवावी और अघशंसहा' बनकर हम जीवन-यात्रा में आगे बढ़ें।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सुत से देवयु बनना

१२९२. स सुतः पीतये वृषा सोमः पवित्रे अर्षति। विघ्नन् रक्षांसि देवयुः ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि 'राहूगण: आङ्गिरस:' है—त्यागियों में गिनने योग्य, शक्तिशाली। स:-वह राहूगण १. सुत:-(सुतमस्यातीति) यज्ञादि उत्तम निर्माण-कार्यों में लगा रहता है। २. इसीलिए पीतये-अपनी रक्षा के लिए समर्थ होता है। उत्तम कर्मों में लगा रहता है, परणामत: वासनाओं से अभिभूत नहीं होता। ३. वासनाओं से अभिभूत न होने के कारण वृषा-अद्भुत् शक्तिवाला बनता है। ४. इस सात्त्विक शक्ति के अनुपात में ही सोम:-यह सौम्य व शान्त होता है ५. सोम बनकर यह पवित्रे-पवित्र प्रभु में अर्षति-विचरण करता है ६. पवित्र प्रभु में विचरण करता हुआ यह रक्षांसि विघ्नन्-राक्षसी वृत्तियों को विशेषरूप से कुचल डालता है ७. जितना-जितना यह राक्षसी वृत्तियों को कुचलता जाता है उतना ही देवयु:-दिव्य गुणों को अपने साथ जोड़नेवाला होता है।

भावार्थ—मेरा जीवन 'सुत'-यज्ञों से प्रारम्भ हो, और 'देवयुत्व'-दिव्य गुणों की प्राप्ति पर इसका अन्त हो।

नोट—गत मन्त्र में जीवन में आगे और आगे बढ़ने का उल्लेख था। प्रस्तुत मन्त्र में उस यात्रा की अग्रगति का चित्रण है। सुत से चलते हैं और देवयु बनकर यात्रान्त होता है।

ऋषि:—राहूगण आङ्गिरस:॥ देवता—पवमान: सोम:॥ छन्द:—गायत्री॥ स्वर:—षड्ज:॥

वि-चक्षण-विशिष्ट उद्देश्यवाला

१२९३. स पवित्रे विचक्षणो हरिरर्षति धर्णसि:। अभि योनिं कनिक्रदत्॥ २॥

स:-वह राहूगण १. पवित्रे-उस प्रभु में स्थित हुआ-हुआ २. विचक्षण:-एक विशेष दृष्टिकोण-वाला, अर्थात् जीवन-यात्रा में एक विशेष लक्ष्य से चलनेवाला, जिस लक्ष्य का गतमन्त्र में वर्णन है 'सुत से देवयु' तक पहुँचने के ध्येयवाला ३. हरि:-आर्त की आर्ति का हरण करनेवाला ४. धर्णसि:-सबके धारण के स्वभाववाला ५. कनिक्रदत्-प्रभु के नामों का उच्चारण करता हुआ योनिम् अभि-ब्रह्माण्ड के मूलकारण उस प्रभु की ओर अर्षति-गति करता है।

भावार्थ—हम जीवन-यात्रा में एक विशेष लक्ष्य से आगे बढ़ें।

ऋषि:—राहूगण आङ्गिरस:॥ देवता—पवमान: सोम:॥ छन्द:—गायत्री॥ स्वर:—षड्ज:॥

वाजी बनकर 'अव्यय वार' की ओर

१२९४. स वाजी रोचनं दिव: पवमानो वि धावति। रक्षोहा वारमव्ययम्॥ ३॥

स:-वह राहूगण १. वाजी-शक्तिशाली व गतिशील २. दिव: ज्ञान की रोचनम्-दीप्ति को विधावति-विशेषरूप से प्राप्त होता है। जैसे शक्ति व गति ज्ञान की प्राप्ति में सहायक हैं उसी प्रकार यह ज्ञान पवित्रता-प्राप्ति में सहायक होता है, अत: वह राहूगण ज्ञान को प्राप्त करके ३. पवमान:-अपने जीवन को पवित्र करनेवाला होता है। 'नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते' ज्ञान के समान कोई पवित्र करनेवाली वस्तु नहीं है। पवित्रता का स्वरूप यह है कि ये ५. रक्षोहा-सब राक्षसी वृत्तियों का संहार करता है, अपने रमण के लिए यह कभी औरों का क्षय नहीं करता। ६. इस प्रकार का जीवन बनाकर यह अव्ययम्-कभी नष्ट न होनेवाले उस वारम्-वरणीय, आपत्तियों के निवारण करनेवाले प्रभु की ओर विधावति विशेषरूप से जाता है।

भावार्थ—मैं शक्तिशाली बनकर उस अविनाशी प्रभु की ओर गतिवाला होऊँ।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान, कर्म व भक्ति के शिखर पर

१२९५. स त्रितस्याधि सानवि पवमानो अरोचयत्। जामिभिः सूर्यं सह॥ ४॥

सः-वह राहूगण १. त्रितस्य 'ज्ञान, कर्म व भक्ति' के त्रित के अधिसानवि-शिखर पर वर्त्तमान होता हुआ २. पवमानः-अपने को पवित्र करने के स्वभाववाला होता है। ज्ञान इसके मस्तिष्क को पवित्र करता है तो कर्म इसके हाथों को पवित्र करते हैं और भक्ति से इसका हृदय शुद्ध होता है। ३. इस प्रकार अपना शोधन करता हुआ यह जामिभिः सह-विविध विषयों का अदन करनेवाली इन इन्द्रियों के साथ सूर्यम्-अपने मुख्य प्राण को अरोचयत्-दीप्त करता है। 'प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः' इस प्रश्नोपनिषद् के वाक्य में सूर्य और प्राण में कार्य-कारणभाव दिखाकर सूर्य का प्राण से सम्बन्ध प्रतिपादित किया है। प्राणायाम के द्वारा प्राण-शोधन तो होता ही है, सारी इन्द्रियाँ भी निर्मल हो उठती हैं। प्राणायामैर्दहेद् दोषान्-प्राणायाम से इन्द्रियों के दोष जल जाते हैं, और वे चमक उठती हैं।

भावार्थ—मैं प्राण व इन्द्रियों को दीप्त करूँ।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शक्ति के अनुपात में

१२९६. स वृत्रहा वृषा सुतो वरिवोविददाभ्यः। सोमो वाजमिवासरत्॥ ५॥

सः-वह राहूगण १. वृत्रहा-ज्ञान की आवरणभूत वासनाओं का विनाश करनेवाला बनता है। २. वृषा वासनाओं के विनाश के कारण ही शक्तिशाली होता है। वासनाएँ ही तो शक्ति को जीर्ण करती हैं। वासनाओं के विनाश से शक्ति सुरक्षित रहती है। ३. इस सुरक्षित शक्ति से यह सुतः-निर्माण के कार्य में लगा रहता है 'सुतमस्यास्तीति' यज्ञादि के अन्दर सदा प्रवृत्त होता है। ४. इन निर्माण के कार्यों में तथा यज्ञों में लगा रहकर यह वरिवोवित्-धन प्राप्त करता है। निर्माण के कार्य धनैश्वर्य के उत्पादक तो होते ही हैं। ५. धन को प्राप्त हुआ-हुआ वह व्यक्ति अदाभ्यः-न दबनेवाला व अहिंसित होता है। ६. 'दबता नहीं' का यह अभिप्राय नहीं कि यह अक्खड़ होता है। अक्खड़ होना तो दूर रहा, वह सोमः-अत्यन्त सौम्य व शान्त है। ७. यह सौम्य व्यक्ति वाजम् इव-अपनी शक्ति के अनुसार असरत्-उस प्रभु की ओर बढ़ता है। जितनी शक्ति होती है उसी के अनुपात में प्रभु की भी प्राप्ति होती है। 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः', निर्बल को प्रभु थोड़े ही मिलते हैं?

भावार्थ—जीव वृत्रहा बनकर वृत्र के विनाशक प्रभु को प्राप्त होता है।

ऋषिः—राहूगण आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मंहयन्, प्रभु से प्रेरित हुआ

१२९७. स देवः कविनेषितोऽभि द्रोणानि धावति। इन्दुरिन्द्राय मंहयन्॥ ६॥

सः-वह राहूगण १. कविना-क्रान्तदर्शी प्रभु से—वेदरूपी महान् काव्य के रचयिता कवि से इषितः-सदा प्रेरणा को प्राप्त होता हुआ, द्रोणानि-अपने शरीरों को अभिधावति-अन्दर व बाहर से पवित्र कर डालता है। स्थूलशरीर को पवित्र करके सदा नीरोग बना रहता है, साथ ही सूक्ष्मशरीर की पवित्रता से इसकी इन्द्रियाँ शक्तिशाली, मन निर्मल व बुद्धि तीव्र हो जाती है। (धाव्-शोधन)।

२. इस शोधन के द्वारा यह इन्दुः=सोम का पान करनेवाला शक्ति-सम्पन्न जीव इन्द्राय=परमैश्वर्य-सम्पन्न सर्वशक्तिमान् प्रभु की प्राप्ति के लिए मंहयन्=अपनी उन्नति व वृद्धि कर रहा होता है (to grow), उस प्रभु की प्राप्ति के लिए यह मानस को दान की भावना से भर रहा होता है (to give=मंहते), उस प्रभु के दर्शन के लिए यह अपने मस्तिष्क को चमका रहा होता है (to shine मंहते)।

भावार्थ—प्रभु-प्राप्ति के लिए आवश्यक है कि हम १. नीरोगता के द्वारा अपने पुरुषार्थ में वृद्धि करें (अपने बल को बढ़ाएँ), २. हमारा मन उदार व दान की प्रवृत्तिवाला हो तथा ३. हमारी बुद्धि ज्ञान की ज्योति से जगमगाये।

सूचना:— यहाँ मंहयन् शब्द के तीन अर्थ हैं— १. शरीर के बल की वृद्धि (to make grow), २. मन में देने की वृत्ति (to make give) तथा ३. बुद्धि की चमक (to make shine)। यही तीन उपाय प्रभु-प्राप्ति के हैं। इनके लिए प्रयत्न करता हुआ ही जीव प्रभु-प्राप्ति के लिए बढ़ रहा होता है।

सूक्त-७

ऋषिः—पवित्र आङ्गिरसो वसिष्ठः ॥ देवता—पावमान्यध्येतृस्तुतिः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

पवित्र भोजन व प्राणायाम

१२९८. यः पावमानीरध्येत्यृषिभिः संभृतं रसम्।
सर्वं स पूतमश्नाति स्वदितं मातरिश्वना ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि 'पवित्रः'—अपने जीवन को पवित्र करनेवाला है—यह 'आङ्गिरसः'—शक्तिशाली है तथा 'वसिष्ठः'—इन्द्रियों व मन को वश में करनेवालों में श्रेष्ठ है। यह इन सब बातों को अपने जीवन में पवित्र वेदवाणी का अध्ययन करते हुए ही तो ला पाया है, अतः यह अनुभव करता हुआ कहता है कि यः=जो पावमानीः=पवित्र करनेवाली इन वेदवाणियों को अध्येति=पढ़ता है १. सः=वह सर्वं पूतम्=सब पवित्र भोजनों को ही अश्नाति=खाता है २. जिन भोजनों को मातरिश्वना=वायु ने स्वदितम्=स्वादवाला बना दिया है। पवित्र वेदमन्त्रों को समझने की इच्छावाले व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह सात्त्विक भोजनों का सेवन करे—सात्त्विक भोजनों से ही उसकी इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि निर्मल बनेंगे। 'जैसा अन्न वैसा मन'—राजस् आहार उसके मन को भी रजोगुणी बनाकर विषयोन्मुख कर देगा तथा तामस् आहार उसकी मनोवृत्ति को तामसी बनानेवाला होगा। प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'पवित्र' इसीलिए सात्त्विक आहार पर बल देता है, क्योंकि उसने तीव्रबुद्धि होकर इन पावमानी ऋचाओं को अपनाना है। २. पवित्र भोजनों के साथ दूसरी आवश्यक बात यह है कि यह प्राणायाम का अभ्यासी बने। प्राणायाम से जाठराग्नि तीव्र होकर भूख के जागरित होने से भोजन स्वादिष्ट बन जाता है।

इन ऋचाओं का अध्ययन अत्यन्त आवश्यक है। इन ऋचाओं के द्वारा ऋषिभिः=ऋषियों से इन मन्त्रार्थों के द्रष्टाओं से अपने जीवनों में रसं संभृतम्=रस का भरण व पोषण किया गया है (अर्धर्चादियों में होने से 'रस' यहाँ नपुंसक है)। इन ऋचाओं को जीवन का अङ्ग बनाने से ही ऋषियों का जीवन रसमय बना।

भावार्थ—सात्त्विक भोजन व प्राणायाम से मनुष्य सात्त्विक व तीव्र बुद्धिवाला बनकर पावमानी ऋचाओं को अपनाता है।

ऋषिः—पवित्र आङ्गिरसो वसिष्ठः ॥ देवता—पावमान्यध्येतृस्तुतिः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥
स्वरः—गान्धारः ॥

दूध-घी-शहद-जल

१२९९. पावमानीर्यो अध्येत्यृषिभिः संभृतं रसम्।
तस्मै सरस्वती दुहे क्षीरं सर्पिर्मधूदकम् ॥ २ ॥

यः=जो पावमानीः=जीवन को पवित्र करनेवाली इन ऋचाओं को अध्येति=पढ़ता है, जिनके द्वारा ऋषिभिः=ऋषियों ने रसं संभृतम्=अपने जीवन में रस का संचार किया, अपने जीवन को रसमय बनाया, तस्मै=उस व्यक्ति के लिए सरस्वती=ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती दुहे=दोहती है, उसका निम्न वस्तुओं से पूरण करती है—(दुह प्रपूरणे)। १. क्षीरम्=दूध, जो (क्षियति) उत्तम निवास व गति का कारण बनता है। दूध के पान से मनुष्य का शरीर नीरोग तो बनता ही है, परन्तु साथ ही वह उत्तम गतिवाला—क्रियाशील भी रहता है २. सर्पिः=घृत, जोकि उसे दीप्त बनाता है (दीप्ति), उसके मलों का नाश करता है (क्षरण) और इस प्रकार उसे उत्तम क्रियाशील बनाता है (सृप्) ३. मधु=शहद जोकि उसे उत्तम मस्तिष्कवाला बनाता है (मन्यते) ४. उदकम्=पानी जो उसके शरीर में शुष्कता नहीं आने देता और उसके शरीर को सदा चमकीला बनाये रखता है, अर्थात् पावमानी ऋचाओं का अध्ययन करनेवाला अपने शरीर के धारण के लिए इन चार वस्तुओं को अधिक महत्त्व देता है और अपने जीवन को उन ऋषियों की भाँति ही रसमय बनाने का ध्यान करता है।

भावार्थ—दूध, घृत, शहद व जल का समुचित प्रयोग हमारे जीवन को रसमय बनाये।

ऋषिः—पवित्र आङ्गिरसो वसिष्ठः ॥ देवता—पावमान्यध्येतृस्तुतिः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥
स्वरः—गान्धारः ॥

रस व अमृत

१३००. पावमानीः स्वस्त्ययनीः सुदुघा हि घृतश्चुतः।
ऋषिभिः संभृतो रसो ब्राह्मणेष्वमृतं हितम् ॥ ३ ॥

ये ऋचाएँ १. पावमानीः=हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाली हैं—मनोवृत्ति को उत्तम बनाकर ये हमारे जीवनों को सुन्दर बना देती हैं। २. स्वस्त्ययनीः=ये हमें सदा कल्याण के मार्ग पर ले-चलनेवाली हैं, उत्तम कर्मों की प्रेरणा द्वारा हमें अशुभ मार्ग से निवृत्त करती हैं। ३. सु-दुघा=उत्तम वस्तुओं का हममें पूरण करनेवाली हैं। हमारे मनों में उत्तम भावनाओं को भरनेवाली हैं। ४. हि=निश्चय से ये घृतश्चुतः=हममें (घृ दीप्ति) दीप्ति को प्राप्त करानेवाली हैं, (घृ=क्षरण) मलों को दूर करके हमारी बुद्धियों की कुण्ठा को नष्ट करके ये हमारे ज्ञान को दीप्त करती हैं।

इन्हीं के द्वारा ऋषिभिः=मन्त्रार्थद्रष्टाओं ने रसः संभृतः=अपने जीवन में रस का संचार किया अपने जीवन को मधुर बनाया और इन्हीं के द्वारा ब्राह्मणेषु=ब्रह्मज्ञानियों में अमृतं हितम्=मोक्ष निहित हुआ। इन्हीं का आश्रय करके उन्होंने अमरता का लाभ किया।

भावार्थ—ऋचाओं से हम अपने जीवनों को पवित्र बनाएँ जिससे इहलोक में हमारा जीवन रसमय हो और परलोक में हम अमृत हों।

ऋषिः—पवित्र आङ्गिरसो वसिष्ठः ॥ देवता—पावमान्यध्येतृस्तुतिः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥
स्वरः—गान्धारः ॥

'यह लोक' और 'परलोक'

१३०१. पावमानीर्दधन्तु न इमं लोकमथो अमुम्।
कामान्त्समर्धयन्तु नो देवीर्देवैः समाहृताः ॥ ४ ॥

पावमानीः-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाली ये ऋचाएँ १. नः-हमें दधन्तु-धारण करें। नः-हमारे इमं लोकम्-इस लोक का तो दधन्तु-पोषण करें हीं, अथ उ-और निश्चय से अमुं लोकम्-परलोक का भी दधन्तु-धारण करें। हमारे इस लोक को ये रसमय बनाएँ तो हमारे परलोक को मोक्षामृत प्राप्त करानेवाला करें। २. ये नः-हमारे कामान्-इष्ट कामों को समर्धयन्तु- समृद्ध करनेवाली हों। इस लोक में हमें इष्ट काम्य पदार्थों को ये प्राप्त करानेवाली हों। इनके अन्दर दिया गया विज्ञान हमें प्राकृतिक पदार्थों का सुखमय उपयोग करने में सशक्त करे तथा ३. देवैः-दिव्य गुणोंवाले पुरुषों से समाहृताः-संगृहीत हुई-हुई ये पावमानी ऋचाएँ देवीः-सचमुच हमें दिव्य बनानेवाली हों। इनके द्वारा हमारा जीवन ऊँचा और ऊँचा होता चले। इस लोक में ये हमें वैज्ञानिक उन्नति द्वारा अभीष्ट पदार्थ प्राप्त कराके अभ्युदय को प्राप्त करनेवाला बनाएँ, और ज्ञान से हमारे जीवनों को दिव्य गुणयुक्त करती हुई परलोक में हमारे निःश्रेयस को सिद्ध करें।

भावार्थ—पावमानी ऋचाएँ हमारे अभ्युदय और निःश्रेयस की साधक हों।

ऋषिः—पवित्र आङ्गिरसो वसिष्ठः ॥ देवता—पावमान्यध्येतृस्तुतिः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥
स्वरः—गान्धारः ॥

सहस्रधार पवित्र

१३०२. येन देवाः पवित्रेणात्मानं पुनते सदा। तेन सहस्रधारेण पावमानीः पुनन्तु नः ॥ ५ ॥

देवाः-देवलोग येन-जिस पवित्रेण-ज्ञान के द्वारा (नहि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते) आत्मानम्-अपने को सदा-हमेशा पुनते-पवित्र करते हैं तेन सहस्रधारेण-उस (सहस्रं धाराः यस्य, धारा-वाणी) सहस्रों वाणियोंवाले वेद से पावमानीः-ये पवित्र ऋचाएँ नः-हमें पुनन्तु-पवित्र कर डालें। वेद ज्ञान की वाणियों से परिपूर्ण है। ये ज्ञान की वाणियाँ 'पावमानी'-पवित्र करनेवाली हैं। जैसे जलों की शतशः धाराएँ हमारे बाह्य मलों को धो डालती हैं, इसी प्रकार वेद की ये ज्ञानात्मक धाराएँ हमारे अन्तःकरणों को शुद्ध कर डालें। ज्ञान ही पवित्र है। ये ऋचाएँ ज्ञान से परिपूर्ण हैं, अतः ये सचमुच 'पावमानी' हैं।

भावार्थ—ये पावमानी ऋचाएँ हमारे लिए सचमुच पावमानी हों।

ऋषिः—पवित्र आङ्गिरसो वसिष्ठः ॥ देवता—पावमान्यध्येतृस्तुतिः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥
स्वरः—गान्धारः ॥

आनन्दधाम की प्राप्ति

१३०३. पावमानीः स्वस्त्ययनीस्ताभिर्गच्छति नान्दनम्।
पुण्याँश्च भक्षान् भक्षयत्यमृतत्वं च गच्छति ॥ ६ ॥

ये १. पावमानीः-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाली ऋचाएँ २. स्वस्त्ययनीः-हमें उत्तम मार्ग से ले-चलनेवाली हैं। इनका अध्ययन हमें ऐसी प्रेरणा देता है कि हम अशुभ मार्गों को छोड़कर शुभ मार्ग पर ही चलते हैं। ३. ताभिः-इन ऋचाओं के द्वारा मनुष्य नान्दनम्-परमानन्द के धाम प्रभु को गच्छति-प्राप्त करता है। शुभ मार्ग पर चलता हुआ अन्त में प्रभु के समीप पहुँचता ही है। ४. इन पावमानी ऋचाओं को पढ़ने पर यह पुण्यान् च भक्षान् भक्षयति-पुण्य ही भोजनों को खाता है। ५. अमृतत्वं च गच्छति-और मोक्ष को प्राप्त करता है। संक्षेप में वेदाध्ययन के लाभ निम्न हैं—१. पवित्रता, २. शुभ मार्ग से चलना, ३. प्रभु के आनन्दधाम को प्राप्त करना, ४. सात्त्विक भोजन के सेवन की रुचि, ५. मोक्ष-प्राप्ति तथा असमय में मृत्यु का न होना।

भावार्थ—हम पावमानी ऋचाओं को अपनाकर प्रभु के परमानन्द को प्राप्त करें।

सूक्त-८

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

महान् नमन

१३०४. अगन्म महा नमसा यविष्ठं यो दीदाय समिद्धः स्वे दुरोणे।
चित्रभानुं रोदसी अन्तरुर्वी स्वाहुतं विश्वतः प्रत्यञ्चम्॥ १॥

प्राणापान की साधना करके मन व इन्द्रियों को वशीभूत करनेवाला "मैत्रावरुणि वसिष्ठ" कहता है कि हम महा नमसा-महान् नमन के द्वारा 'अग्नि' नामक प्रभु को अगन्म-प्राप्त होते हैं। प्रभु की प्राप्ति का सर्वोत्तम उपाय नमन-अभिमान का अभाव है। जितना-जितना हम नमन की ओर चलते हैं जितना-जितना हमारा 'मैंपन'—'आपा' समाप्त होता जाता है उतना-उतना हम प्रभु के समीप पहुँचते जाते हैं। पूर्ण नमनवाला ही प्रभु को पा सकता है, उस प्रभु को, जो—१. यविष्ठम्-युवतम हैं। अपने भक्तों को उत्तरोत्तर अशुभ से पृथक् करके (यु-अमिश्रण) शुभ से जोड़नेवाले (यु-मिश्रण) हैं। २. यः-जो प्रभु स्वे दुरोणे-अपने भक्त में जोकि (दुःखेन ओणितुं योग्यं कृच्छ्रेण to remove) आत्म-प्राप्ति के निश्चय से हटाया नहीं जा सकता, समिद्धः-दीप्त हुए-हुए दीदायम्-चमकते हैं। नचिकेता के समान दृढ़ निश्चयी पुरुष को ही आत्मसाक्षात्कार हुआ करता है। ३. चित्रभानुम्-वे प्रभु अद्भुत दीप्तिवाले हैं। सहस्रों सूर्यों के समान उनकी दीप्ति है। ४. वे प्रभु उर्वी रोदसी अन्तः-इन विशाल द्युलोक व पृथिवीलोक के अन्दर व्याप्त हैं—सर्वव्यापक हैं ५. स्वाहुतम्-जीवहित के लिए स्व-अपना आहुतम्-सब-कुछ दे डालनेवाले हैं 'य आत्मदा'-उन्होंने तो अपने को भी दिया हुआ है। ६. विश्वतः प्रत्यञ्चम्-जो प्रभु सब ओर जानेवाले हैं और जो सर्वत्र प्रतिपूजित होते हैं। ज्ञानी तो उस प्रभु का पूजन करते ही हैं अज्ञानी भी अविधिपूर्वक अन्य देवताओं की उपासना करते हुए उन्हीं प्रभु की पूजा कर रहे होते हैं।

भावार्थ—हम नमन के द्वारा प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रभु-स्तवन व यज्ञ

१३०५. स महा विश्वा दुरितानि साह्वानग्ने सहन्त्य आ जातवेदाः।
स नो रक्षिषद् दुरितादवद्यादस्मान् गृणत उत नो मघोनः॥ २॥

सः=वह अग्निः=हमारी अग्रगति का साधक, जातवेदाः=सर्वज्ञ प्रभु दमे=इस शरीररूप घर में आस्तवे=समन्तात् स्तुति किया जाता है। हम इस शरीर के अन्दर ही हृदय-प्रदेश में प्रभु का ध्यान करते हैं। प्रभु का बाहर किया गया ध्यान मूर्तिपूजा के रूप में परिणत हो जाता है फिर वह प्रभु का ध्यान न रहकर अन्ततः मूर्ति का ध्यान हो जाता है और मानव को मानव से फाड़ने का कारण बनता है। वे प्रभु हमसे जब भी स्तुत होते हैं तो हमारे सामने एक लक्ष्यदृष्टि उत्पन्न होती है और हम अपने जीवन-पथ में आगे बढ़ते हुए मनुष्य से देव बनते हैं। वे प्रभु 'अग्नि' तो हैं ही फिर हमारी उन्नति क्यों न होगी? सर्वज्ञ होने से वे प्रभु हमारी स्थिति के अनुसार हमें उचिततम साधन प्राप्त कराते हैं जिससे हम भरपूर उन्नति कर पाएँ।

जब हम प्रभु के सच्चे भक्त बनते हैं तब सः=वे महा=अपनी महिमा से विश्वा दुरितानि साह्वान्=सब बुराइयों को पराभूत करनेवाले होते हैं। प्रभु-स्तवन उच्च लक्ष्य उपस्थित करके हमें अशुभ कार्यों से बचाता है। सः=वे प्रभु नः=हमें दुरितात्=अशुभ आचरणों से तथा अवद्यात्=सब निन्दनीय बातों से रक्षिषत्=बचाएँ, परन्तु क्या हमारा यत्न अपेक्षित नहीं? क्या उसके बिना ही यह सब-कुछ हो जाएगा? इसका उत्तर इन शब्दों में दिया गया है कि 'वे प्रभु बचाएँ' किनको? अस्मान् गृणतः=हम स्तुति करते हुओं को उत=और नः=हममें से मघोनः=(मघ=मख) यज्ञशील व्यक्तियों को। एवं, प्रभु हमें दुरित से बचाएँगे जब हमारा जीवन स्तुतिशील तथा यज्ञमय होगा।

भावार्थ—हम प्रभु-स्तवन यज्ञ को अपनाकर प्रभु से की जा रही रक्षा के पात्र बनें।

ऋषिः=वसिष्ठः॥ देवता=अग्निः॥ छन्दः=त्रिष्टुप्॥ स्वरः=धैवतः॥

नीरोगता-निष्पापता व उन्नति

१३०६. त्वं वरुण उत मित्रो अग्ने त्वां वर्धन्ति मतिभिर्वसिष्ठाः।
त्वे वसु सुषणनानि सन्तु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ३॥

हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! १. त्वम्=आप वरुणः=सब बुराइयों का निवारण करनेवाले होने से वरणीय हैं, २. उत=और मित्रः=(प्रमीतेः त्रायते) आप पाप व मृत्यु से बचानेवाले हैं। ३. वसिष्ठाः=शरीर में उत्तम निवासवाले वशी लोग मतिभिः=ज्ञानों के द्वारा त्वां वर्धन्ति=आपको बढ़ाते हैं, आपकी भावना को अपने में अधिक और अधिक जगाते हैं। ४. हे प्रभो! त्वे वसु=आपमें रहनेवाले ये उत्तम धन सुषणनानि=उत्तम ढंग से संविभाग के योग्य सन्तु=हों। हम कभी धनों को अपना कमाया हुआ समझकर विलास में उनका व्यय न करने लग जाएँ। हमारी यह भावना बनी रहे कि धन तो सब आपके हैं। इस भावना से युक्त होकर हम धनों का सदा उचित संविभागपूर्वक ही सेवन करें।

५. यूयम्=हे वरुण, मित्र और अग्ने! आप सब स्वस्तिभिः=उत्तम जीवन स्थितियों के द्वारा (सु+अस्ति) सदा=हमेशा नः पात=हमारी रक्षा करें। 'वरुण' हमारे रोगों का निवारण करके हमें नीरोग व स्वस्थ बनाये। 'मित्र' हमें पाप से बचाकर द्वेषों को दूर करके स्नेहमय हृदयवाला बनाये। और 'अग्नि' सब प्रकार से हमारी उन्नति का साधक हो।

भावार्थ—हमारा जीवन 'वरुण' के ध्यान से नीरोग बनें, 'मित्र' का ध्यान हमें निष्पाप करे और 'अग्नि' हमें मार्ग पर आगे और आगे बढ़ाए।

सूक्त-९

ऋषिः—वत्सः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वत्स के स्तोम

१३०७. महाँ इन्द्रो य ओजसा पर्जन्यो वृष्टिमाँ इव। स्तोमैर्वत्सस्य वावृधे ॥ १ ॥

१. यः=जो इन्द्रः=परमैश्वर्यशाली, सर्वशक्तिमान् प्रभु ओजसा=अपने ओज के द्वारा महान्=बड़े हैं, पूजनीय हैं। प्रभु की शक्ति अनन्त है। जब कभी एक वैज्ञानिक प्रभु से निर्मित सूर्यादि पिण्डों का अध्ययन करता है तब उसका उनके निर्माता के प्रति नतमस्तक हो जाना स्वाभाविक ही है। २. वे प्रभु वृष्टिमान् पर्जन्यः इव=वृष्टिवाले बादल की भाँति हैं। जैसे एक वृष्टिवाला बादल चारों ओर शान्ति का विस्तार करके (परां तृप्तिं जनयति) एक उत्कृष्ट सन्तोष उत्पन्न करता है उसी प्रकार प्रभु भी स्तोता के हृदय में एक अद्भुत शान्ति उत्पन्न करते हैं। ३. ये प्रभु वत्सस्य=वेदमन्त्रों का उच्चारण करनेवाले (वदतीति वत्सः) के स्तोमैः=स्तोत्रों से वावृधे=निरन्तर बढ़ाये जाते हैं। प्रभु का स्तोता प्रभु की महिमा को उच्चारण द्वारा प्रकाशित करता है। उच्चारण द्वारा ही नहीं, यह अपने जीवन के द्वारा प्रभु की महिमा को बढ़ाता है। लोग जब इसके शान्त, दिव्य जीवन को देखते हैं तब उनका प्रभु के प्रति विश्वास बढ़ता है।

भावार्थ—हमारा जीवन प्रभु की महिमा का प्रकाश करनेवाला हो।

ऋषिः—वत्सः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

स्तोमों द्वारा प्रभु को साधन बनाना

१३०८. कण्वा इन्द्रं यदक्रत स्तोमैर्यज्ञस्य साधनम्। जामि ब्रुवत आयुधा ॥ २ ॥

कण्वाः=मेधावी लोग इन्द्रम्=सब शत्रुओं का विदारण करनेवाले प्रभु को यत्=जब स्तोमैः=स्तुतिसमूहों के द्वारा यज्ञस्य=सब उत्तम कर्मों का साधनम्=सिद्ध करनेवाला अक्रत=करते हैं, तब आयुधा=सब अस्त्र-शस्त्रों को जामि=निरर्थक ब्रुवते=कहते हैं।

इस जीवन-यात्रा में मेधावी लोग सदा प्रभु से अपना मेल बनाये रखते हैं। स्तुतियों के द्वारा उसे सदा अपने हृदय की आँखों के सामने रखते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि उनके सब उत्तम कार्य निर्विघ्न पूर्ण होते हैं और उनपर वासनाओं का आक्रमण कभी नहीं होता। प्रभु का नाम ही वह महान् अस्त्र होता है जो उनके शत्रुओं को नष्ट कर देता है। शत्रुओं के नाश के लिए अन्य सब अस्त्रशस्त्र व्यर्थ सिद्ध होते हैं। बुद्धिमत्ता इसी में है कि हम स्तवन के द्वारा प्रभु को ही अपने यज्ञों का साधक बनाएँ।

भावार्थ—मेरे सारथि तो प्रभु हैं, मेरी जीवन-यात्रा क्यों निर्विघ्न पूर्ण न होगी?

ऋषिः—वत्सः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रजा का प्रभरण

१३०९. प्रजामृतस्य पिप्रतः प्र यन्धरन्त वह्नयः। विप्रा ऋतस्य वाहसा ॥ ३ ॥

१. ऋतस्य पिप्रतः=ऋत का पालन करनेवाले, जिनका जीवन बड़ा नियमित है, जो सूर्य-चन्द्र के समान अपने भौतिक कार्यों में नियमित गति से चलते हैं, २. वह्नयः=जो ज्ञान को धारण करनेवाले हैं, अग्नि की भाँति ही जो ज्ञान धारण करनेवाले हैं, अग्नि की भाँति ही जो ज्ञान से प्रकाशमान हैं,

३. यत् ऋतस्य वाहसा=जो नियमितता (regularity) व सत्य के धारण से विप्राः= अपना विशेषरूप से पूरण करनेवाले हैं, ये लोग प्रजाम्=प्रजा का प्रभरन्त=प्रकर्षेण भरण करते हैं। अपने नियमित जीवन के उदाहरण से ये औरों को भी ऋत का पालन करनेवाला बनाते हैं। ऋत को अपनाकर ही हम औरों को ऋत पालन का उपदेश दे सकते हैं।

भावार्थ—प्रचारक को सदा ऋत का पालन करनेवाला बनना चाहिए। अन्यथा उसका सब उपदेश व्यर्थ ही जाता है।

सूक्त-१०

ऋषिः—शतं वैखानसाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

न जीर्ण होनेवाली ज्योतियाँ

१२ १ १२ ३ १२ १ १ १ ३ १ २ ११ २
१३१०. पवमानस्य जिघ्नतो हरेश्चन्द्रा असृक्षत। जीरा अजिरशोचिषः॥ १॥

'शतं वैखानसः'='सैकड़ों वासनाओं को (वि+खन्) विशेषरूप से खोद डालनेवाला'। प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि अपने जीवन को पवित्र कर लेता है। इस पवमानस्य=अपने हृदय को पवित्र करनेवाले जिघ्नतः=दुर्गुणों को नष्ट करते हुए हरेः=इन्द्रियों का प्रत्याहार करनेवाले वैखानस की चन्द्राः=बड़े आह्लाद को जन्म देनेवाली जीराः=शीघ्रता से कार्यों में व्यापृत होनेवाली अजिरशोचिषः=कभी जीर्ण न होनेवाली ज्योतियाँ असृक्षत्=उत्पन्न होती हैं।

मनुष्य को तीन पग रखने हैं—१. पवित्र बनना, २. दुर्गुणों का नाश करना, ३. इन्द्रियों का प्रत्याहरण। इन तीन पगों के रखने पर उसके जीवन में वे ज्योतियाँ जगेंगी, जो १. आह्लादमयता को जन्म देती हैं, २. उसके जीवन में स्फूर्ति लाती हैं तथा ३. जो जीर्ण नहीं होती।

भावार्थ—पवमान बनकर हम अमर ज्योति प्राप्त करें।

ऋषिः—शतं वैखानसाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रथी-तम

१२ १ १२ १ १२ २ १ १ १२ १ १२
१३११. पवमानो रथीतमः शुभ्रेभिः शुभ्रशस्तमः। हरिश्चन्द्रो मरुद्गणः॥ २॥

यह वैखानस १. पवमानः=अपने को पवित्र करने के स्वभाववाला होता है। २. रथीतमः=यह सर्वोत्तम रथी होता है। शरीररूप रथ से जीवन-यात्रा को पूर्ण करनेवालों में सर्वोत्तम होता है। ३. शुभ्रेभिः=शुभ्र गुणों से यह शुभ्रशस्तमः=अति शुभ्र—अत्यन्त प्रकाशमान् होता है। ४. हरिः=यह सदा इन्द्रियवृत्तियों को मनरूप लगाम द्वारा प्रत्याहृत करनेवाला होता है। ५. चन्द्रः=आह्लादमय मनोवृत्तिवाला होता है। इसके चेहरे पर सदा मुस्कराहट होती है। ६. मरुद्गणः=(गण्=take notice of) सदा प्राणों का ध्यान करनेवाला होता है। यह प्राणों की साधना करता है जो उसके जीवन की सब अच्छाइयों का मूलकारण है।

भावार्थ—प्राणसाधना से हम अपने जीवन को उज्ज्वल करें।

ऋषिः—शतं वैखानसाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्तोता को सुवीर्य की प्राप्ति

१२ १२ १२ १ १२ १ १२ १२ १२ १ १२
१३१२. पवमान व्यश्नुहि रश्मिभिर्वाजसातमः। दधत्स्तोत्रे सुवीर्यम्॥ ३॥

हे पवमान=पवित्र करनेवाले प्रभो! १. व्यश्नुहि=आप हममें व्याप्त हों, अर्थात् आपका हममें सदा वास हो। २. आप रश्मिभिः=(रश्मि=लगाम) लगामों से वाजसातमः=अत्युत्कृष्ट शक्ति प्राप्त करानेवाले हैं, अर्थात् जब स्तोता मनरूप लगाम से इन्द्रियों की वृत्तियों का निरोध करता है, तब प्रभु उसे महान् शक्ति प्राप्त कराते हैं। ३. वे प्रभु स्तोत्रे=स्तोता के लिए सुवीर्यम्=उत्तम शक्ति देते हैं। स्तोता स्वभावतः वासनाओं से बचा रहता है और इसी कारण उत्तम वीर्य का लाभ करता है।

भावार्थ—हम प्रभु के स्तोता बन सुवीर्य प्राप्त करें तभी हम प्रभु का निवास-स्थान बन पाएँगे।

सूक्त-११

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

सदा क्रियाशील

१३१३. परीतो षिञ्चता सुतं सोमो य उत्तमं हविः।
दधन्वाँ यो नर्यो अप्स्वा३ऽन्तरा सुषाव सोममद्रिभिः॥ १॥

५१२ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सप्तर्षय

१३१४. नूनं पुनानोऽविभिः परि स्रवादब्धः सुरभिन्तरः।
सुते चित्त्वाप्सु मदामो अन्धसा श्रीणन्तो गोभिरुत्तरम्॥ २॥

'सप्तर्षयः'—(सप्त च ते ऋषयः सप् समवाये) उत्तम सोम का अपने शरीर में ही समवाय करनेवाले अतएव तत्त्वद्रष्टा लोग इस मन्त्र के ऋषि हैं। इनका महान् कार्य उत्पन्न सोम की शरीर में रक्षा करना ही है। इन अविभिः=रक्षकों से नूनम्=निश्चयपूर्वक पुनानः=पवित्र किया जाता हुआ हे सोम! तू परिस्रव=शरीर में चारों ओर परिस्रुत हो। अदब्धः=तू अहिंसित है। शरीर में तेरे व्याप्त होने पर शरीर में किसी प्रकार के रोग का आक्रमण नहीं होता। सुरभिन्तरः=शरीर को तू अत्यन्त सुगन्धवाला बना देता है। जब शरीर रोग व मलों से युक्त होता है तब शरीर से दुर्गन्ध आने लगती है। पूर्ण स्वस्थ शरीर से यह दुर्गन्ध नहीं आती।

सुते चित्=तेरे उत्पन्न होने पर ही १. त्वा=तेरे द्वारा अप्सु=कर्मों में मदामः=हम एक आनन्द का अनुभव करते हैं। निर्वीर्यता में अकर्मण्यता होती है—क्रियाओं में स्फूर्ति का अभाव होता है। हम २. अन्धसा=अत्यन्त ध्यान देने योग्य-ध्यान से रक्षा करने योग्य तेरे द्वारा ही श्रीणन्तः=अपना परिपाक करते हैं और ३. गोभिः—इन्द्रियों के द्वारा उत्तरम्=ऊपर और ऊपर उठते हैं। सोमरक्षा से हम इन्द्रियों के द्वारा उत्तम कार्य करते हुए ऊपर उठते हैं। गोभिः=शब्द मुख्यरूप से ज्ञानेन्द्रियों का वाचक है। ज्ञानेन्द्रियों से उन्नति करते हुए हम ऋषि बन पाते हैं। सोम के अभाव में ये ज्ञानेन्द्रियाँ क्षीणशक्ति रहती हैं।

भावार्थ—हम सोमरक्षा द्वारा अपने को पवित्र, अहिंसित व स्वस्थ बनाएँ। सोमरक्षा ही हमें क्रियाओं में आनन्द लेनेवाला, परिपक्व तथा ज्ञानी बनाये।

ऋषिः—सप्तर्षयः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—द्विपदाविराट्पङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

सोमपान के छह लाभ

१३१५. परि स्वानश्चक्षसे देवमादनः क्रतुरिन्दुर्विचक्षणः ॥ ३ ॥

हे सोम! तू जब शरीर में व्याप्त होता है तब १. परिस्वानः-(परि+सु+आनः) अङ्ग-प्रत्यङ्ग में बड़ी उत्तमता से प्राणशक्ति भरनेवाला होता है (आनयति)। सारी प्राणशक्ति सोम के कारण ही है। २. चक्षसे-तू दृष्टिशक्ति को बढ़ानेवाला है। वीर्यरक्षा से चक्षु अपना कार्य करने में बड़ी समर्थ होती हैं। ३. देवमादनः-तू ही मनुष्यों को 'देव' बनानेवाला है और उनके जीवनों में 'मद' हर्ष भरनेवाला है, देवताओं को एक मस्ती प्राप्त करानेवाला है। ४. क्रतुः-तू उनके जीवनों को यज्ञमय बनाता है। वस्तुतः सोमरक्षा से मनुष्य की मनोवृत्ति उत्तम होती है और परिणामतः वह स्वार्थ से ऊपर उठ जाता है। ५. इन्द्रः-यह अपने पान करनेवाले को शक्तिशाली बनाता है (इन्द् to be powerful)। ६. विचक्षणः-यह हमारे ज्ञान को बढ़ाकर हमें विशिष्ट दृष्टिकोणवाला बनाता है।

भावार्थ—सोम हमें प्राणित करता है, दृष्टिशक्ति को बढ़ाता है, एक दिव्य मस्ती देता है, हमारे जीवन को यज्ञिय बनाता है, शक्तिशाली बनाता है तथा हमारे ज्ञान को बढ़ाने का साधन होता है।

सूक्त-१२

ऋषिः—वसुर्भारद्वाजः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

घृतवान् योनि

१३१६. असावि सोमो अरुषो वृषा हरी राजेव दस्मो अभि गा अचिक्रदत्।
पुनानो वारमत्येष्यव्ययं श्येनो न योनिं घृतवन्तमासदत् ॥ १ ॥

इस मन्त्र का व्याख्यान ५६२ संख्या पर है।

ऋषिः—वसुर्भारद्वाजः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

गिरियों में निवास, स्तोताओं के साथ संवाद

१३१७. पर्जन्यः पिता महिषस्य पर्णिनो नाभा पृथिव्या गिरिषु क्षयं दधे।
स्वसार आपो अभि गा उदासरन्तासं ग्रावभिर्वसते वीते अध्वरे ॥ २ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'वसु भारद्वाज' है—उत्तम निवासवाला, अपने में शक्ति को भरनेवाला। 'यह ऐसा कैसे बन पाया? इस प्रश्न का उत्तर निम्न है—१. यह सदा प्रातः-सायं प्रभु की पूजा करता है (मह पूजायाम्), पूजा करने के कारण 'महिष' कहलाता है। प्रयत्न करके वासनाओं के आक्रमण से अपनी रक्षा करता है, अतः 'पर्णी' कहलाता है। इस महिषस्य पर्णिनः-प्रभुपूजक आत्मरक्षा करनेवाले का पिता-रक्षक पर्जन्यः-परातृप्ति का जनक प्रभु होता है, अर्थात् प्रभु-स्मरण इसे सदा वासना से सुरक्षित रखता है। २. वासनाओं से सुरक्षित होकर यह पृथिव्या नाभा-(अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः) यज्ञों में क्षयं दधे-निवास करता है, अर्थात् यज्ञमय जीवन बिताता है। ३. इसलिए भी यह वासनाओं से बचा रहता है कि गिरिषु-गुरुओं में, उपदेष्टाओं में निवास करनेवाला होता है। ४. सदा अज्ञानान्धकार-निवारक गुरुओं के चरणों में उपस्थित होने से यह विलास के मार्ग पर नहीं जाता और इसके आपः-रेतःकण (आपः-रेतः) स्वसारः-आत्मतत्त्व की ओर ले-जानेवाले अभिगाः-वेदवाणियों का लक्ष्य करके उदासरन्-ऊर्ध्वगतिवाले होते हैं। ५. ये वसु

ग्रावभिः=स्तोताओं के साथ वीते=कान्त अध्वरे=हिंसाशून्य कर्मों में संचसते=उत्तम प्रकार से रहते हैं। सदा यज्ञमय कर्मों के करनेवाले होते हैं।

भावार्थ—हम उल्लिखित बातों को अपने जीवन में लाकर 'वसु भारद्वाज' बनें।

ऋषिः—वसुर्भारद्वाजः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

पूर्ण-शोधन

१३१८. कविर्वेधस्या पर्येषि माहिनमत्यो न मृष्टो अभि वाजमर्षसि।
अपसेधन् दुरिता सोम नो मृड घृता वसानः परि यासि निर्णिजम्॥ ३॥

वसु से प्रभु कहते हैं—१. कविः—गत मन्त्र में वर्णित प्रकार से ऊर्ध्वरितस् बनने पर तू क्रान्तदर्शी बनता है—तेरी बुद्धि तीव्र होकर वस्तुतत्त्व को समझनेवाली होती है। २. वेधस्य=निर्माण की इच्छा से अथवा बड़ा ज्ञानी बनने की कामना से तू माहिनम्=अपने पर प्रभुत्व (Dominion) पर्येषि=प्राप्त करता है—सब इन्द्रियों, मन व प्राणक्रियाओं को वश में करनेवाला होता है। ३. अत्यः न=तू निरन्तर गतिशील घोड़े के समान होता है। 'अनध्वा वाजिना जरा'=न चलना घोड़ों के लिए बुढ़ापा है। तू भी अकर्मण्यता को अपनी जरा समझता है और निरन्तर क्रियाशील बना रहता है। ४. मृष्टः=अतएव (मृजू शुद्धौ) शुद्ध होता है। 'योगिनः कर्म कुर्वन्ति सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये'=आत्म-शुद्धि के लिए कर्म तो आवश्यक ही है। ५. वाजम् अभि अर्षसि=इस क्रियाशीलता से तेरे अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्ति बनी रहती है। तू सब अङ्गों में शक्ति प्राप्त करता है। ६. दुरिता अपसेधन्=कर्म में लगे रहने से ही सब दुरितों को दूर करनेवाला होता है। ७. इस प्रकार के जीवनवाला तू सोम=हे शान्त मनवाले वसो! नः=हमारा बनकर, अर्थात् मेरा (प्रभु का) ही आश्रय करनेवाला होकर मृड=(to be delighted)=सुखी जीवनवाला हो। ऐसा करने पर घृता वसानः=तेजस्विताओं को धारण करता हुआ तू निर्णिजम्=शरीर, मन व बुद्धि में पूर्ण शोधन को परियासि=प्राप्त होता है। तेरे जीवन से अपवित्रता का सर्वथा नाश हो जाता है।

भावार्थ—हम प्रभु के बनकर अपना पूर्ण शोधन करनेवाले हों।

सूक्त-१३

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

श्रम व भोजन

१३१९. श्रायन्त इव सूर्यं विश्वेदिन्द्रस्य भक्षत।
वसूनि जाते जनिमान्योजसा प्रति भागं न दीधिमः॥ १॥

२६७ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सतत दान की प्रेरणा

१३२०. अलर्षिरातिं वसुदामुप स्तुहि भद्रा इन्द्रस्य रातयः।
यो अस्य कामं विधतो न रोषति मनो दानाय चोदयन्॥ २॥

गत मन्त्र में कहा था कि 'तुम सब मिलकर उस प्रभु के इन भोजनों को खाओ' (विश्वा इत् इन्द्रस्य भक्षत)। इसी भावना को कुछ विस्तार से कहते हैं। १. रातिं अलर्षि-हे नृमेध! तू प्रभु से दान प्राप्त करता है। जिस सम्पत्ति को तू अपना समझता है, यह तेरे लिए प्रभु का ही दान है। २. तू वसुदाम्-वसु देनेवाले, धन प्राप्त करानेवाले प्रभु के दान का उपस्तुहि-स्तवन कर। ३. भद्राः इन्द्रस्य रातयः-उस प्रभु के दान सदा कल्याण करनेवाले हैं। ४. ये प्रभु वे हैं यः-जो अस्य विधतः-इस उपासक के काममं-संकल्प को न-नहीं रोषति-हिंसित करते। उपासक कामना करता है। प्रभु उसकी कामना को पूर्ण करते हैं और ५. मनः दानाय चोदयन्-इस उपासक के मन को सदा दान के लिए प्रेरित करते हैं। 'तू दे, मैं तुझे दूँगा' यह प्रभु की प्रेरणा उपासक को प्राप्त होती रहती है। प्रभु का ही तो सब धन है, मैं उसे प्रभु की प्रजा के हित में ही क्यों न विनियुक्त करूँ?

भावार्थ—देनेवाला प्रभु है। उससे दिये धन को हमें देते ही रहना चाहिए। इसी प्रकार हम 'नृमेध'-मानवमात्र के साथ सम्पर्कवाले बन सकते हैं।

सूक्त-१४

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

अ-भय

१३२१. यत इन्द्र भयामहे ततो नो अभयं कृधि।
मघवञ्छग्धि तव तन्न ऊतये वि द्विषो वि मृधो जहि ॥ १ ॥

२७४ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सुतावान् की पुकार

१३२२. त्वं हि राधसस्पते राधसो महः क्षयस्यासि विधर्ता।
तं त्वा वयं मघवन्निन्द्र गिर्वणः सुतावन्तो हवामहे ॥ २ ॥

हे राधसस्पते-सब धनों के स्वामिन् प्रभो! त्वं हि-निश्चय से आप ही क्षयस्य-(क्षि-निवास-गत्योः) निवास व गति (क्रियाओं) के लिए आवश्यक महः-महनीय राधसः-धन के विधर्ता धारण करनेवाले असि-हो। हम प्रभु की शरण में जाते हैं, तो वे निवास व गति के लिए आवश्यक धन प्राप्त कराते हैं, क्योंकि वे ही सब धनों के स्वामी हैं।

हे गिर्वणः-वेदवाणियों से उपासनीय प्रभो! हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! मघवन्-(मघ-मख) सब यज्ञों के साधक प्रभो! तं त्वा-उस आपको सुतावन्तः-प्रशस्त यज्ञोंवाले [सुत-सव], निर्माणात्मक कर्मोंवाले (सुत-निर्माण) होते हुए वयम्-हम हवामहे-पुकारते हैं। हम निर्माणात्मक कार्यों में व्यापृत होंगे तो आवश्यक धन प्रभु प्राप्त कराएँगे ही। इन निर्माणात्मक कर्मों में लगना ही प्रभु का गायन है—'प्रागाथ' बनना है। इन निर्माणात्मक कार्यों में लगने से ही हम 'भर्ग'-तेजस्वी बन पाते हैं।

भावार्थ—हम यज्ञों व निर्माणात्मक कार्यों में लगें। आवश्यक धन प्राप्त कराना तो प्रभु का काम है।

सूक्त-१५

ऋषिः—भरद्वाजः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान की कामना व ओजस्विता

१३२३. त्वं सोमासि धारयुर्मन्द्र ओजिष्ठो अध्वरे। पवस्व मंहयद्रयिः ॥ १ ॥

'भरद्वाज' अपने अन्दर शक्ति भरनेवाले और 'बार्हस्पत्य' ज्ञानी से प्रभु कहते हैं कि १. त्वम्-तू हे सोम-शान्तस्वभाव पुरुष! धारयुः-(धारा-वाङ्) वाणी की कामनावाला असि-है। तू सदा ज्ञान की कामनावाला होकर सतत वेदवाणी का अध्ययन कर। २. मन्द्रः-तू सदा प्रसन्न मनवाला बन। ३. ओजिष्ठः-अत्यन्त शक्तिशाली हो। ४. अध्वरे-यज्ञों में लगा हुआ पवस्व-अपने जीवन को पवित्र बना। तथा ५. मंहयद् रयिः-धन का सदा दान देनेवाला बन।

१. धन न देनेवाला २. यज्ञों में प्रवृत नहीं हो सकता। यज्ञों से दूर रहनेवाला व्यक्ति ३. विषय-विलास की ओर जाकर शक्ति खो दाता है और कभी भी ओजिष्ठ नहीं बनता। ४. अन्ततः मानस आह्लाद भी इसे छोड़ जाता है और ५. 'यह ज्ञान की कामनावाला होगा' इस बात की तो सम्भावना ही नहीं रहती।

भावार्थ—हम ज्ञान की कामनावाले हों, ओजिष्ठ बनें।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

विजेता, अहिंसित

१३२४. त्वं सुतो मदिन्तमो दधन्वान्मत्सरिन्तमः। इन्दुः सत्राजिदस्तृतः ॥ २ ॥

प्रभु कहते हैं कि १. त्वं सुतः-(सुतमस्यास्तीति) तू निर्माणात्मक कार्यों का करनेवाला हो २. मदिन्तमः-इन निर्माण के कार्यों में लगा हुआ तू उल्लासमय जीवनवाला हो। ३. दधन्वान्-तू लोकों का धारण करनेवाला बन। ४. मत्सरिन्तमः-लोगों में उत्साह का सञ्चार करनेवाला हो। ५. सत्राजित्-सदा अपनी इन्द्रियों पर विजय करनेवाला बन। ६. अस्तृतः-इन्द्रिय-विजय के द्वारा तू अहिंसित हो।

भावार्थ—हम निर्माण के कार्यों में लगे रहें और अहिंसित जीवनवाले हों।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्योतिर्मय शक्ति

१३२५. त्वं सुष्वाणो अद्रिभिरभ्यर्ष कनिक्रदत्। द्युमन्तं शुष्ममा भर ॥ ३ ॥

'भारद्वाज बार्हस्पत्य' कैसे बनता है? इस प्रश्न का उत्तर प्रभु इन शब्दों में देते हैं—१. त्वं अद्रिभिः-(अद्रयः आदरणीयाः—नि० ९.८) आदरणीय माता-पिता व आचार्यों से तथा विद्वान् अतिथियों से सुष्वाणः-सदा उत्तम प्रेरणा प्राप्त करनेवाला हो। वस्तुतः जिस भी व्यक्ति को मातादि की उत्तम प्रेरणा प्राप्त होती है वही अपने जीवन को आदर्श ज्ञान व बल से युक्त कर पाता है। २. कनिक्रदत्-निरन्तर उस प्रभु का आह्वान करते हुए तू अभ्यर्ष-समन्तात् कार्यों में गतिवाला हो। इस प्रकार उत्तम प्रेरणा को प्राप्त होकर प्रभु स्मरणपूर्वक क्रियाओं में लगे रहने से तू ३. द्युमन्तं शुष्मम्-ज्योतिर्मय बल को अपने अन्दर आभर-समन्तात् भर ले। ज्योति को भरकर तू बार्हस्पत्य बनता है तो शक्ति-सञ्चार के द्वारा भरद्वाज होता है।

भावार्थ—बड़ों से प्राप्त प्रेरणा व प्रभु-स्मरण हमें 'भरद्वाज बार्हस्पत्य' बनानेवाले हों।

सूक्त-१६

ऋषिः—मनुराप्सवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

मधुमान् सोम

१३२६. पवस्व देववीतय इन्दो धाराभिरोजसा। आ कलशं मधुमान्त्सोम नः सदः ॥ १ ॥

५७१ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मनुराप्सवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

सोम से प्राणशक्ति का संचार

१३२७. तव द्रप्सा उदप्रुत इन्द्रं मदाय वावृधुः। त्वां देवासो अमृताय कं पपुः ॥ २ ॥

हे सोम! तव-तेरे द्रप्साः-कण (Drops) १. उदप्रुतः-शरीर में रस का सञ्चार करनेवाले (Causing water to flow, आपः-प्राणाः) हैं। ये शरीर को प्राणशक्ति-सम्पन्न करते हैं। २. अतएव इन्द्रम्-इस सोमपान करनेवाले जीव को मदाय-हर्ष के लिए वावृधुः-बढ़ाते हैं। सोमरक्षा से प्राणशक्ति प्राप्त होती है, और प्राणशक्ति से मन में प्रसन्नता का, एक विशेष प्रकार के मद का, अनुभव होता है। ३. कम्-सुख देनेवाले त्वाम्-तुझे देवासः-देवलोग अमृताय-नीरोगता के लिए पपुः-पीते हैं, सोम की ऊर्ध्वगति के द्वारा उसका शरीर में ही व्यापन करते हैं। उसी के परिणामस्वरूप १. प्राणशक्ति का अनुभव करते हैं २. मन में उल्लासवाले होते हैं। ३. शरीर में सुख बना रहता है, ४. रोग शरीर को आक्रान्त नहीं कर लेते।

भावार्थ—हम सोमपान द्वारा प्राणशक्ति, मद, सुख व नीरोगता का लाभ करें।

ऋषिः—मनुराप्सवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

क्रियावान्-ब्रह्मवित्

१३२८. आ नः सुतास इन्दवः पुनाना धावता रयिम्। वृष्टिद्यावो रीत्यापः स्वर्विदः ॥ ३ ॥

हे सुतासः इन्दवः-उत्पन्न हुए-हुए सोम कणो! तुम नः-हमें पुनानाः-पवित्र करते हुए रयिम्-ऐश्वर्य को आधावत्-समन्तात् प्राप्त कराओ। तुम्हारे द्वारा हमारा शरीर स्वस्थ हो, मन राग-द्वेषादि की वृत्तियों से शून्य हो तथा मस्तिष्क उज्वल बने। तुम वृष्टिद्यावः-धर्ममेघ समाधि में मस्तिष्करूप द्युलोक से आनन्दकणों के वर्षक हो। हे सोमकणो! तुम रीत्यापः-(अप्-कर्म, री-गतौ) कार्यों में व्यापृत करनेवाले हो, अपने पान करनेवाले को लोकहित के लिए क्रियाशील बनानेवाले हो तथा अन्त में स्वर्विदः-मोक्षरूप सुख प्राप्त करानेवाले हो। उस 'स्वर् ज्योति'-ब्रह्म को प्राप्त करने के लिए 'सोमपान' ही एकमात्र साधन है। यह सोमपान मनुष्य के लिए स्वर्ज्योति तक पहुँचने का सोपान (सीढ़ी) बन जाता है।

भावार्थ—सोमपान के द्वारा हम 'क्रियावान् ब्रह्मवित्' बनें।

सूक्त-१७

ऋषिः—अम्बरीष ऋजिश्वा च ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

'हर्यत हरि, बभ्रु' सोम

१३२९. परि त्यं हर्यतं हरिं बभ्रुं पुनन्ति वारेण।
यो देवान्विश्वा इत्परि मदेन सह गच्छति ॥ १ ॥

५५२ संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान है।

ऋषिः—अम्बरीष ऋजिश्वा च ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

प्रातः-सायं प्रभु-चिन्तन

१३३०. द्विर्यं पञ्च स्वयशसं सखायो अद्रिसंहतम्।
प्रियमिन्द्रस्य काम्यं प्रस्नापयन्त ऊर्मयः ॥ २ ॥

हमारे शरीर में हमारी इन्द्रियाँ वश में हों तो हमारी मित्र हैं, वश में न हों तो ये हमारी शत्रु हैं। ये पञ्च-पाँच ऊर्मयः-ज्ञान का प्रकाश (lights) देनेवाली इन्द्रियाँ प्रस्नापयन्तः-शुद्ध कर डालती हैं। सखायः-ये उसकी मित्रभूत होती हैं। जैसे संसार में एक सच्चा सखा अपने मित्र के जीवन को पाप से निवारित करके तथा पुण्य से जोड़कर पवित्र कर डालाता है, उसी प्रकार ये इन्द्रियाँ भी इस मनुष्य को शुद्ध करने के कारण उसकी सखा हैं।

ये यम्-जिसको शुद्ध कर डालती हैं, वह कौन है?

१. स्वयशसम्-यह आत्मा के सौन्दर्यवाला (beauty) होता है, आत्मा की ओर झुकाव-(Favour, Partiality)-वाला होता है, आत्मा को ही अपनी सम्पत्ति (wealth) समझता है, आत्मिक भोजन (food) को महत्त्व देता है (यहाँ यश शब्द के वेद में आनेवाले चारों अर्थों को लेकर 'स्वयशसं' शब्द का व्याख्यान कितना सुन्दर हो गया है?)

२. द्विः-दिन में कम-से-कम दो बार प्रातः-सायं अद्रिसंहतम्-उस न विदारण के योग्य अथवा आदरणीय प्रभु से अपने को जोड़नेवाला है। प्रातः-सायं प्रभु का ध्यान करनेवाला ही जितेन्द्रिय बन पाता है, उसी की इन्द्रियाँ उसकी मित्र होती हैं और उसके जीवन को प्रकाश से उज्ज्वल बनाती चलती हैं।

३. प्रियम्-जो सदा प्रसन्नता का अनुभव करता है, आत्मिक भोजन से तृप्ति का लाभ करता है (प्रीञ्-तर्पणे)।

४. इन्द्रस्य काम्यम्-जो उस प्रभु की प्राप्ति की कामनावाला है। जिसके जीवन की मुख्य कामना प्रभु-प्राप्ति है।

भावार्थ—हम प्रातः-सायं प्रभु ध्यान करते हुए प्रभु को ही अपना काम्य बनाएँ, जिससे इन्द्रियाँ हमारी मित्र हों और ज्ञान के प्रकाश से हमें शुद्ध करती चलें।

ऋषिः—अम्बरीष ऋजिश्वा च ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

वृत्रघ्न इन्द्र के लिए

१३३१. इन्द्राय सोम पातवे वृत्रघ्ने परि षिच्यसे। नरे च दक्षिणावते वीराय सदनासदे ॥ ३ ॥

सोम-हे सोम—वीर्यशक्ते! तू इन्द्राय पातवे-इन्द्र के पान के लिए होता है—जितेन्द्रिय पुरुष ही तेरा पान करता है। सोम को शरीर में ही व्याप्त करने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य जितेन्द्रिय बने। हे सोम! तू परिषिच्यसे-शरीर में ही चारों ओर सिक्त होता है। किनके लिए? १. वृत्रघ्ने-ज्ञान की आवरणभूत कामादि वासनाओं को नष्ट करनेवाले के लिए, अर्थात् जो मनुष्य कामादि वासनाओं को नष्ट करने के लिए प्रयत्नशील होता है उसके शरीर में यह सोम सम्पूर्ण रुधिर में व्याप्त होकर रहता है। २. नरे च-और (नृ-मनुष्य) उस मनुष्य के लिए जो कि अपने को आगे और आगे ले-चलने का निश्चय करता है। यह आगे बढ़ने की भावना भी सोम-सुरक्षा में सहायक होती है। ३. दक्षिणावते-दानशील मनुष्य के लिए यह सोम परिषिक्त होता है, अर्थात् दान की वृत्ति भी सोमरक्षा में सहायक है। यह वृत्ति मनुष्य को व्यसनों से बचाती है। व्यसनों से बचाने के द्वारा सोम-रक्षण में साधन बनती है। ४. वीराय-वीर पुरुष के लिए। वीर पुरुष अपनी वीरता को नष्ट न होने देने के लिए सोमरक्षण में प्रवृत्त होता है। ५. सदनासदे-सदन में बैठनेवाले के लिए। यहाँ सदन शब्द 'विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत' इस मन्त्रभाग की 'सीदत' क्रिया का ध्यान करते हुए सब घरवालों के मिलकर बैठने के स्थान अर्थात् यज्ञभूमि के लिए आया है। 'इस यज्ञभूमि में बैठने का स्वभाव है जिसका' उसके लिए यह सोमरक्षण सम्भव होता है।

यह सोमरक्षण करनेवाला व्यक्ति सदा सरल मार्ग से चलता है—दूसरे शब्दों में 'ऋजिश्वा' बनता है। यह ऋजिश्वा सोमरक्षण के लिए निम्न बातें करता है—

१. जितेन्द्रिय बनने का प्रयत्न करता है (इन्द्राय)
२. वासनाओं को विनष्ट करता है (वृत्रघ्ने)
३. आगे बढ़ने की वृत्ति को धारण करता है (नरे)
४. दानशील बनता है (दक्षिणावते)
५. वीर बनता है (वीराय)
६. यज्ञशील बनता है (सदनासदे)

ये बातें सोमरक्षण के होने पर हममें फूलती-फलती हैं।

भावार्थ—हम सोमरक्षण के द्वारा वीर बनें।

सूक्त-१८

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदा विराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दक्षाय+धनाय

१३३२. पवस्व सोम महे दक्षायाश्वो न निक्तो वाजी धनाय॥ १॥

४३० संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदाविराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सोमपान के तीन लाभ

१३३३. प्र ते सोतारो रसं मदाय पुनन्ति सोम महे सुम्नाय॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'अग्नयः'-उन्नति-पथ पर आगे बढ़नेवाले, धिष्ण्याः-(धिषणा-वाणी) वेदवाणी में विचरनेवाले, 'ऐश्वराः'-सदा ईश्वर की उपासना करनेवाले 'देवताः'-दिव्य गुणों को

अपनानेवाले हैं ते=वे रसम्=उस प्रभु को (रसो वै सः—तै०) सोतारः=अपने में प्रकट करनेवाले मदाय=जीवन को उल्लासमय बनाने के लिए तथा महे द्युम्नाय=महनीय ज्योति की प्राप्ति के लिए सोमम्=अपनी वीर्यशक्ति को प्रपुनन्ति=प्रकर्षेण पवित्र करते हैं।

मन्त्रार्थ से स्पष्ट है कि सोमपान के तीन लाभ हैं—१. प्रभु का दर्शन, २. जीवन में उल्लास, तथा ३. उत्कृष्ट ज्योति की प्राप्ति।

भावार्थ—हम अपने सोम को पवित्र रक्खें। इससे हमें जीवन में उल्लास व ज्योति प्राप्त होगी तथा हम प्रभु का दर्शन करके वास्तविक रस का अनुभव करेंगे।

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदाविराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु के ध्यान से सोम-शुद्धि

१३३४. शिशुं जज्ञानं हरिं मृजन्ति पवित्रे सोमं देवेभ्य इन्दुम्॥ ३॥

१. देवेभ्यः=दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए पवित्रे=ध्यान करने पर हमारे जीवनों को पवित्र बनानेवाले प्रभु में सोमम्=सोम को मृजन्ति=शुद्ध करते हैं—पवित्र बनाते हैं। प्रभु के ध्यान से सोम को दूषित करनेवाली वासनाओं का विनाश हो जाता है। इस सोम की रक्षा होने पर हममें दिव्य गुणों की वृद्धि होती है। इसी बात को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि उस सोम को वे पवित्र करते हैं जो शिशुम्=(शो तनूकरणे)=हमारी बुद्धियों को सूक्ष्म बनानेवाला है २. जज्ञानम्=जो हमारा प्रादुर्भाव वा विकास करनेवाला है ३. हरिम्=हमारे सब रोगों का हरण करनेवाला है तथा ४. इन्दुम्=हमें शक्ति देनेवाला है।

भावार्थ—हम सोम को शुद्ध रक्खें। यह शुद्ध सोम हमें तीव्र बुद्धि, विकास, नीरोगता व सबलता प्राप्त कराएगा।

सूक्त-१९

ऋषिः—अमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देवों को इन्दु की प्राप्ति

१३३५. उपो षु जातमप्तुरं गोभिर्भङ्गं परिष्कृतम्। इन्दुं देवा अयासिषुः॥ १॥

४८७ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्मरण से उत्साहमय जीवन

१३३६. तमिद्वर्धन्तु नो गिरो वत्सं संशिश्वरीरिव। य इन्द्रस्य हृदं सनिः॥ २॥

नः=हमारी गिरः=वाणियाँ इत्=निश्चय से तम्=उस प्रभु को ही वर्धन्तु=बढ़ाएँ, अर्थात् हमारी स्तुति-वाणियाँ उस प्रभु की भावना को हमारे अन्दर इस प्रकार बढ़ाएँ इव=जैसे संशिश्वरीः=उत्तम शिशुओंवाली माताएँ वत्सम्=अपने प्रिय सन्तान को बढ़ाती हैं। स्तुतिवचन मातृस्थानापन्न हैं और प्रभु की भावना सन्तान के स्थान में हैं। स्तुति-वचन प्रभु-भावना को हमारे अन्दर अधिकाधिक बढ़ाएँगे।

उस प्रभु की भावना को ये स्तुतिवचन हममें बढ़ाएँ यः=जो प्रभु इन्द्रस्य=इन्द्रियों के अधिष्ठाता

जीव के हृदं सनिः=हृदय में उत्साह प्राप्त करानेवाले हैं। जब मेरा जीवन प्रभु की भावना से ओत-प्रोत होता है तब जहाँ मुझे पवित्रता प्राप्त होती है वहाँ निर्भीकता भी प्राप्त होती है। मेरा जीवन निराशा की भावना को परे फेंककर उत्साह की भावना से भर जाता है।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण से मेरे मन में उत्साह का संचार हो।

ऋषिः—अमहीयुः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृद्धि की कारणभूत प्रेरणा

१३३७. अर्षा नः सोम शं गवे धुक्षस्व पिप्युषीमिषम्। वर्धा समुद्रमुक्थ्य॥ ३॥

'अमहीयुः'=मही को—पार्थिव भोगों को न चाहनेवाला प्रभु से प्रार्थना करता है—१. हे सोम=शान्त प्रभो! नः=हमें अर्ष=प्राप्त होओ। २. शं गवे=हमारे ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों को शान्ति प्राप्त कराइए ३. पिप्युषीम्=वृद्धि की कारणभूत इषम्=प्रेरणा को धुक्षस्व=हममें भर दीजिए। हमें वह प्रेरणा प्राप्त कराइए, जिसे प्राप्त करके हम और आगे बढ़ते चलें, सदा उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हों। ४. हे उक्थ्य=ऊँचे स्वर से गाने योग्य स्तोत्रों से स्तूयमान प्रभो! नः=हमारे समुद्रम्=ज्ञान के समुद्र को वर्धा=खूब बढ़ा दीजिए।

भावार्थ—प्रभु कृपा से हमारी इन्द्रियाँ शान्त हों। हमें उन्नति के मार्ग पर बढ़ानेवाली प्रेरणा प्राप्त हो, तथा हमारे ज्ञानसमुद्र की वृद्धि हो।

सूक्त-२०

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अग्नि-समिन्धन

१३३८. आ घा ये अग्निमिन्धते स्तृणन्ति बर्हिरानुषक्। येषामिन्द्रो युवा सखा॥ १॥

१३३ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'ज्ञान, स्तवन, त्याग'

१३३९. बृहन्निदिध्म एषां भूरि शस्त्रं पृथुः स्वरुः। येषामिन्द्रो युवा सखा॥ २॥

येषाम्=जिनका इन्द्रः=सब ऐश्वर्यों का प्रभु और सब शत्रुओं का विदारण करनेवाला परमात्मा युवा=शुभ से संपृक्त करनेवाला और अशुभ से पृथक् करनेवाला सखा=मित्र है, १. एषाम्=इनकी इध्मः=ज्ञान की दीप्ति इत्=सचमुच बृहन्=विशाल होती है अथवा सदा वृद्धि को प्राप्त होनेवाली होती है। २. इनका शस्त्रम्=(स्तोत्र) प्रभु-स्तवन भूरि=(भृ=धारण-पोषण) धारण व पोषण करनेवाला होता है। यह प्रभु का स्तवन करता है और इससे उसे शक्ति प्राप्त होती है। ३. इनका स्वरुः=त्याग (Sacrifice) पृथुः=विशाल होता है। प्रभु की मित्रता प्राप्त होने पर अन्य सब वस्तुएँ इतनी तुच्छ हो जाती हैं कि वह इनमें फँसता नहीं, इनके त्याग में आनन्द का अनुभव करता है। इस प्रकार प्रभु की मित्रता इसमें 'ज्ञान, स्तवन व त्याग' की भावना उत्पन्न करके इसे 'त्रिशोक' बना देती है। यह ज्ञान, स्तुति व त्याग से संसार में चमकता है।

भावार्थ—मैं ज्ञानी बनूँ, प्रभु का स्तोता बनूँ, और त्याग की वृत्तिवाला होऊँ।

ऋषिः—त्रिशोकः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बिना ही युद्ध के विजय

१३४०. अयुद्ध इद्युधा वृतं शूर आजति सत्वभिः। येषामिन्द्रो युवा सखा॥ ३॥

येषाम्=जिनका युवा=बुराई से पृथक् करनेवाला व भलाई से जोड़नेवाला इन्द्रः=सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाला प्रभु सखा=मित्र होता है, वह अयुद्धः इत्=(अविद्यमानं युद्धं यस्य) बिना ही किसी बड़े युद्ध के युधा=काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर आदि आसुर सैनिकों से वृतम्=घिरे हुए मन को शूरः=शूरवीर होता हुआ—शत्रुओं को शीर्ण करनेवाला बनकर सत्वभिः=सात्त्विक बलों से आजति=उखाड़ फेंकता है। प्रभु की शक्ति से यह इतना शक्तिमान् बन जाता है कि काम-क्रोधादि प्रचण्ड शत्रुओं को बिना युद्ध किये उखाड़ फेंकता है।

भावार्थ—प्रभु की मित्रता में भयंकर आसुरवृत्तियों को जीतना सुगम हो जाता है।

सूक्त-२१

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

ईशान अप्रतिष्कुत 'इन्द्र'

१३४१. य एक इद्विदयते वसु मर्ताय दाशुषे। ईशानो अप्रतिष्कुत इन्द्रो अङ्ग॥ १॥

३८९ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

उग्र-शक्ति की प्राप्ति

१३४२. यश्चिद्धि त्वा बहुभ्य आ सुतावाँ आविवासति।
उग्रं तत् पत्यते शव इन्द्रो अङ्ग॥ २॥

हे अङ्ग=(अगि गतौ) सारे ब्रह्माण्ड को गति देनेवाले प्रभो! बहुभ्यः=इन (बृंहते वर्धते इति बहु) ऐश्वर्यों से बढ़े हुए लोगों में से यः चित् हि—जो भी निश्चय से सुतावान्=यज्ञोंवाला बनकर त्वा=आपकी आविवासति=परिचर्या करता है, तत्=वह इन्द्रः=जितेन्द्रिय पुरुष उग्रं शवः=तेजस्वी-शत्रुविनाशक-बल को पत्यते—प्राप्त होता है।

सामान्यतः संसार में ऐश्वर्य पाकर कोई बिरला पुरुष ही यज्ञमय प्रवृत्तिवाला बनता है। भोगों में लिप्त होकर मनुष्य लोकहित को अपने जीवन का ध्येय नहीं बना पाता, परन्तु यदि एक-आध व्यक्ति ऐश्वर्य प्राप्त कर लोकहित करता हुआ यज्ञमय जीवन बिताता है तो वह वस्तुतः प्रभु का सच्चा उपासक होता है। प्रभु की उपासना लोकहित के द्वारा ही होती है। इस लोकहित में लगे हुए प्रभु के उपासक को 'उग्र शक्ति' प्राप्त होती है। इस उग्र शक्ति के द्वारा सब विघ्न-बाधाओं को जीतता हुआ वह अपने मार्ग पर आगे बढ़ता चलता है।

भावार्थ—यज्ञमय जीवन से प्रभु-उपासक उग्र शक्ति प्राप्त करता है। इसकी इन्द्रियाँ अन्त तक तेजस्वी बनी रहती हैं, अतः यह 'गोतम' होता है और यज्ञों में ऐश्वर्य का त्याग करनेवाला यह 'राहूगण' कहलाता है (रह त्यागे)।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

अ-यज्ञशील का नाश

१३४३. कदा मर्तमराधसं पदा क्षुम्पमिव स्फुरत्। कदा नः शुश्रवद् गिर इन्द्रो अङ्ग ॥ ३ ॥

हे अङ्ग-प्रिय! तू इस बात को समझ ले कि क-दाः-वह सब सुखों का देनेवाला प्रभु अराधसम्-ऐश्वर्यशाली बन करके भी यज्ञादि को सिद्ध न करनेवाले मर्तम्-भोगविलासों के पीछे मरनेवाले मनुष्य को इस प्रकार स्फुरत्-नष्ट कर देता है इव-जैसे पदा-पावों से क्षुम्पम्-हम अहिछत्रक (गली खुम्भ) को नष्ट कर देते हैं—फोड़ देते हैं। वे प्रभु इन ऐश्वर्य के मद से मत्त भोगविलास-ग्रसित मनुष्यों को नष्ट कर देते हैं। ऐश्वर्य का सर्वोत्तम विनियोग यज्ञ ही है। मनुष्य को यज्ञों में ही धन-सम्पत्ति का विनियोग करना चाहिए। यही सच्ची प्रभु-पूजा है।

कदाः-वे सब सुखों के देनेवाले इन्द्रः-परमैश्वर्यशाली प्रभु नः-हमारी गिरः-वाणियों को शुश्रवत्-सुनते हैं। प्रभु उन्हीं की प्रार्थना सुनते हैं जो कि 'सुतावान्'—यज्ञशील बनकर प्रभु की परिचर्या करते हैं।

भावार्थ—हम ऐश्वर्यों का प्रयोग विलास में न कर लोक-विकास में करें। अन्यथा हम प्रभु के प्रिय न होंगे। सब सुखों के देनेवाले वे प्रभु हम अयज्ञियों को तो ठुकरा ही देंगे।

सूक्त-२२

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

गायत्रिणः, अर्किणः, ब्रह्माणः

१३४४. गायन्ति त्वा गायत्रिणोऽर्चन्त्यर्कमर्किणः।
ब्रह्माणस्त्वा शतक्रत उद्वंशमिव येमिरे ॥ १ ॥

इस मन्त्र का अर्थ ३४२ संख्या पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

सानु से सानु पर आरोहण

१३४५. यत्सानोः सान्वारुहो भूर्यस्पष्ट कर्त्वम्।
तदिन्द्रो अर्थं चेतति यूथेन वृष्णिरेजति ॥ २ ॥

उन्नति के मार्ग पर आगे और आगे बढ़ता हुआ १. यत्-जब यह साधक सानोः सानु आरुहः-एक पर्वत शिखर से अगले पर्वत-शिखर पर चढ़ता है, अर्थात् जब योग की एक भूमिका से अगली भूमिका में प्रवेश करता है तब २. यह कर्त्वम्-अपने कर्त्तव्य को भूरि अस्पष्ट-खूब ही स्पष्ट रूप से देखता है (स्पश् to see, behold, perceive)। हम जितना-जितना साधना के मार्ग पर आगे बढ़ते चलेंगे उतना ही हमें अपना कर्त्तव्य-पथ स्पष्ट दिखेगा। ३. तत्-तभी इन्द्रः-यह इन्द्रियवृत्तियों को आत्मवश्य करनेवाला आत्मा अर्थम्-वस्तुतत्त्व को चेतति-ठीक-ठीक जानता है। संसार की वास्तविकता को समझने के लिए भी योगमार्ग पर चलना आवश्यक है। इस मार्ग पर चले बिना हम आत्मा और अनात्मा के, अशुचि व शुचि के, अनित्य व नित्य के और सुख व दुःख के स्वरूप में

विवेक नहीं कर पाते। ४. इस वस्तुतत्त्व को जानकर यह साधक वृष्णिः=शक्तिशाली होता हुआ तथा सबपर सुखों की वर्षा करनेवाला बनकर यूथेन=जनसमूह के साथ ही एजति=गतिवाला होता है। यह लोगों से दूर भागने का विचार नहीं करता। लोगों में ही रहता हुआ उनके अज्ञान व दुःख को दूर करने के लिए यत्नशील होता है।

सबके लिए माधुर्यमय इच्छाओंवाला यह 'मधुच्छन्दाः' सबका मित्र 'वैश्वामित्र' होता है। यह केवल अपने ही हित को नहीं चाहता।

भावार्थ—हम योग की भूमिकाओं में आगे और आगे बढ़ें, अपने कर्त्तव्य को अधिक स्पष्ट रूप में देखें, वस्तुतत्त्व को पहचानें और शक्तिशाली बनकर जनसमूह के साथ ही रहते हुए उन्हें उन्नत करें।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

तीन महान् कर्त्तव्य

१३४६. युङ्क्ष्वा हि केशिना हरी वृषणा कक्ष्यप्रा।
अथा न इन्द्र सोमपा गिरामुपश्रुतिं चर॥ ३॥

प्रभु 'मधुच्छन्दा' से कहते हैं १. हि=निश्चय से तू हरी=इन्द्रियाश्वों को अपने इस शरीररूप रथ में युङ्क्ष्व=जोत। कैसे इन्द्रियाश्वों को? (क) केशिनाः=जो प्रकाशवाले हैं (प्रकाशवन्तौ) अर्थात् जो ज्ञान की दीप्ति से दीप्त हैं (ख) वृषणा=शक्तिशाली हैं। ज्ञान और शक्ति प्राप्त करके जो (ग) कक्ष्यप्रा=(कक्ष्या—अंगुलि—नि० २.५) कर्मों के द्वारा अंगुलियों का पूरण करनेवाले हैं, अर्थात् जो इन्द्रियाश्व सदा ज्ञानपूर्वक कर्म में प्रवृत्त हैं। २. अथ=ऐसा करके, अर्थात् इन्द्रियाश्वों को शरीर-रथ में जोतकर हे इन्द्र=इन्द्रियाश्वों को वश में रखनेवाले इन्द्र! तू नः=हमारी प्राप्ति के लिए सोमपाः=सोम का—वीर्यशक्ति का—पान करनेवाला बन। सोम को अपने ही अन्दर सुरक्षित रख और ३. नः गिराम्=इन हमारी वेदवाणियों का उपश्रुतिम्=श्रवण चर=कर। तू सदा वेदवाणियों का श्रवण करनेवाला बन।

भावार्थ—इस प्रकार मधुच्छन्दा के तीन महान् कर्त्तव्य हैं—

१. प्रकाशमय, शक्तिशाली—कर्म-व्यापृत घोड़ों—इन्द्रियों को शरीर-रथ में जोतना।

२. सोम=शक्ति को शरीर में ही सुरक्षित रखना।

३. वेदवाणियों का श्रवण करना।

गत मन्त्र में कहा था कि यह साधक अपने कर्त्तव्य को स्पष्ट देखता है। उन्हीं कर्त्तव्यों का उल्लेख प्रस्तुत मन्त्र में हो गया है।

इति दशमोऽध्यायः, पञ्चमप्रपाठकश्च समाप्तः॥

अथैकादशोऽध्यायः

अथ षष्ठप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—इध्मः समिद्धो वाग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सत्सङ्ग से दिव्यता की प्राप्ति

१३४७. सुषमिन्द्रो न आ वह देवाँ अग्ने हविष्मते। होतः पावक यक्षि च ॥ १ ॥

मेधातिथि, अर्थात् जो इस संसार में निरन्तर मेधा से—समझदारी से चल रहा है वह प्रभु से आराधना करता है कि हे प्रभो! आप १. सु-समिद्धः-सम्यक्तया दीप्त हैं। आप ज्ञान-ही-ज्ञान तो हैं। 'हिरण्यगर्भ' होने से ज्योति-ही-ज्योति आपके गर्भ में है। २. अग्ने-आप अग्नि हैं, अग्रेणी हैं। स्वयं सर्वोच्च स्थान में स्थित हुए-हुए हमें भी अग्र-स्थान 'मोक्ष' को प्राप्त करानेवाले हैं। ३. होतः-(हु-दान तथा अदन) उन्नति के लिए आवश्यक सब पदार्थों को हमें देनेवाले हैं तथा साथ ही उन्नति के मार्ग में आनेवाले सब विघ्नों का अदन कर जानेवाले हैं—विघ्नों के निवारक हैं ४. और इस प्रकार पावक-अग्नि के समान सब मलिनताओं को भस्म करनेवाले प्रभो! आप हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाले हैं।

आप नः-हममें से हविष्मते-हविष्मान् के लिए, आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले के लिए देवान्-दिव्य गुणयुक्त विद्वान् पुरुषों को आवह-प्राप्त कराइए, अर्थात् हमें सदा सज्जनों का सङ्ग प्राप्त कराइए च-और इस प्रकार देवान्-दिव्य गुणों को यक्षि-हमारे साथ सङ्गत कीजिए।

स्पष्ट है कि सत्सङ्ग से सद्गुणों का जन्म होता है, परन्तु यह सत्सङ्ग भी तो प्रभुकृपा से ही प्राप्त होता है। हम प्रभु के प्रति अपना अर्पण करें—हविष्मान् बनें और वह प्रभु हमारे अन्दर 'सु-समिद्ध' हों। जैसे अग्निकुण्ड में अग्नि को दीप्त किया जाता है उसी प्रकार हम अपने अन्दर प्रभु को दीप्त करने का प्रयत्न करें, प्रभु का ध्यान करें, उसकी ज्योति को देखने का प्रयत्न करें और उसके प्रति अपना अर्पण कर डालें (हविष्मान्)। प्रभु सत्सङ्ग द्वारा हमें देव बना देंगे।

भावार्थ—अपने रथ की बागडोर प्रभु के हाथ में दे दें, सत्सङ्ग प्राप्त होगा—देवों के सङ्ग में हम भी देव बन जाएँगे।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—तनूनपात् ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मधुमान् यज्ञ

१३४८. मधुमन्तं तनूनपाद्यज्ञं देवेषु नः कवे। अद्या कृणुह्यूतये ॥ २ ॥

हे कवे-क्रान्तदर्शिन्! वेदज्ञान द्वारा सब विद्याओं का उपदेश देनेवाले प्रभो! तनूनपात्-शरीर को नष्ट न होने देनेवाले प्रभो! (प्रभु-स्मरण से आचार-विचार की पवित्रता के द्वारा दीर्घायुष्य प्राप्त होता है।) आप अद्य-आज ही, अर्थात् अविलम्ब—बिना किसी देर के नः ऊतये-हमारी रक्षा के लिए, अशुभ विचारों और व्यवहारों से बचाने के लिए हमें देवेषु-विद्वानों के सम्पर्क में मधुमन्तं यज्ञम्-मधुवाले ज्ञानयज्ञ को कृणुहि-सिद्ध कीजिए।

'विज्ञान का अध्ययन करते हुए प्रभु की महिमा का स्मरण कर ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति होती है, और यह ब्रह्मज्ञान व ब्रह्म का ध्यान हमारे जीवनों को पवित्र व मधुर बना देता है 'ये ही यज्ञ 'मधुमान् यज्ञ' कहलाते हैं। प्रभुकृपा से देवों के सम्पर्क में ये यज्ञ हमारे जीवनों में सदा चलते रहें जिससे हम आसुर वृत्तियों के आक्रमण से बचे रहें।

भावार्थ—प्रभु हमें विद्वानों का सम्पर्क प्राप्त कराएँ—उनके सम्पर्क में हम सदा ज्ञान-विज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील हों।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—नराशंसः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कैसा उपदेशक ? 'मधुजिह्व', प्रभु का स्मरण

१३४९. नराशंसमिह प्रियमस्मिन्यज्ञ उप ह्वये। मधुजिह्वं हविष्कृतम्॥ ३॥

इह-जीवन में अस्मिन् यज्ञे-इन ज्ञानयज्ञों के निमित्त उपह्वये-विद्वानों को अपने समीप पुकारता हूँ। कैसे विद्वानों को ? १. नराशंसम्-उन्नतिशील नरों से प्रशंसनीय, अर्थात् धार्मिक वृत्तिवाले लोग जिसकी प्रशंसा करते हैं। आचारहीन विद्वान् के उपदेश का प्रभाव कभी सुन्दर नहीं हो सकता। २. प्रियम्-जो देखने में प्रिय है, जिसकी आकृति डरावनी नहीं, जो सदा त्योरी चढ़ाये नहीं रहते ३. मधुजिह्वम्-जिसकी जिह्वा में माधुर्य है—जो कभी कटुशब्दों का प्रयोग नहीं करता। ४. हविष्कृतम्-जिसने अपने जीवन को हविरूप बना दिया है—लोकसंग्रह ही जिसके जीवन का मुख्य ध्येय है। ऐसे विद्वानों के द्वारा प्रणीत 'मधुमान् यज्ञों' में हम उस प्रभु का उपह्वये-आह्वान करें जो १. नराशंसम्-अपने को अग्रस्थान में प्राप्त कराने के इच्छुक नरों से सदा शंसनीय है (नर-आशंस) २. प्रियम्-चाहने योग्य है तथा तृप्ति—सच्ची निर्वृति का अनुभव करानेवाला है (कान्ति-तर्पण) ३. मधुजिह्व-जिस प्रभु की वाणी अत्यन्त माधुर्यमयी है ४. हविष्कृतम्-जो प्रभु हविरूप हैं, जिन्होंने अपने को भी सदा जीव-हित के लिए दिया हुआ है (आत्मदा)।

इस प्रकार इन यज्ञों में 'नराशंस' आदि रूप में प्रभु का स्मरण करते हुए हम भी 'नराशंसत्वादि' गुणों को अपने में धारण कर सकेंगे। यही मेधातिथित्व है—समझदारी से चलने का मार्ग है।

भावार्थ—हमारे यज्ञों में 'मधुजिह्व' प्रभु का स्मरण हो और हम भी 'मधुजिह्व' बन जाएँ।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इडः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुखतम रथ में दिव्यता का वहन

१३५०. अग्ने सुखतमे रथे देवाँ ईडित आ वह। असि होता मनुर्हितः॥ ४॥

उल्लिखित यज्ञों का परिणाम यह होता है कि हमारी एक-एक इन्द्रिय (ख) उत्तम बनती (सु) है और हमारा यह शरीर सचमुच जीवन-यात्रा का साधक होने से 'रथ' कहलाने के योग्य होता है। इस शरीर में मेधातिथि प्रभु का स्तवन करता है और प्रभु से प्रार्थना करता है—अग्ने-हे मेरे रथ के अग्रेणी! आप ईडितः-स्तुति किये जाकर सुखतमे रथे-हमारे इस शरीररूप रथ में जिसमें एक-एक इन्द्रिय (ख) अत्यन्त उत्तम (सु) बनी है, उस रथ में देवान्-दिव्य गुणों को आवह-समन्तात् प्राप्त कराइए, अर्थात् हम सब जगह से दिव्यता को ही ग्रहण करनेवाले बनें। हे प्रभो! आप होता असि-सब उत्तमताओं के देनेवाले हैं मनुः-सब कुछ जानते हैं और हितः-मेरा अधिक-से-अधिक हित चाहने व करनेवाले हैं (benevolent and beneficent)।

भावार्थ—हमारा शरीर रथ हो, एक-एक इन्द्रिय उत्तम हो, हम दिव्यता का वहन करें।

सूक्त-२

ऋषिः—मैत्रावरुणिर्वसिष्ठः ॥ देवता—आदित्यः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सूर्योदय के साथ ही

१३५१. यद्ध सूर उदितेऽनागा मित्रो अर्यमा। सुवाति सविता भगः॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'प्राणापान' की साधना करनेवाला 'मैत्रावरुणि' सब इन्द्रियों का वशी अथवा उत्तम निवासवाला 'वसिष्ठ' है। वह अपने मित्रों से कहता है—आज प्रभु की कितनी कृपा हो जाए यत्-यदि अद्य-आज सूरे उदिते-सूर्योदय के होते ही अनागाः-निष्पाप—अपापविद्ध—जिसे कभी कोई पाप छू नहीं गया मित्रः-जो सबके साथ स्नेह करनेवाला है (त्रिमिदा स्नेहने) जो मृत्यु से व पाप से बचाता है (प्रमीतेः त्रायते) अर्यमा-जो सब-कुछ देता है (अर्यमेति तमाहुर्यो ददाति) सविता-जो सब ऐश्वर्यों से सम्पन्न है तथा सब उत्तमताओं को जन्म देनेवाला है वह प्रभु हमारे अन्दर भी भगः-(भगं) सुवाति-समग्र ऐश्वर्य, वीर्य, यश, श्री, ज्ञान और वैराग्यरूप भग को जन्म दे दे।

मन्त्र की भावना स्पष्ट है कि हम सूर्योदय के साथ ही 'अनागाः, मित्र, अर्यमा, व सविता' नामोंवाले प्रभु का चिन्तन करें, उससे प्रेरणा प्राप्त करें और अपने जीवन में षड्विध भग के उदय करनेवाले बनें।

भावार्थ—हम भी प्रभु-स्मरण करते हुए निष्पाप, स्नेही, देनेवाले तथा ऐश्वर्य सम्पादन करनेवाले बनें। सूर्योदय के साथ हमारे जीवनों में भी 'भग' का उदय हो।

ऋषिः—मैत्रावरुणिर्वसिष्ठः ॥ देवता—आदित्यः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

दान से सुरक्षित घर

१३५२. सुप्रावीरस्तु स क्षयः प्र नु यामन्त्सुदानवः। ये नो अंहोऽतिपिप्रति॥ २ ॥

१. सः क्षयः-वह घर (क्षि-निवास) सुप्रावीः अस्तु-उत्तम रक्षणवाला हो, अर्थात् उसपर पाप व दुःख के आक्रमण न हों। २. नु और अब प्रयामन्-इस प्रकृष्ट जीवन-यात्रा में इस घर के लोग सुदानवः-उत्तम दान देनेवाले बने रहें, पात्रापात्र का विचार कर सदा सात्त्विक दान देनेवाले हों। ३. ये नः-हममें से जो भी अंहः अतिपिप्रति-अपने को पाप से पार ले-जाते हैं, अर्थात् जो भी व्यक्ति पाप से दूर होने का निश्चय करते हैं वे अपनी इस जीवन-यात्रा में सदा उत्तम दान देनेवाले बने रहते हैं, और इस उपाय के द्वारा अपने घर को पापों व कष्टों से बचाये रखते हैं।

पापों से पार होने की कामना होनी चाहिए, दान देना चाहिए और अपने घर को अशुभों व कष्टों से बचाना चाहिए। 'दान' शब्द के तीनों ही अर्थ हैं देना (दा-दाने), पापों का काटना (दाप् लवने), और अपना शोधन (दैप् शोधने)। 'वसिष्ठ' सदा दान की वृत्ति को अपनाता है क्योंकि दान की विरोधी भावना 'लोभ' है जो सब व्यसनों का मूल है। लोभ से काम-क्रोध पनपते हैं और मनुष्य अधिकाधिक विषयासक्त हो जाता है।

भावार्थ—वह घर सुरक्षित रहता है जहाँ कि दान की मर्यादा कभी टूटती नहीं।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—आदित्यः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

संयम तथा व्रत

१३५३. उत स्वराजो अदितिरदब्धस्य व्रतस्य ये। महो राजान ईशते ॥ ३ ॥

उत-और १. ये-जो स्वराजः-अपना शासन करनेवाले होते हैं, अपनी इन्द्रियों को अपने वश में रखते हैं, अपने जीवन को सूर्य-चन्द्रमा की भाँति सुमर्यादित (well regulated) करते हैं २. और अदब्धस्य व्रतस्य-अहिंसित-अखण्डित व्रत के अदितिः-न खण्डन करनेवाले होते हैं, अर्थात् व्रत को कभी टूटने नहीं देते। ये राजानः-देदीप्यमान, मर्यादित जीवनवाले व्यक्ति महः-तेज का ईशते-ईशन करते हैं।

वशिष्ठ तेजस्वी है, क्योंकि वह अपने पर काबू रखनेवाला है और उसका जीवन व्रती है।

भावार्थ—हम जितेन्द्रिय तथा व्रती बनें जिससे तेजस्विता के ईश हों।

सूक्त-३

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

अद्रिवः! राधः कृणुष्व

१३५४. उ त्वा मन्दन्तु सोमाः कृणुष्व राधो अद्रिवः। अव ब्रह्मद्विषो जहि ॥ १ ॥

संख्या १९४ पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

कृपणता को कुचलना

१३५५. पदा पणीनराधसो नि बाधस्व महाँ असि। न हि त्वा कश्चन प्रति ॥ २ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'प्रागाथ' प्रभु का प्रकृष्ट गायन करनेवाला है। प्रभु अपने इस भक्त से कहते हैं कि पणीन्-कृपणों को, वणिक् वृत्तिवालों को, धर्म का वाणिज्य करनेवालों को अ-राधसः-वाणिज्य वृत्ति के कारण यज्ञ न करनेवालों को (not able to perform sacrifice) पदा निबाधस्व-पावों से पीड़ित कर, अर्थात् कृपणता व अयज्ञिय भावना को तू पाँवों तले कुचल डाल। ये वृत्तियाँ तुझे घृणित प्रतीत हों। महान् असि-तू तो उदार हृदय है, तेरे हृदय में स्वार्थपरता व लोभ के लिए स्थान नहीं है।

ऐसा करने पर कश्चन-कोई भी त्वा प्रति नहि-तेरा मुक़ाबला न कर सकेगा। तेरा जीवन अद्वितीय सौन्दर्य को लिये हुए होगा। वस्तुतः जीवन में मालिन्य को लानेवाला कार्पण्य ही है इसे हमें अवश्य जीतना ही चाहिए। इस वृत्ति से हमें घृणा होनी चाहिए, इसलिए मन्त्र में इसे पाँवों तले रौंद देने को कहा है। घृणा उत्पन्न करने के लिए इससे अधिक सुन्दर और क्या कहा जा सकता है कि उसे पाँवों तले कुचल दिया जाए।

भावार्थ—कृपणता को कुचल कर ही हम अपना कुशल कर सकते हैं।

ऋषिः—प्रगाथः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सुतों व असुतों का ईश

१३५६. त्वमीशिषे सुतानामिन्द्र त्वमसुतानाम्। त्वं राजा जनानाम् ॥ ३ ॥

प्रगाथ प्रभु को उत्तर देता है—हे इन्द्र-परमैश्वर्य के स्वामिन्! मुझे कंजूस क्यों होना? यह धन मेरा थोड़े ही है त्वम्-आप ही सुतानाम्-उत्पन्न किये गये धनों के ईशिषे-ईश हैं, स्वामी हैं। हे इन्द्र! त्वम्-आप ही आसुतानाम्-न उत्पन्न किये गये धनों के प्रभु हैं। जिन धनों को लोग 'रत्नाकरों' (समुद्रों) से अथवा वसुन्धरा के आकरों (mines) से निकाल लाये हैं, वे धन वस्तुतः आपके ही तो हैं। जिनको समुद्रों व आकरों से हम नहीं निकाल सके वे भी आपके हैं ही। निकाले हुए धन 'सुत' हैं, न निकाले हुए 'असुत' हैं। हे प्रभो! त्वम्-आप ही जनानाम्-सब प्राणियों के राजा-जीवनों को नियमित कर रहे हैं। मैं तो वस्तुतः कुछ हूँ ही नहीं, यह सब आपकी ही माया है, आपका ही खेल है, मुझे तो आपने निमित्तमात्र बनाया है, अतः इस कृपणता को आपने ही कुचलना है।

भावार्थ—कृपणता को कुचलने के लिए मैं इस तथ्य को स्मरण करूँ कि सब 'सुत' व 'असुत' धनों के स्वामी प्रभु ही हैं।

सूक्त-४

ऋषिः—पराशरः शाक्त्यः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

सर्वव्यापक सोम का 'सवन'

१३५७. आ जागृविर्विप्र ऋता मतीनां सोमः पुनानो असदच्चमूषु।
सपन्ति यं मिथुनासो निकामा अध्वर्यवो रथिरासः सुहस्ताः ॥ १ ॥

१. आजागृविः-चारों ओर जागरणशील, अर्थात् सर्वत्र सावधान, सबका सदा ध्यान करनेवाले प्रभु हैं। उनसे कोई बात छिपी नहीं, कोई बात अज्ञात नहीं। २. मतीनाम्-मननशील पुरुषों के अन्दर ऋत-सत्य ज्ञान को विप्रः-विशेषरूप से पूरण करनेवाले हैं। हृदयस्थ रूप से वे प्रभु सदा सत्य ज्ञान दे रहे हैं। ३. पुनानः-इस ज्ञान के द्वारा वे प्रभु उनके जीवनों को पवित्र बना रहे हैं पवित्रता के लिए एकमात्र साधन ज्ञान ही है। ज्ञान वह अग्नि है, जिसमें सब मलिनताएँ भस्म हो जाती हैं। ४. सोमः-यह अत्यन्त शान्त प्रभु चमूषु-द्युलोक व पृथिवीलोक में, अर्थात् तदन्तर्गत प्राणिमात्र में और पदार्थमात्र में असदत्-रह रहे हैं, विराजमान हैं। कोई भी स्थल प्रभु की व्याप्ति से शून्य नहीं।

ये प्रभु वे हैं—यम्-जिनको १. मिथुनासः-दम्पती—पति-पत्नी क्या पुरुष और क्या स्त्री सभी सपन्ति-पूजते (worship) हैं, २. निकामाः-विभिन्न कामनावाले पुरुष यम्-जिसके सपन्ति-सम्पर्क (contect) में आते हैं, भिन्न-भिन्न कामनाओं से पुरुष उस प्रभु को भजते हैं। प्रभु भी उसी प्रकार उसकी कामना को पूर्ण करते हैं, ३. यम्-जिस प्रभु को अध्वर्यवः-हिंसा से शून्य जीवनवाले सपन्ति-प्राप्त (obtain) करते हैं। पूर्ण अहिंसामय जीवन ही प्रभु-प्राप्ति का मुख्य साधन है, ४. यम्-जिस प्रभु को रथिरासः-उत्तम रथोंवाले सपन्ति-अन्त में छूते (touch) हैं। यह शरीररूप रथ प्रभु-प्राप्ति के लिए ही दिया गया है, इसे रथिर व्यक्ति ही यात्रा पूर्ण करके छूनेवाले होते हैं, ५. यम्-जिस प्रभु की सुहस्ताः-उत्तम हाथोंवाले—हाथों से उत्तम कर्म करनेवाले ही सपन्ति-(to obey, to perform) आज्ञाओं का पालन करते हुए तदाज्ञानुसार कर्म करते हैं। प्रभु ने यही तो आज्ञा दी थी कि 'कर्मणे हस्तौ विसृष्टौ'—कर्म के लिए तुझे ये हाथ दिये गये हैं, अतः कर्म करते हुए सुहस्त उसके आदेश का पालन कर ही रहा है।

इस प्रकार प्रभु के सम्पर्क में आनेवाले ये व्यक्ति 'पराशर' हैं—शत्रुओं को सुदूर शीर्ण करनेवाले

हैं तथा 'शाक्त्य'-शक्ति के पुतले होते हैं।

भावार्थ—हम उस सर्वव्यापक सोम का 'सवन' (पूजन) करनेवाले बनें।

ऋषिः—पराशरः शाक्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रभु का कारिन्दा

१३५८. स पुनान उप सूरे दधान ओभे अप्रा रोदसी वी ष आवः।
प्रिया चिद्यस्य प्रियसास ऊती सतो धनं कारिणे न प्र यंसत्॥ २॥

सः-वे प्रभु १. पुनानः-अपने भक्तों को पवित्र कर रहे हैं, २. वे प्रभु सूरे-ज्ञानी के उप-समीप होते हुए दधानः-उसका धारण व पोषण कर रहे हैं। प्रभु अपने भक्त को कभी भूखे नहीं मरने देते। उसके योगक्षेम को वे चलाते ही हैं। ३. उभे रोदसी आ अप्राः-वे प्रभु द्युलोक व पृथिवीलोक दोनों को पूरण किये हुए हैं, वे सर्वत्र व्याप्त हैं। ४. सः-वे प्रभु सूरे-ज्ञानियों में वि-आवः-अपने को प्रकट करते हैं, ज्ञानी लोग हृदय में उस प्रभु का दर्शन करते हैं। ५. यस्य सतः-जिस सत्यस्वरूप प्रभु को प्रियसासः-सबके साथ प्रेम से चलनेवाले लोक ही ऊती-(ऊतये) रक्षा के लिए प्रियः-प्रिय हैं। यदि मनुष्य अन्य मनुष्यों से प्रेम करता है तो वह प्रभु का भी प्रिय होता है। प्रभु उसकी अवश्य रक्षा करते हैं। ६. प्रभु इन लोगों को उसी प्रकार धनम्-धन प्रयंसत्-देते हैं न-जैसेकि संसार में कोई स्वामी कारिणे-अपने काम करनेवाले के लिए धन देता है। वस्तुतः सबके साथ स्नेह से चलनेवाला व्यक्ति प्रभु का प्रिय तो होता ही है, प्रभु उसे अपना कारिन्दा—काम करनेवाला समझते हैं और उसके लिए उचित धन प्राप्त कराते हैं।

प्रभु की सर्वव्यापकता की भावना पिछले मन्त्र में 'असदत् चमूषु' शब्दों से कही गयी थी। वही भावना प्रस्तुत मन्त्र में 'उभे रोदसी आ अप्राः' शब्दों से व्यक्त हुई है। जीव का सुन्दरतम जीवन वही है जिसमें वह अपने को प्रभु का 'कारी' समझता है। यह प्रभु का कारी कभी व्यसनों में नहीं फँसता—व्यसनों के लिए यह 'पराशर' होता है—परिणामतः 'शाक्त्य' तो है ही।

भावार्थ—मैं अपने को प्रभु का कारी समझूँ और सभी के साथ प्रेम से चलता हुआ प्रभु का प्रिय बनूँ।

ऋषिः—पराशरः शाक्त्यः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रभु-प्राप्ति का मार्ग

१३५९. स वर्धिता वर्धनः पूयमानः सोमो मीढ्वाँ अभि नो ज्योतिषावित्।
यत्र नः पूर्वे पितरः पदज्ञाः स्वर्विदो अभि गा अद्रिमिष्णन्॥ ३॥

१. सः-प्रभु वर्धनः-सदा से वृद्ध हैं। (वर्धमानं स्वे दमे) वर्धिताः-अपने भक्तों के बढ़ानेवाले हैं। २. पूयमानः-अपने भक्तों को पवित्र करनेवाले हैं। ३. मीढ्वान्-हमपर सुखों का वर्षण करनेवाले हैं। ४. वे सोमः-शान्त प्रभु नः-हमें ज्योतिषा-ज्ञान की ज्योति से अभिआवित्-अन्दर व बाहर से रक्षित करें। वे प्रभु तेजस्विता की प्राप्ति के द्वारा बाह्य शत्रुओं से तथा ज्ञान की प्राप्ति के द्वारा अन्तःशत्रुओं से सुरक्षित करते हैं।

५. यत्र-जिस स्थिति में पहुँचकर, अर्थात् अन्तः व बाह्य शत्रुओं से सुरक्षित होकर नः-हमारे

(क) पूर्वे-अपना पूरण करनेवाले (पृ पूरणे), अपनी न्यूनताओं को दूर करनेवाले, (ख) पितरः-रक्षण के कार्यों में लगे हुए (पा रक्षणे), (ग) पदज्ञाः-मार्ग को जाननेवाले, अर्थात् संसार में 'कौन-सा मृत्यु का मार्ग है और कौन-सा ब्रह्म-प्राप्ति का' इसको समझनेवाले, (घ) स्वर्विदः-प्रकाश को प्राप्त करनेवाले, (ङ) अभिगाः-वेदवाणी की ओर चलनेवाले अद्रिम्-इस अविदारणीय (न दृणन्ति यम्) तथा आदरणीय (आदरयितव्यः) प्रभु को इष्णन्-चाहते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु-प्राप्ति के मार्ग पर चलें। वह मार्ग यह है—१. हम अपना पूरण करें, २. रक्षण के कार्यों में लगें, ३. 'आर्जव-सरलता ब्रह्म-मार्ग है' इसे समझें, ४. प्रकाश प्राप्त करें, ५. वेदवाणी की ओर चलें, ६. उस अविदारणीय प्रभु की ही कामना करें।

सूक्त-५

ऋषिः—प्रगाथो घौरः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

प्रभु का ही शंसन

१३६०. मा चिदन्यद्वि शंसत सखायो मा रिषण्यत।
इन्द्रमित् स्तोता वृषणं सचा सुते मुहुरुक्था च शंसत ॥ १ ॥

२४२ संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान द्रष्टव्य है।

ऋषिः—प्रगाथो घौरः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

किस प्रभु का शंसन

१३६१. अवक्रक्षिणं वृषभं यथा जुवं गां न चर्षणीसहम्।
विद्वेषणं संवननमुभयङ्करं मंहिष्ठमुभयाविनम् ॥ २ ॥

गत मन्त्र से 'शंसत, स्तोत' क्रियाओं का अध्याहार हो रहा है। उस प्रभु का ही स्तवन व शंसन करो जो १. अवक्रक्षिणम्-कामादि शत्रुओं के अवकर्षक (dashing down, overcoming) हैं, उनको कुचल (crush) डालनेवाले हैं। २. वृषभम्-शक्तिशाली हैं तथा सुखों के वर्षक हैं। ३. यथाजुवम्-योग्य, उचित प्रेरणा देनेवाले हैं (यथा-योग्य)। ४. गां न-इस पृथिवी के समान सब चर्षणीसहम्-मनुष्यों का सहन करनेवाले हैं—सबपर कृपा (mercy) करनेवाले हैं। भूमि माता के समान क्षमाशील हैं। ५. वि-द्वेषणम्-राग-द्वेष से रहित हैं (वि-रहित) ६. संवननम्- सब प्राणियों के लिए उचित सम्पत्ति का संविभाग करनेवाले हैं (विभक्तारम्)। ७. उभयंकरम्- अभ्युदय व निःश्रेयस दोनों को सिद्ध करनेवाले हैं। ८. मंहिष्ठम्-दातृतम हैं—अनन्त दान देनेवाले हैं तथा ९. उभयाविनम्-दोनों लोकों में रक्षा करनेवाले हैं।

नोट—'उभयंकरम्' शब्द का अर्थ यह भी किया जा सकता है कि भविष्य में कर्मानुसार निग्रह व अनुग्रह दोनों के करनेवाले हैं। प्रभु 'शिव' हैं तो 'रुद्र' भी हैं ही। हाँ, यह तो ठीक है कि प्रभु का निग्रह भी जीव के हित के लिए ही है। उससे दी गयी तो मृत्यु भी अमृत का साधन ही है।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करते हुए स्वयं भी कामादि को कुचलनेवाले बनें।

सूक्त-६

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

प्रभु-स्तवन व विजय

१३६२. उदु त्ये मधुमत्तमा गिरः स्तोमास ईरते।
सत्राजितो धनसा अक्षितोतयो वाजयन्तो रथाइव ॥ १ ॥

२५१ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

कण्व, भृगु व सूर्य

१३६३. कण्वाइव भृगवः सूर्याइव विश्वमिन्नीतमाशत।
इन्द्रं स्तोमेभिर्महयन्त आयवः प्रियमेधासो अस्वरन् ॥ २ ॥

उस विश्वम्-सम्पूर्ण संसार में, पदार्थमात्र में प्रविष्ट नीतम्-(आध्यातम्) सभी से जिसका ध्यान किया गया है, क्योंकि पापात्मा भी कष्ट आने पर प्रभु के आर्तभक्त बनते हैं—सुख में न सही दुःख में तो उसका स्मरण करते ही हैं—अतः सबसे ध्यात उस प्रभु को इत्-सचमुच आशात-प्राप्त करते हैं। कौन? १. कण्वाः इव-जो पुरुष मेधावियों के समान बनते हैं। २. भृगवः-(भ्रस्ज् पाके) जो तपस्या के द्वारा अपना पूर्ण परिपाक करते हैं, तथा ३. सूर्याः इव-निरन्तर सरणशील सूर्य के समान जो सदा गतिशील रहते हैं—कभी अकर्मा नहीं बनते। एवं, प्रभु को वे प्राप्त करते हैं जिन्होंने मस्तिष्क, मन व शरीर की साधना ठीक प्रकार से की है। जिनके मस्तिष्क में ज्ञानाग्नि दीप्त हो रही है, जिनका मानस तपःसंचय से पूर्ण पवित्र हो रहा है और जिनका शरीर सूर्य की भाँति निरन्तर कर्मशील बनकर श्रीसम्पन्न बना है (पश्य सूर्यस्य श्रेमाणं यो न तन्द्रयते चरन्)।

ये आयवः-गति को अपनानेवाले मनुष्य एक भी क्षण अकर्मण्यता को धारण न करनेवाले प्रियमेधासः-जिनको बुद्धि ही प्रिय लगती है, ये उस इन्द्रम्-परमैश्वर्यशाली, सर्वशक्तिमान् प्रभु को स्तोमेभिः-स्तुतिसमूहों से महयन्तः-पूजित करते हुए अस्वरन्-वेदमन्त्रों का सुन्दर स्वर में गायन करते हैं। प्रभु की वाणी का इस प्रकार प्रेम से उच्चारण करते हुए ये क्यों उस प्रभु को न प्राप्त करेंगे?

भावार्थ—हम 'कण्व, भृगु व सूर्य' बनकर उस सर्वव्यापक, सबसे ध्यातव्य प्रभु को प्राप्त करें। मस्तिष्क, हृदय व हाथ (Head, Heart and Hands) सभी का ठीक विकास करके हम उस पवित्र प्रभु को प्राप्त कर 'मेध्यातिथि' इस अन्वर्थक नामवाले हों।

सूक्त-७

ऋषिः—प्रस्कण्वकाण्वः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—पिपीलिकामध्यानुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

द्वेष से दूर

१३६४. पर्यू षु प्र धन्व वाजसातये परि वृत्राणि सक्षणिः।
द्विषस्तरध्या ऋणया न ईरसे ॥ १ ॥

४२८ संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान द्रष्टव्य है।

ऋषिः—त्र्यरुणस्त्रसदस्यू॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—पिपीलिकामध्यानुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

शीघ्रता से चलता हुआ

१३६५. अजीजनो हि पवमान सूर्यं विधारे शक्मना पयः।
गोजीरया रंहमाणः पुरन्ध्या॥ २॥

हे सोम! पवमान=सोमरक्षा के द्वारा अपने जीवन को पवित्र बनानेवाले तूने १. हि=निश्चय से सूर्यम्=अपने जीवन में ज्ञान के सूर्य को अजीजनः=प्रकट किया है, अर्थात् सोम को ज्ञानाग्नि का ईंधन बनाकर तूने ज्ञानाग्नि को प्रदीप्त किया है। तेरे मस्तिष्करूप द्युलोक में ज्ञान का सूर्य ही उदय हो गया है।

२. ज्ञान-प्राप्ति के अनन्तर तू शक्मना=शक्ति से पयः=लोकों का अप्यायन—वर्धन करनेवाला और विधारे=विशेषरूप से धारण करनेवाला हुआ है। ज्ञान प्राप्त करके इसने अपनी सारी शक्ति का विनियोग लोकहित में किया है—लोकों के धारण के लिए यह पूर्ण प्रयत्नशील हुआ है—लोकों के वर्धन में ही इसने आनन्द का अनुभव किया है।

३. यह अपने जीवन-मार्ग पर गो-जीरया=वेदवाणियों की जीवन देनेवाली—उनको जागरित करनेवाली पुरन्ध्या=(बहुधिया) विशालबुद्धि से रंहमाणः=तीव्रता से गतिवाला हुआ है।

एवं, ज्ञानपूर्वक लोकहित के कार्यों में लगे हुए इस त्र्यरुण ने सचमुच अपने जीवन में शरीर, मन व बुद्धि के बलों को प्राप्त करके अपने 'त्र्यरुण' नाम को चरितार्थ किया है।

भावार्थ—हम अपने जीवनों को ज्ञान द्वारा पवित्र व उज्ज्वल बनाएँ और लोकहित के मार्ग पर आगे और आगे बढ़ते चलें।

ऋषिः—त्र्यरुणस्त्रसदस्यू॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—पिपीलिकामध्यानुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सोमरक्षण व उल्लास

१३६६. अनु हि त्वा सुतं सोम मदामसि महे समर्यराज्ये।
वाजाँ अभि पवमान प्र गाहसे॥ ३॥

प्रस्तुत मन्त्र का अर्थ ४३२ संख्या पर द्रष्टव्य है।

सूक्त-८

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदाविराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

इन्द्र, मित्र, पूषा, भग

१३६७. परि प्र धन्वेन्द्राय सोम स्वादुर्मित्राय पूष्णे भगाय॥ १॥

४२७ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदाविराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अमृतत्व तथा मोक्ष

१३६८. एवामृताय महे क्षयाय स शुक्रो अर्ष दिव्यः पीयूषः॥ २॥

हे सोम! सः=वह तू १. शुक्रः=(शुच दीप्तौ, शुक् गतौ) दीप्त है—अपनी रक्षा करनेवाले को दीप्ति प्राप्त करानेवाला है। तू शरीर के अन्दर सारी क्रियाशक्ति व गति का हेतु है। २. दिव्यः=तू सब दिव्य गुणों को जन्म देनेवाला है। मानव-जीवन को ज्योतिर्मय बनानेवाला है (दिव् चमकना)। ३. पीयूषः=तू अमृत है—जीवन का कारण है, मृत्यु के कारणभूत रोगों को नष्ट करनेवाला है 'जीवनं बिन्दुधारणात्' अतएव तू पान करने योग्य है (पीय्+ऊष)।

एव=तू सचमुच इस प्रकार का है। तू अमृताय=अमृतत्व की प्राप्ति के लिए तथा महे क्षयाय=महान् निवास के लिए अर्ष=गतिवाला हो। सोम से अमृतत्व की प्राप्ति होती है। यह रोगकृमियों का संहार करके मनुष्य को मृत्यु से बचाता है। यह शरीर को शान्त बनाकर मनुष्य को उसका 'महान् निवास-स्थान' प्राप्त कराता है। यह महान् निवास-स्थान ही प्रभु हैं। 'प्रभु में निवास' ही मोक्ष कहलाता है। इस प्रकार ये सोम का पान करनेवाले 'अग्नयः'=अपने जीवन में उन्नतिशील होते हैं, 'धिष्ण्याः' उच्च स्थान की प्राप्ति के अधिकारी (worthy of a high place) बनते हैं और 'ऐश्वराः'=ये ईश्वर के होते हैं। इनका मानस झुकाव प्रकृति की ओर न होकर प्रभु की ओर होता है।

भावार्थ—हम इस बात को समझें कि सोम 'शुक्र है, दिव्य है, पीयूष है', अतएव यह अमृतत्व के लिए तथा महान् निवास की प्राप्ति के लिए होता है।

ऋषिः—अग्नयो धिष्ण्या ऐश्वराः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—द्विपदाविराट्पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ज्ञान तथा बल

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
१३६९. इन्द्रस्ते सोम सुतस्य पेयात् क्रत्वे दक्षाय विश्वे च देवाः॥ ३॥

यहाँ 'सोम' का पुरुष-विधत्व (personification) करके प्रभु कहते हैं। हे सोम=वीर्यशक्ते! सुतस्य ते=शरीर में उत्पन्न हुए-हुए तेरा इन्द्रः=जीवात्मा पेयात्=पान करे। यह सोम मुख्यरूप से शरीर के स्वास्थ्य, मानस पवित्रता तथा बुद्धि की तीव्रता के लिए दिया जाता है। इसका विलास में तो अपव्यय ही होता है। इसका नाश न होने देकर इसे शरीर में खपाना ही उचित है। वस्तुतः इसके पान से ही इन्द्र 'इन्द्र' बनता है, अन्यथा वह इन्द्रियों का दास बन जाता है।

इस सोम को विश्वे च देवाः=सब देव—'इन्द्रियाँ', मन व बुद्धि भी पीएँ, अपने अन्दर धारण करें, जिससे क्रत्वे=क्रतवे=ज्ञान के लिए, अर्थात् ज्ञानेन्द्रियाँ अक्षीणशक्ति रहकर ज्ञान को दिन दूना रात चौगुणा बढ़ानेवाली हों तथा दक्षाय=सामर्थ्य के लिए, अर्थात् कर्मेन्द्रियाँ कर्मों में लगी रहकर अङ्गों की शक्ति को बढ़ानेवाली हों। एवं, सोम ज्ञान व शक्ति को बढ़ानेवाला हो।

भावार्थ—सोमरक्षा से हम 'ज्ञान व बल' की वृद्धि करनेवाले हों।

सूक्त-९

ऋषिः—हिरण्यस्तूप आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

पवित्र तथा विनीत

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
१३७०. सूर्यस्येव रश्मयो द्रावयित्नवो मत्सरासः प्रसुतः साकमीरते।
१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
तन्तुं ततं परि सर्गास आशवो नेन्द्राबृते पवते धाम किं चन॥ १॥

गत मन्त्र के अनुसार सोम रक्षा से 'ज्ञान व बल' के बढ़ानेवाले लोग 'हिरण्यस्तूप'=वीर्य की ऊर्ध्वगतिवाले (हिरण्य=वीर्य, स्तूप् to raise) 'आङ्गिरस'=शक्तिशाली लोग १. सूर्यस्य रश्मयः इव=सूर्य की किरणों के समान होते हैं—किरणों की भाँति तेजस्वी (बलवान्) व प्रकाशमान् (ज्ञानी)

होते हैं। २. द्रावयित्नवः-सूर्य-किरणें जैसे अँधेरे को दूर भगा देती हैं, उसी प्रकार ये भी प्रजाओं के अज्ञानान्धकार को दूर करनेवाले (Driving away) होते हैं। ३. मत्सरासः-स्वयं सदा प्रसन्न तथा अन्य लोगों में हर्ष का संचार करनेवाले होते हैं। ४. प्रसुतः-ये प्रकर्षेण निर्माण के कार्यों में लगनेवाले होते हैं। ५. साकम् ईरते-ये प्रजाओं के साथ ही विचरते हैं, एकान्त में समाधि का आनन्द लेनेवाले ही नहीं बने रहते। ६. ततं तन्तुम्-वह विस्तृत एक-एक पिण्ड के अन्दर विद्यमान सूत्र ही परि-(परिभाग) इनका भाग होता है। 'मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव'-उस प्रभु में ही यह सारा ब्रह्माण्ड ओत-प्रोत है। वे प्रभु 'सूत्रं सूत्रस्य' सूत्र के भी सूत्र हैं। वह प्रभु ही इन हिरण्यस्तूपों का सेवनीय होता है। इसके परिणामस्वरूप ७. सर्गासः-ये उत्साह व दृढ़ निश्चयवाले (resolve) होते हैं, वासनाओं पर प्रबल आक्रमण (onset) करनेवाले होते हैं तथा ८. आशवः- शीघ्रता से कार्यों में व्यापृत होनेवाले होते हैं। ९. ये इस तत्त्व को समझते हैं कि इन्द्रात् ऋते-उस प्रभु के बना किंचन धाम-कोई भी स्थान न पवते-पवित्र नहीं होता, इसलिए ये हिरण्यस्तूप अपने जीवन को पवित्र (पवमान) व विनीत (सोम) बनाने के लिए सदा सूत्ररूप से अपने अन्दर वर्त्तमान उस प्रभु का सेवन करते हैं।

भावार्थ—प्रभु के स्मरण से हमारे जीवन 'पवित्र व विनीत' बनें।

ऋषिः—हिरण्यस्तूप आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

मति, माधुर्य, मन्द्रवाणी

१३७१. उपो मतिः पृच्यते सिच्यते मधु मन्द्राजनी चोदते अन्तरासनि।
पवमानः सन्तनिः सुन्वतामिव मधुमान् द्रप्सः परि वारमर्षति॥ २॥

इस 'हिरण्यस्तूप' के जीवन में क्या होता है? इस प्रश्न का उत्तर प्रस्तुत मन्त्र में है—१. उ-निश्चय से मतिः-बुद्धि उपपृच्यते-ठिकाने रहती है। इनकी बुद्धि कभी भेड़ें चराने नहीं (never goes a wool gathering) चली जाती। बुद्धि सदा ठीक-ठाक रहती है—विकृत नहीं होती। २. मधु सिच्यते-इनके जीवन में माधुर्य का सञ्चार होता है 'मधुमन्मे निक्रमणं, मधुमन्मे परायणम्'-इनका आना-जाना सारा जीवन ही माधुर्यमय हो जाता है ३. आसनि अन्तः-मुख के अन्दर मन्द्राजनी-(मन्द्र-हर्ष, अज्-परिक्षेप) चारों ओर आनन्द व सुख का परिक्षेप करनेवाली वाणी चोदते-प्रेरित होती है। ४. पवमानः-यह हिरण्यस्तूप अपने जीवन को निरन्तर पवित्र करनेवाला होता है। ५. सुन्वतां सन्तनिः इव-यह यज्ञशीलों की सन्तान के समान होता है, अर्थात् अत्यन्त यज्ञशील होता है। ६. मधुमान्-इन यज्ञ के कार्यों को अत्यन्त माधुर्य से करनेवाला होता है। ७. द्रप्सः-(दृप हर्षमोहनयोः) अपने माधुर्यमय प्रचार के कारण यह सज्जन—धार्मिकों को हर्षित करनेवाला होता है, साथ ही दुर्जन—अधार्मिकों को भी विमोहित करनेवाला होता है, वे भी इसके उपदेश से मोहित व वशीभूत हो जाते हैं। ८. इस प्रकार यह 'हिरण्यस्तूप' परिवारम्-(वधैसुव कुटुम्बकम्) इस पृथिवीरूप विस्तृत परिवार की ओर अर्षति-गतिवाला होता है।

भावार्थ—हमारा जीवन भी मति, माधुर्य, व मन्द्रवाणी को लिये हुए हो।

ऋषिः—हिरण्यस्तूप आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

प्रभु बोलते हैं, हिरण्यस्तूप सुनता है

१३७२. उक्षा मिमेति प्रति यन्ति धेनवो देवस्य देवीरुप यन्ति निष्कृतम्।
अत्यक्रमीदर्जुनं वारमव्ययमत्कं न निक्तं परि सोमो अव्यत॥ ३॥

१. उक्षा=वह महान् प्रभु (उक्षेति महन्नाम—नि० ३.३ उक्षतेर्वृद्धिकर्मणः) मिमेति=शब्द करता है—सृष्टि के प्रारम्भ में ही वह वेदों का ज्ञान देता है। २. धेनवः=ये वेदवाणियाँ 'अग्नि, वायु, आदित्य, अङ्गिरा' आदि ऋषियों की प्रतियन्ति=ओर जाती हैं। प्रभु उच्चारण करते हैं और ये अग्नि आदि जो 'हिरण्यस्तूप' हैं—ऊर्ध्वरेतस् हैं, वे इन वाणियों को सुनते हैं। ३. इस प्रकार देवस्य=दिव्य गुणोंवाले उस प्रभु की देवीः=ये दिव्य वेदवाणियाँ निष्कृतम्=अग्नि आदि के पवित्र हृदय को उपयन्ति=सम्यक् प्राप्त होती हैं। मलिन हृदय में इनका प्रकाश कैसे हो सकता है? ४. इन दिव्य वाणियों को प्राप्त करके यह 'हिरण्यस्तूप' अर्जुनम्=सोने-चाँदी (Silver-gold) के अव्ययम्=सनातन—कभी क्षीण न होनेवाले वारम्=आक्रमण को अथवा आवरण को अत्यक्रमीत्=लाँघ जाता है। ज्ञान प्राप्त होने पर ये धन के लोभ से ऊपर उठ जाता है। ५. सोमः=यह सौम्य स्वभाववाला विद्वान् अत्कम्=(अत सातत्यगमने) निरन्तर गतिशील होने के न=समान नित्तम्=शुद्धस्वरूप प्रभु को परि अव्यत=अपने में दोहने—पूरण करने का प्रयत्न करता है।

नोट—१. प्रतियन्ति=प्रभु-वाणियाँ आती तो प्रत्येक की ओर हैं, परन्तु हमें फुरसत हो तब तो सुनें, हमें तो जीवन की उलझनें ही उलझाए रखती हैं। सरलता से चलेंगे तो अवश्य सुनेंगे। २. निष्कृतम्=हमारा हृदय परिमार्जित होगा तो हमें भी वे वाणियाँ अवश्य प्राप्त होंगी। ३. प्रभु पवित्र हैं, क्योंकि क्रियाशील हैं, मैं भी क्रियाशीलता के अनुपात में ही पवित्र बन पाऊँगा। ४. यह धन का आवरण—हिरण्मयपात्र का आवरण तो अव्यय है, अपने आप नष्ट होनेवाला नहीं। इसे तो प्रयत्न करके ही दूर फेंकना पड़ेगा। 'निष्कृतम्' का अर्थ (atonement) भी है, अतः जो भी परमेश्वर के साथ ऐक्य (at-one-ment) में होता है उसी को ये वाणियाँ प्राप्त होती हैं।

भावार्थ—प्रभु बोलें—हम सुनें।

सूक्त—१०

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु-दर्शन

१३७३. अग्निं नरो दीधितिभिरण्योर्हस्तच्युतं जनयत प्रशस्तम्।
दूरेदृशं गृहपतिमथव्युम्॥ १॥

७२ संख्या पर यह मन्त्र व्याख्यात है।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वे प्रभु 'सुप्रतिचक्ष' हैं

१३७४. तमग्निमस्ते वसवो न्यृण्वन्त्सुप्रतिचक्षमवसे कुतश्चित्।
दक्षाय्यो यो दम आस नित्यः॥ २॥

१. वसवः=(परमात्मनि वसन्तीति वसवः) परमात्मा में निवास करनेवाले अथवा जीवन में उत्तम प्रकार से निवासवाले, और वसुओं में भी उत्तम वसु 'वसिष्ठ' नामक लोग तम्=उस अग्निम्=सदा अग्रगति के साधक प्रभु को अस्ते=इस शरीररूप गृह में न्यृण्वन्=निश्चय से प्राप्त होते हैं। 'अस्त' शब्द गृहवाचक है—यहाँ 'शरीररूप घर' अभिप्रेत है। 'अस्त' शब्द 'असु क्षेपणे' से भाव में 'क्त' प्रत्यय करके भी बनता है—और निमित्त सप्तमी मानने से अर्थ यह होता है कि

वासनाओं के दूर फेंकने के निमित्त वसिष्ठ प्रभु की ओर जाता है। वासनाओं को प्रभु-स्मरण से ही तो हम जीतेंगे। २. वे प्रभु सुप्रतिचक्षम्-बहुत ही उत्तमता से प्रत्येक व्यक्ति की देखभाल करनेवाले हैं (चक्ष्—to look after)। वे प्रभु किसका ध्यान नहीं करते? हाँ, जीव की उन्नति के लिए उसे स्वतन्त्रतापूर्वक कार्य करने देना भी आवश्यक है—वहाँ जीव कभी लड़खड़ा जाता है और चोट खा जाता है। ३. वे प्रभु कुतश्चित्-किसी भी भयानक-से-भयानक शत्रु से भी अवसे-हमारी रक्षा के लिए होते हैं। प्रभु नाम-स्मरण से ही काम भागता है। ४. शत्रुओं को भगाकर दक्षाय्यः-ये प्रभु हमारी उन्नति (growth) के लिए होते हैं—हमारी शक्तिवृद्धि के कारण बनते हैं। ५. कौन से प्रभु? यः-जो कि दमे-दान्त पुरुष में नित्यः आस-सदा निवास करते हैं। हम भी दान्त बनकर प्रभु के निवास बन पाएँगे। उस दिन सचमुच उस प्रभु को हम अपने शरीररूप घर में पानेवाले होंगे।

भावार्थ—हमें प्रभु का दर्शन इसी शरीर में होगा, परन्तु होगा तभी जब हम दान्त बनेंगे। आत्मसंयम का धनी ही प्रभु-दर्शन पाता है।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

निरन्तर ज्ञान की दीप्ति के साथ

१३७५. प्रेद्धो अग्ने दीदिहि पुरो नोऽजस्रया सूर्म्या यविष्ठ।
त्वां शश्वन्त उप यन्ति वाजाः॥ ३॥

हे अग्ने-हम सबकी अग्रगति के साधक प्रभो! यविष्ठ-हे युवतम! पुण्य से सम्पृक्त तथा पाप से विपृक्त करनेवाले प्रभो! आप प्रेद्धः-आत्मसंयम द्वारा शरीरवेदि पर समिद्ध किये जाकर अजस्रया सूर्म्या-निरन्तर—सतत प्रबुद्ध—ज्ञान दीप्तियों (radiance, lustre) के साथ नः पुरः-हमारे सामने दीदिहि-दीप्त होओ, अर्थात् आपकी कृपा से हम निरन्तर ज्ञान की दीप्ति को देखनेवाले बनें। हे प्रभो! त्वाम्-आपको शश्वन्तः-प्लुतगतिवाले, अर्थात् क्रिया में आलस्यशून्य (शश प्लुतगतौ) वाजाः-यज्ञशील (A sacrifice) लोग उपयन्ति-समीपता से प्राप्त होते हैं, प्रभु की प्राप्ति के लिए 'निरालस्य उद्योग' तथा 'यज्ञशीलता' दोनों ही आवश्यक हैं।

भावार्थ—हम आलस्य को छोड़ें तथा यज्ञशील बनें।

सूक्त-११

ऋषिः—सार्पराज्ञी॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

त्रिंशद्धाम विराजति

१३७६. आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातरं पुरः। पितरं च प्रयन्त्स्वः॥ १॥

१३७७. अन्तश्चरति रोचनास्य प्राणादपानती। व्यख्यन्महिषो दिवम्॥ २॥

१३७८. त्रिंशद्धाम वि राजति वाक्पतङ्गाय धीयते। प्रति वस्तोरह द्युभिः॥ ३॥

इन मन्त्रों की व्याख्या क्रमशः ६३०, ६३१ तथा ६३२ पर द्रष्टव्य है।

इत्यैकादशोऽध्यायः, षष्ठप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

अथ द्वादशोऽध्यायः

षष्ठप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—गोतमो राहूगणः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

किसकी प्रार्थना सुनी जाती है ?

१३७९. उपप्रयन्तो अध्वरं मन्त्रं वोचेमाग्नये। आरे अस्मे च शृण्वते ॥ १ ॥

राहूगण—त्यागियों में गिनने योग्य, अर्थात् उत्तम त्यागी पुरुष अपने मित्रों को प्रेरणा देता हुआ कहता है कि १. अध्वरम्-हिंसाशून्य यज्ञों के उपप्रयन्तः-समीप प्रकर्षेण प्राप्त होते हुए हम २. अग्नये-हमें आगे और आगे ले-चलकर मोक्षस्थान में प्राप्त करानेवाले प्रभु के लिए मन्त्रं वोचेम-स्तुतिवचनों का उच्चारण करें। उस प्रभु के लिए जोकि आरे-दूर च-तथा अस्मे-हमारे समीपवालों की पुकारों को शृण्वते-सुनते हैं।

हमें प्रभु की स्तुति तो करनी ही चाहिए, परन्तु इस स्तुति की एक आवश्यक शर्त है कि हम पुरुषार्थ करने के उपरान्त ही प्रार्थना करें। बिना पुरुषार्थ के सब स्तवन भाटों के स्तवन के समान है। उसकी उपयोगिता सन्दिग्ध है। हमारा पुरुषार्थ भी यज्ञात्मक हो। हमारे कर्म विध्वंसक कर्म न होकर निर्माणात्मक हों। निर्माणात्मक कर्मों को करते हुए हम प्रभु-स्तवन करेंगे तो वे प्रभु हमारी पुकार अवश्य सुनेगें। वे प्रभु समीप व दूर सबकी बातों को सुनते हैं। 'हम पात्र बनेंगे तो प्रभु न सुनेंगे' यह नहीं हो सकता। वे प्रभु तो सर्वत्र व्याप्त हैं—उनके लिए समीप व दूर कुछ नहीं है। हम अध्वर को अपने साथ संयुक्त करके 'अध्वर्यु' बनें, प्रभु अवश्य सुनेंगे। इस प्रकार अध्वर्यु बनकर उत्तम इन्द्रियोंवाले हम प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'गोतम' भी तो होंगे।

भावार्थ—हम यज्ञमय जीवनवाले, त्याग की वृत्तिवाले 'राहूगण' बनें, जिससे हम इस योग्य हों कि प्रभु हमारी प्रार्थना सुनें।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

'गय' की प्राप्ति

१३८०. यः स्नीहितीषु पूर्व्यः संजग्मानासु कृष्टिषु। अरक्षद्दाशुषे गयम् ॥ २ ॥

यः-वे प्रभु स्नीहीतीषु-(स्नेहकारिणीषु—द०) परस्पर स्नेह करनेवाली संजग्मानासु-सदा मिलकर चलनेवाली कृष्टिषु-कृषि आदि उत्पादक श्रम करनेवाली प्रजाओं में पूर्व्यः-पूरणता को उत्पन्न करनेवालों में उत्तम हैं। प्रभु हमारे जीवनों को पूर्ण बनाते हैं; बशर्ते कि—१. हम परस्पर स्नेहवाले हों, २. मिलकर चलें, ३. कुछ-न-कुछ निर्माण का कार्य अवश्य करें। जिस घर में लोग परस्पर प्रेम से चलते हैं, एक विचार के होकर मिलकर चलते हैं, जहाँ सब पौरुषवाले होकर आलस्य से दूर रहते हैं उस घर पर सदा प्रभु की कृपादृष्टि बनी रहती है।

दाशुषे—दानशील और अन्ततोगत्वा प्रभु के प्रति आत्म-समर्पण करनेवाले व्यक्ति के लिए प्रभु गयम्-उत्तम सन्तान को (नि० २.१), उत्तम धनों को (नि० ८.१०), उत्तम गृह को (नि०

३.४) तथा उत्तम प्राणशक्ति को (प्राणा वै गयाः—श० १४.८.१५.७) अरक्षत्—प्राप्त कराते हैं। एक दानशील, प्रभु के प्रति समर्पक का जीवन अत्यन्त सुखी, शान्त, समृद्ध व स्वस्थ होता है। 'जो देता है—प्रभु उसे देते हैं' इस तत्त्व को राहूगण कभी भूलता नहीं।

भावार्थ—हममें स्नेह, सङ्गति, पुरुषार्थ व दानशीलता हो तो प्रभुकृपा से हमारा जीवन बड़ा फूलता-फलता होगा।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

'अमात्यं वेदः'-शाश्वत धन

१३८१. स नो वेदो अमात्यमग्नी रक्षतु शन्तमः। उतास्मान् पात्वंहसः ॥ ३ ॥

सः-वे प्रभु जो अग्निः-आगे और आगे ले-चलनेवाले हैं तथा शन्तमः-हमें अधिक-से-अधिक शान्ति प्राप्त करानेवाले हैं नः-हमारे अमात्यम्-सदा साथ रहनेवाले (अमा सह वसतीति) वेदः-धन को रक्षतु-रक्षित करें। प्राकृतिक धन सदा मनुष्य के साथ नहीं रहता—यह तो आता-जाता रहता है और मृत्यु के समय यहीं रह जाता है, परन्तु ज्ञानरूप धन सदा हमारे साथ रहता है, यह मरण के समय भी हमारा साथ न छोड़कर हमारे साथ ही जाएगा, अतः यह ज्ञानरूप धन 'अमात्यं वेदः' कहा गया है। प्रभु हमारे इस ज्ञान-धन की रक्षा करें, क्योंकि इस धन के होने पर अन्य धन तो प्राप्त हो ही जाएँगे और इसके अभाव में होते हुए धन भी नष्ट हो जाएँगे। इसके अतिरिक्त ज्ञान न होने पर मनुष्य अपवित्र मार्गों से भी धन कमाने लगता है। ज्ञानाग्नि हमारे जीवन को पवित्र बनाये रखती है। मन्त्र में भी इसीलिए प्रार्थना करते हैं कि प्रभु हमारे ज्ञान की रक्षा करें उत-और अस्मान्-हमें अंहसः-पाप से पातु-बचाएँ। ज्ञान होने पर हम सुपथ से ही धनार्जन करेंगे। सुपथ से धनार्जन करने पर हमारे जीवनों में शान्ति होगी और हम उन्नति के मार्ग पर बढ़ रहे होंगे। शान्त, उन्नत जीवनवाले हम 'वसिष्ठ'-सर्वोत्तम निवासवाले होंगे। यह वसिष्ठ ही प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि है। यह ज्ञानाग्नि की दीप्ति व पापनिवारण के लिए प्राणापान की साधना करने से 'मैत्रावरुणि' है।

भावार्थ—प्रभु सदा हमारे साथ रहनेवाले ज्ञान-धन की रक्षा करें और हमें पापों से बचाएँ।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मन्त्रोच्चारण, ज्ञान, वासनाविजय

१३८२. उत ब्रुवन्तु जन्तव उदग्निर्वृत्रहाजनि। धनञ्जयो रणेरणे ॥ ४ ॥

उत-प्रभु कहते हैं कि मेरी कामना (would that) है कि जन्तवः-जन्म लेनेवाले व्यक्ति ब्रुवन्तु-(ब्रू-व्यक्तायां वाचि) वेदमन्त्रों का स्पष्ट उच्चारण करें। ज्ञानप्राप्ति का क्रम ही यह था कि शैशव में गुरु से उच्चरित मन्त्रों का शिष्य उच्चारण करते थे। ज्ञानप्राप्ति का यही तो मुख्य द्वार था। इस उच्चारण प्रक्रिया का परिणाम यह होगा कि अग्निः-ज्ञानाग्नि उदजनि-उत्कृष्टरूप से प्रज्वलित होकर वृत्रहा-ज्ञान के आवरक काम का ध्वंस कर डालेगी।

यह वसिष्ठ—जिसके जीवन में इस ज्ञानाग्नि का प्रकाश फैलता है—रणे-रणे-वासनाओं से चलनेवाले प्रत्येक रण में धनं जयः-धन का विजेता होता है। प्रत्येक युद्ध में विजय प्राप्त करके यह अपने ज्ञानधन को और अधिक बढ़ानेवाला होता है।

भावार्थ—हम शैशव से ही मन्त्रोच्चारण करें, जिससे हमारी ज्ञानाग्नि बढ़े और हम वासनाओं

के साथ होनेवाले संग्राम में धनों के विजेता हों।

सूक्त-२

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'साधु, आशु, अरंवोढा' अश्व

१३८३. अग्ने युङ्क्ष्वा हि ये तवाश्वासो देव साधवः। अरं वहन्त्याशवः॥ १॥

मन्त्र संख्या २५ पर इसका अर्थ इस प्रकार है—हे अग्ने-हमारी उन्नति के साधक! देव-दिव्य गुणोंवाले प्रभो! आप हि-निश्चय से ये-जो तव-तेरे अश्वासः-घोड़े साधवः-यात्रा को सिद्ध करनेवाले, आशवः-शीघ्रगामी तथा अरं वहन्ति-अनथकरूप से वहन करनेवाले हैं, उनको हमारे शरीररूप रथ में युङ्क्ष्व-जोड़िए।

भावार्थ—हमारे इन्द्रियरूप अश्व 'साधु, आशु, तथा अरंवोढ़ा' हों, जिससे हमारी जीवन-यात्रा पूर्ण हो।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उपासना, सतत उद्योग, सत्सङ्ग

१३८४. अच्छा नो याह्या वहाभि प्रयांसि वीतये। आ देवान्त्सोमपीतये॥ २॥

'भरद्वाज बार्हस्पत्य'—अपने में शक्ति भरनेवाला—ज्ञान का पुञ्ज बनने के लक्ष्यवाला प्रभु से प्रार्थना करता है—हे प्रभो! १. नः अच्छ आयाहि-आप हमारी ओर आइए—अर्थात् हम आपको प्राप्त करनेवाले बनें—आपके उपासक हों। २. आप प्रयांसि अभि आवह-उत्तम भोजन व उद्योगों को (food; effort) हमें प्राप्त कराइए, अर्थात् हम सात्त्विक भोजनों का प्रयोग करते हुए (प्रयस्वन्तः-बहु प्रयत्नशील—ऋ० ३.५२.६ द०) सदा पुरुषार्थ करनेवाले हों। उन्नति के लिए सदा उद्योग करते रहें। तामस् भोजन हममें निष्क्रियता पैदा न कर दें तथा राजस् भोजन हमें रुग्ण करके पुरुषार्थ के अयोग्य न कर दें। ३. आ-सर्वथा देवान्-दिव्य गुणयुक्त ज्ञानी पुरुषों को आवह-हमें प्राप्त कराइए, जिससे उनके सङ्ग में हम वीतये-अपने जीवनों को पवित्र करने व प्रकाशमय (lustre; purifying) बनाने में समर्थ हों तथा इसी उद्देश्य से सोमपीतये-सोम का शरीर में ही पान करनेवाले बनें, संयमी जीवनवाले हों।

भावार्थ—हम १. प्रभु के उपासक बनें, २. सात्त्विक भोजनों का प्रयोग करते हुए उन्नति के लिए प्रयत्नशील हों, ३. विद्वान् सज्जनों के सङ्ग में हम अपने जीवनों को पवित्र बनाएँ, प्रकाशमय करें और सदा सोम का पान करनेवाले हों। सोम की रक्षा ही जीवन की सब उन्नतियों का मूल है।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शोच, विभाहि (पवित्रता व ज्योति)

१३८५. उदग्ने भारत द्युमदजस्रेण दविद्युतत्। शोचा वि भाह्यजर॥ ३॥

अग्ने-हे उन्नत करके मोक्षस्थान को प्राप्त करानेवाले प्रभो! भारत-नित्य अभियुक्तों के योगक्षेम का भरण करनेवाले प्रभो! अथवा संसारमात्र के पोषक प्रभो! द्युमत्-ज्योतिर्मय प्रभो! अजस्रेण दविद्युतत्-निरन्तर प्रकाश फैलानेवाले प्रभो! अजर-कभी भी जीर्ण न होनेवाले प्रभो! आप हमें भी

इस संसार के प्रलोभनों से उत्-ऊपर उठाकर, बाहर (out) निकालकर शोच-पवित्र बनाइए और विभाहि-हमारे जीवनों को ज्योतिर्मय कर दीजिए।

हे प्रभो! आपका उपासक बनता हुआ मैं भी अग्नि-आगे बढ़नेवाला बनूँ, भारत—भरण करनेवाला नकि नाश करनेवाला होऊँ, द्युमत्—अपने जीवन को ज्योतिर्मय बनाने का उद्योग करूँ अजस्रेण दविद्युतत्—निरन्तर ज्योति का प्रसार करनेवाला होऊँ। आपकी उपासना मुझे संसार के प्रलोभनों में फँसने से बचाए तथा मेरा जीवन आपकी ज्योति से ज्योतिर्मय हो उठे।

भावार्थ—हे प्रभो मुझे पवित्र कीजिए—मेरे जीवन को ज्योतिर्मय कर दीजिए।

सूक्त-३

ऋषिः—प्रजापतिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

लोभरूप महान् विघ्न

१३८६. प्र सुन्वानायान्धसो मर्तो न वष्ट तद्वचः।
अप श्वानमराधसं हता मखं न भृगवः॥ १॥

५५३ संख्या पर मन्त्रार्थ इस प्रकार है—मन्त्र का ऋषि अपने मित्रों से कहता है कि भृगवः-अपना परिपाक करनेवाले तपस्वियो! अराधसम्-सिद्धि न होने देनेवाली श्वानम्-लोभवृत्ति को उ-निश्चय से अपहत-दूर विनष्ट करो न मखम्-यज्ञिय भावना को नहीं। मर्तः-हे मनुष्यो! अन्धसः-आध्यातव्य परमात्मा के प्रसुन्वानाय-अपने अन्दर खूब विकास करनेवाले के लिए तत् वचः-वेदों के अर्थवादरूप वे वचन न वष्ट-रुचिकर (काम्य) नहीं होते।

भावार्थ—काम्य कर्मों का न्यास करके हम नैष्कर्म्यसिद्धि द्वारा प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—प्रजापतिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

कितना परिवर्तन ?

१३८७. आ जामिरत्के अव्यत भुजे न पुत्र ओण्योः।
सरज्जारो न योषणां वरो न योनिमासदम्॥ २॥

मनुष्य इस संसार में न जाने कहाँ-कहाँ भटकता है। इधर-उधर भटकने से ही उसका नाम 'जामि' हुआ है (जमतेर्गतिकर्मणः)। यह भटकता हुआ जीव प्रभु-चरणों में ही रक्षण पाता है। मन्त्र में कहते हैं कि आजामिः-नाना विषयों में चारों ओर भटकनेवाला यह जीव अत्के-उस सतत गतिशील—स्वाभाविकी क्रियावाले प्रभु के चरणों में उपस्थित होकर ही अव्यत-रक्षित होता है, न-उसी प्रकार जैसेकि पुत्रः-पुत्र ओण्योः-द्यावापृथिवी (द्यौष्पिता, पृथिवी माता) के तुल्य माता-पिता की भुजे-भुजाओं में।

'इस रक्षा के पाने पर जीव के जीवन में क्या अन्तर आ जाता है, इसका उत्तर बहुत काव्यमय भाषा में देते हैं कि आज तक जो जारः न-अपनी शक्तियों को जीर्ण करनेवाला—वासना का शिकार-सा बना हुआ योषणां सरत्-पर-दाराओं के प्रति जा रहा था, भोगविलास में ग्रसित था, वह भोगासक्त पुरुष सब भोगों को तिलाञ्जलि देकर वरः न-एक वर पुरुष की भाँति योनिम् आसदत्-अपने घर पर स्थित हुआ है। अब वह पर-दाराभिमर्षण से परे हो गया है। अब वह वासनाओं से दूर होकर

उत्तम चरित्रवाला बनकर घर पर ही सदाचारपूर्वक निवास करता है, इधर-उधर भटकता नहीं। अब यह वस्तुतः उत्तम सन्तानों का पिता—रक्षक बनकर प्रजापति नामवाला हुआ है—सबके प्रति प्रेम से चलता हुआ 'वैश्वामित्र' है और प्रशंसनीय जीवनवाला होने से 'वाच्य' है।

भावार्थ—विषयों में भटकनेवाला प्रभु-चरणों में शरण पाकर सुरक्षित हो जाता है, जार वर बन जाता है। घर से बाहर इधर-उधर भटकनेवाला घर पर शान्त होकर रहनेवाला हो जाता है।

ऋषिः—प्रजापतिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'वाच्य' का जीवन

१३८८. स वीरो दक्षसाधनो वि यस्तस्तम्भ रोदसी।
हरिः पवित्रे अव्यत वेधा न योनिमासदम्॥ ३॥

गत मन्त्र में उल्लेख हुआ था कि प्रभु की शरण में यह 'जार' 'वर' बन जाता है। अब विषयों में न भटकने से १. सः वीरः-यह वीर बनता है। २. दक्षसाधनः-(दक्ष-बल, growth-उन्नति) बल व उन्नति का सिद्ध करनेवाला होता है। ३. यः-यह वह बनता है जो रोदसी-द्युलोक और पृथिवीलोक को वितस्तम्भ-थामता है, अर्थात् ऐसे ही लोगों पर जगत् का आधार होता है, अथवा यह अपने शरीररूप पृथिवीलोक को स्वस्थ रखता है और मस्तिष्करूप द्युलोक को जगमगाता हुआ। ४. हरिः-यह औरों के दुःखों का हरण करनेवाला पवित्रे-उस पवित्र प्रभु में अव्यत-अपनी रक्षा करता है। ५. वेधाः न-एक समझदार व्यक्ति की भाँति योनिम्-अपने घर में आसदम्-बैठता है। अब यह इधर-उधर विषय-वासनाओं की खोज में भटकता नहीं फिरता, धीमे-धीमे यह स्थिरवृत्ति का बनता चलता है।

भावार्थ—हम वीर, बल के बढ़ानेवाले, शरीर व मस्तिष्क के संस्थापक (न क्षीणशक्तिवाले), प्रभु चरणों में अपने को सुरक्षित करें और समझदार बनकर घर पर रहनेवाले बनें।

सूक्त-४

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्)॥ स्वरः—ऋषभः॥

आध्यात्मिक संग्राम

१३८९. अभ्रातृव्यो अना त्वमनापिरिन्द्र जनुषा सनादसि। युधेदापित्वमिच्छसे॥ १॥

३९९ संख्या पर यह मन्त्र इस प्रकार व्याख्यात है—हे इन्द्र-जीवात्मन्! त्वम्-तू जनुषा-जन्म से सनात्-अनादिकाल से अभ्रातृव्यः-शत्रु से रहित है अनापिः-मित्र से रहित असि-है। हे जीव! तू युधा इत्-काम-क्रोधादि के साथ होनेवाले आध्यात्मिक युद्ध में विजय के लिए आपित्वम्-मेरी मित्रता को इच्छसे-चाहता है।

भावार्थ—आध्यात्मिक संग्राम में विजय-प्राप्ति की इच्छा से हम प्रभु के मित्र बनें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

धन का नशा (धनोन्माद)

१३९०. न की रेवन्त सख्याय विन्दसे पीयन्ति ते सुराश्वः।
यदा कृणोषि नदनुं समूहस्यादित्पितेव हूयसे॥ २॥

हे प्रभो! आप रेवन्तम्=धनवाले को सख्याय=मित्रता के लिए न विन्दसे=नहीं प्राप्त करते हो। संसार में धनी आदमियों का झुकाव प्रायः प्रभु की ओर नहीं होता। ते=वे सुराश्वः=(सुर ऐश्वर्ये) अपने ऐश्वर्य में बढ़े हुए, सदा अपने ऐश्वर्य में ही विचरनेवाले (श्वि गतिवृद्ध्योः) पीयन्ति=खूब शराब इत्यादि पीते हैं और प्रभु का उपहास करते हैं (द० १२.४२ पीयति=निन्दति) धन के मद में ये खूब शराब आदि पीते हैं, आस्तिकता का उपहास उड़ाते हैं और (नि० ४.२५ हिंसन्ति) गरीबों की हिंसा करते हैं। वस्तुतः उनकी हिंसा करके ही तो ये अपने ऐश्वर्य को बढ़ाते हैं।

परन्तु यदा=जब प्रभु नदनुम्=भूकम्पादि की गर्जना (Sounding, Roaring) कृणोषि=करते हैं और समूहसि=उनकी सारी सम्पत्ति पर झाड़ू लगा देते हैं—अर्थात् उनकी सभी सम्पत्ति का सफ़ाया कर देते हैं तब आत् इत्=इसके बाद शीघ्र ही पिता इव हूयसे=हे प्रभो! आप पिता की भाँति पुकारे जाते हो।

धन के नशे में मनुष्य प्रभु को भूल जाता है—यह नशा उतरते ही प्रभु का स्मरण हो आता है। धनी १. पीता था, २. प्रभु का उपहास करता था, ३. गरीबों का गला घोटता था। उसे धन ही प्रभु दिखता था। धन के आवरण ने प्रभु को उससे ओझल कर रक्खा था। आज उस पर्दे के हटते ही प्रभु का दर्शन हो गया है। अब यह अपने जीवन का सुभरण (उत्तम सञ्चालन) करके 'सोभरि' बन गया है। धन का मादक प्रभाव न रहने से यह 'काण्व' (मेधावी) हो गया है।

भावार्थ—हम धन के मद में प्रभु को न भूल जाएँ।

सूक्त-५

ऋषिः—मेधातिथिर्मेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

'ब्रह्मयुजः' न कि 'हरयः'

१३९१. आ त्वा सहस्रमा शतं युक्ता रथे हिरण्यये।
ब्रह्मयुजो हरय इन्द्र केशिनो वहन्तु सोमपीतये॥ १॥

२४५ संख्या पर मन्त्रार्थ इस रूप में है—मेध्यातिथि—मेध्य प्रभु की ओर जानेवाले की चित्तवृत्तियाँ ब्रह्मयुजः=उसे ब्रह्म से मिलानेवाली होती हैं, केशिनः=प्रकाशवाली होती हैं। ये हिरण्यये रथे=ज्योतिर्मय शरीररूप रथ में युक्ताः=युक्त हुई-हुई शतं सहस्रम्=सैकड़ों व हज़ारों चित्तवृत्तियाँ त्वा=तुझे आ=सर्वथा सोमपीतये=शक्ति के पान के लिए आवहन्तु=ले-चलें। हे इन्द्र=जितेन्द्रिय पुरुष! हरयः=भटकानेवाली ये वृत्तियाँ अब न भटककर तुझे सोमपान करनेवाला बनाएँ।

भावार्थ—हमारी चित्तवृत्तियाँ 'हरयः' न रहकर 'ब्रह्मयुजः' हो जाएँ।

ऋषिः—मेधातिथिर्मेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सफ़ेद व काली पीठवाले घोड़े

१३९२. आ त्वा रथे हिरण्यये हरी मयूरशेप्या।
शितिपृष्ठा वहतां मध्वो अन्धसो विवक्षणस्य पीतये॥ २॥

संसार में मनुष्य दो भागों में विभक्त हैं, कुछ समझदार हैं कुछ नासमझ। समझदार धीर पुरुष

प्रेय और श्रेय में विवेक करके श्रेयमार्ग का ही अवलम्बन करता है। इसी व्यक्ति को वेद में मेधातिथि=बुद्धि की ओर निरन्तर चलनेवाला कहा है। इस मार्ग पर चलते-चलते एक दिन यह 'मेध्यातिथि'=उस पवित्र प्रभु का अतिथि बनता है। प्रभु इससे कहते हैं कि त्वा=तुझे हिरण्यये=इस ज्योतिर्मय रथे=शरीररूप रथ में जुते हुए हरी=घोड़े—इन्द्रियरूप अश्व आवहताम्=सर्वथा ले-चलें। कैसे घोड़े? १. मयूर शेप्या=(मयति इति मयूः, मय गतिमत्योः)—ज्ञान और गति=कर्म का निर्माण करनेवाली (शेप्), अर्थात् ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ। तेरी ज्ञानेन्द्रियाँ निरन्तर ज्ञानवृद्धि में लगी हों और कर्मेन्द्रियाँ उत्तम कर्मों के करने में लगी हों। २. शितिपृष्ठा=(शिति=white, black) जो घोड़े सफ़ेद और काली पीठवाले हैं। ज्ञानेन्द्रियरूप अश्व तो ज्ञान की वृद्धि करते हुए शुक्लमार्ग से मोक्ष को प्राप्त करनेवाले हैं, और कर्मेन्द्रियरूप अश्व यज्ञ-यागादि काम्य कर्मों में निरन्तर लगे रहकर 'कृष्णमार्ग' से स्वर्ग में ले-जानेवाले हैं। इसी विचार से इन्हें यहाँ सफेद व काली पीठवाला कहा गया है। ये घोड़े हमें किधर ले-चलें? पीतये=पीने के लिए। किसके पान के लिए? अन्धसः=अत्यन्त ध्यान देने योग्य (आध्यायनीय) सोमपान के लिए, जोकि मध्वः=अत्यन्त मधुर है—जीवन में वास्तविक माधुर्य को लानेवाला है, और विवक्षणस्य=विशिष्ट उन्नति (वक्ष=wax बढ़ना) का हेतु है। इस सोम की रक्षा से ही हमें उस सर्वमहान् सोम=प्रभु को पाना है।

भावार्थ—हमारी ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ ज्ञानप्राप्ति व यज्ञादिकर्मों में लगी रहें। यही वस्तुतः सोमपान—वीर्यरक्षा का सर्वोत्तम साधन है।

ऋषिः—मेधातिथिमेध्यातिथी काण्वौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु की सुन्दरतम कृति

१३९३. पिबा त्वा ३स्य गिर्वणः सुतस्य पूर्वपाइव।
परिष्कृतस्य रसिन इयमासुतिश्चारुर्मदाय पत्यते॥ ३॥

हे जीव! तू गिर्वणः=वेदवाणियों का सेवन करनेवाला है—उन वाणियों के द्वारा प्रभु का उपासक है (वन्=संभक्ति), पूर्वपाः इव=सबसे प्रथम पान करनेवाले की भाँति अस्य सुतस्य=इस शरीर में उत्पन्न हुए-हुए सोम का पिब तु=पान कर ही। इसे तू अवश्य अपने शरीर में सुरक्षित करनेवाला बन। यह सोम १. परिष्कृतस्य=शरीर में बड़ी विशिष्ट व्यवस्था से तैयार किया जाकर शरीर को स्वास्थ्यादि गुणों से अलंकृत करनेवाला है। २. रसिनः=यह जीवन में एक अनिर्वचनीय रस उत्पन्न करता है और अन्त में उस 'रस' स्वरूप प्रभु को प्राप्त करानेवाला है।

प्रभु जीव से कहते हैं कि इयम् आसुतिः=इस सोम (वीर्य) की उत्पत्ति चारुः=अत्यन्त सुन्दर है, अर्थात् यह मेरी सुन्दरतम कृति है। यह मदाय=जीवन में विशिष्ट उल्लास के लिए पत्यते=समर्थ होती है। इससे ही जीवन का सारा माधुर्य प्राप्त होता है। इसी से इसका नाम ही 'मधु' हो गया है।

भावार्थ—सोमरक्षा का सर्वोत्तम साधन ज्ञानप्राप्ति में लगे रहना और प्रभु का उपासक बनना है। सोमरक्षा को हम प्रमुखता देंगे तो हमारा जीवन परिष्कृत, चारु व मद=उल्लासवाला होगा।

सूक्त-६

ऋषिः—ऋजिश्वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्)॥ स्वरः—ऋषभः॥

प्रभु की भावना से अपने को भर लें

१३९४. आ सोता परि षिञ्चताश्वं न स्तोममप्तुरं रजस्तुरम्। वनप्रक्षमुदप्रुतम्॥ १॥

५८० संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—'ऋजिश्वा भारद्वाज' (सरल, शक्ति-सम्पन्न) अपने सब मित्रों को प्रेरणा देता है कि—आ-सर्वथा सोत-प्रभु की भावना को अपने में उत्पन्न करो—उसका चिन्तन करो, परिषिञ्चत-उसके चिन्तन से अपने को सींच लो। जो प्रभु १. अश्वम्-सर्वव्यापक है, २. नः स्तोमम्-हमारे द्वारा स्तुति करने योग्य हैं, ३. अप्तुरम्-हमें उत्तम कर्मों की प्रेरणा देनेवाले हैं, ४. रजस्तुरम्-वे प्रभु हमें प्रकाश प्राप्त कराते हैं, ५. वनप्रक्षम्-संविभाग की भावना से हमारा सम्पर्क करानेवाले हैं, ६. उदप्रुतम्-वे प्रभु अपनी करुणा से हममें भी करुणाजल उत्पन्न करनेवाले हैं।

भावार्थ—हम सदा प्रभु का स्मरण करें।

ऋषिः—ऊर्ध्वसद्मा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

द्युलोक में जन्म लेनेवाला

१३९५. सहस्रधारं वृषभं पयोदुहं प्रियं देवाय जन्मने।
ऋतेन य ऋतजातो विवावृधे राजा देव ऋतं बृहत्॥ २॥

मनुष्य पुण्यकर्मों से उच्च लोकों में जन्म लेता है और पापकर्मों से अधोलोकों में। पुण्यकर्मा व्यक्ति ऊर्ध्वसद्मा-उत्कृष्ट लोकों में घरवाला बनता है। हीनाकर्षण से ऊपर उठा होने के कारण यह 'आङ्गिरस'-शक्तिशाली बना रहता है। वह कहता है कि—'उस प्रभु का स्तवन करो' (परिषिञ्चत) यः-जो—

१. सहस्रधारम्-हज़ारों प्रकार से हमारा धारण करनेवाला है। २. वृषभम्-हमारी सब आवश्यक वस्तुओं की हमपर वर्षा करनेवाला है—सर्वशक्तिमान् है। ३. पयोदुहम्-ज्ञानरूप दुग्ध का दोहन करनेवाला है। ४. प्रियम्-हमें तृप्त करनेवाला है—जिसके स्मरण से निर्वृति का अनुभव होता है ५. ऋतजातः-जो सत्य का उत्पत्ति-स्थान है। ६. ऋतेन विवावृधे-जो ऋत के द्वारा ही हममें बढ़ता है—अर्थात् जितना-जितना मैं सत्य को अपनाता चलता हूँ उतना-उतना ही प्रभु का प्रकाश मुझमें अधिकाधिक होता जाता है। ७. राजा-देदीप्यमान है तथा सारे ब्रह्माण्ड का नियामक है। ८. देवः-सब दिव्यताओं का पुञ्ज है। ९. ऋतम्-सत्यस्वरूप है। १०. बृहत्-सदा वृद्ध है—बढ़ा हुआ है (वर्धमानं स्वे दमे)।

इस प्रभु का स्तवन हम इसलिए करें कि देवाय जन्मने-हमें देवलोक में जन्म मिले, पवित्र व सम्पन्न घरों में हम जन्म लें। प्रभु-स्तुति का अन्तिम परिणाम तो मोक्ष-प्राप्ति ही है—परन्तु उस मार्ग पर चलने से हम लक्ष्य पर नहीं भी पहुँचते तो उत्कृष्ट लोकों में तो जन्म होता ही है।

भावार्थ—हम प्रभु-स्तवन करें, जिससे हमारा जन्म उत्कृष्ट लोकों में हो।

सूक्त-७

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृत्र-विनाश

१३९६. अग्निर्वृत्राणि जङ्घनद् द्रविणस्युर्विपन्यया। समिद्धः शुक्र आहुतः॥ १॥

मन्त्र संख्या ४ पर इसका अर्थ इस प्रकार है—अग्निः-आगे ले-चलनेवाले वे प्रभु वृत्राणि-ज्ञान की आवरक वासनाओं को जंघनत्-नष्ट करते हैं। वे प्रभु द्रविणस्युः-हमारे संचित द्रविण को

चाहते हैं, अर्थात् हम धन को प्रभु-अर्पण कर दें। विपन्यया-इस विशिष्ट स्तुति के द्वारा वे प्रभु हमारे वृत्रों का नाश करते हैं। वे प्रभु १. समिद्धः-हममें दीप्त होते हैं। २. शुक्रः-हमसे जाए जाते हैं और ३. आहुतः-हमसे समर्पित होते हैं।

भावार्थ—हम अपना सब-कुछ प्रभु को सौंपें। प्रभु हमारे शत्रुओं का विनाश करेंगे।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

'अग्नि' का निर्माण मातृगर्भ में

१३९७. गर्भे मातुः पितुष्पिता विदिद्युतानो अक्षरे। सीदन्नृतस्य योनिमा ॥ २ ॥

यह सिद्धान्त अब सुज्ञात है कि बालक का वास्तविक निर्माण मातृगर्भ में ही होता है। उस समय माता की एक-एक क्रिया बच्चे को प्रभावित कर रही होती है। 'दिवास्वपन्त्याः स्वापशीलः' इत्यादि ब्राह्मणग्रन्थों के वाक्य इस सिद्धान्त को पुष्ट कर रहे हैं। मन्त्र कहता है कि मातुः गर्भे-माता के गर्भ में ही बालक पितुः पिता-पिता का पिता, अर्थात् ऊँचे-से-ऊँचा ज्ञानी बन सकता है। वहाँ इसकी शिक्षा के ठीक होने पर यह संसार में आ-आता है, कैसा बनकर? १. अक्षरे विदिद्युतानः-अक्षरों में विशेषरूप से देदीप्यमान, अर्थात् अनक्षर (Illiterate नहीं, साक्षर literate)-विद्वान् तथा २. ऋतस्य योनिम् आसीदन्-ऋत के स्थान में निवास करता हुआ।

इस कथन से स्पष्ट है कि माता चाहे तो बालक को ऊँचे-से-ऊँचा ज्ञानी तथा संयमी बना सकती है। संस्कृत साहित्य में ज्ञानी को 'पिता' कहते हैं। यह बालक ज्ञानियों का भी ज्ञानी बनने से 'पितुः पिता' कहा गया है। 'ऋत' का अभिप्राय 'ठीक स्थान पर तथा ठीक समय पर' है। माता चाहे तो बालक को इस प्रकार बड़ा मर्यादामय जीवनवाला बना सकती है। एवं, ज्ञानी और संयमी पुरुष का निर्माण तो मातृगर्भ में ही होता है। जिस प्रकार दो अरणियों के सम्पर्क से भौतिक अग्नि की उत्पत्ति होती है उसी प्रकार माता-पितारूप अरणियों से सन्तानरूप अग्नि का उद्भावन होता है। मातृरूप अरणि ने इस सन्तानाग्नि को बड़ा देदीप्यमान तथा ऋत की योनि में स्थित होनेवाला बनाना है।

भावार्थ—माताएँ चाहें तो बच्चों को ऊँचे-से-ऊँचा ज्ञानी व संयमी बना सकती हैं।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञानी सन्तान की कामना

१३९८. ब्रह्म प्रजावदा भर जातवेदो विचर्षणे। अग्ने यद्दीदयद्दिवि ॥ ३ ॥

पिछले मन्त्र में उत्तम सन्तान का उल्लेख था। उसी प्रसङ्ग में कहते हैं कि हे प्रभो! यह सब तो आपकी कृपा से होता है। हे जातवेदः-सर्वज्ञ! विचर्षणे-विशेषरूप से सबका ध्यान (चर्षणिः पश्यतिकर्मा—to look after) करनेवाले अग्ने-सबकी उन्नति-साधक प्रभो! प्रजावत्-प्रजा की भाँति ब्रह्म-ज्ञान को भी तो आभर-समन्तात् हमारे अन्दर भरने का ध्यान कीजिए। आपने हमें सन्तान प्राप्त कराई है तो ज्ञान भी प्राप्त कराइए। मूर्ख सन्तान से तो 'अजात और मृत' सन्तानें ही अच्छी हैं। सन्तान न हुई हो अथवा होकर मर गयी हो तो उतना दुःख नहीं होता जितना कि मूर्ख-सन्तान से। पहली दो एक बार ही दुःख देनेवाली होती हैं—मूर्ख सन्तान तो पग-पग पर दुःख का कारण बनती है, इसलिए हे प्रभो! हमें तो वही सन्तान दीजिए, यत्-जो दिवि-ज्ञान के प्रकाश में दीदयत्-खूब चमकनेवाली हो और दिवि-विद्वानों में दीदयत्-शोभा पाए। संक्षेप में हमारी सन्तान

'भरद्वाज'—बल-सम्पन्न होती हुई 'बार्हस्पत्य'—ऊँचे ज्ञानवाली हो।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हम ज्ञानी सन्तान प्राप्त करें।

सूक्त-८

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

मनुष्य से देव

१३९९. अस्य प्रेषा हेमना पूयमानो देवो देवेभिः समपृक्त रसम्।
सुतः पवित्रं पर्येति रेभन् मितेव सद्म पशुमन्ति होता ॥ १ ॥

५२७ संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान इस प्रकार है—अस्य प्रेषा-इस प्रभु की प्रेरणा से और हेमना-गतिशीलता के द्वारा पूयमानः-अपने जीवन को पवित्र बनाता हुआ देवः-मनुष्य से देव बन जाता है। देवेभिः-इन दिव्य गुणों के द्वारा यह रसम्-आनन्दमय प्रभु के समपृक्त-सम्पर्क में आता है। सुतः-प्रेरणा को प्राप्त यह व्यक्ति रेभन्-प्रभु का स्तवन करता हुआ पवित्रम्-उस पूर्ण पवित्र प्रभु को पर्येति-सर्वथा प्राप्त होता है, इव-जैसे होता दानपूर्वक अदन करनेवाला मिता-माप कर बनाये हुए पशुमन्ति-गौ आदि पशुओंवाले सद्म-घरों में प्रवेश करता है।

भावार्थ—हम देव बनकर प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

प्रभु के सात आदेश

१४००. भद्रा वस्त्रा समन्यावसानो महान् कविर्निवचनानि शंसन्।
आ वच्यस्व चम्वोः पूयमानो विचक्षणो जागृविर्देववीतौ ॥ २ ॥

प्रभु कहते हैं कि हे जीव! देववीतौ-दिव्य गुणों की व्याप्ति—प्राप्ति के निमित्त आवच्यस्व-तू समन्तात् गतिवाला हो। क्या करता हुआ? १. भद्रा-कल्याणकर समन्या-संग्राम के योग्य (समन-संग्राम) अथवा व्याकुलता पैदा न करनेवाले (चम्-अवैक्लव्ये) वस्त्रा वसानः-वस्त्रों को धारण करता हुआ। वस्त्र ऐसे होने चाहिएँ जो (क) सरदी-गरमी से बचाकर कल्याण करें (ख) रोगों से मुक़ाबला करने के लिए उचित हों (ग) घबराहट को पदा करनेवाले न हों। एवं, शरीर की नीरोगता के दृष्टिकोण से ही वस्त्र-व्यवस्था होनी चाहिए। २. महान्-हृदय में महान् बनता हुआ, दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए हृदय की विशालता अत्यन्त आवश्यक है। संकुचित हृदय के साथ दिव्य गुणों का वास नहीं। ३. कविः-तू क्रान्तदर्शी बन। वस्तुओं को ठीक रूप में देखनेवाले उनमें आसक्त नहीं होते और दिव्य गुणों की ओर बढ़ पाते हैं। ४. निवचनानि-प्रभु के गुणवर्णनात्मक वचनों का शंसन्-उच्चारण करता हुआ। ये वचन ही हमारे सामने एक उच्च लक्ष्यदृष्टि पैदा करते हैं। ५. चम्वोः पूयमानः-द्यावापृथिवी में, अर्थात् शरीर व मस्तिष्क में पवित्र होता हुआ। प्रभुगुण-वर्णन शरीर व मस्तिष्क दोनों को ही निर्मल बनाता है। ६. विचक्षणः-एक विशिष्ट दृष्टिकोणवाला। संसार में यदि हमारे जीवन का एक उत्कृष्ट दृष्टिकोण होगा तभी हम कुछ उन्नति कर पाएँगे, इसके बिना तो बहनामात्र (Drifting) होता है, उन्नति नहीं। ७. जागृविः-एक ऊँची लक्ष्यदृष्टि के साथ हमें सदा जागते हुए होना चाहिए, असावधानी से तो न जाने कब हम वासनाओं का शिकार हो जाएँ?

भावार्थ—प्रभु के उपदेश के अनुसार मन्त्र वर्णित सात बातों को हम अपने जीवनों में सप्त-समवेत करने के लिए यत्नशील हों।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रभु को प्रिय कौन ?

१४०१. समु प्रियो मृज्यते सानो अव्ये यशस्तरो यशसां क्षैतो अस्मे।
अभि स्वर धन्वा पूयमानो यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ३॥

प्रभु कहते हैं कि उ-निश्चय से संप्रियः-वह जीव ही हमें प्रिय है, जो—१. मृज्यते-गत मन्त्र में वर्णित सात बातों से शुद्ध कर दिया जाता है २. अव्ये-(अव-भागदुघ-प्रभु के गुणों को अपने में पूरण करना) प्रभु के गुणों को अपने में दोहने के सानो-सानौ-शिखर पर होता है, अर्थात् अधिक-से-अधिक दिव्य गुणों का अपने में दोहन करता है। ३. यशसां यशस्तरः-इसी कारण जो यशस्वियों में भी यशस्वी बनता है। ४. जो अस्मे क्षैतः-(क) हमारी ओर गति कर रहा है (क्षि-गति) प्रभु की ओर चल रहा है न कि प्रकृति की ओर (ख) अथवा जो हमारे ही कार्य के लिए (अस्मे) लोकहित के ही लिए इस पार्थिव शरीर में वा पृथिवी पर निवास कर रहा है (क्षि निवास)। ५. धन्वा-वासनाओं के लिए मरुस्थल बने हुए (धन्वा-मरु) हृदय से पूयमानः-निरन्तर पवित्र होता हुआ अभिस्वर-चारों ओर इस वेदज्ञान का उपदेश करे। इसे चाहिए कि हृदय में वासनाओं को न उमड़ने दे और प्रभु के उपदेश को—सन्देश को चारों ओर फैला दे। परिव्राजक ने परिव्रजन करते हुए यही तो करना है। ६. अन्त में प्रभु इससे कहते हैं कि यूयं पात-तुम अपनी रक्षा करो। ऊँचे-से-ऊँचा व्यक्ति इस प्रलोभनपूर्ण संसार में फँस सकता है, अतः प्रभु का यह निर्देश अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। गत मन्त्र में भी कहा था कि यहाँ तो 'जागृवि'-सदा जागते हुए और विचक्षण एक विशिष्ट दृष्टिकोण को रखते हुए चलना है। ७. स्वस्तिभिः-(सु अस्ति) उत्तम जीवनों के द्वारा सदा नः-तुम सदा हमारे ही हो। वसिष्ठों ने अपने जीवनों को उत्कृष्ट जितेन्द्रियता से, वशित्व से उत्तम बनाया है। इसी उत्तम जीवन के कारण वे प्रभु के हैं। ये तो वस्तुतः केवल प्रभु का सन्देश सुनाने के लिए ही यहाँ आये हैं, परन्तु फिर भी माया 'माया' ही है—यह भी अत्यन्त प्रबल है, इनके लिए स्खलन-भय बना ही हुआ है, अतः प्रभु का अन्तिम निर्देश आवश्यक ही है कि 'तुम अपनी रक्षा करो'—कहीं औरों की रक्षा करते-करते स्वयं विनष्ट हो जाओ।

भावार्थ—हम अपने अन्दर दिव्यता का दोहन करें—यशस्वी जीवन बिताएँ—प्रभु के निमित्त जीवन का अर्पण करें, अपने हृदयों को वासनाओं के लिए मरुस्थल बना डालें, प्रभु के सन्देश को सर्वत्र सुनाएँ—अपनी भी रक्षा करते हुए उत्तम जीवन से प्रभु के ही बने रहें। इस प्रकार के वसिष्ठ ही प्रभु के प्यारे होते हैं।

सूक्त-९

ऋषिः—तिरश्चीराङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

परिव्राजक के उपदेश का मुख्य विषय

१४०२. एतो न्विन्द्रं स्तवाम शुद्धं शुद्धेन साम्ना।
शुद्धैरुक्थैर्वावृध्वांसं शुद्धैराशीर्वान् ममत्तु॥ १॥

३५० संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है—

गत मन्त्र में उल्लेख था कि 'अभिस्वर धन्वा पूयमानः'=अपने हृदय को पवित्र करता हुआ तू वेदोपदेश कर। इस मन्त्र में उस उपदेश का संकेत है। यह उपदेशक 'तिरश्चीः' (तिरः अञ्चति) तिरोहित होकर—(छिपे ही रहते हुए—अब तक संन्यासियों में अपने नामादि बतलाने की प्रथा नहीं) गति करता है—परिव्राट् तो यह है ही। प्रभु के कार्य में लगा होने से 'आङ्गिरस'=शक्तिशाली है। वासनाओं के लिए अपने हृदय को जो मरुभूमि बना देता है उसे ऐसा होना ही चाहिए। यह उपदेश करता है कि—एत उ=आओ, चारों ओर से यहाँ एकत्र हो जाओ। नु=अब इन्द्रम्=उस परमैश्वर्यशाली प्रभु का हम स्तवाम=स्तवन करें। जो शुद्धम्=पूर्ण शुद्ध है। उसका स्तवन शुद्धेन साम्ना=शुद्ध, शान्त मनोवृत्ति से करें। शुद्धैः उक्थैः=शुद्ध वचनों से वावृध्वांसम्=बढ़नेवाले उस प्रभु का हम स्तवन करें। प्रत्येक को चाहिए कि—शुद्धैः=शरीर, मन व बुद्धि को पवित्र बनाकर आशीर्वान्=सबके लिए शुभ इच्छाओंवाला होकर ममत्तु=सदा प्रसन्न मनवाला होकर विचरे।

भावार्थ—प्रभुभक्त निर्द्वेष मनवाला होता है, सत्यवाणीवाला तथा प्रसन्न वदनवाला यह लोकहित के लिए प्रभु-सन्देश सुनाता है और लोगों को प्रभु-प्रवण करने का प्रयत्न करता है। अगले मन्त्र में यह वर्णन है कि वह क्या कहता है—

नोट—मन्त्र संख्या १४०१ तथा १४०२ को पढ़ने से स्पष्ट है कि १४०२वाँ मन्त्र ३५० की आवृत्ति होते हुए भी यहाँ आवश्यक है।

ऋषिः—तिरश्चीराङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सम्मिलित स्तवन

१४०३. इन्द्र शुद्धो न आ गहि शुद्धः शुद्धाभिरूतिभिः।
शुद्धो रयिं नि धारय शुद्धो ममद्धि सोम्य॥ २॥

गत मन्त्र में कहा था कि 'प्रभु का स्तवन करें'। प्रस्तुत मन्त्र में वही स्तवन दिया जाता है—१. हे इन्द्र=परमैश्वर्यशाली प्रभो! शुद्धः=पूर्ण शुद्ध आप नः आगहि=हमें प्राप्त होओ। आपको प्राप्त कर हम भी शुद्ध बन पाएँ। २. शुद्धः=आप पूर्ण शुद्ध हो। शुद्धाभिः ऊतिभिः=अपने शुद्ध संरक्षणों से नः आगहि=हमें प्राप्त होओ, अर्थात् आपके रक्षण ही हमारे जीवनों को शुद्ध बनाते हैं, आपके ये रक्षण हमें सदा प्राप्त हों। ३. शुद्धः=हे प्रभो! आप पूर्ण शुद्ध हो। रयिं निधारय=आप ही हममें निवास के लिए आवश्यक धन धारण कीजिए, अर्थात् आपका स्मरण करते हुए हम शुद्ध मार्गों से ही धन का उपार्जन करें 'अग्ने नय सुपथा राये'। ४. हे सोम्य=अत्यन्त शान्तस्वरूप प्रभो! शुद्धः=पूर्ण शुद्ध आप ममद्धि=हमपर प्रसन्न हों। आपकी कृपादृष्टि सदा हमपर बनी रहे—हम कभी आपके अप्रिय न हों।

भावार्थ—शुद्ध प्रभु का स्तवन हमारे जीवनों को भी शुद्ध कर डाले।

नोट—प्रस्तुत मन्त्र की यह बात विशेष ध्यान देने योग्य है कि सब मिलकर प्रभु-स्तवन करते हुए निश्चय करते हैं कि हम शुद्ध मार्गों से ही धनार्जन करेंगे। इस मायामय संसार में जीवन शोधन के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण बात यही है। यही स्तवन अगले मन्त्र में भी चलता है—

ऋषिः—तिरश्चीः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

शुद्धता Purification (शुद्धीकरण)

१४०४. इन्द्र शुद्धो हि नो रयिं शुद्धो रत्नानि दाशुषे।
शुद्धो वृत्राणि जिघ्नसे शुद्धो वाजं सिषाससि ॥ ३ ॥

१. हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! शुद्धः-आप पूर्ण शुद्ध हैं। हि-निश्चय से नः-हमें रयिम्-धन को सिषाससि-देना चाहते हैं। यदि हम अपने जीवनों को शुद्ध बनाते हैं—नित्य सत्त्वस्थ होने का प्रयत्न करते हैं तो आप हमारे योगक्षेम का अवश्य ध्यान करते हैं। २. हे प्रभो! शुद्धः-आप पूर्ण शुद्ध हो दाशुषे-आपके प्रति अपना अर्पण करनेवाले के लिए आप रत्नानि-रत्नों को सिषाससि-देने की कामना करते हैं। प्रभुभक्त को सदा उत्तम रमणीय धन प्राप्त होते ही रहते हैं। ३. हे प्रभो! शुद्धः-आप तो पूर्ण शुद्ध हैं ही। आप हमारे भी वृत्राणि-ज्ञान के आवरणभूत कामादि को जिघ्नसे-नष्ट करते हैं। शुद्ध प्रभु का स्तवन हमारे जीवनों को भी शुद्ध बनाता है और उसमें से वासनाओं का उन्मूलन कर देता है। ४. हे प्रभो! शुद्धः-पूर्ण शुद्ध आप हमें भी वाजं सिषाससि-वह शक्ति, त्याग व ज्ञान देते हैं जो हमें भी शुद्ध बना देता है। वाज शब्द के तीनों ही अर्थ हैं। शक्ति शरीर को शुद्ध बनाती है, त्याग मन को तथा ज्ञान बुद्धि को।

भावार्थ—हम शुद्ध जीवनवाले बनकर शुद्ध मार्ग से ही धन कमानेवाले बनें।

सूक्त-१०

ऋषिः—सुतम्भर आत्रेयः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु-स्मरण मनोरथों का पूरक है

१४०५. अग्ने स्तोमं मनामहे सिध्रमद्य दिविस्पृशः। देवस्य द्रविणस्यवः ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'सुतम्भर' है—यज्ञों का भरण करनेवाला। यह कहता है कि—इन यज्ञों के लिए द्रविणस्यवः-द्रविण की इच्छावाले हम अग्नेः-सबको आगे ले-चलनेवाले दिविस्पृशः-सदा ज्ञान के प्रकाशवाले देवस्य-दिव्य गुणसम्पन्न प्रभु के सिध्रम्-सब मनोरथों को सिद्ध करनेवाले स्तोमम्-स्तुतिसमूह को अद्य-आज मनामहे-(म्ना अभ्यासे) पुनः-पुनः उच्चरित करते हैं।

प्रभु का स्मरण हमें यज्ञियवृत्तिवाला बनाता है। इन यज्ञों के लिए ही हम धन की कामना करते हैं। यह धन भी तो हमें उसी प्रभु ने प्राप्त कराना है। धन के द्वारा हम यज्ञशील बनते हैं तो हमारा जीवन उन्नत होता है (अग्नि) हमारे ज्ञान का प्रकाश बढ़ता है (दिविस्पृक्) तथा हमारा जीवन दिव्य गुणोंवाला होता है (देव)।

भावार्थ—हम प्रभु का स्मरण करें, जिससे धन प्राप्त करके हम यज्ञशील जीवनवाले हों।

ऋषिः—सुतम्भर आत्रेयः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

हमें सत्सङ्ग प्राप्त हो

१४०६. अग्निर्जुषत नो गिरो होता यो मानुषेष्वा। स यक्षद् दैव्यं जनम् ॥ २ ॥

अग्निः-हमारी उन्नति का साधक प्रभु यः-जो मानुषेषु-मानवहित करनेवालों को आहोता-समन्तात् सब आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त करानेवाला है नः गिरः-हमारी वाणियों का जुषत-प्रीतिपूर्वक

सेवन करे, अर्थात् प्रभु हमारी प्रार्थना को सुनें। सः-वे प्रभु दैव्यं जनम्-दिव्य गुणयुक्त मनुष्यों को यक्षत् (यजत्)-हमारे साथ सङ्गत करें, जिससे हमारे आचार-विचार सदा शुद्ध बने रहें। सङ्ग का प्रभाव सुव्यक्त है। सत्सङ्ग से जीवन सुन्दर बनता है तो कुसङ्ग से वह विनष्ट हो जाता है। सब-कुछ देनेवाले तो प्रभु ही हैं, वे ही सर्वमहान्, मानवहित-साधक हैं—वे प्रभु हमें तो सत्सङ्ग ही प्राप्त कराएँ 'सतां सङ्गो हि भेषजम्'-सज्जनसङ्ग सब आसुरवृत्तिरूप रोगों का औषध है। सत्सङ्ग से हमारा जीवन यज्ञशील होगा—हम 'सुतम्भर' होंगे। सुतम्भर ही प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि है। यज्ञों को करता हुआ यह 'काम, क्रोध, लोभ' से ऊपर उठा रहता है, अतः 'आत्रेय' कहलाता है। (नहीं है 'काम, क्रोध, लोभ' जिसमें)।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हम सदा सत्सङ्ग को प्राप्त करें। हमारी रुचि मानवहितकारी कर्मों में हो—हम उसी में धनों का व्यय करें—प्रभु हमें और देंगे।

ऋषिः—सुतम्भर आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यज्ञिय भावना

१२ ३१ २ ३ २ ३ २ १ ११ १ २ ३१ २२
१४०७. त्वमग्ने सप्रथा असि जुष्टो होता वरेण्यः। त्वया यज्ञं वि तन्वते॥ ३॥

हे अग्ने-अग्रेणीः—मोक्षप्रापक—प्रभो! त्वम्-आप १. सप्रथाः-सर्वतः पृथु—सब दृष्टिकोणों से विस्तृत असि-हो—क्या ज्ञान, क्या धन, क्या बल सभी आपमें निरपेक्षरूप से रह रहे हैं—आप इन सब गुणों की चरम सीमा हो। आपमें ये सब निरतिशयरूप से हैं। २. जुष्टः-आप भक्तों से प्रीतिपूर्वक सेवित होते हैं तथा सब भक्तों को कल्याण प्राप्त करानेवाले हैं। ३. होता-आप ही प्रत्येक आवश्यक वस्तु के देनेवाले हैं—हमें उन्नति के लिए कौन-सी आवश्यक वस्तु आपने नहीं प्राप्त करायी। ४. वरेण्यः-आप ही वरणीय हैं (नि० १२.१३)। सामान्यतः धीरता की न्यूनता के कारण और श्रेयमार्ग की उपेक्षा से जीव प्रकृति का वरण करता है, परन्तु जब उसके पाँवों तले रौंदा जाता है तब अनुभव करता है कि वरणीय तो प्रभु थे, मैंने वरण किया प्रकृति का।

ये सुतम्भर लोग इस प्रकार आपको 'सप्रथाः, जुष्टः, होता व वरेण्यः' रूप में देखकर त्वया-आपकी सहायता से यज्ञं वितन्वते-यज्ञों का विस्तार करते हैं। प्रकृति को अपनाने का परिणाम 'स्वार्थ' की वृद्धि है—मनुष्य में स्वार्थ बढ़ता जाता है। प्रभु को अपनाने से यज्ञिय वृत्ति बढ़ती है और स्वार्थ उत्तरोत्तर क्षीण होता जाता है। स्वार्थ की वृत्ति 'चार दिन की चाँदनी के बाद अँधेरी रात' को ले-आती है और यज्ञियवृत्ति उत्तरोत्तर प्रकाश को बढ़ानेवाली होती है।

भावार्थ—हम प्रभु को 'सप्रथाः' रूप में स्मरण कर प्रथित-विस्तृत हृदयवाले बनें, 'जुष्टः' रूप में स्मरण कर सबके साथ प्रीतिपूर्वक वर्तनेवाले बनें 'होता' रूप में स्मरण कर देनेवाले हों और इस प्रकार हममें यज्ञिय भावना बढ़े, परन्तु साथ ही उन यज्ञों का हमें अहंकार न हो, अतः हम यह न भूलें कि सब यज्ञ प्रभुकृपा से ही हो रहे हैं।

सूक्त-११

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

वे प्रभु त्रिपृष्ठ हैं

१ २ ३ ३१ १२ ३ २१ ३ २१ १ ३ १ ३
१४०८. अभि त्रिपृष्ठं वृषणं वयोधामङ्गिरस्वदवावशन्त वाणीः।
२ ३ १ २ ३ १२ ३२ ३ १ २१ १ २ ३ १ २
वना वसानो वरुणो न सिन्धुर्वि रत्नधा दयते वार्याणि॥ १॥

५२८ संख्या पर प्रस्तुत मन्त्र का अर्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

कैसा बनकर

१४०९. शूरग्रामः सर्ववीरः सहावान् जेता पवस्व सनिता धनानि।
तिग्मायुधः क्षिप्रधन्वा समत्स्वषाढः साह्वान् पृतनासु शत्रून्॥ २॥

प्रभु कहते हैं कि तू पवस्व-अपने जीवन को पवित्र कर अथवा मेरी ओर (आप्नुहि आगच्छ च) आ। कैसा बनकर—१. शूरग्रामः-शूरता का तू ग्राम बन। 'ग्राम' प्रत्यय समूह अर्थ में आता है, शूरता का तू समूह हो, अर्थात् शूरता तुझमें निवास करे। ग्राम शब्द 'ग्रस धातु से मन प्रत्यय से मन' आकर बनता है, अतः यह भी अर्थ हो सकता है कि (शु हिंसायाम्) हिंसकों का तू ग्रसनेवाला हो। २. सर्ववीरः-तू पूर्ण वीर बनकर काम-क्रोधादि शत्रुओं को कम्पित करके दूर भगानेवाला हो तथा रोगों को नष्ट करनेवाला वीर्य तुझमें सुरक्षित हो। ३. सहावान्-तू शीतोष्णादि द्वन्द्वों को सहनेवाला बन। ४. जेता-सदा विजेता बन—पराजित होनेवाला न हो। एक-दो बार की असफलता तुझे कभी हतोत्साह न कर दे। ५. धनानि सनिता-धनों को तू प्राप्त करनेवाला तथा उनका संविभाग करनेवाला हो ५. तिग्मायुधः-तीक्ष्ण अस्त्रोंवाला तू बन। शरीर में रोगों से लड़नेवाला प्रभु-स्मरणरूप अस्त्र है तथा बुद्धि में कुविचार को दूर करनेवाला तर्करूप अस्त्र है। तेरे ये सब अस्त्र तीव्र हों। ७. क्षिप्रधन्वा-शत्रुओं को दूर फेंकनेवाला (क्षिप्र), प्रणवरूप धनुष लिये हुए (प्रणवो धनुः)। जहाँ प्रणव-ओ३म् का उच्चारण है वहाँ से शत्रु शीघ्र ही दूर प्रेरित होते हैं—भगा दिये जाते हैं। ८. समत्सु अषाढः-प्रणवरूप धनुष के कारण ही यह कामादि के साथ संग्राम में अधर्षणीय होता है। आसुर वृत्तियाँ इसका धर्षण नहीं कर पातीं। ९. यह पृतनासु-संग्रामों में शत्रून्-शत्रुओं का साह्वान्-मर्षण करनेवाला होता है—इन्हें यह कुचल डालता है।

॥ यहाँ मन्त्र में 'शूरग्रामः'-बाह्य शत्रुओं के नाश का संकेत करता है, 'सर्ववीरः' रोगों के नाश का। सहावान्—शीतोष्णादि के सहने का सूचक है और जेता-विजयी होने का। 'सनिता धनानि' से धनों की प्राप्ति व संविभाग कहे जा रहे हैं। 'तिग्मायुधः' से इन्द्रिय, मन व बुद्धि की तीव्रता का उल्लेख हुआ है, 'क्षिप्रधन्वा' से प्रणवरूप धनुष को अपनाने का। ऐसा होने पर यह व्यक्ति संग्रामों में अधर्षणीय बनता है और शत्रुओं का मर्षण कर डालता है। ऐसा करने पर जीवन पवित्र होता है और यही व्यक्ति प्रभु की ओर जाने का अधिकारी होता है।

भावार्थ—उल्लिखित नौ बातों को अपनाकर हम जीवन को पवित्र बनाएँ और प्रभु की ओर चलें।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

कैसा जीवन ?

१४१०. उरुगव्यूतिरभयानि कृण्वन्त्समीचीने आ पवस्वा पुरन्धी।
अपः सिषासन्नुषसः स्वाऽ३र्गाः सं चिक्रदो महो अस्मभ्यं वाजान्॥ ३॥

१. उरुगव्यूतिः-विशाल ज्ञान के क्षेत्रवाला (गव्यूति=Pasturage) ज्ञानेन्द्रियों के विचरण के विशाल क्षेत्रवाला। सचमुच ब्रह्म-ज्ञान का निरन्तर चरण-भक्षण करनेवाला।

२. अभयानि कृण्वन्-ज्ञान का पहला परिणाम 'अभय' ही तो है, अतः न डरता हुआ और न डराता हुआ, न खुशामद करनी—न करवानी।

३. पुरन्धी-(द्यावापृथिव्यौ—नि० ३.३०) द्युलोक व पृथिवीलोक को, अर्थात् मस्तिष्क व शरीर को समीचीने-उत्तम गतिवाला और सुन्दर बनाते हुए आपवस्व-सर्वथा पवित्र कर ले। शरीर रोग शून्य हो, मस्तिष्क अज्ञानान्धकार से मलिन न हो।

४. अपः-कर्मों को उषसः-प्रातःकाल से ही सिषासन्-सेवन करने की इच्छावाला हो। प्रातःकाल से ही तेरा जीवन कर्ममय हो।

५. उषसः-प्रातःकाल से ही स्वः-देदीप्यमान गाः-वेदवाणियों को अस्मभ्यम्-हमारे लिए संचिक्रदः-उच्चारण कर। प्रातः वेदवाणियों द्वारा प्रभु-स्तवन करनेवाला ही हमें बनना चाहिए।

६. महः-महान् व महनीय-आदरणीय वाजन्-वाजों को आपवस्व-प्राप्त कर। वाज शब्द 'शक्ति, धन व ज्ञान' तीनों का प्रतिपादन करता है।

भावार्थ—सुन्दर जीवन वह है जिसमें व्यापक ज्ञान, अभय, सुन्दर, नीरोग शरीर व सुन्दर, दीप्त मस्तिष्क, कर्म, देदीप्यमान वाणियों से प्रभु-स्तवन तथा महनीय वाज (शक्ति, धन, व ज्ञान) हैं।

सूक्त-१२

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

यशा, ऋजीषी शवसस्पतिः

१४११. त्वमिन्द्र यशा अस्यृजीषी शवसस्पतिः।
त्वं वृत्राणि हंस्यप्रतीन्येक इत्पुवनुत्तश्चर्षणीधृतिः॥ १॥

संख्या २४८ पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

हमें प्रभु के 'सुम्न' प्राप्त हों

१४१२. तमु त्वा नूनमसुर प्रचेतसं राधो भागमिवेमहे।
महीव कृत्तिः शरणा त इन्द्र प्र ते सुम्ना नो अश्नवन्॥ २॥

हे असुर-प्राणशक्ति देनेवाले प्रभो! (असून् राति) तम्-उस—पूर्व मन्त्र में 'यशा' आदि शब्दों से वर्णित प्रचेत-सम्-प्रकृष्ट ज्ञानवाले, त्वा उ-आपको ही नूनम्-निश्चय से राधः भागम् इव-(राध-संसिद्धि, भज-प्राप्ति) संसिद्धि प्राप्त करानेवाले के रूप में ईमहे-प्राप्त करने का हम प्रयत्न करते हैं। यदि हम प्रभु को पा लेते हैं तो हमें १. प्राणशक्ति प्राप्त होती है, क्योंकि वे प्रभु असुर हैं, २. हमें उत्कृष्ट ज्ञान प्राप्त होता है, क्योंकि वे प्रचेतस् हैं, ३. हमें साफल्य प्राप्त होता है, क्योंकि वे तो 'राधानां' पति हैं (राधोभाग् हैं)।

हे इन्द्र-सर्व शत्रुविदारक प्रभो! आपका कृतिः-यश (नि० ५.२२) मही इव-अत्यन्त महान् है। हे प्रभो हम तो ते शरणा-तेरी ही शरणागत हैं। शत्रुओं के कृन्तन-विदारण से प्राप्त यश ही 'कृत्ति' है। सब शत्रुओं का विदारण करने से प्रभु ही 'इन्द्र' हैं। हम प्रभु की शरण में होंगे तो हमारे शत्रुओं का भी विदारण हो जाएगा।

हे प्रभो! हम तो यह चाहते हैं कि ते-आपके सुम्ना-Hymn-स्तोत्र नः-हमें प्र अश्नुवन्-प्राप्त हों—हम सदा आपका ही गायन करें, परिणामतः आपकी सुम्न-रक्षा (protection) हमें प्राप्त हो और हमारा जीवन सुम्न-joy-आनन्द प्राप्त करे। 'सुम्न' शब्दों के तीनों अर्थ वाक्य को बड़ा सुन्दर बना देते हैं 'हमें स्तुति प्राप्त हो, स्तुति के परिणामरूप 'प्रभु की रक्षा' प्राप्त हो, इसके परिणामरूप जीवन का आनन्द मिले।

भावार्थ—प्रभु असुर, प्रचेतस् तथा राधोभाग् हैं, उनका यश महान् है, उनकी शरण हमें प्राप्त हो। हम प्रभु के स्तोत्रों का गान करें, उसकी रक्षा तथा आनन्द प्राप्त करें।

सूक्त-१३

ऋषिः—सोभरिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्) ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

यजिष्ठ, होता, अमर्त्य

१४१३. यजिष्ठं त्वा ववृमहे देवं देवत्रा होतारममर्त्यम्। अस्य यज्ञस्य सुक्रतुम् ॥ १ ॥

११२ संख्या पर मन्त्रार्थ द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

मित्र, वरुण और अपों का सुम्न

१४१४. अपां नपातं सुभगं सुदीदितिमग्निमु श्रेष्ठशोचिषम्।
स नो मित्रस्य वरुणस्य सो अपामा सुम्नं यक्षते दिवि ॥ २ ॥

पिछले मन्त्र में सोभरि ने 'यजिष्ठ, देवों में देव, होता, अमर्त्य और इस जीवन-यज्ञ के सुक्रतु' प्रभु का वरण किया था। उसी प्रसङ्ग में सोभरि कहता है कि हम उस प्रभु का ववृमहे-वरण करते हैं, जो—१. अपां न पातम्-(आपः-रेतः) शक्ति का नाश न होने देनेवाले हैं। प्रभु के स्मरण से वासना-विनाश होकर मनुष्य 'ऊर्ध्वरेतस्' बनता है। २. सुभगम्-उत्तम भग-समग्र ऐश्वर्य, वीर्य, यश, श्री, ज्ञान तथा वैराग्य को प्राप्त करानेवाले वे प्रभु हैं। उपासना द्वारा प्रभु का सम्पर्क हमारे जीवन को छह-के-छह भगों से युक्त कर देता है। ३. सुदीदितिम्-उत्तम ज्ञान की ज्योति से द्योतित करनेवाले वे प्रभु हैं ४. अग्निम्-ज्ञान-ज्योति देकर वे हमें आगे ले-चलनेवाले हैं ५. उ-और श्रेष्ठशोचिषम्-सर्वोत्कृष्ट दीप्तिवाले वे प्रभु हैं।

सः-वह प्रभु नः-हमें सुम्नम्-रक्षण व आनन्द (Protection and joy) आयक्षते-प्राप्त कराते हैं। किसका? १. मित्रस्य-प्राणशक्ति का, २. वरुणस्य-अपानशक्ति का तथा ३. सः-वे प्रभु हमें अपाम्-वीर्यशक्ति के सुम्न को दिवि-ज्ञान होने पर या ज्ञान के निमित्त आयक्षते-प्राप्त कराते हैं। प्राणापान के द्वारा वीर्यरक्षा होती है, वीर्यरक्षा से ज्ञान की वृद्धि होती है। एवं, प्रभुकृपा से हमें 'प्राण, अपान, वीर्य व ज्ञान' प्राप्त होते हैं। एवं, इसी प्रभु का वरण ठीक है। प्रभु का वरण न कर जब मनुष्य प्रकृति प्रवण हो जाता है तब प्राणापान की शक्ति को क्षीण कर बैठता है, ऊर्ध्वरेतस् न बनकर भोग-विलास में व्यर्थ वीर्य का व्यय करनेवाला हो जाता है और ज्ञान को खोकर अन्याय्य मार्गों में विचरण करने लगता है, अतः प्रभु वरण ही उचित है।

भावार्थ—प्रभु कृपया हमें प्राण, अपान, शक्ति व ज्ञान प्राप्त कराएँ।

सूक्त-१४

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वासनाओं का नियमन

१४१५. यमग्ने पृत्सु मर्त्यमवा वाजेषु यं जुनाः। स यन्ता शश्वतीरिषः॥ १॥

हे अग्ने-मोक्षसुख तक ले-चलनेवाले प्रभो! आप यं मर्त्यम्-जिस मनुष्य की पृत्सु-संग्रामों में अवाः-रक्षा करते हैं और यम्-जिसे वाजेषु-शक्ति व ज्ञानों में जुनाः-जोड़ते हैं, शक्ति और ज्ञान प्राप्त कराते हैं (जुङ् गतौ) सः-वह मनुष्य शश्वतीः इषः-प्लुतगतिवाली—हृदय-सरोवर में ठाठें मारनेवाली कामनाओं को यन्ता-क़ाबू करनेवाला होता है।

मानव-हृदय में वासनाएँ सदा से उमड़ रही है—इनका नियन्त्रण वही व्यक्ति कर पाता है जो प्रभु-रक्षण प्राप्त करता है और प्रभुकृपा से ज्ञान व शक्ति पाता है। इन कामादि से संग्राम में विजय पाना मानवशक्ति से परे की बात है, यह तो प्रभुकृपा से ही प्राप्त होती है।

इन वासनाओं का नियमन करके मनुष्य अपने जीवन को शान्त व सुखी बना पाता है, अतः 'शुनःशेप'-'सुख का निर्माण करनेवाला' कहलाता है। इन वासनाओं के विजय के लिए ही आत्मालोचन करनेवाला यह 'आजीगर्ति' है—हृदयरूप गर्त (गुफा) की ओर गति करनेवाला (अज् गतौ) है।

भावार्थ—हमें प्रभु का रक्षण प्राप्त हो—प्रभु हमें शक्ति प्राप्त कराएँ, जिससे हम वासनाओं पर क़ाबू पा सकें।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अपराजेय

१४१६. न किरस्य सहन्त्य पर्येता कयस्य चित्। वाजो अस्ति श्रवाय्यः॥ २॥

हे सहन्त्य-सभी शत्रुओं का अभिभव करनेवाले अग्ने! अस्य-आपसे रक्षित (अवाः १४१५) तथा आपसे शक्ति को प्राप्त (जुनाः १४१५) कयस्य चित्-अद्वितीय, विलक्षण शक्ति को प्राप्त पुरुष पर पर्येता-आक्रमण करनेवाला न किः-कोई भी नहीं है। इसको कोई भी वासना आक्रान्त नहीं कर सकती। जहाँ आप, वहाँ वासना को आने का साहस नहीं। आपसे रक्षित इस पुरुष का वाजः-बल व ज्ञान श्रवाय्यः-श्रवणीय, कीर्तनीय व लोकोत्तर अस्ति-है। यह तो आपकी शक्ति से शक्तिमान् हो रहा है, अतः इसका बल असाधारण होना स्वाभाविक ही है। लोहे का गोला जैसे अग्नि की चमक से चमकता है, इसी प्रकार यह आपकी शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर चमक उठता है। इसका वाज इसे बाह्य व आन्तर शत्रुओं से बचाता है। बल (वाज) यदि बाह्य शत्रुओं व रोगों को पराजित करता है तो ज्ञान (वाज) आन्तर-शत्रुओं को। इस प्रकार न इस पर रोग आक्रमण करते हैं, और न ही वासनाएँ।

भावार्थ—प्रभु की शक्ति व ज्ञान से सम्पन्न होकर हम रोगों व वासनाओं के लिए 'अपराजेय' हो जाएँ।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

संग्राम-विजय

१४१७. स वाजं विश्वचर्षणिरर्वद्भिरस्तु तरुता । विप्रेभिरस्तु सनिता ॥ ३ ॥

सः=वह विश्वचर्षणिः=(चर्षणि=Seeing, observing) संसार को सूक्ष्मता से देखनेवाला प्रभुभक्त अर्वद्भिः=इन्द्रियरूप अश्वों के साथ निरन्तर चलनेवाले वाजम्=संग्राम को तरुता अस्तु=सफलता से पार करनेवाला हो। जीव का एक अध्यात्मसंग्राम निरन्तर चल रहा है। इन्द्रियाँ ग्रह हैं और विषय अतिग्रह। मनुष्य ने इन्हें जीतना है। ये अत्यन्त प्रबल हैं। मन को हर लेती हैं और मनुष्य हार जाता है, परन्तु यह प्रभुभक्त 'विश्वचर्षणि' है—विश्व को बारीकी से देखता हुआ उनमें फँसता नहीं, और इस प्रकार इन्द्रियों के साथ चल रहे संग्राम को जीत लेता है। इस संग्राम को जीतने के उद्देश्य से ही यह विप्रेभिः=अपना पूरण करनेवाले, न्यूनताओं को दूर करनेवाले विद्वान् ब्राह्मणों के साथ सनिता=(Worship, honour) आपका सम्भजन करनेवाला अस्तु=होता है। प्रभुभक्ति ने ही तो संग्राम में विजय प्राप्त करानी है।

इस विजय को प्राप्त करके ही व्यक्ति बहिर्मुख न होकर अन्तर्मुख होता है—'आजीगर्ति' बनाता है और इस प्रकार सुख का निर्माण करनेवाला 'शुनःशेप' होता है।

भावार्थ—विषयों के स्वरूप को गहराई तक देखकर हम उनके प्रति आसक्ति से बचें।

सूक्त-१५

ऋषिः—गोधाः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

अत्यो न वाजी

१४१८. साकमुक्षो मर्जयन्त स्वसारो दश धीरस्य धीतयो धनुत्रीः ।
हरिः पर्यद्रवज्जाः सूर्यस्य द्रोणं ननक्षे अत्यो न वाजी ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का अर्थ संख्या ५३८ पर देखिए।

ऋषिः—गोधाः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

'कलश' बनने के लिए

१४१९. स मातृभिर्न शिशुर्वावशानो वृषा दधन्वे पुरुवारो अद्भिः ।
मर्यो न योषामभि निष्कृतं यन्त्सं गच्छते कलशो उस्रियाभिः ॥ २ ॥

१. न-जैसे वावशानः=दूध इत्यादि की प्रबल कामनावाला शिशुः=बालक मातृभिः=अपनी माताओं के साथ संदधन्वे=(धविर्गत्यर्थः) सङ्गच्छते=सङ्गत होता है, और २. जिस प्रकार वृषा=अपने को वृष=शक्तिशाली बनाने की कामनावाला पुरुवारः=अनेक शत्रुओं का निवारण करनेवाला अद्भिः=जलों से=(आपः रेतो भूत्वा) रेतस्=वीर्यशक्ति से संदधन्वे=सङ्गत होता है और ३. न-जिस प्रकार अभिनिष्कृतम्=सब ओर से परिष्कृत स्थान को, साफ़-सुथरे घर को यन्=प्राप्त करने के हेतु से मर्यः=मनुष्य योषाम्=पत्नी के साथ संदधन्वे=सङ्गत होता है, इसी प्रकार ४. कलशः=(कलाः शेरतेऽस्मिन्) अपने जीवन को सब कलाओं का आधार बनानेवाला—षोडशी बनने की इच्छावाला—

पुरुष उस्रियाभिः-(Brightnes, Light) प्रकाश की किरणों के साथ सङ्गच्छते-सङ्गत होता है। 'उस्रिया' शब्द का अर्थ गौ भी है। यह गौवों के साथ सङ्गत होता है। गो-दुग्ध के प्रयोग से भी अपनी बुद्धि को सात्त्विक बनाकर ज्ञान को बढ़ानेवाला होता है।

प्रस्तुत मन्त्र में तीन उदाहरण हैं—१. प्रथम उदाहरण से 'इच्छा की तीव्रता' का सङ्केत हो रहा है। बच्चे को जब प्रबल भूख लगती है तब वह खेल को छोड़कर माता की ओर जाता है, इसी प्रकार मनुष्य भी सब कलाओं से जीवन को युक्त करने की प्रबल कामना होने पर ही ज्ञान की ओर झुकता है। २. द्वितीय उदाहरण 'कार्यकारणभाव' का प्रदर्शन कर रहा है कि जैसे ऊर्ध्वरितस् बने बिना शक्ति का सम्भव नहीं, उसी प्रकार सोलह कलाओं की प्राप्ति ज्ञान व ज्ञान-साधन गोदुग्धादि के प्रयोग के बिना नहीं हो सकती ३. तीसरा उदाहरण इसलिए दिया गया है कि जैसे मनुष्य की घर को सुन्दर बनाने की शक्ति उसकी योग्यता में निहित है इसी प्रकार मानव-जीवन को सुन्दर बनाने की शक्ति ज्ञान में व ज्ञान की साधनभूत गौवों में निहित है। मनुष्य की पूर्णता पत्नी से है, एवं, मानव के अध्यात्म जीवन की पूर्णता ज्ञान से है। प्रसङ्गवश यह भी स्पष्ट है कि मानव की पूर्णता में गौ का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

भावार्थ—हम ज्ञान को महत्त्व दें, ज्ञान-साधन गौओं को महत्त्व दें।

ऋषिः—नोधाः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

गोदुग्ध का प्रयोग

१४२०. उत प्र पिप्य ऊधरघ्न्याया इन्दुर्धाराभिः सचते सुमेधाः।
मूर्धानं गावः पयसा चमूष्वभि श्रीणन्ति वसुभिर्न निक्तैः ॥ ३ ॥

'उत' निपात सम्बन्ध (Connection) का सूचक है। अघ्न्यायाः-अहन्तव्य गौ का ऊधः-दुग्धादिकरण अथवा दुग्ध (जैसे गौ-गोदुग्ध) प्रपिप्ये-प्रकर्षेण बढ़ता है उत-इसके बढ़ने के साथ धाराभिः-दुग्धधाराओं से इन्दुः-शक्तिशाली बना हुआ पुरुष धाराभिः-वेदवाणियों से (धारा इति वाङ्नाम) सचते-सङ्गत होता है और सुमेधाः-अति परिष्कृत बुद्धिवाला बनता है। यहाँ 'धाराभिः' का प्रयोग श्लेष से दूध तथा वेदवाणी दोनों ही अर्थों का वाचक है। 'धाराभिः' शब्द धारोष्ण दूध के पीने का भी संकेत कर रहा है—इस प्रकार पिया हुआ दूध अत्यन्त गुणकारी होता है। वेद कहता है कि गावः-ये गौवें पयसा-अपने इस धारोष्ण दूध से मूर्धानम्-हमें शिखर पर पहुँचाती हैं तथा चमूषु-(चम्बो द्यावापृथिव्योर्नाम—नि० ३.३०) हमारे मस्तिष्करूप द्युलोक में तथा शरीररूप पृथिवी में अभि श्रीणन्ति-परिपाक को धारण करती हैं। गोदुग्ध से बुद्धि परिपक्व होती है, शरीर भी पुष्ट होता है। इस प्रकार ये गौवें हमें निक्तैः-शुद्ध वसुभिः न-मानो वसुओं से—उत्तम रमणीय धनों से अभिश्रीणन्ति-आच्छादित (to dress) कर देती हैं। ये दुग्ध द्युलोकरूप मस्तिष्क को ज्ञानरूप धन से तथा पृथिवीरूप शरीर को शक्तिरूप धन से आच्छादित करनेवाले होते हैं।

इस प्रकार नव—स्तुत्य धनों के धारण करनेवाला यह नवधा-नोधा कहलाता है और उत्तम इन्द्रियरूप गौवोंवाला होने से 'गोतम' होता है। घरों में उत्तम गौवें रख कर 'गोतम' तो इसने बनना ही था।

भावार्थ—गोदुग्ध हमें शक्तिशाली व सुमेधा बनाए। यह हमें उन्नति के शिखर पर पहुँचाए।

सूक्त-१६

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

आपिः नः बोधि सधमाद्ये

१४२१. पिबा सुतस्य रसिनो मत्स्वा न इन्द्र गोमतः ।
आपिर्नो बोधि सधमाद्ये वृधेऽस्मां अवन्तु ते धियः ॥ १ ॥

यह मन्त्र २३९ संख्या पर व्याख्यात है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

प्रभु की कल्याणी मति को अपनाना

१४२२. भूयाम ते सुमतौ वाजिनो वयं मा न स्तरभिमातये ।
अस्मां चित्राभिरवतादभिष्टिभिरा नः सुम्नेषु यामय ॥ २ ॥

१. हे प्रभो! ते-आपकी सुमतौ-कल्याणी मति में वयम्-हम वाजिनः-धन, बल, त्याग व ज्ञानवाले भूयाम-हों। वाज शब्द के धन, बल व त्याग अर्थ तो कोश में दिये ही हैं—'वज गतौ' धातु से बनकर यह ज्ञान का भी वाचक है (गतेस्त्रयोर्थाः ज्ञानं गमनं प्राप्तिश्च)। वेद में प्रभु की कल्याणी मति का उपदेश है, उसके अनुसार चलने से हम इन चारों वस्तुओं को प्राप्त करेंगे ही।

२. इन चारों के आ जाने पर कहीं हमें अभिमान न आ जाए, अतः 'मेध्यातिथि' प्रार्थना करता है कि नः-हमें अभिमातये-अभिमान के कारण मा स्तः-नष्ट मत कीजिए। हमें धन, बल, त्याग व ज्ञान—किसी का भी गर्व न हो।

३. हे प्रभो! अस्मान्-(अस्तिमान्) आपकी सत्ता में पूर्ण आस्थावाले हमें आप चित्राभिः-(चित् रा) ज्ञान देनेवाली अथवा अद्भुत अभिष्टिभिः-अपने तक पहुँचने (Access) के द्वारा अवितात्-रक्षित कीजिए। जैसे माता बालक को अपने समीप कर सुरक्षित कर देती है उसी प्रकार आप हमें अपने समीप करके रक्षित कीजिए।

४. नः-हमें सुम्नेषु-अपने स्तोत्रों में और उनके द्वारा सुखों में आयामय-धारण (Sustain) कीजिए। प्रभु-स्तवन से ही वस्तुतः जीवन में सुख व शान्ति मिलती है।

भावार्थ—हम प्रभु की कल्याणी मति को अपनाएँ।

सूक्त-१७

ऋषिः—रेणुर्वैश्वामित्रः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

यद् ऋतैः अवर्धत

१४२३. त्रिरस्मै सप्त धेनवो दुदुह्रिरे सत्यामाशिरं परमे व्योमनि ।
चत्वार्यन्या भुवनानि निर्णिजे चारूणि चक्रे यदृतैरवर्धत ॥ १ ॥

५६० संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान द्रष्टव्य है।

ऋषिः—रेणुर्वैश्वामित्रः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

सदन की प्राप्ति, चारु अमृत का भक्षण

१४२४. स भक्षमाणो अमृतस्य चारुण उभे द्यावा काव्येना वि शश्रथे।
तेजिष्ठा अपो मंहना परि व्यत यदी देवस्य श्रवसा सदो विदुः ॥ २ ॥

१. मन्त्र का ऋषि 'रेणुः वैश्वामित्रः' है—गतिशील, सबके साथ स्नेह करनेवाला। सः=वह रेणु चारुणः=सुन्दर अ-मृतस्य=सोम (वीर्य) और ज्ञान का भक्षमाणः=भक्षण करता हुआ उभे=दोनों द्यावा=(द्यावापृथिव्यौ) मस्तिष्क व शरीर को काव्येन=प्रभु के अमृतमय काव्य वेद के द्वारा विशश्रथे=मुक्त (liberate) करता है। वीर्य को शरीर में ही व्याप्त करने के द्वारा यह पृथिवीरूप शरीर को रोगों से मुक्त करता है, और ज्ञान प्राप्त करने से अपने मस्तिष्क व हृदय को दुर्विचारों व वासनाओं से मुक्त रखता है। यहाँ उभे विशेषण के कारण 'द्यावा' शब्द द्यावापृथिव्यौ का ही वाचक है। शरीर के रोगों से मोक्ष के लिए अमरत्व के साधनभूत सोम का पान—वीर्य की रक्षा आवश्यक है और मस्तिष्क व हृदय को दुर्विचारों व वासनाओं से मुक्त करने के लिए अमृतत्व के साधनभूत ज्ञान की प्राप्ति आवश्यक है—'ब्रह्मचर्य' ज्ञान का भक्षण ही तो है। २. ऐसा करने पर इस रेणु के अपः=कर्म तेजिष्ठाः=अत्यन्त तेजस्वी होते हैं। इसका प्रत्येक कार्य सफल होता है और एक विशेष ही प्रभाव रखता है। ३. मंहना परिव्यत=दान से यह अपने चारों ओर के लोक को आच्छादित कर लेता है। इस त्याग का परिणाम यह होता है कि इसकी प्रकृति के प्रति आसक्ति नहीं रहती और ४. यत् ईं=ज्यूँही देवस्य=उस दिव्य गुणों के पुञ्ज प्रभु के श्रवसा=स्तोत्रों से (श्रवस् Hymn) इनका जीवन युक्त होता है त्यूँही ये रेणु वैश्वामित्र सदो विदुः=उस सर्वाधिष्ठान प्रभु को प्राप्त करते हैं।

भावार्थ—हम सोम व ज्ञान का भक्षण करें, हमारे कर्म तेजस्वी हों, हम दान से सभी को आच्छादित कर लें, अर्थात् हमारा दान व्यापक हो और प्रभु-स्तवन द्वारा हम अपने वास्तविक घर को—ब्रह्मलोक को प्राप्त करें।

ऋषिः—रेणुर्वैश्वामित्रः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

धनों व गुणों का पवित्रीकरण

१४२५. ते अस्य सन्तु केतवोऽमृत्यवोऽदाभ्यासो जनुषी उभे अनु।
यैरभिर्नृम्णा च दैव्या च पुनत आदिद्राजानं मनना अगृभ्णत ॥ ३ ॥

१. इस रेणु ने ज्ञान के भक्षण के द्वारा जो ज्ञान की किरणें प्राप्त की हैं अस्य=इसकी ते केतवः=वे ज्ञान-किरणें अमृत्यवः=इसके शरीर को असमय में नष्ट न होने देनेवाली तथा अदाभ्यासः=इसके मन को वासनाओं से मलिन न होने देनेवाली (Undefiled, pure) सन्तु=हों। उभे=दोनों जनुषी=जीवनों को—भौतिक तथा आध्यात्मिक जीवन को अनु=लक्ष्य करके ये उसे अमृत्यवः=रोगों से आक्रान्त न होने देनेवाली तथा अदाभ्यासः=वासनाओं से हिंसित न (Uninjured) होने देनेवाली हैं। ज्ञान की किरणों का भौतिक जीवन पर प्रभाव यह है कि मनुष्य मर्यादित जीवनवाला होकर रोगों का शिकार नहीं होता तथा आध्यात्मिक जीवन पर इसका प्रभाव यह है कि वासनाएँ इसपर आक्रमण नहीं कर पाती।

२. ये ज्ञान की किरणें वे हैं येभिः=जिनसे ये अपने नृम्णा=शक्ति, साहस व धनों (Strength, courge, wealth) को च=तथा देव्या=दिव्य गुणों को पुनते=पवित्र कर लेते हैं। ये ज्ञान के कारण हीनाकर्षण से दूर रहकर निकृष्ट सुखों का भोग नहीं करते और इनके दिव्य गुण और अधिक दीप्त हो उठते हैं। परिणामतः इनकी शक्ति ठीक बनी रहती है।

३. आत् इत्=इन दो बातों के अनन्तर ये रेणु वैश्वामित्र लोग मनना:=मननशील होकर प्रभु के नामों का मनन करते हुए राजानम्=सम्पूर्ण संसार को नियमित [regulate] करनेवाले देदीप्यमान (राजा=व्यवस्थापक, देदीप्यमान) प्रभु को अगृभ्णत=ग्रहण करते हैं। प्रभु की प्राप्ति के लिए ज्ञान के द्वारा अपने धनों, शक्तियों व गुणों को पवित्र करना आवश्यक है।

भावार्थ—हम अपने धनों, बलों व गुणों के मापक को ऊँचा करके मनन द्वारा प्रभु को प्राप्त करने का प्रयत्न करें।

सूक्त-१८

ऋषिः—कुत्सः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

विविध नामों द्वारा प्रभु-स्मरण

१४२६. अभि वायुं वीत्यर्षा गृणानोऽअभि मित्रावरुणा पूयमानः।
अभी नरं धीजवनं रथेष्ठामभीन्द्रं वृषणं वज्रबाहुम्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'कुत्स' है, जो सब अशिव भावनाओं को (कुथ हिंसायाम्) हिंसित कर देता है। १. यह कहता है कि वीति=वीतये=गतिशीलता के लिए (वी=गति) वायुम् अभि अर्ष=वायु की ओर जानेवाला बन। (वा=गतिगन्धनयोः)। गतिशील—'स्वाभाविकी ज्ञानबल क्रिया च'—स्वाभाविकरूप से क्रियावाले प्रभु का ध्यान कर। इस गतिशीलता के द्वारा तू अपनी सब बुराइयों का गन्धन—हिंसन करनेवाला हो। वायु नाम से गृणानः=स्तुति करता हुआ तू भी 'वायु' सदृश ही बन जाएगा। २. पूयमानः=अपने को पवित्र करता हुआ तू वीतये—सब बुराइयों को परे फेंकने के लिए (वी=असन) मित्रावरुणा अभि अर्ष=मित्र और वरुण नामक प्रभु की ओर गतिवाला बन। प्रभु 'मित्र' इसलिए हैं कि वे सभी के साथ स्नेह करते हैं, 'वरुण' इस लिए कि वे द्वेष का निवारण करते हैं। इस रूप में प्रभु का स्मरण करता हुआ कुत्स भी राग-द्वेष को परे फेंककर सबके साथ स्नेह से वर्तता है और पवित्र जीवनवाला होता है ३. वीतये=अपने प्रकृष्ट विकास के लिए नरं=(नृ नये) सबको आगे ले-चलनेवाले धीजवनम्=(जवन=Quickness) बुद्धि की मन्दता को दूर करनेवाले रथेष्ठाम्=शरीररूप रथ पर सारथि के रूप में स्थित प्रभु की ओर अभिअर्ष=जानेवाला बन। तू प्रभु को ही अपना सारथि बना, जिससे तेरी सब शक्तियों का विकास ठीक ढङ्ग से हो। प्रभु के हाथ में लगाम होगी तो अवनति का प्रश्न होता ही नहीं। ४. हे कुत्स! तू इन्द्रं=उस सर्वशक्तिमान् वृषणम्=शक्तिशाली वज्रबाहुम्=बाहुओं में वज्र लिये हुए प्रभु की ओर अभिअर्ष=गति कर। सब बुराइयों के नष्ट करनेवाले प्रभु का स्मरण 'वीतये'—पवित्रता (Cleaning) के लिए आवश्यक ही है।

भावार्थ—प्रभु के भिन्न-भिन्न नामों का स्मरण करते हुए हम अपने जीवन के लिए प्रेरणा प्राप्त करें।

ऋषिः—कुत्सः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

कुत्स की आभ्युदयिक प्रार्थना (Necessities)

१४२७. अभि वस्त्रा सुवसनान्यर्षाभि धेनूः सुदुघाः पूयमानः।
अभि चन्द्रा भर्तवे नो हिरण्याभ्यश्वान् रथिनो देव सोम ॥ २ ॥

कुत्स प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे देव-दिव्य गुणों के पुञ्ज सोम-अत्यन्त सौम्य—शान्त प्रभो! पूयमानः-हमारे जीवनों को पवित्र करने के हेतु से आप हमें १. सुवसनानि वस्त्रा-उत्तम आच्छादन करनेवाले वस्त्रों को अभि अर्ष-प्राप्त कराइए। हमें सर्दी-गर्मी से सुरक्षित करने के लिए उत्तम वस्त्र प्राप्त कराइए। २. सुदुघाः धेनूः अभि अर्ष-सुख से दोहनयोग्य दुधारू गौवों को प्राप्त कराइए, जिससे शरीर के पोषण में किसी प्रकार की कमी न आये। ३. नः-हमारे भर्तवे-भरण-पोषण के लिए चन्द्रा हिरण्या-सोने-चाँदी को अथवा (चदि आह्लादे) आह्लादक धनों को अभ्यर्ष-प्राप्त कराइए। सांसारिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक धन हमें दीजिए। ४. तथा हमें रथिनः अश्वान् अभि अर्ष-रथों में जोते जानेवाले घोड़ों को भी प्राप्त कराइए। सांसारिक जीवन के उत्कर्ष के लिए इनकी आवश्यकता है ही।

एवं वस्त्रों, गौवों, धन तथा घोड़ों के लिए प्रार्थना करता हुआ कुत्स यह समझता है कि (क) मेरी सारी शक्ति इन्हीं की प्राप्ति में समाप्त न हो जाए (ख) इनका अभाव मुझ अपवित्र साधनों के अवलम्बन के लिए बाध्य न करे और इस प्रकार 'अभ्युदय' की सीढ़ी पर चढ़कर मैं 'निःश्रेयस' की साधना करनेवाला बनूँ। (ग) इनके अभाव में कहीं मैं इनके लिए ही लालायित न बना रहूँ। इनको प्राप्त कर मैं इनकी निःसारता का अनुभव ले ज्ञानपूर्वक वैराग्य को प्राप्त करूँ।

भावार्थ—हे प्रभो! मुझे अभ्युदय से वञ्चित न कीजिए, जिससे मैं 'निःश्रेयस' साधना के लिए पर्याप्त समय दे सकूँ।

ऋषिः—कुत्सः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

दिव्य व पार्थिव वसु

१४२८. अभी नो अर्ष दिव्या वसून्यभि विश्वा पार्थिवा पूयमानः।
अभि येन द्रविणमश्नवामाभ्यार्षेय जमदग्निवन्नः ॥ ३ ॥

हे प्रभो! १. नः पूयमानः-हमारे जीवनों को पवित्र करते हुए आप दिव्या वसूनि-दिव्य वसुओं को, अर्थात् मस्तिष्क की ज्ञानरूप सम्पत्ति को हमें अभि अर्ष-प्राप्त कराइए। २. विश्वा पार्थिवा वसूनि-सम्पूर्ण पार्थिव धनों को—नीरोगता व बल आदि को अभिअर्ष-प्राप्त कराइए। जीवन की पवित्रता के लिए जहाँ ज्ञान की आवश्यकता है वहाँ नीरोगता व बल की भी उतनी ही आवश्यकता है। हमें वह ज्ञान व बल प्राप्त कराइए येन-जिससे द्रविणम्-धन को (द्रु गतौ)—संसार-यात्रा के चलाने के लिए आवश्यक सम्पत्ति को हम अभ्यश्नवाम्-प्राप्त करें। सम्पत्ति की प्राप्ति के लिए ज्ञान व बल दोनों की ही आवश्यकता है।

३. हे प्रभो! नः-हमें जमदग्निवत् आर्षेयम्-प्रज्वलिताग्निवाले वेदज्ञान को अभि अर्ष-प्राप्त कराइए। हम ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान को प्राप्त करें, साथ ही हमारी जाठराग्नि सदा ठीक प्रकार से प्रज्वलित रहे, जिससे शरीर की नीरोगता व बल भी बना रहे। हम ज्ञानी हों, प्रज्वलित ज्ञानाग्निवाले

हों—(प्रज्वलिताग्नयः)—हमारी जाठराग्नि की दीप्ति से भूख ठीक बनी रहे (प्रजमिताग्नयः)

भावार्थ—हमें दिव्य वसु=ज्ञान प्राप्त हो, पार्थिव वसु—नीरोगता प्राप्त हो, इन दोनों से हम जीवन-यात्रा के लिए आवश्यक धन (द्रविण) प्राप्त करें तथा हमारे जीवन में मस्तिष्क में ज्ञानाग्नि दीप्त हो तो जठर में जाठराग्नि की दीप्ति हो।

सूक्त-१९

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वृत्रहत्या

१४२९. यज्जायथा अपूर्व्य मघवन्वृत्रहत्याय।
तत्पृथिवीमप्रथयस्तदस्तभ्ना उतो दिवम्॥ १॥

प्रभु कहते हैं कि हे अपूर्व्य-अद्वितीय (In-comparable) उन्नति कर सकनेवाले जीव! मघवन्-अध्यात्मक ऐश्वर्य को प्राप्त करनेवाले जीव! यत्-जो तू वृत्रहत्याय-ज्ञान की आवरणभूत कामवासना के हनन के लिए जायथाः-उद्दिष्ट (to be destined for any thing) होता है, अर्थात् जब तेरा लक्ष्य वासना का विनाश हो जाता है और तू उसमें समर्थ होता है १. तत्-तब पृथिवीम् अप्रथयः-तू इस अपने पार्थिव शरीर को ठीक विस्तृत कर पाता है। वासना के विनाश के बिना शारीरिक विकास सम्भव नहीं। वासनाएँ शरीर को जीर्ण कर देती हैं। २. उत तत् उ-और तभी दिवम्-तू अपने मस्तिष्करूप द्युलोक को अस्तभ्नाः-थामनेवाला होता है। वृत्र-विनाश से वीर्यरक्षा होती है—यह वीर्य ही मस्तिष्क में ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है और मनुष्य की विचारशक्ति को ठीक रखता है—उसकी बुद्धि मन्द नहीं पड़ जाती—सठिया नहीं जाती।

यह स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्कवाला व्यक्ति 'नृ-मेध'-अन्य मनुष्यों के साथ सम्पर्कवाला बनता है। वासना-विनाश से इसके लिए स्वार्थ से ऊपर उठ सकना सम्भव हुआ—यह लोकहित में प्रवृत्त हो सका। इसका यह मेध-सङ्गम लोकरक्षण के लिए है, अतः यह 'पुरुमेध' (पृ-पालन) कहलाता है। यह वस्तुतः इस परार्थ के द्वारा ही स्वार्थ का भी साधन कर पाता है, क्योंकि यह परार्थ उसे वासनाओं से बचानेवाला प्रमाणित होता है, यह वासना का विजेता सचमुच 'अपूर्व्य'—अनुपम है—सच्ची अध्यात्म-सम्पत्ति को पाकर 'मघवा' कहलाने के योग्य है।

भावार्थ—हम वृत्रहत्या द्वारा स्वस्थ शरीर व दीप्त मस्तिष्क को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

आत्मविजय से विश्व-विजय तक

१४३०. तत्ते यज्ञो अजायत तदर्क उत हस्कृतिः।
तद्विश्वमभिभूरसि यजातं यच्च जन्त्वम्॥ २॥

पिछले मन्त्र के प्रसङ्ग से ही कहते हैं कि वृत्रहनन कर लेने पर १. तत्-तब ते-तेरा यह जीवन यज्ञः-यज्ञरूप हो जाता है। वासना-विनाश हुआ और जीवन यज्ञमय बना। २. तत्-तभी अर्कः ते-ये मन्त्र तेरे होते हैं। अर्क निरुक्त में मन्त्रवाचक भी है। मनुष्य वृत्रहनन के बाद ही ज्ञानी बन सकता है। ३. उत-और तभी हस्कृतिः-तेरे जीवन में प्रकाशमय दिन का निर्माण होता है। तेरे

जीवन में उत्तरोत्तर प्रकाश की वृद्धि होकर अन्धकारमयी रात्रि समाप्त हो जाती है और प्रकाश का आधार दिन-ही-दिन हो जाता है और ४. सबसे बड़ी बात तो यह कि तत्-तभी विश्वम्-सब संसार को यत् जातम्-जो हो चुका है यत् च जन्त्वम्-जो होना है इस सब विश्व को अभिभूः असि-अपने वश में करनेवाला होता है। मनु ने कहा है कि 'जितेन्द्रियो हि शक्नोति वशे स्थापयितुं प्रजाः', राजा स्वयं जितेन्द्रिय बनकर ही लोकों पर शासन करता है।

भावार्थ—जितेन्द्रिय ही विश्व को जीतता है।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

तेजस्वितावाली शान्ति

१४३१. आमासु पक्वमैरय आ सूर्यं रोहयो दिवि।
घर्मं न सामं तपता सुवृक्तिभिर्जुष्टं गिर्वणसे बृहत्॥ ३॥

१. आमासु-वृत्रहनन के द्वारा तू इन अपरिपक्व शरीरों में पक्वम्-पक्वता ऐरयः-प्राप्त कराता है। वासना के विनष्ट होने पर शरीर के सब अङ्ग सुदृढ़ हो जाते हैं, क्योंकि वासना-विनाश से शरीर में शक्ति सुरक्षित रहती है। २. इस वृत्रहनन के द्वारा ही तू सूर्यम्-ज्ञानरूप सूर्य को दिवि-मस्तिष्करूप द्युलोक में आरोहयः-उदित करता है। वासना विनाश से सुरक्षित सोम ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है और ज्ञानसूर्य अधिक और अधिक दीप्त होता चलता है। ३. इस वृत्रहनन के द्वारा तुम घर्मं न-तेजस्विता की भाँति साम्म्-शान्ति को सुवृक्तिभिः-प्रभु स्तुतियों के साथ (नि० २.२४) तपत-दीप्त करो। (घृ-दीप्ति, साम—Calmness), अर्थात् वृत्रहत्या का परिणाम हमारे जीवनों में इस रूप में प्रकट होता है कि हम प्रभु-स्तवन करते हैं और हमारे शरीरों में तेजस्विता की दीप्ति प्रकट होती है तथा मन के अन्दर शान्ति का राज्य होता है। यह तेजस्वितावाली शान्ति गिर्वणसे-वेदवाणियों के द्वारा स्तुति किये जानेवाले प्रभु के लिए बृहत् जुष्टम्-बड़ी प्रिय है। यदि हमारे जीवनों में यह शान्ति होती है तो हम प्रभु के प्रिय बनते हैं।

भावार्थ—हमारे शरीर सुदृढ़ हों, मस्तिष्क में ज्ञानरूप सूर्य का उदय हो, हमें तेजस्विता के साथ शान्ति प्राप्त हो, हम प्रभु-स्तवन करते हुए प्रभु के प्रिय हों।

सूक्त-२०

ऋषिः—अगस्त्यो मैत्रावरुणिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—स्कन्धोग्रीवीबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सोम का पान

१४३२. मत्स्यपायि ते महः पात्रस्येव हरिवो मत्सरो मदः।
वृषा ते वृष्ण इन्दुर्वाजी सहस्रसातमः॥ १॥

हे हरिवः-(हरि+वन्) पाप-तापादिहरण-शक्ति से सम्पन्न इन्द्र! ते-तेरे—तेरे द्वारा उत्पन्न किये गये अथवा जो मुख्यरूप से आपकी प्राप्ति का साधन है, उस पात्रस्य इव-(पा+त्र) पीने के द्वारा त्राण करनेवाले, अर्थात् यदि हम उसका पान करते हैं—उसे अपने ही अन्दर व्याप्त (imbibe) कर लेने से वह हमारी रोगों से रक्षा करता है, वह महः-तेज अपायि-मुझसे पीया गया है—मैंने उसे प्राणसाधना द्वारा अपने ही अन्दर व्याप्त किया है, और परिणामतः हे प्रभो! मत्सि-आपने मुझे

विशेषरूप से आनन्दित किया है। हे प्रभो! आप मदः-उल्लास के पुञ्ज हैं, और इसीलिए अपने सखाओं को भी मत्सरः-उल्लासमय जीवनवाला बनाते हैं।

हे प्रभो! वृष्णः ते-शक्तिशाली आपका इन्दुः-यह सोम वृषा-मुझे भी शक्तिशाली बनानेवाला है और सब आनन्दों की वर्षा करनेवाला है। यह सोम वाजी-विशेष शक्ति को प्राप्त करानेवाला है और सहस्र-सातमः-अतिशयेन उल्लासमय जीवन (स-हस्) देनेवाला है।

सोम की इस महिमा को समझता हुआ 'अगस्त्य' (अगं पर्वतं अपि स्त्यायति—संहन्ति) 'पर्वत को भी तोड़-फोड़ देने की शक्तिवाला' प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि प्राणापान की साधना से सोमपान के लिए यत्न करता है और तभी 'मैत्रावरुणि' नामवाला होता है।

भावार्थ—सोम शक्ति देता है—जीवन को उल्लासमय बनाता है।

ऋषिः—अगस्त्यो मैत्रावरुणिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पृतनाषाट् सोम

१४३३. आ नस्ते गन्तु मत्सरो वृषा मदो वरेण्यः।
सहावाँ इन्द्र सानसिः पृतनाषाडमर्त्यः॥ २॥

हे इन्द्र-शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले प्रभो! ते-आपका यह 'इन्दु'—सोम नः-हमें आगन्तु-प्राप्त हो, जो सोम—१. मत्सरः-एक विशेष उल्लास का सञ्चार करनेवाला है, २. वृषा-शक्तिशाली व आनन्दों का वर्षक है, ३. वरेण्यः मदः-एक वरणीय—बड़ा वाञ्छनीय मद—आनन्दजनक साधन है। इससे उत्पन्न आनन्द स्थायी है—क्षणिक नहीं। ४. सहावान्-यह रोगकृमियों का मर्षण करनेवाला है ५. सानसिः-अतएव सम्भजनीय है—सेवनीय है। यह सोम प्रत्येक मनुष्य के लिए प्राप्त करने योग्य वस्तु है। ६. पृतनाषाट्-यह आसुर सेना का पराभव करनेवाला है—मन के अन्दर आ जानेवाली अशुभ वृत्तियों को कुचल देनेवाला है। ८. अ-मर्त्यः-इस प्रकार यह सोम रोगकृमियों का पराभव करके हमें अकालमृत्यु से—रोगादि से बचानेवाला है तथा आसुर वृत्तियों को कुचल देने के कारण यह हमें ऐसा बना देता है कि हम किसी भी भौतिक वस्तु के पीछे मारे-मारे नहीं फिरते (अ-मर्त्य)।

भावार्थ—सोम हमपर आक्रमण करनेवाले आसुर भावों के सैन्य को पूर्ण पराभव देनेवाला है (पृतनाषाट्)।

ऋषिः—अगस्त्यो मैत्रावरुणिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

दस्यु से देव

१४३४. त्वं हि शूरः सनिता चोदयो मनुषो रथम्।
सहावान् दस्युमव्रतमोषः पात्रं न शोचिषा॥ ३॥

हे सोम! त्वं हि-तू निश्चय से १. शूरः-अ से ह तक (a to z) सब शत्रुओं का शातन करनेवाला है। रोगकृमियों को नष्ट करके तू हमारे शत्रुओं का नाश करता है २. सनिता-शत्रुओं का नाश करके तू नीरोगता आदि का देनेवाला है। ३. मनुषः रथं चोदय-हे सोम! तू ही मनुष्य के रथ को प्रेरित करनेवाला है। तेरे होने से यह रथ चलता है, अर्थात् तेरी समाप्ति और इस जीवन की भी

समाप्ति (मरणं बिन्दुपातेन)। ४. सहावान्-मन के अन्दर उत्पन्न हो जानेवाली अशुभ वृत्तियों को मसल डालनेवाला है। 'वीर्य' मनुष्य को वीरत्व—Virtues प्राप्त कराता है और वह सब vices-विषयों से ऊपर उठने में समर्थ होता है। ५. इस प्रकार यह सुरक्षित सोम एक दस्युम्-ध्वंसक वृत्तिवाले (दस्-to destroy) अव्रतम्-कुत्सित—निन्दित-व्रतोंवाले पुरुष को भी ओषः-दुर्गुणों के दहन (उष् दाहे) से ऐसा पवित्र बना देता है न-जैसेकि पात्रम्-किसी मलिन बर्तन को शोचिषा-अग्नि के द्वारा—अग्नि में तपाकर शुद्ध कर देते हैं।

इस प्रकार यह सोम सब कुटिलगतियों को (अग) नष्ट करके (स्व) एक व्यक्ति को सचमुच 'अगस्त्य' बना देता है।

भावार्थ—हम 'सोम' के महत्त्व को समझें, उसके सुरक्षण द्वारा सु-गुणों का सन्धारण करें।

इति द्वादशोऽध्यायः, षष्ठप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः ॥

अथ त्रयोदशोऽध्यायः

षष्ठप्रपाठकस्य तृतीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—कविर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सात्त्विक, सर्वोत्तम अन्न

१४३५. पवस्व वृष्टिमा सु नोऽपामूर्मिं दिवस्परि। अयक्ष्मा बृहतीरिषः ॥ १ ॥

वैदिक संस्कृति का एक सिद्धान्त है जिसे सामान्यभाषा में "जैसा अन्न वैसा मन" इन शब्दों में कहा गया है। उपनिषद् ने इसे 'आहारशुद्धौ सत्त्वशुद्धिः सत्त्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः। स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थीनां विप्रमोक्षः' इन शब्दों में कहा है कि 'आहार की शुद्धि होने पर अन्तःकरण की शुद्धि होती है, अन्तःकरण की शुद्धि में अपने स्वरूप व लक्ष्य का स्मरण रहता है और स्मृति रहने पर वासना-ग्रन्थियों का विनाश हुआ करता है'। इस तत्त्व को जानकर मन्त्र का ऋषि 'कविर्भार्गव' (तत्त्वद्रष्टा व तेजस्वी) सात्त्विक अन्न के लिए प्रार्थना करता है। वह यह भी समझता है कि 'सर्वोत्तम अन्न' वृष्टि-जन्य है, अतः वृष्टि के लिए प्रार्थना करता हुआ वह कहता है कि—

हे सोम प्रभो! नः=हमारे लिए वृष्टिम्=वृष्टि को सु=उत्तम प्रकार से आ=चारों ओर (निकामे निकामे) उस-उस इष्ट स्थान में आपवस्व=क्षरित कीजिए—बरसाइए। दिवः=द्युलोकों से अपाम् ऊर्मिम्=जलों के संघातों को परि (पवस्व)=टपकाइए। इस प्रकार अ-यक्ष्माः=शरीर को रोगों से आक्रान्त न होने देनेवाले स्वास्थ्यप्रद तथा बृहतीः=वृद्धि के कारणभूत—हृदय को विशाल बनानेवाले इषः=अन्नों को हमें प्राप्त कराइए।

भावार्थ—वृष्टिजलों से उत्पन्न सात्त्विक अन्नों से १. हमारे शरीर नीरोग बनें, और २. हमारे हृदय विशाल हों।

ऋषिः—कविर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

गौवें—आनन्द व प्रेम

१४३६. तया पवस्व धारया यया गाव इहागमन्। जन्यास उप नो गृहम् ॥ २ ॥

वृष्टि के ठीक होने पर सुभिक्ष होता है। सुभिक्ष गोपालनादि में सहायक होता है तथा सब घरों में आनन्द-मङ्गल बना रहता है। इसी भावना को 'कविर्भार्गव' इस रूप में कहता है कि—

हे सोम! आप तया=उस धारया=धारण करनेवाली वृष्टि-जल धारा से पवस्व=जलों को आकाश से क्षरित कीजिए यया=जिससे इह=यहाँ—हमारे घरों में गावः=गौवें आगमन्=आएँ। हमें चारे इत्यादि की कमी न होने से गौवों के रखने की सुविधा हो और परिणामतः नः गृहम् उप=हमारे घरों के समीप जन्यासः=आनन्द-ही-आनन्द (pleasure, happiness) हो तथा उनमें प्रेम (Affection) का राज्य हो।

जिस घर में गौवों का निवास होता है वहाँ १. शरीर स्वस्थ होते हैं, २. मन विशाल होता है तथा ३. बुद्धि तीव्र व सात्त्विक होती है। परिणामतः वहाँ आनन्द-ही-आनन्द होता है। सब लोग

परस्पर प्रेम से रहते हैं।

भावार्थ—वृष्टि ठीक हो और हम घरों में गौवों को रक्खें, जिससे हममें नीरोगता, निश्छलता व निःस्वार्थता का आनन्द हो और परस्पर प्रेम हो।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृष्टि और यज्ञ

१४३७. घृतं पवस्व धारया यज्ञेषु देववीतमः। अस्मभ्यं वृष्टिमा पव॥ ३॥

आर्यसंस्कृति में वृष्टि और यज्ञ में कार्य-कारण सम्बन्ध समझा जाता है। 'यज्ञात् भवति पर्जन्यः' यज्ञ से पर्जन्य (बादल) बनकर वृष्टि होती है। 'अग्निहोत्रं स्वयं वर्षम्', यह कोशवाक्य अग्निहोत्र से वृष्टि होने को स्वयंसिद्ध (axiom) के समान मानता है, अतः 'कविर्भार्गव' प्रभु से प्रार्थना करता है—हे प्रभो! देववीतमः-हमारे लिए दिव्य गुणों को अत्यन्त (तम) चाहते हुए (वी) आप यज्ञेषु-यज्ञों में धारया-धारण के उद्देश्य से घृतम्-घृत को पवस्व-क्षरित कीजिए। मनुष्य जब स्वार्थ की ओर चलता है तब उसकी विचारधारा यह होती है कि यज्ञों में डालने के स्थान में—अग्नि में स्वाहा करने के स्थान पर मैं उतने घृत को अपने शरीर में डालकर पुष्टि व आनन्द का लाभ क्यों न करूँ? इस मनोवृत्ति से यज्ञों के अभाव में मनुष्य अधिकाधिक स्वार्थी व कृपण बनता जाता है। केवल अपने लिए पकानेवाला मानो पाप का ही भक्षण करता है 'केवलाघो भवति केवलादी'—यह केवलादी शुद्ध पाप बन जाता है—पाप का पुतला हो जाता है। इसके जीवन से दिव्य गुणों का उन्मूलन हो जाता है। दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए यज्ञिय वातावरण आवश्यक है।

हे प्रभो! इन यज्ञों के होने पर आप अस्मभ्यम्-हमारे लिए वृष्टिम्-वृष्टि को आपव-क्षरित कीजिए।

भावार्थ—हम यज्ञ करें, प्रभु वृष्टि करें।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोमों की शृंखला

१४३८. स न ऊर्जे व्या३व्ययं पवित्र धाव धारया। देवासः शृणवन्हि कम्॥ ४॥

चन्द्र ओषधीश है—इस सोम नामवाले चन्द्र से ओषधियों में रस का सञ्चार होता है। ओषधियों का राजा भी 'सोम' कहलाता है। यह जब यज्ञ में आहुत होता है तब वृष्टि होकर सात्त्विक सौम्य अन्न उत्पन्न होता है। इस सौम्य अन्न से शरीर में 'सोम' की उत्पत्ति होती है। एवं, आधिदैविक सोम (चन्द्र) से पार्थिव सोम (लता) की उत्पत्ति होती है, उससे अध्यात्म सोम (semen) बनता है। इस सोम की ऊर्ध्वगति होने पर सोम (परमात्मा) के दर्शन होते हैं। एवं, इन सोमों में कार्यकारणभाव चलता है।

शरीर में उत्पन्न सोम से 'कविर्भार्गव' कहता है कि सः-वह तू नः-हमारी ऊर्जे-बल और प्राणशक्ति के लिए अपनी धारया-धारक शक्ति के साथ पवित्रम्-पवित्र तथा अव्ययम्-(अ-वि अय) विविध विषय-वासनाओं की ओर न जानेवाले हृदय की ओर विधाव-विशेषरूप से गतिवाला हो। वीर्य की ऊर्ध्वगति का ही परिणाम है कि १. शरीर बल व प्राणशक्ति-सम्पन्न बनता है, २. हृदय पवित्र होता है और ३. यह चञ्चलचित्त विषय-वासनाओं की ओर न जाकर स्थिर होने लगता है।

हे सोम! तू ऊर्ध्वगतिवाला ही हो, जिससे देवासः=लोग पवित्र हृदय व दिव्य गुणोंवाले बनकर हि=निश्चय से कम्=उस आनन्दमय प्रभु को शृणवन्=सुनें। पवित्र हृदय में प्रभु की वाणी सुनाई पड़ती है। एवं, सोम की ऊर्ध्वगति के अगले परिणाम हैं—४. मनुष्य दिव्य गुणोंवाला बनता है ५. हृदयस्थ प्रभु की आनन्दमयी वाणी को सुनता है।

भावार्थ—वृष्टिजलों से उत्पन्न सात्त्विक अन्न हममें उस सोम को जन्म दे जो ऊर्ध्वगतिवाला होकर १. हमें बल व प्राणशक्तिसम्पन्न करे, २. हमारे हृदयों को पवित्र बनाये, ३. हमारे चित्तों को शान्त करे, ४. दिव्य गुणसम्पन्न बनानेवाला हो और ५. हमें प्रभुवाणी श्रवण में प्रवृत्त करे।

ऋषिः—कविर्भार्गवः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्योतियों की जगमगाहट

१४३९. पवमानो असिष्यदद्रक्षांस्यपजङ्घनत्। प्रनवद्रोचयन्रुचः॥ ५॥

शरीर में सात्त्विक अन्न से उत्पन्न होनेवाली शक्ति 'सोम' है। यह हमारे जीवनों में पवित्रता के सञ्चार का कारण बनती है, अतः 'पवमान' नामवाली होती है। ये पवमानः=पवित्रता करनेवाले सोम हमारे शरीरों में रक्षांसि=अपने रमण के लिए औरों का क्षय करनेवाले रोग-कृमिरूप राक्षसों को अपजङ्घनत्=नष्ट करके दूर करता हुआ असिष्यदत्=बहता है। (स्यन्दृ—प्रस्रवणे)। यह शरीर को नीरोग करके प्रत्नवत्=पहले की भाँति रुचः=कान्तियों को रोचयन्=चमका देता है। हमारे शरीर पहले प्रकृत अवस्था में जैसे चमकते थे वैसे ही अब नीरोग होकर फिर चमक उठते हैं। १. सोम के अभाव में रोगकृमियों ने हमारे शरीर पर अपना अधिकार कर लिया था, परन्तु इस सोम ने उनका बुरी तरह संहार कर दिया है। अब शरीर फिर पहले की भाँति चमकने लगा है। २. सोम के अभाव में राक्षसी वृत्तियों ने मन को भी मलिन कर दिया था। अब इस सुरक्षित सोम ने इन राक्षसी वृत्तियों को समाप्त करके मन व हृदय को पवित्र व उज्वल बना दिया है। ३. ईंधन न मिलने से ज्ञानाग्नि भी बुझ-सी चली थी, पर अब इस सोमरूप ईंधन को पाकर ज्ञानाग्नि भी दीप्त हो उठी है। एवं, क्या शरीर, क्या हृदय, और क्या मस्तिष्क सभी की कान्तियाँ पहले की भाँति फिर से खूब चमक उठी हैं। सोम ने हमारे शरीर, हृदय व मस्तिष्क सभी को 'रोचिष्मान्'—कान्तिवाला बना दिया है। इस प्रकार शरीर, मन व बुद्धि की शक्तियों को उज्वल बनाकर यह व्यक्ति भार्गव—तेजस्वी तो बना ही है साथ ही बुद्धि की तीव्रता ने इसे क्रान्तदर्शी भी बना दिया है। एवं, मन्त्र का ऋषि यह 'कविर्भार्गव' अन्वर्थ नामवाला है।

भावार्थ—सोमरक्षा से राक्षसों का संहार हो, पहले की भाँति हमारे जीवन-गगन में ज्योतियाँ चमक उठें।

सूक्त-२

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

हम आगे बढ़ने की भावना से परिपूर्ण हों

१४४०. प्रत्यस्मै पिपीषते विश्वानि विदुषे भर। अरङ्गमाय जग्मयेऽपश्चादध्वने नरः॥ १॥

३५२ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—

प्रति-अस्मै=प्रत्येक ऐसे व्यक्ति के लिए नरः=आगे ले-चलने की भावनाओं को भर=परिपूर्ण

कीजिए। किसके लिए?

१. पिपीषते-जो रयि और प्राणशक्ति की वृद्धि के लिए सोमपान करना चाहता है, २. विश्वानि-न चाहते हुए भी अन्दर प्रवेश करनेवाले काम-क्रोधादि को विदुषे-समझनेवाले के लिए, ३. अरंगमाय-(अरं-वारण)—लोकदुःख-निवारण के लिए, गतिशील के लिए, ४. जग्मये-निरन्तर क्रियाशील के लिए ५. अपश्चादध्वने-जीवन में पीछे कदम न रखनेवाले के लिए।

भावार्थ—हम १. सोमपान की प्रबल कामनावाले बनें। २. काम-क्रोधादि को आत्मालोचन द्वारा समझें। ३. लोकदुःख-निवारण के लिए प्रयत्नशील हों। ४. निरन्तर क्रियाशील बनें। ५. जीवन में कभी पीछे पग न रक्खें।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

अपने को उस-जैसा ही बनाएँ

१४४१. एमेनं प्रत्येतन सोमेभिः सोमपातमम्।
अमत्रेभिर्ऋजीषिणमिन्द्रं सुतेभिरिन्दुभिः॥ २॥

आ-सर्वथा ईम्-निश्चय से एनम्-इस प्रभु के प्रतिएतन-ओर आओ—चलो। यह सिद्धान्त तो निश्चित ही है कि प्रकृति की ओर न जाकर प्रभु की ओर चलना चाहिए। यह कार्य सर्वोत्तम ढंग से ऐसे ही हो सकता है कि हम उस-जैसे ही बनकर उसकी ओर चलने का ध्यान करें। वेद कहता है कि—

१. सोमपातमम्-अतिशय सोम का पान करनेवाले—शक्ति को अपने अन्दर धारण करनेवाले प्रभु को सोमेभिः-सोमों के द्वारा ही प्राप्त करो। यदि हम उत्पन्न सोम की रक्षा नहीं करते तो अपनी कितनी हानि करते हैं?

२. ऋजीषिणम्-(seizing, driving away) शत्रुओं का विद्रावण करते हुए उस प्रभु को अमत्रेभिः-शत्रुओं के अभिभव (overpowering enemies) के द्वारा पाने का प्रयत्न करो।

३. इन्द्रम्-बल के कार्यों को करनेवाले प्रभु को (सर्वाणि बलकर्माणि इन्द्रस्य) सुतेभिः-अपने अन्दर उत्पन्न किये हुए इन्दुभिः-सोम व शक्ति के कणों से ही प्राप्त किया जा सकता है।

भावार्थ—प्रभु-जैसे बनकर हम प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ब्रह्मचर्य

१४४२. यदी सुतेभिरिन्दुभिः सोमेभिः प्रतिभूषथ।
वेदा विश्वस्य मेधिरो धृषत्तन्तमिदेषते॥ ३॥

प्रभु 'भारद्वाज बार्हस्पत्य'-शक्ति को अपने में भरनेवाले ज्ञानी से कहते हैं कि यत् ईं-जब ही तुम सुतेभिः-शरीर में रसादि क्रम से उत्पन्न हुए-हुए इन्दुभिः-शक्ति देनेवाले सोमेभिः-सोमकणों से प्रतिभूषथ-अपने अङ्ग-प्रत्यङ्ग को सुभूषित करते हो (भूष्-adorn, give beauty to) तो उसका परिणाम यह होता है कि तुम १. विश्वस्य वेदः-ज्ञानी बनते हो—सारे ज्ञान-विज्ञान के प्राप्त करनेवाले होते हो। २. मेधिरः-उत्तम मेधावाले बनते हो। बुद्धि का निर्माण इन्हीं सोमकणों से होता है। सोम

का अपव्यय करनेवालों की ज्ञानाग्नि बुझ जाती है—थोड़े-से भी गम्भीर चिन्तन से उनका सिर दर्द करने लगता है ३. धृषत्-तू काम, क्रोध, लोभ आदि अन्तःशत्रुओं का धर्षण करनेवाला बनता है। ये शत्रु तुझपर प्रबल नहीं हो पाते। ४. तं तं इत् एषते-यह सोम से अपने जीवन को सुन्दर बनानेवाला उस-उस कामना को प्राप्त होता है, अर्थात् जो चाहता है वह करने में समर्थ होता है, ब्रह्मचारी के लिए कुछ भी अप्राप्य नहीं है।

भावार्थ—ब्रह्मचर्य से सोमकणों की ऊर्ध्वगति के द्वारा १. मनुष्य सम्पूर्ण ज्ञान-विज्ञानों को प्राप्त करता है। २. बुद्धिमान् बनता है। ३. शत्रुओं का धर्षण करनेवाला होता है और ४. सब कामनाओं को प्राप्त करता है।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

सुरक्षित सोम वासनाओं के सन्ताप से बचाता है।

१४४३. अस्माअस्मा इदन्धसोऽध्वर्यो प्र भरा सुतम्।
कुवित्समस्य जेन्यस्य शर्धतोऽभिशस्तेरवस्वरत्॥ ४॥

प्रभु 'भारद्वाज बार्हस्पत्य' को प्रेरणा देते हुए कहते हैं कि हे अध्वर्यो-अहिंसा से अपने को युक्त करनेवाले (अध्वर-यु)। अपनी किसी शक्ति व ज्ञान की हिंसा न होने देनेवाले भरद्वाज! तू अन्धसः-अत्यन्त ध्यान देने योग्य—सावधानी से रक्षा करने योग्य—इस सोम के सुतम्-उत्पन्न कण-कण को अस्मा अस्मा इत्-इस आत्मतत्त्व की प्राप्ति के लिए ही प्र-भर-प्रकर्षेण धारण कर। इसका अपव्यय न होने देकर—इसकी ऊर्ध्वगति से अपने ज्ञान को बढ़ाता हुआ तू मेधिर और धृषत्-बुद्धिमान् और शत्रुओं का धर्षण करनेवाला बनकर प्रभु को प्राप्त करनेवाला बन।

यह सुरक्षित सोम समस्य-सब जेन्यस्य-जीतने योग्य शर्धतः-(शृध to cut off) हमारी शक्तियों को क्षीण करती हुई अभिशस्तेः-अभिशापरूप बुराइयों के कुवित्-अति अवस्वरत्-उत्ताप से पृथक् करता है। (स्वृ-उपताप)। सोम को सुरक्षित करने पर काम, क्रोध, लोभ आदि वासनाएँ मनुष्यों को सन्तप्त नहीं कर पातीं।

भावार्थ—सोम सुरक्षित होकर मनुष्य को वासनाओं के सन्ताप से बचाता है।

सूक्त-३

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-गायन

१४४४. बभ्रवे नु स्वतवसेऽरुणाय दिविस्पृशे। सोमाय गाथमर्चत॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अ-सित' विषयों से अबद्ध 'काश्यप'-पश्यक, तत्त्वद्रष्टा 'देवल'-दिव्य गुणों का उपादान करनेवाला है। 'वह ऐसा कैसे बन पाया है?' इस बात का रहस्य प्रस्तुत मन्त्र में इस रूप में वर्णित है कि यह 'सदा प्रभु का स्मरण करता है।' यह कहता है कि—

नु गाथं अर्चत-अब स्तुतिसमूह का उच्चारण करो—स्तोत्रों के द्वारा प्रभु का गायन करो—उसके नामों का सतत उच्चारण करो—उसी के नामों के अर्थ का चिन्तन करो। किसके लिए—

१. बभ्रवे-सबका भरण-पोषण करनेवाले के लिए। जो प्रभु सभी का भरण-पोषण करते हैं—नास्तिकों के भी निवास का हेतु हैं (अमन्तवो मां त उपक्षियन्ति)।

२. स्वतवसे-अपने बलवाले के लिए। प्रभु की शक्ति नैमित्तिक नहीं—उनकी शक्ति स्वाभाविक है (स्वाभाविकी ज्ञान-बल-क्रिया च)। वे संसार में सभी को शक्ति प्राप्त करा रहे हैं—प्रभु को शक्ति प्राप्त करानेवाला कोई दूसरा नहीं है।

३. अरुणाय-(अरुणः आरोचतः—नि० ५.२०) सर्वतो दीप्तिमान् के लिए। वे प्रभु सर्वतः देदीप्यमान हैं। उस प्रभु की दीप्तियाँ ही सर्वतः चमक रही हैं।

४. दिविस्पृशे-(विद्याप्रकाशयुक्ताय—द० य० ३३.८५) ज्ञान के प्रकाश से युक्त के लिए। वे प्रभु ज्ञानस्वरूप हैं—उनका ज्ञान-प्रकाश ही ज्ञानियों के हृदयों को ज्ञान की ज्योति से दीप्त कर रहा है।

५. सोमाय-शान्तस्वरूप के लिए। वे प्रभु ज्ञानाग्नि से दीप्त होते हुए भी शान्तस्वरूप हैं। ज्ञानाग्नि वस्तुतः हृदय की शान्ति को जन्म देती है।

इस प्रकार प्रभु के स्तवन से ही स्तोता 'असित' विषयों से अबद्ध होकर 'देवल'-दिव्य गुणोंवाला बनता है।

भावार्थ—हम 'बभ्रु, स्वतवान्, अरुण, दिविस्पृक्, सोम' का गायन करें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्रता व माधुर्य

१४४५. हस्तच्युतेभिरद्रिभिः सुतं सोमं पुनीतन। मध्वा धावता मधु॥ २॥

प्रभु-स्तवन के द्वारा पवित्रीभूत हृदय में जब प्रभु का प्रकाश होता है तब कहते हैं कि वह सोम-शान्त प्रभु सुत-उत्पन्न हुए हैं। स्तोताओं के लिए उपदेश देते हैं कि सुतं सोमम्-इस आविर्भूत सोम का लक्ष्य करके पुनीतन-अपने को अधिक और अधिक पवित्र बनाओ। पवित्र हृदय में ही उस प्रभु का दर्शन व निवास होता है।

पवित्रता कैसे करें? १. हस्तच्युतेभिः-(हन् धातु से बना हस्त शब्द यहाँ हिंसा का वाचक है)। हिंसाओं को छोड़ने के द्वारा। पवित्रता के लिए हिंसा का त्याग आवश्यक है। २. अद्रिभिः-(अद्रयः आदरणीयाः—नि० ९.८) आदर की भावनाओं (adoration) से। जब हम आदर की भावनाओं से युक्त होकर हृदय में प्रभु का उपासन करते हैं तब सब वासनाओं का उन्मूलन होकर हृदय पवित्र हो जाता है।

'परमं वा एतद् रूपं देवतायै यन्मधु' (तै० ३.८.१४.२) इस वाक्य में उस देवता का जो सर्वोत्कृष्टरूप है, उसे 'मधु' कहा गया है। मध्वा-उस मधुरूप प्रभु में आधावत-सब प्रकार से अपने को शुद्ध कर डालो (धाव्-शुद्धि)। अपने को शुद्ध करके स्वयं भी मधु-मधु ही हो जाओ। प्रभु के अन्दर निवास करनेवाला 'मधु' ही बन जाता है—कभी कड़वी वाणी का प्रयोग नहीं करता। 'उपासना और कटुता' ये विरोधी बातें हैं। प्रभु के उपासक का जीवन माधुर्य से परिपूर्ण होता है।

भावार्थ—हिंसा को छोड़कर, प्रभु के प्रति आदर की भावना से हम अपने को पवित्र बनाएँ। माधुर्यमय प्रभु में निवास कर 'मधु' ही बन जाएँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नमन-निरोध-निधान (सोमपान)

१४४६. नमसेदुप सीदत दध्नेदधि श्रीणीतन। इन्दुमिन्द्रे दधातन॥ ३॥

हे मनुष्यो! तुम १. नमसा इत्-निश्चय से नमन के द्वारा उपसीदत-प्रभु के समीप स्थित होओ। मनुष्य जितना-जितना अहंकारवाला होता है, उतना-उतना प्रभु से दूर होता जाता है, नम्रता उसे प्रभु के समीप प्राप्त कराती है।

२. दध्ना इत्-(इन्द्रियं वै दधि—तै० २.१.५.६) अपनी सब इन्द्रियों से ही अधि श्रीणीतन-प्रभु की भावना को अपने में परिपक्व करो (श्रीणन्-परिपक्वं कुर्वन्।—द० ऋ० १.६८.१) अथवा इन्द्रियों के द्वारा उस प्रभु का ही आश्रय करो (श्रीणानः-आश्रयकुर्वाणः—द० य० ३३.८५)। हम अपनी इन्द्रियों को विषयों से विनिवृत्त कर—मन द्वारा उनका निरोध करके और मन को बुद्धि के द्वारा निरुद्ध कर प्रभु का सेवन करें—प्रभु की भावना को अपने में परिपक्व करें।

३. इन्द्रे-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्राप्ति के निमित्त ही इन्द्रम्-सोम को दधातन-अपने अन्दर धारण करो। सोम के पान से, उसे अपने अन्दर सुरक्षित रखने से मनुष्य की ज्ञानाग्नि दीप्त होती है—बुद्धि सूक्ष्म बनती है और इस सूक्ष्म बुद्धि से प्रभु का दर्शन होता है 'दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या।'

भावार्थ—हममें नमन हो, इन्द्रिय-वृत्तियाँ प्रभु-प्रवण हों और सोमपान के द्वारा हम अपने को प्रभु-दर्शन के योग्य बनाएँ।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु द्वारा देवों की इच्छापूर्ति

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
१४४७. अमित्रहा विचर्षणिः पवस्व सोम शं गवे। देवेभ्यो अनुकामकृत्॥ ४॥

हे सोम-शान्तस्वभाव प्रभो! आप पवस्व-हमारे जीवनों को पवित्र कीजिए तथा गवे-हमारी इन्द्रियों के लिए शम्-शान्ति प्राप्त कराइए।

आप अमित्र-हा-शत्रुओं के नष्ट करनेवाले हैं। काम, क्रोधादि शत्रुओं को नष्ट करके आप हमारे जीवनों को पवित्र करते हैं।

विचर्षणिः-(पश्यतिकर्मा—नि० ३.११) आप विशेषरूप से हमारा ध्यान करते हैं (Look after) (विविधविद्याप्रदः—द० य० १९.४२) आप सब ज्ञानों के देनेवाले हैं। ज्ञान प्राप्त कराकर आप काम-क्रोधादि शत्रुओं का नाश करते हैं। इन शत्रुओं के नाश से हमारी इन्द्रियाँ शान्त होती हैं।

देवेभ्यः-जिन व्यक्तियों के कामादि शत्रुओं का नाश हो गया है और जिनको विद्या का प्रकाश प्राप्त हुआ है, उन देवों के लिए हे प्रभो! आप अनुकामकृत्-अनुकूल इच्छाओं को पूर्ण करनेवाले हो। इन देवों में शास्त्रविरुद्ध इच्छाएँ उत्पन्न ही नहीं होतीं। उनकी शास्त्रानुकूल सब इच्छाएँ प्रभु कृपा से अवश्य पूर्ण होती हैं।

भावार्थ—हम कामादि शत्रुओं का नाश करके तथा विद्या का प्रकाश प्राप्त करके देव बनें। प्रभु हमारी शास्त्रानुकूल सब इच्छाओं को पूर्ण करेंगे।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

नाड़ी-संस्थान-भ्रंश (Nervous Breakdown) कब ?

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
१४४८. इन्द्राय सोम पातवे मदाय परि षिच्यसे। मनश्चित्-मनसस्पतिः॥ ५॥

हे सोम-अन्नादि के सारभूत तत्त्व! तू मनश्चित्-मन का भी चयन करनेवाला है, अर्थात्

मानस शक्ति का भी बढ़ानेवाला है। मनसः पतिः-मानसशक्ति का रक्षक है। सोम के सुरक्षित होने पर मानसशक्ति की वृद्धि व रक्षा होती है। भोगविलास में फँसकर इसके नष्ट होने से ही—Nervous Break down आदि रोग हो जाते हैं। इसके सुरक्षित होने पर मननशक्ति की वृद्धि होती है, मन बड़ा प्रबल बना रहता है। हमारे मनों पर आसुर वृत्तियों के आक्रमण नहीं होते।

हे सोम! तू १. इन्द्राय-परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्राप्ति के लिए २. पातवे-शरीर की रोगादि से रक्षा के लिए, और ३. मदाय-जीवन में उल्लास के लिए परिषिच्यसे-अङ्ग-प्रत्यङ्ग में सिक्त होता है। जो भी मनुष्य सोम के महत्त्व को समझ जाता है वह इसे कभी नष्ट नहीं होने देता। इसकी ऊर्ध्वगति के द्वारा वह इसे अपने शरीर का ही भाग बनाता है। सारे रुधिर में व्याप्त होकर यह सर्वाङ्गों में सिक्त होता है और हमें १. दृढ़ मनवाला बनाता है, २. सुरक्षित मनवाला करता है, ३. प्रभु-दर्शन के योग्य बनाता है, ४. नीरोग शरीरवाला करता है तथा ५. जीवन में विशेष ही उल्लास देता है।

भावार्थ—हम 'सोमपान' के महत्त्व को समझें और इसके द्वारा स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन व स्वस्थ बुद्धिवाले बनें।

ऋषिः—असितः काश्यपो देवलो वा॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम से सोम का मिलन

१४४९. पवमान सुवीर्यं रयिं सोम रिरीहि नः। इन्दविन्द्रेण नो युजा॥ ६॥

हे पवमान सोम-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाले सोम! तू नः-हमें सुवीर्यम्-उत्तम प्राणशक्ति को तथा रयिम्-रयिशक्ति को (प्राणशक्ति ही पुरुष में सुवीर्य व स्त्री में रयि कहलाती है) रिरीहि-दे। हमारे शरीरों को वीर्य व रयि से युक्त कर। जिस समय इन रयि व सुवीर्यरूप चन्द्रशक्ति व सूर्यशक्तियों से हमारे शरीर संयुक्त होते हैं तब ये नीरोग, आह्लादमय व प्रकाशयुक्त होते हैं। शरीर नीरोग है तो मन प्रसन्न और बुद्धि उज्ज्वल।

इस प्रकार हमारे जीवनों को सुन्दर बनाकर सोम हमें उन्नति-पथ पर आगे बढ़ने के योग्य बनाता है। आगे बढ़ते हुए हम एक दिन प्रभु के समीप पहुँचनेवाले हो जाते हैं। मन्त्र का ऋषि 'असित' सोम से कहता है कि हे इन्दो-शक्ति देनेवाले सोम! तू इन्द्रेण-उस परमात्मा से नः-हमें युज-सङ्गत कर दे। वस्तुतः यह 'सोम'-वीर्यशक्ति जड़ जगत् की सर्वोत्तम वस्तु है, वह सोम-परमात्मा चेतन जगत् में सर्वश्रेष्ठ है। यह सोम ही उस सोम को प्राप्त कराने में समर्थ है।

भावार्थ—हे पवित्र करनेवाले सोम! तू हमें सुवीर्य व रयि प्राप्त कराके प्रभु से मेल के योग्य बना दे।

सूक्त-४

ऋषिः—सुकक्ष आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सूर्योदय, कहाँ?

१४५०. उद् घेदभि श्रुतामघं वृषभं नर्यापसम्। अस्तारमेषि सूर्य॥ १॥

इस मन्त्र का अर्थ १२५ संख्या पर इस प्रकार है—हे सूर्य-सारे संसार के सञ्चालक प्रभो! घ इत्-निश्चय से आप अभि उदेषि-उस मनुष्य के हृदयाकाश में उदित होते हैं जो १. श्रुतामघम्-

ज्ञानरूप ऐश्वर्य का स्वामी है, २. वृषभम्=शक्तिशाली है, ३. नर्यापसम्=मानवहित के कर्मों का करनेवाला है, ४. अस्तारम्=विषय-वासनाओं को अपने से दूर फेंकनेवाला है।

भावार्थ—हम ज्ञानैश्वर्यवाले, शक्तिशाली, मानवहित के कर्म करनेवाले, और वासनाओं को परे फेंकनेवाले बनें, जिससे हमारे हृदयाकाश में प्रभुरूप सूर्य का उदय हो।

ऋषिः—सुकक्ष आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अस्तारम्' का स्पष्टीकरण

१ १ २ १ १ १ १ १ २ १ १ २ १ २ १ १ २

१४५१. नव यो नवतिं पुरो बिभेद बाह्वोजसा। अहिं च वृत्रहावधीत्॥ २॥

गत मन्त्र में कहा था कि प्रभुरूप सूर्य 'अस्ता' के हृदयाकाश में उदित होते हैं, अतः प्रस्तुत मन्त्र में उसी अस्ता का लक्षण विस्तार से किया है—यः=जो नवनवतिम्=निन्यानवे पुरः=असुरों की पुरियों को बाहु ओजसा (बाह प्रयत्ने)=सदा कर्मों में प्रयत्नशीलता से जनित ओज के द्वारा बिभेद=विदीर्ण कर देता है। असुर हमारे शरीरों में सदा अपना अधिष्ठान बनाकर अपना दुर्ग बनाते रहते हैं। निन्यानवे के निन्यानवे वर्ष इन असुरों के किले ही बनते चलते हैं, परन्तु जो व्यक्ति 'कर्मणे हस्तौ विसृष्टौ'—'प्रभु ने कर्म के लिए हाथ दिये हैं', इस तत्त्व को समझकर सतत कर्मों में प्रयत्नशील रहता है। यह व्यक्ति अपने प्रयत्नजनित ओजों से असुरों की इन नगरियों को नष्ट-भ्रष्ट कर देता है।

यह 'बाह्वोजस्' वाला व्यक्ति ज्ञान पर आवरण को ले-आनेवाले वृत्र को नष्ट कर देता है और 'वृत्र-हा' नामवाला होता है। कामवासना ही वृत्र है। काम और ज्ञान का सनातन विरोध है। च=और यह वृत्रहा अहिम्=(आहन्ति इति) हनन की वृत्ति को अवधीत्=नष्ट कर डालता है।

कामवासना व औरों के हनन की वृत्ति का हनन करनेवाला यह पुरुष 'सुकक्ष' उत्तम शरणवाला होता है। वासनाओं का विदारण करनेवाला यह 'आङ्गिरस' तो है ही।

भावार्थ—हम वासना का विदारण करें, हनन की वृत्ति का हनन करनेवाले हों।

ऋषिः—सुकक्ष आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गौ के समान 'ज्ञानदुग्ध' दाता प्रभु

१ १ १ २ १ १ २ १ १ २ १ १ १ २

१४५२. स न इन्द्रः शिवः सखाश्वावद्गोमद्यवमत्। उरुधारेव दोहते॥ ३॥

'सुकक्ष आङ्गिरस' के हृदयाकाश में प्रभुरूप सूर्य का उदय होता है। इस सूर्योदय से उसका मानस-गगन दीप्त हो उठता है। अन्धकार की इतिश्री होकर वहाँ प्रकाश-ही-प्रकाश होता है। इसी बात को यहाँ इन शब्दों में कहते हैं कि—

सः इन्द्रः=वह अन्धकार का विदारण करनेवाला प्रभु नः=हमारा शिवः=कल्याण करनेवाला सखा=मित्र है। वह उरुधारा इव=दुग्ध की विशाल धारा को देनेवाली गौ (Giving a broad stream of milk, as a cow) के समान ज्ञान की धारा को दोहते=हममें प्रपूरित करता है (दुह् प्रपूरणे) जो ज्ञानधारा १. अश्वावत्=उत्तम कर्मेन्द्रियोंवाली है (अश्व=कर्मेन्द्रियाँ; कर्मों में व्याप्त होती हैं, अश् व्याप्तौ)। ज्ञान की धारा कर्मेन्द्रियों को निर्मल कर देती है। ज्ञानाग्नि कर्मों के मैल को भस्म कर देती है। २. गोमत्=यह ज्ञानधारा उत्तम ज्ञानेन्द्रियोंवाली है (गावः ज्ञानेन्द्रियाणि—गमयन्ति अर्थान्) ज्ञानधारा ज्ञानेन्द्रियों को उसी प्रकार उज्ज्वल कर देती हैं जैसे सान पर घिसने से मणि चमक उठती है। ३. यवमत्=(यु मिश्रणामिश्रणयोः) यह ज्ञानधारा हमारे मनों को भद्र से जोड़नेवाली होती है और अभद्र से पृथक् करनेवाली होती है।

भौतिक दृष्टि से यह शब्दार्थ भी हो सकता है कि वे प्रभु हमें वह धन प्राप्त कराते हैं जो घोड़ों, गौवों व यवादि अन्नोंवाला है, परन्तु इस अर्थ को यहाँ इसलिए आदृत नहीं किया गया कि 'सूर्योदय' के प्रकरण में ज्ञान की धारा ही अधिक सङ्गत है। वह ज्ञानधारा ही सुकक्ष की शरण बनती है और उसे विषयविनिवृत्त करके 'आङ्गिरस' बना देती है।

भावार्थ—हमारा मित्र प्रभु हमें वह ज्ञान प्राप्त कराये जो कर्मेन्द्रियों को प्रशान्त करता है, ज्ञानेन्द्रियों को उज्ज्वल बनाता है और मन को पाप से पृथक् करके पुण्य में प्रवृत्त करता है।

सूक्त-५

ऋषिः—विभ्राट् सौर्यः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

जीवन-यात्रा की पूर्ति

१ २ ३१ २ ३ ४ ३ १ २ १ २ ३ १ २
१४५३. विभ्राड् बृहत् पिबतु सोम्यं मध्वायुर्दधद्यज्ञपतावविहुतम्।
१ २ ३ १ २ ३१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ ४
वातजूतो यो अभिरक्षति त्मना प्रजाः पिपर्ति बहुधा वि राजति॥ १॥

६२८ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—

ब्रह्मचर्य—१. विभ्राट्-आचार्य द्वारा ज्ञान की ज्योति से दीप्त किया जानेवाला, बृहत्-शरीर, मन व बुद्धि की दृष्टि से वृद्धि को प्राप्त करनेवाला ब्रह्मचारी सोम्यं मधु-सोमरूप मधु का पिबतु-पान करे, ओषधियों के साररूप इस वीर्यशक्ति को शरीर में ही सुरक्षित करे।

गृहस्थ—२. यज्ञपतौ-सब यज्ञों के रक्षक प्रभु में अविहुतम्-कुटिलतारहित आयुः-जीवन को दधत्-धारण करता हुआ गृहस्थ आगे और आगे बढ़े।

वानप्रस्थ—३. अब वानप्रस्थ वह है यः-जो वातजूतः-प्राणों से प्रेरित हुआ-हुआ त्मना-अपने मन के द्वारा अभिरक्षति-अपनी सर्वतः रक्षा करता है।

संन्यास—४. अब यह प्रजाः पिपर्तिः-प्रजाओं का ज्ञान-प्रचार द्वारा पूरण करता है और बहुधाः-बहुतों का धारण करनेवाला यह विराजति-विशेषरूप से दीप्त होता है।

भावार्थ—हमारी जीवन-यात्रा की चारों मंजिलें सुन्दरता से तय की जाएँ।

ऋषिः—विभ्राट् सौर्यः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

विभ्राट् सौर्य

१ २ ३१ ४ ३ १ २ ३ १ २ ३१ २ ३ १ ४
१४५४. विभ्राड् बृहत्सुभृतं वाजसातमं धर्म दिवो धरुणे सत्यमर्पितम्।
१ २ १ २ ३१ २ ३ १ २ ३१ २ ३ १ २
अमित्रहा वृत्रहा दस्युहन्तमं ज्योतिर्जज्ञे असुरहा सपत्नहा॥ २॥

अमित्रहा-शत्रुओं को नष्ट करनेवाला ब्रह्मचारी, वृत्रहा-ज्ञान पर पर्दा डालनेवाले कामरूप वृत्र का विध्वंसक गृहस्थ, असुरहा-(असु-र-हा) अपने प्राणों में ही रमण करते रहने की वृत्ति को नष्ट करनेवाला वनस्थ और सपत्नहा-सब सपत्नों को समाप्त कर एक प्रभु को ही पति बनानेवाला संन्यासी-ब्रह्माश्रमी ज्योतिः जज्ञे-अपने अन्दर प्रकाश को उत्पन्न करता है (यहाँ जन् अन्तर्भावितण्यर्थ है)।

ब्रह्मचारी को यहाँ 'अमित्र-हा' कहा है। उसका मूल कर्त्तव्य काम, क्रोध, लोभादि से दूर रहते

हुए विद्यार्जन करना है। इसे शत्रुघ्न बनना है। गृहस्थ में आने पर काम में फँस जाने की अधिक आशंका है। यह काम ज्ञान पर पर्दा डाल देता है। गृहस्थ ने इसका शिकार न होकर इस वृत्र का विनाश करनेवाला बनना है। वनस्थ ने सदा भोगों में ही न फँसे रहकर तीव्र तपस्या में चलना है और इस प्रकार 'असु-र-हा' बनकर अपने प्राणों में ही रमण करते रहने की वृत्ति का अन्त करना है। इसके बाद चतुर्थाश्रम में उसे अपना जीवन ऐसा बना लेना है कि केवल प्रभु ही उसके पति हों। यह ब्रह्माश्रमी सर्वसपन्नों परमात्मा के स्थान पर अन्य देवों की उपासना को समाप्त कर केवल ब्रह्म को ही पति बनाता है।

ये सब व्यक्ति अपने अन्दर उस ज्योति को उत्पन्न करते हैं जो—१. विभ्राट्-विशेषरूप से दीप्त करनेवाली है—इससे मस्तिष्करूप द्युलोक जगमगा उठता है। २. बृहत्-यह हृदय को विशाल बनाती है (बृहि वृद्धौ)। इस ज्ञान को प्राप्त करनेवाला व्यक्ति कभी संकुचित हृदय (narrow-minded) नहीं होता। ३. सुभृतम्-यह शरीर का उत्तम भरण-पोषण करती है। इस ज्ञान-ज्योति से वह आजीविका कमाने योग्य तो बनता ही है साथ ही अपथ्यादि का सेवन नहीं करता, अतः शरीर स्वस्थ बना रहता है। ४. वाजसातमम्-यह ज्ञान-ज्योति अङ्ग-प्रत्यङ्ग को अधिक-से-अधिक शक्ति प्राप्त करानेवाली होती है। धर्मम्-यह धारण करनेवाली होती है—सदा रोगादि से बचाये रखती है। यह सत्यम्-सत्य ज्ञान दिवः-प्रकाश के धरुणे-धारक (आगार store-room) ब्रह्म में अर्पितम्-निहित है—स्थापित है, अर्थात् यह वह सत्य ज्योति है जिसका मूलस्रोत प्रभु हैं। ६. यह ज्योति दस्युहन्तमम्-नाशकों की नाशक है। दस्युओं की ध्वंसक शक्तियों को समाप्त करनेवाली है और इस प्रकार हमारे निर्माण व उत्थान की निदान है।

इस ज्ञान-ज्योति को प्राप्त करके यह व्यक्ति सूर्य के समान देदीप्यमान हो उठता है, अतः 'विभ्राट् सौर्य' कहलाता है।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हम भी 'विभ्राट् सौर्य' बन पाएँ।

ऋषिः—विभ्राट् सौर्यः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

ब्रह्मज्योति, ज्योतिषां ज्योतिः

१२ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
१४५५. इदं श्रेष्ठं ज्योतिषां ज्योतिरुत्तमं विश्वजिद्धनजिदुच्यते बृहत्।
१ २ ३ १२ ३ १ २ ३ १२ १ २ ३ १२ ३ १ २
विश्वभ्राड् भ्राजो महि सूर्यो दृश उरु पप्रथे सह ओजो अच्युतम्॥ ३॥

इदम्-यह ज्योतिषां ज्योतिः-ज्योतियों की ज्योति, 'अध्यात्मविद्या विद्यानाम्'-विद्याओं में भी विद्या-ब्रह्मज्ञान की ज्योति १. श्रेष्ठम्-प्रशस्यतम है। यह मनुष्य को अत्यन्त उत्कृष्ट कर्मों में प्रवृत्त करती है। २. उत्तमम्-यह मानव-जीवन को उत्तम बनानेवाली है। प्रकृति का ज्ञान उत्—उत्कृष्ट है, जीव का ज्ञान उत्तर—उत्कृष्टतर है और ब्रह्म का ज्ञान उत्तम—उत्कृष्टतम है। इससे अधिक उत्कृष्ट ज्ञान नहीं है, यह ज्ञान की पराकाष्ठा है।

यह ज्ञान ३. विश्वजित्-सबका विजय करनेवाला है, संसार को जीतनेवाला है—विश्व को जीतकर मनुष्य को मोक्ष प्राप्त करानेवाला है। एवं, यह ज्ञान निःश्रेयस का साधक है। ४. धनजित्-ऐहिक यात्रा के साधनभूत धन को भी यह जीतनेवाला है, अर्थात् निःश्रेयस के साथ यह 'अभ्युदय' को भी प्राप्त करानेवाला है, इसीलिए यह ज्ञान ५. बृहत्-वृद्धि का साधनभूत उच्यते-कहा जाता है। ६. यह ज्ञान तो मनुष्य के लिए विश्वभ्राट्-सारे संसार को दीप्त करनेवाला है। यस्मिन्

विदिते सर्वं विदितम्। इसका ज्ञान होने पर सभी कुछ ज्ञात हो जाता है, अतः ब्रह्मज्योति 'विश्वभ्राट्' कही गयी है। इसी दृष्टिकोण से ७. यह महिभ्राजः=महनीय ज्योति है। ८. यह ज्योति तो सूर्यः दृशे=ज्ञान के लिए सूर्य के समान है। सूर्य के उदय होने पर जैसे सम्पूर्ण पदार्थ प्रकाशित हो जाते हैं उसी प्रकार इस ज्योति के उदय होने पर किसी विषय में अन्धकार नहीं रहता। ९. उरु पप्रथे=यह ज्योति अत्यन्त विस्तृत होती है। १०. यह ज्योति सहः=सहस् का पुञ्ज है—यह मनुष्य में अद्भुत सहनशक्ति देनेवाली है। ११. यह ओजः=मनुष्य को ओजस्वी बनाती है। ज्ञान 'शक्ति' तो है ही (knowledge is power)। १२. अच्युतम्=यह उसे ओजस्वी बनाकर कभी भी न्याय्य-मार्ग से विचलित न होनेवाला बना देती है। इस द्वादशगुणात्मक ज्योति को प्राप्त करना ही 'द्वादशाह' यज्ञ है।

भावार्थ—हम ज्योतियों-की-ज्योति ब्रह्मज्योति को प्राप्त करने का प्रयत्न करें।

सूक्त-६

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

जैसे पिता पुत्रों के लिए (दृढ़ संकल्प व ज्योति)

१४५६. इन्द्र क्रतुं न आ भर पिता पुत्रेभ्यो यथा।
शिक्षा णो अस्मिन् पुरुहूत यामनि जीवा ज्योतिरशीमहि॥ १॥

२५९ संख्या पर मन्त्रार्थ इस प्रकार है—हे इन्द्र=परमैश्वर्यशाली प्रभो! नः=हममें क्रतुम्=ज्ञान-सङ्कल्प व कर्म को आभर=सर्वथा भर दीजिए। उसी प्रकार यथा=जैसेकि पितः पुत्रेभ्यः=पिता पुत्रों के लिए। हे पुरुहूत=पालन व पूरण करनेवाली पुकारवाले प्रभो! अस्मिन् यामनि=इस जीवन-यात्रा के मार्ग में नः=हमें शिक्ष=उत्तम प्रेरणा के अनुसार चलने में समर्थ बनाइए (शक् सन्)। आपकी कृपा से जीवाः=जीते जी—इस जीवनकाल में ही हम ज्योतिः=ज्ञान के प्रकाश को अशीमहि=प्राप्त करें।

भावार्थ—प्रभु कृपा से हम दृढ़ संकल्पवाले हों और प्रकाश का सेवन करें।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सत्सङ्ग व साफल्य

१४५७. मा नो अज्ञाता वृजना दुराध्यो३ माशिवासोऽव क्रमुः।
त्वया वयं प्रवतः शश्वतीरपोऽति शूर तरामसि॥ २॥

हे प्रभो! आपकी कृपा से हम दृढ़ सङ्कल्प व ज्योति से युक्त हों और नः=हमें अज्ञाताः=अज्ञात—प्रच्छन्नरूप से अन्दर प्रविष्ट हो जानेवाले अथवा (न ज्ञातं येषाम्) ज्ञानशून्य वृजनाः=पापी दुराध्यः=दुष्ट ध्यान करनेवाले—सदा अशुभ का चिन्तन करनेवाले अशिवासः=अमङ्गलरूप लोग मा मा अवक्रमुः=हमारे समीप कदापि न आएँ। हमें कभी ऐसे लोगों का सङ्ग न प्राप्त हो। सदा सत्सङ्ग को प्राप्त होते हुए हम ज्ञान को प्राप्त करनेवाले पुण्यकृत्, स्वाध्याय—शुभचिन्तन करनेवाले और शिवा (मङ्गलरूप) ही बनें।

वयम्=हम त्वया प्रवतः=तुझ रक्षक से (प्रवतः अवतिकर्मा—नि० १०.२०) शश्वतीः=प्लुत-

गतिवाले, अर्थात् जिनके लिए हम अत्यन्त परिश्रम कर रहे हैं, ऐसे अपः-कर्मों को हे शूर-सब विघ्नों की हिंसा करनेवाले प्रभो! अति तरामसि-पार कर जाएँ, अर्थात् सब कर्मों में हमें सफलता प्राप्त हो। वस्तुतः यदि मनुष्य प्रभु को अपना रक्षक अनुभव करता हुआ परिश्रमपूर्वक कर्म करता है तो विघ्नध्वंसकारी प्रभु उसे कर्म के पार पहुँचाते ही हैं।

भावार्थ—हम अशिव लोगों के सङ्ग से दूर रहें तथा प्रभुकृपा से परिश्रमपूर्वक कर्मों में साफल्य का लाभ करें।

सूक्त-७

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु का रक्षण

१ २ ३ १ ३ १ ३ १ २ ३१ २
१४५८. अद्याद्या श्वःश्व इन्द्र त्रास्व परे च नः।

१ २ ३१ २ ३ २ ३ २ १ १२
विश्वा च नो जरितॄन्त्सत्पते अहा दिवा नक्तं च रक्षिषः॥ १॥

हे इन्द्र-बल के सब कार्यों को करनेवाले प्रभो! शत्रुओं का विद्रावण करनेवाले इन्द्र! अद्य अद्य-आज—इस समय श्वः श्वः-कल आनेवाले दिन में परे च-और उससे अगले दिन भी विश्वा अहा-इस प्रकार सब दिनों में नः-हमारी त्रास्व-रक्षा कीजिए।

हे सत्पते-सज्जनों के रक्षक प्रभो! नः जरितॄन्-हम स्तोताओं की दिवा नक्तं च-दिन और रात रक्षिषः-आप रक्षा करें।

वस्तुतः संसार में सर्वमहान् रक्षक प्रभु ही हैं। 'अरक्षितं तिष्ठति दैवरक्षितम्' किसी भी रक्षक के न होने पर दैवरक्षित व्यक्ति बच ही जाता है, अनाथ के रूप में वन में छोड़ दिया गया पुरुष बच जाता है, परन्तु घर पर खूब प्रयत्न करने पर भी नहीं बचता। जिसका प्रभु रक्षक है उसका कोई बाल भी बाँका नहीं कर सकता।

हमारा कर्त्तव्य है कि हम 'सत्' बनें। सत् बनने पर हम प्रभु की रक्षा के पात्र हो जाएँगे। हम जरिता-प्रभु के उपासक बनें, उपासकों का रक्षण प्रभु का दायित्व है। प्रभु का उपासक बननेवाला—उसके गुणों का गायन करनेवाला 'प्रागाथ' ही इस मन्त्र का ऋषि है। प्रभु की उपासना से वह तेजस्वी बन कर—प्रभु के तेज को धारण करके 'भर्गः' हो जाता है।

भावार्थ—हम सत् बनें, प्रभु के उपासक बनें। प्रभु की शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर हम सदा सुरक्षित होंगे।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रागाथ का प्रभु-गायन

१ २ पुर १ २ १ १ २ १ २ इक्ष १ २
१४५९. प्रभङ्गी शूरो मघवा तुवीमघः सम्मिश्लो वीर्याय कम्।

१ २ ३ ११ २२ ३ १ ३ १ १ २
उभा ते बाहू वृषणा शतक्रतो नि या वज्रं मिमिक्षतुः॥ २॥

प्रागाथ प्रभु-कीर्तन इन शब्दों में करता है कि—हे शतक्रतो-अनन्त प्रज्ञानों व कर्मोंवाले प्रभो! आप १. प्रभङ्गी-भक्तों की आपत्तियों का भङ्ग—वारण करनेवाले हो। २. शूरः-सब विघ्नों का विशरण-विनाश करते हो। ३. मघवा-ऐश्वर्यवान् हो। ४. तुवीमघः-अत्यन्त पूजा के योग्य हैं

(मघ-मह पूजायाम्)। ५. संमिश्लः-सबमें सम्यक् मिले हुए ओत-प्रोत हैं। ६. आप वीर्याय-शक्ति का पुञ्ज बननेवाले के लिए कम्-सुख देते हैं। ते उभा बाहू-आपकी दोनों भुजाएँ वृषणा-शक्तिशाली व सर्वकामपूरण समर्थ हैं। ७. या-आपकी ये भुजाएँ वज्रम्-(वज गतौ) गतिशील पुरुष को, स्वयं पुरुषार्थ करनेवाले व्यक्ति को नि-निश्चय से मिमिक्षतुः-रक्षित करती हैं। प्रभु की रक्षा प्राप्त करने के लिए स्वयं गतिशील होना आवश्यक है। 'न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवाः'-थककर चकनाचूर हुए बिना देवों की मित्रता प्राप्त नहीं होती।

प्रागाथ प्रभु-गायन करता हुआ ऐसा समझता है कि उस शतक्रतु की शक्तिशाली दोनों भुजाएँ उसकी रक्षा करेंगी।

४. मिमिक्षतुः—इस शब्द का अर्थ 'रक्षा करना' भी है। (श० ७.५.१.१०)

भावार्थ—प्रागाथ की भाँति हम भी प्रभु-गायन करें, क्रियाशील बनें और इस प्रकार प्रभु की रक्षा के पात्र हों।

सूक्त-८

ऋषिः—मैत्रावरुणिर्वसिष्ठः॥ देवता—सरस्वान्॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उत्तम जीवन-सरस्वान्, पत्नी, पुत्र, प्रभु

१ १ ३ १२ ३ १ २ ३ १२ १२
१४६०. जनीयन्तो न्वग्रवः पुत्रीयन्त सुदानवः। सरस्वन्तं हवामहे॥ १॥

मैत्रावरुणि-प्राणापान की साधनावाला वसिष्ठ-उत्तम वसुओंवाला—प्राणापान की साधना से जिसने उत्तम वसुओं को प्राप्त किया है, वह अपने जीवन को उत्तम इसलिए बना पाया है कि—

१. जनीयन्तः-उन्होंने पत्नी की कामना तो की, परन्तु केवल इसलिए कि नु-अब वे अग्रवः-आगे बढ़ सकें। गृहस्थ में उनके प्रवेश का उद्देश्य 'आराम का या मौज का जीवन बिताना' न था। उन्होंने तो पत्नी का हाथ पकड़ते हुए यही शब्द कहे थे कि 'त्वया वयं धारा उदन्या इव अतिगाहेमहि द्विषः'-तेरे साथ मिलकर हम सब अप्रीतिकर—अवाञ्छनीय दुर्गुणों को ऐसे तैर जाएँ जैसे पर्वतीय जलधाराओं को हाथ पकड़कर पार कर जाते हैं। इस संसार-समुद्र में मनुष्य का अकेले पार पहुँचना लगभग असम्भव-सा है। मनुष्य किसी भी समय किसी विषय-ग्राह से गृहीत हो सकता है। पति-पत्नी परस्पर रक्षा का कारण बनते हैं। कभी-कभी जीवन में निराशा भी आ सकती है—उस समय ये एक-दूसरे का उत्साहवर्धनवाले होते हैं। एवं, गृहस्थ मोक्षमार्ग पर आगे बढ़ने के लिए है।

२. पुत्रीयन्तः-इन्होंने सन्तान को भी चाहा, पर केवल सुदानवः-इस भावना से कि वे अपने सु-उत्तमांश को दानवः-लोकहित के लिए अपने पीछे भी दे जाएँ। उनके शरीरान्त पर ये अनुभव न हो कि वे समाप्त हो गये हैं—अपितु उनसे चलाये हुए कर्म उसी प्रकार चलते रहें। यही तो प्रजाओं के द्वारा अमर बनना है—'प्रजाभिरग्ने अमृतत्वमश्याम'।

३. इसी प्रकार एक सद्गृहस्थ बनकर ये सरस्वन्तम्-ज्ञान के सागर 'सरस्वान्' प्रभु को हवामहे-सदा पुकारते हैं। प्रातः-सायं प्रभु की प्रार्थना करते हैं—वस्तुतः खाते-पीते, सोते-जागते, उठते-बैठते ये प्रभु का स्मरण करते हैं, उसे कभी विसारते नहीं। इन तीन बातों ने ही वसिष्ठ को वसिष्ठ—बड़े उत्तम निवासवाला बना दिया।

भावार्थ—हम साथी के रूप में पत्नी को चाहें, अपने लोकहित के कार्यों को नष्ट न होने देने के लिए सन्तानों को चाहें, सदा प्रभु का स्मरण करें और 'वसिष्ठ' बनें।

सूक्त-९

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—सरस्वती ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

विद्या के साथ परिणय, सरस्वती

१४६१. उत नः प्रिया प्रियासु सप्तस्वसा सुजुष्टा। सरस्वती स्तोम्या भूत्॥ १ ॥

भरद्वाज—अपने में शक्ति भरनेवाला, बार्हस्पत्य—ज्ञान का भण्डार इस मन्त्र का ऋषि है। यह ऐसा इसलिए बन पाया कि इसने अपने जीवन में सदा सरस्वती की आराधना की न कि लक्ष्मी की। यह कहता है कि—उत-और नः-हमें तो प्रियासु प्रिया-प्रियाओं में भी प्रिय—सर्वाधिक प्रिय सरस्वती-ज्ञान की अधिष्ठात्री देवता सरस्वती है। स्तोम्या-स्तुति के योग्य भूत्-हुई, जो सरस्वती १. सप्तस्वसा-सात बहिनोंवाली है। सम्भवतः यहाँ वेदवाणी के सप्तछन्दोयुक्त होने का संकेत है अथवा सात स्वसाएँ 'मेधा, बुद्धि, स्मृति, वाक्, चातुरी, ऊहशक्ति व सत्यनिष्ठा' भी हो सकती हैं। यदि शरीर की सप्तधातुओं को ही यहाँ सरस्वती की सप्त स्वसाएँ माना जाए तो 'ऋषि' के 'भरद्वाज' बनने का रहस्य भी स्पष्ट हो जाता है। आजकल के शब्दों में सरस्वती का आराधक स्वास्थ्य के साथ हो—'Sound mind in a sound body' हमारा आदर्श हो। 'बार्हस्पत्यं' तो हम बनें, परन्तु साथ ही भारद्वाज हों २. यह सरस्वती सुजुष्टा-हमसे प्रीतिपूर्वक सेवन की जाए। हमारे लिए ज्ञान रुचिकर हो जाए। हमें सरस्वती की आराधना में आनन्द आने लगे। यही हमारी प्रियाओं की भी प्रिया हो—सर्वोत्तम पत्नी हो। संसार में अन्य वस्तुओं की अपेक्षा हम इसे ही अधिक महत्त्व दें।

भावार्थ—हम सरस्वती के आराधक हों—वह हमारी सर्वोत्तम प्रिया हो—हमसे सुसेवित हो।

सूक्त-१०

ऋषिः—विश्वामित्रो गाथिनः ॥ देवता—सविता ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सविता देव

१४६२. तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्॥ १ ॥

यह मन्त्र गायत्री छन्द में होने से गायत्री नाम से प्रसिद्ध है। मनु ने इसे वेदों का सार माना है। इसकी भावना निम्न है—हम सवितुः-सम्पूर्ण जगत् के उत्पादक, सकलैश्वर्यमय देवस्य-ज्ञान से दीप्त—दिव्य गुणविशिष्ट प्रभु के तत्-उस वरेण्यम्-वरणीय भर्गः-तेज का जो सम्पूर्ण दोषों को भून डालने में समर्थ है धीमहि-ध्यान करते हैं और धारण करते हैं। यः-जो तेज का धारण व ध्यान (व्यत्ययेन पुल्लिंग है) नः-हमारी धियः-बुद्धियों व कर्मों को प्रचोदयात्-प्रकृष्ट प्रेरणा प्राप्त कराता है।

संसार में मनुष्य का सर्वमहान् लक्ष्य 'प्रभु के तेज से अपने को तेजस्वी बनाना ही होना चाहिए। अन्य वस्तुओं की तुलना में वही तेज वरणीय है। यह हमारे ज्ञानों व कर्मों को सदा सत्प्रेरणा प्राप्त कराकर पवित्र बनाता है। इस प्रकार हम सब मलों का इस भर्ग में भर्जन कर डालते हैं और राग-द्वेषादि मलों से ऊपर उठकर 'विश्वामित्र' सभी के साथ स्नेह करनेवाले होते हैं। हम प्रेम से चलते हैं और प्रभु का गायन करते हैं—'गाथिन' बनते हैं। 'विश्वामित्र गाथिन' ही इस मन्त्र का ऋषि है। यह मन्त्र वेदों का सार है, अतः वेदों का निचोड़ यही तो हुआ कि 'प्रभु का स्मरण करो और सभी

के साथ स्नेह से चलो'।

भावार्थ—हम वेद के इस उपदेश को न भूलें कि 'हे जीव! तूने प्रभु के तेज से अपने को तेजस्वी बनाना है—तूने भी सविता देव' का अंश (miniature) बनना है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—ब्रह्मणस्पतिः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान के चार प्रभाव

१४६३. सोमानां स्वरणं कृणुहि ब्रह्मणस्पते। कक्षीवन्तं य औशिजः ॥ २ ॥

प्रस्तुत मन्त्र १३९ संख्या पर इस प्रकार व्याख्यात है—

ब्रह्मणस्पते=हे ज्ञान के पति प्रभो! आप मुझे सोमानाम्=सौम्य तथा निर्माण के ही कार्यों में रुचिवाला, स्वरणम्=(स्वर् to radiate) ज्ञान के प्रकाश को चारों ओर फैलानेवाला, कक्षीवन्तम्=सदा कमर कसे हुए उत्तम कार्यों के लिए तैयार पर तैयार तथा यः औशिजः=जो सबका भला चाहनेवाला मेधावी है, ऐसा कृणुहि=बनाइए।

भावार्थ—ज्ञान प्राप्त करके मैं सौम्य, ज्ञान के प्रकाश को फैलानेवाला, सतत क्रियाशील तथा सबका भला चाहनेवाला मेधावी बनूँ। इस प्रकार प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि मेधातिथि काण्व बनूँ।

नोट—'सोमानाम्' में विभक्तिव्यत्यय है।

ऋषिः—शतं वैखानसाः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु के ध्यान से

१४६४. अग्न आयूंषि पवस आ सुवोर्जमिषं च नः। आरे बाधस्व दुच्छुनाम् ॥ ३ ॥

संख्या ६२७ पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—अग्ने=हे बुराइयों को भस्म करनेवाले प्रभो! नः=हमारे आयूंषि=जीवनों को पवसे=पवित्र कीजिए। आप नः=हमें ऊर्जम्=बल और प्राणशक्ति को तथा इषम्=प्रेरणा को—प्रकृष्टगति को आसुव=प्राप्त कराइए। आप दुच्छुनाम्=बुरी प्रवृत्ति को आरे=हमसे दूर बाधस्व=पीड़ित कीजिए—रोक दीजिए।

भावार्थ—पवमान प्रभु के ध्यान से पवित्रता, बल व प्राणशक्ति तथा उत्तम प्रेरणा प्राप्त होती है और सब दुर्वृत्तियाँ दूर होती हैं।

सूक्त-११

ऋषिः—यजत आत्रेयः ॥ देवता—मित्रावरुणौ ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मित्रावरुणा की तीन कृपाएँ

१४६५. ता नः शक्तं पार्थिवस्य महो रायो दिव्यस्य। महि वां क्षत्रं देवेषु ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'यजतः'=सदा यज्ञ करनेवाला है—यज्ञमय जीवन बितानेवाला 'आत्रेय'=काम, क्रोध और लोभ से ऊपर उठा हुआ पुरुष है। यह मित्रावरुण=प्राणापान की साधना करता हुआ उनसे कहता है कि हे प्राणापानो! १. ता=वे आप दोनों नः=हमें पार्थिवस्य महः=(पृथिवी=अन्तरिक्ष) हृदयान्तरिक्ष की विशालता देने में शक्तम्=समर्थ हैं। यहाँ अन्तरिक्ष के लिए पृथिवी शब्द का प्रयोग भावपूर्ण है, क्योंकि प्रथ=विस्तारे से बनकर वह विशालता का संकेत कर रहा है। हृदय तो वही ठीक है जो विशाल है—संकुचित हृदय 'हृदय' कहलाने के योग्य नहीं। उसमें सब

प्रकार की मलिनताओं का वास होता है।

२. हे प्राणापानो! आप हमें दिव्यस्य रायः-द्युलोक की सम्पत्ति भी प्राप्त कराने में समर्थ हैं। प्राणापान की साधना से रेतस् की ऊर्ध्वगति होकर वह ज्ञानाग्नि का ईंधन बनता है, और ज्ञानाग्नि को दीप्त करके ये प्राणापान हमें दिव्य ज्ञान की सम्पत् प्राप्त कराते हैं।

३. हे प्राणापानो! आपकी कृपा से देवेषु-इस दिव्य सम्पत्ति को प्राप्त देवों में वाम्-आपका महि क्षत्रम्-महान् बल निवास करता है, जो उन्हें (क्षतात् त्रायते) सब प्रकार के क्षतों से बचाता है।

भावार्थ—प्राणापान की साधना के तीन परिणाम हैं—१. हृदय की विशालता, २. मस्तिष्क में ज्ञान की दीप्ति तथा ३. शरीर में वह शक्ति जो सब प्रकार से नीरोग रखती है।

ऋषिः—यजत आत्रेयः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ऋत का ऋत में मिल जाना

१४६६. ऋतमृतेन सपन्तेषिरं दक्षमाशाते। अद्रुहा देवौ वर्धेते॥ २॥

पिछले मन्त्र के वर्णन के अनुसार—जब जीव 'विशाल हृदय, दीप्त मस्तिष्क व सबल शरीरवाला बनता है तब उसका यह जीवन ऋतमय होता है। इसका नाम 'ऋत' हो जाता है। अब यह प्रभु-प्राप्ति की प्रबल कामनावाला होता है, अतः 'इषिर' कहलाता है, और अनासक्तिपूर्वक कुशलता से कर्म करने के कारण 'दक्ष' विशेषणवाला होता है। प्राण-अपान इस इषिरम्-प्रभु-प्राप्ति की प्रबल कामनावाले, दक्षम्-अनासक्तिपूर्वक कुशलता से कर्म करनेवाले, ऋतम्-ऋतमय जीवनवाले 'यजत आत्रेय' को ऋतेन-उस पूर्ण सत्य प्रभु से सपन्ता- मिलाते हुए आशाते-इसके जीवन में समन्तात् व्याप्त होते हैं। अद्रुहा-किसी भी प्रकार से इस 'यजत' की जिघांसा-विनाश की इच्छा न करते हुए देवौ-दिव्य गुणोंवाले ये प्राणापान वर्धेते-इसके जीवन में बढ़ते हैं। प्राणापान की वृद्धि से 'यजत' की सर्वांगीण वृद्धि होती है। 'शरीर स्वस्थ होता है—हृदय विशाल बनता है और मस्तिष्क दीप्त।' प्राणापान की साधना का सबसे बड़ा लाभ यह है कि हमारा जीवन ऋतमय होकर हम 'ऋत' बनते हैं और उस पूर्ण ऋत प्रभु से हमारा मेल होता है।

भावार्थ—प्राणापान की साधना से हम 'ऋतमय' जीवनवाले बनें और पूर्ण ऋत प्रभु को प्राप्त करें।

ऋषिः—यजत आत्रेयः॥ देवता—मित्रावरुणौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु से जा मिलें

१४६७. वृष्टिद्यावा रीत्यापे षस्पती दानुमत्याः। बृहन्तं गर्तमाशाते॥ ३॥

ये प्राणापान साधना करनेवाले के समाधि की स्थिति में पहुँचने पर—धर्ममेघ समाधि में वृष्टिद्यावा-मस्तिष्करूप द्युलोक से आनन्द-कणिकाओं की वृष्टि करानेवाले होते हैं। रीत्यापा-ये प्राणापान रेतस्रूप जलों की ऊर्ध्वगति के (री-गतौ) कारण बनते हैं। इस प्रकार एक उच्चक्षेत्र में विचरने से मनुष्य का मन धन के प्रति उतनी आसक्तिवाला नहीं होता और इस साधक के प्राणापान दानुमत्याः-सदा दान के देनेवाली इषः-इच्छा के पती-स्वामी होते हैं, अर्थात् इसकी वृत्ति दान-प्रवण बनी रहती है। अन्त में ये प्राणापान इस साधक को धनासक्ति से ऊपर उठाकर बृहन्तं गर्तम्-उस परमपुरुष को आशाते-प्राप्त कराते हैं। (पुरुषो गर्तः श० ५.४.१.१५)। नि० ३.४ में 'गर्त' गृह का

नाम है। प्राणापान इस पुरुष को महान् घर को प्राप्त कराते हैं—यह महान् घर भी 'प्रभु' ही हैं। जीव का वास्तविक घर तो प्रभु हैं—यहाँ तो यह यात्रा पर आया हुआ है। प्राणापान की साधना से यह भटकता नहीं और यात्रा को ठीक समाप्त कर काम, क्रोध, लोभ में न फँसकर (आत्रेय) प्रभु से फिर जा मिलता है (यजतः)। एवं प्रभु से मेल करनेवाला यह सचमुच 'यजत' होता है।

भावार्थ—हम प्राणापान की साधना से १. धर्ममेघ समाधि के आनन्द का अनुभव करें, २. ऊर्ध्वरितस् बनें, ३. धनासक्ति से ऊपर उठें और ४. प्रभु से जा मिलें।

सूक्त-१२

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मन को प्रभु में लगाना

१४६८. युञ्जन्ति ब्रध्नमरुषं चरन्तं परि तस्थुषः। रोचन्ते रोचना दिवि॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'शतं वैखानसाः'-सैकड़ों आसुर वृत्तियों को विशेषरूप से उखाड़ देनेवाले युञ्जान पुरुष (योगमार्ग पर चलनेवाले पुरुष) परितस्थुषः-चारों ओर ठहरे हुए पदार्थों को चरन्तम्-चरते हुए—उनका भक्षण करते हुए—उन्हीं में निरन्तर विचरते हुए अपने ब्रध्नम्-महान् (नि० ३.३.२) अरुषम्-अत्यन्त दीप्त shining, गतिशील wandering मन को अरुषम्-क्रोधशून्य करके युञ्जन्ति-(ब्रध्नं अरुषम्)-उस महान्, देदीप्यमान प्रभु के साथ जोड़ते हैं।

इस मन्त्र में 'ब्रध्नम् अरुषं' ये दोनों विशेषण मन तथा प्रभु की ओर लगाये गये हैं। महान् दीप्त मन को महान् देदीप्यमान प्रभु में लगाना है। यह मन महान् है इसमें तो सन्देह का प्रश्न ही नहीं। यह बन्ध व मोक्ष दोनों का ही कारण है। अत्यन्त चञ्चल होकर बन्ध का कारण बनता है (अरुष—wandering) तथा देदीप्यमान व क्रोध-शून्य होकर (अरुष-दीप्त, क्रोधशून्य) मोक्ष को प्राप्त कराता है। विषयों में भ्रमण करता है तो बन्ध का कारण होता है—विषयों से ऊपर उठता है तो मोक्ष प्राप्त कराता है। (बन्धाय विषयासक्तं, मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम्)।

इस प्रकार मन को विषयों से हटाकर प्रभु में जोड़नेवाले युञ्जान लोग रोचनाः-चमकनेवाले होते हैं—उनके चेहरों पर ब्रह्मदर्शन का उल्लास दिखता है। ये लोग दिवि-उस ज्योतिर्मय ब्रह्मलोक में रोचन्ते-शोभा पाते हैं—अर्थात् ये लोग मोक्षसुख का लाभ करते हैं।

भावार्थ—हम मन को प्रभु में लगाने के लिए यत्नशील हों, यही मोक्ष का मार्ग है।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रियाश्वों को रथ में जोतना

१४६९. युञ्जन्त्यस्य काम्या हरी विपक्षसा रथे। शोणा धृष्णू नृवाहसा॥ २॥

मनुष्य का यह शरीर रथ है—इस रथ में ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप दो घोड़े जुते हैं। ये घोड़े शोणा-(शोणृ गतौ) अत्यन्त चञ्चल हैं। इन्द्रियों की चञ्चलता लोकसिद्ध है। ये धृष्णू-धर्षण करनेवाले हैं—कुचल डालनेवाले हैं। 'इन्द्रियाणि प्रमाथीनि'-ये मथ डालनेवाली हैं। नृवाहसा-ये मनुष्यों को इधर-उधर ले-जानेवाली हैं, 'हरन्ति प्रसभं मनः'-बलात् मन को हर ले-जाती हैं और न जाने कहाँ-कहाँ भटकती हैं।

युञ्जान लोग हरी-शरीररूप रथ को आगे और आगे ले-जानेवाले इन इन्द्रियाश्वों को अस्य

काम्या=इस प्रभु की कामनावाला बनाकर तथा विपक्षसा=(वि=विशेष, पक्ष परिग्रहे)=विशिष्ट ज्ञान व कर्म का परिग्रह करनेवाला बनाकर रथे=इस शरीररूप रथ में ही युञ्जन्ति=जोड़ते हैं। सामान्यतः ये घोड़े प्रभु की कामना न करके विषयों की कामनावाले हो जाते हैं और उन्हीं में विचरते रहते हैं। ज्ञान व यज्ञों के परिग्रह की बजाय ये विषयों का ही स्वाद लेते रहते हैं। रथ को आगे ले-चलने के स्थान में चरने में मस्त रहते हैं। 'शतं वैखानस' लोग इन्हें रथ में जोतकर यात्रा को पूरा करने का ध्यान करते हैं। यह यात्रा कोई सुगम व संक्षिप्त-सी तो है ही नहीं—यह तो निरन्तर आगे बढ़ते रहने से ही पूरी होगी। इस तत्त्व को समझकर इन इन्द्रियाश्वों का रथ में जोतना ही श्रेयस्कर है।

भावार्थ—हम इन्द्रियाश्वों को रथ में जोतकर यात्रा को पूरा करने का ध्यान करें।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान—गुणालंकृति-प्रभुदर्शन

१४७०. केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्या अपेशसे। समुषद्भिरजायथाः॥ ३॥

हे प्रभो! जो भी व्यक्ति भटकनेवाले मन को आपमें जोड़ता है तथा विषयों में विचरण करनेवाली इन्द्रियों को रथ में जोतकर आगे बढ़ता है उसके लिए आप अकेतवे-प्रकाश से रहित के लिए भी केतुं कृण्वन्-प्रकाश करते हो तथा अपेशसे मर्या-(मर्याय) उत्तम यज्ञिय वृत्ति आदि गुणों से अनलंकृत के लिए भी पेशः-रूप को—परिष्कृति को करते हो। उसके जीवन को सद्गुणों से अलंकृत कर देते हो।

इस प्रकार सम्-सम्यक्तया उषद्भिः-अज्ञानान्धकारों के दहन के साथ (उष् दाहे) अजायथाः-आप प्रादुर्भूत होते हो। प्रभु प्रतिदिन ध्यान लगानेवाले व्यक्ति को १. ज्ञान से दीप्त करते हैं, २. सद्गुणों से अलंकृत करते हैं और ३. अज्ञानान्धकारों व मालिन्य का दहन करके उसके हृदयान्तरिक्ष में प्रादुर्भूत होते हैं।

भावार्थ—ज्ञान और सद्गुणालंकृति से हमारे हृदयों में प्रभु का प्रकाश हो।

सूक्त-१३

ऋषिः—उशनाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

पवित्रता, उल्लास, प्रभु-सायुज्य

१४७१. अयं सोम इन्द्र तुभ्यं सुन्वे तुभ्यं पवते त्वमस्य पाहि।
त्वं हि यं चकृषे त्वं ववृषे इन्दुं मदाय युज्याय सोमम्॥ १॥

मन्त्र का ऋषि उशनाः-(प्रभु-प्राप्ति की प्रबल कामनावाला) है। उससे प्रभु कहते हैं कि हे उशनाः! त्वम्-तू ह-निश्चय से यम्-जिस इन्दुम्-शक्तिशाली सोमम्-सोम—वीर्यशक्ति को चकृषे-अपने अन्दर उत्पन्न करता है और त्वम्-तू यम्-जिसको ववृषे-अपने अन्दर पीता है (वृष् to drink) हे इन्द्र-सोमपान करनेवाले जीवात्मन्! अयं सोमः-यह सोम वस्तुतः तुभ्यं सुन्वे-तेरे लिए ही पैदा किया गया है, तुभ्यम्-यह सोम तेरे लिए ही पवते-जीवन को पवित्र करनेवाला होता है। इस प्रकार यह सोम शरीर के अन्दर व्याप्त होकर मदाय-हर्ष के लिए होता है—तेरे जीवन में एक उल्लास को लानेवाला होता है और युज्याय-तुझे प्रभु के साथ मिलाने के लिए होता है। 'ऐहलौकिक जीवन में उल्लास और परलोक में प्रभु से मेल' ये दो सोम के प्रमुख लाभ हैं। जीवन

में पवित्रता का संचार तो करता ही है। इसलिए त्वम्-तू अस्य पाहि-इसकी अवश्य रक्षा कर।

भावार्थ—हम सोम का उत्पादन व पान करनेवाले हों। यह हमें पवित्र बनाकर उल्लासयुक्त व प्रभु से मेलवाला बनाएगा।

ऋषिः—उशनाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

परार्थ द्वारा स्वार्थ-साधन

१४७२. स ईं रथो न भुरिषाडयोजि महः पुरूणि सातये वसूनि।
आदीं विश्वा नहुष्याणि जाता स्वर्षाता वन ऊर्ध्वा नवन्त॥ २॥

सः-वह सोम ईम्-निश्चय से रथः न-रथ के समान है—इसके सुरक्षित होने पर हमारी जीवन-यात्रा बड़े अच्छे ढंग से पूरी होगी। यह सोम भूरिषाट्-शत्रुओं का खूब ही मर्षण-पराभव करनेवाला है—इसके सुरक्षित होने पर शरीर में रोगकृमियों का प्राबल्य नहीं होता है। यह महः-एक तेज है, वस्तुतः शरीर में सारी तेजस्विता का आधार यही है। पुरूणि-पालक व पूरक वसूनि-वसुओं को—निवास के लिए आवश्यक रत्नों को सातये-प्राप्त करने के लिए अयोजि-यह हमारे द्वारा शरीर में संयुक्त किया गया है। वीर्य के सुरक्षित होने पर ही सब धातुएँ सुरक्षित रहती हैं।

आत् ईम्-अब इसके बाद निश्चय से हमारे विश्वा-सब कर्म नहुष्याणि-(नहुष-मनुष्य य-हितकर) मानवमात्र के लिए हितकर जाता-हो जाते हैं। सोमी पुरुष संकुचित व स्वार्थी न रहकर उदार हृदय बन जाता है। इसके सब कर्म परार्थ के द्वारा स्वार्थ का साधन कर रहे होते हैं।

यह सोमी पुरुष वनः-(वन्-भक्त) प्रभु के उपासक होते हैं और ये उपासक स्वर्षाती-काम, क्रोध, लोभ आदि के साथ संग्राम में ऊर्ध्वा नवन्त-ऊर्ध्वगतिवाले होते हैं—get the upper hand-विजयी बनते हैं। काम, क्रोध, लोभ आदि के साथ संग्राम सात्त्विक संग्राम है—यह संग्राम सचमुच स्वर्-स्वर्ग का साति-प्राप्त करानेवाला है। काम, क्रोध, लोभ ही तो नरक के द्वार हैं—इनको जीतकर मनुष्य स्वर्ग को क्यों न प्राप्त करेगा?

भावार्थ—सोम की रक्षा इसलिए आवश्यक है कि यह हमारी जीवन-यात्रा की पूर्ति में सहायक है—रोगों का पराभव करनेवाला है। तेजस्विता का मूल है, वसुओं को प्राप्त करानेवाला है। इस सोम की रक्षा होने पर मनुष्य मानवमात्र के हितकर कर्मों को ही करता है और अध्यात्मसंग्राम में विजयी बनता है।

ऋषिः—उशनाः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

शक्ति—प्रशस्त जीवन : सुमति—सम्प्रसाद

१४७३. शुष्मी शर्धो न मारुतं पवस्वानभिशस्ता दिव्या यथा विट्।
आपो न मक्षू सुमतिर्भवा नः सहस्रापाः पृतनाषाड् न यज्ञः॥ ३॥

शुष्मी-यह सोम शत्रुओं का शोषण करनेवाला है, इसके शरीर में सुरक्षित होने पर रोग-कृमि नष्ट हो जाते हैं और शरीर बड़ा स्वस्थ होता है। शर्धः न मारुतम्-यह सोम वायु की शक्ति (शर्धः) के समान है—जैसे प्रचण्ड वायु का वेग सब वस्तुओं को उड़ा ले-जाता है, उसी प्रकार यह सोम सब रोगों को भगा देता है। इस सोम से मनुष्य को वायु के समान बल प्राप्त होता है। पवस्व-हे

सोम! तू हममें पवित्रता उत्पन्न कर। तू इस प्रकार सबके जीवनों को पवित्र बना यथा-जिससे कि विट्-सारी प्रजा अनभिशस्ता-अनिन्दनीय हो तथा दिव्या-दिव्य गुणसम्पन्न बने।

हे सोम! तू मक्षु-शीघ्र ही आपः न-जलों की भाँति पवस्व-हमारे जीवनों को पवित्र करनेवाला हो और नः-हमारे लिए सुमतिः-उत्तम बुद्धिवाला भव-हो। हमारी बुद्धियाँ सोम की रक्षा से दीप्त व तीव्र हो जाती हैं। हे सोम! तू हमारे लिये स-हस्र-अप्साः-प्रसन्नरूपवाला हो। सोम के होने पर जीवन में उल्लास चेहरे पर प्रसाद के रूप में प्रकट होता है और सोमपान करनेवाले का चेहरा सदा प्रसन्न दिखता है। पृतनाषाट् न-यह सोम काम-क्रोध, लोभ-मोह, मद-मत्सर की सेना का पराभव करनेवाले के समान होता है। यह वह सेनापति है, जो हमारे इन सब अध्यात्मशत्रुओं को समाप्त कर देता है।

इन सब दृष्टिकोणों से यह सोम यज्ञः-सङ्गतीकरणयोग्य होता है (यज-सङ्गतीकरण)। सोम शरीर का ही भाग बनाने के योग्य है—इसे शरीर में ही खपाने के लिए हमें प्रयत्नशील होना चाहिए।

भावार्थ—सोम हमें शक्तिशाली, पवित्र, अनिन्दनीय, दिव्य जीवनवाला बनाता है, हमारी बुद्धियों को उत्तम बनाता है—हमारा जीवन प्रसादमय होता है और हमारे अध्यात्म-शत्रुओं को यह कुचल डालता है। सोम 'यज्ञ' है—शरीर का ही भाग बनाने के योग्य है।

सूक्त-१४

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—वर्धमानागायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

दिव्य गुणों से दिव्य प्रभु का दर्शन

१४७४. त्वमग्ने यज्ञानां होता विश्वेषां हितः। देवेभिर्मानुषे जने ॥ १ ॥

संख्या २ पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—

हे अग्ने-मोक्ष-स्थान को प्राप्त करानेवाले प्रभो! त्वम्-आप विश्वेषाम्-सब यज्ञानाम्-श्रेष्ठतम कर्मों के होता-सम्पादयिता हैं। आप देवेभिः-दिव्य गुणों के द्वारा मानुषे जने-मानवता—दयालुता से युक्तजन में हितः-प्रतिष्ठित होते हैं।

भावार्थ—सब उत्तम कर्म उस प्रभुकृपा से होते हैं। दिव्य गुणों से प्रभु की प्राप्ति होती है।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु का उपदेश (अहिंसा व मधुरभाषण)

१४७५. स नो मन्द्राभिरध्वरे जिह्वाभिर्यजा महः। आ देवान्वक्षि यक्षि च ॥ २ ॥

प्रभु प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः' से कहते हैं कि सः-वह तू नः-हमारे महः-तेज को अध्वरे-हिंसारहित जीवन-यज्ञ में मन्द्राभिः जिह्वाभिः-मधुर वाणियों से यजा-अपने साथ सङ्गत कर। हमारे जीवन का लक्ष्य प्रभु के तेज से तेजस्वी बनना है। 'यह तेज हमें कैसे प्राप्त होगा?' इस प्रश्न का उत्तर यह है कि १. अध्वरे-हम अपने जीवन को हिंसारहित बनाएँ। यथासम्भव हमारा जीवन हिंसा से दूर हो। हम ध्वंसक कार्यों के स्थान में निर्माणात्मक कार्यों में लगें। नाश के स्थान में निर्माण हमारे जीवन का ध्येय हो २. तथा मन्द्राभिः जिह्वाभिः-हमारी वाणी मधुर हो—हम हित की बात को मधुर ढङ्ग से ही कहनेवाले हों। ये अहिंसा और वाणी की मिठास हमें प्रभु का तेज प्राप्त कराएगी।

प्रभु कहते हैं कि देवान् आवक्षि-देवताओं को व दिव्य गुणों को तू सब ओर से धारण करनेवाला बन। जहाँ कहीं भी तू जाए वहाँ से अच्छाई को ही लेनेवाला हो च-और उस-उस अच्छाई को यक्षि-तू अपने साथ सङ्गत कर। एवं, प्रभु के तेज को प्राप्त करने का ३. तीसरा साधन यह हुआ कि हम दिव्य गुणों को ही देखें और उन्हें धारण करने का प्रयत्न करें।

वस्तुतः ये ही मधुर इच्छाएँ व कामनाएँ हैं कि १. मेरा जीवन अहिंसावाला हो, २. मेरी वाणी में माधुर्य हो, ३. मैं दिव्य गुणों का ही वाहक व ग्राहक बनूँ। इन मधुर इच्छाओं का करनेवाला व्यक्ति 'मधु-छन्दाः'-मधुर इच्छाओंवाला है, यह 'वैश्वामित्रः' सभी का मित्र है—यह किसी से द्वेष नहीं करता।

भावार्थ—मैं अहिंसा का व्रती बनूँ—मेरी जिह्वा मधुमय हो और मैं सदा अच्छाई को ही देखूँ और ग्रहण करूँ।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञानमार्ग पर आक्रमण, यज्ञमय जीवन

१४७६. वेत्था हि वेधो अध्वनः पथश्च देवाञ्जसा। अग्ने यज्ञेषु सुक्रतो॥ ३॥

प्रभु 'मधुच्छन्दाः' से ही कह रहे हैं कि १. हे वेधः-खूब ज्ञान प्राप्त (well learned) करनेवाला तू अध्वनः-(journey) जीवन-यात्रा को हि-निश्चय से वेत्थ-समझता है, क्योंकि तू अध्वनः-वेद के पाठों को ('सहस्राध्वा सामवेदः' में अध्वा-शाखा) वेद की सब शाखाओं को वेत्थ हि-अच्छी प्रकार जानता है। वेद को समझने से तू जीवन-यात्रा को भी समझता है। च-और २. हे देव-(विजिगीषा) जीवन-यात्रा में विजय की कामनावाले! तू पथः-रास्तों को—जिनपर तुझे चलना है, उनको अञ्जसा-अच्छी प्रकार वेत्थ-जानता है 'मुझे किस मार्ग पर चलना है' इसका तुझे ठीक ज्ञान है ३. अग्ने-हे आगे और आगे चलनेवाले जीव! सुक्रतो-उत्तम सङ्कल्पों को धारण करनेवाले! तू यज्ञेषु-यज्ञों में अपना जीवन बिता। तेरा जीवन-यज्ञमय हो। इसी प्रकार तेरा जीवन सफल होगा और तू यात्रा को पूर्ण करके अपने घर में वापस लौट सकेगा।

भावार्थ—हम ज्ञान प्राप्त करें, जीवन के मार्ग को जानें और यज्ञमय जीवन बिताएँ।

सूक्त-१५

ऋषिः—उशनाः काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वह तो देता है—हम लेनेवाले बनें (माया-विदथ)

१४७७. होता देवो अमर्त्यः पुरस्तादेति मायया। विदथानि प्रचोदयन्॥ १॥

वे प्रभु होता-सब-कुछ देनेवाले हैं (हुः दान), देवः-वे प्रभु दिव्य गुणोंवाले हैं, अमर्त्यः-अमरणधर्मा हैं। वस्तुतः जीव को भी इन गुणों को ही अपने अन्दर धारण करना है—कभी लोभ में न फँसकर सदा देनेवाला बनना है, उसने क्रोध से ऊपर उठकर देव बनना है और काम से ऊपर उठकर, किसी भी वस्तु के लिए अत्यन्त लालायित न होते हुए (=न मरते हुए) अमर बनना है।

यह प्रभु मायया-अपनी दया (Pity) की वृत्ति के कारण असाधारण शक्ति (Extra ordinary power) व प्रज्ञा (Wisdom) के साथ पुरस्तात् एति-हमारे सामने आते हैं। मानो हमें भी 'दयालुता,

शक्ति व ज्ञान' प्रदान करना चाहते हैं। हमारा कितना दौर्भाग्य है कि प्रभु तो इन देय वस्तुओं के साथ उपस्थित होते हैं और हम लेने के लिए उद्यत नहीं होते—हमने अपने को पात्र नहीं बनाया होता।

वे प्रभु निरन्तर विदथानि-ज्ञान, त्याग (Knowledge, sacrifice) तथा वासनाओं के साथ संग्राम (battle) की प्रचोदयन्-प्रेरणा दे रहे हैं। 'विदथ' शब्द के तीनों ही अर्थ यहाँ अभिप्रेत हैं। प्रभु स्पष्ट कह रहे हैं कि यदि वासनाओं के साथ संग्राम में जीतना है तो ज्ञान प्राप्त करो, मस्तिष्क को ज्ञानाग्नि से दीप्त करो तथा त्याग की वृत्ति को अपनाओ—अपने हृदयों में त्याग की भावना भरो।

प्रस्तुत मन्त्र में माया शब्द के भी तीन अर्थ हैं तथा विदथ के भी तीन अर्थ हैं। माया शब्द की भावना यह है कि हृदय में दया हो—बाहुओं में शक्ति हो तथा मस्तिष्क ज्ञानाग्नि से दीप्त हो। विदथ शब्द भी मस्तिष्क को ज्ञान से परिपूर्ण करके और हृदय को त्याग की भावना से भरकर बाहुओं से शत्रुओं के साथ संग्राम करने का संकेत कर रहा है। इन भावनाओं को भरने की कामनावाला 'उशनाः' प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि है। यह 'काव्यः'-अर्थतत्त्व को देखता है—और पदार्थों के पीछे मरनेवाला नहीं बनता।

भावार्थ—प्रभु तो कृपा करके शक्ति व ज्ञान देते ही हैं—मैं लेने के लिए तैयार बनूँ।

ऋषिः—उशनाः काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वाज, अध्वर, यज्ञ

१ १ ३ ३ १ १ ३ १ ३ ३ १ १ २
१४७८. वाजी वाजेषु धीयतेऽध्वरेषु प्र णीयते। विप्रो यज्ञस्य साधनः॥ २॥

जो व्यक्ति सचमुच 'उशनाः'-प्रभु के गुणों की प्राप्ति की प्रबल कामनावाला होता है तथा 'काव्यः'-अर्थतत्त्व (वास्तविकता) को जानकर चलता है, वह १. वाजी-शक्तिशाली बनता है—और वाजेषु-शक्तिशाली कामों में धीयते-सदा रक्खा जाता है। यह संसार में सदा क्रियाशील जीवनवाला होता है। यह क्रियाशीलता ही इसके वासनाओं से बचे रहकर शक्तिशाली बनने का रहस्य बनती है। २. अध्वरेषु-हिंसारहित यज्ञों में यह प्रणीयते-आगे और आगे ले-जाया जाता है। हिंसारहित कर्मों को करता हुआ यह जीवन में उन्नति-पथ पर आगे बढ़ता है। ३. विप्रः-यह विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाला होता है और ४. यज्ञस्य साधनः-लोकहित के श्रेष्ठतम कर्मों को सिद्ध करनेवाला होता है।

भावार्थ—हम शक्तिशाली कर्मों में लगे रहें, अहिंसा के मार्ग पर आगे बढ़ें, अपनी न्यूनताओं को दूर कर अपना पूरण करनेवाले हों—लोकहित के कार्यों में प्रवृत्त हों।

नोट—'वाज, अध्वर और यज्ञ' तीनों ही शब्द यज्ञ के लिए प्रयुक्त होते हैं। यहाँ उनमें इस प्रकार भेद करके दिखाया गया है १. वाज शक्तिशाली कर्म हैं, २. अध्वर—अहिंसा का मार्ग है और ३. यज्ञ लोकहित के लिए किये गये श्रेष्ठतम कर्म हैं।

ऋषिः—उशनाः काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दक्ष का पिता बनना

१ २ २ ३ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
१४७९. धिया चक्रे वरेण्यो भूतानां गर्भमा दधे। दक्षस्य पितरं तना॥ ३॥

वरेण्यः-लोकहित करनेवाला यह उशनाः प्रजाओं का मुख्य (Best, worthy, chief) नेता होता है, यह सदा १. धिया-बुद्धिमत्ता से—नकि मूर्खता से चक्रे-कार्यों को करता है। वस्तुतः

बुद्धिमत्ता से कार्यों को करने के कारण ही यह 'वरेण्य' बना है—लोगों से मुखिया के रूप में वरने के योग्य हुआ है। २. यह भूतानाम्-प्राणियों की गर्भम्-स्तुति को (गर्भः गृभेर्गृणात्यर्थे—नि० १०.२३) आदधे-समन्तात् प्राप्त करता है, अर्थात् सब व्यक्ति इसकी प्रशंसा करते हैं तथा यह 'वरेण्य' (chief) भूतानाम्-उन प्राणियों के गर्भम्-अनर्थ के विनाश को (गिरत्यनर्थान् इति वा—नि० १०.२३) आदधे-सब प्रकार से धारण करता है। प्रजा की अहितकर बातों को यह सदा दूर करता है। उनके क्लेशों का निवारण करता है और ३. तना-अपने कर्म में निरन्तर (continually) दीर्घकाल तक श्रद्धापूर्वक लगे रहने से यह अपने को दक्षस्य-कुशलता का पितरम्-रक्षक—पिता या मास्टर चक्रे-बना लेता है। यह निरन्तर लगे रहने के कारण कार्यकुशल बन जाता है।

भावार्थ—हम बुद्धिमत्ता से कार्य करें, प्राणियों के दुःखों को दूर करें, अपने कार्य में लगे रहने से कुशल बनें।

सूक्त-१६

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

यह संसार निर्बल के लिए नहीं

१४८०. आ सुते सिञ्चत श्रियं रोदस्योरभिश्रियम्। रसा दधीत वृषभम्॥ १॥

प्रभु जीवों से कहता है कि सुते-इस उत्पन्न जगत् में, सुते-उत्पन्न सोम के शरीर में सुरक्षित होने पर श्रियम्-शोभा को आसिञ्चत-अपने अन्दर सिक्त करो। 'सुत' शब्द संसार का भी वाची है और सुत शब्द सोम का भी सूचक है। हे जीवो! तुम रोदस्योः अभिश्रियम्-द्युलोक और पृथिवी-लोक की 'अभिश्री' को धारण करो। द्युलोक की श्री 'येन द्यौः उग्रा' इन शब्दों में उग्रता—तेजस्विता है और पृथिवीलोक की 'पृथिवी च दृढा' इन शब्दों में दृढ़ता है। मस्तिष्क में ज्ञानाग्नि की दीप्ति व तेजस्विता हो तथा शरीर में दृढ़ता हो। मस्तिष्क ही शरीर का द्युलोक है और शरीर ही यहाँ पृथिवी है। अन्दर मस्तिष्क की दीप्ति हो बाहर शरीर की दृढ़ता। इस प्रकार अन्दर व बाहर की (अभि) श्री को यह धारण करता है। अभि का अभिप्राय दोनों ओर की—अन्दर व बाहर की श्री से है।

यह अन्दर व बाहर की श्री को धारण करनेवाला पुरुष 'वृषभ' है, शक्तिशाली है, प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'भरद्वाज' है। प्रभु कहते हैं कि रसा-यह पृथिवी वृषभम्-इस वृषभ को, शक्तिशाली को दधीत-धारण करे। दूसरे शब्दों में यह लोक निर्बलों के लिए नहीं है। निर्बल को तो समाप्त होना ही होगा। प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि पार्थिवश्री को शरीर में धारण करके 'भरद्वाज' बनता है और दिव्य श्री को मस्तक में धारण कर 'बार्हस्पत्य' बनता है।

भावार्थ—मैं द्युलोक व पृथिवीलोक की श्री को धारण करके इस योग्य बनूँ कि पृथिवी मेरा धारण करे।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निर्हवींषि वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अपने घर को प्राप्त करना

१४८१. ते जानत स्वमोक्यꣳ३ सं वत्सासो न मातृभिः। मिथो नसन्त जामिभिः॥ २॥

ते-पिछले मन्त्र के वर्णन के अनुसार द्युलोक और पृथिवीलोक की श्री को धारण करनेवाले स्वम् ओक्यांसम्-अपने निवास-स्थान (घर) परमेश्वर को न-इस प्रकार जानत-जान पाते हैं

जैसे वत्सासः-बछड़े मातृभिः-अपनी माताओं के साथ होते हैं। बछड़ों का निवास-स्थान वह है जहाँ उनकी माता है—इसी प्रकार श्री को धारण करनेवालों का निवास-स्थान 'प्रभु' हैं। ये जामिभिः-क्रियाशीलता के द्वारा मिथः-आपस में नसन्त-मिलते हैं—प्राप्त होते हैं, अर्थात् प्रभु की प्राप्ति का ढंग 'क्रियाशीलता' है। प्रभु ने स्वयं ही कहा है कि 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेत्'-तू कर्मों को करते हुए ही जीने की इच्छा कर। यह कर्म में लगे रहना ही प्रभु-प्राप्ति का—प्रभु से मेल का ढंग है। कोई भी अकर्मण्य व्यक्ति प्रभु को नहीं पा सकता।

बछड़े माताओं के द्वारा जिस प्रकार प्रेम से रास्ता दिखलाये जाते हुए अपने घरों को प्राप्त होते हैं—इसी प्रकार प्रभुभक्त, प्रभु से प्रेमपूर्वक पथ-प्रदर्शन द्वारा निजगृह में पहुँचाये जाते हैं। इनका निज घर 'प्रभु' ही है, अतः क्रियाशीलता के द्वारा ये प्रभु से सङ्गत होते हैं। ये प्रभु को प्राप्त करते हैं—प्रभु इन्हें प्राप्त होते हैं।

लोक-व्यवहार के अर्थ में जैसे लोग मिथः-आपस में जामिभिः-बहिनों से संनसन्त-परस्पर सम्बन्धवाले हो जाते हैं, उसी प्रकार जीव क्रियाशीलता से प्रभु का सम्बन्धी बनता है। प्रभु तो स्वाभाविक क्रियावाले हैं—जीव भी क्रियाशीलता को अपनाकर प्रभु-भक्त बन जाता है—प्रभु का उप-आसक हो जाता है।

भावार्थ—क्रियाशीलता के द्वारा हम अपने घर में पहुँचनेवाले बनें।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निर्वैश्वानरो वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र में 'नमन', अग्नि में 'स्वः'

१४८२. उप स्रक्वेषु बप्सतः कृण्वते धरुणं दिवि। इन्द्रे अग्ना नमः स्वः॥ ३॥

'स्रक्व' शब्द सृज् धातु से बनकर सर्जन-निर्माण का कथन कर रहा है। स्रक्वेषु-निर्माणात्मक कार्यों के करने पर उप बप्सतः-(उपासन्नेधिके हीने शक्तावारम्भदानयोः) दानपूर्वक भोजन करते हुए अथवा हीन-कर्म—न्यून उपाहार ही करते हुए लोग दिवि-द्योतनात्मक प्रभु में अपना धरुणम्-निवास कृण्वते-बनाते हैं।

गत मन्त्र में क्रियाशीलता को प्रभु-प्राप्ति का साधन बताया था। इस मन्त्र में 'स्रक्व' शब्द से उस क्रियाशीलता को निर्माणात्मक बनाने का संकेत है। निर्माण का कार्य करते हुए ही हमें वस्तुतः खाने का अधिकार है। 'स्रक्वेषु' शब्द की सप्तमी 'सर्जन के होने पर ही' इस भाव को व्यक्त कर रही है। फिर 'उप' शब्द दानपूर्वक उपभोग की भावना का व्यञ्जक है। साथ ही 'उप' शब्द अधिक भोजन से बचने का भी संकेत कर रहा है—उपाहार शब्द में भोजन का लाघव स्पष्ट दिख रहा है। ये ही व्यक्ति प्रकाशमय लोक में निवास के अधिकारी बनते हैं।

ये 'इन्द्र'-बल के कार्यों के करनेवाले होते हैं और इन्द्रे-इन शक्तिशाली व्यक्तियों में नमः-शत्रुओं को नत कर देने की शक्ति होती है। उस महेन्द्र प्रभु के प्रति नमन की भावना होती है—इसी से तो वह शत्रुओं को नत कर पाता है। 'भरद्वाज' अपने बल से शत्रुओं का पराभव करेगा ही। ये 'अग्नि'-प्रकाश के पुञ्ज बनते हैं और अग्नौ-अग्निवत् ज्ञानाग्नि से दीप्त इन व्यक्तियों में स्वः-प्रकाश का प्रसरण (Radiation) होता है। इनसे ज्ञान का प्रकाश चारों ओर फैलता है। 'बार्हस्पत्य' होने से इनसे ज्ञान का प्रसार होना ही चाहिए।

नोट—स्रक्व का अर्थ ओष्ठप्रान्त भी है—तब चबाकर खाने की भावना व्यक्त हो रही होगी। 'स्रक्वेषु उप बप्सतः' की भावना उपांशु जप की भी ली गयी है। वह भी असङ्गत नहीं है।

भावार्थ—हम उत्पादन करनेवाले बनते हुए ही खाएँ—तभी हम प्रभु को प्राप्त करेंगे।

सूक्त-१७

ऋषिः—बृहद्दिव आथर्वणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

बृहद्दिव आथर्वण

१४८३. तदिदास भुवनेषु ज्येष्ठं यतो जज्ञ उग्रस्त्वेषनृम्णः।
सद्यो जज्ञानो नि रिणाति शत्रूननु यं विश्वे मदन्त्यूमाः॥ १॥

गत मन्त्र में "इन्द्र में 'नमः' तथा अग्नि में 'स्वः' के होने का" उल्लेख था। वस्तुतः तत् इत्-'नमः और स्वः' ही भुवनेषु-सब प्राणियों में या सब लोकों में ज्येष्ठम्-सबसे बड़ा गुण आस-था। यतः-जिस 'नमः और स्वः' से—प्रभु के प्रति नमन और प्रकाश से—उग्रः-उत्कृष्ट त्वेषनृम्णः-दीप्त बल व साहसवाला उपासक जज्ञे-आविर्भूत होता है। जिस समय एक व्यक्ति 'नमः और स्वः' को अपने अन्दर धारण करता है तब वह उत्कृष्ट तेजवाला बन जाता है। ज्ञान के प्रकाश के कारण वह 'बृहद्-दिवः' कहलाता है तथा प्रभु के प्रति नमन से उत्पन्न शक्ति से वह 'आथर्वण'-शत्रुओं से डाँवाँडोल न किये जानेवाला हो जाता है। (अथर्व)

जज्ञानः-दीप्त बल व साहसवाले के रूप में होता हुआ यह सद्यः-शीघ्र ही शत्रून्-शत्रुओं को—काम-क्रोधादि को—निरिणाति-दूर भगा देता है। वस्तुतः 'इस बृहद्दिव' के अन्दर वह त्वेष-नृम्ण-दीप्त शक्ति उत्पन्न हो जाती है यम् अनु-जिसके उत्पन्न हो जाने के बाद विश्वे-सब ऊमाः-प्रभु-चरणों में नत होकर अपनी रक्षा करनेवाले व्यक्ति (अवन्ति इति ऊमाः) मदन्ति-एक अवर्णनीय मद-हर्ष प्राप्त करते हैं। वास्तविक हर्ष तो मानव-जीवन में उसी दिन उत्पन्न होता है जिस दिन वह प्रभु-चरणों में नत होने से उग्रशक्तिवाला बनकर संसार के प्रलोभनों से अनान्दोलित 'आथर्वण' हो जाता है, जिस दिन 'स्तुति-निन्दा, जीवन-मृत्यु व सम्पत्ति-विपत्ति' कोई भी उसे नीतिमार्ग से विचलित नहीं कर पाते।

भावार्थ—'नमः और स्वः' ही ज्येष्ठ बल है—यही हमें 'बृहद्दिव आथर्वण' बनाएगा। (As bright as a day, as firm as a rock)

ऋषिः—बृहद्दिव आथर्वणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

सब विजय उस प्रभु की ही है

१४८४. वावृधानः शवसा भूर्योजाः शत्रुर्दासाय भियसं दधाति।
अव्यनच्च व्यनच्च सस्नि सं ते नवन्त प्रभृता मदेषु॥ २॥

'यह बृहद्दिव आथर्वण' शवसः-सामर्थ्य से वावृधानः-निरन्तर बढ़ता चलता है भूरि ओजाः-यह भरण (धारण) करनेवाले अत्यधिक ओजवाला होता है। शत्रुः-कामादि का शातन (shattering) नाश करनेवाला यह इन्द्र दासाय-(दसु उपक्षये) उपक्षय करनेवाली कामादि वृत्तियों के लिए भयसम्-भय को दधाति-धारण करता है। भयभीत होकर ये आन्तर शत्रु दूर भाग जाते हैं—वे इस 'बृहद्दिव' के समीप नहीं फटकते।

इस प्रकार शत्रुओं पर विजय पाकर यह 'बृहद्दिव' इस विजय में अपनी ही महिमा का अनुभव

करता हुआ गर्वित नहीं होता। अपितु इस विजय को प्रभु की ही विजय समझता हुआ यह इन शब्दों में प्रभु का आराधन करता है—

अव्यनत् च-प्राणधारण न करनेवाले स्थावर जगत् को तथा व्यनत् च-विशेषरूप से प्राण-क्रिया करते हुए जंगम जगत् को हे प्रभो! आप ही सत्रि-शुचि-पवित्र बनाते हो (ष्णा शौचे)। आप ही सम्पूर्ण जगत् को निर्मल कर रहे हो। आपकी ही शक्ति से सब स्तोता शत्रुओं पर विजय का लाभ करते हैं और इस प्रकार ते-आपके द्वारा प्राप्त कराये हुए मदेषु-आनन्दों में प्रभृताः-प्रकर्षेण भृत हुए-हुए सब उपासक संनवन्त-उत्तम कर्मों में गतिवाले होते हैं (नव गतौ) और अन्ततः आपको प्राप्त होते हैं।

भावार्थ—प्रभु की शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर ही उपासक शत्रुओं का शातन (विनाश) करनेवाला बनता है और इस प्रभु से प्राप्त करायी गयी विजय के उल्लास में वह और अधिक गतिशील बनता है।

ऋषिः—बृहदिव आथर्वणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रभु-स्मरण और पवित्रता

१४८५. त्वे क्रतुमपि वृञ्जन्ति विश्वे द्विर्यदेते त्रिर्भवन्त्यूमाः।
स्वादोः स्वादीयः स्वादुना सृजा समदः सु मधु मधुनाभि योधीः॥ ३॥

जिन व्यक्तियों का जीवन सदा अपने को शत्रुओं से सुरक्षित रखने की प्रवृत्तिवाला होता है वे ऊमाः-आत्मरक्षक कहलाते हैं। यत् एते-जब ये लोग द्विः भवन्ति-दो (double) हो जाते हैं, अर्थात् गृहस्थ में प्रवेश करके 'पति-पत्नी' रूप से एक से दो हो जाते हैं और सन्तानोत्पत्ति के अनन्तर त्रिः भवन्ति-तीन हो जाते हैं, तब ये विश्वे ऊमाः-सब आत्मरक्षक लोग त्वे-आपमें क्रतुम्-अपने सङ्कल्प को अपिवृञ्जन्ति-पवित्र (purify) करते हैं, अर्थात् आपका ध्यान करते हुए अपने जीवन को अपवित्र नहीं होने देते। गृहस्थाश्रम का नाम 'मलाश्रम' भी है—इसमें मल लिप्त हो जाने की सदा ही आशंका बनी रहती है। प्रभु का स्मरण ही अपवित्रता से बचानेवाला है।

ऐसे सद्गृहस्थ सदा इस प्रकार प्रभु की आराधना करते हैं कि—हे प्रभो! आप ही स्वादोः स्वादीयः-संसार की मधुर वस्तुओं से भी कहीं अधिक मधुर हैं। आप 'रस' ही हैं, आपकी प्राप्ति के रस के सामने सब सांसारिक विषयों के रस फीके हो जाते हैं। आप हमें स्वादुना-अपने रसमयरूप से सृज-संसृष्ट—संयुक्त कीजिए। आपकी उपासना से हम आपके 'अवर्णनीय' 'आनन्दरस' का अनुभव करें।

हे समदः-सदा शाश्वत उल्लास के साथ रहनेवाले प्रभो! सुमधु-उत्तम रसरूप प्रभो! मधुना-बड़े माधुर्य के साथ आप हमें कुटिलताओं व पापों के साथ अभियोधीः-युद्ध कराइए। हम सदा बुराई के साथ संघर्ष करनेवाले हों, परन्तु कभी भी हमारे हृदयों में किसी के प्रति कटुता की भावना उत्पन्न न हो। हम श्रेय का अनुशासन-कल्याण का उपदेश अहिंसा व माधुर्य के साथ ही करें और धर्म को चाहते हुए हम मधुर व श्लक्ष्ण वाणी का ही प्रयोग करें।

भावार्थ—प्रभु रसमय हैं—स्वादु से भी स्वादु—मधुमय हैं, उनका उपासक भी मधुर ही होता है। शत्रुओं का शातन करते हुए भी वह माधुर्य को खोता नहीं।

सूक्त-१८

ऋषिः—गृत्समदः शौनकः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अष्टिः ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

इन्दुः इन्द्रम् सश्चत्

१४८६. त्रिकद्रुकेषु महिषो यवाशिरं तुविशुष्मस्तृम्पत् सोममपिबद्विष्णुना
सुतं यथावशम्। स ईं ममाद महि कर्म कर्तवे महामुरुं सैनं सश्चद्देवो
देवं सत्य इन्दुः सत्यमिन्द्रम् ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का अर्थ संख्या ४५७ पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—गृत्समदः शौनकः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अतिशक्वरी ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

'देव, सत्य व इन्दु'

१४८७. साकं जातः क्रतुना साकमोजसा ववक्षिथ साकं वृद्धो वीर्यैः
सासहिर्मृधो विचर्षणिः। दाता राध स्तुवते काम्यं वसु प्रचेतन
सैनं सश्चद्देवो देवं सत्य इन्दुः सत्यमिन्द्रम् ॥ २ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'गृत्समद शौनक' है—'गृणाति'-प्रभु का स्तवन करता है, 'माद्यति'-प्रसन्न रहता है तथा 'शुनति' गतिशील होता है। यह क्रतुना साकं जातः-सङ्कल्प के साथ अपना विकास करता है—जीवन में दृढ़ निश्चय के साथ चलता है और ओजसा साकं ववक्षिथ-बल के साथ वृद्धि को प्राप्त करता है। संकल्प के अनुपात में ही इसके बल की वृद्धि होती है। जितना-जितना सङ्कल्प उतनी-उतनी बल की वृद्धि। यह गृत्समद 'प्रभु-स्तवन' के कारण वासनाओं का शिकार नहीं होता और परिणामतः वीर्यैः साकं वृद्धः-शक्तियों के साथ बढ़ा हुआ मृधः-शत्रुओं को सासहिः-पराभूत करनेवाला होता है। इसके शरीर पर रोगों का आक्रमण नहीं होता, मन पर द्वेष आदि भावनाएँ प्रबल नहीं होतीं। यह सङ्कल्प, ओज तथा वीर्य वृद्धि के द्वारा शत्रुओं को कुचलने के साथ विचर्षणिः-अर्थतत्त्व का विशेषरूप से द्रष्टा बनता है। सुरक्षित वीर्य इसकी ज्ञानाग्नि को दीप्त करता है और यह वास्तविकता को जाननेवाला—वस्तुओं को सूक्ष्मता से देखनेवाला 'विचर्षणि' होता है।

इस विचर्षणि व प्रचेतन=प्रकृष्ट चेतनावाले से कहते हैं कि हे प्रचेतन=समझदार! तू इस बात को समझ ले कि वे प्रभु स्तुवते=स्तुति करनेवाले के लिए काम्यम्=वाञ्छनीय राधः=कार्य की सिद्धि करानेवाला वसु=धन दाता=देते ही हैं। वे आवश्यक धन अवश्य प्राप्त कराएँगे ही, अतः धन के लिए तू व्याकुल मत हो। तेरी सारी शक्ति इस धन जुटाने में ही न लग जाए।

तू इस बात का भी ध्यान कर कि एनं देवम्-इस प्रभु को सः देवः-वह जीव देव बनकर ही सश्चत्-प्राप्त करता है। सत्यम्-उस सत्य प्रभु को सत्यः-सत्य को अपनानेवाला ही पाता है। इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यशाली सर्वशक्तिमान् प्रभु को इन्द्रः-शक्तिशाली बननेवाला ही सश्चत्-प्राप्त करता है, अतः तू धन के पीछे ही भागता न रहकर 'देव, सत्य व इन्द्र' बनने का प्रयत्न कर।

भावार्थ—हम दृढ़संकल्पवाले हों, जिससे हमारी शक्ति में वृद्धि हो। हम शत्रुओं का पराभव

करके 'देव, सत्य व इन्दु' बनें।

ऋषिः—गृत्समदः शौनकः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अतिशक्वरी ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

सच्चा मित्र Bosom Friend

१४८८. अध त्विषीमाँ अभ्योजसा कृविं युधाभवदा रोदसी अपृणदस्य
मज्मना प्र वावृधे। अधत्तान्यं जठरे प्रेमरिच्यत प्र चेतय सैनं सश्चद्देवो
देवं सत्य इन्दुः सत्यमिन्द्रम् ॥ ३ ॥

यह 'गृत्समद शौनक' अध-अब—गत मन्त्र के वर्णन के अनुसार प्रभु के समीप पहुँचने के पश्चात् त्विषीमान्-कान्तिवाला होता है—दीप्तिवाला होता है—ब्रह्मतेज से इसका चेहरा चमकता है। ओजसा-ओज के द्वारा युधा-युद्ध से यह क्रिविम् (नि० ४.५८ killing)-संहारक शत्रुओं को जिन्हें पिछले मन्त्र में 'मृधः'=murderers हिंसक कहा गया था, अभ्यभवत्-जीत लेता है। कामादि शत्रुओं को परास्त करके यह रोदसी-द्युलोक और पृथिवीलोक को, अर्थात् अपने मस्तिष्क व शरीर को आ-सर्वथा अपृणत्-पूर्ण करता है। शरीर में रोगादि से कमी को नहीं आने देता और मस्तिष्क में ज्ञानाग्नि की मन्दता से अन्धकार उत्पन्न नहीं होने देता। इसका शरीर नीरोग तथा मस्तिष्क दीप्त बना रहता है। अस्य-इस प्रभु के मज्मना-बल से (नि० २.१०.२३) यह प्रवावृधे-अतिशय वृद्धि को प्राप्त करता है।

यह गृत्समद अन्यम्-विलक्षण, अनिर्वचनीय शक्तिवाले प्रभु को जठरे-अपने हृदय (bosom) में आधत्त-धारण करता है—अर्थात् उसे अपना सच्चा मित्र (bosom friend) बनाता है तो ईम्-निश्चय से प्र अरिच्यत-खूब वृद्धि व उत्कर्ष को प्राप्त करता है।

हे गृत्समद! तू प्रचेतय-इस बात को अच्छी तरह समझ ले कि एनं देवम्-इस देव को जीव देवः-देव बनकर ही सश्चत्-प्राप्त होता है, सत्यम्-सत्य प्रभु को सत्यः-सत्य बनकर तथा इन्द्रम्-परम शक्तिमान् प्रभु को इन्दुः-शक्तिशाली बनकर ही सश्चत्-प्राप्त होता है।

भावार्थ—हमें उत्कर्ष के लिए प्रभु को ही अपना सच्चा मित्र बनाने का प्रयत्न करना चाहिए।

इति त्रयोदशोऽध्यायः, षष्ठप्रपाठकश्च समाप्तः ॥

अथ चतुर्दशोऽध्यायः

सप्तमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—प्रियमेधः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

यथार्थ-ज्ञान

१४८९. अभि प्र गोपतिं गिरेन्द्रमर्च यथा विदे। सूनुं सत्यस्य सत्पतिम्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र की व्याख्या १६९ संख्या पर इस प्रकार है—

हे जीव! तू यथा-विदे-जो वस्तु जैसी है उसे वैसा ही समझने के लिए इन्द्रम्-ज्ञानरूप परमैश्वर्य के निधिभूत प्रभु की अर्च-अर्चना कर। तू गिरा-इन वेदवाणियों के द्वारा गोपतिम्-वेदवाणियों के पति प्रभु की अभि प्र-ओर प्रकर्षेण चल। वे प्रभु सत्यस्य सूनुम्-सत्य की प्रेरणा देनेवाले हैं और सत्-पतिम्-सज्जनों के पति हैं।

भावार्थ—उस 'गोपति' प्रभु की प्रार्थना के द्वारा हम भी गोपति बनें। सत्य की प्रेरणा को प्राप्त करके 'सत्' बनें।

ऋषिः—प्रियमेधः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

धारणा व ध्यान

१४९०. आ हरयः ससृज्रिरेऽरुषीरधि बर्हिषि। यत्राभि संनवामहे॥ २॥

इन्द्रियाँ इस शरीररूप रथ के घोड़े हैं। ये सदा घोड़ों की भाँति इधर-उधर घूमती रहती हैं, इसी से ये अरुषीः-(moving about like a horse) इधर-उधर घूमनेवाली कहलाती हैं। तत्त्वज्ञान की प्राप्ति में लगने पर ये चमक उठती हैं, इसलिए भी ये 'अरुषीः' चमकती (bright, shining) हुई कहलाती हैं। इस स्थिति में ये आसुर आक्रमणों से विद्ध नहीं होती, अ-विद्ध—अनाहत (unhurt) होने से भी ये 'अरुषी' हैं। ये अरुषीः-सामान्यतः इधर-उधर घूमनेवाली, ज्ञान को प्राप्त करने में लगने पर चमकनेवाली और आसुर आक्रमणों से अविद्ध हरयः-इन्द्रियाँ आ-चारों ओर से अधि-बर्हिषि-उस हृदयान्तरिक्ष में, जिसमें से कि सब वासनाओं का उद्बर्हण कर दिया गया है, ससृज्रिरे-(सृज्-put on, place on, apply) रखी गयी हैं। इनका भटकना समाप्त हो गया है और इनका मन में निरोध कर दिया गया है।

उस मन में हम इन इन्द्रियों का निरोध करें यत्र-जहाँ अभि-सं-नवामहे-चारों ओर से (अभि) सब चित्तवृत्तियों को केन्द्रित (सम्) करके हम प्रभु का स्तवन (नू-स्तुतौ) करें। इन्द्रियों का मन में निरोध ही एक देश में बन्धरूप 'धारणा' है और चित्तवृत्तियों को एकाग्र कर प्रभु की महिमा का चिन्तन ही 'ध्यान' है। यही ध्यान हमें समाधि की ओर अग्रसर करेगा और हम प्रभु का साक्षात्कार करनेवाले बनेंगे।

भावार्थ—हम इन्द्रियों का मन में निरोध करें—मन को प्रभु चिन्तन में प्रवृत्त करें।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

समाधि में साक्षात्कार

१४९१. इन्द्राय गाव आशिरं दुदुह्रे वज्रिणे मधु। यत्सीमुपह्वरे विदत्॥ ३॥

इन्द्राय=इन्द्रियों का मन में निरोध करके जितेन्द्रिय बननेवाले वज्रिणे=(वज गतौ) क्रियाशीलता-रूप वज्र को हाथ में लिये हुए 'प्रियमेध' के लिए गावः=सब वेदवाणियाँ व इन्द्रियाँ आशिरम्=(आ-शृ)=सब ओर से मलों को भस्म कर देनेवाले मधु=सारभूत ज्ञान का, मधुविद्या का, ब्रह्मविद्या का दुदुह्रे=दोहन करती हैं।

मधुविद्या को प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि हम जितेन्द्रिय बनें। जितेन्द्रिय बनने के लिए आवश्यक है कि क्रियाशीलतारूप वज्र को हम हाथ में लिये हुए हों। ऐसा करने पर ये पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ (गावः) वेदवाणियों (गावः) के अध्ययन व अधिगमन से हमें मुधुविद्या को—सारभूत तत्त्वज्ञान को प्राप्त कराएँगी।

यत्=इसका परिणाम यह होगा कि सीम्=निश्चय से उपह्वरे=अपने हृदय के एकान्त स्थान (A solitary place, Proximity) में, अपने समीप ही यह प्रियमेध विदत्=उस प्रभु को पा लेगा (विद्=लाभे)। यहीं प्रियमेध प्रभु का साक्षात्कार कर रहा होगा। ये प्रभु तो हृदयरूप गुफा के अन्दर विचरनेवाले होने से 'गुहाचरत्' नामवाले हैं। प्रियमेध अपनी सब इन्द्रिय-वृत्तियों को इसी हृदय में केन्द्रित करता है और प्रभु को अपने समीप ही पाता है।

भावार्थ—हम मधुविद्या को प्राप्त करें—प्रभु का दर्शन करें।

सूक्त-२

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

सामूहिक स्तवन (Congregational Prayers)

१४९२. आ नो विश्वासु हव्यमिन्द्र समत्सु भूषत।
उप ब्रह्माणि सवनानि वृत्रहन् परमज्या ऋचीषम॥ १॥

२६१ संख्या पर मन्त्रार्थ इस रूप में है—

'नृमेध और पुरुमेध' प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि हैं (मेध-सङ्गम)—जो सब मनुष्यों के साथ मिलकर चलते हैं और जिनका मेल (पॄ-पालनपूरणयोः) पालन व पूरण करनेवाला है। ये कहते हैं कि नः=हमारी विश्वासु समत्सु=सब सभाओं में हव्यं इन्द्रम्=उस पुकारने योग्य प्रभु को आभूषत=सब प्रकार से अलंकृत करो, जो उप=सदा हमारे समीप हैं। ऐसा करने से ब्रह्माणि=हमारे जीवन में स्तोत्र होंगे, सवनानि=यज्ञ होंगे।

वे प्रभु वृत्रहन्=वृत्रों को समाप्त करनेवाले हैं, परमज्या=एक प्रबल शक्ति हैं, ऋचीषम=स्तुति के समान गुणोंवाले हैं—उन-उन गुणों को हमें भी प्राप्त करानेवाले हैं।

भावार्थ—हम एकत्र होने पर सदा प्रभु-स्तवन करें, जिससे हमारा जीवन ज्ञानमय व यज्ञमय हो।

ऋषिः—नृमेधपुरुमेधौ ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

प्रभु का ही वरण करें

१४९३. त्वं दाता प्रथमो राधसामस्यसि सत्य ईशानकृत्।
तुविद्युम्नस्य युज्या वृणीमहे पुत्रस्य शवसो महः ॥ २ ॥

हे प्रभो! त्वम्-आप राधसाम्-सफलताओं के तथा सफलताओं के साधनभूत ऐश्वर्यों के प्रथमः दाता-मुख्य दाता असि-हैं। सत्यः असि-आप ही पूर्ण सत्य (Absolute Truth) हैं। ईशानकृत्-आप अपने भक्तों को भी ईशान-इन्द्रियों व मन का स्वामी बनानेवाले हैं। प्रभु का भक्त अपने कार्यों में अवश्य सफल होता है, उसका जीवन सत्य से परिपूर्ण होता है। वह अपने जीवन में इन्द्रियों व मन का दास बनकर नहीं चलता, अपितु वह इनका ईशान होता है।

इसलिए हे प्रभो! हम आपके युज्या-मेल को 'सायुज्य को' सङ्ग को आवृणीमहे-सब प्रकार से वरते हैं—सब प्रकार के प्रलोभनों को परे फेंककर हम आपका ही स्वीकार करते हैं। न सन्तान का, न सम्पत्ति का और न ही सम्भोगों का आकर्षण हमें आपसे दूर कर पाता है। हम तो आपकी ही कामना करते हैं, जो आप—

१. तुविद्युम्नस्य-(क) महान् ज्योतिवाले (Lustre) हैं, (ख) महान् शक्तिवाले (Power) हैं, (ग) अनन्त सम्पत्तिवाले (Wealth) हैं, (घ) महान् प्रेरणा देनेवाले (Inspiration) हैं, (ङ) सबसे बड़े होता (Sacrificer) हैं।

२. शवसः पुत्रस्य-जो आप बल के पुतले—शक्ति के पुञ्ज—सर्वशक्तिमान् हैं।

३. महः-जो आप महान् हैं, अतएव पूजनीय हैं। जिन आपकी दृष्टि में सभी के लिए अनुकम्पा-ही-अनुकम्पा है, जिन आपसे, आपकी सत्ता से इन्कार करनेवाला नास्तिक भी भोजन पाता ही है।

प्रभु का सङ्ग हमें भी तुविद्युम्न—महान् ज्योतिवाला, शवसः पुत्र—शक्ति का पुञ्ज तथा मह—महान्—विशाल हृदयवाला बनाएगा। हम सफलता प्राप्त करेंगे, सत्य के ईशान बनेंगे।

भावार्थ—हम सब-कुछ छोड़कर प्रभु का ही वरण करनेवाले हों।

सूक्त-३

ऋषिः—त्र्यरुणत्रसदस्यू ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—ऊर्ध्वाबृहती ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

हृदय की गहराई से—मस्तिष्क की ज्योति से

१४९४. प्रत्नं पीयूषं पूर्व्यं यदुक्थ्यं महो गाहादिव आ निरधुक्षत।
इन्द्रमभि जायमानं समस्वरन्॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'त्रसदस्यु' है—डरते हैं दस्यु जिससे, जिससे राक्षसी वृत्तियाँ डरकर दूर भाग जाती हैं। ऐसा क्यों होता है? इसी बात का रहस्य इस मन्त्र में स्पष्ट किया गया है कि ये लोग उस प्रभु का निर्दोहन—आविर्भाव करते हैं (निरधुक्षत) तथा उसी का गायन करते हैं (समस्वरन्) जोकि—

१. प्रत्नम्-पुरातन हैं—सनातन हैं—सदा से हैं—कभी उत्पन्न नहीं हुए (न जायते)। २. पीयूषम्-वे प्रभु अमृत हैं—कभी उनका विनाश नहीं होता (न म्रियते)। ३. पूर्व्यम्-पूरण करनेवालों में

सर्वोत्तम हैं—प्रभु में किसी प्रकार की न्यूनता नहीं। प्रभु अपने सम्पर्क में आनेवालों के जीवन को भी पूर्ण बनाते हैं। ४. यत्-जो प्रभु उक्थ्यम्-उच्च स्वर से स्तुति के योग्य हैं।

इस प्रभु को त्रसदस्यु लोग महः गाहात्-हृदय की महान् गहराई से (गाह—depth) तथा दिवः-मस्तिष्करूप द्युलोक से आ-सब प्रकार से निरधुक्षत-आविर्भूत करने का प्रयत्न करते हैं—उस प्रभु के दर्शन के लिए ये हृदय की श्रद्धा तथा मस्तिष्क के ज्ञान का समन्वय करने के लिए प्रयत्नशील होते हैं। श्रद्धा और ज्ञान के समन्वय से अभिजायमानम्-सामने प्रादुर्भूत होते हुए उस इन्द्रम्-परमैश्वर्यशाली प्रभु को सम्-सम्यक्तया अथवा मिलकर अस्वरन्-ये स्तुत करते हैं। उस प्रभु के गुणों के गायन का ही यह परिणाम होता है कि इनके समीप काम-क्रोधादि आसुर वृत्तियाँ नहीं फटकतीं। जहाँ प्रभु-गुणगान है, वहाँ आने से ये वृत्तियाँ डरती हैं। इसी कारण से यह स्तोता 'त्रसदस्यु' कहलाता है। प्रभु के साक्षात्कार के लिए हृदय के अन्तस्तल में श्रद्धा चाहिए, मस्तिष्क में प्रकाश व ज्योति चाहिए।

भावार्थ—उस अनादि (प्रत्नं), अनन्त (पीयूषं), पूर्ण (पूर्व्यं), स्तुत्य (उक्थ्य) प्रभु का हम श्रद्धा व ज्ञान के मेल से साक्षात्कार करें और उस परमैश्वर्यशाली प्रभु का गायन करें।

ऋषिः—त्रयरुणत्रसदस्यू॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—ऊर्ध्वाबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

दिव्य कान्तियों का दर्शन

१४९५. आदीं के चित् पश्यमानास आप्यं वसुरुचो दिव्या अभ्यनूषत।
दिवो न वारं सविता व्यूर्णुते॥ २॥

हृदय में श्रद्धा तथा मस्तिष्क में ज्योति के विकास के आत् ईम्-ठीक पश्चात्—बिना किसी अन्य बिलम्ब के केचित्-कुछ—विरल पुरुष उस आप्यम्-सबके प्राप्त करने योग्य दिव्याः वसुरुचः-सर्वत्र बसनेवाले व सभी को अपने में निवास देनेवाले प्रभु की दिव्य कान्तियों को पश्यमानासः-देखते हुए अभ्यनूषत-उसका स्तवन करते हैं।

आत्मतत्त्व की ओर विरल पुरुषों की ही प्रवृत्ति होती है। 'आश्चर्यवत् पश्यति कश्चिदेनम्' प्रभु-दर्शन की प्रबल इच्छा होने पर यह व्यक्ति अपने में श्रद्धा व ज्ञान का विकास करने के लिए सतत प्रयत्नशील होता है, क्योंकि इनके बिना प्रभु-दर्शन सम्भव नहीं? यह अनुभव करता है कि प्रभु ही मेरे लिए प्राप्त करने योग्य हैं। यह कहता है कि—

मैं एकमात्र प्रभु को ही अपनी शरण अनुभव करूँ। इसे अनुभव होता है कि वे प्रभु ही वसु हैं—मेरे उत्तम निवास के कारण हैं। प्रभु की दिव्य कान्तियों को देखता हुआ यह गद्गद हो उठता है और सहज ही प्रभु के स्तवन में प्रवृत्त होता है।

वह सविता-सबको प्रेरणा देनेवाला प्रभु भी दिवः-प्रकाश के वारं न-आवरण-से बने हुए (न—इव) कामादि को व्यूर्णुते-परे हटा देता है। जैसे किसी वस्तु के आवरण को खोल दिया जाता है, उसी प्रकार यह सविता देव अपने स्तोता के ज्ञान के आवरण को हटा देते हैं, अर्थात् उसे उत्तम बुद्धि प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु की दिव्य कान्ति को देखनेवाले हों। प्रभु-कृपा से हमारी बुद्धियों का विकास हो।

ऋषिः—त्रयरुणत्रसदस्यू ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—कर्म्मारबृहती ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

गौवों में वृषभ के समान

१४९६. अध यदिमे पवमान रोदसी इमा च विश्वा भुवनाभि मज्मना।
यूथे न निष्ठा वृषभो वि राजसि ॥ ३ ॥

यह 'त्रसदस्यु' प्रभु की दिव्य कान्तियों का दर्शन व स्तवन करता हुआ सभी लोक-लोकान्तरों में अधिष्ठातृरूपेण स्थित प्रभु को देखता है और कह उठता है कि—अध-अब यत्-जो इमे रोदसी-ये द्युलोक व पृथिवीलोक हैं, च-तथा इमा विश्वा भुवना-ये सम्पूर्ण लोक-लोकान्तर हैं हे पवमान-सबको गति देने व पवित्र करनेवाले प्रभो! आप मज्मना-(नि० २.९ मज्मना इति बलनाम) अपनी शक्ति से इन सबपर अभिविराजसि-चारों ओर शोभायमान हो रहे हैं। आपने अपनी शक्ति से इन सबको अधिष्ठित किया हुआ है। इन लोक-लोकान्तरों पर अधिष्ठित आप इस प्रकार शोभायमान हो रहे हैं न-जैसे यूथे-गौवों के झुण्ड में निष्ठा-निश्चितरूप से स्थित वृषभः-वृषभ शोभायमान होता है। सब लोकों का उपादानकारण महत्तत्त्व परमेश्वर से अधिष्ठित है। परमेश्वर से अधिष्ठित प्रकृति ही सचराचर संसार को जन्म देती है। प्रभु लोकों को जन्म देते हैं और फिर उन लोकों की रक्षा भी करते हैं। वृषभ गौवों के झुण्ड में दोनों ही कार्यों को करता है।

परमेश्वर से अधिष्ठित ये लोक ठीक गति में रहते हैं तथा इनकी पवित्रता बनी रहती है। जीव जितने अंश में विद्रोह करके स्वतन्त्र होना चाहता है, उतने ही अंश में वह उच्छृंखल होकर अपवित्र हो जाता है। 'त्रसदस्यु' अपने को प्रभु से अधिष्ठितरूप में ही चाहता है और इसी से वह वासनाओं का शिकार नहीं होता।

भावार्थ—हम सब लोक-लोकान्तरों के अधिष्ठाता प्रभु की महिमा व शोभा को देखें और अपने जीवनों को पवित्र बनाएँ।

सूक्त-४

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शुनः शेप के जीवन की तीन बातें

१४९७. इममू षु त्वमस्माकं सनिं गायत्रं नव्यांसम्। अग्ने देवेषु प्र वोचः ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र २८ संख्या पर इस रूप में व्याख्यात हुआ है—

हे अग्ने-हमारी अग्रगति के साधक प्रभो! त्वम्-आप अस्माकम्-हमारे देवेषु-देवों में—शरीर में रहनेवाले देवांशों में इमम्-इस सनिम्-संविभाग के गायत्रम्-आपके अर्चन के तथा नव्यांसम्-स्तुति के—निन्दात्मक शब्दों का प्रयोग न करके स्तुति-वचनों के पाठ को उ-निश्चय से सु-अच्छी प्रकार प्रवोचः-प्रवचन कर दें।

भावार्थ—हम अपने जीवनों में संविभागपूर्वक उपभोग करनेवाले हों, लोक-सेवा द्वारा प्रभु अर्चना करनेवाले हों तथा सदा स्तुत्यात्मक वचनों के ही बोलनेवाले हों। इसी प्रकार हम अपने जीवनों में (शुन-सुख, शेप-बनाना) सुख का निर्माण करके प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'शुनःशेप' बन पाएँगे।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

'दाश्वान्' को देनेवाले प्रभु हैं

१४९८. विभक्तासि चित्रभानो सिन्धोरूर्मा उपाक आ। सद्यो दाशुषे क्षरसि ॥ २ ॥

हे चित्रभानो-अद्भुत दीप्तिवाले प्रभो! आप क्या तो सिन्धोः ऊर्मा-समुद्र की लहरों में—अर्थात् घर से दूर विदेश में समुद्रपार स्थित दाश्वान् को और क्या उपाके-बिल्कुल समीप में स्थित (in the neighbourhood) दाश्वान् को आ-सर्वथा विभक्ता असि-उचित धनों में भागी बनानेवाले हैं। दाशुषे-इस दाश्वान् के लिए—आपके प्रति अपना समर्पण करनेवाले दानी (दाश् दाने) के लिए सद्य-शीघ्र ही क्षरसि-आवश्यक धनों को देते हैं। प्रभु का भक्त—लोकहित के लिए अपना तन-मन-धन देनेवाला दाश्वान् कभी भूखा नहीं मरता। 'दाश्वान्' लोकहित के लिए देता है और प्रभु दाश्वान् को देते हैं। 'Spend and God will send' इस लोकहित की मूल भावना यही तो है। दाश्वान् घर पर हो, समुद्र पार गया हो, कहीं भी हो प्रभु उसकी आवश्यकताएँ पूरी करते ही हैं। एवं, परार्थ के द्वारा यह दाश्वान् स्वार्थ को सिद्ध करता है और सुखी व शान्त जीवनवाला बनकर प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'शुनःशेप' होता है।

भावार्थ—हम दें—प्रभु हमें देंगे।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान, बल व धन

१४९९. आ नो भज परमेष्वा वाजेषु मध्यमेषु। शिक्षा वस्वो अन्तमस्य ॥ ३ ॥

हे प्रभो! आप परमेषु वाजेषु-उत्कृष्ट धनों में (वाज=wealth) नः-हमें आभज-सर्वथा भागी बनाइए। मध्यमेषु वाजेषु-मध्यम धनों में भी हमें भागवाला कीजिए। अन्तमस्य-बिल्कुल समीप के—सबसे निचले वस्वः-धन की भी हमें शिक्ष-देने की इच्छा कीजिए। (शक् to give, सन् प्रत्यय इच्छार्थ में)।

ज्ञान सर्वोत्तम धन है, बल मध्यम धन है और रुपया-पैसा सबसे निचले दर्जे का धन है। धन्य मनुष्य वही है जो ज्ञान, बल व धन तीनों से ही युक्त है। ज्ञान 'ब्राह्मणत्व' का प्रतीक है, बल 'क्षत्रियत्व' का तथा धन 'वैश्यत्व' का। इस प्रकार उत्तम, मध्यम व अन्तम धनों को प्राप्त करके हम अपने जीवन को अधिक-से-अधिक सुखी बना पाते हैं। यह ठीक है कि—'हैं ये भी बन्धन ही'। 'शुनः शेप' इन्हीं तीनों बन्धनों से बँधा है। ज्ञान का बन्धन सात्त्विक है, बल का बन्धन राजस् तथा धन का बन्धन तामस्। इन तीनों बन्धनों में बन्धा हुआ भी यह अपने जीवन को सुखी बनाने में समर्थ होता है और 'शुनःशेप' नाम को चरितार्थ करता है।

भावार्थ—हम ज्ञानी, बली व धनी बनकर जीवन को सुखमय बनाएँ।

सूक्त-५

ऋषिः—वत्सः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मैं सूर्य की तरह हो गया हूँ

१५००. अहमिद्धि पितुष्परि मेधामृतस्य जग्रह। अहं सूर्य इवाजनि ॥ १ ॥

१५२ संख्या पर मन्त्रार्थ इस रूप में दिया गया है—

अहम्-मैं इत् हि-सचमुच, निश्चय से पितुः-ज्ञानदाता परमपिता प्रभु से ऋतस्य-सत्य की—सत्यज्ञान की मेधाम्-बुद्धि को परिजग्रह-सर्वतः ग्रहण करता हूँ। इस प्रकार सत्य-ज्ञान को प्राप्त करके अहम्-मैं सूर्यः इव-सूर्य की भाँति अजनि-हो गया हूँ।

भावार्थ—सत्य-ज्ञान के द्वारा हम सूर्य के समान चमकें।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अतिशैशव से ही वेदमन्त्रोच्चारण

१५०१. अहं प्रत्नेन जन्मना गिरः शुम्भामि कण्ववत्। येनेन्द्रः शुष्ममिद्दधे॥ २॥

अहम्-मैं प्रत्नेन जन्मना-पुराने जन्म से, अर्थात् from my early childhood-छुटपन से ही, बाल्यकाल से ही गिरः-इन वेदवाणियों को कण्ववत्-एक मेधावी पुरुष के समान, अर्थात् बड़े शुद्धरूप में उदाहरणार्थ 'मनसा रेजमाने' नकि 'मन—सारे-जमाने' शुम्भामि-उच्चारण करता हूँ (शुंभ्-to speak)। वैदिक काल की परिपाटी यह थी कि एक बालक अत्यन्त शैशवकाल से ही वेदमन्त्रों का शुद्ध उच्चारण करने लगता था।

इन वेदमन्त्रों के शैशव से ही उच्चारण का लाभ यह होता है कि व्यक्ति का चरित्र सुन्दर बना रहता है। 'मन्त्र-स्मरण-व्यसन' उसे अन्य व्यसनों से बचाये रखता है और इस प्रकार यह वेद-मन्त्रोच्चारण ऐसा होता है कि येन-जिससे इन्द्रः-इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव इत्-निश्चय से शुष्मम्-बल को दधे-धारण करता है।

यह वेदमन्त्रों का उच्चारण करने से 'वत्स' कहलाता है (वदतीति)। इन वेदमन्त्रों के उच्चारण से यह प्रभु का प्रिय होने से भी 'वत्स' है।

भावार्थ—हम शैशव से ही वेदमन्त्रों का शुद्ध उच्चारण प्रारम्भ करें।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

और करें या न करें—मैं तो करूँ ही

१५०२. यं त्वामिन्द्र न तुष्टुवुर्ऋषयो ये च तुष्टुवुः। ममेद् वर्धस्व सुष्टुतः॥ ३॥

हे प्रभो! इन्द्र-परमैश्वर्यशालिन्! त्वाम्-आपको ये-जो न-नहीं तुष्टुवुः-स्तुत करते हैं च-और ये ऋषयः-जो मन्त्र-द्रष्टा तुष्टुवुः-स्तुति करते हैं—मैं इस झगड़े में क्यों पड़ूँ। मैं ऐसा क्यों विचार करता रहूँ कि अमुक व्यक्ति तो प्रभु का स्तवन नहीं करता, परन्तु सांसारिक दृष्टि से तो वह किसी से कम नहीं तो क्या प्रभुस्तवन कोई आवश्यक वस्तु है? दूसरी ओर ये ऋषि लोग जब प्रभु का स्तवन करते हैं तो प्रभुस्तवन अच्छी ही बात होगी?

उल्लिखित प्रकार से मैं विचार में नहीं उलझा रहता, मैं तो हे प्रभो! आपका स्तवन करता ही हूँ। मम-मुझसे इत्-सचमुच सुष्टुतः-उत्तम प्रकार से स्तुत होकर आप वर्धस्व-हमें बढ़ानेवाले हों। आपकी स्तुति करता हुआ मैं सदा वृद्धि को प्राप्त होनेवाला होऊँ।

यही व्यक्ति जो 'औरों के द्वारा स्तवन हो रहा है या नहीं' इस झगड़े में न पड़कर प्रभुस्तवन में परायण रहता है वही प्रभु का 'प्रिय' होता है—'वत्स' नामवाला बनता है।

भावार्थ—औरों की ओर न देखकर, हम प्रभुस्तवन में लगे ही रहें।

सूक्त-६

ऋषिः—अग्निस्तापसः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

प्रभु का आदेश

१५०३. अग्ने विश्वेभिरग्निभिर्जोषि ब्रह्म सहस्कृत।
येदेवत्रा य आयुषु तेभिर्नो महया गिरः ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि व देवता दोनों ही अग्नि हैं। अग्नि ही विषय है। अपने को अग्नितुल्य बनानेवाला 'अग्नि' ही, अग्नित्व को अपने में साक्षात् करनेवाला, इस मन्त्र का ऋषि है—'साक्षात् कृतधर्मा' है। प्रभु इससे कहते हैं कि १. हे अग्ने-अपनी उन्नति के साधक जीव! तू विश्वेभिः अग्निभिः-सब अग्नियों द्वारा—माता, पिता व आचार्य के द्वारा ब्रह्म-इस वेदज्ञान का—तत्त्व का तप के द्वारा (ब्रह्मः वेदः, तपः तत्त्वम्) जोषि-सेवन करनेवाला बन और इस प्रकार सहस्कृत-अपने अन्दर सहस् को—मर्षण की शक्ति को—कामादि शत्रुओं को कुचलने तथा सभी पर दया-दृष्टि रखने की शक्ति को (showing mercy to) उत्पन्न करनेवाला बन।

२. ये-जो देवत्रा-देवों में अथवा ये-जो आयुषु-(एति-यज्ञादिषु गच्छति) यज्ञादि कर्मकाण्ड में लगे मनुष्यों में अग्नि हैं—तेरी उन्नति में सहायक हो सकते हैं—तेभिः-उनके द्वारा नः-हमारी गिरः-इन वेदवाणियों को महय-अपने अन्दर बढ़ाने (to increase) का प्रयत्न कर।

ज्ञान को प्रधानता देनेवाले 'देव' हैं तथा यज्ञादि कर्मों को प्रधानता देनेवाले 'आयु' है। दोनों ही 'अग्नि' हैं—उन्नति-पथ पर आगे ले-चलनेवाले हैं। इनके सम्पर्क में रहकर वेदवाणियों का वर्धन ही मानव का सर्वश्रेष्ठ कर्तव्य है।

इस प्रकार प्रभु ने—जो स्वयं सर्वमहान् अग्नि हैं—जीव को उपदेश दिया कि 'तू भी अग्नि बन' और अग्नियों के सम्पर्क में (माता, पिता, आचार्य, विद्वान् अतिथि तथा प्रभु) रहते हुए वेदवाणियों का प्रीतिपूर्वक सेवन कर (जोषि) तथा उन्हें अपने अन्दर बढ़ा (महय)।

भावार्थ—वेदवाणियों का सेवन व वर्धन करते हुए हम प्रभु के प्रबल प्रेममय आदेश का पालन करनेवाले बनें।

ऋषिः—अग्निस्तापसः ॥ देवता—विश्वेदेवाः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

कौन अग्नि बना ?

१५०४. प्र स विश्वेभिरग्निभिरग्निः स यस्य वाजिनः।
तनये तोके अस्मदा सम्यङ् वाजैः परीवृतः ॥ २ ॥

'गत मन्त्र में दिये गये प्रभु के आदेश का पालन करके कौन ठीक अग्नि बना' इसका वर्णन प्रस्तुत मन्त्र में है। प्रभु कहते हैं कि—सः-वह विश्वेभिः अग्निभिः-सब अग्नियों के द्वारा—माता, पिता, आचार्य व अतिथियों के द्वारा प्र अग्निः-सचमुच प्रकृष्ट अग्नि बना है, सः-वह ही यस्य वाजिनः-जिस शक्तिशाली के (वाज-strength)—सहस्कृत के—तनये तोके-पुत्रों व पौत्रों में भी—सभी आ-सर्वथा अस्मत्-हमारी ओर सम्यङ्-सम्यक्तया आनेवाले होते हैं।

वस्तुतः अग्नि तो वही बना—उन्नत तो वही हुआ—जो वेद-ज्ञान को प्राप्त करके उसके अनुष्ठान

से वाजी व 'सहस्कृत'-बलवान् बना। वह स्वयं ही नहीं अपितु उसके पुत्र व पौत्र भी, अर्थात् वंशज भी यदि वेदवाणी का अध्ययन करते हुए प्रभु की ओर चलनेवाले बने हैं तभी यह कहना ठीक होगा कि यह व्यक्ति सचमुच अग्नि बना है।

यही व्यक्ति वाजैः-वाजों से परीवृतः-सब ओर से आवृत—लिपटा हुआ—होता है। वाज-त्याग, शक्ति व धन से यह संयुक्त होता है। इसके जीवन में 'त्याग' ब्राह्मणत्व को, 'शक्ति' क्षत्रियत्व को तथा 'धन' वैश्यत्व को सूचित करता है। तीनों ही दिशाओं में अपने को उन्नत करता हुआ यह सचमुच प्रकृष्ट अग्नि है—इसने अपने जीवन में समविकास किया है।

भावार्थ—अपने जीवन को हम सभी वाजों से—त्याग, शक्ति व धन से—संयुक्त करके उत्तम अग्नि बनें।

ऋषिः—अग्निस्तापसः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ब्रह्म, यज्ञ व दान

१५०५. त्वं नो अग्ने अग्निभिर्ब्रह्म यज्ञं च वर्धय। त्वं नो देवतातये रायो दानाय चोदय॥ ३॥

प्रभु इस तृच (-तीन ऋचाओं का समूह) की अन्तिम ऋचा में पुनः कहते हैं कि—हे अग्ने-उन्नतिशील जीव! त्वम्-तू अग्निभिः-उन्नति के साधक माता, पिता व आचार्य और अधितिरूप अग्नियों से अपने जीवन में ब्रह्म-ज्ञान को च-तथा यज्ञम्-यज्ञ की भावना को वर्धय-बढ़ा। १५०१ मन्त्र के 'देव' तुझमें ज्ञान का वर्धन करें तो 'आयु' तुझे यज्ञों में गति करनेवाला बनाएँ। गत मन्त्र में 'वाजों से अपने को परीवृत' करने का उल्लेख था। वाज का अर्थ 'धन' भी है। यह धन मनुष्य को धन्य बनाता है इसमें शक नहीं, परन्तु यही धन इतना चमकीला व आकर्षक है कि यह हमें प्रलुब्ध कर लेता है और हम इसमें फँस-से जाते हैं—यह धन हमें पकड़-सा लेता है। धन हमारे क़ाबू में नहीं होता—हम इसके क़ाबू हो जाते हैं। उस समय हम इसके चक्कर में ऐसे आ जाते हैं कि उचित व अनुचित का हमें विचार नहीं रह जाता—हमारे दिव्य गुणों की समाप्ति होने लगती है—हमारा अग्नित्व नष्ट होने लगता है, अतः प्रभु कहते हैं कि—हे अग्ने! त्वम्-तू नः रायः-हमारे इन धनों को देवतातये-दिव्य गुणों के विस्तार के लिए दानाय चोदय-दान के लिए प्रेरित कर। तू यह न समझ कि ये धन तेरे हैं—इन्हें तूने क्या कमाया है? ये सब धन तो हमारे हैं, अतः हमें धनों को सभी के हित के लिये दान में विनियुक्त करना ही ठीक है, इसी से हममें दिव्य गुण पनपते रहेंगे और हम सच्चे अर्थों में अग्नि होंगे।

भावार्थ—हम ज्ञान को बढ़ाएँ, यज्ञशील हों, धनों को दान देते हुए अपने में दिव्य गुणों का विस्तार करें।

सूक्त-७

ऋषिः—त्र्यरुणस्त्रसदस्यू॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—ऊर्ध्वबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

महत्त्व, वाज व श्रवस्

१५०६. त्वं सोम प्रथमा वृक्तबर्हिषो महे वाजाय श्रवसे धियं दधुः।
स त्वं नो वीर वीर्याय चोदय॥ १॥

हे सोम-सब ऐश्वर्यों को जन्म देनेवाले प्रभो! प्रथमाः-(प्रथ विस्तारे) अपना विस्तार करनेवाले, हृदय की संकुचितता (Narrowness) को अपने से दूर करनेवाले, वृक्तबर्हिषः-अपने हृदय से

कृपणता (meanness) के घास-फूँस (बर्हि) को उखाड़ देनेवाले (वृक्त) —घास-फूस को उखाड़कर अपने हृदयान्तरिक्ष को पवित्र बनानेवाले लोग—त्वे-आपमें ही धियं दधुः-अपनी बुद्धियों को धारण करते हैं, अर्थात् सदा आपका ही चिन्तन करते हैं, जिससे १. महे-ये अपने हृदय को महान् बना पाएँ। प्रभु के स्मरण से प्राणिमात्र के प्रति बन्धुत्व उत्पन्न होता है और हम अपने में ही रमे नहीं रह जाते—हममें सभी के हित की भावना उत्पन्न होती है २. वाजाय-वाज के लिए वे आपमें अपनी बुद्धियों को धारण करते हैं। आपके चिन्तन से त्याग की भावना उत्पन्न होती है, शक्ति मिलती है और आवश्यक धन भी प्राप्त होता है। ३. श्रवसे-ये 'प्रथम-वृक्तबर्हिष्' इसलिए भी आपका चिन्तन करते हैं कि इनका जीवन यशस्वी हो (glory), इन्हें धन की प्राप्ति हो (wealth), सदा इनका जीवन-स्तोत्रमय बन जाए (hymn) और इनके हाथों से सदा प्रशस्त कर्म ही होते रहें (praiseworthy action)।

ये 'प्रथम' लोग प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि सः त्वं वीर-वे आप वीर प्रभु—हमारे सब काम-क्रोधादि शत्रुओं को कम्पित करके दूर भगा देनेवाले प्रभो (वि+ईर)! नः-हमें वीर्याय-शक्तियुक्त कर्मों के लिए चोदय-प्रेरित कीजिए। हम 'निर्वीर्य' न हो जाएँ—हमारा जीवन आराम-पसन्द न हो जाए। हम कामादि शत्रुओं को दूर भगानेवाले हों—ये शत्रु हमसे भयभीत हों। हम 'त्रसदस्यु' बनें और इस प्रकार इस मन्त्र के ऋषि हो सकें।

भावार्थ—'महत्त्व, वाज व श्रवस् के लिए तथा वीर्यवान् होने के लिए' हम सदा प्रभु का चिन्तन करें।

ऋषिः—त्रसदस्युः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—ऊर्ध्वाबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

अध्यात्मयुद्ध के बाण, विषय-स्रोत का (शोषण) संहार

१५०७. अभ्यभि हि श्रवसा ततर्दिथोत्सं न कं चिज्जनपानमक्षितम्।
शर्याभिर्न भरमाणो गभस्त्योः॥ २॥

१. गत मन्त्र में 'प्रथम, वृक्तबर्हिष्' का उल्लेख हुआ है। वह 'प्रथम वृक्तबर्हिष्' श्रवसा-प्रशस्त कर्मों के द्वारा तथा स्तोत्रों के द्वारा हि-निश्चय से अभि अभि-अधिकाधिक प्रभु की ओर गतिवाला होता है। उत्तम-कर्म व प्रभु-स्तवन उसे प्रभु के समीप प्राप्त कराते चलते हैं।

२. यह 'वृक्तबर्हिष्' कञ्चित्-इस अवर्णनीय—जिसकी शक्ति की कल्पना भी कठिन-सी हो जाती है और जो न जाने क्यों संहारक होते हुए भी आकर्षण बना हुआ है। उस जनपानम्-मनुष्यों से निरन्तर जिसके रस का पान किया जा रहा है अक्षितम्-जो कभी समाप्त भी नहीं होता—अर्थात् जिसकी प्यास कभी बुझती ही नहीं उस उत्सम्-विषय-स्रोत को श्रवसा-स्तोत्रों के द्वारा ही ततर्दिथ-नष्ट कर देता है। प्रभु का नामोच्चारण विषय-स्रोत के शोषण का सुन्दर उपाय है।

३. यह 'वृक्तबर्हिष्' गभस्त्योः-ज्ञानरूपी सूर्य की और विज्ञानरूपी चन्द्रों की किरणों के (गभस्ति—A ray of light, sunbeam or moonbeam) शर्याभिः-तीरों से (शर्या—arrow) भरमाणः न-इन विषयों के प्रवाह को नष्ट-सा करता हुआ होता है (भर्-हर्, वेद में ह को भ हो गया है)।

वेद में विज्ञान के प्रकाश को चन्द्र किरणों से उपमित किया गया है, क्योंकि विज्ञान मनुष्य के जीवन को कुछ आह्लादमय 'चदि आह्लादे' बना देता है। ब्रह्मज्ञान यहाँ सूर्य-किरणों से उपमित हुआ है, क्योंकि यह उग्र व कठिन होता हुआ भी सब मलों को जला-सा देता है। ये ज्ञान-विज्ञान

की किरणें तीरों के समान हैं, इन तीरों से कामादि शत्रुओं का संहार होता है। इन तीरों को इसके हाथ में देखकर ही शत्रु इससे डरते हैं, अतः यह 'त्रस-दस्यु' इस अन्वर्थ नामवाला होता है।

भावार्थ—१. हम उत्तम कर्मों से प्रभु की ओर चलें। २. स्तोत्रों द्वारा इस अथाह विषय-समुद्र को सुखा दें। ३. ज्ञान-विज्ञान के किरणरूप तीरों से कामादि शत्रुओं का संहार कर डालें।

ऋषिः—त्रसदस्युः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—ऊर्ध्वाबृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

वृक्तबर्हिष् के जीवन में 'कं, ऋत व वाज' की तीन बातें

१५०८. अजीजनो अमृतं मर्त्याय कमृतस्य धर्मन्नमृतस्य चारुणः।
सदासरो वाजमच्छा सनिष्यदत्॥ ३॥

१. यह 'वृक्तबर्हिष्' विषय-स्रोत को सुखा देने से अब विषयों के पीछे मरता नहीं है, अतः यह 'अमृत' बना है। हे अमृत-विषयों के पीछे न मरनेवाले 'वृक्तबर्हिष्'! तू मर्त्याय-विषयों में आसक्त—उनके पीछे मरनेवाले मनुष्यों के लिए कम्-ज्योति (Light, Splendour) को अजीजनः-प्रकट करता है। २. तू स्वयं ऋतस्य धर्मन् (धर्मणि)-सदा ऋत के धर्म में स्थित होता है जो ऋत चारुणः अमृतस्य-सुन्दर अमरता का पोषक है अथवा सुन्दरता व अमरता का पोषक है। ऋत का अभिप्राय है ठीक (right), ठीक वह है जो ठीक समय पर हो और ठीक स्थान पर हो। यह 'वृक्तबर्हिष्' सब कार्यों को ठीक समय पर तथा ठीक स्थान पर करता है। यह ऋत का पालन उसके जीवन के सौन्दर्य को बढ़ा देता है और उसे रोगों का शिकार न होने देकर अमर बनाता है। ३. इस 'वृक्तबर्हिष्' के जीवन की तीसरी बात यह है कि सनिष्यदत्-सदा संविभागपूर्वक वस्तुओं का सेवन करता हुआ यह वाजम् अच्छ-शक्ति व त्याग की ओर सदा असरः-सदा बढ़ता है।

वृक्तबर्हिष् लोगों में ज्ञान का प्रचार करता है, स्वयं अपने जीवन में ऋत का पालन करता हुआ सुन्दरता व अमरता को पाता है तथा सदा त्याग व शक्ति की ओर अग्रसर होता है। ऐसे व्यक्ति के समीप 'काम, क्रोध व लोभ' का निवास सम्भव नहीं होता। 'ज्ञान' काम का प्रतिपक्ष होकर उसे प्रबल नहीं होने देता, 'ऋत के पालन से' उसके जीवन में क्रोध नहीं पनप पाता और 'त्याग' उसे लोभ से दूर रखता है। एवं, यह सचमुच 'त्रसदस्यु' बन जाता है।

भावार्थ—हम सुखद ज्ञान का लोगों में प्रसार करें, अपने जीवनों को ऋत में स्थिर करें, त्याग व शक्ति की ओर अग्रसर होते चलें।

सूक्त-८

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

इहलोक व परलोक साधन

१५०९. एन्दुमिन्द्राय सिञ्चत पिबाति सोम्यं मधु। प्र राधांसि चोदयते महित्वना॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का अर्थ ३८६ संख्या पर इस प्रकार है—

इन्दुम्-सोम को इन्द्राय-उस परमैश्वर्यशाली प्रभु की प्राप्ति के लिए आसिञ्चत-अपने अन्दर सींचो। 'सोमपान करने से प्रभु प्राप्त होते हैं' यह सोचकर मन्त्र का ऋषि 'विश्वमनाः' सोम्यं मधु-सोम-सम्बन्धी मधु का पिबाति-पान करता है।

पिया हुआ यह सोम महित्वना-महिमा की प्राप्ति के द्वारा राधांसि-सफलताओं को प्रचोदयते-

प्रकर्षेण प्रेरित करता है।

भावार्थ—सोमपान द्वारा हम प्रभु को प्राप्त करनेवाले हों और संसार में सब कार्यों में सफलता का सम्पादन करनेवाले बनें। 'इहलोक में सफल हों, परलोक में प्रभुदर्शन हो', इस बुद्धि से 'सोम्य मधु' को पीएँ।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

जितेन्द्रियता व सफलता, स्तुति व क्रियाशीलता

२ ३ १ २ ३ २ ३ १ २ ३ १ २ १ २ ३ १ २ १ २

१५१०. उपो हरीणां पतिं राधः पृञ्चन्तमब्रवम्। नूनं श्रुधि स्तुवतो अश्व्यस्य॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'वैयश्व' विशिष्ट इन्द्रियरूप अश्वोंवाला प्रभु से प्रार्थना करता है कि उप उ-निश्चय से प्रभु के समीप बैठकर—उसके समीप निवास करता हुआ मैं हरीणां पतिम्-इन्द्रियरूप अश्वों के पति राधः पृञ्चन्तम्-मुझे जीवन में सफलता का सम्पर्क कराते हुए प्रभु को अब्रवम्-मैंने कहा है कि आप नूनम्-निश्चय से स्तुवतः-स्तुति करते हुए अश्व्यस्य (अश् व्याप्तौ)-सदा कर्मों में व्याप्त रहनेवाले मेरी प्रार्थना को श्रुधि-सुनिए।

'वैयश्व'-अपने इन्द्रियरूप अश्वों को इसीलिए विशिष्ट बना पाया है कि वह प्रभु को 'हरीणां पति'-इन्द्रियों के स्वामी के रूप में देखता है—प्रभु 'हृषीकेश'-इन्द्रियों के ईश हैं। प्रभु जितेन्द्रियता के द्वारा हमारे साथ सफलता का सम्पर्क करते हैं। 'संनियम्य तु तान्येव ततः सिद्धिं नियच्छति'-इन्द्रियों का संयम करके सफलता को प्राप्त करता है।

'वैयश्व' यह भी समझता है कि प्रभु केवल प्रार्थना करनेवाले की बात नहीं सुनते। प्रभु तो उसी की बात सुनते हैं जो स्तुति के साथ कर्म भी करता है। 'स्तुवन्' होता हुआ 'अश्व' भी है। आचार्य के शब्दों में प्रार्थना तो पूर्ण परिश्रम के उपरान्त ही करनी ठीक है।

भावार्थ—हम जितेन्द्रियता व सफलता के कार्यकारणभाव को समझें। हम स्तुति करनेवाले बनें, परन्तु साथ ही क्रियाशील भी हों।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

वीर कौन है?

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३

१५११. न ह्या ३ ऽङ्ग पुरा च न जज्ञे वीरतरस्त्वत्। न की राया नैवथा न भन्दना॥ ३॥

प्रभु 'वैयश्व'-जितेन्द्रिय पुरुष से कहते हैं कि हे अङ्ग-गतिशील अतएव प्रिय! त्वत्-तुझसे भिन्न वीरतरः-अधिक वीर पुराचन-पहले भी कभी नहि-निश्चय से नहीं जज्ञे-उत्पन्न हुआ है। जिस व्यक्ति ने इन्द्रियों को वश में किया है वह वीर तो है ही। सबसे अधिक वीरता इन इन्द्रियों के वशीकरण में ही तो है।

प्रभु कहते हैं कि न की रायाः-न धन की दृष्टि से तेरे समान वीर हुआ है। 'राया' शब्द उस धन का संकेत करता है जो धन (रा दाने) लोकहित के लिए दान किया जाता है। वे सैकड़ों हाथों से कमाते हैं और हज़ारों हाथों से दान देते हैं।

न एवथा-न तेरे समान (एव-काम, अयन, अवन, नि० १२।२१) उत्तम इच्छाओं से, न ही उत्तम गतियों—आचरणों से और न ही उत्तम प्रकार से रक्षणों के द्वारा कोई वीर हुआ है। तू 'शिवसंकल्प-शूर' है, तू कर्मशूर है और वासनाओं का वारण करनेवाला वीर है।

न भन्दना=(भन्दते अर्चतिकर्मा ३.१४ नि०, ज्वलतिकर्मा १.१६ नि०)—अर्चन के दृष्टिकोण से भी तेरे समान कोई वीर नहीं हुआ। तूने 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव, अतिथिदेवो भव'—(आत्मदेवो भव)=माता, पिता, आचार्य व अतिथि व प्रभु का पूजन करके सद् ज्ञान को प्राप्त किया है। उस ज्ञान से तेरा जीवन उज्वल बना है। इस प्रकार अर्चन व दीपन के दृष्टिकोण से भी तुझसे अधिक कोई वीर नहीं हुआ। तेरी वीरता सचमुच अनुपम है—इसी से तू मुझे प्रिय है।

भावार्थ—हम दानवीर, संकल्पवीर, कर्मवीर, वासनानिवारण वीर तथा अर्चन व दीपन वीर बनें और प्रभु के प्रिय हों।

सूक्त-९

ऋषिः—प्रियमेध आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—निचृदुष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

चाहना, चलना, अपना तरकस बनाना

१५१२. नदं व ओदतीनां नदं योयुवतीनाम्। पतिं वो अघ्न्यानां धेनूनामिषुध्यसि॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'प्रियमेध' है—प्रिय है मेधा—धारणावती बुद्धि जिसे। यह प्रिय-मेध वेदवाणियों से ही प्रेम करता है, इसका विचरने का क्षेत्र ज्ञान ही है। इस प्रियमेध से कहते हैं कि तू इषुध्यसि=चाहता है (इषुध्यति याच्ञाकर्मा), नचिकेता की भाँति 'शतायुष पुत्र-पौत्रों को, भूमि के महदायतन को, दुर्लभ कामों को, हिरण्य को व दीर्घ-जीवन को भी न चाहकर तू आत्मा को ही चाहता है—परमात्म-प्राप्ति की ही प्रबल कामना करता है।' २. तू उसी की प्राप्ति के लिए प्रयत्न करता है—उसी की ओर जाता है (इषुध्यु going) तेरी प्रबल इच्छा क्रिया के रूप में परिणत होती है, और ३. अन्त में तू उस प्रभु को ही अपना तरकस बनाता है। प्रभु के नामरूपी तीरों से ही तू वासनारूप शत्रुओं का विनाश करता है।

किस प्रभु को तू चाहता है? किसकी ओर जाता है? और किसे अपना तरकस बनाता है? इन प्रश्नों का उत्तर यह है कि—

१. वः=तुम्हारे ओदतीनाम्=उत्थान (rising upwards) का कारणभूत धेनूनाम्=वाणियों के नदम्=उपदेष्टा प्रभु को मैं चाहता हूँ।

योयुवतीनाम्=(यु=मिश्रण और अमिश्रण) भद्र से सम्पर्क करानेवाली तथा पाप से पृथक् करानेवाली धेनूनाम्=वाणियों के नदम्=उपदेष्टा की ओर मैं जाता हूँ।

वः=तुम्हारे अघ्न्यानाम्=न विनाश करने के योग्य, तुम्हें विनाश से बचानेवाली धेनूनाम्=वाणियों के पतिम्=पति—रक्षक प्रभु को मैं अपना तरकस बनाता हूँ। ये प्रभु ही बाणों का वह अक्षयकोश हैं, जो सब शत्रुओं का क्षय करने में शक्त हैं।

भावार्थ—मैं प्रभु को चाहूँ, उसकी ओर चलूँ, वही मेरे तरकस हों।

सूक्त-१०

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

दो, प्रभु देंगे (Spend and God will send)

१५१३. देवो वो द्रविणोदाः पूर्णां विवष्ट्यासिचम्।
उद्वा सिञ्चध्वमुप वा पृणध्वमादिद्वो देव ओहते॥ १॥

५५ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—

सिंचध्वम्—हे मनुष्यो! अपने हृदयों को दया की भावना से इतना सींचो कि उत्—यह दया का प्रवाह बाहर बहने लगे। आ=और उप=दुःखियों के समीप पहुँचकर पृणध्वम्—उनके जीवन को सुखी बनाओ। आत् इत्—उसके पश्चात् अवश्य ही वः=तुम्हें देवः=प्रभु ओहते=प्राप्त होते हैं। वे प्रभु पूर्णां आसिचम्—हृदय में दया की भावना के पूर्ण सेचन को विवष्टु=चाहते हैं। संकोच न करो, क्योंकि वः=तुम्हें देवः=वे प्रभु द्रविणोदाः=धन देनेवाले हैं।

भावार्थ—हमारे हृदय दया के उमड़ते हुए समुद्र हों।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

देव क्या करते हैं?

१५१४. तं होतारमध्वरस्य प्रचेतसं वह्निं देवा अकृण्वत।
दधाति रत्नं विधते सुवीर्यमग्निर्जनाय दाशुषे॥ २॥

तम्—इस प्रभु को जो १. अध्वरस्य=हिंसारहित यज्ञ के होतारम्=होता हैं तथा प्रचेतसम्=प्रकृष्ट ज्ञानवाले हैं और इस प्रकार जिन प्रभु में कर्म तथा ज्ञान का सुन्दर समन्वय है—उस प्रभु को देवाः=देव लोग—दिव्य प्रवृत्तिवाले लोग वह्निम्=(वह to carry) अपने शरीररूप रथ का सारथि—वाहक, अर्थात् जीवन-यात्रा का संचालक (सूत्रधार) अकृण्वत=बनाते हैं।

अपनी जीवन-यात्रा का सूत्र प्रभु को सौंप देना—अपने रथ का सारथित्व प्रभु के अर्पण कर देना ही प्रभु की महान् अर्चना है। इस विधते=अर्चना करनेवाले के लिए वे अग्निः=रथ को आगे और आगे ले-चलनेवाले प्रभु रत्नम्=रमणीय ज्ञानरूप धन को दधाति=धारण करते हैं तथा इस दाशुषे=दान देनेवाले अथवा प्रभु के प्रति अपना अर्पण करनेवाले जनाय=विकासशील मनुष्य के लिए सुवीर्यम्=उत्तम शक्ति को दधाति=वे प्रभु धारण करते हैं।

इस प्रकार प्रभु के हाथों में अपने जीवन-सूत्र को सौंपनेवाला यह व्यक्ति रत्नों को व सुवीर्य को, ज्ञानरूप धनों को तथा शक्ति को—ब्रह्म व क्षत्र को धारण करके 'वसिष्ठ'=सर्वोत्तम निवासवाला इस मन्त्र का ऋषि बनता है।

भावार्थ—देव प्रभु के प्रति अपनी अर्चना करते हैं—तभी उत्तम ज्ञान व शक्ति का लाभ करते हैं।

सूक्त-११

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु-दर्शन

१५१५. अदर्शि गातुवित्तमो यस्मिन् व्रतान्यादधुः।
उपो षु जातमार्यस्य वर्धनमग्निं नक्षन्तु नो गिरः॥ १॥

४७ संख्या पर मन्त्रार्थ इस रूप में है—

अग्निम्=आगे ले-चलनेवाले प्रभु को नः=हमारी गिरः=वाणियाँ नक्षन्तु=प्राप्त हों, जो प्रभु आर्यस्य=(ऋ गतौ) उन्नति के मार्ग पर नियमपूर्वक चलनेवाले को वर्धनम्=उत्साहित करनेवाले

हैं। उ-और उपसुजातम्-उत्तम प्रकार से समीप प्राप्त होनेवाले हैं। गातुवित्तमः-अतिशयेन दिव्य मार्ग पर चलनेवाला व्यक्ति प्रभु को अदर्शि-देखता ही है यस्मिन्-जिस प्रभु की प्राप्ति के निमित्त व्रतानि आदधुः-विविध व्रतों को धारण करते हैं। इस प्रकार अपने जीवन को आर्यत्व, व्रतशीलता व उत्तम मार्गों पर चलने की भावना से भरनेवाला यह व्यक्ति 'सोभरि' कहलाता है।

भावार्थ—हम आर्य, व्रतशील व सुमार्ग पर चलनेवाले बनकर प्रभु का दर्शन करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

कर्मयोगी बनकर चमकें

१५१६. यस्माद्रेजन्त कृष्टयश्चर्कृत्यानि कृण्वतः।
सहस्रसां मेधसाताविव त्मनाग्निं धीभिर्नमस्यत॥ २॥

यस्मात्-क्योंकि चर्कृत्यानि-अत्यन्त उत्तम कर्मों को या प्रभु-स्तवनों को (चर्कृतिः-भृशमुत्तमा क्रिया—द०, praise—Apte) कृण्वतः-कृण्वन्तः-करते हुए कृष्टयः-उत्पादक काम करनेवाले मनुष्य रेजन्ते-(रेज् to shine)-चमकते हैं अथवा शत्रुओं को हिला देते हैं (रेज to shake), कामादि को कम्पित कर देते हैं। मेधसाताविव-पवित्र वस्तुओं की प्राप्ति के निमित्त ही मानो यह जीवन मिला है। इस प्रकार सहस्रसाम्-अनन्त ऐश्वर्यों के प्राप्त करानेवाले अग्निम्-उस अग्रेणी प्रभु को त्मना-स्वयं इस मन के द्वारा धीभिः-प्रज्ञानों व कर्मों से नमस्यत-पूजित करो।

जब मनुष्य यह समझ लेता है कि चमकता वही है, जो उत्तम कर्म करता है या प्रभु-स्तवन में लगता है तब वह इस जीवन को भोग भोगने की भूमि नहीं समझता। वह जीवन को कर्मभूमि समझता है और निश्चय करता है कि उसे इस जीवन में पवित्र वस्तुओं का सम्पादन करना है। उसके दृष्टिकोण में जीवन 'मेधसाति' है। पवित्र वस्तुओं की प्राप्ति के निमित्त ही वह प्रज्ञानों व कर्मों से प्रभु की उपासना करता है। वे प्रभु ही तो अन्ततः सब ऐश्वर्यों को प्राप्त करानेवाले हैं। इस प्रकार जीवन को उत्तम प्रज्ञानों, कर्मों व उपासना में बिताता हुआ यह 'सोभरि' बनता है—जिसने जीवन का 'सु-भरण' किया है।

भावार्थ—कर्त्तव्य कर्मों को करते हुए हम संसार में चमकनेवाले बनें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

यात्रा की पूर्ति

१५१७. प्र दैवोदासो अग्निर्देव इन्द्रो न मज्मना।
अनु मातरं पृथिवीं वि वावृते तस्थौ नाकस्य शर्मणि॥ ३॥

५१ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—

१. दैवोदासः-उस देव का सेवक, २. अग्निः-उन्नतिशील, ३. देवः-संसार को क्रीडामय समझनेवाला, ४. इन्द्रो न-परमैश्वर्यशाली प्रभु के समान बननेवाला व्यक्ति प्र मज्मना- प्रकर्षेण उस प्रभु में लीन होने के द्वारा, मातरं पृथिवीं अनु-इस भूमि माता पर रहने के पश्चात् विवावृते-लौट जाता है और नाकस्य शर्मणि-मोक्षसुख में तस्थौ-स्थित होता है।

भावार्थ—हम जीवन को यात्रा समझें और इसे पूर्ण करके अपने घर में वापस पहुँच जाएँ।

सूक्त-१२

ऋषिः—शतं वैखानसाः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

दुर्वृत्तियों का दूरीकरण

१५१८. अग्न आयूंषि पवस आसुवोर्जमिषं च नः। आरे बाधस्व दुच्छुनाम् ॥ १ ॥

६२७ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—

सैकड़ों बुराइयों को उखाड़कर फेंकनेवाला 'शतं वैखानस' प्रभु से आराधना करता है—अग्ने-सब बुराइयों को भस्म करके उन्नति को सिद्ध करनेवाले प्रभो! आप नः-हमारे आयूंषि-जीवनों को पवसे-पवित्र करते हो। आप ऊर्जम्-बल और प्राणशक्ति को इषम्-प्रेरणा को व प्रकृष्ट गति को नः-हमें आसुव-प्राप्त कराइए। आप कृपया दुच्छुनाम्-दुर्वृत्तियों (शुन् गतौ) को आरे-दूर बाधस्व-रोक दीजिए—हमसे दूर भगा दीजिए।

भावार्थ—'पवमान' प्रभु के ध्यान से हमारा जीवन पवित्र बने।

ऋषिः—शतं वैखानसाः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

'महागय' प्रभु का ध्यान

१५१९. अग्निर्ऋषिः पवमानः पाञ्चजन्यः पुरोहितः। तमीमहे महागयम् ॥ २ ॥

१. अग्निः-वे प्रभु अग्नि हैं, अग्रेणी हैं, हमें उन्नति-पथ पर ले-चल रहे हैं।

२. ऋषिः-वे तत्त्वद्रष्टा हैं या सर्वत्र प्राप्त (ऋष गतौ) सर्वव्यापक हैं। वस्तुतः सर्वव्यापकता से ही सर्वतत्त्वद्रष्टा व सर्वज्ञ हैं।

३. पवमानः-हृदयस्थरूपेण सदा सुन्दर प्रेरणा देते हुए हमारे जीवनों को पवित्र बना रहे हैं।

४. पाञ्चजन्यः-पाँच ज्ञानेन्द्रिय, पञ्चकर्मेन्द्रिय व पञ्चप्राणयुक्त जनों का अथवा ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र तथा निषाद—इन पाँच भागों में विभक्त जनों का हित करनेवाले हैं।

५. पुरोहितः-वे बनने से पहले निहित-रक्खे हुए हैं, अर्थात् वे कभी बने नहीं, वे तो सदा से हैं, अथवा (पुरःहितं दधाति) सबसे पहले जीवहित को धारण करनेवाले हैं।

६. तम्-उन महागयम्-(नि० २.१० धन) महाधन (नि० ३.४ गृह) सबके निवास-स्थान होने से महान् गृह अथवा (प्राणा वै गयाः श० १४.८.१५.७) महाप्राण प्रभु को ईमहे-हम चाहते हैं (ई-to desire), उसे प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करते हैं (ई-to go) उस प्रभु की भावना से अपने को गर्भित कर लेते हैं (ई-to become pregnant with)।

इस प्रकार प्रभु के ध्यान से शतशः वासनाओं को उखाड़ डालनेवाला यह व्यक्ति 'वैखानस' नामवाला होता है। वह प्रभु को ही अपना घर बनाता है। वहाँ उस महाप्राण प्रभु की गोद में वासनाओं ने इसपर क्या आक्रमण करना?

भावार्थ—हम महाप्राण प्रभु का ध्यान करें।

ऋषिः—शतं वैखानसाः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रकाश व कर्मशीलता

१५२०. अग्ने पवस्व स्वपा अस्मे वर्चः सुवीर्यम्। दधद्रयिं मयि पोषम् ॥ ३ ॥

हे अग्ने-प्रकाशस्वरूप! स्वपाः-उत्तम कर्मोंवाले प्रभो! १. पवस्व-हमारे जीवनों को पवित्र

कीजिए। २. अस्मे-हमारे लिए सुवीर्यम्-उत्तम वीर्यवाली वर्चः-तेजस्विता को प्राप्त कराइए तथा ३. मयि-मुझमें पोषं रयिम्-पोषक धन को दधत्-धारण कीजिए।

प्रभु को यहाँ 'प्रकाशस्वरूप' तथा 'क्रियाशील' के रूप में स्मरण किया है। प्रकाश व ज्ञान हमारे कर्मों को पवित्र करता है, ज्ञान के समान पवित्र करनेवाली वस्तु है ही नहीं। इसी प्रकार क्रियाशीलता जहाँ हमें वासनाओं के आक्रमण से बचाती है, वहाँ हमें शक्तिशाली भी बनाती है। इन उत्तम कर्मों के द्वारा हम पोषण के लिए पर्याप्त धन भी प्राप्त करते हैं। उत्तम कर्मों से कमाया हुआ यह धन हमारे पतन का कारण नहीं बनता।

भावार्थ—'हमारा जीवन पवित्र हो, उत्तम वीर्य से हम तेजस्वी बनें, हमें पोषक धन प्राप्त हो' इन सब बातों के लिए हमारा जीवन प्रकाश व कर्मशीलता के तत्त्वों को अपनाये।

सूक्त-१३

ऋषिः—वसूयव आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञानदीप्ति व मधुरवाणी

१५२१. अग्ने पावक रोचिषा मन्द्रया देव जिह्वया। आ देवान् वक्षि यक्षि च॥ १॥

यहाँ उत्तम वसुओं को अपने अन्दर ग्रहण की इच्छावाले वसूयु से जो काम, क्रोध, लोभ से शून्य 'आत्रेय' (अ त्रि) बनना चाहता है—उससे प्रभु कहते हैं कि—

१. अग्ने-उन्नति-पथ पर चलनेवाले, २. पावक-अपने को पवित्र बनानेवाले, ३. देव-दिव्य गुणों से सम्पन्न देव बननेवाले जीव! तू (क) रोचिषा-ज्ञान की दीप्ति के द्वारा तथा (ख) मन्द्रया जिह्वया-सुनाई पड़ने पर आनन्दित करनेवाली वाणी से देवान् आवक्षि-दिव्य गुणों को अपने समीप प्राप्त करा च-तथा यक्षि-उनको अपने साथ सङ्गत कर।

मनुष्य आत्मप्रेरणा देता हुआ ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करे कि मुझे 'अग्नि'-प्रकाशस्वरूप बनना है, मुझे 'पावक'-पवित्र होना है तथा दिव्य गुणों को प्राप्त करके देव बनना है। इस आत्मप्रेरणा के साथ वह यह भी स्मरण रक्खे कि दिव्य गुणों की प्राप्ति के दो ही साधन हैं—१. ज्ञान की दीप्ति और २. मधुरवाणी, अतः मैं ज्ञानी बनूँ, मीठा बोलूँ—'केतपूः केतं नः पुनातु' वह ज्ञान को पवित्र करनेवाला प्रभु मेरे ज्ञान को दीप्त कर दे और 'वाचस्पतिर्वाचं नः स्वदतु' प्रभु मेरी वाणी को स्वादवाला बना दे।

भावार्थ—ज्ञान की दीप्ति व वाणी के माधुर्य से हम जीवन में दैवी सम्पत्ति का विस्तार करें।

ऋषिः—वसूयव आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'घृतस्नु' प्रभु का दर्शन

१५२२. तं त्वा घृतस्नवीमहे चित्रभानो स्वर्दृशम्। देवाँ आ वीतये वह॥ २॥

हे घृतस्नो-(घृत-दीप्ति, स्नु-प्रस्रुत करनेवाला) दीप्ति को प्रस्रुत करनेवाले, दीप्ति के स्रोत प्रभो! हे चित्रभानो-ज्ञानप्रद (चित्-र) रश्मियोंवाले प्रभो! स्वर्दृशम्-सुखमय है दर्शन जिनका (स्वः-सुख, दर्शनं दृक्भावे क्विप्) तं त्वा-उन आपको ईमहे-हम चाहते हैं, आपकी प्राप्ति के लिए प्रयत्न करते हैं तथा अपने को आपकी भावना से गर्भित करते हैं।

आप वीतये-प्रकाश (Light) की प्राप्ति के लिए तथा पवित्रता (purifying) के सम्पादन के लिए देवान्-विद्वानों को आवह-हमें प्राप्त कराइए। आपकी कृपा से उत्तम विद्वानों के सङ्ग में

आकर हम प्रकाश प्राप्त करें और अपने जीवनों को पवित्र बनाएँ। प्रभु के ज्ञान की प्राप्ति के लिए (तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभि गच्छेत् समित् पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्) इस उपनिषद् वाक्य के अनुसार ज्ञानियों का सम्पर्क आवश्यक है।

भावार्थ—हम ज्ञान प्रसारक, ज्ञानप्रद रश्मियोंवाले प्रभु का दर्शन करें—जो दर्शन सुख देनेवाला है। इसी दर्शन के लिए उपयुक्त प्रकाश व पवित्रता की प्राप्त्यर्थ हम विद्वानों का सम्पर्क प्राप्त कर सकें।

ऋषिः—वसूयव आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हृदय की विशालता

१५२३. वीतिहोत्रं त्वा कवे द्युमन्तं समिधीमहि। अग्ने बृहन्तमध्वरे॥ ३॥

हे कवे-(कौति सर्वा विद्याः) सृष्टि के प्रारम्भ में वेदवाणी द्वारा सब विद्याओं का उच्चारण करनेवाले प्रभो! द्युमन्तम्-ज्ञान की दीप्तिवाले वीतिहोत्रम्-(वीति-प्रकाश, होत्रा वाणी) प्रकाशमय वाणीवाले त्वा-आपको समिधीमहि-हम अपने हृदयों में समिद्ध करते हैं। गत मन्त्र में ज्ञानियों के सम्पर्क में आकर प्रभु के प्रकाश को पाने का वर्णन था। वस्तुतः, हे अग्ने-हमारी उन्नति के साधक प्रभो! बृहन्तम्-सदावृद्ध आपको हम अ-ध्वरे-इस हिंसारहित जीवन-यज्ञ में समिद्ध करनेवाले बनें। इसी समिन्धन के लिए हमें सदा देवों का सम्पर्क प्राप्त होता रहे, उनके सम्पर्क में आकर प्रकाशमय वाणीवाले, 'वीतिहोत्रं', आपकी वेदवाणी को हम सदा समझने में तत्पर रहें। इस वेदवाणी के अध्ययन का ही यह परिणाम होगा कि हम अपने जीवनों को 'अध्वर'-एक हिंसारहित यज्ञ का रूप दे पाएँगे और उन्नति के मार्ग पर बढ़ते हुए आपकी भाँति अपने हृदय को 'बृहत्'-विशाल बनाने का प्रयत्न करेंगे।

भावार्थ—प्रभु कवि हैं, द्युमान् हैं, उनकी वाणी प्रकाश व पवित्रता देनेवाली है। उस बृहत्-सदावृद्ध प्रभु को हम अपने हिंसारहित जीवन-यज्ञों में समिद्ध करने के लिए यत्नवान् हों।

सूक्त-१४

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

स्वस्थ शरीर-सुरक्षित मन

१५२४. अवा नो अग्न ऊतिभिर्गायत्रस्य प्रभर्मणि। विश्वासु धीषु वन्द्य॥ १॥

हे अग्ने-मार्ग-दर्शक प्रभो! विश्वासु धीषु वन्द्य-सब प्रज्ञानों व कर्मों में वन्दनीय आप नः-हमें गायत्रस्य-प्राणों के (प्राणो गायत्रम्—ताण्ड्य ७.१.९) प्रभर्मणि-(a house) घर—इस शरीर में ऊतिभिः-रक्षणों के द्वारा अव-हमारी रक्षा कीजिए। अथवा गायत्रस्य-स्तुति के (नि० १.८) प्रभर्मणि-पोषण में आप हमारी रक्षा कीजिए।

प्रभु अग्नि हैं—सदा अग्रेणी हैं—मार्गदर्शक हैं। हमें सब ज्ञानों व कर्मों में उस प्रभु की वन्दना करनी चाहिए। खाते-पीते, सोते-जागते, उठते-बैठते उस प्रभु का स्मरण तो करना ही चाहिए, साथ ही ज्ञानमात्र व कर्ममात्र के साफल्य को उस प्रभु का ही समझना चाहिए। उस प्रभु की कृपा से हमारा यह शरीर प्राणों का घर बनता है और परिणामतः सुरक्षित होकर हम रोगों का शिकार नहीं होते। स्तुति के पोषण से हमारा मन वासनाओं से आक्रान्त नहीं होता। एवं, प्राणपोषण से शरीर तथा स्तुतिपोषण से मन क्रमशः रोगों व वासनाओं से बचे रहते हैं। सब इन्द्रियों के स्वस्थ व शक्तिशाली होने से हम 'गोतम' बनते हैं और वासनाओं के त्याग के कारण हम 'राहूगण' होते हैं।

भावार्थ—सदा स्तुत्य प्रभु की कृपा से हमारा शरीर व मन स्वस्थ व सुरक्षित हो।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वह सदा वरणीय शक्ति

१५२५. आ नो अग्ने रयिं भर सत्रासाहं वरेण्यम्। विश्वासु पृत्सु दुष्टरम्॥ २॥

हे अग्ने-सर्वशत्रु संहारक रुद्ररूप अग्ने! आप नः-हमें आ-सब प्रकार से रयिम्-उस शक्ति को (वीर्यं वै रयिः—श० १३.४.२.१३) भर-प्राप्त कराइए, जो १. सत्रासाहम्-सदा शत्रुओं का पराभव करनेवाली है, २. वरेण्यम्-वरणीय है, चाहने योग्य है, ३. विश्वासु पृत्सु-सब संग्रामों में शत्रुओं से दुष्टरम्-दुस्तर है।

रुद्र के सब नामों का उल्लेख करके शतपथब्राह्मण (६.१.३.१८) में कहा है कि 'तान्येतानि अष्टौ अग्निरूपाणि'-ये आठों रुद्र आदि अग्नि के रूप हैं। रुद्र शत्रुओं का संहार करके शिव-कल्याण करनेवाले हैं। इस अग्नि-संहारक रुद्ररूप अग्नि से गोतम प्रार्थना करता है कि 'आप हमें वह शक्ति प्राप्त कराइए जो हमें सदा रोगों तथा काम-क्रोधादि शत्रुओं का पराभव करने में समर्थ बनाती है अतएव हमसे सदा वरणीय होती है, जिस शक्ति को न तो कीटाणुओं (germs) और न ही आसुर-वृत्तियों के आक्रमण पराभूत कर पाते हैं। दूसरे शब्दों में जिस शक्ति से स्वस्थ रहकर हम गोतम-प्रशस्तेन्द्रिय होते हैं और काम, क्रोध तथा लोभ को कोसों दूर भगानेवाले 'राहूगण' बनते हैं।'

भावार्थ—प्रभु-स्तवन से हम सदा विजयशील, वरणीय, वासनाओं का वारण करनेवाली शक्ति का लाभ करें।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान और धन

१५२६. आ नो अग्ने सुचेतुना रयिं विश्वायुपोषसम्। मार्डीकं धेहि जीवसे॥ ३॥

हे अग्ने-प्रकाश प्राप्त करानेवाले प्रभो! नः-हमें सुचेतुना-उत्तम ज्ञान के साथ अथवा उत्तम ज्ञान के द्वारा विश्व-आयु-पोषसम्-सब मनुष्यों का पोषण करनेवाले नकि केवल हमारा ही पोषण करनेवाले मार्डीकम्-सुख के साधनभूत रयिम्-धन को जीवसे-उत्तम जीवन के लिए आधेहि-समन्तात् धारण कराइए।

१. ज्ञानशून्य धन मनुष्य को विषयासक्त बनाता है, अतः हानिकर व अनुपादेय है। ज्ञानपूर्वक अर्जित धन ही ठीक है, उसके अभाव में हम by hook or by crook टेढ़े-मेढ़े सभी साधनों से धन कमाने लगते हैं। २. धन संविभागपूर्वक उपयुक्त होने पर अमृत-तुल्य होता है और संविभाग के अभाव में हमें पापी बनाता है। ३. संविभक्त धन ही समाज की व्यवस्था को ठीक रखकर स्वस्थ समाज में हमारे जीवनों को सुखी करता है, अतः ऐसे ही धन की प्राप्ति के लिए यहाँ प्रभु से प्रार्थना की गयी है। वह धन हमें भोगासक्त न होने देकर प्रशस्तेन्द्रिय 'गोतम' बनाता है। वही धन हमें त्याग की वृत्तिवाला 'राहूगण' बनाता है।

भावार्थ—हम ज्ञानपूर्वक सुपथ से धनार्जन करें। हमारा धन केवल हमारा ही पोषण न करे। यह हमें सुखी करनेवाला हो।

सूक्त-१५

ऋषिः—कैतुराग्नेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रत्येक संग्राम में विजय

१५२७. अग्निं हिन्वन्तु नो धियः सप्तिमाशुमिवाजिषु। तेन जेष्म धनंधनम्॥ १॥

इव=जैसे आजिषु=युद्धों में आशुं सप्तिम्=शीघ्रगामी घोड़े की ओर हमारे विचार जाते हैं, उसी प्रकार नः=हमारी धियः=बुद्धियाँ अग्निम्=उस सर्वशत्रु-संहारक रुद्र की ओर हिन्वन्तु=जाएँ। तेन=उस रुद्र के साहाय्य से धनंधनम्=प्रत्येक संग्राम को जेष्म=हम जीत जाएँ। (धनं=contest धन्वतेर्वधकर्मणः)।

यह ठीक है कि आजकल युद्धों में घोड़ों का उतना महत्त्व नहीं रहा, परन्तु शक्ति का मापक अभी तक घोड़ा ही है। युद्ध के समय अवश्य घोड़े का स्मरण होता है। इसी प्रकार इस संसार संग्राम में हम सदा उस प्रभु का चिन्तन करें—उस प्रभु की सहायता से हम प्रत्येक संग्राम में अवश्य विजयी होंगे। 'धन' का अर्थ सामान्य धन करके यह अर्थ भी हो सकता है कि हम प्रभु की सहायता से सब धनों के विजेता हों। वस्तुतः धनों के विजेता तो प्रभु ही हैं—'अहं धनानि संजयामि शश्वतः'। मुझमें भी जितनी प्रभु-शक्ति कार्य करेगी, उतना ही मैं भी धनों का विजेता बन पाऊँगा। धनों का व संग्रामों का विजेता—विजय-पताका को फहरानेवाला—वह स्वयं 'केतु' (flag) नामवाला हो गया है। शत्रुओं के लिए, रुद्र के समान भयङ्कर होने से यह 'आग्नेय' है।

भावार्थ—हम सदा प्रभु का स्मरण करें तो सदा विजयी होंगे।

ऋषिः—केतुराग्नेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सुपथ से अर्जन, सुपात्र में व्यय

१५२८. यया गा आकरामहे सेनयाग्ने तवोत्या। तां नो हिन्व मघत्तये॥ २॥

जब मनुष्य संसार में प्रकृति को अपना आराध्य देवता न बनाकर प्रभु को अपना आराध्य बनाता है तब वह प्रभु के द्वारा 'सेन' (स+इन) सेश्वर=स्वामीवाला होता है। इसे प्रभु का संरक्षण प्राप्त होता है (ऊति)। इस संरक्षण को प्राप्त करके यह ऊँचे-से-ऊँचा ज्ञान प्राप्त करता है। ज्ञान की किरणों को प्राप्त करनेवाला यह 'केतु' कहलाता है। (केतु=A ray of light)। इस ज्ञान को प्राप्त करके यह कभी कुपथ से धन नहीं कमाता। सदा सुपथ से धनार्जन करता हुआ उस धन का दान करता है। इसके जीवन का सूत्र 'दानपूर्वक उपभोग' होता है।

मन्त्र के शब्दों में 'केतु' प्रभु से प्रार्थना करता है—हे अग्ने=मेरे पथ-प्रदर्शक प्रभो! यया=जिस तव सेनया=आपके सेश्वरत्व के द्वारा, अर्थात् आपको अपना स्वामी बनाकर आपको ही अपना आराध्यदेव समझते हुए हम ऊत्या=आपके संरक्षण से गाः=वेदवाणियों का आकरामहे=सर्वथा वरण करते हैं, अर्थात् उन्हें पढ़ते हैं, समझते हैं और क्रियान्वित करते हैं ताम्=उस सेना—सेश्वरत्व तथा ऊति—रक्षा को नः=हमें हिन्व=सदा प्राप्त कराइए, जिससे मघत्तये=हम पूजित धन को प्राप्त करनेवाले हों (ऋ० ४.३६.८ द०) तथा उस धन का सदा दान करनेवाले हों (ऋ० ५.७९.५ द०)। हम धन को सदा सुमार्ग से कमाएँ और सदा उसका दान करनेवाले हों।

भावार्थ—प्रभु ही हमारे आराध्य हों—उनकी संरक्षा से हम वेदवाणियों को अपनानेवाले हों, सुपथ से धनार्जन करें और सुपात्र में उनका व्यय करें।

ऋषिः—केतुराग्नेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पवित्र हृदय में ज्ञान का प्रकाश

१५२९. आग्ने स्थूरं रयिं भर पृथुं गोमन्तमश्विनम्। अश्नवाम वनामहे पविम्॥ ३॥

अग्ने=हे मार्ग-दर्शक प्रभो! ऐसे रयिम्=धन को आभर=हममें सर्वथा भरिए जो १. स्थूरम्=स्थिर

है (ऋ० ६.१९.१० द०) चञ्चल नहीं। सामान्यतः धन की अस्थिरता प्रसिद्ध है। हमें वह धन प्राप्त कराइए जो हममें स्थिर निवास करे। यास्क के शब्दों में 'समाश्रितमात्रो महान् भवति' (नि० ६.२२), जो आश्रय किया हुआ सदा बढ़ता है। २. प्रथुम्-विस्तृत है (प्रथ विस्तारे)। यदि यह धन केवल मेरा ही पोषण करता है तब तो यह अत्यन्त संकुचित होगा। हमें वह धन प्राप्त कराइए जो विस्तृत हो—जो बहुतों का पोषण करनेवाला हो। मेरे द्वारा यज्ञों में विनियुक्त होकर 'रोदसी'-द्यावापृथिवी, अर्थात् सभी प्राणियों का पालक हो। ३. गोमन्तम् अश्विनम्-उत्तम गौवों व घोड़ोंवाला हो—इस धन के द्वारा मैं घर में गौवों व घोड़ों के रखने की व्यवस्था करूँ। गौवें सात्त्विक दूध के द्वारा हमारे ज्ञान की वृद्धि का कारण बनें तथा घोड़े सवारी (riding) के काम में आकर उचित व्यायाम द्वारा हमारी शक्ति का पोषण करें। यह वस्तुतः दौर्भाग्य है कि धनी घरों में गौवों का स्थान कुत्तों को मिल गया है और घोड़ों का स्थान मोटरों (कारों) को, परिणामतः हमारे ज्ञान व शक्तियों का ह्रास होता जाता है। 'गो' शब्द ज्ञानेन्द्रियों का तथा 'अश्व' कर्मेन्द्रियों का भी वाचक है, अतः यह अर्थ भी ठीक है कि यह धन हमारी ज्ञानेन्द्रियों तथा कर्मेन्द्रियों को उत्तम बनानेवाला हो।

केतु प्रार्थना करता है कि—हे प्रभो! खम्-हमारे हृदयाकाश को आप अङ्धि-अलंकृत व परिष्कृत करें और पविम्-पवित्र करनेवाली वेदवाणी को (पविं-वाचम्—नि०) वर्तया-हममें प्रवृत्त करें।

भावार्थ—हम स्थिर, विस्तृत, उत्तम ज्ञान व कर्मयुक्त धन को प्राप्त करें। हमारे हृदय निर्मल हों, हमारी वाणी सदा वेद-मन्त्रों का, ज्ञान की बातों का—उच्चारण करें।

ऋषिः—केतुराग्नेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सूर्य का भी सूर्य

१५३०. अग्ने नक्षत्रमजरमा सूर्यं रोहयो दिवि। दधज्ज्योतिर्जनेभ्यः॥ ४॥

अग्ने-हे प्रकाश के केन्द्र प्रभो! आपने **जनेभ्यः**-लोकों के लिए **ज्योतिः दधत्**-प्रकाश को धारण करने के हेतु से **अजरम्**-न जीर्ण होनेवाले **नक्षत्रम्**-(नक्ष गतौ) सतत गमनशील **सूर्यम्**-सूर्य को **दिवि**-द्युलोक में **आरोहयः**-स्थापित किया है।

वैज्ञानिक लोगों की कल्पना है कि—सूर्य से लाखों टन प्रकाश पृथिवी पर प्रतिदिन पड़ रहा है और इस क्रम से कुछ वर्षों में सूर्य समाप्त हो जाएगा और एक बुझा कोयलामात्र रह जाएगा। वेद इस भ्रम को दूर करता हुआ कह रहा है कि यह 'अजर' ज्योति है, जीर्ण होनेवाली नहीं। प्रभु की अद्भुत प्राकृतिक व्यवस्था के द्वारा सूर्य का क्षय व पुनः पूरण ठीक प्रकार से चल रहा है। 'सूर्य ठहरा हुआ है' इस भ्रम का निवारण 'नक्षत्र' शब्द से हो रहा है—सूर्य ठहरा नहीं, अपितु सतत गमनशील है।

प्रभु ने लोक-लोकान्तरों को प्रकाशित करने के लिए सूर्य को द्युलोक में स्थापित किया है। द्युलोकस्थ देवताओं का मुखिया यह सूर्य सभी देवों का अग्रणी है, चन्द्र इत्यादि पिण्ड सूर्य के प्रकाश से प्रकाशित होते हैं, परन्तु यह सूर्य भी स्वयं भासमान थोड़े ही है। यह भी उस प्रभु की ही दीप्ति से दीप्त हो रहा है। 'तस्य भासा सर्वमिदं विभाति'। 'केतु' इस सूर्य की दीप्ति को देखकर प्रभु की दीप्ति की कल्पना करता है। इस सूर्य में वह प्रभु की महिमा को देखता है और इस प्रकार उसका मस्तिष्क प्रभु की महत्ता से भर जाता है और यह प्रभु-भक्त बन जाता है। प्रभु का यह ज्ञानीभक्त प्रभु को स्वभावतः प्रिय होता है।

भावार्थ—हम सूर्य को देखें। सूर्य की ज्योति में प्रभु की महिमा को देखें।

ऋषिः—केतुराग्नेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सात्त्विक अन्न, स्थिर शक्ति, स्वस्थ शरीर

१५३१. अग्ने केतुर्विशामसि प्रेष्ठः श्रेष्ठ उपस्थसत्। बोधा स्तोत्रे वयो दधत्॥ ५॥

'केतु' का प्रभु-स्तवन इन शब्दों के साथ समाप्त होता है—हे अग्ने-प्रकाश प्राप्त करानेवाले प्रभो! १. आप विशाम्-सब प्रजाओं को केतुः-प्रकाश प्राप्त करानेवाले असि-हो। प्रभु ने सृष्टि के प्रारम्भ में ही वेद-ज्ञान द्वारा पूर्ण प्रकाश प्राप्त कराया है। २. वे प्रभु प्रेष्ठः-जीव के प्रियतम हैं। संसार में सभी प्रेमों में कुछ स्वार्थ निहित होता है, अतएव उनमें अपूर्णता आ जाती है। प्रभु का प्रेम पूर्ण निःस्वार्थ अतएव पूर्ण शुद्ध है। ३. वे प्रभु ही श्रेष्ठः-सर्वोत्तम हैं। 'केतु' प्रभु को ही अपना आदर्श बनाता है। उसी के अनुरूप अपने जीवन को ढालने का प्रयत्न करता हुआ यह प्रभु का सच्चा उपासक होता है। ४. उपस्थसत्—हे प्रभो! आप तो मेरे अत्यन्त निकट हो। वास्तव में तो प्रभु मुझसे भी मेरे अधिक समीप हैं, क्योंकि उनका मेरे अन्दर ही निवास है। मैं तो अपने अन्दर हो ही नहीं सकता। मेरे अन्दर रहनेवाले वे प्रभु सचमुच 'उपस्थसत्' हैं।

हे प्रभो! आप स्तोत्रे-अपने स्तोता के लिए वयः-सात्त्विक अन्न, शक्ति व स्वस्थ शरीर (Sacrificial food, Energy, Soundness of Constituition) को दधत्-धारण कराने के हेतु से बोध-उसे ज्ञान देते हैं।

प्रभु की प्रेरणा से स्तोता १. सात्त्विक अन्न का ही सेवन करता है। २. उसके द्वारा स्थिर शक्तिवाला होता है और ३. जीवन के अन्त तक उसका शरीर ठीक-ठाक बना रहता है। वेद-ज्ञान द्वारा प्रभु ने उस मार्ग का संकेत किया है, जिस मार्ग पर चलकर हम सचमुच जीवनों में सफल होंगे और विजेता बनकर प्रभु के समीप पहुँचने के अधिकारी होंगे।

भावार्थ—हम सात्त्विक अन्नों के प्रयोग से स्थिर शक्ति व स्वस्थ शरीरवाले हों।

सूक्त-१६

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विरूप आङ्गिरस

१५३२. अग्निर्मूर्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपां रेतांसि जिन्वति॥ १॥

२७ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—

मन्त्र का ऋषि 'विरूप'-विशिष्टरूपवाला 'आङ्गिरस'-अङ्ग-प्रत्यङ्ग में रसवाला है। 'ऐसा क्यों?' इसलिए कि वह—

१. अग्निः-आगे और आगे चलता है, २. मूर्धा-शिखर पर पहुँचता है, ३. दिवः ककुत्-ज्ञान के शिखर पर पहुँचनेवाला होता है, ४. पृथिव्याः-इस पार्थिव शरीर का अयम्-यह पतिः-पति-स्वामी होता है, अर्थात् जितेन्द्रिय होता है। यह ऐसा इसलिए बन पाया है कि अपाम्-जलों के सम्बन्धी रेतांसि-रेतस् की शक्ति को यह जिन्वति-अपने अन्दर प्रेरित करता है।

भावार्थ—संयम द्वारा हम 'विरूप आङ्गिरस' बनें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्तवन के द्वारा

१५३३. ईशिषे वार्यस्य हि दात्रस्याग्ने स्वःपतिः। स्तोता स्यां तव शर्मणि॥ २॥

हे प्रभो! आप हि-निश्चय से वार्यस्य दात्रस्य-वरणीय वस्तु के देने के ईशिषे-ईश हो, सामर्थ्यवाले हो, जीव से चाहने योग्य सभी वस्तुओं के आप दाता हो। हे अग्ने-प्रकाशस्वरूप प्रभो! स्वः पतिः-स्वर्ग के व प्रकाश के भी आप स्वामी हो। आप वरणीय धनों को तो प्राप्त कराते ही हो साथ ही प्रकाश व सुख को भी प्राप्त करानेवाले आप ही हैं। मैं शर्मणि-(शृ हिंसायाम्) सब अशुभों की जहाँ इतिश्री हो जाती है, उस सुख की प्राप्ति के निमित्त (दुःख-संयोगवियोग-गीता) तव-आपका स्तोता स्याम्-स्तुतिकर्त्ता होऊँ। प्रभु के स्तवन से प्रभु के योग को प्राप्त करके हम उस स्थिति को प्राप्त करते हैं जो दुःखों के संयोग से विमुक्त है (सुखमात्यन्तिकं यत्तद् बुद्धिग्राह्यमतीन्द्रियम्—गीता) जहाँ वह आत्यन्तिक सुख है जो बुद्धि से ही ग्राह्य है जो सामान्य इन्द्रियों का विषय नहीं बनता। इस सुख के प्रसाद को प्राप्त करके चमकते हुए प्रसन्न वदनवाला यह उपासक सचमुच विरूप विशिष्ट ही रूपवाला प्रतीत होता है।

भावार्थ—उत्कृष्ट सुख की प्राप्ति के निमित्त हम प्रभु के उपासक बनें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उन्नति के तीन तत्त्व

१५३४. उदग्ने शुचयस्तव शुक्रा भ्राजन्त ईरते। तव ज्योतींष्यर्चयः॥ ३॥

अपने स्तोता 'विरूप' से प्रभु कहते हैं कि—हे अग्ने-उन्नतिशील, उन्नति-पथ पर निरन्तर आगे बढ़नेवाले विरूप १. तव-तेरे शुचयः-पवित्र व उज्वल भ्राजन्तः-चमकते हुए—तेरे जीवन को दीप्त बनाते हुए शुक्राः-वीर्यकण-शक्ति के बिन्दु उद् ईरते-सदा ऊर्ध्वगतिवाले होते हैं और शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्ग में व्याप्त होकर रोग-कृमियों को कम्पित कर तेरे शरीर को नीरोग बनाते हैं। रोग-कृमियों को उत्-बाहर (out) निकाल भगाते हैं, तभी तू विरूप बना है—तेरा चेहरा स्वास्थ्य की दीप्ति से चमक रहा है।

२. ये ही वीर्यकण मस्तिष्क में पहुँचकर ज्ञानाग्नि को समिद्ध करते हैं और तव ज्योतींषि-तेरी ज्ञान की ज्योतियाँ भ्राजन्तः-चमकती हुई होती हैं।

३. तव-तेरी अर्चयः-उपासना की (अर्च पूजायाम्) वृत्तियाँ भी उदीरते-उन्नत होती हैं। तुझमें अधिकाधिक प्रभु-स्तवन की प्रवृत्ति होती है।

एवं, इस मन्त्र में प्रभु ने उन्नति के तीन आवश्यक अङ्गों का संकेत किया है। १. प्रथम तो पवित्र व उज्वल सोम-वीर्यकणों की ऊर्ध्वगति। यह इन्द्र का सोमपान है—इसके बिना 'इन्द्र' इन्द्र नहीं बन सकता। २. ज्ञान की ज्योति का दीप्त होना तथा ३. उपासना की वृत्ति का प्रबल होना।

भावार्थ—हम उन्नति के तत्त्वों को समझकर उन्नति के मार्ग को अपनाएँ। हम सोमपान करें, अर्थात् संयमी जीवनवाले बनें, ज्ञान की ज्योति को जगाएँ, अर्चनामय जीवन बनाएँ।

इति चतुर्दशोऽध्यायः, सप्तमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

अथ पञ्चदशोऽध्यायः

सप्तमप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—गोतमो राहूगणः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वास्तविक बन्धु

१५३५. कस्ते जामिर्जनानामग्ने को दाश्वध्वरः। को ह कस्मिन्नसि श्रितः ॥ १ ॥

१५३६. त्वं जामिर्जनानामग्ने मित्रो असि प्रियः। सखा सखिभ्य ईड्यः ॥ २ ॥

साहित्य में एक शैली है कि आचार्य ही विद्यार्थी से पूछता है कि 'कौन तेरा आचार्य है ?' और उसे समझा भी देता है कि 'अग्नि तेरा आचार्य है।' इसी प्रकार वेद में कई बातें जीव को प्रभु प्रश्नोत्तर के प्रकार से समझाते हैं। यहाँ इसी शैली से कुछ बातें समझाई गयी हैं—

प्रश्न—१. कः ते जनानां जामिः-मनुष्यों में तेरा बन्धु कौन है ?

उत्तर—अग्ने त्वं जनानां जामिः-हे अग्रगति के साधक प्रभो! आप ही मनुष्यों के बन्धु हो। संसार में अन्य सब मित्रताएँ सामयिक हैं तथा कुछ प्रयोजन को लिये हुए होती हैं। केवल एक प्रभु की मित्रता ही स्वार्थ से शून्य तथा सार्वकालिक है। प्रभु हमारा साथ कभी भी छोड़ते नहीं। पत्नी भी, माता भी साथ छोड़ देती हैं, पक्के-से-पक्के मित्र विरोधी बन जाते हैं, परन्तु प्रभु की मित्रता में कभी अन्तर नहीं आता।

प्रश्न—२. अग्ने-हे उन्नतिशील जीव! कः दाशु+अध्वरः-कौन तुझे ये सब वस्तुएँ देनेवाला है (दाशृ दाने) तथा कौन हिंसारहित तेरा भला करनेवाला है ?

उत्तर—अग्ने प्रियः मित्रः असि-हे अग्रगति के साधक प्रभो! आप ही (प्री तर्पणे) सब आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त कराके मुझे तृप्त करनेवाले हैं। संसार में सबका दान सीमित है, परन्तु परमात्मा का दान असीम है, प्रभु ही हमें सब आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त कराते हैं।

प्रश्न—३. कः ह-वह प्रभु कौन हैं ? तेरे साथ उसका क्या सम्बन्ध है ?

उत्तर—सखा-वे तेरे मित्र हैं। वस्तुतः 'अरक्षितं तिष्ठति दैवरक्षितम्'-जिसका कोई भी रक्षक नहीं होता प्रभु ही उसके रक्षक होते हैं। प्रभु ही अन्तिम व श्रेष्ठ मित्र हैं—वे ही सदा अन्त तक साथ देनेवाले हैं।

प्रश्न—४. कस्मिन् असि श्रितः-किसमें तू आश्रय पाये हुए है ?

उत्तर—सखिभ्यः ईड्यः-प्रभु ही मित्रों से स्तुति के योग्य हैं। हमें सदा उस प्रभु का ही आश्रय करना, प्रभु की ही उपासना करनी।

प्रस्तुत मन्त्रों का ऋषि इस तत्त्व को समझ लेता है कि १. प्रभु ही मेरे बन्धु हैं। २. वे ही मुझे सब आवश्यक वस्तुएँ प्राप्त करानेवाले और सब हिंसाओं से बचानेवाले हैं। ३. वे ही मेरे सखा हैं और ४. उस प्रभु का ही मुझे आश्रय है। इन सब बातों को समझकर वह सदा इन्द्रियों को प्रशस्त

कर्मों में लगानेवाला बना रहता है, परिणामतः 'गोतम' बनता है और संसार के सब मिथ्या आश्रयों को छोड़ने के कारण 'राहूगण' होता है, 'त्यागियों में गिनने योग्य'।

भावार्थ—हम इस तत्त्व का मनन करें कि 'हमारे सच्चे सखा प्रभु ही हैं।'

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मोक्षधाम की प्राप्ति

१५३७. यजा नो मित्रावरुणा यजा देवाँ ऋतं बृहत्। अग्ने यक्षि स्वं दमम्॥ ३॥

गोतम 'राहूगण' प्रभु से प्रार्थना करता है—१. हे अग्ने-मुझे आगे ले-चलनेवाले प्रभो! आप नः-हमारे साथ मित्रावरुणौ-प्राणापान को यज-सङ्गत कीजिए। मेरे प्राणापान ठीक कार्य करनेवाले होकर शरीर में ही सुरक्षित रहें।

२. देवान् यज-हमारे साथ अन्य सब देवों को भी सङ्गत कीजिए। 'सूर्य-चन्द्रादि सभी देवता हमारे शरीर में निवास कर रहे हैं। 'सर्वा ह्यस्मिन् देवता गावो गोष्ठ इवासते'-इसमें सब देव उसी प्रकार रह रहे हैं जैसे गौशाला में गौएँ। इन सब देवों का यहाँ उत्तम निवास बना रहे।

३. बृहत् ऋतं यज-हे प्रभो! आप वृद्धि की साधनभूत नियमितता (Strict regularity) को हमारे जीवनों के साथ जोड़िए। हमारा जीवन सूर्य और चन्द्रमा के समान बड़ी नियमित गति से चले। पूर्ण स्वास्थ्य का रहस्य इसी में तो है।

४. इस प्रकार 'प्राणापान, अन्य देवों तथा नियमित जीवन (बृहत् ऋतम्) से युक्त करके हमें हे अग्ने-आगे ले-चल रहे प्रभो! स्वं दमं यक्षि-अपने घर से सङ्गत कीजिए—हम आपके मोक्षधाम को प्राप्त करनेवाले बनें। वस्तुतः यह ब्रह्मलोक ही जीव का वास्तविक घर है। आज प्राणापान की साधना करके, अन्य देवांशों को भी अपने साथ जोड़कर तथा बड़ा नियमित जीवन बिताकर वह अपने घर को फिर प्राप्त कर पाया है।

भावार्थ—हम फिर से अपने मोक्षधाम को प्राप्त करनेवाले बनें।

सूक्त-२

ऋषिः—देवश्रवा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु 'ईडेन्य' हैं

१५३८. ईडेन्यो नमस्यस्तिरस्तमांसि दर्शतः। समग्निरिध्यते वृषा॥ १॥

'देवश्रवा'=दिव्य गुणों के कारण श्रव-कीर्तिवाला 'देववातः' देवताओं से प्रेरणा प्राप्त करनेवाला कहता है कि हम सबसे वह प्रभु अपने हृदयों के अन्दर समिध्यते-समिद्ध किया जाता है जो—

१. ईडेन्यः-स्तुति के योग्य है। 'य एक इद् हव्यश्चर्षणीनाम्' इत्यादि मन्त्रों में एकमात्र प्रभु को ही उपास्य कहा गया है। जब कभी मनुष्य प्रभु के स्थान में किसी मनुष्य की उपासना प्रारम्भ करता है तो उसका हृदय संकुचित होकर द्वेषादि से परिपूर्ण हो जाता है।

२. नमस्यः-वह प्रभु ही पूजा के योग्य हैं, उस प्रभु की महिमा का स्मरण कर मनुष्य का नतमस्तक होना स्वाभाविक है।

३. तमांसि तिरः-वे प्रभु 'तमसः परस्तात्' अन्धकार से परे हैं, आदित्यवर्ण हैं। सहस्रों सूर्यों की ज्योति के समान उनकी ज्योति है।

४. दर्शतः=वे दर्शनीय हैं—प्रभु का स्वरूप रमणीय है, उसमें किस प्रकार 'दयालुता व न्यायकारित्व', 'निर्गुण और सगुणत्व' आदि विरुद्ध प्रतीयमान गुणों का सुन्दर समन्वय है ?

५. 'अग्निः'=वे अपने को सबसे अग्रस्थान में प्राप्त कराये हुए हैं।

६. वृषा=वे शक्तिशाली हैं और सबपर सुखों की वर्षा करनेवाले हैं।

भावार्थ—प्रभु का उपासक बनकर मैं भी अन्धकार से दूर रहनेवाला बनूँ।

ऋषिः—देवश्रवा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हविष्मान् ही उसका 'ईडन' करते हैं

१५३९. वृषो अग्निः समिध्यतेऽश्वो न देववाहनः। तं हविष्मन्त ईडते॥ २॥

अग्निः=वह अग्रस्थान में स्थित 'परमेष्ठी प्रभु' समिध्यते=हमसे अपने हृदयों में समिद्ध किया जाता है। कौन-सा प्रभु ?

१. वृषः=जो सब कामनाओं का वर्षक है—सब मनोरथों का पूरक है।

२. अश्वः न=जो हमारी जीवन-यात्रा के लिए अश्व के समान है, जिसको आधार बनाकर हम जीवन-यात्रा को पूर्ण कर सकते हैं।

३. देववाहनः=जो देवों का वाहन है। जिस प्रभु को धारण करने से हम सब दिव्य गुणों को प्राप्त कर पाते हैं। वह देव हममें देवताओं के साथ ही तो आते हैं 'देवो देवेभिरागमत्'।

एवं, प्रभु की उपासना से १. हमारी कामनाएँ पूर्ण होती हैं। २. हमारी जीवन-यात्रा निर्विघ्नता से पूर्ण होकर हम लक्ष्यस्थान पर पहुँचनेवाले बनते हैं तथा ३. हमारे अन्दर दिव्य गुणों का विकास होता है।

तम्=इस प्रभु की हविष्मन्तः=हविष्मान् लोग ही ईडते=उपासना करते हैं। हविष्मान् लोग वे हैं जो दानपूर्वक अदन=भक्षण करते हैं—जो यज्ञशेष खाते हैं। पञ्चयज्ञ करके बचे हुए का सेवन अमृत का सेवन है। ये अमृतसेवी ही उस प्रभु के सच्चे उपासक हैं। यही उस यज्ञरूप प्रभु की यज्ञ के द्वारा आराधना है 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'।

भावार्थ—यज्ञमय जीवन के द्वारा यज्ञरूप प्रभु का हम यजन करें।

ऋषिः—देवश्रवा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृषन् की उपासना 'वृषन्' बनकर

१५४०. वृषणं त्वा वयं वृषन् वृषणः समिधीमहि। अग्ने दीद्यतं बृहत्॥ ३॥

वृषन् शब्द के दो अर्थ हैं—१. शक्तिशाली तथा २. वर्षा करनेवाला। प्रभु में ये दोनों ही गुण निरपेक्षरूप में है। प्रभु की शक्ति निरपेक्ष (absolute) व अनन्त है। वे प्रभु जीवों पर अनन्त सुखों की वर्षा करनेवाले हैं। इस प्रभु की उपासना जीव भी यथासम्भव इन गुणों को अपने अन्दर धारण करके—वृषन् बनकर ही कर सकता है।

मन्त्र में कहते हैं कि हे वृषन्=सर्वशक्तिमन्=सब सुखों के वर्षक प्रभो! वृषणं त्वा=वृषन् तुझे को वयम्=हम भी वृषणः=वृषन् बनते हुए समिधीमहि=अपनी हृदयवेदि पर समिद्ध करते हैं। हे अग्ने=हमारी सब उन्नतियों के साधक प्रभो! हम उस आपको समिद्ध करते हैं जो आप बृहत् दीद्यतम्=अतिशयेन देदीप्यमान हैं। 'वृषन्' शब्द उस वास्तविक शक्ति का संकेत करता है जो सदा

औरों का कल्याण करने में विनियुक्त होती है। इस शक्ति से युक्त पुरुष ही वीरत्व व दिव्य गुणों (virtues) का पोषण करके उनके कारण कीर्ति-सम्पन्न बनकर 'देवश्रवा' इस नाम को चरितार्थ करता है।

भावार्थ—हम सात्त्विक बल-सम्पन्न होकर उस देदीप्यमान वृषन् के सच्चे आराधक बनें।

सूक्त-३

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ब्रह्म-दीप्ति से दीप्त 'विरूप'

१५४१. उत्ते बृहन्तो अर्चयः समिधानस्य दीदिवः। अग्ने शुक्रास ईरते॥ १॥

हे दीदिवः-प्रकाशमान् प्रभो! समिधानस्य-हृदयस्थली में समिद्ध किये जाते हुए हे अग्ने-अग्रेणी प्रभो! ते बृहन्तः-तेरी वृद्धि की कारणभूत शुक्रासः-शुद्ध अर्चयः-ज्ञानदीप्तियाँ—ज्वालाएँ उत् ईरते-उद्गत होती हैं।

जब भक्त प्रकाशस्वरूप प्रभु को अपनी हृदय-स्थली में दीप्त करने में समर्थ होता है तब यह हृदय-स्थली ज्ञान की किरणों से जगमगा उठती है। वे ज्ञान की ज्वालाएँ शुद्ध होती हैं और हमारे जीवन की वृद्धि का साधन होती हैं। हृदय में इन ज्ञान ज्वालाओं के प्रकाशित होने पर उनका प्रतिक्षेप इस भक्त के चेहरे पर भी व्यक्त होता है। यह सामान्य पुरुषों से अधिक दीप्त-वदनवाला प्रतीत होता है, और विशिष्टरूपवाला होने के कारण मन्त्र का ऋषि 'विरूप' कहलाता है। यह अपने जीवन में एक विशेष शक्ति का अनुभव करता है और अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्तिशाली होने के कारण 'आङ्गिरस' होता है। यह चेहरे से ही 'ब्रह्मवित्'-सा लगने लगता है।

भावार्थ—हृदयों में विकसित ज्ञान की दीप्ति हमारे मुखों पर प्रतिफलित होकर हमें यथार्थ में 'विरूप' बनाये।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मैं प्रभु को पुकारूँ, प्रभु मेरी पुकार सुनें

१५४२. उप त्वा जुह्वो३ मम घृताचीर्यन्तु हर्यत। अग्ने हव्या जुषस्व नः॥ २॥

हे हर्यत-सम्पूर्ण संसार को गति देनेवाले तथा सबका हित चाहनेवाले प्रभो! मम-मेरी घृताचीः-(घृत+अञ्च) दीप्ति से युक्त जुह्वः-चित्तवृत्तियाँ अथवा वाणियाँ त्वा उपयन्तु-तुझे समीपता से प्राप्त हों, जिस प्रकार घृत भरे चम्मच अग्नि को प्राप्त होते हैं।

हे अग्ने-मेरे जीवन को प्रकाशमय बनानेवाले प्रभो! आप हमारी हव्या-पुकारों का जुषस्व-प्रेमपूर्वक सेवन करें, अर्थात् हमारी प्रार्थनाओं को सुनें।

जो भी व्यक्ति अपनी चित्तवृत्ति को प्रभु-प्रवण करेगा वह अवश्य ही प्रभु का प्रिय बनेगा और प्रभु उसकी पुकार को सुनेंगे।

भावार्थ—मैं प्रभु को चाहूँ, प्रभु को पुकारूँ।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वह प्रभु अवश्य सुनता है

१५४३. मन्द्रं होतारमृत्विजं चित्रभानुं विभावसुम्। अग्निमीडे स उ श्रवत्॥ ३॥

मैं अग्निम्-मेरे जीवन के पथ-प्रदर्शक प्रभु की ईडे-स्तुति करता हूँ, सः-वह प्रभु उ-निश्चय से श्रवत्-सुनते हैं। प्रभु से की गयी प्रार्थना व्यर्थ नहीं जाती, वहाँ हमारी पुकार अरण्यरोदन नहीं होती। मैं उस प्रभु को पुकारता हूँ जो—

१. मन्द्रम्-सदा आनन्दमय व आनन्दित करनेवाले हैं।

२. होतारम्-जो संसार में जीव को उन्नति के सब साधन प्राप्त करानेवाले हैं।

३. ऋत्विजम्-जो प्रत्येक समय पर उपासना के योग्य हैं।

४. चित्रभानुम्-जो अद्भुत दीप्तिवाले हैं।

५. विभावसुम्-जो ज्ञानरूप धनवाले हैं।

'ऋत्विजम्' शब्द का अर्थ ऋतु-ऋतु के अनुसार हमारे साथ भिन्न-भिन्न वस्तुओं का मेल करानेवाला भी है। प्रभु प्रत्येक ऋतु के योग्य वस्तुओं को हमें प्राप्त करनेवाले हैं। ऋतु के अनुसार ही सब आहार-विहार करनेवाला व्यक्ति इस मन्त्र का ऋषि विरूप-विशिष्टरूपवाला आङ्गिरस-शक्तिशाली बनता है।

भावार्थ—हम प्रभु के स्तोता बनकर सदा प्रसन्नचित्त रहने का प्रयत्न करें।

सूक्त-४

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

चार वाणियों के द्वारा रक्षण

१५४४. पाहि नो अग्न एकया पाह्यु३त द्वितीयया।
पाहि गीर्भिस्तिसृभिरूर्जां पते पाहि चतसृभिर्वसो॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का अर्थ ३६ संख्या पर द्रष्टव्य है। सरलार्थ यह है—

हे अग्ने! नः-हमें एकया-अपनी ऋग्रूप वाणी से पाहि-रक्षित कीजिए, उत-और द्वितीयया-यजुः रूप दूसरी वाणी से भी पाहि-रक्षित कीजिए। हे ऊर्जाम्पते-शक्तियों के स्वामिन्! प्रभो! तिसृभिः गीर्भिः-ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेदरूप तीनों ही वाणियों से पाहि-हमारी रक्षा कीजिए। वसो-हे उत्तम निवास देनेवाले प्रभो चतसृभिः-चारों वाणियों से पाहि-हमारी रक्षा कीजिए।

भावार्थ—हम चारों वेदवाणियों का श्रवण व मनन करें और निदिध्यासन द्वारा उसका साक्षात्कार करनेवाले बनें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

जीवन की परिपक्वता

१५४५. पाहि विश्वस्माद्रक्षसो अराव्णः प्र स्म वाजेषु नोऽव।
त्वामिद्धि नेदिष्ठं देवतातय आपिं नक्षामहे वृधे॥ २॥

हे प्रभो! विश्वस्मात्-सब रक्षसः-अपने रमण के लिए औरों के क्षय (र+क्ष) की वृत्ति से तथा अराव्णः-न देने की—अदान की वृत्ति से (रा+दाने) नः-हमारी पाहि-रक्षा कीजिए। प्रभु की कृपा से हमारे अन्दर निम्न दो वृत्तियाँ कभी भी न आएँ—

१. अपने आनन्द के लिए हम औरों की हानि न करें। दूसरे को हानि पहुँचाकर अपने लाभ का विचार हममें कभी उत्पन्न न हो।

२. हममें न देने की वृत्ति न हो। हम सदा यज्ञों को करके यज्ञशेष का ही सेवन करनेवाले बनें। औरों की हानि करके अपने भोगों को बढ़ाने की तो बात ही क्या, हम अपनी आय को भी परहित में व्यय करनेवाले बनें, चाहे हमारे अपने आराम में कितनी ही कमी आ जाए।

हे प्रभो! आप वाजेषु-इन लोभादि शत्रुओं के साथ चल रहे संग्रामों में नः-हमारी प्र अवस्म-अवश्य रक्षा कीजिए। आपकी रक्षा में सुरक्षित होने पर ही हम इन्हें पराजित कर पाएँगे।

आप ही हमारे नेदिष्ठम्-निकटतम आपिम्-बन्धु हैं। हृदय में ही निवास करने के कारण आप हमारे निकटतम बन्धु हैं। देवतातये-दिव्य गुणों के विस्तार के लिए त्वाम् इत् हि-आपको ही निश्चय से नक्षामहे-हम प्राप्त होते हैं, वृधे-जिससे दिन-प्रतिदिन हमारी वृद्धि होती चले।

संक्षेप में प्रभु स्मरण से हमारा जीवन निम्न प्रकार का बनता है—

१. हमें अपने आनन्द के लिए औरों की हानि का कभी विचार भी नहीं होता।

२. हम लोकहित के सब कार्यों के लिए दान करते हुए यज्ञशेष ही खाते हैं।

३. लोभादि शत्रुओं से हम पराजित नहीं होते।

४. हममें व्यसनवृक्ष के मूल लोभ के नाश से दिव्य गुणों का विस्तार होता है।

५. सब दृष्टिकोणों से हमारी वृद्धि-ही-वृद्धि होती है।

इस प्रकार अपने जीवन में हम परिपक्व बनते हैं—हमारे जीवन का ठीक विकास होता है—और हम मन्त्र के ऋषि 'भर्गः' कहलाने के योग्य होते हैं (भ्रस्ज पाके)।

भावार्थ—प्रभु-स्मरण से हमारे जीवन का ठीक परिपाक हो।

सूक्त-५

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्राप्त करनेवालों में उत्तम

१५४६. इनो राजन्नरतिः समिद्धो रौद्रो दक्षाय सुषुमाँ अदर्शि।
चिकित्वि भाति भासा बृहतासिक्नीमेति रुशतीमपाजन्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'आप्त्य'-प्राप्त करनेवालों में उत्तम तथा 'त्रि-त'-काम, क्रोध, लोभ तीनों को तैरे हुए है। इसका जीवन निम्न बातों से युक्त है।

१. इनः-स्वामी। यह इन्द्रियों का स्वामी बनता है न कि दास।

२. राजन्-(well regulated) यह नियमित जीवनवाला होता है। 'सूर्याचन्द्रमसाविव'-सूर्य-चन्द्रमा की चाल से चलता है। 'कालभोजी' होता है।

३. अ-रतिः-किसी भी भौतिक वस्तु के प्रति यह आसक्त नहीं होता।

४. समिद्धः-पृथिवी, अन्तरिक्ष व द्युलोक के पदार्थों के ज्ञान की समिधाओं से यह अपनी ज्ञानाग्नि को समिद्ध करता है।

५. रौद्रः-यह 'रुत्-र'-ज्ञान देनेवाला होता है।

६. दक्षाय-यह सब उन्नति, शक्ति व वृद्धि के लिए ही होता है। यह कभी अवनत नहीं होता।

७. सुषुमान् अदर्शि-(सु-उत्तम) उन्नति के लिए ही यह अच्छाईवाला होता चलता है—'सु'-'सु' वाला ही दिखता है, सब दुरितों को दूर करता चलता है।

८. चिकित्-यह नचिकेता न रहकर ज्ञानी तथा अनुभवी बनकर 'चिकित्' बन गया है।

९. बृहता भासा विभासि-यह विशाल ज्ञानदीप्ति से चमकता है।

१०. और असिक्नीम्-कृष्णवर्णा तमोमयी प्रकृति को रुशतीम्-जो इसका संहार करती है उसे अपअजन्-दूर फेंकता हुआ एति-गति करता है, अर्थात् आगे और आगे बढ़ता चलता है।

भावार्थ—हम 'इन' बनकर 'आप्त्य' बनें, जितेन्द्रिय बनकर प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अ-रति (non attached)

१५४७. कृष्णां यदेनीमभि वर्पसाभूज्जनयन्योषां बृहतः पितुर्जाम्।
ऊर्ध्वं भानुं सूर्यस्य स्तभायन् दिवो वसुभिररतिर्वि भाति॥ २॥

प्रकृति-विजय—यत्-जब मनुष्य एनीम्-इस रंग-बिरंगी—'लोहित, शुक्ल, कृष्ण' कृष्णाम्-तमोमयी होने से कृष्ण अथवा अपनी वर्पसा-चमक से आकृष्ट करनेवाली इस प्रकृति को अभि अभूत्-जीत लेता है, उस समय अरतिः-यह प्रकृति में न फँसनेवाला 'त्रित' विभाति-विशेषरूप से चमकता है।

प्रकृति एनी है—रंग-बिरंगी है। अपने सत्त्व, रज व तमोगुणों के कारण 'लोहित, शुक्ल, कृष्ण' है। अपने इस 'वर्पसा'-चमकीले रूप से यह हमें अपनी ओर आकृष्ट कर रही है, अतएव यह 'कृष्णा' कहलाती है। इसके इसी चमकीलेरूप से हमारी आँखों से सत्य का रूप छिपा रहता है। जिस दिन हम प्रकृति-प्रेम से ऊपर उठकर 'अ-रति' बनते हैं उसी दिन सत्य जीवनवाले बनकर हम चमक उठते हैं। अब प्रश्न यह है कि हम 'अ-रति' कैसे बन पाते हैं? वेद उत्तर देता है कि—

वेदवाणी का विकास—बृहतः पितुः-उस बृहत् पिता—परमपिता परमात्मा से जाम्-उत्पन्न हुई-हुई इस योषाम्-वेदवाणी को (योषा वै वाक्—श० १.४.४.४) जनयन्-अपने में प्रकट करता है, अर्थात् जब एक व्यक्ति वेदवाणी को अपने अन्दर विकसित करता है तब वह प्रकृति के आकर्षण को जीत कर 'अ-रति' बन पाता है। वेदवाणी 'योषा' है—यह मनुष्य को पुण्य से जोड़ती है (यु-मिश्रणे) तथा पाप से पृथक् (यु-अमिश्रणे) करती है।

मस्तिष्क में सूर्य की दीप्ति—यह 'अरति' वेदवाणी के अध्ययन से निरन्तर अपनी दीप्ति को बढ़ाता चलता है और एक दिन इसके जीवन में वह आता है जब सूर्यस्य भानुम्-सूर्य के समान देदीप्यमान वेदवाणी के प्रकाश को ऊर्ध्वं स्तभायन्-ऊपर मस्तिष्करूप द्युलोक में धारण करता हुआ यह अ-रति दिवः वसुभिः-दिव्य गुणों की सम्पत्तियों से, अर्थात् दिव्य गुणों से युक्त हुआ-हुआ विभाति-विशेष ही शोभावाला होता है।

भावार्थ—वेदवाणी के अध्ययन से प्रकृति पर विजय पाकर हम ज्ञान की दीप्ति को धारण करें तथा दिव्य गुणों से दीप्त हो उठें।

ऋषिः—त्रित आप्त्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'राम' की ओर

१५४८. भद्रो भद्रया सचमान आगात् स्वसारं जारो अभ्येति पश्चात्।
सुप्रकेतैर्द्युभिरग्निर्वितिष्ठन् रुशद्भिर्वर्णैरभि राममस्थात्॥ ३॥

गत मन्त्र में वर्णित भद्रया=कल्याण व सुख की साधनभूत वेदवाणी से सचमानः=अपना अटूट सम्बन्ध बनाता हुआ भद्रः=शुभ जीवनवाला यह 'आप्त्य त्रित' आगात्=जीवन में गतिवाला होता है। वह सदा उस वेदवाणी के जन्म देनेवाले प्रभु का स्तोता होने से (जरते इति जारः) 'जार' कहलाता है। यह जारः=स्तोता स्वसारं (स्वयं सरति)=किसी और से गति न दिये गये—सबको गति देनेवाले—उस प्रभु के पश्चात् अभ्येति=पीछे-पीछे उसी की ओर चलनेवाला होता है। प्रभु के पीछे चलने का अभिप्राय यह है कि प्रभु दयालु हैं तो यह भी दयालु बनने का प्रयत्न करता है। प्रभु न्यायकारी हैं तो यह भी न्यायकारी बनने के लिए यत्नशील होता है।

इस प्रकार आगे और आगे बढ़नेवाला यह अग्निः=उन्नतिशील जीव सुप्रकेतैः=उत्तम प्रकाशमय द्युभिः=ज्ञान-दीप्तियों के साथ वितिष्ठन्=विशेषरूप से स्थित हुआ-हुआ उशद्भिः=कामना व स्नेह से पगे (सिक्त) वर्णैः=प्रभु के गुणों के वर्णन करनेवाले स्तोत्रों से राममस्थात्=उस सर्वत्र रममाण प्रभु की अभि=ओर अस्थात्=प्रस्थित होता है, अर्थात् यह अग्नि निरन्तर अपने ज्ञान को बढ़ाता चलता है तथा प्रभु के प्रेमभरे स्तोत्रों का उच्चारण करता हुआ प्रभु के अधिकाधिक समीप होता चलता है। 'अग्नि' शब्द आगे बढ़ने के द्वारा कर्म का संकेत कर रहा है—वे कर्म भद्र हैं न कि अभद्र। 'द्युभिः' शब्द ज्ञान का सूचक है तथा 'जारः' शब्द स्तवन व उपासना को कह रहा है। इस प्रकार इस 'त्रित' के जीवन में 'कर्म, ज्ञान व उपासना' तीनों का ही विस्तार हुआ है (त्रीन् तनोति), अतः यह त्रित सर्वत्र रममाण उस राम को प्राप्त क्यों न करेगा?

भावार्थ—वेदवाणी हमें भद्र कार्यों में प्रेरित करे। हम सबको गति देनेवाले प्रभु का अनुगमन करें। ज्ञान से अपने को दीप्त करें और प्रेमभरे स्तवनों से राम में रम जाएँ।

सूक्त-६

ऋषिः—उशनाः काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वे प्रभु 'वाचाम् अगोचर' हैं

१५४९. कया ते अग्ने अङ्गिर ऊर्जो नपादुपस्तुतिम्। वराय देव मन्यवे॥ १॥

गत मन्त्र में 'जार'=स्तोता उस स्व=सृ=किसी से गति न दिये गये और सबको गति देनेवाले unmoved mover प्रभु का वेदवाणी के द्वारा स्तवन कर रहा था। स्तुति करता हुआ वह अनुभव करता है कि वे प्रभु 'अग्नि' हैं—सारे संसार को गति देनेवाले हैं, वे 'अङ्गिरः'=हम सबके अङ्गों में रस का सञ्चार करनेवाले हैं, स्मरण किये जाने पर—विषयों से बचाने के द्वारा ऊर्जो नपात्=हमारी शक्तियों का पतन न होने देनेवाले हैं। इन सब कारणों से वे 'देव'=सब दिव्य गुणों के पुञ्ज प्रभु 'वर', श्रेष्ठ व वरणीय हैं—हमें उस प्रभु की श्रेष्ठता का विचार करते हुए उस प्रभु का ही वरण करना चाहिए। वे प्रभु 'मन्यु' ज्ञान के पुञ्ज व मनन करने योग्य हैं, हमें सदा उस प्रभु के गुणों का ही मनन करते हुए उन्हें धारण करने का प्रयत्न करना चाहिए। प्रभु के गुणों का मनन करते हुए

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'उशनाः'-उन गुणों को अपनाने की प्रबल कामनावाला कह उठता है कि हे अग्ने-सारे संसार को आगे ले-चलनेवाले! अङ्गिरः-सब जीवों के अङ्ग-प्रत्यङ्ग में रस का संचार करनेवाले, ऊर्जः नपात्-अपने भक्तों की शक्ति को नष्ट न होने देनेवाले, देव-दिव्य गुणों के पुञ्ज प्रभो! वराय-श्रेष्ठ वरणीय मन्यवे-ज्ञान के पुञ्ज व मननीय ते-आपके लिए कया-किस वाणी से हम उपस्तुतिम्-स्तुति करें; आपके गुण व महिमा हमारी वाणी से अतीत है। आप महान् हो। आपकी महिमा का वर्णन इस वाणी से सम्भव नहीं।

भावार्थ—उस प्रभु की महिमा वाणी से अतीत है।

ऋषिः—उशनाः काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मन से भी अतीत

१५५०. दाशेम कस्य मनसा यज्ञस्य सहसो यहो। कदु वोच इदं नमः॥ २॥

पिछले मन्त्र में प्रभु के वाणी से अतीत होने का उल्लेख था। इस मन्त्र में उसके मन से भी अतीत होने का वर्णन करते हैं। प्रभु के गुणों को अपनाने की प्रबल कामनावाला 'उशनाः' जितना-जितना प्रभु के गुणों का मनन करता है, उतना-उतना वे प्रभु उसे बड़े प्रतीत होते हैं। उसका मन प्रभु की महिमा का पूर्णतया आकलन नहीं कर पाता। 'उशना' देखता है कि वे प्रभु 'यज्ञ' रूप हैं—वे ही पूजनीय हैं—वे ही संसार के सारे पदार्थों के अन्दर सङ्गति स्थापित किये हुए हैं, जैसेकि एक सूत्र मणियों से एकता स्थापित किये हुए होता है। वे प्रभु हमारे लिए प्रत्येक आवश्यक वस्तु हमें दे रहे हैं। उशना इन 'यज्ञ' रूप प्रभु से कहता है कि हे सहसः यहो-बल के पुत्र—शक्ति के पुतले, सर्वशक्तिमान् प्रभो! यज्ञस्य-यज्ञरूप आपके प्रति कस्य मनसा-किसके मन से दाशेम-हम अपने को अर्पित करें। मैं आपका भक्त अपने मन को आपके प्रति अर्पित करना चाहता हूँ, परन्तु आपका पूर्ण चिन्तन न कर पा सकने से अपने कार्य में पूरा सफल नहीं होता। हे प्रभो! न जाने कत्-(कदा) कब उ-ही इदं नमः-इस नमस्कार के वचन को वोचः-मैं आपके प्रति बोल पाऊँगा? मैं तो आपको अपनी वाणी व मन से अतीत ही पाता हूँ। आपकी महिमा के चिन्तन में उलझा हुआ यह न आपकी महिमा का अन्त पाता है और न ही अन्यत्र जाने की उत्सुकतावाला होता है। आपकी महिमा के चिन्तन में ही यह उलझा रह जाता है।

भावार्थ—हे प्रभो! हमारा मन सदा आपके चिन्तन में ही उलझा रहे।

ऋषिः—उशनाः काव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

उशना का स्तवन

१५५१. अधा त्वं हि नस्करो विश्वा अस्मभ्यं सुक्षितीः। वाजद्रविणसो गिरः॥ ३॥

परमात्म-चिन्तन करता हुआ उशना अनुभव करता और कहता है कि हे प्रभो! अध-अब हि-निश्चय से त्वम्-आप ही नः-हमें विश्वाः-सम्पूर्ण सुक्षितीः-उत्तम-निवास-स्थानों को अस्मभ्यम्-हमारे लिए करः-प्राप्त कराते हो। हमारे कर्मों व योग्यताओं के अनुसार जैसा भी लोक हमारे लिए हितकर होता है कृपा करके प्रभु हमें उस-उस उत्तम लोक में जन्म देते हैं। उन लोकों में जन्म देकर हे प्रभो! आप ही वाजद्रविणसः-ज्ञानरूप धन से परिपूर्ण गिरः-वेदवाणियों को नः-हमारे लिए करः-प्राप्त कराते हैं। एवं, प्रभु हमें उत्तम लोकों में जन्म देकर उत्तम ज्ञान प्राप्त करानेवाले हैं। प्राकृतिक साधनों का संकेत 'सुक्षितीः' शब्द कर रहा है और अध्यात्म साधनों का

उल्लेख 'गिरः' शब्द द्वारा हुआ है। इस प्रकार प्रभु ने हमारे भौतिक व अध्यात्म दोनों उन्नतियों की सुव्यवस्था कर दी है। उत्तम निवास-भूमियाँ हमारी सब भौतिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए समुचित साधन उपस्थित कर देती हैं और ये वेदवाणियाँ हमारी आध्यात्मिक उन्नति का समुचित मार्ग हमें प्रदर्शित कर रही हैं। हम इन भूमियों से प्राप्त कराये गये पदार्थों का ठीक प्रयोग करते हुए और वेदवाणियों द्वारा अपने ज्ञान को बढ़ाते हुए ऐहिक व आमुष्मिक उन्नति करने में समर्थ होते हैं।

भावार्थ—हे प्रभो! आप ही उत्तम लोकों व उत्तम ज्ञानों को देनेवाले हैं।

सूक्त-७

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

परिपक्वता

१५५२. अग्न आ याह्यग्निभिर्होतारं त्वा वृणीमहे।
आ त्वामनक्तु प्रयता हविष्मती यजिष्ठं बर्हिरासदे॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'भर्गः' है—(भ्रस्ज् पाके) जिसने अपना ठीक परिपाक किया है। माता-पिता व आचार्यरूप अग्नियों में तो इसका उत्तम परिपाक हुआ ही था अब यह विद्वान् अतिथि व परमात्मारूप अग्नि में भी अपना परिपाक करना चाहता है और प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे अग्ने-मेरे जीवन के ठीक परिपाक करनेवाले प्रभो! अग्निभिः-विद्वान् अतिथिरूप अग्नियों के द्वारा आप हमें सदा आयाहि-प्राप्त होओ। विद्वान् अतिथियों के उपदेश तो हमें धर्म-मार्ग पर परिपक्व करते ही रहें—आपका चिन्तन हमारी बुद्धियों को सदा उत्तम प्रेरणा देनेवाला हो। इस प्रकार हम 'पञ्चाग्नि' बन पाएँ। 'माता, पिता, आचार्य, अतिथि व परमात्म'-रूप अग्नियों में अपना ठीक से परिपाक करनेवाले हों।

हे प्रभो! होतारम्-सब पदार्थों के देनेवाले त्वा-आपका ही हम वृणीमहे-वरण करें। आपके वरण से सांसारिक आवश्यक पदार्थ तो प्राप्त हो ही जाएँगे।

हे प्रभो! हमारी कामना यह है कि यजिष्ठम्-सर्वाधिक सङ्गति करने योग्य आपको बर्हिः-अपने हृदयान्तरिक्ष में आसदे-बिठाने के लिए प्रयता-पवित्र हविष्मती-त्याग की वृत्तिवाली हमारी चित्तवृत्ति त्वाम्-आपको आ-सर्वथा अनक्तु-प्राप्त हो। हमारी चित्तवृत्ति अपवित्र व स्वार्थपूर्ण होने पर ही प्रभु से दूर होती है। हम उसे अधिक-से-अधिक पवित्र व त्यागवाला बनाएँ। यह चित्तवृत्ति प्रभु के अभिमुख ले-जानेवाली हो। अन्त में वे प्रभु ही सर्वाधिक सङ्गति के योग्य हैं—वे ही हमारा अधिकाधिक कल्याण करनेवाले हैं। हम जितना प्रभु के समीप होंगे उतना ही परिपक्व बुद्धिवाले व तेजस्वी बन पाएँगे। यही 'भर्गः' (परिपक्व) बनने का प्रकार है।

भावार्थ—हमें पाँचों अग्नियाँ प्राप्त हों और हम ठीक परिपक्व बनें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अहिंसामय जीवन

१५५३. अच्छा हि त्वा सहसः सूनो अङ्गिरः स्रुचश्चरन्त्यध्वरे।
ऊर्जो नपातं घृतकेशमीमहेऽग्निं यज्ञेषु पूर्व्यम्॥ २॥

'भर्ग' ऋषि प्रभु की आराधना करते हुए कहते हैं कि हे सहसः सूनो-बल के पुत्र—शक्ति के

पुतले सर्वशक्तिमान् प्रभो! अङ्गिरः-हे अपने भक्तों के अङ्गों में रस का संचार करनेवाले प्रभो! स्रुचः-यजमान लोग—यज्ञ करने के स्वभाववाले व्यक्ति (यजमानः स्रुचः—तै० ३.३.७३) अध्वरे-अपने हिंसाशून्य जीवन में त्वा अच्छ-आपकी ओर हि-निश्चय से चरन्ति-गति कर रहे हैं। प्रभुभक्त अनुभव करते हैं कि प्रभु ही सम्पूर्ण शक्तियों के भण्डार हैं, वे ही हमें शक्ति देनेवाले हैं। ऐसा अनुभव करके वे यज्ञशील जीवनवाले बनकर हिंसा से ऊपर उठते हुए, प्रभु की ओर जाने का यत्न करते हैं। अहिंसा को अपनाना ही प्रभु को अपनाना है।

हे प्रभो! हम तो आपको ही ईमहे-पाने का प्रयत्न करते हैं, क्योंकि आप—

१. ऊर्जो न पात-हमारी शक्तियों को नष्ट नहीं होने देते हो। जिस भी व्यक्ति ने प्रभु को अपनाया, वह प्राकृतिक भोगों का शिकार न होने से कभी क्षीण शक्ति नहीं हुआ।

२. घृतकेशम्-(घृत+क+ईश) हे प्रभो! आप ज्ञान की दीप्ति (घृ+दीप्ति) तथा सुख व आनन्द के ईश हो। आपको अपनाकर मैं भी अपने ज्ञान व आनन्द में वृद्धि करनेवाला होता हूँ।

३. अग्निम्-आप मुझे सब प्रकार से आगे ले-चलनेवाले हो। प्रभु को अपनाने से ऐहिक व आमुष्मिक दोनों ही भाँति की उन्नति सिद्ध होती है।

४. यज्ञेषु पूर्व्यम्-हे प्रभो! आप यज्ञों को पूर्ण करनेवालों में उत्तम हो। आपकी कृपा से ही मेरे सब यज्ञ पूर्ण होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु को अपनाएँ, जिससे १. शक्तिशाली बने रहें, २. ज्ञान व आनन्द प्राप्त करें, ३. उन्नत हों तथा ४. यज्ञों को उत्तमता से सिद्ध कर पाएँ। प्रभु को अपनाने का प्रकार यह है कि हम यजमान बनें तथा हमारा जीवन अहिंसामय हो।

सूक्त-८

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीढौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

तृतीय नेत्र-ज्योति से काम-दहन

१५५४. अच्छा नः शीरशोचिषं गिरो यन्तु दर्शतम्।
अच्छा यज्ञासो नमसा पुरूवसुं पुरुप्रशस्तमूतये॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'पुरुमीढ' है औरों के पालन के लिए धनादि की वर्षा करनेवाला (पुरु-पॄ पालने, मीढ-मिह सेचने)। यह कहता है कि नः गिरः-हमारी वाणियाँ अच्छ यन्तु-उस प्रभु की ओर जाएँ जो—१. शीरशोचिषम्-सब बुराइयों की संहारक दीप्तिवाले हैं (शॄ हिंसायाम्, शोचिः-दीप्ति)। २. दर्शतम्-जो प्रभु दर्शनीय हैं। प्रभु सब उत्तमताओं का केन्द्र होने से दर्शत हैं।

यज्ञासः-यज्ञशील लोग, जिन्हें गत मन्त्र में 'स्रुचः', (यजमान) शब्द से स्मरण किया था, ऊतये-रक्षा के लिए नमसा-नमन के द्वारा अच्छ-उस प्रभु की ओर जाते हैं जो—१. पुरूवसुम्-पालक व पूरक वसुओं—धनों के देनेवाले हैं तथा २. पुरुप्रशस्तम्-अत्यन्त प्रशस्त जीवनों का निर्माण करनेवाले हैं। प्रभु प्रार्थना से आवश्यक धन तो प्राप्त होता ही है, साथ ही जीवन अत्यन्त सुन्दर बन जाता है। हमें अपनी वाणियों से सदा प्रभु का स्मरण करना चाहिए जिससे प्रभु की ज्ञानदीप्ति से हमारे मल नष्ट हो जाएँ और हम उस दर्शनीय प्रभु का दर्शन कर पाएँ। यह प्रभु का

दर्शनेच्छु व्यक्ति प्रभु की आराधना सर्वभूतहित में लगने के द्वारा ही करता है और इसीलिए 'पुरुमीढ'-खूब बरसनेवाला कहलाता है। यह अपने तन, मन, धन से औरों की सेवा करने में तत्पर रहता है। इस सेवा की वृत्ति में यह कभी अहंकारी न होकर सदा विनम्र बना रहता है। नम्रता से प्रभु का आवाहन ही हमें सब अशुभों से बचानेवाला होता है।

भावार्थ—हम यज्ञशील हों, मनन से प्रभु को प्राप्त करें। प्रभु की ज्ञानदीप्ति हमारे मलों को नष्ट कर डाले।

ऋषिः—सुदीतिपुरुमीढौ तयोर्वान्यतरः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दान देने का आनन्द

१५५५. अग्निं सूनुं सहसो जातवेदसं दानाय वार्याणाम्।
द्विता यो भूदमृतो मर्त्येष्वा होता मन्द्रतमो विशि॥ २॥

पिछले मन्त्र से 'गिरो यन्तु' इन शब्दों की आवृत्ति यहाँ अपेक्षित है। हमारी वाणियाँ उस प्रभु की ओर जाएँ जो—

१. अग्निम्-हमें आगे और आगे ले-चल रहे हैं।

२. सहसः सूनुम्-जो बल के पुत्र हैं—सर्वशक्तिमान् हैं तथा हममें भी बलों के प्रेरक (षू-प्रेरणे) हैं। प्रभु के सम्पर्क में आने पर जीव शक्ति का अनुभव करता ही है।

३. जातवेदसम्-(जाते जाते विद्यते) जो सर्वव्यापक हैं। (जातं जातं वेत्ति) सर्वज्ञ हैं, (जातं वेदो यस्मात्) जिनसे सम्पूर्ण धन की उत्पत्ति होती है। प्रभु के सम्पर्क में आने पर हमारी मनोवृत्ति व्यापक बनेगी, हमारा ज्ञान बढ़ेगा और हमें आवश्यक धन प्राप्त होंगे।

४. दानाय वार्याणाम्-जो प्रभु हमें सब वरणीय—चाहने योग्य आवश्यक श्रेष्ठ वस्तुओं के देनेवाले होते हैं।

५. यः-जो प्रभु द्विता-दो का विस्तार करनेवाले (द्वौ तनोति) अभूत्-होते हैं। प्रथम तो वे (क) मर्त्येषु-मरणधर्मा मनुष्यों में अमृतः-अमृत होते हैं, अर्थात् प्रभु का उपासक भी स्वाभाविक मृत्यु को छोड़कर अन्य मृत्युओं, अर्थात् रोगों का शिकार नहीं होता तथा (ख) यह प्रभु विशि-संसार में प्रविष्ट प्रजाओं में मन्द्रतमः होता-अत्यन्त प्रसन्नता से युक्त दाता होते हैं, अर्थात् सामान्य मनुष्य जहाँ धन के प्रति प्रेम के कारण प्रसन्नता से दान नहीं दे पाता, वहाँ यह प्रभु का उपासक धन में अनासक्ति के कारण और धन के ठीक स्वरूप व उपयोग को समझने के कारण दान देने में आनन्द का अनुभव करने लगता है। खूब दान देने के कारण यह अपने 'पुरुमीढ' नाम को चरितार्थ करता है। पुरु-खूब, मीढ-बरसनेवाला।

एवं, प्रभु की उपासना से १. हम आगे बढ़ते हैं। २. शक्तिशाली बनते हैं। ३. ज्ञान को बढ़ा पाते हैं। ४. वरणीय वस्तुओं का लाभ करते हैं। ५. नीरोग रहते हैं तथा ६. दान देने में आनन्द का अनुभव करते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु-भक्त बनें, जिससे उन्नत हों और दान देने में प्रसन्नता का लाभ करें।

सूक्त-९

ऋषिः—विश्वामित्रः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

अदाभ्य—सदा नव

१५५६. अदाभ्यः पुरएता विशामग्निर्मानुषीणाम्। तूर्णी रथः सदा नवः ॥ १ ॥

जिस भी व्यक्ति में प्रभु का निवास होता है उसका जीवन निम्न गुणों से युक्त हो जाता है—

अदाभ्यः-यह आसुर वृत्तियों से अहिंसनीय जीवनवाला होकर 'अदाभ्य' बन जाता है, 'हिंसितुमयोग्य' हो जाता है।

२. पुरः एता-यह अपने जीवन में सदा आगे और आगे चलनेवाला होता है।

३. मानुषीणां विशाम् अग्निः-मननशील तथा मानव हितकारिणी प्रजाओं का यह प्रमुख होता है। इसका जीवन चिन्तनशील तो होता ही है साथ ही वह मानवमात्र का हित करने की वृत्तिवाला होता है, इसीलिए तो इसका नाम (विश्वामित्र)-सभी को मृत्यु व पाप से बचानेवाला तथा सभी के साथ स्नेह करनेवाला हो गया है। प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि यह (विश्वामित्र) ही है।

४. तूर्णी रथः-यह त्वरायुक्त रथवाला होता है। यह अपने शरीर को रथ समझता है और सब प्रकार से आलस्यशून्य होने के कारण यह तीव्र गति से अपनी यात्रा पर आगे और आगे बढ़ता चलता है। इसके जीवन में 'थकावट, तमोगुण, तन्द्रा व गपशप' का कोई स्थान नहीं है।

५. सदा नवः-(नू स्तुतौ) यह उठते-बैठते, सोते-जागते, खाते-पीते, श्वास-प्रश्वास लेते हुए भी सदा उस प्रभु का स्तवन करता है। प्रभु-स्मरण के साथ इसकी सम्पूर्ण क्रियाएँ चलती हैं इसी से यह निरभिमान बना रहता है। 'अहं और मम' से ऊपर उठ जाने से यह पुण्य-पाप व सुख-दुःख से भी ऊपर उठ जाता है। यही जीव के विकास की चरम सीमा है।

भावार्थ—हम आसुरवृत्तियों से अहिंस्य बनकर 'अदाभ्य' बनें। 'अदाभ्य' बनने के लिए ही हम 'सदा नव' सदा प्रभु का स्तवन करनेवाले हों।

ऋषिः—विश्वामित्रः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

पवित्रता व प्रकाश

१५५७. अभि प्रयांसि वाहसा दाश्वाँ अश्नोति मर्त्यः। क्षयं पावकशोचिषः ॥ २ ॥

उसी विश्वामित्र का उल्लेख करते हुए कहते हैं कि—

६. दाश्वान् मर्त्यः-देने की वृत्तिवाला मनुष्य (दाश् दाने) यह विश्वामित्र प्रयांसि-अन्नों को—भोजनों को (प्रयस्-food) वाहसा-पञ्चयज्ञों द्वारा अन्य प्राणियों को प्राप्त कराने के साथ (वह्-प्रापणे) अभ्यश्नोति-सब प्रकार से प्राप्त करता है। 'भूताय त्वा नारातये' किसी भी वस्तु को प्राप्त करता हुआ यह कहता है कि 'प्राणिमात्र के हित के लिए, नकि न देने के लिए मैं तुझे ग्रहण कर रहा हूँ। यह प्रभु का स्मरण करता है, परिणामतः सभी के साथ बन्धुत्व का अनुभव करता है और 'त्यक्तेन भुञ्जीथाः'-यज्ञों द्वारा सभी को देकर बचे हुए को खाता है।

७. इस प्रकार त्यागपूर्वक उपभोग का जीवन बिताता हुआ यह पावकशोचिषः-पवित्र दीप्ति के क्षयम्-निवास-स्थान प्रभु को प्राप्त करता है, अर्थात् इसका जीवन पवित्रता व प्रकाश से परिपूर्ण हो उठता है।

वस्तुतः प्रकाश के अभाव में मनुष्य की मनोवृत्ति प्रकृति-प्रवण होती है। प्रकृतिप्रेम के कारण वह दान नहीं दे पाता। परिग्रहशील होता चलता है। यह परिग्रहशीलता का स्वभाव पवित्र भावना का भी अन्त कर देता है और मनुष्य जैसे-तैसे धन जुटाने में जुट जाता है।

भावार्थ—हम त्यागपूर्वक उपभोग करें। हमारा जीवन पवित्रता व प्रकाश से पूर्ण हो।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

तुवि-श्रवस्-तम

१५५८. साह्वान् विश्वा अभियुजः क्रतुर्देवानाममृक्तः। अग्निस्तुविश्रवस्तमः॥ ३॥

८. यह विश्वामित्र विश्वाः=न चाहते हुए भी हमारे अन्दर घुस आनेवाले अभियुजः=सब ओर से हमपर आक्रमण करनेवाले काम, क्रोध, लोभ आदि आसुरभावों को साह्वान्=पराभूत करनेवाला होता है।

९. देवानां क्रतुः=देवताओं के सङ्कल्पवाला होता है। सदा दिव्य गुणों को अपने अन्दर बढ़ाने की वृत्तिवाला होता है।

१०. अमृक्तः=दिव्य गुणों के सतत सङ्कल्प के कारण ही यह आसुरवृत्तियों के आक्रमण से बचा (unhurt, safe) रहता है। 'प्रतिपक्षभावनम्'=आसुरवृत्तियों से बचने के लिए यह उनके प्रतिपक्ष—विरोधी दिव्य गुणों का सदा चिन्तन करता है।

११. अग्निः=दिव्य गुणों के चिन्तन के कारण वह सदा आगे और आगे बढ़ता चलता है इसका जीवन प्रगतिशील होता है और यह १२. तुविश्रवस्तमः=महान् श्रवस्=यशवाला (fame) होता है, महान् श्रवस्=धन-(wealth)-वाला होता है, महान् स्तोत्रों-(hymn)-वाला होता है तथा अत्यन्त श्रवस्=प्रशंसनीय कर्मोंवाला (praise wasthy action) होता है। यह कीर्ति, धन, स्तुति की वृत्ति तथा प्रशस्त कर्मोंवाला बनता है।

भावार्थ—हम भी अपने जीवनों में कीर्ति, धन, स्तुति तथा स्तुत्य कर्मोंवाले हों।

सूक्त-१०

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्)॥ स्वरः—ऋषभः॥

समर्पण-विसर्जन-सव-स्तवन

१५५९. भद्रो नो अग्निराहुतो भद्रा रातिः सुभग भद्रो अध्वरः। भद्रा उत प्रशस्तयः॥ १॥

१११ संख्या पर इस मन्त्र की व्याख्या इस प्रकार है—

प्रथमाश्रम में आहुतः=अर्पण किये हुए अग्निः=माता-पिता व आचार्यरूप अग्नियाँ नः=हमारे लिए भद्रः=कल्याणकर हों।

द्वितीयाश्रम में सुभग=घर को सौभाग्यशील बनानेवाली रातिः=दान की वृत्ति भद्रा=हमारा शुभ करें।

तृतीयाश्रम में अध्वरः=यज्ञ भद्रः=हमारे लिए कल्याणकर हो।

उत=और अब चतुर्थाश्रम में प्रशस्तयः=प्रभु की स्तुतियाँ भद्राः=हमारा कल्याण करनेवाली हों।

भावार्थ—हमारे जीवन में क्रमशः समर्पण, दान, यज्ञ तथा प्रभुस्तवन हमारा कल्याण करनेवाले हों।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

वासना-विजय के लिए विशिष्ट निश्चय

१५६०. भद्रं मनः कृणुष्व वृत्रतूर्ये येना समत्सु सासहिः ।
अव स्थिरा तनुहि भूरि शर्धतां वनेमा ते अभिष्टये ॥ २ ॥

प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'सोभरि'-जीवन का उत्तम प्रकार से भरण करनेवाले के प्रति प्रभु कहते हैं—

१. वृत्रतूर्ये-वृत्रों के संहार करने योग्य संग्राम में तू मनः भद्रम्-मन को शुभ कृणुष्व-कर। अपने मन में वृत्र-वासना के संहार का दृढ़ निश्चय कर ले। ऐसा निश्चय किये बिना वृत्र का जीतना कठिन है। दृढ़ सङ्कल्प कर लेने पर ही वृत्र का संहार सम्भव होगा येन-दृढ़ निश्चय से ही समत्सु-संग्रामों में सासहिः-तू शत्रु का पराभव कर लेनेवाला होगा। दृढ़ निश्चय के बिना साधारण कार्यों में भी सफलता मिलना कठिन होता है, वृत्रतूर्य जैसे महान् कार्य में दृढ़ निश्चय के बिना सफलता कैसे मिल सकती है ?

२. भूरि शर्धताम्-खूब प्रबल आक्रमण करते हुए भी—अपनी शक्ति दिखाते हुए भी इन वृत्रों के स्थिरा-दृढ़ आस्त्रों को तू अवतनुहि-(Loosen, undo) ढीला कर दे। इनकी डोरी को धनुष से उतार दे, और इस प्रकार तू इनके आक्रमणों को व्यर्थ कर दे।

॥ इसपर सोभरी प्रभु से कहता है कि—

अभिष्टये-हे प्रभो ! इन शत्रुओं का विजेता (One who assails or overpowers an enemy) बनने के लिए हम ते-तेरा वनेम-सम्भजन—सेवन करते हैं। 'त्वया स्विद् युजा वयम्'-तेरे साथ मिलकर ही तो हम इन शत्रुओं को जीत पाएँगे, अन्यथा यह कार्य हमारी शक्ति से साध्य नहीं।

भावार्थ—हम दृढ़ निश्चय करें तथा प्रभु के उपासक बनें और वृत्रों-वासनाओं का विनाश कर डालें।

सूक्त-११

ऋषिः—गोतमो राहूगणः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—ठण्गिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

त्याग-त्रयी

१५६१. अग्ने वाजस्य गोमत ईशानः सहसो यहो । अस्मे देहि जातवेदो महि श्रवः ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का व्याख्यान ९९ संख्या पर इस प्रकार है—

१. हे अग्ने-आगे ले-चलनेवाले प्रभो ! अब गोमतः-प्रशस्त इन्द्रियोंवाले वाजस्य-बल को अस्मे-हममें देहि-दीजिए। आप ईशानः-स्वामी हैं।

२. हे यहो-महान् प्रभो ! सहसः-आप हमें सहनशक्ति—सहिष्णुता दीजिए।

३. हे जातवेदः-सर्वज्ञ प्रभो ! अस्मे-हममें आप महि-महनीय श्रवः-उत्तम कर्म प्राप्त कराइए।

भावार्थ—हम भोगों को, असहिष्णुता को तथा निन्द्य कर्मों को छोड़ दें।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—ठण्गिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

तेजस्विता व दिव्य गुण

१५६२. स इधानो वसुष्कविरग्निरीड्यो गिरा । रेवदस्मभ्यं पुर्वणीक दीदिहि ॥ २ ॥

हे प्रभो! जो आप १. इध्मानः-(इन्ध दीप्ति, ताच्छील्य में चानश् प्रत्यय) स्वाभाविक दीप्तिवाले हैं—आपका ज्ञान स्वाभाविक है। २. वसुः-सर्वत्र निवास करनेवाले तथा सभी को निवास देनेवाले हैं। ३. कविः-(कौति सर्वा विद्याः) सब विद्याओं का उपदेश देनेवाले हैं। ४. अग्निः-अग्रेणी—सबको आगे ले-चलनेवाले हैं। ५. गिरा इडेन्यः-वेदवाणी के द्वारा स्तवन के योग्य हैं। सः-वे आप पुर्वणीक-(पुरु, अनीक-तेजस्) अत्यन्त तेजस्वी हैं। अस्मभ्यम्-हमारे लिए रेवत्-(यद् बृहत्तद् रेवतम्—ऐ० ४.१३, रेवत्यः सर्वा देवताः—ऐ० २.१६) विशालता को तथा सब दिव्य गुणों को दीदिहि-दीजिए—प्राप्त कराइए।

प्रभु से सब दिव्य गुणों की प्राप्ति की प्रार्थना के समय प्रभु को 'पुर्वणीक'-'अत्यन्त तेजस्वी' इस शब्द से स्मरण करना एक विशेष महत्त्व रखता है। तेजस्विता के साथ ही दिव्य गुणों का निवास है। इन दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए 'उत्तम दीप्तिवाला बनना, उत्तम निवासवाला होना, क्रान्तदर्शी बनना, आगे चलना तथा वेदवाणी द्वारा प्रभु-स्तवन करना' भी आवश्यक है। वाणी से सदा प्रभु-स्तवन करता हुआ यह प्रशस्तेन्द्रिय बनता है और गोतम-(उत्तम इन्द्रियोंवाला) इस यथार्थ नामवाला होता है।

भावार्थ—हम तेजस्वी बनें, जिससे दिव्य गुणों के पात्र बन सकें।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

असुर-विध्वंस की उपाय-चतुष्टयी

१५६३. क्षपो राजन्नुत त्मनाग्ने वस्तोरुतोषसः। स तिग्मजम्भ रक्षसो दह प्रति॥ ३॥

हे अग्ने-अपने को आगे ले-चलनेवाले, राजन्-अत्यन्त नियमित जीवनवाले (Well regulated) जीव! तू उत-निश्चय से त्मना-अपने मनोबल के द्वारा क्षपः-रात्रियों में वस्तोः उत उषसः-दिन के समय तथा उषःकालों में रक्षसः-राक्षसी वृत्तियों को प्रतिदह-एक-एक करके जला दे।

राक्षसी व आसुरी वृत्तियों को समाप्त करने के लिए तीन बातें आवश्यक हैं १. (अग्ने) मनुष्य आगे बढ़ने का प्रबल निश्चय करे। २. (राजन्) जीवन को सूर्य व चन्द्रमा की भाँति नियमित गति से ले-चले—सब कार्यों को समय पर करे तथा ३. मन को आत्मा के द्वारा जीतकर प्रबल बनाए। आत्मा के द्वारा जीता हुआ मन आत्मा का मित्र होता है और आसुरी वृत्तियों से मुक्ति का साधन बनता है।

आसुरी वृत्तियों को दूर करके प्रशस्तेन्द्रिय बननेवाले इस गोतम से प्रभु कहते हैं कि सः-वह तू तिग्मजम्भ-तीव्र मुखवाला है। तेरे मुख में सदा वेदवाणी होती है, जिसके द्वारा तू तेजस्वी होता है और अपनी प्रबल हुंकार से ही इन शत्रुओं को परे भगा देता है। एवं, कामादि शत्रुओं को दूर भगाने के लिए तेजस्वी मुखवाला होना भी आवश्यक है। तेजस्वी मुख उसी का होता है जिसके मुख में प्रभु का नाम है। यह प्रभु-नाम ही रक्षो-दहन की सर्वोत्तम औषध है।

भावार्थ—१. आगे बढ़ने की वृत्ति, २. नियमित जीवन, ३. मनोबल तथा ४. तीव्र व तेजस्वी मुख हमें असुरों को पराजित करने में सशक्त करे।

सूक्त-१२

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (अनुष्टुप्)॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रणव जप व अर्थभावन

१५६४. विशोविशो वो अतिथिं वाजयन्तः पुरुप्रियम्।
अग्निं वो दुर्यं वचस्तुषे शूषस्य मन्मभिः॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का अर्थ ८७ संख्या पर इस प्रकार दिया है—

वः-तुममें से विशः-प्रत्येक प्रजा को अतिथिम्-निरन्तर प्राप्त होनेवाले पुरुप्रियम्-सबके पालक, पूरक व तृप्त करनेवाले अग्निम्-अग्रस्थान मोक्ष पर पहुँचनेवाले शूषस्य-बल व सुख के दुर्यम्-धाम प्रभु को वः-आपसे वाजयन्तः-शक्ति चाहते हुए या आपकी अर्चना करते हुए लोग मन्मभिः-मनन के साथ वचः स्तुषे-वचन कहते हैं, आपकी स्तुति करते हैं।

भावार्थ-हम प्रभु के नामों का जप करें और उन नामों के अर्थ का मनन करें।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (गायत्री) ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मित्र के समान प्रेरक

१५६५. ये जनासो हविष्मन्तो मित्रं न सर्पिरासुतिम्। प्रशंसन्ति प्रशस्तिभिः ॥ २ ॥

गत मन्त्र में कहा था कि हम प्रभु के लिए मननपूर्वक स्तुतिवचनों का उच्चारण करते हैं। उसी प्रसङ्ग में कहते हैं कि हम इन वचनों का उच्चारण उस प्रभु के लिए करते हैं यम्-जिस प्रभु को जनासः-अपना विकास करनेवाले हविष्मन्तः-(हु दानादनयोः) सदा दानपूर्वक अदन की वृत्तिवाले स्तोता लोग प्रशस्तिभिः-स्तुतिवचनों से प्रशंसन्ति-स्तुत करते हैं। जो प्रभु—

१. मित्रं न-पाप से बचानेवाले (प्रमीतेः त्रायते) सदा स्नेह करनेवाले (मिद् स्नेह) मित्र के समान सर्पिः-(सृप् गतौ) गतिदेनेवाला है। जिस प्रकार एक मित्र 'पापात् निवारयति योजयते हिताय' पाप से निवारण करता है और हित में प्रवृत्त करता है उसी प्रकार ये अन्तःस्थित प्रभु सदा प्रेरणा के द्वारा हमें पापों से दूर कर रहे हैं और हित में प्रवृत्त कर रहे हैं। इस प्रकार वे प्रभु हमारे 'स नो बन्धुः' सच्चे साथी हैं, 'प्रियम् इन्द्रस्य'-जीवात्मा के प्रिय मित्र हैं।

२. इस प्रकार पाप से पृथक् तथा पुण्य में प्रवृत्त करके वे प्रभु आसुतिम्-(आ-Allround) व्यापक ऐश्वर्य (षु-ऐश्वर्य) को प्राप्त करानेवाले हैं। वे प्रभु ही अन्नमयकोष में तेज को, प्राणमयकोश में वीर्य को, मनोमयकोश में ओज व बल को, विज्ञानमयकोश में मन्यु को तथा आनन्दमयकोश में सहस् को प्राप्त कराके एक सच्चे भक्त को, 'आ-सुति' बना डालते हैं—सब कोशों के ऐश्वर्य-भूति से परिपूर्ण कर देते हैं। ऐश्वर्योत्पादक होने से वे प्रभु आसुति हैं। भक्त लोग प्रभु को 'मित्र के समान हित में प्रेरक तथा ऐश्वर्यजनक के रूप में ही स्मरण करते हैं। इस प्रकार प्रभु-प्रेरणा से पवित्र इन्द्रियोंवाले होकर ये भक्त इस मन्त्र के ऋषि 'गोपवन'—इन्द्रियों को पवित्र करनेवाले बन पाते हैं। 'कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्'—इन सप्त इन्द्रियों को पूर्णतया वशीभूत कर लेनेवाले ये 'सप्तवध्रि' हो जाते हैं।

भावार्थ—प्रभु हमारे सच्चे मित्र हैं, हम उनकी प्रेरणा को सुनें और व्यापक ऐश्वर्य को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—गोपवन आत्रेयः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (गायत्री) ॥ स्वरः—षड्जः ॥

योगक्षेमावह हरि

१५६६. पन्यांसं जातवेदसं यो देवतात्युद्यता। हव्यान्यैरयद् दिवि ॥ ३ ॥

पन्यांसम्-स्तुति के योग्य जातवेदसम्-प्रत्येक पदार्थ में विद्यमान अथवा सर्वज्ञ उस प्रभु का हम शंसन करते हैं यः-जो देवताति उद्यता-दिव्य गुणों के विस्तार में सदा उद्यत—दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए सतत प्रयत्नशील दिवि-प्रकाश व ज्ञान से द्योतित पुरुष में हव्यानि-दानपूर्वक अदन

के योग्य व पवित्र पदार्थों को ऐरयत्-प्राप्त कराते हैं।

नित्य अभियुक्त—योगमार्ग पर चलने के लिए सतत प्रयत्नशील पुरुषों को योगक्षेम प्राप्त करानेवाले वे प्रभु हैं। मनुष्य का कर्त्तव्य यह है कि वह दिव्य गुणों की प्राप्ति के लिए सदा प्रयत्नशील रहे—खाना-पीना तो प्रभुकृपा से चलता ही है। इस प्रकाशमय मार्ग पर चलनेवाले व्यक्तियों के लिए 'हव्य' पदार्थों को प्रभु सदा प्राप्त कराते हैं। हव्य का अभिप्राय उन पवित्र पदार्थों से है जिनका अदन (भक्षण) सदा दानपूर्वक होता है। एवं, प्रभु का सच्चा भक्त जीवन-यात्रा में निर्धनता से पीड़ित नहीं होता।

भावार्थ—हम सदा अपने अन्दर दिव्य-गुणों के विस्तार के लिए प्रयत्नशील हों।

सूक्त-१३

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यो वीतहव्यो वा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

गृणे ईमहे (स्तवन तथा धारण)

१५६७. समिद्धमग्निं समिधा गिरा गृणे शुचिं पावकं पुरो अध्वरे ध्रुवम्।
विप्रं होतारं पुरुवारमद्रुहं कविं सुम्नैरीमहे जातवेदसम्॥ १॥

प्रभु का स्तवन अज्ञान में नहीं हो पाता। 'ज्ञान, दर्शन, प्रवेश' यह क्रम है। हम प्रभु का ज्ञान प्राप्त करने के लिए उससे बनाये इस संसार के पदार्थों के तत्त्व को समझने का प्रयत्न करते हैं—इन पदार्थों में प्रभु की रचना की विलक्षण महिमा का हमें आभास मिलता है। इस प्रकार ज्ञानवृद्धि के साथ हम प्रभु के ज्ञानीभक्त बनते चलते हैं। मन्त्र में कहते हैं कि समिधा-ज्ञान की दीप्ति के द्वारा गिरा-वेदवाणियों से गृणे-मैं उस प्रभु का स्तवन करता हूँ, जो—

१. समिद्धम्-ज्ञान की ज्योति से (सम् इद्ध) सम्यक् दीप्त हैं, ज्ञानमय हैं—विशुद्धचित् हैं।

२. अग्निम्-ज्ञानाग्नि में सब मलिनताओं को भस्म कर देनेवाले हैं, अतएव

३. शुचिम्-स्वयं तो पूर्ण पवित्र व उज्ज्वल हैं ही, वे

४. पावकम्-अपने भक्तों के जीवनों को भी पवित्र करनेवाले हैं।

५. अध्वरे पुरः-वे प्रभु यज्ञों में सबसे आगे हैं (पुरोहितं यज्ञस्य)। वे तो यज्ञरूप ही हैं।

६. ध्रुवम्-ध्रुव हैं—मर्यादाओं से डाँवाँडोल होनेवाले नहीं हैं। अपने बनाये हुए सृष्टिनियमों में कोई परिवर्तन करनेवाले नहीं है। केवल कृपा वा क्रोध के कारण कर्मफल में वे परिवर्तन नहीं करते।

हम इस प्रभु को सुम्नैः-स्तोत्रों (Hymn) के द्वारा ईमहे-(ई-to go) प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं तथा इस प्रभु को हम (ई-to desire) चाहते हैं तथा इस प्रभु की भावना से अपने को गर्भित (ई-to become pregnant with) कर लेते हैं। वे प्रभु—

७. विप्रम्-(वि-प्रा) विशेषरूप से सारे ब्रह्माण्ड का पूरण किये हुए हैं। वे प्रभु अपने भक्तों के जीवन की न्यूनताओं को दूर करके उनका पूरण करते हैं।

८. होतारम्-वे प्रभु जीवहित के लिए उसे सब पदार्थों को देनेवाले हैं। प्रभु ने तो जीवहित के लिए अपने को भी दे डाला है (य आत्मदा)।

९. पुरुवारम्-पालन व पूरण के लिए वे प्रभु सब विघ्नों व अमङ्गलों का वारण—निवारण

करनेवाले हैं।

१०. अद्रुहम्-वे प्रभु किसी की जिघांसा-मारने की इच्छा से रहित हैं। समय-समय पर प्रभु से प्राप्त करायी जानेवाली मृत्यु भी जीव को अमरता प्रापण के लिए ही होती है (यस्य मृत्युः अमृतम्)।

११. कविम्-वे प्रभु कवि-क्रान्तदर्शी हैं-प्रत्येक वस्तु के तत्त्व को जाननेवाले हैं और सृष्टि के प्रारम्भ में ही वेदज्ञान द्वारा सब विद्याओं का उपदेश देनेवाले हैं (कौति सर्वा विद्याः)।

१२. जातवेदसम्-वे प्रभु प्रत्येक पदार्थ में विद्यमान हैं (जाते-जाते विद्यते), वे सब पदार्थों व हमारे कर्मों को जानते हैं (जातं-जातं वेत्ति), सम्पूर्ण ऐश्वर्य उन्हीं से प्राप्त होता है (जातं वेदो यस्मात्)।

इस प्रकार इन बारह गुणों से युक्त प्रभु का स्तवन करनेवाला स्तोता इन गुणों को अपने अन्दर धारण करने का प्रयत्न करता है और १. भरद्वाज-अपने में शक्ति को भरनेवाला बनता है २. वीतहव्य-सदा पवित्र पदार्थों का सेवन करनेवाला होता है तथा ३. बार्हस्पत्यः-ज्ञानियों का मूर्धन्य बनता है। यही इस मन्त्र का ऋषि है।

भावार्थ—ज्ञान-प्राप्ति के द्वारा हम प्रभु के सच्चे स्तोता बनें (गृणे)। स्तोत्रों के द्वारा हम अपने हृदयों को प्रभु की भावना से ओत-प्रोत कर लें (ईमहे)।

नोट—यहाँ प्रथम विशेषण 'समिद्धम्' है-ज्ञान से दीप्त, तथा अन्तिम विशेषण है 'जातवेदसम्', सर्वज्ञ। एवं, प्रारम्भ भी ज्ञान से है, समाप्ति भी ज्ञान पर। यह शैली ज्ञान के महत्त्व को सुव्यक्त कर रही है।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यो वीतहव्यो वा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

दधिरे-निषेदिरे (धारण-निषदन)

१५६८. त्वां दूतमग्ने अमृतं युगेयुगे हव्यवाहं दधिरे पायुमीड्यम्।
देवासश्च मर्तासश्च जागृविं विभुं विश्पतिं नमसा नि षेदिरे॥ २॥

हे अग्ने-सम्पूर्ण संसार को आगे ले-चलनेवाले प्रभो! त्वाम्-तुझे देवासः-दिव्य गुणोंवाले व्यक्ति च-और मर्तासः-साधारण मनुष्य भी दधिरे-अपने में धारण करते हैं। दिव्य वृत्तिवाले लोग तो प्रभु का ध्यान करते ही हैं, सामान्य मनुष्य भी कष्ट आने पर उसका स्मरण करते हैं। किस प्रभु का? १. दूतम्-जो अपने भक्तों को कष्ट की अग्नि में तपाकर उज्ज्वल बनानेवाले अथवा (दु-to move) सारी गति के मूलकारण हैं, २. अमृतम्-कभी न मृत होनेवाले हैं तथा अमरता प्राप्त करानेवाले हैं, ३. युगेयुगे-समय-समय पर हव्यवाहम्-सब हव्य पदार्थों के प्राप्त करानेवाले हैं, ४. पायुम्-सबके रक्षक हैं, ५. ईड्यम्-स्तुति के योग्य हैं, ६. जागृविम्-सदा जागरणशील हैं, अर्थात् अपने रक्षण कार्य में कभी प्रमाद न करनेवाले हैं, ७. विभुम्-सर्वव्यापक हैं, ८. विश्पतिम्-सब प्रजाओं के पालक हैं।

ऐसे प्रभु को नमसा-नमन के द्वारा निषेदिरे-देव लोग अपने हृदयासन पर विराजमान करते हैं। 'प्रभु का निवास हमारे हृदयों में हो, इसका सर्वोत्तम साधन 'नमन' ही है। नम्रता हमें प्रभु के समीप पहुँचाती है जबकि अभिमान से हम प्रभु से दूर हो जाते हैं।

भावार्थ—नम्रता के द्वारा हम प्रभु का धारण करनेवाले बनें—यह नम्रता हमारे हृदय को प्रभु का आसन बनाए।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यो वीतहव्यो वा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

(त्रि-वरूथ-कवचत्रयी)

१५६९. विभूषन्नग्न उभया अनु व्रता दूतो देवानां रजसी समीयसे।
यत्ते धीतिं सुमतिमावृणीमहेऽध स्मा नस्त्रिवरूथः शिवो भव॥ ३॥

हे अग्ने-सारे ब्रह्माण्ड को गति देनेवाले प्रभो! उभयान्-दोनों अनुव्रता-अनुकूल व्रतोंवाले—वेदोपदिष्ट कर्मों को करनेवाले देवों व मनुष्यों को विभूषन्-विभूतियुक्त करते हुए तथा देवानां दूतः-देवताओं को कष्टाग्नि में सन्तप्त करके चमकानेवाले आप रजसी-द्युलोक व पृथिवीलोक में समीयसे-सम्यक् गति करते हैं।

सन्मार्ग में चलनेवाले सभी को प्रभु विभूति व ऐश्वर्य प्राप्त कराते हैं। विशेषकर दिव्य वृत्तिवालों को कष्टाग्नि में सन्तप्त कर खूब ही उज्ज्वल बना देते हैं। इस सारे द्युलोक व पृथिवीलोक में उस प्रभु की ही सारी क्रीड़ा हो रही है। वे प्रभु ही सबको दे रहे हैं।

हे प्रभो! यत्-जब ते-आपके धीतिम्-ध्यान को तथा सुमतिम्-कल्याणी मति को आवृणीमहे-हम वरते हैं तो अध-अब आप नः-हमारे लिए त्रिवरूथः-तीन कवचोंवाले शिवः-कल्याणकारी भव स्म-अवश्य होओ। प्रभु के त्रिवरूथ से—तीन कवचों से—सुरक्षित होनेपर हमारे शरीर रोगों से, हमारे मन अशुभ वृत्तियों से तथा हमारी बुद्धियाँ कुण्ठता व कुविचार से आक्रान्त नहीं होते। नीरोग शरीर, शिव सङ्कल्प मन व तीव्र बुद्धिवाले होकर हम अपने सच्चे कल्याण का सम्पादन करते हैं। शरीर में हम भरद्वाज-शक्ति-सम्पन्न बनते हैं, मनों में हम वीतहव्य-पवित्र पदार्थों का ही प्रयोग करने की प्रवृत्तिवाले और मस्तिष्क में बार्हस्पत्य-ऊँचे-से-ऊँचा ज्ञानी होते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु के ध्यान व शुभ मति का वहन करें।

नोट—यहाँ 'उभयान्' शब्द सकाम व निष्काम कर्म करनेवाले मनुष्यों व देवों का वाचक है। सकाम कर्म करनेवाले स्वर्गादि के ऐश्वर्य का उपभोग करते हैं, निष्काम कर्मवाले सांसारिक भोगों से विरत होने से ब्रह्मानन्द का उपभोग करते हैं। इन्हें तीव्र कष्टों की परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है।

सूक्त-१४

ऋषिः—प्रयोगो भार्गवः; पावकोऽग्निर्बार्हस्पत्यो वा, गृहपतिर्यविष्ठो सहसः सुतो तयोर्वान्यतरो वा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मारुति बनना

१५७०. उप त्वा जामयो गिरो देदिशतीर्हविष्कृतः। वायोरनीके अस्थिरन्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का व्याख्यान १३ संख्या पर इस प्रकार है—

हविष्कृतः-दानपूर्वक अदन को अपना स्वभाव बना लेनेवाले पुरुष की त्वा उप-तेरे समीप जामयः-गति करनेवाली देदिशतीः-निरन्तर तेरा निर्देश करती हुई गिरः-वाणियाँ भक्त को वायोः अनीके-वायु के समान शक्ति में अस्थिरन्-स्थिर करती हैं।

भावार्थ—हविष्कृत् भोगों का शिकार नहीं होता, अतः वायु के समान बलवाला होता है।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गवः; पावको ऽग्निर्बार्हस्पत्यो वा, गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरो वा॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हविष्कृत् का जीवन

१५७१. यस्य त्रिधात्ववृतं बर्हिस्तस्थावसन्दिनम्। आपश्चिन्नि दधा पदम्॥ २॥

गत मन्त्र में कहा था कि हविष्कृत को वायु के समान बल की प्राप्ति होती है। उसी हविष्कृत् के लिए कहते हैं कि यह वह है १. यस्य-जिसका त्रिधातु-प्रकृति, जीव व परमात्मा के ज्ञान को धारण करनेवाला मस्तिष्करूप द्युलोक अवृतम्-वासनाओं के मेघों से आवृत्त नहीं होता। इसकी ज्ञानाग्नि को वासना का धुँआ ढक नहीं लेता। कामरूप वृत्र से इसका ज्ञान आवृत्त नहीं हो जाता २. बर्हिः-इसका हृदयान्तरिक्ष असन्दिनम्-(असन्दितम्)-वासनाओं से अबद्ध तस्थौ-रहता है। इसके जीवन में परम प्रभु का स्मरण विषयरस को समाप्त कर देता है। ३. इसके शरीर में आपः-शक्तिरूप में रहनेवाले जल (आपः रेतो भूत्वा०—ऐ०) पदम्-पग को चित्-निश्चय से निदधा-रखते हैं, अर्थात् इसके शरीर में शक्ति सुरक्षित रहती है।

इस प्रकार यह मस्तिष्क में उत्कृष्ट ज्ञान के योगवाला होता है, हृदय में पवित्रता के योग को प्राप्त करता है और शरीर में शक्ति के योगवाला होकर सचमुच 'प्रयोग' प्रकृष्ट योगवाला होता है।

भावार्थ—हमारा जीवन उत्कृष्ट ज्ञान, पवित्रता व शक्ति से युक्त हो।

ऋषिः—प्रयोगो भार्गवः; पावको ऽग्निर्बार्हस्पत्यो वा, गृहपतियविष्ठौ सहसः सुतौ तयोर्वान्यतरो वा॥
देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-पद-प्राप्ति

१५७२. पदं देवस्य मीळुषोऽनाधृष्टाभिरूतिभिः। भद्रा सूर्यइवोपदृक्॥ ३॥

गत मन्त्र के वर्णन के अनुसार अनाधृष्टाभिः-न धर्षणीय, न नष्ट करने योग्य ऊतिभिः-रक्षणों से मन्त्र का ऋषि प्रयोग मीळुषः-सब सुखों का सेचन करनेवाले देवस्य-दिव्य गुणयुक्त प्रभु के पदम्-स्वरूप को सूर्यः इव-सूर्य के समान उपदृक्-समीपता से देखनेवाला होता है।

यदि मनुष्य मस्तिष्क को काम से धर्षणीय नहीं होने देता, हृदय को वासनाओं से बद्ध नहीं होने देता और शरीर को भोगों का शिकार न होने देकर शक्तिमय बनाये रखता है तब वह प्रभु के पद को इस प्रकार देख पाता है जैसे हम सूर्य को स्पष्ट देखते हैं। यह सूर्य के समान प्रभु-दर्शन की स्थिति ही भद्रा-कल्याण व सुख से पूर्ण है। यही 'ब्राह्मीस्थिति' है। इसे प्राप्त कर किसी प्रकार का मोह नहीं रह जाता। इसका जीवन उत्तरोत्तर दिव्यता को प्राप्त कर श्रेष्ठ व श्रेष्ठतर और श्रेष्ठतम बन जाता है। वह प्रभु से की जा रही सुखों की वर्षा का पात्र होता है।

भावार्थ—हम उस सुखवर्षक देव प्रभु के पद को देखनेवाले बनें।

इति पञ्चदशोऽध्यायः, सप्तमप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः॥

अथ षोडशोऽध्यायः

सप्तमप्रपाठकस्य तृतीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

पूर्वपीति के लिए

१५७३. अभि त्वा पूर्वपीतये इन्द्र स्तोमेभिरायवः ।
समीचीनास ऋभवः समस्वरन् रुद्रा गृणन्त पूर्व्यम् ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का अर्थ २५६ संख्या पर इस प्रकार दिया गया है—

हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो ! पूर्व्यम्—औरों में ऐश्वर्य का पूरण करनेवाले पुरुषोत्तम त्वा-आपको स्तोमेभिः-स्तुति-समूहों से अभि-दोनों ओर प्राकृतिक दृश्यों में बाहिर और शरीर की रचना में अन्दर समस्वरन्-स्तुत करते हैं। कौन ?

१. आयवः-गतिशील व्यक्ति, २. समीचीनासः-उत्तम निर्माणात्मक गति के कारण जो लोक में पूजित होते हैं। ३. ऋभवः-जिनका मनोमयकोश सत्य से दीप्त है। ४. रुद्रः-जो ज्ञान के ग्रहण करनेवाले हैं। ये लोग प्रभु का ज्ञान प्राप्त करके उस पूर्व्यम्-पूरण करनेवाले प्रभु का ही गृणन्त-उपदेश करते हैं। ये सब कार्य ये पूर्वपीतिये-अपना पूरण व पालन तथा रक्षा के लिए ही करते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु के सच्चे उपासक व उपदेष्टा बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

सर्वोत्तम स्तुति

१५७४. अस्येदिन्द्रो वावृधे वृष्ण्यं शवो मदे सुतस्य विष्णवि ।
अद्या तमस्य महिमानमायवोऽनु ष्टुवन्ति पूर्वथा ॥ २ ॥

इन्द्रः-सोमपान करनेवाला जीव वृष्ण्यं शवः-सब सुखों के वर्षक बल को—अङ्ग-प्रत्यङ्ग को, शक्तिशाली बनानेवाले बल को, अस्य सुतस्य-इस शरीर में उत्पन्न सोम को, विष्णवि-सारे शरीर में या सारे जीवन में व्याप्त होनेवाले मदे-उल्लास के निमित्त इत्-ही वावृधे-खूब बढ़ाता है।

जब इन्द्रियों का अधिष्ठाता बनकर एक व्यक्ति अपने इन्द्र नाम को चरितार्थ करता है और जीवन के तीनों सवनों में, अर्थात् बाल्य, यौवन व वार्धक्य में सोम का पान करता है, अपनी वीर्यशक्ति की रक्षा करता है तब इसका अङ्ग-प्रत्यङ्ग बड़ा दृढ़ बना रहता है और वह सुखी जीवनवाला होता है। अद्य-आज, अर्थात् सोमपान करनेवाले दिन ही अस्य-इस प्रभु की तं महिमानम्-उस प्रसिद्ध महिमा को, वीर्यादि अद्भुत वस्तुओं के निर्माण के माहात्म्य को, आयवः-क्रियाशील मनुष्य पूर्वथा अनु स्तुवन्ति-सर्वोत्तम प्रकार से (In a first class manner) स्तुति करते हैं। प्रभु की

महिमा के गायन का इससे उत्तम और क्या प्रकार हो सकता है कि हम उस प्रभु से दी गई सर्वोत्तम वस्तु को शरीर में सुरक्षित करके जीवन के अन्त तक सुदृढ़ शरीरवाले बने रहें। यही पूर्वथा-सर्वोत्तम प्रकार की स्तुति है।

भावार्थ—हम उस प्रभु के सर्वोत्तम स्तोता बनें।

सूक्त-२

ऋषिः—विश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

१५७५. प्र वामर्चन्त्युक्थिनो नीथाविदो जरितारः। इन्द्राग्नी इष आ वृणे ॥ १ ॥

इस मन्त्र की व्याख्या १७०३ संख्या पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—विश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

१५७६. इन्द्राग्नी नवतिं पुरो दासपत्नीरधूनुतम्। साकमेकेन कर्मणा ॥ २ ॥

इस मन्त्र का व्याख्यान १७०४ संख्या पर देखें।

ऋषिः—विश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

१५७७. इन्द्राग्नी अपसस्पर्युप प्र यन्ति धीतयः। ऋतस्य पथ्या३ अनु ॥ ३ ॥

इस मन्त्र की व्याख्या के लिए मन्त्र संख्या १६९४ देखें।

ऋषिः—विश्वामित्रः ॥ देवता—इन्द्राग्नी ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

१५७८. इन्द्राग्नी तविषाणि वां सधस्थानि प्रयांसि च। युवोरप्तूर्यं हितम् ॥ ४ ॥

इस मन्त्र का अर्थ १६९५ संख्या पर द्रष्टव्य है।

सूक्त-३

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

१५७९. शग्ध्यू३ षु शचीपत इन्द्र विश्वाभिरूतिभिः।
भगं न हि त्वा यशसं वसुविदमनु शूर चरामसि ॥ १ ॥

हे प्रभो! शग्धि-आप शक्तिशाली हैं। सु शचीपते-उत्तम शक्तियों के स्वामिन्! इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! आप विश्वाभिः ऊतिभिः-सब रक्षणों से युक्त हो। हम न हि भगम्-धन के पीछे नहीं, अपितु शूर-हे सब शत्रुओं के शीर्ण करनेवाले प्रभो! यशसम्-सब यशों से युक्त वसुविदम्-निवास के लिए आवश्यक धनों को प्राप्त करानेवाले त्वा-आपका अनुचरामसि-अनुगमन करते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु के अनुयायी बनें।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

हिरण्यय उत्स

१५८०. यौरो अश्वस्य पुरुकृद्भवामस्युत्सो देव हिरण्ययः।
न किर्हि दानं परिमर्धिषत् त्वे यद्यद्यामि तदा भर ॥ २ ॥

प्रभु का अनुयायी बनकर मनुष्य तेजस्वी बनता है—तेजस्वी क्या वह 'भर्गः'=तेज ही बन जाता है। यह प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे प्रभो! आप मेरी अश्वस्य=कर्मेन्द्रियों का पौरः=पूरण करनेवाले हो तथा गवाम् पुरुकृत् असि=ज्ञानेन्द्रियों की भी पूर्णता करनेवाले हो। 'घोड़ों और गौवों को देनेवाले हो' यह अर्थ भी सङ्गत ही है। घोड़े शक्ति के प्रतीक हैं और गौवें ज्ञान की। प्रभु मेरी कर्मेन्द्रियों को सशक्त बनाते हैं और ज्ञानेन्द्रियों को ज्ञान से भरपूर। हे देव=ज्ञान से दीप्त प्रभो! आप तो हिरण्ययः उत्सः=ज्ञानमय स्रोत हो। ज्ञान के उस स्रोतरूप प्रभु से निरन्तर ज्योति का प्रवाह चलता है और मेरे जीवन को द्योतित करता है।

हे प्रभो! त्वे दानम्=आपके इस ज्योतिर्दान को हि=निश्चय से न किः परिमर्धिषत्=कोई भी नष्ट नहीं कर सकता। प्रभु से दी गयी ज्योति को मुझसे कौन छीन सकता है?

हे प्रभो! यत् यत् यामि=मैं, आपका सच्चा भक्त बनकर, जो कुछ माँगता हूँ तत् आभार=उसे आप मुझे प्राप्त कराइए।

भावार्थ—प्रभु ज्योति के स्रोत हैं, उस स्रोत में स्नान कर मैं अधिक-से-अधिक निर्मल व तेजस्वी बनूँ।

सूक्त-४

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

धन के उत्तम विनियोग

१५८१. त्वं ह्योहि चेरवे विदा भगं वसुत्तये।
उद्वावृषस्व मघवन् गविष्टय उदिन्नाश्वमिष्टये॥ १॥

२४० संख्या पर मन्त्रार्थ इस रूप में दिया गया है—

हे इन्द्र=परमैश्वर्यशाली प्रभो! त्वम्=आप हि=निश्चय से चेरवे=निरन्तर क्रियाशील मेरे लिए एहि=आइए और वसुत्तये=धन के दान के लिए (वसुदाति) मुझे भगं विदाः=ऐश्वर्य प्राप्त कराइए। हे मघवन्=निष्पाप ऐश्वर्यवाले प्रभो! उत् वावृषस्व=इस धन की आप मुझपर खूब ही वर्षा कीजिए, जिससे गविष्टये=मेरी ज्ञानेन्द्रियों का यज्ञ ठीक चले। हे इन्द्र=ऐश्वर्यशालिन् प्रभो! उत् (वावृषस्व)=निश्चय से धन बरसाइए ही, जिससे अश्वमिष्टये=कर्मेन्द्रियों का यज्ञ ठीक चले।

भावार्थ—प्रभु से प्राप्त धन को मैं दान, ज्ञान-यज्ञ व कर्मयज्ञ में विनियुक्त करूँ।

ऋषिः—भर्गः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

पुरन्दर का गान

१५८२. त्वं पुरू सहस्राणि शतानि च यूथा दानाय मंहसे।
आ पुरन्दर चकृम विप्रवचस इन्द्र गायन्तोऽवसे॥ २॥

हे प्रभो त्वम्=आप पुरू सहस्राणि=बहुत, हज़ारों व शतानि च=सैकड़ों यूथा=गौवों व अश्वों के समूहों को दानाय=दान के लिए मंहसे=देते हैं। हम विप्रवचसः=विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले वचनोंवाले बनकर गायन्तः=गायन करते हुए अवसे=अपनी रक्षा के लिए पुरन्दरम्=असुरों की तीनों पुरियों का विदारण करके इन्द्रियों, मन व बुद्धि को शुद्ध करनेवाले इन्द्रम्=परमैश्वर्यशाली

प्रभु को आ-अपने सब ओर चकृम-करते हैं, प्रभु से सर्वतः व्याप्त होकर हम असुरों से आक्रान्त हो ही कैसे सकते हैं ?

यह मन्त्र भर्ग ऋषि के लिए निम्न बोध दे रहा है—

१. हम प्रभु से प्राप्त गौवों व अश्वों का दान करनेवाले हों।

२. हमारे वचन सदा उत्तम प्रेरणा देते हुए हमारा पूरण करनेवाले हों।

३. हम सदा प्रभु के गायन द्वारा अपनी रक्षा करें।

४. वे प्रभु पुरन्दर हैं। कामादि आसुर वृत्तियाँ इन्द्रियों, मन व बुद्धि में अपना अधिष्ठान बना लेती हैं और इस प्रकार वे तीन आसुर पुरियाँ बन जाती हैं। हम प्रभु की स्तुति करते हैं तो ये तीनों आसुर पुरियाँ नष्ट हो जाती हैं और हमारी इन्द्रियाँ, मन व बुद्धि फिर से पवित्र हो जाते हैं।

५. हम सदा अपने चारों ओर प्रभु को अनुभव करें। उस अमृत से व्याप्त होकर हम मृत्यु का शिकार न होंगे।

भावार्थ—प्रभु-तेज से तेजस्वी बनकर हम सचमुच प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि भर्ग बनें।

सूक्त-५

ऋषिः—सोभरिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

प्रथम कर्त्तव्य (प्रभु-प्रार्थना)

१५८३. यो विश्वा दयते वसु होता मन्द्रो जनानाम्।
मधोर्न पात्रा प्रथमान्यस्मै प्र स्तोमा यन्त्वग्नये ॥ १ ॥

४४ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ निम्न प्रकार से हैं—

यः-जो होता-दाता विश्वा वसु-निवास के साधनभूत सब पदार्थों को दयते-देता है, और इस प्रकार जनानाम्-मनुष्यों को मन्द्रः-आह्लादित करनेवाला है, अस्मै-इस अग्नये-अग्नि के लिए प्रथमानि-सबसे पहले अतिथि को प्राप्त कराये जाते हुए मधोः पात्रा न-मधु के पात्रों की भाँति स्तोमाः-स्तुतिसमूह प्रयन्ति-प्रकर्षेण प्राप्त होते हैं।

भावार्थ—हमारे दैनन्दिन जीवन में हमारा प्रथम कर्त्तव्य यही है कि हम प्रभु-स्तवन करें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

आत्म-शोधन

१५८४. अश्वं न गीर्भी रथ्यं सुदानवो मर्मृज्यन्ते देवयवः।
उभे तोके तनये दस्म विश्पते पर्षि राधो मघोनाम् ॥ २ ॥

सुदानवः-उत्तम दान देनेवाले तथा देवयवः-दिव्य गुणों को अपने साथ जोड़ने की कामनावाले गीर्भिः-वेदवाणियों के द्वारा रथ्यं अश्वं न-रथ को खींचने में साधु अश्व के समान अपने को मर्मृज्यन्ते-खूब ही शुद्ध करते हैं।

आत्म-शुद्धि के लिए 'दान' और 'दिव्य गुणों की कामना' ये दोनों ही बातें आवश्यक हैं। तीसरी बात आत्मशोधन वेदवाणियों के द्वारा होता है, अर्थात् आत्मशोधन के लिए स्वाध्याय भी

उतना ही आवश्यक है। इन तीन बातों के अतिरिक्त आत्मशुद्धि के लिए यह विचार भी सहायक होता है कि मुझे रथ में जुते हुए घोड़े के समान अपने को समझना है—अपनी इस जीवन-यात्रा को मुझे अवश्य पूरा करना है। ऐसा निश्चय होने पर मनुष्य विलासों में नहीं फँसता।

हे दस्म=सब दुःखों के विनाशक व दर्शनीय प्रभो! विश्पते=सब प्रजाओं के पालन करनेवाले प्रभो! हमें तोके तनये=पुत्र व पौत्र उभे=दोनों के निमित्त मघोनाम्=पापशून्य ऐश्वर्यवालों का राधः=जीवन-यात्रा साधक धन (राध्=सिद्धि) पर्षि=दीजिए।

मनुष्य कई बार आर्थिक संघर्ष के कारण भी अध्यात्म मार्ग पर नहीं चल पाता। अपनी आवश्यकताएँ पूर्ण भी हो जाती हैं तो पुत्र-पौत्रों के लिए धन जुटाने की कामना होती है, अतः मन्त्र में प्रार्थना है कि निर्धनता भी हमारे आत्मशोधन के मार्ग में रुकावट न हो। हमें परिवार-पोषण के लिए आवश्यक धन तो मिल ही जाए। इस ओर से निश्चिन्त होकर हम 'दान, दिव्य गुणों की कामना, स्वाध्याय तथा अपने को यात्री समझने की भावना के पोषण' से अपने जीवन को अधिकाधिक शुद्ध करने में लगे रहें।

भावार्थ—आत्मशोधन करते हुए हम सचमुच 'सोभरि'=(सु+भर=One who plays his part well) बनें।

सूक्त-६

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—वरुणः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वरुण का आवाहन

१५८५. इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृडय। त्वामवस्युरा चके॥ १॥

हे वरुण=मेरे जीवन को श्रेष्ठ बनानेवाले प्रभो! मे इमं हवम् श्रुधि=मेरी इस पुकार व प्रार्थना को आप सुनिए। अद्य च=और आज ही मृडय=मेरे जीवन को सुखी कीजिए। अवस्युः=आत्मरक्षण चाहता हुआ मैं त्वाम् आचके=आपकी स्तुति करता हूँ (कै शब्दे)।

उल्लिखित अर्थ में यह बात सुव्यक्त है कि यदि हम अपने जीवन को सुखी बनाना चाहते हैं तो प्रभु का सदा आवाहन करें। प्रभु की प्रार्थना हमारे जीवन-पथ को सुन्दर बनाकर हमें अवश्य सुखी करेगी।

जब हम प्रभु का गायन करते हैं तब आसुरी वृत्तियाँ हमारे समीप फटकने नहीं पातीं। फलस्वरूप हमारा जीवन अपवित्र न होकर पवित्र, पवित्रतर व पवित्रतम होता जाता है और उसी अनुपात में वह सुखी भी होता जाता है। इस प्रकार सुख का निर्माण करनेवाले हम 'शुनःशेप' होते हैं (शुन=सुख, शेप=निर्माण)।

भावार्थ—प्रभु वरुण हैं, सब बुराइयों का वारण करनेवाले हैं। उन्हीं की स्तुति हमारे अशुभ का निवारण कर हमें सुखी बनाएगी।

सूक्त-७

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अचिन्त्य-रक्षण

१५८६. कया त्वं न ऊत्याभि प्र मन्दसे वृषन्। कया स्तोतृभ्य आ भर॥ १॥

वृषन्-हे सब सुखों की वर्षा करनेवाले प्रभो! त्वम्-आप नः-हमें कया ऊत्या-अनिर्वचनीय (Indescribable) या अत्यन्त आनन्दमय रक्षण के द्वारा अभिप्रमन्दसे-इहलोक व परलोक में आनन्दित करते हो। प्रभु की रक्षा से सुरक्षित होकर हम ऐहलौकिक व पारलौकिक हितसाधन कर पाते हैं। हे प्रभो! कया-अपने उसी आनन्दप्रद रक्षण से स्तोतृभ्यः-अपने स्तोताओं के लिए आभर-जीवन-यात्रा के लिए आवश्यक धन का भरण करो। आप अपने भक्तों के योगक्षेम को चलाते ही हो। हम भक्तों को भी आप उदर-भरण के लिए व्यग्र न कीजिए। इस चिन्ता से मुक्त रहकर हम सदा आपके निर्देशों के अनुसार अपने जीवन को चलाने के प्रयत्न में लगे रहें। आपकी शरण ही सर्वोत्तम शरण है उसमें रहते हुए हम इस मन्त्र के ऋषि 'सुकक्ष' बनें।

भावार्थ—हम सदा प्रभु के रक्षण में विश्वास रखनेवाले आस्तिक पुरुष बनें।

सूक्त-८

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

चतुर्विध पुरुषार्थ

१५८७. इन्द्रमिद्देवतातय इन्द्रं प्रयत्यध्वरे।
इन्द्रं समीके वनिनो हवामह इन्द्रं धनस्य सातये॥ १॥

देवतातये-देवत्व की वृद्धि के लिए हम इन्द्रम्-ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले प्रभु को इत्-ही हवामहे-पुकारते हैं। मानसक्षेत्र में प्रयति-चल रहे अध्वरे-हिंसाशून्य यज्ञिय भावना के निमित्त इन्द्रम्-आसुर भावनाओं का द्रावण करनेवाले प्रभु को पुकारते हैं। समीके-रोगों व वीर्यशक्ति में चलनेवाले संग्राम में वनिनः-विजय चाहनेवाले हम इन्द्रम्-शक्ति के पुञ्ज प्रभु को पुकारते हैं और अन्त में धनस्य सातये-धन की सम्प्राप्ति के लिए भी इन्द्रम्-उस परमैश्वर्यवाले प्रभु को ही पुकारते हैं।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हम देवत्व, यज्ञिय भावना, नीरोगता व धन प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शब्द से निर्माण

१५८८. इन्द्रो महा रोदसी पप्रथच्छव इन्द्रः सूर्यमरोचयत्।
इन्द्रे ह विश्वा भुवनानि येमिर इन्द्रे स्वानास इन्दवः॥ २॥

१. इन्द्रः-वे परमैश्वर्यशाली इन्द्र महाम्-अपनी महिमा से रोदसी-द्युलोक व पृथिवीलोक में शवः पप्रथत्-अपने बल का विस्तार करते हैं। ब्रह्माण्ड के कण-कण में उस प्रभु की शक्ति कार्य करती हुई दृष्टिगोचर होती है।

२. इन्द्रः-वह प्रभु ही तो सूर्यम्-सूर्य को अरोचयत्-प्रकाशवाला कर रहा है। 'न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रदारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतो यमग्निः। तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति'—उस प्रभु को सूर्य, चन्द्र, तारे व विद्युत् प्रकाशित नहीं करते। इस अग्नि ने तो प्रकाशित करना ही क्या? उसी की दीप्ति से ये सब दीप्त हो रहे हैं, वही इन सबको दीप्त कर रहा है।

३. ह-निश्चय से इन्द्रे-उस महान् नियामक, शासक प्रभु में ही विश्वा भुवनानि-सब लोक-

लोकान्तर येमिरे=नियमित हुए हैं। उसी की व्यवस्था में ये सब लोक चल रहे हैं।

४. इन्द्रे=उस शक्तिशाली प्रभु में इन्दवः=बड़े शक्तिशाली स्वानासः=शब्द हैं। इन शब्दों से ही उस प्रभु ने पृथक्-पृथक् संस्थाओं (सूर्य आदि आकृतियों) का निर्माण किया है।

भावार्थ—मेधातिथि=समझदार व्यक्ति वही है जो कण-कण में प्रभु की शक्ति का अनुभव करता है।

सूक्त-९

ऋषिः—विश्वकर्मा भौवनः॥ देवता—विश्वकर्मा॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

विश्वकर्मा भौवन

१५८९. विश्वकर्मन् हविषा वावृधानः स्वयं यजस्व तन्वं३ स्वाहितं।
मुह्यन्त्वन्ये अभितो जनास इहास्माकं मघवा सूरिरस्तु॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'विश्वकर्मा भौवन' है—भुवन के हित के लिए व्यापक कर्मों में लगा हुआ। इस विश्वकर्मा से प्रभु कहते हैं—

१. हे विश्वकर्मन्=सदा कर्मों में प्रविष्ट तथा व्यापक कर्मोंवाले जीव! तू हविषा=दानपूर्वक अदन से, त्यागपूर्वक उपभोग से, यज्ञशेष खाने से वावृधानः=सदा वृद्धि को प्राप्त करता हुआ तन्वाम्=इस शरीर में—इस मनुष्ययोनि में स्वयम्=आत्मा को—अपने आपको यजस्व=प्राणिहित में अर्पित कर दे। हि=निश्चय से ते स्वा=यही शरीर तेरा अपना है, अन्य पशु-पक्षियों के शरीर तो भोगयोनिमात्र हैं। वे कर्मयोनि न होने से स्वातन्त्र्यवाले नहीं हैं। इस मानवशरीर में ही तू स्वतन्त्रतापूर्वक कर्म कर सकता है।

अभितः=तेरे आगे-पीछे अन्ये जनासः=सामान्य लोग मुह्यन्तु=बेशक नासमझ बनें। वे यज्ञमय जीवन के महत्त्व को न समझकर चाहे स्वार्थ में फँसे रह जाएँ, परन्तु इह=इस मानवजीवन में अस्माकम्=हमारा यह विश्वकर्मा तो मघवा=यज्ञमय जीवनवाला (मखवान् ह वै तं मघवान् इत्याचक्षते परोक्षम्—श० १४.१.१.१३) तथा सूरिः=विद्वान्, समझदार अस्तु=हो। यह स्वार्थ में ही रमे रहने की ग़लती न करे।

भावार्थ=समझदार पुरुष सदा परार्थ में ही स्वार्थ को देखता है और इसलिए इस मनुष्य-जन्म को पाकर अपने को यज्ञ के लिए अर्पित कर देता है। उसके चारों ओर स्वार्थ का साम्राज्य होता है परन्तु यह मूढ़ न बनकर यज्ञशील ही बना रहता है।

सूक्त-१०

ऋषिः—अनानतः पारुच्छेपिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अत्यष्टिः॥ स्वरः—गान्धारः॥

१५९०. अया रुचा हरिण्या पुनानो विश्वा द्वेषांसि तरति सयुग्वभिः सूरो न सयुग्वभिः।
धारा पृष्ठस्य रोचते पुनानो अरुषो हरिः। विश्वा यद्रूपा परियास्यृक्वभिः
सप्तास्येभिर्ऋक्वभिः॥ १॥

यह मन्त्र ४६३ संख्या पर व्याख्यात हो चुका है।

ऋषिः—अनानतः पारुच्छेपिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अत्यष्टिः ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

अनानत पारुच्छेपिः

१५९१. प्राचीमनु प्रदिशं याति चेकितत्सं रश्मिभिर्यतते दर्शतो रथो दैव्यो दर्शतो रथः।
अग्मन्नुक्थानि पौंस्येन्द्रं जैत्राय हर्षयन्। वज्रश्च यद्भवथो अनपच्युता
समत्स्वनपच्युता॥ २॥

मन्त्र का ऋषि 'अनानत'—शत्रुओं से न दबनेवाला, 'पारुच्छेपि'—अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्तिवाला है। १. यह चेकितत्-उत्तम ज्ञानवाला—सदा चेतना में रहनेवाला होता हुआ—अपने स्वरूप को न भूलता हुआ प्राचीं प्रदिशम्-प्रकृष्ट पूर्व दिशा के अनुयाति-पीछे चलनेवाला होता है। प्राची दिशा (प्र अञ्च्-अग्रगति) आगे बढ़ने की दिशा है। इसमें उदय होकर सूर्य आदि ज्योतिष्पिण्ड आगे और आगे बढ़ते चलते हैं। यह भी अपने स्वरूप का स्मरण रखता हुआ निरन्तर आगे बढ़ने का ध्यान करता है।

२. इस अनानत—विघ्नों से न दबनेवाले का दर्शतः रथः-रमणीय शरीररूप रथ रश्मिभिः-ज्ञान-किरणों के साथ, अर्थात् प्रकाशयुक्त हुआ संयतते-सम्यक्तया अग्रगति के लिए यत्नशील होता है।

३. इसका यह दर्शतः रथः-दर्शनीय स्वस्थ शरीर दैव्यः-उस देव प्रभु को प्राप्त करानेवाला होता है। अनानत अपने शरीर को स्वास्थ्य के द्वारा सदा सुन्दर बनाता है, उसे ज्ञान की रश्मियों से प्रकाशित करता है और आगे बढ़ता हुआ प्रभु तक पहुँचने के लिए यत्नशील होता है।

४. इस अनानत को पौंस्या-शक्तिशाली उक्थानि-स्तोत्र अग्मन्-प्राप्त होते हैं, अर्थात् यह सबल बनता है और प्रभु का स्तवन करता है।

५. इस इन्द्रम्-शक्ति से शत्रुओं का द्रावण करनेवाले अनानत इन्द्र को जैत्राय-विजय के लिए हर्षयन्-वे प्रभु उत्साहित करते हैं। जिस प्रकार उत्तम कार्य में लगे सन्तान को माता-पिता उत्साहित करते हैं, उसी प्रकार इस अनानत को प्रभु से उत्साह मिलता है।

६. बस अब तो यत्-जबकि इस अनानत को प्रभु का साहाय्य भी प्राप्त हो गया, वज्रः च भवतः-ये वज्र-तुल्य हो जाते हैं। अब तो अनपच्युता-ये किसी भी प्रकार शत्रुओं से नष्ट नहीं किये जा सकते। समत्सु-काम-क्रोधादि के साथ संग्रामों में अनपच्युता-ये नष्ट नहीं किये जा सकते। ये शत्रुओं के लिए अजय्य हो जाते हैं।

भावार्थ—हम भी अपना जीवन 'अनानत पारुच्छेपि' के जीवन-जैसा ही बनाएँ।

ऋषिः—अनानतः पारुच्छेपिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—अत्यष्टिः ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

अनानत की जीवनचर्या

१५९२. त्वं ह त्यत्पणीनां विदो वसु सं मातृभिर्मर्जयसि स्व आ दम ऋतस्य
धीतिभिर्दमे। परावतो न साम तद्वात्रा रणन्ति धीतयः।
त्रिधातुभिरुषीभिर्वयो दधे रोचमानो वयो दधे॥ ३॥

सन्मार्ग से धन—१. हे अनानत! त्वं ह-तू निश्चय से त्यत्-उस पणीनाम्-स्तुत्य व्यवहार-

वालों के वसु-धन को विदः-प्राप्त करता है, अर्थात् अनानत उत्तम मार्ग से ही धन कमाता है।

गौओं से पवित्रता—२. मातृभिः-गौओं के द्वारा स्वे दमे-अपने घर में सम् आ मर्जयसि-सब ओर सम्यक् शुद्धि करता है। घर की पवित्रता यदि गोमय के लेपनादि से होती है तो गोदुग्ध के सेवन से शरीर की नीरोगता, मन की निर्मलता व बुद्धि की तीव्रता का सम्पादन होता है।

सत्य—३. घर में पवित्रता का सम्पादन ऋतस्य-सत्य के धीतिभिः-धारण से भी होता है। जहाँ सत्य व्यवहार हो वहाँ पवित्रता बनी रहती है। 'ऋत' का अभिप्राय नियम-परायणता भी है। 'समय पर सब कार्य किये जाएँ' इससे भी शरीर पवित्र बना रहता है।

सामोच्चारण—४. दमे-घर में परावतो न साम-साम कभी दूर नहीं होता, अनानत के घर में सदा सामों का उच्चारण होता है। इस घर से तत्-वह साम न परावतः-दूर नहीं होता यत्र-जिस साम में धीतयः-ध्यान करनेवाले उपासक आरणन्ति-प्रभु के गुणों का उच्चारण करते हैं।

५. यह अनानत अरुषीभिः-न हिंसित करनेवाली त्रिधातृभिः-वात, पित्त व कफ—इन तीन धातुओं से वयः-आयु को दधे- धारण करता है। रोचमानः-बड़ा चमकता हुआ—तेज से दीप्त होता हुआ वयः दधे-आयुष्य को धारण करता है।

भावार्थ—हमारे घरों में निम्न पाँच बातें अवश्य हों—१. उत्तम व्यवहार से कमाया हुआ धन, २. गौओं का निवास—गोदुग्ध सेवन, ३. सत्य व नियमित व्यवहार, ४. साममन्त्रों द्वारा प्रभु स्तवन तथा ५. धातुसाम्य द्वारा स्वस्थ, दीप्त जीवन।

सूक्त-११

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—पूषा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गौवें, अश्व व वाज

१५९३. उत नो गोषणिं धियमश्वसां वाजसामुत। नृवत्कृणुह्यूतये॥ १॥

हे प्रभो! नृवत्-एक नेता (ना-leader), सञ्चालक की भाँति नः-हमारी धियम्-बुद्धि व कर्मों को गोषणिम्-ज्ञान का सम्भजन—सेवन करनेवाला उत-और अश्वसाम्-कर्मों का सेवन करनेवाला उत-और वाजसाम्-शक्ति प्राप्त करनेवाला कृणुहि-कीजिए, जिससे ऊतये-हमारी रक्षा हो। आसुरी वृत्तियों के आक्रमण से अपनी रक्षा के लिए आवश्यक है कि हम सदा ज्ञान, कर्म व शक्ति प्राप्त करने का विचार करें। इसके विचार व आचार (प्रज्ञान व कर्म) इन्हीं तीन की प्राप्ति के अनुकूल हों। हम सदा इन्हें ही अपना लक्ष्य बनाये रक्खें।

इन्हीं की प्राप्ति के लिए हम घरों में गौवों (ज्ञान के लिए) घोड़ों (कर्म के लिए) तथा अन्नों—वाजों (शक्ति के लिए) को प्राप्त करनेवाले बनें। हे प्रभो! नेता तो आप ही हैं—आप ही को मुझे इस मार्ग पर ले-चलना है। आपकी कृपा से ही मेरे विचार व आचार इन्हीं की प्राप्ति में लगे रहेंगे और मैं सब प्रकार की वासनाओं से बच जाऊँगा।

भावार्थ—वाजों को अपने अन्दर भरनेवाले हम इस मन्त्र के ऋषि भरद्वाज बनें।

सूक्त-१२

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

धर्माविरुद्ध काम

१५९४. शशमानस्य वा नरः स्वेदस्य सत्यशवसः। विदा कामस्य वेनतः॥ १॥

अपनी इन्द्रियों को उत्तम बनानेवाले मनुष्य 'गो-तम'-प्रशस्तेन्द्रिय कहलाते हैं। ये ही अपने जीवन में आगे बढ़ने के कारण 'नरः' हैं (नृ नये)। इन नर व्यक्तियों से प्रभु कहते हैं—

नरः-हे मनुष्यो! कामस्य विद-तुम काम—इच्छा को प्राप्त करो, परन्तु किस पुरुष की इच्छा को? १. शशमानस्य-प्लुत गतिवाले मनुष्य की इच्छा को। उस मनुष्य की कामना को जो पुरुषार्थ में किसी प्रकार की कमी नहीं करता। २. स्वेदस्य-जो परिश्रम करके पसीने से तर-बतर हो जाता है—'न ऋते श्रान्तस्य सख्याय देवाः'-देवता इस परिश्रम से चूर-चूर हुए-हुए पुरुष की ही मित्रता के लिए होते हैं। ३. सत्यशवसः-सत्य के बलवाले की। तुम कभी भी उस पुरुष की कामना को प्राप्त मत करो जो असत्य से कमाने का प्रयत्न करता है। ४. वा-तथा वेनतः-मेधावी तथा यज्ञशील की। मूर्ख मनुष्य की कामना तो अनुपादेय है ही, परन्तु साथ ही स्वार्थ में रत पुरुष की कामना भी हमारी न हो।

कामना तभी ठीक है यदि यह निम्न बातों से समवेत हो—

१. क्रियाशीलता, २. श्रम, ३. सत्य तथा ४. बुद्धिमत्ता और लोकहित की भावना। इन बातों से युक्त 'काम' धर्माविरुद्ध है—यह हममें प्रभु का रूप है। यही काम पवित्र है। यही हमें सदा लोकहित के व्यापक कर्मों में प्रवृत्त रखता है और हमारी इन्द्रियाँ पवित्र बनी रहती हैं।

भावार्थ—हममें काम हो, परन्तु वह धर्माविरुद्ध हो। उसके साथ पुरुषार्थ, श्रम, सत्य, बुद्धिमत्ता तथा यज्ञिय भावना जुड़ी हुई हों।

सूक्त-१३

ऋषिः—ऋजिश्वाः॥ देवता—विश्वदेवाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'अमृत वाणी' के उपदेष्टा

१२ ११ १ ११ १ २ १११ १ २ १ १ २
१५९५. उप नः सूनवो गिरः शृण्वन्त्वमृतस्य ये। सुमृडीका भवन्तु नः॥ १॥

ये-जो अमृतस्य गिरः-अमृतवाणी के सूनवः-प्रेरक हैं वे नः-हमारी प्रार्थनाओं को उपशृण्वन्तु-समीपता से सुनें और इस प्रकार नः-हमारे लिए सुमृडीकाः-उत्तम सुख देनेवाले भवन्तु-हों।

प्रभु की वेदवाणी अमृत-वाणी है, 'न ममार न जीर्यति'-यह न कभी मरती है, न जीर्ण होती है। सृष्टि के प्रारम्भ में अग्नि, वायु, आदित्य व अङ्गिरा के हृदयों में प्रकाशित की जाती है और उनके द्वारा सर्वत्र इसका प्रचार होता है। प्रलय के प्रारम्भ में उसी प्रभुरूप कोश में यह फिर निहित हो जाती है। यह अजरामर वाणी जीव के हित के लिए सदा उपदिष्ट होती है।

हमारी यह कामना है कि इस वेदवाणी के उपदेष्टा लोग ध्यान से हमारी प्रार्थना को सुनें। हमारी प्रार्थना को सुनकर ये हमें उस वेदवाणी का श्रवण कराएँ तथा हमारा कल्याण सिद्ध करनेवाले हों।

ये वेदोपदेष्टा उस सरल मार्ग का हमें उपदेश दें जो हमें ब्रह्म की ओर ले-जाता है 'आर्जव ब्रह्मणः पदम्'-सरलता ही तो प्रभु का मार्ग है। इस सरल मार्ग पर चलकर हम प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'ऋजिश्वा' बनें जो ऋजुता-सरल मार्ग से श्वयति-चलता है।

भावार्थ—अमृतवाणी के उपदेष्टाओं से सरल मार्ग का ज्ञान प्राप्त करके हम प्रभु की ओर चलें और अपने कल्याण को सिद्ध करें।

सूक्त-१४

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—द्यावापृथिव्यौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्युलोक और पृथिवीलोक

१५९६. प्र वां महि द्यवी अभ्युपस्तुतिं भरामहे। शुची उप प्रशस्तये॥ १॥

हे महि द्यवी-पृथिवीलोक और द्युलोक! वाम्-आप दोनों की अभ्युपस्तुतिम्-स्तुति का प्र भरामहे-खूब सम्पादन करते हैं। शुची-आप दोनों पवित्र व दीप्त हो। उप प्रशस्तये-आपकी समीपता से अपने जीवन को प्रशस्त बनाने के लिए हम ऐसा करते हैं।

द्युलोक व पृथिवीलोक की स्तुति का स्वरूप यही होता है कि "द्यौः उग्रा, पृथिवी च दृढा"-द्युलोक उग्र—तेजस्वी है तथा पृथिवीलोक बड़ा दृढ़ है। अध्यात्म में मस्तिष्क ही द्युलोक के समान ब्रह्म-विद्यारूप सूर्य से जगमगाता हो तथा विज्ञान के नक्षत्रों से वह चमकनेवाला हो, इसी प्रकार हमारा शरीर पृथिवी के समान दृढ़ हो। पृथिवी जैसे वर्षाकणों व ओलों के प्रहारों को सहती है और नाममात्र भी विकृत नहीं होती, उसी प्रकार हमारा यह शरीर सर्दी-गर्मी, वायु वा वर्षा को सहने-वाला हो। यह पृथिवी के समान ही (प्रथ विस्तारे) विस्तृत हो। 'मस्तिष्क दीप्त, शरीर दृढ़ व विस्तृत' यही तो आदर्श मनुष्य का लक्षण है। एवं, हम द्युलोक व पृथिवीलोक की उपासना से अपने जीवन को प्रशस्त बनाते हैं।

द्युलोक 'पुरुमीढ' है—यह पालन व पोषण करनेवाली (पुरु) वर्षा का (मीढ) सेचन करनेवाला है और पृथिवी 'अजमीढ' है 'अजाः-व्रीहयः, मीढाः-सिक्ता यज्ञे यत्र—जहाँ सप्त वार्षिक व्रीहि आदि ओषधियाँ यज्ञ में डाली जाती हैं। इनका स्तोता भी पालक ज्ञान की वर्षा करनेवाला होने से 'पुरुमीढ' होता है और अन्नादि दान करनेवाला होने से 'अजमीढ' होता है। द्युलोक की भाँति यह प्रकाश देता है और पृथिवीलोक की भाँति अन्नादि देनेवाला बनता है।

भावार्थ—हम द्युलोक के स्तोता बनकर अपने मस्तिष्क को ज्ञान से द्योतित करें तथा पृथिवीलोक के स्तोता बनकर अपने शरीर को दृढ़ बनाएँ।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—द्यावापृथिव्यौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सनातन यज्ञ

१५९७. पुनाने तन्वा मिथः स्वेन दक्षेण राजथः। ऊह्याथे सनादृतम्॥ २॥

द्युलोक वृष्टि व प्रकाश से पृथिवी को पवित्र करता है और पृथिवी 'अज' (व्रीहि) आदि यज्ञिय ओषधियों को जन्म देकर यज्ञों द्वारा द्युलोक को पवित्र करती है। इस प्रकार ये दोनों लोक एक-दूसरे के पावक हैं। मन्त्र में कहते हैं कि ये दोनों द्युलोक व पृथिवीलोक मिथः-आपस में तन्वा-अपने शरीरों को (स्वरूपों को) पुनाने-पवित्र करते हुए स्वेन दक्षेण-अपने बल व वृद्धि से राजथः-दीप्त होते हैं। पृथिवी द्युलोक के बल को बढ़ाती है और द्युलोक पृथिवी के बल को बढ़ाता है। पृथिवी यज्ञिय ओषधियों को जन्म देकर अग्नि के मुख से उन ओषधियों को द्युलोक में पहुँचाती है, और द्युलोक वर्षा के द्वारा पृथिवी की उत्पादन शक्ति को बढ़ाता है। इस क्रम से ये दोनों लोक सनात् ऋतम्-इस सनातन यज्ञ को ऊह्याथे-वहन कर रहे हैं, अर्थात् इन दोनों लोकों का यह परस्पर भावन करनेवाला यज्ञ चल रहा है।

हम स्तोताओं के अध्यात्म में भी मस्तिष्क शरीर का धारण करनेवाला बने तथा शरीर मस्तिष्क

का। स्वस्थ विचार शरीर को स्वस्थ बनाएँ तथा शरीर का स्वास्थ्य मस्तिष्क की विचारशक्ति को पवित्र करे। (A Sound mind in a sound body) स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मनवाले बनकर हम भी द्युलोक व पृथिवीलोक के सच्चे स्तोता बनें।

भावार्थ—हमारा शरीर स्वस्थ हो, उस स्वस्थ शरीर में हम स्वस्थ मन को धारण करनेवाले बनें।

ऋषिः—वामदेवः ॥ देवता—द्यावापृथिव्यौ ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मित्र की साधना

१५९८. मही मित्रस्य साधथस्तरन्ती पिप्रती ऋतम्। परि यज्ञं नि षेदथुः ॥ ३ ॥

द्युलोक व पृथिवीलोक का उपासक 'मित्र' है १. यह ज्ञान व शरीर की दृढ़ता के द्वारा 'प्रमीतेः त्रायते'=असमय की मृत्यु से अपने को बचाता है। २. ज्ञान के कारण ही यह 'संमिन्वानो व्रवति'—इस संसार में प्रत्येक क्रिया को माप-तोल कर करता है तथा ३. इस मेदिनी=पृथिवी के सम्पर्क में आकर 'मेदयते' सबके साथ स्नेह करता है, यह सम्पूर्ण पृथिवी का नागरिक बन जाता है, इसे सभी से प्रेम होता है।

मही=ये महनीय द्युलोक व पृथिवीलोक मित्रस्य=इस मित्र की साधथः=साधना को पूर्ण करते हैं। तरन्ती=ये उसे सब विघ्न-बाधाओं से पार करते हैं और ऋतम् पिप्रती=उसके अन्दर यज्ञ की भावना को भरते हैं।

ये द्युलोक व पृथिवीलोक स्वयं भी तो यज्ञं परिनिषेदथुः=सर्वतः यज्ञ का आश्रय करते हैं। अपने उपासक के जीवन को भी ये यज्ञ की भावना से पूर्ण करते हैं।

भावार्थ—हम मित्र बनकर द्युलोक व पृथिवीलोक के सच्चे उपासक बनें। ज्ञान व दृढ़ता ही वे दो गुण हैं जो हमें सब विघ्न-बाधाओं से पार करेंगे।

सूक्त-१५

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान-नौका से भवसागर को तैरना

१५९९. अयमु ते समतसि कपोतइव गर्भधिम्। वचस्तच्चिन्न ओहसे ॥ १ ॥

१८३ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार है—

अयम् उ ते=मैं निश्चय से अब आपका हूँ। आप भी मुझे सम् अतसि=अच्छी प्रकार प्राप्त होते हो। अब मैं गर्भधिम्=इस जन्म-मरण के आवर्तोंवाले समुद्र को इव=उस व्यक्ति की भाँति पार कर लेता हूँ जिसने कि कपोतः=मस्तिष्क व ज्ञान को ही अपनी नाव बनाया है। हे प्रभो! नः=हमें तत् वचः चित्=वेदज्ञान के वचन भी तो ओहसे=आप ही प्राप्त कराते हो।

भावार्थ—ज्ञान-नौका से भवसागर को तैर कर हम सच्चे सुख का निर्माण करनेवाले 'शुनः शेप' बनें।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सूनृत विभूति

१६००. स्तोत्रे राधानां पते गिर्वाहो वीर यस्य ते। विभूतिरस्तु सूनृता ॥ २ ॥

गत मन्त्र में शुनःशेप ने ज्ञान के वचनों को प्राप्त कराने के लिए प्रार्थना की थी। उस प्रार्थना को स्वीकार करते हुए प्रभु शुनःशेप से कहते हैं—हे वीर=कामादि शत्रुओं को कम्पित करके दूर करनेवाले! राधानां पते=सफलताओं के पति शुनःशेप! गिरवाहः=वेदवाणियों को धारण करनेवाले यस्य ते=जिस तेरा स्तोत्रम्=यह स्तुतिवचन है, अर्थात् जो तू प्रभु की स्तुति करने में प्रवृत्त है, उस तेरी विभूतिः=समृद्धि सूनृता अस्तु=प्रिय व सत्य हो।

प्रभु का स्तोता बनने के लिए आवश्यक है कि हम १. वीर हों—कामादि शत्रुओं को दूर भगानेवाले हों। २. कर्मों को इस प्रकार कुशलता व समझदारी से करें कि हमें सफलता-ही-सफलता मिले। ३. वेदवाणियों को धारण करनेवाले बनें तथा ४. हमारी समृद्धि प्रिय व सत्य हो—अर्थात् हम क्रूरता व अन्याय से धन जुटानेवाले न हों।

सच्चे स्तोता बनने के लिए आवश्यक ये चार बातें ही हमारे जीवन को सचमुच सुखी करेंगी और हम सच्चे अर्थों में 'शुनःशेप' बन पाएँगे।

भावार्थ—मैं वीर, राधानां पति, गिर्वाह तथा सूनृत विभूतिवाला बनूँ।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु के साथ वार्तालाप

१६०१. ऊर्ध्व स्तिष्ठा न ऊतयेऽस्मिन् वाजे शतक्रतो। समन्येषु ब्रवावहै॥ ३॥

पिछले मन्त्र में प्रभु ने शुनःशेप को वीर=शत्रुओं को कम्पित करनेवाला कहा था, अतः 'शुनःशेप' प्रभु से कहता है कि हे शतक्रतो=अनन्त प्रज्ञान व कर्मवाले प्रभो! अस्मिन् वाजे=इस संग्राम में—कामादि शत्रुओं से चल रहे युद्ध में नः ऊतये=हमारी रक्षा के लिए ऊर्ध्वः तिष्ठ=आप हमारे ऊपर स्थित होते हैं। आपकी छत्रछाया में ही तो हम विजय पा सकते हैं। आपका वरद हस्त हमपर न हो तो विजय सम्भव नहीं? इस युद्ध में मैंने आपकी कृपा से विजय पायी। मेरी प्रार्थना यह है कि अन्येषु=अन्य संग्रामों में भी हम संब्रावहै=मिलकर बातचीत कर सकें। मैं हृदयस्थ आपके मन्त्र को सूनूँ और तदनुसार ही कार्य करता हुआ विजय पानेवाला बनूँ।

हे प्रभो! जब-जब संग्राम का अवसर हो तब-तब मैं आपसे संलाप करनेवाला बनूँ और आपके निर्देश को जान पाऊँ और उसी मार्ग पर चलता हुआ सचमुच 'राधानां पति'=सफलता का स्वामी होऊँ।

भावार्थ—हमें विजय सदा प्रभु-कृपा से ही प्राप्त होती है। हम हृदयस्थ प्रभु से संवाद करनेवाले बनें।

सूक्त—०८

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः॥ देवता—अग्निर्वा पवमानो वा॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु बोलें और मैं सुनूँ

१६०२. गाव उप वदावटे महो यज्ञस्य रप्सुदा। उभा कर्णा हिरण्यया॥ १॥

हृदयस्थ प्रभु से बात करने का प्रसङ्ग गत मन्त्र में था। उसी प्रसङ्ग में कहते हैं कि—हे प्रभो! आप अवटे=हृदयाकाश में गावः=वेदवाणियों का उपवद=समीपता से उच्चारण कीजिए। जो वाणियाँ महो=महनीय—अर्थ गौरववाली हैं, यज्ञस्य रप्सुदा=यज्ञों का उत्तम उपदेश देनेवाली है तथा उभा कर्णा हिरण्यया=दोनों कानों के लिए हित और रमणीय हैं।

नोट— व्याख्या ११७ संख्या पर देखिए।

भावार्थ—हृदयस्थ प्रभु हित-रमणीय बात का उपदेश दे रहे हैं, हम ध्यान से सुनें।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः ॥ देवता—अग्निर्वीथि वा ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

हृदय में मधु-सेचन

१६०३. अभ्यारमिदद्रयो निषिक्तं पुष्करे मधु। अवटस्य विसर्जने ॥ २ ॥

प्रभु-प्राप्ति की प्रबल कामनावाला व्यक्ति 'हर्यत' है। यह अपने मित्रों से कहता है कि अद्रयः-हे आदरणीय मित्रो! (अद्रयः आदरणीयाः—नि०) अवटस्य-काम-क्रोधादि शत्रुओं के आक्रमण से जिसकी रक्षा की गयी है उस हृदय के विसर्जने-प्रभु के प्रति अर्पण कर देने पर पुष्करे-उत्तम भावनाओं का पोषण करनेवाले इस हृदय में मधु-सारभूत तत्त्वज्ञान निषिक्तम्-प्रभु के द्वारा सिक्त हुआ है, अतः मैं इत्-निश्चय से अभि-उस मधु की ओर ही आरम्-जाता हूँ।

जिस समय मनुष्य शम-दम आदि के द्वारा अपने हृदय को काम-क्रोधादि के आक्रमण से बचाता है तब वह हृदय 'अवट' (अव रक्षणे) कहलाता है। कामादि के आक्रमण से सुरक्षित होकर उत्तम भावनाओं का पोषण करने से यह 'पुष्कर' होता है। जब जीव अपने हृदय को प्रभु के अर्पण कर देता है तब प्रभु उस हृदय को ज्ञान के मधु से सिक्त कर देते हैं। उस समय यह प्रभुभक्त जिस आनन्द व ज्योति का अनुभव करता है वह अवर्णनीय होता है। यह अपने मित्रों से कहता है कि भाई! मैं तो अब उस ज्योति की ओर चला। आप सब भी चाहो तो उधर ही चलो न? यह भक्त 'हर्यत' है—यह औरों को भी अपने साथ ले-चलने की कामना करता है। हम सब मिलकर प्रभु का स्तवन करें, यही इसकी कामना होती है, अतः यह 'प्रागाथ'='प्रकृष्ट गायनवाला' कहलाता है।

भावार्थ—हम अपने हृदय को परिमार्जित कर प्रभु के प्रति अर्पण करें, प्रभु इसे ज्ञान-मधु से परिपूर्ण कर देंगे।

ऋषिः—हर्यतः प्रागाथः ॥ देवता—अग्निर्वीथि वा ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

नम्रता से हृदय को सींचना

१६०४. सिञ्चन्ति नमसावटमुच्चाचक्रं परिज्मानम्। नीचीनबारमक्षितम् ॥ ३ ॥

प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'हर्यत प्रागाथ' अवटम्-कामादि के आक्रमण से सुरक्षित अपने हृदय को नमसा-नम्रता से सिञ्चन्ति-सींच देते हैं, अर्थात् ये बड़े ही नम्र बनते हैं। कामादि शत्रुओं के विजय का भी इन्हें गर्व नहीं होता। इसे तो यह प्रभु कृपा के रूप में ही देखते हैं।

परिज्मानम्-(परि-चारों ओर, ज्मा-गति) इस चारों ओर भटकनेवाले हृदय को ये उच्चाचक्रम्-ऊर्ध्वचक्रवाला, अर्थात् ऊर्ध्वगतिवाला करते हैं। ये प्रयत्न करते हैं कि इनका हृदय इधर-उधर विषयों में न भटकता रहे, अपितु उस परम स्थान में, परमपद में प्रतिष्ठित 'परमेष्ठी' की ओर ही गतिवाला हो।

नीचीनबारम्-नीचे की ओर द्वारोंवाले इस हृदय को अक्षितम्-ये अहिंसित बनाते हैं। नीचे की ओर जाना यह हृदय की प्रवृत्ति ही है। 'हर्यत' प्रयत्न करता है कि यह उन निचले द्वारों से न जाए, ऊर्ध्वगति को स्थिर रखकर सुरक्षित रहे—'अ-क्षित' रहे।

भावार्थ—१. हम हृदय को नम्रता से ओतप्रोत कर दें। २. इधर-उधर भटकने की बजाय इसे

प्रभु में लगाएँ। ३. इसकी निम्न प्रवृत्तियों को रोककर इसे नष्ट होने से बचाएँ।

सूक्त-१७

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

देव की ओर कौन जा रहा है ?

१६०५. मा भेम मा श्रमिष्मोग्रस्य सख्ये तव।
महत्ते वृष्णो अभिचक्ष्यं कृतं पश्येम तुर्वशं यदुम् ॥ १ ॥

निरन्तर प्रभु की ओर चलनेवाला (देव+अत्) प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि देवातिथि प्रार्थना करता है कि—

१. मा भेम-हम अभय हों। हम न तो डरें, न किसी को डराएँ।

२. मा श्रमिष्म-हम थक न जाएँ, अर्थात् हम अनथक कार्य करनेवाले हों। हमारे अन्दर शक्ति हो और हम सदा कार्यों में लगे रहें।

३. हे प्रभो! उग्रस्य तव-उदात्त—उत्कृष्ट आपकी सख्ये-मित्रता में हमारा निवास हो।

४. वृष्णः ते-शक्तिशाली आपका महत्-महान् अभिचक्ष्यम्-रक्षण-साधन (means of defence) कृतम्-किया गया है, अर्थात् हे प्रभो! हमने तो आपको ही अपनी ढाल बनाया है। आपके द्वारा हमने अपने को आसुर आक्रमण से बचाया है।

५. हम अपने को तुर् वशम्-हमारी हिंसा करनेवाले इन आन्तर शत्रुओं का नाश करनेवाला तथा यदुम्-सदा प्रयत्नशील पश्येम-देखें, अर्थात् हम अपने को तुर्वश व यदु बना पाएँ।

मन्त्रार्थ से यह बात स्पष्ट है कि प्रभु की ओर वही व्यक्ति जा रहा है जो—१. निर्भय है। २. अनथक श्रम करनेवाला है। ३. प्रभु को ही अपना मित्र बनाता है। ४. प्रभु को ढाल बनाकर कामादि के आक्रमण से अपनी रक्षा करता है। ५. काम-क्रोधादि को शीघ्र वश में करता है, इसी कार्य के लिए प्रयत्न में लगा रहता है।

भावार्थ—प्रभु हमारी ढाल हों, फिर पराजय का क्या डर?

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

दूध व शहद

१६०६. सव्यामनु स्फिग्यं वावसे वृषा न दानो अस्य रोषति।
मध्वा सम्पृक्ताः सारघेण धेनवस्तूयमेहि द्रवा पिब ॥ २ ॥

कटिप्रदेश में स्थित 'गर्भधानी' को 'सव्या स्फिग्य' कहा गया है। सव्यां स्फिग्यं अनु-गर्भधानी में निवास के पश्चात् जब जीव गर्भ से बाहर आता है तब १. वृषा-शक्तिशाली होता हुआ वावसे-निवास करता है तथा २. अस्य-इसके दानः-त्याग की भावना, न रोषति-नष्ट नहीं होती (दान का अभिप्राय 'बुराई का खण्डन' तथा 'शोधन' भी है), अतः इस व्यक्ति की बुराई भी सदा दूर होती रहती है तथा इसका शोधन भी होता रहता है, परन्तु यह सब कब और कैसे हो सकता है? इसके

लिए प्रभु का निर्देश है कि सारघेण मध्वा-मधु-मक्षिका से संचित किये हुए शहद से धेनवः-नवसूतिका गौवों के दूध संपृक्ताः-मिलाये गये हैं। तूयम् एहि-शीघ्रता से आओ द्रव-गतिशील बनो और पिब-इनका पान करो।

मनुष्य आलस्य छोड़कर कार्यों में लगे, कुछ व्यायाम करे और फिर शहद मिश्रित दुग्ध का पान करे। ये उपाय हैं ऐसी सन्तान को जन्म देने के जो सदा स्वस्थ, सबल, सुन्दर शरीरवाली रहे तथा शुद्ध मनोवृत्तिवाली बने। ऐसी सन्तानों को प्राप्त करना कौन न चाहेगा, परन्तु उसके निर्दिष्ट उपाय का भी ध्यान रखना चाहिए। दूध और शहद ही सर्वोत्तम भोज्य द्रव्य हैं। ताज़े दूध को तो संस्कृत में 'पीयूषोऽभिनवं पयः'-अमृत कहा गया है तथा शहद अश्विनी देवताओं की प्रिय औषध है—यह शरीर को न अधिक बोझल होने देती है, न अधिक पतला (emaciated)। एवं, दूध व शहद के प्रयोग से हम उत्तम सन्तानों को जन्म देनेवाले होते हैं। गर्भावस्था में सामान्यतः प्रभु की व्यवस्था से ही बच्चा सरदी-गरमी व कब्ज आदि से बचा रहता है और नीरोग रहता है। बाहर आकर भी वह स्वस्थ ही रहेगा—यदि हम दूध व शहद का उचित प्रयोग करेंगे। स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मनवाले ये हमारे सन्तान क्यों न देवातिथि बनेंगे? क्यों न प्रभु को प्राप्त करेंगे।

भावार्थ—हम दूध व शहद का महत्त्व समझें।

नोटः—'धेनु' नवसूतिका गौ को कहते हैं—सम्भवतः बाखरी हो जाने पर दूध में उतना गुण नहीं रह जाता चाहे चर्बी-fat अधिक निकलती है।

सूक्त-१८

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

पावक-वर्ण

१६०७. इमा उ त्वा पुरूवसो गिरो वर्धन्तु या मम।
पावकवर्णाः शुचयो विपश्चितोऽभि स्तोमैरनूषत॥ १॥

मन्त्रार्थ २५० संख्या पर इस प्रकार है—

हे पुरूवसो-पालक व पूरक निवास देनेवाले प्रभो! इमाः या मम गिरः-ये जो मेरी वाणियाँ हैं उ-निश्चय से त्वा वर्धन्तु-आपका वर्धन करें—आपकी महिमा का प्रतिपादन करें। इस भक्तिरसायन के सेवक पावकवर्णाः-अग्नि के समान चमकनेवाले शुचयः-पवित्र तथा विपश्चितः-सूक्ष्म दृष्टिवाले होते हैं। ये लोग ही वस्तुतः स्तोमैः-स्तुतियों से अभ्यनूषत-प्रभु का स्तवन करते हैं।

भावार्थ—भक्तिरसायन का सेवन हमें शक्ति-सम्पन्न बनाए।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सहस्रगुणित शक्ति

१६०८. अयं सहस्रमृषिभिः सहस्कृतः समुद्रइव पप्रथे।
सत्यः सो अस्य महिमा गृणे शवो यज्ञेषु विप्रराज्ये॥ २॥

अयम्=यह प्रभु ही ऋषिभिः=तत्त्वद्रष्टाओं से सहस्रं सहस्कृतः=अपना सहस्रगुणित बल बनाया गया है। वस्तुतः मनुष्य की तो शक्ति ही क्या है, जो वह काम-क्रोधादि शत्रुओं से संघर्ष करके विजय पा ले। 'त्वया स्विद् युजा वयम्' प्रभु से मिलकर ही वह विजय पा सकता है। वस्तुतः कामादि का संहार प्रभु की शक्ति से होता है। प्रभु के स्मरण से अल्प-सामर्थ्य जीव को एक महान् शक्ति प्राप्त होती है और वह इन वासनाओं पर काबू पाने में समर्थ होता है। यह प्रभु तो समुद्रः इव=समुद्र के समान पप्रथे=विस्तृत हैं—प्रभु की शक्ति सर्वत्र है। उसी शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर जीव विजय प्राप्त कर पाएगा। काम 'प्र-द्युम्न' है—प्रकृष्ट बलवाला है। उसके विजय के लिए प्रभु के बल से ही जीव को बलवाला होना होगा। अस्य=इस प्रभु की सः महिमा=वह महिमा सत्यः=सत्य है, गृणे=मैं इस महिमा का स्तवन करता हूँ।

'विप्रैः समृद्धं राज्यं विप्रराज्यम्'=ब्राह्मणों से समृद्ध बनाया गया राज्य 'विप्रराज्य' कहलाता है। 'ब्रह्म क्षत्रम् ऋध्नोति' वही राज्य फूलता-फलता है जिसका मूल ब्राह्मण होते हैं। ब्राह्मण क्षत्रियों को धर्म-मार्ग से विचलित नहीं होने देते। विप्रराज्ये=इन विप्रराज्यों में यज्ञेषु=ज्ञान-यज्ञों में तथा विविध क्रतुओं (हवनों) के प्रसङ्ग पर अस्य शवः=इस प्रभु के बल की स्तुति की जाती है। यज्ञों के अवसर पर प्रभु की महिमा का वर्णन होता है। इस स्तुति के द्वारा स्तोता प्रभु के बल को अपने में अवतीर्ण करता है और अपनी शक्ति को सहस्रगुणित हुआ अनुभव करता है। जब यह शक्ति का समुद्र उसके अन्दर उमड़ता है तभी वह कामादि शत्रुओं का संहार करने में समर्थ होता है।

भावार्थ—प्रभु के बल की महिमा के स्तवन से मैं अपनी शक्ति को सहस्रगुणित करनेवाला बनूँ। 'मेधातिथि'=समझदार को यही उचित है।

सूक्त-१९

ऋषिः—शुष्टिगुः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

तिरोहित प्रभु का व्यञ्जन (प्रकाश)

१६०९. यस्यार्य विश्व आर्यो दासः शेवधिपा अरिः।
तिरश्चिदर्ये रुशमे पवीरवि तुभ्येत् सो अज्यते रयिः ॥ १ ॥

यस्य=जिस प्रभु का अयम्=यह विश्वाः=सारा ही संसार है; चाहे वह आर्यः=ब्राह्मण है—ज्ञान-प्रधान जीवन बितानेवाले हैं, चाहे दासः=वे शत्रुओं का नाश करनेवाले क्षत्रिय (those who destroy the enemy) हैं, चाहे शेवधिपाः=खजाने की रक्षा करनेवाले वैश्य हैं और चाहे अरिः=(ऋ गतौ) निरन्तर श्रम में लगे शूद्र हैं। सभी व्यक्ति प्रभु के हैं, उस प्रभु का किसी के प्रति पक्षपात नहीं।

वह प्रभुरूप सम्पत्ति तो हम सबके हृदयरूप कोशों में तिरः=छिपी पड़ी है। सः=वह तिरश्चित् रयिः=छिपे रूप में पड़ी हुई सम्पत्ति तुभ्य इत् अज्यते=तेरे ही लिए व्यक्त की जाती है, किस तेरे लिए—

१. अर्ये=जितेन्द्रिय के लिए। अर्यः=(स्वामी) जो इन्द्रियों का दास न बनकर इन्द्रियों का स्वामी बनता है।

२. रुशमे=जितेन्द्रिय (bright) बनकर शक्ति के संयम से चमकनेवाले के लिए रुशमे=वह शक्ति तेरी ज्ञानाग्नि का ईंधन बन जाती है।

३. पवीरवि-जो तू इस शक्ति के संयम से ही वज्र-तुल्य शरीरवाले के लिए (पवीरं-वज्र, पवीरु-वज्र-तुल्य शरीरवाला)।

प्रभु सर्वव्यापकता के नाते सब स्थानों पर विद्यमान हैं, हमारे शरीरों में भी प्रभु की सत्ता है, परन्तु प्रभु का दर्शन उसी को होता है जो अर्य-जितेन्द्रिय बनकर अपनी शक्ति द्वारा ज्ञानग्नि को समृद्ध करके (रुशम) बनता है और वज्रतुल्य शरीरवाला (पवीरु) होता है।

इस व्यक्ति की इन्द्रियाँ कभी क्षीणशक्ति नहीं होती, वह सदा पुष्ट गौवों—इन्द्रियोंवाला होने से 'पुष्टिगु' कहलाता है।

भावार्थ—मैं अन्दर छिपे प्रभु को ढूँढनेवाला बनूँ।

ऋषिः—शुष्टिगुः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

तुरण्यु और विप्र में प्रभु का प्रकाश

१६१०. तुरण्यवो मधुमन्तं घृतश्चुतं विप्रासो अर्कमानृचुः।
अस्मे रयिः पप्रथे वृष्ण्यं शवोऽस्मे स्वानास इन्दवः ॥ २ ॥

तुरण्यवः-(तूर्णमश्नुतेऽध्वानम्) शीघ्रता से कार्यों में व्याप्त होनेवाले विप्रासः-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले ज्ञानी उस प्रभु का आनृचुः-पूजन करते हैं, जो—१. मधुमन्तम्-माधुर्यवाले हैं—प्रभु क्रोधादि दुर्गुणों से दूर होने के कारण ही 'निर्गुण' संज्ञावाले हैं। प्रभु के उपासक को भी यथासम्भव संसार को माधुर्यवाला बनाने का प्रयत्न करना चाहिए। २. घृतश्च्युतम्-दीप्ति टपकानेवाले हैं। जिसे भी प्रभु-दर्शन होता है, उसका हृदय प्रकाश से दीप्त हो जाता है। ३. अर्कम्-वे प्रभु मन्त्रों के पुञ्ज हैं। (अर्को मन्त्रः) वेदज्ञानरूप हैं। विशुद्धचित् होते हुए ज्ञानस्वरूप हैं। प्रभुभक्त ने भी इन मन्त्रों को अधिगत करके अपने को ज्ञानस्वरूप बनाना है।

जब हम 'तुरण्यु'-अनालस्य से कर्म करनेवाले तथा 'विप्र' विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले होते हैं तब अस्मे-हममें रयिः पप्रथे-धन का विस्तार होता है, वृष्ण्यं शवः-आनन्द की वर्षा करनेवाला बल विस्तृत होता है और अस्मे-हममें इन्दवः स्वानासः-ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले शक्ति-सम्पन्न वेदशब्दों का विस्तार होता है। एक सच्चे भक्त को धन, बल तथा विद्या तीनों ही प्राप्त होते हैं।

प्रभुभक्त वही है जो माधुर्यवाला, प्रकाश को फैलानेवाला वा ज्ञान का पुञ्ज बनता है। ये प्रभुभक्त तो स्वाभाविकरूप से 'पुष्टिगु' होते हैं। इनकी इन्द्रियशक्ति ने क्या क्षीण होना? ये तो वासनाओं से शतशः कोस दूर होते हैं।

भावार्थ—मैं 'तुरण्यु' कर्मशील (active) व 'विप्र' बनकर सच्चा प्रभुभक्त बनूँ।

सूक्त-२०

ऋषिः—पर्वतनारदौ ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—उष्णिक् ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

देदीप्यमान जीवन

१६११. गोमन्न इन्दो अश्ववत् सुतः सुदक्ष धनिव। शुचिं च वर्णमधि गोषु धारय ॥ १ ॥

इसका व्याख्यान ५७४ संख्या पर इस प्रकार है—

हे इन्दो-हमें शक्तिशाली बनानेवाले सोम! तू सुतः-उत्पन्न हुआ-हुआ नः-हमारे लिए गोमत्-

प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाला, अश्ववत्-प्रशस्त कर्मेन्द्रियोंवाला होकर धनिव-हमारे शरीर में गति कर यह सोम सुदक्ष-उत्तम बलवाला है। हे सोम! तू गोषु-हमारी ज्ञानेन्द्रियों में शुचिं च वर्णम्-खूब ही दीप्त रूप को अधिधारय-आधिक्येन धारण कर।

भावार्थ—सोम हमारे जीवन को चमकानेवाला हो।

ऋषिः—पर्वतनारदौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

पर्वत व नारद

१६१२. स नो हरीणां पत इन्दो देवप्सरस्तमः। सखेव सख्ये नर्यो रुचे भव॥ २॥

प्रभु जीव से कहते हैं कि सः-वह तू नः-हमारी रुचे भव-शोभा के लिए हो। पुत्र तभी पिता की शोभा के लिए होता है जब वह योग्य प्रमाणित होता है, सुपुत्र वही है जिससे वंश उज्ज्वल हो। एवं, प्रभु की महिमा सन्त प्रवृत्ति के लोगों में ही दीखती है, अतः हमारा जीवन प्रभु की शोभा को बढ़ानेवाला हो सकता है, जबकि—

१. हरीणां पते-मानव शरीर में हम इन्द्रियों के पति बनें। ये इन्द्रियाँ हरि-हमें विषयों में हृत करनेवाली हैं। ये हमें घसीटकर न जाने कहाँ ले-जाएँगी। हम प्रभु के प्रिय तभी बनेंगे जब इन इन्द्रियाश्वों को वश में कर लेंगे।

२. हे इन्दो-हम इन्द्रियों को काबू करके विषयों का शिकार न होने से दृढ़ शरीरवाले (strong) बनें। निर्बल प्रभु की शोभा को नहीं बढ़ाता।

३. देव-प्सरस्-तमः-देवताओं में भी हम सर्वाधिक दीप्तिवाले बनें। (प्सरस्-दीप्त) अपने ज्ञान को निरन्तर बढ़ाते हुए हम देवों के अग्रणी बनने का प्रयत्न करें। ज्ञानस्वरूप प्रभु के प्रिय हम ज्ञान को प्राप्त करके ही हो सकेंगे।

४. सखा सख्ये इव नर्यः-जैसे एक मित्र मित्र का हित करनेवाला होता है, उसी प्रकार तू मनुष्यमात्र का हित करनेवाला बन। प्राणिमात्र का हित करनेवाले प्रभु के हम और किस प्रकार प्रिय हो सकते हैं?

इस प्रकार प्रभुभक्त अपना पूरण करते हैं। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयत्न करते हुए ये 'पर्वत' हैं और नरसमूह के हित के लिए अपने को दे डालनेवाले ये 'नारद' हैं (नार-द)।

भावार्थ—प्रभु की शोभा हमारे जीवनों से तभी बढ़ सकती है जब हम १. इन्द्रियों के पति बनें, २. शक्तिशाली हों, ३. उच्च ज्ञान को प्राप्त करके देवताओं में भी प्रथम बनें तथा ४. मनुष्यमात्र का इस प्रकार हित करनेवाले बनें, जैसे मित्र-मित्र का हित करता है।

ऋषिः—पर्वतनारदौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

यमों का पालन

१६१३. सनेमि त्वमस्मदा अदेवं कं चिदत्रिणम्। साह्वाँ इन्दो परि बाधो अप द्वयुम्॥ ३॥

'सनेमि' शब्द के दो अर्थ हैं—'सनातन काल से' तथा 'शीघ्र'। जीव प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे इन्दो-परमैश्वर्यवाले परम शक्तिशाली प्रभो! त्वम्-आप अस्मत्-हमसे सनेमि-शीघ्र ही १. अदेवम्-देव-विरोधी भावना को, अर्थात् स्वार्थवश स्वयं सब-कुछ खा जाने की वृत्ति को आसाह्वान्-पूर्णरूप से पराभूत कर दीजिए। हमारा जीवन यज्ञमय हो—देव यज्ञप्रिय होते हैं। असुर

बिना यज्ञ किये सब-कुछ स्वयं खा जाते हैं। हम असुर न बनें। २. कंचित्-किसी अवर्णनीय शक्तिवाले अत्रिणम्-हमें खा जानेवाले (अद्+त्रन्) इस काम को भी आसाह्वान्-पूर्ण पराभूत कीजिए। हमारा जीवन ब्रह्मचर्यवृत्तिवाला हो। ३. बाधः-औरों की हिंसा करना, इस वृत्ति को परि-हमसे दूर कीजिए। हम अहिंसा वृत्तिवाले हों। ४. द्वयुम्-अन्दर कुछ और बाहर कुछ—इस दोपने को, असत्य की वृत्ति को भी अप-हमसे दूर भगाइए।

एवं, प्रभुकृपा से हम स्तेय, अब्रह्मचर्य, हिंसा व असत्य की वृत्तियों से दूर होकर अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अहिंसा व सत्य में प्रतिष्ठित होते हैं। यही तो पर्वत बनना है। ऐसा ही व्यक्ति 'नारद' हो सकता है।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हममें यमों की प्रतिष्ठा हो।

सूक्त-२१

ऋषिः—अत्रिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

१६१४. अज्जते व्यज्जते समञ्जते क्रतुं रिहन्ति मध्वाभ्यञ्जते।
सिन्धोरुच्छासे पतयन्तमुक्षणं हिरण्यपावाः पशुमप्सु गृभ्णते॥ १॥

इस मन्त्र का व्याख्यान ५६४ संख्या पर देखिए।

ऋषिः—अत्रिः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

केंचुली का उतार फेंकना

१६१५. विपश्चिते पवमानाय गायत मही न धारात्यन्धो अर्षति।
अहिर्न जूर्णामति सर्पति त्वचमत्यो न क्रीडन्नसरद् वृषा हरिः॥ २॥

मन्त्र का ऋषि 'अत्रि' कहता है कि १. विपश्चिते-ज्ञानी पवमानाय-पवित्र करनेवाले प्रभु के लिए गायत-गान करो। उस ज्ञानी प्रभु का गायन व स्मरण हमारे जीवनों में निम्न परिणामों को पैदा करता है—

(क) मही न धारा-महनीय धारणशक्ति के समान, अर्थात् धारक प्रवाह के रूप में अन्धः-सोम-वीर्य अति अर्षति-पूजित गतिवाला होता है (अति पूजायाम्)। 'वीर्य का अपव्यय—विलास में विनाश' वीर्य की शास्त्रनिषिद्ध गति है, अतः यह उसकी तामस् गति है। सन्तानोत्पादन के लिए इसका प्रयोग राजस् गति है तथा ज्ञानाग्नि का ईंधन बनाने के लिए इसकी ऊर्ध्वगति ही इसकी सात्त्विक व पूजित गति है। एवं, प्रभु का उपासक ऊर्ध्वरेता बनता है।

(ख) अहिः न जूर्णां त्वं अतिसर्पति-साँप जैसे जीर्ण त्वचा (केंचुली) को उतार फेंकता है, इसी प्रकार यह प्रभुभक्त पिछले अशुभ जीवन को समाप्त कर नवजीवन से चमक उठता है। इसके जीवन में क्रोध का स्थान प्रेम ले-लेता है।

(ग) अत्यः न-निरन्तर गतिशील घोड़े के समान क्रीडन्-इन्द्रियों द्वारा इन्द्रिय-विषयों में खेलता हुआ यह प्रभुभक्त असरत्-सदा गतिशील होता है और इसी का परिणाम है कि यह वृषा-शक्तिशाली बना रहता है तथा हरिः-सबके दुःखों का हरण करनेवाला होता है। स्वार्थ व लोभ से यह सदा ऊपर उठा होता है।

काम क्रोध व लोभ से ऊपर उठे होने के कारण यह सचमुच 'अत्रि' होता है।

भावार्थ—हम प्रभु का गायन करें, और अशुभों की बनी इस केंचुली को परे फेंक दें।

ऋषिः—अत्रिः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—जगती ॥ स्वरः—निषादः ॥

एकादश योग्यताएँ (Eleven Qualities)

१६१६. अग्रेगो राजाप्यस्तविष्यते विमानो अह्नां भुवनेष्वर्पितः।
हरिर्घृतस्नुः सुदृशीको अर्णवो ज्योतीरथः पवते राय ओक्यः ॥ ३ ॥

तविष्यते=अवश्य उस प्रभु को प्राप्त करेगा (to get, to attain) कौन? १. **अग्रेगः**=आगे चलनेवाला, उन्नति करनेवाला, २. **राजा**=सम्यक् नियमित (well regulated) जीवनवाला, ३. **आप्यः**=व्यापक, उत्तम कर्मों में साधु, ४. **अह्नां विमानः**=(अहन्—a day's work) दिन के कार्यों को विशेष मानपूर्वक बनानेवाला, ५. **भुवनेषु अर्पितः**=जिसने अपने जीवन को लोकहित के लिए अर्पित कर दिया है, ६. **हरिः**=जो औरों के दुःखों को हरण करनेवाला है, ७. **घृत-स्नुः**=ज्योति को प्रस्तुत करनेवाला, चारों ओर ज्ञान फैलानेवाला, ८. **सुदृशीकः**=उत्तम दर्शनवाला, जसकी आकृति सौम्य है, प्रियदर्शन है—(not fierce-looking), ९. **अर्णवः**=जो ज्ञान का समुद्र है, १०. **ज्योतीरथः**=ज्योतिर्मय रथवाला है, जिसके रथ का मार्ग अन्धकार में नहीं, ११. **ओक्यः**=घर में उत्तम निवासवाला है अथवा ब्रह्मरूप गृह का अधिकारी है। यह व्यक्ति **राये**=अभ्युदय व निःश्रेयसरूप सम्पत्ति के लिए **पवते**=गतिवाला होता है।

भावार्थ—ब्रह्म-प्राप्ति करानेवाले ग्यारह गुणों को हम सब अपनाएँ।

इति षोडशोऽध्यायः, सप्तमप्रपाठकश्च समाप्तः ॥

अथ सप्तदशोऽध्यायः

अष्टमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

यज्ञ, ज्ञान व सन्तोष

१६१७. विश्वेभिरग्ने अग्निभिरिमं यज्ञमिदं वचः। चनो धाः सहसो यहो ॥ १ ॥

• प्रभु अग्नि हैं—अग्रेणी हैं—हम सबको आगे ले-चलनेवाले हैं, उनसे प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'शुनःशेप' (जो अपने जीवन में सुख का निर्माण करना चाहता है) प्रार्थना करता है कि—

हे अग्ने-अग्रगति के साधक प्रभो! आप विश्वेभिः-सब अग्निभिः-अग्नियों से (माता-दक्षिणाग्नि, पिता-गार्हपत्याग्नि, आचार्य-आहवनीयाग्नि), अर्थात् उन्नति-पथ पर ले-चलनेवाले माता-पिता व आचार्य के द्वारा इमं यज्ञम्-इस यज्ञ को इदं वचः-इस वेदवाणी को तथा चनः-सन्तोष व आनन्द की (Delight, satisfaction) वृत्ति को धाः-हममें धारण कीजिए। हे प्रभो! आप सहसः-बल के यहो-सन्तान हैं, अर्थात् बल के पुञ्ज हैं अथवा बलवान् से ही आप उपलभ्य होने योग्य हैं। इस बल को प्राप्त करने के लिए मैं अपने में यज्ञिय भावना को धारण करके विलास की वृत्ति से ऊपर उठूँ, व्यसनों से बचूँ तथा सन्तोष व सुख को धारण करता हुआ बल को क्षीण करनेवाली चिन्ता व असन्तोष की वृत्तियों से ऊपर उठूँ।

माता-पिता व आचार्य अग्नि हैं—आगे ले-चलनेवाले हैं। इनका कर्त्तव्य है कि सन्तान व विद्यार्थी में यज्ञ, ज्ञान व सन्तोष की भावना को भर दें। इससे ये सदा सबल बने रहेंगे और परमात्म-प्राप्ति के अधिकारी बनेंगे। इसी प्रकार हमारा जीवन सुखी बन पाएगा। स्वार्थ, मूर्खता व असन्तोष ही सब दुःखों के मूल हैं। यज्ञ-विरोधी भावना स्वार्थ है, ज्ञानविरोधी भावना मूर्खता है, सन्तोष का विरोधी असन्तोष है। इन 'स्वार्थ, मूर्खता व असन्तोष' को दूर करके हम अपने जीवनों को सुखी बनाते हैं—और दूसरे शब्दों में 'शुनःशेप' बनते हैं। यही इस मन्त्र का ऋषि है।

भावार्थ—हम यज्ञ, ज्ञान व सन्तोष को अपनाएँ। हाथों से यज्ञ करें, मस्तिष्क ज्ञानपूर्ण हो तथा हृदय सन्तोष की वृत्तिवाला हो।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु की उपासना-दिव्य गुणों को अपने साथ जोड़ना

१६१८. यच्चिद्धि शश्वता तना देवंदेवं यजामहे। त्वे इद्धूयते हविः ॥ २ ॥

हे प्रभो! यत्-जब हम चित् हि-निश्चय से शश्वता-(शश् प्लुतगतौ) आलस्यशून्य क्रिया के द्वारा तथा तना-विस्तार के द्वारा देवं-देवं-एक-एक दिव्य गुण को यजामहे-अपने साथ सङ्गत करते हैं, तब वह त्वे इत्-आपमें ही हविः हूयते-हवि डाली जा रही होती है, अर्थात् वह आपकी ही उपासना की जा रही होती है।

उल्लिखित मन्त्रार्थ से स्पष्ट है कि १. प्रभु की उपासना का प्रकार यही है कि हम अपने साथ दिव्य गुणों का सम्बन्ध करें। जितना-जितना हम दिव्यता को अपनाते हैं, उतना-उतना ही प्रभु के उपासक बन रहे होते हैं। प्रभु की उपासना स्तोत्रों के उच्चारण व कीर्तन से नहीं हो जाती। उसके लिए तो जीवन को दिव्य बनाना होता है।

२. दिव्यता प्राप्ति के साधनों का भी संकेत मन्त्र में 'शश्वता' तथा 'तना' शब्दों से किया गया है। 'आलस्यशून्य क्रिया' तथा 'विस्तार' ही वे दो उपाय हैं, जो हमें दिव्यता को अधिगत करने में सहायक होते हैं। अकर्मण्यता और संकुचित हृदय हमें दस्यु बनानेवाले हैं।

भावार्थ—हम क्रियाशील तथा हृदय के विस्तार के द्वारा दिव्य जीवनवाले बनें और इस प्रकार प्रभु के सच्चे उपासक हों।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हमें प्रभु प्रिय हों, हम प्रभु के प्रिय हों

१६१९. प्रियो नो अस्तु विश्पतिर्होता मन्द्रो वरेण्यः। प्रियाः स्वग्नयो वयम्॥ ३॥

गत मन्त्र में दिव्यता के धारण के द्वारा प्रभु की उपासना करनेवाला शुनःशेप कहता है कि नः-हमें वह प्रभु प्रियः अस्तु-प्रिय हो जो १. विश्पतिः-सब प्रजाओं का रक्षक है। २. होता-प्रजाओं के हित के लिए सब-कुछ देनेवाला है ३. मन्द्रः-आनन्दस्वरूप है और उपासकों को आनन्दित करनेवाला है तथा ४. वरेण्यः-वरणीय है, चाहने योग्य है।

जिस उपासक को प्रभु का जो रूप प्रिय होता है, वह उपासक उसी रूप को जीवन का लक्ष्य बनाकर बहुत कुछ वैसा ही बन जाता है, अतः स्पष्ट है कि उपासक भी १. विश्पतिः-प्रजाओं का पालक बनेगा। वह सदा समाज व राष्ट्र का भला ही करेगा, बुरा नहीं। राष्ट्र की रक्षा के लिए वह प्रयत्नशील होगा। २. होता-यह राष्ट्रहित के लिए अधिक-से-अधिक त्याग करनेवाला बनेगा। ३. मन्द्रः-स्वयं सदा प्रसन्न मनोवृत्तिवाला होता हुआ अपनी प्रसन्नता से औरों को प्रसादयुक्त करेगा तथा ४. वरेण्यः-लोगों से चाहने योग्य बनेगा—सदा लोकहित करता हुआ यह उनका प्रिय क्यों न होगा?

शुनःशेप कहता है कि वयम्-हम भी स्वग्नयः-उत्तम अग्नियोंवाले होते हुए, अर्थात् उत्तम माता-पिता व आचार्य को प्राप्त करनेवाले होते हुए अथवा उत्तम यज्ञोंवाले होते हुए प्रियाः-उस प्रभु के प्रिय बनते हैं। सृष्टि के प्रारम्भ में प्रभु ने हमें सहयज्ञ-यज्ञों के साथ ही उत्पन्न किया, और कहा कि ये यज्ञ ही तुम्हारे उभयलोक का कल्याण करनेवाले होंगे। इन यज्ञों को अपनाने से हम प्रभु के प्रिय बनते हैं। 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'-देव यज्ञरूप प्रभु की यज्ञों से ही उपासना करते हैं। इस यज्ञ को अपनाने से हम सचमुच 'शुनःशेप' होंगे। ऐहिक व पारत्रिक सुखों का निर्माण यज्ञों से ही सम्भव होगा।

भावार्थ—हमें प्रभु प्रिय हो, हम प्रभु के प्रिय हों।

सूक्त-२

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सर्वोत्तम इच्छा—केवल प्रभु की उपासना

१६२०. इन्द्रं वो विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्यः। अस्माकमस्तु केवलः॥ १॥

उल्लिखित मन्त्रार्थ से स्पष्ट है कि १. प्रभु की उपासना का प्रकार यही है कि हम अपने साथ दिव्य गुणों का सम्बन्ध करें। जितना-जितना हम दिव्यता को अपनाते हैं, उतना-उतना ही प्रभु के उपासक बन रहे होते हैं। प्रभु की उपासना स्तोत्रों के उच्चारण व कीर्तन से नहीं हो जाती। उसके लिए तो जीवन को दिव्य बनाना होता है।

२. दिव्यता प्राप्ति के साधनों का भी संकेत मन्त्र में 'शश्वता' तथा 'तना' शब्दों से किया गया है। 'आलस्यशून्य क्रिया' तथा 'विस्तार' ही वे दो उपाय हैं, जो हमें दिव्यता को अधिगत करने में सहायक होते हैं। अकर्मण्यता और संकुचित हृदय हमें दस्यु बनानेवाले हैं।

भावार्थ—हम क्रियाशील तथा हृदय के विस्तार के द्वारा दिव्य जीवनवाले बनें और इस प्रकार प्रभु के सच्चे उपासक हों।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हमें प्रभु प्रिय हों, हम प्रभु के प्रिय हों

१६१९. प्रियो नो अस्तु विश्पतिर्होता मन्द्रो वरेण्यः। प्रियाः स्वग्नयो वयम्॥ ३॥

गत मन्त्र में दिव्यता के धारण के द्वारा प्रभु की उपासना करनेवाला शुनःशेप कहता है कि नः=हमें वह प्रभु प्रियः अस्तु=प्रिय हो जो १. विश्पतिः=सब प्रजाओं का रक्षक है। २. होता=प्रजाओं के हित के लिए सब-कुछ देनेवाला है ३. मन्द्रः=आनन्दस्वरूप है और उपासकों को आनन्दित करनेवाला है तथा ४. वरेण्यः=वरणीय है, चाहने योग्य है।

जिस उपासक को प्रभु का जो रूप प्रिय होता है, वह उपासक उसी रूप को जीवन का लक्ष्य बनाकर बहुत कुछ वैसा ही बन जाता है, अतः स्पष्ट है कि उपासक भी १. विश्पतिः=प्रजाओं का पालक बनेगा। वह सदा समाज व राष्ट्र का भला ही करेगा, बुरा नहीं। राष्ट्र की रक्षा के लिए वह प्रयत्नशील होगा। २. होता=यह राष्ट्रहित के लिए अधिक-से-अधिक त्याग करनेवाला बनेगा। ३. मन्द्रः=स्वयं सदा प्रसन्न मनोवृत्तिवाला होता हुआ अपनी प्रसन्नता से औरों को प्रसादयुक्त करेगा तथा ४. वरेण्यः=लोगों से चाहने योग्य बनेगा—सदा लोकहित करता हुआ यह उनका प्रिय क्यों न होगा?

शुनःशेप कहता है कि वयम्=हम भी स्वग्नयः=उत्तम अग्नियोंवाले होते हुए, अर्थात् उत्तम माता-पिता व आचार्य को प्राप्त करनेवाले होते हुए अथवा उत्तम यज्ञोंवाले होते हुए प्रियाः=उस प्रभु के प्रिय बनते हैं। सृष्टि के प्रारम्भ में प्रभु ने हमें सहयज्ञ=यज्ञों के साथ ही उत्पन्न किया, और कहा कि ये यज्ञ ही तुम्हारे उभयलोक का कल्याण करनेवाले होंगे। इन यज्ञों को अपनाने से हम प्रभु के प्रिय बनते हैं। 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'=देव यज्ञरूप प्रभु की यज्ञों से ही उपासना करते हैं। इस यज्ञ को अपनाने से हम सचमुच 'शुनःशेप' होंगे। ऐहिक व पारत्रिक सुखों का निर्माण यज्ञों से ही सम्भव होगा।

भावार्थ—हमें प्रभु प्रिय हो, हम प्रभु के प्रिय हों।

सूक्त-२

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सर्वोत्तम इच्छा—केवल प्रभु की उपासना

१६२०. इन्द्रं वो विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्यः। अस्माकमस्तु केवलः॥ १॥

मधुच्छन्दाः (अत्यन्त मधुर इच्छाओंवाला, प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि) कहता है कि हम तो विश्वतः-सब दृष्टिकोणों से—क्या अभ्युदय व क्या निःश्रेयस—दोनों के ही विचार से जनेभ्यः परि-मनुष्यों को छोड़कर (परि-वर्जन, वर्जनार्थक परि के योग में ही 'जनेभ्यः' यह पञ्चमी है) वः इन्द्रम्-तुम सबके परमैश्वर्यदाता प्रभु को ही हवामहे-पुकारते हैं और चाहते हैं कि अस्माकम्-हमारा तो केवलः अस्तु-वह प्रभु ही एकमात्र हव्य व उपास्य हो। हम प्रभु के साथ किसी अन्य की उपासना को न जोड़ दें।

मन्त्र में 'केवलः' शब्द का प्रयोग है—अकेले प्रभु की उपासना नकि उसके साथ गुरु की भी। 'जनेभ्यः परि' मनुष्यों को छोड़कर हम केवल प्रभु की उपासना करते हैं। मनुष्य की उपासना आई और प्रभु की उपासना गयी। धर्म 'धर्म' न रहा, वह सम्प्रदाय बन गया। मधुच्छन्दा कहता है कि 'हम तो केवल प्रभु की उपासना करते हैं।'

भावार्थ—हम सब एक प्रभु की पूजावाले बनकर एक हो जाएँ। 'य एक इद्व्यश्चर्षणीनाम्'-इस वेदोपदेश को सुनें कि 'वह प्रभु ही एकमात्र मनुष्यों का उपास्य है।'।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रहस्योद्घाटन Revelation

१६२१. स नो वृषन्नमुं चरुं सत्रादावन्नपा वृधि। अस्मभ्यमप्रतिष्कुतः॥ २॥

हे प्रभो! आप वृषन्-शक्तिशाली हैं सत्रादावन्-(सत्यमेव ददाति) सत्य के ही प्राप्त करानेवाले हैं। अप्रतिष्कुतः-जिन आपका विरोध कोई भी नहीं कर सकता (अप्रतिष्कुतः) तथा जो आप कभी भी ग़लती नहीं कर सकते (अप्रतिस्खलितः) सः-ऐसे आप नः-हमें अस्मभ्यम्-हमारे हित के लिए अमुं चरुम्-उस चरु को (मृच्चयो भवति चरुः—यास्क), अर्थात् मिट्टी के ढेररूप इस मृण्मय पार्थिव शरीर को अपावृधि-उद्घाटित रहस्यवाला कीजिए। आपकी कृपा से हम इस शरीर के रहस्य को समझें।

इस शरीर के रहस्य को न समझने के कारण ही हम आत्मस्वरूप को नहीं पहचान रहे। हम इसे ही आत्मा समझे बैठे हैं। 'चारयति इति चरुः' (चर् to doubt)। यह शरीर हमें आत्मा के विषय में संशयवाला कर देता है। हे प्रभो! आपकी कृपा से ही हम इस शरीर के स्वरूप का विश्लेषण करके 'आत्म-स्वरूप' को पहचान पाएँगे। सत्य के दाता आप ही हैं, मैं तो अल्पज्ञतावश असत्य को ही सत्य समझ बैठता हूँ। मेरी आपसे यही प्रार्थना है कि आपकी कृपा से मेरे समक्ष इस मृण्मय शरीर (चरु) का रहस्य स्पष्ट हो जाए।

भावार्थ—हम अपने को शक्तिशाली बनाएँ, सत्य के ग्रहण की वृत्तिवाले बनें और प्रभु-प्रार्थना से शरीर के स्वरूप को समझें, जिससे हम अपने को पहचान सकें।

ऋषिः—मधुच्छन्दा वैश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ओज से प्रभु की प्राप्ति

१६२२. वृषा यूथेव वंसगः कृष्टीरियर्त्योजसा। ईशानो अप्रतिष्कुतः॥ ३॥

वे प्रभु वृषा-शक्तिशाली हैं, इव-जैसे वंसगः-बैल यूथा ईशानः-गौओं के समूह का ईशान होता है, उसी प्रकार वे प्रभु सब जीवों के ईशान हैं। अप्रतिष्कुतः-आप अप्रतिष्कुत हैं, कोई भी

व्यक्ति आपकी व्यवस्था का विरोध नहीं कर सकता तथा साथ ही आप अप्रतिस्खलित हैं—आपसे कभी किसी ग़लती का सम्भव नहीं।

इस प्रकार शक्तिशाली वे प्रभु ओजसा=ओज के द्वारा कृष्टीः=श्रमशील व्यक्तियों को ईयर्ति=प्राप्त होते हैं। प्रभु ओज=बल के द्वारा ही प्राप्त होते हैं। इसी भाव के पोषण के लिए यहाँ मन्त्र में प्रभु को 'वृषा', 'ईशान', 'अप्रतिष्कुत' शक्तिशाली, स्वामी तथा अविरोध्य (matchless) कहा गया है। प्रभु अपनी शक्ति का प्रयोग जीवहित के लिए उसी प्रकार करते हैं जैसे झुण्ड में विचरनेवाला बैल झुण्ड की रक्षा करता है। जीव ने भी शक्तिशाली बनकर शक्ति का प्रयोग वृद्धि व रक्षा के लिए ही करना है। रक्षा व वृद्धि में विनियुक्त बल ही हमें प्रभु को प्राप्त करानेवाला होगा। 'ओज' उसी शक्ति का नाम है जो वृद्धि का कारण होता है। प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'मधुच्छन्दा' अपने बल का विनियोग औरों के पीड़न में करेगा ही नहीं। मधुर इच्छाओंवाला होने पर ऐसा सम्भव ही कैसे हो सकता है कि वह किसी का पीड़न करे।

भावार्थ—हम शक्तिशाली बनकर प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनें।

सूक्त-३

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु की प्राप्ति

१६२३. त्वं नश्चित्र ऊत्या वसो राधांसि चोदय।
अस्य रायस्त्वमग्ने रथीरसि विदा गाधं तुचे तु नः॥ १॥

मन्त्र संख्या ४१ पर मन्त्रार्थ इस रूप में है—

हे वसो=सबके बसानेवाले प्रभो! त्वम्=आप नः=हमें ऊत्या=रक्षा के हेतु से चित्+रः=ज्ञान देनेवाले हैं, अतः आप राधांसि=सर्वकार्यसाधक ज्ञानरूप धनों को चोदय=हमें प्राप्त कराइए। अस्य रायः=इस धन के तो अग्ने=हे उन्नत करनेवाले प्रभो! त्वम्=आप ही रथीः=नियन्ता असि=हैं। आप नः=हमारे तुचे=नौजवान सन्तानों के लिए तु=भी गाधम्=गम्भीर ज्ञान को विदा=प्राप्त कराइए।

भावार्थ—हे प्रभो! आप हमें और हमारे सन्तानों को गम्भीर ज्ञानरूप धन प्राप्त कराइए। इस धन के बिना हम कहीं 'तृण-पाणि' ही न रह जाएँ।

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

ज्ञान की तीन बात

१६२४. पर्षि तोकं तनयं पर्तृभिष्ट्वमदब्धैरप्रयुत्वभिः।
अग्ने हेडांसि दैव्या युयोधि नोऽदेवानि हूरांसि च॥ २॥

गत मन्त्र में प्रभु से ज्ञान की याचना की गयी थी, अतः प्रस्तुत मन्त्र में प्रभु तीन बातें कहते हैं और संकेत करते हैं कि जानने योग्य तो ये ही तीन बातें हैं—

१. त्वम्=तू अदब्धैः=ठीक, पवित्र व सत्य (unimpaired, pure, true) तथा अप्रयुत्वभिः=(अपृथग्भूत) निरन्तर पर्तृभिः=पालन-साधनों से तोकं तनयम्=पुत्र व पौत्र को पर्षि=पाल। एक

होकर इस मन्त्र का ऋषि वसिष्ठ-'वशिष्ठ' बनता है।

भावार्थ—हम प्रभु के तेजस्वी रूप को देखें और उस तेज में वासनाओं को भस्म करनेवाले हों।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—विष्णुः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

कर्तृत्व में भी अकर्तृत्व

१६२६. प्र तत्ते अद्य शिपिविष्ट हव्यमर्यः शंसामि वयुनानि विद्वान्।
तं त्वा गृणामि तवसमतव्यान् क्षयन्तमस्य रजसः पराके॥ २॥

हे शिपिविष्ट-किरणों में प्रविष्ट, अर्थात् ज्ञानमय प्रभो! अद्य-आज वयुनानि-तेरे सृष्टि के उत्पत्ति, स्थिति व प्रलयादि कर्मों का विद्वान्-विचार करनेवाला अर्यः-इन्द्रियों को वश में करनेवाला मैं ते-तेरे तत्-उस हव्यम्-(आह्वातव्यम्) पुकारने योग्य रूप का प्रशंसामि-खूब उच्चारण करता हूँ, अर्थात् मैं आपका खूब स्मरण करता हूँ।

अतव्यान्-निर्बल मैं तम्-उस तवसम्-बल के पुञ्ज त्वाम्-आपको गृणामि-स्तुत करता हूँ। आपकी स्तुति से मुझमें भी बल का संचार होता है। आप अस्य रजसः-इस सम्पूर्ण रजस् के पराके-परे—दूर देश में क्षयन्तम्-निवास कर रहे हैं। प्रभु इस सारे निर्माणादि कार्यों को करते हैं, परन्तु इन कार्यों को करते हुए भी वे इनसे परे हैं—इनमें वे फँसे हुए नहीं हैं। कर्ता होते हुए भी वे अकर्ता ही हैं। इस रजोगुण में न उलझने से ही वे शक्तिशाली बने हैं। रजोगुण में न उलझने का कारण उनका 'शिपिविष्ट' होना है। वे ज्ञानपुञ्ज हैं, अतः आसक्ति से परे हैं।

इस रूप में प्रभु का स्तवन करनेवाला व्यक्ति भी कर्ता होते हुए अकर्ता बन पाता है। आसक्ति को जीतकर मन पर प्रभुत्व स्थापित करनेवाला यह इस मन्त्र का ऋषि 'वसिष्ठ' होता है। प्रभु का स्तोता बनने के लिए आवश्यक है कि हम—

१. प्रभु के सृष्टि-निर्माणादि कार्यों पर विचार करें तथा २. जितेन्द्रिय बनने का प्रयत्न करें। विचारक और संयमी ही प्रभु का स्तोता बन पाता है।

भावार्थ—प्रभु के तेजोमय रूप का चिन्तन कर हम भी तेजस्वी बनें।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—विष्णुः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

'यज्ञ' की उपासना 'यज्ञ के द्वारा'

१६२७. वषट् ते विष्णवास आ कृणोमि तन्मे जुषस्व शिपिविष्ट हव्यम्।
वर्धन्तु त्वा सुष्टुतयो गिरो मे यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः॥ ३॥

सः-वह मैं हे विष्णो-व्यापक प्रभो! ते वषट्-तेरे स्वाहारूप यज्ञ को आ-सर्वथा आकृणोमि-कुछ-न-कुछ करता ही हूँ (आ-ईषत्)। प्रभु तो सर्वव्यापक हैं और इसी नाते वे सबका कल्याण कर रहे हैं—उनका यह लोकहित के लिए अपने को दे डालनारूप यज्ञ सब जगह पूर्णरूप से चल रहा है। प्रभु का स्तवन करनेवाला यह वसिष्ठ अपनी अल्पता के कारण उस यज्ञ को उतने विस्तार से नहीं कर सकता, अतः कहता है कि फिर भी मैं कुछ-न-कुछ यज्ञ तो करता ही हूँ। मे-मेरे तत्

हव्यम्-उस यज्ञ को आप जुषस्व-प्रीतिपूर्वक सेवन कीजिए। हे शिपिविष्ट-प्रकाश किरणों में प्रविष्ट, अतएव सदा दीप्त प्रभो! हव्यम्—मेरी इस पुकार को आप अवश्य सुनिए, अर्थात् आपकी कृपा से मैं यज्ञ-यात्रा से कभी विचलित न होऊँ, कुछ-न-कुछ यज्ञ करूँ ही।

मे-मेरी सुष्टुतयः-उत्तम स्तुतियोंवाली वाणियाँ त्वा-आपको वर्धन्तु-बढ़ाएँ। आपकी स्तुति के द्वारा मेरी वाणी सदा आपके गुण-कीर्तन करनेवाली बने और मेरा जीवन इन गुणों को लेकर, ऐसा बने कि हे देवो! यूयम्-आप सब स्वस्तिभिः-उत्तम स्थितियों से सदा-हमेशा नः-हमें पात-सुरक्षित करें।

भावार्थ—उस पूर्ण यज्ञरूप प्रभु की उपासना के लिए हम भी कुछ-न-कुछ यज्ञ करें। प्रभु का गुणगान करें—और अपने को इस योग्य बनाएँ कि सब देव हमारा त्राण करें।

सूक्त-५

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

मधुविद्या के शिखर पर

१६२८. वायो शुक्रो अयामि ते मध्वो अग्रं दिविष्टिषु।
आ याहि सोमपीतये स्पार्हो देव नियुत्वता॥ १॥

जिस समय वेद में 'इन्द्रवायू' का वर्णन होता है, उस समय अध्यात्म में 'इन्द्र' का अभिप्राय 'जीवात्मा' से है जो इन्द्रियों का अधिष्ठाता है और 'वायु' से अभिप्राय 'प्राण' है जो जीवात्मा की उन्नति के लिए प्रभु द्वारा प्राप्त कराया गया है।

प्राणसाधना से शरीर में शुक्र-वीर्य की ऊर्ध्वगति होती है, अतः यहाँ वायु को शुक्र ही कह दिया है। इस शुक्र की रक्षा से वीर्य की ऊर्ध्वगति होकर ज्ञानाग्नि दीप्त होती है और मनुष्य ज्ञान के शिखर तक पहुँच पाता है। ज्ञान का शिखर ही मधुविद्या है। यह मधुविद्या ही ब्रह्मविद्या है, अतः मन्त्र में कहते हैं कि वायो-हे प्राण! शुक्रः-तू शुक्र है—वीर्य है, वीर्यरक्षा का मुख्य साधन है। ते-तेरे द्वारा मैं दिविष्टिषु-ज्ञान-यज्ञों में (दिव् इष्टि) मध्वः अग्रम्-मधुविद्या के शिखर पर अयामि-पहुँचता हूँ।

यह वायु अथवा प्राण स्पार्हः-स्पृहणीय है—इससे अधिक मधुर व चाहने योग्य कोई वस्तु नहीं है। प्राण की आकांक्षा करता हुआ प्रत्येक व्यक्ति यही चाहता है कि "मा न भूवं, भूयासम्"-न होऊँ यह बात न हो—बना ही रहूँ। यह 'देव' है—दिव्य गुणों को प्राप्त करानेवाला है, अतः मन्त्र में कहते हैं कि हे देव-दिव्य गुण-प्रापक वायो! तू स्पार्हः-स्पृहणीय है। आप सोमपीतये-सोम-पान के लिए नियुत्वता-स्तोता के साथ अथवा प्रशस्त इन्द्रियरूप घोड़ोंवालों के साथ आयाहि-हमारे इस जीवन-यज्ञ में आओ।

प्राण-साधना से ही सोमपान-वीर्यरक्षा होती है। वीर्यरक्षा से ही दीप्त ज्ञानाग्निवाले होकर हम मधुविद्या व ब्रह्मविद्या के शिखर पर पहुँचते हैं। प्राणसाधना करनेवाला व्यक्ति प्रशस्तेन्द्रियाश्वोंवाला प्रभु का स्तोता गोतम होता है। यह उत्तम दिव्य गुणोंवाला बनने से 'वामदेव' कहलाता है।

भावार्थ—हम प्राणसाधना पर बल दें। यही हमें शिखर पर पहुँचाएगी।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रवायू॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

इन्द्र और वायु का सोमपान

१६२९. इन्द्रश्च वायवेषां सोमानां पीतिमर्हथः।
युवां हि यन्तीन्दवो निम्नमापो न सध्र्यक् ॥ २ ॥

हे वायो=प्राण! तू च=और इन्द्रः=इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव, जिसे पिछले मन्त्र में 'नियुत्वान्'=उत्तम इन्द्रियरूप अश्वोंवाला कहकर स्मरण किया था, तुम दोनों एषां सोमानाम्=इन सोमों के पीतिम् अर्हथः=पान के योग्य हो। प्राणसाधना के बिना वीर्य व रेतस् की ऊर्ध्वगति नहीं होती और इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव (इन्द्र) ही प्राणसाधना करनेवाला होता है। एवं, इन्द्र और वायु मिलकर सोमपान करते हैं।

युवां हि=निश्चय से तुम दोनों को ही इन्दवः=ये सोमकण यन्ति=प्राप्त होते हैं न=उसी प्रकार स्वाभाविकरूप से जैसे आपः=जल निम्नम् सध्र्यक्=निम्न स्थान (slope) की ओर जानेवाले होते हैं। जैसे पानी सहजतया ढलान की ओर जाते हैं उसी प्रकार ये सोमकण इन्द्र और वायु की ओर स्वाभाविकरूप से जाते हैं। इस समय इनकी ऊर्ध्वगति उतनी ही स्वाभाविक हो जाती है जितनी कि पानी की निम्नगति स्वाभाविक है।

एवं, स्पष्ट है कि जीवात्मा 'इन्द्र' बने—इन्द्रियों का अधिष्ठाता बने और प्राणों की साधना करे। इस प्रकार जितेन्द्रियता व प्राणायाम द्वारा ही हम सोमरक्षा कर पाएँगे और यह सोमरक्षा ही हमारे जीवन-उत्थान का कारण बनेगी।

भावार्थ—मैं प्राणायाम द्वारा वीर्य की ऊर्ध्वगति करके सोमपान करनेवाला 'इन्द्र' बनूँ।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रवायू॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सोमपान के कुछ लाभ

१६३०. वायविन्द्रश्च शुष्मिणा सरथं शवसस्पती।
नियुत्वन्ता न ऊतय आ यातं सोमपीतये ॥ ३ ॥

प्रस्तुत मन्त्र में 'शवस्' व 'शुष्म' दोनों शब्द बलवाचक हैं। वह बल जो हमें सदा गतिशील बनाये रखता है 'शवस्' कहलाता है तथा शत्रुओं का शोषण करनेवाला बल 'शुष्म' होता है।

वायु और इन्द्र जब सोम की रक्षा करके सोमकणों को शरीर में ही व्याप्त करते हैं तब हम सदा क्रियाशील व क्रोधादि के शोषण करनेवाले, अर्थात् सरलता से क्षुब्ध (upset) नहीं होते, अतः कहते हैं कि वायो=हे प्राण! तू इन्द्रः च=और इन्द्र 'जीवात्मा' शुष्मिणा=शत्रु-शोषक बलवाले हो तथा शवसस्पती=सदा क्रियाशील बनाये रखनेवाली शक्ति से युक्त हो। सरथम्=तुम दोनों शरीररूप समान रथ पर आरूढ़ हुए-हुए नियुत्वन्ता=प्रशस्त इन्द्रियरूप अश्वोंवाले बनकर सोमपीतये=सोमपान के लिए आयातम्=आओ। फिर इस प्रकार नः=हमारी ऊतये=रक्षा के लिए होओ।

इस मन्त्र में सोमपान का लाभ इस प्रकार व्यक्त हुआ है—

१. शुष्मिणा=ये हमें क्रोध आदि शत्रुओं का शोषण करने में सहायक होंगे।

२. शवसस्पती=ये हमें सदा क्रियाशील बने रहने के लिए शक्ति देंगे, अर्थात् हममें किसी

प्रकार की थकावट न आएगी।

३. नियुत्वन्ता-हमारे इन्द्रियरूप घोड़े प्रशस्त बनेंगे।

४. ऊतये-हम सब रोगों से बचे रहेंगे।

इस प्रकार सोमपान करके ही हम अपने जीवन को सुन्दर, दिव्य गुणों से युक्त करके मन्त्र के ऋषि 'वामदेव' बनते हैं।

भावार्थ—सोमपान के द्वारा हम शक्तिशाली, क्रियाशील, उत्तम इन्द्रियोंवाले व नीरोग बनें।

सूक्त-६

ऋषिः—रेभसूनू काश्यपौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

व्रतों से शरीर-नैर्मल्य

१६३१. अध क्षपा परिष्कृतो वाजाँ अभि प्र गाहसे।
यदी विवस्वतो धियो हरिं हिन्वन्ति यातवे॥ १॥

'क्षप्' धातु का अर्थ व्रत करना तथा कई वस्तुओं से अपने को अलग रखना (to fast, to be abstinent) है। गत मन्त्र में सोमपान का उल्लेख था। उसका प्रबल इच्छुक क्या करता है? अध-सबसे प्रथम तो क्षपा-व्रतों के द्वारा परिष्कृतः-परिशुद्ध शरीरवाला हुआ-हुआ तू वाजान्-शक्तियों का अभिप्रगाहसे-आलोड़न करता है। व्रतों से शरीर के सब मल नष्ट होकर कायाकल्प-सा हो जाता है और शरीर में नवशक्ति का संचार हो जाता है।

यत ईं-और निश्चय से यह व्रत करनेवाला विवस्वतः-सूर्य से—सूर्य के समान प्रकाशमय मस्तिष्कवाले आचार्य से धियः-ज्ञानों को (अभिप्रगाहसे)-प्राप्त करता है। 'विवस्वतः' यह पञ्चमी विभक्ति नियमपूर्वक ज्ञान की प्राप्ति का संकेत कर रही है।

ये नवशक्ति-सम्पन्न शरीरवाले व्यक्ति यातवे-राक्षसों के लिए, आसुरी वृत्तियों को दूर करने के लिए (मशकाय धूमः-मशक निवृत्ति के लिए धूँआ है) हरिः-उस सब दुःखहरणशील प्रभु को हिन्वन्ति-प्राप्त होते हैं। उस प्रभु की स्तुति करते हैं। प्रभु की स्तुति करने के कारण ही ये 'रेभ'-स्तोता कहलाते हैं। सदा उत्तम प्रेरणा को सुननेवाले होने से 'सूनु' नामवाले होते हैं। 'रेभः सूनु'-ही इस मन्त्र का ऋषि है। प्रभु-स्मरण के कारण इनके पास आसुरी वृत्तियाँ फटकतीं ही नहीं।

भावार्थ—हम व्रतों से परिष्कृत जीवनवाले बनकर—१. शक्ति का सम्पादन करें २. ज्ञान में सूर्य के समान चमकें तथा ३. आसुर वृत्तियों को दूर करने के लिए प्रभु का स्मरण करें।

ऋषिः—रेभसूनू काश्यपौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

ज्ञानेन्द्रियों के मुख से

१६३२. तमस्य मर्जयामसि मदो य इन्द्रपातमः।
यं गाव आसभिर्दधुः पुरा नूनं च सूरयः॥ २॥

'सोम' शरीर में सर्वोत्तम रक्षक है। यह शरीर को नीरोग रखता है, मन को निर्मल करता है और बुद्धि को तीव्र बनाता है। वस्तुतः यह जीवन का आधार है। इसके अभाव में तो मृत्यु ही है,

इसीलिए इसे यहाँ 'इन्द्र-पात-मः'-जीवात्मा का सर्वोत्तम रक्षक कहा गया है। यह जीवन में उल्लास लानेवाला है, अतः इसे मदः—हर्षजनक कहा है। हम अस्य-इस जीव के तम्-उस सोम को मर्जयामसि-शुद्ध करते हैं यः-जो मदः-उल्लास को देनेवाला तथा इन्द्रपातमः-जीवात्मा का सर्वाधिक रक्षक है। यः-जिसको गावः-ज्ञानेन्द्रियाँ आसभिः-(असनम्-आसः) शत्रुओं के—काम-क्रोधादि के प्रक्षेपण के हेतु से दधुः-धारण करती हैं। जितना-जितना मनुष्य ज्ञान-प्राप्ति में प्रवृत्त होता है, उतना-उतना ही सोम-रक्षण सम्भव होता है और मनुष्य वासनाओं के विनाश व दूर फेंकने में समर्थ होता है। ज्ञान-प्राप्ति एक ऐसा व्यसन है जो अन्य सब व्यसनों को नष्ट कर देता है।

च-और सूरयः-विद्वान् विवेकी समझदार लोग नूनम्-शीघ्र ही (now, immediately) पुरा-आत्मरक्षा के लिए (for the defence of) दधुः-इस सोम को धारण करते हैं। वेद में 'पुरा' शब्द का अर्थ 'रक्षा के लिए' होता है—यही अर्थ यहाँ सङ्गत है। विवेकशील पुरुष श्रेय और प्रेय का अन्तर समझकर सोम का विनियोग क्षणिक प्रेय के लिए न करके स्थायी श्रेय के लिए ही करता है और सोम की रक्षा में अत्यन्त सावधान हो जाता है। सोम की रक्षा यह 'ज्ञानेन्द्रियों के मुख' से ही कर पाता है, अर्थात् ज्ञानेन्द्रियों को सदा ज्ञान-प्राप्ति में लगाये रखकर ही सोम की रक्षा सम्भव होती है।

भावार्थ—ज्ञानेन्द्रियों को ज्ञानप्राप्ति में लगाये रखकर ही हम सोम की रक्षा कर पाते हैं।

ऋषिः—रेभसूनू काश्यपौ॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

पुराणगाथा से स्तवन

१६३३. तं गाथया पुराण्या पुनानमभ्यनूषत।
उतो कृपन्त धीतयो देवानां नाम बिभ्रतीः॥ ३॥

वेद यहाँ 'पुराणी गाथा' शब्द से कहा गया है, क्योंकि इसका गायन तो सृष्टि के प्रारम्भ में हुआ, परन्तु यह अत्यन्त प्राचीन होता हुआ भी सदा ही नवीन (पुरापि नवः) है। यह कभी बासा नहीं होता। सब सत्यविद्याओं के बीज का कोश होने से यह अनन्त ज्ञान का निधि है। मनुष्य कभी भी इसके अन्त को नहीं पहुँच पाता। इस पुराण्या गाथया-सनातन वेदवाणी के द्वारा तं पुनानम्-उस पवित्र करनेवाले प्रभु का अभ्यनूषत-विद्वान् लोग स्तवन करते हैं। प्रभु-स्तवन से जीवन में पवित्रता का संचार होता है।

'ये विद्वान् लोग प्रभु की केवल शाब्दिक स्तुति ही करते रहें', ऐसी बात नहीं है। उत उ-और निश्चय से इन विद्वानों की धीतयः-अंगुलियाँ (धीयन्ते कर्मसु) कृपन्त-सदा कर्मों में लगी रहकर अपने को समर्थ बनाती हैं (कृप् सामर्थ्य)। कर्मों में लगे रहने से पवित्रता भी बनी रहती है और शक्ति भी स्थिर रहती है।

इन विद्वान् लोगों की अंगुलियाँ जैसे-तैसे कर्मों में प्रवृत्त हो जाएँ यह तो सम्भव ही नहीं, परन्तु वस्तुतः देवानां नाम-देवताओं के यश को बिभ्रतीः-धारण करती हुई ही ये कर्मों में लगी रहती हैं, अर्थात् इनके कर्म सदा यशस्वी होते हैं। यशस्वी कर्मों के करनेवाले ये अपने उत्तम कर्मों से उसे प्रसन्न करनेवाले सचमुच उसके 'सूनु' (Sons) हैं, ये ही सच्चे रेभ-स्तोता हैं।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करें और यशस्वी कर्मों में प्रवृत्त रहें।

सूक्त-७

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु ही हमारी जीवन-यात्रा पूरी करेंगे

१६३४. अश्वं न त्वा वारवन्तं वन्दध्या अग्निं नमोभिः। सम्राजन्तमध्वराणाम्॥ १॥

इस मन्त्र की व्याख्या संख्या १७ पर हुई है। सरलार्थ इस प्रकार है—

अध्वराणाम्-सब हिंसारहित यज्ञात्मक कर्मों के सम्राजम्-सम्राट् तम्-उस अग्निम्-सबके अग्रेणी वारवन्तम्-प्रशस्तरूप से शत्रुओं के निवारणरूप कार्य को करनेवाले अश्वं न-जीवनयात्रा के लिए घोड़े के समान त्वा-आपका नमोभिः-नमस्कारों से, नम्रता से वन्दध्या-हम वन्दन करते हैं।

भावार्थ—प्रभु-वन्दना के द्वारा हम अपने जीवनों को सुखमय बनाएँ।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वह प्रभु ही हमारा हो

१६३५. स घा नः सूनुः शवसा पृथुप्रगामा सुशेवः। मीढ्वाँ अस्माकं बभूयात्॥ २॥

सः-वह प्रभु घ-निश्चय से अस्माकम्-हमारा बभूयात्-हो। कौन-सा प्रभु? जो—

१. नः सूनुः-हमें प्रेरणा देनेवाला है (षू प्रेरणे)। पुत्र भी सूनु कहलाता है, क्योंकि वह हमें कमाने इत्यादि की प्रेरणा देता है। सन्तानों के लिए ही तो मनुष्य कमाता है। प्रभु इस दृष्टिकोण से भी सूनु हैं कि भक्त उन्हें अपने हृदय में जन्म देने का प्रयत्न करता है।

२. शवसा पृथुप्रगामा-गतिमय शक्ति (Dynamic energy-शवस्) के द्वारा वह प्रभु हमें विशाल क्रिया-क्षेत्र में चलानेवाला है।

३. सुशेवः-वह उत्तम सुखों को प्राप्त करानेवाला है।

४. मीढ्वान्-अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्ति का सेचन करनेवाला है। (मिह् सेचने)

यदि हम प्रभु से अपना सम्पर्क जोड़ेंगे तो सदा उसकी उत्तम प्रेरणा को सुनेंगे, प्रबल क्रियाशक्ति-वाले होंगे, सुखमय जीवन का लाभ करेंगे तथा हमारा अङ्ग-प्रत्यङ्ग शक्तिसम्पन्न होगा। इस प्रकार का जीवन बनाकर हम सचमुच इस मन्त्र के ऋषि 'शुनःशेप' होंगे—अपने जीवनों में सुखों का निर्माण करनेवाले होंगे।

भावार्थ—हमारा एकमात्र आधार प्रभु ही हो। हम तन्मय हो जाएँ।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वे प्रभु कैसे रक्षा करते हैं?

१६३६. स नो दूराच्चासाच्च नि मर्त्यादघायोः। पाहि सदमिद्विश्वायुः॥ ३॥

गत मन्त्र में कहा था कि वे प्रभु हमारे जीवनों को 'सुन्दर, सुखी व सबल' बनाते हैं। 'वह किस प्रकार?' इस प्रश्न का उत्तर प्रस्तुत मन्त्र में दिया है कि 'पापियों के सङ्ग से बचाकर'। सङ्ग का प्रभाव जीवन पर अत्यधिक है। सुसङ्ग जीवन को बनाता है तो कुसङ्ग नष्ट कर डालता है। 'सुमतिकुमती सम्पदापत्तिहेतू'-सत्सङ्ग-जनित सुमति जीवन सम्पदा का कारण बनती है और कुसङ्ग-

जनित कुमति जीवन-विपदा का। साधुसङ्गम मोक्ष का हेतु है, दुर्जनसङ्ग व्यसनों में जकड़े जाने का, अतः मन्त्र में कहते हैं कि—

हे प्रभो! सः-वे आप नः-हमें दूरात् च आसात् च-दूर से और समीप से अघायोः-पाप को चाहनेवाले मर्त्यात्-मनुष्य से सदमित्-सदा ही विश्वायुः-जीवनभर (अत्यन्त संयोग में यहाँ द्वितीया है) बिना किसी विच्छेद के निरन्तर नि-पाहि-निश्चयसे बचाइए। आपकी कृपा से हम सदा कुसङ्ग से बचे रहें। आप-जैसे जीवनवाले, अर्थात् आपकी दिव्यता को धारण करनेवाले साधु-पुरुषों से ही हमारा सङ्ग हो। उत्तम माता, पिता, आचार्य व विद्वान् अतिथियों को प्राप्त करके हम सदा उत्तम वृत्तिवाले बने रहें और इस प्रकार अपने जीवनों को सुखी बनानेवाले 'शुनःशेप' हों।

भावार्थ—सत्सङ्ग हमारे जीवन को 'सत्' बनाए।

सूक्त-८

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

उत्साहजनक प्रेरणा

१६३७. त्वमिन्द्र प्रतूर्तिष्वभि विश्वा असि स्पृधः।
अशस्तिहा जनिता वृत्रतूरसि त्वं तूर्य तरुष्यतः॥ १॥

संख्या ३११ पर इस मन्त्र का अर्थ इस रूप में है—

प्रभु जीव से कहते हैं कि इन्द्र-हे इन्द्रियों के अधिष्ठता जीव! त्वम्-तू प्रतूर्तिषु-अध्यात्म संग्रामों में विश्वाः स्पृधः-सब स्पर्धा करनेवाली कामादि वृत्तियों को अभि असि-जीत लेता है। अशस्तिहा-अशुभ का तू नाश करनेवाला है। जनिता-विकासशील है वृत्रतूः असि-मार्ग में आनेवाली सब रुकावटों को समाप्त करनेवाला है। तरुष्यतः-हिंसा करनेवाली इन अशुभ वृत्तियों को त्वम्-तू तूर्य-समाप्त कर डाल।

भावार्थ—हम प्रभु की इस उत्साहपूर्ण प्रेरणा को सुनें और कामादि शत्रुओं का विध्वंस करके आगे बढ़ें।

ऋषिः—नृमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सारे ब्रह्माण्ड की अनुकूलता

१६३८. अनु ते शुष्मं तुरयन्तमीयतुः क्षोणी शिशुं न मातरा।
विश्वास्ते स्पृधः श्नथयन्त मन्यवे वृत्रं यदिन्द्र तूर्वसि॥ २॥

न-जैसे तुरयन्तम्-गति करते हुए शिशुं अनु-बालक के पीछे मातरा-माता-पिता ईयतुः-चलते हैं—उसकी रक्षा व सहायता के लिए उसके साथ-साथ होते हैं, उसी प्रकार हे इन्द्र! ते-तेरे तुरयन्तम्-बल के पीछे क्षोणी-द्युलोक और पृथिवीलोक, अर्थात् सारा ब्रह्माण्ड व सभी देव ईयतुः-गति करते हैं। जब तू अपने शत्रुओं का संहार करनेवाले बल से शत्रुओं को समाप्त करता है तब सारे देवता तेरे सहायक होते हैं। प्रभु उन्हीं की मदद करता है जो अपनी मदद आप करते हैं और देवता उसी के सख्य के लिए होते हैं जो थककर चूर-चूर हो जाता है। जीव कामादि के संहार में लगेगा तो सारा ब्रह्माण्ड उसका साथ देगा।

हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठता जीव! यत्-जब तू वृत्रम्-इस ज्ञान के आवरणभूत काम को तूर्वसि-नष्ट करता है तब ते-तेरे मन्यवे-ज्ञान के लिए विश्वाः स्पृधः-बलात् अन्दर प्रविष्ट हो जानेवाले ये क्रोधादि सब शत्रु श्नथयन्त-ढीले पड़ जाते हैं। 'काम' ही तो शत्रुओं का सम्राट् था, सम्राट् नष्ट हुआ तो ये छोटे-छोटे सेनापति तो ढीले हो ही जाते हैं। अपने सब शत्रुओं को समाप्त करके यह अपने को उन्नति के मार्ग पर आगे और आगे ले-चलता है—अपने को आगे ले-चलनेवाला यह 'ना' (नू नये) कहलाता है। आगे और आगे बढ़ता हुआ यह प्रभु से मेल करनेवाला 'मेध' (मेधृ-सङ्गम) होता है और इस प्रकार यह 'नृमेध' कहलाता है।

भावार्थ—मनुष्य प्रयत्न करता है तो सब देव भी उसकी सहायता करते हैं और वह सब आन्तर शत्रुओं के विध्वंस में समर्थ होता है।

सूक्त-९

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'यज्ञ' ही फूलने-फलने का साधन है

१६३९. यज्ञ इन्द्रमवर्धयद् यद्भूमिं व्यवर्तयत्। चक्राण ओपशं दिवि॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र की व्याख्या संख्या १२१ पर इस प्रकार है—

यज्ञः-यज्ञ की भावना ने इन्द्रम्-आत्मा को अवर्धयत्-बढ़ाया है। यत्-इसीलिए तो भूमिं व्यवर्तयत्-इन्द्र ने यज्ञ के लिए सारी पार्थिव सम्पत्ति—सारी थैली को ही उलटा दिया है। इस यज्ञिय भावना के परिणामरूप यह इन्द्र दिवि-मस्तिष्क में ओपशम्-मस्तक के ज्ञानरूप आभरण को चक्राणः-बनानेवाला हुआ है।

भावार्थ—यज्ञ से सब प्रकार का वर्धन होता है और मस्तिष्क ज्ञान से अलंकृत होता है।

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बल नामक असुर का संहार

१६४०. व्या३न्तरिक्षमतिरन् मदे सोमस्य रोचना। इन्द्रो यदभिनद्बलम्॥ २॥

आधिदैविक जगत् में 'इन्द्र'-सूर्य है तथा 'बल' मेघ है। सूर्य अपनी किरणों से मेघ को छिन्न-भिन्न कर देता है। अध्यात्म में इन्द्र-जीवात्मा है तथा बल-वे सब आसुर वृत्तियाँ हैं जो (वल् to hurt) जीव की उन्नति में विघातक होती हैं। यत्-जब इन्द्र-जीवात्मा बलम्-इन आसुर वृत्तियों को अभिनत्-विदीर्ण करता है तब सोमस्य मदे-अन्तःस्थित वीर्यशक्ति-जनित उल्लास में रोचना-प्रकाशमय अन्तरिक्षम्-हृदयान्तरिक्ष को वि आ अतिरत्-मलों से सर्वथा मुक्त कर लेता है (तॄ-to litbrate from)।

एवं, आसुर वृत्तियों के संहार के परिणाम निम्न हैं—

१. सोम की रक्षा होती है—उससे जीवन में एक विशेष उल्लास उत्पन्न होता है (सोमस्य मदे),

२. हृदयान्तरिक्ष प्रकाशमय होता है (रोचना),

३. हृदय राग-द्वेषादि मलों से रहित हो जाता है।

इस प्रकार हृदय नैर्मल्य से ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ भी ठीक काम करने लगती हैं। इनके ठीक

काम करने से यह ऋषि गोसूक्ति व अश्वसूक्ति बनता है।

भावार्थ—हम आसुर वृत्तियों का संहार करनेवाले बनें।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

गुहास्थ गौवों का उदाजन

१६४१. उद्गा आजदङ्गिरोभ्य आविष्कृण्वन्गुहा सतीः। अर्वाञ्चं नुनुदे वलम्॥ ३॥

इन्द्र और वल का हृदयस्थली पर एक सनातन युद्ध चल रहा है। इस युद्ध में जब इन्द्र वलम्-इस वल नामक आसुर वृत्ति को अर्वाञ्चं नुनुदे-नीचे ढकेल देता है, अर्थात् पराजित कर देता है (gives him a crushing defeat), उस समय इसके शरीर के अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्ति का संचार हो जाता है। तब यह 'अङ्ग-अङ्ग में रसवाला' होने से आङ्गिरस कहलाता है। 'इसका शरीर ही सबल बन जाता हो', यही नहीं, प्रत्युत इसके ज्ञान पर आसुर वृत्तियों का जो पर्दा पड़ा हुआ था, जिसके कारण हृदयरूप गुहा में विद्यमान भी ज्ञान प्रकाशित नहीं हो रहा था, वह ज्ञान अब चमक उठता है। काव्यमय भाषा में इस बात को इस प्रकार कहते हैं कि—वे ज्ञान की वाणीरूप गौवें, जो इन असुरों ने हृदयरूप गुहा में छिपा रखी थीं, उनको यह बाहर ले-आता है। गुहासतीः-हृदयरूप गुहा में पहले से ही विद्यमान गाः-वेदवाणियों को अङ्गिरोभ्यः-इस अङ्गरसवाले शक्तिशाली पुरुषों के लिए आविष्कृण्वन्-प्रकट करता हुआ उद्-आजत्-बाहर ले-आता है, अर्थात् इनका वह दबा हुआ ज्ञान प्रकट हो जाता है—ज्ञान का बीज विकसित होकर ज्ञानवृक्ष बन जाता है। इस व्यक्ति की इन्द्रियाँ उस ज्ञान का कथन करने लगती हैं और यह सचमुच 'गोसूक्ति' तथा अश्वसूक्ति बन जाता है, जिसकी ज्ञानेन्द्रियाँ व कर्मेन्द्रियाँ उत्तम ढंग (सु) से ज्ञान का कथन करती हैं (उक्ति)।

भावार्थ—हम भी गुहास्थ गौवों का उदाजन करनेवाले बनें, परन्तु यह तभी हो सकेगा जब हम वल नामक असुर का पराभव कर पाएँगे।

सूक्त-१०

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

रक्षा के लिए प्रभु का आवाहन

१६४२. त्यमु वः सत्रासाहं विश्वासु गीर्ष्वायतम्। आ च्यावयस्यूतये॥ १॥

१७० संख्या पर प्रस्तुत मन्त्र का यह अर्थ दिया गया है—

हे मनुष्य! तू उ त्यम्-उसी प्रभु को, जो वः-तुम्हारे सत्रासाहम्-सब शत्रुओं का पराभव करनेवाला है और जो विश्वासु गीर्षु आयतम्-सब वेदवाणियों में फैला हुआ है, ऊतये-रक्षा के लिए आच्यावयसि-अपने में अवतीर्ण कर।

भावार्थ—मैं प्रभु को हृदय में प्रतिष्ठित करूँ, जिससे कामादि उधर झाँकें ही नहीं।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कैसे प्रभु का आवाहन ?

१६४३. युध्मं सन्तमनर्वाणं सोमपामनपच्युतम्। नरमवार्यक्रतुम्॥ २॥

गत मन्त्र में प्रभु को अपने में अवतीर्ण करने का प्रसङ्ग था। उसी प्रसङ्ग को प्रस्तुत मन्त्र में इस रूप में कहते हैं—उस प्रभु का अपने में आवाहन करो जो—

१. युध्मम्-(warlike, martial) युद्धप्रिय हैं। प्रभु बुराई को दूर करने में, जीव की उन्नति के लिए, निरन्तर प्रेरणादि द्वारा प्रवृत्त हैं। जो भी जीव बुराई के साथ संघर्ष करके उसे दूर करता है वह प्रभु का प्रिय होता है। जैसे यज्ञों से प्रभु की उपासना होती है इसी प्रकार युद्धों से भी प्रभु पूजित होते हैं। 'इत्थं युद्धैश्च यज्ञैश्च भजामो विष्णुमीश्वरम्'।

२. सन्तम्-जो प्रभु सत् हैं—श्रेष्ठ-ही-श्रेष्ठ हैं। प्रभु के उपासक को भी श्रेष्ठ बनने का प्रयत्न करना है।

३. अनर्वाणम्-प्रभु का किसी से द्वेष (not inimical) नहीं। प्रभुभक्त भी द्वेष से ऊपर उठकर बुराई को दूर करने में लगा रहता है और सर्वभूतहिते रतः होता है।

४. सोमपाम्-वे प्रभु सोम की रक्षा करते हैं अथवा विनीत पुरुष का रक्षण करते हैं। प्रभु-स्मरण द्वारा वासनाओं को भगाकर हम अपनी शक्ति को सुरक्षित कर पाते हैं और शक्ति के साथ नम्रता को धारण करते हुए प्रभु की रक्षा के पात्र बने रहते हैं।

५. अनपच्युतम्-जो प्रभु कभी नष्ट नहीं होते। प्रभुभक्त भी धर्म के मार्ग से अपच्युत नहीं होता।

६. नरम्-वे प्रभु नर हैं, सब मनुष्यों को उन्नति-पथ पर ले-चलनेवाले हैं। भक्त ने भी तो स्वयं अपने को तथा अन्यों को उन्नति-पथ पर ले-चलना है।

७. अवार्यक्रतुम्-उस प्रभु का संकल्प अवार्य है—किसी से रोका नहीं जा सकता। प्रभु-भक्त भी 'अवार्यक्रतु' हुआ करता है। उसको उसके दृढ़ निश्चय से मृत्युभय भी हटा नहीं पाता।

प्रभु का उल्लिखितरूप में आवाहन करता हुआ मन्त्र का ऋषि 'सुकक्ष'-(उत्तम शरणवाला) भी अपने जीवन को युध्मादि विशेषणोंवाला बनाता है। सच्ची भक्ति तदनुरूप बनना ही तो है।

भावार्थ—प्रभु को युध्मादि रूपों में स्मरण करता हुआ मैं भी युध्मादि विशेषण-विशिष्ट जीवनवाला बनूँ।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा आङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पार्य धन की प्राप्ति

१६४४. शिक्षा ण इन्द्र राय आ पुरु विद्वाँ ऋचीषम। अवा नः पार्ये धने॥ ३॥

यहाँ मन्त्र में सुकक्ष-उत्तम शरणवाला व श्रुतकक्ष-ज्ञानरूप शरणवाला प्रभु को सम्बोधित करता है कि इन्द्र-हे परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! (इदि परमैश्वर्ये) ऋचीषम्-(ऋचा समः) ऋचाओं के तुल्य स्तुतिवाले, अर्थात् सब वेदों में गायी गयी स्तुतिवाले प्रभो! पुरुविद्वान्-आप पालक हैं—पूरक हैं और पूर्ण ज्ञानी हैं। आप नः-हमें राये-धन के लिए आ-सर्वथा शिक्ष-समर्थ कीजिए। हम अपनी आजीविका के लिए इस बाह्य धन को तो प्राप्त करें ही, परन्तु साथ ही नः-हमें पार्ये धने-संसार-सागर से पार लगानेवाले धन में अवा-(भागदुघ) भागी कीजिए। हम बाह्यधन कमाने में भी समर्थ हों, अपनी प्राकृतिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने में अपनी टाँगों पर खड़े हों—किन्हीं पर निर्भर न हो जाएँ, परन्तु साथ ही आपकी कृपा से हम उस ज्ञानरूप धन को भी प्राप्त करनेवाले हों जो हमें उस प्राकृतिक धन में उलझ जाने से बचाकर भवसागर के पार पहुँचाए। इस प्रकार मैं 'श्रुतकक्ष'

इस यथार्थ नामवाला बन पाऊँ।

भावार्थ—हम ऐहिक तथा पारत्रिक धन को प्राप्त करनेवाले हों।

सूक्त-११

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

इन्द्रिय, दक्ष, क्रतु व वज्र

१६४५. तव त्यदिन्द्रियं बृहत्तव दक्षमुत क्रतुम्। वज्रं शिशाति धिषणा वरेण्यम्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'गोषूक्ति व अश्वसूक्ति' है—जिसकी ज्ञानेन्द्रियाँ तथा कर्मेन्द्रियाँ दोनों ही उत्तम प्रकार से वेदवाणी का प्रतिपादन करती हैं, अर्थात् जो ज्ञानेन्द्रियों से उन्हें पढ़ता है और कर्मेन्द्रियों से उनका आचरण करता है। वेदवाणी का अध्ययन करते हुए यह अनुभव करता है कि **धिषणा**-यह वेदवाणी (धिषणा-वाङ्नाम) हे प्रभो! **तव**-तेरे **त्यत्**-उस प्रसिद्ध **बृहत् इन्द्रियम्**-वृद्ध इन्द्रियशक्ति को **शिशाति**-तीव्र करती है, अर्थात् प्रबल व सूक्ष्मरूप से वर्णन करती है। यह प्रभु इन भौतिक इन्द्रियों से रहित होता हुआ भी किस प्रकार 'विश्वतश्चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतो बाहुरुत विश्वतस्पात्' सर्वत्र आँख, मुख, बाहु व पाँववाला है—इस बात का यह वेदवाणी प्रतिपादन कर रही है। सर्वेन्द्रियविवर्जित होते हुए भी वे प्रभु सर्वेन्द्रियगुणों के आभासवाले हैं।

१. **तव बृहत् दक्षम्**-हे प्रभो! यह वेदवाणी तेरे उस सदा वृद्ध बल का वर्णन करती है। इस संसार के धारण करनेवाले प्रभु का बल किस प्रकार अनन्त होगा?

२. **उत क्रतुम्**-यह वेदवाणी तेरे इस महान् सृष्टिरूप कर्म का भी वर्णन करती है (उत-भी, क्रतु-कर्म)

३. और अन्त में **वरेण्यम् वज्रम्**-वरणीय क्रियाशीलता का यह प्रतिपादन करती है (वज गतौ)। प्रभु की क्रिया स्वाभाविक है, अर्थात् उसका अपना कोई स्वार्थ इसमें निहित हो ऐसी बात नहीं है। स्तोता को भी चाहिए कि वह क्रिया को अपने लिए स्वाभाविक बनाये।

भावार्थ—वेदवाणी के अध्ययन से हम प्रभु की दर्शनादि शक्ति, बल व कर्म को तथा वरणीय निःस्वार्थ क्रियाशीलता को जानें और उसकी महिमा के प्रति नतमस्तक हों। उन गुणों को हम भी धारण करने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—गोषूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सारी सृष्टि प्रभु की महिमा है

१६४६. तव द्यौरिन्द्र पौंस्यं पृथिवी वर्धति श्रवः। त्वामापः पर्वतासश्च हिन्विरे॥ २॥

वेदवाणी के अध्ययन से विज्ञान का ज्ञान प्राप्त करके गोषूक्ति कह उठता है कि—

हे **इन्द्र**-परमैश्वर्यशालिन् प्रभो! **द्यौः पृथिवी**-ये द्युलोक तथा पृथिवीलोक **तव**-तेरे **पौंस्यम्**-बल को तथा **श्रवः**-यश को **वर्धति**-बढ़ाते हैं। ये उग्र व तेजस्वी द्युलोक अपने चमकते सितारों से तेरी शक्ति व यश को ही तो प्रख्यात कर रहा है। यह दृढ़ पृथिवी अपने अक्ष पर घूमती हुई सूर्य की परिक्रमा करते हुए तेरी अद्भुत व्यवस्था को प्रकट कर रही है।

आपः-ये नदी व समुद्ररूप में विद्यमान जल, **पर्वतासः च**-और पर्वत **त्वाम्**-आपको ही **हिन्विरे**-

बढ़ा रहे हैं। समुद्र का अनन्त जल तथा हिमाच्छादित शिखरोंवाले पर्वत आपके ही यश को बढ़ा रहे हैं।

वस्तुतः इस ब्रह्माण्ड का प्रत्येक पदार्थ प्रभु की महिमा का ही तो गायन कर रहा है।

भावार्थ—द्युलोक, पृथिवीलोक, समुद्र व पर्वत उस प्रभु की महिमा का प्रतिपादन करते हुए भक्त को प्रभु-प्रवण कर रहे हैं।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सूर्य, अन्तरिक्ष, दिन-रात तथा वायु

१६४७. त्वां विष्णुर्बृहन् क्षयो मित्रो गृणाति वरुणः। त्वां शर्धो मदत्यनु मारुतम्॥ ३॥

गोपूक्ति ही कह रहा है कि—त्वाम्-आपको विष्णुः-यह आदित्य (श० १४.१.१.६) बृहन् क्षयः-विशाल निवासस्थानभूत यह अन्तरिक्ष मित्रः वरुणः-दिन तथा रात (अह वै मित्रः रात्रिर्वरुणः ऐ० ४.१०) अथवा शुक्लपक्ष और कृष्णपक्ष (य एव आपूर्यते स वरुणः, योऽपक्षीयते स मित्रः—श० २.४.४.१८) गृणाति-गा रहे हैं, ये सबके सब आपका ही उपदेश दे रहे हैं, मारुतं शर्धः-वायु सम्बन्धी बल भी त्वाम् अनु-आपकी शक्ति से ही शक्तिसम्पन्न होकर मदति-आनन्द को प्राप्त करा रहा है। 'वायु का प्रवाह' जीवन देता हुआ किस प्रकार आनन्दित करता है यह तो अनुभव का ही विषय है। उस आनन्द को अनुभव करनेवाला व्यक्ति वायु में इस शक्ति को रखनेवाले प्रभु के प्रति नतमस्तक क्यों न होगा?

भावार्थ—सूर्य, अन्तरिक्ष, दिन-रात व वायु सभी प्रभु का स्मरण कराते हैं।

सूक्त-१२

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु के ओज के प्रति नमन

१६४८. नमस्ते अग्न ओजसे गृणन्ति देव कृष्टयः। अमैरमित्रमर्दय॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र संख्या ११ पर इस प्रकार व्याख्यात हुआ है—

हे अग्ने-अग्रेणी प्रभो! ते ओजसे-आपके ओज के लिए नमः-हम प्रणाम करते हैं। हे देव-सब दिव्य गुणों के पुञ्ज प्रभो! कृष्टयः-कृषि आदि निर्माणात्मक कार्यों को करनेवाले ही वस्तुतः गृणन्ति-आपका स्तवन करते हैं। अमैः-शक्तियों से अमित्रम्-शत्रु को—अस्नेह आदि वृत्तियों को अर्दय-पीड़ित करके दूर भगा दीजिए।

भावार्थ—ओजस्वी प्रभु का स्मरण हमें भी ओजस्वी बनने की प्रेरणा दे। ओजस्वी बनकर हम सब कामादि अध्यात्म-शत्रुओं का संहार कर दें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अन्वेषण के लिए धन (for the sake of research)

१६४९. कुवित्सु नो गविष्टये ऽग्ने संवेषिषो रयिम्। उरुकृदुरु णस्कृधि॥ २॥

हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! आप नः=हमें गविष्टये=गवेषण के लिए (गो+इष्टि) ज्ञानयज्ञ के लिए, Research के लिए कुवित्=बहुत रयिम्=धन सु=उत्तम प्रकार से संवेषिषः=परोसिये, अर्थात् यथाभाग प्राप्त कराइए। १. सामान्यतः मनुष्य धन कमाता है और जीवन में प्राकृतिक सुख-साधनों को जुटाने में, दूसरे शब्दों में भोगविलास में उस धन का व्यय कर देता है। यह धन का राजस् विनियोग अन्त में उसके दुःख का ही कारण बनता है। भोगों के कारण रोग आते हैं और मनुष्य जीर्ण-शक्ति होकर कष्ट पाता है। २. कई बार तो बुरे-बुरे पापों में ही हम उस धन का व्यय करने लगते हैं। हमारी बुद्धि पर एक विचित्र-सा पर्दा पड़ जाता है और हम न जाने किधर बह जाते हैं। ३. कई बार ऐसा भी होता है कि हम भोगों में व पापों में तो व्यय नहीं करते, परन्तु धन की ममता के कारण उसे जुटाते ही चलते हैं और उसके रक्षक-से बने रहते हैं। हमारा मन कृपण हो जाता है। यह धन भी तो व्यर्थ ही होता है, अतः मन्त्र में कहते हैं कि उरुकृत्=हे विशाल धनों को प्राप्त करानेवाले प्रभो! नः=हमें उरु=विशाल हृदयवाला कृधि=बनाइए। हम उदार हों और खुले दिल से ज्ञान के अन्वेषण में धन का विनियोग करनेवाले बनें। धन का इससे अधिक उत्तम विनियोग नहीं है।

भावार्थ—हम प्रभुकृपा से प्राप्त विशाल धनों का ज्ञान की खोज में विनियोग करनेवाले हों—और इस कार्य के लिए उदारता से धन का दान करें।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कुली ही न बन जाएँ

१६५०. मा नो अग्ने महाधने परा वर्भारभृद्यथा। संवर्गं सं रयिं जय॥ ३॥

हे अग्ने=अग्रेणी प्रभो! नः=हमें इस दिये हुए महाधने=महाधन—विशालधन राशि के लिए यथा भारभृत्=एक कुली की भाँति बोझा ढोनेवाले के समान मा पराबर्क्=मत छोड़ दीजिए। हम धन का बोझा ढोनेवाले ही न बने रहें। हम अपने जीवनकाल में कृपणता को छोड़कर उदारता से ज्ञानान्वेषण (research) के कार्यों में धन का विनियोग करते हुए अपने बोझ को सदा हलका करते रहें। अन्यथा बोझ के नीचे दबकर हमारी शकल (मुखाकृति) ही विकृत हो जाएगी। हम 'विहीनरूप' वाले 'विरूप' बन जाएँगे। हमारी तो इच्छा है कि हम 'विशिष्टरूप' वाले विरूप, अर्थात् तेजस्वी बनें।

उल्लिखित कामनावाले विरूप से प्रभु कहते हैं कि तू वर्गम्=वर्जनीय शत्रुवर्ग को संजय=अच्छी प्रकार जीत। काम-क्रोधादि पर विजय पाने का यत्न कर और रयिं संजय=इस धन पर भी तू विजय प्राप्त करनेवाला बन। जब धन तुझे जीत लेता है तभी तो तू इसका 'भारभृत्' बन जाता है। यह तुझपर सवार हो जाता है। जब लोभ को जीतकर तू धन का स्वामी बनेगा तब तू अवश्य ज्ञानान्वेषण में इसका विनियोग करेगा, वस्तुतः उसी दिन तू तेजस्वी वा 'विरूप' बनेगा।

भावार्थ—हम धनों का बोझ ही न ढोते रह जाएँ, हम धन का विनियोग ज्ञानान्वेषण में करें।

सूक्त-१३

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हम प्रभु के 'वत्स'-प्रिय बनें

१६५१. समस्य मन्यवे विशो विश्वा नमन्त कृष्टयः। समुद्रायेव सिन्धवः॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र की व्याख्या संख्या १३७ पर इस रूप में है—

इव=जैसे सिन्धवः=बहनेवाली नदियाँ समुद्राय=समुद्र के लिए (संनमन्ति)=झुकती हैं, उसी प्रकार विश्वाः=इस संसार के अन्दर प्रविष्ट हुए-हुए और अब प्रभु की गोद में प्रवेश की इच्छावाले कृष्टयः=हृदयस्थली से वासनारूप घासफूस को उखाड़ देने की कामनावाले विशः=प्रजाजन अस्य=इस प्रभु के मन्यवे=ज्ञान के लिए संनमन्त=झुकते हैं, अर्थात् प्रभु से दिये गये वेदज्ञान के लिए प्रयत्नशील होते हैं।

भावार्थ—ज्ञान प्राप्त करना हमारे लिए स्वाभाविक हो जाए तभी हम प्रभु के प्रिय बन पाएँगे।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्रुद्ध काम का कण्ठ कर्तन

१ २ १२ ३ १२३ १२ ३ १२ १२ ३१२
१६५२. वि चिद् वृत्रस्य दोधतः शिरो बिभेद वृष्णिना। वज्रेण शतपर्वणा॥ २॥

गत मन्त्र के अनुसार वत्स ऋषि ज्ञान की ओर प्रवृत्तिवाला होकर प्रभु का प्रिय तो बनता ही है यह ज्ञानी बनकर आजीवन क्रियाशील बना रहता है। यह सौ-के-सौ वर्ष क्रियाशील बने रहना ही इसका 'शतपर्व वज्र' है, जो इसके जीवन को अत्यन्त सुखी बनाता है, यह 'वृष्णि' है—सुख का सेचक है।

इस शतपर्वणा वृष्णिना वज्रेण=शतपर्ववाले, जीवन को सुखी बनानेवाले वज्र से—क्रियामय जीवन से यह वत्स दोधतः वृत्रस्य=क्रुद्ध होते हुए वृत्र के, अर्थात् उग्ररूप धारण करते हुए काम के शिरः=सिर को विचित्=विशेषरूप से बिभेद=विदीर्ण कर देता है। क्रियामय जीवन का परिणाम वासना का विनाश है। आलसी को ही वासना सताती है, पुरुषार्थी को नहीं। 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳसमाः'—कर्म करते हुए ही १०० वर्ष जीने की कामना करनी चाहिए।

भावार्थ—हम ज्ञान प्राप्त करें और कर्मशील बनकर अपने को वासनाओं के आक्रमण से बचाएँ।

ऋषिः—वत्सः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ओजस्वी कौन ?

२ १ १२ १२ १ १२ २ १ १३१ १२
१६५३. ओजस्तदस्य तित्विष उभे यत्समवर्त्तयत्। इन्द्रश्चर्मेव रोदसी॥ ३॥

अस्य ओजः तत् तित्विषे=इस वत्स का ओज तो तभी चमकता है यत्=जब इन्द्रः=यह जीवात्मा चर्म इव=चर्म की भाँति उभे रोदसी=दोनों द्युलोक और पृथिवीलोक को समवर्तयत्=धारण कर लेता है (to wrap up)।

'द्युलोक' मस्तिक का प्रतीक है और 'पृथिवीलोक' शरीर का। 'इन्द्र' जीवात्मा है, अर्थात् केवल शारीरिक विकास से जीवात्मा की पूरी शोभा नहीं होती और केवल मस्तिष्क के विकास से भी यह शोभामय जीवनवाला नहीं होता। जैसे चर्म—त्वचा में लिपटा हुआ शरीर सुरक्षित होता है उसी प्रकार ज्ञान और शक्ति में—ब्रह्म और क्षत्र में लिपटा हुआ इन्द्र शोभायमान और ओजस्वी होता है।

भावार्थ—हम ज्ञान और शक्ति को धारण करके ओजस्वी बनें और प्रभु के प्रिय हों।

सूक्त-१४

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—एकपदापङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

चतुष्टयी वेदवाणी

१६५४. सुमन्मा वस्वी रन्ती सुनरी ॥ १ ॥

गत तृच का ऋषि 'वत्स' जिस वेदवाणी का उच्चारण करता है, वह वेदवाणी चतुष्टयी है। यह चतुष्टयी वेदवाणी इसके जीवन को सुखी बनाती है। अपने जीवन को सुख-सम्पन्न बनाकर यह सचमुच 'शुनःशेप' बन जाता है। प्रस्तुत तृच का यही ऋषि है। यह वेदवाणी इसके लिए—

१. सुमन्मा-उत्तम (सु) विज्ञानों-(मन्म)-वाली है। उत्तम विज्ञानों के द्वारा ही मनुष्य प्राकृतिक शरीर की सब भौतिक आवश्यकताओं को पूर्ण कर पाएगा।

२. वस्वी-यह वेदवाणी सब वसुओंवाली है। निवास के लिए, जीवन के लिए आवश्यक वस्तुएँ 'वसु' हैं। इन वसुओं को यह देनेवाली है। 'आयुः, प्राणं, प्रजां, पशुं, कीर्तिं, द्रविणं, ब्रह्मवर्चसम्' ये सब वसु हैं। वेदों में प्रतिपादित साधनों को क्रियान्वित करने पर हमें दीर्घायुष्य, प्राणशक्ति, उत्तम प्रजा व सन्तान, उत्तमपशु, यश, धन व ज्ञान सभी कुछ प्राप्त होगा।

३. रन्ती-यह वेदवाणी हमें प्रभु में रमण करानेवाली है। वेदों का अध्यात्म उपदेश हमें 'आत्मारम' बनानेवाला है।

४. सूनरी-इस प्रकार यह वेदवाणी हमें सदा उत्तम मार्ग से ले-चलनेवाली है। (सु-नृ नये) उत्तम मार्ग से चलते हुए हमारा जीवन यथार्थ में सुखमय बनता है और हम मन्त्र के ऋषि 'शुनःशेप' होते हैं।

भावार्थ—वेदवाणी हमें उत्तममार्ग से चलाकर विज्ञान और वसु प्राप्त कराके अन्त में प्रभु में रमण कराती है।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ये दोनों समीप आते हैं

१६५५. सरूप वृषन्ना गहीमौ भद्रौ धुर्यावभि। ताविमा उप सर्पतः ॥ २ ॥

मन्त्र संख्या १६५१ में 'ज्ञान' का उल्लेख था, १६५२ में 'कर्म का' और फिर १६५३ में दोनों का समन्वय था। इन दोनों का ही प्रतिपादन १६५४ में वर्णित वेदवाणी में हुआ है। प्रभु जीव से कहते हैं कि—

सरूप-मेरे समान रूपवाले वृषन्-शक्तिशाली जीव! तू इमौ-इन ज्ञान और कर्म दोनों को अभि आगहि-आभिमुख्येन प्राप्त हो। दोनों की ओर तेरा झुकाव हो और दोनों को तू अपनानेवाला बन। ये दोनों मिले हुए ही भद्रौ-कल्याण व सुख को प्राप्त करानेवाले हैं, धुर्यौ-ये तेरे जीवन को लक्ष्य स्थान पर पहुँचाने में धुरन्धर हैं। इन दोनों से ही तू अपने लक्ष्य-स्थान पर पहुँचेगा। तौ इमौ-ये दोनों उपसर्पतः-तुझे मेरे समीप ले-आते हैं। केवल ज्ञान एक पहिया है—इसी प्रकार केवल कर्म। दोनों पहिये अक्ष से मिले हुए होंगे तभी तेरे जीवन की गाड़ी लक्ष्य-स्थान पर पहुँच पाएगी। ये जीवरूपी पक्षी के दो पंख हैं। जीव दोनों पंखों से ही उड़ने में समर्थ बनेगा।

भावार्थ—हम पक्षी (सुपर्ण) हैं—ज्ञान और कर्म ही हमारे दो पर्ण—उत्तम पंख हैं। इनके द्वारा हम उड़कर प्रभु के समीप पहुँचेंगे।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दस चोटियोंवाला पर्वत

१६५६. नीव शीर्षाणि मृद्ध्व मध्य आपस्य तिष्ठति। शुङ्गेभिर्दशभिर्दिशन्॥ ३॥

जीवों को प्रभु उपदेश करते हैं कि शीर्षाणि=शीर्षस्थ इन्द्रियों को (कर्णाविमौ नासिके चक्षणी मुखम्)=कानों, नासिका, आँखों व मुख को नि मृद्ध्वम् इव=पूर्णरूप से शुद्ध-सा कर डालो। इनमें किसी प्रकार का मल न रह जाए। अरे जीव तो आपस्य मध्ये=(आपो वै मेध्याः, आपः पुष्करम्) पवित्र हृदयान्तरिक्ष में तिष्ठति=निवास करता है। उस हृदयान्तरिक्ष को वासनाओं के बवण्डरों से मलिन मत होने दो।

हृदय में स्थित हुआ-हुआ यह जीव दशभिः शृंगेभिः=दस ऊँचाइयों के द्वारा, अर्थात् पाँचों ज्ञानेन्द्रियों तथा पाँचों कर्मेन्द्रियों को अत्यन्त उन्नत करके दिशन्=उस प्रभु की ओर संकेत कर रहा है। एक-एक इन्द्रिय को उच्चता के शिखर पर ले-जाकर ही तो यह प्रभु को प्राप्त कर पाता है। यदि यह किसी एक इन्द्रिय को उच्चता के शिखर पर ले-जाता है तो उसका जीवन अपूर्णता व अपरिपक्वता के कारण रसमय नहीं हो पाता। रसमयता के लिए दशों इन्द्रियों का शृङ्ग पर—चोटी पर पहुँचना आवश्यक है। बस, अब इन दश शृङ्गों के द्वारा यह अपने ब्रह्मलोकवास का संकेत कर रहा होता है—यह तो अवश्य ब्रह्म को पाएगा ही। सच्चे मोक्ष-सुख का लाभ करके यह सचमुच 'शुनःशेप' हो जाएगा।

भावार्थ—जीव का उन्नति-पर्वत दशशृङ्ग है—दस शिखरोंवाला है।

इति सप्तदशोऽध्यायः, अष्टमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

अथाष्टादशोऽध्यायः

अष्टमप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सात्त्विक भोजन

१६५७. पन्यंपन्यमित् सोतार आ धावत मद्याय। सोमं वीराय शूराय ॥ १ ॥

यह मन्त्र १२३ संख्या पर व्याख्यात है। मन्त्र का सरलार्थ निम्न है—

सोतारः-हे प्रभु के उपासको! इत्-निश्चय से पन्यंपन्यम्-स्तुत्य और स्तुत्य ही, अर्थात् सात्त्विक भोजनों का ही ग्रहण करो और इस प्रकार सोमं आ धावत-सोम को सर्वथा शुद्ध रक्खो। यह सुरक्षित सोम मद्याय-हर्ष के लिए होगा, वीराय-वीरत्व (Virtue) व गुणों के उत्पादन के लिए होगा तथा शूराय-(शृ हिंसायाम्) सब रोगों का शीर्ण करनेवाला होगा।

भावार्थ—सोमरक्षा के लिए सात्त्विक भोजन आवश्यक है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

इन्द्र का प्रभु को प्राप्त करना

१६५८. एह हरी ब्रह्मयुजा शग्मा वक्षतः सखायम्। इन्द्रं गीर्भिर्गिर्वणसम् ॥ २ ॥

इह-गत मन्त्र में वर्णित सात्त्विक भोजन के द्वारा वीर्य के शरीर में सुरक्षित होने पर हरी-इन्द्रियाँ ब्रह्मयुजा-ज्ञान से व ज्ञानपुञ्ज ब्रह्म से मेल करानेवाली होती हैं। ये इन्द्रियरूप घोड़े शग्मा-सचमुच सुख देनेवाले होते हैं।

सोमरक्षा से सशक्त हुई-हुई इन्द्रियाँ जहाँ परमेश्वर से मेल कराकर निःश्रेयस को सिद्ध करती हैं, वहाँ सांसारिक कार्यों में सफलता प्राप्त करती हुई अभ्युदय को भी प्राप्त करानेवाली होती हैं। श्रेय व प्रेय दोनों की साधक ये इन्द्रियाँ इन्द्रम्-अपने अधिष्ठाता जीव को गीर्भिः-वेदवाणियों के द्वारा गिर्वणसम्-वेदवाणियों द्वारा उपासनीय उस सखायम्-निज सखा प्रभु को आवक्षतः-प्राप्त कराती हैं।

सोमरक्षा के द्वारा जीव सचमुच 'इन्द्र' बनता है। यह असुरों के संहार की शक्ति से सम्पन्न होता है। इसमें वेदवाणियों को समझने की शक्ति आती है। इन्हें पढ़ने से प्रभु की उपासना होती है। प्रभु की वाणी को पढ़ना प्रभु का आदर ही तो है। इस इन्द्र को उसकी इन्द्रियाँ प्रभु के समीप ले-जानेवाली होती हैं।

भावार्थ—इन्द्रियाँ इन्द्र को मित्र प्रभु के समीप ले-जाती हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः प्रियमेधश्चाङ्गिरसः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मेधातिथि का जीवन

१६५९. पाता वृत्रहा सुतमा घा गमन्नारे अस्मत्। नि यमते शतमूतिः ॥ ३ ॥

यह सुतं पाता-सोम का पान करनेवाला इन्द्र वृत्रहा-कामादि ज्ञान के आवरणों को सचमुच हनन करनेवाला होता है। संयमी पुरुष की ज्ञानाग्नि इस प्रकार दीप्त होती है कि वह कामरूप वायु से बुझ नहीं सकती। सोम का पान कर वासना को विनष्ट करने पर घ-निश्चय से वह प्रभु अस्मत्-हमसे आरे-दूर न अगमत्-नहीं जाता, अर्थात् हमें सदा प्रभु का सान्निध्य प्राप्त होता है। यह ऊतिः-वासनाओं से अपनी रक्षा करनेवाला शतम्-सौ-के-सौ वर्ष आनियमते-अपने जीवन में सर्वथा संयमी बनता है। सौ वर्षों तक वासनाओं को वश में रखता है। संसार में यही तो बुद्धिमत्तापूर्वक चलने का मार्ग है। इसी से इसका नाम 'मेधातिथि' है। यह मेधातिथि वासनाओं का शिकार न होने से अन्त तक शक्तिशाली बना रहता है—अतः 'आङ्गिरस' है। संक्षेप में 'मेधातिथि आङ्गिरस' का जीवन यह है कि—

१. वह सोम का पान करता है—शक्ति की रक्षा करता है।
२. वासनाओं का विनाश करता है।
३. प्रभु से यह दूर नहीं जाता।
४. अपनी रक्षा करता है, सौ-के-सौ वर्षों तक संयमी जीवन बिताता है।

भावार्थ—हम संयमी जीवन बिताएँ, यही प्रभु-सान्निध्य का सर्वोत्तम साधन है।

सूक्त-२

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सबसे महान्

१६६०. आ त्वा विशन्त्विन्दवः समुद्रमिव सिन्धवः। न त्वामिन्द्राति रिच्यते॥ १॥

यह मन्त्र १९७ संख्या पर व्याख्यात है। सरलार्थ यह है—

प्रभु श्रुतकक्ष से कहते हैं कि त्वा-तुझमें इन्दवः-सोम इस प्रकार आविशन्तु-प्रवेश करें इव-जैसे सिन्धवः-नदियाँ समुद्रम्-समुद्र में। नदियाँ समुद्र से बाहर थोड़े ही जाती हैं—तुझसे भी सोमकण बाहर न जाएँ। जब ऐसा होता है तब हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठता जीव त्वाम् न अतिरिच्यते-तुझसे कोई अधिक नहीं होता है, अर्थात् तू शिखर पर पहुँच जाता है।

भावार्थ—शिखर पर पहुँचने के लिए मैं भी 'श्रुतकक्ष'-ज्ञान को शरण बनानेवाला होऊँ।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वीर्यरक्षा से महत्त्व की प्राप्ति

१६६१. विव्यक्थ महिना वृषन्भक्षं सोमस्य जागृवे। य इन्द्र जठरेषु ते॥ २॥

हे वृषन्-शक्तिशालिन्! जागृवे-सदा जागरणशील! इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! तू महिना-महिमा के हेतु से सोमस्य भक्षम्-इस सोम के भोजन को यः-जो ते-तेरे जठरेषु-उदर में ही उत्पन्न होता है, उसे विव्यक्थ-अपने अन्दर ही व्याप्त कर।

भोजन का अन्तिम परिणाम जठर-उदर में वीर्य के रूप में होता है। वहाँ रस-रुधिरादि के क्रम से इसका निर्माण होता है। इसे जीव ने अपने अन्दर ही व्याप्त करना है। यह वीर्य ही उसे महिमा को प्राप्त करानेवाला होगा। इस विषय में इसे सदा जागरित—सावधान रहना है, क्योंकि तनिक भी

प्रमाद हुआ, और वासनाओं का शिकार होकर हम इसे गँवा बैठेंगे। इसके शरीर में व्याप्त होने पर ही हम शक्तिशाली बनेंगे।

लाभ-जो सोमपान करता है वह १. शक्तिशाली बनता है (वृषन्) और २. महिमा को प्राप्त करता है।

साधन-सोमपान कर वह सकता है १. जो सदा सावधान है (जागृवि) तथा २. जितेन्द्रिय बनता है (इन्द्र)।

प्रभु ने शरीर में रसों का रस निकालने की व्यवस्था करके इसका निर्माण किया है। इसे शरीर में ही व्याप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए। यह वीर्य ही हमें रोगादि से बचानेवाला उत्तम 'कक्ष'=(shelter) है। इसको अपनानेवाला 'सुकक्ष' है।

भावार्थ—हम वीर्यरक्षा द्वारा महिमाशाली बनें।

ऋषिः—श्रुतकक्षः सुकक्षो वा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रकाश व प्रताप

१६६२. अरं त इन्द्र कुक्षये सोमो भवतु वृत्रहन्। अरं धामभ्य इन्दवः॥ ३॥

हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! हे वृत्रहन्-ज्ञान के आवरणभूत वृत्र, अर्थात् वासनाओं को नष्ट करनेवाले आत्मन्! यह ते-तेरा सोमः-वीर्य (Semen) कुक्षये (कु-कुत्सित-खराबी) सब बुराइयों के क्षय के निमित्त अरं भवतु-समर्थ हो। ये इन्दवः-सोमकण धामभ्यः-प्रकाश (Light, Lustre) व प्रताप (Power) के लिए—अर्थात् ब्रह्म व क्षत्र के विकास के लिए अरम्—समर्थ हैं।

जीवात्मा को इन्द्र व वृत्रहन् बनना है—उसका लक्ष्य जितेन्द्रिय होना तथा वासनाओं का विनाश कर डालना होना चाहिए। यह लक्ष्य होने पर वह सोम की रक्षा के लिए विशेषरूप से प्रवृत्त होता है। यह सोमरक्षा ही 'ब्रह्मचर्य' है। यह उसे ब्रह्म—बड़े की ओर चर्-ले-जाती है। इससे १. उसकी सब बुराइयाँ दूर हो जाती हैं (कु—क्षय) तथा २. उसे प्रकाश व प्रताप की (धामा) प्राप्ति होती है। दूसरे शब्दों में उसके ब्रह्म व क्षत्र का विकास होता है। जहाँ उसका ज्ञान बढ़ता है वहाँ उसकी शक्ति की भी वृद्धि होती है।

सोम को अपने जीवन का आधार बनाने से यह बुराइयों को दूर कर सका तथा शक्ति व ज्ञान को प्राप्त करनेवाला बना। एवं, यह सोम उसके रक्षण के लिए कितनी सुन्दर वस्तु प्रमाणित हुई। क्या यह सचमुच सु-कक्ष-उत्तम शरण-(Shelter)-वाला नहीं? यह जहाँ सुकक्ष है वहाँ ज्ञान की वृद्धि करनेवाला 'श्रुतकक्ष' है।

भावार्थ—सुरक्षित सोम मुझे पवित्रता, प्रकाश व प्रताप की प्राप्ति करानेवाला हो।

सूक्त-३

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दृश्य भक्ति न कि श्रव्य

१६६३. जराबोध तद्विविड्ढि विशेविशे यज्ञियाय। स्तोमं रुद्राय दृशीकम्॥ १॥

यह मन्त्र संख्या १५ पर द्रष्टव्य है। सरलार्थ यह है—जराबोध-हे बुढ़ापे में चेतनेवाले जीव!

विशेविशे यज्ञियाय-प्रत्येक प्राणी के साथ सम्पर्क रखनेवाले रुद्राय-(रुत्+र) उपदेश देनेवाले प्रभु के लिए तत्-उस दृशीकं स्तोमम्-आँखों से दीखनेवाली स्तुति को विविष्टु-व्याप्त कर।

सामान्यतः मनुष्य वाणी से ही प्रभु के स्तोत्रों को बोलता रहता है—यह श्रव्यभक्ति है। सब प्राणियों के हित में लगना ही प्रभु की दृश्य भक्ति है—यही प्रभु को प्रीणित कर सकती है। वास्तविक सुख का निर्माण तो यही भक्त कर पाता है, अतः 'शुनःशेप' (शुनम्—सुख, शेप-to make) कहलाता है।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञान व शक्ति की प्रेरणा

१६६४. स नो महाँ अनिमानो धूमकेतुः पुरुश्चन्द्रः। धियेवाजाय हिन्वतु॥ २॥

वे प्रभु १. महान्-महनीय—पूजनीय हैं। अथवा (महान्-strong) सर्वशक्तिमान् हैं, सदा वर्धमान हैं (to grow)। २. अनि-मानः-उनका कोई निश्चित माप नहीं है—वे अमेय व अनन्त हैं। ३. धूमकेतुः-(धूञ् कम्पने) उनका ज्ञान (केतु) सब बुराइयों को कम्पित करके दूर करनेवाला है। ४. पुरुः चन्द्र-वे पालक हैं, पूरक हैं और आह्लादमय होते हुए आह्लादित करनेवाले हैं।

सः-वे उल्लिखित स्वरूपवाले प्रभु नः-हमें धिये-बुद्धि व ज्ञान के लिए तथा वाजाय-शक्ति के लिए हिन्वतु-प्रेरित करें।

वस्तुतः जो भी व्यक्ति अपने जीवन को सुखी बनाना चाहता है—शुनःशेप बनना चाहता है, उसे प्रभु की शक्ति व ज्ञान का चिन्तन करना चाहिए और अपने अन्दर शक्ति व ज्ञान को बढ़ाने का प्रयत्न करना चाहिए।

भावार्थ—मैं प्रभु के ज्ञान व बल का चिन्तन करता हुआ इनकी वृद्धि के लिए प्रेरणा प्राप्त करूँ।

ऋषिः—शुनःशेप आजीगर्तिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

न्यासी-ट्रस्टी न कि धनी ('रेवान् इव,' न कि 'रेवान्')

१६६५. स रेवाँइव विश्पतिर्दैव्यः केतुः शृणोतु नः। उक्थैरग्निर्बृहद्भानुः॥ ३॥

प्रभु कहते हैं कि सः-वह व्यक्ति १. रेवान् इव-बड़ा धनवान्-सा होता है। 'सा' (इव) का प्रयोग इसलिए है कि वह अपने को धनी थोड़े ही मानता है—उसे तो यह विचार बना रहता है कि धन प्रभु का है—मैं तो केवल उसका ट्रस्टी हूँ, उसकी प्रेरणा के अनुसार उसके धन का केवल विनियोग करनेवाला हूँ। २. विश्पतिः-यह प्रजाओं का पालन करनेवाला—रक्षक होता है। प्रभु के दिये हुए धन को प्रजा के पालन में विनियुक्त करता है। ३. दैव्यः-(देवस्य अयम्) देव का होता है—यह प्रभु का बनकर रहता है—प्रकृति का नहीं बन जाता। ४. केतुः-ज्ञान का पुञ्ज होता है—अथवा (कित निवासे रोगापनयने च) उत्तम निवासवाला होता है तथा रोगों से दूर रहता है। ५. अग्निः-यह सदा 'अग्रे-णीः'-होता है—अपने को आगे और आगे प्राप्त करानेवाला होता है। ६. बृहत् भानुः-अत्यन्त दीप्तिमय होता है—इसका ज्ञान इसकी वृद्धि का कारण बनता है।

प्रश्न यह है कि ऐसा कौन बनता है? उत्तर यह है कि—

१. उक्थैः-स्तोत्रों के साथ जो नः शृणोतु-हमारी वेदवाणी को सुनता है, अर्थात् अपने जीवन

को 'रेवान् इव' आदि विशेषणों से युक्त बनाने के लिए आवश्यक है कि १. जीव प्रभु के स्तोत्रों का गायन करे—प्रभु-नाम का स्मरण करे—प्रभु का उपासक हो तथा २. वह प्रभु की वेदवाणी को सुने और उसके द्वारा अपने ज्ञान को बढ़ाने का प्रयत्न करे। जो भी व्यक्ति इस प्रकार अपने जीवन में भक्तियोग व ज्ञानयोग को समन्वित करता है वह उल्लिखित प्रकार का सुन्दर जीवन प्राप्त करके सचमुच अपने जीवन को सुखी बनाता है और इस मन्त्र का ऋषि-'शुनःशेप' होता है।

भावार्थ—हम प्रभु का स्तवन करें, उसकी वेदवाणी को सुनें और 'रेवान् इव' बनें (ट्रस्टी), न कि रेवान् (धनी)।

सूक्त-४

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु का गायन व शान्ति

१६६६. तद्वो गाय सुते सचा पुरुहूताय सत्वने। शं यद् गवे न शाकिने॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र की व्याख्या संख्या ११५ पर द्रष्टव्य है। सरलार्थ इस प्रकार है—

वः पुरुहूताय-जिसका आह्वान तुम्हारा पालन व पूरण करनेवाला है—उस सत्वने-कामादि शत्रुओं का शातन—विनाश करनेवाले के लिए तथा गवे न-गौ के समान निर्दोष के तथा शाकिने-शक्ति के मद में निर्बलों पर अत्याचारी के भी शम्-कल्याण करनेवाले प्रभु के लिए सुते-इस उत्पन्न जगत् में अथवा उत्पादन के निमित्त सचा-मिलकर तत्-उस स्तोत्र का गाय-गायन कर।

यह गायन ही तेरी सच्ची शान्ति का साधन होगा और तू इस मन्त्र का ऋषि 'शंयु' बन पाएगा।

भावार्थ—हम प्रभु का गायन करें और सच्ची शान्ति प्राप्त करें।

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शान्ति व ज्ञान का असीम दान

१६६७. न घा वसुर्नि यमते दानं वाजस्य गोमतः। यत् सीमुपश्रवद्गिरः॥ २॥

'वासयति—वसति वासयति वा इति वसुः'-सबको अपने अन्दर निवास देने के कारण तथा सबमें निवास करने के कारण वे प्रभु 'वसु' हैं। ये वसुः-सबको बसानेवाले प्रभु घ-निश्चय से गोमतः- वेदवाणियोंवाले, अर्थात् ज्ञान से युक्त वाजाय-शक्ति के दानम्-दान को नियमते-सीमित न-नहीं करते, अर्थात् असीम ज्ञान व शक्ति देते हैं, परन्तु कब? यत्-जब सीम्-निश्चय से जीव गिरः-प्रभु की वाणियों को उपश्रवत्-समीपता से सुनता है। जैसे संसार में पुत्र जब माता की बात को ध्यान से सुनता है तब वह उनका प्रिय बनता है, उसी प्रकार जीव भी जब प्रभु की बात सुनता है तब प्रभु का प्रिय होता है। जब प्रभु को जीव प्रीणित करता है तब प्रभु उसे प्रशस्तेन्द्रियों तथा प्रशस्त ज्ञानवाला बल प्राप्त कराते हैं। (गावः १. इन्द्रियाणि २. वेदवाचः)।

जीव का कर्तव्य है कि वह प्रभु की वाणी को सुने। जब जीव प्रभु की वाणी को सुनता है तब १. इसकी इन्द्रियाँ प्रशस्त होती हैं, २. उसका ज्ञान बढ़ता है तथा ३. वह शक्ति-सम्पन्न बनता है।

ज्ञान का सम्पादन करनेवाला यह 'बार्हस्पत्य' कहलाता है। शक्ति प्राप्त करके यह नीरोग व सुखी जीवनवाला 'शंयु' होता है। यह 'शंयु बार्हस्पत्य' प्रभु की आज्ञा में चलता है और परिणामतः 'असीम शक्ति व ज्ञान का लाभ करता है'।

भावार्थ—हम प्रभु के निर्देशों को ध्यान से सुननेवाले हों।

ऋषिः—शंयुर्बार्हस्पत्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

जब मेरे बाड़े में प्रभु आते हैं

१६६८. कुवित्सस्य प्र हि व्रजं गोमन्तं दस्युहा गमत्। शचीभिरप नो वरत्॥ ३॥

जीव 'कुवित्स' है (कु-वित्)—इसका ज्ञान अल्प है, अतएव अप्रशस्त है—इस अल्पज्ञता के कारण ही जीव अनेक ग़लतियाँ भी कर बैठता है। इन ग़लतियों के परिणामरूप ही उसकी स्वतन्त्रता नष्ट हो जाती है और इसे इस शरीररूप बाड़े में क़ैद होना पड़ता है। यह शरीररूप बाड़ा भी गौवोंवाला है—इन्द्रियाँ ही यहाँ गौवें हैं। 'गावः' शब्द के दोनों ही अर्थ हैं—गौवें तथा इन्द्रियाँ। वे प्रभु 'दस्युहा' हैं—शरीररूप बाड़े में इन्द्रियरूप गौवों की चोरी के लिए कामादि दस्यु प्रवेश करते हैं—परन्तु वहाँ उपस्थित प्रभु उन दस्युओं का नाश कर देते हैं। वास्तव में तो जब प्रभू इस बाड़े में आते हैं तब इस बाड़े की आवश्यकता ही नहीं रहती। जीव मोक्ष प्राप्त कर लेता है। मोक्ष के लिए आवश्यक ज्ञान व कर्म प्रभु की कृपा से प्राप्त होता है और हम इस बाड़े को अपने से दूर कर पाते हैं। यदि काव्य के शब्दों में कहें तो कामादि दस्यु तो इन्द्रियरूप गौवों को ही चुरा रहे थे; दस्युहा प्रभु आते हैं और बाड़े का भी सफ़ाया कर देते हैं। मन्त्र में कहा है कि—

कुवित्सस्य-अल्पज्ञ जीव के गोमन्तं व्रजम्-इस इन्द्रियरूप गौवोंवाले शरीररूप बाड़े को जब हि-निश्चय से दस्युहा-कामादि दस्युओं का नाश करनेवाले प्रभु आगमत्-प्रकर्षेण प्राप्त होते हैं (सर्वव्यापकता के नाते तो वे यहाँ हैं ही, हमें जब उनका ज्ञान होता है तब यही उनका प्रकर्षेण प्राप्त होना कहलाता है) तब शचीभिः-प्रज्ञानों व शक्तिशाली कर्मों से (शची-१. प्रज्ञा २. कर्म) नः-हमसे अपवरत्-इस बाड़े को दूर कर देते हैं। वस्तुतः बाड़े में छिपकर रहने की अब आवश्यकता ही क्या है? उस सर्वशक्तिमान् प्रभु के सान्निध्य में कोई भय है क्या जो छिपकर रहा जाए? अब मन में किसी प्रकार का भय नहीं रह जाता। यह व्यक्ति सचमुच 'शंयु' बन जाता है।

भावार्थ—मैं अपने इस बाड़े में प्रभु को आमन्त्रित करूँ।

सूक्त-५

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—विष्णुः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

'त्रे—धा' नकि 'एक—धा'

१६६९. इदं विष्णुर्वि चक्रमे त्रेधा नि दधे पदम्। समूढमस्य पांसुले॥ १॥

यह मन्त्र २२२ संख्या पर द्रष्टव्य है। सरलार्थ निम्न है—

विष्णुः-व्यापक उन्नति करनेवाला जीव विचक्रमे-पुरुषार्थ करता है, और इदं पदं त्रेधा निदधे-अपने इस चरण को तीन प्रकार से रखता है। यह केवल ज्ञान, केवल कर्म व केवल भक्ति को महत्त्व न देकर तीनों का ही अपने में समन्वय करने का प्रयत्न करता है। पांसुले-इस धूल भरे संसार में—अर्थात् जहाँ सार के स्थान में असार के ग्रहण की वृत्ति अधिक है—अस्य-इसने ही सम्-ऊढम्-अपने कर्त्तव्य भार का ठीक से वहन किया है। ज्ञान, कर्म व भक्ति तीनों के कणों को लेनेवाला यह 'काण्व' सचमुच मेधातिथि है—बुद्धिमत्ता से चलनेवाला है।

भावार्थ—हम अपने जीवनों में ज्ञान, कर्म व भक्ति तीनों का समन्वय करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—विष्णुः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

विष्णु—गोपाः—अदाभ्य

१६७०. त्रीणि पदा वि चक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः। अतो धर्माणि धारयन्॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि मेधातिथि त्रीणि पदा-तीन कदमों को विचक्रमे-चलता है। मेधातिथि एक कदम को न रखकर तीनों कदमों को रखने का ध्यान करता है। जैसाकि ऊपर के मन्त्र में कहा गया है। यह केवल ज्ञान, केवल कर्म व केवल भक्ति को महत्त्व न देकर तीनों को अपनाता है। १. विष्णुः-(विष् व्याप्तौ) यह व्यापक मनोवृत्तिवाला होता है। इसके उदार हृदय में सारी वसुधा के लिए स्थान होता है। २. गो-पाः-यह इन्द्रियों की रक्षा के द्वारा (गावः-इन्द्रियाणि) अपने मस्तिष्क में वेदवाणियों (गावः-वेदवाचः) का रक्षक बनता है। ३. अ-दाभ्यः-अपने कर्मों में यह पवित्र (pure-undefiled) रहने का प्रयत्न करता है। यह कभी दबकर अन्याय्य कर्म नहीं करता। यह न्याय्य मार्ग से ही चलता है—चाहे कुछ भी हो।

अतः-इसी उद्देश्य से कि वह 'विष्णु, गोपा और अदाभ्य' बना रहे यह धर्माणि-देवपूजा, सङ्गतीकरण व दानरूप मुख्य कर्मों को धारयन्-इस प्रकार धारण करता है कि ये उसके स्वभाव ही हो जाते हैं। 'बड़ों का आदर करना, बराबरवालों से मिलकर चलना तथा छोटों को कुछ-न-कुछ देना, उनके प्रति दया से चलना', यह इसका स्वभाव ही बन जाता है।

भावार्थ—हम मेधातिथि बनें तथा 'विष्णु, गोपाः, व अदाभ्य' बनने का यत्न करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—विष्णुः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र का सदा सखा

१६७१. विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे। इन्द्रस्य युज्यः सखा॥ ३॥

प्रभु सर्वव्यापक हैं—सर्वव्यापक होने के नाते उनके कर्म भी व्यापकता को लिये हुए हैं—वे कर्म पूर्ण पवित्र हैं। इस व्यापकता के कारण प्रभु का नाम 'विष्णु' है। जीव को चाहिए कि कि उस प्रभु के कर्मों का विचार करे और अपने कर्त्तव्यों का निर्णय करे। विष्णोः-उस सर्वव्यापक प्रभु के कर्माणि-कर्मों को पश्यत्-देखो, यतः-जिनसे, अर्थात् जिनको देखकर व्रतानि-अपने कर्त्तव्यों को जीव पस्पशे-स्पष्टरूप से देखता है। प्रभु के सब कर्म पक्षपात व भेदभाव से शून्य और न्याय्य हैं—यह देखकर जीव को न्याय्यमार्ग पर ही चलने का निश्चय करना चाहिए।

परमात्मा ही इन्द्रस्य-जीवात्मा का उसे युज्यः-उत्तमोत्तम कर्मों में लगानेवाला, उत्तम कर्मों में प्रेरित करनेवाला सखा-मित्र है। प्रभु अपने उदाहरण से कर्मों की प्रेरणा दे रहे हैं—बशर्ते कि जीव उनका विचार करे। अन्तःकरण में स्थित हुए-हुए वे प्रभु प्रेरणा दे रहे हैं—यदि हम उसे सुनें।

प्रभु ही जीव के सच्चे सखा हैं। उस 'सविता देव'-दिव्य गुणों के पुञ्ज, प्रेरक प्रभु के कामों को देख व विचार कर और उससे दी गयी प्रेरणा को सुनकर जीव अपने व्रतों (duties) का सम्यक् निश्चय कर सकता है।

भावार्थ—वे प्रभु ही हमारे सच्चे मित्र हैं—उसके कर्म ही हमें हमारे कर्त्तव्यों का संकेत कर रहे हैं।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—विष्णुः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

परमपद का दर्शन

१६७२. तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः । दिवीव चक्षुराततम् ॥ ४ ॥

जब जीव प्रभु का शिष्य बनता है, अर्थात् उसके कर्मों को देखकर अपने कर्मों का निर्धारण करता है तब धीरे-धीरे पवित्र-जीवनवाला बनता हुआ वह अपने ज्ञान को बढ़ाने में भी समर्थ होता है; अतएव यह सूरिः=विद्वान् कहलाता है। ये सूरयः=ज्ञानी लोग विष्णोः=व्यापक परमात्मा के तत्=उस परमं पदम्=उत्कृष्ट पद को सदा पश्यन्ति=सदा देखते हैं। इव=उसी प्रकार जैसेकि दिवि=द्युलोक में आततम् चक्षुः=इस व्यापक आँख को, अर्थात् सूर्य को हम सामान्य लोग देखते हैं।

सूर्य हमें जितना स्पष्ट दीखता है उतना ही स्पष्ट ज्ञानी लोगों को परमात्मा का दर्शन होता है। हमें सूर्य के विषय में किसी प्रकार का सन्देह नहीं और ज्ञानियों को प्रभु की सत्ता के विषय में नाममात्र भी सन्देह नहीं। इस परमपद के दर्शन का साधन यही है कि हम प्रभु के कार्यों के अनुसार अपने कार्यों को बनाएँ।

भावार्थ—हम सूरि—ज्ञानी बनें और सूर्यवत् प्रभु के उस परमपद का दर्शन करें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—विष्णुः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

परमपद का समिन्धन

१६७३. तद्विप्रासो विपन्युवो जागृवांसः समिन्धते । विष्णोर्यत्परमं पदम् ॥ ५ ॥

विष्णोः=उस सर्वव्यापक प्रभु का यत्=जो परमं पदम्=सर्वोत्कृष्टरूप है तत्=उस रूप को समिन्धते=अपने अन्दर समिद्ध करते हैं, उस रूप का दर्शन करते हैं। कौन?

१. विप्रासः=(वि-प्रा-पूरणे) विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले लोग। वे लोग जो आत्माचोलन के द्वारा अपनी कमियों को जानकर उन्हें दूर करने का प्रयत्न करते हैं।

२. वि-पन्यवः=जो विशिष्टि स्तुतिवाले हैं। प्रभु की श्रव्य भक्ति, अर्थात् कीर्तन, नाम-स्मरणादि भी अपना महत्त्व रखते ही हैं, परन्तु 'आसक्ति को छोड़कर सर्वभूतहित में लगने का प्रयत्न करना'—यही उस प्रभु की विशिष्ट स्तुति है। ये विशिष्ट स्तोता ही प्रभु का निरूपण कर पाते हैं।

३. जागृवांसः=जो जागनेवाले हैं। जो अपने स्वरूप व कर्त्तव्य में मोह-निद्रा में सोये हुए नहीं हैं। जो अपने कर्त्तव्यों को स्पष्टरूप में देखते हैं और उनका आचरण करते हैं।

ये तीन व्यक्ति अपने अन्दर उस परमपद का समिन्धन करते हैं—दूसरे शब्दों में ये भी उस विष्णु-जैसे ही बन जाते हैं। विष्णु-जैसा बनना ही तो विष्णु की परमभक्ति है।

भावार्थ—हम अपनी न्यूनताओं को दूर करें, सर्वभूतहित में लगकर प्रभु के विशिष्ट स्तोता बनें, और सदा जाग्रत् व सावधान रहें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः ॥ देवता—विष्णुः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शिखर पर

१६७४. अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णुर्विचक्रमे । पृथिव्या अधि सानवि ॥ ६ ॥

यतः=क्योंकि विष्णुः=व्यापक मनोवृत्तिवाले ने विचक्रमे=विशेषरूप से तीन पगों को रक्खा है—उसने मस्तिष्क में ज्ञान को भरने का प्रयत्न किया है, हाथों को यज्ञादि उत्तम कर्मों में लगाया है तथा हृदय को भक्ति से परिपूर्ण किया है, अतः=इसलिए नः=हमारे देवाः=दिव्य गुण पृथिव्याः=इस पार्थिव शरीर के अधिसानवि=शिखर पर अवन्तु=उन्नत करें, प्राप्त कराएँ।

उल्लिखित मन्त्रार्थ में यह बात स्पष्ट है कि तीन पगों को रखने के कारण यह मनुष्य 'विष्णु' है। ज्ञान, कर्म व भक्तिरूप तीन कदमों के कारण उसमें दिव्य गुणों की उत्पत्ति होती है, और ये दिव्य गुण उसे उन्नति के शिखर पर पहुँचाते हैं। इस पार्थिव शरीर में जितना ऊँचा उठना सम्भव है, उतना इसी प्रकार हम पहुँच सकते हैं।

उन्नति का अनुपात व्यापकता मूलक ही है। जितनी व्यापक हमारी मनोवृत्ति होगी उतनी ही अधिक उन्नति हम कर पाएँगे। व्यापाक मनोवृत्तिवाला व्यक्ति ही 'विष्णु' है—यह उन्नति के शिखर पर पहुँचता है।

भावार्थ—'ज्ञान, कर्म व भक्ति' की त्रयी, दिव्य गुणों को उत्पन्न करके, हमें उन्नति के शिखर पर ले-जानेवाली हो।

सूक्त-६

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

समीपतम

१६७५. मो षु त्वा वाघतश्च नारे अस्मन्नि रीरमन्।
आरात्ताद्वा सधमादं न आ गहीह वा सन्नुप श्रुधि॥ १॥

यह मन्त्र २८४ संख्या पर व्याख्यात है। सरलार्थ यह है—

हे प्रभो! वाघतः च=तेरा वहन करनेवाले विद्वान् भी अस्मत् आरे=हमसे दूर स्थान में त्वा=आपको मा उ=मत ही सु=उत्तम प्रकार से निरीरमन्=प्रीणित करें। आपकी चर्चा के द्वारा जब विद्वान् आपकी आराधना करें तब हमारे समीप ही आपकी चर्चा करें। इस प्रकार हम उस वातावरण में रहें जहाँ आपकी चर्चा चलती हो।

वा=अथवा आरात्ताद्=इस दूर स्थान से भी नः=हमारे सधमादम्=आपके साथ मिलकर आनन्दित होने के उपासना स्थान में आगहि=आ जाइए।

और सबसे अच्छा तो यह है कि इह वा=यहाँ ही हमारे हृदयों में सन्=होते हुए उपश्रुधि=समीपता से हमें वेदवाणियों का श्रवण कराइए।

विद्वानों की सभाओं में हम आपकी चर्चा सुनें, अपने उपासना-गृहों में आपका जपन करें और अन्त में हृदयस्थ आपसे वेदवाणियों का श्रवण करें। इस प्रकार आपके अत्यन्त सामीप्य का अनुभव करें।

भावार्थ—हम प्रभु के अत्यन्त समीप होने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

ज्ञानी, स्तोता, वसुमान्

१६७६. इमे हि ते ब्रह्मकृतः सुते सचा मधौ न मक्ष आसते।
इन्द्रे कामं जरितारो वसूयवो रथे न पादमा दधुः ॥ २ ॥

ज्ञानी—इमे=ये हि=निश्चय से ते=वे ही ब्रह्मकृतः=ज्ञानी वेद-मन्त्रों के भाव को हृदयों में भरनेवाले हैं, जो सचा=मिलकर सुते=निर्माण के कार्य में आसते=स्थित होते हैं, उसी प्रकार न जैसेकि मक्षः=मक्खियाँ मधौ=शहद के निर्माण के निमित्त मिलकर एक छत्ते में आसते=स्थित होती हैं। ज्ञानियों का कार्य यही है कि वे मिलकर निर्माणात्मक कार्यों में लगे रहें और मक्खियाँ जैसे शहद-जैसे मधुर पदार्थ को पैदा करती हैं, उसी प्रकार लोकहित की वस्तुओं को पैदा करें।

स्तोता—जरितारः=स्तोता वे हैं जो कामम्=अपनी सब कामनाओं को इन्द्रे=प्रभु में अर्पित कर देते हैं। ये लोग 'आयु, प्राण, प्रजा, पशु, कीर्ति, द्रविण तथा ब्रह्मवर्चस्' की कामनाओं को छोड़कर प्रभु को ही चाहते हैं। अनन्य भक्त ही वस्तुतः भक्त होता है—यह सिवाय अपने भक्तिभाजन के किसी को नहीं चाहता। इसकी सब कामनाएँ प्रभु में न=उसी प्रकार निहित होती हैं जैसेकि धनेच्छु का पाँव रथ में।

कर्मी—इन ज्ञानी और स्तोताओं के अतिरिक्त वे व्यक्ति हैं जो वसूयवः=धनों को चाहते हुए रथे=रथ में पादम्=पाँव को आदधुः=धारण करते हैं। ये व्यापारी लोग एक स्थान से दूसरे स्थान में जाने के लिए सदा रथस्थ रहते हैं। इसी प्रकार स्तोता प्रभु में स्थित होते हैं तथा ज्ञानी निर्माण के कार्यों में लगे रहते हैं।

भावार्थ—मैं ज्ञानी, स्तोता तथा वसुमान् बनकर प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि वसिष्ठ बनूँ। मैं उत्तम निवासवाला होऊँ।

सूक्त-७

ऋषिः—आयुः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

स्तुति का लाभ

१६७७. अस्तावि मन्म पूर्व्यं ब्रह्मेन्द्राय वोचत।
पूर्वीर्ऋतस्य बृहतीरनूषत स्तोतुर्मेधा असृक्षत ॥ १ ॥

स्तोत्र—१. मन्म=स्तोत्र पूर्व्यम्=उत्तम (Excellent) हैं, इस प्रकार अस्तावि=स्तुति किये जाते हैं। स्तोत्रों की महिमा यह है कि इनके द्वारा मानव-जीवन उत्तम बनता है—ये उसका पूरण करते हैं। स्तोत्रों के उच्चारण से तदनुरूप बनने की प्रेरणा मिलती है।

किसके लिए ?—ब्रह्म=स्तोत्रों को इन्द्राय=उस निरतिशय ऐश्वर्यवाले प्रभु के लिए वोचत=उच्चारण करो। प्रभु के लिए स्तोत्रों का उच्चारण करना चाहिए। जिसकी स्तुति करेंगे वही तो हमारा लक्ष्य बनेगा। स्तुत्य के अनुसार ही अन्त में हमारा जीवन होगा। ब्रह्म की स्तुति करेंगे तो ब्रह्म-जैसे ही बनेंगे। ब्रह्म-जैसा बनना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

कौन-से ?—उस प्रभु के लिए कौन-से स्तोत्रों का उच्चारण करें ? इस प्रश्न का उत्तर इस प्रकार देते हैं कि ऋतस्य=सत्य की पूर्वीः=सनातन—अत्यन्त प्राचीन बृहतीः=वृद्धि की कारणभूत

वेदवाणियाँ अनूषत-उच्चारण की जाती हैं, अर्थात् वेदमन्त्रों के द्वारा हम प्रभु का स्मरण करते हैं। ये वेदमन्त्र सृष्टि के आरम्भ में दिये जाने से 'पूर्वी:'-सनातन हैं। इनमें उपदिष्ट बातें कार्यान्वित होने पर वृद्धि की कारणभूत होने से 'बृहती:' हैं। इन वेदवाणियों का ही हमें उच्च स्वर से उच्चारण करना चाहिए।

लाभ—इस प्रकार वेदमन्त्रों से प्रभु के स्तोत्रों का उच्चारण करनेवाला 'स्तोता' कहलाता है। स्तोतुः-इस स्तोता की मेधाः-बुद्धियाँ असृक्षत-उस प्रभु के द्वारा सृष्ट की जाती हैं, अर्थात् स्तुति करने का सर्वमहान् लाभ यही है कि स्तोता को उत्तम बुद्धि प्राप्त होती है। इस उत्तम बुद्धि को प्राप्त करके उत्तम कर्मों के अन्दर प्रवृत्त होनेवाला यह स्तोता 'आयुः' कहलाता है (एति गच्छति)। प्रभुभक्त अकर्मण्य थोड़े ही बैठ सकता है? कण-कण करके उन्नति करते चलने से यह 'काण्व' है।

भावार्थ—स्तोत्र उत्तम हैं, स्तोत्रों का उच्चारण प्रभु के लिए करना, वेदमन्त्रों के द्वारा स्तुति करने पर स्तोता को बुद्धि प्राप्त होती है।

ऋषिः—आयुः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु का स्तवन

१६७८. समिन्द्रो रायो बृहतीरधूनुत स क्षोणी समु सूर्यम्।
स शुक्रासः शुचयः स गवाशिरः सोमा इन्द्रममन्दिषुः॥ २॥

इन्द्रः-वह परमैश्वर्यशाली प्रभु बृहतीः रायः-विशाल ऐश्वर्यों को अधूनुत-प्रेरित करता है (धू-to cause, to move) क्षोणीः-नाना पृथिवियों को सम् अधूनुत-अपने-अपने मार्ग पर प्रेरित करता है, उ-तथा सूर्यम्-सूर्य को सम् (अधूनुत)-सम्यक् प्रेरणा देता है।

स्तोता प्रभु का स्तवन करता है, उसके प्रति नतमस्तक होता है—उसकी महिमा का स्मरण करता है। इस श्रव्यभक्ति के साथ वह अपने जीवन को सुन्दर बनाकर उस प्रभु की दृश्य भक्ति के लिए भी उद्यत होता है। वस्तुतः यह दृश्यभक्ति ही प्रभु को प्रीणत करनेवाली होती है। श्रव्यभक्ति का परिणाम तो केवल एक लक्ष्यदृष्टि को पैदा करना है। लक्ष्यदृष्टि के उत्पन्न हो जाने पर ये स्तोता अपने जीवन को 'शक्तिशाली, पवित्र, निर्दोष व विनीत' बनाकर सचमुच प्रभु को आराधित कर पाते हैं।

शुक्रासः-शक्तिशाली—शक्ति के पुञ्ज (शुक्रम्-वीर्यम्) शुचयः-धन की दृष्टि से पवित्र (योऽर्थे शुचिर्हि स शुचिः) गवाशिरः-इन्द्रियों के मलों को सर्वथा नष्ट करनेवाले (गो, आ, शृ) सोमाः-विनीत पुरुष ही इन्द्रम्-उस निरतिशय ऐश्वर्य-सम्पन्न प्रभु को सम् अमन्दिषुः-सम्यक्तया प्रसन्न करते हैं, अर्थात् प्रभु की सच्ची स्तुति तो यही है कि १. पुरुष शक्तिशाली बने (शुक्रासः)। २. पवित्र मार्ग से ही धन कमाये (शुचयः)। ३. प्राणायामादि द्वारा इन्द्रिय-मलों को नष्ट करके इन्द्रियों को निर्दोष बनाये (गवाशिरः) तथा ४. विनीत बने (सोमाः)। इस प्रकार अपने जीवन को सदा सुन्दर बनाने में लगा हुआ 'आयुः'-क्रियाशील व्यक्ति ही प्रभु का सच्चा स्तोता है।

भावार्थ—प्रभु की महिमा का स्मरण करके हम विनीत बनें और सचमुच प्रभु के स्तोता हों।

सूक्त-८

ऋषिः—अम्बरीष ऋजिश्वा च॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

सोमरक्षण से क्या होगा ?

१६७९. इन्द्राय सोम पातवे वृत्रघ्ने परि षिच्यसे।
नरे च दक्षिणावते वीराय सदनासदे॥ १॥

सोम-हे वीर्यशक्ते! तू इन्द्राय पातवे-इन्द्र के पान के लिए होता है। जितेन्द्रिय पुरुष ही तेरा पान करता है। सोम को शरीर में ही व्याप्त करने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य जितेन्द्रिय बने। हे सोम! तू परिषिच्यसे-शरीर में ही सर्वत्र सिक्त होता है। किनके लिए? १. वृत्र-घ्ने-ज्ञान की आवरणभूत कामादि वासनाओं को नष्ट करनेवाले के लिए, अर्थात् जो मनुष्य कामादि वासनाओं को नष्ट करने के लिए प्रयत्नशील होता है उसके शरीर में यह सोम सम्पूर्ण रुधिर में व्याप्त होकर रहता है। २. नरे च=और (नृ=मनुष्य) उस मनुष्य के लिए जो अपने को आगे और आगे ले-चलने का निश्चय करता है। यह आगे बढ़ने की भावना भी सोम-सुरक्षा में सहायक होती है। ३. दक्षिणावते=दानशील मनुष्य के लिए यह सोम परिषिक्त होता है, अर्थात् दान की वृत्ति भी सोमरक्षा में सहायक है। यह वृत्ति मनुष्य को व्यसनों से बचाती है। व्यसनों से बचाने के द्वारा सोम-रक्षण में साधन बनती है। ४. वीराय=वीर पुरुष के लिए। वीर पुरुष अपनी वीरता को नष्ट न होने देने के लिए सोमरक्षण में प्रवृत्त होता है। ५. सदनासदे=सदन में बैठनेवाले के लिए। यहाँ सदन शब्द 'विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत' इस मन्त्रभाग की 'सीदत' क्रिया का ध्यान करते हुए सब घरवालों के मिलकर बैठने के स्थान, अर्थात् यज्ञभूमि के लिए आया है। 'इस यज्ञभूमि में बैठने का है स्वभाव जिसका' उसके लिए यह सोमरक्षण सम्भव होता है।

यह सोमरक्षण करनेवाला व्यक्ति सदा सरल मार्ग से चलता है—दूसरे शब्दों में 'ऋजिश्वा' बनता है। यह ऋजिश्वा सोमरक्षण के लिए निम्न बातें करता है—

१. जितेन्द्रिय बनने का प्रयत्न करता है (इन्द्राय)। २. वासनाओं को विनष्ट करता है (वृत्रघ्ने)। ३. आगे बढ़ने की वृत्ति को धारण करता है (नरे)। ४. दानशील बनता है (दक्षिणावते)। ५. वीर बनता है (वीराय)। ६. यज्ञशील बनता है (सदनासदे)।

सोमरक्षण होने पर ये बातें हममें फूलती-फलती हैं।

भावार्थ—हम सोमरक्षण के द्वारा वीर बनें।

ऋषिः—अम्बरीष ऋजिश्वा च॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

कान्ति व शक्ति का दाता सोम

१६८०. त॑ सखायः पुरूरुचं॑ वयं यूयं च सूरयः।
अश्याम वाजगन्ध्यं सनेम वाजपस्त्यम्॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'ऋजिश्वा' सोम के महत्त्व को समझने के कारण अपने सब मित्रों को सम्बोधित करता हुआ कहता है कि सखायः=हे मित्रो! वयं यूयं च=हम और आप सब सूरयः=

विद्वान्—समझदार बनते हुए तम्-उस सोम को अश्याम-अपने अन्दर व्याप्त करने का प्रयत्न करें (अश् व्याप्तौ) जो सोम—१. पुरूरुचम्-बहुत अधिक दीप्तिवाला है—जिसकी दीप्ति हमारा पालन व पूरण करनेवाली है (पॄ-पालन व पूरण) तथा २. वाजगन्ध्यम्-(वाज-शक्ति, गन्ध-सम्बन्ध) हमारे साथ शक्ति को सम्बद्ध करनेवालों में उत्तम है। वास्तव में चाहिए यह कि हम इस सोम का सनेम-पूजन करें, क्योंकि यह सोम ३. वाजपस्त्यम्-शक्ति का घर है। सोम ही शक्ति है। जब तक यह सोम है हम सशक्त हैं—इसके अभाव में अशक्त। इसकी विद्यमानता में ही शरीर में शक्ति व कान्ति है।

जो भी व्यक्ति कुछ समझदार होगा वह सोमरक्षण में अवश्य तत्पर होगा। सोमरक्षण ही वस्तुतः हमें उच्च ज्ञान के शिखर पर पहुँचने के योग्य बनाता है। सोम का रक्षक ही 'सूरि'-विद्वान् बनता है।

भावार्थ—सोम सुरक्षित होकर हमें कान्ति दे, शक्ति प्राप्त कराए और इस प्रकार उस सर्वशक्तिमान् प्रभु को हम प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—अम्बरीष ऋजिश्वा च॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रभु चिन्तन व दिव्यता का लाभ

१६८१. परि त्यं हर्यतं हरिं बभ्रुं पुनन्ति वारेण।
यो देवान्विश्वाँ इत् परि मदेन सह गच्छति॥ ३॥

यह मन्त्र ५५२ संख्या पर व्याख्यात है।

त्यम्-उस हर्यतम्-कामना करने योग्य—सचमुच चाहने योग्य हरिम्-सर्वदुःखहारक बभ्रुम्-भरण-पोषण करनेवाले प्रभु को वारेण-वासनाओं के निवारण के द्वारा परिपुनन्ति-विचारते हैं, अपने ज्ञान का विषय बनाते हैं। इस मार्ग पर चलनेवाला व्यक्ति वह होता है यः-जो विश्वान् देवान्-सब दिव्य गुणों को मदेन सह-प्रसन्नता व हर्ष के साथ इत् परिगच्छति-निश्चय से सर्वतः प्राप्त होता है।

भावार्थ—यदि हम वासनाओं को जीतकर प्रभु की सर्वव्यापकता का चिन्तन करेंगे तो हमें दिव्य गुण भी प्राप्त होंगे और हमारा जीवन सदा उल्लासमय होगा।

सूक्त-९

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

अधर्षणीयता, प्रकाश व शक्ति

१६८२. कस्तमिन्द्र त्वा वसवा मर्त्यो दधर्षति।
श्रद्धा हि ते मघवन् पार्ये दिवि वाजी वाजं सिषासति॥ १॥

हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! कः मर्त्यः-कौन मनुष्य तम्-उसको आदधर्षति-धर्षित कर सकता है, जिसे त्वा वसो-आप बसानेवाले हो। हे मघवन्-निष्पाप ऐश्वर्यवाले प्रभो! श्रद्धा हि ते-निश्चय से आपपर की गयी श्रद्धा पार्ये दिवि-सब उलझनों से पार पहुँचानेवाले प्रकाश में प्राप्त कराती है और वाजी-सर्वशक्ति-सम्पन्न प्रभु इस श्रद्धालु को वाजं सिषासति-शक्ति से सम्भक्त

करते हैं।

भावार्थ—एक आस्तिक पुरुष १. अधर्षणीय होता है, अतएव निर्भीक २. वह सुलझे हुए दिमाग़वाला होता है तथा ३. शक्ति-सम्पन्न होता है।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

दान 'दान' है (वृत्रों का विनाशक है)

१६८३. मघोनः स्म वृत्रहत्येषु चोदय ये ददति प्रिया वसु।
तव प्रणीती हर्यश्व सूरिभिर्विश्वा तरेम दुरिता॥ २॥

उत्तम निवासवाला अथवा वशियों में श्रेष्ठ 'वशिष्ठ' प्रार्थना करता है कि हे हर्यश्व-(ह, अश्) सर्वदुःखहारिन्! सर्वव्यापक प्रभो! आप मघोनः-उन धनियों को ये-जो प्रिया वसु-प्रिय धनों का ददति-दान देते हैं, वृत्रहत्येषु-वासनाओं के विनाश में चोदय स्म-अवश्य ही प्रेरित कीजिए। वस्तुतः धन कोई हेय व घृणित वस्तु नहीं है। हाँ, धन में आसक्त हो जानेवालों को धर्मज्ञान नहीं रहता। धन में असक्त को ही तो धर्म का ध्यान रहता है। अर्थकामेष्वसक्तानां धर्मज्ञानं विधीयते, अतः मनुष्य को धन तो कमाना चाहिए, परन्तु उसमें आसक्ति से ऊपर उठने के लिए सदा दान देते रहना चाहिए, दान का अर्थ 'देना' तो है ही, 'दान' का अर्थ 'खण्डन' (दो अवखण्डने) भी है। यह दान सचमुच वृत्रादि वासनाओं का खण्डन करनेवाला है।

धनों को पात्रों में दान देनेवाले सदा उत्तम सङ्ग प्राप्त करते हैं और उन सूरिभिः-विद्वानों से ज्ञान प्राप्त करके हम हे प्रभो! तव प्रणीती-तेरे प्रणयन में—आपके बतलाये हुए वेदमार्ग पर चलने से विश्वा-सब दुरिता-पापों को तरेम-तैर जाएँ।

संक्षेप में अभिप्राय यह है कि दान देने की वृत्ति से १. विद्वानों का सम्पर्क प्राप्त होता है २. उनके उपदेशों के श्रवण से 'वेदज्ञान' मिलता है—प्रभु से प्रतिपादित वेदमार्ग का पता लगता है, और ३. उसपर चलकर हमारे सब दुरित दूर हो जाते हैं ४. अब हम सचमुच उत्तम निवासवाले 'वसिष्ठ' बनते हैं।

भावार्थ—हम दान दें और वासनाओं का विनाश करें। प्रभु-प्रतिपादित मार्ग पर चलकर दुरितों से दूर हों।

सूक्त-१०

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

मधु से अधिक मदिर

१६८४. एतु मथो र्मदिन्तरं सिञ्चाध्वर्यो अन्धसः। एवा हि वीर स्तवते सदावृधः॥ १॥

यह मन्त्र ३८५ संख्या पर आ चुका है। सरलार्थ यह है—

हे अध्वर्यो-जीवन को यज्ञरूप बनानेवाले जीव! मधोः-पुष्परस व शहद से भी मदिन्तरम्-अधिक मद का अनुभव करानेवाले अन्धसः-आध्यातव्य सोम का इत्-निश्चय से आसिञ्च-अपने में सर्वतः सेचन कर। एव-इस प्रकार हि-निश्चय से १. वीरः-तू वीर होगा २. सदावृधः-सदा

वृद्धिवाला होगा। यह सदावृध वीर ही स्तवते-प्रभु से प्रशंसा को प्राप्त होता है। वस्तुतः यही व्यक्ति व्यापक मनोवृत्तिवाला बनकर 'विश्वमना' होता है, उत्तम इन्द्रियरूप अश्वोंवाला होने से 'वैयश्व' होता है।

भावार्थ—हम सोम का शरीर में सेचन करके वीर व सदा वर्धमान बनें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

जितेन्द्रियता

१६८५. इन्द्र स्थातर्हरीणां न किष्टे पूर्व्यस्तुतिम्। उदानंश शवसा न भन्दना॥ २॥

हे इन्द्र-इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! हरीणाम्-इन्द्रियरूप अश्वों के ऊपर स्थातः-स्थित होनेवाले! ते-तेरी पूर्व्यस्तुतिम्-मुख्य स्तुति को न किः-न तो शवसा-बल से और न-न ही भन्दना-तेज व शुभ कर्मों से उदानंश-कोई भी पाता है।

अर्थात् जितना महत्त्व जितेन्द्रियता का है उतना न बल और तेज का और न ही शुभ कर्मों का है। वास्तविकता तो यह है कि जितेन्द्रियता के बिना न तो मनुष्य बलवान् और तेजस्वी हो सकता है और न ही उसकी शुभ कर्मों में प्रवृत्ति होती है। इस सारी बात का विचार करके ही आचार्य दयानन्द ने जितेन्द्रियता को सदाचार में प्रथम स्थान दिया है। मनु ने इसे सिद्धि की प्राप्ति के लिए आवश्यक माना है—'सन्नियम्य तु तान्येव ततः सिद्धिं नियच्छति'। जितेन्द्रियता वह केन्द्र है जिसके चारों ओर सदाचार के सब अङ्ग घूमते हैं।

इस प्रकार स्पष्ट है कि मनुष्य जितेन्द्रियता को अपना मौलिक कर्त्तव्य समझे। ऐसा समझने पर ही तो वह इन्द्रियों का अधिष्ठाता बनकर 'वैयश्व'-विशिष्ट इन्द्रियरूप अश्वोंवाला बनेगा। ऐसा होने पर ही यह विश्वमनाः-व्यापक मनवाला भी बन पाएगा।

भावार्थ—हम अपने जीवन में जितेन्द्रियता को सर्वाधिक महत्त्व दें।

ऋषिः—विश्वमना वैयश्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

इष्टकामधुक् यज्ञ

१६८६. तं वो वाजानां पतिमहूमहि श्रवस्यवः। अप्रायुभिर्यज्ञेभिर्वावृधेन्यम्॥ ३॥

श्रवस्यवः-यश चाहनेवाले हम यशस्वी कर्म ही करें, अशुभ कर्मों से दूर रहें, इसलिए तम्-उस वः-तुम सबके वाजनां पतिम्-शक्तियों के पति प्रभु को हम अहूमहि-पुकारते हैं। सत्य यही है कि सब शक्तियों के देनेवाले वे प्रभु ही हैं। उस प्रभु से शक्ति प्राप्त करके ही कोई व्यक्ति शक्तिशाली कार्य कर पाता है और यश का भागी बनता है।

वे प्रभु अप्रायुभिः-निरन्तर होनेवाले (अप्रायु unceasing) यज्ञेभिः-यज्ञों से वावृधेन्यम्-हमें बढ़ानेवाले हैं। यदि हम अपने जीवन में यज्ञों को अपनाएँगे तो सदा फूलें-फलेंगे। प्रभु ने सृष्टि के प्रारम्भ में हमें यज्ञ ही दिया था और यही कहा था कि यह तुम्हारी सब इष्ट-कामनाओं को पूर्ण करनेवाला होगा।

यज्ञों के द्वारा १. यश मिलता है (श्रवस्यवः), २. वृद्धि प्राप्त होती है (वावृधेन्यम्), ३. शक्ति बढ़ती है (वाज)। यज्ञ की मौलिक भावना 'स्वार्थत्याग' है। स्वार्थत्यागवाला व्यक्ति व्यापक मनोवृत्तिवाला होने से 'विश्वमना' है। यह यज्ञों में लगे रहने से उत्तम इन्द्रियरूप अश्वोंवाला बन

कर 'वैयश्व' कहलाता है।

भावार्थ—प्रभु से उपदिष्ट यज्ञों को अपनाकर हम इस संसार में फूलें-फलें और परलोक में कल्याण प्राप्त करें।

सूक्त-११

ऋषिः—सोभरिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्) ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

उपासना व सुखमय स्थिति

१६८७. तं गूर्धया स्वर्णरं देवासो देवमरतिं दधन्विरे। देवत्रा हव्यमूहिषे ॥ १ ॥

यह मन्त्र १०९ संख्या पर द्रष्टव्य है। सरलार्थ यह है—

तम्-उस स्वर्णरम्-सुखमय स्थिति में पहुँचानेवाले प्रभु का गूर्धय-अर्चन करो। देवासः-समझदार ज्ञानी लोग देवम्-उस दिव्य गुण परिपूर्ण अरतिम्-विषयों में अरममाण प्रभु की दधन्विरे-उपासना करते हैं। देवत्रा-देवताओं में हव्यम्-देने योग्य पदार्थों को ऊहिषे-प्राप्त कराते हैं।

भावार्थ—हम प्रभु की उपासना करें, जिससे सुखमय स्थिति में पहुँचें।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती) ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

जीवन-यज्ञ की पूर्ति

१६८८. विभूतरातिं विप्र चित्रशोचिषमग्निमीडिष्व यन्तुरम्।
अस्य मेधस्य सोम्यस्य सोभरे प्रेमध्वराय पूर्व्यम् ॥ २ ॥

हे विप्र-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले! सोभरे-उत्तम ढंग से समाज का भरण करनेवाले सोभरि! तू अध्वराय-इस जीवनरूप यज्ञ के संचालक के लिए ईम्-निश्चय से अग्निम्-उस सबको आगे ले-चलनेवाले प्रभु को प्र ईडिष्व-प्रकर्षेण स्तुत कर जो १. विभूत-रातिम्-(विभूत=mighty) महान् शक्तिशाली दानोंवाले हैं २. चित्रशोचिषम्-अद्भुत दीप्तिवाले हैं अथवा ज्ञानप्रद कान्तिवाले हैं ३. अस्य-इस मेधस्य-प्रभु के साथ मेल करनेवाले सोम्यस्य-विनीत पुरुष के यन्तुरम्-नियन्ता हैं तथा ४. पूर्व्यम्-पालन व पूरण करनेवालों में उत्तम हैं।

मानव-जीवन के दो मुख्य सूत्र हैं १. अपना विशेषरूप से पूरण करना—कमियों को दूर करना (विप्र) २. केवल अपने में ही न रमकर समाज का उत्तम ढंग से पोषण करना (सोभरि)। इसी को यज्ञमय जीवन बिताना भी कहते हैं। इस प्रकार अपने जीवन को यज्ञमय बनाये रखने के लिए हमें प्रभु का स्मरण करना है (अध्वराय, अग्निम् ईडिष्व)। उस प्रभु का प्रकाश हमें ज्ञान देनेवाला है और वास्तव में तो वे प्रभु ही हमारी जीवन-यात्रा में हमारे रथ के सारथि होते हैं (यन्तुरम्) बशर्ते कि हम उस प्रभु से मेल करनेवाले हों (मेधस्य) तथा सदा सौम्य व विनीतवृत्ति रखते हों (सोम्यस्य)। अभिमानी पुरुष ने प्रभु से दिखाये मार्ग को क्या देखना? वे प्रभु ही वस्तुतः हमारा पूरण करनेवालों में सर्वोत्तम हैं (पूर्व्यम्)। प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'सोभरि' भी विनीतता से प्रभु सम्पर्क में रहता हुआ जीवन-यज्ञ को पूर्ण करने में समर्थ होता है।

भावार्थ—मेरे जीवन-यज्ञ को निर्विघ्नरूप से समाप्ति तक वे प्रभु ही ले-चलेंगे। इसके लिए आवश्यक धन व ज्ञान भी प्रभु ही प्राप्त कराएँगे।

सूक्त-१२

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

वननीय वस्तुओं में स्थिति

१६८९. आ सोम स्वानो अद्रिभिस्तिरो वाराण्यव्यया।
जनो न पुरि चम्वोर्विशद्धरिः सदो वनेषु दधिषे॥ १॥

५१३ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस रूप में दिया गया है—

हे सोम-सोम! तू अद्रिभिः-अविदारणीय—स्थिर शरीर, मन व मस्तिष्क के द्वारा आ सुआनः-सारे शरीर को उत्तमता से प्रीणित करनेवाला है। तिरः-सारे रुधिर में छिपा हुआ यह सोम अव्यया-रक्षण के हेतु से वाराणि-सब रोगों का निवारण करता है। मन को वासनाओं से बचाकर शरीर को नीरोग करता है। जनः न पुरि-मनुष्य जैसे नगरी में प्रवेश करता है उसी प्रकार यह सोम चम्वोः विशत्-द्यावापृथिवी में, अर्थात् शरीर व मस्तिष्क में प्रवेश करता है। हरिः-शरीर में प्रविष्ट होकर शरीर के रोगों का हरण करने से यह 'हरि' है—मस्तिष्क की कुण्ठा का भी हरण करता है। सदा उ-सदा निश्चय से यह सोम हमें वनेषु-वननीय—सेवनीय उत्तम वस्तुओं में दधिषे-धारण करता है।

भावार्थ—सोम हमें नीरोग शरीरवाला व उज्ज्वल मस्तिष्कवाला बनाये।

ऋषिः—सप्तर्षयः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

मनीषी, विप्र व ऋक्वा

१६९०. स मामृजे तिरो अण्वानि मेष्यो मीढ्वान्त्सप्तिर्न वाजयुः।
अनुमाद्यः पवमानो मनीषिभिः सोमो विप्रेभिर्ऋक्वभिः॥ २॥

सः सोमः-वह सोम मनीषिभिः-बुद्धि व विवेक के द्वारा मन को वश में करनेवालों से, विप्रेभिः-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवालों से और ऋक्वभिः-स्तुति करनेवालों से—सूक्तों का उच्चारण करनेवालों से मामृजे-शुद्ध किया जाता है। वस्तुतः जब तक यह सोम शुद्ध व पवित्र बना रहता है तभी तक यह शरीर के अन्दर व्याप्त होकर हमारी उन्नति का कारण बनता है। यह हमारे मस्तिष्क की ज्ञानाग्नि को समिद्ध करके हमारे ज्ञान को उज्ज्वल बनाता है—और हम मनीषी—विद्वान् बनते हैं। इस सोम के द्वारा अपनी सभी न्यूनताओं को दूर करके हम विप्र बनते हैं और इसी से हम अधिक प्रभु-प्रवण बनकर स्तुति करनेवाले 'ऋक्वा' होते हैं। मनीषीत्व, विप्रत्व व ऋक्वत्व से सोम की रक्षा होती है और सोम की रक्षा होने पर ये तीनों विकसित होते हैं—इस प्रकार इनका परस्पर भावन (एक-दूसरे को बढ़ाना) चलता है।

सुरक्षित हुआ-हुआ यह सोम १. तिरः-शरीर के अन्दर रुधिर में व्याप्त होकर ऐसा छिपा रहता है जैसाकि दधि में सर्पि (घी) तथा तिलों में तैल। २. रुधिर में व्याप्त हुआ-हुआ यह सोम अण्वानि मेष्यः-प्राणशक्तियों का सेचन करनेवाला होता है। सोम ही तो वस्तुतः प्राण है। 'मरणं बिन्दुपातेन', इसके अभाव में तो मृत्यु है। ३. मीढ्वान्-यह सब सुखों का सेचन करनेवाला है। शरीर की नीरोगता

का कारणभूत यह सोम सुखप्रद क्यों न हो ? ४. सप्तिः न वाजयुः-घोड़े के समान यह हमारे अन्दर शक्ति का सम्पर्क करनेवाला है। ५. अनुमाद्यः-शक्ति के अनुपात में ही यह हमारे जीवन में हर्ष व उल्लास भरनेवाला होता है और ६. पवमानः-सबसे बड़ी बात यह कि यह हमें पवित्र बनाता है।

इस प्रकार इस सोम की रक्षा से निरन्तर उन्नति करता हुआ यह आगे और आगे बढ़ते चलने के कारण 'अग्नि' कहाता है। यही इस मन्त्र का ऋषि है।

भावार्थ—सोम की रक्षा करनेवाले हम मनीषी, विप्र व ऋक्वा बनें।

सूक्त-१३

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु का अध्ययन

१६९१. वयमेनमिदा ह्योऽपीपेमेह वज्रिणम्।
तस्मा उ अद्य सवने सुतं भरा नूनं भूषत श्रुते॥ १॥

२७२ संख्या पर इस मन्त्र का अर्थ इस प्रकार दिया गया है—

वयम्-हम इत्-निश्चय से आ-सब प्रकार से ह्यः-जैसे कल उसी प्रकार इह-आज के दिन भी एनम्-इस प्रभु को अपीपेम-आप्यायित करते हैं। वे प्रभु वज्रिणम्-वज्रवाले हैं। तस्मा-उस प्रभु के लिए उ-ही अद्य-आज सवने-यज्ञों में सुतम्-आहुतियों को भर-प्राप्त कराता हूँ और उस प्रभु की प्राप्ति के लिए नूनम्-निश्चय से श्रुते-ज्ञान के क्षेत्र में भूषत-अपने को अलंकृत करता हूँ।

भावार्थ—प्रभु-प्राप्ति के लिए हम 'यज्ञों' तथा 'ज्ञान' के मार्ग को अपनाएँ।

ऋषिः—कलिः प्रागाथः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

हृदय-मन्थन

१६९२. वृकश्चिदस्य वारण उरामथिरा वयुनेषु भूषति।
सेमं नः स्तोमं जुजुषाण आ गहीन्द्र प्र चित्रया धिया॥ २॥

गत मन्त्र में कलि ने ठीक कलन—संख्यान—हिसाब-किताब लगाकर यह निश्चय किया कि हम यज्ञों व ज्ञान-सञ्चय द्वारा प्रभु को पाने का यत्न करेंगे। उसी प्रकरण में कहते हैं कि १. अस्य चित् वृकः-इस प्रभु का निश्चय से ग्रहण करनेवाला (वृक् आदाने) २. वारणः-इसी उद्देश्य से वासनाओं व अशुभ कर्मों का निवारण करनेवाला, ३. और वासनाओं के निवारण के विचार से उरामथिः-अपने हृदय का मन्थन करनेवाला व्यक्ति वयुनेषु-उत्तम प्रज्ञानों व कर्मों में आभूषति-अपने को सर्वथा अलंकृत करता है। एवं, प्रभु-प्राप्ति का क्रम स्पष्ट है—१. हृदय के मन्थन के द्वारा अन्दर छिपी वासनाओं को ढूँढ निकालना, २. उन वासनाओं को दूर करना और ३. अपने को उत्तम प्रज्ञानों व कर्मों से भूषित करना। इस विक्रमत्रयी से ही हम उस त्रिविक्रम विष्णु को आराधित कर सकते हैं। इस आराधित प्रभु को ही हम अपना धारण करता हुआ पाते हैं।

प्रभु अपना आदान करनेवाले 'वृक' से कहते हैं कि सः-वह तू नः-हमारे इमम्-इस स्तोमम्-वेदोपदिष्ट स्तुतिसमूह को जुजुषाणः-प्रीतिपूर्वक सेवन करता हुआ आगहि-हमें प्राप्त

हो। हे इन्द्र=इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! इस स्तोम के सेवन से ही तू प्रचित्रया=अत्यन्त उत्कृष्ट धिया=बुद्धि से आगहि=सङ्गत हो।

प्रभु के इस वेदोपदेश के ग्रहणरूपी आदेश का पालन करनेवाला यह 'कलि' प्रभु के स्तोमों का उच्चारण करता हुआ 'प्रागाथ' कहलाता है।

भावार्थ—हम उरामथि=हृदय का मन्थन करनेवाले बनें, वासनाओं के दूर करनेवाले बनकर प्रभु का आदान करनेवाले बनें। अपने को प्रज्ञानों से अलंकृत करें। प्रभु के स्तोम का सेवन करते हुए उत्कृष्ट बुद्धि को प्राप्त हों।

सूक्त-१४

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र और अग्नि

१ २ ३ २ ३ ४ ५ १ २ १ २ ३ ४ ५
१६९३. इन्द्राग्नी रोचना दिवः परि वाजेषु भूषथः। तद्वां चेति प्र वीर्यम्॥ १॥

वैदिक साहित्य में इन्द्राग्नी का अर्थ है १. प्राण और अपान (प्राणापानौ वा इन्द्राग्नी—गो० २.१) अथवा २. ब्रह्म व क्षत्र (ब्रह्मक्षत्रे वा इन्द्राग्नी—कौ० १२.८) और वास्तव में तो ३. सब दिव्य गुण इन्द्राग्नी हैं (इन्द्राग्नी वै विश्वेदेवाः—श० १०.४.१.९)। ४. ये इन्द्राग्नी ही मूलभूत प्रतिष्ठा हैं (प्रतिष्ठे वा इन्द्राग्नी—कौ०) इन्द्राग्नी-'इन्द्र' शक्ति का प्रतीक है तो 'अग्नि' प्रकाश व ज्ञान का। ये इन्द्र और अग्नि दिवः=मस्तिष्करूप द्युलोक को रोचना=चमकानेवाले हैं और ये दोनों वाजेषु=शक्तियों में, बलों में, अर्थात् शक्ति के द्वारा परिभूषथः=अङ्ग-प्रत्यङ्ग को सुभूषित करते हैं, शक्ति के द्वारा सम्पूर्ण अङ्ग सौन्दर्य को लिये हुए होते हैं। इन्द्र और अग्नि तो वस्तुतः सम्पूर्ण जीवन के सौन्दर्य के आधार हैं। एक राष्ट्र में जैसे दिग्गज विद्वान् ब्राह्मण तथा शक्तिशाली क्षत्रिय उत्थान के कारण बनते हैं उसी प्रकार शरीर में ये इन्द्र और अग्नि=बल और प्रकाश शोभा का कारण बनते हैं। शरीर का जो सौन्दर्य है तत्=वह वाम्=आप दोनों (इन्द्राग्नी) का ही तो वीर्यम्=सामर्थ्य प्रचेति=समझा जाता है।

बलशून्य शरीर मृतप्राय-सा होगा और प्रकाश के अभाव में अन्धकारमय शरीर पशु-शरीर से उत्कृष्ट न होगा। इस स्थिति से ऊपर उठने के लिए हमें अपने शरीर में इन्द्र और अग्नि का विकास करना चाहिए। इस विकास को करनेवाला व्यक्ति ही 'विश्वामित्र' होता है।

भावार्थ—ज्ञान और बल हमें सब सद्गुणों से सुभूषित करें।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र व अग्नि का विकास

१ २ ३ १ २ ३ ४ १ २ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१६९४. इन्द्राग्नी अपसस्पर्युप प्र यन्ति धीतयः। ऋतस्य पथ्या ३ अनु॥ २॥

धीतयः=ध्यानशील लोग, अर्थात् जो बहते चले जाने (drifting) की नीति को न अपनाकर अपनी उन्नति का ध्यान करते हैं, वे ऋतस्य पथ्या अनु=सत्य व नियमपरायणता (regularity) के मार्ग का अनुसरण करते हुए अपसः=स्वार्थ की भावना से ऊपर उठे हुए, व्यापक कर्मों के द्वारा इन्द्राग्नी=बल व प्रकाश के तत्त्वों को परि उप प्रयन्ति=सर्वथा समीपता से प्राप्त होते हैं।

पिछले मन्त्र में 'इन्द्र और अग्नि' की महिमा का वर्णन किया था कि ये शरीर को सशक्त व

प्रकाशमय बनाते हैं। प्रस्तुत मन्त्र में इन दोनों तत्त्वों के विकास के लिए निम्न उपायों का संकेत किया है।

१. धीतयः—हम अपने जीवन की उन्नति का ध्यान करनेवाले हों।

२. ऋतस्य पथ्य अनु—सूर्य और चन्द्रमा की भाँति नियमितता के मार्ग को अपनाएँ। हमारा 'खाना-पीना, सोना-जागना'—सब-कुछ नियमित (regular) हो। यह नियमितता ही तो सत्य है।

३. अपसः—लोक में हमारे कर्म कुछ स्वार्थ की भावना से ऊपर उठकर किये जाएँ। हमारे कर्म व्यापक मनोवृत्ति से हों।

उल्लिखित तीन बातों के होने पर ही इन्द्राग्नी का विकास सम्भव है। इन्होंने ही हमारे जीवन को सुभूषित करना है।

भावार्थ—मैं ज्ञान व बल की वृद्धि के लिए १. सदा इनके विकास का ध्यान करूँ २. मेरा जीवन नियमित हो तथा ३. मेरे कर्म व्यापक हों।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्र और अग्नि के विकास का लाभ

१६९५. इन्द्राग्नी तविषाणि वां सधस्थानि प्रयांसि च। युवोरप्तूर्यं हितम्॥ ३॥

इन्द्राग्नी के विकास का उल्लेख करके अब कहते हैं कि हे इन्द्राग्नी-बल व प्रकाश के तत्त्वो! वाम्-आप दोनों में ही तविषाणि-सब शक्तियाँ निहित हैं। १. सध-स्थानि-मिलकर ठहरने की भावनाएँ भी आप दोनों में ही निहित हैं। बल और प्रकाश के अभाव में पशु-प्रवृत्ति जन्म लेती है और मनुष्य परस्पर विरोध करते रहते हैं। बलवान् व ज्ञानी बनकर वे मिलकर चलना सीखते हैं। ३. प्रयांसि-आनन्द व प्रसन्नताएँ भी इन्हीं इन्द्राग्नी में आश्रित हैं। इन दोनों तत्त्वों के अभाव में मनुष्य आनन्द का अनुभव नहीं कर पाता। ४. हे इन्द्राग्नी! युवोः-आप दोनों में ही अप्तूर्यम्-(Zeal) कर्मों के प्रति उत्साह (अप्तुर्-active) हितम्-रखा हुआ है। इन्द्राग्नी के अभाव में मनुष्य आलसी होता है—उसमें कर्मों के प्रति किसी प्रकार का उत्साह नहीं होता।

एवं, इन्द्राग्नी के चार लाभ हैं—१. शक्ति, २. मेल, ३. प्रसन्नता, ४. उत्साह।

भावार्थ—हम इन्द्राग्नी के विकास के द्वारा शक्ति-सम्पन्न बनें, मेल की भावनावाले हों, प्रसन्नता व उत्साह से हमारा जीवन भरपूर हो।

सूक्त-१५

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

केवलादी न बनने के लाभ

१६९६. क ईं वेद सुते सचा पिबन्तं कद्वयो दधे।
अयं यः पुरो विभिनत्त्योजसा मन्दानः शिप्र्यन्धसः॥ १॥

२९७ संख्या पर मन्त्रार्थ इस रूप में दिया गया है—

कः-कौन ईम्-निश्चय से वेद-जानता है कि सुते-उत्पन्न जगत् में सचा-मिलकर; नकि

अकेले—पिबन्तम्-प्राकृतिक वस्तुओं का उपभोग करते हुए को १. क-द्वयः-इहलोक व परलोक दोनों लोकों का सुख दधे-धारण करता है। २. अयं यः-यह जो पुरः-असुरों की पुरियों को (काम, क्रोध, लोभ के दुर्गों को) विभिनत्ति-नष्ट कर डालता है। ३. ओजसा मन्दानः-ओज से सदा प्रसन्नतामय होता है और ४. अन्धसः-सोम के द्वारा शिप्री-शिरस्त्राणवाला होता है।

भावार्थ—हम अकेले खानेवाले न बनें।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

महान् व ओजस्वी

१६९७. दाना मृगो न वारणः पुरुत्रा चरथं दधे।
न किष्ट्वा नि यमदा सुते गमो महाँश्चरस्योजसा॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि मेधातिथि दाना-(दान् to cut) बुराइयों—स्वार्थ की वृत्तियों को काटनेवाला होता है। मृगः-इसी उद्देश्य से यह (मृग अन्वेषणे) अपना अन्वेषण, अर्थात् आत्मालोचन करनेवाला बनता है। इसी भावना को १६९२ मन्त्र में 'उरामथि' शब्द द्वारा कहा गया था। इस मार्ग पर चलते हुए कोई भी सांसारिक कार्य इसे न वारणः-रोकनेवाला नहीं होता। यह पुरुत्रा-पालन व पूरण के क्षेत्र में चरथम्-गति को दधे-धारण करता है, अर्थात् पालनात्मक व पूरणात्मक कार्यों में लगा रहता है।

प्रभु इस मेधातिथि से कहते हैं कि—त्वा-तुझे अपने इस पालनात्मक कार्य में न किः नियमत्-कोई भी रोकता नहीं। तू लोकस्तुति व लोकापवाद से अथवा धनागम के लोभ व धननाशभय से अपने इस न्यायमार्ग से विचलित नहीं होता। तू सुते-निर्माणात्मक कार्यों में आगमः-सर्वथा प्रवृत्त रहता है।

महान्-विशाल हृदयवाला बनकर तू ओजसा-बल के साथ चरसि-विचरण करता है। तेरी कार्यनीति ढिलमिल weak-kneed नहीं होती। तुझमें संकुचित-हृदयता तो नहीं होती, परन्तु साथ ही भय भी नहीं होता। 'किसी की नाराज़गी का भय ही बना रहे' तब तो किसी भी कार्य का करना सम्भव ही नहीं। यह मेधातिथि ओजस्वी बनकर चलता है तभी तो लोकहित करने में कुछ समर्थ हो पाता है।

भावार्थ—हम आत्मालोचन के द्वारा बुराइयों को ढूँढ-ढूँढकर काट डालें और महान् व ओजस्वी बनकर निर्माणात्मक कार्यों में प्रवृत्त हों।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु लोकसेवक का साथी है

१६९८. य उग्रः सन्ननिष्टृतः स्थिरो रणाय संस्कृतः।
यदि स्तोतुर्मघवा शृणवद्धवं नेन्द्रो योषत्या गमत्॥ ३॥

यः-जो मेधातिथि उग्रः-ओजस्वी व उदात्त है—जिसे कायरता छू नहीं गयी, सन्-ऐसा होता हुआ यह अनिष्टृतः-शत्रुओं से तीर्ण नहीं किया जा सकता, अर्थात् शत्रु इसे दबा नहीं लेते। स्थिरः-यह अपने कार्य में स्थिर वृत्तिवाला होता है तथा स्थितप्रज्ञ होने से डाँवाँडोल नहीं होता। यह तो रणाय-युद्ध

के लिए संस्कृतः-पूर्णरूप से तैयारीवाला होता है। आन्तरिक शत्रुओं से तो इसने युद्ध किया ही है, बाहर भी बुराइयों को दूर करने के लिए यदि संघर्ष होता है तो यह घबरा नहीं जाता।

यही व्यक्ति वस्तुतः प्रभु का सच्चा स्तोता है। सर्वभूतहित में लगा हुआ व्यक्ति ही तो प्रभु का भक्ततम है। यदि-यदि यह स्तोता संकट में कभी प्रभु को सहायता के लिए पुकारता है तो मघवा-सम्पूर्ण ऐश्वर्योंवाला प्रभु स्तोतुः-इस स्तोता की हवम्-पुकार को शृणवत्-सुनता है और इन्द्रः-वह परमैश्वर्यशाली प्रभु न योषति-अलग तमाशबीन की भाँति खड़ा नहीं रहता, अपितु आगमत्-इसकी सहायता के लिए आता ही है, अर्थात् प्रभु इन लोकसेवकों के साथी होते हैं और प्रभु के साहाय्य से ये उस-उस कार्य को करने में समर्थ हो जाते हैं। वस्तुतः इनका अपना तो कार्य होता ही नहीं—ये तो प्रभु के कार्य को उसके निमित्त (agent) बनकर कर रहे होते हैं।

भावार्थ—हम उदात्त, शत्रुओं से अनाक्रान्त, स्थिर वृत्ति के बनें। संसार संघर्ष को बड़े परिष्कृत प्रकार से चलानेवाले हों, सदा प्रभु के स्मरण से अपने में शक्ति का संचार करनेवाले हों।

सूक्त-१६

ऋषिः—निधुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

क्रान्तदर्शित्व की ओर

१६९९. पवमाना असृक्षत सोमाः शुक्रास इन्दवः। अभि विश्वानि काव्या॥ १॥

उल्लिखित प्रकार के लोकसेवकों के सब गुण सोमरक्षा से उत्पन्न होते हैं, अतः प्रस्तुत तृच 'सोम' का वर्णन करता है—

सोमाः असृक्षत-प्रभु की अचिन्त्य व्यवस्था के द्वारा शरीर में सोमकणों का निर्माण होता है। ये सोमकण—

१. पवमानाः-पवित्र करनेवाले होते हैं। इनके द्वारा जीवन में पवित्रता का संचार होता है, क्योंकि इनका रक्षक क्रोध-घृणा आदि वासनाओं का शिकार नहीं होता।

२. शुक्रासः-ये मनुष्य को शक्तिशाली बनाते हैं। वस्तुतः सोम ही तो शक्ति है।

३. इन्दवः-ये सोम मनुष्य को परम उत्कृष्ट ऐश्वर्य प्राप्त करानेवाले होते हैं। ये शरीर में स्निग्धता, मन में स्नेह तथा बुद्धि में तीव्रता लानेवाले हैं।

४. विश्वानि-सब काव्या अभि-काव्यों की ओर ले-जानेवाले ये होते हैं, क्योंकि ये मनुष्य की ज्ञानाग्नि को तीव्र करते हैं, अतः ये मनुष्य को क्रान्तदर्शी बनाते हैं। यह प्रत्येक पदार्थ के वास्तविक रूप को देखनेवाला बनता है। इस कारण कोई भी वस्तु इसे डाँवाँडोल नहीं कर पाती। डाँवाँडोल न होने के कारण यह प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'निधुवि' कहलाता है।

भावार्थ—सोम हमें पवित्र, शक्तिशाली, उत्कृष्ट ऐश्वर्यवाला तथा क्रान्तदर्शी बनाता है।

ऋषिः—निधुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शिखर पर, त्रिलोकी का सजाना

१७००. पवमाना दिवस्पर्यन्तरिक्षादसृक्षत। पृथिव्या अधि सानवि॥ २॥

पवमानाः-पवित्र करनेवाले सोम दिवः-द्युलोक के हेतु से अन्तरिक्षात्-अन्तरिक्ष के हेतु से

और पृथिव्याः-पृथिवी के हेतु से परि असुक्षत-इस शरीर में चारों ओर निर्मित हुए हैं। जब यह सोम शरीर में सारे रुधिर में व्याप्त हो जाता है, तब वह द्युलोक, अन्तरिक्ष व पृथिवी को सुन्दर बनानेवाला होता है, द्युलोक, अर्थात् मस्तिष्क को उज्ज्वल बनाता है, अन्तरिक्ष, अर्थात् हृदय को निर्मल बनाता है और पृथिवी, अर्थात् शरीर को दृढ़ बनाता है।

क्या शरीर, क्या मन और क्या मस्तिष्क सभी दृष्टिकोणों से यह उसे अधि सानवि-शिखर पर पहुँचानेवाला होता है। यह सोम द्युलोक को उग्र-तेजस्वी बनाता है, अर्थात् मस्तिष्क को दीप्त करता है, पृथिवी, अर्थात् शरीर को दृढ़ बनाता है और अन्तरिक्षरूपी हृदय में उचित राग का निर्माण करता है।

भावार्थ—सोम हमारी त्रिलोकी को सुभूषित करता है।

ऋषिः—निधुविः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्वेष की भावना से दूर

१७०१. पवमानास आशवः शुभ्रा असृग्रमिन्दवः। घ्नन्तो विश्वा अप द्विषः॥ ३॥

पवमानासः-ये पवित्र करनेवाले सोम असृग्रम्-बनाये गये हैं—ये १. आशवः-मनुष्य को शीघ्रता से कार्य करनेवाला बनाते हैं, अर्थात् ये मनुष्य में स्फूर्ति बढ़ानेवाले हैं २. शुभ्राः-ये शरीर को नीरोग, मन को स्वस्थ तथा बुद्धि को तीव्र बनाकर शोभा की वृद्धि करनेवाले हैं। ३. इन्दवः-परमैश्वर्य को प्राप्त करानेवाले हैं तथा ४. विश्वाः-सब द्विषः-द्वेष की भावनाओं को अपघ्नन्तः-नष्ट करनेवाले हैं।

भावार्थ—सोम की रक्षा करनेवाला पुरुष १. आलस्यरहित, स्फूर्ति-सम्पन्न होता है। २. उत्तम गुणों से शोभावाला बनता है। ३. परमैश्वर्य का लाभ करता है और ४. अपने में द्वेष की अपवित्र भावनाओं को नहीं पनपने देता।

सूक्त-१७

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राण व अपान

१७०२. तोशा वृत्रहणा हुवे सजित्वानापराजिता। इन्द्राग्नी वाजसातमा॥ १॥

'इन्द्राग्नी' का एक अर्थ प्राणापान भी है। इस शरीर में जब इन्द्र के सहायक अन्य सब देव सो जाते हैं अथवा कार्य करना बन्द कर देते हैं, ये प्राणापान तब भी अपना कार्य करते रहते हैं। ये जागते रहते हैं—सोते नहीं। मैं इन इन्द्राग्नी-प्राणापानों को हुवे-पुकारता हूँ—इनकी आराधना करता हूँ, जो—

१. तोशा (तुश् to destroy) शरीर में सब रोग-कृमियों को नष्ट करके मुझे आरोग्य देते हैं। प्राणापान की क्रिया ठीक होने पर शरीर में किसी भी प्रकार का रोग सम्भव ही नहीं और यदि रोग-कीटाणु शरीर में प्रविष्ट हो भी जाएँ तो ये उनका संहार कर देते हैं।

२. वृत्र-हणा-ज्ञान की आवरणभूत कामादि वासनाओं को, जो वृत्र कहलाती हैं, ये नष्ट कर देते हैं। प्राणापान की साधना शरीर को नीरोग बनाती है तो मन को वासनारहित।

३. सजित्वाना-एवं, ये प्राणापान शरीर व मन के क्षेत्र में (स) समानरूप से (जित्वाना) विजयशील होते हैं। शरीर के रोगों पर विजय पाते हैं और मन की वासनाओं पर।

४. अपराजिता=ये कभी पराजित नहीं होते। असुर प्राणापान पर आक्रमण करके ऐसे चकनाचूर हो जाते हैं जैसे पत्थर पर टकरा कर मिट्टी का ढेला।

५. वाजसातमा=ये प्राणापान हमें अतिशयित बल देनेवाले हैं। वस्तुतः प्राणापान ही शक्ति हैं। इस प्रकार इन प्राणापान से शक्ति-सम्पन्न होकर प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'विश्वामित्र' सभी के साथ स्नेह करता है। घृणा का सिद्धान्त (cult) तो निर्बल का ही होता है।

भावार्थ—हम प्राणापान की साधना करें और अपने शरीर व मन दोनों को नीरोग करें।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राणापान की अर्चना

१७०३. प्र वामर्चन्त्युक्थिनो नीथाविदो जरितारः। इन्द्राग्नी इष आ वृणे॥ २॥

गत मन्त्र में प्राणापान के लाभों का उल्लेख हो गया है, उनका ध्यान करते हुए 'विश्वामित्र' लोग हे प्राणापानो! वाम्=आप दोनों की प्र अर्चन्ति=खूब अर्चना करते हैं। आप दोनों की अर्चना करनेवाले ये लोग—

१. उक्थिनः=(वागुक्थम्—ष० १.५) उत्तम वाणीवाले होते हैं। इनके मुख से कभी अशुभ शब्दों का उच्चारण नहीं होता।

(अन्नम् उक्थानि—कौ० ११.८) सात्त्विक अन्नों के सेवन की वृत्तिवाले होते हैं।

(प्रजा वा उक्थानि—तै० १.८.७.२) ये उत्तम सन्तानवाले होते हैं।

(पशव उक्थानि—ए० ४.१.१२) ये अपने घरों में उत्तम गाय आदि पशुओं के रखनेवाले होते हैं।

(उक्थमिति बह्वृचा उपासते—श० १०.५.२.२०) ये ऋग्वेद के द्वारा—विज्ञान के द्वारा प्रभु के उपासक होते हैं।

२. नीथाविदः=(नीथान् विनयान् विन्दन्ति—दयानन्द) ये प्राणोपासक लोग जीवन-यात्रा के मार्ग (नय) को ठीक-ठीक समझते हुए बड़ी विनीतता से जीवन-यापन करते हैं और इस प्रकार अपने उत्तम कर्मों के द्वारा (यजुर्वेद=कर्मवेद), अर्थात् यज्ञों के द्वारा प्रभु के उपासक बनते हैं।

३. जरितारः=(जरते-स्तौति) ये सामों के द्वारा प्रभु का स्तवन करनेवाले होते हैं।

इस प्रकार इनके जीवन में ऋग्, यजुः व साम तीनों ही का समावेश होता है, इसलिए विश्वामित्र कहता है कि हे इन्द्राग्नी=प्राणापानो! मैं आपके द्वारा इषः=प्रभु की प्रेरणाओं का आवृणे=सर्वथा वरण करता हूँ। वेदों में उस परम अक्षर से दी गयी प्रेरणाओं को यह प्राणोपासक सुनता है। दूसरे शब्दों में इसे प्रभु की वाणी सुनाई पड़ने लगती है—यही तो प्राणसाधना का सर्वोत्तम लाभ है।

भावार्थ—मैं प्राणोपासक बनकर प्रभु की वाणी को सुननेवाला बनूँ।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्राग्नी॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दासपत्नी-विधूनन

१७०४. इन्द्राग्नी नवतिं पुरो दासपत्नीरधूनुतम्। साकमेकेन कर्मणा॥ ३॥

मानव शरीर में काम-क्रोध आदि वासनाएँ न चाहते हुए भी प्रवेश कर जाती हैं। प्रविष्ट होकर ये उसका संहार करती हैं। संहार करने से इनका नाम 'दास' है (दस उपक्षये)। वैदिक साहित्य में शक्ति 'पत्नी' के रूप में चित्रित होती है, अतः इन कामादि दासों (दस्युओं) की शक्तियाँ ही दास पत्नियाँ हैं। अत्यन्त क्रियाशील (active) होने से ये नवति (नवन्ते गच्छन्ति) हैं। प्राणापान की साधना होने पर ही इन्हें कम्पित करके दूर करना सम्भव होता है, अतः मन्त्र में कहते हैं कि—

हे इन्द्राग्नी-प्राणापानो! आप पुरः-सर्वप्रथम नवतिम्-इस बड़ी चुस्त दासपत्नीः-कामादि दासों की शक्तियों को अधूनुतम्-कम्पित कर देते हो। प्राणापान की साधना से वासना-वृत्तियाँ शिथिल पड़ जाती हैं, परन्तु 'इन्द्राग्नी'-प्राणापान इस कार्य को तभी कर पाते हैं जब साकम्-ये प्रभु के साथ होते हैं—जब श्वासोच्छ्वास के साथ 'ओ३म्' का जप चलता है। 'त्वया ह स्विद् युजा वयम्', प्रभु के साथ मिलकर ही तो इन वासनाओं को जीतना सम्भव है, एकेन कर्मणा-प्रभु के साथ समान कर्मों के द्वारा (एक-समान)। यह वासना-विनाश कार्य तभी होता है जब हम प्रभु के समान निर्माणात्मक कार्यों में लगते हैं—प्रभु के समान पक्षपातादि की भावनाओं से ऊपर उठते हैं।

एकेन कर्मणा-शब्दों का अर्थ (एक-मुख्य) 'मुख्य प्रयत्न के द्वारा' भी है। ढिलमिल निश्चय से ये वासनाएँ दूर नहीं हुआ करतीं—ये तो प्रबल निश्चय होने पर ही दूर होंगी।

भावार्थ—हम प्रभु के साथ मिलकर दास-पत्नियों को कम्पित कर डालें।

सूक्त-१८

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रयत्न के साथ स्तुति

१७०५. उप त्वा रण्वसन्दृशं प्रयस्वन्तः सहस्कृत। अग्ने ससृज्महे गिरः॥ १॥

प्रभु को प्रस्तुत मन्त्र में दो नामों से स्मरण किया है—१. सहस्कृत-'सहस्' नामक बल को उत्पन्न करनेवाले। प्रभु हमारे अन्नमयकोश में तेज, प्राणमयकोश में वीर्य, मनोमयकोश में ओज और बल, विज्ञानमयकोश में मन्यु, तथा आनन्दमयकोश में 'सहस्' को स्थापित करते हैं। यहाँ 'सहस्कृत' सम्बोधन से सर्वोत्कृष्ट बल का उल्लेख करके अन्य बलों का भी आक्षेप हो ही गया है। प्रभु हमारे अङ्ग-प्रत्यङ्ग को शक्ति से भरके हमें प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'भरद्वाज' बनाते हैं। २. अग्ने-शक्ति-सम्पन्न करके प्रभु हमें अग्रगति—उन्नति के योग्य बनाते हैं।

इस प्रभु का दर्शन रमणीय है, अतः मन्त्र में कहते हैं कि हे बलों के उत्पन्न करनेवाले (सहस्कृत) हमारी उन्नति के साधक (अग्ने) प्रभो! रण्वसंदृशम्-रमणीय दर्शनवाले त्वा-आपके उप-समीप अर्थात् आपकी उपासना करते हुए हम प्रयस्वन्तः-(पूर्णप्रयत्नशीलाः-दयानन्द) पूर्ण प्रयत्नवाले होते हुए गिरः ससृज्महे-स्तुति-वाणियों का उच्चारण करते हैं। इस वाक्य से यह स्पष्ट है कि हमें पूर्ण पुरुषार्थ के उपरान्त ही प्रार्थना करनी चाहिए। बिना प्रयत्न के प्रार्थना व्यर्थ है। यदि हम प्रयत्नपूर्वक प्रार्थना करेंगे तो उन्नत होते-होते उस रमणीय दर्शन प्रभु का दर्शन कर पाएँगे। प्रयत्नशून्य स्तुति स्वामी दयानन्द के शब्दों में भाटों का गानमात्र है। उसकी कोई उपयोगिता नहीं।

भावार्थ—हम उन्नति के लिए प्रयत्नशील हों, अपने में शक्ति भरके आगे बढ़ें।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

'प्रणव वृक्ष' की छाया में

१७०६. उप च्छायामिव घृणेरगन्म शर्म ते वयम्। अग्ने हिरण्यसन्दृशः ॥ २ ॥

वे प्रभु घृणिः-दीप्त हैं हिरण्यसंदृक्-ज्योतिर्मय दर्शनवाले हैं। इव-जिस प्रकार गर्मी से सन्तप्त मनुष्य उपच्छायाम्-वृक्ष की छाया में जाता है, उसी प्रकार इस संसार के सन्तापों से सन्तप्त हुए-हुए वयम्-हम हे अग्ने-हमारी अग्रगति के साधक प्रभो! घृणेः-दीप्ति के पुञ्ज हिरण्यसंदृशः-ज्योतिर्मय-स्वर्णतुल्य-दर्शनवाले ते-आपके शर्म-सुख व शरण को अगन्म-प्राप्त हों।

मनुष्य संसार में नाना प्रकार के संघर्षों से व्याकुल हो जाता है। उस समय प्रभु के चरण ही उसके शरण होते हैं। सूर्यताप से सन्तप्त व्यक्ति जैसे छाया में शरण पाता है, उसी प्रकार संसार-संघर्ष से व्याकुल हुआ पुरुष प्रभु के चरणों में शरण पाता है। संसार में कई बार हमारा जीवन अन्धकारमय हो जाता है—वे प्रभु ही दीप्त तथा ज्योतिर्मय हैं। उस प्रभु के दर्शन में मनुष्य प्रकाश का अनुभव करता है। प्रभु का दर्शन होते ही व्याकुलता समाप्त हो जाती है। यह उपासक एक शक्ति का अनुभव करता है और 'भरद्वाज' कहलाता है।

भावार्थ—अनन्त व्याकुलता भरे इस संसार में प्रभु-चरण ही हमारे शरण हैं।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

त्रि-पुर-घ्न देव

१७०७. य उग्रइव शर्यहा तिग्मशृङ्गो न वंसगः। अग्ने पुरो रुरोजिथः ॥ ३ ॥

प्रभु की शरण में जानेवाला व्यक्ति वह होता है यः-जो उग्रः इव-उदात्त प्रकृति का होता है। शत्रुओं के साथ भी उसका बर्ताव कमीनेपन का नहीं होता। यह शर्य-हा-(शर्य-enemy) अपने आन्तर शत्रुओं को मारनेवाला होता है। न-जैसे तिग्मशृङ्गः-तेज सींगोवाला वंसगः-बैल अपने विरोधी शेर आदि शत्रुओं के पेट का विदारण कर देता है, उसी प्रकार यह प्रभु का उपासक अपने सब शत्रुओं को समाप्त करनेवाला होता है।

हे अग्ने-प्रभु के सम्पर्क से उन्नति को सिद्ध करनेवाले जीव! तू पुरः-शत्रु-नगरियों को रुरोजिथ-भग्न कर देता है। काम-क्रोधादि शत्रु 'इन्द्रियों, मन व बुद्धि को आश्रय करके अपना अधिष्ठान बनाते हैं। ये वस्तुतः इनके क़िले बन जाते हैं—इन क़िलों का तोड़ना ही 'अग्नि' का लक्ष्य होता है। इन तीन पुरियों का भङ्ग करके यह 'त्रिपुरारि' बनता है।

भावार्थ—हम उदात्त प्रकृति के बनकर अनुदात्त (निकृष्ट) प्रकृतिवाले शत्रुओं का नाश कर दें।

सूक्त-१९

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वैश्वानर अग्नि

१७०८. ऋतावानं वैश्वानरमृतस्य ज्योतिषस्पतिम्। अजस्रं घर्ममीमहे ॥ १ ॥

अग्नि, अर्थात् आगे ले-चलनेवाला, वैश्वानर-(विश्वान् नरान् नयति) सब मनुष्यों के हित

के लिए उनका उत्थान करनेवाला। आजकल की भाषा में 'एक ऐसा नेता जो सबका भला चाहता हुआ, सबको उन्नति के मार्ग पर ले-चलता है। इस 'वैश्वानर अग्नि' का चित्रण प्रस्तुत मन्त्र में उपलभ्य है।

१. ऋतावानम्-(ऋतावान्-possessed of sacrifice, of true character)। (क) जो त्याग की भावना का पोषण करता है। (ख) जो सच्चरित्र है। वस्तुतः नेता के लिए सबसे प्रथम आवश्यक गुण यही है कि वह त्याग की भावनावाला हो तथा सत्य चरित्रवाला हो। त्याग की भावना के बिना वह कुछ कर नहीं सकता और चरित्र की उत्कृष्टता के बिना उसका जीवन व भाषण प्रभावशाली नहीं हो सकता।

२. वैश्वानरम्-(विश्व-नर-हितम्) वह सबका भला चाहनेवाला हो। नेता की संकुचित मनोवृत्ति व पक्षपात उसे नेतृत्व से ही नीचे ले-आती है। नेता को सबके प्रति हित की भावनावाला होना चाहिए।

३. ऋतस्य ज्योतिषः पतिम्-यह नेता ऋत का और ज्योति का पति होता है। यह अपने अन्दर नियमितता=regularity तथा ज्ञान का पोषण करता है। नियमितता इसे शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करती है और ज्ञान इसके मानस स्वास्थ्य को सिद्ध करता है। एवं, ऋत और ज्योति से यह 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मनवाला' आदर्श पुरुष बनता है।

४. अजस्रं घर्मम्-यह 'सतत घर्म' होता है। 'लगातार दीप्ति को फैलानेवाला' होता है। 'अजस्र' का अभिप्राय है 'बिना विच्छेद—रुकावट के' तथा 'घर्मम्' शब्द में दीप्ति व क्षरण की भावना है। 'क्षरण', अर्थात् मल को दूर करना। यह नेता निरन्तर प्रजाओं की मलिनताओं को दूर करके उनमें ज्ञान की दीप्ति फैलाता है।

ईमहे-हम ऐसे ही नेता को चाहते हैं।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हमें 'त्यागी, सच्चरित्र, सबका भला चाहनेवाले, नियमित जीवनवाले, दीप्तियुक्त, निरन्तर दीप्ति को फैलानेवाले नेता प्राप्त हों।'

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

घर-घर में यज्ञ का विस्तार

१७०९. य इदं प्रतिपप्रथे यज्ञस्य स्वरुत्तिरन्। ऋतून्नुत्सृजते वशी॥ २॥

गत मन्त्र के प्रकरण के अनुसार हमें वह नेता चाहिए यः-जो स्वः-सुख को उत्तिरन्-बढ़ाने के हेतु से (हेतौ शतृप्रत्ययः) यज्ञस्य इदम्-यज्ञ की भावना को प्रतिपप्रथे-प्रत्येक घर में विस्तृत करता है। 'यज्ञ के बिना कल्याण नहीं', इसमें तो शक है ही नहीं। अयज्ञ पुरुष का न यह लोक बनता है, न परलोक। यज्ञ से दोनों ही लोकों का भला होता है। यह नेता यज्ञ की भावना का घर-घर में विस्तार करता हुआ प्रजा के सुखों को बढ़ाता है।

वशी-अपनी इन्द्रियों व मन को वश में करनेवाला यह 'वैश्वानर अग्नि' ऋतून्-ऋतुओं को उत्सृजते-उत्कृष्ट बनाता है। वेद में भिन्न-भिन्न स्थानों में इस बात का प्रतिपादन है कि मनुष्य के आचरण-पतन का परिणाम ही 'आधिदैविक आपत्तियाँ' हुआ करती हैं। उत्कृष्ट आचरणवाले नेता ही इन आधिदैविक आपत्तियों का निराकरण करनेवाले होते हैं। वस्तुतः ऐसे श्रेष्ठ नेताओं से ही यह जगत् धारण किया जाता है।

संक्षेप में यह नेता दो बातें करता है— १. घर-घर में यज्ञ की भावना का प्रचार करता है, तथा २. अपना जीवन पूर्ण संयमवाला बनाता है।

इन दो बातों के दो परिणाम होते हैं—१. सुख की वृद्धि होती है तथा २. ऋतुएँ बड़ी उत्कृष्ट होती हैं, मानवजीवन के लिए अनुकूलतावाली होती हैं।

भावार्थ—हम भी यज्ञ का विस्तार करें और पूर्ण आत्मसंयम का अभ्यास करें।

ऋषिः—भरद्वाजो बार्हस्पत्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रिय धाम, 'विट्-क्षत्र-ब्रह्म'

१७१०. अग्निः प्रियेषु धामसु कामो भूतस्य भव्यस्य। सम्राडेको विराजति॥ ३॥

'धाम' शब्द के वेद में तीन अर्थ हैं १. धन Wealth, २. शक्ति Power, ३. प्रकाश की किरण Ray of light। यहाँ तीनों ही अर्थ विवक्षित हैं। 'धामसु' यह बहुवचन इस बात का संकेत कर रहा है। 'वैश्वानर अग्नि' में ये तीनों ही धाम होते हैं। यह उचित मात्रा में धन का स्वामी होता है—शक्तिमान् होते हुए ज्ञान के प्रकाश का पोषण करता है। उसके ये धन, तेज व ज्ञान 'प्रिय' होते हैं—लोगों के तर्पण के लिए होते हुए कान्त होते हैं। (प्रीञ् तर्पणे कान्तौ च)। **अग्निः**=यह वैश्वानर अग्नि **प्रियेषु धामसु**=प्रिय धामों में स्थित हुआ-हुआ **भूतस्य भव्यस्य**=राष्ट्र व समाज की पिछली अगली सब स्थितियों को **कामः**=उत्तम बनाने की कामनावाला होता है अथवा **भूतस्य**=प्राणिमात्र के **भव्यस्य**=(भावुकं भविकं भव्यम् कुशलम्) कल्याण की **कामः**=कामनावाला होता है। 'भूतस्य भव्यस्य' इन दोनों शब्दों के इकट्ठा आने से (Past or future) 'पिछला-अगला' यह अर्थ करने का सुझाव होता ही है। इस अर्थ में 'पिछले को कैसे अच्छा बनाना! यह शंका रह जाती है, परन्तु इसे तो मुहाविरा ही समझना चाहिए जैसे कि 'जिये-मरे का शोक नहीं करते' यह मुहाविरा है—जिये का कौन शोक किया करता है? पिछले अर्थ में तो इस शंका का अवसर ही नहीं रहता। (भूत=प्राणी, भव्य=कल्याण)। नेता वही ठीक है जो सभी का कल्याण चाहता है, सभी के कल्याण की भावना से प्रवृत्त होता है।

ऐसा नेता **सम्राट्**=प्रजाओं के हृदय का सम्राट् बनता है। यह (Uncrowned king)=बिना मुकुट के भी राजा ही होता है। **एकः**=यह राष्ट्र का मुख्य पुरुष होता है (एक=मुख्य) तथा **विराजति**=विशेषरूप से शोभावाला होता है। वस्तुतः ऐसा ही नेता प्रजा का कल्याण कर पाता है। यह अपने धन, बल व ज्ञान का लोकहित में ही विनियोग करता है। 'धन' नेता के वैश्यांश का प्रतीक है, 'बल' क्षत्रियांश का तथा ज्ञान 'ब्राह्मणांश' का। एवं, यह नेता अधिक-से-अधिक पूर्णता को लिये हुए होता है।

भावार्थ—राष्ट्र में उत्तम नेताओं का आविर्भाव सदा राष्ट्र को उत्तम बनाये रक्खे।

इत्यष्टादशोऽध्यायः, अष्टमप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः॥

अथैकोनविंशोऽध्यायः

अष्टमप्रपाठकस्य तृतीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शरीर को अलंकृत करना

१७११. अग्निः प्रत्नेन जन्मना शुम्भानस्तन्वा३ स्वाम्। कविर्विप्रेण वावृधे ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'विरूप आङ्गिरस' है—विशिष्टरूपवाला अङ्ग-प्रत्यङ्ग में शक्तिवाला। 'यह ऐसा कैसे बन पाया?' इस प्रश्न का उत्तर प्रस्तुत मन्त्र में इस प्रकार दिया गया है—

१. अग्निः-यह अग्नि है—अपने को आगे और आगे प्राप्त करानेवाला है। 'उन्नति' इसके जीवन का मूल मन्त्र है।

२. प्रत्नेन जन्मना-देर से चले आ रहे सनातन विकास से (जनी प्रादुर्भावे) यह विरूप बना है। इसी एक जन्म में इसने यह सारी उन्नति कर ली हो, यह बात नहीं। अनेक जन्मों से यह इस उन्नति के मार्ग पर आगे और आगे बढ़ रहा है।

३. स्वां तन्वाम्-अपने शरीर को यह शुम्भानः-'दमन, दान, दया' आदि गुणों से अलंकृत करने में लगा है। जन्म-जन्मान्तरों से उन्नति-पथ पर बढ़ता हुआ यह अनेक उत्तम गुणों से अपने जीवन को सुशोभित कर सका है।

४. कविः-यह क्रान्तदर्शी है। पैनी दृष्टिवाला है—विषयों की आपातरमणीयता इसे उलझा नहीं सकती। कवि होने से यह उनके विषमय परिणाम को भी देख पाया है।

५. विप्रेण वावृधे-यह उस विशेष पूरण करनेवाले प्रभु के सम्पर्क से दिनों-दिन बढ़ पाया है। प्रभु के सम्पर्क ने ही इसे कामादि वासनाओं का शिकार नहीं होने दिया।

भावार्थ—विरूप के जीवन की पञ्चसूत्री यह है।

१. अग्निः-'आगे बढ़ना', यह हमारा आदर्श वाक्य हो।

२. प्रत्नेन जन्मना-चाहे धीमे-धीमे चलें, परन्तु हम निरन्तर आगे बढ़ते चलें।

३. शुम्भानः-अपने जीवन को शुभ गुणों से सजाएँ।

४. कविः-क्रान्तदर्शी बनना। गहराई तक देखना।

५. विप्रेण-सदा प्रभु के सम्पर्क में चलना।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

विरूप द्वारा प्रभु का आह्वान

१७१२. ऊर्जो नपातमा हुवे ऽग्निं पावकशोचिषम्। अस्मिन् यज्ञे स्वध्वरे ॥ २ ॥

यह 'विरूप' उस प्रभु (वि-प्र) के सम्पर्क में निरन्तर बढ़ता है और कहता है कि अस्मिन्-इस स्वध्वरे-उत्तम हिंसाशून्य यज्ञे-यज्ञरूप जीवन में (जीवन-यज्ञ में) आहुवे-मैं उस प्रभु को पुकारता

हैं, जो—

१. ऊर्जः न-पातम्-मेरी शक्ति को नष्ट नहीं होने देते। प्रभु के स्मरण से जीवन में वासना को स्थान नहीं मिलता और परिणामतः शक्ति शीर्ण नहीं होती।

२. अग्निम्-वे प्रभु मुझे अक्षीण शक्ति बनाकर उन्नति-पथ पर ले-चलनेवाले होते हैं। शक्ति की क्षीणता में किसी भी प्रकार की उन्नति सम्भव नहीं।

३. पावकः शोचिषम्-वे प्रभु पवित्र ज्ञान-दीप्तिवाले हैं। 'शक्ति की अक्षीणता, उन्नति व पवित्रता' यह क्रम है, जो इस मन्त्र में संकेतित हुआ है। अक्षीण शक्ति बनकर मैं आगे बढ़ता हूँ। मेरी इस आगे बढ़ने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो तो प्रभु से प्राप्त कराई गयी ज्ञान-दीप्ति मेरे मार्ग को पवित्र बनाये रखती है।

भावार्थ—'विरूप' बनने के लिए हम उस प्रभु का स्मरण करें जो हमारी शक्तियों को क्षीण नहीं होने देते—उन्नति-पथ पर आगे ले-चलते हैं और पवित्र ज्ञानदीप्ति प्राप्त कराते हैं।

ऋषिः—विरूप आङ्गिरसः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु के आतिथ्य की तैयारी

१७१३. स नो मित्रमहस्त्वमग्ने शुक्रेण शोचिषा। देवैरा सत्सि बर्हिषि॥ ३॥

हे मित्रमहः-प्रमीति व मृत्यु से त्राणकारक तेजवाले प्रभो! (मि-त्र-महस्) अथवा स्नेहपूर्वक प्राणिमात्र से प्रेम करने के कारण महनीय—पूजनीय प्रभो! हे अग्ने-हमारी उन्नति के साधक प्रभो! सः त्वम्-वे आप शुक्रेण शोचिषा-निर्मल ज्ञान की दीप्ति से अथवा (शुक् गतौ) क्रिया में परिणत होनेवाली ज्ञान की दीप्ति से तथा देवैः-दिव्य गुणों से नः-हमारे बर्हिषि-हृदयान्तरिक्ष में आसत्सि-विराजमान होते हैं।

वे प्रभु 'मित्रमहः' व 'अग्नि' हैं। उनका तेज मेरे सब अशुभों को समाप्त करनेवाला है और वे मुझे आगे ले-चलनेवाले हैं। प्रभु की उपासना प्राणिमात्र के साथ स्नेह के द्वारा होती है।

ये प्रभु मेरे हृदय में विराजेंगे—यदि मैं १. उज्ज्वल ज्ञान की दीप्तिवाला बनकर क्रियाशील जीवनवाला बनूँगा तथा २. यदि मैं अपने अन्दर दिव्यता की अभिवृद्धि के लिए प्रयत्नशील होऊँगा।

प्रभु का निवास 'बर्हिः' में होता है। 'बर्हि' उस हृदय का नाम है जिसमें से सब वासनाओं का उद्बर्हण कर दिया गया है। एवं, मुझे प्रभु की प्राप्ति के लिए ज्ञानी बनना, क्रियाशील होना, अपने में दिव्यता को बढ़ाना और हृदय में से वासनाओं का उन्मूलन करना होगा।

भावार्थ—मुझे ज्ञानवृद्धि, क्रियाशीलता, दिव्यता व वासनाओं के विनाश के द्वारा प्रभु के आतिथ्य की तैयारी करनी चाहिए।

सूक्त-२

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु के आतिथ्य के परिणाम

१७१४. उत्ते शुष्मासो अस्थू रक्षो भिन्दन्तो अद्रिवः। नुदस्व याः परिस्पृधः॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अवत्सारः काश्यपः' है—'सार-शक्ति की रक्षा करनेवाला ज्ञानी', शरीर

में पहलवान तथा आत्मा में ऋषि। गत मन्त्र में इसने प्रभु के स्वागत की तैयारी की थी। प्रभु का आतिथ्य करने पर, प्रभु इससे कहते हैं—

१. **ते**-तेरे **शुष्मासः**-वासनारूप शत्रुओं का शोषण करनेवाले बल **उत् अस्थुः**-उन्नत होकर स्थित होते हैं। प्रभु के सम्पर्क में जीव में शक्ति का संचार न हो यह तो सम्भव ही नहीं।

२. **रक्षः भिन्दन्तः**-तेरे ये बल राक्षसवृत्तियों का विदारण करनेवाले हैं। प्रभु के सम्पर्क से प्राप्त होनेवाला सात्त्विक बल हमें अपने रमण (मौज) के लिए औरों का क्षय करनेवाली राक्षसी वृत्तियों के हनन व विदारण में समर्थ करता है।

३. **हे अद्रिवः**-अपने संकल्प से विचलित न होनेवाले इन्द्र! **तू नुदस्व**-परे ढकेल दे। किनको? **याः परिस्पृधः**-जो तेरी उन्नति की स्पर्धा करनेवाले हैं—जो तेरी उन्नति को समाप्त करने के लिए प्रबल उत्कण्ठावाले तेरे शत्रु हैं। काम, क्रोध, लोभ आदि मनुष्य के प्रमुख शत्रु हैं, ये उसकी उन्नति को समाप्त करने में लगे हैं। यह अवत्सार प्रभु के आतिथ्य के द्वारा इनको परे धकेल देता है—अपने समीप नहीं फटकने देता।

भावार्थ—हम प्रभु का आतिथ्य करनेवाले बनें। इसके हमारे जीवन में निम्न परिणाम होंगे—१. शक्ति की वृद्धि, २. राक्षसों का विदारण, ३. वासनाओं का विनाश।

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु-स्मरण

१७१५. अया निजघ्निरोजसा रथसङ्गे धने हिते। स्तवा अबिभ्युषा हृदा॥ २॥

प्रभु अवत्सार से कह रहे थे कि तू उन्नति-विरोधी शत्रुओं को नष्ट कर डाल। अवत्सार उत्तर देते हुए कहता है कि—

१. **अया ओजसा**-आपके सम्पर्क से प्राप्त ओज से मैं **निजघ्निः**-शत्रुओं का कुचलनेवाला बनता हूँ। प्रभु के सम्पर्क से जीव में एक अद्भुत शक्ति उत्पन्न होती है, जिससे वह अपने काम-क्रोधादि शत्रुओं का नाश कर पाता है।

२. हे प्रभो! मैं **रथसङ्गे**-इस मानवशरीररूपी रथ के सङ्ग होने पर तथा **धने हिते**-धन के विद्यमान होने पर **अबिभ्युषा हृदा**-निर्भीक हृदय से **स्तवै**-आपका स्तवन करता हूँ। वस्तुतः प्रभुकृपा से हमें जीवन-यात्रा को पूर्ण करने के लिए यह शरीररूपी रथ मिला है। अन्य पशु-पक्षियों के शरीर भोगयोनि हैं—वे शरीर 'रथ' नहीं, अतः वे जीवन-यात्रा की पूर्ति में साधक भी नहीं। इस शरीर को प्राप्त करने पर यदि प्रभुकृपा से शरीररक्षा के लिए आवश्यक धन प्राप्त हो तो मनुष्य को चाहिए कि व्यर्थ में और धन की प्राप्ति में न उलझकर निर्भीक हृदय से प्रभु का स्तवन करे और अधिक धन जुटाने में शक्ति को व्यय करने के स्थान में प्रभु की उपासना से शक्ति की वृद्धि करना अधिक श्रेयस्कर है।

भावार्थ—मानवशरीर को प्राप्त करके, आवश्यक धन प्राप्त होने पर, प्रभुस्तवन ही उचित है—इसी से हमारी शक्ति बढ़ेगी, अन्यथा हम क्षीणशक्ति हो जाएँगे।

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु के व्रतों को न तोड़ना

१७१६. अस्य व्रतानि नाधृषे पवमानस्य दूढ्या। रुज यस्त्वा पृतन्यति॥ ३॥

अवत्सार निश्चय करता है अस्य-इस पवमानस्य-पवित्र करनेवाले प्रभु के व्रतानि-व्रतों का—प्रभु से उपदिष्ट कर्त्तव्यों का—दुध्या-दुर्बुद्धि के कारण न आधृषे-मैं धर्षण नहीं करता, अर्थात् मैं प्रभु से उपदिष्ट व्रतों का पालन ही करता हूँ। वस्तुतः मानव-कल्याण तो इन व्रतों के पालन में ही है, परन्तु दुर्बुद्धि के कारण मनुष्य कभी-कभी इन व्रतों को तोड़कर अन्ततः अपना अकल्याण कर बैठता है। सम्पूर्ण भोग्य पदार्थ शरीररक्षा के लिए उपयोज्य हैं, परन्तु मनुष्य स्वाद के कारण उनका अतिमात्र सेवन करता है और नाना प्रकार की आधि-व्याधियों में फँस जाता है। प्रभु ने मनुष्य को भुजाएँ दीं, वेद में उनका 'बाहु' नाम रखा और संकेत किया कि तूने सदा (बाहृ प्रयत्ने) प्रयत्नशील बनना, परन्तु जीव कर्मशीलता के व्रत को छोड़कर आराम पसन्द हो गया। उसे 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि' उपदेश भूल गया। प्रभु ने 'भोजन' शब्द का अर्थ ही यह बतलाया था कि जो पालन के लिए 'अभ्यवहृत' हो (भुज पालनाभ्यवहारयोः), परन्तु मनुष्य उसे स्वाद के लिए खाने लगा। इस प्रकार मनुष्य ने इस पवमान प्रभु के उपदिष्ट शतशः व्रतों को तोड़ा। अब इन व्रत-भङ्गों के परिणामस्वरूप कष्ट आने पर जब जीव व्याकुल हुआ और प्रभु की ओर झुका तब प्रभु उसे फिर कहते हैं—

हे जीव! यः-जो भी शत्रु त्वा-तुझे पृतन्यति-आक्रान्त करता है, तू रुज-उसे भङ्ग करने का प्रयत्न कर। काम, क्रोध व लोभ—जिसका भी तुझपर आक्रमण हो तू उसे जीतने का प्रयत्न कर। बस, इसी में तेरा कल्याण है।

भावार्थ—हम प्रभु के व्रतों को न तोड़ें। आक्रान्ता शत्रुओं का पराजय करें।

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

किसकी ओर? उस प्रभु की ओर

१७१७. तं हिन्वन्ति मदच्युतं हरिं नदीषु वाजिनम्। इन्दुमिन्द्राय मत्सरम् ॥ ४ ॥

गत मन्त्र में कहा था कि—'दुर्धी' से—दुष्ट बुद्धि से मनुष्य प्रभु के व्रतों को तोड़ते हैं। व्रतों को तोड़ने पर कष्ट आते हैं, ये कड़वे अनुभव उन्हें फिर से 'सुधी' बनाते हैं और ये सुधी पुरुष तम्-उस प्रभु को हिन्वन्ति-प्राप्त करते हैं—उस प्रभु की ओर चलते हैं जो—

१. मदच्युतम्-सब अहंकार के नाशक हैं अथवा हर्ष की वर्षा करनेवाले हैं, 'मदच्युत्' शब्द के ये दोनों ही अर्थ हैं और इनमें कार्यकारणभाव है। जितना-जितना अहंकार नष्ट होता जाता है उतना-उतना आनन्द अभिवृद्ध होता चलता है।

२. हरिम्-सब दोषों व दुःखों का हरण करनेवाले हैं। प्रभु हमारे दोषों को दूर करते हैं और इस प्रकार हमारे दुःखों को भी दूर कर देते हैं।

३. नदीषु वाजिनम्-अपने स्तोताओं में वाज-शक्ति का संचार करनेवाले हैं। हम प्रभु के स्मरण से उसके सम्पर्क में आते हैं और इस सम्पर्क से हममें प्रभु-शक्ति का प्रवाह होता है।

४. इन्दुम्-वे प्रभु परमैश्वर्यशाली हैं। उनका मित्र बन मैं भी इस परमैश्वर्य में भागीदार बनता हूँ।

५. इन्द्राय मत्सरम्-इन्द्रियों के अधिष्ठाता जितेन्द्रिय भक्त के लिए वे प्रभु हर्ष देनेवाले हैं। प्रभु का सम्पर्क मुझे वासनाओं के विजय में समर्थ करता है। मैं इन्द्रियों का अधिष्ठाता बनता हूँ और 'सर्वमात्मवशं सुखम्' इस नियम के अनुसार मेरा जीवन उल्लासमय होता है।

भावार्थ—हम सदा प्रभु की ओर चलनेवाले बनें।

सूक्त-३

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

रेगिस्तान का लाँघना

१७१८. आ मन्द्रैरिन्द्र हरिभिर्याहि मयूररोमभिः।
मा त्वा के चिन्नि येमुरिन्न पाशिनोऽति धन्वेव ताँ इहि॥ १॥

मन्त्र संख्या २४६ पर इसका विचार हो चुका है। सरलार्थ यह है—

प्रभु कहते हैं—हे इन्द्र-जीवात्मन्! मन्द्रैः-आह्लादमय मयूररोमभिः-दुष्टवृत्तियों के नाशक प्रभुवाचक शब्दों का उच्चारण करनेवाली हरिः-हरणशील चित्तवृत्तियों से आयाहि-तू मेरे समीप आ। त्वा-तुझे केचित्-ये कोई भी विषय मा नियेमुः-मत रोक लें। इत्-निश्चय से पाशिनः न-ये विषय पाशवालों की भाँति हैं, ये तुझे बाँध लेंगे। तू तान्-इन विषयों को धन्वा इव-मरुस्थल की भाँति अति इहि-लाँघ जा। रेगिस्तान के मृगतृष्णा के दृश्य की भाँति ये आकर्षक हैं, परन्तु कभी प्यास को बुझानेवाले नहीं। जो इनमें फँसता नहीं वही 'विश्वामित्र'-सभी का मित्र बन पाता है, इनमें फँसनेवाला तो 'विषयमित्र' हो जाता है।

भावार्थ—हम आह्लादमयी प्रभु-नामोच्चारण करनेवाली चित्तवृत्तियों से प्रभु को प्राप्त करनेवाले बनें।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

इन्द्र के मुख्य गुण (Characteristics)

१७१९. वृत्रखादो वलं रुजः पुरां दर्मो अपामजः।
स्थाता रथस्य हर्योरभिस्वर इन्द्रो दृढा चिदारुजः॥ २॥

इन्द्र के लक्षण ये हैं—

१. वृत्रखादः-वृत्र का यह खा-जानेवाला होता है। यह वासना को कुचल डालता है। वासना ज्ञान पर पर्दा डाल देती है, अतः यह वृत्र कहलाती है। इन्द्र इसको उसी प्रकार छिन्न-भिन्न कर देता है जैसे सूर्य मेघ को। सूर्य 'इन्द्र' है तो 'वृत्र' मेघ।

२. वलं रुजः-यह वल को नष्ट कर देता है। इन्द्र का एक नाम 'वलभित्' है। वस्तुतः 'वल' देवता है, जब तक कि यह निर्बलों के रक्षण में विनियुक्त होता है, परन्तु जब यह दूसरों के उत्पीड़न में विनियुक्त होता है तब यह राक्षस बन जाता है। इन्द्र इस राक्षस का विदारण करने के कारण 'वलभित्' कहलाता है। मनुष्य को बल के गर्व में कभी भी न्याय का गला नहीं घोंटना चाहिए। यदि वह ऐसा करता है तो वह 'वलभित्' नहीं, बल्कि बल के मद से पराजित हो जाता है।

३. पुरां दर्मः-जीव को प्रभु ने निवास के लिए पाँच कोश व तीन शरीर दिये हैं—ये ही इसके पुर हैं। वस्तुतः यह इन पुरों के अन्दर बँधा हुआ है। इसने 'दमन, दान व दया' की साधना करके इन बन्धनों को तोड़ना है। इसी बात को यहाँ इस रूप में कहा गया है कि यह पुराम्-पुरों का दर्मः-विदारण करनेवाला होता है।

४. अपाम् अजः-यह सदा व्यापक कर्मों में (आप् व्याप्तौ) गतिशील होता है। हमारे कर्म दो प्रकार के होते हैं—एक स्वार्थपूर्ण और दूसरे स्वार्थरहित। जो कर्म जितना-जितना स्वार्थ से रहित होता है वह उतना-उतना व्यापक होता है। यह इन्द्र सदा इन व्यापक कर्मों में ही व्याप्त रहता है।

५. यह इन्द्र रथस्य-जीवन-यात्रा के लिए दिये गये शरीररूप रथ के हर्यो:-ज्ञानेन्द्रिय व कर्मेन्द्रियरूप घोड़ों पर स्थाता-अधिष्ठित होता है। यह सदा उनपर क़ाबू पाये रहता है, उनके क़ाबू नहीं हो जाता। जीवन-यात्रा को पूर्ण करने के लिए यह आवश्यक है, अन्यथा यात्रा की पूर्ति सम्भव है ही नहीं। बेक़ाबू घोड़े तो किसी गड्ढे में ही गिरा देंगे।

६. अभिस्वरः-यह इन्द्र अपने जीवन में उपर्युक्त पाँचों बातों को लाने के लिए सदा प्रभु के नामों का उच्चारण करनेवाला होता है, (स्वृ शब्दे)। यही प्रभु-नामोच्चारण उसे प्रेरणा व उत्साह प्राप्त कराता है। इसी से वह अपने में एक शक्ति अनुभव करता है।

७. अब यह इन्द्रः-इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव दृळहाचित्-दृढ-से-दृढ विषय-बन्धनों को आरुजः-समन्तात् छिन्न-भिन्न कर डालता है, इनका ग़ुलाम नहीं बना रहता। विषय 'ग्रह' हैं—इन्होंने जीव को बुरी तरह से जकड़ा हुआ है, यह उनकी जकड़ से छूट जाता है।

भावार्थ—हमें चाहिए कि इन्द्र के उल्लिखित सात लक्षणों को अपने जीवन में अनूदित करने का प्रयत्न करें।

ऋषिः—विश्वामित्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बृहती॥ स्वरः—मध्यमः॥

चार प्रयाण

१७२०. गम्भीरां उदधीरिव क्रतुं पुष्यसि गाइव।
प्र सुगोपा यवसं धेनवो यथा ह्रदं कुल्याइवाशत॥ ३॥

१. जीव 'क्रतु' है। 'ओ३म् क्रतो स्मर' इस मन्त्रभाग में जीव को 'क्रतु' नाम से ही स्मरण किया गया है। 'यथाक्रतुरस्मिँल्लोके पुरुषो भवति तथेतः प्रेत्य भवति', इस उपनिषद्वाक्य के अनुसार क्रतु के अनुसार ही जीवन मिलने से जीव का नाम ही 'क्रतु' हो गया है। हे प्रभो! आप क्रतुम्-इस कर्मशील जीव को गम्भीरान् उदधीन् इव-गभीर समुद्रों की भाँति ज्ञान-जल से पुष्यसि-पुष्ट करते हो। समुद्र की भाँति अगाध ज्ञान ही तो जीव को ब्रह्मचर्याश्रम में प्राप्त करना है। यदि जीव 'क्रतु' व पुरुषार्थी बनता है तो प्रभु ऐसी परिस्थितियाँ प्राप्त कराते हैं जो ज्ञान-प्राप्ति के अनुकूल होती हैं और जीव का ज्ञान समुद्र की भाँति गम्भीर होता चलता है। अथर्ववेद में आचार्य को 'समुद्र' नाम दिया ही है।

२. इस ज्ञान को प्राप्त कर मनुष्य गृहस्थ बनता है और इव-जैसे सुगोपाः-उत्तम ग्वाला गाः-गौवों का प्र-प्रकर्षेण पोषण करता है, इसी प्रकार यह गृहस्थ अपनी सन्तानों का पोषण करता है और इस कर्त्तव्यपालन के कारण प्रभु गृहस्थ का पोषण करता है।

३. अब धेनवः-गौवें यथा-जैसे यवसम्-चरी को प्राप्त होती हैं, उसी प्रकार ये सद्गृहस्थ गृहस्थ को निभाकर, अपने सांसारिक कर्त्तव्यों का पालन करके, प्रभु को ही, जो (यु-मिश्रण व अमिश्रण) बुराई से पृथक् व भलाई से मिलानेवाले हैं, प्राप्त करता है। क्षुधित गौ को जैसे चरी ही रुचती है उसी प्रकार इस भक्त को प्रभु का नाम-स्मरण ही रुचिकर होता है। इसका परिणाम यह होता है कि यह सदा उस प्रभु का स्मरण करता हुआ—सदा तद्भाव से भावित होने के कारण अन्त समय में भी प्रभु का ही स्मरण करता है, और—

४. इव-जैसे कुल्याः-नालियाँ ह्रदम्-एक तालाब में आशत-व्याप्त हो जाती हैं, उसी प्रकार यह भक्त अन्त में प्रभु से मेल करता है।

भावार्थ—मैं अपने को ज्ञान का समुद्र बनाऊँ, अपनी सन्तानों का उत्तम पालन करूँ, प्रभु के नाम को ही अपना भोजन बनाऊँ, और अन्त में प्रभु से मेल करूँ।

सूक्त-४

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

प्रभु का (मेहमान) अतिथि

१७२१. यथा गौरो अपा कृतं तृष्यन्नेत्यवेरिणम्।
आपित्वे नः प्रपित्वे तूयमा गहि कण्वेषु सु सचा पिब॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र २५२ संख्या पर द्रष्टव्य है। सरलार्थ इस प्रकार है—

तृष्यन्-प्यास का अनुभव करता हुआ यथा-जैसे गौरः-प्रयत्नशील गौरमृग अपाकृतम्-समीप पहुँचने पर दूर और दूर हट जाते हुए ईरिणम्-ऊसर—मरुभूमि की ओर अवएति-दूर और दूर चलता जाता है, उसी प्रकार हे जीव! तू भी आनन्द की प्यास में प्रकृति की मरुभूमि में भटक रहा है। इस रास्ते को छोड़कर तूयम्-शीघ्र ही नः-हमारी आपित्वे-मित्रता में, मित्रता ही क्या प्रपित्वे-शरण में आगहि-आजा। वस्तुतः प्रभु को प्राप्त करने पर ही आनन्द मिलेगा। कण्वेषु-बुद्धिमानों में सचा-मिलकर रहता हुआ तू सु-पिब-उत्तम प्रकार से ज्ञान-जल का पान कर।

यह ज्ञान ही तो जीव को उस महान् देव-प्रभु को अतिथि-प्राप्त करनेवाला बनाएगा और जीव देवातिथि होगा।

भावार्थः-प्रकृति की मरु-मरीचिका में मरनेवाला मृग मैं न बनूँ। मैं प्रभु की मित्रता व शरण में आनन्द का अनुभव करूँ।

ऋषिः—देवातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

उस ज्येष्ठ बल का धारण

१७२२. मन्दन्तु त्वा मघवन्निन्द्रेन्दवो राधोदेयाय सुन्वते।
आमुष्या सोममपिबश्चमू सुतं ज्येष्ठं तद्धिषे सहः॥ २॥

हे मघवन्-ज्ञानैश्वर्य सम्पन्न देवातिथे! हे इन्द्र-शक्ति के सर्वकार्यों को करनेवाले शचीपते इन्द्र! त्वा-तुझे इन्दवः-ये सोमकण मन्दन्तु-आनन्दयुक्त करें। ये सोमकण सुन्वते-अपना अभिषव करनेवाले के लिए राधो-देयाय-सफलता देनेवाले होते हैं, अर्थात् जो भी व्यक्ति उत्तम भोजन द्वारा अपने में इन सात्त्विक सोमकणों का सम्पादन करता है, वह संसार में राधस्-सफलता प्राप्त करता है। ऐसा व्यक्ति जिस भी कार्य को प्रारम्भ करता है उसमें उसे सफलता प्राप्त होती है। 'मघवन्' और 'इन्द्र' ये सम्बोधन यह संकेत करते हैं कि यह व्यक्ति ज्ञानैश्वर्य-सम्पन्न बनता है और शक्ति-सम्पन्न कार्यों का करनेवाला होता है। ज्ञान और शक्ति ये सोम के परिणाम हैं तथा ज्ञान और शक्ति

मिलकर प्रत्येक कार्य में सफलता देते ही हैं। **अमुष्य**-उस प्रभु के **चमूसुतम्**-शरीर व मस्तिष्क के विकास के लिए उत्पन्न किये गये इस **सोमम्**-सोम को हे देवातिथे! तू **आ अपिबः**-समन्तात् इस शरीर में पी ले—व्याप्त कर ले। इसका परिणाम यह होगा कि **तत्**-तब तू **ज्येष्ठं सहः**-सर्वोत्कृष्ट सहोनामक बल को **दधिषे**-धारण करनेवाला होगा। सोमपान करनेवाला व्यक्ति दीप्त मस्तिष्क का होता है—उसका शरीर सबल बनता है और उसमें एक अद्भुत सहनशक्ति होती है। सोमपान के अभाव में ज्ञानाग्नि को ईंधन न मिलने से वह मन्द हो जाती है। शरीर में शक्ति-vitality की कमी से रोग होकर, शरीर निर्बल हो जाता है तथा मन सहनशक्तिशून्य होकर चिड़चिड़ा-सा हो जाता है। ऐसा व्यक्ति प्रभु का क्या अतिथि बन सकता है? देवातिथि को तो उज्ज्वल मस्तिष्क, सबल शरीर व शान्त-मनस्क बनना है।

भावार्थ—हम सोमपान द्वारा सर्वोत्कृष्ट बल को धारण करें।

सूक्त-५

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

जीवन के लिए दो महत्त्वपूर्ण बातें

१७२३. **त्वमङ्ग प्र शंसिषो देवः शविष्ठ मर्त्यम्।**
न त्वदन्यो मघवन्नस्ति मर्डितेन्द्र ब्रवीमि ते वचः॥ १॥

इस मन्त्र की व्याख्या २४७ संख्या पर हो चुकी है। सरलतार्थ यह है—

प्रभु कहते हैं—हे **अङ्ग**!-गतिशील अतएव प्रिय! **शविष्ठ**-शक्तिशालिन्! **त्वम्**-तू **मर्त्यम्**-इस दोषपूर्ण मनुष्य को **प्रशंसिषः**-प्रशंसित ही करता है—उसकी निन्दा नहीं करता। संसार में गुण-दोष तो सभी में हैं—निन्दा करके क्या करना। अकर्मण्य व निर्बल ही निन्दा किया करते हैं।

जीव कहता है कि—हे **मघवन्**-ज्ञानैश्वर्यपूर्ण प्रभो! **इन्द्र**-परमैश्वर्य-सम्पन्न प्रभो! **त्वत् अन्यः देवः मर्डिता न अस्ति**-वस्तुतः संसार में आपसे भिन्न कोई देव मुझे सुख देनेवाला नहीं है, अतः **मैं ते वचः ब्रवीमि**-तेरे ही स्तुति-वचनों का उच्चारण करता हूँ, तभी तो प्रशस्तेन्द्रि 'गोतम' बन पाता हूँ।

भावार्थ—मैं किसी की निन्दा न करूँ। सदा प्रभु का स्तवन करूँ।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

गर्व से ऊपर

१७२४. **मा ते राधांसि मा त ऊतयो वसोऽस्मान् कदा चना दभन्।**
विश्वा च न उपमिमीहि मानुष वसूनि चर्षणिभ्य आ॥ २॥

हे **वसो**!-बसानेवाले प्रभो! **ते**-तेरे **राधांसि**-साफल्य, कार्यों में प्राप्त कराई हुई सिद्धियाँ **अस्मान्**-हमें **कदाचन**-कभी भी **मा**-मत **आदभन्**-प्रतारित कर दें (दभ्-to cheat), अर्थात् हम कहीं इस आत्म-प्रवञ्चन में न पड़ जाएँ कि यह सफलता तो हमारी है। देवताओं को भी तो असुरों का पराजय करने पर यह गर्व हो गया था—मेरी तो बिसात ही क्या है? आपकी कृपा से मैं इन

सफलताओं को सदा आपकी शक्ति से होता हुआ ही अनुभव करूँ।

हे वसो! ते-तेरे ऊतयः-रक्षण अस्मान् मा आदभन्-हमें प्रतारित न करें। आप ही वस्तुतः हमारी रक्षा कर रहे हैं। 'असुरों के आक्रमणों से हम नष्ट नहीं हो जाते', उसका हेतु आपका रक्षण ही है। मुझे इसका घमण्ड न घेर ले। इस रक्षण का साधक मैं अपने को ही न मानने लगूँ।

हे मानुष-सदा मनुष्यों का हित करनेवाले प्रभो! आप नः चर्षणिभ्यः-हम देखकर (चर्षणयः-द्रष्टारः) काम करनेवालों के लिए (चर्षणयः-कर्षणयः) विश्वा वसूनि च-निवास के लिए सब आवश्यक धनों को उपमिमीहि-समीपता से निर्माण कीजिए। आ-सर्वत्र आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त कराइए। वस्तुतः, जब मनुष्य समझ से श्रम करता है तब प्रभु उसे निवास के लिए आवश्यक धन प्राप्त कराते ही हैं। यदि मनुष्य काम न करे—या नासमझी से ग़लत दिशा में काम करे तो 'प्रभु ही सब-कुछ कर देंगे' ऐसी बात नहीं है। प्रभु की सहायता के पात्र हम तभी बनते हैं जब हम श्रम व बुद्धिमत्ता को अपने साथ संयुक्त करते हैं।

भावार्थ—हम कभी सफलता व अपने रक्षणों का गर्व न करें। हम बुद्धिमत्ता व श्रम को अपनाएँ, जिससे प्रभु की कृपा के पात्र बनें।

सूक्त-६

ऋषिः—पुरुमीढाजमीढौ॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पुरुमीढ और अजमीढ

१७२५. प्रति ष्या सूनरी जनी व्युच्छन्ती परि स्वसुः। दिवो अदर्शि दुहिता॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्रों के ऋषि 'पुरुमीढ और अजमीढ' हैं। मीढ का अर्थ है 'संग्राम'। 'पुरु' का अर्थ है—पालक व पूरक, और 'अज' का का अर्थ है गति के द्वारा अशुभ का परे क्षेपन करनेवाला। जिनका संग्राम सचमुच जीवन में पूरणता को लानेवाला तथा गति के द्वारा अशुभ को दूर करनेवाला है वे 'पुरुमीढ व अजमीढ' हैं। ये १. पड़ोसियों के साथ व्यर्थ में लड़ाई झगड़े में नहीं पड़े हुए, २. न ही ये आर्थिक संग्रामों में उलझे हैं। इनका संग्राम तो ३. अध्यात्मसंग्राम है—ये काम-क्रोधादि को नष्ट करने में तत्पर हैं। ये उषः को प्रकाशित होते देखकर उषा से भी प्रकाश व ज्ञान का उपदेश लेते हैं और कहते हैं कि—

स्य-अरे! वह उषा अदर्शि-दिख रही है, जो १. प्रतिसूनरी-एक-एक मनुष्य को उत्तम प्रकार से नेतृत्व देनेवाली है—आगे और आगे ले-चल रही है—सोये हुओं को मानो जगा रही है और क्रिया में प्रवृत्त होने के लिए प्रेरित कर रही है।

२. जनी-यह प्रादुर्भाव करनेवाली है—क्या क्रिया में प्रवृत्त करके यह मनुष्य का विकास न करेगी? विकास के लिए ही तो यह ३. स्वसुः परि-स्वसा के तुल्य अपनी बहिन रात्रि के उपरान्त वि-उच्छन्ती-विशेषरूप से अन्धकार को दूर कर रही है। अन्धकार में विकास का सम्भव न था। इस उषा ने उस अन्धकार को दूर कर दिया है ४. यह उषा तो दिवः-प्रकाश की दुहिता-पूरक है—दुह प्रपूरणे।

संक्षेप में कहने का अभिप्राय यह कि रात्रि में मनुष्य आराम से लेटा था। उसकी थकावट आदि दूर होकर तथा टूटे-फूटे घरों (Cells) का नवीनीकरण होकर मनुष्य रात में प्रफुल्ल हो जाता है। इसी से रात 'स्वसा' कहलाई है—उत्तम स्थितिवाली, परन्तु तरोताज़ा होकर भी मनुष्य

अन्धकार में किसी तरह की उन्नति नहीं कर सकता। उषा आती है १. अन्धकार को दूर करती है (वि उच्छन्ती), २. प्रकाश भरती है (दिवो दुहिता), ३. मनुष्य को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है (सूनरी), और ४. इस प्रकार उसके विकास को सिद्ध करती है (जनी)।

भावार्थ—हम उषःकाल के काव्यमय सौन्दर्य से प्रेरणा प्राप्त करके जीवन को सुन्दर बनाने का निश्चय करें।

ऋषिः—पुरुमीढाजमीढौ॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

इन्द्रियों की निर्मात्री उषा

१७२६. अश्वेव चित्रारुषी माता गवामृतावरी। सखा भूदश्विनोरुषाः॥ २॥

यह उषा=उषःकाल १. अश्वा इव=(अश् व्याप्तौ) जैसे मनुष्यों को बिस्तरा छोड़कर उठने व कर्मों में व्यापृत होने के लिए प्रेरित करती है, उसी प्रकार २. चित्रा=(चित्+रा) यह ज्ञान का प्रकाश भी देनेवाली है। उषा से कर्म व ज्ञान दोनों की प्रेरणा प्राप्त होती है। 'कर्मेन्द्रियाँ कर्मों में प्रवृत्त हों और ज्ञानेन्द्रियाँ ज्ञान से जगमगाने लगें' यही तो उषा कह रही है कि 'हे मनुष्य! तू उठ और कर्मों में लग तथा स्वाध्याय में प्रवृत्त हो।'

३. इस प्रकार यह उषा गवां माता=इन्द्रियों का (गाव इन्द्रियाणि) उत्तम निर्माण करनेवाली है। अपने-अपने कार्यों में लगी हुई इन्द्रियाँ ही तो उत्तम बनती हैं।

४. यह उषा ऋतावरी=है—(ऋत=pious act) पवित्र कर्मोंवाली है। इसमें सज्जन व्यक्ति यज्ञादि उत्तम कर्मों में प्रवृत्त रहते हैं।

५. यह उषा अश्विनोः=प्राणापान की सखा अभूत्=मित्र होती है, अर्थात् योगी लोग इसमें ही मुख्यरूप से प्राणापान की साधना करते हैं। ६. इस प्रकार यह उषा अरुषी=तेजस्वी है। इससे प्रेरणा प्राप्त करनेवाले मनुष्य को यह तेजस्वी बनाती है।

इस प्रकार पुरुमीढ और अजमीढ=पालक व वासनाओं के नाशक युद्धोंवाले लोग इस उषा में १. क्रियाशील बनते हैं—आलस्य को त्यागते हैं, २. स्वाध्याय द्वारा ज्ञान की वृद्धि करते हैं, ३. कर्मेन्द्रियों व ज्ञानेन्द्रियों को परिष्कृत करते हैं, ४. यज्ञादि कर्मों को विस्तृत करते हैं, ५. प्राणापान की साधना करते हैं और ६. अपने को तेजस्वी बनाते हैं।

भावार्थ—उषा मेरे जीवन को तेजस्वी बनाये।

ऋषिः—पुरुमीढाजमीढौ॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शक्ति, ज्ञान व धन

१७२७. उत सखास्यश्विनोरुत माता गवामसि। उतोषो वस्व ईशिषे॥ ३॥

१. हे उषः=उषःकाल! तू उत=एक तो अश्विनोः सखा असि=प्राणापान का सखा है। तुझमें योगीलोग प्राणापान की साधना किया करते हैं। प्रातःकाल शुद्ध वायु में भ्रमण भी स्वास्थ्य के लिए अत्यन्त उपयोगी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उसमें ozone का अंश अधिक होता है, अतएव वह हमारे श्वासोच्छ्वास के लिए भी अधिक उपयोगी होती है। इस प्रकार उषा प्राणापान की मित्र है।

२. उत=और हे उषः!=तू गवाम् माता असि=हमारी इन्द्रियों की निर्मात्री है। तू उषर्बुद्धों को कर्मेन्द्रियों द्वारा यज्ञ में प्रवृत्त होने के लिए प्रेरणा देती है तथा ज्ञानेन्द्रियों द्वारा पाँचों प्रकार से ज्ञान प्राप्ति

में जुट जाने के लिए कहती है। इस प्रकार कर्मेन्द्रियाँ भी सशक्त बनती हैं और ज्ञानेन्द्रियाँ भी उज्ज्वल।

३. हे उषः! तू वस्वः उत=निवास के लिए आवश्यक धन का भी ईशिषे=ईशन करती है, अर्थात् जो मनुष्य प्रातःकाल उठकर अपने नित्यकृत्यों को ठीक से करता है वह शक्ति-सम्पन्न व समझदार बनकर जीवन-यात्रा के लिए आवश्यक धन को भी ठीक से जुटा पाता है।

यह संसार एक संघर्ष का स्थान है। इस संघर्ष में विजयी बनने के लिए प्रातः जागरण आवश्यक है, इसीलिए इस संग्राम के करनेवाले, इन मन्त्रों के ऋषि पुरुमीढ और अजमीढ उषा से प्रेरणा प्राप्त करते हैं। उस प्रेरणा का परिणाम शक्ति व ज्ञानवृद्धि तथा जीवन-यात्रा के लिए आवश्यक धन की प्राप्ति के रूप में होता है।

भावार्थ—मैं उषःकाल से प्रेरणा प्राप्त कर शक्ति, ज्ञान व धन का विजेता बनूँ।

सूक्त-७

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

पूर्णता व प्रकाश के लिए प्राणसाधन

१७२८. एषो उषा अपूर्व्या व्युच्छति प्रिया दिवः। स्तुषे वामश्विना बृहत्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'प्रस्कण्व' है—अत्यन्त मेधावी। यह उषा को इस रूप में देखता है कि १. एषा=यह उषाः=उषा उ=निश्चय से अपूर्व्या=और पूरण करने योग्य नहीं है, अर्थात् यह पूर्ण है, इसमें किसी प्रकार की न्यूनता नहीं है। इससे प्रेरणा प्राप्त करके मैं भी अपने जीवन को पूर्ण बनाऊँ। २. यह उषा दिवः=प्रकाश की प्रिया=प्रिय है और व्युच्छति=अन्धकार को दूर करती है। क्या मेरा भी यह कर्त्तव्य नहीं कि मैं अपने जीवन को उत्तरोत्तर प्रकाशमय बनाने का प्रयत्न करूँ?

इस सारे कार्य में प्राणापान ही हमारे सहायक होते हैं, उषा अश्विनियों की सखा है। उषा में प्राणापान की साधना से ही तो हमें अपने जीवन को पूर्ण तथा प्रकाशमय बनाना है। प्राणापान की साधना से जब प्रस्कण्व का जीवन उन्नत होता है तब वह इनको सम्बोधन करते हुए कहता है कि हे अश्विनौ=प्राणापानो! मैं वाम्=आपके बृहत्=इस वृद्धि के साधनाभूत कार्य की स्तुषे=खूब ही स्तुति करता हूँ।

भावार्थ—उषा पूर्ण है—हम भी पूर्ण बनें। उषा अन्धकार को दूर भगाती है—हम भी प्रकाश के प्रिय हों। प्राणापान ही सब वृद्धि के साधन हैं—मैं उषःकाल में प्राणसाधना अवश्य करूँ।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्राण और अपान

१७२९. या दस्रा सिन्धुमातरा मनोतरा रयीणाम्। धिया देवा वसुविदा॥ २॥

ये प्राणापान तो वे हैं या-जो—

नैर्मल्य—१. दस्रा-(दसु उपक्षये)-इन्द्रियों के सब दोषों को नष्ट करनेवाले हैं। 'तथेन्द्रियाणां दह्यन्ते दोषाः प्राणस्य निग्रहात्'। इन्द्रियों के दोष ही क्या, शरीर के रोगों तथा मन के मलों को भी ये दूर करनेवाले हैं, बुद्धि की कुण्ठा के भी ये विनाशक हैं। इन्हीं कारणों से (दस्रा-दर्शनीयौ) ये दर्शनीय व सुन्दर हैं।

स्वास्थ्य—२. **सिन्धुमातरा**-ये शरीर में रुधिर के ठीक प्रकार से स्यन्दन-प्रवाह (सिन्धु) के निर्माण करनेवाले हैं। इनकी साधना से उच्च और निम्न रक्तचाप High and Low blood pressure नहीं होता तथा रुधिर का अभिसरण सदा ठीक चलता है। इसी कारण तो प्राणापान स्वास्थ्य के मूलकारण हो जाते हैं।

धनलाभ—३. ये प्राणापान **मनोतरा रयीणाम्**-मनोबल के द्वारा धन के बढ़ानेवाले हैं। तृ धातु का प्रयोग बढ़ाने अर्थ में 'प्रायः तारिष्टम्' इत्यादि मन्त्रभागों में स्पष्ट है। प्राणापान की साधना से चित्तवृत्तिनिरोध द्वारा मन की शक्ति दिव्य हो जाती है और उस दिव्य मानसशक्ति से हम जिस भी कार्य को करते हैं उसमें सफलता प्राप्त होती ही है। कर्मेन्द्रियों से कर्म करते हैं तो उसमें पूर्ण सफलता मिलती है—इन्द्रियों की शक्ति बढ़ती है। ज्ञानेन्द्रियों से ज्ञान-प्राप्ति में लगते हैं तो ज्ञानधन की अद्भुत वृद्धि होती है। शक्ति और ज्ञान ही तो मनुष्य के उत्कृष्ट धन हैं। इनके लिए ही हम प्रभु से आराधना करते हैं—हे प्रभो! '**इदं मे ब्रह्म च क्षत्रं चोभे श्रियमश्नुताम्**'-मेरा ज्ञान बढ़े, मेरी शक्ति फूले-फले।

प्रभु-प्राप्ति—४. ये प्राणापान **देवाः**-देव हैं—दिव्य शक्ति सम्पन्न हैं। **धिया**-ज्ञानपूर्वक कर्मों के द्वारा ये **वसुविदा**-सारे ब्रह्माण्ड में बसनेवाले व ब्रह्माण्ड के निवासभूत प्रभु को ये प्राप्त करानेवाले हैं। आराधना से मनुष्य देव बन जाता है और उस महादेव को प्राप्त करने का उसका अधिकार हो जाता है। तीव्र बुद्धि से ही तो उसका दर्शन होना है, '**दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या**'। ज्ञान व पवित्र कर्मों से ही प्रभु की अर्चना सम्पन्न होती है '**स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य**'। एवं, ज्ञानपूर्वक कर्मों से ये हमें प्रभु तक पहुँचाते हैं।

भावार्थ—प्राणापानों की साधना से १. इन्द्रियों में नैर्मल्य होगा, शरीर में स्वास्थ्य। २. शक्ति व ज्ञानधन की वृद्धि होगी तथा प्रभु की प्राप्ति के हम अधिकारी होंगे।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वृद्ध भी युवा (वृद्ध, पर युवा से भी युवा)

१७३०. वच्यन्ते वां ककुहासो जूर्णायामधि विष्टपि। यद्वां रथो विभिष्पतात्॥ ३॥

यह शरीर आयु के साथ धीरे-धीरे क्षीण होता जाता है और एक दिन कहते हैं कि यह जीर्ण हो गया। अपने कर्मफलों को भोगने व नवीन कर्मों को करने के लिए हमने इस शरीर में प्रवेश किया था, अतः 'विशन्ति अत्र' इस व्युत्पत्ति से इसे 'विष्टप्' कहने लगे। जब यह विष्टप् दीर्घकाल की क्षति (wear and tear) से घिसकर क्षीण हो जाता है तब यह जीर्ण या 'जूर्णा विष्टप्' कहलाता है। यही विष्टप् 'रथ' है, क्योंकि जीवन-यात्रा की पूर्ति के लिए दिया गया है। **जूर्णायां अधि विष्टपि**-इस जीर्ण हो जानेवाले शरीर में **यत्**-यदि यह **वाम्**-हे अश्विनीदेवो! आपका **रथः**-रथ **विभिः**-पक्षियों से स्पर्धा करता हुआ **पतात्**-गतिशील होता है, अर्थात् यदि इस रथ में वृद्धावस्था से किसी प्रकार की क्षीणता नहीं आती, क्षीणता आनी तो दूर रही, यह पक्षियों की गति के समान तीव्रता व स्फूर्ति से आगे और आगे बढ़ता है तो **वाम्**-हे प्राणापानो! आपकी ही **ककुहासः**-महत्ताएँ (ककुभ् महान्) **वच्यन्ते**-कही जाती हैं। यह प्राणापानों की साधना का ही परिणाम है कि शरीर अन्त तक सशक्त बना रहता है—इसकी गति मन्द नहीं होती, यह तो पक्षियों की तरह फुदकता है। इसमें स्फूर्ति होती है—यह वृद्ध नहीं, युवा ही प्रतीत होता है। प्राणापान की साधना से शरीर नीरोग बना रहता है, वीर्य का संयम होता है, मन में चिड़चिड़ापन नहीं होता। ये सब बातें मनुष्य को युवा बनाये रहती हैं।

भावार्थ—मैं प्राणापन की साधना करूँ और इनकी कृपा से वृद्धावस्था में भी नवयुवक ही बना रहूँ।

सूक्त-८

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

सात्त्विक अन्न

१७३१. उषस्तच्चित्रमा भरास्मभ्यं वाजिनीवति। येन तोकं च तनयं च धामहे॥ १॥

वेद में 'वाजिनीवती' शब्द जब उषा के लिए प्रयुक्त होता है तब 'वाजिनी' शब्द का अर्थ 'अन्न' food होता है। मन्त्र का ऋषि 'गोतम' उषा से प्रार्थना करता है कि हे वाजिनीवति-अन्नोंवाली उषः-उषे! तू तत्-वह चित्रम्-(चित्+र) ज्ञान देनेवाला, अर्थात् सात्त्विक अन्न अस्मभ्यम्-हमारे लिए आभर-प्राप्त करा, येन-जिस सात्त्विक अन्न से तोकम्-अपने पुत्रों को तनयं च-और अपने पौत्रों को धामहे-हम धारण कर सकें।

वस्तुतः उषःकाल की शान्ति व पवित्रता प्राप्त करने के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि हम सात्त्विक भोजन करनेवाले बनें। सात्त्विक भोजन ही हमारे ज्ञान की वृद्धि करके हमारा कल्याण करनेवाला होगा।

उषा 'वाजिनीवती' है-उत्तम सात्त्विक अन्नवाली है। हम इस सात्त्विक अन्न के सेवन के परिणामरूप जैसे जीवनवाले बनेंगे उसका कुछ चित्रण अगले मन्त्र में किया जाएगा।

'वाजिनम्' शब्द का अर्थ 'शक्ति' भी है। इस अर्थ को लेकर मन्त्रार्थ इस रूप में होगा—वाजिनीवति-शक्ति देनेवाली उषः-उषे! तू अस्मभ्यम्-हमें तत्-वह चित्रम्-ज्ञान भी आभर-प्राप्त करा येन-जिससे हम तोकं तनयं च-पुत्रों व पौत्रों को धामहे-धारण करें। सन्तानों के उत्तम निर्माण के लिए 'शक्ति व ज्ञान' दोनों ही अपेक्षित हैं।

भावार्थ—हम सात्त्विक अन्न के सेवन से शक्ति व ज्ञान की वृद्धि करके सन्तानों का उत्तम धारण करें।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

अभ्युदय व निःश्रेयस

१७३२. उषो अद्येह गोमत्यश्वावति विभावरि। रेवदस्मे व्युच्छ सूनृतावति॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र में उषा को उन्हीं नामों से सम्बोधित किया है जो हमारे जीवन पर सात्त्विक अन्न के सेवन से होनेवाले प्रभावों को संकेतित करेंगे।

हे उषः-उषे! अद्य-आज इह-हमारे इस मानव-जीवन में तू अस्मे-हमारे लिए रेवत्-धनवाली होकर व्युच्छ-अन्धकार को दूर कर। तू कैसी है?

१. गोमति-हे उत्तम ज्ञानेन्द्रियोंवाली! उषा से प्रेरणा प्राप्त करके यदि हम उसी अन्न का सेवन करेंगे जो 'उष् दाहे', ओषति अन्धकारम्-अन्धकार को नष्ट करता है तो वह सात्त्विक अन्न हमें 'प्रशस्त ज्ञानेन्द्रियोंवाला' (गो-तम, गावः-ज्ञानेन्द्रियाँ) बनाएगा। यही सबसे महत्त्वपूर्ण परिणाम हमारे जीवन में इस सात्त्विक अन्न के सेवन से होता है—प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि भी इसीलिए 'गोतम' कहलाता है।

२. अश्वावति-हे उत्तम कर्मेन्द्रियोंवाली! यह सात्त्विक अन्न जहाँ ज्ञानेन्द्रियों को अच्छा बनाता

है वहाँ कर्मेन्द्रियों को भी शक्ति-सम्पन्न करता है और ये कर्मेन्द्रियाँ शीघ्रता से कर्मों में व्यापृत होती हैं, किसी प्रकार का आलस्य वहाँ नहीं होता।

३. विभावरि-हे प्रकाशवाली! सात्त्विक अन्न के सेवन का तीसरा परिणाम यह है कि हमारा मस्तिष्क सदा प्रकाशमय रहता है हम कभी किंकर्त्तव्यविमूढ नहीं बनते। हमारा कर्त्तव्याकर्त्तव्य का विवेक ठीक बना रहता है।

४. सूनृतावति-उत्तम, दुःखपरिहारी, सत्यवाली! उत्तम ज्ञानेन्द्रियों, उत्तम कर्मेन्द्रियों व प्रकाश को प्राप्त करके हमारी क्रियाएँ सूनृत होती हैं। वे उत्तम होती हैं—औरों का दुःख दूर करनेवाली होती हैं तथा सत्य होती हैं।

५. रेवत्-धनवाली! उषा उपर्युक्त लाभों को देती हुई हमारे लिए धनवाली होती है। जहाँ इन्द्रियों की उत्तमता, प्रकाश व सत्य हमारे निःश्रेयस के साधक होते हैं, वहाँ धन हमारे अभ्युदय को सिद्ध करता है। एवं, यह उषा अभ्युदय व निःश्रेयस दोनों की साधिका है।

भावार्थ—हमारे लिए उषा अभ्युदय व निःश्रेयस को सिद्ध करनेवाली हो।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

आरोचन अश्व

१७३३. युङ्क्ष्वा हि वाजिनीवत्यश्वाँ अद्यारुणाँ उषः।
अथा नो विश्वा सौभगान्या वह॥ ३॥

वाजिनीवति-उत्तम अन्नों के द्वारा शक्ति देनेवाली हे उषः-उषे! तू अद्य-आज हि-निश्चय से अरुणान् अश्वान्-आरोचन अश्वों को, अर्थात् तेजस्विता से चमकते हुए इन्द्रियरूपी घोड़ों को युङ्क्ष्व-हमारे इस शरीररूप रथ में जोत। वे इन्द्रियरूप घोड़े तेजस्वी हों, अरुण-आरोचन हों। रुग्ण होकर हमारे इस जीवन-रथ को ये बीच में ही खड़ा न कर दें।

अथ-इस प्रकार अब नः-हमें विश्वा सौभगानि-सब सौभाग्यों को आवह-तू प्राप्त करा। वस्तुतः इस शरीररूप रथ में इन घोड़ों के ठीक होने पर ही सब सौन्दर्य उत्पन्न होता है। ज्ञानेन्द्रियों से ज्ञान में वृद्धि होती है तो कर्मेन्द्रियों से शक्ति में। ज्ञान और शक्ति ही मिलकर हमें श्रीसम्पन्न करते हैं। किसी भी रथ में शक्ति एंजिन का प्रतीक है तो ज्ञान प्रकाश का।

भावार्थ—मेरा शरीररूप रथ सशक्त व सप्रकाश हो।

सूक्त-९

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

गृह की उत्तमता

१७३४. अश्विना वर्तिरस्मदा गोमद् दस्रा हिरण्यवत्।
अवाग्रथं समनसा नि यच्छतम्॥ १॥

प्राणापान-'अश्विना' कहलाते हैं, क्योंकि १. (न श्वः) ये आज हैं और कल नहीं। तथा २. ये कार्यों में व्याप्त होते हैं—अश् व्याप्तौ। इन प्राणापानों की साधना पर ही इस शरीर की सारी उत्तमता निर्भर है। मन्त्र का ऋषि 'गोतम' इनसे कहता है—हे अश्विना-प्राणापानो! अस्मत्-हमारा

वर्तिः=यह घर—यह शरीररूप रथ—आगोमत्=सब प्रकार से उत्तम इन्द्रियरूप घोड़ोंवाला हो। इन प्राणापानों की साधना से ही इन्द्रियों के दोष दूर होते हैं। हि=निश्चय से ये प्राणापान दस्रा=(दसु उपक्षये) सब मलों का नाश करनेवाले हैं और इसी से वह रथ 'हिरण्यवत्'=(हिरण्यं वै ज्योतिः) ज्योतिर्मय है। प्राणापान की साधना से ही बुद्धि तीव्र होती है।

हे प्राणापानो! समनसा=उत्तम मनवाले होते हुए आप रथम्=इस शरीररूप रथ का अर्वाक्=अन्दर की ओर ही नियच्छतम्=नियमन करो। प्राणापान की साधना चित्तवृत्तिनिरोध में भी सहायक होती है—इससे मन निर्मल होता है। इस निर्मल मन के साथ होते हुए ये प्राणापान इन्द्रियों को बाहर विषयों में जाने से रोकते हैं। सामान्यतः इन्द्रियों का स्वभाव बाहर जाने का है (पराङ् पश्यति), परन्तु प्राणापान के बल से इन्हें अन्दर ही नियमित करके मनुष्य उस आत्मतत्त्व का दर्शन करता है।

एवं, प्राणसाधना के हमारे जीवन पर निम्न परिणाम हैं—१. इन्द्रियों का उत्तम होना, २. ज्योति का जगना, ३. मन का उत्तम होना, ४. वृत्ति का अन्तर्मुखी होना।

भावार्थ—हम प्राणों की साधना से प्रभु से दिये गये मृण्मय शरीर को हिरण्मय (ज्योतिर्मय) बनाएँ।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

शिवमय व ज्योतिर्मय गृह

१७३५. एह देवा मयोभुवा दस्रा हिरण्यवर्त्तनी। उषर्बुधो वहन्तु सोमपीतये॥ २॥

इह=इस मानव शरीर में देवा=प्रकाशमय—प्रकाश प्राप्त करानेवाले ये अश्विनीदेव आ=सर्वथा मयोभुवा=(यद्वै शिवं तन्मयः) शिव=कल्याण=सुख प्राप्त करानेवाले हैं। प्राणापान की साधना से शरीर के मल नष्ट होकर स्वास्थ्य व सुख प्राप्त होता है। दस्रा=(दस्=Destroy) ये सब कूड़ा करकट व मलों को नष्ट करनेवाले हैं। मल-नाश के द्वारा मन व बुद्धि को निर्मल करके ये हिरण्यवर्त्तनी=ज्योतिर्मय मार्गवाले हैं। शरीर को ये नीरोग बनाते हैं तो मन को निर्मल और बुद्धि को ज्योतिर्मय।

इस सारी बात का ध्यान करके, गोतम अपने मित्रों से कहते हैं कि आप सबको चाहिए कि—उषर्बुधः=प्रातःकाल जागरणवाले होकर आप सोमपीतये=अपने अन्दर सोम का पान करने के लिए वहन्तु=इन प्राणापानों को धारण करें। प्राणायाम का यह सर्वमहान् लाभ है कि इससे शरीर में वीर्य की ऊर्ध्वगति होती है, मनुष्य ऊर्ध्वरितस् बन पाता है। प्राणायाम के अभ्यास का सर्वोत्तम समय प्रातःकाल है—'उषर्बुधों को इसका अभ्यास करना चाहिए', ऐसा मन्त्र कह रहा है। ऐसा करने पर सोम=वीर्य हमारे शरीर में ही खप जाएगा और यह शरीर को दृढ़ व नीरोग बनाएगा। यह सुरक्षित वीर्य मानसवृत्ति को प्रसादमय बनाता है और मनुष्य की ज्ञानाग्नि का ईंधन बनकर उसे प्रदीप्त करता है।

भावार्थ—प्राणायाम से १. शरीर स्वस्थ व शिवमय होगा, २. मलों का दाह हो जाएगा, ३. जीवन-मार्ग ज्योतिर्मय बनेगा तथा ४. मनुष्य ऊर्ध्वरेतस् बन पाएगा।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—उष्णिक्॥ स्वरः—ऋषभः॥

श्लोक-ज्योति-ऊर्ज (श्रद्धा-ज्ञान-बल)

१७३६. यावित्था श्लोकमा दिवो ज्योतिर्जनाय चक्रथुः।
आ न ऊर्जं वहतमश्विना युवम्॥ ३॥

हे अश्विना-प्राणापानो! यौ-जो आप इत्था-सचमुच श्लोकम्-स्तोत्रमयी वाणी को तथा आदिवः-उस प्रकाशमय प्रभु तक ज्योतिः-ज्ञान के प्रकाश को जनाय-लोगों के लिए चक्रथुः-करते हो युवम्-आप दोनों नः-हमें ऊर्जम्-बल और प्राणशक्ति भी आवहतम्-प्राप्त कराओ।

मन्त्रार्थ से यह स्पष्ट है कि प्राण-साधना करने से हमारे जीवन में निम्न परिणाम दिखेंगे—

१. हमारी मनोवृत्ति अत्यन्त उत्तम होगी और मनुष्य सदा प्रभु का स्मरण करते हुए प्रभु के नामों व स्तोत्रों का उच्चारण करेगा।

२. उसकी बुद्धि सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती हुई उसकी ज्ञानवृद्धि का कारण बनेगी और वह प्रकृति के पदार्थों का ज्ञान प्राप्त करता हुआ इन पदार्थों में प्रभु की महिमा को देखेगा।

३. उसका शरीर बल व प्राणशक्ति से सम्पन्न होने के कारण रोगों व शत्रुओं का शिकार न होगा। रोगों से मुक़ाबला करने के लिए उसके शरीर में प्राणशक्ति होगी और बाह्य शत्रुओं से भयभीत न होने के लिए वह बल-सम्पन्न होगा।

भावार्थ—हमें प्राणों की साधना पर बल देना चाहिए। यह साधना ही हमें सबल, सज्ञान व श्रद्धामय बनाएगी।

सूक्त-१०

ऋषिः—वसुश्रुत आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

उत्तम घर

१७३७. अग्निं तं मन्ये यो वसुरस्तं यं यन्ति धेनवः।
अस्तमर्वन्त आशवोऽस्तं नित्यासो वाजिन इषं स्तोतृभ्य आ भर॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र की व्याख्या ४२५ संख्या पर द्रष्टव्य है। सरलार्थ इस प्रकार है—

१. अग्निं तं मन्ये-मैं अग्नि-उन्नतिशील पुरुष उसे मानता हूँ यः-जो वसुः-रहने का ढंग जानता है। २. अस्तम्-(तं मन्ये) मैं घर उसको मानता हूँ यं यन्ति-जिसको प्राप्त होती हैं (क) धेनवः-दुधारू गौवें (ख) आशवः अर्वन्तः-तीव्रगामी घोड़े तथा (ग) नित्यासो वाजिनः-स्थिर शक्तिवाले पुरुष। स्तोता वे हैं स्तोतृभ्यः-जिन स्तोताओं के लिए आप इषम्-प्रेरणा आभर-प्राप्त कराते हैं तथा स्तोतृभ्यः-जिनसे आप लोक में समन्तात् प्रेरणा भरते हैं।

भावार्थ—हम अग्नि बनें, घर को उत्तम बनाएँ तथा सच्चे स्तोता बनें।

ऋषिः—वसुश्रुत आत्रेयः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शक्ति, ऐश्वर्य, तेज व प्रेरणा

१७३८. अग्निर्हि वाजिनं विशे ददाति विश्वचर्षणिः।
अग्नी राये स्वाभुवं स प्रीतो याति वार्यमिषं स्तोतृभ्य आ भर॥ २॥

शक्ति—वह प्रभु अग्निः-अग्नि है—उपासकमात्र को आगे और आगे ले-चल रहा है।

विश्वचर्षणिः-वह प्रभु सबका द्रष्टा है—वे सबका ही ध्यान करते हैं looks after all और हि-निश्चय से विशे-संसार में प्रविष्ट प्रत्येक प्राणी को वाजिनम्-शक्ति ददाति-देते हैं, उन्नति के

लिए शक्ति प्राप्त कराते हैं। 'प्रभु ने शक्ति न दी हो'—यह बात नहीं—यह तो ठीक है कि हम उसका ठीक उपयोग नहीं करते और परिणामतः हमारी उन्नति में रुकावट आ जाती है।

ऐश्वर्य—**अग्निः**-वह शक्ति देकर हमें आगे ले-चलनेवाले प्रभु **स्वाभुवम्**-स्वाश्रित व्यक्ति—औरों पर आश्रित न रहकर अपने पाँव पर खड़े होनेवाले को **राये**-ऐश्वर्य के लिए **याति**-प्राप्त कराते हैं। जो व्यक्ति औरों का मुँह न ताक कर स्वयं श्रम करता है, वह प्रभुकृपा से अवश्य सफल होता है और श्रीसम्पन्न बनता है।

तेजः—**सुप्रीतः**-परिश्रम करनेवाले से प्रसन्न (प्रीत) हुआ-हुआ वह प्रभु **वार्यम्**-वरेण्यं (भर्गः) संसार में वरणीय वस्तु को **याति**-प्राप्त कराता है। सर्वोत्तम वरणीय वस्तु प्रभु का तेज ही है। परिश्रम करनेवाला तेज से चमकता तो है ही।

प्रेरणा—ये स्वाश्रित श्रमशील व्यक्ति ही प्रभु के सच्चे उपासक हैं। वे प्रभु **स्तोतृभ्यः**-इन स्तोताओं के लिए **इषम्**-प्रेरणा **आभर**-प्राप्त कराते हैं। यह प्रेरणा ही तो स्तोता का सर्वोत्तम धन बनती है। इस श्रुत-प्रभु की सुनी गयी प्रेरणा को ही वास्तविक धन—वसु समझनेवाला इस मन्त्र का ऋषि 'वसुश्रुत' है।

भावार्थ—शक्ति, ऐश्वर्य तेज व प्रेरणा को प्राप्त करनेवाले हम भी इस मन्त्र के ऋषि 'वसुश्रुत' बनें।

ऋषिः—वसुश्रुत आत्रेयः॥ **देवता**—अग्निः॥ **छन्दः**—पङ्क्तिः॥ **स्वरः**—पञ्चमः॥

अग्नि, अस्त, व स्तोता

१७३९. सो अग्निर्यो वसुर्गृणे सं यमायन्ति धेनवः।
समर्वन्तो रघुद्रुवः स सुजातासः सूरय इषं स्तोतृभ्य आ भर॥ ३॥

अग्निः—**अग्निः सः**-जीवन-पथ पर आगे बढ़नेवाला वही है **यः**-जो **वसुः**-निवास के प्रकार को जानता है—जो जीवन में उत्तमता से रहता है।

प्रशंसनीय घर—प्रभु कहते हैं कि **गृणे**-मैं उसी जीव की प्रशंसा करता हूँ। १. **यम्**-जिसको **धेनवः**-दुधारू गौवें **सम् आयन्ति**-सम्यक् प्राप्त होती हैं, अर्थात् जो अपने घर में दुधारू गौवों को रखता है। २. जिसको **रघुद्रुवः**-तीव्रगतिवाले **अर्वन्तः**-घोड़े **समायन्ति**-सम्यक्तया प्राप्त होते हैं, अर्थात् जिसके घर में उत्तम घोड़े विद्यमान हैं।

वैदिक संस्कृति में मनुष्य का दायाँ हाथ गौ है और बायाँ हाथ घोड़ा। गौ '**ब्रह्म**'-ज्ञान की वृद्धि में सहायक है तो '**अश्व**'='**क्षत्र**'-शक्ति की वृद्धि का साधन है। ब्रह्म और क्षत्र में विकास के साधनभूत होने से वैदिक पुरुष गौ और अश्व को भी घर का अङ्ग ही समझता है। पत्नी से यह भी कहा जाता है कि '**शिवा पशुभ्यः**'-तूने घर में इन पशुओं के लिए भी हितकर होना।

३. प्रभु उसकी प्रशंसा करते हैं जिसे **सुजातासः**-(जनी प्रादुर्भावे) जीवन-विकास को साधनेवाले **सूरयः**-विद्वान् लोग **समायन्ति**-प्राप्त होते हैं। घर में इस प्रकार के विकसित जीवनवाले विद्वानों का आना आवश्यक है। इनके आते-जाते रहने से घर का वातावरण बड़ा सुन्दर बना रहता है।

एवं, प्रशंसनीय घर वही है जहाँ गौवें हैं, घोड़े हैं, जहाँ चरित्रवान् विद्वानों का आना-जाना है।

स्तोता—हे प्रभो! आप **स्तोतृभ्यः**-स्तोताओं के लिए **इषम्**-प्रेरणा **आभर**-प्राप्त कराइए तथा **स्तोतृभ्यः**-इन स्तोताओं से **इषम्**-प्रेरणा को **आभर**-लोगों में परिपूर्ण कीजिए। सच्चा स्तोता वही

है जो प्रेरणा को सुनाता है और औरों को सुनाने का प्रयत्न करता है।

भावार्थ—हम अग्नि बनें, घर को उत्तम बनाएं; प्रभु के सच्चे स्तोता बनें।

सूक्त-११

ऋषिः—सत्यश्रवा आत्रेयः ॥ देवता—उषाः ॥ छन्दः—पङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

हे उषे! हमें जगा

१७४०. महे नो अद्य बोधयोषो राये दिवित्मती।
यथा चिन्नो अबोधयः सत्यश्रवसि वाय्ये सुजाते अश्वसूनृते ॥ १ ॥

हे उषः=उषे! तू दिवित्मती=प्रकाशवाली है नः=हमें अद्य=आज महे राये=महान् ज्ञानरूप ऐश्वर्य के लिए बोधय=जगा। चित्=निश्चय से नः=हमें यथा=जैसे तू अबोधयः=जगाती है, उससे हम निम्न रूपों में जागरित हो उठते हैं १. सत्यश्रवसि=उत्तम सत्य ज्ञान में २. वाय्ये=विस्तार में, मन को विस्तृत करने में ३. सुजाते=उत्तम विकास में तथा ४. अश्वसूनृते=व्यापक, उत्तम, दुःख-परिहारक सत्य कर्मों में।

उषा हमें इन बातों में जगाती है। इनमें जागकर हम प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'सत्यश्रवाः'=सत्य ज्ञानवाले तथा 'वत्स'=प्रभु के प्रिय बनते हैं।

भावार्थ—हम उषा से प्रेरणा प्राप्त करके 'सत्यज्ञान' वाले बनने का प्रयत्न करें।

सूचना—इस मन्त्र की विस्तृत व्याख्या ४२१ संख्या पर द्रष्टव्य है।

ऋषिः—सत्यश्रवा आत्रेयः ॥ देवता—उषाः ॥ छन्दः—पङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

किनका अन्धकार दूर होता है

१७४१. या सुनीथे शौचद्रथे व्यौच्छो दुहितर्दिवः।
सा व्युच्छ सहीयसि सत्यश्रवसि वाय्ये सुजाते अश्वसूनृते ॥ २ ॥

हे दिवः दुहितः=प्रकाश का पूरण करनेवाली उषे! या=जो तू सुनीथे=प्रशस्त मार्ग पर चलनेवाले में—इन्द्रियों को विषयपंक में न फँसने देनेवाले में तथा शौचद्रथे=देदीप्यमान रथवाले में, स्वास्थ्य को स्थिर रखने के द्वारा चमकते हुए तेजस्वी शरीररूप रथवाले पुरुष में व्यौच्छः=अन्धकार को दूर करती हैं; सा=वह तू निम्न पुरुषों में भी व्युच्छ=अन्धकार को दूर कर—

१. सहीयसि=उत्तम सहन-शक्तिवाले पुरुष में। आनन्दमय कोष के बल को सहस् कहते हैं। इस सहस् से युक्त पुरुष में अज्ञानान्धकार का निवास नहीं होता।

२. सत्यश्रवसि=सदा सत्यज्ञान का श्रवण करनेवाले में। जो व्यक्ति सत्सङ्ग के द्वारा उत्तम वेदज्ञान का श्रवण करता है, उसमें अज्ञानान्धकार का प्रसङ्ग नहीं रहता।

३. वाय्ये=जो अपने हृदय को विस्तृत बनाता है।

४. सुजाते=जो अपना उत्तम विकास करता है।

५. अश्वसूनृते=व्यापक उत्तम दुःखनाशक न्याय्य कर्म करनेवाले में।

उल्लिखित व्यक्तियों के आज्ञानान्धकार का उषा नाश करती है। वस्तुतः प्रातःकाल उठकर

हम इन शब्दों के अनुसार अपना जीवन बनाने का प्रयत्न करेंगे तो हम अवश्य अज्ञानान्धकार को नष्ट करके उस प्रकाश में पहुँचेंगे जहाँ हम प्रभु का साक्षात्कार कर रहे होंगे।

भावार्थ—हम उत्तममार्ग से चलनेवाले, देदीप्यमान शरीररूप रथवाले, सहनशील, विशाल हृदय, उत्तम विकासवाले तथा व्यापक सत्य कर्मोंवाले बनें। ऐसा बनने पर ही हमारा अज्ञानान्धकार विलीन हो पाएगा।

ऋषिः—सत्यश्रवा आत्रेयः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

उषा हममें वसु भर दे

१७४२. सा नो अद्याभरद्वसुर्व्युच्छा दुहितर्दिवः।
यो व्यौच्छः सहीयसि सत्यश्रवसि वाय्ये सुजाते अश्वसूनृते॥ ३॥

१. सा=वह उषा नः=हममें अद्य=आज वसुः=उत्तम धन को आभरत्=भर दे। हे दिवः दुहितः=प्रकाश को भरनेवाली उषे! तू व्युच्छ=हमारे अन्धकार को दूर भगा दे। या उ=जो तू निश्चय से व्यौच्छः=अन्धकार को दूर करती है। किस-किस में?

(क) सहीयसि=सहनशक्तिवाले में। (ख) सत्यश्रवसि=सत्य ज्ञानवाले में। (ग) वाय्ये=मन का विस्तार करनेवाले में। (घ) सुजाते=उत्तम विकासशील पुरुष में तथा (ङ) अश्वसूनृते=व्यापक सत्य कर्म करनेवाले में।

उषा प्रकाश प्राप्त कराती है तो वह वसु—निवास के लिए आवश्यक धन भी प्राप्त कराती ही है। वस्तुतः श्री और सरस्वती का विरोध लोकोक्तियों का विषय तो बन गया है, परन्तु ऐसे स्थलों में विलासमय श्री अभिप्रेत होती है। जीवन के लिए आवश्यक श्री तो 'वसु' है, वह स्वयं दिव्य है—उसका सरस्वती से अविरोध ही है।

भावार्थ—मैं उषा में जागूँ और वसु व प्रकाश को प्राप्त करूँ।

सूक्त-१२

ऋषिः—अवस्युरात्रेयः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

अवस्यु की रथालंकृति

१७४३. प्रति प्रियतमं रथं वृषणं वसुवाहनम्।
स्तोता वामश्विनावृषि स्तोमेभिर्भूषति प्रति माध्वी मम श्रुतं हवम्॥ १॥

४१८ संख्या पर यह मन्त्र व्याख्यात है। सरलार्थ यह है—

हे अश्विनौ=प्राणापानो! वाम्=आपके स्तोमेभिः=एकत्रीकरण—एक स्थान में संयम के द्वारा अथवा आपकी सम्पत्ति के द्वारा (स्तोम=assemblage, riches) स्तोता=प्रभु का स्तवन करनेवाला ऋषिः=तत्त्वद्रष्टा प्रियतमम्=इस अत्यन्त प्रिय—तर्पण के योग्य वृषणम्=शक्तिशाली वसुवाहनम्=अष्ट वसुओं के वाहनभूत रथम्=इस शरीररूपी रथ को प्रतिभूषति=अङ्ग-प्रत्यङ्ग में अलंकृत करता है माध्वी=हे मधुर प्राणापानो! मम हवम् श्रुतम्=मेरी पुकार को अवश्य सुनो। मैं आपकी कृपा से

अपने रथ को सचमुच शुभगुणों से सजा पाऊँ।

भावार्थ—प्राण-साधना द्वारा शरीर को उत्तमता से अलंकृत करता हुआ मैं प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अवस्यु' बनूँ।

ऋषिः—अवस्युरात्रेयः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्रभु की प्राप्ति

१७४४. अत्यायातमश्विना तिरो विश्वा अहं सना।
दस्रा हिरण्यवर्तनी सुषुम्णा सिन्धुवाहसा माध्वी मम श्रुतं हवम्॥ २॥

१. हे अश्विना=प्राणापानो! तिरः=तिरोहित होकर—छिपकर रह रही विश्वा=सब कामादि वासनाओं को, हमारे न चाहते हुए भी हमारे अन्दर घुस आनेवाली आसुर वृत्तियों को आप अति आयातम्=लाँघ कर हमें प्राप्त होते हो। प्राणों की साधना से आसुर वृत्तियाँ पत्थर पर मिट्टी के ढेले के समान टकराकर नष्ट हो जाती हैं। २. इन वासनाओं के नाश के द्वारा ये प्राणापान अहं सना=उस अविनाशी प्रभु को प्राप्त करानेवाले हैं (अहम्-अहन्=अविनाशी, सन्=to acquire)। प्रभु-प्राप्ति का साधन वासना-विनाश ही तो है। ३. दस्रा=(दस् उपक्षये) ये प्राणापान शरीर के सब रोगों का और मन के सब मलों का नाश करनेवाले हैं। ४. हिरण्यवर्तनी=ये ज्योतिर्मय मार्गवाले हैं। वस्तुतः वीर्यरक्षा के द्वारा ज्ञानाग्नि को दीप्त करके ये प्राणापान हमारे जीवन को ज्योतिर्मय बनाते हैं ५. सुषुम्णा=ये उत्तम सुख देनेवाले हैं। शरीर को नीरोग, मन को निर्मल तथा बुद्धि को प्रकाशमय बनाकर ये मानव-जीवन को सुखी करते हैं। ६. सिन्धुवाहसा=ये प्राणापान शरीर में रुधिर का अभिसरण (सिन्धु) करनेवाले हैं। रुधिर के ठीक अभिसरण से शरीर का स्वास्थ्य ठीक बना रहता है। ७. माध्वी=ये प्राणापान अत्यन्त मधुर हैं—जीवन को मधुर बनानेवाले हैं। ये मम हवम् श्रुतम्=मेरी पुकार को सुनें। मैं इनकी आराधना करूँ और ये मेरे जीवन को मधुर व सुन्दर बना दें।

भावार्थ—ये प्राणापान वासनाओं को परे भगाकर हमें प्रभु के समीप पहुँचाते हैं।

ऋषिः—अवस्युरात्रेयः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—पङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

रत्नों का लाभ

१७४५. आ नो रत्नानि बिभ्रतावश्विना गच्छतं युवम्।
रुद्रा हिरण्यवर्तनी जुषाणा वाजिनीवसू माध्वी मम श्रुतं हवम्॥ ३॥

१. हे अश्विना=प्राणापानो! रत्नानि बिभ्रतौ=रमणीय स्वास्थ्य, नैर्मल्य व ज्ञान आदि—धनों को प्राप्त कराते हुए नः=हमारे प्रति युवम्=आप दोनों आगच्छतम्=आओ। 'प्राणापाना इह मे रमन्ताम्'=प्राण और अपान जब शरीर में रमण करते हैं तब शरीर रमणीय रत्नों की खान बनता है। रत्नों के द्वारा ये प्राणापान इस शरीर-रथ को अलंकृत कर डालते हैं।

२. रुद्रा=ये प्राणापान रुद्र हैं—रोग व द्वेषादिरूप शत्रुओं के लिए भयंकर हैं। स्वास्थ्य व नैर्मल्य के साधक हैं।

३. हिरण्यवर्तनी=जीवन के मार्ग को ज्योतिर्मय बनानेवाले हैं।

४. जुषाणा-प्रीतिपूर्वक प्रभु का सेवन करनेवाले हैं। (जुष्-प्रीतिसेवनयोः)। प्राण-साधना से चित्तवृत्ति एकाग्र होती है और मन प्रभु में केन्द्रित होकर अवर्णनीय आनन्द का अनुभव करता है।

५. वाजिनीवसू-शक्तिरूप धन को प्राप्त करानेवाले ये प्राणापान माध्वी-अत्यन्त मधुर हैं। प्राणसाधना से शक्ति की अत्यधिक वृद्धि होती हैं।

हे प्राणापानो! मम हवं श्रुतम्-मेरी पुकार सुनो।

भावार्थ—प्राणसाधना के द्वारा हम रमणीय धनों का लाभ करें।

सूक्त-१३

ऋषिः—बुधगविष्ठिरावात्रेयौ॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

यात्रा-क्रम

१७४६. अबोध्यग्निः समिधा जनानां प्रति धेनुमिवायतीमुषासम्।
यह्वाइव प्र वयामुज्जिहानाः प्र भानवः सस्रते नाकमच्छ॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र की व्याख्या ७३ संख्या पर दी गयी है। सरलार्थ यह है—

१. समिधा-पृथिवी, अन्तरिक्ष तथा द्युलोकरूप समिधाओं के द्वारा—इन पदार्थों के ज्ञान के द्वारा—आचार्यरूप अग्नि से अग्निः-विद्यार्थिरूप अग्नि अबोधि-प्रज्वलित की जाती है (अग्निना अग्निः समिध्यते), अर्थात् त्रिलोकी के पदार्थों का ज्ञान प्राप्त करके एक ब्रह्मचारी अग्नि के समान प्रकाशमय होता है।

२. अब द्वितीयाश्रम में यह प्रति आयतीम् उषासम्-प्रत्येक आनेवाली उषा में जनानां धेनुमिव-मनुष्यों के लिए धेनु के समान होता है। धेनु जैसे दूध से, ये गृहस्थ उसी प्रकार दान से प्रजा का पालन करता है।

३. अब गृहस्थ के पश्चात् यह्वाः इव-जैसे पक्षी बड़ा होकर वयाम्-शाखा को प्र उज्जिहानाः-छोड़ने की इच्छावाले होते हैं, उसी प्रकार यह भी अब गृह को छोड़कर वनस्थ होने का संकल्प करता है।

४. वन में साधना के द्वारा भानवः-दीप्त बनकर—सूर्य के समान चमकता हुआ यह संन्यासी नाकम् अच्छ-मोक्ष की ओर प्रसस्रते-बढ़ चलता है।

भावार्थ—मेरी जीवन-यात्रा क्रमशः आगे और आगे बढ़ते हुए पूर्ण हो।

ऋषिः—बुधगविष्ठिरावात्रेयौ॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रारम्भ से अन्त तक कैसे?

१७४७. अबोधि होता यजथाय देवानूर्ध्वो अग्निः सुमनाः प्रातरस्थात्।
समिद्धस्य रुशददर्शि पाजो महान् देवस्तमसो निरमोचि॥ २॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि बुध-ज्ञानी व 'गविष्ठिर'-इन्द्रियों का अधिष्ठाता—जितेन्द्रिय है। 'यह ऐसा कैसे बन पाया?' इसका रहस्य निम्न चार बातों में छिपा है—

१. सबसे प्रथम तो यह होता=माता-पिता, आचार्य के प्रति अपना पूर्ण समर्पण करनेवाला देवान् यजथाय=देवों के साथ सङ्गतीकरण के द्वारा अबोधि=उद्बुद्ध हुआ (यजथाय=यजथेन)। ज्ञानी बनने के लिए दो बातें आवश्यक हैं (क) माता पिता व आचार्य के प्रति समर्पण—उनके निर्देशों का पूर्णरूपेण पालन तथा (ख) उनका सङ्गतीकरण—सदा उनके सम्पर्क में रहना। ५ वर्ष तक माता के शिक्षणालय में, ८ वर्ष तक पिता के शिक्षणालय में, फिर २४ वर्ष तक आचार्यकुल में रहकर यह उनके ज्ञान को अपने में संचरित करता है, तभी यह अग्नि के रूप में उद्बुद्ध होता है—ज्ञानवान् बनता है।

२. अब जीवन के द्वितीय प्रयाण में अग्निः=यह आगे और आगे बढ़नेवाला व्यक्ति सुमनाः=प्रशस्त मनवाला होता हुआ प्रातः=बहुत सवेरे ऊर्ध्वः अस्थात्=ऊपर उठ खड़ा होता है। गृहस्थ के लिए भी दो बातें महत्त्वपूर्ण हैं (क) सदा उत्तम मनवाला होने का प्रयत्न करे, किसी से वैर-विरोध न करे, मधुर बनने के लिए प्रयत्नशील हो। (ख) प्रातःकाल उठ खड़ा हो, अर्थात् आलस्य को दूर भगाकर सदा पुरुषार्थमय जीवन बिताये।

३. गृहस्थ के पश्चात् जीवन के तृतीय प्रयाण में यह वनस्थ होकर सतत स्वाध्याय में जीवन यापन करता है और समिद्धस्य=ज्ञान की दीप्ति से दीप्त हुए इस वनस्थ का पाजः=तेज रुशत्=चमकता हुआ अदर्शि=दिखता है।

वानप्रस्थ ने फिर से साधना करके (क) ज्ञान तथा (ख) तेज का सम्पादन करना है। ज्ञानी व तेजस्वी बनकर ही तो वह अब लोकहित में प्रवृत्त होगा।

४. ज्ञानी व तेजस्वी बनकर यह संन्यस्त होता है। प्रभु का प्रतिरूप-सा बनता है। यह महान् देवः=महादेव बना हुआ तमसः=अन्धकार से निरमोचि=स्वयं तो मुक्त हो ही जाता है—सम्पूर्ण जगत् को अन्धकार से मुक्त करने के लिए प्रयत्नशील होता है। यह (क) महान्=(मह पूजायाम्) पूजा की वृत्तिवाला है—सदा प्रभु का नाम-स्मरण करता है और (ख) देवः=(दीपनाद् वा द्योतनाद्वा) स्वयं ज्ञान से दीप्त होता है और संसार को ज्ञान से द्योतित करता है।

भावार्थ—मेरा जीवन आचार्यों के प्रति पूर्ण समर्पण व उनके सङ्गतीकरण से प्रारम्भ हो। गृहस्थ में प्रशस्त मनवाला व आलस्य को दूर भगानेवाला बनूँ। वनस्थ होकर मैं ज्ञान व तेज का संचय करूँ और अन्तिम प्रयाण में प्रभु-पूजा व ज्ञान-प्रसार ही मेरा ध्येय हो।

ऋषिः—बुधगविष्ठिरावात्रेयौ॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

लगाम को काबू करना 'रश्मिग्रहण'

१७४८. यदीं गणस्य रशनामजीगः शुचिरङ्क्ते शुचिभिर्गोभिरग्निः।
आद्दक्षिणा युज्यते वाजयन्त्युत्तानामूर्ध्वो अधयज्जुहूभिः॥ ३॥

१. मन्त्र का ऋषि 'गविष्ठिर'-इन्द्रियों का अधिष्ठाता यत्=जब ईम्=निश्चय से गणस्य=कर्मेन्द्रिय व ज्ञानेन्द्रिय पंचक के गणों की रशनाम्=मनरूप लगाम को अजीगः=(अजीगः=गृह्णातिकर्मा नि० ६.८) काबू करता है, तब गविष्ठिर बनता है। उत्तम सारथि लगाम के द्वारा ही तो घोड़ों को वश में रखता है—यह गविष्ठिर भी इन्द्रियरूप घोड़ों की लगाम 'मन' को वशीभूत करने के लिए

प्रयत्नशील होता है। मन वश में हुआ और इन्द्रियाँ वश में हुईं। ब्रह्मचर्याश्रम की मुख्य साधना यही तो है कि 'मन को वश में करना' और एक महान् (ब्रह्म) लक्ष्य की ओर चलना (चर)।

२. अग्निः=लगाम को वश में करके अपने रथ को आगे ले-चलनेवाला व्यक्ति शुचिभिः गोभिः=पवित्र सात्त्विक गोदुग्धादि के सेवन से (गौः=पयः) शुचिः=धन की दृष्टि से पवित्र मनोवृत्तिवाला व्यक्ति अङ्क्ते=अपने जीवन को 'शुचिता, पवित्रता' इत्यादि दिव्य गुणों से अलंकृत करता है, अर्थात् गृहस्थ में यह प्रयत्न करता है कि यह सात्त्विक अन्न का ही सेवन करे और सात्त्विक वृत्तिवाला बने तथा परिणामतः धन की दृष्टि से पवित्र जीवन का ही यापन करे।

३. आत्=अब आर्थिक पवित्रता के साधन के पश्चात्, वाजयन्ती=शक्तिशाली बनाती हुई दक्षिणा=दान की वृत्ति युज्यते=इससे युक्त होती है। वानप्रस्थ में यह सब दान कर डालता है और यह धन का दे डालना इसे शक्तिशाली बनाता है।

४. अब यह ऊर्ध्वः=इस संसार के प्रलोभनों से ऊपर उठा हुआ या धन के आकर्षण से परे पहुँचा हुआ उत्तानाम्=इस अत्यन्त विस्तृत जगती को (अधश्चोर्ध्वं प्रसृताः)=संसार-वृक्ष जिसकी शाखाएँ ऊपर-नीचे सब ओर फैली हैं, जुहूभिः=इन आहुतियों=दान-कर्मों से अधयत्=पी-सा जाता है, अर्थात् इसके लिए यह संसार समाप्त हो जाता है—यह मोक्ष का अधिकारी होता है अथवा अधयत्=इन दान-कर्मों से जगती में स्थित प्रजा का यह पालन करता है।

भावार्थ—हमारा कार्यक्रम यह हो—मन द्वारा इन्द्रियों को वश में करना, आर्थिक पवित्रता का सम्पादन, दान से शक्ति वृद्धि, तथा पूर्णाहुति से जीवन-मरण को जीत लेना।

सूक्त-१४

ऋषिः—कुत्स आङ्गिरसः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

रात्री-उषा, दिन (सूर्य)

१७४९. इदं श्रेष्ठं ज्योतिषां ज्योतिरागाच्चित्रः प्रकेतो अजनिष्ट विभ्वा।
यथा प्रसूता सवितुः सवायैवा रात्र्युषसे योनिमारैक्॥ १॥

जब मनुष्य साधना के मार्ग पर चलता है—जिसका कि साधारण स्वरूप 'आसन, प्राणायाम व मन को निर्विषय करना' है—तब एक दिन उसके जीवन में वह समय आता है कि वह कह उठता है—

इदम्=यह श्रेष्ठम्=सर्वोत्तम ज्योतिषां ज्योतिः=ज्योतियों की भी ज्योति (क्योंकि उसके उदय होने पर 'न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोयमग्निः। तमेवभान्तनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति') आगात्=उदय हो गयी है। यह तो चित्रः=अद्भुत है—(चित्-र) ज्ञान देनेवाली है—इसने तो मेरे ज्ञान-नेत्र ही खोल दिये। प्रकेतः=अरे! यह प्रभु तो प्रकृष्ट ज्ञानमय हैं—ज्ञान ही ज्ञानस्वरूप हैं। यह विश्वा=सर्वव्यापक ज्योति अजनिष्ट=प्रादुर्भूत हो गयी है। इसका दर्शन कर आज मैं एकत्व का अनुभव कर रहा हूँ—'अयुतोहम्'=एकत्व का अनुभव करके मैं शोक-मोह से ऊपर उठ गया हूँ—'तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः'। मणियाँ बेशक अलग-अलग हों, वह सूत्र तो एक ही है (मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव)। ज्ञान के

अभाव में पृथकता थी, आज ज्ञानसूर्य के उदय होने पर सब एक हो गया है।

ब्रह्माण्ड में होनेवाली प्रतिदिन की घटना यही तो है कि—**यथा**-जैसे **प्रसूता**-उत्पन्न हुई-हुई **उषा सवितुः**-सूर्य के सवाय-उत्पन्न होने के लिए होती है एव-इसी प्रकार **रात्रि**-रात **उषसे**-उषा के लिए **योनिम्**-स्थान को **आरैक्**-खाली करती है। रात्रि उषा के लिए, उषा सूर्य के लिए अपने को समाप्त कर देती है। अब यह घटना ही इस पिण्ड में घटनी चाहिए। यही ब्रह्माण्ड व पिण्ड की अनुकूलता होगी। रात्रि का अभिप्राय है—अन्धकार व मौज (रात्रि—रमयित्री), अर्थात् तमस्। तमोगुण हमारे जीवन से नष्ट हो—हम प्रमाद, आलस्य व निद्रा को त्यागें। उषःकाल की क्रियाशीलता हममें आये। यह रजस् की प्रतीक है, परन्तु हम प्रतिक्षण धन के लिए क्रियाशील बने रहे तो यह धन का संसार भी हमें शान्ति प्राप्त नहीं कराता। यह उषा सूर्य को जन्म दे। सूर्य का प्रकाश, अर्थात् सत्त्वगुण—ज्ञान हममें प्रबल हो। हम गृहस्थ के सच्चे स्वरूप को समझें—और सदा इस मलाश्रम में न उलझे रहें। अपने उत्तराधिकारियों को यह बोझ देकर हम आगे बढ़ जाएँ। साधना करें—स्वाध्याय करें—सेवाकार्य में संलग्न रहें। यही जीवन की सार्थकता है। यही मार्ग हमें 'कुत्स'-सब बुराइयों की हिंसा करनेवाला बनाएगा।

भावार्थ—मैं साधना में चलूँ—स्वाध्यायशील बनूँ—सेवा कार्य में आनन्द का अनुभव करूँ। तम से ऊपर उठकर रज में, रज से भी ऊपर उठकर सत्त्व में अवस्थित होऊँ।

ऋषिः—कुत्स आङ्गिरसः॥ **देवता**—उषाः॥ **छन्दः**—त्रिष्टुप्॥ **स्वरः**—धैवतः॥

तम और रज (रजस् व तमस्)

१७५०. रुशद्वत्सा रुशती श्वेत्यागादारैगु कृष्णा सदनान्यस्याः।
समानबन्धू अमृते अनूची द्यावा वर्णं चरत आमिनाने॥ २॥

मन्त्र में वर्णन हुआ है कि सूर्य उषा का पुत्र है। उषा सूर्य को जन्म देती है, तो यह उषा 'रुशद् वत्सा'-चमकते हुए बछड़ेवाली है, स्वयं भी तो रुशती-चमकती हुई है। **श्वेत्या**-श्वेतवर्णवालों में उत्तम है। किस प्रकार रात्रि में अन्धकार-ही-अन्धकार था, उषा के आते ही चारों ओर प्रकाश हुआ और अन्धकार नष्ट हो गया। यह उषा **आगात्**-आई है। **कृष्णा**-अन्धकार के कारण कृष्ण वर्णवाली रात्रि सचमुच 'कृष्णा' तो है ही। इसलिए भी यह 'कृष्णा' है कि यह सबको अपने-अपने घर की ओर आकृष्ट करती है (कृष्ण-खैंचना) सभी कार्यों को बीच में ही छोड़कर घर आने की करते हैं। यह कृष्णा रात्रि **अस्याः सदनानि**-इसके (अपने) स्थानों को **उ**-निश्चय से **आरैक्**-खाली कर देती है। रात्रि समाप्त होती है और उषा आती है। इसके आते ही सब लोग अपने आहार की खोज में चल पड़ते हैं।

यह संसार में होनेवाली प्राकृतिक घटना अध्यात्म में भी इस रूप से चलती है कि तमोगुण की मोहमयी निद्रा रात्रि के समान होती है, और यह निरन्तर गतिवाले रजोगुणरूप उषाकाल के लिए स्थान खाली कर देती है। मनुष्य तमोगुण प्रधानावस्था में सोया होता है, रजोगुण के प्रबल होने पर उठता है और कार्यों में प्रवृत्त हो जाता है—अर्थार्जन ही उसका मुख्य ध्येय हो जाता है।

ये तम और रज **समानबन्धू**-समानरूप से जीव को बाँधनेवाले हैं। **अमृते**-ये कभी मरते नहीं,

इनका पूर्ण विनाश सम्भव नहीं। इन्हें सत्त्वगुण से अभिभूत तो किया जा सकता है, परन्तु इन्हें समाप्त कर देना सम्भव नहीं। अनूची-ये एक-दूसरे के पीछे आनेवाले हैं—तमोगुण के पश्चात् रजोगुण, और रजोगुण के बाद तमोगुण। इस प्रकार एक-दूसरे के पीछे आते हुए ये द्यावा-प्रकाश के—सत्त्वगुण के—वर्णम्-स्वरूप को आमिनाने-कुछ हिंसित-सा करते हुए चरतः-हमारे जीवन में विचरण करते हैं। तमोगुण और रजोगुण सत्त्व को प्रबल नहीं होने देते। ये सत्त्व को नष्ट-सा किये रहते हैं। इनके कारण सत्त्वगुण दबा रहता है। कदाचित् प्रभुकृपा से मनुष्य इन्हें जीतकर सत्त्वगुणवाला बन पाता है।

भावार्थ—हम प्रयत्न करें कि तम और रज से ऊपर उठकर सत्त्व में अवस्थित हों।

ऋषिः—कुत्स आङ्गिरसः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

समानबन्धू

१७५१. समानो अध्वा स्वस्रोरनन्तस्तमन्यान्या चरतो देवशिष्टे।
न मेथेते न तस्थतुः सुमेके नक्तोषासा समनसा विरूपे॥ ३॥

रात्रि और उषा स्वसा-बहिनों के समान हैं। तमोगुण और रजोगुण समानरूप से जीव को बाँधनेवाले हैं—ये 'समानबन्धू' हैं, अतः आपस में बहिनों के तुल्य हैं। इन स्वस्रोः-बहिनों का अध्वा-मार्ग समानः-समान है—एक-जैसा है। ये दोनों ही तमोगुण और रजोगुणरूप मार्ग मनुष्य के पतन का कारण हैं। तमोगुण काम में और रजोगुण अर्थ में आसक्त करके मनुष्य को धर्मज्ञान से वंचित रखते हैं। इनका यह मार्ग अनन्तः-अनन्त है—इसका अन्त होना सुगम नहीं। रात्रि के पश्चात् उषा व उषा के पश्चात् फिर रात्रि ये आती ही रहती हैं—इनकी समाप्ति होती नहीं दिखती। यह देवशिष्टे-उस प्रभु से शासित हुई-हुई तम्-उस मार्ग पर अन्या अन्या-बारी-बारी, अलग-अलग चरतः-चलती हैं। मानवजीवन में भी कभी तमोगुण प्रबल है—कभी रजोगुण। इनका यह क्रम चलता-ही-चलता है। न मेथेते-ये एक-दूसरे की हिंसा नहीं करतीं। रात्रि व उषा एक दूसरे के लिए स्थान अवश्य खाली करती हैं—'परन्तु ये एक-दूसरे को नष्ट कर दें' ऐसी बात नहीं। कभी तमोगुण है तो कभी रजोगुण—कभी काम, कभी अर्थ। ये विरोधी नहीं। न तस्थतुः-'ये रात्रि और उषा रुक जाएँ' ऐसा भी नहीं। ये तो चलते ही रहते हैं। तमोगुण या रजोगुण विरतगति तो होते ही नहीं। ये नक्तोषासा सुमेके-रात्रि व उषा उत्तम निर्माणवाले हैं—प्रभु ने इनको कितना सुन्दर बनाया है। तम व रज भी संसार के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। संयत होने पर मानवजीवन में इनका सुन्दररूप प्रकट होता है।

विरूपे-ये रात्रि व उषा विरुद्धरूपवाली हैं—एक कृष्णा, दूसरी श्वेता; एक अन्धकारमय दूसरी प्रकाशपूर्ण; एक गतिशून्य दूसरी गतिमय, परन्तु हैं समनसा-समान मनवाली—अर्थात् समानरूप से जीव के बन्धन की कामनावाली। तमोगुण व रजोगुण आकृतिभेद होने पर भी एक ही कार्य करनेवाले हैं—दोनों ही जीव को बाँधते हैं। कुत्स तो हम उसी दिन बनेंगे जिस दिन इनके बन्धनों को काटकर हम सत्त्वगुण में अवस्थित होंगे, (कुत्स-हिंसा करनेवाला—बन्धनों को काटनेवाला)।

भावार्थ—हम तम व रज के आकर्षण से ऊपर उठकर सत्त्वगुण को अपनाएँ। सत्त्वगुण ही हमें प्रभु-प्राप्ति कराएगा।

सूक्त-१५

ऋषिः—अत्रिः ॥ देवता—अश्विनौ ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

सत्त्वगुणी पुरुष के घर में

१७५२. आ भात्यग्निरुषसामनीकमुद्विप्राणां देवया वाचो अस्थुः ।
अर्वाञ्चा नूनं रथ्येह यातं पीपिवांसमश्विना घर्ममच्छ ॥ १ ॥

१. सत्त्वगुणी पुरुष के घर में अग्निः आभाति-अग्निकुण्डों में अग्नि दीप्त होती है, अर्थात् ये लोग अग्निहोत्र प्रारम्भ करते हैं। यह अग्निकुण्ड का अग्नि उषसाम् अनीकम्-उषःकालों का मुख है, अर्थात् उषःकाल में—सूर्योदय के समय—सबसे प्रथम कार्य अग्निहोत्र होता है।

स्वाध्याय—२. इन यज्ञों में विप्राणाम्-इन सात्त्विक ज्ञानी पुरुषों की देवयाः-प्रभु को प्राप्त करानेवाली (देवं यान्ति) वाचः-वाणियाँ उदस्थुः-ऊपर उठती हैं, अर्थात् ये सात्त्विक पुरुष वेदवाणियों का उच्चारण करते हैं। यज्ञानन्तर स्वाध्याय में वेद का अध्ययन करते हैं।

प्राणायाम—३. हे अश्विना-प्राणापानो! नूनम्-निश्चय से आप रथ्या-शरीररूप रथ को उत्तम बनानेवाले हो। प्राण-साधना से शरीर नीरोग बनता है, मन निर्मल व बुद्धि तीव्र और इस प्रकार यह शरीररूप रथ बड़ा सुन्दर बन जाता है। आप इह-यहाँ—शरीर में ही अर्वाञ्चा-शरीर में ही गति करनेवाले (अर्वाङ्-अञ्चति) होकर आयातम्-आइए। (मापगातमितो युवम्, इहैव स्तं प्राणापानौ)-हे प्राणापानो! आप यहीं शरीर में होओ, यहाँ से दूर न जाओ।

दूध-रस—४. पीपिवांसम्-वृद्धि के साधनभूत (प्यायी वृद्धौ) घर्मम्-गोदुग्ध के या फलों के रस की अच्छ-ओर आनेवाले होओ, अर्थात् प्रातःकाल अग्निहोत्र, स्वाध्याय, व प्राणायाम के पश्चात् ये सात्त्विक पुरुष गोदुग्ध व फलों के रस का सेवन करते हैं। अब इन नित्यकृत्यों से निवृत्त होकर

५. पीपिवांसं घर्मम् अच्छ-वृद्धि के साधनभूत यज्ञों-लोकहित के कार्यों में प्रवृत्त होते हैं (घर्म-यज्ञ)। अपना दिन लोकसंग्रहात्मक कर्मों में ही बिताते हैं। स्वार्थ परिपूर्ण अतएव मलिन-अयज्ञिय कर्मों को नहीं करते।

इस प्रकार उत्तम जीवन बिताने का परिणाम यह होता है कि ये 'अत्रि'-काम, क्रोध व लोभ से बचे रहते हैं और आध्यात्मिक, आधिभौतिक व आधिदैविक कष्टों के पात्र नहीं होते (अ-त्रि) और इस प्रकार प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि अत्रि बनते हैं।

भावार्थ—हम सात्त्विक जीवन बितानेवाले बनें। हमारे जीवन का कार्यक्रम १. अग्निहोत्र, २. स्वाध्याय, ३. प्राणायाम, ४. गोदुग्ध व फल-रस का सेवन तथा ५. यज्ञिय कर्मों में प्रवृत्त होना हो।

ऋषिः—अत्रिः ॥ देवता—अश्विनौ ॥ छन्दः—त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

मोक्ष की ओर

१७५३. न संस्कृतं प्र मिमीतो गमिष्ठान्ति नूनमश्विनोपस्तुतेह ।
दिवाभिपित्वे ऽवसागमिष्ठा प्रत्यवर्तिं दाशुषे शम्भविष्ठा ॥ २ ॥

ब्रह्मचर्य में—(गाव इन्द्रियाणि) गमिष्ठा-हे इन्द्रियों के अधिष्ठाता प्राणापानो! आप मेरे जीवन के प्रारम्भिक काल में संस्कृतम्-संस्कार को, परिमार्जन को न प्रमिमीतः-हिंसित नहीं करते हो। प्राणापानों

के संयम से इन्द्रियों का संयम होता है। इस प्राणापान की साधना से परिमार्जन व शोधन की प्रक्रिया चलती ही रहती है। प्राणापान की साधना से इन्द्रियों के दोष दूर होते हैं और इस प्रकार शरीर, मन व बुद्धि का संस्कार होता रहता है। इस संस्कार की प्रक्रिया को मेरे प्राणापान कभी समाप्त न करें। ब्रह्मचर्याश्रम में ब्रह्मचारी ने इस प्राणसाधना से अपने जीवन को अधिकाधिक उत्तम बनाना है।

गृहस्थ—अब गृहस्थ में प्रवेश करने पर मन्त्र का ऋषि कहता है कि 'अश्विना'-हे अश्विनी-देवो! इह-इस गृहस्थ में नूनम्-निश्चय से अन्ति-सदा उस प्रभु के समीप स्थित होकर उपस्तुता-उसकी उपासना करनेवाले बनो। यदि गृहस्थ सदा प्रभु की उपासना करता है तो जहाँ अपवित्रता से दूर रहता है, वहाँ अपने अन्दर एक शक्ति का अनुभव करता है।

वानप्रस्थ—अब गृहस्थ के पश्चात् दिवा-जीवन के दिन के अभिपित्वे-प्रस्थान के समय, अर्थात् जीवन ढलने, जीवन के उत्तरार्ध में प्रवेश करने पर अश्विना-हे अश्विनीदेवो! आप अपने अवसा-रक्षण के साथ आगमिष्ठा-हमें प्राप्त होओ। इस समय हमें निर्बल समझकर वासनाएँ हमारा अभिभव न कर लें। वासनाओं का शिकार न होकर हम अपने जीवन को सुरक्षित रख सकें।

संन्यास—यदि वानप्रस्थ में एक व्यक्ति अपने को प्राणापान की साधना के प्रति दे डालता है तो ये प्राणापान दाशुषे-इस दाश्वान् के लिए अवर्तिम् प्रति-फिर इस जन्म-मरण चक्र में न लौटने के लिए शंभविष्ठा-अत्यन्त शान्ति का भावन करनेवाले होते हैं। वानप्रस्थ में मुख्य कार्य प्राणायाम होता है। संन्यास में यह व्यक्ति अपने को लोकहित के लिए दे डालता है। यही कार्य इसके जीवन की पूर्ण शान्ति का कारण बनता है और जीवन की समाप्ति पर यह मोक्ष का भागी होता है। अवर्तिम्-फिर न लौटना—फिर जन्म न प्राप्त करना ही तो मोक्ष है। इस मार्ग से जीवन-यापन करने से यह व्यक्ति 'परान्तकाल' के लिए जन्म-मरण चक्र से ऊपर उठ जाता है। यह सचमुच जन्म मरण का 'संन्यास' कर देता है।

भावार्थ—जीवन का संस्कार, प्रभु-स्तवन, आसुरी आक्रमणों से अपनी रक्षा तथा शान्त जीवन और मोक्ष का क्रमिक आविर्भाव हमारे जीवन में हो।

ऋषिः—अत्रिः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

दिन के पाँचों समयों में

१ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
१७५४. उता यातं सङ्गवे प्रातरह्नो मध्यन्दिन उदिता सूर्यस्य।

२ १ २ १ २ १ १ २ १ १ २ १ २ १ २
दिवा नक्तमवसा शन्तमेन नेदानीं पीतिरश्विना ततान॥ ३॥

दिन पाँच भागों में विभक्त है। सबसे प्रथम भाग यहाँ 'उदिता सूर्यस्य'='सूर्योदय के समय' इन शब्दों से सूचित हुआ है। दूसरा भाग 'सङ्गवे' शब्द से कहा गया है जब गौवें अपने-अपने घरों से खुलकर चरागाहों में इकट्ठी (सङ्गव) होती हैं। तीसरा 'प्रातरह्नः'-शब्द से कहा गया है—दोपहर से पहला forenoon समय 'मध्यन्दिने'-शब्द चौथे भाग का संकेत करता है जब दिन का मध्य होता है। पाँचवें का संकेत 'दिवानक्तम्'-शब्द से हुआ है—जब दिन रात में (नक्त) परिवर्तित होना प्रारम्भ होता है। इन सब समयों पर हे अश्विनीदेवो! शन्तमेन-अत्यन्त शान्ति देनेवाले अवसा-रक्षण से आप उत आयातम्-अवश्य आइए। हमें दिन के पाँचों भागों में प्राणापान की साधना का ध्यान करना है। इन्हीं की साधना पर हमारा 'अवस्' रक्षण निर्भर करता है। हम इनकी साधना करेंगे तभी इन्द्रियाँ विषयों के प्रति झुकाव से बच सकेंगी। साथ ही 'शन्तमेन'-जीवन में

सच्ची शान्ति को हम इन्हीं प्राणापानों की साधना से ही प्राप्त करेंगे। इदानीम्-अब इस स्थिति के होने पर अश्विना-हे प्राणापानो! पीतिः-इन्द्रियों से विषय-रसों का पान न ततान-नहीं विस्तृत किया जाता। अब इन्द्रियों का झुकाव विषयों की ओर नहीं रहता। वस्तुतः इस प्राणापान की साधना से उस वास्तविक रस—प्रभु के पी लेने से यह विषय-रस तो अत्यन्त तुच्छ हो जाता है। कहाँ वह महान् रस—और कहाँ यह तुच्छ विषय-रस। वह भी समय था जब इन्द्रियाँ इन विषयों से ऊपर उठ ही नहीं पाती थीं। अतिग्रहों के समान इन विषयों ने इन्द्रियों को बाँध रक्खा था, परन्तु अब तो यह विषयों के भोग का चक्र समाप्त हो गया है 'न इदानीं पीतिः अश्विना ततान'। आज ही तो यह सचमुच अत्रि-राग, भय, क्रोध से अतीत हो गया है।

भावार्थ—हम दिन के सब भागों में प्राणसाधना का ध्यान करें, विषय-रस से ऊपर उठें।

सूक्त-१६

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

रजोगुण व निर्माण

३ २ ३ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ २ ३ १ १ ३ १ १
१७५५. एता उ त्या उषसः केतुमक्रत पूर्वे अर्धे रजसो भानुमञ्जते।
३ १ १ २२ ३ २ ३ २ ३ १ २२ ३ १२
निष्कृण्वाना आयुधानीव धृष्णवः प्रति गावोऽरुषीर्यन्ति मातरः॥ १॥

ज्ञान—रात्रि यदि तमोगुण का प्रतीक है तो उषा रजोगुण का। एताः-ये त्या उषसः-वे रजोगुण प्रवृत्तियाँ उ-निश्चय से केतुम्-ज्ञान को अक्रत-उत्पन्न करती हैं, यद्यपि 'सत्त्वस्य लक्षणं ज्ञानम्'-इस वाक्य के अनुसार ज्ञान सत्त्वगुण से ही उत्पन्न होता है तथापि इस उच्च ब्रह्मज्ञान के अतिरिक्त सम्पूर्ण विज्ञानों के लिए रजोगुण आवश्यक है। बिना रजस्-कर्मशीलता के ज्ञान थोड़े ही प्राप्त होगा? वस्तुतः संसार के निर्माण के लिए 'रजोजुषे जन्मनि'-प्रभु भी रजोगुण युक्त होते हैं, उसी प्रकार ज्ञान-प्राप्ति के लिए एक विद्यार्थी ने भी इस रजोगुण को अपनाना है—बड़ा क्रियाशील (active) बनना है। इंग्लिश में student का अर्थ ही studious परिश्रमी होना है।

राजसवृत्तियाँ—यह रजस् जहाँ विज्ञान को जन्म देता है, वहाँ पूर्वे अर्धे-जीवन के पूर्वार्ध में (गृहस्थ में)—अर्थात् युवावस्था में रजसः भानुम्-रजोगुण की कुछ झलक को अञ्जते-व्यक्त करता है। गृहस्थ में धन के प्रति कुछ प्रेम, जीवन को कुछ भौतिक आनन्दमय करने की प्रवृत्ति इस रजस् से ही तो उत्पन्न होती है।

निर्माण—इस गृहस्थ के बाद इव-जैसे धृष्णवः-शत्रुओं का धर्षण करनेवाले विजेता अपने आयुधानि-अस्त्रों को निष्कृण्वानाः-परिष्कृत कर चमकाने का प्रयत्न करते हैं उसी प्रकार गावः-ये गतिशील राजस् वृत्तियाँ अ-रुषीः-जब क्रोधशून्य होती हैं तब मातरः-निर्माण करनेवाली होकर प्रतियन्ति-प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त होती हैं, अर्थात् निर्माण तो इन्हीं राजस्वृत्तियों से होता है बशर्ते कि वे क्रोध की जनक न हों। क्रोध के साथ तो निर्माण सम्भव ही नहीं। इस प्रकार उत्तम निर्माणवाला होकर यह 'उषस्' नामक रजोगुण हमें 'गोतम'-प्रशस्त इन्द्रियोंवाला बनाता है।

भावार्थ—रजोगुण का भी जीवन के निर्माण में महान् स्थान है। क्रोध के अभाव में यह निर्माण करता है—और क्रोध की सत्ता में विनाश, अतः हम अपनी उषाओं को—रजोगुण को—'अरुषी' क्रोधशून्य बनाएँ।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

रजोगुण की स्वाभाविकता

१२ ३ २ १२ ३ १ २ १२ ३ १२ ३ १ २
१७५६. उदपप्तन्नरुणा भानवो वृथा स्वायुजो अरुषीर्गा अयुक्षत।
१२ ३ १ २ ३ १ २ १२ ३ १ २ १ २
अक्रन्नुषासो वयुनानि पूर्वथा रुशन्तं भानुमरुषीरशिश्रयुः॥ २॥

स्वाभाविक—अरुणाः भानवः=रजोगुण की लालवर्ण की किरणें वृथा=अनायास ही उदपप्तन्=हममें उदय हो जाती हैं। सत्त्वगुण की श्वेत किरणों की उत्पत्ति परिश्रम साध्य है—रजोगुण की किरणें तो अपने आप ही उत्पन्न हो जाती हैं।

प्रभु के साथ मेल—परन्तु यही राजस् वृत्तियाँ अरुषीः=जब क्रोधशून्य होती हैं तब स्वायुजः=(स्व आ युज्) मनुष्य को आत्मतत्त्व से जोड़नेवाली होती हैं। ये गाः=इन्द्रियों को अयुक्षत=आत्मतत्त्व के चिन्तन में लगाती हैं। रजोगुण ही सत्त्व की ओर झुककर शुभकार्यों में भी हमें प्रवृत्त करता है।

ज्ञानोत्पादन—यह उषासः=राजस् वृत्तियाँ पूर्वथा=पहले की भाँति वयुनानि अक्रन्=ज्ञान को करती हैं। रजोगुण के बिना ज्ञान की उत्पत्ति सम्भव ही नहीं।

प्रभु-प्राप्ति—इस प्रकार यह रजस् अरुषीः=यदि क्रोधशून्य बना रहे, अर्थात् उसमें सत्त्व का उचित सम्पुट उसे अत्यन्त क्षुब्ध न होने दे तो मनुष्य रुशन्तं भानुम्=देदीप्यमान ज्योति को, अर्थात् परमात्मा का अशिश्रयुः=सेवन करता है।

भावार्थ—रजस् स्वाभाविक है, परन्तु हमें उसे सत्त्व के सम्पर्क से 'प्रभु की ओर ध्यानवाला और ज्ञानोत्पादन द्वारा प्रभु को प्राप्त करानेवाला' बनाना है।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—उषाः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

कर्म और उपासना

१ २ ३ १ २ ३ १ ३ २ ३ १ २ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१७५७. अर्चन्ति नारीरपसो न विष्टिभिः समानेन योजनेना परावतः।
२ १ १२ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
इषं वहन्तीः सुकृते सुदानवे विश्वेदह यजमानाय सुन्वते॥ ३॥

यहाँ रजोगुण की वृत्तियों को 'नारीः' कहा है, क्योंकि ये हमें (नृ नये) आगे और आगे ले-चलती है। इन वृत्तियों के होने पर मनुष्य शान्त नहीं पड़ा रहता। रजोगुण जैसे हमें कर्म में प्रवृत्त करता है, उसी प्रकार ये वृत्तियाँ हमें उपासना की ओर भी ले-जाती हैं। मन्त्र में कहते हैं कि नः=जैसे अपसः=कर्मों के विष्टिभिः=प्रवेशों के साथ नारीः अर्चन्ति=ये राजस् वृत्तियाँ उपासना भी कराती हैं।

समानेन योजनेन=इस कर्म और उपासना में समानरूप से लगाने के द्वारा आपरावतः=दूर-दूर तक भी विश्वा इत् अह=निश्चय से सब कालों में इषम्=अन्नों को वहन्तीः=प्राप्त कराती हैं, अर्थात् कर्म और उपासना में लगे व्यक्ति को कभी खानपान की चिन्ता नहीं होती।

'इषम्' शब्द का अर्थ 'प्रेरणा' भी है। इस कर्मोपासक को प्रेरणा भी प्राप्त होती है, परन्तु कब? जब यह अपने रजोगुण से, सत्त्व के सम्पर्क के कारण, उत्तम कर्मों में प्रवृत्त होता है। मन्त्र में कहते हैं कि यह प्रेरणा प्राप्त होती है—

१. सुकृते=उत्तम कर्म करनेवाले के लिए। २. सुदानवे=उत्तम दान में प्रवृत्त हुए-हुए के लिए। ३. यजमानाय=यज्ञों में लगे हुए के लिए, और ४. सुन्वते=सोमाभिषव करनेवाले के लिए। अपने

अन्दर शक्ति का निर्माण करनेवाले के लिए।

भावार्थ—रजोगुण हमें उन्नति-पथ पर ले-जानेवाला हो।

सूचना—जब रजोगुण के साथ सत्त्व का सम्पर्क होता है तब मनुष्य का मार्ग उत्तम ही होता है। तमोगुण का सम्पर्क अधोगति का हेतु बनता है। रजोगुण के अभाव में तो क्रिया का ही अभाव है। उषा का रात्रि की ओर झुकाववाला पक्ष अन्धकारमय है, सूर्य की ओर झुकाववाला प्रकाशमय।

सूक्त-१७

ऋषिः—दीर्घतमा औचथ्यः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

संसार से ऊपर

१७५८. अबोध्यग्निर्जा उदेति सूर्यो व्यू३षाश्चन्द्रा महावो अर्चिषा।
आयुक्षातामश्विना यातवे रथं प्रासावीद्देवः सविता जगत् पृथक्॥ १॥

जब मनुष्य प्राणापान की साधना करता है तब १. जा-इस पार्थिव शरीर में अग्निः अबोधि-अग्नि उद्बुद्ध होती है। संस्कृत में 'शीतक' शब्द अलस का पर्याय है। प्राणापान मनुष्य को उष्णष्क-active बनाते हैं—यही अग्नि का उद्बुद्ध होना है। २. सूर्यः उदेति-मस्तिष्करूप द्युलोक में सूर्य का उदय होता है। प्राणापान की साधना का दूसरा परिणाम यह है कि ज्ञान का विकास होता है। शरीर क्रियाशील बनता है, तो मस्तिष्क ज्ञानाग्नि से दीप्त। ३. अर्चिषा-इस ज्ञान की दीप्ति के सम्पर्क से हृदय में उषा-रजोगुण चन्द्रा-आह्लादमय तथा मही-पूजा की प्रवृत्तिवाला वि आवः-विशेषरूप से प्रकट होता है। एवं, प्राणापान की साधना शरीर में कर्म, मस्तिष्क में ज्ञान, तथा हृदय में पूजा की प्रवृत्ति को जन्म देती हुई मनुष्य के जीवन को कर्म, ज्ञान व उपासना से विभूषित करती है।

४. इस प्रकार अश्विना-प्राणापान यातवे-गति के लिए—जीवन-यात्रा के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रथम्-शरीररूप रथ को आयुक्षाताम्-इन्द्रियरूप घोड़ों से जोतते हैं ५. इस मार्ग पर चलता हुआ देवः-यह दिव्य गुणसम्पन्न पुरुष सविता-अपने अन्दर कर्म, ज्ञान व उपासना के उत्तम ऐश्वर्यों को उत्पन्न करता हुआ जगत्-इस संसार को पृथक्-अपने से अलग प्रासावीत्-प्रेरित करता है, अर्थात् यह व्यक्ति संसार से मुक्त हो पाता है।

जिस भी व्यक्ति ने तमोगुण से ऊपर उठकर प्राणापान की साधना के द्वारा रजोगुण से सत्त्वगुण का सम्पर्क किया उसकी जीवन-यात्रा अवश्य ही पूर्ण होती है। तमोगुण को विदीर्ण करनेवाला यह (दीर्घ-दृ विदारणे) 'दीर्घ-तमाः' कहलाता है। इसने तमोगुण को अपने से दूर तो भगा ही दिया है।

भावार्थ—सत्त्वगुण से पवित्र किया हुआ रजोगुण हमें कर्म, ज्ञान व उपासना के द्वारा संसार से ऊपर उठने में समर्थ बनाए।

ऋषिः—दीर्घतमा औचथ्यः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

शक्तिशाली रथ

१७५९. यद्युञ्जाथे वृषणमश्विना रथं घृतेन नो मधुना क्षत्रमुक्षतम्।
अस्माकं ब्रह्म पृतनासु जिन्वतं वयं धना शूरसाता भजेमहि॥ २॥

यत्-जब अश्विना-प्राणापान वृषणं रथम्-शक्तिशाली रथ को युञ्जाथे-जोतते हैं, तब

नः=हमारे क्षत्रम्=बल को घृतेन=दीप्ति से (घृ=दीप्ति) मधुना=और माधुर्य से उक्षतम्=सींचते हैं। प्राणापान की साधना से शरीर शक्तिशाली बनता है—और हमारी शक्ति ज्ञान की दीप्ति तथा वाणी के माधुर्य से परिपूर्ण होती है। दण्ड-बैठकों व कुश्ती से उत्पन्न शक्ति में ज्ञान की दीप्ति का तो प्रायः अभाव ही है, वाणी का माधुर्य भी कम ही मिलता है। यह प्राणापान की साधना से जनित शक्ति ज्ञान व माधुर्य से सिक्त होती है।

ज्ञान का प्रचार—यह प्राणोपासक दीर्घतमा चाहता है कि वह ज्ञान का प्रकाश औरों को भी दे पाये अतएव वह प्राणापान को सम्बोधित करता हुआ कहता है कि अस्माकम्=हमारे ब्रह्म=ज्ञान को पृतनासु=मनुष्यों में जिन्वतम्=दो। हमारे ज्ञान के द्वारा मनुष्य प्रीणित हों।

वीर-धन—यह प्राणोपासक यह भी चाहता है कि वयम्=हम शूरसाता=शूरों से सम्भजनीय धना=धनों का भजेमहि=सेवन करें। यह कभी माँगे हुए धन के द्वारा अपना पोषण नहीं करना चाहता। इसे पुरुषार्थ प्राप्त धन ही अपने गौरव के योग्य प्रतीत होता है। यह धन मनुष्य को अशक्त नहीं बनाता। यदि मनुष्य अशक्त हो जाए तो अपनी यात्रा को क्या पूरा करेगा? एवं, सबसे महत्त्वपूर्ण बात तो शक्ति की प्राप्ति है। 'इस रथ को दुर्बल नहीं होने देना' ही हमारा सर्वप्रथम कर्त्तव्य है।

भावार्थ—मैं प्राणोपासक बनूँ। परिणामतः 'शक्ति, ज्ञान, माधुर्य तथा वीर-धनों को प्राप्त करके ज्ञान का प्रचार करूँ।'

ऋषिः—दीर्घतमा औचथ्यः॥ देवता—अश्विनौ॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

मधुवाहन रथ

१७६०. अर्वाङ् त्रिचक्रो मधुवाहनो रथो जीराश्वो अश्विनोर्यातु सुष्टुतः।
त्रिबन्धुरो मघवा विश्वसौभगः शं न आ वक्षद् द्विपदे चतुष्पदे॥ ३॥

अन्तर्मुख यात्रा—यह अश्विनोः=प्राणापानों का रथः=शरीररूप रथ अर्वाङ्=अन्तर्मुख यात्रावाला यातु=अपने लक्ष्य-स्थान को प्राप्त करे। सामान्यतः रथ किसी बाह्य लक्ष्य की ओर तीव्र गति से आगे चले जाते दिखते हैं, परन्तु इस शरीररूप रथ की यात्रा तो अन्तर्मुख होती है। इसने सबसे अन्दर गुहा में स्थित—आनन्दमयकोश में विराजमान उस आत्मतत्त्व के दर्शन करने हैं।

तीन पहिये—त्रिचक्रः=कर्म, ज्ञान व उपासना—ये तीन इस रथ के चक्र हैं। किसी एक के भी अभाव में इसकी गति समाप्त हो जाती है।

माधुर्य—यह शरीररूपी रथ मधुवाहनः=माधुर्य के बोझ को ढोनेवाला है। यह माधुर्य-ही-माधुर्य को स्थानान्तर में सदा प्राप्त कराता है। प्रभु ने यात्रा के प्रारम्भ में यही तो कहा था 'भद्रवाच्याय प्रेषितो मानुषः', अतः हमें भद्र ही शब्द बोलने चाहिएँ।

जीराश्वः=यह रथ अत्यन्त तीव्र गतिवाले इन्द्रियरूप घोड़ों से जुता है सुष्टुतः=(शोभनं सुतं यस्मिन्) यह सदा प्रभु की उत्तम स्तुतिवाला हो। त्रिबन्धुरः=यह 'इन्द्रिय, मन व बुद्धि' रूप तीन सीटोंवाला है। कभी-कभी असुरों का आक्रमण होने पर ये ही तीन असुरों के तीन दुर्ग बन जाते हैं। इनका संहार देवों के देव महादेव की कृपा से ही होता है।

मघवा=यह रथ जब प्राण-साधना द्वारा आसुर वृत्तियों से सुरक्षित होता है तब यह पापशून्य ऐश्वर्यवाला होता है।

विश्वसौभगः-उस समय यह सब सौन्दर्योंवाला होता है।

नः-हमारा यह रथ द्विपदे चतुष्पदे-दोपाये व चौपाये, अर्थात् मनुष्य व तद्भिन्न सभी प्राणियों के लिए शम्-शान्ति को आवक्षत्-प्राप्त कराये।

भावार्थ—प्रभु के आदेश के अनुसार हम अपने इस रथ को 'मधु-वाहन' बनाएँ, मधुर ही बोलें।

सूक्त-१८

ऋषिः—अवत्सारः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

अपराभूत सोम

१७६१. प्र ते धारा असश्चतो दिवो न यन्ति वृष्टयः। अच्छा वाजं सहस्रिणम्॥ १॥

शरीर में सोम—वीर्य वह धातु है जो धातुओं की भी धातु है। वास्तव में यही शरीर का मूल धारक है। जब तक यह शरीर में सुरक्षित होता है तब तक यह असश्चत्-अपराभूत (not defeated) होने से शरीर में किसी रोगादि का प्रवेश नहीं होने देता। शरीर को यह अत्यन्त सबल बनाता है। जैसे आकाश से वृष्टियाँ गिरती हैं और एक-एक दाने को शतगुणित दाने उत्पन्न करने योग्य बनाती हैं उसी प्रकार यह सोम मनुष्य को खूब सशक्त बनाकर उसे शतशः ज्ञानों का प्राप्त करनेवाला बनाते हैं।

प्रस्तुत मन्त्र 'अवत् सार' ऋषि के हैं जो इस सारभूत वस्तु की ध्यान से रक्षा करता है। वह अनुभव करता हुआ कहता है कि—हे सोम! ते-तेरी, जो तू असश्चतः-अपराभूत है—इस देवों की निवासस्थानभूत नगरी का ऐसा द्वारपाल है कि किसी भी रोगादि को व आसुर भावना को अन्दर नहीं आने देता—उस तेरी धाराः-धारण-शक्तियाँ दिवः वृष्टयः न-द्युलोक से वर्षा की भाँति सहस्रिणं वाजं अच्छ-सहस्रगुणा शक्ति की ओर यन्ति-गति करती हैं, अर्थात् मनुष्य को यह सोम अनन्त-शक्ति-सम्पन्न बनाता है। कल्पना भी करनी कठिन होती है कि इतनी शक्ति कहाँ से आ टपकी? मन्त्र कहता है कि 'अरे जैसे वर्षा टपकती है उसी प्रकार यह शक्ति भी आ टपकती है'।

यह सोमरक्षा का महत्त्व है। इसे ध्यान करके ही 'अवत्सार' ने इसे अपना मूलकर्त्तव्य समझा। इसे ही वैदिक साहित्य में 'ब्रह्मचर्यं परं तपः' व 'ब्रह्मचर्यं परो धर्मः' शब्दों में परं-तप व परं-धर्म कहा गया है।

भावार्थ—मैं सोमरक्षा द्वारा अजेय बनूँ तथा सहस्रगुणा शक्ति का लाभ करूँ।

ऋषिः—अवत्सारः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सर्वदुःख-हरणशील सोम

१७६२. अभि प्रियाणि काव्या विश्वा चक्षाणो अर्षति। हरिस्तुञ्जान आयुधा॥ २॥

शरीर को सब रोगों से सुरक्षित करने से यह सोम 'हरि' है-सब दुःखों का हरण करनेवाला है। यह जीव को दिये गये 'इन्द्रिय, मन व बुद्धि' रूप सब आयुधों को सुरक्षित करता है। इस जीवन-संग्राम में विजय के लिए प्रभु ने ये तीन ही तो आयुध-अस्त्र जीव को दिये हैं। सोम इन तीनों आयुधों को सशक्त बनाता है—इन्द्रियों की शक्ति को तो यह बढ़ाता ही है—मन के नैर्मल्य व बुद्धि की तीव्रता का भी यह साधन है। बुद्धि को तीव्र बनाकर यह मनुष्य को इस योग्य बनाता है कि प्रभु के इन वेदमन्त्ररूप काव्यों को यह अच्छी प्रकार देख पाता है—उन्हें समझने की योग्यतावाला

होता है। मन्त्र में कहते हैं—

हरिः-सब दुःखों, रोगों व मलों को हरनेवाला यह सोम **विश्वा आयुधा**-सब आयुधों को—इन्द्रियों, मन व बुद्धि को **तुञ्जा नः**-[तुञ्ज to guard] सुरक्षित करता हुआ और इस प्रकार **प्रियाणि**-हित के साधक **काव्या**-मन्त्ररूप काव्यों का **अभिचक्षाणः**-प्रकृति व आत्मा दोनों के दृष्टिकोण से देखता हुआ **अर्षति**-शरीर में गति करता है और **अभि अर्षति**-उस प्रभु की ओर चलता है।

इस सोमरक्षा का यह परिणाम होता है कि १. रोग नहीं घेरते (हरिः), २. इन्द्रियाँ सशक्त, मन निर्मल व बुद्धि तीव्र रहती है (तुञ्जाना आयुधा), ३. वेद मन्त्रों का ठीक अर्थ दृष्टिगोचर होता है, तत्त्वज्ञान प्राप्त होता है (काव्या चक्षाणः) और ४. जीव प्रभु की ओर गतिशील होता है (अभि अर्षति)।

भावार्थ—मैं सोम के हरित्व—सर्वदुःखहरणशीलता को समझूँ और दुःखों से ऊपर उठूँ।

ऋषिः—अवत्सारः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम का निवास वन में

१७६३. स मर्मृजान आयुभिरिभो राजेव सुव्रतः। श्येनो न वंसु षीदति॥ ३॥

सः-वह सोम **आयुभिः**-(इ गतौ) गतिशील पुरुषों से **मर्मृजानः**-शुद्ध किया जाता हुआ होता है। जो व्यक्ति सदा क्रियाशील हैं वे ही इस सोम की रक्षा कर पाते हैं। अकर्मण्य पुरुष पर वासनाओं का आक्रमण होता है और वासनाओं के मन में प्रविष्ट होने पर सोम की रक्षा सम्भव नहीं। यह सोम गतिशील पुरुषों की ही निधि बनता है। यह उसे **इभः**-[feerless power] निर्भीक, शक्ति का पुतला बनाता है। सोम का रक्षक सदा अभय होता है—कोई भी शक्ति उसे भयभीत नहीं कर सकती। **राजा इव**-यह सुरक्षित सोम राजा के समान होता है—जैसे राजा अपने शासन के परिपालन से चमकता है इसी प्रकार यह सोम अपराभूत आज्ञावाला होता है। सोमरक्षक की आज्ञा का कोई उल्लंघन नहीं करता। इसीलिए ही वेद में राजा के लिए ब्रह्मचर्य आवश्यक ठहराया है '**ब्रह्मचर्येण राजा राष्ट्रं वि रक्षति**'। **सुव्रतः**-यह सोम अपने रक्षक को उत्तम व्रतोंवाला बनाता है।

यह सोम तो **श्येनः न**-श्येन के समान होता है। वेद में श्येन का अर्थ घोड़ा है। जैसे घोड़ा हमें अपनी यात्रा की पूर्ति में सहायक होता है, उसी प्रकार यह सुरक्षित सोम हमें अपनी जीवन-यात्रा की पूर्ति में सहायक है।

यह सोम **सीदति**-सुरक्षित होकर स्थित होता है—अपना आसन ग्रहण करता है। किनमें? **वंसु**-वन् पुरुषों में। वन् के अर्थ निम्न हैं—

१. वन् (to honour, to worship)-प्रभु की पूजा करनेवालों में।

२. वन् (to aid)-दूसरों की सहायता करनेवालों में—लोकहित के कार्यों में लगे रहनेवालों में।

३. वन् (to sound)-प्रभु का नाम जपनेवालों अथवा पवित्र वाणियों का पठन करनेवालों में।

४. वन् (to be occupied) जो सदा कार्यों में लगे रहते हैं—खाली न रहनेवालों में। सदा क्रियाशीलता सोम रक्षा की बड़ी सहायक है।

५. वन् (to seek for)—प्रभु के खोजनेवालों में या प्रकृति के तत्त्वों के ज्ञान में लगे हुओं में।

६. वन् (to conquer)—इन्द्रियों के विजेताओं में।

७. वन् (to love) जो सभी से प्रेम करें, उनमें तथा
८. वन् (to desire) जो सोमरक्षा की प्रबल इच्छावाले हैं, उनमें।
भावार्थ—हम 'वन्' बनें, जिससे हममें सोम सुरक्षित हो।

ऋषिः—अवत्सारः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

द्युलोक व पृथिवीलोक के वसु

१७६४. स नो विश्वा दिवो वसूतो पृथिव्या अधि। पुनान इन्दवा भर॥ ४॥

अवत्सार अपनी प्रार्थना की समाप्ति पर कहता है कि इन्दो=हे सोम! तू सः=वह नः=हमें विश्वा वसु=सब धनों को चाहे वह दिवः=द्युलोक के हैं उत उ=और चाहे पृथिव्याः=पृथिवी के हैं उन्हें पुनानः=पवित्र करता हुआ अधि आभर=आधिक्येन प्राप्त करा।

यहाँ मन्त्र में प्रकारान्तर से वही बात फिर कही गयी है कि यह सोम १. द्युलोक के वसु को प्राप्त कराता है। द्युलोक मस्तिष्क है—और मस्तिष्क का वसु 'ज्ञान' है। सोम से बुद्धि तीव्र होती है—यह ज्ञानाग्नि का ईंधन है। इसकी रक्षा से मनुष्य तीव्र बुद्धि होकर तत्त्वज्ञान प्राप्त करता है। २. यह सोम पृथिवी के वसुओं को प्राप्त कराता है। पृथिवी 'शरीर' है—शरीर का वसु 'नीरोगता' है। सोम रोगों को शरीर में प्रवेश ही नहीं करने देता। इस प्रकार यह मानव-शरीर को सबल बनाता है। ३. पुनानः=यह सोम हृदय को पवित्र करता है, मन में अपवित्र भावनाएँ नहीं आ पाती।

इस प्रकार सोमरक्षा से शरीर नीरोग बनता है, मन निर्मल होता है और बुद्धि तीव्र होती है। ये ही वे वसु हैं जिन्हें सोम 'अवत्सार' को प्राप्त कराता है। इन्हें प्राप्त करके अवत्सार 'उत्तम निवासवाला' बनता है—उसका जीवन रमणीयतम बन जाता है।

भावार्थ—हम अवत्सार बनकर उत्तम जीवनवाले बनें।

इत्येकोनविंशोऽध्यायः, अष्टमप्रपाठकश्च समाप्तः॥

अथ विंशोऽध्यायः

नवमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

शक्ति व दिव्य गुण

१७६५. प्रास्य धारा अक्षरन् वृष्णः सुतस्यौजसः। देवाँ अनु प्रभूषतः ॥ १ ॥

प्रस्तुत ऋच का देवता-विषय 'सोम' है। शरीर के अन्दर यह आहार से रस-रुधिरादि के क्रम से उत्पन्न होता है। सुतस्य अस्य-उत्पन्न हुए-हुए इस सोम की धाराः-धारण शक्तियाँ प्र-प्रकर्षेण अक्षरन्-शरीर में प्रवाहित होती हैं। 'क्षर' धातु में केवल गति का भाव ही नहीं, गति के साथ मल को धो डालना—मल को दूर कर देने की भावना भी है। सोम की ये धाराएँ शरीर का धारण करती हैं—धारण करने का प्रकार यही है कि ये शरीर के मलों को नष्ट कर डालती हैं। मलों के नाश के द्वारा ये शरीर को नीरोग और बलवान् बनाती हैं, इसीलिए यहाँ सोम को वृष्णः-शक्ति देनेवाला कहा है। इस वीर्यरक्षा से पुरुष 'वृषा' बनता है। ओजसः-यह सोम पुरुष को 'ओजस्वी' बनाता है 'ओज् to increase'। यह उन्नति करनेवाला होता है। सोमरक्षा के द्वारा मनुष्य की सभी क्षेत्रों में उन्नति होती है। शरीर में वह नीरोग बनता है—मलों व रोगकृमियों के नाश से यह सोम उसे स्वस्थ बनाता है। देवान् अनु प्रभूषतः-दिव्य गुणों को क्रम से सजाते हुए इस सोम की धाराएँ हममें प्रवाहित होती हैं। दूसरे शब्दों में हमारा मन भी इस सोम के द्वारा निर्मल होता है। यह उत्तरोत्तर दिव्य गुणों से अलंकृत होता जाता है। देवता इसीलिए तो सोम-पान करते हैं। देवलोक सोम को शरीर में ही विलीन करने के लिए प्रयत्नशील होते हैं और परिणामतः नीरोग व निर्मल बन जाते हैं। यह नीरोग व निर्मल व्यक्ति शक्तिशाली होने से 'आङ्गिरस' कहलाता है और पवित्र मनवाला होने से सबके साथ प्रेमपूर्वक मिलने के कारण 'नृ-मेध' कहलाता है। यह सोम का पान ही हमें 'नृमेध आङ्गिरस' बना सकता है। सोमरक्षा के अभाव में हममें आसुर गुण पनपते हैं—हम स्वार्थी बन जाते हैं और देवपन से दूर हो जाते हैं।

भावार्थ—सोमरक्षा द्वारा हम अपने जीवनों को शक्तिशाली व दिव्य गुणालंकृत बनाएँ।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सोम का शोधन

१७६६. सप्तिं मृजन्ति वेधसो गृणन्तः कारवो गिरा। ज्योतिर्जज्ञानमुक्थ्यम् ॥ २ ॥

वैदिक साहित्य में 'सोम' का नाम 'सप्ति' भी है क्योंकि १. 'यह प्राप्त करने योग्य होता है' (सप् to obtain) और २. अपने अन्दर पीने योग्य होता है (सप् to sip)। वेधसः-बुद्धिमान् लोग सप्तिं मृजन्ति-सदा इस सोम का शोधन करते हैं, इसे शुद्ध रखते हैं। अपवित्र विचारों से या उष्ण भोजनों से इसमें किसी प्रकार का उबाल व विकार नहीं आने देते। जो सोम (क) ज्योतिः

जज्ञानम्-ज्ञान के प्रकाश को निरन्तर उत्पन्न कर रहा है। यह सोम ही ज्ञानाग्नि का ईंधन बनकर बुद्धि को सूक्ष्म करता है और ज्ञान की वृद्धि का कारण बनता है। (ख) उक्थ्यम्-यह सोम मनुष्य को उक्थों-प्रभु-स्तोत्रों में साधु बनाता है, अर्थात् सोमी पुरुष—सोम का पान करनेवाला पुरुष सदा प्रभु का भक्त होता है।

एवं, गत मन्त्र में सोमपान के लाभ 'वृष्णः, ओजसः' तथा 'देवां अनुप्रभूषतः' शब्दों में व्यक्त करते हुए कहा था कि यह शरीर को सबल व नीरोग बनाता है तथा मन को दिव्य गुणों से अलंकृत करता है। प्रस्तुत मन्त्र में स्पष्ट किया गया है कि यह सोम, सोमपान करनेवाले के अन्दर ज्ञान के प्रकाश को बढ़ाता है तथा उसे प्रभु का स्तवन करनेवाला बनाता है। एवं, यह 'सोमपान' मानव जीवन के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण घटना है। इस सोमपान के साधन निम्न शब्दों से स्पष्ट हैं—

गृणन्तः-प्रभु के नाम का उच्चारण करते हुए, २. कारवः-(कारुः शिल्पनि कारके) प्रत्येक वस्तु को कलापूर्ण ढंग से करनेवाले लोग, ३. गिरा-वेदवाणी के द्वारा उस सोम का पान करते हैं।

(क) प्रभु के नाम का उच्चारण सोमपान का प्रथम साधन है। जहाँ प्रभु का नाम उच्चरित होता है वहाँ 'काम' का संचार नहीं होता, अतः यह सोमरक्षा का सर्वप्रथम साधन है। वासनाविजय विष्णु-कीर्तन से होनी है।

(ख) जब तक मनुष्य कर्मों में लगा रहता है, वह वासनाओं का शिकार नहीं होता। कर्मों में कुशलता 'वासना-संहार' में भी मनुष्य को कुशल बना देती है।

(ग) मनुष्य जब वेदाध्ययन में लगता है तब सोम ज्ञानाग्नि का ही ईंधन बनता चलता है और अपव्ययित नहीं होता।

संक्षेप में, गृणन्तः-उपासना, कारवः-कर्म तथा गिरा-ज्ञान। एवं, उपासना, कर्म व ज्ञान में लगे रहना ही सोमरक्षा का साधन है। सोम का सद् व्यय हो जाने पर अपव्यय का प्रश्न ही नहीं रह जाता।

भावार्थ—हम बुद्धिमान् बनें और 'ज्ञान, कर्म व उपासना' द्वारा सोम की रक्षा में समर्थ हों जिससे हममें और अधिक ज्ञान का प्रकाश हो तथा हम प्रभु-स्तवन में प्रवृत्त हों।

ऋषिः—नृमेध आङ्गिरसः॥ देवता—पवमानः सोमः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

आनन्द की वृद्धि (आनन्द-समुद्र में ज्वारभाटा)

१७६७. सुषहा सोम तानि ते पुनानाय प्रभूवसो। वर्द्धा समुद्रमुक्थ्य॥ ३॥

प्रस्तुत मन्त्र में सोम को 'प्रभूवसो' कहा है कि यह 'प्रभावजनक वसु' वाला है—सब रोगों को आधि-व्याधियों को—समाप्त करके यह मनुष्य का शरीर में उत्तम वास करनेवाला है। यह 'उक्थ्य' है—मनुष्य को प्रभु स्तवन में उत्तम बनाता है। इस सोम से कहते हैं कि पुनानाय ते-पवित्र करनेवाले तेरे लिए तानि-वे सब मानव-जीवन की प्रगति में आनेवाले विघ्न सुषहा-सुगमता से सहने योग्य हैं। चाहे शरीर के रोग हैं—चाहे मानस रोग हैं—सोम उन सभी को समाप्त कर देता है और हमें जीवन-पथ पर आगे बढ़ने के योग्य बनाता है।

यह सोम हमारे जीवन में समुद्रम्-सदा आनन्द से पूर्ण प्रभु को वर्द्धा-बढ़ाता है, अर्थात् सब प्रकार से नीरोग होकर यह मनुष्य भी प्रसन्न-cheerful मनोवृत्ति का बनता है और इस प्रकार उस समुद्र—आनन्द के सागर प्रभु के आनन्दकणों की अपने अन्दर अभिवृद्धि कर रहा होता है।

जीवन में आनन्द की वृद्धि का कार्यक्रम स्पष्ट है कि मनुष्य १. सोमरक्षा के द्वारा, २. रोग-

बीजों को नष्ट कर स्वस्थ बनें, ३. मानस पवित्रता का सम्पादन करके अपने निवास को उत्तम बनाये, ४. प्रभु के स्तवन की वृत्तिवाला हो और ५. अपने जीवन में आनन्द की अभिवृद्धि करे।

भावार्थ—सोम मेरे आनन्द को उसी प्रकार बढ़ानेवाला हो जैसे सोम (चन्द्र) से समुद्र में ज्वार आ जाता है।

सूक्त—२

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—द्विपदागायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ब्रह्मा

१७६८. एष ब्रह्मा य ऋत्वियऽइन्द्रो नाम श्रुतो गृणे॥ १॥

मनुष्य ने सोमरक्षा के द्वारा अपने जीवन में आगे और आगे बढ़ना है। तमोगुण से रजोगुण में, रजोगुण से सत्त्वगुण में, सत्त्वगुण में भी निकृष्ट सत्त्व से मध्यम सत्त्व में और मध्यम सत्त्व से उत्तम सत्त्व में उसने पहुँचना है। उत्तम सत्त्वगुण में भी यदि वह प्रथम स्थान में स्थित होता है तो यह उसकी इस मानव-जीवन में उन्नति की पराकाष्ठा होती है—एषः ब्रह्मा=यह 'ब्रह्म'=बढ़ा हुआ होता है। उसने उन्नति करते-करते यहीं तक तो पहुँचना था—अब यह 'ब्रह्म-प्राप्ति' का अधिकारी बन चुका। ब्रह्मा ही तो ब्रह्म को प्राप्त करता है। यही 'देवानां प्रथमः'=सब देवों में प्रथम स्थान में स्थित होता है।

अब प्रश्न यह है कि 'ब्रह्मा' बनता कौन है? इसका उत्तर मन्त्र में इस प्रकार देते हैं कि—१. यः ऋत्वियः=जो ऋतु-ऋतु के अनुकूल कार्य करनेवाला होता है। जिसका जीवन ऋतमय होता है—एकदम सूर्यचन्द्र की भाँति नियमित (regular) जीवनवाला ही ब्रह्मा बनता है। २. इन्द्रः=जो इन्द्र बनता है, अर्थात् इन्द्रियों का अधिष्ठाता होता है। जो इन्द्रिय-वासनाओं का शिकार नहीं होता ३. नाम=जो मन में सदा नमन की वृत्तिवाला होता है, जो अभिमान को अपने से दूर रखता है। ४. श्रुतः=(श्रुतमस्यास्ति इति)—जो शास्त्र के श्रवण की रुचिवाला ज्ञानी होता है। संक्षेप में जो जीवन के दैनिक कार्यक्रम में बड़ा नियमित है, इन्द्रियों का गुलाम नहीं, विनीत है, जो शास्त्रों का पारद्रष्टा बना है, वही ब्रह्मा कहलाता है।

प्रभु कहते हैं कि गृणे=इस ब्रह्मा की मैं प्रशंसा करता हूँ। योग्य बनने पर पुत्र पिता से प्रशंसा व उत्साह प्राप्त करता है। ब्रह्म से यह ब्रह्मा क्यों न प्रशंसा पाएगा। हम भी इन सुन्दर दिव्य गुणों से अपने जीवन को अलंकृत करके प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'वामदेव' बनें।

भावार्थ—ब्रह्मा बनकर हम ब्रह्म से आदृत हों।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—द्विपदा गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बद्ध पुरुष

१७६९. त्वामिच्छवसस्पते यन्ति गिरो न संयतः॥ २॥

ब्रह्मा का ठीक विपरीत=opposite बद्ध पुरुष है। ब्रह्मा उन्नति के शिखर पर है तो यह बद्ध पुरुष अवनति के गर्त में गिरा है। नाना प्रकार के विषयों ने इसे अपने जाल में जकडा हुआ है। यह दुनियाभर के विषयों का ध्यान करता है, परन्तु प्रभु का स्मरण नहीं करता। यह विषयों से बुरी तरह से जकड़ा जा चुका है, अतः 'संयत' हो गया है। इस संयतः=विषयों से बद्ध पुरुष की गिरः=वाणियाँ त्वाम्=हे प्रभो! तेरे प्रति इत्=निश्चय ही न यन्ति=नहीं जातीं, यह कभी तेरा स्मरण नहीं करता।

शवसस्पते=हे सब बलों के स्वामिन् प्रभो! आपका स्मरण करता हुआ मैं जितना-जितना आपके सम्पर्क में आता हूँ उतना-उतना ही अपने अन्दर शक्ति का अनुभव करता हूँ, परन्तु जब इस चमकीली प्रकृति—मोहक विषयों से मुग्ध बना हुआ मैं आपको भूल जाता हूँ और मेरी वाणी कभी आपका स्मरण नहीं करती तो मैं आपसे दूर हो जाता हूँ और शक्ति के स्रोत से सम्बन्ध विच्छिन्न हो जाने से उत्तरोत्तर निर्बल होता जाता हूँ। मेरे जीवन के आनन्द की ज्योति भी टिमटिमाहट के बाद बुझ जाती है।

अतः प्रभो! आप कुछ ऐसी कृपा करो कि मैं 'शवसस्पति' आपका स्मरण करूँ और आपके सम्पर्क में आकर शक्ति व आनन्द का लाभ करनेवाला बनूँ।

भावार्थ—मैं ब्रह्मा बनूँ न कि बद्ध। मेरी वाणियाँ सदा प्रभु का गायन करें।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—द्विपदा गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

बन्धनों का खण्डन

१७७०. वि स्रुतयो यथा पथ इन्द्र त्वद् यन्तु रातयः॥ ३॥

गत मन्त्र में विषयों से बद्ध एक पुरुष अन्ततोगत्वा अपनी दुर्गति को अनुभव करता हुआ प्रभु से कहता है कि हे प्रभो! सब बलों के पति 'शवसस्पति' तो आप ही हैं। आपसे दूर होकर मैं तो सब शक्ति खो बैठा हूँ—मेरे आनन्द की ज्योति भी बुझ गयी है। मुझे अब क्या करना चाहिए? मेरे उद्धार का मार्ग क्या है? प्रभु उत्तर देते हैं कि—

इन्द्र=हे इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! तू यह मत भूल कि तू 'इन्द्र' है—'इन्द्रियों का अधिष्ठाता है, न कि दास'। अब तू ऐसा प्रयत्न कर कि रातयः=दान त्वत्=तुझसे यन्तु=इस प्रकार चलें—प्रवाहित हों यथा=जैसे पथः=मार्ग से विस्रुतयः=विविध पर्वतीय जल-प्रवाह बहते हैं। ये जल-प्रवाह किस प्रकार चट्टानों को भी कुरेद कर अपना रास्ता बनाते हुए आगे बढ़ते जाते हैं, उसी प्रकार तेरे ये दान-प्रवाह भी तेरे जीवन-मार्ग में आई हुई इन विषय-चट्टानों को कुरेद कर तुझे आगे बढ़ा ले-चलेंगे। दान का अर्थ देना ही तो नहीं है; देने के साथ 'दो अवखण्डने' से बनकर 'दान' शब्द खण्डन की भावना को भी व्यक्त करता है। ये दान तेरे बन्धनों का सचमुच खण्डन करेंगे। विषय-वृक्ष के मूलभूत लोभ पर ही यह दान कुठाराघात करता है और 'दैप् शोधने' शुद्ध बना देता है। एवं, बन्धनों से बचने का या उत्पन्न बन्धनों के खण्डन का उपाय एक ही है—"दान", अतः प्रस्तुत मन्त्र में प्रभु की ओर से जीव को दान की प्रेरणा की गयी है। जितना-जितना हम इस प्रेरणा को सुनेंगे व अनुष्ठान में लाएँगे उतना-उतना ही बद्ध न रहकर ब्रह्मा बनने के लिए अग्रसर होंगे।

भावार्थ—मैं 'दान' का अविकल पाठ पढ़नेवाला बनूँ, जिससे बद्ध स्थिति से ब्रह्मा की स्थिति में पहुँच सकूँ।

सूक्त-३

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (अनुष्टुप्)॥ स्वरः—गान्धारः॥

विश्वेश, न कि विषय

१७७१. आ त्वा रथं यथोतये सुम्नाय वर्तयामसि।
तुविकूर्मिमृतीषहमिन्द्रं शविष्ठ सत्पतिम्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'प्रियमेध'-'जिसको बुद्धि प्रिय है', वह प्रभु से कहता है कि हे शविष्ठ-

सर्वाधिकशक्तिमन् प्रभो! हम त्वा=आपको ही अपनी इस जीवन-यात्रा के रथं आवर्तयामसि=रथ के रूप में वर्त्तते हैं, जिससे यथोतये=यथायोग्य रक्षण होता रहे और हम सुम्नाय=सुखमय स्थिति को प्राप्त कर सकें। प्रभु 'शविष्ठ' है, उन्हें अपने रथ का सारथि बनाकर मैं अपनी शक्ति को कितना ही अधिक बढ़ा लेता हूँ। उस समय वासनाओं के आक्रमणों की आशंका नहीं रह जाती। मेरा यह रथ ठीक सुरक्षित बना रहता है और परिणामतः मेरा जीवन सुखी होता है।

मैं उस प्रभु को अपने जीवन-रथ का सारथि बनाता हूँ जो—

१. तुविकूर्मिम्=महान् कर्म करनेवाले हैं। अब मैं भी तो अपने जीवन में कोई-न-कोई महान् कर्म ही कर पाऊँगा।

२. ऋतीषहम्=जो दुर्गति का पराभव करनेवाला है। प्रभु की शरण में आ जाने पर किसी प्रकार की दुर्गति तो अब सम्भव ही नहीं है।

३. इन्द्रम्=वे प्रभु परमैश्वर्यशाली हैं—उन्हीं को अपना रथ बना लेने से मैं भी तो उस परमैश्वर्य का पानेवाला बनता हूँ।

४. सत्पतिम्=वे प्रभु सज्जनों के रक्षक हैं। प्रभु को जीवन-रथ बनाने पर सत्य की अभिवृद्धि तो मुझमें होगी ही और परिणामतः मैं प्रभु की रक्षा का पात्र अवश्य बनूँगा।

विश्वेश को अपना लेने पर किसी आवश्यक विषय की कमी का तो प्रश्न ही नहीं रह जाता। व्यर्थ की चिन्ताओं से ऊपर उठा हुआ जीवन आनन्दमय बनता चलता है।

भावार्थ—मेरी जीवन-यात्रा प्रभु-निर्भर होकर चले।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (गायत्री)॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रियमेध का प्रभु-स्तवन

१७७२. तुविशुष्म तुविक्रतो शचीवो विश्वया मते। आ पप्राथ महित्वना॥ २॥

प्रियमेध प्रभु को ही जीवन-यात्रा का रथ बनाता है और आराधना करता है कि १. तुविशुष्म=हे प्रभो! आप 'अनन्त बल' हो। शत्रुओं का शोषण करनेवाला बल 'शुष्म' है। वे अनन्त शुष्मवाले प्रभु स्मरण किये जाने पर मेरे कामादि शत्रुओं का भी तो शोषण कर देते हैं। २. तुविक्रतो=आप महान् प्रज्ञान, संकल्प व कर्मवाले हैं। मैं आपको अपना रथ बनाता हूँ, तो इन प्रज्ञान, कर्म व संकल्पों के अंश का अपने में दोहन करनेवाला बनता हूँ। ३. शचीवः=वेदवाणीवाले! आपको अपनाते ही मुझे भी यह वेदवाणी प्राप्त होने लगती है। ४. विश्वया मते=आप सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को प्राप्त करनेवाली बुद्धिवाले हो। आपका आराधक भी अपनी मति का आधार सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को बनाता है। वह अपने निश्चय विश्वहित के दृष्टिकोण से करता है। ५. महित्वना आपप्राथ=हे प्रभो! आप अपनी महिमा से सर्वत्र फैले हुए हो। आपको अपना रथ बनाने पर मैं भी महान् बनने का प्रयत्न करता हूँ। इस महत्त्व ने ही तो मेरे मन के सारे मैल को धोना है। उदारता व विशालता ही मेरे हृदय को पवित्र करेगी। पवित्र जीवनवाला मैं सचमुच 'प्रिय-मेध' होऊँगा। अपवित्रता में ही ज्ञानातिरिक्त वस्तुएँ प्रिय हुआ करती हैं।

भावार्थ—मेरा प्रभुस्तवन इन शब्दों में हो—हे प्रभो! आप अनन्तबल हो, महान् प्रज्ञान, कर्म व संकल्पवाले हो। आप वेदवाणी के पति हो, व्यापक मतिवाले हो और अपनी महिमा से सर्वत्र व्याप्त हो। यह प्रभु-स्तवन मेरे जीवन को भी एक प्रबल प्रेरणा प्राप्त कराए।

ऋषिः—प्रियमेधः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—आनुष्टुभः प्रगाथः (गायत्री)॥ स्वरः—षड्जः॥

व्यापक व प्रकाशमय क्रिया

१७७३. यस्य ते महिना महः परि ज्मायन्तमीयतुः। हस्ता वज्रं हिरण्ययम्॥ ३॥

प्रियमेध कहता है कि हे प्रभो! मैं उन आपका स्मरण करता हूँ महिना महः-महिमा से महान् यस्य ते-जिस आपके हस्ता-हाथ परिज्मायन्तम्-चारों ओर सम्पूर्ण पृथिवी को अपनानेवाले हिरण्ययम्-ज्योतिर्मय वज्रम्-क्रियाशीलता को (वज गतौ) ईयतुः-प्राप्त होते हैं।

प्रभु की महिमा महान् है। जितना-जितना मैं संसार में भ्रमण करता हूँ, उतना-उतना आपकी महिमा से मेरा मन प्रभावित होता है। मेरी दृष्टि में आप अधिक और अधिक महान् होते जाते हैं। आपके हाथ निरन्तर क्रियाशील हैं—आपकी क्रिया स्वाभाविक है—वह किसी निजी प्रयोजन को लेकर नहीं हो रही। आपकी सारी क्रियाएँ जीवहित के लिए हैं। वे क्रियाएँ सारी पृथिवी को व्यापनेवाली हैं। उन क्रियाओं में बुद्धिमत्ता व प्रकाश झलक रहा है। आपकी क्रियाएँ सर्वव्यापक और प्रकाशमय हैं। आपकी एक-एक क्रिया आपकी महिमा को प्रकट कर रही है। आपकी एक-एक रचना को देखकर मैं आश्चर्य-निमग्न हो जाता हूँ। आपकी प्रत्येक रचना बुद्धिमत्ता से परिपूर्ण प्रतीत होती है।

भावार्थ—मैं आपकी रचना को बारीकी से देखूँ और आपकी महिमा का अनुभव करूँ। इस महिमा के दर्शन से प्रेरित होकर मैं भी अपनी क्रियाओं को व्यापक व प्रकाशमय बनाऊँ।

सूक्त-४

ऋषिः—दीर्घतमा औचथ्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—विराडुष्णिक्॥ स्वरः—पञ्चमः॥

शतात्मा

१७७४. आ यः पुरं नार्मिणीमदीदेदत्यः कविर्नभन्यो३ नार्वा।
सूरो न रुरुक्वाञ्छतात्मा॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र में 'शतात्मा' का उल्लेख है—जो केवल अपने को ही 'मैं' नहीं समझता अपितु सभी में आत्मबुद्धि करके जो अनन्त आत्माओंवाला हो गया है—"अयुतोऽहं सर्वः"-मैं औरों से पृथक् थोड़े ही हूँ 'अयुतो म आत्मा'-मेरा आत्मा औरों से अपृथक् है, ऐसा ही यह सदा चिन्तन करता है। इसका चित्रण निम्न शब्दों में हुआ है—

१. यः-जो नार्मिणीम्-क्रीड़ाओं की स्थली sport, pastimes बनी इस पुरम्-शरीररूप पुरी को आ अदीदेत्-समन्तात् दीप्त करता है, न मन में, न बुद्धि में ही मलिनता रहने देता है। यह शतात्मा ज्ञान की ज्योति से मस्तिष्क को उज्ज्वल करता है और मन को पवित्र करता है।

२. अत्यः-(अत् सातत्यगमने) यह निरन्तर गमन में लगा रहता है—सतत क्रियाशील होता है। यह कभी अकर्मण्य नहीं होता।

३. कविः-यह क्रान्तदर्शी है—वस्तुओं के स्वरूप व तत्त्व को जानने का प्रयत्न करता है—उनकी आपात रमणीयता में नहीं उलझ जाता।

४. नभन्यः-यह आकाश का होता है—पार्थिव नहीं, अर्थात् यह लक्ष्य की दृष्टि से एक ऊँची उड़ान लेता है, पार्थिव भोगों में नहीं फँसा रहता।

५. न अर्वा=पार्थिव भोगों में न फँसा होने के कारण ही यह हिंसा की वृत्तिवाला नहीं होता (अर्व हिंसायाम्)। यह औरों का घातपात करके अपने भोगों को बढ़ाए, इसकी ऐसी वृत्ति कभी नहीं होती।

६. सूरो न रुरुक्वान्=हिंसा की वृत्ति से ऊपर उठने का ही यह परिणाम होता है कि यह निरन्तर सूर्य की भाँति चमकता है। प्रभु 'आदित्यवर्ण' हैं—यह प्रभु के समीप पहुँचता हुआ उन-जैसा ही बनता चलता है।

७. शतात्मा=और अन्त में यह 'शतात्मा' बन जाता है। सबमें एकत्व देखता हुआ यह अनेक हो जाता है। इसका सब मोह=अज्ञानान्धकार=तम दूर हो चुका है, इसी से यह 'दीर्घतमा' नामवाला हो गया है।

भावार्थ—मैं शतात्मा बनूँ।

ऋषिः—दीर्घतमा औचथ्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—भुरिगुष्णिक्॥ स्वरः—पञ्चमः॥

द्विजन्मा

१७७५. अभि द्विजन्मा त्री रोचनानि विश्वा रजांसि शुशुचानो अस्थात्।
होता यजिष्ठो अपां सधस्थे॥ २॥

उसी शतात्मा का वर्णन आगे चल रहा है—

१. द्विजन्मा=विज्ञान के नक्षत्रों व ज्ञान के सूर्य से अपने जीवन को प्रकाशमय बनाकर यह 'द्विजन्मा' बना है। माता-पिता से इसे भौतिक जन्म प्राप्त हुआ था। आज ज्ञान की ज्योति से जगमग होकर उसे 'अध्यात्म जीवन' मिला है। इस प्रकार यह दो जन्मोंवाला हुआ है।

२. त्री रोचनानि=इसके शरीर, मन व बुद्धि तीनों ही दीप्त हैं, शरीर स्वास्थ्य की दीप्तिवाला है, मन नैर्मल्य की दीप्ति से दीप्त है और बुद्धि ज्ञान की ज्योति से जगमगा रही है। भौतिक जीवन में ही रोग, राग-द्वेष व मोह निवास करते हैं। अध्यात्म जीवन में शरीर रोगों से रहित है, मन राग-द्वेष से ऊपर है और बुद्धि मोह को लाँघ गयी है। इस प्रकार इस दीर्घतमा व द्विजन्मा के शरीर, मन व बुद्धि तीनों ही चमक उठे हैं।

३. अब शुशुचानः=ज्ञान-ज्योति से दीप्त होता हुआ यह विश्वा=शरीर के अन्दर प्रविष्ट हो जानेवाले रजांसि=रजोविकारों को, वासनाओं को अभि अस्थात्=पाँवों तले रौंद देता है, उनपर आक्रमण करके उन्हें जीत लेता है।

४. होता=रजोविकारों को जीतकर यह 'होता' बनता है। लोकहित के लिए यह 'तन, मन व धन' को देनेवाला होता है।

५. यजिष्ठः=यह सबके साथ सङ्गतीकरण करनेवाला होता है (यज्=सङ्गतीकरण) लोकहित करनेवाले को मिलकर चलना ही होता है।

६. अपां सधस्थे=यह कर्मों के साथ व प्रजाओं के साथ (आपः=कर्माणि, प्रजा वा) एक स्थान में स्थित होता है। यह लोगों को निकृष्ट स्थिति में देख, उनसे घृणा कर, उनसे दूर नहीं भाग जाता। उन्हीं के बीच में रहता हुआ उनकी स्थिति को उत्कृष्ट बनाने का यत्न करता है। स्वयं आप्तकाम होता हुआ भी लोगों के हित के लिए निरन्तर कर्म में लगा रहता है।

भावार्थ—मैं अध्यात्म जीवन को प्राप्त करके 'द्वि-जन्मा' बनूँ।

ऋषिः—दीर्घतमा औचथ्यः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—निचृदुष्णिक् ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

होता

१७७६. अयं स होता यो द्विजन्मा विश्वा दधे वार्याणि श्रवस्या।
मर्तो यो अस्मै सुतुको ददाश ॥ ३ ॥

पिछले मन्त्र के द्विजन्मा के लिए ही कहते हैं कि—

१. यः द्विजन्मा=जो ज्ञानज्योति को प्राप्त करके 'द्विजन्मा' बनता है अयं सः=वह यह होता=सदा प्राजापत्य यज्ञ में अपने सर्वस्व की आहुति देनेवाला होता है।

२. यह सर्वस्व की आहुति देनेवाला होता विश्वा=सब वार्याणि=वरणीय पदार्थों को दधे=धारण करता है। होता बनने से इसके अपने जीवन में कोई कमी थोड़े ही आ जाती है। कमी आना तो दूर रहा, यह सब वरणीय=चाहने योग्य आवश्यक पदार्थों को धारण करनेवाला होता है।

३. यह वरणीय पदार्थों को प्राप्त करता है, और साथ ही श्रवस्या=(श्रवस्यं=fame, बहु वचन में श्रवस्यानि=श्रवस्या) कीर्तियों का लाभ करता है। होता न बनता और अन्याय से अर्थ-संचयों में लगा रहता तो शायद धनों को तो जुटा लेता, परन्तु कोई कीर्ति प्राप्त न करता। होता बनने से वार्य वस्तुएँ भी मिलती हैं और यश भी।

४. यह होता वह मर्तः=व्यक्ति है यः=जो अस्मै=(अव या अत से ड प्रत्यय करके 'अव' बना है) उस सर्वरक्षक व सातत्य गमनवाले प्रभु के लिए ददाश=अपने को अर्पित करनेवाला होता है और परिणामतः सुतुकः=उत्तम सन्तान व उत्तम वृद्धिवाला होता है (तुच्=सन्तान, वृद्धि)।

जो व्यक्ति सचमुच दीर्घतमा बनता है—अपने अज्ञानान्धकार को दूर करता है वह 'शतात्मा, द्विजन्मा, व होता' होता है और सचमुच सब वरणीय पदार्थों, यश, उत्तम सन्तति व समृद्धि को प्राप्त करनेवाला होता है।

भावार्थ—हम होता बनकर वार्य पदार्थों, कीर्तियों व समृद्धियों के पात्र बनें।

सूक्त-५

ऋषिः—वामदेवः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—पदपङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

व्यापकता व क्रियाशीलता

१७७७. अग्ने तमद्याश्वं न स्तोमैः क्रतुं न भद्रं हृदिस्पृशम्।
ऋध्यामा त ओहैः ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि वामदेव कहता है कि अग्ने=हे सर्वोन्नतियों के साधक अग्रेणी प्रभो! अश्वं न=व्यापकता के अनुसार और क्रतुं न=संकल्प व क्रियाशीलता के अनुसार भद्रम्=कल्याण करनेवाले तम्=उन आपको अद्य=आज स्तोमैः=स्तुतियों से हम ऋध्याम=बढ़ाते हैं। मनुष्य की मनोवृत्ति जितनी व्यापक होगी, जितना वह क्रियाशील होगा उतना ही उसका कल्याण होगा। 'व्यापकता व क्रियाशीलता' इन दो तत्त्वों का अपनाना नितान्त आवश्यक है। हे प्रभो! आप तो हृदिस्पृशम्=प्रतिक्षण मेरे हृदय को छूनेवाले हो। मैं अच्छा कर्म करूँ तो उत्साह, बुरा करूँ तो 'भय शंका व लज्जा' के देनेवाले हो। आपसे निरन्तर प्रेरणा प्राप्त करता हुआ मैं अपने जीवन में अधिकाधिक व्यापक मनोवृत्तिवाला तथा क्रियाशील बनूँ।

मैं उन स्तोमों से आपका स्तवन करूँ जो ते ओहैः=आपको प्राप्त करानेवाले हैं। आपकी स्तुतियों से मेरे हृदय में भी एक प्रेरणा उत्पन्न होती है—आप 'हृदिस्पृक्' तो हैं ही। उन प्रेरणाओं से प्रेरित होकर मैं जिस मार्ग पर चलता हूँ वह मार्ग मुझे आपके अधिक और अधिक समीप प्राप्त कराता है। मैं भी आपके समान 'दयालु व न्यायकारी' बनने का प्रयत्न करता हूँ और जितने अंश में बन पाता हूँ उतना आपके समीप हो जाता हूँ।

'आपकी प्रत्येक क्रिया किस प्रकार व्यापक है' यह विचार करता हुआ मैं भी अपनी क्रियाओं में व्यापकता लाने का प्रयत्न करता हूँ और जिस प्रकार आप स्वाभाविक रूप से क्रियाशील हैं उसी प्रकार मैं भी अपनी क्रियाओं में स्वाभाविकता लाने का प्रयत्न करता हूँ—क्रिया मेरा स्वभाव हो जाता है। अकर्मण्यता मेरे पास नहीं फटकती। अकर्मण्यता में पनपनेवाले अवगुणों को समाप्त कर मैं अपने को 'वामदेव'=सुन्दर दिव्य गुणोंवाला बना पाता हूँ।

भावार्थ—मेरी मनोवृत्ति व्यापक हो, मेरे हाथ सदा सुकर्मों में व्यापृत हों।

ऋषिः—वामदेवः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—पदपङ्क्तिः॥ स्वरः—पञ्चमः॥

वामदेव के जीवन की तीन बातें

१७७८. अधा ह्यग्ने क्रतोर्भद्रस्य दक्षस्य साधोः। रथीर्ऋतस्य बृहतो बभूथ॥ २॥

वामदेव कहता है—हे प्रभो! मैं आपके प्रापक स्तोमों से आपको बढ़ाता हूँ अधा हि=और तब निश्चय से हे अग्ने=मेरी उन्नति के साधक प्रभो! आप मेरे जीवन में निम्न तीन बातों के रथीः=नेता व प्रापक बभूथ=होते हो—

१. भद्रस्य क्रतोः=सर्वप्रथम मुझे 'भद्रक्रतु'=शिवसंकल्प व शुभ क्रियाशीलता को प्राप्त कराते हैं। मेरे हृदय में अशिव संकल्प कभी नहीं उठता और मेरा जीवन सदा शुभ क्रियाओं से ओत-प्रोत रहता है।

२. साधोः दक्षस्य=मेरा जीवन दक्षता dexterity=चतुरता से व्याप्त होता है, परन्तु यह चतुरता साधु की होती है, असाधु की नहीं—cleverness न कि cunningness चतुरता न कि चालाकी, कुशलता न कि कपटता। मैं अब किसी भी कार्य को अनाड़ीपन से नहीं करता।

३. बृहतः ऋतस्य=वृद्धि के साधनभूत ऋत=नियमितता=regularity को आप मुझमें बढ़ाते हैं। सूर्य और चन्द्रमा की गतियों के समान मेरा जीवन नियमित गति से चलता है। मैं प्रत्येक क्रिया को ठीक समय पर व ठीक स्थान पर करता हूँ।

उल्लिखित मन्त्र के शब्दों से यह स्पष्ट है कि प्रभुभक्त १. शुभ कर्म संकल्पों व शुभ क्रियाओंवाला होता है, २. वह उन क्रियाओं को साधु पुरुष की दक्षता के साथ करता है, और ३. उसकी प्रत्येक क्रिया ठीक समय पर व ठीक स्थान पर होती है।

मन्त्र के 'साधोः' शब्द पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रभुभक्त कार्यों को कुशलता से करता है। इसकी यह कुशलता सदा कार्यों को सिद्ध करनेवाली होती है (साध्नोति)। यह तोड़-फोड़ की ओर झुकाव नहीं रखता।

भावार्थ—शुभ संकल्प, साधु दक्षता व बृहत् ऋत को अपनाकर मैं 'वामदेव' बनूँ और अपने को सच्चा प्रभुभक्त प्रमाणित करूँ।

ऋषिः—वामदेवः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—पदपङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

सुमनाः (उत्तम मनवाला)

१७७९. एभिर्नो अर्कैर्भवा नो अर्वाङ् स्वा३र्ण ज्योतिः ।
अग्ने विश्वेभिः सुमना अनीकैः ॥ ३ ॥

हे प्रभो ! नः=हमारे एभिः=इन अर्कैः=स्तुतिमन्त्रों से, अर्चना-साधनभूत स्तोत्रों से आप नः=हमारे अर्वाक्-समीप व सम्मुख भव=होओ । हे प्रभो ! आप तो स्वः न ज्योतिः=सूर्य के समान ज्योतिर्मय हैं । जब भक्त अपने सत्य स्तोत्रों से प्रभु को अपने सम्मुख कर पाता है तब वह यही तो अनुभव करता है कि ये प्रभु सूर्य के समान ज्योतिर्मय हैं । वेद प्रभु को 'आदित्यवर्णम्'—सूर्य के समान वर्णवाला कहते हैं ।

हे अग्ने=मुझे आगे ले-चलनेवाले प्रभो ! विश्वेभिः अनीकैः=आप इन सब तेजों से (अनीक=splendour) सुमनाः=मुझे उत्तम मनवाला कीजिए । एक भक्त प्रभु का स्तवन करता है, सूर्य के समान ज्योतिर्मयरूप में उसे देखता है और प्रभु के तेज से उसके मन के सब मैल भस्म होकर उसका मन पवित्रता से चमक उठता है । 'प्रभु का तेज चमके और हृदय अपवित्र रहे' यह कभी सम्भव है ? भक्त प्रभु का स्तवन करता है, प्रभु उसके हृदयान्धकार को दूर करके उसके मन को ज्योतिर्मय करते हैं और भक्त 'सुमनाः' हो जाता है ।

भावार्थ—प्रभु-स्तोत्रों के गायन से मनुष्य 'सुमनाः' बनता है ।

सूक्त-६

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः ॥ देवता—अग्निरश्विनावुषाश्च ॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती) ॥ स्वरः—मध्यमः ॥

'अग्नि, अमर्त्य व जातवेद'

१७८०. अग्ने विवस्वदुषसश्चित्रं राधो अमर्त्य ।
आ दाशुषे जातवेदो वहा त्वमद्या देवाँ उषर्बुधः ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र में प्रस्कण्व प्रभु को 'अग्ने, अमर्त्य तथा जातवेदः' शब्दों से सम्बोधित करता है । वे प्रभु अग्निः=सब प्रकार की अग्रगति के साधक हैं—अमर्त्य=किसी भी चीज के पीछे मरनेवाले नहीं हैं, अर्थात् कहीं भी आसक्त नहीं हैं, क्योंकि जातवेदः=वे प्रत्येक उत्पन्न पदार्थ के तत्त्व को जानते हैं । इस प्रकार प्रभु का स्मरण करता हुआ प्रस्कण्व यह समझता है कि उसके जीवन का लक्ष्य भी निरन्तर उन्नति करना है, उस उन्नति के लिए आवश्यक है कि वह किसी भी वस्तु के पीछे अत्यन्त आसक्त न हो जाए और इस आसक्ति से बचने के लिए वह अपने ज्ञान को निरन्तर बढ़ाने में लगा रहे, इसीलिए वह प्रार्थना करता है कि आप उषसः=अज्ञानान्धकार के विवस्वत्=निवर्तक चित्रं राधः=(चित्-ज्ञान) ज्ञान प्राप्त करानेवाले बुद्धिरूप धन को दाशुषे=मुझ आत्मसमर्पण करनेवाले के लिए आवह=प्राप्त कराइए । इस ज्ञान-धन को प्राप्त कराने के लिए ही त्वम्=आप अद्य=आज ही उषर्बुधः=प्रातःकाल जागरणशील अथवा आज्ञानान्धकार से जागरित हो चुके देवान्=प्रकाशमय और प्रकाश को प्राप्त करानेवाले देवों को आवह=प्राप्त कराइए । इन देवों के सम्पर्क में आकर ही तो मैं ज्ञान प्राप्त कर पाऊँगा, ज्ञान प्राप्त करने पर ही मेरी आसक्ति समाप्त होगी और मैं उन्नति-पथ

पर आगे बढ़नेवाला बनूँगा। प्रभु अपने भक्तों की रक्षा इसी प्रकार तो करते हैं कि वे उन्हें देवों का सङ्ग प्राप्त कराते हैं। विद्वानों के सम्पर्क के द्वारा वे उन्हें वह बुद्धि प्राप्त कराते हैं जो उन्हें ज्ञानधन देकर 'प्रस्कण्व'-मेधावी बनाती है। हमारा तो यही कर्त्तव्य है कि 'हमें अग्नि बनना है, अमर्त्य बनना है और जातवेद बनना है', अपने इस लक्ष्य-त्रय का स्मरण करते हुए हम अपने कर्त्तव्य कर्म में लगे रहें और परमेश्वरार्पण की भावना से जीवन-यापन करें।

भावार्थ—हमारा जप हो कि हम भी प्रभु की भाँति 'अग्नि, अमर्त्य, व जातवेद' बनेंगे।

ऋषिः—प्रस्कण्वः काण्वः॥ देवता—अग्निरश्विनावुषाश्च॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

प्राणायाम से दोष-दहन

१७८१. जुष्टो हि दूतो असि हव्यवाहनोऽग्ने रथीरध्वराणाम्।
सजूरश्विभ्यामुषसा सुवीर्यमस्मे धेहि श्रवो बृहत्॥ २॥

प्रस्कण्व ही प्रभु की आराधना कर रहा है कि हे अग्ने-सारे संसार-चक्र के चालक प्रभो! आप हि-निश्चय से अध्वराणाम्-सब हिंसाशून्य यज्ञों के रथीः-संचालक असि-हैं। संसार-चक्र को चलानेवाले वे प्रभु ही हैं, परन्तु प्रभु की सम्पूर्ण क्रिया तो हिंसाशून्य यज्ञों को ही प्रोत्साहित करती है। बीच-बीच में जीव अपनी अल्पज्ञता से कर्म करने में दी गयी स्वतन्त्रता का दुरुपयोग करता है और हिंसा का कारण बन जाता है। यह सब ठीक उसी प्रकार होता है जैसे प्रभु पृथिवी में पुण्य गन्ध को प्रसारित करते हैं, परन्तु जीव उन फूलों को तोड़कर मसल-मसलकर लापरवाही से जलवाले स्थान में फेंकता है और सड़ाँद होकर दुर्गन्ध को उत्पन्न कर देता है।

हे प्रभो! जुष्टः-प्रीतिपूर्वक सेवन किये हुए आप हि-निश्चय से दूतः असि-सन्तापक हैं। आप अपने भक्त को आपत्ति की परीक्षाग्नि में डालकर शुद्ध कर देते हैं और तब हव्यवाहनः-सब हव्यों को—उत्तम पदार्थों को प्राप्त करानेवाले होते हैं।

प्रस्कण्व याचना करता है कि हे प्रभो! अश्विभ्याम्-प्राणापान के तथा उषसा-दोषदहन के (उष् दाहे) सजूः-साथ होनेवाले आप अस्मे-हममें सुवीर्यम्-उत्तम शक्ति को तथा बृहत् श्रवः-वृद्ध—निरन्तर बढ़ते हुए ज्ञान को धेहि-धारण कीजिए।

हम प्राणापान की साधना—प्राणायाम को अपनाकर इन्द्रियों के दोषों का दहन करें। उसी का यह परिणाम होगा कि हमें उत्तम शक्ति प्राप्त होगी तथा हमारी बुद्धि सूक्ष्म होकर हमारे ज्ञान की वृद्धि होगी।

भावार्थ—प्रभु-आराधना से मैं प्राणों की साधना करनेवाला बनूँ और शक्ति व ज्ञान को बढ़ा पाऊँ।

सूक्त-७

ऋषिः—बृहदुक्थो वामदेव्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अनासक्ति के लिए नश्वरता का चिन्तन

१७८२. विभुं दक्षाणं समने बहूनां युवानं सन्तं पलितो जगार।
देवस्य पश्य काव्यं महित्वाद्या ममार स ह्यः समान॥ १॥

संसार का संसरण भी खूब है! १. एक बच्चा विधुम्-चन्द्रमा के समान सुन्दर-ही-सुन्दर होता है, २. ज़रा बड़ा होता है और बहूनां समने दद्राणम्-माता पिता व घरवालों की उत्कण्ठा के निमित्त विविध 'बाल-लीलाओं' का करनेवाला होता है। ३. तनिक और बड़ा होता है और युवानं सन्तम्-युवा-'भरपूर नौजवान' होकर कितने ही व्यक्तियों की उत्कण्ठा का कारण बनता है, ४. परन्तु कुछ ही देर बाद इसे पलितः जगार-वार्धक्य की सफ़ेदी निगलने लगती है—इसके बाल सफ़ेद हो जाते हैं। ५. अब अत्यन्त वृद्ध होकर यह बड़ी दयनीय अवस्था में पहुँच जाता है। इस समय तनिक महित्वा-श्रद्धा की भावना से हम देखें तो सचमुच देवस्य काव्यं पश्य-यह प्रभु का कितना सुन्दर वर्णनीय कार्य है कि अद्य ममार-आज वह समाप्त हो जाता है स ह्यः समान-जोकि कल बड़ा अच्छा-भला था।

इस प्रकार जीवन का यह विचित्र-सा क्रम है—उत्पत्ति, बाल्यकाल, यौवन, वार्धक्य व समाप्ति। इस प्रकार यह संसार निरन्तर संसरण कर रहा है—इसमें कुछ भी स्थिर नहीं। इस नश्वरता का चिन्तन मनुष्य को संसार में आसक्त होने से बचाता है। यह इन्द्रिय-विषयों में आसक्त न होनेवाला सचमुच 'इन्द्र' बनता है और उस प्रभु के स्तोत्रों का गायन करनेवाला होने से 'बृहदुक्थ' कहलाता है।

भावार्थ—मैं संसार के स्वरूप का चिन्तन करूँ और इसमें आसक्त न होकर प्रभु का उपासक बनूँ।

ऋषिः—बृहदुक्थो वामदेव्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

बृहदुक्थ का जीवन

१७८३. शाक्मना शाको अरुणः सुपर्ण आ यो महः शूरः सनादनीडः।
यच्चिकेत सत्यमित्तन्न मोघं वसु स्पार्हमुत जेतोत दाता॥ २॥

गत मन्त्र का बृहदुक्थ-प्रभु का खूब स्तवन करनेवाला अपने जीवन को निम्न प्रकार से साधता है—

१. शाक्मना शाकः-यह शक्ति से शक्तिमान् होता है। प्रभु के स्तोता को स्वभावतः शक्तिसम्पन्न तो होना ही चाहिए। यह विषयों में आसक्त होकर अपनी शक्तियों को जीर्ण नहीं होने देता।

२. अरुणः-(ऋ+उनन्)=यह निरन्तर गतिशील होता है। शक्तिशाली हो और गतिशील न हो यह असम्भव है।

३. सुपर्णः-इस गतिशीलता से वह सु-उत्तम ढंग से पर्णः-अपना पालन करता है। अकर्मण्य पुरुष पर सभी वासनाओं का आक्रमण होता है—यह क्रियाशीलता के द्वारा उस आक्रमण से अपने को बचा लेता है। यह पाप से कह सकता है कि 'दूर भाग जा, मेरा मन तो घर के कार्यों व गौवों में लगा है न, मुझे फुरसत कहाँ?'

४. यह बृहदुक्थ वह है यः-जो आ-सब दृष्टिकोणों से महः-पूजा की वृत्तिवाला होता है। सुख है तो प्रभु का धन्यवाद करता है, दुःख है तो उसमें भी छिपे रूप में प्रभु की कल्याणी—वृत्ति को देखता है। यह अपने दिल को कभी छोटा नहीं करता, 'महान्' ही बना रहता है।

५. शूरः-यह आपत्तियों में घबराता नहीं, शूरवीर बनता है और हिम्मत से आपत्तियों का मुक़ाबला करता है।

६. सनात् अनीडः=यह सदा अ—नीड=अ—देह=देहासक्ति से शून्य—विदेह बनने का प्रयत्न करता है। जिसे देह में आसक्ति है वह तो शूर बन ही नहीं सकता।

७. यत् चिकेत=यह जो ज्ञान प्राप्त करता है वह सत्यम् इत्=सत्य ही होता है तत् न मोघम्=वह व्यर्थ नहीं होता। यह कभी व्यर्थ के उपन्यासादि पढ़ने में अपने समय को नष्ट नहीं करता—सदा उपयोगी ज्ञान को ही प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील होता है। यह उसी ज्ञान को प्राप्त करता है जो उसके जीवन पर शुभ परिणाम को पैदा करे। यह शुभ परिणाम इस रूप में होता है कि यह ८. स्पार्हं वसु जेता=स्पृहणीय धन का ही विजय करनेवाला होता है। अवाञ्छनीय धन को यह कभी नहीं जुटाता। न अन्याय्य ढंगों से कमाता है और न ही जोड़ने के लिए कमाता है। ९. कमाता है उत=और दाता=देने के स्वभाववाला होता है। शतहस्त बनकर एकत्र करता है तो सहस्रहस्त बनकर बखेरनेवाला भी होता है—दान भी देता है। यह उस सूर्य की भाँति होता है जो रस का ग्रहण सहस्रगुण उत्सर्जन के लिए ही करता है।

इस प्रकार दान करता हुआ यह बृहदुक्थ धन का उपासक न बनकर प्रभु का ही उपासक बना रहता है। यह धन का दास न बनकर उसका पति बनने में ही श्रेय मानता है।

भावार्थ—मेरा जीवन शक्तिवाला हो और मैं दानशूर बनूँ।

ऋषिः—बृहदुक्थो वामदेव्यः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

बृहदुक्थ शक्तिशाली बनता है (He Grows Strong)

१७८४. ऐभिर्ददे वृष्ण्या पौंस्यानि येभिरौक्षद् वृत्रहत्याय वज्री।
ये कर्मणः क्रियमाणस्य महऋतेकर्ममुदजायन्त देवाः॥ ३॥

गत मन्त्र में वर्णित एभिः=अपने गुणों व कर्मों से यह बृहदुक्थ वृष्ण्या=सबपर सुखों की वर्षा करनेवाले अथवा शक्तिशाली पौंस्यानि=पौरुषों को आददे=स्वीकार करता है। यह अकर्मण्य तो कभी होता ही नहीं। येभिः=जिन पौरुषों से वज्री=सदा गतिशील (वज गतौ) यह बृहदुक्थ औक्षत्=(उक्ष=to become strong) अधिकाधिक शक्तिशाली बनता है, उन्हीं से यह वृत्रहत्याय=ज्ञान की आवरणभूत कामादि वासनाओं का संहार करनेवाला बनता है। निर्बल को वासना दबाती है और सबल से डरकर वह दूर रहती है।

इस प्रकार ये बृहदुक्थ वे व्यक्ति होते हैं ये=जो क्रियमाणस्य कर्मणः महः=क्रियमाण कर्म की महिमा से ऋतेकर्मम्=और उस कर्म में आसक्ति व अहंकार न होने से नैष्कर्म्य के द्वारा उद् अजायन्त=उन्नति को प्राप्त करते हैं और देवाः=देव बन जाते हैं। ये भाग्यवादी न होकर अपना उत्कर्ष 'क्रियमाण कर्म' में ही देखते हैं—परन्तु साथ ही अनासक्ति व अनहंकार के कारण सदा नैष्कर्म्य को प्राप्त किये रहते हैं। करते हुए भी ये नहीं कर रहे होते। सतत क्रियाशील होते हुए भी उससे अलिप्त बने रहते हैं। 'प्रभु की शक्ति है, उसी से यह सारे कार्य हो रहे हैं, इसमें मेरा क्या?' यह भावना इस बृहदुक्थ की सदा बनी रहती है—और यही उसके सतत उत्थान का कारण बनती है—यह मनुष्य से 'देव' बन जाता है।

भावार्थ—मैं निरन्तर कर्मों को करता हुआ 'देव' का उपासक बनूँ। दैव (भाग्य) का उपासक बनकर, अकर्मण्य हो, प्रभु से दूर न हो जाऊँ।

सूक्त-८

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वा ॥ देवता—मरुतः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

पवित्र बलवाला

१७८५. अस्ति सोमो अयं सुतः पिबन्त्यस्य मरुतः। उत स्वराजो अश्विना ॥ १ ॥

गत मन्त्र में उल्लेख था कि बृहदुक्थ शक्तिशाली बन जाता है। प्रस्तुत मन्त्र में उस शक्तिशालिता के रहस्य का ही प्रकाश करते हैं—अयम्-यह सोमः-सोम-वीर्य (Semen) सुतः अस्ति-उत्पन्न किया गया है। अस्य पिबन्ति-समझदार व्यक्ति इसका पान करते हैं। इसका पान करने में ही कल्याण है। शरीर की सारी वृद्धि इसी पर निर्भर करती है। शरीर की नीरोगता, मन की निर्मलता व बुद्धि की तीव्रता का हेतु यह सोम ही है। इस सोम की रक्षा करनेवाला पुरुष ही 'विन्दतीति बिन्दुः'-उस प्रभु को प्राप्त करता है—और प्राप्त करनेवाला होने से 'बिन्दु' कहलाता है। यह अत्यन्त शक्तिशाली होता है—शक्ति का पुञ्ज ही बन जाता है, परन्तु इसकी शक्ति पवित्र होती है, यह उसका उपयोग कभी अपवित्र कर्मों में नहीं करता। परिणामतः इसका नाम 'पूतदक्ष' होता है। इस सोम का पान कैसे हो? इस प्रश्न का उत्तर वेद निम्न शब्दों में देता है—

१. मरुतः-मरुत् इसका पान करते हैं। इसका संयम व शरीर में व्यापन वे ही कर सकते हैं जो कि मरुत् हों—संसार की किसी भी वस्तु के पीछे मरनेवाले न हों, अर्थात् किसी भी विषय के प्रति आसक्त न होनेवाला पुरुष ही वीर्य का शरीर में व्यापन कर पाता है।

२. उत-और स्वराजः-अपने जीवन को बड़े नियमित करनेवाले व्यक्ति इसका पान करते हैं। जीवन की नियमितता ही ऋत का पालन कहलाती है और यह ऋत का पालन हमें सोमपान के योग्य बनाता है।

३. अश्विना-प्राणापान की साधना कर, प्राणापान के पुञ्ज बननेवाले व्यक्ति सोमपान करते हैं। प्राणायाम सोपान का सर्वोत्तम साधन है।

भावार्थ—मैं मरुत् बनूँ किसी भी वस्तु के पीछे न मरूँ, अर्थात् किसी भी वस्तु में फँस न जाऊँ; मेरा जीवन नियमित हो तथा सदा प्राणापान की साधना करूँ, जिससे सोमपान कर प्रभु को प्राप्त करनेवाला, प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि, 'बिन्दु' बन पाऊँ।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वा ॥ देवता—मरुतः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सोम की स्थापना क्यों?

१७८६. पिबन्ति मित्रो अर्यमा तना पूतस्य वरुणः। त्रिषधस्थस्य जावतः ॥ २ ॥

सोम का पान करनेवालों का उल्लेख गत मन्त्र में इस रूप में हुआ था कि 'मरुत्, स्वराज् व अश्विना' इसका पान करते हैं—किसी वस्तु में आसक्त न होनेवाले, अपने जीवन को नियमित बनानेवाले तथा प्राणापान की साधना करनेवाले प्रस्तुत मन्त्र में कहते हैं कि पिबन्ति-इस सोम का पान करते हैं। कौन? १. मित्रः-सबके साथ स्नेह करनेवाला, जिसका प्रेम व्यापक है। संकुचित प्रेम ही वासना का रूप धारण करता है और हमें सोमपान के अयोग्य बना देता है। २. अर्यमा-(अरीन् नियच्छति) काम-क्रोधादि शत्रुओं का नियमन करनेवाला। कामादि से आक्रान्त हो जाने पर सोमपान सम्भव नहीं रहता। ३. वरुणः-जो अपने को व्रतों के बन्धन में बाँधकर अपने जीवन को श्रेष्ठ

बनाने का प्रयत्न करता है। व्रती पुरुष ही सोमपान किया करता है। किस सोम का ?

१. **तना पूतस्य**-(तन्-diffusion) शरीर में विस्तार व फैलाव के द्वारा जिसे पवित्र किया गया है। जब तक यह सोम सारे शरीर में रुधिर के साथ व्याप्त रहता है तभी तक पवित्र रहता है।

२. **त्रिषधस्थस्य**-जो तीनों ज्ञान, कर्म व उपासना के साथ स्थित होता है। सोमरक्षा के द्वारा मस्तिष्क में ज्ञान, हाथों में कर्म, व हृदय में भक्ति की भावना बनी रहती है।

३. **जावतः**-(जाः अपत्यम्) प्रजावाले सोम का। यह सोम मनुष्यों में प्रभु के द्वारा सन्तान-निर्माण के लिए ही तो रक्खा गया है। अथर्व में 'को न्वस्मिन् रेतो न्यदधात् तन्तुरा तायतामिति' इस प्रश्न के द्वारा कि 'इसमें वीर्य की स्थापना किसने की जिससे प्रजातन्तु का विस्तार हो सके ?' यह बात स्पष्ट है।

एवं, यह स्पष्ट है कि शरीर में सोम की स्थापना 'ज्ञान की तीव्रता, कर्म की शक्ति व श्रद्धा-भक्ति की पवित्रता तथा सन्तान के निर्माण' के लिए हुई है। इसी उद्देश्य से हमें सोम की सुरक्षा की व्यवस्था करनी है। उस सुरक्षा के लिए हमें १. अपने स्नेह को व्यापक बनाना है। २. काम-क्रोधादि शत्रुओं का नियमन करना है। और ३. व्रती के बन्धनों में बँधकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाना है।

भावार्थ—हम सोम की स्थापना के उद्देश्य को समझें और उसी प्रकार उसका विनियोग करें।

ऋषिः—बिन्दुः पूतदक्षो वा॥ देवता—मरुतः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

कौन, क्यों और कैसा

१७८७. उतो न्वस्य जोषमा इन्द्रः सुतस्य गोमतः। प्रातर्होतेव मत्सति॥ ३॥

इन्द्रः-इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव **अस्य**-इस **सुतस्य**-शरीर में उत्पन्न हुए-हुए **गोमतः**-प्रशस्त इन्द्रियोंवाले सोम के **उत उ**-निश्चय से **आजोषम्**-सर्वतः सेवन के **अनु**-पश्चात् **मत्सति**-उस प्रकार प्रसन्न होता है **इव**-जैसे **प्रातः**-अपने में उत्तमोत्तम भावनाओं का पूरण करनेवाला (प्रा पूरणे) **होता**-प्रभु का आह्वाता, प्रभु को पुकारनेवाला प्रसन्न होता है। इस प्रकार तीन बातें स्पष्ट हैं—

१. सोम का सेवन वही कर सकता है जो 'इन्द्र'-इन्द्रियों का अधिष्ठाता बने। जितेन्द्रियता के बिना सोमपान का स्वप्न भी नहीं हो सकता। २. यह सोम सुरक्षित होने पर हमारी सब इन्द्रियों को शक्तिशाली व उत्तम बनाता है। ३. सोमपान से जीवन में वही आनन्द अनुभव होता है जो दैवी सम्पत्तिवाले प्रभु के आराधक को प्राप्त होता है।

यह सोम ही वस्तुतः सुरक्षित होकर हमें दैवी सम्पत्तिवाला बनाता है और हम प्रभु की आराधना करनेवाले बनते हैं। इसके सुरक्षित न रखने पर व्यक्ति की वृत्ति अदिव्य व आसुर होती जाती है और मनुष्य अधिकाधिक भौतिक वृत्तिवाला बनकर प्रभु को भूल जाता है। कई बार तो व्यर्थ के गर्व में 'ईश्वरोऽहम्' अपने को ही ईश्वर मानने लगता है। सोमपान करनेवाला व्यक्ति तो दिव्य, दिव्यतर व दिव्यतम जीवनवाला बनता हुआ प्रभु को पाता है, और 'बिन्दु'-(प्राप्त करनेवाला) इस यथार्थ नामवाला होता है।

भावार्थ—मैं सोमपान के द्वारा इन्द्रियों को उत्तम व सशक्त बनाऊँ और प्रभु-दर्शन करनेवाला बनूँ।

सूक्त-९

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

ज्योतिषां रविरंशुमान्

१७८८. बण्महाँ असि सूर्य बडादित्य महाँ असि।
महस्ते सतो महिमा पनिष्टम महा देव महाँ असि॥ १॥

गत मन्त्र का 'प्रातर्होता'—अपने में दिव्य गुणों को भरनेवाला और प्रभु को पुकारनेवाला प्रभु-दर्शन के लिए प्रभु की विभूतियों को देखता है और उनमें महान् विभूतिभूत सूर्य को देखता हुआ कहता है कि हे सूर्य—निरन्तर चलनेवाली ज्योति! तू बट्—सचमुच महान् असि—महान् है। मेरे लिए तो पृथिवी ही महान् है, उससे साढ़े तेरह लाख गुणा बड़ा होता हुआ तू तो कितना महान् है और फिर अपनी निरन्तर गतिशीलता से किस प्रकार चमक रहा है। तेरी गतिशीलता मुझे भी तो गतिशील बनने की प्रेरणा दे रही है।

बट्—सचमुच ही तू हे आदित्य—आदान करनेवाले सूर्य! महान् असि—महनीय है—आदरणीय है। आदान करनेवालों में तू महान् है। सारे-के-सारे समुद्र को तू ग्रहण करके अन्तरिक्षस्थ कर देता है। सब स्थानों से तू रस ले रहा है, परन्तु तेरे लेने में भी तो खूबी है कि खारे-पन को वहीं छोड़कर तू माधुर्य-ही-माधुर्य को लेता है। तुझसे पाठ पढ़कर मैं भी गुणग्राही व दोष-त्यागी बन सकूँ। महः—तेजस्विता का पुञ्ज सतः—होते हुए ते—तेरी महिमा—महत्ता पनिष्टमः—अत्यन्त स्तुत्य है। तेजःस्वरूप तेरा ध्यान करते हुए मैं भी तेजस्विता का पाठ पढ़ूँ—तेजस्वी बनने का दृढ़ निश्चय करूँ।

देव—हे चमकने व चमकानेवाले सूर्य! आप महा—अपनी महिमा से महान् असि—बड़े हो। मैं भी तो प्रतिदिन तुम्हारा दर्शन करता हुआ चमकने व चमकानेवाला बनूँ। ज्ञान की ज्योति से चमकूँ तथा उस ज्ञान-ज्योति का फैलानेवाला बनूँ। आप देव हैं—देनेवाले हैं—जिस रस को आप अपनी किरणों द्वारा ग्रहण करते हैं उसे फिर उस पृथिवी को लौटा देते हैं। मैं भी आपकी भाँति देनेवाला बनूँ। चमकने-चमकाने व देनेवाला ही तो देव होता है।

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'जमदग्नि' इस प्रकार सूर्य में प्रभु की महिमा को देखता हुआ प्रभु की विभुता का स्मरण करता है और उस 'रस'-मय प्रभु को देखता हुआ सांसारिक विषयों के रस से ऊपर उठ जाता है। इनसे ऊपर उठ जाने का परिणाम यह होता है कि वह रसमूलक व्याधियों से आक्रान्त नहीं होता और सदा 'जमद्-अग्नि' बना रहता है—इसकी जाठराग्नि सदा खाने की क्षमतावाली बनी रहती है, मन्द नहीं होती। यही तो स्वास्थ्य का रहस्य है। एवं, एक प्रभुभक्त सदा स्वस्थ रहता है।

भावार्थ—मैं सूर्य में प्रभु का दर्शन करूँ। 'योऽसावादित्ये पुरुषः सोहमस्मि'—'आदित्य में जो पुरुष है वह मैं ही हूँ' इन्हीं शब्दों में तो प्रभु अपना परिचय देते हैं।

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सूर्य में प्रभु-महिमा दर्शन

१७८९. बट् सूर्य श्रवसा महाँ असि सत्रा देव महाँ असि।
महा देवानामसुर्यः पुरोहितो विभु ज्योतिरदाभ्यम्॥ २॥

सूर्य में प्रभु की महिमा का दर्शन करनेवाला 'जमदग्नि' कहता है—हे सूर्य-सूर्य! तू बट्-सचमुच अवसा-अपने यश से महान् असि-बड़ा है। किस प्रकार यह सूर्य सारे जगत् को प्रकाशित कर रहा है—साढ़े नौ करोड़ मील दूर तो हमारी पृथिवी ही है—यहाँ सूर्य अपनी किरणों से किस प्रकार मलों को नष्ट करता है—रोगकृमियों को समाप्त करता है? सूर्य की इस सब महिमा को सोचकर आश्चर्य होता ही है।

हे देव-चमकनेवाले सूर्य! तू सत्रा-सचमुच ही महान् असि-महनीय—पूजनीय है। तू चमकता है—चमकाता है और सारे संसार को प्रकाश व आरोग्य प्रदान करता है।

हे सूर्य! तू मह्ना-अपनी महिमा से देवानाम्-सब देवों को असुर्यः-प्राणशक्ति देनेवालों में उत्तम तथा पुरोहितः-सबसे प्रथम स्थान में रक्खा हुआ है। ११ पृथिवीस्थ देव हैं, ११ अन्तरिक्षस्थ तथा ११ द्युलोकस्थ। इन ३३ देवों में सर्वप्रथम स्थान सूर्य का ही है—सबसे प्रथम रचना भी इसी की होती है, अतः यह 'पुरोहित' है और सब देवताओं में इसी से प्राणशक्ति की स्थापना होती है।

यह सूर्य वस्तुतः अदाभ्यम्-न दबाया जा सकनेवाला विभु-विशेष प्रभाववाला व व्यापक ज्योतिः-प्रकाश है। प्रातःसायं सूर्याभिमुख हो प्रभु का ध्यान करनेवाला स्तोता सूर्य की इस असुर्यता-प्राणदायिनी शक्ति का अनुभव करता है। उसे अनुभव होता है कि ये सूर्य-किरणें रोगकृमियों का संहार करती हुई अपने कार्य में किसी से दबती नहीं, अर्थात् 'रोगकृमि इनके मुकाबले में प्रबल हो जाएँगे', ऐसी सम्भावना नहीं है। 'उद्यन्नादित्यः कृमीन् हन्ति निम्लोचन् हन्ति रश्मिभिः' यह सूर्य उदय व अस्त होता हुआ रोगकृमियों को नष्ट करता है।

'एक-एक सूर्य-किरण में किस प्रकार, क्या-क्या शक्ति रखी है' इस सबको वैज्ञानिक दृष्टि से देखता हुआ प्रभु का स्तोता इस सूर्य में प्रभु की महिमा का दर्शन करता है और उस महिमा की अनन्तता में विलीन हो जाता है।

भावार्थ—मैं सूर्य में प्रभु की महिमा का दर्शन करूँ।

सूक्त-१०

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सब आनन्दों का मूल

१७९०. उप नो हरिभिः सुत याहि मदानां पते। उप नो हरिभिः सुतम्॥ १॥

संसार में नाना प्रकार के मद-हर्ष हैं। उन सब मदों व हर्षों को प्राप्त करानेवाले वे प्रभु ही हैं। इस प्रभु की शरण में जानेवाला व्यक्ति 'सुकक्ष' है—उत्तम शरणवाला है। यह सुकक्ष प्रभु से आराधना करता है—मदानां पते-आनन्द के स्वामिन् प्रभो! आप हरिभिः-इन्द्रियों के उद्देश्य से नः-हमें सुतम्-सोमशक्ति को उपयाहि-प्राप्त कराइए। इन्द्रियों की शक्ति का रहस्य सोम की रक्षा में है। यह सोम हमारी इन्द्रियों को सबल बनानेवाला है। इसके अपव्यय से इन्द्रियाँ दुर्बल हो जाती हैं। दुर्बल इन्द्रियाँ दुर्गति व नरक का कारण बनती हैं। सारे रोग इसी के अभाव में उत्पन्न होते हैं और मनुष्य का जीवन कष्टमय हो जाता है।

'ये सशक्त बनी हुई इन्द्रियाँ यज्ञों में प्रवृत्त रहें' इसके लिए यह सुकक्ष प्रभु से आराधना करता है कि हे प्रभो! आप नः-हमें हरिभिः-इन इन्द्रियों से सुतम्-यज्ञ को उप-प्राप्त कराइए, अर्थात् हमारी सशक्त बनी हुई इन्द्रियाँ सदा यज्ञों में प्रवृत्त रहें।

भावार्थ—मनुष्य के दो ही महान् कर्त्तव्य हैं—१. इन्द्रियों को सशक्त बनाना, २. सशक्त इन्द्रियों को यज्ञों में प्रवृत्त रखना। ये ही दो बातें सब आनन्दों का मूल हैं।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

दो से चार

द्विता यो वृत्रहन्तमो विद इन्द्रः शतक्रतुः। उप नो हरिभिः सुतम्॥ २॥

यः=मनुष्य का जीवन द्विता=दो प्रकार से चलता है—एक तो 'इन्द्रियों को सशक्त बनाकर', दूसरे 'सशक्त इन्द्रियों को यज्ञों में प्रवृत्त करके'। वह व्यक्ति ही (क) वृत्रहन्तमः=वासनाओं का विनाश करनेवालों में उत्तम होता है। सशक्त इन्द्रियों को यज्ञों में लगाये रखना ही तो पापों से बचने का उपाय है। इन्द्रियाँ निर्बल हों तो भी चिड़चिड़ापन, क्रोध व खिझ इत्यादि सताते रहते हैं, और सशक्त होकर यज्ञों में प्रवृत्त न हों तो कामादि की ओर झुकाववाली हो जाती हैं, अतः दोनों ही बातें आवश्यक हैं—१. इन्द्रियों को सशक्त बनाना, २. सशक्त इन्द्रियों को यज्ञ में प्रवृत्त रखना। इन दोनों बातों के होने पर ही मनुष्य वासनाओं को समाप्त कर पाएगा। (ख) वासनाओं को समाप्त करके यह विदः=(वेत्ति इति विदः) ज्ञानी बनता है। वासना ही तो ज्ञान पर पर्दा डाले हुई थीं। आवरण के हटने पर वह ज्ञान चमकने लगता है। (ग) इन्द्रः=चमकते हुए ज्ञानैश्वर्यवाला यह 'सुकक्ष' सचमुच 'इन्द्र' होता है—परमैश्वर्यवाला होता है। (घ) शतक्रतुः=यह सैकड़ों प्रज्ञानों, कर्मों व संकल्पोंवाला होता है अथवा इसके सौ-के-सौ वर्ष प्रज्ञान, कर्म व संकल्पमय बीतते हैं।

इस जीवन की उन्नति के मूल में तो 'सोम' का ही स्थान है—उसी से जीवन शक्तिशाली बनता है, अतः सुकक्ष वही आराधना करता है कि नः=हमें हरिभिः=इन्द्रियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सुतम्=सोम को=वीर्य को उप (याहि)=प्राप्त कराइए।

भावार्थ—मनुष्य सोम की रक्षा के द्वारा 'वृत्रहन्तम, विद, इन्द्र व शतक्रतु' बने। ये चारों बातें तभी होंगी यदि वह 'सशक्त बनना व सशक्त बनकर यज्ञ में प्रवृत्त होना' इन दो बातों का ध्यान करेगा।

ऋषिः—सुकक्षः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सोम के द्वारा सोम की प्राप्ति

त्वं हि वृत्रहन्नेषां पाता सोमानामसि। उप नो हरिभिः सुतम्॥ ३॥

प्रभु इस सुकक्ष से कहते हैं कि हे वृत्रहन्=ज्ञान के आवरक कामादि के ध्वंसक! त्वम्=तू हि=निश्चय से एषां सोमानां पाता असि=इन उत्पन्न सोमों का पान करनेवाला है। तू शक्ति का दुरुपयोग न कर, उसे अपने अन्दर व्यापन के द्वारा पान करनेवाला बन। तू ही निश्चय से नः=हमारे उप=समीप प्राप्त होनेवाला है। वस्तुतः जो व्यक्ति वासनाओं का विनाश करता है और अपने सोम की रक्षा करता है यही प्रभु को पाने का अधिकारी होता है। यह सोम (वीर्य) ही तो सुरक्षित हुआ-हुआ उस सोम (प्रभु) को प्राप्त कराया करता है। इसके लिए तू हरिभिः=इन विषयों में हरण करनेवाली इन्द्रियों के द्वारा सुतम्=यज्ञ को उप=प्राप्त हो। मनुष्य यज्ञादि उत्तम कर्मों में लगा रहेगा तो सब व्यसनों से बचकर अवश्य प्रभु को प्राप्त करनेवाला होगा।

भावार्थ—सोम ही साधन है, सोम ही साध्य है। वीर्यरक्षा से प्रभु का दर्शन होता है।

सूक्त-११

ऋषिः—मैत्रावरुणि वसिष्ठः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

तीन बातें

१७९३. प्र वो महे महेवृधे भरध्वं प्रचेतसे प्र सुमतिं कृणुध्वम्।
विशः पूर्वीः प्र चर चर्षणिप्राः ॥ १ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'मैत्रावरुणि वसिष्ठ' है—प्राणापान की साधना करनेवाला, इन्द्रियों को पूर्णरूप से वश में करनेवाला। यह अपने मित्रों से तीन बातें कहता है—

१. वः-तुम्हारी महे वृधे-महान् उन्नति के लिए अपने को महे-उस महान् प्रभु के प्रति प्रभरध्वम्-प्रकर्षेण ले-चलो (हृ-भृ)। प्रातःसायं नमन के द्वारा उस प्रभु के प्रति जाने से तुम्हारा जीवन अधिक और अधिक उन्नत होता चलेगा। वस्तुतः जिसके समीप उठते-बैठते हैं वैसे ही हम बन जाते हैं—दोनों समय उस प्रभु के समीप उठें-बैठेंगे तो कुछ उस-जैसे ही बन जाएँगे।

२. प्रचेतसे-अपने प्रकृष्ट ज्ञान के लिए—चेतना को ठीक बनाये रखने के लिए—सदा प्र-सुमतिम्-अत्यन्त प्रकृष्ट कल्याणी मति को कृणुध्वम्-कीजिए। हममें कभी भी अशुभ मति उत्पन्न न हो। यदि एक बार हम बदले की भावना से चल पड़े तो हमारी सब चेतना लुप्त हो जाएगी। हमें अपने जीवन का उद्देश्य भूल जाएगा और हम कहीं-के-कहीं पहुँच जाएँगे।

३. चर्षणि-प्राः-मनुष्यों का पूरण करनेवाला तू पूर्वीः-अपना पूरण करनेवाली विशः-प्रजाओं में प्रचर-उत्तम विचारों का प्रचार कर। तुझमें सबको उत्तम बनाने की भावना हो, तू लोगों में उन्नति की इच्छा उत्पन्न कर और उनमें उन्नति के साधक विचारों को फैलानेवाला बन।

भावार्थ—अपनी महान् उन्नति के लिए हम महान् प्रभु के चरणों में उपस्थित हों। अपने जीवन के लक्ष्य को विस्मृत न होने देने के लिए सदा कल्याणी मति बनाए रक्खें। मनुष्यों का पूरण करनेवाला बनकर, उन्नति की इच्छुक प्रजाओं में उत्तम विचारों का प्रचार करें।

ऋषिः—वसिष्ठः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

प्रभु के व्रतों का पालन

१७९४. उरुव्यचसे महिने सुवृक्तिमिन्द्राय ब्रह्म जनयन्त विप्राः।
तस्य व्रतानि न मिनन्ति धीराः ॥ २ ॥

वि-प्राः-विशेषरूप से अपना पूरण करनेवाले (प्रा-पूरणे) लोग उरुव्यचसे-महान् विस्तारवाले, महिने-विशेष महत्त्ववाले इन्द्राय-परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिए सुवृक्तिम्-जिसके द्वारा अन्यायाचरण व दुःखों का उत्तम वर्जन होता है (वृजी वर्जने) अथवा जिसके कारण जीवन की गति उत्तम होती है (व्रज गतौ), उस ब्रह्म-स्तोत्र को जनयन्त-उत्पन्न करते हैं।

गत मन्त्र में स्पष्ट कहा था कि अपनी महती उन्नति के लिए उस महान् प्रभु का सम्पर्क करो। प्रस्तुत मन्त्र में भी यही कहते हैं कि यदि अपने जीवन को विशेषरूप से पूरण करना चाहते हो, उसकी न्यूनताओं को दूर करना चाहते हो, यदि अपने जीवन से अन्यायाचरण को समाप्त करना चाहते हो तो प्रभु का स्तवन करो। यह प्रभु का स्तवन 'सुवृक्ति' है—उत्तम प्रकार से दोषों को दूर करनेवाला है।

यह जीवन के मार्ग को प्रशस्त बनानेवाला है (व्रज गतौ)। वे प्रभु महान् विस्तारवाले हैं, उनके स्तवन से स्तोता भी विशाल हृदयता को धारण करनेवाला होगा। वे प्रभु विशेष महिमावाले हैं—स्तोता भी महिमा को प्राप्त करेगा। वे प्रभु निरतिशय ऐश्वर्यवाले हैं, स्तोता भी परमैश्वर्य में भागी बनेगा।

इन सब बातों का विचार करके धीराः=ज्ञान में विचरण व रमण करनेवाले पुरुष तस्य=उस प्रभु के व्रतानि=व्रतों को न मिनन्ति=कभी हिंसित नहीं करते। प्रभु ने वेद में जो आदेश दिये हैं ये उनका पालन करते हैं। 'मन्त्रश्रुत्यं चरामसि'='मन्त्रों में जैसा सुना है वैसा ही करते हैं', यह इनका निश्चय होता है।

भावार्थ—धीर पुरुष सदा प्रभु से उपदिष्ट व्रतों का पालन करते हैं।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—भुरिगनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

मित्रों को प्रभु-स्मरण की प्रेरणा

१७९५. इन्द्रं वाणीरनुत्तमन्युमेव सत्रा राजानं दधिरे सहध्यै।
हर्यश्वाय बर्हया समापीन्॥ ३॥

वाणीः=धीर पुरुषों की वाणियाँ अथवा वेदवाणियाँ सत्रा=सदा व सचमुच उस प्रभु को एव=ही दधिरे=धारण करती हैं जो—१. इन्द्रम्=परमैश्वर्यशाली है, बल के सब कर्मों को करनेवाला है, और सब असुरों का संहार करनेवाला है। २. अनुत्तमन्युम्=जिसका ज्ञान (मन्यु) परे धकेला नहीं जा सकता—खण्डित नहीं हो सकता। वे प्रभु शुद्ध, निर्दोष ज्ञानवाले हैं, अतः उस ज्ञान के खण्डन का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। ३. राजानम्=जो प्रभु सदा अपने ज्ञान व तेज से दीप्त हैं तथा सारे ब्रह्माण्ड को नियमित (regulated) करनेवाले हैं। ऐसे प्रभु को ये वेदवाणियाँ धारण करती हैं, धीरपुरुष भी सदा इन वाणियों के द्वारा 'इन्द्र, अनुत्तमन्यु, व राजा' कहलानेवाले उस प्रभु को ही धारण करते हैं। क्यों? सहध्यै=जिससे वे अपने शत्रुओं का पराभव कर सकें। जहाँ प्रभु का नामोच्चारण होता है वहाँ वासनाओं का प्रवेश ही नहीं हो पाता, उनके प्रबल होने का तो प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

एवं, प्रभु का स्मरण कितना आवश्यक है? इस बात का ध्यान करके ही वसिष्ठ कहते हैं कि हे मनुष्य! तू आपीन्=अपने मित्रों को हर्यश्वाय=उस दुःखों के हरण करनेवाले सर्वत्र व्याप्त प्रभु के लिए संबर्हय=सम्यक्तया आगे बढ़ानेवाला हो। हमें अपने मित्रों को भी सदा यही प्रेरणा देनी कि वे सदा उस प्रभु का ही स्मरण करें जो प्रभु उनके लिए वासनाओं का पराजय करनेवाले हैं। प्रभु-नाम-स्मरण के बिना इन वासनाओं का पराभव सम्भव नहीं, क्योंकि ये अत्यन्त प्रबल हैं। वे प्रभु ही 'इन्द्र' हैं—वे ही इनका संहार करेंगे।

भावार्थ—हम अपने मित्रों को भी प्रभु-नाम-स्मरण की प्रेरणा दें।

सूक्त-१२

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (बृहती)॥ स्वरः—मध्यमः॥

स्तोता का उपालम्भ

१७९६. यदिन्द्र यावतस्त्वमेतावदहमीशीय।
स्तोतारमिद्दधिषे रदावसो न पापत्वाय रंसिषम्॥ १॥

जिस समय भक्त प्रभु की उपासना करते-करते कभी-कभी निराश होने लगता है तब वह इन शब्दों में उपालम्भ-सा देता हुआ कहता है—हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! यत्-यदि यावतः-जितने ज्ञानादि-ऐश्वर्यों के त्वम्-आप ईश हो एतावत्-इतने ऐश्वर्यों का अहम्-मैं ईशीय-ईश्वर होता तो स्तोतारम्-अपने स्तोता को इत्-निश्चय से दधिषे-धारण करता। मेरा स्तोता कभी आवश्यकताओं से वञ्चित नहीं रहता। उसकी वह-वह आवश्यकता अवश्य पूर्ण होती चलती। हे रदावसो-(रद् to rend, scratch) बड़े-बड़े अभिमानी, नास्तिक वृत्तिवाले धनी पुरुषों के धनों को समाप्त कर देनेवाले प्रभो! मैं भी पापत्वाय-पाप की वृद्धि के लिए न रंसिषम्-धन को कभी न देता। आप भी पापवृद्धि के लिए न दें यह तो ठीक है, परन्तु मैं तो सब प्रकार की पापवृत्ति से दूर रहने का प्रयत्न करता हुआ आपका स्तोता हूँ। मेरी आवश्यकताएँ तो आप पूरी करें ही।

प्रभु संसार में अपने भक्तों की बड़ी कड़ी परीक्षा लेते हैं। यह ठीक है कि कोई भी कल्याणकृत् दुर्गति को प्राप्त नहीं हुआ करता, परन्तु उसे कड़ी परीक्षा में से उत्तीर्ण होकर अपने धैर्य का प्रमाण तो देना ही पड़ता है। यह धैर्य की परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाला व्यक्ति ही वशिष्ठ वशियों में श्रेष्ठ इस मन्त्र का ऋषि है।

भावार्थ—'प्रभु स्तोता का धारण अवश्य करेंगे', ऐसे निश्चय से चलना ही 'धृतिमान्' होना है।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—बार्हतः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

उपालम्भ का उत्तर

१ २ ३ १ २ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१७९७. शिक्षेयमिन्महयते दिवेदिवे राय आ कुहचिद् विदे।
१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
न हि त्वदन्यन्मघवन्न आप्यं वस्यो अस्ति पिता च न॥ २॥

गतमन्त्र में स्तोता ने उपालम्भ दिया—उसे कुछ ऐसा प्रतीत हुआ कि उसकी आवश्यकताएँ पूर्ण नहीं हो रहीं और 'घृतलवणतण्डुलेन्धनचिन्ता' उसे सताने लगी है। प्रभु उत्तर देते हुए कहते हैं कि 'महयते'-(मह पूजायाम्) लोकहित व सर्वभूतहित के द्वारा मेरी सच्ची उपासना करनेवाले के लिए मैं इत्-निश्चय से रायः-आवश्यक धनों को दिवे-दिवे-प्रतिदिन शिक्षेयम्-देता ही हूँ। आ-इस ब्रह्माण्ड में चारों ओर कुहचित्-कहीं भी विदे-(विद् सत्तायाम्) होनेवाले अपने भक्त के लिए मैं आवश्यक धनों को अवश्य देता ही हूँ।

यहाँ 'दिवे-दिवे' शब्द बड़ा महत्त्वपूर्ण है। प्रभु अपने भक्त की दैनन्दिन आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए ही धन देते हैं। व्यर्थ में जोड़कर रक्षा करने की चिन्ता से भी उसे मुक्त रखते हैं। ग़लती से अज्ञानी पुरुष उसे अपनी निर्धनता के रूप में देखता है। भूतहित की भावना से कार्य में प्रवृत्त हुआ यह कहीं भी होगा, प्रभु उसका ध्यान करेंगे ही। जो प्रभु के प्राणियों का ध्यान कर रहा है तो यह कभी सम्भव है कि प्रभु उसका ध्यान न करें?

इस उत्तर को सुनकर स्तोता साहस का संचय करके कहता है कि—

हे मघवन्-सब ऐश्वर्यों के स्वामिन् प्रभो! त्वत् अन्यत्-आपसे भिन्न नः-हमारा वस्यः-उत्तम आप्यम्-मित्र न हि-है ही नहीं। आप ही तो हमारा कभी साथ न छोड़नेवाले मित्र हैं और वस्तुतः आपके सिवाय पिता चन-हमारा रक्षक भी तो नहि अस्ति-नहीं है। आप ही हमारे पिता हैं—आपने ही हमारा पालन करना है।

भावार्थ—प्रभुभक्त को चाहिए कि प्रभु पर विश्वास रखते हुए 'सर्वभूतहिते रतः' होने का

प्रयत्न करे। यही उसकी सच्ची उपासना होगी। प्रभु उसके सतत सेवक हैं जो औरों का सेवक बना है।

सूक्त-१३

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

वसिष्ठ की प्रभु-अर्चना

१७९८. श्रुधी हवं विपिपानस्याद्रेर्बोधा विप्रस्यार्चतो मनीषाम्।
कृष्वा दुवांस्यन्तमा सचेमा॥ १॥

१. हे प्रभो! आप हवम्=पुकार को श्रुधी=सुनिए। किसकी?

(क) विपिपानस्य=जो आपके दर्शन का अत्यन्त प्यासा है।

(ख) अद्रेः=जो आपके दर्शन के दृढ़ निश्चय से हटाया नहीं जा सकता।

वस्तुतः वसिष्ठ प्रभु-दर्शन के लिए अत्यन्त उत्कण्ठित है। वह प्रभु से प्रार्थना करता है कि आप मेरी पुकार सुनिए और मुझे दर्शन दीजिए। जैसे प्यासे को सिवाय पानी के और कुछ नहीं रुचता इसी प्रकार मेरा सन्तोष आपके दर्शन के सिवाय किसी भी और वस्तु से नहीं हो सकता। मुझे इस दर्शन के दृढ़ निश्चय से 'सन्तान-सम्पत्ति—आमोद, प्रमोद व दीर्घजीवन' आदि का कोई भी प्रलोभन पृथक् नहीं कर सकता। मैं अपने इस निश्चय पर चट्टान की भाँति दृढ़ हूँ—अद्रि हूँ।

२. विप्रस्य=विशेषरूप से अपने पूरण (प्रा-पूरणे) के लिए प्रयत्नशील और इसीलिए अर्चतः=आपकी अर्चना करते हुए मेरी मनीषाम्=बुद्धि को बोध=आप ज्ञान के प्रकाशवाला कीजिए।

हे प्रभो! आप अपने प्रिय का कल्याण करने के लिए उसकी बुद्धि को ही तो सुन्दर बना देते हैं। मैं भी आपका भक्त हूँ—आपकी अर्चना में लगा हूँ। आपकी अर्चना द्वारा अपनी न्यूनताओं को दूर करना चाहता हूँ। आप मेरी बुद्धि को बोधमय कीजिए—मुझे प्रकाश दिखाइए, जिससे मैं ठीक मार्ग का ही आक्रमण करूँ।

३. कृष्वा दुवांसि=(दुवस्-Wealth) आप मुझे धन प्राप्त कराइए। हे प्रभो! मैं क्यों इस धनार्जन में अपना समय नष्ट करूँ। मेरे लिए आवश्यक धन तो आपने ही प्राप्त कराना है। मेरा समय तो जीवन को पवित्र बनाने में, बुद्धि को प्रकाशमय करने में और आपकी आज्ञानुसार लोकहित में व्यतीत हो। यह प्राकृतिक शरीर आपका दिया हुआ है, इसका पोषण तो आपको ही करना है।

४. हम तो इस धन के धन्धे में न उलझकर आपको पाने के लिए ही प्रयत्नशील हों और अन्तम्=आपकी समीपता को आ सचेम=सर्वथा सेवन करनेवाले बनें।

भावार्थ—१. मेरी प्रभु-दर्शन की प्यास अत्यन्त तीव्र हो, २. मैं प्रभु-दर्शन के दृढ़ निश्चय से किसी भी प्रकार विदीर्ण (पृथक्) न किया जा सकूँ, ३. मुझमें अपने जीवन की पूर्णता के लिए सतत प्रयत्न हो, ४. इसीलिए मैं प्रभु का अर्चन करूँ, ५. प्रकाश को देखने का प्रयत्न करूँ, ६. धन को धन्धा न बनाकर प्रभु पर विश्वास से चलूँ, और ७. अन्त में प्रभु के सामीप्य का अनुभव करूँ।

वसिष्ठ की आराधना इससे भिन्न हो ही कैसे सकती है?

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

'स्वयशः' नाम का जप

१७९९. न ते गिरो अपि मृष्ये तुरस्य न सुष्टुतिमसुर्यस्य विद्वान्।
सदा ते नाम स्वयशो विवक्मि॥ २॥

वसिष्ठ कहता है—१. तुरस्य=सब दुरितों के हिंसक प्रभो! मैं ते=तेरी गिरः=वेदवाणियों को न=नहीं अपिमृष्ये=(मृष्=forget, neglect) भूलता और न उपेक्षित करता हूँ। वसिष्ठ का तो निश्चय है कि 'मन्त्रश्रुत्यं चरामसि'=जैसे प्रभु की मन्त्रात्मक वाणियों में हम सुनते हैं—वैसा ही करते हैं। श्रुति ही तो धर्म के लिए परम प्रमाण है। जैसा प्रभु कहते हैं—वैसा ही मैं करता हूँ। दुरित मेरे पास आ ही कैसे सकते हैं? दुरितों का तो वे प्रभु ध्वंस करनेवाले हैं।

२. हे प्रभो! विद्वान्=समझदार बनता हुआ मैं असुर्यस्य=(असुं राति) प्राणशक्ति को देनेवालों में सर्वोत्तम आपकी सुष्टुतिम्=उत्तम स्तुति को न (मृष्ये)=नहीं भूलता हूँ। आपकी स्तुति=कर्म में मैं कभी उपेक्षा नहीं करता। आपके सम्पर्क में रहने से तो मैं अपने में शक्ति को अनुभव करता हूँ। आपका सम्पर्क छूटा, और स्रोत से पृथक् हुई नदी की भाँति मेरा भी शक्तिजल सूखा। इसलिए ३. हे प्रभो! सदा=हमेशा ही मैं ते=आपके स्वयशः=स्वयं आत्मना यशवाले नाम=नाम का विवक्मि=विशेषरूप से उच्चारण करता हूँ। मैं सदा आपके स्वरूप को इस रूप में स्मरण करने का प्रयत्न करता हूँ कि आप किसी और के कारण यशवाले नहीं हैं—आपका यश आपके अपने कर्मों से है। मैं भी इस नाम का निरन्तर उच्चारण करता हुआ प्रयत्न करता हूँ कि ऐसे कर्म करूँ जिनसे यश का भागी बनूँ।

भावार्थ—१. मेरे कर्म वेदाज्ञानुसार हों, २. प्रभु की स्तुति द्वारा मैं प्रभु से अपना सम्बन्ध विच्छिन्न न होने दूँ, ३. प्रभु के 'स्वयशः' इस नाम का उच्चारण करता हुआ मैं भी 'स्वयशः' बनने के लिए यशस्वी कर्मों को करूँ।

ऋषिः—वसिष्ठः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराडनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

भक्त की प्रभु-प्राप्ति के लिए आतुरता

१८००. भूरि हि ते सवना मानुषेषु भूरि मनीषी हवते त्वामित्।
मारे अस्मन्मघवञ्ज्योक्कः॥ ३॥

वसिष्ठ ही अपनी अर्चना के अन्त में कहते हैं कि—

१. हे प्रभो! ते=आपके मानुषेषु=मनुष्यों के निमित्त सवना=उत्पादन हि=निश्चय से भूरि=अनन्त हैं। आपने मनुष्यों के हित के लिए अनन्त वस्तुओं का निर्माण किया है। मनुष्य से उनका परिगणन क्या सम्भव हो सकता है?

२. इसलिए मनीषी=बुद्धिमान् पुरुष त्वामित्=आपको ही भूरि=बार-बार हवते=पुकारता है। वह समझता है कि आप ही वस्तुतः उसका कल्याण करनेवाले हैं। सच्चे माता-पिता, भाई व बन्धु तो आप ही हैं। आपको पाया तो सभी कुछ पा लिया। आपको खोया तो वस्तुतः सर्वस्व ही खो दिया। ऐसा समझता हुआ यह कहता है कि—

३. हे **मघवन्**=सब ऐश्वर्यों के स्वामिन् प्रभो! अब तो आप **अस्मत्** आरे=हमसे दूर **मा ज्योक् कः**=देर तक निवास मत कीजिए। मैं आपके सन्दर्शन में होऊँ, आपकी कृपा-दृष्टि मुझपर पड़े। मैं आपको अपने से ओझल न करूँ और आपकी कृपादृष्टि का पात्र बनूँ।

भावार्थ—हे प्रभो! आपके उपकार अनन्त हैं। मैं सदा आपको पुकारूँ और अपने को आपके समीप पाऊँ। मुझे तो तभी शान्ति होगी—तभी मेरी प्यास बुझेगी।

सूक्त-१४

ऋषिः—सुदाः पैजवनः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—शक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

कामदेव का धनुष 'अधिज्य' न हो पाये

१८०१. प्रो ष्वस्मै पुरोरथमिन्द्राय शूषमर्चत। अभीके चिदु लोककृत्सङ्गे समत्सु वृत्रहा।
अस्माकं बोधि चोदिता नभन्तामन्यकेषां ज्याका अधि धन्वसु॥ १॥

१. **अस्मै इन्द्राय**=इस परमैश्वर्यशाली प्रभु के लिए, अर्थात् प्रभु की आराधना के लिए **पुरोरथम्**=इस शरीररूपी रथ को निरन्तर आगे ले-चलनेवाले **शूषम्**=बल को **प्र सु-अर्चत**=प्रकर्षेण उत्तमता से अलंकृत करो। (अर्च=to adorn)। प्रभु ने यह शरीररूप रथ जीवन-यात्रा की पूर्ति के लिए हमें दिया है। यदि हम इसका ठीक प्रयोग करते हैं तो प्रभु की अर्चना कर रहे होते हैं। किसी से दी गयी वस्तु का ठीक प्रयोग ही उसका आदर है। हम इस शरीररूप रथ को शक्ति से अलंकृत करें, जिससे यह हमें आगे और आगे ले-चलनेवाला हो। शरीररूप रथ का सशक्त रखना और इसे न बिगड़ने देना ही प्रभु का सच्चा आदर है।

२. **अभीके**=प्रभु की समीपता में रहने से **चित् उ**=निश्चय से ही वे **लोककृत्**=प्रकाश करनेवाले हैं। जब हम प्रभु की समीपता में रहते हैं तब हमारा मार्ग कभी अन्धकारमय नहीं होता।

३. **सङ्गे**=उस प्रभु का सम्पर्क होने पर **समत्सु**=संग्रामों में—कामादि वासनाओं के साथ युद्ध में **वृत्रहा**=ज्ञान को आवृत करनेवाले जीव वृत्रों को विनष्ट करनेवाला होता है।

४. **अस्माकं बोधि**=हे प्रभो! आप हमें सदा चेतानेवाले होओ **चोदिता**=आप हमारे प्रेरक होओ। वस्तुतः '**चोदनालक्षणो धर्मः**'=जिस बात की प्रेरणा वेद में है वही धर्म है। प्रभु की प्रेरणा ही मुझे धर्म के मार्ग पर ले-चलती है।

५. हे प्रभो! आप ऐसी कृपा करो कि **अन्यकेषाम्**=इन हमारे विरोधी कामदेवादि की **ज्याकाः**=डोरियाँ **अधिधन्वसु**=धनुषों पर ही **नभन्ताम्**=नष्ट हो जाएँ। कामदेव का तीर हमपर चल ही न सके। इसके लिए आवश्यक है कि हम प्रभु से अपना उत्तम (सु) बन्धन (दास्) बनाकर इस मन्त्र के ऋषि '**सुदास्**' बन जाएँ।

भावार्थ—हम काम के शिकार न हो पाएँ।

ऋषिः—सुदाः पैजवनः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—शक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रभु का आलिङ्गन

१८०२. त्वं सिन्धूँरवासृजोऽधराचो अहन्नहिम्। अशत्रुरिन्द्र जज्ञिषे विश्वं पुष्यसि वार्यम्।
तं त्वा परि ष्वजामहे नभन्तामन्यकेषां ज्याका अधि धन्वसु॥ २॥

प्रभु जीव से कहते हैं कि—१. **त्वम्**-तूने **अधराचः**-नीचे की ओर जानेवाले (अधर+अञ्च्) **सिन्धून्**-(स्यन्दन्ते) जलों के अध्यात्मरूप रेतःकणों को **अवासृजः**-विषय-भोग का हेतु बनने से पृथक् किया है। ये रेतःकण अब ज्ञानाग्नि का ईंधन बनकर उसे उज्ज्वल करने में लगे हैं। २. **अहिम्**-तू ने (अहि=navel) संसार की नाभिभूत यज्ञ को (अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः) **अहन्**-प्राप्त किया है। विषय-भोगों से दूर हटकर तूने अपने जीवन को यज्ञमय बनाने का प्रयत्न किया है। ३. हे **इन्द्र**-ज्ञानरूप ऐश्वर्यशाली जीव! तू यज्ञों में प्रवृत्त होकर **अशत्रुः**-कामादि शत्रुओं से रहित **जज्ञिषे**-हो गया है। लोकहित में प्रवृत्त रहने से वैसे भी तेरा कोई शत्रु नहीं रहा। ४. इस यज्ञ प्रवृत्ति का यह परिणाम हुआ है कि **विश्वम्**-सब **वार्यम्**-वरणीय वस्तुओं का तू **पुष्यसि**-पोषण करनेवाला बना है। यज्ञ इहलोक व परलोक दोनों ही स्थानों में कल्याण करता है।

प्रभु ऐसे ही जीव से प्रसन्न होते हैं और प्रसन्न होकर कहते हैं कि **तं त्वा**-उस तुझे **परिष्वजामहे**-आलिङ्गन करते हैं। प्रसन्न पिता जैसे पुत्र को गले लगा लेता है, उसी प्रकार उल्लिखित जीवनवाला व्यक्ति भी प्रभु के आलिङ्गन को प्राप्त करता है और प्रभु से प्रार्थना करता है कि हे प्रभो! **अन्यकेषाम्**-मेरे शत्रुओं की **ज्याकाः**-डोरियाँ **अधिधन्वसु**-धनुषों पर ही **नभन्ताम्**-टूट जाएँ। उनका मुझपर आक्रमण न हो सके। जो व्यक्ति अपने को पूर्णरूप से प्रभु के प्रति दे डालता है, वह 'सुदाः' है और सदा क्रिया में लगे रहने से अपिजवन या पिजवन कहलाता है। यही प्रभु का प्रिय होता है और प्रभु का आलिङ्गन करता है।

भावार्थ—मैं वीर्य को भोग-साधन न बना यज्ञ-साधन बनाऊँ और प्रभु का प्रिय बनूँ।

ऋषिः—सुदाः पैजवनः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—शक्वरी॥ स्वरः—धैवतः॥

पिजवन की आराधना

१८०३. वि षु विश्वा अरातयोऽर्यो नशन्त नो धियः। अस्तासि शत्रवे वधं यो न इन्द्र जिघांसति। या ते रातिर्दिर्वसु नभन्तामन्यकेषां ज्याका अधि धन्वसु॥ ३॥

१. हे प्रभो! **विश्वाः**-हमारे न चाहते हुए भी हममें प्रवेश करनेवाले **अरातयः**-लोभादि शत्रु **वि-नशन्त**-विशेषरूप से नष्ट हो जाएँ। काम-क्रोध-लोभादि की अवाञ्छनीय वासनाएँ आपकी कृपा से हममें प्रविष्ट न हो पाएँ। हमारी हृदयस्थली से इनका विनाश हो जाए।

२. **नः**-हमें **अर्यः**-(अर्यस्य) जितेन्द्रिय-इन्द्रियों के स्वामी की **धियः**-बुद्धियाँ **सु नशन्त**-उत्तम प्रकार से प्राप्त हों। (नश्=to reach, attain) हम जितेन्द्रिय पुरुष की बुद्धि को प्राप्त करनेवाले हों।

३. हे **इन्द्र**-सब शत्रुओं का द्रावण करनेवाले प्रभो! **यः**-जो शत्रु **नः**-हमें **जिघांसति**-मारना चाहता है **शत्रवे**-उस शत्रु के लिए आप ही **वधम्**-वध के साधनभूत अस्त्र को **अस्तासि**-फेंकनेवाले हैं। कामादि वासनाएँ हमारी शक्तियों को क्षीण करके हमारा नाश करती हैं, अतः वे हमारी शत्रु हैं। उन्हें प्रभु ही नष्ट करते हैं, मेरी शक्ति उन्हें नष्ट करने की नहीं। मेरे लिए तो वे बड़ी प्रबल हैं।

४. हे प्रभो! वस्तुतः **या**-जो **ते**-तेरी **रातिः**-देन है वह **वसु**-निवास के लिए आवश्यक धन को **ददिः**-देनेवाली है। जो भी व्यक्ति प्रभु का अनन्य भक्त बनता है—अनन्य भक्त बनकर कामादि वासनाओं के नाश के लिए प्रयत्नशील होता है, वह नित्याभियुक्त व्यक्ति भूखा थोड़े ही मरता है। प्रभु की देन उसे निवास के लिए आवश्यक धन प्राप्त कराती है। उसका योगक्षेम कभी रुक नहीं जाता।

५. अन्त में पिजवन यही आराधना करता है कि **अन्यकेषाम्**-इन विलक्षण शक्तिवाले कामादि शत्रुओं की **ज्याकाः**-धनुषों की डोरियाँ **अधिधन्वसु**-इनके कमानों पर ही **नभन्ताम्**-नष्ट हो जाएँ। हे प्रभो! आपने ही इनसे मेरी रक्षा करनी है।

भावार्थ—मैं भी पिजवन की इस पञ्चविध प्रार्थना को करनेवाला बनूँ, परन्तु स्वयं भी (अपि) प्रयत्नशील (जवन) बना रहूँ।

सूक्त-१५

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः, प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

'ब्रह्म' का उपासक 'ब्रह्म-सा' बन जाता है

१८०४. रेवाँ इदिन्द्रेवत स्तोता स्यात्त्वावतो मघोनः। प्रेदु हरिवः सुतस्य॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'मेधातिथि काण्व प्रियमेध (आङ्गिरस)' हैं। इन दोनों की मौलिक भावना समान है। मेधातिथि का अर्थ है—'निरन्तर मेधा की ओर चलनेवाला' तथा प्रियमेध का अर्थ है—'प्रिय है बुद्धि जिसको'। बुद्धि को महत्त्व देनेवाला यह प्रियमेध प्रभु से कहता है कि संसार में सामान्यतः देखा जाता है कि **रेवतः**-धनवाले का **स्तोता**-उपासक **इत्**-निश्चय से **रेवान्**-धनवाला **स्यात्**-हो जाता है। वस्तुतः जो जिसका उपासक बनता है वह वैसा ही हो जाता है। '**हीयते हि मतिस्तात हीनैः सह समागमात्। समैश्च समतामेति विशिष्टैश्च विशिष्टताम्**', हीनबुद्धिवालों के समीप उठने-बैठने से मनुष्य हीनबुद्धिवाला हो जाता है, अपने-जैसों में रहने से वैसा ही बना रहता है और विशिष्ट पुरुषों के सम्पर्क में विशिष्टता का लाभ करता है। ऐसी स्थिति में हे **हरिवः**-सब प्रकार के अपकर्ष के हरण करनेवाले प्रभो! **त्वावतः**-आपके समान **मघोनः**-ज्ञानैश्वर्यसम्पन्न के तथा **सुतस्य**-सम्पूर्ण निर्माण व ऐश्वर्य के प्रभु के सम्पर्क में **प्र इत् उ**-आपका स्तोता निश्चय से प्रकर्ष को प्राप्त करेगा ही।

लौकिक धनी का उपासक धन की कमी से ऊपर उठ जाता है तो क्या प्रभु का उपासक सब प्रकार की कमियों से ऊपर न उठ जाएगा? हे प्रभो! क्या आप अपने उपासक की न्यूनता का हरण करके अपने 'हरिवान्' नाम को सार्थक न करेंगे? क्या 'मघवान्' के सम्पर्क में आकर यह स्तोता भी मघवान् न बनेगा? आप 'सुत' हैं—निर्माण व ऐश्वर्य के स्वामी हैं। आपका स्तोता भी निर्माता व ऐश्वर्य-सम्पन्न ही बनेगा। लौकिक धनी का स्तोता लौकिक धन प्राप्त करता है तो आपका स्तोता आपको ही प्राप्त करेगा।

भावार्थ—स्तोता, जिसकी स्तुति करता है, उस-जैसा ही बन जाता है।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः, प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ **देवता**—इन्द्रः॥ **छन्दः**—गायत्री॥ **स्वरः**—षड्जः॥

प्रभु का ज्ञानीभक्त या उक्थशंस व गायत्र

१८०५. उक्थं च न शस्यमानं नागो रयिरा चिकेत। न गायत्रं गीयमानम्॥ २॥

२२५ संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान हो चुका है। सामान्य अर्थ इस प्रकार है—

अ-गो-रयिः-जो ज्ञानरूप धनवाला नहीं है, वह व्यक्ति ऋग्वेद के **उक्थम्**-उक्थों को—पदार्थों के वैज्ञानिक अध्ययन द्वारा प्रभु की महिमा के प्रतिपादक मन्त्रों को **च न**-तथा **शस्यमानम्**-यजुर्वेद के शंसों को—जीवों के कर्त्तव्यों में छिपी परस्पर सम्बद्धता के द्वारा प्रभु के रचना-सौन्दर्य

को गीयमानम्-गाये जाते हुए गायत्रम्-प्रभु के ज्ञान द्वारा त्राण करनेवाले सामों को न आचिकेत-पूरे रूप से नहीं समझता है। प्रभु की महिमा को ज्ञानधनी ही समझ पाता है।

भावार्थ—मैं ज्ञानी बनूँ, जिससे प्रभु का ज्ञानी भक्त बन पाऊँ।

ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः, प्रियमेधश्चाङ्गिरसः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

हमारी खाने-पीने की ही दुनिया न हो

१८०६. मा न इन्द्र पीयत्नवे मा शर्धते परा दाः। शिक्षा शचीवः शचीभिः॥ ३॥

हे इन्द्र-परमैश्वर्यशाली प्रभो! नः-हमें पीयत्नवे-(पीयते-drinks)-पीने में ही आनन्द लेनेवाले पुरुष के लिए मा-मत परादाः-अपने से दूर करके दे डालिए तथा शर्धते-जो खा-पीकर कुत्सित वायु को ही निकाल रहा है, उसके लिए भी मा-मत परादाः-दे डालिए, अर्थात् मेरा उठना-बैठना उन्हीं पुरुषों में न हो जिनकी दुनिया केवल खाने-पीने की है—जो खाते-पीते हैं और लेटे-लेटे कुत्सित शब्द ही करते रहते हैं। इनके सम्पर्क में रहकर मैं भी ऐसा ही न बन जाऊँ। वस्तुतः क्या यह मानव-जीवन है? नहीं, कभी नहीं। यह तो पशुओं से भी गया-बीता जीवन है। हे प्रभो! मुझे विषय-विलासमय इस तमोगुणी जीवन से ऊपर उठाइए। आप 'इन्द्र' हैं, आपका स्तोता बनकर मैं 'इन्द्रियों का अधिष्ठाता' बनूँ न कि 'इन्द्रियों का दास'।

शचीवः-हे प्रभो! आप 'शचीवन्' हैं। नि० ३-३, १-११, २-१ 'प्रज्ञा-वाङ्-कर्म' के पति हैं। आप ज्ञानस्वरूप तो हैं ही, वेदवाणी के आप पति 'ब्रह्मणस्पति' व 'बृहस्पति' कहलाते हैं, आपके अन्दर स्वाभाविक क्रिया है। हे शचीवन्! मुझे भी शचीभिः-प्रज्ञा, वेदवाणियों व वेदानुकूल कर्मों से शिक्ष-शिक्षित व शक्ति-सम्पन्न कीजिए। मैं प्रज्ञावाला होकर वेदवाणी का अध्ययन करूँ, वेदानुकूल कर्मों में अपने जीवन का यापन करूँ और इस प्रकार मेरा जीवन सात्त्विक हो।

भावार्थ—मैं खाने-पीने की ही दुनिया में न विचर कर बुद्धि, ज्ञान व कर्म के क्षेत्र में विचरण करूँ।

सूक्त-१६

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रकाशमय लोक की प्राप्ति

१८०७. एन्द्र याहि हरिभिरुप कण्वस्य सुष्टुतिम्।
दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र की व्याख्या ३४८ संख्या पर इस प्रकार की गयी है—

इन्द्र-हे इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! तू हरिभिः-इन हरणशील इन्द्रियों के द्वारा कण्वस्य-मेधावी पुरुष की सुष्टुतिम्-उत्तम स्तुति को उप-आयाहि-समीपता से प्राप्त कर, अर्थात् मेधावी पुरुष की भाँति प्रभु के प्रसाद के लिए, न कि लौकिक प्रासादों के लिए, प्रार्थना कर और प्रयत्न करके अमुष्य-उस दिवः-प्रकाशमय शासतः-सारे ब्रह्माण्ड के शासक प्रभु के दिवम्-प्रकाशमय लोक को यय-प्राप्त कर। हे दिवावसो!-ज्ञानरूप वास्तविक धनवाले जीव! ऐसा ही तुझे करना उचित है।

भावार्थ—मनुष्य 'दिवावसु'-ज्ञानधनी बने।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

मर्यादामय जीवन

१८०८. अत्रा वि नेमिरेषामुरां न धूनुते वृकः ।
दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो ॥ २ ॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'नीपातिथि'-(नीप deep) सदा गहराई की ओर चलनेवाला है, जो विषयों की आपातरमणीयता से आकृष्ट नहीं होता, अपितु उनके तत्त्व तक पहुँचकर अपने को कभी उनका शिकार नहीं होने देता। एषाम्-इन नीपातिथि-जैसे व्यक्तियों की अत्र-इस मानव-जीवन में वि-विशिष्ट नेमिः-मर्यादा होती है। ये नेमिवृत्ति होते हैं। वेदोपदिष्ट मार्ग से कभी विचलित नहीं होते। प्रत्येक क्षेत्र में इनका जीवन एक विशिष्ट मर्यादा को तोड़ नहीं देता। वासनाओं को तो ये वि-धूनुते-उस प्रकार विशेषरूप से कम्पित करके दूर फेंक देते हैं न-जैसे कि वृकः-भेड़िया उराम्-भेड़ को। भेड़िया भेड़ को नष्ट कर देता है—नीपातिथि निकृष्ट भावों को नष्ट करता है।

यह दिवावसु-ज्ञानरूप धनवाला बनता है और अपना आत्मोद्बोधन करता हुआ कहता है कि दिवावसो-हे दिवावसो! दिवः-ज्ञानमय अमुष्य-उस शासतः-सारे ब्रह्माण्ड के शासक प्रभु के दिवं यय-प्रकाशमय लोक को तू प्राप्त कर।

भावार्थ—वासना का क्षय ही प्रभु-प्राप्ति का साधन है।

ऋषिः—नीपातिथिः काण्वः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

संयमी विद्वान् का उपदेश

१८०९. आ त्वा ग्रावा वदन्निह सोमी घोषेण वक्षतु ।
दिवो अमुष्य शासतो दिवं यय दिवावसो ॥ ३ ॥

प्रभु कहते हैं कि हे नीपातिथे! (तत्त्वज्ञान की प्राप्ति की इच्छावाले जीव!) त्वा-तुझे सोमी-सोम-शक्ति का (वीर्य-शक्ति का) अपने में संयम करनेवाला ग्रावा-विद्वान् (विद्वांसो हि ग्रावाणः श० ३.९.३.१४) आवदन्-ज्ञान-विज्ञान का उपदेश देता हुआ घोषेण-वेदमन्त्रों के उच्चारण से इह-इस प्रकाशमय लोक में वक्षतु-प्राप्त कराए।

आचार्य को विद्वान् तो होना ही चाहिए, विद्वत्ता के साथ उसका ब्रह्मचारी-संयमी जीवनवाला होना भी आवश्यक है। वह व्यापक ज्ञान को प्राप्त करानेवाला हो (आ)। वेदमन्त्रों के उच्चारण से आचार्य विद्यार्थी को ज्ञान देता है और उसे प्रकाशमय लोक में प्राप्त कराता है।

जीव का यही मौलिक कर्त्तव्य है कि वह 'दिवावसु'-ज्ञान धनवाला बने और उस प्रकाशमय ब्रह्माण्ड के शासक प्रभु के प्रकाशमय लोक को प्राप्त करे।

भावार्थ—हम संयमी विद्वान् के शिष्य बनें।

सूक्त-१७

ऋषिः—जमदग्निर्भार्गवः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—द्विपदागायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

जीवन के संयम से प्रभु का संयम

१८१०. पवस्व सोम मन्दयन्निन्द्राय मधुमत्तमः ॥ १ ॥

१८११. ते सुतासो विपश्चितः शुक्रा वायुमसृक्षत ॥ २ ॥

१८१२. असृग्रं देववीतये वाजयन्तो रथाइव ॥ ३ ॥

'जमदग्निः भार्गवः' इन मन्त्रों का ऋषि है—जिसकी जाठराग्नि ठीक भक्षण (जमु अदने) करनेवाली है और जो बड़ा तेजस्वी है। यह गतमन्त्र के 'सोमी' आचार्य से सोमरक्षा का महत्त्व समझता है और इस सुरक्षित सोम के महत्त्व का प्रतिपादन करते हुए कहता है कि—

हे सोम-वीर्यशक्ते! तू १. **मधुमत्तमः**-जीवन में सर्वाधिक माधुर्य को लानेवाली है। वस्तुतः सोम इस शरीर में अत्यन्त सारभूत वस्तु है। इस सोम का अपव्यय होने पर मनुष्य निर्बल व चिड़चिड़ा हो जाता है—इसके जीवन में से माधुर्य जाता रहता है। २. **मन्दयन्**-तू अपनी रक्षा करनेवाले को हर्षित करता है। सोम के सुरक्षित होने पर मनुष्य जीवन में उल्लास का अनुभव करता है। ३. हे सोम तू **इन्द्राय पवस्व**-इस सोमपान करनेवाले, इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव को पवित्र बना। सोम की रक्षा से मनुष्य की प्रवृत्ति पाप की ओर न होकर जीवन में पवित्रता का संचार होता है। ४. **ते**-ये **सुतासः**-उत्पन्न हुए-हुए सोम **विपश्चितः**-मनुष्य को सूक्ष्म बुद्धिवाला बनाते हैं, जिससे वह प्रत्येक पदार्थ को विशेष सूक्ष्मता से देखता हुआ चिन्तनशील बनता है। ५. **शुक्राः**-(शुच दीप्तौ) ये सोम जीवन को अधिक और अधिक उज्ज्वल बनाते हैं। इनसे जीवन में दीप्ति का संचार होता है। 'शरीर, मन व बुद्धि' सभी इससे चमक उठते हैं। ६. **वायुम् असृक्षत**-ये जीव को (वा गतौ) बड़ा गतिशील बनाते हैं। इनके अभाव में मनुष्य अकर्मण्य बन जाता है। ७. ये सोम **वाजयन्तः**-मनुष्य को शक्तिशाली बनानेवाले हैं। वस्तुतः सम्पूर्ण शक्ति के मूल ये ही हैं। मूल क्या? ये ही तो शक्ति हैं। ८. **रथाः इव**-ये जीवन-यात्रा को पूर्ण करने के लिए रथ के समान हैं। इनके अभाव में जीवन नहीं—मृत्यु है। जीवन ही नहीं तो जीवन-यात्रा की पूर्ति का तो प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता। ९. ये जीवन-यात्रा को पूर्ण करके **देववीतये**-उस प्रभु को प्राप्त करने के लिए **असृग्रन्**-रचे गये हैं। सोम-सृजन का मुख्य उद्देश्य प्रभु-प्राप्ति है। ये सुरक्षित होकर, मनुष्य की ऊर्ध्वगति के द्वारा, उसे ब्रह्म के समीप पहुँचाते हैं। इन सोमों से उस सोम (परमात्मा) को ही तो प्राप्त करना है।

भावार्थ—मैं संयमी आचार्य से शिक्षित हो संयमी जीवनवाला बनूँ। जीवन के संयम से प्रभु का संयम (अपने में बाँधनेवाला) करनेवाला होऊँ।

सूक्त-१८

ऋषिः—परुच्छेपो दैवोदासिः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—अत्यष्टिः ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

प्रभु की कृपा कब?

१८१३. अग्निं होतारं मन्ये दास्वन्तं वसोः सूनुं सहसो जातवेदसं विप्रं न जातवेदसम्।
य ऊर्ध्वया स्वध्वरो देवो देवाच्या कृपा।
घृतस्य विभ्राष्टिमनु शुक्रशोचिष आजुह्वानस्य सर्पिषः ॥ १ ॥

४६५ संख्या पर इस मन्त्र का व्याख्यान हो चुका है। सरलार्थ इस प्रकार है—

'परुच्छेप'-अङ्ग-अङ्ग में—पर्व-पर्व में—शक्ति का निर्माण करनेवाला 'दैवोदासि'-उस देव का दास कहता है कि मैं १. **अग्निम्**-आगे ले-चलनेवाले प्रभु को २. **होतारम्**-सम्पूर्ण उन्नति-

साधक पदार्थों के देनेवाले, ३. **वसोः दास्वन्तम्**-निवास के लिए आवश्यक धन देनेवाले, ४. **सहसः सूनुम्**- बल-उत्पादक शक्ति पैदा करनेवाले ५. **जातवेदसम्**-सर्वज्ञ ६. **विप्रं न जातवेदसम्**-विद्वान् ब्राह्मणों की भाँति मुझमें ज्ञान उत्पन्न करनेवाले उस प्रभु को **मन्ये**-जानने का प्रयत्न करता हूँ—**यः**-जो **ऊर्ध्वया**-उत्कृष्ट **देवाच्या**-देवों को प्राप्त होनेवाली **कृपा**-सामर्थ्य व दया से **देवः**-हमें सब पदार्थों को देनेवाला है तथा **स्वध्वरः**-हमारे जीवनों को उत्तम और हिंसारहित बनानेवाला है।

परन्तु यह प्रभुकृपा कब प्राप्त होती है—

घृतस्य-मलों का क्षरण करनेवाली (घृ-क्षरण) ज्ञानदीप्ति की (घृ-दीप्ति) **विभ्राष्टिम्**-चमक के **अनु**-पश्चात्। कैसी ज्ञानदीप्ति के—

१. **शुक्रशोचिषः**-शुद्ध निर्मल दीप्तिवाले

२. **आजुह्वनस्य**-सर्वथा त्यागशील पुरुष की तथा

३. **सर्पिषः**-(सृप् गतौ) गतिशील पुरुष की,

अर्थात् जो ज्ञान चमकता है, त्यागवाला है तथा गतिमयतावाला है, उस ज्ञान की चमक के पश्चात् प्रभु हमारे जीवनों को 'उत्तम व हिंसाशून्य बनानेवाले होते हैं।'

भावार्थ—मैं ज्ञान को दीप्त करूँ, त्यागशील व क्रियामय जीवनवाला बनूँ, जिससे प्रभु की कृपा प्राप्त करूँ।

ऋषिः—परुच्छेपो दैवोदासिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—अत्यष्टिः॥ स्वरः—गान्धारः॥

यजिष्ठ का यजन

१८१४. यजिष्ठं त्वा यजमाना हुवेम ज्येष्ठमङ्गिरसां विप्र मन्मभिर्विप्रेभिः शुक्र मन्मभिः।
परिज्मानमिव द्यां होतारं चर्षणीनाम्।
शोचिष्केशं वृषणं यमिमा विशः प्रावन्तु जूतये विशः॥ २॥

परुच्छेप-अङ्ग-अङ्ग में शक्ति का निर्माण करनेवाला भक्त कहता है कि हे **अङ्गिरसां विप्र**-अङ्गरसवालों, अर्थात् शक्तिशालियों का विशेषरूप से पूरण करनेवाले प्रभो! **यजिष्ठम्**-सर्वाधिक दान देनेवाले **ज्येष्ठम्**-सदा सर्वाधिक वर्धमान **त्वा**-आपको **यजमानाः**-यज्ञ के स्वभाववाले हम **मन्मभिः**-मननीय स्तोत्रों के द्वारा **हुवेम**-पुकारते हैं। हे **शुक्र**-शुद्धस्वरूप परमात्मन्! उन **मन्मभिः**-मननीय स्तोत्रों से आपको पुकारते हैं जो **विप्रेभिः**-हमारा विशेषरूप से पूरण करनेवाले हैं। आपके स्तोत्रों से हमें ही तो प्रेरणा प्राप्त होती है और हमारे जीवन न्यूनताओं से रहित होकर पूर्ण होते हैं।

हे प्रभो! मैं आपका निम्नरूप में स्मरण करता हूँ—१. **परिज्मानम् इव द्याम्**-आप इस निरन्तर गतिशील प्रकाशमय सूर्य की भाँति हैं। आपका उपासक मैं भी गति और प्रकाश को अपनाऊँ।

२. **चर्षणीनाम्**-(कर्षणीनाम्) कृषि करनेवाले श्रमशील मनुष्यों को आप **होतारम्**-सब-कुछ देनेवाले हैं। मैं भी इस तत्त्व को समझूँ कि आपकी कृपा मुझे परिश्रम करने पर ही प्राप्त होगी और यह समझकर 'श्रम' को अपने जीवन का मूलतत्त्व बनाऊँ।

३. **शोचिष्केशम्**-(शोचि—केश) आप प्रकाशमय किरणोंवाले हैं अथवा (शोचिष्क+ईश)

सब ज्योतियों के ईश है। मैं भी अपने ज्ञान के प्रकाश को निरन्तर बढ़ाऊँ।

४. वृषणम्=आप शक्तिशाली हैं और सभी पर सुखों की वर्षा करनेवाले हैं। मैं भी ऐसा ही बनूँ।

५. यम्=जिस आपको इमाः विशः=ये सब प्रजाएँ प्रावन्तु=प्रकर्षेण अपने में दोहन का प्रयत्न करें (अव्=भागदुघे)। वस्तुतः प्रभु का अपने में दोहन किये बिना मनुष्य का उत्थान सम्भव कहाँ? विशः=सब प्रजाएँ जूतये=(going on) निरन्तर आगे बढ़ने के लिए प्रावन्तु=आपकी भावना को अपने में सुरक्षित करें। प्रभु के स्मरण से ही मनुष्य की निरन्तर उन्नति होती है।

भावार्थ—मैं प्रभु का स्मरण करूँ, जिससे १. निरन्तर गतिशील २. प्रकाशमय ३. श्रम को महत्त्व देनेवाला ४. ज्ञान की सम्पत्तिवाला तथा ५. शक्तिशाली बनूँ।

ऋषिः—परुच्छेपो दैवोदासिः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—अत्यष्टिः॥ स्वरः—गान्धारः॥

परुच्छेप के जीवन की तीन बातें

१८१५. स हि पुरू चिदोजसा विरुक्मता दीद्यानो भवति द्रुहन्तरः परशुर्न द्रुहन्तरः।
वीडु चिद्यस्य समृतौ श्रुवद्वनेव यत्स्थिरम्।
निष्षहमाणो यमते नायते धन्वासहा नायते॥ ३॥

१. सः=यह परुच्छेप हि=निश्चय से विरुक्मता=विशेष दीप्तिवाले ओजसा=ओज से दीद्यानः=चमकता हुआ पुरुचित्=बहुत बड़ी भी अथवा अपना पालन व पोषण करनेवाली द्रुहम्=द्रोह की भावना को तरः=तैरनेवाला होता है। यह परुच्छेप किसी व्यक्ति को नष्ट करके अपना महान् पोषण हो सकने पर भी द्रोह—जिघांसा की वृत्ति को तैर जाता है। परुच्छेप तो परशुः न=जैसे कुल्हाड़ा वृक्ष का काटनेवाला होता है, इसी प्रकार द्रुहन्तरः=द्रुहन्तर होता है—द्रोह की भावना को तैर जानेवाला होता है।

२. यह परुच्छेप वह होता है यस्य=जिसकी समृतौ=सङ्गति में यत्=जो वीडु चित्=अत्यन्त बलवान् भी स्थिरम्=स्थिर हृदय है वह भी वना इव=जलों की भाँति श्रुवत्=सुनाई पड़ता है। परुच्छेप के सम्पर्क में कठोर-से-कठोर हृदय भी पिघल जाता है और दयार्द्र हो उठता है। यह परुच्छेप स्वयं तो जिघांसा की वृत्ति से ऊपर उठा हुआ होता ही है, यह अपने सम्पर्क में आनेवाले दूसरे कठोर हृदय पुरुष को भी दयार्द्र व कोमल कर देता है।

३. निःषहमाणः न अयते=सब बुरी वृत्तियों का पराभव-सा करता हुआ यह अपने जीवन में गति करता है। धन्वासहा न अयते=अपने धनुष से शत्रुओं का पराभव करनेवाले के समान यह गति करता है। प्रणव-ओम् ही इसका धनुष है—इस प्रणवरूप धनुष के द्वारा यह कामादि सब शत्रुओं का पराभव कर डालता है। यमते=यह अपने जीवन में काम, क्रोध, लोभ—सभी का नियमन करके चलता है। ये कामादि उसपर प्रभुत्व नहीं करते, अपितु परुच्छेप ही इन्हें अपने वश में रखता है।

भावार्थ—परुच्छेप के जीवन में निम्न तीन बातें होती हैं—

१. यह द्रोह की भावना से ऊपर होता है। २. स्वयं दयार्द्र होता हुआ औरों को भी दयार्द्र बनाता है। ३. काम, क्रोध, लोभ को वश में रखता है।

इति नवमप्रपाठकस्य प्रथमोऽर्धः॥

नवमप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—अग्निः पावकः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—विष्टारपङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

ज्ञान-कर्म-उपासना

२३ २१ २ ३ २ ३ १ २ ३ १ ३
१८१६. अग्ने तव श्रवो वयो महि भ्राजन्ते अर्चयो विभावसो।
१२ ३ १२ १ १२ १ ३ १ २ १ २
बृहद्भानो शवसा वाजमुक्थ्यं३ दधासि दाशुषे कवे ॥ १ ॥

प्रभु प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'अग्नि-पावक' से, जिसने अपने जीवन को उन्नतिशील व पवित्र बनाया है, कहते हैं—हे अग्ने-प्रगतिशील जीव! हे विभावसो-ज्ञान को ही वास्तविक धन समझनेवाले जीव! तव-तेरे श्रवः-श्रवणसाध्य ज्ञान वयः-गतिरूप कर्म (वय-गतौ) तथा अर्चयः-(अर्च-पूजायाम्) उपासनाएँ महि भ्राजन्ते-खूब दीप्त होती हैं। अग्नि-प्रगतिशील जीव सदा अपने ज्ञान को बढ़ाने के दृष्टिकोण से ही क्रियाशील रहता है और इस प्रकार ज्ञान के साथ कर्मों को करता हुआ प्रभु का सच्चा उपासक बनता है। इसके 'ज्ञान, कर्म व अर्चन' सभी खूब चमकनेवाले—देदीप्यमान होते हैं।

परन्तु यह अग्नि-प्रगतिशील जीव इस प्रकार उन्नति-पथ पर आगे बढ़ता हुआ भी पावक—पवित्र बना रहता है। किसी प्रकार के गर्व की भावना को अपने अन्दर उत्पन्न नहीं होने देता। यह प्रभु की अर्चना इन शब्दों में करता है—

हे बृहद्भानो-अत्यन्त बढ़े हुए—निरतिशय प्रकाशवाले प्रभो! हे कवे-क्रान्तदर्शिन्—अन्तर्यामितया सब वस्तुओं के तत्त्व को जाननेवाले प्रभो! आप ही तो दाशुषे-आपके प्रति समर्पण करनेवाले जीव के लिए शवसा-(शवतिः गतिकर्मा) गति व क्रिया के साथ वाजम्-(वज गतौ, गतिः—ज्ञानम्) ज्ञान को तथा उक्थ्यम्-स्तोत्रों में साधुता को—अर्थात् उत्तम उपासना-वृत्ति को दधासि-धारण करते हैं। आपकी कृपा से ही तो 'क्रियाशीलता, ज्ञान व उपासना की वृत्ति' प्राप्त होती है। यह सब तो आपकी ही देन है (These are the blsessing bestowed upon us by Thee), इसमें हमारा तो कुछ है ही नहीं।

इस प्रकार निरहंकारता व सौम्यता के साथ इस अग्नि के 'कर्म, ज्ञान व उपासना' और भी अधिक चमक उठते हैं—उसका जीवन सुतरां पवित्र बन जाता है। वह दिव्यता को प्राप्त कर दिव्यता के दर्प से अभिभूत नहीं हो जाता और इस प्रकार उसकी दिव्यता और अधिक दिव्य बन जाती है।

भावार्थ—मैं ज्ञानी बनूँ, ज्ञानपूर्वक कर्म करूँ और इन कर्मों को प्रभु-चरणों में अर्पित करता हुआ प्रभु का सच्चा उपासक होऊँ।

ऋषिः—अग्निः पावकः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—विष्टारपङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

पवित्र व क्रियाशील तेजस्विता (प्रकृति के समीप)

१ १ २ १ २ १ १ २ १ १ २ १ २
१८१७. पावकवर्चाः शुक्रवर्चा अनूनवर्चा उदियर्षि भानुना।
१ २ १ २ १ २ १ २ १ २ १ २
पुत्रो मातरा विचरन्नुपावसि पृणक्षि रोदसी उभे ॥ २ ॥

'अग्नि-पावक'-प्रगतिशील-पवित्र जीव से ही प्रभु कहते हैं—

पावकवर्चाः-तू पवित्र करनेवाली तेजस्वितावाला है। वस्तुतः 'वर्चस्' शरीर में सब प्रकार के रोगकृमियों को समाप्त करता हुआ शरीर को अत्यन्त निर्मल बनाता है और मन को भी द्वेषादि मलों से मलिन नहीं होने देता। शुक्रवर्चाः-(शुक् गतौ) तू गतिशील तेजस्वितावाला है, तेरी तेजस्विता तुझे सदा क्रियामय बनाये रखती है। इस प्रकार तू अनूनवर्चाः-न्यूनता को उत्पन्न न होने देनीवाली तेजस्वितावाला है। तेज के दो ही कार्य हैं—१. प्रथम मल को दूर करके पवित्र बनाना और २. सब प्रकार की रुकावटों को दूर करके गतिशील बनाना। इन दोनों बातों के होने पर मनुष्य में न्यूनता नहीं आती।

प्रभु कहते हैं कि 'पावक, शुक्र व अनूनवर्चस्वाला' होता हुआ तू भानुना-ज्ञान की दीप्ति से उत् इयर्षि-ऊर्ध्वगतिवाला होता है। तेजस्विता व ज्ञान का प्रकाश—दोनों मिलकर तुझे उन्नत करनेवाले होते हैं।

पुत्रः-तू पुत्र है, मातरा-अपने माता-पिता—द्युलोक व पृथिवीलोक के अनुकूल विचरन्-गति करता हुआ, उपावसि-उनसे अपने को दूर न ले-जाता हुआ तू (उप) अपनी रक्षा करता है (अवसि)। द्यौष्मिता, पृथिवीमाता इन मन्त्रांशों से यह स्पष्ट है कि द्युलोक पिता है और पृथिवी माता है तथा जीव उनका पुत्र है। उनके अनुकूल चलता हुआ यह अपने को पु—पवित्र बनाता है, और त्र-अपना त्राण करता है। 'द्यौः उग्रा, पृथिवी च दृढा' द्युलोक सूर्य व सितारों से तेजस्वी है—यह भी अपने को ज्ञान से तेजस्वी बनाता है। पृथिवी दृढ़ है—यह भी अपने शरीर को शक्तिशाली बनाता है। अपने को ऐसा बनाने के लिए ही यह उप-उनके समीप रहता है। इसका जीवन कृत्रिम नहीं हो जाता, अपितु स्वाभाविक बना रहता है। भोजनाच्छादनादि में यह बहुत बखेड़ा नहीं करता, भोजनों को अधिक पकाता नहीं रहता, वस्त्रों की संख्या को बढ़ाता नहीं रहता। वस्तुतः 'पवित्रता व दीर्घजीवन का रहस्य' प्रकृति के समीप बने रहना ही है (उप)। आधुनिक युग में तथाकथित सभ्यता के विकास में जीव प्रकृति से सुदूर चला गया और कुछ कटु अनुभवों से उसने फिर (प्रकृति की ओर लौटने) 'Back to the Nature' का नारा लगाया।

वस्तुतः जीव अपने माता-पिता पृथिवीलोक व द्युलोक के समीप रहता हुआ ही उभे-दोनों रोदसी-लोकों का—द्यावापृथिवी का पृणक्षि-पालन करता है। पिण्ड में शरीर ही पृथिवीलोक है तथा मस्तिष्क द्युलोक। जब हम अपने जीवन को प्रकृति से दूर व अस्वाभाविक नहीं बनने देते तब वस्तुतः अपने शरीर व मस्तिष्क को स्वस्थ, सुरक्षित व सुन्दर बनाये रखते हैं। अस्वाभाविकता ही हमें बीमार व कुण्ठमति बना देती है।

भावार्थ—मैं शारीरिक तेजस्विता व मस्तिष्क की दीप्ति प्राप्त करके उन्नत होऊँ। यथासम्भव स्वाभाविक जीवन बिताता हुआ स्वस्थ व सूक्ष्मबुद्धिवाला रहूँ।

ऋषिः—अग्निः पावकः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—सतोबृहती॥ स्वरः—पञ्चमः॥

सुन्दर जीवन

१ ३ ३ २ १ १ ३ १ २ ३
१८१८. ऊर्जो नपाज्जातवेदः सुशस्तिभिर्मन्दस्व धीतिभिर्हितः।
२ १ १ २ १ २ ३ २ १ ३ १ २
त्वे इषः सं दधुर्भूरिवर्पसश्चित्रोतयो वामजाताः॥ ३॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अग्नि-पावक', प्रभु का ध्यान करता हुआ कहता है—१. ऊर्जः नपात्-आप मेरी शक्ति को न गिरने देनेवाले हैं (ऊर्ज्-शक्ति, न-नहीं, पात-गिरने देनेवाला)। सदा आपके

समीप रहने से मैं व्यसनों से बचा रहता हूँ—भोगों में न फँसने से रोगों का शिकार भी नहीं होता, मेरी शक्ति स्थिर रहती है। २. **जातवेदः**=आप प्रत्येक उत्पन्न हुई वस्तु को जानते हैं—प्रत्येक पदार्थ में विद्यमान हैं। मैंने कर्म किया और आपने जाना, किया ही क्या, करने की सोची और आपने मेरी भावना जानी। आपसे मेरा छिपा ही क्या है, अतः आपके सामने ही धर्म के मार्ग का उल्लंघन करके आपका निरादर थोड़े ही करूँगा? ३. **सुशस्तिभिः मन्दस्व**=आप मेरे उत्तम शंसनों व स्तुतियों द्वारा आनन्दित हों। मेरी आराधनाएँ आपको रिझाने में समर्थ हों। मैं अपनी स्तुतियों से आपको प्रसन्न कर सकूँ। ४. **धीतिभिः हितः**=आप ध्यान-क्रियाओं के द्वारा मुझमें स्थापित होते हैं। सर्वव्यापकता के नाते आप सर्वत्र हैं, परन्तु मैं ध्यान से ही तो आपको अपने अन्दर प्रतिष्ठित कर पाता हूँ। मेरे लिए तो आपकी प्रतिष्ठा मेरे हृदय-मन्दिर में तभी होती है जब मैं ध्यानावस्थित होकर आपका दर्शन करने का प्रयत्न करता हूँ। ५. ऐसे ही लोग जोकि ध्यान से आपको हृदय-मन्दिर में प्रतिष्ठित पाते हैं **त्वे इषः सन्दधुः**=आप में स्थित होते हुए प्रेरणाओं को धारण करते हैं। आपकी प्रेरणा को सुनते हैं और तदनुसार ही अपने जीवन को बनाते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि वे ६. **भूरिवर्पसः**=(वर्पस्=form, figure या praise) बड़ी सुन्दर आकृतिवाले होते हैं—आपके दर्शन के आनन्द की झलक उनके चेहरों को भी दीप्त करती है और उनके मुख से आपका अधिकाधिक स्तवन होने लगता है ७. **चित्र-ऊतयः**=इनका जीवन अद्भुत रक्षणोंवाला होता है। उस अमृत प्रभु के रक्षण में इनपर कोई भी आसुर वृत्ति आक्रमण कर ही कैसे सकती है? अमृत आपसे आवेष्टित होने पर मृत्यु इन तक पहुँच ही कैसे सकती है? ८. **वाम-जाताः**=परिणामतः इनका जीवन (जात) बड़ा सुन्दर (वाम) बन जाता है। प्रभु के दर्शन में जीवन सुन्दर नहीं बनेगा तो बनेगा ही कब?

भावार्थ—प्रभु की उपासना में मेरा जीवन सुन्दर, सुन्दरतर व सुन्दरतम होता चले।

ऋषिः—अग्निः पावकः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—सतोबृहती॥ स्वरः—पञ्चमः॥

गोधन और जीवन-सौन्दर्य

१८१९. इरज्यन्नग्ने प्रथयस्व जन्तुभिरस्मे रायो अमर्त्य।
स दर्शतस्य वपुषो वि राजसि पृणक्षि दर्शतं क्रतुम्॥ ४॥

गत मन्त्र में सुन्दर जीवन का उल्लेख था। प्रस्तुत मन्त्र में सुन्दर जीवन के निर्माण के प्रमुख साधन का संकेत है। प्रभु कहते हैं कि **अग्ने**=उन्नति के इच्छुक जीव! हे **अमर्त्य**=असमय में शरीर को न छोड़नेवाले अथवा लौकिक भोगों के पीछे न मरनेवाले जीव! तू **रायः इरज्यन्**=धनों का स्वामी होना चाहता हुआ (इरज्य=to be master of) **अस्मे जन्तुभिः**=हमारे इन 'गौ, अश्व, अजा, अवि=ewe)' आदि पशुओं से **प्रथयस्व**=सम्पत्ति को विस्तृत कर—सम्पत्ति को बढ़ा।

यहाँ 'अग्ने' और 'अमर्त्य' इन शब्दों से सम्बोधन करके जीव को स्पष्ट संकेत किया है कि यदि तू जीवन में प्रगति करना चाहता है, यदि तू दीर्घ जीवन का इच्छुक है, यदि तू चाहता है कि तेरे मन की भावनाएँ पवित्र बनी रहें, तू भोगासक्त न हो जाए तो तू अपनी सम्पत्ति को गौ आदि पशुओं के द्वारा ही बढ़ानेवाला बन। 'गोपालन, कृषि, ऊन व रेशम के कपड़ों का निर्माण'—ये सब कार्य पशुओं से सम्बद्ध होते हुए हमारे ऐश्वर्य को बढ़ानेवाले हैं। वैश्य ने इन्हीं कार्यों के द्वारा धन को बढ़ाने का यत्न करना है। '**अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित् कृषस्व**'-'जूआ मत खेल, खेती ही कर' यह वेद का स्पष्ट आदेश है। '**युनक्त सीराः**'-हल चलाओ यह वेद कह रहा है। '**ऊर्णासूत्रेण**

कवयो वयन्ति'-विद्वान् लोग ऊन के सूत से कपड़ा बुनते हैं—यह वेदवाक्य है। 'येन धनेन प्रपणं चरामि'-इत्यादि मन्त्रों में धन के द्वारा क्रय-विक्रय व व्यापार का भी उल्लेख है, परन्तु सट्टे-speculation के ढंग के व्यापार का वेद में निषेध-ही-निषेध है। श्रम से प्राप्त धन ही ठीक है।

यदि जीव इस निर्देश का पालन करेगा तो प्रभु कहते हैं कि सः-वह तू दर्शतस्य वपुषः-दर्शनीय सुन्दर शरीर से विराजसि-विशिष्टरूप से चमकता है। श्रम से प्राप्त धन शरीर को सुन्दर बनाता है। इतना ही नहीं, ऐसा करने पर तू दर्शतं क्रतुम्-दर्शनीय सुन्दर संकल्पों को पृणक्षि-मन में धारण करनेवाला होता है, सात्त्विक धन जहाँ शरीर को सुन्दर बनाता है वहाँ वह मन को भी पवित्र बनानेवाला होता है सात्त्विक धन के परिणामरूप मन में अशुभ संकल्प उत्पन्न नहीं होते।

इस मन्त्रार्थ से यह स्पष्ट हो जाता है कि वैदिक संस्कृति में 'गोपालन' का इतना महत्त्व क्यों है? ऋषियों के आश्रमों की गौवों के बिना हम कल्पना ही नहीं कर पाते। वेद तो कहता है कि 'वसु, रुद्र व आदित्यों' का निर्माण करनेवाली तो गौ ही हैं। यही धन सात्त्विक है। गोधन ही धन है। एक युग था जब पशुधन ही धन समझा जाता था 'pecuniary' यह इंग्लिश का शब्द भी उस युग का स्मरण कर रहा है। उस समय मनुष्यों के शरीर भी सुन्दर थे। उसी युग को लाने का हमें प्रयत्न करना है।

भावार्थ—प्रभु के आदेश को सुनते हुए हम गवादि पशुओं द्वारा ही धनी बनें और उनके दूध आदि के प्रयोग से सुन्दर, स्वस्थ, दर्शनीय शरीर व शिवसंकल्पात्मक मनोंवाले बनें।

ऋषिः—अग्निः पावकः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—सतोबृहती॥ स्वरः—पञ्चमः॥

कैसे धन को?

१८२०. इष्कर्तारमध्वरस्य प्रचेतसं क्षयन्तं राधसो महः।
रातिं वामस्य सुभगां महीमिषं दधासि सानसिं रयिम्॥ ५॥

गत मन्त्र में प्रभु ने कहा था कि 'तू हमारे गौ आदि पशुओं से अपनी सम्पत्ति को विस्तृत कर'। प्रस्तुत मन्त्र में कहते हैं कि 'तुझे कैसी सम्पत्ति मिलेगी?'—हे जीव! तू रयिं दधासि-उस सम्पत्ति को धारण करता है, जो—

१. अध्वरस्य इष्कर्तारम्-हिंसारहित यज्ञों को परिष्कृत करनेवाली हैं, अर्थात् जिसके द्वारा शतशः अध्वरों—यज्ञों का साधन होता है।

२. प्रचेतसम्-जो प्रकृष्ट चेतनावाली है। जो नमक-तेल-ईंधन की चिन्ता से बुद्धि को विलुप्त नहीं होने देती और न ही अपनी चकाचौंध से आँखों को चुँधिया ही देती है।

३. महः राधसः क्षयन्तम्-जो महान् सफलता का निवास-स्थान है, अर्थात् जिसके द्वारा हमारे संसार के आवश्यक कार्य पूर्ण होते हैं।

४. वामस्य रातिम्-सब सुन्दर वस्तुओं को देनेवाली है। सम्पत्ति इतनी चाहिए कि वह जीवन को सुन्दर बनाने के लिए सब आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त करा सके।

५. सुभगाम्-जो सुन्दर है, अर्थात् जिसके प्राप्त होने से मेरे जीवन में कोई ऐसा परिवर्तन नहीं आता कि वह अखरने लगे।

६. महीम्-जो सम्पत्ति (मह पूजायाम्) मुझे पूजा की भावना से पृथक् नहीं कर देती।

७. इषम्-जो मुझे गतिशील रखती है—अकर्मण्य नहीं बना देती।

८. सानसिम्-जो संविभाग के योग्य है, अर्थात् मुझे वह सम्पत्ति दीजिए जिसका यज्ञों में विनियोग करके बची हुई का खानेवाला बनूँ।

भावार्थ—मैं सम्पत्ति को प्राप्त करूँ, उस सम्पत्ति को जोकि यज्ञों को सिद्ध करनेवाली हो।

ऋषिः—अग्निः पावकः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—उपरिष्टाज्ज्योतिस्त्रिष्टुप् ॥ स्वरः—धैवतः ॥

पति-पत्नी का प्रभु-स्तवन

१८२१. ऋतावानं महिषं विश्वदर्शतमग्निं सुम्नाय दधिरे पुरो जनाः।
श्रुत्कर्णं सप्रथस्तमं त्वा गिरा दैव्यं मानुषा युगा ॥ ६ ॥

जनाः=समझदार लोग सुम्नाय=सुख प्राप्ति के लिए पुरा दधिरे=सदा सामने रखते हैं—उस प्रभु को अपनी आँख से ओझल नहीं होने देते जो—

१. ऋतावानम्=ऋतों के द्वारा सेवनीय है (ऋत, वन्)। प्रभु की सच्ची उपासना यज्ञों से ही होती है। 'यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः'=देव लोग उस उपासनीय प्रभु को यज्ञ से उपासित करते हैं। 'सर्वभूतहिते रतः' होकर ही हम प्रभु के भक्ततम हो सकते हैं।

२. महिषम्-जो पूजा के योग्य हैं (मह पूजायाम्)। अधम-से-अधम व्यक्ति भी अन्त में अपनी कार्यसिद्धि के लिए उस प्रभु की शरण में जाता है।

३. विश्वदर्शतम्-संसार में सबसे अधिक सुन्दर है, अतएव सबसे देखने योग्य हैं।

४. अग्निम्-जो अपनी शरण में आये हुओं को आगे और आगे ले-चलनेवाला है।

५. श्रुत्कर्णम्-जो ज्ञान को (श्रुत्) अपने शरणागतों के हृदयों में विकीर्ण (कृ विक्षेपे) करनेवाला है।

६. सप्रथस् तमम्-जो अत्यन्त विस्तार के साथ विद्यमान् है। उस प्रभु के परिवार में सभी के लिए स्थान है।

७. दैव्यम्-जो देव, अर्थात् आत्मा का सदा हितकर हैं।

हे प्रभो! ऐसे त्वा=तुझको मानुषा युगा=मनुष्य के जोड़े, अर्थात् पति-पत्नी गिरा=वेदवाणी के द्वारा सदा स्तुत करते हैं। स्तुति का अभिप्राय यही है कि वे स्तोता इन्हीं गुणों को अपने में धारण करते हैं। वे भी १. ऋत को धारण करते हैं। २. प्रभु की पूजा करते हैं। ३. अपने जीवन को बड़ा सुन्दर बनाते हैं। ४. आगे बढ़ने के लिए यत्नशील होते हैं। ५. ज्ञान को फैलाते हैं। ६. हृदय को विशाल बनाते हैं। ७. देवोचित कर्मों को ही करते हैं अथवा सदा देवहित में प्रवृत्त रहते हैं।

भावार्थ—हम मिलकर घरों में प्रभु का स्तवन करनेवाले बनें।

सूक्त-२

ऋषिः—सोभरिः काण्वः ॥ देवता—अग्निः ॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (ककुबुष्णिक्) ॥ स्वरः—ऋषभः ॥

संसार सागर से तर जाता है

१८२२. प्र सो अग्ने तवोतिभिः सुवीराभिस्तरति वाजकर्मभिः।
यस्य त्वं सख्यमाविथ ॥ १ ॥

हे अग्ने=सब प्रकार से अग्रगति के साधक प्रभो! यस्य=जिसके त्वम्=आप सख्यम्=मैत्रीभाव को आविथ=प्राप्त होते हो सः=वह व्यक्ति तव=आपकी सुवीराभिः=उत्तम वीर बनानेवाले तथा वाजकर्मभिः=शक्तिशाली कर्मोंवाले ऊतिभिः=रक्षणों से प्रतरति=भवसागर को तैर जाता है।

जब जीव प्रभु को सदा अपनी आँखों के सामने रखने का प्रयत्न करते हैं तब वे प्रभु की मित्रता को प्राप्त करते हैं। प्रभु की मित्रता को प्राप्त करनेवाले इन व्यक्तियों को कभी कायरता नहीं छूती—प्रभु के रक्षण में कायरता का क्या काम? पिता की गोद में स्थित बच्चा कभी घबराता नहीं, तो क्या उस अमर प्रभु से सर्वतोवेष्टित यह प्रभुभक्त कभी घबराएगा? इस प्रभुभक्त के कर्म शक्तिसम्पन्न होते हैं। इसने प्रभुस्तवन के द्वारा प्रभु के अधिक और अधिक निकट होते हुए, कण-कण करके बड़े उत्तम प्रकार से (सु) अपने में शक्ति को भरा है (भर), इसी से इसका नाम 'काण्व सोभरि' पड़ गया है। वस्तुतः प्रभु की मित्रता से जीव अपनी शक्ति को उत्तरोत्तर बढ़ाता चलता है। यह शक्ति ही इसे इस जीवन-यात्रा में सफल करती है।

भावार्थ—मैं प्रभु का मित्र बनकर भवसागर को तैर जाऊँ।

ऋषिः—सोभरिः काण्वः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—काकुभः प्रगाथः (सतोबृहती)॥ स्वरः—पञ्चमः॥

मेरे जीवन में प्रभु चमकें

१ २ ३ १ २ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१८२३. तव द्रप्सो नीलवान् वाश ऋत्विय इन्धानः सिष्णवा ददे।

३ ३ १ २ ३ १ २ ३ २ ३ १ २
त्वं महीनामुषसामसि प्रियः क्षपो वस्तुषु राजसि॥ २॥

ये प्रभु 'सिष्णु' हैं—अपनी ज्योति के प्रकाश से हमें बाँधनेवाले हैं। एक विचारक प्रभु की महिमा का अनुभव करता है और उस ओर आकृष्ट होता है। प्रस्तुत मन्त्र में कहते हैं कि हे सिष्णो=अपने में बाँधनेवाले प्रभो! तव=आपका द्रप्सः=ज्योतिष्कण (spark) नीलवान्=शुभ उद्घोषणावाला है (नील—An auspicious proclaimation)। यदि मैं प्रभु की ज्योति को देखता हूँ तो यह मेरे जीवन के शुभ के लिए सुन्दर घोषणा है। वाशाः=यह एक पुकार है, यह ज्योतिष्कण मुझे प्रभु की ओर चलने के लिए पुकार रहा है। ऋत्वियः=यह पुकार समय-समय पर होनेवाली है।

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि सोभरि कहता है कि इन्धानः=अपने अन्दर ज्ञान को दीप्त करता हुआ मैं आददे=इस ज्योतिष्कण को ग्रहण करता हूँ। प्रभु का जो प्रकाश, विद्युत् चमक की भाँति मुझे दिखता है, मैं उसे पकड़ने की कोशिश करता हूँ। इसी उद्देश्य से हे प्रभो! महीनाम्-(मह पूजायाम्) पूजा के लिए उचिततम उषसाम्-उषःकालों में तो त्वम्-आप प्रियः असि-मुझे प्रिय हैं ही, उषःकालों में तो मैं आपका स्मरण करता ही हूँ आप तो क्षपो वस्तुषु-रात्रि और दिन के (वस्तु—day) सब कालों में राजसि=मेरे जीवन में चमकते हो, अर्थात् मैं सदा आपका ध्यान करने का प्रयत्न करता हूँ।

प्रभु की चमक कभी-कभी तो सभी को दिखती ही है, प्रयत्न यह करना चाहिए कि हम उस चमक को पकड़नेवाले बनें—वह चमक हमें विस्मृत न हो जाए। यह प्रकाश तो 'वाश' है—पुकार-पुकार कर हमारे कर्त्तव्य का हमें स्मरण करा रहा है। यह ऋत्वियः=उस-उस समय के ठीक अनुकूल होता है। इसका ग्रहण करना ही एक पुजारि का सच्चा कर्त्तव्य है। मैं उषःकालों में क्या दिन-रात प्रभु का स्मरण करूँ और उसके प्रकाश को देखूँ तथा उस-उस काल में होनेवाली पुकार

को सुनूँ।

भावार्थ—हमारे जीवन में प्रभु की ज्योति चमके, उसके न चमकने पर हमारा जीवन अन्धकारमय हो जाता है।

सूक्त-३

ऋषिः—अरुणो वैतहव्यः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—जगती॥ स्वरः—निषादः॥

वनस्पतियों व जलों में प्रभु-दर्शन

१८२४. तमोषधीर्दधिरे गर्भमृत्वियं तमापो अग्निं जनयन्त मातरः।
तमित्समानं वनिनश्च वीरुधोऽन्तर्वतीश्च सुवते च विश्वहा॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अरुण' है जो निरन्तर गतिशील (ऋ गतौ) है। यह संसार में सर्वत्र उस प्रभु की महिमा को देखता हुआ कहता है कि—ओषधीः=ओषधियाँ तम्=उस ऋत्वियं गर्भम्=समय पर होनेवाले गर्भ को दधिरे=क्या धारण करती हैं, ये तो अग्निं दधिरे=उस प्रभुरूप अग्नि को ही धारण करती हैं। मातरः आपः=मूलकारण होने से मातृरूप जल तम् अग्निं जनयन्त=उस अग्निरूप प्रभु को प्रकट कर रहे हैं। जलों में रस वे प्रभु ही तो हैं। तम् च=और उस समानम्=सम्यक् प्राणित करनेवाले प्रभु को ही वनिनः=वन के बड़े-बड़े वृक्ष प्रकट करते हैं। इन उत्तुङ्ग वृक्षों को देखकर किसको उस प्रभु की महिमा का स्मरण नहीं होता? अन्तर्वतीः=गर्भवाली वीरुधः=फैलनेवाली बेलें भी विश्वहा=सदा सुवते=उसी प्रभु-महिमा की भावना को जन्म देती हैं। इन फैलनेवाली लताओं में भी उस प्रभु की महिमा दृष्टिगोचर होती है। सारा वानस्पतिक जगत् प्रभु का स्मरण कराता है। इसमें जल के नीचे से ऊपर की ओर जाने की प्रक्रिया ही एक अद्भुत रचना है। जल स्वयं एक विचित्र वस्तु है, जो ठण्डक के साथ अन्य वस्तुओं की भाँति सिकुड़ते जाते हैं, परन्तु ४ अंश पर आकर फिर फैलने लग जाते हैं—मछलियों के जीवन के लिए यह नितान्त आवश्यक भी तो था!

जब मनुष्य अरुण=निरन्तर गतिशील बनता है तब लोकत्रयी में भ्रमण करता हुआ प्रभु की महिमा को देखता है। 'परि द्यावापृथिवी सद्य इत्त्वा', 'परीत्य भूतानि परीत्य लोकान् परीत्य सर्वाः प्रदिशो दिशश्च' इन मन्त्रभागों में सर्वत्र भ्रमण करते हुए प्रभु की महिमा को देखने का स्पष्ट विधान है। 'अमाजूः'=घर में ही जीर्ण होनेवाला व्यक्ति प्रभु की महिमा को नहीं देख पाता।

भावार्थ—मैं अरुण बनूँ, सर्वत्र विचरता हुआ प्रभु की महिमा को देखूँ।

सूक्त-४

ऋषिः—अग्निश्चाक्षुषः प्रजापतिर्वा॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु की प्रवृत्ति जीव के लिए

१८२५. अग्निरिन्द्राय पवते दिवि शुक्रो वि राजति। महिषीव वि जायते॥ १॥

सम्पूर्ण संसार के संचालक वे प्रभु 'अग्नि' हैं—'अग्रेणीः' हैं, वे सभी को आगे और आगे ले-चल रहे हैं। सम्पूर्ण संसार में वे व्याप्त हैं—सब स्थानों में पहले से ही प्राप्त हैं, अतः स्वयं गतिशून्य

होते हुए भी वे सारे ब्रह्माण्ड को गति दे रहे हैं। 'तदेजति तन्नैजति'-वे स्वयं कूटस्थ हैं, परन्तु सबको कम्पित कर रहे हैं, परन्तु प्रभु में ये सारी क्रिया क्यों हैं? वे तो आप्त काम हैं, फिर वे किस कामना की पूर्ति के लिए गति कर रहे हैं? मन्त्र में कहते हैं कि अग्निः-गति के स्रोत वे प्रभु इन्द्राय-जीव के लिए—जीव के हित के लिए पवते-गति कर रहे हैं। प्रभु की सारी क्रिया जीवहित के लिए है।

वे प्रभु स्वयं तो शुक्रः-शुद्ध—दीप्तरूप हैं, वे अपने दिवि-द्योतनात्मकरूप में विराजति-शोभायमान हैं। ये सारा ब्रह्माण्ड उस प्रभु के द्योतमानरूप में अविकृतरूप से विद्यमान है (पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि)।

प्रभु से अधिष्ठित यह प्रकृति महिषी इव-महिषी के समान विजायते-विविध पदार्थों को जन्म देती है। जैसे पत्नी घर को धारण करने के लिए आवश्यक पदार्थों का निर्माण करने में लगी रहती है उसी प्रकार परमेश्वर से अधिष्ठित हुई-हुई प्रकृति जीवहित के लिए विविध आवश्यक पदार्थों को जन्म देती है।

प्रभु पिता है और प्रकृति माता। ये प्रकृति माता महिषी और प्रभु 'शुक्र' हैं। यह प्रकृति प्रभु की योनि है। इसमें वे 'शुक्र' प्रभु बीज का आधान करते हैं और चराचर जगद्रूप सन्तान का जन्म होता है।

एवं, प्रभु स्वयं निर्विकार होते हुए भी जीवहित के लिए प्रकृति द्वारा विविध पदार्थों को जन्म दिला रहे हैं। प्रभु की चेष्टा जीव के लिए है, न कि अपने लिए। प्रभु का भक्त भी यह अनुभव करता हुआ यत्न करता है कि उसकी प्रवृत्ति प्रजाहित के लिए हो, स्वार्थ के लिए नहीं। प्रभु की सृष्टि भी उसे यही उपदेश देती प्रतीत होती है, क्योंकि ''स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः''-वृक्ष अपने फलों को स्वयं नहीं खाते। 'पिबन्ति नद्यः स्वयमेव नाम्भः'-नदियाँ अपने पीने के लिए पानी प्रवाहित नहीं करतीं, 'नादन्ति सस्यं खलु वारिवाहाः' बादल निश्चय से स्वयं अनाज को नहीं खाते। इन बातों को देखकर यह प्रभुभक्त भी 'प्रजापति' बनता है और इसी कारण उन्नति करते-करते सचमुच 'अग्नि' बन जाता है। इस प्रकार इन्द्र (जीव) ने अग्नि (ब्रह्म) बनना है। यही उसके जीवन का ध्येय हो। प्रजाहित के लिए प्रवृत्त होता हुआ वह उलझे नहीं—अपने ज्ञानमयस्वरूप में दीप्त रहने का ध्यान करें।

भावार्थ—प्रजाहित में लगा हुआ व्यक्ति ही सच्चा प्रभुभक्त है।

सूक्त-५

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

अवत्सार का जागरण—जागना

१८२६. यो जागार तमृचः कामयन्ते यो जागार तमु सामानि यन्ति।
यो जागार तमयं सोम आह तवाहमस्मि सख्ये न्योकाः॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अवत्सार' है—इसका शब्दार्थ है 'सार की रक्षा करनेवाला'। वस्तुतः जो व्यक्ति इस शरीर के अन्दर आहार के सार रस, रस के सार रुधिर, रुधिर के सार मांस, मांस के सार अस्थि, अस्थि के सार मज्जा, मज्जा के सार मेदस् और मेदस् के भी सार 'वीर्य' की रक्षा करता

है, वह 'अवत्सार' है। इसे शरीर में 'सोम' भी कहते हैं। इस सोम की रक्षा से ही उस महान् सोम—प्रभु की प्राप्ति होती है। इस सोम की रक्षा कर कौन सकता है? इस प्रश्न का उत्तर है—यो जागार-जो जागता है, अर्थात् जो सावधान है। जो सोया, जिसने प्रमाद किया, उसने इस सारभूत सोम को भी खो दिया, इसीलिए यजुर्वेद में प्रभु ने कहा कि "भूत्यै जागरणम्", "अभूत्यै स्वप्नम्"-जागना कल्याण के लिए है, सोना अकल्याण के लिए। यह संसार का मार्ग 'क्षुरस्य धारा निशिता दुरत्यया दुर्गं पथस्तत् कवयो वदन्ति' छुरे की धार के समान तेज व बड़ा दुर्गम है—इसपर चलना सुगम नहीं—यहाँ सोने का क्या काम?

विज्ञान—यो जागार-जो जागता है ऋचा-सब विज्ञान तम्-उसको ही कामयन्ते-चाहते हैं। जागनेवाले को ही सम्पूर्ण विज्ञान प्राप्त होता है। संसार की सारी वैज्ञानिक उन्नति वे ही कर पाये जो सोये हुए न थे। जो राष्ट्र जितना जागरित है उतना ही विज्ञान-पथ पर आगे बढ़ रहा है। ज्ञान प्रमादी को प्राप्त नहीं होता। 'सुखार्थिनः कुतो विद्या'=आराम से पड़े रहने की इच्छावाले से विज्ञान दूर रहता है। 'स्वाध्यायप्रवचनाभ्यां मा प्रमदः' इस पठन-पाठन का तो मूलमन्त्र अप्रमाद ही है।

उपासना व शान्ति—यो जागार-जो जागता है तम् उ-उसको ही सामानि-उपासनाएँ व शान्तियाँ यन्ति-प्राप्त होती हैं। अप्रमादी ही प्रभु की उपासना व शान्तिलाभ का पात्र बनता है।

सोम-सख्य—यो जागार-जो जागता है तम्-उसको अयम्-यह सोमः-सोम आह-कहता है कि अहम्-मैं तव-तेरी सख्ये-मित्रता में न्योका अस्मि-निश्चित निवासवाला हूँ। सोम का अर्थ वीर्य व प्रभु दोनों ही है। वीर्यरक्षा प्रभु-प्राप्ति का साधन है। वीर्यरक्षा द्वारा प्रभु-प्राप्ति होती उसे ही है जो जागता है। इस प्रकार जागनेवाला ही 'विज्ञान, शान्ति, व वीर्यरक्षा द्वारा प्रभु-प्राप्ति' कर पाता है। ये ही संसार में सारभूत वस्तुएँ हैं। एवं, यह जागनेवाला ही सचमुच 'अवत्सार' है।

भावार्थ—मैं जागूँ और विज्ञान, शान्ति व प्रभु को प्राप्त करनेवाला बनूँ।

सूक्त-६

ऋषिः—अवत्सारः काश्यपः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

कौन जागता है?

१८२७. अग्निर्जागार तमृचः कामयन्तेऽग्निर्जागार तमु सामानि यन्ति।
अग्निर्जागार तमयं सोम आह तवाहमस्मि सख्ये न्योकाः॥ १॥

अग्निः जागार-अग्नि जागता है तम्-उसको ऋचः-विज्ञान कामयन्ते-चाहते हैं। अग्निः जागार-अग्नि जागता है तम् उ-उसको ही सामानि-उपासनाएँ व शान्तियाँ यन्ति-प्राप्त होती हैं। अग्निः जागार-अग्नि जागता है, तम्-उसको अयम्-यह सोमः-सोम (वीर्य व प्रभु) आह-कहता है कि तव-तेरी सख्ये-मित्रता में अहम्-मैं न्योकाः अस्मि-निश्चित निवासवाला हूँ।

एवं, 'इस मन्त्र में 'यो जागार'-जो जागता है' इस बात का स्पष्टीकरण है कि 'अग्निः जागार' अग्नि ही जागता है। यह अग्नि कौन है? इसका उत्तर यास्क इन शब्दों में देते हैं—

१. अग्रणीः भवति-अपने को आगे प्राप्त करानेवाला होता है। यह अपने जीवन में सदा उन्नत होनेवाला होता है। 'आगे और आगे' यही इसके जीवन का लक्ष्य होता है। ऊँचा लक्ष्य हुए

बिना जागना सम्भव कहाँ? उच्च लक्ष्यवाला व्यक्ति ही सदा सावधान रहता है। कोई ऊँचा ध्येय न होने पर तो मनुष्य प्रमाद में चला ही जाता है।

२. अक्नोपनो भवति—न क्नोपयति न स्नेहयति=अग्नि वह होता है जो संसार के विषयों से अपना स्नेह नहीं जोड़ता। विषयों से स्नेह जोड़ा और मनुष्य का अग्नित्व समाप्त हुआ। विषय तो विषवृक्ष हैं, इनका फल खाया और मनुष्य मोह की मूर्च्छा में गया।

३. तपो वा अग्निः—शत० ३.४.३.२—अग्नि वह है जो अपने जीवन को तपस्वी बनाता है। आरामपसन्द जीवन मनुष्य को मोहनिद्रा में ले-जाता है। यह पतन का मार्ग है।

४. अग्निर्वै पाप्मनोऽपहन्ता—शत० २.३.३.१३—अग्नि वह है जो पाप का नाश करे। वस्तुतः जब मनुष्य इस लक्ष्य से चलता है कि 'मैंने पाप को अपने समीप नहीं फटकने देना' तभी वह सदा जागरित रहता है।

५. अयं वा अग्निः ब्रह्म च क्षत्रं च—शत० ६.२.३.१५—अग्नि वह है जिसका लक्ष्य ज्ञान प्राप्ति व बल का संचय करना है। इस उच्च लक्ष्य के कारण अग्नि कभी सो थोड़े ही सकता है?

६. अग्निर्वै ब्रह्मणो वत्सः—जैमिनी० ३.२.२३.१—अग्नि प्रभु का प्रिय है। प्रभु का प्रिय बनने के लिए वह सदा जागरित रहता है।

७. अग्निर्वै स्वर्गस्य लोकस्य अधिपतिः—जैमिनी० ३.४२—यह अग्नि स्वर्गलोक का अधिपति बनता है। इसे आराम से लेटने का अवकाश ही कहाँ?

८. अग्निर्ह वा अबन्धुः—जैमिनी० ५.३.६.७—यह अग्नि अपने को कहीं बँधने नहीं देता, अर्थात् कहीं आसक्त (attached) नहीं होता, अनासक्त (Detached) रूप से आगे और आगे बढ़ता चलता है।

९. प्रजापतिः अग्निः—शत० ६.२.१.२३—अग्नि अनासक्त है, परन्तु प्रजाओं के हित व रक्षण में सदा सक्त है, इस प्रजापति ने क्या सोना? 'अग्निर्वैधाता' तैत्ति० ३.३.१०.२। यह अग्नि सबका धारण करता है और इसी उद्देश्य से 'विश्वकर्मायमग्निः'—शत० १.२.२.२—यह अग्नि सदा कर्मों में व्यापृत रहता है।

कर्मों में व्यापृत रहनेवाला यह अग्नि सदा जागता है और परिणामतः 'विज्ञान, शान्ति व प्रभु' को प्राप्त करता है।

भावार्थ—हम अग्नि बनें, सदा जागरणशील हों। विज्ञान, शान्ति व प्रभु-प्राप्ति के पात्र बनें।

सूक्त-७

ऋषिः—मृगः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

शतपदी वाणी का प्रयोग

१८२८. नमः सखिभ्यः पूर्वसद्भ्यो नमः साकंनिषेभ्यः। युजे वाचं शतपदीम्॥ १॥

गत मन्त्र का 'अग्नि'—जो सदा जाग रहा है, वह अपने जीवन का सतत निरीक्षण करता है। मेरे जीवन में कहीं शत्रुओं का डेरा तो नहीं पड़ गया? उनके अधिष्ठानों को ढूँढ-ढूँढकर यह नष्ट करता है, अतः इसका नाम ही मृग हो जाता है। यह 'मृग'=आत्मान्वेषण करनेवाला व्यक्ति देखता है कि कितने ही व्यक्ति इस कल्याण के मार्ग पर चलनेवाले हुए हैं और उसके अपने जीवन की

तुलना में कितनी ऊँची स्थिति को उन्होंने प्राप्त किया है। यह उनके प्रति नतमस्तक होता है और कहता है कि **पूर्वसद्भ्यः**=मुझसे आगे ठहरनेवाले **सखिभ्यः**=इन सखाओं के लिए—कल्याण के मार्ग पर चलनेवाले मित्रों के लिए **नमः**=मैं नमस्कार करता हूँ। इस समय जो **साकंनिषेद्भ्यः**=मेरे साथ ही बैठे हैं, उन कल्याण-मार्ग के पथिकों के लिए भी **नमः**=मैं नमः कहता हूँ और निश्चय करता हूँ कि **शतपदीम् वाचम्**=इस शत-पथवाली यजुर्वेदरूप कर्मों की प्रतिपादक वाणी का **युञ्जे**=मैं प्रयोग करता हूँ। इसमें प्रभु से उपदिष्ट अपने कर्त्तव्यों का पालन करता हूँ।

यजुर्वेद में अध्याय ४० ही हैं परन्तु उसका व्याख्यान याज्ञवल्क्य ऋषि ने 'शत-पथ' के रूप में ही किया है। १ से लेकर १०० वर्ष तक हमारे जो भी कर्त्तव्य हैं सभी का प्रतिपादन तो यजुर्वेद में हुआ है, इसलिए इस वाणी का 'शतपदी' नाम उपयुक्त ही है। प्रसङ्गवश यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि 'एक शतमध्वर्युशाखाः'=इस यजुर्वेद की शाखाएँ भी १०० हैं। 'मृग' निश्चय करता है कि मेरा जीवन इस वाणी का प्रयोग करता हुआ ही व्यतीत होगा और इस प्रकार मैं अपने उन पूर्वसद् सखाओं से जाकर मिलने का सतत प्रयत्न करूँगा।

भावार्थ—हम अपने जीवन में सन्मार्ग पर आगे बढ़े हुए व्यक्तियों का आदर करके उनके मार्ग का अनुगमन करनेवाले बनें। इस समय के भी अपने सत्सङ्गी साथियों को आदर देते हुए आगे बढ़ते चलें। वेदानुसार अपने जीवन को बनाएँ।

ऋषिः—मृगः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सहस्रवर्तनि वाणी का गायन

१८२९. युञ्जे वाचं शतपदीं गाये सहस्रवर्तनि। गायत्रं त्रैष्टुभं जगत्॥ २॥

गत मन्त्र का 'मृग' निश्चय करता है कि मैं **शतपदीं वाचं युञ्जे**=शतपदी वाणी का प्रयोग करता हूँ, अर्थात् अपने सारे क्रियाकलाप को इस क वेद (यजुर्वेद) के अनुसार बनाता हूँ। मेरा सारा जीवन इसके निर्देशों का प्रयोग ही बन जाएगा। इसके शतपथ ही मेरे जीवन के शतवर्षों के पथ होंगे और साथ ही 'इन कर्मों को करते हुए, इनमें सफलता का लाभ करते हुए मुझे कहीं मिथ्याभिमान न हो जाए' मैं **सहस्रवर्तनि**=सहस्रों मार्गोंवाली—हजारों प्रकार से गायन की जानेवाली इस प्रभु की उपासनामयी सामवाणी का **गाये**=गायन करता हूँ। यह गायन मुझे सदा प्रभु का स्मरण कराता है और कर्मों में सिद्धि के मिथ्याभिमान से बचाता है।

सामवेद—उपासना वेद है। इसमें प्रभु का सतत गायन है। यह प्रभु-स्मरण 'मृग'=आत्मान्वेषक को कर्तृत्व के अहंकार से बचानेवाला होता है।

यह प्रभु का गायन करता है और साथ ही **गायत्रं त्रैष्टुभं जगत्**=गायत्री, त्रिष्टुप् और जगती छन्द के मन्त्रों से भरे हुए ऋग्वेद=विज्ञानवेद का भी अध्ययन करता है। कर्मों की उत्तमता के लिए 'विज्ञान' आवश्यक ही है। ज्ञानपूर्वक होनेवाला कर्म कुशल कर्म होता है—अन्यथा वह अनाड़ीपन से किया जाकर हमें असफल व अपवित्र करता है।

ऋग्वेद को यहाँ 'गायत्रं त्रैष्टुभं जगत्' इसलिए कहा है कि ऋग्वेद के १०५२२ मन्त्रों में गायत्री छन्द के २४४९ मन्त्र हैं, त्रिष्टुप् के ४२५१ तथा जगती के १३४६। इस प्रकार ८०४६ मन्त्र 'गायत्री, त्रिष्टुप् व जगती छन्द के हैं और शेष १३ छन्दों के मिलकर कुल २४७६ मन्त्र हैं। इस प्रकार गायत्र्यादि की मुख्यता के कारण ऋग्वेद का स्मरण 'गायत्रं त्रैष्टुभं जगत्' शब्दों से किया है। इसका

गायन भी आवश्यक है, क्योंकि विज्ञान के बिना कर्म कभी ठीक हो ही नहीं सकता।

भावार्थ—१. यजु के अनुसार कर्म करना, २. साम द्वारा प्रभु का गायन करना जिससे कर्मों का गर्व न हो और ३. ऋग्वेद का अध्ययन करना जिससे हमारे कर्मों में ज्ञानाभाव से अनाड़ीपन न आ जाए।

नोट—सामवेद माना भी 'सहस्रवर्त्मा' ही जाता है।

ऋषिः—मृगः॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

देवों का निवास-स्थान

१८३०. गायत्रं त्रैष्टुभं जगद्विश्वा रूपाणि सम्भृता। देवा ओकांसि चक्रिरे॥ ३॥

ऋग्वेद का नाम यहाँ 'गायत्रं त्रैष्टुभं जगत्' दिया गया है, क्योंकि इसमें इन्हीं छन्द के मन्त्रों की प्रधानता है। ऋग्वेद में कुल ३,९४,२२१ अक्षर हैं, जिनमें ३,१०,३८२ अक्षर इन तीन छन्दों के हैं, शेष ८३,८४१ अक्षर अन्य छन्दों के हैं। इससे ऋग्वेद का यह नाम उपयुक्त ही है। ७७ प्रतिशत मन्त्र इन्हीं छन्दों के हैं, शेष कुल मन्त्र २३ प्रतिशत हैं। अक्षरों के दृष्टि से तो ७८ प्रतिशत अक्षर इन्हीं छन्दों में हैं, शेष कुल २२ प्रतिशत हैं।

ऋग्वेद विज्ञानवेद है इसमें **विश्वा रूपाणि संभृता**-सब आकृतिमान् पदार्थों का संग्रह है। इसमें तृण से लेकर सूर्यपर्यन्त सभी पदार्थों का ज्ञान दिया गया है। ११ पृथिवीस्थ, ११ अन्तरिक्षस्थ व ११ द्युलोकस्थ तेतीस के तेतीस **देवाः**-देवताओं ने इस ऋग्वेद में **ओकांसि**-अपने घरों को **चक्रिरे**-बनाया है, अर्थात् सभी देवों का इसमें प्रतिपादन है। इस विज्ञानवेद के अध्ययन से ही हम इन सब प्राकृतिक देवों को अच्छी प्रकार समझ सकेंगे, इन्हें ठीक-ठीक समझकर इनका सदुपयोग कर पाएँगे और हमारा यह शरीर भी 'देवानां पूः'-देवनगरी बन सकेगा।

इन देवों के ज्ञान से ही इनके अधिष्ठाता महादेव का ज्ञान होता है और इस प्रकार प्रभु के ज्ञान के लिए भी वेदों का अध्ययन नितान्त आवश्यक है।

हम 'ऋग्, यजुः व साम' इन तीनों प्रकार के मन्त्रों का अध्ययन करें, जिससे हमारे जीवन में पूर्णता आ सके। विज्ञानपूर्वक होने से हमारे कर्म उत्तम हों और प्रभु-स्मरण से अहंकारशून्य हों। तीन ही प्रकार के ये मन्त्र हैं। ये ही तीन प्रकार के मन्त्र 'अथर्ववेद' में भी हैं। भिन्न प्रकार के मन्त्र न होने से अथर्व का अलग उल्लेख नहीं किया गया है।

भावार्थ—मैं उन ऋचाओं का अध्ययन करूँ, जिनमें पदार्थमात्र का ज्ञान दिया गया है।

नोट—'देवों ने इसमें निवास किया है' वाक्य का अभिप्राय यह है कि इसमें सारे पदार्थों का ज्ञान दिया गया है और 'रूपाणि संभृता' से ऐसा स्पष्ट है कि वस्तुओं के निर्माण का—उन्हें रूप देने का भी इसमें ज्ञान दिया गया है।

सूक्त-८

ऋषिः—अवत्सारो वत्सप्रीर्वा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सर्वमुख्य वस्तु ज्योतिः

१८३१. अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निरिन्द्रो ज्योतिर्ज्योतिरिन्द्रः। सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः॥ १॥

गत मन्त्र में यह उल्लेख था कि ऋग्वेद में सारे देवों का ज्ञान दिया गया है। यहाँ प्रसङ्गवश उन देवों का व देवों के मुख्य गुण का उल्लेख करते हैं।

देवताओं को वैदिक साहित्य में तीन भागों में बाँटते हैं। ११ देवता पृथिवीस्थ हैं, ११ अन्तरिक्षस्थ और ११ द्युलोकस्थ। पृथिवीस्थ देवताओं का अग्रणी 'अग्नि' है, अन्तरिक्षस्थ देवों का मुखिया इन्द्र=विद्युत् और द्युलोकस्थ देवों में सूर्य प्रमुख है।

इन देवों का मुख्य गुण (main characteristic) 'प्रकाश' है। मन्त्र में इसे इस रूप में कहते हैं कि 'अग्निः ज्योतिः' है, और वस्तुतः ज्योति को अग्नि से भिन्न करना सम्भव ही नहीं, ज्योति ही 'अग्निः' है। अग्निः ज्योतिः और ज्योतिः अग्निः इस प्रकार कहकर अग्नि और ज्योति का अभेद-सम्बन्ध व्यक्त किया गया है। बिना ज्योति के हम अग्नि की कल्पना नहीं कर सकते। इसी प्रकार इन्द्रः=विद्युत् ज्योतिः है और ज्योतिः ही इन्द्रः=विद्युत् है। ज्योति से भिन्न विद्युत् है ही क्या? सूर्यः=सूर्य भी ज्योति है और ज्योतिः=ज्योति ही सूर्यः=सूर्य है। क्या सूर्य कोई वस्तु है जिसमें ज्योति रहती है? नहीं ज्योति ही सूर्य हैं।

इस प्रकार वेद देवों के मुख्य गुण का संकेत करके जीव को बोध दे रहा है कि 'तू भी ज्योतिर्मय बन'। मनुष्य शब्द का अर्थ ही 'अवबोध=ज्ञानवाला है। अब तक उत्पन्न होते ही जीव के कान में 'वेदोऽसि'=तू ज्ञानमय है—यह कहने की परिपाटी है। प्रभु भी तो विशुद्ध-चित्=pure knowledge हैं—मैं ज्ञानी बनकर ही तो प्रभु को पा सकूँगा। सारे देव 'ज्योतिर्मय' है, वे महादेव 'ज्योतिरूप', मुझे भी इसी ज्योति को प्राप्त करना है।

बिना इस ज्योति के मैं 'प्रजापति' नहीं बन सकता? मैं जितना-जितना ज्ञान प्राप्त करूँगा उतना-उतना अधिक लोकहित कर सकूँगा और प्रभु का सान्निध्य प्राप्त करूँगा।

भावार्थ—मैं ज्योतिर्मय बनने का प्रयत्न करूँ।

ऋषिः—अवत्सारो वत्सप्रीर्वा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निवर्तन—लौटना

१२१ १ ११ १११ १११ ११ १११
१८३२. पुनरूर्जा नि वर्तस्व पुनरग्न इषायुषा। पुनर्नः पाह्यंहसः॥ २॥

जीव इस संसार में न जाने कब से भटक रहे हैं। इस संसार के आवर्त्त से उसका निकलना ही नहीं होता। 'इस संसार-चक्र से मुक्त होकर वह अपने वास्तविक घर में कैसे लौट सकता है?' इस विषय का प्रतिपादन प्रस्तुत मन्त्र में है। लौट सकने के उपाय निम्न हैं—

१. ऊर्जा=बल और प्राणशक्ति के द्वारा पुनः निवर्तस्व=तू फिर लौट जा, अर्थात् यदि हम अपने वास्तविक घर में फिर से वापस पहुँचना चाहते हैं तो हमें अपने बल और प्राणशक्ति को स्थिर रखना होगा। भोगमार्ग पर चलने से इनका ह्रास होता है। 'भोगे रोगभयम्'=भोगों में ही रोग का भय है 'सर्वेन्द्रियाणां जरयन्ति तेजः'=ये भोग सब इन्द्रिय-शक्तियों को क्षीण कर देते हैं। भोगों से दूर रहेंगे तो बल और प्राणशक्ति भी स्थिर रहेगी।

२. भोगों से बचने का उपाय दूसरे वाक्य में संकेतित है। क्रियामय जीवन ही हमें भोगों से बचाता है, अतः कहते हैं—हे अग्ने=आगे चलनेवाले जीव! तू इषा=तीव्र गति से युक्त आयुषा=जीवन के द्वारा पुनः=फिर निवर्तस्व=अपने घर में लौट आ। भोगों से बचना आवश्यक है, भोगों से बचने के लिए क्रियामय जीवन आवश्यक है। मन में पाप की वृत्ति अकर्मण्यता में ही उठती है। 'गृहेषु

गोषु मे मनः'='हे पाप! मेरा मन तो घरों में व गौओं में लगा है—तू यहाँ क्योंकर आएगा।' ऐसा कर्मनिष्ठ व्यक्ति ही तो कह सकता है।

३. पाप से बचने का ही परिणाम है कि हम प्रभु का दर्शन कर पाते हैं। वेद कहता है कि अंहसः=अंहो विमुच्य=पाप को छोड़कर—कुटिलता को त्यागकर नः=हमें पुनः=फिर पाहि=observe देख। जितना-जितना हम पाप व कुटिलता को त्यागते जाएँगे उतना-उतना ही मृत्यु से दूर होकर उस अमृत प्रभु के समीप होते जाएँगे 'आर्जवं ब्रह्मणः पदम्'।

एवं, संसार-चक्र से बचने के तीन साधन हुए—

१. बल और प्राणशक्ति को स्थिर रखना, २. क्रियामय जीवन बनाना और ३. कुटिलता को छोड़कर प्रभु-दर्शन करना।

भावार्थ—हम घर लौटने का ध्यान करें।

ऋषिः—अवत्सारो वत्सप्रीर्वा॥ देवता—अग्निः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

निवर्तन का चौथा उपाय

१८३३. सह रय्या नि वर्तस्वाग्ने पिन्वस्व धारया। विश्वप्न्या विश्वतस्परि॥ ३॥

घर में लौटने के तीन उपायों का गत मन्त्र में संकेत किया था। चौथे उपाय का प्रतिपादन प्रस्तुत मन्त्र में करते हैं रय्या सह=धन के साथ निवर्तस्व=तू अपने घर में लौट आ, परन्तु इसके लिए तू हे अग्ने=पथ पर आगे बढ़नेवाले जीव! धारया=धारण करनेवाले धन से पिन्वस्व=परिवाहित (overflow) हो। जैसे एक भरे तालाब से पानी प्रवाहित होता रहता है, इसी प्रकार तुझसे भी धन का प्रवाह बहे और वह सबका धारण करनेवाला हो। वह धारा=धारण-प्रक्रिया कैसी हो? विश्वतः परि=चारों ओर विश्वप्न्या=सबको भोजन देनेवाली है। (प्स=food)। तू पक्षपात व भेदभाव को छोड़कर अपने धन से सबका धारण करनेवाला बन। तेरा धन चन्द्रमा की चाँदनी की भाँति हो। जिस प्रकार चन्द्रमा चाण्डाल के गृह से अपनी ज्योत्स्ना को संकुचित नहीं कर लेता, उसी प्रकार तू भी अपने धन से सभी का धारण करनेवाला बन। 'इसका धारण करना है, और इसका नहीं' ऐसा भेदभाव वहाँ न हो। चारों ओर सभी से भोगने योग्य तेरा धन हो। जो धन औरों का धारण करता है वह धन भी मनुष्य को प्रभु के समीप ले-जानेवाला होता है। दूसरे शब्दों में दान हमारे भव-बन्धनों का अवदान (खण्डन) करके हमें प्रभु को प्राप्त कराता है। यही दान तो यज्ञ की चरम सीमा है—इसी के द्वारा देवताओं ने उस यज्ञरूप विष्णु की उपासना की थी। जो व्यक्ति इस प्रकार अपने धन से भूखे को रोटी देता है और प्यासे को पानी पिलाता है तथा रोगी की चिकित्सा करता है वह सचमुच प्रभु के आदेश का पालन करता हुआ सच्चे अर्थों में 'प्रजापति' बनता है। यह प्रजापति ही उस महान् प्रजापति को पाने का अधिकारी होता है।

भावार्थ—मेरा धन सभी भूखों को भोजन देनेवाला हो और इस प्रकार मुझे प्रभु का प्रिय बनाये।

सूक्त-९

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

वेदरूपी गौ का चित्र

१८३४. यदिन्द्राहं यथा त्वमीशीय वस्व एक इत्। स्तोता मे गोसखा स्यात्॥ १॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'गोपूक्ति व अश्वसूक्ति' है, जिसकी ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियाँ सदा उत्तम ही कथन करती हैं, अर्थात् इसके ज्ञान व कर्म दोनों ही पवित्र होते हैं। यह वेदज्ञान को प्राप्त करने के लिए पूर्ण प्रयत्न करता है, परन्तु जब एक लम्बे समय तक उसे 'अन्दर का प्रकाश' प्राप्त नहीं होता तब यह प्रभु को इन शब्दों में उपालम्भ देता है—हे इन्द्र-ज्ञानरूप परमैश्वर्यवाले प्रभो! यत्-यदि अहम्-मैं यथा त्वम्-तेरी भाँति वस्वः-इस ज्ञान-धन का ईशीय-स्वामी होता तो मे स्तोता-मेरा भक्त गोसखा स्यात्-वेदवाणियों का मित्र बन चुकता। तूने मुझे वेदज्ञान देने के लिए किसी से पूछना थोड़ा ही है 'एक इत्'-आप तो एकेले ही इसके स्वामी हो। मैं आपका भक्त इस ज्ञान के बिना तरसता रह जाऊँ, यह क्या आपको शोभा देता है?

उल्लिखित प्रकार से उपालम्भ वही व्यक्ति दे सकता है जो इस ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रबल इच्छा रखता हो और जिसने पूर्ण प्रयत्न किया हो। प्रबल इच्छा और पूर्ण प्रयत्न के उपरान्त ही यह उपालम्भ शोभा देता है। इनके अभाव में उपालम्भ का मतलब ही क्या? इसीलिए यह भक्त अपनी ज्ञानेन्द्रियों तथा कर्मेन्द्रियों को बड़ा अच्छा बनाने के लिए प्रयत्नशील होता है। यह 'गोपूक्ति' और 'अश्वसूक्ति' है। इसकी ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों सभी से उत्तमता झलक रही है। ज्ञान-प्राप्ति के लिए यह प्रयत्न आवश्यक भी तो है।

भावार्थ—हम अपनी इन्द्रियों को उत्तम बनाएँ, जिससे ज्ञान के प्रकाश को प्राप्त कर सकें।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

मनीषी ही ज्ञान का अधिकारी है

१८३५. शिक्षेयमस्मै दित्सेयं शचीपते मनीषिणे। यदहं गोपतिः स्याम्॥ २॥

उल्लिखित उपालम्भ को दुहराता हुआ ही यह 'गोपूक्ति' कहता है—हे शचीपते-(शची-१. वाणी, २. शक्ति) वाणियों के पति, शक्तिशाली प्रभो! यत्-यदि अहम्-मैं गोपतिः-वेदवाणियों का पति स्याम्-होऊँ तो अस्मै-इस मनीषिणे-मन का शासन करनेवाले बुद्धिमान् के लिए शिक्षेयम्-इन वाणियों का अवश्य शिक्षण करूँ (शिक्ष्-to teach), दित्सेयम्-अवश्य देने की इच्छा करूँ। यह तो है ही नहीं कि आप वेदवाणियों के पति न हों, यह भी नहीं कि आपमें सामर्थ्य न हो। यही हो सकता है कि मेरे मनीषित्व में कुछ कमी हो। वस्तुतः मन का शासन किये बिना ज्ञान की प्राप्ति सम्भव भी तो नहीं, परन्तु हे प्रभो! मुझे मनीषी बनने की शक्ति भी तो आपको ही देनी है। आपकी कृपा से मैं मनीषी बनूँ, जिससे आप मुझे वेदवाणी देने की इच्छा करें।

भावार्थ—मनीषी ही ज्ञान-प्राप्ति का अधिकारी है। हम मनीषी-मन के शासक बनें और वेदज्ञान को प्राप्त करें।

ऋषिः—गोपूक्त्यश्वसूक्तिनौ काण्वायनौ॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

सूनृता धेनु

१८३६. धेनुष्ट इन्द्र सूनृता यजमानाय सुन्वते। गामश्वं पिप्युषी दुहे॥ ३॥

हे इन्द्र-ज्ञानरूप परमैश्वर्य को प्राप्त प्रभो! ते-तेरी धेनुः-यह ज्ञान-दुग्ध का पान करानेवाली वेदवाणीरूप गाय सूनृता-(सु+ऊन्+ऋता) उत्तम ज्ञान को देनेवाली है, दुःखों को ऊन (न्यून) करनेवाली है और सत्य व यथार्थ है। यह आपकी पिप्युषी-ज्ञानरूप दुग्ध से आप्यायन-वर्धन

करनेवाली वेदवाणी यजमानाय=यज्ञशील व्यक्ति के लिए और सुन्वते=निर्माणात्मक कार्यों को करनेवाले के लिए अथवा अपने में सोम का उत्पादन करनेवाले के लिए गाम्=ज्ञानेन्द्रियों को और अश्वम्=कर्मेन्द्रियों को दुहे=पूरण करती है।

वेदवाणी 'धेनु' है—नवसूतिका गौ के समान है—उसे जैसे बछड़े से प्रेम होता है उसी प्रकार वेदवाणी को हमसे प्रेम है। यह वेदज्ञानरूप दुग्ध के द्वारा बछड़े की भाँति हमारा वर्धन करती है। वर्धन का स्वरूप यह कि यह ज्ञान उत्तम है—हमारे जीवन को उत्तम बनाता है; यह ज्ञान 'ऊन' हमारे कष्टों को न्यून करता है और यह ज्ञान ऋत है, हमें यथार्थ मार्ग का दर्शन कराता है।

वेद यदि 'धेनु' है तो इसका बछड़ा यजमान व सुन्वन् है, अर्थात् वेद के द्वारा पोषण वही प्राप्त करता है जो यज्ञ के स्वभाववाला बनता है—जिसमें देवपूजा=बड़ों का आदर करना, सङ्गतीकरण=बराबरवालों से मिलकर चलना व दान=छोटों को सदा कुछ देने की भावना है तथा इस पोषण का अधिकारी वह है जो 'सुन्वन्' है—निर्माणात्मक कार्यों की रुचिवाला है और अपने में सोम=वीर्य व शक्ति का सम्पादन करनेवाला है।

पिछले मन्त्र के साथ मिलकर यह मन्त्र वेदज्ञान का अधिकारी उसे मानता है जो—

१. मनीषिणे=मन का शासन करनेवाली बुद्धि से सम्पन्न है।

२. यजमानाय=मन को सदा यज्ञात्मक भावनाओं से भरता है।

३. सुन्वते=जो शरीर में शक्ति का सम्पादन करता है।

संक्षेप में कह सकते हैं कि जो शरीर, मन व बुद्धि का विकास करने का प्रयत्न करता है, वही वेदज्ञान का अधिकारी है। स्वस्थ शरीर में, निर्मल मन में व डाँवाँडोल न होनेवाली बुद्धि में वेदज्ञान का आभास होता है

भावार्थ—हम शरीर को स्वस्थ बनाएँ, मन को यज्ञिय भावनाओं से पूर्ण करें और बुद्धि को सूक्ष्म व स्थिर करें, जिससे वेदज्ञान के पात्र हों—वेद के प्रकाश को देखें।

सूक्त-१०

ऋषिः—त्रिशिरास्त्वाष्ट्रः सिन्धुद्वीपो वाम्बरीषः॥ देवता—आपः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

ज्ञानरूप दुग्ध

१८३७. आपो हि ष्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्जे दधातन। महे रणाय चक्षसे॥ १॥

'ब्रह्मवर्चसम् आपः' (ऐ० ८.८)। इस वाक्य में 'आपः' का अर्थ ज्ञान की शक्ति है। 'आपो हि पयः' (कौ० ५.४) में आप्यायन करनेवाले ज्ञान को आपः कहा गया है। 'यदापो असौ द्यौस्तत्' (श० १४.१.२.९) इस शतपथवाक्य में आपः और द्युलोक पर्याय हैं। द्युलोक मूर्धा है। एवं 'ज्ञान' व 'आपः' पर्यायवाची है। कौषीतकी में 'अस्ति वै चतुर्थो देवलोक आपः' (१८.२)। इन शब्दों में आपः को चतुर्थ देवलोक कहा है। अन्नमयकोश पहला लोक है, प्राणमय दूसरा, मनोमय तीसरा और विज्ञानमय चतुर्थ लोक है। एवं, आपः का अर्थ ज्ञान भी है। प्रस्तुत वेदवाणीरूपी धेनु का ही ज्ञानरूप दुग्ध यह 'आपः' है। ये आपः=ज्ञानजल की धाराएँ हि=निश्चय से मयोभुवः=कल्याण करनेवाली स्थ=हों, ताः=ये ज्ञानजल की धाराएँ ही नः=हमें ऊर्जे=बल और प्राणशक्ति में दधातन=धारण करें। यह ज्ञान महे=हमें महत्त्व प्राप्त करानेवाला हो—हमारे अन्दर (मह पूजायाम्) प्रभु-पूजा की वृत्ति को धारण करनेवाला हो। रणाय=यह हमारे जीवन की रमणीयता के लिए हो अथवा

हमें वासनाओं से संग्राम करके ही इनके पराभव के द्वारा चक्षुसे-हमें प्रभु का दर्शन कराने के लिए हो।

ज्ञान का परिणाम हमारे जीवन में इस रूप में होता है कि ये हमें कल्याण, बल न प्राणशक्ति, महत्त्व—पूजा की वृत्ति, रमणीयता व संग्रामशक्ति और प्रभु-दर्शन प्राप्त करानेवाले बनते हैं। वेदवाणी 'सूनृता धेनु' है तो उसका दूध ऐसा होना ही चाहिए। विज्ञानमयकोश के पश्चात् ही आनन्दमयकोश है। एवं, ज्ञान से ही कल्याण होता है, यह स्पष्ट है। आनन्दमयकोश में आत्मा का निवास है, अतः प्रभुदर्शन भी ज्ञान से ही होगा। ज्ञान से ही हम प्राकृतिक पदार्थों को अपने सुखों का साधन बना पाते हैं। जिस-जिस पदार्थ का ज्ञान नहीं होता, वही-वही हमारे दुःख का कारण बन जाता है। 'ज्ञान शक्ति है' इसे सिद्ध करने की इस वैज्ञानिक युग में आवश्यकता नहीं है। यह ज्ञान हमें भोगों से बचाकर भी बल व प्राणशक्ति-सम्पन्न करता है। ज्ञान से लोक में महिमा होती है और हमारी मनोवृत्ति प्रभु-महिमा को देखती हुई प्रभु-प्रवण होती है। इससे हमारा जीवन रमणीय बनता है और हम वासनाओं से संग्राम के लिए भी समर्थ हो पाते हैं।

भावार्थ—हम 'सूनृता धेनु' के 'ज्ञानदुग्ध' का पान करें। इस ज्ञान-दुग्ध का पान करने से ही हम प्रस्तुत तृच के तीन मन्त्रों के ऋषि 'त्रिशिराः' बन पाएँगे। 'त्रयः शिरांसि यस्य' प्रकृति, जीव व परमात्मा तीनों जिसके मस्तिष्क में हैं।

ऋषिः—त्रिशिरास्त्वाष्ट्रः सिन्धुद्वीपो वाम्बरीषः॥ देवता—आपः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

माता के समान हितकर ज्ञान

१ २ ३ १ २ ३ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २

१८३८. यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः। उशतीरिव मातरः॥ २॥

ज्ञान प्रारम्भ में नीरस लगता है—इसकी प्राप्ति बड़े तप व परिश्रम से होने के कारण यह आनन्दमय नहीं लगता, इसीलिए सामान्यतः विद्यार्थी अनध्याय प्रिय होता है, परन्तु जितना-जितना ज्ञान प्राप्त होता है उतना-उतना ही यह रसमय होता जाता है। इनका यह रस 'परिणामे अमृतोपमम्' परिणाम में अमृततुल्य होता है। यह त्रिशिराः-प्रकृति, जीव व परमात्मा—तीनों का ज्ञान प्राप्त करनेवाला—इन ज्ञानदुग्धों को सम्बोधित करता हुआ कहता है कि यः-जो नः-आपका शिवतमः रसः-अत्यन्त कल्याणकारक रस है तस्य-उसका नः-हमें इह भाजयत-इस मानव-जीवन में भागी बनाइए इव-जैसे उशतीः-कामना करती हुई मातरः-माताएँ बच्चे को दूध पिलाती हैं। माता बच्चे का अधिक-से-अधिक हित चाहती हुई उसे पुष्टिकर दूध पिलाती है, उसी प्रकार यह ज्ञान भी हमारा हित चाहता हुआ हमें अपना अत्यन्त कल्याणकर रस प्राप्त कराए। ज्ञान का शिवतम तत्त्व हमें प्राप्त हो।

ये ज्ञान गुरु-शिष्य परम्परा से प्रवाहित होने के कारण 'सिन्धु' कहलाते हैं (स्यन्दते)। ये सिन्धु दो प्रकार से—ऐहलौकिक व पारलौकिक दृष्टिकोण से—'विज्ञान व ज्ञान' के दृष्टिकोण से—जिसे प्राप्त हुए हैं, वह 'सिन्धुद्वीप' है। इस ज्ञान के द्वैविध्य को ही ईशोपनिषद् में 'अविद्या व विद्या' शब्दों से स्मरण किया है। इन दोनों को प्राप्त करनेवाला प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि सिन्धुद्वीप वस्तुतः मृत्यु से बचकर अमरता को प्राप्त करनेवाला होता है।

भावार्थ—मैं ज्ञानजलों के इहामुत्र—उभयत्र कल्याण करनेवाले रस को प्राप्त करके सचमुच 'सिन्धुद्वीप' बनूँ।

ऋषिः—त्रिशिरास्त्वाष्ट्रः सिन्धुद्वीपो वाम्बरीषः ॥ देवता—आपः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

ज्ञान का परिणाम 'विकास'

१८३९. तस्मा अरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथा च नः ॥ ३ ॥

आपः=हे ज्ञान-जलो! यस्य=जिस रस के क्षयाय=निवास के कारण आप जिन्वथ=हमें प्राणित करते हो, हम वः=आपके तस्मा=उस रस के लिए अरं गमाम=पर्याप्तरूप से प्राप्त हों। वस्तुतः ज्ञान हममें जीवन का संचार करता है—इस ज्ञान से हम सदा अपने को उन्नत होता हुआ अनुभव करते हैं, अतः ज्ञान-जल के रस को हम जितना ही प्राप्त करें, उतना थोड़ा ही है। हे ज्ञान-जलो! आप नः=हमें च=और जनयथा=विकसित करो। हम ज्ञान के द्वारा अपने जीवन का अधिक और अधिक विकास करनेवाले बनें।

ज्ञान का क्रमिक विकास करके हम महान् बनते हैं और उस महान् प्रभु को प्राप्त करने के अधिकारी होते हैं।

भावार्थ—ज्ञान-जल हमें प्राणित करें और जीवन-विकास करने में सक्षम करें।

सूक्त-११

ऋषिः—उलो वातायनः ॥ देवता—वायुः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

प्रभु की प्रेरणा

१८४०. वात आ वातु भेषजं शम्भु मयोभु नो हृदे। प्र न आयूंषि तारिषत् ॥ १ ॥

'प्रेरणा' शब्द में 'प्र' उपसर्ग व ईर गतौ धातु है—ईर गतौ के स्थान में 'वा गतौ' धातु को लेकर भाव में क्त प्रत्यय करके 'वात' शब्द बना है। इसका अर्थ भी 'प्रेरणा' ही है। अपने इस जीवन में जब कभी धर्म-संशय उत्पन्न होता है, उस समय जो व्यक्ति इस प्रभु-प्रेरणा पर ही आश्रय करता है वह (वात+अयन)='वातायन' कहलाता है। यह अपने सब संशयों व वासनाओं को जलानेवाला होता है—इससे यह 'उल' (उल्-to burn) कहलाने लगता है।

यह 'वातायन उल' प्रभु से प्रार्थना करता है—हे प्रभो! वातः=आपकी यह प्रेरणा भेषजम्=औषध द्रव्य को आवातु=प्राप्त कराए, अर्थात् जितने भी व्यसनरूप मानस रोग हमारे अन्दर उत्पन्न हो जाते हैं आपकी प्रेरणा उनका औषध हो। सब व्यसनों को दूर करके यह प्रेरणा नः=हमें शम्भु=शान्ति देनेवाली हो नः=हमारे हृदय में मयोभु=कल्याण को भावित करनेवाली हो।

व्यसनों का अभाव, शान्ति व कल्याण की भावना, हृदय में द्वेष आदि का न होना—ये वे बातें हैं जो नः=हमारे आयूंषि=जीवनों को प्र-तारिषत्=खूब लम्बा करते हैं।

संक्षेप में, प्रभु प्रेरणा १. व्यसनों व रोगों का औषध है—प्रभु-प्रेरणा सुननेवाले के समीप व्यसन नहीं फटकते, २. यह प्रेरणा शान्ति प्राप्त कराती है—व्यर्थ की चिन्ताओं से दूर कर चित्त को शान्त करती है, ३. मयोभु=हृदय में कल्याण का भावन करती है—सब प्रकार के द्वेषों से ऊपर उठा देती है और ४. इस प्रकार हमारे जीवनों को दीर्घ करती है।

भावार्थ—हम सदा हृदयस्थ प्रभु की प्रेरणा को सुनें।

ऋषिः—उलो वातायनः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रभु प्रेरणा ही पिता, भ्राता व सखा है

१८४१. उत वात पितासि न उत भ्रातोत नः सखा। स नो जीवातवे कृधि॥ २॥

उत=और वात=हे प्रभु-प्रेरणे! तू ही नः=हमारी पिता असि=रक्षक है, पालन करनेवाली है। संशय से आन्दोलित मन में प्रेरणा ही प्रकाश प्राप्त कराती है और हमें विनाश से बचाती है। उत=और यह प्रेरणा ही नः=हमारी भ्राता=धारण व पोषण करनेवाली है। इसके अभाव में हमें चारों ओर अन्धकार-ही-अन्धकार दिखता है और हम संशय-समुद्र में ही डूबकर समाप्त हो जाते हैं। उत=और यह प्रेरणा ही नः=हमारी सखा=मित्र है—पाप से बचानेवाली है। इसके अभाव में हम न जाने किन-किन पापों में फँस जाते हैं।

इस प्रकार हे प्रेरणे! सः=वह तू नः=हमारे जीवातवे=जीवन के लिए कृधि=सब आवश्यक उपायों को कर। हमपर वासनाओं का आक्रमण होता है और हम उनके शिकार बन जाते यदि इस प्रेरणा ने 'पिता' की भाँति हमारी रक्षा न की होती। इस संसार-समुद्र में कितने ही चमकते विषय-रत्नों ने हमें अत्यधिक बोझल कर डुबो दिया होता, यदि यह प्रेरणा हमें पार लगानेवाले 'भ्राता' का काम न करती (भृ=to bear across)। इस संसार की अश्मन्वती नदी को हम न लाँघ पाते यदि इस प्रेरणा ने सखा बनकर हमारा हाथ न पकड़ा होता। एवं, यह प्रेरणा पिता है, भ्राता है और हमारा सखा है। यह हमें मृत्यु से बचाकर अमृत प्राप्त कराती है।

भावार्थ—प्रभु-प्रेरणा को ही हम अपना जीवन जानें।

ऋषिः—उलो वातायनः॥ देवता—वायुः॥ छन्दः—गायत्री॥ स्वरः—षड्जः॥

प्रेरणा में अमरता निहित है

१८४२. यददो वात ते गृहेऽमृतं निहितं गुहा। तस्य नो धेहि जीवसे॥ ३॥

हे वात=प्रेरणे! ते गृहे=तेरे ग्रहण करने में यत्=जो अदः=वह अमृतम्=अमरता या अविनाश गुहा-निहितम्=छिपा हुआ सुरक्षित रखा है तस्य=उस अमरता को जीवसे=जीवन के लिए नः=हमें धेहि=धारण कराइए।

जो भी व्यक्ति इस प्रेरणा का ग्रहण करता है वह सचमुच उस अमरता का ही ग्रहण कर रहा होता है जो इस प्रेरणा में सुरक्षितरूप से रक्खी हुई है। प्रभु की प्रेरणा को सुननेवाला व्यक्ति कभी अधर्म की ओर नहीं झुकता। अधर्म ही वह वस्तु है जो मनुष्य का धारण न कर विनाश करती है। गिरानेवाली होने के कारण ही इसका नाम 'पातक' है। यह अघ—पाप सचमुच अघ—पीड़ा ही है। यह दुरित मनुष्य की बड़ी दुर्गति कर देता है। प्रेरणा इस विनाश, पतन, पीड़ा व दुर्गति से बचानेवाली है। इसी से 'इसमें अमृत छिपा है' ऐसा कहा गया है।

इस प्रेरणा का सुनना जीवन का हेतु है और न सुनना ही मृत्यु का कारण है। जो व्यक्ति वातायन=प्रेरणा को ही अपना अयन बनाता है वह 'उल' होता है—जीवन के सब विघ्नों को भस्मसात् कर देनेवाला होता है।

भावार्थ—हम प्रभु-प्रेरणा को सुनें और अमरता का लाभ करें।

सूक्त-१२

ऋषिः—सुपर्णः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

सूर्य के तेज का धारण

१८४३. अभि वाजी विश्वरूपो जनित्रं हिरण्ययं बिभ्रदत्कं सुपर्णः।
सूर्यस्य भानुमृतुथा वसानः परि स्वयं मेधमृञ्जो जजान॥ १॥

सुपर्ण—प्रभु की प्रेरणा को सुननेवाला यह वातायन 'सुपर्ण' बन जाता है—बड़े उत्तम ढंग से (सु) आसुर वृत्तियों के आक्रमण से अपना पालन करनेवाला (पर्ण) होता है। यह **वाजी**-शक्तिशाली तथा **विश्वरूपः**-सब पदार्थों का सुन्दर निरूपण करनेवालाहोता है। वस्तुतः शक्ति और ज्ञान इसके दो सुन्दर पंखों के समान होते हैं—इन्हीं से यह ऊपर की ओर उड़ता है, ऊर्ध्वगतिवाला होता है। **जनित्रम्**-विकासवाले **हिरण्ययम्**-तेजोरूप **अत्कम्**-कवच को **अभिबिभ्रत्**-धारण करता हुआ यह सचमुच **सुपर्णः**-सुपर्ण होता है। शक्ति और ज्ञान—दोनों हिरण्मय-तेजोरूप हैं। ये दोनों ही तेज इसके कवच बन जाते हैं। एक तेज इसे व्याधियों से बचाता है तो दूसरा तेज इसे आधियों से बचाता है। एक (शक्ति) शरीर-रोगों के लिए कवच है तो दूसरा (ज्ञान) मानस रोगों के लिए। इस कवच से सुरक्षित यह सचमुच सुपर्ण है।

सूर्य के तेज को—**ऋतु-था**-समयानुसार प्रत्येक कार्य को करने के कारण **सूर्यस्य भानुम्**-सूर्य के तेज को **वसानः**-धारण करता हुआ यह सुपर्ण **ऋञ्जः**-ऊर्ध्व गतिवाला होता है—सदा उन्नति-पथ पर आगे बढ़ता है।

यज्ञमय—यह ऋञ्ज उन्नति-पथ पर आगे बढ़ता है का अभिप्राय यह है कि **स्वयम्**-आत्मा से, अपने से **मेधम्**-यज्ञ को **परिजजान**-सर्वतः प्रादुर्भूत करता है, अर्थात् अपने जीवन को यज्ञमय बना डालता है। यज्ञमय जीवन बनाना ही उन्नति करना है। जो जितना-जितना स्वार्थ को जीतकर परार्थ को अपनाता जाता है, वह उतना-उतना उन्नत होता जाता है।

भावार्थ—हम प्रभु की प्रेरणा को सुनेंगे तो प्रस्तुत मन्त्र के ऋषि 'सुपर्ण' बनेंगे। सब व्यसनों से बचने के कारण शक्ति हमारा एक पंख होगा तो ज्ञान दूसरा। इस शक्ति व ज्ञानमय कवच को धारण करके हम सूर्य की भाँति चमक रहे होंगे। सूर्य की भाँति ही हमारे कर्म भी स्वार्थशून्य हो जाएँगे।

ऋषिः—सुपर्णः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

सुपर्ण के जीवन की चार बातें

१८४४. अप्सु रेतः शिश्रिये विश्वरूपं तेजः पृथिव्यामधि यत् सम्बभूव।
अन्तरिक्षे स्वं महिमानं मिमानः कनिक्रन्ति वृष्णो अश्वस्य रेतः॥ २॥

अप्सु-जलों में **रेतः**-वह तेज **शिश्रिये**-निवास करता था **यत्**-जो अब **पृथिव्यां अधि**-इस पार्थिव शरीर में **सम्बभूव**-सम्यक् प्रकट हुआ है, जिसे **विश्वरूपं तेजः**-शरीर में अनेक प्रकार से व्यापक तेज का नाम दिया गया है।

उपनिषद् में हम पढ़ते हैं कि 'आपः रेतो भूत्वा'-जल 'वीर्य' का रूप धारण करके शरीर में रहने लगे। ये जल ही जीव की २४ प्रकार की शक्ति के रूप में हो गये। 'आपोमयाः प्राणाः'-'प्राण

आपोमय हैं' ये शब्द भी ऊपर की भावना को ही दूसरे प्रकार से कह रहे हैं। शरीर में यह शक्ति २४ प्रकार से विभक्त होकर कार्य करती है।

वृष्णः-शक्तिशाली **अश्वस्य**-कार्यों में शीघ्रता से व्याप्त होनेवाले पुरुष का यह **रेतः**-तेज **अन्तरिक्षे**-हृदयान्तरिक्ष में **स्वमहिमानम्**-अपनी महिमा को **मिमानः**-निर्मित करता हुआ **कनिक्रन्ति**-प्रभु की महिमा का उच्चारण करता है, अर्थात् यह विश्वरूप तेज १. मनुष्य को शक्तिशाली बनाता है (वृष्णः), २. उसमें स्फूर्ति पैदा करता है, जिसके कारण इसे आलस्य कभी नहीं घेरता (अश्वस्य), ३. इसके हृदय को विशाल बनाता है। विश्वरूप तेजवाला व्यक्ति कभी कृपण व संकुचित हृदय नहीं होता (महिमानम्), ४. यह सदा प्रभु की स्तुति करनेवाला होता है। निराशावाद की मनोवृत्ति से यह सदा दूर रहता है। आशावाद से पूर्ण यह आस्तिक मनोवृत्ति को धारण करता है।

भावार्थ—मैं जलों के ठीक प्रयोग से शक्तिशाली बनूँ, मेरा जीवन शक्ति-सम्पन्न, स्फूर्तिमय, विशाल व पूजा की वृत्तिवाला हो।

ऋषिः—सुपर्णः॥ देवता—सूर्यः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

स्वस्थ शरीर व दीप्त मस्तिष्क

१८४५. अयं सहस्रा परि युक्ता वसानः सूर्यस्य भानुं यज्ञो दाधार।
सहस्रदाः शतदा भूरिदावा धर्ता दिवो भुवनस्य विश्पतिः॥ ३॥

अयम्-प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि यह सुपर्ण **युक्ता**-अपने साथ सम्बद्ध **सहस्रा**-हजारों व्यक्तियों को **परि**-चारों ओर **वसानः**-आच्छादित करता हुआ और **यज्ञः**-इस प्रकार यज्ञमय जीवनवाला **सूर्यस्य भानुम्**-सूर्य की दीप्ति को **दाधार**-धारण करता है।

सुपर्ण केवल अपना पालन नहीं करता, यह तो अपने आसपास के सभी व्यक्तियों को धारण करने का प्रयत्न करता है। औरों के जीवन को सुखी बनाने के द्वारा ही यह अपने जीवन को सुखी बनाता है। सूर्य का प्रकाश अपने लिए न होकर औरों के लिए होता है, इसी प्रकार इसकी शक्तियाँ भी औरों का धारण करती हैं। परिणामतः यह भी सूर्य के समान तेजस्वी बनता है।

यह **स-हस्रदाः**-प्रसन्नता के साथ औरों को सहायता देनेवाला होता है। **शतदाः**-सौ-के-सौ वर्ष—आजीवन—यह औरों की सहायता करता है। **भूरिदावा**-इसका देने का प्रकार ऐसा होता है कि यह दान औरों का भरण-पोषण बड़े उत्तम ढंग से करता है (भूरि-भृ-धारण-पोषण)।

यह अपने निजू जीवन में **दिवः**-प्रकाश का **धर्ता**-धारण करनेवाला बनता है और **भुवनस्य**-(Abode, Residence) अपने निवास-स्थानभूत इस शरीर का धारण करनेवाला होता है। यह मस्तिष्क को दीप्त रखता है और शरीर को स्वस्थ। इसी का परिणाम है कि यह **विश्पतिः**-सब प्रजाओं का पालन करनेवाला बनता है। जिस व्यक्ति का शरीर स्वस्थ नहीं वह शक्त्यभाव से लोकहित नहीं कर सकता और स्वस्थ व्यक्ति भी मस्तिष्क के प्रकाशमय न होने पर गलत दिशा में प्रयत्न करके लाभ के स्थान में हानि कर देता है। स्वस्थ व सज्ञान (सुलझा हुआ) यह सुपर्ण प्रसन्नतापूर्वक जीवनभर उत्तम ढंग से प्रजा के पालन-पोषण में प्रवृत्त रहता है।

भावार्थ—मैं मस्तिष्क में प्रकाश और शरीर में स्वास्थ्य को धारण करूँ, जिससे 'विश्पति' बन पाऊँ।

सूक्त-१३

ऋषिः—वेनः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

प्रभु-दर्शन

१८४६. नाके सुपर्णमुप यत्पतन्तं हृदा वेनन्तो अभ्यचक्षत त्वा।
हिरण्यपक्षं वरुणस्य दूतं यमस्य योनौ शकुनं भुरण्युम्॥ १॥

इस मन्त्र का ऋषि 'वेन' है—प्रबल इच्छावाला। हृदा वेनन्तः=हृदय से तेरी प्राप्ति की प्रबल कामना करते हुए व्यक्ति ही हे प्रभो! त्वा=आपको अभ्यचक्षत=देखते हैं। कैसे आपको?

१. नाके सुपर्णम्=मोक्ष-सुख में उत्तम पालन करनेवाले को। जो भी जीव (वेन्=Reflect, consider, worship) उस प्रभु का चिन्तन व स्तुति करता हुआ संसार से ऊपर उठता है—और मोक्षलोक का अधिकारी बनता है, वह प्रभु के उत्तम पालन का भी साक्षात् करता है।

२. यत् उप-पतन्तम्=समीप आते हुए आपको। यह वेन जितना-जितना प्रभु का चिन्तन करता है, उतना-उतना प्रभु को समीप आता अनुभव करता है। 'तदु अन्तिके' वे प्रभु तो मेरे समीप हैं—ऐसा इसे अनुभव होता है।

३. हिरण्यपक्षम्=ज्योति का परिग्रह करनेवाले को (पक्ष परिग्रहे)। वे प्रभु ज्योतिर्मय हैं। उनकी समीपता में यह वेन भी अपनी ज्योति को बढ़ता देखता है।

४. वरुणस्य दूतम्=श्रेष्ठता के सन्देशवाहक को। यह वेन प्रभु का चिन्तन करता है, इसे वे प्रभु श्रेष्ठता का सन्देश देते प्रतीत होते हैं।

५. यमस्य योनौ शकुनम्=संयम के स्थान में शक्ति-सम्पन्न बनानेवाले वे प्रभु हैं, अर्थात् अपने भक्त को संयमी बनाकर वे सशक्त कर देते हैं।

६. भुरण्युम्=वस्तुतः वे प्रभु सबका भरण-पोषण करनेवाले हैं।

इस रूप में वेन उस प्रभु का दर्शन करता है।

भावार्थ—मैं चिन्तन करूँ, उपासक बनूँ और प्रभु का दर्शन करूँ।

ऋषिः—वेनः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

गन्धर्व की स्वर्ग-प्राप्ति

१८४७. ऊर्ध्वो गन्धर्वो अधि नाके अस्थात् प्रत्यङ् चित्रा बिभ्रदस्यायुधानि।
वसानो अत्कं सुरभिं दृशे कं स्वा३र्णं नाम जनत प्रियाणि॥ २॥

गन्धर्वः=(गां वेदवाचं धरति) वेदवाणी का धारण करनेवाला यह (गाव इन्द्रियाणि) इन्द्रियों को संयम में रखनेवाला व्यक्ति, जिसके लिए गत मन्त्र में 'यमस्य योनौ'='संयम के स्थान में' इन शब्दों का प्रयोग हुआ था। यह ज्ञानी व संयमी पुरुष ऊर्ध्वः=संसार के विषयों से ऊपर उठा हुआ अधिनाके=मोक्ष-सुख में अस्थात्=स्थित होता है।

यह गन्धर्व प्रत्यङ्=अपने अन्दर चित्रा=अद्भुत अस्य आयुधानि=अपने अस्त्रों को बिभ्रत्=धारण करता है। 'ज्ञान, कर्म व उपासना' ये तीन इसके अस्त्र हैं। इनका अद्भुतत्व यही है कि ये

काम-क्रोधादि सब आसुर वृत्तियों का सुन्दरता व पूर्णता से समापन कर देते हैं। यह गन्धर्व तो इस प्रकार **अत्कम्**-कवच को **वसानः**-धारण किये हुए होता है। यह कवच इसे काम-क्रोधादि के आक्रमण से सदा सुरक्षित करता है और यह गन्धर्व उस **सुरभिम्**-सुन्दर-ही-सुन्दर, देदीप्यमान (Shining) **कम्**-सुखस्वरूप प्रभु को **दृशे**-देखने में समर्थ होता है और **स्वः न नाम**-स्वर्गलोक की भाँति (नाम इति वाक्यालंकारे) **प्रियाणि**-आनन्दों को **जनत**-उत्पन्न करता है।

संक्षेप में संयमी, ज्ञानी पुरुष, 'ज्ञान, कर्म व उपासना' रूप आयुधों को धारण किये हुए मोक्ष सुख में स्थित होता है। वासनाओं से सुरक्षित करनेवाले कवच को धारण किये हुए वह उस सुन्दर, सुखमय प्रभु का दर्शन करता है और स्वर्गीय आनन्दों का अनुभव करता है।

भावार्थ—संयमी जीवन से मैं प्रभुदर्शन का पात्र बनूँ और मोक्षसुख का अनुभव करूँ।

ऋषिः—वेनः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

द्रप्स (Drop) समुद्र (Ocean) को

१८४८. द्रप्सः समुद्रमभि यज्जिगाति पश्यन् गृध्रस्य चक्षसा विधर्मन्।
भानुः शुक्रेण शोचिषा चकानस्तृतीये चक्रे रजसि प्रियाणि॥ ३॥

प्रभु की तुलना में जीव उसी प्रकार है जैसे समुद्र की तुलना में एक कण। जीव अणु है। उपनिषद् के शब्दों में '**बालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च। भागो जीवः स विज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते**', जीव छोटे-से-छोटे कण के समान है। प्रभु सर्वव्यापक हैं, कण की दृष्टि से समुद्र हैं। '**स-मुद्र**' इसलिए भी कि सदा आनन्द (मुद) के साथ (स) हैं। जीव तो सुख-दुःख में फिरता रहता है (Drops)—इसी से द्रप्स है। यह **द्रप्सः**-कण-तुल्य अणु जीवात्मा **यत्**-जब **समुद्रम् अभि**-उस व्यापक परमात्मा की ओर **जिगाति**-जाता है तब **गृध्रस्य**-प्रभु-प्राप्ति के लिए अत्यन्त लालायित पुरुष की **चक्षसा**-दृष्टि से **पश्यन्**-प्रभु को देखता हुआ वह **विधर्मन्**-विशिष्ट धर्मों में अपने को स्थापित करता है, सदा व्रतमय जीवन बिताता है।

भानुः-व्रतों से पवित्र हुआ-हुआ वह चमकनेवाला '**वेन**' **शुक्रेण**-दीप्त **शोचिषा**-चमक से—ज्ञान की ज्योति से—**चकानः**-चमकता हुआ **तृतीये रजसि**-तीसरे लोक में, अर्थात् तमोगुण से ऊपर उठकर रजोगुण और रजोगुण से ऊपर उठकर सत्त्वगुण में स्थित हुआ-हुआ यह **प्रियाणि**-सदा प्रिय कर्मों को ही—प्रभु को प्रीणित करनेवाले कर्मों को ही—**चक्रे**-करता है।

अपने कर्मों से प्रीणित करके ही तो पुत्र पिता का प्रिय बनता है। इसी प्रकार यह वेन भी परमपिता प्रभु का अपने प्रिय कर्मों से—सात्त्विक कर्मों से—प्रभु का प्यारा होता है, प्रभु इसे अपनी गोद में लेते हैं और इस प्रकार यह बिन्दु-तुल्य जीव समुद्र-तुल्य प्रभु में छिप जाता है। यह अमृत प्रभु से आवृत हुआ-हुआ दुःखों के नाम को भी नहीं जानता।

भावार्थ—बूँद समुद्र को प्राप्त करती है—मैं प्रभु को प्राप्त करूँ।

इति विंशोऽध्यायः, नवमप्रपाठकस्य द्वितीयोऽर्धः॥

अथैकविंशोऽध्यायः

नवमप्रपाठकस्य तृतीयोऽर्धः

सूक्त-१

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

एक आदर्श उपासक का जीवन

१८४९. आशुः शिशानो वृषभो न भीमो घनाघनः क्षोभणश्चर्षणीनाम्।
सङ्क्रन्दनोऽनिमिष एकवीरः शतं सेना अजयत् साकमिन्द्रः॥ १॥

१. सामवेद का अन्तिम अध्याय होने से यह उपासना का अन्त है। उपासनान्त=उपासना की चरम सीमा Climax। 'एक आदर्श उपासक कैसा होता है?' यह प्रस्तुत मन्त्र का विषय है।

(क) आशुः=यह शीघ्रता से कार्य करनेवाला होता है, इसमें ढील नहीं होती। इसका जीवन स्फूर्तिमय होता है।

(ख) शिशानः=(शो तनूकरणे) यह निरन्तर अपनी बुद्धि को तीव्र करने में लगा है। इस तीव्र बुद्धि ने ही तो इसे प्रभु-दर्शन कराना है। 'दृश्यते त्वग्र्यया बुद्ध्या सूक्ष्मया सूक्ष्मदर्शिभिः'।

(ग) वृषभः=यह वृषभ के समान शक्तिशाली होता है। परमात्मा के सम्पर्क में आकर क्या यह निर्बल रहेगा?

(घ) न भीमः=भयंकर नहीं होता। शक्ति है, परन्तु सौम्यता। इसकी शक्ति परपीड़न के लिए थोड़े ही है।

(ङ) घनाघनः=यह कामादि शत्रुओं का बुरी तरह से हनन करने में लगा है।

(च) चर्षणीनां क्षोभणः=मनुष्यों में क्रान्तिकारी विचार देकर—इसने उथल-पुथल मचा दी है। यह गङ्गोत्री में एकान्त, शान्त-जीवन का ही आनन्द नहीं ले रहा।

(छ) संक्रन्दनः=(क्रदि आह्वाने) सदा प्रभु का आह्वान कर रहा है। जहाँ प्रभु का नाम घोषित होता है, वहाँ काम थोड़े ही आता है?

(ज) अनिमिषः=एक पलक भी नहीं मारता—ज़रा भी नहीं सोता, सदा सावधान alert है, सोएगा तो वासनाओं का आक्रमण न हो जाएगा? पुष्पधन्वा, पुष्पसायक, पञ्चबाण (काम) अपने पाँच बाणों से पाँचों इन्द्रियों को मुग्ध करने का प्रयत्न करता है। यही उसका क्लोरोफार्म सुँघाना है, जिसने सूँघ लिया वह काम का शिकार हो गया। यह उपासक तो जागरूक है।

(झ) एकवीरः=यह अद्वितीय वीर है तभी तो इसने इन प्रबल वासनाओं से संग्राम किया है—मोर्चा लिया है।

(ञ) इन्द्रः=यह सब इन्द्रियों का अधिष्ठाता है और

(ट) शतं सेना साकम् अजयत्=वासनाओं की सैकड़ों सेनाओं को एकसाथ ही जीत लेता

है अथवा उस प्रभु को साथी बनाकर इन वासनाओं की सेना को जीतता है।

सब वासनाओं को जीतकर यह लोकहित में प्रवृत्त रहता है, तभी 'प्रजापति' कहलाता है?

भावार्थ—प्रभु-कृपा से हममें उपासक के ये ग्यारह लक्षण घट पाएँ।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

युधिष्ठिर

१ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१८५०. सङ्क्रन्दनेनानिमिषेण जिष्णुना युत्कारेण दुश्च्यवनेन धृष्णुना।
१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
तदिन्द्रेण जयत तत्सहध्वं युधो नर इषुहस्तेन वृष्णा॥ २॥

वासनाओं को जीतना सुगम तो क्या असम्भव-सा प्रतीत होता है। इनके साथ युद्ध करनेवाला मनुष्य 'युधः' है। यह अपने को निरन्तर आगे प्राप्त कराने के कारण 'नरः' (नृ नये) है। यह अपने आत्मा, अर्थात् अपने को एक आदर्श उपासक के रूप में ढालता है और उस आत्मा से वासनाओं का पराभव करता है।

कैसी आत्मा से? (क) **संक्रन्दनेन**=सदा प्रभु का आह्वान करनेवाली आत्मा से। प्रभु के आह्वान ने ही तो इसे सबल बनाना है और वासनाओं को भयभीत करना है। (ख) **अनिमिषेण**=कभी पलक न मारनेवाले से। यह सदा अप्रमत्त रहता है। नाममात्र भी प्रमाद हुआ और वासनाओं का आक्रमण हुआ (ग) **जिष्णुना**=विजय के स्वभाववाले से। यह प्रभु का आह्वान करनेवाला अप्रमत्त जीतेगा नहीं तो क्या हारेगा? (घ) **युत्कारेण**=युद्ध करनेवाले से और (ङ) **दुश्च्यवनेन**=युद्ध से पराङ्मुख न किये जानेवाले से। यह इसलिए भी विजयी होता है कि यह युद्ध से कभी पराङ्मुख नहीं होता। (च) **धृष्णुना**=पराङ्मुख न होने के कारण शत्रुओं का धर्षण करनेवाले से। जो युधिष्ठिर (युधि+स्थिर) युद्ध में स्थिर रहनेवाला होता है वह अनन्त विजय को तो प्राप्त करता ही है। (छ) **इषुहस्तेन**=(इषु—प्रेरणा) प्रभु-प्रेरणा जिसने हाथ में ली हुई है, उससे। यह प्रभु की प्रेरणा को सुनता है और उसके अनुसार हाथों से कार्य करता है, इसलिए यह 'इषुहस्त' कहलाता है। (ज) **वृष्णा**=शक्तिशाली से। प्रभु के उपासक की आत्मा शक्ति-सम्पन्न तो होती ही है।

ऐसे इन्द्र से—आत्मा से ही नर जीता करता है। मन्त्र में कहते हैं कि **तदिन्द्रेण**=इस इन्द्र से **जयत**=शत्रुओं को जीत लो और **तत् सहध्वम्**=इस वासनाओं के समूह को पराभूत कर दो।

भावार्थ—हम अपने में युद्ध में स्थिर रहने की भावना को भरें और विजयी बनें।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

असङ्गशस्त्रेण दृढेन छित्त्वा

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
१८५१. स इषुहस्तैः स निषङ्गिभिर्वशी सं सृष्टा स युध इन्द्रो गणेन।
१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
सं सृष्टजित् सोमपा बाहुशर्ध्यू३ग्रधन्वा प्रतिहिताभिरस्ता॥ ३॥

सः=वह उपासक **इषुहस्तैः**=प्रेरणारूप हाथों से और **सः**=वह **निषङ्गिभिः**=असङ्ग नामक शस्त्रों से (न=अ, नहीं, सङ्ग=आसक्ति) अनासक्ति से उपलक्षित-मुक्त हुआ-हुआ **वशी**=इन्द्रियों को वश में करनेवाला **गणेन संसृष्टा**=समाज के साथ मेल करनेवाला—एकाकी जीवन न बितानेवाला

सः=वह युधः=वासनाओं से युद्ध करनेवाला इन्द्रः=इन्द्रियों का अधिष्ठाता उपासक संसृष्टजित्=सब संसर्गों को, विषय-सम्पर्कों को जीतनेवाला होता है। विषय-सम्पर्क को जीतकर ही यह सोमपा=सोम का पान करनेवाला होता है। बाहुशर्धी=सोमपान के कारण यह अपनी बाहुओं से पराक्रम करनेवाला होता है। इन्द्र ने इस सोम का पान करके ही तो कहा था कि 'भूमि को यहाँ रख दूँ या वहाँ रख दूँ।' सोम semen=शक्ति का पान—अपने अन्दर खपाना है। उग्रधन्वा=('प्रणवो धनुः') ओम् या प्रणव ही इसका धनुष है, इससे उग्र=उदात्त धनुष हो ही क्या सकता है? इस प्रणव के जप से ही इसने वासनाओं को विद्ध करना है।

यह अस्ता=शत्रुओं को परे फेंकनेवाला है (असु क्षेपण), परन्तु यह शत्रुओं को परे फेंकने की क्रिया 'प्रतिहिताभिः'=प्रत्याहताभिः=इन्द्रियों के वापस आहरण के द्वारा होती है। सामान्यतः शस्त्रों को फेंककर शत्रुओं को भगाया जाता है, परन्तु यहाँ इन्द्रियों को वापस लाकर शत्रुओं को परे फेंका जाता है। 'वापस करना और परे फेंकना' यह काव्य का विरोधाभास अलङ्कार है। उपासक का जीवन भी इस वर्णन के अनुसार काव्यमय है।

भावार्थ—प्रभुकृपा से हम अनासक्ति के द्वारा इस संसारवृक्ष का छेदन करनेवाले बनें।

सूक्त-२

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—बृहस्पतिः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

युद्ध में विजय द्वारा ऊर्ध्वा दिक् का अधिपति बनना

१८५२. बृहस्पते परि दीया रथेन रक्षोहामित्राँ अपबाधमानः।
प्रभञ्जन्त्सेनाः प्रमृणो युधा जयन्नस्माकमेध्यविता रथानाम्॥ १॥

प्रभु जीव से कहते हैं बृहस्पते=हे ज्ञान के स्वामिन्! तू रथेन=इस शरीररूप रथ के द्वारा परिदीया=चमकनेवाला बन (दी=to shine) और आकाश में उड़नेवाला बन, अर्थात् उन्नति की ओर चल। जीव ने उन्नत होने के लिए ज्ञानी बनना है, बिना ज्ञान के किसी भी प्रकार की उन्नति सम्भव नहीं। यह बृहस्पति उन्नति करते-करते ऊर्ध्वादिक् का अधिपति बनता है। यह अपने शरीररूप रथ के द्वारा ऊर्ध्वगति करनेवाला बनता है (दी=to soar)। यह उन्नति की ओर चलता हुआ 'रक्षोहा'=रमण के द्वारा (र) क्षय (क्ष) करनेवाली वृत्तियों का संहार करता है। इनका संहार करके ही यह अपनी ऊर्ध्वगति को स्थिर रख पाएगा। यह अपनी यात्रा में आगे बढ़ता है—अमित्रान्=द्वेष की भावनाओं को अपबाधमानः=दूर करता हुआ। ईर्ष्या-द्वेष से मन मृत हो जाता है—मन के मृत हो जाने पर उन्नति सम्भव कहाँ? हे बृहस्पते! तू सेनाः=इन वासनाओं के सैन्य को प्रभञ्जन्=प्रकर्षेण पराजित करता हुआ (रणे भङ्गः पराजयः) प्रमृणः=कुचल डाल। इस प्रकार युधा=इन वासनाओं के साथ युद्ध के द्वारा जयन्=विजयी बनता हुआ तू अस्माकम्=हमारे दिये हुए इन रथानाम्=रथों का अविता=रक्षक एधि=हो। इस रथ को तू इन राक्षसों, अमित्रों और वासना-सैन्यों का शिकार न होने दे। इसी प्रकार तू इस रथ के द्वारा 'ऊर्ध्वा दिक्' का अधिपति 'बृहस्पति' बन सकेगा।

भावार्थ—हम ज्ञानी बनकर इस रथ से यात्रा को ठीक रूप में पूर्ण करनेवाले बनें।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

जैत्र रथ—विजयी रथ

१८५३. बलविज्ञायः स्थविरः प्रवीरः सहस्वान् वाजी सहमान उग्रः।
अभिवीरो अभिसत्वा सहोजा जैत्रमिन्द्र रथमा तिष्ठ गोवित्॥ २॥

'प्रजापति', अर्थात् नेता को कैसा बनना चाहिए, यह इस मन्त्र में इन शब्दों में बतलाते हैं—

१. बलविज्ञायः-तू बल के कारण प्रसिद्ध—known for his vigour तथा

२. गोवित्-(गावः-वेदवाचः) वेदवाणियों को जानने व प्राप्त करनेवाला बनकर जैत्रं रथमातिष्ठ-विजयशील रथ पर आरूढ़ हो। शरीर ही रथ है जो जीवन-यात्रा की पूर्ति के लिए दिया गया है। जीवन-यात्रा की पूर्ति के लिए बल व ज्ञान दोनों ही तत्त्व आवश्यक हैं। बल रजोगुण का प्रतीक है और ज्ञान सत्त्वगुण का। केवल सत्त्व व केवल रज से नहीं, अपितु दोनों के समन्वय से ही सफलता मिलनी है। इसी बात को मन्त्र में ३.-४. अभिवीरः अभिसत्वा-इन शब्दों से पुनः कहा है, वीरता की ओर चलनेवाला और सत्त्व की ओर चलनेवाला। सत्त्व का लक्षण ज्ञान है। एवं, वीरता व ज्ञान का अपने में समन्वय करेवाला ही विजयी बनता है। प्रारम्भ 'बलविज्ञायः'-शक्ति से है और समाप्ति 'गोवित्-' ज्ञान से है। बल और ज्ञान-क्षत्र और ब्रह्म मिलकर हमें विजयी बनाएँगे। वीरता की ओर चलो—सत्त्वगुण की ओर चलो तथा

५. स्थविरः-स्थिर मति का बनना। डाँवाँडोल व्यक्ति कभी विजयी नहीं होता। ६. प्रवीरः-प्रकृष्ट वीर बनना, कायर नहीं। क्या कायर कभी जीतता है? ७. सहस्वान्-सहनशील-Tolerant बनें। छोटी-छोटी बातों से क्षुब्ध हो गये तो सफल न हो पाएँगे। ८.-९. सहमानः उग्रः-हम शत्रुओं का पराभव करनेवाले बनें, परन्तु उग्र-उदात्त बने रहें—कमीनेपन पर कभी न उतर आएँ और सबसे बड़ी बात यह कि १०. सहौजाः-हम एकता के बलवाले हों—हम परस्पर मिलकर चलें। सारा विज्ञान हमारा कल्याण तभी करेगा जब हम संज्ञानवाले होंगे। 'संघ में शक्ति है', इस तत्त्व को हम कभी भूल न जाएँ। घर में पति-पत्नी का मेल होता है तो वहाँ अवश्य सफलता उपस्थित होती है। ११. वाजी-'Sacrifice'-त्यागवाला। त्याग के बिना विजय सम्भव नहीं—मेल भी सम्भव नहीं।

एवं, प्रस्तुत मन्त्र में विजय प्राप्ति के ११ तत्त्वों का प्रतिपादन हुआ है। इनको अपनाकर हम सच्चे प्रजापति बनें।

भावार्थ—हमारे जीवन का एक सिरा शक्ति हो और दूसरा ज्ञान। इनके द्वारा हम यथार्थ प्रजापति बनें।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

इन्द्र क्या करता है? धन के Complex से ऊपर

To follow whom?

A man can do what a man has done

१८५४. गोत्रभिदं गोविदं वज्रबाहुं जयन्तमज्म प्रमृणन्तमोजसा।
इमं सजाता अनु वीरयध्वमिन्द्रं सखायो अनु सं रभध्वम्॥ ३॥

प्रभु कहते हैं—हे **सजाताः**=समान जन्मवाले जीवो! **इयम्**=इस इन्द्र के **अनुवीरयध्वम्**=अनुसार तुम भी वीरतापूर्ण कर्म करो। उस इन्द्र के जो १. **गोत्रभिदम्**-(गोत्र=wealth) धन का विदारण करनेवाला है, अर्थात् हिरण्मय पात्र द्वारा डाले जानेवाले आवरण को सुदूर नष्ट करनेवाला है। २. **गोविदम्**=ज्ञान को प्राप्त करनेवाला है। धन के लोभ को दूर करके ही ज्ञान प्राप्त होता है। ३. **वज्रबाहुम्**=जिसकी बाहु में वज्र है, 'वज गतौ' से वज्र बनता है, 'बाह प्रयत्ने' से बाहु। वज्रबाहुं की भावना यही है कि गतिशील होने के कारण जो सदा प्रयत्नशील है। ४. **अज्म जयन्तम्**=युद्ध को जीतनेवाला है। निरन्तर क्रियाशीलता ने ही इसे वासना-संग्राम में विजयी बनाया है। ५. **ओजसा प्रमृणन्तम्**=जो (क्रियाशीलता से उत्पन्न) ओज के द्वारा काम-क्रोधादि शत्रुओं को कुचल रहा है। वस्तुतः इन पाँच विशेषताओंवाला व्यक्ति ही इन्द्र है और इस इन्द्र के समान जन्म लेनेवाले सभी को चाहिए कि वे भी इन्द्र के समान ही वीर बनें और संग्राम में शत्रुओं को कुचल डालें। प्रभु कहते हैं कि हे **सखायः**=इन्द्र के समान ख्यानवाले जीवो! **इन्द्रम् अनु**=इस इन्द्र के अनुसार **संरभध्वम्**=दृढाङ्ग Robust बनों, बहादुरी का परिचय दो। इन्द्र असुरों का संहार करता है तुम भी उसके **सजात**=समान जन्मवाले **सखा**=समान ख्यान-(नाम)-वाले होते हुए क्या ऐसा न करोगे? इन्द्र के कर्म सदा बलवाले हैं। क्या तुम निर्बलता प्रकट करोगे? नहीं, तुम भी उसके अनुसार वीर बनो। जो इन्द्र ने किया है वह तुम भी कर सकते हो। तुम भी तो इन्द्र हो—तभी तो महेन्द्र (परमात्मा) के उपासक बने हो। प्रभु का उपासक कायर नहीं होता, अतः वीर बनों, बहादुरी का परिचय दो और वासनारूप शत्रुओं को कुचल डालो।

भावार्थ—हम इन्द्र हैं—हम असुरों का संहार करनेवाले हैं। धन के आकर्षण से हम ऊपर उठेंगे और ऊँचे-से-ऊँचे ज्ञान को प्राप्त करेंगे।

नोट—यह इन्द्र भी तुम्हारे-जैसा ही एक मनुष्य है, **सजाताः**=तुम इसके समान जन्मवाले हो **सखायः**=तुम इसके समान ख्यानवाले हो। एक ही योनि में तुमने जन्म लिया है, एक ही शिक्षणालय में तुमने शिक्षा पाई है, वह विजेता बना है—उसने धन के complex को जीत लिया है। तुम भी धन से तो नहीं, परन्तु धन के लोभ से ऊपर उठकर वेदज्ञान को प्राप्त करनेवाले बनो।

सूक्त-३

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

कमाएँ पर जोड़े नहीं

१८५५. अभि गोत्राणि सहसा गाहमानोऽदयो वीरः शतमन्युरिन्द्रः।
दुश्च्यवनः पृतनाषाडयुध्यो ३ऽस्माकं सेना अवतु प्र युत्सु॥ १॥

इन्द्रः=इन्द्रियों का अधिष्ठाता जीव **गोत्राणि**=धनों को **सहसा**=प्रसन्नतापूर्वक (with a smiling face) **अभिगाहमानः**=सर्वतः अवगाहन करता हुआ, अर्थात् सब सुपथों से प्राप्त करता हुआ **अदयः**=(दॅङ् रक्षणे) उन्हें अपने पास सुरक्षित रखनेवाला नहीं होता। क्या पेट, जो रुधिर बनता है, उस रुधिर को अपने पास रख लेता है? अपने पास न रखने से ही वह वस्तुतः स्वस्थ रहता है। इसी प्रकार यह इन्द्र धनों को कमाता है, उनमें अवगाहन करता है=rolls in wealth, परन्तु उन्हें जोड़कर अपने पास नहीं रख लेता, इसीलिए तो वह प्रसन्न भी रहता है। **वीरः**=यह दानवीर बनता है। धन के प्रति आसक्ति न होने से यह कमाता है और देता है **शतमन्युः**=यह सैकड़ों क्रतुओं व

प्रज्ञानोंवाला होता है। धनों का यह यज्ञों व ज्ञानप्राप्ति में विनियोग करता है।

दुश्च्यवनः=यह अपने इस यज्ञ-मार्ग से सुगमता से हटाया नहीं जा सकता। धन का लोभ इसे अयज्ञिय नहीं बना पाता यह **पृतनाषाट्**=काम-क्रोधादि शत्रु-सेनाओं का पराभव करनेवाला होता है **अयुध्यः**=काम-क्रोधादि इसे कभी युद्ध में पराजित नहीं कर पाते।

यह इन्द्र **प्रयुत्सु**=इन उत्कृष्ट आध्यात्मिक संग्रामों में **अस्माकं सेना**=हमारी दिव्य गुणों की सेनाओं को **अवतु**=सुरक्षित करे। काम-क्रोधादि का पराजय हो, प्रेम व मित्रता की भावना की विजय हो।

भावार्थ—हम धन कमाएँ, परन्तु उसे जोड़ें नहीं, जिससे हमारे दिव्य गुण उसमें नष्ट न हो जाएँ।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

देवसेनाएँ और उनका सेनापति

१८५६. इन्द्र आसां नेता बृहस्पतिर्दक्षिणा यज्ञः पुर एतु सोमः।
देवसेनानामभिभञ्जतीनां जयन्तीनां मरुतो यन्त्वग्रम्॥ २॥

देवसेनाएँ—दिव्य और आसुर गुणों को वेद में 'देवसेना' व 'असुरसेना' कहा गया है। ये देवसेनाएँ प्रबल होकर असुरों का पराजय करती हैं। क्रोध पर दया विजय पाती है, लोभ पर सन्तोष व दान, और काम प्रेम के रूप में परिवर्तित हो जाता है। **देवसेनानाम्**=इन देवसेनाओं के, **अभिभञ्जतीनाम्**=जो चारों ओर आसुर भावनाओं का विदारण व भङ्ग कर रही हैं और **जयन्तीनाम्**=आसुरी वृत्तियों पर विजय पाती चलती हैं, **अग्रम्**=आगे **मरुतः यन्तु**=मरुत्—प्राणों की साधना करनेवाले मनुष्य चलें, अर्थात् ये देवसेनाएँ प्राण-साधना करनेवालों के पीछे चला करती हैं। प्राणायाम से इन्द्रियों के दोष क्षीण होते हैं, मन का मैल नष्ट होता है और गन्दगी में उत्पन्न होनेवाले मच्छरों की भाँति अपवित्रता से जन्म लेनेवाली आसुर वृत्तियाँ समाप्त हो जाती हैं। एवं, स्पष्ट है कि मरुतों की प्राण-साधना देव-सेनाओं के विजय के लिए आवश्यक है।

आसाम्=इन विजयशील देव-सेनाओं का **नेता**=सेनापति **इन्द्रः**=इन्द्र है। इन्द्र है 'इन्द्रियों का अधिष्ठाता', जो इन्द्रियों का दास न होकर 'हृषीकेश' है। हृषीक=इन्द्रिय, ईश=स्वामी। देवराट् यह इन्द्र ही है। यदि जीभ ने चाहा और हमने खाया, आँख ने चाहा है और हमने देखा, कान ने चाहा और हमने सुना तब तो हम इन इन्द्रियों के दास बन जाएँगे, हम इन्द्र न रहेंगे।

देवसेना के प्रमुख व्यक्ति—इस देव सेना के **पुरः**=प्रथम स्थान में—अग्रस्थान में **एतु**=चलें। कौन?

१. **बृहस्पतिः**=ब्रह्मणस्पति=ज्ञान का स्वामी, देवताओं का गुरु, ज्ञानियों का भी ज्ञानी। दिव्य गुणों में ज्ञान का सर्वोच्च स्थान है। वास्तविकता तो यह है कि ज्ञान के अभाव में ही तो कामादि वासनाएँ पनपती हैं। ज्ञानाग्नि इन्हें भस्म कर देती है। कामादि को भस्म करके ज्ञान मनुष्य को पवित्र बनाता है। यह बृहस्पति ही ऊर्ध्वादिक् का अधिपति है। ज्ञान से ही मनुष्य अध्यात्म उन्नति की चरम सीमा पर पहुँचता है। देव तो स्वयं दीप्त हैं औरों को ज्ञान-दीप्ति से द्योतित करते हैं। 'देवो दीपनाद्वा द्योतनाद्वा'।

२. **दक्षिणा**=दान। दान लोभ से विपरीत वृत्ति का नाम है। लोभ व्यसन-वृक्ष का मूल है। दान उसके मूल का अवदान=खण्डन करता है। देव इसीलिए सदा दिया करते हैं, 'देवो दानात्'।

३. **यज्ञः**=दिव्य गुणों की सेना में प्रथम स्थान ज्ञान का है और द्वितीय दान का तो तृतीय स्थान

यज्ञ का है। यज्ञ की मौलिक भावना निःस्वार्थ कर्म है। देव यज्ञशील होते हैं, वे तो हैं ही 'हविर्भुक्'।

४. सोमः-सौम्यता चौथा देव है। सौम्यता यह चौथा होता हुआ भी सर्वाधिक महत्त्व रखता है। सारे दिव्य गुणों के होने पर भी यदि यह सौम्यता न हो तो वे सब दिव्य गुण अखरने लगते हैं। गीता में दैवी सम्पत्ति का चरमोत्कर्ष 'नातिमानिता' में है—यहाँ 'सोम'=सौम्य बनने में।

सोम का दूसरा अर्थ vitality=शक्ति semen भी है। मनुष्य ने शक्ति का संयम करके ही दिव्य गुणों को विकसित करना है। यही ब्रह्मचर्य है। ब्रह्म को प्राप्त करने का मार्ग है।

भावार्थ—हम प्राण-साधना करें, जिससे हममें दिव्य गुण उत्पन्न हों। इन्द्रियों के अधिष्ठाता बनें, जिससे देवसेनाओं के सेनापति बनें। ज्ञान, दान, निःस्वार्थता व सौम्यता इन चार दिव्य गुणों को न भूलें।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

देवों के तीन महारथी

१८५७. इन्द्रस्य वृष्णो वरुणस्य राज्ञ आदित्यानां मरुतां शर्ध उग्रम्।
महामनसां भुवनच्यवानां घोषो देवानां जयतामुदस्थात्॥ ३॥

देवताओं का जयघोष उठे—गत मन्त्र में प्राण-साधना तथा इन्द्रियों के वशीकरण के द्वारा देवसेनाओं की उत्पत्ति, उद्गति व प्रगति का उल्लेख हुआ था। वे असुरों पर विजय पाती हुई आगे बढ़ रही थीं। प्रस्तुत मन्त्र में विजय पानेवाली उन्हीं देवसेनाओं के जयघोष का वर्णन है—

१. वृष्णः इन्द्रस्य=शक्तिशाली व औरों पर सुखों की वर्षा करनेवाले, जितेन्द्रिय—इन्द्रियों के अधिष्ठाता इन्द्र का तथा २. राज्ञः वरुणस्य=(well regulated) अति नियमित जीवनवाले वरुण का, जिसने सब बुराइयों का वारण किया है तथा ३. आदित्यानां मरुताम्=अपने अन्दर निरन्तर उत्तमता का ग्रहण करनेवाले (आदानात् आदित्यः) प्राण-साधक मरुतों का (मरुतः प्राणाः) शर्धः=बल उग्रम्=बड़ा उदात्त व तीव्र होता है।

इन्द्र का विशेषण वृषन् है—जो भी जितेन्द्रिय बनेगा वह अवश्य शक्तिशाली व औरों पर सुखों की वर्षा करनेवाला होगा।

वरुण श्रेष्ठ का विशेषण 'राज्ञः' है—उत्तम प्रकार से नियमित जीवनवाला। वस्तुतः नियमित जीवन ही हमें उत्तम बनाता है।

मरुत्—प्राण-साधना करनेवाले आदित्य हैं—अपने अन्दर निरन्तर दिव्यता का आदान कर रहे हैं। आदित्य अदिति-पुत्र हैं—'अदीना देवमाता' के पुत्र हैं। देवमाता इन दिव्य गुणरूप आदित्यों को जन्म देती है।

इन्द्र, वरुण व मरुतों का, जो देवताओं के तीन महारथी हैं, बल (शर्धः) बड़ा उदात्त (उग्रम्) होता है, इन महारथियों का अनुगमन करनेवाले महामनसाम्=विशाल मनवाले भुवनच्यवानाम्=भुवनों का भी त्याग कर देनेवाले, अर्थात् लोकहित के लिए अधिक-से-अधिक त्याग करने के लिए उद्यत देवानाम्=देवताओं का जयताम्=जो सदा जय प्राप्त करनेवाले हैं, उनका घोषः=विजयघोष उदस्थात्=मेरे जीवन में सदा उठे, अर्थात् मेरे जीवन में सदा देवों का विजय हो और असुरों का पराजय।

यहाँ प्रसङ्गवश देवों की दो विशेषताओं का उल्लेख हुआ है एक तो वे 'विशाल मनवाले' होते हैं और दूसरा वे 'अधिक-से-अधिक त्याग के लिए उद्यत' होते हैं। विशाल हृदयता व त्याग के

बिना कोई देव नहीं बन पाता।

भावार्थ—मैं इन्द्र बनूँ, वरुण बनूँ, मरुत् होऊँ। हृदय को विशाल बनाऊँ, सदा त्याग के लिए उद्यत रहूँ।

सूक्त-४

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

आयुधों का उद्धर्षण (Brightening of the weapons)

१८५८. उद्धर्षय मघवन्नायुधान्युत् सत्वनां मामकानां मनांसि।
उद् वृत्रहन् वाजिनां वाजिनान्युद्रथानां जयतां यन्तु घोषाः॥ १॥

आयुधों का तेज करना—प्रभु ने जीव को इस जीवन-संग्राम में विजयी बनाने के लिए मुख्यरूप से 'शरीररूप रथ, इन्द्रियरूप घोड़े तथा मन जिसमें बुद्धि भी सम्मिलित है' ये आयुध प्राप्त कराये हैं। इन शस्त्रों के सदा तीक्ष्ण व कार्यक्षम रहने पर ही विजय-प्राप्ति सम्भव है। जिस योद्धा के अस्त्र जङ्ग खा जाते हैं वह कभी विजय प्राप्त नहीं किया करता। प्रस्तुत मन्त्र में प्रभु जीव को 'मघवन्' विजय व ऐश्वर्य-उच्च ऐश्वर्य प्राप्त करनेवाला तथा 'वृत्रहन्'-वृत्रों ज्ञान पर पर्दा डालनेवाले शत्रुओं को मारनेवाला—इन दो शब्दों से सम्बोधन करते हुए संकेत करते हैं कि यदि तूने सचमुच ऐश्वर्य प्राप्त करना है तो इन वृत्रों का विनाश कर। इनके विनाश के लिए अपने सभी आयुधों को चमकाये रख—इन्हें मलिन न होने दे। प्रभु कहते हैं कि हे मघवन्-निष्पाप ऐश्वर्यवाले इन्द्र! तू आयुधानि-इन शरीर, इन्द्रियाँ, मन आदि आयुधों को उद्धर्षय-खूब दीप्त कर। मामकानाम्-मेरे भक्त बनकर रहनेवाले, प्रकृति में न उलझनेवाले सत्वनाम्-सत्त्वगुणवाले मेरे भक्तों के मनांसि-मन (मन, बुद्धि, चित्त तथा अहंकार-गौरव की भावना) उत्-उत्कृष्ट बनें—दीप्त हों। वस्तुतः मन व अन्तःकरण के अच्छा बने रहने का उपाय यही है कि मनुष्य प्रभु-भक्त बनने का प्रयत्न करे। प्रभुभक्ति से सत्त्वगुण की प्रबलता रहती है और सत्त्वगुण का उत्कर्ष मन को मलिन नहीं होने देता।

इन्द्रियाँ—प्रभु कहते हैं कि हे वृत्रहन्-काम का ध्वंस करनेवाले! वाजिनाम्-तेरे इन्द्रियरूप घोड़ों के वाजिनानि-वेग उत्-उत्कृष्ट हों। काम ही तो सर्वमहान् रुकावट है—'वृत्र' है। इसके दूर हो जाने पर इन्द्रियरूप घोड़ों की शक्ति व वेग चमक उठता है।

शरीर—शरीर रथ है। यदि यह कभी रोगाक्रान्त नहीं होता, तो यह अवश्य अपनी जीवन-यात्रा में आगे और आगे बढ़ता चलता है। प्रभु कहते हैं कि चाहिए तो यही कि जयताम्-विजयशील होते हुए रथानाम्-शरीररूप रथों के घोषाः-विजयघोष उद्यन्तु-ऊपर उठें—आकाश को गुँजा दें।

भावार्थ—जीवन-संग्राम में विजय-प्राप्ति के लिए हमारे मन, इन्द्रिय व शरीररूप आयुध खूब दीप्त हों।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

आस्तिक मनोवृत्ति व विजय

१८५९. अस्माकमिन्द्रः समृतेषु ध्वजेष्वस्माकं या इषवस्ता जयन्तु।
अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्त्वस्माँ उ देवा अवता हवेषु॥ २॥

१. प्रस्तुत मन्त्र में चार बातें कही गयी हैं। पहली बात तो यह कि **ध्वजेषु समृतेषु**=ध्वजाओं व पताकाओं को ठीक प्रकार से प्राप्त कर लेने पर **अस्माकम्**=हम आस्तिक बुद्धिवालों का **इन्द्रः**=परमात्मा हो, अर्थात् हम प्रभु को ही अपना आश्रय मानकर चलें। 'ध्वजा' एक लक्ष्य का प्रतीक है। जब हम एक लक्ष्य बना लें तब प्रभु को अपना आश्रय बनाकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति में जुट जाएँ। वस्तुतः संसार में प्रभु का आश्रय मनुष्य को कभी निरुत्साहित नहीं होने देता। आस्तिक मनुष्य प्रभु को सदा अपनाता है और किसी प्रकार से निरुत्साहित न हो अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता चलता है।

२. प्रभु से दूसरी प्रार्थना यह है कि **अस्माकम्**=हम आस्तिक वृत्तिवालों की **याः**=जो **इषवः**=प्रेरणाएँ हैं—अन्तःस्थित प्रभु से दिये जा रहे निर्देश हैं **ताः**=वे निर्देश और प्रेरणाएँ ही **जयन्तु**=जीतें। प्रभु की प्रेरणा होती है कि 'उषाकाल हो गया, उठ बैठ। क्यों सो रहा है?' उसी समय एक इच्छा पैदा होती है कि कितनी मधुर वायु चल रही है, रात को नींद भी तो पूरी नहीं आई, दिन में सुस्ताते रहोगे, थोड़ा और सो ही लो। सामान्यतः यह इच्छा उस प्रेरणा को दबा देती है और व्यक्ति सोया रह जाता है। इसी को हम वैदिक शब्दों में इस रूप में भी कहते हैं कि दैवी प्रेरणा को आसुर कामना दबा लेती है। हम प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि हमारी प्रेरणाएँ ही विजयी हों—इच्छाएँ नहीं।

३. तीसरी प्रार्थना यह है कि **अस्माकम्**=हम आस्तिक वृत्तिवालों में **वीराः**=वीरता की भावनाएँ न कि कायरता की प्रवृत्ति **उत्तरे भवन्तु**=उत्कृष्ट हों—प्रबल हों। हम कायरता से कोई कार्य न करें। दबकर कार्य करना मनुष्यत्व से गिरना है। हमारे कार्य वीरता का परिचय दें।

४. हे **देवाः**=देवो! **अस्मान्**=हम आस्तिकों को **आहवेषु**=इन संग्रामों में **उ**=निश्चय से **अवत**=रक्षित करो। देव हमारे रक्षक हों। जब हम प्रभु में पूर्ण आस्था से चलेंगे, जब हम सदा अन्तःस्थ प्रभु की प्रेरणा को सुनेंगे, जब हम सदा वीरता के कार्य ही करेंगे तो क्यों देवताओं की रक्षा के पात्र न होंगे। जब मनुष्य अपनी वृत्ति को अच्छा बनाता है और पुरुषार्थ में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देता तब वह देवों की रक्षा का पात्र होता है।

भावार्थ—१. जीवन-लक्ष्य को ओझल न होने देते हुए हम प्रभु को अपना आश्रय समझें, २. हममें प्रेरणा की विजय हो न कि इच्छा की, ३. हम सदा वीरतापूर्ण कार्य करें और ४. हम सदा अध्यात्म-संग्रामों में देवों की रक्षा के पात्र हों।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

कामादि की सेना मूर्च्छित हो जाए

१८६०. असौ या सेना मरुतः परेषामभ्येति न ओजसा स्पर्धमाना।
तां गूहत तमसापव्रतेन यथैतेषामन्यो अन्यं न जानात्॥ ३॥

जब हमपर काम-क्रोधादि अशुभ वासनारूप शत्रु आक्रमण करते हैं, तब कभी काम प्रबल होता है तो कभी क्रोध और कभी लोभ। इस प्रकार परस्पर स्पर्धा-सी करते हुए ये अधिकाधिक उग्र होते जाते हैं। मन्त्र में कहते हैं कि **असौ**=वह **या**=जो **परेषाम्**=पराये, अर्थात् शत्रुभूत कामादि की **सेना**=फ़ौज **स्पर्धमाना**=परस्पर स्पर्धा-सी करती हुई **नः ओजसा अभ्येति**=हमारी ओर प्रबलता से आती है—हमपर आक्रमण-सा करती है **ताम्**=उस शत्रु-सैन्य को **तमसा**=अन्धकार से **गूहत**=संवृत कर दो। हम कामादि को त्यागनेवाले बनें। मन्त्र में तमस् का विशेषण 'अप-व्रतने' दिया है—उसकी भावना 'न करने के व्रत से' है (अप=away)। हम प्रतिदिन व्रत लें कि 'मैं क्रोध नहीं

करूँगा, काम में न फसूँगा, लोभ से दूर रहूँगा'। यह कामादि से दूर रहने का व्रत ही 'अपव्रत' है। यही तमस्-इनके छोड़ने की प्रबल इच्छा है (तम्-to desire)। 'तम' में अक्रियाशीलता की भी भावना है—कामादि के विषय में मैं अक्रिय बन जाऊँ। मैं इनको इस प्रकार अपने से दूर भगा दूँ यथा-जैसे एतेषाम्-इनमें से अन्यः-एक अन्यम्-दूसरे को न-नहीं जानात्-अनुज्ञात कर सके—अनुगृहीत कर सके।

कामादि का यह स्वभाव है कि ये एक-दूसरे के लिए सहायक होते हैं। 'लोभ' काम को जन्म देता है तो 'काम' क्रोध को पैदा करता है। मैं इनको इस प्रकार छोड़ने का—दूर भगाने का—व्रत लूँ, जिससे इनमें ऐसी भगदड़ मच जाए कि ये अपनी-अपनी रक्षा की चिन्ता में भाग खड़े हों। एक-दूसरे के लिए किसी भी प्रकार से सहायक न हो पाएँ। शत्रु-सैन्य को परेशान करने का उपाय 'अपव्रत' ही है—इनको न करने का दृढ़ निश्चय ही है।

भावार्थ—हम कामादि को अपने जीवन में स्थान न देने का दृढ़ निश्चय करें और इस प्रकार बड़े ओज से—बड़ी प्रबलता से—आक्रमण करती हुई इस शत्रु-सेना का संहार कर दें।

सूक्त-५

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—अप्वा॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

लोभ (Desire of attainment) का परिणाम

१८६१. अमीषां चित्तं प्रतिलोभयन्ती गृहाणाङ्गान्यप्वे परेहि।
अभि प्रेहि निर्दह हृत्सु शोकैरन्धेनामित्रास्तमसा सचन्ताम्॥ १॥

लोभ की प्रवृत्ति बड़ी विचित्र है। १. यह कम-से-कम प्रयत्न से अधिक-से-अधिक लेना चाहती है। २. यह प्रवृत्ति आवश्यकता को नहीं देखती। इसमें धन के प्रति लोभ (लुभ-Love)—एक प्रेम-सा होता है, जिसके कारण एक लोभी किसी अन्य बन्धु-बान्धव या प्राणी से प्रेम नहीं कर पाता। ३. इतना ही नहीं यह किसी अन्य की सम्पत्ति को देखकर जलता है—'इसके हृदय में उनके प्रति स्नेह न रहे', यही नहीं; यह उनके प्रति 'दुर्हृद्-अमित्र' हो जाता है और उनको नष्ट करने का प्रयत्न करता है, या स्वयं ही उस ईर्ष्याग्नि में जलता रहता है। एवं, लोभ ईर्ष्याजनक होता है। मन्त्र में कहते हैं कि अप्वे-हे (आप्-प्राप्त करना) अधिक और अधिक धन को प्राप्त करने की इच्छा! तू अमीषाम्-इन तेरे शिकार बने हुए लोगों के चित्तम्-चित्त को प्रतिलोभयन्ती-प्रत्येक ऐश्वर्य के प्रति लुब्ध करती हुई अङ्गानि गृहाण-इनके अङ्गों को जकड़ ले—इनको अपने वश में कर ले। लोभाविष्ट हुआ-हुआ मनुष्य इस प्रकार धन का दास बन जाता है कि उसको धनके अतिरिक्त कुछ भी नहीं सूझता। वह धन के लिए अपने आराम को समाप्त कर देता है—वह धन के लिए अपने बन्धुत्व की बलि दे देता है—आत्मा-परमात्मा के स्मरण का तो प्रश्न ही नहीं रहता। एक ही शब्द उसके अङ्ग-प्रत्यङ्ग से सुनाई पड़ता है—धन-धन और धन। परा इहि-हे अप्वे! तू हमसे परे जा—हमारा पीछा छोड़। जो अमित्राः-किसी से स्नेह न करनेवाले लोग हैं उनका अभि-प्र-इहि-लक्ष्य करके तू खूब गतिशील हो, अर्थात् उन्हें तू प्राप्त कर। उन्हें ही तू हृत्सु-हृदयों में शोकैः-शोकाग्नियों से निर्दह-नितरां जलानेवाली बन। लोभी व ईर्ष्यालु पुरुषों के ही मन जलते रहें। हमपर तो तू कृपा कर, हमसे दूर रह और हमें जलानेवाली न हो।

ये अमित्राः-प्राणियों के प्रति स्नेहशून्य हृदयवाले लोग ही अन्धेन तमसा-इस अन्धी इच्छा से

(तमस्=Desire) सचताम्-संयुक्त हों। यह इच्छा अन्धी तो है ही। साध्य व साधन Ends व means का विचार न करती हुई यह साधन को ही साध्य समझ लेती है और परिणामतः धन की ही उपासक हो जाती है। धन की देवता भग तो अन्धी है—ये भी धन के पीछे अन्धे हो जाते हैं। अच्छा यही है कि इस अन्धी इच्छा से मुक्त होकर हम 'चक्षुष्मान्' बने रहें—अपने लक्ष्य को पहचानें और उसे प्राप्त करने के लिए अग्रसर हों। हे अप्वे! धनाहरणाभिलाषे! तू परेहि-कृपया हमसे परे ही रह।

भावार्थ—हम लोभ की भावना से ऊपर उठें, जिससे हृदयों में शोकाग्नि से सन्तप्त न होते रहें।

ऋषिः—अप्रतिरथ ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रो मरुतो वा॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

उत्कृष्ट प्रयत्न-प्रशंसनीय श्रम

१८६२. प्रेता जयता नर इन्द्रो वः शर्म यच्छतु।
उग्रा वः सन्तु बाहवोऽनाधृष्या यथासथ॥ २॥

'नर' शब्द की भावना 'न-रम्'-इस संसार में ही न रम जाने की है। संसार में रहते हुए भी इसमें न फँसना—आवश्यकता से अधिक धन की भावना को अपने में दृढ़मूल न होने देनेवाला मनुष्य ही 'नर' है। ये लोग ही संसार में आकर आध्यात्ममार्ग में भी आगे बढ़ा करते हैं। मन्त्र में कहते हैं कि नरः=अपने को आगे और आगे ले-चलनेवाले मनुष्यो! (नृ नये) प्रेत=आगे बढ़ो, यह धन तुम्हारे जीवन-यात्रा के मार्ग में रुकावट बनकर न खड़ा हो जाए। जयत=इस विघ्न को जीत लो, बस यही तो सबसे बड़ा विघ्न है। इसका मोहक स्वरूप यह है कि "इसके बिना तुम्हारी संसार-यात्रा नहीं चलेगी, नमक भी तो न मिल सकेगा। कोई बन्धु-बान्धव तुम्हें पूछेगा नहीं, समाज में तुम्हारी प्रतिष्ठा न होगी", परन्तु वास्तविकता इससे भिन्न है। धन सीमितरूप में सहायक है, लोभ को जन्म देकर यह महान् विघ्न बन जाता है। वेद कहता है कि इन्द्रः=वह सब ऐश्वर्यों का स्वामी प्रभु वः=तुम्हें शर्म यच्छतु=शरण दे। धन ने क्या शरण देनी। धनों के स्वामी के चरणों की शरण प्राप्त हो जाने पर इस तुच्छ धन का महत्त्व ही क्या रह जाता है?

जब मनुष्य धन का दास नहीं रहता, तब उसे कभी भी टेढ़े-मेढ़े साधनों से नहीं कमाता। वेद का यही आदेश है कि वः=तुम्हारे बाहवः=प्रयत्न (बाह प्रयत्ने) उग्राः सन्तु=उत्कृष्ट हों। वस्तुतः धन का दास न रहने पर मनुष्य कभी भी अन्याय्य मार्ग से इसका सञ्चय नहीं करता। वेद कहता है कि प्रभु की शरण पकड़ो—उत्कृष्ट श्रम करो यथा=जिससे तुम अनाधृष्याः=लोभादि से न कुचले जानेवाले असथ=हो जाओ। मनुष्य का यही ध्येय होना चाहिए कि वह कभी अन्याय से अर्थ का संचय करना न चाहे। यही उन्नति का मार्ग है।

भावार्थ—हम आगे बढ़ें, लोभ को जीतें, प्रभु की शरण ग्रहण करें, उत्कृष्ट श्रम करते हुए ही धनार्जन करें।

ऋषिः—पायुर्भारद्वाजः॥ देवता—इषवः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

लक्ष्यदृष्टि

१८६३. अवसृष्टा परा पत शरव्ये ब्रह्मसंशिते।
गच्छामित्रान् प्र पद्यस्व मामीषां कं च नोच्छिषः॥ ३॥

संसार में न फँसने व निरन्तर आगे और आगे बढ़ने के लिए आवश्यक है कि मनुष्य अपने सामने एक ध्येय—लक्ष्य रक्खे। लक्ष्य ओझल हुआ और मनुष्य भटका। यह लक्ष्य ही 'शरव्या' है। यह लक्ष्य बड़ा सोच-समझकर बनाया जाए—यह 'ब्रह्मसंशित' ज्ञान से तीव्र किया हुआ हो। मन्त्र में कहते हैं कि ब्रह्मसंशिते-ज्ञान से तीव्र शरव्ये-हे लक्ष्य! तू अवसृष्टा-(अवसृज्-to make, to create) हमारे जीवनों में उत्पन्न होकर परापत-खूब दूर बढ़ चल। लक्ष्य के सदा सामने होने पर हमारी तीव्रगति व 'शीघ्र प्रगति' क्यों न होगी? उन्नति का अभाव तो तभी तक था जब तक कोई लक्ष्य नहीं था। लक्ष्य का न होना व लक्ष्य का भूला हुआ होना दोनों एक ही परिणाम को पैदा करते हैं।

'हमारा लक्ष्य क्या हो?' इसका थोड़ा-सा संकेत मन्त्र के उत्तरार्ध में इस प्रकार है कि गच्छ-तू जा अमित्रान्-स्नेह न करने की भावना को—ईर्ष्या-द्वेषादि की भावना को—(अमित्र दुर्हृद्)—औरों से जलने की भावना को तू प्रपद्यस्व-विशेषरूप से आक्रान्त कर (पद गतौ, क्रम-गतौ)। अमीषाम्-इन द्वेषादि की निकृष्ट भावनाओं में से कंचन-किसी को मा उच्छिषः-शेष मत छोड़। तू इन भावनाओं में से एक-एक को ढूँढकर समाप्त कर दे। जो मनुष्य प्रतिदिन आत्मालोचन करता है वह अपने अन्दर छिपे रूप में रहनेवाली इन बुरी भावनाओं को समाप्त करने में समर्थ होता है।

भावार्थ—हमारा जीवन निरुद्देश्य न हो। हम दुर्हृदता की भावना को समूल नष्ट कर दें।

सूक्त-६

ऋषिः—पायुर्भारद्वाजः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

कामादि का संहार

१८६४. कङ्कः सुपर्णा अनु यन्त्वेनान् गृध्राणामन्नमसावस्तु सेना।
मैषां मोच्यघहारश्च नेन्द्र वयांस्येनाननुसंयन्तु सर्वान्॥ १॥

गत मन्त्रों में 'अमित्रों' का उल्लेख हो रहा था। 'काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर' ये मनुष्यों के प्रधान अमित्र-शत्रु हैं। इनको नष्ट करना ही मनुष्य का महत्त्वपूर्ण पुरुषार्थ है। मनुष्यों को चाहिए कि इनको दृढ़ निश्चय करके अपने से दूर भगा दें। मन्त्र में इस बात को इस प्रकार कहा है कि एनान् अनुयन्तु-इनके पीछे ही पड़ जाएँ, अर्थात् इनको समाप्त करने का दृढ़ निश्चय कर लें। कौन? १. कङ्कः-(कंक्—गतौ, गतेस्त्रयोर्थाः—ज्ञानं गमनं प्राप्तिश्च) ज्ञानी लोग तथा २. सुपर्णाः- उत्तम ढंग से अपना पालन करनेवाले। ज्ञानी तथा आसुर आक्रमणों से अपनी रक्षा करनेवाले पुरुष अपने जीवन का यह मुख्य ध्येय बना लेते हैं कि कामादि वासनाओं को अपने में पनपने नहीं देना। वे सब प्रकार से इन्हें नष्ट करने के प्रयत्न में लग जाते हैं। इनके पीछे ही पड़ जाते हैं। वस्तुतः 'ज्ञान और क्रियाशीलता' वे दो मुख्य साधन हैं जो कामादि को समाप्त कर देते हैं। इनमें क्रियाशीलता का बड़ा महत्त्व है। ज्ञान-प्राप्ति के लिए भी क्रियाशीलता चाहिए। इससे मन्त्र की समाप्ति पर फिर से कहेंगे कि एनान् सर्वान्-इस सब कामादि के अनु संयन्तु-पूरी तरह से पीछे पड़ जाएँ। कौन? वयांसि-गतिशील व्यक्ति। क्रियाशील मनुष्य पर कामादि का आक्रमण नहीं होता। आलसी व्यक्ति ही इनका शिकार बनता है। सुपर्ण, कङ्क और वयस् ही वस्तुतः इन्द्र कहलाने के योग्य हैं। इन्द्र आत्मा वही है जो अपने को उत्तम ढंग से आसुर आक्रमणों से बचाता है, ज्ञानी और क्रियाशील है।

मन्त्र में कहते हैं कि हे इन्द्र=जीवात्मन्! इस बात का तू ध्यान कर कि एषाम्=इन कामादि में से अघहारः चन=पाप-प्रवृत्ति को लानेवाला कोई भी मा मोचि=मत छूट जाए—मत बच जाए। इन्द्र की मनोवृत्ति यही होनी चाहिए कि कामादि का संहार हो जाए। परन्तु 'इन्द्र' से विपरीत जो 'गृध्र'=(greed गृध्) लालची होते हैं उन गृध्राणाम्=लालच—लोभ से आविष्ट व्यक्तियों की असौ सेना=यह कामादि की फ़ौज अन्नम् अस्तु=अन्न हो—enjoyment की वस्तु हो। वे ही इनमें आमोद-प्रमोद का अनुभव करें। वस्तुतः लोभ ही व्यसनवृक्ष का मूल है। सारे कामज व क्रोधज व्यसन लोभ मूलक ही हैं। लोभ होने पर ही ये पनपते हैं।

इसलिए इन्द्र का मुख्य आक्रमण इस लोभरूप मूल पर ही होता है। वैदिक संस्कृति में यज्ञ की भावना पर अत्यधिक बल इसीलिए दिया गया है कि यह भावना लोभ का प्रतिपक्ष है। 'लोभ समाप्त, तो वासनाएँ समाप्त' इस तत्त्व को समझकर ही दान को महान् धर्म कहा गया है। दान=देना, वस्तुतः सब वासनाओं का दान=खण्डन कर देता है। लोभ का नाश करके ही व्यक्ति प्रजा का अधिक-से-अधिक कल्याण व पालन करता है, इससे वह अपने में शक्ति का भरण करके 'भारद्वाज' कहलाता है और 'पायुः'=अपना रक्षक बनता है। यही इस मन्त्र का ऋषि है।

भावार्थ—हम ज्ञानी बनें, आसुर भावनाओं से अपनी रक्षा का निश्चय करें और क्रियाशील हों। लोभ को दूर भगाने का प्रयत्न करें और इस प्रकार हम कामादि के शिकार कभी न हों।

ऋषिः—पायुर्भारद्वाजः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

इन्द्र और अग्नि अमित्र-सेना को भस्म कर दें

१८६५. अमित्रसेना मघवन्नस्माञ्छत्रुयतीमभि।
उभौ तामिन्द्र वृत्रहन्नग्निश्च दहतं प्रति॥ २॥

काम, क्रोध आदि की एक फ़ौज है। यह हमपर सदा आक्रमण करती है और हमारी शक्तियों को छिन्न-भिन्न (Shatter) करती रहती है। ज्ञान के ऐश्वर्यवाला जीव ही इसे नष्ट कर सकता है, बशर्ते कि वह सब वृत्रों—वासनाओं का नाश करनेवाले अग्निरूप प्रभु को अपना साथी बनाये। जीव स्वयं ज्ञान-प्राप्ति आदि उद्योगों में लगा रहे और प्रभु का सदा स्मरण करे तभी इन कामादि का दहन (विनाश) हो सकता है। मन्त्र में इस सारी भावना को इस प्रकार कहते हैं कि हे मघवन्=ज्ञानैश्वर्य से सम्पन्न इन्द्र=जीवात्मन्! हे वृत्रहन्=वृत्रों के विनाश करनेवाले जीव! तू अग्निः च=और यह अग्निरूप परमात्मा उभौ=आप दोनों ताम्=उस अमित्रसेनाम्=कामादि शत्रुओं की सेना को प्रतिदहतम्=एक-एक करके जला दो जो अस्मान् अभिशत्रुयतीम्=हमारी शक्तियों को नष्ट-भ्रष्ट कर रही है।

वस्तुतः वासनाओं की सेना का विनाश तो तभी होगा जब १. मघवन्=जीव ज्ञान-ऐश्वर्य-सम्पन्न बनेगा। २. वृत्रहन्=इन वासनाओं को नष्ट करने का दृढ़ संकल्प करेगा। ३. अग्निः च=उस प्रभु को अपना अगुआ बनाएगा (अग्रेणीः)। प्रभु को अपना साथी बनाये बिना अकेला जीव इस कार्य में कभी समर्थ नहीं हो सकता।

भावार्थ—प्रभु को अपना सारथि बनाने पर विजय निश्चित है।

ऋषिः—पायुर्भारद्वाजः ॥ देवता—संग्रामाशिषः ॥ छन्दः—पङ्क्तिः ॥ स्वरः—पञ्चमः ॥

पूर्ण प्रयत्न और कल्याण

१२ ३ २ ३ १२ ३ १ २ ३ १२
१८६६. यत्र बाणाः सम्पतन्ति कुमारा विशिखाइव।
१२ ३ १ २ ३ १२ ३ १ २ ३ १ २
तत्र नो ब्रह्मणस्पतिरदितिः शर्म यच्छतु विश्वाहा शर्म यच्छतु ॥ ३ ॥

प्रस्तुत मन्त्र में 'बाणाः' शब्द जीवात्मा के लिए प्रयुक्त हुआ है। उपनिषद् में 'प्रणव' को धनुष कहा है, ब्रह्म को 'लक्ष्य' और आत्मा को 'शर' (शरो ह्यात्मा)। वह जीव जो निरन्तर (वण्-to sound) उस प्रभु का गुणगान कर रहा है 'बाण' है। ये 'बाण' प्रभु के नाम जपने में लगे हों और हाथ-पर-हाथ रखकर बैठे हों, ऐसी बात नहीं; वे निरन्तर क्रियाशील हैं। ये हा कामादि शत्रुओं को बुरी तरह से मारनेवाले होने से 'कुमार' है। ये अपने जीवन में वासनाओं के विनाश के लिए बद्ध-प्रतिज्ञ हैं, ये अपनी शिखा को उसी दिन बाँधेंगे जिस दिन अपनी प्रतिज्ञा को पूरा कर लेंगे। इसी से यहाँ मन्त्र में इन्हें 'विशिख' कहा है। जब मनुष्य अपना जीवन इस प्रकार का बनाता है तभी वह ज्ञान का पति, विनाशरहित प्रभु उनका कल्याण करते हैं। **यत्र**-जिस समय में **बाणाः**-प्रभु के नाम जप करनेवाले **सम्पतन्ति**-सम्यक् गतिशील होते हैं, अपने को सदा उत्तम कार्यों में व्याप्त रखते हैं, और इस प्रकार **कुमाराः**-कामादि वासनाओं को बुरी तरह से मारनेवाले होते हैं और **वि-शिखा-इव**-ऐसे प्रतीत होते हैं कि इन्होंने वासना-विजय के लिए प्रतिज्ञा-सी धारण की है और प्रतिज्ञापूर्ति तक अपनी शिखा न बाँधने का निश्चय किया है **तत्र**-उस समय **ब्रह्मणस्पतिः**-ज्ञान का पति परमात्मा **अदितिः**-जिसकी शरण में जाने पर खण्डन या नाश का भय नहीं (अविद्यमाना दितिर्यस्मात्) **नः**-हमें **शर्म**-कल्याण व सुख **यच्छतु**-प्राप्त कराए और अब तो **विश्वाहा**-सब दिन, अर्थात् सदा **शर्म यच्छतु**-वे प्रभु हमें कल्याण प्राप्त कराएँ।

वस्तुतः जिस दिन हम १. बाणाः-प्रभु स्तवन में रत होंगे, २. सम्पतन्ति-उत्तम क्रियाशील होंगे। ३. कुमाराः-वासनाओं को कुचलनेवाले बनेंगे, ४. विशिखा इव—वासनाविनाश के लिए बद्धप्रतिज्ञ होंगे, उसी दिन हम प्रभु की कृपा के पात्र होंगे और कल्याण के भागी होंगे। बिना जीव के पूर्ण प्रयत्न के प्रभु अपने आप ही हमारा कल्याण नहीं कर देते।

भावार्थ—हम वासना-विनाश के लिए पूर्ण प्रयत्न करते हुए प्रभु के कृपापात्र बनें।

सूक्त-७

ऋषिः—शासो भारद्वाजः ॥ देवता—इन्द्रः ॥ छन्दः—अनुष्टुप् ॥ स्वरः—गान्धारः ॥

लोभ, काम व क्रोध का भङ्ग (crushing)

१२ ३ १ २ ३ १ २ ३ १२ ३ १२
१८६७. वि रक्षो वि मृधो जहि वि वृत्रस्य हनू रुज।
२ ३ १ २ ३ १२ ३ १ २
वि मन्युमिन्द्र वृत्रहन्नमित्रस्याभिदासतः ॥ १ ॥

संसार में 'अप्रतिरथ'-अद्वितीय योद्धा (a matchless warrior) तो वही है जो बाह्य शत्रुओं को जीतने की भाँति आन्तर शत्रुओं को कुचलने का ध्यान करता है। कामादि वासनाओं का अनुशासन-

नियन्त्रण करने के कारण यह 'शास' कहलाता है, इसी के परिणामरूप अपने जीवन में शक्ति भरनेवाला होने से यह 'भारद्वाज' है। इसने प्रभु की इस प्रेरणा को सुना है व इस आदेश का पालन किया है—

१. रक्षः=अपने रमण के लिए (र) औरों के क्षय (क्ष) की वृत्ति को, मृधः=औरों की हत्या कर देने की भावना को तू विजहि=विशेषरूप से नष्ट कर डाल। मनुष्य जिस समय अपने आमोद-प्रमोद (enjoyment) को प्रधानता दे देता है तब वह इसके प्रधान साधनभूत धन का दास बन जाता है और सभी टेढ़े-मेढ़े साधनों से धन कमाने लगता है—औरों की हत्या करनी पड़े तो उसमें भी हिचकता नहीं। लोभ उससे क्या पाप नहीं करवा डालता? इसी से इस लोभ की वृत्ति को यहाँ 'रक्षः व मृधः' शब्दों से स्मरण किया है।

२. हे जीव! तू वृत्रस्य=ज्ञान के ऊपर पर्दा (आवरण) डाल देनेवाले इस वृत्र वा काम के हनू=जबड़ों को रुज=तोड़ डाल। काम की शक्ति को नष्ट कर दे। काम तुझपर प्रबल न हो जाए।

३. वृत्रहन्=काम का हनन करनेवाले! इन्द्र=इन्द्रियों के अधिष्ठाता जीव! अब तू अमित्रस्य=स्नेह के अभावरूप द्वेष के, अभिदासतः=जो तुझे सब ओर से अन्दर व बाहर से उपक्षीण (दसु=क्षये destroy) करता है, इस द्वेष से उत्पन्न मन्युम्=क्रोध को विजहि=पूर्णरूप से नष्ट कर।

मनुष्य में संकुचित हृदयता के कारण ईर्ष्या-द्वेष की भावना उत्पन्न हो जाती है। उत्पन्न होकर यह मनुष्य को नाश की ओर ले-जाती है। वह अन्दर-ही-अन्दर जलता रहता है—क्षीणशक्ति हो जाने से या शक्ति के दुरुपयुक्त होने से वह ऐहलौकिक उन्नति भी नहीं कर पाता। एवं, यह ईर्ष्या उसे अन्दर-बाहर दोनों ओर से हानि पहुँचाती है। क्रोध को जन्म देकर यह उसे जलाती चलती है और सदा अशान्त रखती है। यह द्वेष उत्पन्न इसलिए होता है कि हम औरों के प्रति स्नेह की भावना को जागरित नहीं करते। मन्त्र में इसे 'अमित्र' से उत्पन्न कहा है। सच्चा उपासक सभी से प्रेम करता है और ईर्ष्या का शिकार नहीं होता।

भावार्थ—हम प्रभु के सच्चे उपासक बनें। 'लोभ, काम, क्रोध' से ऊपर उठें।

ऋषिः—शासो भारद्वाजः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

तमोगुण का अधरीकरण

१ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
१८६८. वि न इन्द्र मृधो जहि नीचा यच्छ पृतन्यतः।
२ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २
यो अस्माँ अभिदासत्यधरं गमया तमः॥ २॥

प्रभु ने जीव को आदेश दिया था कि 'लोभ, काम, क्रोध' को दूर भगा दे। प्रभु का उपासक इस आदेश को सुनता है और प्रार्थना करता है कि हे इन्द्र=परमैश्वर्यशाली प्रभो! नः=हमारी मृधः=हत्या करनेवाले इन लोभ, काम, क्रोधादि भावों को विजहि=आप पूर्णरूप से नष्ट कर दें। पृतन्यतः=सेना के रूप में हमपर आक्रमण करनेवाले इन आसुर भावों को नीचा यच्छ=नीचा दिखाओ, अर्थात् युद्ध में हम इनसे हार न जाएँ—हम सदा इनके पराजित करनेवाले बनें।

हे प्रभो! यः=जो तमः=तमोगुण अथवा अज्ञान अस्मान्=हमें अभिदासति=सब प्रकार से अपना दास बना लेता है और इस प्रकार हमारे दोनों लोकों का क्षय करनेवाला होता है, उस तम को अधरं

गमय=आप इस अध्यात्म-संग्राम में नीचा दिखाइए—पराजित करा दीजिए। आपकी कृपा से मैं इनसे पराजित न होऊँ और आपकी शक्ति से शक्ति-सम्पन्न होकर इन्हें पराजित करनेवाला बनूँ—'त्वा युजा वनेम तत्'=आप मित्र के साथ मैं इन्हें जीत लूँ।

वासनाओं का जीतना आवश्यक है नहीं तो ये हमारा नाश कर देंगी, इनकी विजय प्रभु की सहायता के बिना सम्भव नहीं।

भावार्थ—प्रभु का सच्चा भक्त इसी रूप में प्रार्थना करता है कि आप कामादि को नष्ट कीजिए। इनके नाश के लिए मेरे तम को दूर कीजिए, अज्ञान के नाश से ही इनका नाश होगा।

ऋषिः—शासो भारद्वाजः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—विराड् जगती॥ स्वरः—निषादः॥

असुरों के महान् बल का पराजय

१२ ३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३ ३
१८६९. इन्द्रस्य बाहू स्थविरौ युवानावनाधृष्यौ सुप्रतीकावसह्यौ।
१ २ ३ १२३ १ २ ३ १ २ ३ १ २ ३
तौ युञ्जीत प्रथमौ योग आगते याभ्यां जितमसुराणां सहो महत्॥ ३॥

इन्द्रस्य=इन्द्र की बाहू=दो बाहुएँ हैं। इन्द्र को चाहिए कि योगे आगते=प्रयोग का अवसर आने पर तौ=उन दोनों भुजाओं का युञ्जीत=प्रयोग करे। ये बाहुएँ वे हैं याभ्याम्=जिनसे असुराणाम्=असुरों का महत् सहः=महान् बल भी जितम्=जीत लिया जाता है; इनके द्वारा इन्द्र असुरों के महान् बल को भी पराजित कर देता है। वासनाओं को जीतना सुगम नहीं। इनका बल महान् है, इसमें तो शक ही नहीं, परन्तु इनको जीतना आवश्यक भी है। प्रस्तुत मन्त्र में कहते हैं कि इन्द्र यदि अपनी दो बाहुओं का समय पर प्रयोग करता है तब ये असुरों का बल भी कुचल दिया जाता है। अब विचारणीय विषय यह है कि इन्द्र की ये दो बाहुएँ हैं क्या? प्रस्तुत मन्त्र में 'योग' तथा 'युञ्जीत' इन शब्दों को देखकर योग-सम्बद्ध प्राण-अपान की ओर ध्यान जाता है कि इन प्राणापानों का प्रयोग करें। प्राणापानों की साधना का महत्त्व योगमार्ग में स्पष्ट है, परन्तु 'बाहु' शब्द 'बाह प्रयत्ने' से बनकर संकेत कर रहा है कि ये प्राणापान न होकर 'ज्ञान और श्रद्धारूप दो प्रयत्न हैं जिनके द्वारा इन्द्र को प्रत्येक कर्म करना है। इनसे किया हुआ कर्म ही वीर्यवत्तर होता है। एवं, यहाँ बाहू शब्द से 'ज्ञान और श्रद्धा' ही अपेक्षित हैं। इन्द्र के ये ही दो महान् प्रयत्न हैं—इन्हें अपनाकर ही वह असुरों पर प्रबल हो पाता है। प्रसङ्ग आने पर इन्द्र को इनका ठीक विनियोग करना है। इन्द्र के ये दोनों 'बाहु' कैसे हैं? यह मन्त्र के निम्न शब्दों से स्पष्ट है—

१. स्थविरौ=ये स्थविर हैं—मनुष्य को स्थित-प्रज्ञ बनानेवाले हैं। उसकी चंचलता को समाप्त करके उसे स्थिरशील बनाते हैं। २. युवानौ=ये ज्ञान और श्रद्धा पाप से पृथक् (यु-अमिश्रण) और पुण्य से संयुक्त करनेवाले हैं (यु-मिश्रण), ३. अनाधृष्यौ=ज्ञान और श्रद्धा मनुष्य को विषयों से अधर्षणीय बनाते हैं, ४. सुप्रतीकौ=ये दोनों सुन्दर मुखवाले हैं, अर्थात् इन्द्र के जीवन को सुन्दर बनानेवाले हैं, ५. असह्यौ=इन्द्र की शक्ति को कोई भी वासना सह नहीं सकती और परिणामतः कुचली जाती है, ६. प्रथमौ=ये मनुष्य को प्रथम श्रेणी को प्राप्त करानेवाले हैं। मनुष्यों में प्रथम स्थान 'ब्रह्मा' का है। ये ज्ञान और श्रद्धा अपने आधारभूत मनुष्य को 'ब्रह्मा' ही बना देते हैं। यह मानव-जीवन की सर्वोच्च स्थिति है। ब्रह्मा ही तो देवताओं में प्रथम है, यही उत्तम सात्त्विक गति में प्रथम स्थान रखता है।

भावार्थ—मैं श्रद्धा और ज्ञान को अपनाकर ब्रह्म की स्थिति को प्राप्त करूँ।

सूक्त-८

ऋषिः—शासो भारद्वाजः॥ देवता—संग्रामाशिषः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

तीन बातें

१८७०. मर्माणि ते वर्मणा च्छादयामि सोमस्त्वा राजामृतेनानु वस्ताम्।
उरोर्वरीयो वरुणस्ते कृणोतु जयन्तं त्वानु देवा मदन्तु॥ १॥

व्यवहार—पहली बात यह है कि १. संसार में कितने ही व्यक्ति बड़े संवेदनशील होते हैं, छोटी-सी बात भी उन्हें चुभ जाती है। अंग्रेजी में कहें तो वे बड़े sensitive होते हैं। जैसे थोड़ी-सी चोट से बड़ी वेदना का अनुभव करनेवाले स्थल 'मर्मस्थल' कहलाते हैं, इसी प्रकार ये व्यक्ति भी 'मर्मस्थल'-से ही बन जाते हैं। मन्त्र कहता है कि ते मर्माणि-तेरे मर्मस्थलों को वर्मणा-कवच से छादयामि-ढक देता हूँ—तुझे कुछ कठोर चमड़ी का बना देता हूँ। मनुष्य को संसार के व्यवहार में कुछ कठोर चमड़ी का बनना ही चाहिए। बहुत संवेदनशील व्यक्ति संसार में नहीं चल सकता 'पल में रत्ती, पल में सेर' कैसे जी पाएगा? ऐसा व्यक्ति सदा क्षुब्ध रहता है।

शरीर—दूसरी बात यह है त्वा-तुझ राजा सोमः—शरीर में दीप्ति देनेवाला (राज दीप्तौ) सोम-वीर्य (Semen) अमृतेन-अमरता से अनुवस्ताम्-आच्छादित करे, अर्थात् हमारा शरीर वीर्य-शक्ति के कारण मृत्यु व रोगों से सदा दूर रहे। स्वस्थ-शरीर मनुष्य ही तो संसार में आगे बढ़ सकता है। 'मरणं बिन्दुपातेन'-इस शक्ति के अपव्यय के परिणामस्वरूप ही हम जीतेजी मृत-से हो जाते हैं—और हमारा जीवन निरानन्द हो जाता है।

मन—वरुणः-सब बुराइयों को रोकनेवाला प्रभु ते-तुझ उरोः-विशाल हृदयवाले के लिए वरीयः-उत्कृष्ट सुख को कृणोतु-करे। हृदय की विशालता में ही पवित्रता व प्रसन्नता है, संकोच में अपवित्रता व खिन्न है। विशालता से ही हम वासना को प्रेम में परिवर्तन कर लेते हैं और काम को जीत जाते हैं।

इस प्रकार जयन्तम्-जीतते हुए त्वा-तुझे देवाः-देव अनुमदन्तु-उत्साहित करें। जीतनेवाले सदाचारी पुरुष का देव स्वागत करते हैं। पूर्णविजयी ब्रह्म का अतिथि बनता है। प्रथम नम्बर लेनेवाले पुत्र का जैसे माता-पिता स्वागत करते हैं, इसी प्रकार यह विजेता देवों से स्वागत किया जाता है।

भावार्थ—हम अत्यधिक वेदनाशील न हों, शरीर में स्वस्थ व मन में विशाल बनकर देवताओं के प्रिय हों।

ऋषिः—शासो भारद्वाजः॥ देवता—संग्रामाशिषः॥ छन्दः—अनुष्टुप्॥ स्वरः—गान्धारः॥

प्रेम का पाठ पढ़ो (Those who do not love)

१८७१. अन्धा अमित्रा भवताशीर्षाणोऽहयइव।
तेषां वो अग्निनुन्नानामिन्द्रो हन्तु वरंवरम्॥ २॥

अमित्र वे हैं जिन्होंने (ञिमिदा स्नेहने) स्नेह का पाठ नहीं पढ़ा। यदि ये कुछ भी सोचते तो

इनका व्यवहार ऐसा स्नेहशून्य न होता। छोटों के साथ स्नेह से चलना ही चाहिए, क्योंकि वे न जाने कब तक हमारे साथ रहें। यदि वे छोटी अवस्था में चले गये तो हमें उनके प्रति बोले गये कटु शब्द काटते रहेंगे और उन्होंने सदा बच्चे भी तो नहीं बने रहना। ये कटु शब्द ही उनके हृदयों में हमारे लिए निरादर के भाव में परिणत हो जाएँगे।

अपने बराबरवालों के साथ तो कटु शब्द बोलने ही नहीं चाहिएँ, क्योंकि वे कटु शब्द द्विगुणित होकर हमारे प्रति ही लौटेंगे। इस प्रकार परस्पर वैर बढ़ता चलेगा। वृद्धों के साथ भी कटु शब्द नहीं बोलने, क्योंकि उनका जीवन अब थोड़ा ही तो बचा है, हम उन्हें अन्तिम समय अशान्त क्यों करें? इस प्रकार स्पष्ट है कि अ-मित्र वे ही हैं जो द्वेष के कटु शब्दों के परिणामों को देखते नहीं। वेद कहता है कि **अमित्राः**=कटुता से वर्तनेवालो! **अन्धाः भवत**=क्या अन्धे हुए हो—कटुता का दुष्परिणाम तुम्हें दिखता नहीं? **अ-शीर्षाणः**=तुम्हारा दिमाग़ है या नहीं; क्या विचारशक्ति में तुमने ताला ही लगा दिया है। तुम तो '**अहयः इव**'=साँपों-जैसे हो गये हो। या तो औरों को डसते ही फिरना या फिर अपने विष से स्वयं अन्दर-ही-अन्दर जलना। तुम्हारे जीवन का लक्ष्य भी तो औरों से बदला लेते रहना या फिर अन्दर-ही-अन्दर द्वेषाग्नि से जलते रहना हो गया है।

इस प्रकार के व्यक्तियों के लिए ऐसी व्यवस्था हो कि अग्नि के समान प्रकाश की दीप्तिवाले ब्राह्मण इन्हें द्वेष के मार्ग को छोड़कर प्रेम का मार्ग अपनाने का उपदेश दें, परन्तु यदि अचानक कुछ ऐसे हतवृत्त व्यक्ति हों जो किसी प्रकार के उपदेश से नहीं सुधर सकते हों तब राजा उन्हें दण्डित करे, जिससे प्रजा को उनके क्रोध का पात्र न होना पड़े। वेद कहता है कि **तेषां वः**=उन तुममें से **अग्नि-नुन्नानाम्**=जिनको अग्रणी ब्राह्मणों ने प्रेरणा प्राप्त कराई, परन्तु जिन्होंने उस प्रेरणा को नहीं सुना ऐसे दुष्टों में जो **वरंवरम्**=उत्तम हैं, अर्थात् firstclass rogues हैं, प्रथम श्रेणी के धूर्त हैं, उन्हें **इन्द्रः**=राजा **हन्तु**=दण्डित करे। दण्ड का नियम सदा यही है कि पहले ब्राह्मण समझाए और फिर विवशता में राजा दण्ड दे।

भावार्थ—हम सोचें, समझें और प्रेम का पाठ पढ़ें।

ऋषिः=अप्रतिरथ इन्द्रः॥ **देवता**=संग्रामशिषः॥ **छन्दः**=पङ्क्तिः॥ **स्वरः**=पञ्चमः॥

'ब्रह्म व शर्म' रूप कवच

१८७२. यो नः स्वोऽरणो यश्च निष्ट्यो जिघांसति।
देवास्तं सर्वे धूर्वन्तु ब्रह्म वर्म ममान्तरं शर्म वर्म ममान्तरम्॥ ३॥

प्रस्तुत मन्त्र का ऋषि 'अप्रतिरथ इन्द्र' है—यह इन्द्रियों को वश में करनेवाला अनुपम योद्धा हृदय में चल रहे देवासुर संग्राम का ध्यान करते हुए कहता है **यः**=जो भी **स्वः**=अपना, **अरणः**=पराया (परभूत-शत्रुभूत) **च**=और **यः**=जो **निष्ट्यः**=परदेशी, बाहर का (foreign, exotic) शत्रु बनकर **नः जिघांसति**=हमें मारने की कामना करता है, **तम्**=उसको **सर्वे देवाः**=सब दिव्य भाव **धूर्वन्तु**=नष्ट कर दें। 'काम, लोभ व मोह' ये हमारे 'स्व' (अपनों) की भाँति वर्त्तते हुए हमारा विनाश करते हैं। 'क्रोध, मद व मत्सर' ये अरण (पराये) होते हुए हमें विनाश की ओर ले-जाते हैं और कई बाह्य शत्रु भी किन्हीं स्वार्थों की पूर्ति के लिए समय-समय पर हमपर आक्रमण किया करते हैं। अप्रतिरथ प्रार्थना करता है कि 'मैं अपने हृदय में दिव्य वृत्तियों का विकास करता हुआ इन सब शत्रुओं को समाप्त कर सकूँ। **ब्रह्म वर्म मम आन्तरम्**=ज्ञान मेरा आधार कवच हो। अपने सारे अतिरिक्त समय

को ज्ञान-प्राप्ति में लगाता हुआ मैं इन शत्रुओं से आक्रान्त न किया जा सकूँ। 'शर्म वर्म मम आन्तरम्'-सदा प्रसन्नता की मनोवृत्ति मेरा आन्तर कवच बने। सब घटनाचक्रों में मैं अपने मनःप्रसाद को नष्ट न होने दूँ। ये 'ब्रह्म और शर्म' मुझे सब शत्रुओं के आक्रमण से सुरक्षित करें। इस प्रकार इन शत्रुओं से आक्रमणीय न होता हुआ मैं सचमुच इस मन्त्र का ऋषि 'अप्रतिरथ' बनूँ। यह अप्रतिरथ अपने जीवन में काम को प्रेम से, क्रोध को करुणा से, लोभ को त्याग से, मोह को चेतना से, मद को विनीतता से तथा मत्सर को मुदिता से पराजित करके सचमुच देवराट् इन्द्र बन जाता है।

भावार्थ—हम अपने अतिरिक्त समय को ज्ञान-प्राप्ति में लगाते हुए 'काम, लोभ व मोह' से अपने को बचाएँ तथा मानस सन्तुलन को स्थिर रखते हुए हम 'क्रोध, मद व मत्सर' से अनाक्रान्त होते हुए बाह्य शत्रुओं का शिकार न हों।

सूक्त-९

ऋषिः—जय ऐन्द्रः॥ देवता—इन्द्रः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

ऐन्द्रावायवः

१८७३. मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः परावत आ जगन्था परस्याः।
सृकं संशाय पविमिन्द्र तिग्मं वि शत्रून् ताढि वि मृधो नुदस्व॥ १॥

यह उपासना वेद का अन्त है, अर्थात् उपासनान्त है—उपासना की चरम सीमा है। सर्वोत्कृष्ट उपासना यही है कि मनुष्य प्रभु के कथनानुसार अपने जीवन को बनाये। प्रभु का उपदेश निम्न नौ शब्दों में दिया गया है। नौ ही तो अंक हैं, वेद में कितने ही स्थानों में जीव के लिए नौ वाक्यों में ही उपदेश दिये गये हैं।

१. मृगः-(मृग अन्वेषणे) आत्मनिरीक्षण करनेवाला मृग है। आत्मनिरीक्षण ही उन्नति का प्रथम पग है। इसके बिना अध्यात्म उन्नति सम्भव नहीं, इसीलिए शास्त्रकार लिखते हैं कि 'प्रत्यहं प्रत्यवेक्षेत नरश्चरितमात्मनः। किं नु मे पशुभिस्तुल्यं किन्नु सत्पुरुषैरिति॥' उपनिषत्कारों ने इसी बात को 'आत्मा वारे द्रष्टव्यः' शब्दों में कहा है। सुकरात ने इसी बात को 'know thyself' इस रूप में कहा। सामान्यतः मनुष्य दूसरों को ही देखता है, अपने को नहीं। दूसरों में दोष दिखने से उनसे घृणा होती है, अपने न दिखने से अभिमान आ जाता है।

२. न भीमः-किसी भी प्रकार भयङ्कर न बन। हमारा व्यवहार मृदु हो, न कि क्रूरतावाला।

३. 'कुचरो गिरिष्ठाः' में विरोधाभास अलंकार है 'भूमि पर चलनेवाला और पर्वत पर ठहरा हुआ', परन्तु 'कुचरः' की भावना यह है कि हम हवाई क़िले न बनाएँ—शेखचिल्ली न बनें और वास्तविक स्थिति को समझकर वर्तें।

४. गिरिष्ठाः-सदा वेदवाणी में स्थिति हों। वेदवाणी के अनुसार अपना जीवन बनाएँ। 'उद्यन् सूर्यइव सुप्तानां वर्च आददे' यह वाक्य पढ़ें तो प्रातःकाल उठने का भी संकल्प करें। 'प्रातर्यावाणो देवाः' इस वाक्य को पढ़कर प्रातः भ्रमण को महत्त्व दें।

५. परस्याः परावतः आजगन्थ-जो तेरा मन दूर-से-दूर भटकता रहता है वह तुझमें ही लौट आये, अर्थात् तू मन को एकाग्र कर। एकाग्रता में दिव्य शक्ति है। मन को पूर्ण एकाग्र कर लेने पर मनुष्य को वेदार्थ दिखने लगता है—वह ऋषि बन जाता है।

६. सुकं संशाय-तू अपनी गति को तीव्र कर। इतनी लम्बी जीवन-यात्रा ढिलमिल चाल से पूरी नहीं होगी। 'न मा तमन्न श्रमन्नोत तन्द्रन्न वोचाम' न तम में चला जाऊँ, न थकूँ, न तन्द्रालु बनूँ और न ही गपशप मारूँ। कल-कल की उपासना न करूँ और तीव्रगति से अपने मार्ग पर चलता जाऊँ।

७. हे इन्द्र-जीवात्मन्! पविम्-अपनी वाणी को तिग्मम्-तीक्ष्ण बना। तेरी वाणी तेजस्वी हो। 'मौनान् मुनिः' कम बोलने से तू मुनि होगा। सत्य से तेरी वाणी में अद्भुत शक्ति आ जाएगी। लौकिक साधु पुरुषों की वाणी अर्थ के अनुसार होती है तो आद्य ऋषियों की वाणी के अनुसार अर्थ हो जाता है।

८. विशत्नून् ताढि-तू ईर्ष्या-द्वेष आदि की उन भावनाओं को, जो हमारी शक्ति को तितर-बितर (Shattered) कर देने से शत्रु हैं, विशेषरूप से नष्ट कर डाल।

९. वि मृधः विनुदस्व-मार डालनेवाली काम आदि की भावनाओं को तू विशेषरूप से दूर धकेल दे उन्हें सात समुद्र पार पहुँचा दे। यह काम 'मार' है—मृध murderer है। इसे तू अपनी ज्ञानाग्नि से भस्म करने का प्रयत्न कर।

इन नौ बातों का पालन करने पर ही तू वस्तुतः 'इन्द्र'-परमैश्वर्यवाला व इन्द्रियों का अधिष्ठाता बनेगा। तू जय-निरन्तर जयशील होने से सचमुच जय नामवाला होगा। इस प्रकार तू इस मन्त्र का ऋषि 'जय ऐन्द्र' होगा।

भावार्थ—हम उल्लिखित नौ बातों का पालन करके प्रभु के सच्चे उपासक बनें।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—त्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

भद्र श्रवण, भद्र दर्शन

१८७४. भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवांसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः॥ २॥

देवाः-ज्ञान-ज्योति देनेवाले विद्वानो! आपकी उपदेशवाणियों से प्रेरित होकर हम कर्णेभिः-कानों से भद्रम्-कल्याण व सुखकर शब्दों को ही शृणुयाम-सुनें। हम निन्दात्मक बातों को सुनने की रुचि से ऊपर उठ जाएँ। हे यजत्राः-(यज+त्रा) अपने सङ्ग व ज्ञानदान से हमारा त्राण करनेवाले विद्वानो! अक्षभिः-प्रभु से दी गयी इन आँखों से भद्रम्-शुभ को ही पश्येम-देखें, हम कभी किसी की बुराई को न देखें। शहद की मक्खी की भाँति सब स्थानों से रस व सारभूत वस्तु को ही लेने का प्रयत्न करें। मल का ग्रहण करनेवाली मक्खी न बन जाएँ। हँस की भाँति दोषरूप जल को छोड़कर गुणरूप दूध का ही ग्रहण करें। सूअर की तरह मल ही हमारे स्वाद का विषय न बन जाए। एवं, शुभ ही सुनें और शुभ ही देखें। परिणामतः अपनी शक्तियों को जीर्ण न होने देते हुए स्थिरैः अंगैः-दृढ़ अंगों से तथा तनूभिः-विस्तृत शक्तियोंवाले शरीरों से तुष्टुवांसः-सदा प्रभु का स्तवन करते हुए उस आयु को व्यशेमहि-प्राप्त करें यत् आयुः-जो जीवन देवहितम्-देव के उपासन के योग्य है, अर्थात् जो अपने कर्त्तव्यों को करने के द्वारा प्रभु की अर्चना में बीतता है। इस प्रकार ही हम प्रशस्त इन्द्रियोंवाले 'गोतम' बनेंगे, और बुराइयों को त्यागनेवालों में गिनती के योग्य बनकर राहूगण होंगे।

भावार्थ—देवों से प्रेरणा प्राप्त करके हम कानों से भद्र ही सुनें, आँखों से भद्र ही देखें तथा

स्थिर अंगोंवाले शरीरों से प्रभु का स्तवन करते हुए देवोपासन योग्य जीवन बिताएँ।

ऋषिः—गोतमो राहूगणः॥ देवता—विश्वेदेवाः॥ छन्दः—विराट्स्थानात्रिष्टुप्॥ स्वरः—धैवतः॥

कल्याण का मार्ग

१८७५. स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु।
ओं स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥ ३॥

नः=हमारे लिए वृद्धश्रवाः=सदा से बढ़े हुए ज्ञानवाला इन्द्रः=सर्वशक्तिमान् व सब शत्रुओं का विद्रावण करनेवाला प्रभु स्वस्ति=कल्याण करनेवाला हो, अर्थात् प्रभुकृपा से हमारा ज्ञान बढ़े। उस प्रज्वलित ज्ञानाग्नि में सब वासनाओं का दहन होकर हमें वास्तविक शान्ति का लाभ हो और हमारी जीवन-स्थिति उत्तम हो। नः=हमारे लिए विश्ववेदाः=सम्पूर्ण धनों का स्वामी पूषा=सबका पोषण करनेवाला प्रभु पोषण के लिए आवश्यक धनों को प्राप्त कराता हुआ स्वस्ति=कल्याणकर हो, अर्थात् प्रभुकृपा से हम पुरुषार्थ करते हुए आवश्यक धनों की प्राप्ति के द्वारा जीवन की स्थिति को उत्तम कर सकें। नः=हमारे लिए तार्क्ष्यः=(तृक्ष गतौ) गति में उत्तम—स्वाभाविकी क्रियावाला—पूर्णरूप से निःस्वार्थ क्रियावाला अरिष्टनेमिः=अहिंसित मर्यादावाला प्रभु स्वस्ति=कल्याणकर हो, प्रभु की भाँति सतत निःस्वार्थ गतिवाले बनकर—सदा मर्यादा में चलते हुए हम कभी हिंसित न हों और इस मर्यादित जीवन में कल्याण-ही-कल्याण प्राप्त करें। नः=हमारे लिए बृहस्पतिः=बृहत् (बड़े-बड़े) आकाशादि का पति वह प्रभु स्वस्ति=कल्याण को दधातु=धारण करे। बृहस्पति प्रभु की उपासना करते हुए हम भी बृहस्पति बनें—उदार हृदयाकाशवाले बनें। यह उदारता हमें कृपण (miser) की कृपणता (misery) से ऊपर उठाकर कल्याणमय स्थिति में प्राप्त कराए।

इस प्रकार बढ़े हुए ज्ञानवाले व शक्तिसम्पन्न होकर हम 'गोतम' होंगे—प्रशस्त इन्द्रियोंवाले होंगे और सब बुराइयों को छोड़कर, मर्यादित जीवन को अपनाकर 'राहूगण' होंगे।

भावार्थ—हम प्रभु की उपासना करते हुए १. बढ़े हुए ज्ञानवाले व काम-क्रोध आदि शत्रुओं का संहार करनेवाले बनें। २. पोषण के लिए आवश्यक धन प्राप्त करें। ३. निरन्तर क्रियाशील जीवन बिताते हुए कभी मर्यादा का उल्लंघन न करें। ४. उदार हृदय बनकर कल्याण को सिद्ध करें।

इत्येकविंशोऽध्यायः, नवमप्रपाठकश्च समाप्तः॥

इत्युत्तरार्चिकः॥

इति सामवेदभाष्यम्॥

ऋषिः—जमदग्निः ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

वरणीय-धन

८३२. कृण्वन्तो वरिवो गवेऽभ्यर्षन्ति सुष्टुतिम्। इडामस्मभ्यं संयतम् ॥ ३ ॥

१. सुरक्षित हुए-हुए सोम गवे=इन्द्रियों के लिए वरिवः=वरणीय धन को कृण्वन्तः=करनेवाले हैं। सोम की रक्षा से प्रत्येक इन्द्रिय अपनी सम्पत्ति को प्राप्त करके अपने-अपने कार्य को पटुता से करनेवाली होती है। २. ये सोम सुष्टुतिम्=उत्तम स्तुति को अभ्यर्षन्ति=प्राप्त कराते हैं (अन्तर्भावितण्यर्थोऽत्र धातुः) मनुष्य की प्रवृत्ति सोम-रक्षा से प्रभु-प्रवण हो जाती है ३. इडाम्=ये सोम हमें वेदवाणी को प्राप्त कराते हैं (इडा=वाणी) तथा ये सोम अस्मभ्यम्=हमारे लिए संयतम्=संयम की भावना देते हैं।

भावार्थ—सोमरक्षा से १. इन्द्रियाँ सशक्त बनती हैं, २. मन प्रभु प्रवण होता है, ३. मस्तिष्क वेदवाणियों के प्रकाश से परिपूर्ण होता है और जीवन संयमी बनता है।

सूक्त-२

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

मध्यमार्ग से जाने के लिए

८३३. राजा मेधाभिरीयते पवमानो मनावधि। अन्तरिक्षेण यातवे ॥ १ ॥

'सोम' ही राजा है—यह शरीर को सभी दीप्तियाँ प्राप्त करानेवाला है। १. राजा=यह दीप्ति का कारणभूत सोम मनौ अधि=मननशील मनुष्य में २. पवमानः=पवित्रता करता हुआ ३. मेधाभिः=धारणावती बुद्धियों के साथ ईयते=प्राप्त होता है। ४. इन मेधाओं को वह अन्तरिक्षेण यातवे=हमें मध्यमार्ग से चलने के लिए प्राप्त कराता है। मेधावी मनुष्य अति का परिवर्जन करता हुआ मध्यमार्ग से ही चलता है।

भावार्थ—सोमरक्षा से १. हमें दीप्ति प्राप्त होगी। २. पवित्रता का लाभ होगा। ३. मेधावी बनकर ४. हम सदा मध्यमार्ग से चलेंगे।

ऋषिः—भृगुर्वारुणिर्जमदग्निर्भार्गवो वा ॥ देवता—पवमानः सोमः ॥ छन्दः—गायत्री ॥ स्वरः—षड्जः ॥

सोमरक्षा से सहनशीलता

८३४. आ नः सोम सहो जुवो रूपं न वर्चसे भर। सुष्वाणो देववीतये ॥ २ ॥

हे सोम=वीर्यशक्ते! तू नः=हमें सहः=सहनशक्तिरूप बल को, जुवः=(जु गतौ) गतिशीलता को, रूपं न=(न इति चार्थे) और प्रभु-गुण-निरूपण की प्रवृत्ति को वर्चसे=वर्चस्विता के लिए आभर=समन्तात् प्राप्त करा।

हे सोम! तू देववीतये=दिव्य गुणों के द्वारा उस देवों के देव प्रभु की प्राप्ति के लिए ही तो सुष्वाणः=अभिषूयमाण हुआ है। तेरी तो उत्पत्ति ही प्रभु-प्राप्ति के लिए की गयी है।

भावार्थ—सोम का पान करनेवाला मनुष्य १. सहनशील होता है २. क्रियाशील रहता है ३. उसमें प्रभु के गुणों का निरूपण करने की प्रवृत्ति उत्पन्न हो जाती है। ४. वह वर्चस्वी बनता है। और ५. अन्ततः देवाधिदेव प्रभु की प्राप्ति होती है।